| | | | E-banking services are secure in operating. | **.639** |
| | | | There is no time constraint of banking transactions. | **.625** |
| | | | Pay bills regularly through E- payment mode | **.587** |
| | | | Use of cashless instruments | **.544** |

**Table 4: Details of Trustworthy Factor**

| Factor | % of variance | Factor (Eigen Value) | Item | Item Load |
|---|---|---|---|---|
| **Trustworthy** | 11.531 | 2.767 | Usage of E-banking is trustworthy | **.796** |
| | | | E- banking is free of cost service. | **.754** |
| | | | Service quality | **.721** |

**Table 5: Details of IT Services Factor**

| Factor | % of variance | Factor (Eigen Value) | Item | Item Load |
|---|---|---|---|---|
| **IT Services** | 10.942 | 2.626 | Well versed with usage of internet and intranet services | **.619** |
| | | | Well equipped with computer and peripheral devices | **.592** |
| | | | E-banking provides fast services | **.590** |

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# The Aesthetics of Magic and Realism in the Works of Gabriel Garcia Marquez

**Shreya Karmakar* Dr. Radhashyam Dey****

* Yogoda satsanga Mahavidyalaya, Ranchi, University , Ranchi (Jharkhand) INDIA
** Assistant Professor, Yogoda Satsanga Mahavidyalaya, Ranchi, University, Ranchi (Jharkhand) INDIA

**Abstract -** In this paper we will try to examine the aesthetics of magic and realism in some of the novels of Gabriel Garcia Marquez, the Colombian novelist and one of the greatest writers of the 20th century. Marquez was awarded the Nobel Prize for Literature in 1982, mostly for his masterpiece *Cien años de soledad* (1967; *One Hundred Years of Solitude*). Marquez represents the level of reality- social and psychological- that constitute the kernel of the author's comprehensive realism. Marquez is concerned with more concrete social reality and less concrete but more common human passion in all its psychological and magical dimensions. As a whole, the novels of Marquez provide many-sided vision of life and inner growth, psychology and society. The novels of Marquez provide the reader with a concentrated picture of the contemporary Latin- American socio-political and cultural society characterized by false machismo and meaningless violence. Gabriel Garcia Marquez's fiction is characterized by a thread of common themes, events, and characters that seem to link his work together into one multifaceted portrayal of the experiences of Latin American life. From the influences of his early childhood, when he learned from his grandmother how to tell the most fantastic stories in a matter-of-fact tone, to his later observations of the oppression and cruelties of politics, Garcia Marquez captures the everyday life of the amazing people of coastal Colombia, with its Caribbean flavor, as well as the occasional resident of the highlands of Bogota. He has an eye for the details of everyday life mixed with humor and an attitude of acceptance and wonder.
**Keywords-** Psychological, Realism, Third World, Machismo.

**Introduction -** "*Nobody Writes to the Colonel*, *In Evil Hour*, and *Big Mama's Funeral* all reflect the reality of life in Colombia and this theme determines the rational structure of the books. I don't regret having written them, but they belong to a kind of premeditated literature that offers too static and exclusive a vision of reality."[1]

Gabriel Garcia Marquez established himself as one of the greatest writers in the field of world literature. As a recognition of his genius, the Colombian author was awarded the Nobel Prize for Literature in the year 1982. Gabriel Garcia Marquez is the best-known writer of the Third World and he is the best-known exponent of the literary style, 'magical realism,' which has proved astonishingly productive in the developing countries. After the publication of *One Hundred Years of Solitude* in 1967 Marquez has been holding a special position as a representative voice in Colombia and also in the entire Latin American Continent along with writers such as Jorge Luis Borges of Argentina, Alejo Carpentier of Cuba, Carlos Puentes of Panama and Isabel Allende of Peru. Marquez portrays personal and objective aspects of life and reality, drawing mainly upon the things that touch him the most- his family and his native country.

The late 19th and early 20th centuries saw the emergences of psychological realism in literary genre that became prominent. It is a highly character-driven genre of fiction writing, as it focuses on the motivations and internal thoughts of characters. A writer of psychological realism seeks to show the action of the characters and also explain why they take such actions. There is often a larger theme in psychological realist novels, with the author expressing an opinion on a societal or political issue through the choices of his or her characters.

Unlike Charles Dickens' realist novels (which tend to level direct criticisms at social injustices) or Gustave Flaubert's realist compositions (which are made up of lavish, finely-ordered descriptions of varied people, places, and objects), Gabriel Garcia Marquez's works of psychological realism focused largely on the inner lives of prosperous characters. Even T.S. Eliot's best-known work, the poem "The Love Song of J. Alfred Prufrock", also falls into the category of psychological realism. It is an example of "stream of consciousness" writing, as the narrator describes his frustration with missed opportunities and lost love.

Gabriel Garcia Marquez denies that the fictional world he describes in his novels is a world of fantasy:

Reality is better writer than we are. Our destiny, and perhaps our glory, is to try to imitate it with humility, and the best that is possible for us.[2]

A deep-seated strain of anti rationality underlies all of his fiction that deals with Latin American "reality" in broad terms, rejecting the narrow regionalism of his literary fathers. The result is a type of fiction that transcends its regional base, a Faulknerian fiction that one critic of Spanish American literature, John S. Brushwood, called "transcendent regionalism." A self-proclaimed admirer of Faulkner, Garcia Marquez has worked toward a transcendent regionalism in nearly all his works, with varying degrees of success. His redefinition of realism implies faithfulness to a higher truth, a mythical level of reality that a more pedestrian realism cannot comprehend. These three factors—anti rationality, transcendent regionalism, and myth—are integral to the aesthetics of Garcia Marquez's fiction, aesthetics that balance journalistic depictions of historical events with fantastic stories and cultural myths.

Garcia Marquez's creation of *One Hundred Years of Solitude,* the novella *No One Writes to the Colonel* and the short novel *In Evil Hour*, all are more firmly based on Colombia's historical reality than most of the writers later work. This reality is la violencia, the period of civil war during the 1950's. *No One Writes to the Colonel* is the story of a stoic retired colonel who waits fifteen years for a pension check that never arrives:

For nine months, they had spent that money penny by penny, parceling it out between their needs and the rooster's.[3]

In addition to the psychological portrayal of this colonel, the characterization and actions of other characters reveal a town suffering from corruption and repression. This backdrop is Garcia Marquez's subtle means of incorporating the social and political realities of life in Colombia during this period. For example, the colonel's son is killed because of his political activism, but this matter never takes the form of direct political denunciation on the part of the author:

It's the first death from natural causes we've had in many years.[4]

The story takes place in the late 1950s, a time period called La Violencia in Colombia. These years were characterized by civil war and extreme, widespread violence, particularly in the countryside. In Macondo, violence has become the norm and it's more likely for a person to get killed than to die of old age. A traditional omniscient narrator tells this story in a linear fashion. The anti rationality of these stories functions as the catalyst of the anecdotes. *In No One Writes to the Colonel*, it is the inexplicable hope that the colonel has that he will receive the important letter he awaits. The antirational element in *In Evil Hour* is the presence and effect of the placards. Neither of these phenomena is fully explainable in rational terms, although the reader's speculation is invited. Both works transcend their regional base by capturing universal essences: the hope of the colonel and the fear of the town's inhabitants in *In Evil Hour.*

*One Hundred Years of Solitude* is a family saga that tells the story of five generations of Buendias. It begins with the foundation of Macondo by Jose Arcadio Buendía and his wife Ursula. Despite their fear that the consummation of their marriage will result in the birth of a child with a pig's tail (there is a family precedent for such an event), José Arcadio Buendia decides to challenge fate to protect his image as a man. A second Macondo is established after Jose Arcadio Buendia kills a man in the original town. In its early years Macondo is somewhat primitive, albeit a kind of paradise. Macondo's only contact with the outside world is provided by gypsies, who bring items such as the ice and magnets, which the inhabitants find amazing. They suffer an insomnia plague that results in the loss of both sleep and memory. Modern civilization finally reaches Macondo, along with its numerous institutions, and with the arrival of the national political parties come civil wars caused by their conflicts. The Americans bring economic prosperity and exploitation of the workers on the banana plantations. These intrusions of foreigners and modernity are eliminated by a flood that washes them away and returns Macondo to a state similar to its original paradise. In the end, Macondo is not a paradise, however, but a fiction: A member of the Buendía family deciphers a parchment written in Sanskrit that foretold the entire story of the family and Macondo from beginning to the end—that is, the story of *One Hundred Years of Solitude*. History is the completion of a fiction:

Wherever they might be they always remember that the past was a lie, that memory has no return, that every spring gone by could never be recovered, and that the wildest and most tenacious love was an ephemeral truth in the end.[5]

*One Hundred Years of Solitude* is ostensibly a traditional novel that tells a story in a basically linear fashion. It is also a product of technical mastery by a superb craftsman of fiction. The novel's structure is cyclical, from the internal cycles of events that repeat within the novel to the broader cycle completed with the deciphering of the parchments. Part of the playfulness in the development of the plot of this novel involves following the intricate Buendia family line. The original José Arcadio Buendia engenders two sons, José Arcadio and Aureliano. The latter becomes identified as Colonel Aureliano. All their offspring also carry similar names—Arcadio, Aureliano Jose, Jose Arcadio Segundo, and so on—making following the Buendia family line an exercise in futility or a challenging game of identities. The English translation of the novel, unlike the original Spanish edition, includes a genealogical chart:

Before reaching the final line, however, he had already understood that he would never leave that room, for it was foreseen that the city of mirrors (or mirages) would be wiped out by the wind and exiled from the memory of men at the

precise moment when Aureliano Babilonia would finish deciphering the parchments, and that everything written on them was unrepeatable since time immemorial and forever more, because races condemned to one hundred years of solitude did not have a second opportunity on earth.[6]

Garcia Marquez's handling of narrative point of view is enormously subtle, although it is managed with deceptive simplicity. On one hand, the omniscient narrator tells the story with a perspective similar to a child's view of the world. Consequently, this childlike narrator views and describes the world with freshness and innocence, taking for granted the incredible events of Macondo. Conversely, the narrator is surprised and amazed about things that are normally considered ordinary, such as ice and magnets. Garcia Marquez's style is based on a use of hyperbole, a constant source of humour. One of the most hilarious hyperbolic characterizations is of Colonel Aureliano Buendía, whose machismo is the target of Garcia Marquez's superb satire. The anti rationality of *One Hundred Years of Solitude* is not only a characteristic but also a fundamental principle of the entire narrative system. Entrance into the magical world of Macondo is an acceptance of the negation of rationality. It is soon apparent that everything is possible in Macondo. The work's transcendent regionalism can be visualized as a series of concentric circles emanating from Macondo. The circles near the center inscribe a reality of the Caribbean coast and Colombia— both its historical reality and myths. Larger circles contain patterns associated with all of Latin America, such as the tradition of machismo. Finally, the novel's connotations are universal; on this level one reads the work as a contemporary novelization of the biblical Creation and other universal patterns, such as the fear of incest that pervades the story. Perhaps the most important achievement of this novel, however, is its expression of a mythic reality. One aspect of this is mythic time that negates linear time. The repetition of numerous cycles, such as the names of the members of the Buendia family, creates this sense of an eternal present. The characterization of Colonel Aureliano Buendia and Ursula makes them characters who function at a mythic level beyond the limits of everyday reality and the capabilities of persons in the everyday world. There is also a biblical level of reading that develops myth from Creation and Original Sin to the apocalyptic ending. Garcia Marquez's creation of a traditional yet fascinating story, his mastery of narrative technique, and his creation of myth make *One Hundred Years of Solitude* not only one of the most important novels from Latin America of the twentieth century but also a work appreciated by an international readership.

Each of Garcia Marquez's novels highlights the conflicts that have defined Latin America since the beginning of the twentieth century—the tensions between centuries-old myth and modern rationalism, between authentic and imagined dangers, between the fantastic and the ordinary. These negotiations take place in all arenas, from the domestic sphere to the upper echelons of government. In each case, the relationship between the real and the fantastic must be constantly redefined in relationship to the circumstances of the characters through whom the tale is told. It is this ability to capture the perceptual chaos that arises from such ideological clashes that makes Garcia Marquez one of the greatest authors of all time.

Garcia likes the principles of surrealism but not the surrealists themselves. Given a choice, he prefers the painters to the poets, but he does not think of himself as being like any of them. And it is true that his work is based more in the anecdote than in the symbolic or random flow of events so important to the surrealists; true also that his aim is to be accessible, not obscure. And yet, a surreal quality, a rendering of the improbable and impossible as real, pervades his work. It's often said that the works of Colombian novelist Gabriel Garcia Marquez are quintessential examples of "magic realism": fiction that integrates elements of fantasy into otherwise realistic settings.

Magic Realism has now become the standard name for a major trend in contemporary fiction that stretches from Latin American works like Gabriel Garcia Marquez's *One Hundred Years of Solitude* (1967) to norteamericana novels like Mark Helprin's Winter's Tale (1983) and Asian works like Salman Rushdie's *Midnight Children* (1981). In all cases the term refers to the tendency among contemporary fiction writers to mix the magical and mundane in an overall context of realistic narration. Seen from an historical perspective, Magic Realism is a vital contemporary manifestation of a venerable fictive impulse.

As a young law student, Garcia Marquez read Kafka's *The Metamorphosis*. It proved a decisive encounter, and the influence is not hard to observe in the early stories, which so often present bizarre incidents unfolding in ordinary circumstances. If Kafka reinvented the fable by placing it in the modern quotidian world, Garcia Marquez reset it in the unfamiliar landscape of the Third World. If Kafka made spiritual issues more mysterious by surrounding them with bureaucratic procedure, his Colombian follower changed our perception of Latin America by insisting that in this New World visionary romanticism was merely reportage. Garcia Marquez also had another crucial mentor closer at hand—the Argentinean master, Jorge Luis Borges. Only thirty years Garcia Marquez's senior, Borges had quietly redrawn the imaginative boundaries of Latin American fiction. Almost single-handedly he had also rehabilitated the fantastic tale for high-art fiction. Removing religion and the supernatural from any fixed ideology, he employed the mythology of Christianity, Judaism, Islam, and Confucianism as metaphysical figures. Significantly, Borges expressed his sophisticated fictions in popular rather than experimental forms—the fable, the detective story, the supernatural tale, the gaucho legend. He was the first great post-modernist storyteller, and he found an eager apprentice in Garcia

Marquez, who developed these innovative notions in different and usually more expansive forms. Therefore, Gabriel Garcia Marquez is an internationally renowned figure in the history of Latin American literature. Readers and critics praised him for the Magic of ultimate genre he followed throughout his literary career in the mask of Magical Realism.

**Conclusion-** The impact of Garcia Marquez's writing as well as the writings of other Boom writers has de-regionalized, denationalized, and internationalized Latin American literature. Another achievement of these authors has been to revitalize the art of storytelling amidst endless critical debates over the death of the author, the novel, and the literature and over the legacy of the French nouveau roman and the nouveau nouveau roman of the 1950, and 1960s, when literature seemed written to justify the theoretical positions of different groups like Tel Quel in France. Yet important new literary theories have continued to originate from France, especially Intertexuality, Narratology, Feminism, and Deconstruction; and critics like Jacques Derrida and Gerard Genette have attained star status in many academic circles in the United States. If one can speak of a trickle- down theory of criticism, these theories have begun to make significant inroads in current Latin American criticism. Though Marquez clearly implies moral indignation against brutality, exploitation, and degradation, he delights his readers with his deft fusion of tragedy and comedy and with his seductive powers of language. Gabriel Garcia Marquez is one of the truly outstanding literary artists. In its totality, his work imparts not only the stark reality of an emerging strife-torn continent, but also through the humanistic and universalizing elements of myth, imagination, and aesthetic perception, a highly original vision of man and his world.

**References:-**

1. Bell, Michael. *Gabriel Garcia Marquez: Solitude and Solidarity*. New York. 1993.
2. Bell-Villada, Gene H., ed. *Conversations with Gabriel Garcia Marquez.* Mississippi. 2006**.**
3. Dana Gioia, essay on *Gabriel Garcia Marquez and Magical Realism*.
4. D. Shanmugapriya and Dr. C. Shanmugasundaram, *Discourse of Socio-Psychological Reality in Gabriel Garcia Marquez's Chronicle of a Death Foretold.*
5. Karthik, Mallavarapu's thesis. *Reinvisioning the Latin American lost testimonies understanding Gabriel Garcia Marquez's tapestry*.
6. Marquez, Garcia Gabriel. *No One Writes to the Colonel.*p. 6.
7. Ibid., p. 12.
8. Marquez, Garcia Gabriel. *One Hundred Years of Solitude.*1967.p. 12.
9. Ibid., p. 34.
10. Ibid., p. 54.
11. Nasrullah, Mambrol's . *Analysis of Gabriel Garcia Marquez's Novels*. 2019. https://literariness.org.

*************

# भारतीय समाज में वृद्धजनों की स्थिति की विवेचना

**प्रो. भावना ठाकुर***

* सह-प्राध्यापक, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** इतिहास इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि प्राचीनकाल में वृद्धों की स्थिति अत्यंत उन्नत एवं सम्मानीय रही है, उनका समाज एवं परिवार में अलग वर्चस्व था, पूरे परिवार की बागडोर उनके हाथों में हुआ करती थी। परिवार के सभी सदस्य उनकी सलाह व फैसलों को आधार मानकर काम करते थे। यही वजह थी कि प्राचीन समय में संयुक्त परिवार हुआ करते थे वे परिवार के सभी सदस्यों को एक धांगे में बाँध कर रखते थे।

परन्तु आज आधुनिकता की दौड़ में निरन्तर आगे बढ़ते हुये हम पारम्परिक संयुक्त परिवार की अवधारणा को प्रगति के चक्कर में भूलते जा रहे है अब परिवार की परिभाषा पति-पत्नी और बच्चों के संकुचित दायरे में सिमटकर रह गई है। शहरों में तो संयुक्त परिवार का ढाँचा पहले ही टूट गया है, लेकिन गाँव में भी बुजुर्गों के सामने अकेले रह जाने की स्थितियाँ दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। इसका एक महत्वपूर्ण कारण रोजगार, धन्धों की तलाश में ग्रामीण इलाकों से शहरों की ओर तेजी से होने वाला पलायन है। युवावस्था में स्वतंत्रता की आधुनिक चाह ने बुजुर्गों को एकाकीपन का अभिशाप अनजाने में दे दिया है। नई पीढ़ी नहीं चाहती कि उसे बड़े होने पर खासकर विवाह के बाद बडे-बुजुर्गों के साथ रहना पडे. अमीर हो या गरीब का बुढ़ापा अभाव का पर्यापवाची है। कोई रोटी का मोहताज है तो कोई छत का। किसी को अकेलापन कचोटता है, तो किसी को अपनों का तिरस्कार। कोई अपहित है तो कोई अपमानित और बेबस महसूस करता है। पैसे की कमी ही एक वजह नहीं है इसके साथ बदलते समाज के बदलते जीवन मूल्यों ने भी कई वृद्धों को समाज में हाशिए पर ला खड़ा किया है।

**शब्द कुंजी –** वृद्धावस्था, वृद्धों की स्थिति, कानूनी प्रावधान, समस्या।

**प्रस्तावना –** परिवर्तन ही प्रकृति का नियम है। जन्म से मृत्यु तक मानव का जीवन शारीरिक विकास की एक प्रक्रिया है, जो कुछ पूर्व निर्धारित चरणों से होकर गुजरता है ये चरण है – शैशवास्था, बाल्यावस्था, किशोरावस्था, युवाअवस्था, व्यस्क या प्रौढ़ावस्था तथा वृद्धावस्था। जिसमें जन्म से लेकर किशोरावस्था तक की प्रक्रिया तीव्र विकास या निर्माण की प्रक्रिया है, यह विकास, निमार्ण एवं संग्रहण का दौर है। युवाअवस्था से प्रौढ़ावस्था तक का दौर जैविक, सामाजिक व आर्थिक दृष्टियों से उत्पादन, दायित्व निर्वाह या जो कुछ पूर्व में संचित या संग्रहित किया गया है, उसे लौटाने या खर्च करने का दौर है।

वृद्धावस्था जीवन की प्रक्रिया का अंतिम चरण है यह शारीरिक एवं सामाजिक दृष्टि से ह्रास का दौर है जिसमें व्यक्ति न केवल शारीरिक व मानसिक दृष्टि से कमजोर होता जाता है अपितु सामाजिक व आर्थिक दृष्टि से शक्ति हीन व संदर्भहीन भी होता जाता है। किस आयु को वृद्धता की पहचान का आधार माना जाये यह बहुत कुछ हद तक जीवन की गुणवत्तााा व स्वास्थ्य की दशा पर निर्भर करता है। सामान्यत: इस अवस्था का प्रारंभ 60 वर्ष के बाद माना जाता है, वृद्धावस्था की प्रक्रिया अलग-अलग व्यक्तियों में अलग-अलग आयु में आरंभ हो जाती है फिर भी इसकी औसत आयु 60 वर्ष मानी जाती है। इस अवस्था में आयु वृद्धि के साथ-साथ व्यक्ति की शक्ति उसकी स्फीर्ति काम की गति कम हो जाती है। वैसे कई देशों में 65 वर्ष की आयु के ऊपर के व्यक्ति को वृद्ध कहा जाता है। जहाँ तक भारत का सवाल है हम इस बात को ध्यान में रख सकते है कि सरकार ने सेवानिवृत्ति की किस आयु का निर्धारण किया है अर्थात् किस आयु को पूरा करने पर वह कर्मचारी को शारीरिक व मानसिक दृष्टि से सेवा के लिए उपयोगी नहीं मानते हुये, उसे सेवानिवृत कर दिया जाए, और उसकी पिछली सेवाओं के उपलक्ष्य मे उसे अपने जीवनयापन को चलाने के लिये पेंशन दी जायें। इस आधार पर 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त कर दिया जाता है।

सर्वे के अनुसार गाँव के लोग सेवानिवृत्ति जैसे सरकारी फलसफे के बारे भले ही नहीं सोचते, लेकिन आर्थिक तंगी का कसता शिकंजा, अकेलापन, भरणपोषण के लिए दूसरों पर निर्भर रहना, अपनों का निरस्कार, बुजुर्गों को वहाँ भी असुरक्षित और चिन्तित बनाता जा रहा है। युवावस्था में स्वतंत्रता की आधुनिक चाह ने बुजुर्गों को एकाकीपन का अभिशाप अनजाने में ही दे दिया है।

वृद्धावस्था में सम्मान संरक्षण और अपनत्व की चाहत प्रत्यक बुजुर्ग की होती है जो आमतौर पर पूरी नहीं होती है, कभी हरे-भरे परिवार का पालनहार रहा बुजुर्ग एकाकीपन से भी घबराता है।

**अध्ययन पद्धति –** यह शोध आलेख मुख्य रूप से वर्णन एवं विश्लेषणात्मक पद्धति पर आधारित है वर्तमान अध्ययन में वृद्धों की स्थिति व संवैधानिक प्रावधान, राष्ट्रीय नीतियों के विविध पक्षों से संबंधित है यह शोध आलेख मुख्य रूप से द्वितीयक स्त्रोत पर आधारित है। जिसके लिए अवलोकन अध्ययन स्त्रोत पत्र पत्रिकाओं व दस्तावेजों व पुस्तकों द्वारा लिया गया है।

**भारत में वृद्धों की स्थिति –** दुनिया भर के प्रत्येक दस बुजुर्गों में से एक भारत में रहता है, आने वाले समय में किसी भी देश से बुजुर्गों की संख्या भारत के इस युवाओं वाले देश में ज्यादा होने वाली है कारण आधुनिकीकरण और शहरीकरण की प्रक्रिया/जो मृत्युदर और जन्मदर गिरा रही है।

1990 के दशक के बाद भारत में बुजुर्गों की संख्या बढ़ने लगी है। जनगणना आकलन में बुजुर्ग लोगों की संख्या वृद्धि एक सार्वधिक घटना है। भारत भी इससे अछुता नहीं है। 1961 में वृद्धों और वृद्धाओं की संख्या ढाई करोड़ के आस-पास थी, जो बढ़कर 1991 में (5.7 करोड़) पांच करोड़ तक पहुंच गई जो 2001 में बढ़कर 7.20 करोड़ हो गई। बुजुर्गों की यह संख्या सन् 2021 तक 14 करोड़ के आस-पास हो चुकी है। 2030 तक बढ़कर 19.8 करोड़ के आस-पास होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

आधुनिकता समाज ने सामुदायिकता की भावना समाप्त कर दी है तथा जो नए आधुनिक समुदाय विकसित हो रहे है, उनकी मानवीयता उत्पादन और उपभोग के सिलसिले में कंसी हुई है।

भारतीय समाज में भी भू-मण्डलीयकरण की प्रक्रिया जल्दी ही उसके बुजुर्ग को पश्चिमी जगत जैसी स्थिति में पहुँचा देगी। 21वीं सदी में वृद्धों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि होने की संभावना है, भारत एवं चीन जो कि विश्व की जनसंख्या का अधिकांश हिस्सा रखते है, इनमें भी बेहतर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा के चलते वृद्धों की जनसंख्या में बेहताश वृद्धि हुई है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में वृद्धजनों की संख्या 10.38 करोड़ है।

**जनगणना सूचांक के आधार पर** - भारत में बुजुर्गों की संख्या 1951 में एक करोड़ 96 लाख थी यह संख्या कुल आबादी का 5.43 % थी। यह सन् 1961 में बढ़कर 2 करोड़ 47 लाख से ज्यादा हो गई।

**तालिका-1**

| क्र. | वर्ष | बुजुर्गों की संख्या संख्या(करोड़ में ऑकंडे) |
|---|---|---|
| 1 | 1951 | 1.96 लाख |
| 2 | 1961 | 2.47 लाख |
| 3 | 1971 | 3.27 लाख |
| 4 | 1981 | 4.31 लाख |
| 5 | 1991 | 5.66 लाख |
| 6 | 2001 | 7.66 लाख |
| 7 | 2011 | 11.26 लाख |
| 8 | 2021 | 14 लाख (लगभग) |

स्त्रोत - जनगणना 2001

**तालिका-2**

| | व्यक्ति | पुरूष | महिलाएँ |
|---|---|---|---|
| अखिलभारत | 102.9 | 53.2 | 49.7 |
| वरिष्ठ नगरिक(60+) | 7.7 | 3.8 | 3.9 |
| कुल योग का 70 | 7.5 | 7.1 | 7.8 |

स्त्रोत - जनगणना 2001

1971 में 60 साल से ज्यादा उम्र वालों की संख्या 3 करोड़ 27 लाख और 1981 में यह बढ़कर 4 करोड़ 31 लाख से ज्यादा हो गई। इसी तरह बढ़ोत्तारी 1991 में भी देखने को मिली तक इन बुजुर्गों की संख्या बढ़कर 5 करोड़ 66 करोड़ से ज्यादा हो गई थी। 2001 में कुल बुजुर्ग 7 करोड़ 66 लाख 60 हजार हो गए। 2011 तक यह संख्या बढ़कर 11 करोड़ 26 लाख तक हो गई । यह कुल आबादी का करीब 9 प्रतिशत थी। 2021 तक यह संख्या बढ़कर लगभग 14 करोड़ होने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा किए गए आकलन के द्वारा यह संकेत मिलता है कि भारत में अनुमान सन् 2030 में 60 से अधिक आयु के व्यक्ति 19.8 करोड़ 2050 में 32.6 करोड़ होगे। सामान्य आबादी की तुलना में बुजुर्गों की आबादी दोगुने के ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। सामान्य जनसंख्या 17.8 प्रतिशत की दर से तो बुजुर्गों की संख्या 10 साल में 38.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

उपरोक्त ऑकंड़ों से यह स्पष्ट होता है कि कुल आबादी में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के प्रतिशत में निरतंर वृद्धि हुई है। अत: वृद्धजनों की निरंतर बढ़ती संख्या आज एक सामाजिक जबावदेही के रूप में चुनौती बनकर दस्तक दे रही है, जिस पर व्यापक रूप से गहन चिंतन करने की आवश्यकता है।

सन् 1951-60 के बीच की जीवन प्रत्याशा जन्म के समय 42 वर्ष थी जो सन् 2011 से बढ़कर 67 वर्ष तक पहुंच गई।

2001 की जनगणना के अनुसार देश में 60 वर्ष के ऊपर के बुजुर्गो की संख्या करीब पौने आठ करोड़ थी, जो अब निश्चय ही बढ़ चुकी है। एक सर्वे के अनुसार उस समय उनमें से 85 लाख बुजुर्ग अपने घरों में लगभग अकेले रह रहे थे। परिवार का कोई सदस्य उनके साथ नहीं रहता था। इस प्रकार 21वीं सदी के भारत में बुजुर्गों से जुड़े ऑकड़ों में जो तस्वीर उभर रही है वह बहुत निराशाजनक है।

सन् 1991 में कुल आबादी का 63 प्रतिशत 60-69 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों का था। इन लोगों को अक्सर 'अपेक्षाकृत कम वृद्ध' या वृद्ध का दर्जा दिया गया। 80 वर्ष एवं ऊपर के 11 प्रतिशत वृद्ध थे जिन्हें 'वयोवृद्ध' या 'अतिवृद्ध' की श्रेणी में रखा गया। ये ऑकंडे वस्तुत: हमारे देश की व्यापक मानव संसाधन निधि के परिचायक है।

भारत में आने वाले दिनों में बुजुर्गों, खासकर महिलाओं की स्थिति काफी दयनीय होने की आशंका है। जिन वृद्ध महिलाओं के पत्तियों का देहान्त हो जाता है, उनकी हालत बहुत खराब हो जाती है। भारत में वृद्धों के लैंगिक अनुपात में स्त्रियों की संख्या 51 प्रतिशत है और इनमें से करीब 64 प्रतिशत महिलाएँ विधवा है, जबकि पुरूष बुजुर्गों में केवल 19 प्रतिशत लोग पत्नीविहिन है। अगर 70 साल के ऊपर के आयु वर्ग में देखा जाए तो उसमें 80 प्रतिशत विधवाएँ मिलेंगी और पत्नीविहिन पुरूषों की संख्या 25 प्रतिशत के आस-पास होगी। विधवा होते ही एक बूढ़ी महिला तीन तरह के संकटो का सामना करने लगती है। वह स्त्री होने के नाते तो पहले से उत्पीड़ित थी ही, वृद्ध विधवा होने के नाते भी कई तरह के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। एक अनुमान के अनुसार 2050 तक महिला बुजुर्गों की आबादी बढ़कर 21 प्रतिशत हो जायेगी, तब बुजुर्ग महिलाओं की संख्या पुरूषों से ज्यादा होगी।

सेंटर फॉर सोशल रिसर्च के अनुसार अभी दुनिया में हर दस में सक एक व्यक्ति 60 साल से ज्यादा उम्र का है, अनुमान है कि 2050 तक हर पांचवा और साल 2150 तक दुनिया की एक-तिहाई आबादी बुजुर्गों की होगी। औसत आयु बढ़ने से 80 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है। विकासशील देशों में इनमें 74 प्रतिशत आबादी गॉवों और 37 प्रतिशत शहरों में रहती है। अभी भी कुल बुजुर्गों में अधिसंख्या (65 प्रतिशत) महिलाएँ है।

**वृद्धजनों की समस्याऐं व समाधान** - वृद्धावस्था जीर्ण-शीर्ण काया का पर्याय है इसीलिए इसे रोगों शारीरिक व्याधियों और कष्टों का केन्द्र माना जाता है, वास्तव में बुढ़ापा स्वयं एक बीमारी है, उम्र बढ़ने के साथ-साथ कार्य करने की क्षमता कमजोर हो जाती है भरण-पोषण के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है यही निर्भरता वृद्धों की समस्याओं की पूल है, चाहे वो

शिक्षित हो या अशिक्षित इस अवस्था में शारीरिक कमजोरी, युवा पीढ़ी से तालमेल नहीं बैठा पाना समस्याओं को बंधती है–

आये देखे कि वृद्धों की समस्याऐं क्या है–

1. शारीरिक दुर्बलता
2. मानसिक रोग व तनाव
3. स्वास्थ्य समस्या
4. आर्थिक असुरक्षा की स्थिति
5. संयुक्त परिवार के अभाव की समस्या/संयुक्त परिवार का विघटन
6. उचित देखभाल की समस्या
7. नई पीढ़ी से सामंजस्य का अभाव
8. आधुनिक परिवेश असहनीय

**(1) शारीकि दुर्बलता –** जैसे–जैस आयु बढ़ती है व्यक्ति का शरीर शिथिल होने लगता है, उसकी इंद्रियां कमजोर हो जाती है, कार्य करने की क्षमता भी कमजोर हो जाती है। कभी–कभी अपने रोजमर्या के कार्य को करने के लिए दूसरों पर निर्भर हो जाना पड़ता है।

**(2) मानसिक रोग व तनाव –** शारीरिक बदलाव होने पर मानसिक परिवर्तन होना संभव है जिससे मानसिक तनाव की स्थिति बनने लगती है। बुढ़ापे में पति व पत्नी को एक दूसरे का सहयोग होता है, किसी एक के निधन उपरान्त दूसरे को मानसिक पीड़ा होना लाजमी है। यही अकेलापन मानसिक रोग व तनाव को उत्पन्न करता है।

**(3) स्वास्थ्य की समस्या –** शारीरिक बदलाव से मानसिक बदलाव भी होता है इस अवस्था से स्वास्थ्य की समस्या भी बन जाती है जिस वजह से अपने ही लोगों से संपर्क नहीं कर पाते है।

**(4) आर्थिक असुरक्षा की स्थिति –** यह समस्या सभी वृद्धों जी महत्वपूर्ण समस्या है, अपने जीवनसाथी के निधन के बाद बच्चों के उपर निर्भर होकर रहना, छोटी–छोटी वस्तुओं चीजों के लिए बच्चों पर निर्भरता ही उनकी सबसे बड़ी समस्या है। युवा वर्ग इसे समझ नहीं पा रहा है। बुजुर्ग अपने को असुरक्षित महसूस करते है।

**(5) संयुक्त परिवार के अभाव की समस्या –** आधुनिकता की दौड़ से संयुक्त परिवार की अवधारणा समाप्त होती जा रही है। जिसके अभाव में बुजुर्ग जनों को संयुक्त परिवार के अभाव की समस्या का सामना करना पड़ता है। वृद्धजन संयुक्त परिवार में वृद्धावस्था, बीमारी आदि के समय सुरक्षित महसूस करते है; परन्तु आज की एकाकी परिवार में व्यक्ति वृद्धजनों की सेवा भूलता जा रहा है।

**(6) उचित देखभाल की समस्या –** संयुक्त परिवार के विघटन होने से अर्थात् परिवार में सदस्यों की कमी के कारण बुजुर्ग लोगों की उचित देखभाल करने में कठिनाई आती है। एकाकी परिवार की स्थिति में जब परिवार के सदस्य घर पर नहीं होते है तो बुजुर्ग की देखभाल में दिक्कत आती है।

**(7) नई पीढ़ी से सामंजस्य का अभाव –** आधुनिकता की होड में भागते हुए युवा पीढ़ी की सोच काफी बदल गई है। युवा अपने कार्यों में बुजुर्गों का हस्तक्षेप नहीं चाहते है। परन्तु बुजुर्गों अपने अनुभव उनके कार्यों में या दिनचर्या में हस्तक्षेप करते है वो युवा वर्ग बुरा मानते है। यही कारण युवा पीढ़ी और बुजुर्गों की सोच में सामंजस्य का अभाव दिखता है जो कि काफी समस्या है।

**(8) आधुनिक परिवेश असहनीय –** आज की पीढ़ी की सोच, पहनावा रहन–सहन, खान–पान काफी बदल चुका है, जिसके कारण परिवार में रहने वाले बुजुर्गों को यह पंसद नहीं आता है। आधुनिक परिवेश को सहन करना बुजुर्गों के लिए काफी मुश्किल होता है।

वृद्धों की समस्याओं के समाधान के लिए निम्न समाधान किये जा सकते है:

1. भारत में संयुक्त परिवार व्यवस्था वृद्धों को सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक सुरक्षा प्रदान करती रही है, इसलिए संयुक्त परिवार के विघटन को रोकने का प्रयास किया जाना चाहिए।
2. वृद्धों की मानसिक रोग व तनाव को कम करने के लिए स्वस्थ मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराये जाने चाहिए।
3. वृद्धों के लिए पारिवारिक माहौल की व्यवस्था की जाना चाहिए। इसके लिए वृद्ध होम, वृद्ध सदन एवं पालना घरों को मिलाकर एक ही स्थान पर संचालित करने की योजना सरकार द्वारा की जानी चाहिए। जिसमें वृद्धजनों को बच्चों की गतिविधियों का आन्नद मिल सके। वे जीवन का सम्पूर्ण आन्नद ले सकें।
4. युवा पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच की खाई को बाटा जा सकता है, युवाओं को बुजुर्गों के साथ बैठना, चाहिए, साथ ही बुजुर्गों को भी युवा पीढ़ी को समझने का प्रयास करना चाहिए। यदि वे उनकी जिदंगी में रोकाटोकी कम कर दे तो स्थिति संभाली जा सकती है।
5. बुजुर्गों की संख्या ज्यादा है सबकों पेंशन नहीं मिल पाती, अत: सरकार द्वारा एक ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे बेटे–बहु द्वारा अपनी वेतन में से कुछ हिस्सा अपने माता–पिता के खाते में जमा कर सकें। ऐसा करने से बेटे अपनी जिम्मेदारी व दायित्व को भी समझ सकेंगे। इस प्रकार आर्थिक स्थिति में सुधार आ पायेगा।

**संवैधानिक प्रावधान –** भारत के संविधान में वृद्धजनों के कल्याण का प्रावधान है, राज्य के नीति निर्देशित तत्व के अनुच्छेद 41 में वृद्धावस्था सामाजिक सुरक्षा में विशेष रूप से संबद्ध है। इस अनुच्छेद के अनुसार राज्य अपनी आर्थिक क्षमता एवं विकास को ध्यान में रखते हुए वृद्धजनों हेतु सरकारी सहायता का अधिकार सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य प्रावधान भी है जो राज्य को निर्देशित करते है कि वह अपने नागरिकों के जीवन में गुणात्मक सुधार लायें।

हमारे संविधान में समानता का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। इसके प्रावधान वृद्धों के लिए भी प्रभावी है और सामाजिक सुरक्षा का दायित्व राज्य एवं केन्द्र सरकारों पर समान रूप से है। संविधान में अनुसूची 7 की सूची ппп में प्रविष्टि 24 में भी वृद्धावस्था पेंशन पर चर्चा की गई है। इसके अतिरिक्त राज्य सूची के मद सं. 9 तथा समवर्ती सूची की मद सं. 20, 23 तथा 24 वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा तथा सामाजिक बीमा तथा आर्थिक एवं सामाजिक बीमा तथा आर्थिक एवं सामाजिक योजना से संबंधित है।

वृद्धों की विभिन्न समस्याओं के लिए कई कानूनी प्रावधान है, लेकिन समूचे देश में बुजुर्गों के साथ अमानवीय व्यवहार और उनके प्रति बढ़ रही उपेक्षा के कारण ये कारगर नहीं दिखते, इसलिए सन् 2004 में उच्चतम न्यायालय को फैसला देना पड़ा कि वृद्ध माता–पिता की देखभाल की जिम्मेदारी पुत्र–पुत्री पर एक समान है।

वृद्ध नागरिकों के लिए नए प्रावधानों में विशेषत: आर्थिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, देखरेख, बेहतर आहार, आश्रम, शिक्षा कल्याण और अचल सम्पत्ति संबधी सुरक्षा की पड़ताल भी की गई है।

विगत दो दशकों में वृद्धजनों की दशा पर जनांकिक सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन के प्रभाव जैसे मुद्दे पर गहन विचार विमर्श एवं वाद–विवाद हुए है। संयुक्त राष्ट्र संघ विभिन्न देशों को समय–समय पर वृद्धजनों के लिए नीति बनाकर उसके अनुसार कार्यक्रम चलाने के लिए उत्साहित करता रहा है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1991 में वृद्धजनों के लिए संयुक्त राष्ट्र नीति अपनायी गई है। 1992 में महासभा द्वारा वृद्धावस्था पर एक घोषणा पत्र एवं सन् 2001 के लिए वृद्धावस्था पर वैश्विक लक्ष्य जैसे कार्यक्रम बनाए गए। अन्य कई कार्यक्रम बनाए गए। समय–समय पर वरिष्ठ नागरिकों के संबंध में वर्षों से मांग उठायी गई जिसके आधार पर सरकार द्वारा वृद्धजनों के लिए राष्ट्रीय नीति का निर्माण किया गया जिसमें आर्थिक, सामाजिक, स्वास्थ्य, देखभाल, आवास, पेंशन जैसी सभी विषयों को शमिल किया गया।

**वृद्धों की राष्ट्रीय नीति –** वृद्धजनों के लिए राष्ट्रीय नीति की घोषणा जनवरी 1999 में की गई थी। यह नीति वृद्धजनों को आश्वासन देती है कि उनकी चिंताएॅ राष्ट्र की समस्या है। उन्हे असुरक्षित जिन्दगी नहीं बितानी होगी। वे तिरस्कृत नहीं होगें। इस नीति का लक्ष्य वृद्धजनों का कल्याण है। इसका उद्देश्य समाज में इन लोगों की वैद्य स्थिति को मजबुत बनाना है और इनकी जिन्दगी के अंतिम पढ़ाव पर इन की जिन्दगी को उद्देश्यपूर्ण, सम्मानजनक एवं शांतिपूर्ण बनाना।

**राष्ट्रीय वृद्धजन नीति की मुख्य विशेषताएँ –** सरकार ने राष्ट्रीय वृद्धजन नीति तैयार की है जो वृद्ध व्यक्तियों से संबंधित सभी पहलुओं को समाहित करने के लिए वर्ष 1999 में घोषित की गई थी। इस नीति की मुख्य विशेषताएँ इस प्रकार है –

1. वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा, स्वास्थ्य लाभ और पोषण, आश्रम, सूचना आवश्यकता, उचित रियायत और छूट आदि प्रदान किया जाना।
2. वृद्धजनों के जीवन और सम्पत्ति की रक्षा जैसे विधिक अधिकारों की रक्षा करने और सुदृढ़ बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाना।
3. 60+ आयु के व्यक्तियों को वरिष्ठ नागरिक के रूप में अभिनिर्धारित करना।

**राष्ट्रीय वृद्धजन नीति को कार्यान्वित करने वाला तंत्र –** राष्ट्रीय वृद्धजन नीति से पहले राष्ट्रीय वृद्धजन परिषद् का गठन किया गया। राष्ट्रीय वृद्धजन नीति के पैरा 95 के प्रावधानों के अनुसार, सरकार ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री की अध्यक्षता में 10 मई 1999 को एनसीओपी का गठन किया था। एनसीओपी वृद्धजनों के कल्याण नीति और कार्यक्रम तैयार करने तथा क्रियान्वित करने में सलाह देने तथा सरकार के साथ समन्वय करने के लिए शीर्षस्थ संस्था है। एनसीओपी को 2005 को में पुनर्गठित किया गया था इस समय इसकी संख्या 63 है। 18 अक्टूबर 2002 और 7 फरवरी 2003 को हुई परिषदों की बैठकों में आए सुझावों से इसे गति मिली। परिषद् का जोर विशेषकर इन बिन्दुओं पर ज्यादा होगा–

1. वृद्धजन 60 साल से ज्यादा उम्र के व्यक्ति का माना गया है।
2. वित्तिाय सुरक्षा के तहत टैक्स में लाभ प्रदान करने के साथ ही उच्च दरों पर ब्याज दिलाया जाता है।
3. ग्रामीण और शहरों क्षेत्रों में इनके धन को दीर्घ कालीन बचत खाते में सुरक्षित रखने का मौका दिया जाता है।
4. विस्थापित वृद्धजनों के लिए पेंशन, भविष्य निधि और अन्य योजनाओं से जुड़े लाभ को शीघ्र उपलब्ध कराना।
5. वृद्धजनों के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के वास्तें प्राथमिकता स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली को बेहतर बनाना।
6. अस्पताल कर्मियों को प्रशिक्षित करना।
7. बुढ़ापे में स्वस्थ्य जीवन गुजारने के उपाय करना।
8. वृद्धजनों की सेवा संबंधी सामग्रियों के उत्पादन और वितरण के कार्यो से सम्बद्ध सोसायटियों को सहायता पहुंचाना।
9. ऐसे वृद्धजन की विस्थापित और समाज से पूरी तरह काट दिए गये। वृद्धजनों को भी शामिल करना और उनके लिए आवास सुविधाओं में से 10 प्रतिशत व्यवस्था करना।

**वृद्धजनों के लिए राष्ट्रीय नीति के मुख्य बिन्दु है :**

1. बुढापे के दौरान वृद्धजन स्वयं अपनी और पत्नी के कल्याण के लिए पुख्ता इंतजाम करें, जिसके लिए सरकार भी उन्हे प्रोत्साहित करेगी।
2. परिजन अपने वृद्धजन की उचित देखभाल करें।
3. इस नीति की परिकल्पना में राज्य वृद्धजनों की आर्थिक स्वास्थ्य की देखरेख आवास, कल्याण और अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पूर्ण सहयोग करेगा। शोषण और दूर्व्यवहार से भी बचाएगा।
4. स्वैच्छिक और गैर सरकारी संगठनों को सक्षम बनाया जाएगा। वृद्धजन के स्वास्थ्य की निगरानी की जाएगी।
5. वृद्धजनों को आवश्यक सुविधाएँ दी जाएगी।
6. वृद्धजनों को स्वयं अपनी देखभाल के लिए जागरूक किया जाएगा।
7. उनकी क्षमता के विकास के अवसर जुटाकर उन्हे इससे सहभागी बनाया जायेगा और उन्हे सेवा करने का अवसर देकर उनके जीवन में गुणात्मक परिवर्तन करेगा।
8. वृद्धजनों व वरिष्ठ नागरिकों को सेवा प्रदान करने में जो कार्यकत्तााऐं है उन्हें अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
9. राष्ट्रीय वृद्धजन नीति की परिकल्पना में राज्य, वृद्धजनों की आर्थिक स्वास्थ्य की देख–रेख, आवास कल्याण, एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पूर्ण सहयोग करेगा उन्हे शोषण एवं दुर्व्यवहार से बचायेगा, उनकी क्षमता के विकास के अवसर जुटाएगा,उन्हें सहभागी बनाना, उन्हे सेवा का अवसर देकर जीवन में गुणात्मक परिवर्तन करेगा।

यह नीति यह मानती है कि वृद्धजन लोग भी महत्वपूर्ण व लाभदायक है, ये परिवार में और बाहर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। नीति यह मानती है कि बुजुर्ग कोई वस्तु नहीं है अगर उन्हें भी समूचित अवसर प्रदान किया जाएगा तो वे भी प्रभावी तरीके से परिवार को मदद कर पायेगें।

नीति में यह विश्वास व्यक्त किया गया है कि बुजुर्ग को अधिकार देने से वे अपने जीवन को अच्छे तरीके से प्रभावित कर सकेंगे।

**उपसंहार –** हमें वृद्धों के प्रति सही दृष्टिकोण, वृद्धों की जरूरतों एवं उनके जीवन को ध्यान में रखकर सही निर्णय लेने की आवश्यकता है। ऐसे सामाजिक तंत्र को विकसित करना होगा जो वृद्धों की देख–रेख बिना एक दूसरे पर आक्षेप लगाकर कर सकें। महत्वपूर्ण यह है कि केवल कानून बना देने से बुजुर्गो का भला होने वाला नहीं है। अगर हमें बुजुर्गो को खुश देखना है तो हमें आधुनिकता की मारामारी के बीच बुजुर्गो के प्रति सेवा भावना का परिचय देना ही होगा।

हमारे संस्कार तो यह ही बताते है कि बच्चे का फज़् होता है कि अपने

माता–पिता की सेवा करने की जिम्मेदारी समझे यह हमारा नैतिक दायित्व भी है।

वास्तव में समाज में आ रहे परिवर्तनों से बुजुर्गो के प्रति व्यवहार तय हो रहा है। जब संयुक्त परिवार था, तब किसी को दिक्कत नहीं थी। आज आर्थिक कारणों ने एकल परिवार को जन्म दे डाला है। जो युवा दम्पत्ति नौकरी कर रहे है, उनके अपने माता–पिता की सेवा के लिए समय नहीं है।

हमें समाज में यह चेतना जगानी होगी कि वृद्ध हमारी जिम्मेदारी नहीं आवश्यकता है, वे जीवन के अनुभवों के खजाने है, जिन्हे सहेजकर रखना हर समाज एवं संस्कृति का धर्म एवं नैतिक जबावदारी है।

वृद्धावस्था को सम्मानपूर्वक एवं शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत करने के लिए सिर्फ आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाने की आकांशा रखनी चाहिए उसके ही संतुष्ट रहना चाहिए न की अपनी प्रत्येक इच्छापूर्ति के लिए जदद्दोदहद करना चाहिए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. बुजुर्ग लोगों के अधिकार–राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग अधिनियम–2013, प्रकाशन–फरीदकोट हाउऽस–कापर निक्स मार्ग, नई दिल्ली।
2. राय सत्येद्रनाथ–2016 वृद्धावस्था में सुखी जीवन, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. अग्रवाल गिरिराजशरण (2004) वृद्धावस्था की कहानी प्रभात प्रकाशन नई दिल्ली।
4. सिंधाल वीनीता (2014) वृद्धावस्था नेशनल बुक ट्रस्ट नई दिल्ली।
5. प्रसाद चंद्र मौलेश्वर (2016) वृद्धावस्था विमर्श परिलेख प्रकाशन नजीबाबाद।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# परिवर्तित होती खाद्य आवश्यकता एवं मूल्य संवर्धन

**डॉ. कलिका डोलस ***

* प्राध्यापक (गृहविज्ञान) शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.) भारत

**सार बिंदु –** खाद्य आवश्यकता, खाद्य संकट पोषण, कुपोषण, मूल्य संवर्धन

**प्रस्तावना –** भारत की खाद्य आवश्यकता, स्वतंत्रता के पूर्व खाद्य संकट के रूप में परिभाषित की जाती रही है। रोटी, कपड़ा और मकान मानव जीवन की मूल आवश्यकता है। भारत जैसे विशाल देश में हर नागरिक को खाद्य सुरक्षा पहुँचाना हमेशा से चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। भारत ने समय समय पर खाद्य संकट का सामना किया हैं। अंग्रेजी शासन काल में बंगाल अकाल के रूप में खाद्य संकट को हम सभी ने देखा एवं सुना है, जिसमें भुखमरी के कारण लगभग 2 से 3 लाख लोगों को मृत्यु हो गई थी।

**खाद्य संकट –** संयुक्त राष्ट्र के अनुसार वर्तमान में भी विश्व की 7 अरब 80 करोड़ आबादी को पेट भरने के लिए दुनिया में पर्याप्त भोजन उपलब्ध है परंतु इसके बावजूद 82 करोड़ से अधिक लोग भुखमरी का षिकार है इसके कई कारण है। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारत में 40% खाद्य पदार्थो की बर्बादी छोटे किसानों के पास ही हो जाती है क्योंकि इन कृषकों के पास कोल्ड स्टोरेज एवं कोल्ड चेन की सुविधा उपलब्ध नही होती हैं। वर्तमान समय में भारतीय कृषि उत्पादों का लगभग 10 वॉ भाग ही संसाधित हो रहा हैं। प्रोसेसिंग, भंडारण एवं यातायात की अपर्याप्त सुविधाओं के कारण आज भी देश में प्रतिवर्ष हजारों करोड़ रूपये मूल्य की फसल व सब्जी बर्बाद हो रहे हैं। इसी प्रकार विश्व में दूध का सर्वाधिक उत्पादन भारत में होता है परंतु मात्र 15% का ही प्रसंस्करण हो पाता है अत: खाद्य संकट का समाधान करने हेतु हमें खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर बल देना होगा।

**भारत में खाद्य संकट –** भारत में खाद्य समस्या स्वतंत्रता पूर्व में भी अधिक विद्यमान थी। अक्सर देश में अकाल पड़ते रहते थे। तत्कालीन समय में दो समय का पूर्ण भोजन जिसे प्राप्त होता था वह समृद्ध लोगों की श्रेणी में आता था। खाद्य संकट का तत्कालीन समय में एक विशेष कारण 1937 में वर्मा का भारत से अलग होना भी है क्योंकि भारत को बर्मा से प्रतिवर्ष लाखों टन के चावल की आपूर्ति बंद हो गई। 'करेला और नीम चढ़ा' स्थिति तब हो गई जब 1947 में देश का विभाजन हुआ जिसके फलस्वरूप बंगाल और पंजाब, गेहूँ एवं चावल उत्पादन के दो प्रमुख राज्य पाकिस्तान में चले गए जो कि उपजाऊ क्षेत्र थे परिणाम स्वरूप खाद्य संकट और अधिक गहराता चला गया।

विष्व परिदृष्य के लिए यह आश्चर्य की बात है कि भारत एक कृषि प्रधान देश होने के बावजूद खाद्य संकट से सदैव जूझता रहा है। भारत को तो खाद्य निर्यातक देश होना चाहिए परंतु भारत को आयातक देश बनकर विश्व के सामने हाथ फैलाता पड़ता रहा। लाखों टन अनाज आयात कर भुखमरी पर अंकुश लगाया जाता रहा परंतु यह खाद्य संकट का स्थाई समाधान नही है।

भारत की भौगोलिक स्थिति एवं जलवायु भी वैविध्य लिए हुए है एक ही समय में देश के कुछ हिस्सों में बाढ़ तो कुछ हिस्सों में सूखा देखने को मिलता है। दोनो ही स्थितियों में खड़ी फसल को नुकसान पहुँचता है। इसकें अतिरिक्त वर्षा पर निर्भरता एवं सिंचाई सुविधाओं का अभाव भी अपने आप में बड़ी समस्या हैं। कृषि के परम्परागत तरीकों के कारण भी खाद्यान्न उत्पादन एवं मांग तथा पूर्ती में असंतुलन बना रहता है। कृषक का अशिक्षित एवं तकनीकी रूप से मजबूत न हा होना भी खाद्य संकट का एक बड़ा कारण है इसी कारण हमारे तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया था क्योंकि उनके शब्दों में 'भोजन लोगों के जीवन-मरण का प्रश्न है, हमें उन्हें पर्याप्त भोजन देना ही चाहिए।' तत्कालीन खाद्य संकट से सामना करने के लिए उन्होंने 'एक समय का उपवास' अथवा एक समय के भोजन का त्याग का सुझाव भी जन मानस को दिया था जिससे गरीब लोगों की खाद्य आवश्यकता की पूर्ती की जा सके।




**खाद्य संकट के कारण –** खाद्य संकट के लिए वैसे तो कई कारण जिम्मेदार है परंतु इनमें से मुख्य कारण है –

**1. बेकाबू होती जनसंख्या वृद्धि –** तीव्र गति से बढ़ती जनसंख्या ने खाद्य संकट की समस्या को और अधिक भयानक बना दिया है। वर्तमान में जनसंख्या वृद्धि दर खाद्य पदार्थ उत्पादन में वृद्धि की दर अधिक हैं। विश्व बैंक के अनुसार वर्ष 2030 तक खाद्यान्नों की वैश्विक मांग दोगुनी होने की संभावना है।

**2. परिवहन समस्या –** खाद्यान्नों के परिवहन की समस्या भी कहीं न कहीं

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

खाद्यान्न संकट के लिए जिम्मेदार है आज भारत जैसे अनेक देशों में हरित क्रांति के फलस्वरूप खाद्यान्न उत्पादन पूर्व से अधिक हो रहा है परंतु फिर भी खाद्यान्नों के परिवहन की समस्या के कारण खाद्य संकट मुँह बॉह खड़ा है।

**3. परिवहन लागत –** उक्त समस्या में परिवहन लागत 'आग में घी' का काम करती है नित नए पेट्रोल व अन्य ईंधनों की कीमतों के कारण परिवहन लागत बढ़ रही है। अनेक बार स्थानीय बाजारों में आवश्यकता से अधिक उत्पादन तो हो जाता है परंतु अधिक परिवहन लागत के कारण वह लक्ष्यित समूह तक नही पहुँच पाता।

**4. उचित भंडारण का अभाव –** यह समस्या विकासशील व अविकसित देशों में अधिक देखने को मिलती है। आवश्यकता से अधिक उत्पादित खाद्य पदार्थो के उचित भंडारण के अभाव में खाद्य संकट उत्पन्न होता है। हालांकि सरकार इस दिशा में अनेक कार्य कर रही है। स्थानीय स्तर पर उत्पन्न फसलों व भंडारण के लिए शासन का प्रयास है कि स्थानीय स्तर पर ही वेयर हाऊस उपलब्ध हो परंतु यह हर स्थान पर संभव नही है साथ ही निजी वेयर हाऊस की दर इतनी अधिक होती है कि एक आम कृषक को यहा फसल देना संभव नही होता।

**5. अवैध भंडारण –** अनेक व्यापारी खाद्य पदार्थो का अवैध भंडारण करते है। इस कुप्रवृत्ति के कारण खाद्य संकट पैदा होता हैं। व्यापारी की इस लालची मनोवृत्ति के कारण वे इसे बाजार में तब बेचते है जब उसका मूल्य अधिक बढ़ जाता है।

**खाद्य संकट का समाधान हेतु सुझाव –** देश के अविकसित एवं अल्पविकसित देशों की भांति भारत जैसा विकासशील देश भी खाद्य संकट की समस्या से जूझ रहा हैं। आज भी ऐसी बड़ी जनसंख्या है, जिसे जीवित रहने के लिए पर्याप्त भोजन नही मिल पाता। कभी कभी केवल एक वक्त का भोजन नसीब होता है एवं कभी 2-2 दिन तक भोजन की उपलब्धता नही होती। इस हेतु तीव्र गति से हो रही जनसंख्या वृद्धि भी एक अहम् कारण है। अत: खाद्य संकट के **समाधान के रूप में सर्वप्रथम '**

**1. जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण –** संसाधनों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता होने के बावजूद भी तीव्र गति से बढ़ रही जनसंख्या के कारण वे साधन अपर्याप्त रह जाते हैं। यही स्थिति भारत में भी है अन्यथा भारत एक कृषि प्रधान देश होने के कारण यहाँ उक्त स्थिति निर्मित नही होनी चाहिए परंतु तीव्र गति से हो रही जनसंख्या वृद्धि के लिए उत्पादन पर्याप्त नही हो पाता अत: सर्वप्रथम जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण आवश्यक है।

**2. खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि –** जिस अनुपात में भारत में जनसंख्या, वृद्धि हो रही है उस अनुपात में खाद्यान्न उत्पादन नही हो रहा। हालांकि शासन इस दिशा में लगातार प्रयत्नशील है परंतु जनसंख्या वृद्धि की तुलना में खाद्यान्न वृद्धि अपर्याप्त हो जाती है। अत: खाद्य संकट बरकरार रहता हैं।

**3. कृषि की आधुनिक तकनीकी का प्रयोग –** भारत में लंबे समय से कृषि की परम्परागत तकनीक का उपयोग होता आया है परिणामस्वरूप प्रति हेक्टेयर उत्पादन कम होता है। आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग कर कृषक अपना उत्पादन बढ़ा सकता है।

**4. वर्षा पर कृषि की निर्भरता को समाप्त करना –** भारतीय कृषक सदैव से ही कृषि के लिए वर्षा जल पर निर्भर रहता आया है परंतु अब समय आ गया है कि कृषि हेतु वर्षा पर निर्भरता को समाप्त करना होगा। केवल 3 से 4 महीने का वर्षाजल वर्ष भर उपयोग नही हो सकता है इसे हेतु 12 महीने वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। सिंचाई हेतु पर्याप्त तालाब एवं कुओं की व्यवस्था होनी चाहिए। जिससे कृषक जरूरत के हिसाब से फसलों की सिंचाई कर सके।

**खाद्य सुरक्षा – (Food Security)** लोकतांत्रिक व्यवस्था में खाद्य सुरक्षा सरकार का एक प्रमुख दायित्व हैं। मानव की तीनों मूलभूत आवश्यकताओं भोजन, वस्त्र एवं आवास में भोजन प्रथम क्रमांक पर रहता है क्योंकि उसके बिना जीवित रहना ही कठिन है। शासन का यह दायित्व है कि जनता की अंतिम कड़ी तक भी भोजन उपलब्ध हो सके। सरकार का यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि समाज के अंतिम जन तक भी खाद्यान्न उपलब्ध हो। अत: हम कह सकते है कि खाद्य सुरक्षा से तात्पर्य खाद्य पदार्थो की सुनिश्चित आपूर्ति एवं जनमानस के लिए भोज्य पदार्थो की उपलब्धता से हैं। केवल भारत ही नही संपूर्ण विश्व में खाद्य सुरक्षा एक चिंता का विषय रहा है एवं इसलिए 1974 में 'विश्व खाद्य सम्मेलन' आयोजित किया गया जिसमें प्रत्येक जनमानस तक खाद्य आपूर्ति पर बल दिया गया।

भारत विगत वर्षो में जिस तीव्र गति से आर्थिक विकास कर रहा है उससे विश्व में भारत को एक नई पहचान मिली है। बावजूद इसके देश में गरीबी एवं खाद्य असुरक्षा की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत का स्थान 116 देशों के बीच 101 वें नंबर पर है। स्वतंत्रता के बाद भी खाद्य सुरक्षा के मामलों में यह स्थान चिंतनीय है। (FAO) खाद्य एवं कृषि संगठन का मानना है कि खाद्य मूल्यांकन सूचकांक अभी और बढ़ेगा।

**खाद्य सुरक्षा के आयाम –** खाद्य सुरक्षा की अवधारणा केवल खाद्यान्न उपलब्धता तक सीमित है यह बहुआयामी है जो निम्न प्रकार है जिसे 3। के रूप में देखा जा सकता हैं।

**1. खाद्यान्न की उपलब्धता** (Availability) – अर्थात देश में खाद्यान्न का पर्याप्त उत्पादन एवं संग्रहण जिससे समयानुसार इसे जनता को उपलब्ध कराया जा सकता है। अंतत: भंडारण पर्याप्त होना आवश्यक है।

**2. वहनीयता** (Affordability) – दूसरे शब्दों में इसे हम क्रयशक्ति भी कह सकते है अर्थात पर्याप्त, पौष्टिक एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ क्रय करने हेतु व्यक्ति विशेष के पास पर्याप्त धन होना चाहिए।

**3. पहुँच** (Accessibility) – अर्थात बिना किसी भेदभाव के खाद्यान्न प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचे। इसे हेतु शासन ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (Public Distribution System) लागू की है। अत: हम कह सकते है कि किसी भी देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है जब उपरोक्त तीनों आयामों पर व्यवस्था खरी उतरती हैं।



**खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन** (Food Processing) – खाद्य संकट समाधान एवं खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने का एक तरीका खाद्य प्रसंस्करण भी है। सवाल उठता है कि खाद्य प्रसंस्करण क्या हैं ? आधारीय रूप में खाद्य प्रसंस्करण ऐसी विधि या तकनीक है जिससे शीघ्र नष्ट होने वाले पदार्थो की शेल्फ लाइफ (आयु) करे बढ़ाकर उसे अधिक आकर्षक एवं विपणन योग्य बनाया जाता है, जिससे जहाँ भी खाद्यान्न की आवश्यकता हो उसे पहुँचाया जा सके एवं खाद्य संकट से जूझते हुए खाद्य सुरक्षा उपलब्ध की जा सके। यह मानव के साथ–साथ जानवरों को खाद्य पदार्थ हेतु भी उपयोग में लाया जाता हैं।

जहाँ तक खाद्य प्रसंस्करण के इतिहास की बात है, हमारी दादी, नानी, परदादी, परनानी के समय से ही खाद्य प्रसंस्करण होता आया है। अंतर केवल इतना है कि हमारी दादी, नानी के कार्य घरेलू पैमाने पर वे स्वयं के परिवारों के लिए ही करती आई है एवं वे अत्यंत परिष्कृत विधियों का इस्तेमाल नही करती थी अत: उनके अपरिष्कृत प्रसंस्करण में धूप में सुखाना, अनाज कुटवाना नमक द्वारा अचार बनाना, शक्कर/गुड़ द्वारा जेम बनाना, केंढ्रो में सब्जियों को भूनना आदि शामिल है। परिष्करण संस्करण में डिब्बेबंद तकनीक प्रमुख रूप में उल्लेखित होती है। इतिहास में इस तकनीक का प्रयोग सर्वप्रथम एवं प्रमुख रूप से सैनिकों अथवा नौसेना के सिपाहियों के लिए किया गया था क्योंकि इसमें दुर्गम स्थानों पर खाद्यान्नों की उपलब्धता के कारण प्रसंस्करित की हुई खाद्य सामग्री से खाद्यान्न आवश्यकता को पूरा किया जा सकता है। बीसवी शताब्दी में इस कार्य हेतु प्राकृतिक पदार्थो (शक्कर, नमक) के अतिरिक्त कुछ रसायनों जैसे सोडियम बेंजोइट का भी उपयोग किया गया है। इससे सॉस, सूप, जूस आदि पदार्थो की शेल्फ लाइफ को बढ़ाया गया।



**खाद्य प्रसंस्करण औद्योगिक प्रक्रिया** – खाद्य प्रसंस्करण अपने आप में एक बड़ा उद्योग हैं। यह एक ऐसी औद्योगिक प्रक्रिया है, जिसमें कृषि उत्पादों एवं कुछ मात्रा में मांसाहारी (मछली, मीट) उत्पादों का यौगिक, रासायनिक एवं जैविक क्रियाओं के द्वारा मूल्यवर्धन किया जाता है, जिससे उनकी शेल्फ लाइफ बढ़ाकर उनकी भंडारण अवधि में वृद्धि और परिवहन के दौरान कम से कम हानि होती है। साथ उनको (Instant Food) तुरंत खाने योग्य भोजन में बदला जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसानों की मेहनत से उपजाई उपज की पैकेजिंग एवं ग्रेडिंग बढ़ाकर उन्हें अधिक लाभ प्रदान किया जा सकता है।

**खाद्य प्रसंस्करण के लाभ:**

1. खाद्य पदार्थो की बर्बादी को काफी हद तक बचाया जा सकता है।
2. भोजन में उपलब्ध अतिरिक्त फल एवं सब्जियों को नष्ट होने से बचाया जा सकता है। (भोजन संरक्षण तकनीक के माध्यम से)
3. परिणाम स्वरूप बेमौसम भी इन पदार्थो का भरपूर आस्वाद एवं आंनद लिया जा सकता है।
4. प्राकृतिक आपदाओं के समय उपयोग किया जा सकता है।
5. दूरस्थ तैनात सैनिकों को भोज्य पदार्थो की आपूर्ति की जा सकती है।
6. खाद्य पदार्थो की भंडारण अवधि से किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है।
7. ग्रामीण क्षेत्रो में रोजगार के अवसर पैदा किये जा सकते है।
8. निर्यात को भी बढ़ावा देकर विदेशी पूंजी आकृष्ट की जा सकती है।

**कृषि उत्पादकों का प्रसंस्करण:–** प्राय: यह देखा गया है कि जिन फसलों का समर्थन मूल्य सरकार तय करती है उन्हें छोड़कर बाकी फसलों की कीमत अनिश्चित रहती हैं। जिस वर्ष उत्पादन अधिक होता है, उस वर्ष मूल्य गिर जाता है, मूल्य गिरने से कृषक अगले वर्ष उस फसल को कम उगाते है, परिणाम स्वरूप बाजार में मांग बढ जाती है। एवं दाम बढ़ जाते है। कृषक को इस उतार चढ़ाव की प्रकिया से सुरक्षित रखा जाना चाहिए एवं उनके परिश्रम का उन्हे बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके इसमें खाद्य प्रसंस्करण महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कुछ प्रमुख कृषि उत्पाद निम्न प्रकार है। जिनके प्रसंस्करण द्वारा उक्त लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

**सोयाबीन:–** सोयाबीन का दाल के रूप में, तेल के रूप में, पापड़ बड़ी के रूप में मानव हेतु तथा खली के रूप में पशुओं के आहार के लिए प्रसंस्करण किया जाता है।

**दलहन उत्पादों:–** प्रोटीन एवं अमीनो अम्ल का श्रेष्ठ स्त्रोत होने से पौष्टिक आवश्यकता को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता हैं। विभिन्न प्रकार के पापड़, नमकीन, बेसन, मठरी आदि के रूप में प्रसंस्करण किए जा सकता है।

**सब्जियों:–** अचार, चटनी, मुरब्बा, पाउडर, ड्राय सब्जियाॅ, मिठाइयॉ बनाकर सब्जियों का प्रसंकरण कर सकते है। गाजर, पेठा, लौकी, परवल से मिठाइयां, टमाटर से सॉस, केचअप, चटनी, प्यूरी, पेस्ट, खरबूज, तरबूज, बीज, अदरक, हल्दी, धनिया, लालमिर्च को सुखाकर पावडर बनाया जाता है।

**फलों का प्रसंस्करण:–** सेब, आम, जामफल, नींबू, आदि सारे फलो का स्कैष, शरबत, चटनी, मुरब्बा, अचार, डिब्बाबंद जूस आदि से रूप में सारे फलों कों प्रसंस्करण कर बर्बादी से बचाया जा सकता है।

**दूध व दुग्ध उत्पादनों का प्रसंस्करण:–** भारत विश्व में दूध उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। एवं दूध क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी। यहाँ भारत में इतना अधिक दूध उत्पादन होने से उसमें निर्यात की संभावनाए भी है। वर्तमान में देश में 20.9 करोड़ टन वार्षिक उत्पादन हो रहा है। इसके प्रसंसकरण के विभिन्न दुग्ध उत्पादन जैसे – दही, पनीर, छाछ, मिठाइयॉ, दूध पाउडर, मक्खन आदि का प्रसंस्करण दिया जा सकता है। तथा दूसरे छोटे किसान, भूमिहीन कृषको एवं स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार भी प्रदान किया जा सकता है।

**मासाहार प्रसंस्करण:–** हमारे देश में लगभग 20 प्रतिशत जनता मांसाहार लेती है जिसमें मछली, मुर्गी, बकरा, सुअर जैसे जानवरों का मांस भक्षण किया जाता है। ये सारे जानवर जहाँ प्रोटीन एवं तेल या वसा के उत्तम स्त्रोत है वही इसकी शेल्फ लाइफ भी बहुत अधिक नही होती है। अत: इन मांसाहार पदार्थो का प्रसंस्करण किया जा सकता है।

**उपसंहार:–** भारतीय कृषि अनुसंधान, नई दिल्ली में कार्यरत डॉ. वीरेन्द्र कुमार कहते है कि अन्य देशो की तुलना में भारत में फल एवं सब्जियों का 3

प्रतिशत ही प्रसंस्करण दिया जाता है जबकि अन्य देशो में 80 से 90 प्रतिशत तक प्रसंस्करण उत्पाद तैयार किये जाते हैं। यदि आज हम 20 प्रतिशत तक की फलों एवं सब्जियों का प्रसंस्करण कर लेते है तो बेरोजगारी में भी कमी आएगी, भारत में जनसामान्य का पोषण स्तर बढ़ेगा एवं निर्यात से विदेशी मुद्रा की प्राप्ति भी होगी वर्तमान में देश के उपभोक्ताओं में आयातित खाद्य पदार्थो की मांग बढ़ रही है। इस मांग को पूरा करने के लिए देश को ही खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिससे आयात को कम किया जा सके। उक्त क्षेत्रों में प्रसंस्करण की अपार संभावनाए है इन संभावनाओं को मूर्त रूप दिया जाकर एवं पोषक आवश्यकताओं की पूर्ती कर हम एक स्वस्थ भारत भारत का निर्माण भी कर सकते है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. Down to earth – January 2023
2. Dainik Bhaskar – 6th June 2019

Link :-

1. https://www.drishtiias.com/hindi/daily-news-analysis/india-and-wfp-to-supply-wheat-to-afghanistan
2. https://www.janhitmejaari.com/what-is-public-distribution-system-its-types-benefits-and-functions/?amp

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध: कारण एवं निदान के उपाय

**डॉ. ज्योति सिंह ***

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय स्नातक महाविद्यालय, नैनपुर, जिला-मण्डला (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** भारत देश जहां स्त्रियों को देवी समान माना जाता है उस देश में स्त्रियों के साथ दर्दनाक और शर्मनाक हादसे हो रहे है। यहाँ पितृसत्तात्मक व्यवस्था के कारण पुरूषों की प्रधानता हर क्षेत्र में दिखाई देती है। स्त्रियों का पुरूषों से आगे बढ़ना, उन्नति करना और उनकी सोच सबके सामने रखना पुरूषों के लिए असहनीय हो जाता है। भारतीय समाज में स्त्रियां बहुत लम्बे समय से अवमानना, यातना और शोषण का शिकार रही है। हमारी विचार धाराएं, संस्थागत रिवाजों और समाज में प्रचलित प्रतिमानों ने उनके उत्पीड़न में काफी योगदान दिया है इनमें से कुछ व्यवहारिक रिवाज आज भी व्याप्त है। आज महिलाऐं नई-नई सफलता के अयाम गढ़ रही है तो वहीं दूसरी तरफ हिंसा और अपराध का शिकार भी हो रही है। महिलाओं के साथ मार-पीट, अपहरण, बलात्कार, हत्या जैसे अपराध रोज सुनने में आते हैं। भारत देश तरक्की की राह पर चल रहा है किंतु महिलाओं के विरूद्ध बढ़ते अपराध कम नहीं हो रहे है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानून असरदार है किंतु लागू करने वाली व्यवस्था बेकार साबित हो रही है। महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराध व हिंसा से उनका मानसिक और शारीरिक संबंल टूटता है और उनका विकास रूक जाता है।

**महिलाओं के विरूद्ध बढ़ते अपराध के कारण:-**

**(1) पितृसत्तात्मक व्यवस्था-** भारतीय समाज पुरूष प्रधान समाज है और पुरूष को शक्ति का प्रतीक माना जाता है समाज में पुरूषों की प्रधानता महिलाओं के प्रति हिंसा को बढ़ावा देती है कमीशन फॉर वुमेन रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं में होने वाले अत्याचार में दहेज हिंसा, घरेलू हिंसा, रेप अधिक है।

**(2) निर्भरता-** महिलाओं का परिवार के पुरूष सदस्यों पर निर्भरता उनको जीवन में कई कठिन दौरों में जाने के लिए मजबूर करती है। वे दूसरों पर निर्भर होने के कारण अपने ऊपर हो रहे अत्याचारों और अपराधों को सहने के लिए मजबूर रहती है जिससे पुरूषों के हौसले और बढ़ते जा रहे है।

**(3) शिक्षा का अभाव-** पुरूषो की तुलना में आज भी महिलाओं में शिक्षा का प्रतिशत कम है जिसके कारण उन्हें अपने अधिकारों का ज्ञान नहीं होता है। शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रतिशत कम है स्कूल और उच्च शिक्षण संस्थानों की दूरी, भय का वातावरण उन्हें आगे की शिक्षा की ओर नहीं पहुँचा पाती है।

**(4) सुरक्षा-** महिलाओं की सुरक्षा पर आज भी प्रश्न चिन्ह लगा हुआ। सशक्त कानूनों के पश्चात् महिलाएँ सुरक्षित नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय न होना, रोशनी की कमी और शहरों में शराब का सेवन एवं क्लब व पार्टीज में जाने वाली महिलाएँ के साथ अपराध की घटनाएँ घटित होती है।

**(5) विकृत मानसिकता-** पुरूषों की विकृत मानसिकता महिला अपराध को बढ़ावा देते है। विकृत मानसिकता वाले पुरूषों के दिमाग सेक्स और औरत को भोग्या वस्तु मानकर अपराध कर देते है।

**(6) कुप्रथाएँ-** आज भी समाज में कई कुप्रथाऐं प्रचलित है जैसे- बाल विवाह, दहेज प्रथा, विधवा पुनर्विवावह पर रोक अधिकांशत: इन कुप्रथाओं की षिकार महिलाऐं ही बनती है जिससे अपराध घटित होता है।

**(7)** समाज में महिलाओं की अस्वच्छ छवि को प्रस्तुत करने में संचार माध्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका है। गलत छवि का प्रस्तुतीकरण लोगों के दिमाग में सभी महिलाओं के लिये वही छवि बन जाती है और लोगों का नजरिया भी वही बन जाता है जो मीडिया द्वारा परोसा जाता है। अस्वच्छ छवि भी अपराध घटित करते है।

**(8)** इंटरनेट की दुनिया ने भी महिला अपराधों को बढ़ाने में योगदान दिया है आज इंटरनेट पर सबसे ज्यादा सर्चिंग 'सेक्स' के लिये किया जाता है इसका उपयोग व्यक्ति की मानसिकता को खराब कर उसे अपराध की ओर अग्रसर करता है। रेप कर साक्ष्य छुपाने के डर से हत्या भी कर देता है।

**(9) कानून से डर नहीं-** अपराधी प्रकृति के व्यक्तियों को कानून का डर ही नहीं है। साक्ष्य के अभाव में अपराधी दण्डित होने से बच जाते है और समाज में उनके हौसले बुलंद रहते है।

एन.सी.आर.बी. द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार

| क्र. | वर्ष | अपराधों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2016 | 338,954 |
| 2 | 2017 | 359,849 |
| 3 | 2018 | 378,236 |
| 4 | 2019 | 4,05,326 |
| 5 | 2020 | 3,71503 |
| 6 | 2021 | 4,28,278 |

स्रोत - NCRB

देश में 2021 में 2020 के मुकाबले महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 15.3 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है महिला वर्ग के खिलाफ अपराधों में रेप, रेप और हत्या, एसिड अटैक, खुदकुशी के लिए उकसाना, अपहरण, जबरन शादी, मानव तस्करी और ऑन लाइन उत्पीड़न आदि शामिल है।

वर्ष 2019 के दौरान महिलाओं के खिलाफ अपराध के 2018 में दर्ज मामलों की संख्या से 7.3% अधिक है।

अपराधों की संख्या से ये साबित है कि अपराधों की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ती गई है।

अपराधों को कैसे रोका जाये इस पर पुन: चिंतन कर कुछ ठोस कदम उठाने होंगे जिससे अपराधों में कमी हो महिलाओं का विकास तीव्र गति से हो।

महिलाओं की सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण कानून है किंतु उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। निम्न अपराधों के लिये कानून है।

1. भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के अंतर्गत बलात्कार को अत्यंत जघन्य अपराध माना गया है।
2. दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 और 1986
3. धारा 494 आईपीसी के तहत पति/पत्नी के जीवित होते विवाह करना दण्डनीय अपराध है।
4. हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत दूसरे विवाह को प्रतिबंधित किया गया है।
5. घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005
6. महिला आरोपी की दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973
7. भ्रूण लिंग चयन निषेध अधिनियम 1994
8. अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956
9. कार्यस्थल पर महिलाओं के सम्मान की सुरक्षा के लिये वर्क प्लेस (POSH Act,2013)
10. पॉक्सो (POCSO) अधिनियम
11. इन सभी कानूनों को मजबूती के साथ तथा सख्ती के साथ लागू किया जाये।
12. फास्ट ट्रेक कोर्ट की स्थापना कर जल्दी से जल्दी न्याय दिलाया जाये।
13. समाज सेवी संस्थाओं को मजबूत बनाया जाये जो महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर आवाज उठाती है।
14. महिलाओं की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जाये ताकी उनकी निर्भरता कम से कम हो और वो अपने खिलाफ होने वाले शोषण के खिलाफ आवाज उठा सकें।
15. सार्वजनिक स्थानों में सुरक्षा की व्यवस्था पुख्ता हो, सी.सी.टी.वी. कैमरे, पुलिस हो ताकि अपराध के घटित होने की संभावना ही ना हो।
16. इंटरनेट का तकनीकी हल निकाला जाये जिससे सेक्स जैसी वीडियो, फिल्मों को प्रतिबंधित किया जाए।
17. समाज में महिलाओं के सम्मान हेतु जन जागरूकता अभियान को प्रेरित करना होगा।
18. महिला शिक्षा पर व्यवहारिक धरातल पर वर्तमान में चल रहे कानूनों का पालन अनिवार्य रूप से कराना होगा।
19. अपराधों की सजा जल्दी ही दिया जाये।
20. महिलाओं को भारतीय कानून में दिये गये अधिकारों से जागरूक होना चाहिए, इस हेतु सरकार, समाज सेवी संस्थाओं को जागरूकता अभियान चलाना चाहिए।
21. पुलिस विभाग को यह सुनिश्चित करना होगा कि महिलाएँ बेझिझक होकर शिकायत दर्ज करायें, पुलिस सहयोग करेगी किंतु इसके लिये विभाग को महिलाओं में जागरूकता लाये।
22. कठोर दंड का प्रावधान हो, ताकि दण्ड के भय से ही व्यक्ति अपराध न करें।
23. स्कूल तथा कॉलेज स्तर पर छात्राओं को जूडो कराटे प्रशिक्षण अनिवार्य करना चाहिए जिससे वे अपनी सुरक्षा हेतु इसका उपयोग कर सकें।
24. जन जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए जिसके माध्यम से महिलाओं के अधिकारों और कानूनों की जानकारी दी जानी चाहिए।

**निष्कर्ष:–** महिलाओं के विरूद्ध होने वाली हिंसा व अपराध भारतीय समाज के लिये अब एक चुनौती हो गया है। महिलाओं के साथ होने वाले बलात्कार, अपहरण, दहेज हत्या, यौन उत्पीड़न ने पूरे समाज, सरकार की चिंताएँ बढ़ा दी है। कारण है कि कानून का भय नहीं, पितृसत्तात्मक व्यवस्था, जन जागरूकता की कमी, सुरक्षा की कमी, आदि है महिलाओं को अपनी सुरक्षा, प्रतिष्ठा और वास्तविक सम्मान के लिये खुद को आगे आना होगा। महिलाऐं अत्याचार उत्पीड़न के खिलाफ खुद को अपनी आवाज बुलंद करनी पड़ेगी तभी हम अपने को सुरक्षित कर अपने अस्तित्व को पायेगी। खुद की निर्बल न मानकर, आत्मनिर्भर बन दूसरी महिलाओं की मदद करना चाहिए। वक्त काफी लगेगा इन स्थितियों को बदलने में किंतु समाज, सरकार, स्वयंसेवी संस्थाऐं और महिलाएँ स्वयं पूरी दृढ़ता और मजबूती के साथ इस पर कार्य करेंगी तो बढ़ते हुए अपराधों की कमी होने की संभावना है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:–**

1. https://www.grihshobha.in
2. https://blogs.navbharattimes.india
3. https://www.insightsonindia.com
4. https://www.drishtiias.com
5. https://www.studyfry.com
6. https://www.youthkiawaaz.com
7. https://www.dhyeyaias.com
8. https://www.mpgkpdf.com
9. https://hindi.theindianwire.com
10. https://open.lib.umn.edu/hindiurdu
11. https://www-unwomen-org
12. https://translate.google.com
13. https://www.zeebiz.com
14. https://m.thewirehindi.com
15. https://www.ndtv.com
16. https://translate.google.com
17. https://blogs.navbharattimes.com
18. https://www.drishtiias.com
19. https://www.studyfry.com
20. https://translate.google.com
21. https://www.youthkiawaaz.com

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# विधि के अधीन अभियुक्तो को प्रदत्त संरक्षण

**डॉ. रितु उमाहिया ***

* सहायक प्राध्यापक (विधि) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुना (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** अपराध मानव समाज का अपरिहार्य अंश है। अपराधियों को कारागार में उन्हें सुधारने तथा समाज के समक्ष एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने के लिए रखा जाता है ताकि अपराध की पुनरावृत्ति न हो और जनमानस में भय बना रहे लेकिन यह भी सत्य है कि सिद्धदोष व्यक्तियों को भी दैहिक स्वतंत्रता का मूल अधिकार प्राप्त है। अभियुक्त को अनावश्यक हानि न हो उसका विचारण प्राकृतिक न्याय के अनुसार तथा निष्पक्ष हो इसलिए उन्हें विधिक संरक्षण प्रदत्त किए गए है, उक्त शोधपत्र के माध्यम से भारत के संविधान एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता के अधीन गिरफ्तार व्यक्तियों को विधि द्वारा प्रदान किए गए अधिकारो की महत्वपूर्ण निर्णीत वादों के माध्यम से उल्लेख किया गया है।

भारतीय संविधान में प्रदान किए गए अधिकार अनुच्छेद–20 अपराध के लिए दोषसिद्धी की बावत् कुछ संरक्षण प्रदान करता है इसके लिये वह :–

(क) भूतलक्षी दाण्डिक विधान जिसे साधारणत: 'घटना के पश्चात विधान' कहा जाता है प्रतिसिद्ध करता है।

(ख) दोहरा दण्डादेष या एक ही अपराध के लिए एक से अधिक बार दण्ड देना प्रतिसिद्ध करता है।

(ग) स्वयं को अपराध में फँसाने के लिए विवश करना प्रतिसिद्ध करता है।

इस तरह भारतीय संविधान का अनुच्छेद 20 (1) किसी व्यक्ति को किसी अपराध के लिए तब तक सिद्धदोष नहीं ठहराया जाएगा जब तक कि उसने ऐसा कोई कार्य करने के समय जो अपराध के रूप में आरोपित है किसी प्रवृत्त विधि का अतिक्रमण नहीं किया है या वह उससे अधिक शास्ति का भागी नहीं होगा जो उस अपराध के किए जाने के समय प्रवृत्त विधि के अधीन अधिरोपित की जा सकती थी। केदारनाथ बनाम पश्चिम बंगाल राज्य[1] किसी अभियुक्त को उस शास्ति से अधिक दण्ड नहीं दिया जा सकता जो अपराध के किए जाने के समय प्रवृत्त विधि के अधीन दिया जा सकता था। इस प्रकार जब विधानमण्डल किसी कार्य को अपराध घोषित करता है या किसी अपराध के लिए शस्ति का उपबंध करता है तो वह विधि को भूतलक्षी बनाकर उन व्यक्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डाल सकता जिन्होंने उस विधि के अधिनियमित किए जाने के पूर्व ऐसे कार्य किए थे। साक्षी बनाम भारत संघ[2] में कहा गया कि किसी दाण्डिक उपबंध को अभियोजन के लिए विस्तारित करना अनुच्छेद 20 (1) का उल्लंघन होगा।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 20 (2) दोहरे दण्ड देने के विरूद्ध प्रतिषेध को स्पष्ट करता है, इसके अनुसार 'किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए एक बार से अधिक अभियोजित और दण्डित नहीं किया जाएगा।' वेंकटरमन बनाम भारत संघ[3] के वाद में कहा गया कि यदि कोई व्यक्ति अपराध के लिए पूर्ववर्ती कार्यवाही में अभियोजित और दण्डित किया जा चुका है तो उसे, उसी अपराध के लिए पश्चातवर्ती कार्यवाही में अभियोजित और दण्डित नहीं किया जा सकता यदि कोई विधि ऐसे दोहरे दण्ड की व्यवस्था करती है तो वह विधि शून्य होगी वेंकटरमन के मामले में कहा गया कि यदि किसी सरकारी सेवक को न्यायालय द्वारा किसी अपराध के लिए दण्डित किया गया है तो उसके विरूद्ध उसी अपराध के लिए विभागीय कार्यवाही की जा सकती है या विभागीय कार्यवाही में दण्ड देने के पश्चात् न्यायिक कार्यवाहियाँ की जा सकती है। ओ.पी. दहिया बनाम भारत संघ[4] के वाद में कहा कि यदि पहले विचारण में अभियुक्त को आरोपों के लिए न तो सिद्धदोष किया गया था और न ही दोषमुक्त तो उसका पुन: विचारण दोहरे दण्ड की कोटि में नहीं आएगा। राजस्थान राज्य बनाम हाट सिंह[5] का मामला यह स्पष्ट करता है कि अधिनियम की उन धाराओं के अधीन अभियोजन और दण्ड, दोहरे दण्ड की कोटि में नहीं आता जिनके अपराध एक दूसरे से भिन्न है। अनुच्छेद 20 (2) को दुहरे जोखिम के सिद्धांत, दोहरे परिसंकट अथवा दोहरे संकट का सिद्धांत भी कहते है क्योंकि ये सभी एक दूसरे के पर्याय है यह सिद्धांत इंग्लिश विधिशास्त्र के इस सूत्र से प्रेरित है कि यदि कोई व्यक्ति किसी सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय से किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध किया जा चुका है तो उसी अपराध के लिए पुन: उसके विरूद्ध दोषसिद्धी की कोई कार्यवाही नहीं की चाहिये। संयुक्त राज्य अमेरिका में इसी प्रकार का सिद्धांत प्रचलन में है। अमेरिकन संविधान का पांचवा संशोधन यह प्रस्तुत करता है कि किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए दो बार प्राण और अंग के खतरे में नहीं डाला जाएगा।

अनुच्छेद 20 (3) में स्वयं का अपराध में फंसाने के विरूद्ध उन्मुक्ति को बताया है अर्थात् किसी अपराध के लिए अभियुक्त को स्वयं अपने विरूद्ध साक्षी होने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।

एम.पी. शर्मा बनाम सतीश[6] के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा साक्ष्य में मौखिक और दस्तावेजी दोनों प्रकार के साक्ष्य है इसलिए किसी व्यक्ति को ऐसा साक्ष्य देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता जिससे उसके विरूद्ध अभियोजन को समर्थन मिलने की युक्तियुक्त संभाव्यता है किन्तु ऐसा साक्ष्य संसूचना के रूप में होना चाहिए किन्तु मुम्बई राज्य बनाम काथी कालू [7] के वाद में कहा गया कि 20 (3) के प्रावधान अभियुक्त के चिकित्सकीय परीक्षण को या उसके अंगूठे की छाप या नमूने का हस्ताक्षर लेने को वारित नहीं करता है। सेलवी बनाम कर्नाटक राज्य (8) के दूरगामी महत्व के मामले में मुख्य विचारणीय प्रश्न यह था कि क्या अपराध की जांच के लिए अपराधी की नारकोटिक्स, पॉलीग्राफ और ब्रेनफिगर प्रिटिंग परीक्षण

अनुच्छेद 20 का उल्लंघन करता है। इस मामले में अभियुक्तो ने यह प्रश्न उठाये थे कि उक्त परीक्षण उनकी सहमति के बिना किए गए थे अत: अनुच्छेद 20 के अधीन वर्जित है। पुलिस प्रशासन का तर्क था कि उक्त परीक्षण भविष्य में होने वाले अपराधो जिनमें साधारण तरीको से साक्ष्य एकत्रित करना कठिन है उपयोगी सिद्ध होगे विशेष तौर से यौन अपराधो में। अभियुक्तो का तर्क था कि उपयुक्त तरीके थर्ड डिग्री तरीको के वैकल्पिक तरीके है और वे अनुच्छे-21 द्वारा वर्जित है। उच्चतम न्यायालय के तीन न्यायमूर्तियो (मुख्य न्यायमूर्ति के.जी. बालकृष्ण, श्री आर.बी. रवीन्द्रन और श्री जे.एम.पंक्षी) ने सर्वसम्मति से अभिविधोरित किया कि अभियुक्त का अनिवार्य नारको परीक्षण अनुच्छेद 20, 21 के अधीन ऋजुपूर्ण परीक्षण (Fair Trial) अधिकार का भी उल्लंघन करता है। सरकार का यह तर्क कि इसमें (शीघ्र परीक्षण) नारको परीक्षण में जनहित निहित है अत: इस परीक्षण की अनुमति होनी चाहिए न्यायालय ने यह कहा कि यह निर्णय करना विधान मण्डल का कार्य है। 'लोक संरक्षण' और 'दैहिक स्वाधीनता' के बीच अंतर को विधायिका व्यवहारिक रूप से जानती है किन्तु जब यह प्रश्न न्यायालय के समक्ष आएगा तो वह संविधान में प्रदत्त दैहिक स्वाधीनता और अधिसंशन के विरूद्ध के संरक्षण के विरूद्ध नागरिको की संरक्षा को प्राथमिकता देगी। 'पालीग्राफी परीक्षण' को विद्युत तरंग परीक्षण भी कहा जाता है। इसमें व्यक्ति के मस्तिष्क में बिजली की तरंगे पहुंचायी जाती है जिसके प्रभाव से वह सत्य बोलता है। 'नारको परीक्षण' में एक प्रकार की औषधि (सोडियम मेन्टोथॉल) जिसकी उच्च मात्रा शल्यक्रिया के मरीजो को एनस्थीशिया देने में प्रयोग की जाती है जिससे वह सत्य सूचनाये देता है इस मामले में न्यायालय ने निर्णय इस प्रकार दिया :-

1. अभियुक्त की सहमति के बिना कोई भी लाई डिटेक्टर नहीं प्रयोग किया जाएगा।
2. यदि अभियुक्त इसकी सहमति देता है तो उसे अधिवक्ता की सहायता दी जाएगी और लाई डिटेक्टर के शारीरिक, मानसिक और विधिक आशय को पुलिस और अधिवक्ता को अभियुक्त को बताना होगा।
3. इसकी सहमति मजिस्ट्रेट के समक्ष लिखित ली जाएगी।
4. मजिस्ट्रेट के समक्ष सुनवायी के दौरान अभियुक्त को अधिवक्ता का प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाएगा।
5. अभियुक्त से सूचना प्राप्ति की पूरी मेडिकल और तथ्यात्मक वर्णन की पूरी रिपोर्ट लिखी जाएगी।
6. सुनवायी के दौरान व्यक्ति को स्पष्ट रूप से बताया जाएगा कि उसका कथन स्वीकारोक्ति नहीं होगा बल्कि पुलिस के समक्ष दिया कथन होगा।
7. मजिस्ट्रेट अभियुक्त की निरोध की अवधि और पूछताछ की प्रकृति पर भी विचार करेगा।

विधि के अधीन प्रत्येक व्यक्ति को जीवन एवं वैयक्ति स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया गया है लेकिन यह अधिकार निरपेक्ष नहीं है यह अधिकार तभी तक उपलब्ध रहता है जब तक कि प्रत्येक व्यक्ति विधिपूर्ण तरीके से कार्य करता रहे। जब भी कोई व्यक्ति ऐसा कोई कार्य करता है जो भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत दण्डनीय है तो उसकी उपयुर्वत स्वतंत्रता प्रतिबंधित हो जाती है अर्थात् ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाकर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है यह गिरफ्तारी ही विधि की एक प्रक्रिया है लेकिन ऐसे गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को भी गिरफ्तारी के विरूद्ध कतिपय संरक्षण प्रदान किया गया है अर्थात् किसी व्यक्ति को अवैध तरीके से गिरफ्तार नहीं किया जाए, गिरफ्तारी के पश्चात उसके साथ अन्यायोचित व्यवहार नहीं किया जाए, गिरफ्तारी के अधिकार का दुरूपयोग नहीं किया जाए, गिरफ्तार व्यक्ति को जमानत पर छोड़ दिया जाए आदि।

**एकान्तता का अधिकार-** खरकसिंह बनाम उ.प्र. राज्य [9] के मामले में पिटिषनर खरक सिंह के ऊपर डकैती का आरोप लगाया गया था किन्तु पर्याप्त साक्ष्य न होने के कारण उसे मुक्त कर दिया गया। इस मामले से उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया था कि रात्रि में एक व्यक्ति के घर में पुलिस का आना अनुच्छेद 21 में प्रदत्त उसके प्राण और दैहिक स्वाधीनता का मूल अधिकार का उल्लंघन करता है।

**कारागार में बंदी माँ के साथ रहने वाले बच्चो के हितो का संरक्षण -** आर.डी. उपाध्याय बनाम आध्रप्रदेश राज्य[10] के मामले में देश के विभिन्न जेलो में विचाराणाधीन बंदी माँ के साथ रहने वाले बच्चो की दयनीय दशा के विषय में उच्चतम न्यायालय में गंभीर चिंता दिखाई और यह अभिनिर्धारित किया कि उन्हें अनुच्छेद 21, 23, 39 (ई), 39 (एफ) और 21-क के अंतर्गत भोजन चिकित्सा सहायता, कपड़े, शिक्षा और मनोरंजन सुविधाये पाने का अधिकार है।

**बंदियो के अधिकार-** बाबू सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य[11] में कहा गया कि हत्या के मामले में अभियुक्त को बिना युक्तियुक्त कारण के जमानत नामंजूर करना उसे दैहिक स्वतंत्रता से वंचित करना है और असंवैधानिक है, अभियुक्त को जमानत देने से इंकार तभी किया जाना चाहिए जब समाज के कल्याण के लिए ऐसा करना उचित हो। सिद्धदोष व्यक्ति अपने मूल अधिकारो से पूर्णतया वंचित नहीं होते है वे उस समय तक सभी सांविधानिक अधिकारो के हकदार रहते है जब तक कि उनको स्वतंत्रता से सांविधानिक प्रक्रिया द्वारा वर्जित नहीं कर दिया जाता है।

एम. हॉसकाट महाराष्ट्र राज्य[12] के सिद्धदोष व्यक्ति को उच्च न्यायालय में 'अपील फाइल' करने का मूल अधिकार है तथा उसे निर्णय की प्रतिलिपि नि:शुल्क पाने तथा 'निशुल्क कानूनी सहायता' पाने का भी अधिकार प्राप्त है।

**एकान्त कारावास के विरूद्ध संरक्षण-** सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन[13] इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्धारित किया कि सिद्धदोष व्यक्तियों को भी दैहिक स्वतंत्रता का मूल अधिकार प्राप्त है और विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के बिना उन्हें उनसे वंचित नहीं किया जा सकता है। एक कैदी को दूसरे से मिलना बातचीत करना उसका मूल अधिकार है। मृत्युदण्ड पा जाने मात्र से वह मनुष्य की श्रेणी से बाहर नहीं हो जाता है जब तक कि मृत्युदण्ड कार्याविन्त न कर दिया जाए वह मनुष्य ही रहता है, उसे पूर्ण मनुष्य का जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है।

**शीघ्र विचारण का अधिकार-** हुसैन आरा खातून विरूद्ध बिहार राज्य [14] में कहा गया कि अभियुक्त को अपने मामलो के 'शीघ्रतर विचारण' का अधिकार है। साथ ही साथ नि:शुल्क विधिक सेवा युक्तियुक्त प्रक्रिया का आवश्यक तत्व है जिसे निर्धन सिद्धदोष व्यक्तियों को देना राज्य का कर्तव्य है ऐसी प्रक्रिया जो निर्धन सिद्धदोष व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता नहीं प्रदान करती है उसे अनुच्छेद-21 के अनुसार युक्तियुक्त उचित और न्यायसंगत नहीं माना जा सकता है।

**हथकड़ी लगाने के विरूद्ध संरक्षण-** प्रेमशंकर बनाम दिल्ली प्रशासन [15] में यह सिद्धांत प्रतिपादित किया गया कि हथकड़ी का प्रयोग तभी किया जा

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

सकता है जब कैदी के पुलिस अभिरक्षा से भागने का स्पष्ट और वर्तमान खतरा हो और यदि ऐसा हो तो उसके कारणो का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए।

**अमानवीय व्यवहार के विरूद्ध संरक्षण–** किशोर सिंह बनाम राजस्थान राज्य [16] के मामले में राजस्थान कारागार अधिनियम और राजस्थान कारागार नियम की विधिमान्यता को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि वह अनुच्छेद 14, 19 और 21 का अतिक्रमण करते है। इसमें न्यायाधिपति श्री कृष्णाअय्यर ने बहुमत का निर्णय सुनाते हुये यह अधिनिर्धारित किया कि किसी कैदी को इतने तुच्छ आधारो पर 08 से 11 माह तक हथकड़ी के साथ एकान्तवास में रखना अमानवीय कृत्य है और अनुच्छेद 14, 19 एवं 21 में अधीन मानव प्रतिष्ठा पर आघात है।

**पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु के विरूद्ध संरक्षण–**नीलवती बेहरा विरूद्ध उडीसा राज्य [17] पुलिस अभिरक्षा में गिरफ्तार व्यक्ति तथा जेल में कैदियों की रक्षा करना राज्य का कर्तव्य है और यदि पुलिस अभिरक्षा या जेल में उसके मूल अधिकारो का राज्य या उसके सेवको द्वारा उल्लंघन होता है तो राज्य को ऐसे नागरिक को प्रतिकर देना होगा। इस मामले में 1,50,000 रूपये प्रति कर दिलाया गया।

जोगिन्दर सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य [18] इस मामले में एक व्यक्ति के गिरफ्तारी के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्धांत विहित किए है ताकि व्यक्ति की अवैध गिरफ्तारी से संरक्षा की जा सके।

अ. गिरफ्तार व्यक्ति को यदि वह प्रार्थना करता है तो उसके किसी ऐसे मित्र संबंधी या किसी अन्य व्यक्ति को जिसे वह जानता है या जिसे उसके कल्याण में हित हो सकता है, उसकी गिरफ्तारी की तथा उस स्थान की जहां वह निरूद्ध है यथा संभव शीघ्र सूचना दे।

ब. पुलिस अधिकारी गिरफ्तार व्यक्ति को थाने में लाने पर यह बताये कि उसे उक्त अधिकार प्राप्त है।

द. पुलिस डायरी में इस बात की प्रविष्टि की जाएगी कि इस संबंध में किस व्यक्ति को सूचित किया गया था।

**दण्ड प्रक्रिया संहिता में प्रदत्त किये गये अधिकार–** दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत अभियुक्तो के लिए प्रमुख प्रावधान–

दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 41 ख गिरफ्तारी की प्रक्रिया और **गिरफ्तारी करने वाले अधिकारी के कर्तव्य :–** प्रत्येक पुलिस अधिकारी गिरफ्तारी करते समय –

(क) अपने नाम की सही प्रकट और स्पष्ट पहचान धारण करेगा जिससे उसकी आसानी से पहचान हो सके।

(ख) गिरफ्तारी का एक ज्ञापन तैयार करेगा जो –

(1) कम से कम एक साक्षी द्वारा अनुप्रमाणित किया जाएगा जो गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के परिवार का सदस्य है या उस परिक्षेत्र का, जहाँ गिरफ्तारी की गई है गणमान्य सदस्य है।

(2) जब तक उसके परिवार में किसी सदस्य द्वारा ज्ञापन को अनुप्रमाणित न कर दिया गया हो, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को यह सूचना देगा कि उसे यह अधिकार है कि उसके किसी नातेदार या मित्र को जिसका वह नाम दे, उसकी गिरफ्तारी की सूचना दी जाएगी।

स्टेट ऑफ महाराष्ट्र विरूद्ध क्रिश्चियन कम्युनिटी वेलफेयर कौसिल ऑफ इण्डिया [19] में यह बात स्पष्ट की गई कि किसी महिला की गिरफ्तारी के संबंध में अब यह करीब–करीब सुस्थापित हो चुका है कि ऐसी गिरफ्तारी के समय किसी महिला कांस्टेबल का उपस्थित रहना आवश्यक है लेकिन यह कोई निरपेक्ष नियम नहीं है जहां किसी महिला की गिरफ्तारी के समय किसी महिला कांस्टेबल को उपस्थित रखने का पूरा प्रयास किया गया हो लेकिन महिला कांस्टेबल उपलब्ध नहीं हुई हो और गिरफ्तारी में अधिक विलम्ब किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता हो, वहां कारण लेखबद्ध करते हुए किसी महिला कांस्टेबल की अनुपस्थिति में भी किसी महिला को गिरफ्तार किया जा सकता है। ऐसी गिरफ्तारी दिन के समय या रात्रि के समय कभी भी की जा सकती है।

दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 41 घ– गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का पूछताछ के दौरान अधिवक्ता से मिलने का अधिकार :– जब किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाता है और पुलिस द्वारा पूँछताछ की जाती है तब गिरफ्तार व्यक्ति अन्वेषण के दौरान उपस्थित रहने के लिए अपनी पसंद के अधिवक्ता से मिलने का हकदार होगा किन्तु सम्पूर्ण पूँछताछ के दौरान नहीं। इसी अधिनियम की धारा 50 गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को दो महत्वपूर्ण संरक्षण प्रदान करती है।

प्रथम–जहां किसी व्यक्ति को वारंट के बिना गिरफ्तार किया गया हो वहां उसे गिरफ्तारी के कारणो से तुरंत अवगत कराया जाएगा।

द्वितीय–यदि गिरफ्तार किये जाने वाला व्यक्ति जमानतीय अपराध का अभियुक्त है तो उसे इत्तिला दी जाएगी कि वह जमानत पर छोड़े जाने का अधिकारी है और वह प्रतिभुओ की व्यवस्था करें।

तारापाद डे बनाम स्टेट ऑफ वेस्ट बंगाल[20] के मामले में कहा गया कि यह एक संवैधानिक व्यवस्था है जिसका उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद–22 में किया गया है इसके अनुसार गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को गिरफ्तार किये जाने के कारणो से शीघ्र अवगत कराया जाएगा जहां ऐसे कारण दर्षित करने में किसी प्रकार का विलम्ब किया जाता है वहां ऐसे विलम्ब का औचित्य सिद्ध करना होगा।

दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 50क गिरफ्तार करने वाले व्यक्ति का नामित व्यक्ति को गिरफ्तार आदि की सूचना देने का दायित्व– इस धारा के अंतर्गत प्रत्येक पुलिस अधिकारी या गिरफ्तारी करने वाले किसी अन्य व्यक्ति का दायित्व होगा कि ऐसी गिरफ्तारी तथा उस स्थान जहां गिरफ्तार व्यक्ति को रखा गया है, के संबंध में तत्काल गिरफ्तार व्यक्ति के मित्रो, संबंधियो या अन्य ऐसे व्यक्तियों जो गिरफ्तार व्यक्ति द्वारा बताये जाए या नामित किए जाए, को सूचित करें।

दण्ड प्रक्रिया संहिता– 1973 की धारा 51 गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की **तलाशी–** रमन राय बनाम एम्परर[21] में यह स्पष्ट किया कि इस धारा के अंतर्गत तलाशी केवल गिरफ्तारी के बाद ही ली जा सकती है चाहे ऐसी गिरफ्तारी वारंट के अंतर्गत की गई हो अथवा वारंट के बिना। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि, किसी स्त्री की तलाशी किसी अन्य स्त्री द्वारा ली जाएगी एवं ऐसी तलाशी के समय शिष्टता का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा–57 गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का चौबीस घंटे से अधिक निरूद्ध न किया जाना–यह धारा गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को 24 घंटे के अंदर न्यायालय के समक्ष पेश किए जाने का निर्देश देती है। स्टेट बनाम आर.पी. चौधरी [22] यदि किसी अभियुक्त को चौबीस घंटो से अधिक समयावधि के लिए अभिरक्षा में निरूद्ध किया जाना आवश्यक प्रतीत होता हो तो इसके लिए मजिस्ट्रेट का विशेष आदेश प्राप्त करना होगा लेकिन ऐसा आदेश भी 15 दिनो से अधिक का नहीं हो सकेगा।

दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा–304 कुछ मामलो में अभियुक्त को राज्य के व्यय पर विधिक सहायता :– सुखदास और अन्य बनाम यूनियन टेरीटरी ऑफ अरूणाचल प्रदेश के बाद में कहा गया कि नि:शुल्क विधिक सहायता व्यक्ति का मौलिक अधिकार है जिस व्यक्ति का जीवन अथवा व्यक्तिगत स्वतंत्रता संकट में है वह नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने का हकदार है। ऐसे मामलो में अभियुक्त के आवेदन पत्र की प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए। स्वयं मजिस्ट्रेट अथवा न्यायाधीष का यह कर्तव्य है कि ऐसे अभियुक्त को अपने इस अधिकार से अवगत कराये।

दिलबर सिंह बनाम स्टेट ऑफ दिल्ली[23] के मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया है कि जहां किसी आपराधिक विचारण में अभियुक्त का कोई अधिवक्ता नहीं हो वहां न्यायालय द्वारा उसके लिए न्याय मित्र की नियुक्ती की जानी चाहिए।

**निष्कर्ष –** मनुष्य के साथ ऐसा व्यवहार जो उसकी गरिमा के विरूद्ध है अर्थात् अनावश्यक यंत्रणा देना और उसके साथ पशुवत व्यवहार करना विधिक प्रावधानो का अतिक्रमण करता है। मनुष्य को गरिमामयी जीवन जीने का अधिकार नैसर्गिक अधिकार है और विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के बिना उन्हें इन अधिकारो से वंचित नहीं किया जा सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. 1954, एस.सी.आर. 30
2. (2004) 5 एस.सी.सी. 518 (पैरा.20)
3. (1954) एस.सी.आर. 11500
4. (2003) एस.सी.सी. 122
5. ए.आई.आर. 2003 एस.सी. 791
6. (1954) एस.सी.आर. 1077
7. ए.आई.आर. 1961 एस.सी. 1808
8. ए.आई.आर. 2010 एस.सी. 1974
9. ए.आई.आर. 1963 एस.सी. 1295
10. ए.आई.आर. 2006 एस.सी. 1946
11. ए.आई.आर. 1978 एस.सी. 527
12. ए.आई.आर. 1978 एस.सी. 1548
13. ए.आई.आर. 1978 एस.सी. 1675
14. ए.आई.आर. 1979 एस.सी. 1360
15. ए.आई.आर. 1980 एस.सी. 898
16. ए.आई.आर. 1981 एस.सी. 625
17. (1993) 2 एस.सी.सी. 746
18. (1994) 4 एस.सी.सी. 260
19. ए.आई.आर. 2004 एस.सी. 07
20. ए.आई.आर. 1951 एस.सी. 174
21. ए.आई.आर. 1942 इलाहाबाद 421
22. ए.आई.आर. 1955 इलाहाबाद
23. ए.आई.आर. 2007 एस.सी. 3234

**ग्रन्थ सूची :–**

1. डॉ. दुर्गादास वसु, भारत का संविधान 12 वाँ संस्करण पृ.66 134
2. डॉ. मुरलीधर चतुर्वेदी, भारत का संविधान, इलाहाबाद लॉ एजेन्सी
3. डॉ. जयनारायण पाण्डेय, भारत का संविधान सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी.49 वाँ संस्करण 2016
4. डॉ. बसंतीलाल नावेल, दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन, 29 वाँ संस्करण 2018
5. सूर्यनारायण मिश्रा, दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन पंचम संस्करण 2015

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# कौटिल्य का समकालीन राजनीतिक परिदृश्यों में प्रासंगिक लोक कल्याणकारी एवं समाजसेवी राज्य का स्वप्न

श्रीमती वर्षा चुण्डावत* डॉ. हेमेन्द्र सिंह सारंगदेवोत**

* सहायक आचार्य (भूगोल) राजकीय महाविद्यालय, जैतारण, पाली (राज.) भारत
** सहायक आचार्य (इतिहास) मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार, चित्तौड़गढ़ (राज.) भारत

**राज्य का कार्य क्षेत्र और कौटिल्य के समकालीन प्रासंगिक विचार –** प्राचीनकाल में राज्य का कार्यक्षेत्र अत्यन्त सीमित था किन्तु समय के साथ–साथ राज्य का कार्यक्षेत्र विस्तृत होता गया क्योंकि राज्य व्यक्तियों के प्रत्येक पहलु से संबंधित हो गया। कौटिल्य ने राज्य के कार्यों का पृथक रूप से क्रमबद्ध वर्णन नहीं किया है किन्तु अर्थशास्त्र में यत्र–तत्र राज्य के कार्यों का विवरण मिलता है।

अर्थशास्त्र के अनुसार राज्य का कार्य क्षेत्र बहुत ही व्यापक है जिसे सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक व धार्मिक ही नहीं वरन् परराष्ट्र नीति तथा प्रभावी गुप्तचर व्यवस्था (राज्य व जनता की वास्तविक स्थिति जानने हेतु) जैसे कार्यों का भी सम्पादन करना पड़ता है। राज्य के कार्यों का लक्ष्य है कि प्रजा की भौतिक व्यवस्था व सुरक्षा करते हुए लोगों को लौकिक (भौतिक) व पारलौकिक (आध्यात्मिक) सुखों को प्रदान किया जाए। कौटिल्य द्वारा प्रतिपादित राज्य के कार्य क्षेत्रों का वर्णन निम्नलिखित है।

**प्रजा/जनता की सुरक्षा –** कौटिल्य के अनुसार 'राज्य की उत्पत्ति मत्स्य न्याय' से उत्पन्न दयनीय, अराजक व भयभीत जनता की सुरक्षा हेतु हुई है। प्रजा की सुरक्षा करना राज्य का प्राथमिक व अनिवार्य उत्तरदायित्व है। कौटिल्य ने 'राज्य' संस्था के अस्तित्व से पूर्व की स्थिति का वर्णन करते हुए कहा है कि 'मत्स्य न्याय' का बोलबाला था एवं चारों ओर भय, असुरक्षा, अशान्ति व अराजकता थी। अत: राज्य को बनाने का लक्ष्य यही था कि वह भयमुक्त वातावरण बनाते हुए सुरक्षा, शान्ति व व्यवस्था की स्थापना करे और वह प्रजा की आन्तरिक व बाह्य संकटों से जनता की सुरक्षा करे। प्रजा के जीवन एवं सम्पत्ति की रक्षा हेतु उत्तरदायी राज्य का कर्तव्य है कि वह चोरों, डकैतों, हत्यारों, असामाजिक तत्वों, भ्रष्ट कर्मचारियों से प्रजा की रक्षा करे और इसके साथ ही उसे अग्नि, जल, बिमारी, दुर्भिक्ष, चूहे, व्याघ्र, सर्प और राक्षस जैसी महाविपत्तियों से भी प्रजा की रक्षा करनी चाहिए। कौटिल्य ने जनता की सुरक्षा के संदर्भ में राज्य को तीन प्रकार के दायित्वों से परिपूर्ण किया है। :–

(अ) राज्य में समाज कंटकों, अपराधियों को समाज में अशान्ति व अव्यवस्था पैदा करने पर समुचित दण्ड दिया जाए और साथ ही प्रजा को अनेकों प्रकार की हिंसा व अपराधों से बचाया जाए या उन्हें इनसे (अपराध व हिंसा) बचने हेतु शिक्षा, प्रशिक्षण व परामर्श दिया जाए। साथ ही राज्य को प्रजा के जीवन व उसकी सम्पत्ति व सदाचार की भी रक्षा करनी चाहिए।

(ब) राज्य को बाह्य आक्रमणों से प्रजा की सेना द्वारा सुरक्षा करनी चाहिए। एक राज्य की सुरक्षा व्यवस्था व सेना इतनी शक्तिशाली होनी चाहिए कि सामने वाली सेना को परास्त करके अपनी प्रजा के जीवन की सुरक्षा, सम्पत्ति की सुरक्षा आदि कार्य कर सके। राज्य को अपनी सुरक्षा के लिए ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि बाह्य आक्रमणों का संकट कम से कम हो। ऐसा अधिक मित्र राज्य बनाकर ही सम्भव है।

(स) एक राज्य में उत्पन्न प्राकृतिक आपदाएं जैसे अकाल, बाढ़, तूफान व आंधी या अन्य कोई महामारी जैसी समस्या से प्रजा की रक्षा हेतु राज्य को तुरन्त स्थायी उपाय व राहत के कार्य करने चाहिए।

कौटिल्य ने प्रजा की रक्षा एवं युद्ध के विषय पर कहा है कि जहाँ तक सम्भव हो, युद्धों का परित्याग करना चाहिए। युद्ध एक अन्तिम विकल्प है, युद्ध ऐसा होना चाहिए कि शत्रु परास्त भी हो जाए ओर अपनी जनता की कम से कम हानि हो। युद्ध में बिल्कुल हानि नहीं हो ऐसा सम्भव ही नहीं है। स्पष्ट है कि राज्य का प्रथम कर्तव्य है कि वह अपने अस्तित्व को बनाये रखे। विदेशी आक्रमणों से रक्षा के लिए राज्य में दुर्ग बनवाने, सुसंगठित सेना, अनेकानेक प्रकार के अस्त्रों–शस्त्रों, मित्र–राज्यों आदि पर राज्य को सर्वप्रथम ध्यान देना चाहिए तथा राज्य को इतना शक्तिशाली बनाना चाहिए कि वह विदेशी आक्रमणों का सामना कर सके। राज्य को विदेशी–नीति का संचालन करते समय साम, दाम दण्ड और भेद से काम लेना चाहिए।अत: राज्य द्वारा प्रजा की आन्तरिक एवं बाह्य प्रकार से रक्षा की जा सके, इसी लक्ष्य से राज्य सुरक्षा का कार्य सम्पन्न करता है। उरी के आतंकवादी हमले के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना द्वारा की गई सर्जिकल स्ट्राइक और इसी प्रकार पुलवामा के आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में किया गया बालाकोट आतंकी शिविरों पर हमला भारतीय यौद्धा प्रकृति को प्रदर्शित करते हुए गौरवान्वित करते है जिनमें कौटिल्य के उपदेशानुसार साम–दाम–दण्ड–भेद का प्रयोग कर पाकिस्तान को असहाय बना दिया।

कौटिल्य के अनुसार प्रजा के सुख में ही राजा का सुख है। प्रजा के हित में ही उसका हित है।विद्वान बी.डी. कला ने कौटिल्य के संदर्भ में कहा 'कौटिल्य ने अयोग्य राजा को गद्दी से उतारने और उसकी जगह दूसरा राजा बैठाने तथा अधर्मी व प्रजा का तिरस्कार करने वाला राजा के मारे जाने की प्रत्यक्ष तथा परोक्ष सूचना दी है।'इस प्रकार कौटिल्य ने राजतांत्रिक राज–व्यवस्था' के प्रसंग में (अर्थशास्त्र में वर्णित राज्य के कार्यों से भी स्पष्ट) प्रजा हितकारी या प्रजा कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को स्वीकारा है। अत: कौटिल्य सैद्धांतिक विचारक होने के साथ–साथ व्यावहारिक राजनीतिज्ञ थे।

**लोक कल्याण -** कौटिल्य के शब्दों में राज्य के अस्तित्व की सैद्धान्तिक व्याख्या यह है कि वह जनता के लौकिक/भौतिक व पारलौकिक/आध्यात्मिक कल्याण करता रहे। ऐसा करने पर ही राज्य का अस्तित्व सुरक्षित है। कौटिल्य एक राज्य से यह अपेक्षा करता है कि वह अपनी समस्त प्रशासनिक नीतियों का संचालन इस लक्ष्य से करे कि जनता का सदैव कल्याण होता रहे। उनका राज्य एक लोक कल्याणकारी राज्य है जिसमें राज्य को वृद्धों, महिलाओं, बालकों व अनाथों की प्रत्येक स्तर पर (प्रारम्भिक आवश्यकताएं जैसे रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य व शिक्षा) सहायता व सहयोग करना चाहिए क्योंकि यह कार्य करना राज्य का दायित्व है। राज्य को जनता के मनोरंजन की भी व्यवस्था करनी चाहिए। वनोत्थान हेतु वनों की साफ-सफाई करते हुए भूमि को कृषि योग्य बनाना चाहिए। राज्य में कृषि की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए। पर्यावरण की रक्षा हेतु वनों की सुरक्षा व उद्यानों का निर्माण करवाना चाहिए और जल संसाधनों के संदर्भ में जलाशय, कुओं, बावड़ी, तालाबों व नदियों की साफ-सफाई का कार्य भी करवाना चाहिए और पेयजल की भी स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। एक राज्य में अकाल, बाढ़ व महामारी जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए राज्य को अनिवार्य एवं प्रभावी उपाय करने चाहिए। लोगों पर यह पाबन्दी लगायी जानी चाहिए कि वे शराब (मदिरा) एवं अन्य हानिकारक नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करें। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वच्छता अभियान व हर घर शौचालय जैसी योजनाएँ कौटिल्य को और भी प्रासंगिक बना रही है।

कौटिल्य ने शैक्षणिक उन्नयन के लिए कहा है कि जो विद्वान शैक्षणिक कार्यों में लगे हुए हैं और बौद्धिक सम्पदा के धनी है, उनके जीवन निर्वाह की व्यवस्था करना राज्य का दायित्व है। जो लोग नि:शक्त व असमर्थ है, उनके जीवन का पालन-पोषण तथा जीवन के निर्वाह का भी उत्तरदायित्व राज्य का ही है। उनके शब्दों में 'राज्य को प्रजा के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए स्वच्छ औषधालयों की समुचित संचालन व्यवस्था करनी चाहिए।' वर्तमान भारतीय संविधान के नीति निर्देशक तत्व (अनु. 39 से 51 तक) कौटिल्य की जनकल्याणकारी राजनीतिक चिंतन के प्रतिबिम्ब ही हैं।

वनोत्थान व पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टि से कौटिल्य ने कहा है कि वनों व उद्यानों के विस्तार हेतु जनता से सहयोग लिया जाना उचित है, वन एवं उद्यान लगाने के लिए उनका विस्तार करने के लिए यदि कोई व्यक्ति इच्छुक हो तो राज्य द्वारा उसे भूमि एवं वृक्ष उपलब्ध करवाए जाने चाहिए। कौटिल्य ने यातायात व आयात-निर्यात को महत्व देते हुए कहा है कि जनता के आवागमन की सुविधा व आयात-निर्यात की सुविधा हेतु अच्छी सड़कें, जलमार्ग, नदियाँ व पुलों का निर्माण करवाना राज्य का दायित्व है। उन्होंने प्रजा की आवासीय व्यवस्था पर कहा है कि यह राज्य का दायित्व है कि वह शिक्षकों, राज्य-कर्मचारियों व चिकित्सकों हेतु तथा प्रजा के अन्य वर्गों को आवास हेतु भूमि आवंटित करे।

प्राचीन भारत कल्याणकारी था, न कि पूंजीवादी और न समाजवादी। अथर्ववेद में लिखा है कि जिस राष्ट्र में विद्या का प्रचार नही किया जाता, वहाँ विद्या कल्याणकारी नही होती एवं न प्रतिष्ठित होती है और न वहाँ कोई विद्वान जन्म लेता है।

कौटिल्य सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक दोनों ही आधारों पर जनकल्याण का लक्ष्य लिए हुए है। शासक का यह दायित्व है कि वह प्रशासनिक व्यवस्था का संगठन व संचालन इस प्रकार करे कि नियमित व संतुलित रूप से प्रजा के कल्याण की समस्त गतिविधियों को सम्पन्न करके कल्याणकारी लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सके। कौटिल्य के राज्य की लोक-कल्याणकारी प्रकृति विकेन्द्रीकृत वितरणात्मक न्याय के सिद्धान्त पर आधारित है। उनके शब्दों में 'अप्राप्त की प्राप्ति, प्राप्त का संरक्षण, संरक्षित का संवधर्न तथा संवर्धित का उचित प्रक्रिया से सुयोग्य व्यक्तियों में वितरण ही राज्य का मुख्य कार्य है।'

उनके अनुसार राज्य जनता में समृद्धि और जन कल्याण के दायित्वपूर्ण कार्य करने के पश्चात् ही वह जनता से कर ग्रहण करने का अधिकारी होता है। स्पष्ट है कि कौटिल्य का राजा प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से तथा सम्पूर्ण रूप से जनकल्याण के कार्य करना चाहता है। वृद्धों, महिलाओं, अनाथों व शिक्षा के कार्यों में लगे विद्वानों के पालन-पोषण का दायित्व राज्य पर ही निर्भर है। कृषि -उत्थान व वनोत्थान करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा व संवर्धन का कार्य भी राज्य का ही है। स्वास्थ्य व शिक्षा, आवासीय सुविधा, आवागमन व आयात-निर्यात की व्यवस्था राज्य का दायित्व है। साथ ही साथ लोगों के नैतिक उत्थान की जिम्मेदारी भी राज्य पर ही है। अत: कौटिल्य का राज्य वर्तमान राज्यों की ही भाँति जन कल्याण के समस्त लक्ष्यों को प्रभावी तरीके से प्राप्त करना चाहता है। वर्तमान भारत सरकार का अपनी पेंशन व अन्य योजनाओं के संदर्भ में महिलाओं, कृषकों, मजदूरों व बुजुर्गों के बैंक खातों में सीधा धन जमा कराना व कैशलेस मनी सिस्टम की ओर संकेत कौटिल्य का अनुसरण ही है।

विद्वान Michael Liebig कृषि को महत्ता देते हुए कौटिल्य के राज्य के राजस्व का महत्वपूर्ण स्रोत बताते हुए लिखते हैं कि - '..... The demographic and economic basis of the state is first of all the agricultural population in the rural villages. Agriculture ensures the physical subsistence of the whole population and generates a surplus product, which is the main fiscal source of the state. The countryside also provides the raw materials for handicraft production.'

**न्याय व्यवस्था -** कौटिल्य के अनुसार राज्य का यह दायित्व है कि वह एक सन्तुलित व प्रभावी न्याय की व्यवस्था करे एवं राज्य की उत्पत्ति इसलिए हुई है कि वह समस्त अन्याय की समाप्ति करके औचित्य व नैतिकता के आधार पर न्याय की प्रभावी स्थापना कर न्याय करे। न्याय की व्यवस्था व स्थापना राज्य का अनिवार्य दायित्व है। कौटिल्य न्याय के दो पक्षों की व्याख्या करता है:-(1) वितरणात्मक न्याय (2) सुधारात्मक न्याय।

वितरणात्मक न्याय का अभिप्राय राज्य के सकारात्मक न्यायिक दायित्व से है। राजा सकारात्मक दायित्व की पूर्ति इस प्रकार करता है कि प्रजा के सभी वर्गों को न्याय की सुलभता हो एवं समाज में सभी विद्यमान साधनों का वितरण न्याय व औचित्य के आधार पर सर्वजन में सन्तुलित रूप में हो। अभिप्राय है कि सभी लोगों को न्याय की सुलभता हो।सुधारात्मक न्याय की स्थापना करना भी राज्य का ही दायित्व है एवं इसमें यह निहित है कि जो व्यक्ति कानूनों की अवहेलना करता है एवं प्रजा के अधिकारों का अतिक्रमण करता है तो ऐसे व्यक्ति को सानुपातिक, समुचित दण्ड दिया जाना चाहिए। समाज में प्रजा के विभिन्न वर्गों के मध्य यदि किसी गंभीर विषय को लेकर अधिकारों के प्रश्न पर कोई मतभेद या विवाद हो जाए तो राज्य को चाहिए कि वह उस विवाद का स्थायी व सम्पूर्ण समाधान करके प्रजा के अधिकारों की सुरक्षा करे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आर्थिकरूप से सामान्य वर्ग के कमजोर तबके को 10 प्रतिशत आरक्षण देना भी कुछ

ऐसा ही प्रजा कल्याणकारी निर्णय है।

राज्य का दायित्व है कि वह न्याय व्यवस्था को सम्पूर्ण व संचालित करने की दृष्टि से प्रभावी न्यायपालिका का संगठन करे। न्यायिक संगठनों का भी पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी से यह दायित्व है कि वे अपने न्यायिक कार्यों का सम्पादन विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही करे। कौटिल्य ने राज्य की न्यायिक क्षमता के बारे में कहा है कि यदि राज्य अपने न्यायिक दायित्व को सुनिश्चित नहीं कर पाता है तो समाज में असुरक्षा व भय का वातावरण उत्पन्न हो जाता है। फलत: कौटिल्य ने राजा को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि राजा ने अपनी न्यायिक शक्ति का दुरूपयोग किया है तो उसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसलिए आवश्यकता इस बात की है एक राजा को अपनी न्यायिक शक्ति का प्रयोग बड़ी ही सजगता व सतर्कता से करना चाहिए। स्पष्ट है कि कौटिल्य की न्याय व्यवस्था राज्य का दायित्व है। नैतिकता व औचित्य पर आधारित न्याय का लक्ष्य सार्वजनिक हित सर्वजन उपलब्धता है। दण्ड व सर्वजन कल्याणकारिता ही न्याय का क्षेत्र है तथा न्याय एक ऐसा संगठन है जिसका सदुपयोग होना अनिवार्य है।

कौटिल्य ने पुलिस राज्य का समर्थन न करके एक लोककल्याणकारी एवं समाजसेवी राज्य का समर्थन किया है। राज्य ही परोपकारी एवं पितृसत्तात्मक संस्था है जिसका हित व सुख, नागरिकों के हित व सुख में निहित है। कौटिल्य का राज्य वर्तमान कल्याणकारी राज्य की तरह व्यापार-व्यवसाय, चिकित्सा, कृषि, पर्यावरण, पशुपालन, उद्योग आदि के विकास व अनुसंधान से संबंधित सेवाएँ प्रदान करता है। इससे स्पष्ट होता है कि कौटिल्य का राज्य सामाजिक सुरक्षा का मंत्रालय है।

विद्वान Michael Liebig इस विषय में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के विचारों को उद्धृत करते हुए लिखते हैं कि – '..... Nehru points out that the Kautilyan state was an autocracy, but should not be dismissed as a `police state'. He emphasises the high level of administra-tive organisation of the Kautilyan state and its paternalistic concern for the people, referring to public infrastructure, health policy, consumer protection, social assistance for the needy, disaster management and urban planning. Nehru underlines the normative commitment of the ruler as the first servant of the people, quoting Kautilya's sentence `In the happiness of his subjects lies his happiness.' Kautilya advo-cated consistent power politics, in order to secure and expand the power of the state internally and exter-nally, in that, he knew no scruples: `There was hardly anything Chanakya would have refrained from doing to achieve his purpose, he was unscrupulous enougha, yet he was wise enougha to know that this very purpose might be defeated by means unsuited to the end......'

**चाणक्य द्वारा वर्णित लोक प्रशासन का वर्तमान प्रशासन पर प्रभाव –** आधुनिक राजनीति पर आधारित प्रशासन तंत्र की संरचना 'अर्थशास्त्र' में लिखित प्रशासनिक तंत्रों की संरचना से मेल नहीं खाती, फिर भी उसमें लोकप्रशासन के कुछ सिद्धान्त दृष्टिगोचर होते हैं। चाणक्य ने कहा था कि राजा ही ईश्वर होता है और यदि राजा का कोई अनादर करता है तो उसे देवी दंड मिलेगा। लोकतंत्र ओर लोक उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करते हुए यह कहा गया कि राज्य के जनता की सुरक्षा और विकास के लिए राजा ही जिम्मेदार होगा और इन सब कार्यों के लिए वह जनता के प्रति उतरदायी होगा। विकेन्द्रीकरण का सिद्धान्त प्रशासनिक व्यवस्था की अत्यन्त महत्वपूर्ण तकनीक है।

चाणक्य के मत में एक सुमार्गी प्रशासन मानव-कल्याण को सुनिश्चित करने की बुनियादी शर्त है। 'जन-कल्याण' लोक प्रशासन का लक्ष्य था, इसी को आज वर्तमान समय में 'विकास प्रशासन' कहा जाता है। उनके अनुसार कृषि, पशुपालन तथा व्यापार-वाणिज्य को प्रोत्साहन देना राजा का उत्तरदायित्व है। गाँवों से नगरों की ओर जनता का पलायन रोकने की दृष्टि से ग्रामीण जीवन के विकास सम्बंधी संस्तुतियाँ चाणक्य की दूरदर्शिता की परिचायक है।[15] वर्तमान में भारतीय नगरों में जनसंख्या घनत्व अत्यधिक बढ़ चुका है और ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन जारी है। अत: इस संदर्भ में कौटिल्य से सीख लेना आवश्यक है।

चाणक्य अपने युग के अकेले ऐसे प्रशासनविद् है जिन्होंने प्रशासन में सांख्यिकी के महत्व को पहचाना था। 'अर्थशास्त्र' में जिलाधिकारियों ओर सर्किल अधिकारियों को दूसरे कार्यों के साथ ही भूमि और वन्य-संपदा, परिवार ओर सदस्यों के बारे में अलग-अलग तरह के आँकडे इकट्ठे करने के कार्य की व्यवस्था प्रदत्त की गई है। चाणक्य के काल में वित्त विभाग के अलावा किसी दूसरे विभाग में आंकडो के एकत्रीकरण और उनके इस्तेमाल पर जोर नहीं दिया गया और केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन जैसी संस्थापक-संस्था का विकास अभी हाल में हुआ है।

**शासन-व्यवस्था का स्वरूप–** कौटिल्य के अनुसार 'स्वभाव से शान्त दिखायी देने वाले मनुष्य भी कार्य पर नियुक्त हो जाने के बाद उद्दंड हो जाता है।' जितनी पुरानी हमारी संस्कृति है, उतना ही पुराना हमारा शासन संचालन का अनुभव है और जो भी पारस्परिक मानवीय व्यवहार हो सकते हैं उन सब के ज्ञान की उतनी ही पुरानी परम्परा है। किसी भी देश की कठिनाइयाँ, गलतियाँ और जरूरते उस देश के अतीत के ज्ञान से अधिक सरलता और सुविधा से दूर की जा सकती है। शासन व्यवस्था का अतीत हमें बताता है कि वर्तमान की स्थितियाँ इस पर निर्भर करती है और प्रशासन का भविष्य इसमें निर्मित होगा तथा उस पर जितना नियत्रंण रहेगा, उतना ही नियत्रंण कर पायेगा और परिणाम प्रदान कर सकेगा। शासन संचालन सम्बन्धी जो भारत के प्राचीन निर्धारण है, उन सबको आधुनिकतम कम्प्यूटरों पर रखा जाना चाहिए और कम से कम देखा जाना चाहिए कि उत्पन्न कठिनाइयों तथा समस्याओं के क्या समाधान उनमें से निकलते हैं। संविधान निर्माताओं ने बहुत सावधानी रखते हुए दूरदर्शिता दिखायी और कई प्रकार के विस्तृत प्रावधान दिए है। संसार का सबसे विशाल संविधान बनाया, लेकिन वे यह अनुमान नहीं कर सके कि सारी सत्ता इन संगठनो की स्वार्थ-साधक और इन पर आश्रित हो जायेगी। आज अनिवार्यता यह बन गयी है कि भारत के राजनीतिक संगठनो में समुचित सुधार हो।

इसी प्रसंग में दृष्टव्य है कि भारतीय संविधान के तीसरे तथा चौथे भाग में सामाजिक न्याय के विविध उपायों का उल्लेख किया गया है– अनुच्छेद 14 के अनुसार भारत की भूमि पर कानून के समक्ष सभी समान है, सबको समान संरक्षण प्राप्त है। अनुच्छेद 15 धर्म, मूल वंश, जाति, लिंग या जन्म-स्थान आदि के आधार पर विभेद का निषेध करता है। अनुच्छेद 16 के द्वारा राज्याधीन पदों पर नियुक्तियों के सम्बन्ध में सब नागरिकों को समानता का अवसर प्रदान किया है। अनुच्छेद 17 के द्वारा छुआछुत का तथा अनुच्छेद 23 के द्वारा पण्य-बलात् श्रम अथवा बेगार का अन्त कर दिया गया है। अनुच्छेद 29 और 30 के अंतर्गत अल्पसंख्यकों के शिक्षा और संस्कृति

संबंधी हितों तथा अधिकारों के संरक्षण की व्यवस्था की गई है। अनुच्छेद 42 में कहा गया है कि राज्य अपनी आर्थिक सामर्थ्य और विकास की सीमाओं के भीतर काम पाने, शिक्षा पाने तथा बीमारी, बुढ़ापा, बेकारी आदि के अभाव की दशाओं में सार्वजनिक सहायता पाने के अधिकार को प्राप्त करने का कार्यसाधक प्रयास करेगा। अनुच्छेद 42 में संविधान ने राज्य को निर्देश दिया है कि वह काम की यथोचित और मानवोचित दशाओं को सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करेगा। अनुच्छेद 43 में श्रमिकों के लिये निर्वाह मजदूरी का प्रबन्ध तथा अनुच्छेद 44 में नागरिकों के लिये समान व्यवहार संहिता, अनुच्छेद 45 बालकों के लिये नि:शुल्क शिक्षा और अनिवार्य शिक्षा का उपबन्ध, अनुच्छेद 46 में अनुसूचित जातियों, आदिम-जातियों तथा अन्य दुर्बल वर्गों को शिक्षा और अर्थ-सम्बन्धी हितों की उन्नति, अनुच्छेद 47 में आहार-पुष्टि और जीवन स्तर को ऊँचा करने तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुधारने का राज्य का कर्तव्य है। भारत में प्रशासन द्वारा लोक कल्याण के विविध कार्यक्रमों का सम्पादन किया गया है। इससे राज्य की लोक कल्याणकारी अवधारणा को साकार करने में सहायता मिलती है। लोक-कल्याण के संबंध में इन विविध कार्यक्रमों को साकार करने के फलस्वरूप संवैधानिक प्रावधानों को साकार करने मे सहायता मिली है।

अच्छे शासन की आवश्यकता के लिए निम्न आधार है :

1. अच्छे शासन के द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था को सरकार के द्वारा सीमित किया जाना चाहिए। उसके ऊपर एक उपयुक्त नियंत्रण एवं उत्तरदायित्व और इसके लोकतांत्रिक अवयव को सुदृढ़ किया जाना चाहिए।
2. समाज की विभिन्न अपेक्षाओं को शासक के द्वारा पूरा किया जाना चाहिए या विधिक प्रावधानों के अनुसार समाज की विभिन्न आवश्यकताओं के लिए सरकार के द्वारा कदम उठाया जाना चाहिए।
3. अच्छी शासन प्रणाली के द्वारा पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को प्रभावी बनाया जाना चाहिए।
4. अच्छी सरकार की आवश्यकता संसाधनों के सामंजस्यपूर्ण उपयोग और विकास को गति देने के सम्बन्ध में।
5. लोकतंत्र की सर्वशक्तिमान और विधि के शासन के अनुसार कल्याणकारी कार्यक्रमों को चलाए जाने के सम्बन्ध में।
6. एक लोकतंत्र की आवश्यकता के अनुसार मानव अधिकारों और मानव विकास के सम्बन्ध में सरकार के द्वारा जन-समुदाय को सहायता दी जानी चाहिए।
7. सत्ता की शक्ति का उपयोग इस तरह से किया जाना चाहिए जिससे समाज में सहयोग, सौहार्द्र और एकत्व को प्राप्त किया जा सके और यहाँ नैतिक और सांस्कृतिक अवयवों को ध्यान में रखे जाने की आवश्यकता है।
8. लोक प्रशासन में संस्कृतियों का तुलनात्मक अध्ययन और विश्लेषण करते हुए प्रत्यक्षदर्शी सांगठनिक जानकारी का विकास किया जाना चाहिए।
9. प्रशासन के द्वारा चलायी जा रही गतिविधियों और कार्यक्रमों में सफलता प्राप्त करने के सम्बन्ध में एक ओर तो कार्यकत्ताओं के सहयोग और सहभागिता की आवश्यकता और यहाँ इन अवयवों को प्राप्त करने के लिए सामाजिक-सांस्कृतिक पहलुओं को ध्यान में रखे जाने की आवश्यकता है।
10. प्रशासन सामाजिक-आर्थिक बदलाव का एक प्रभावी तन्त्र है, अत: इस सामाजिक-आर्थिक बदलाव के कार्यों के सम्बन्ध में सांस्कृतिक विषयों का अध्ययन विश्लेषण किया जाना चाहिए।[19]

प्राचीन भारत की आर्थिक व्यवस्था व विचारधारा में वर्तमान कल्याणकारी आर्थिक नीतियों के काफी मात्रा में चिन्ह विद्यमान है तथा युग की दृष्टि से प्राचीन होते हुए भी यह विचारधारा वर्तमान विचारधारा के निकट है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र व चिंतन से लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा सहित राजनीतिक कौशलयुक्त नेतृत्व क्षमता एवं सिविल कोड व क्रिमिनल लॉ आदि प्रासंगिक विचार वर्तमान भारत सहित सम्पूर्ण विश्व को प्राप्त हुए हैं। अत: स्पष्ट है कि, कौटिल्य वर्तमान में भी प्रासंगिक है।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची:-**

1. बहरवाल डॉ. मनोज कुमार, भारतीय राजनीतिक चिंतक, हिमांशु पब्लिकेशंस, दिल्ली, 2008
2. सत्यनारायण प्रसाद, प्रशासनिक चिन्तक, जवाहर पब्लिकेशन एंड डिस्ट्रीब्यूटर, दिल्ली,2011
3. पद्या रामचंदन, भारत लोक प्रशासन (अनुवाद-नरेश नदीम) नेशनल बुक ट्रस्ट, दिल्ली, 1995
4. डॉ. मधुसूदन त्रिपाठी, भारत में लोक प्रशासन, ओमेगा पब्लिकेशन, दिल्ली, 2006
5. घनश्याम चौहान, भारतीय सामाजिक प्रशासन, विश्व भारती प्रकाशन, शांति निकेतन, कलकत्ता, 2009
6. रमेश के. अरोडा, आभा जैन, प्रशासनिक परिवर्तन, रावत पब्लिकेशन, दिल्ली, 2008
7. डॉ. नसीम अख्तर आजाद, आर्थिक विचारों का इतिहास (ऐतिहासिक आर्थिक विचारक), खेल साहित्य केंद्र,दरियागंज, नई दिल्ली
8. डॉ. श्रीकृष्ण ओझा, प्राचीन भारतीय चिन्तन का इतिहास, रिसर्च पब्लिकेशन कोयम्बटूर, तमिलनाडु, 2019
9. डॉ. श्रीराम वर्मा, भारतीय राजनीतिक विचारक,कॉलेज बुक सेंटर पब्लिकेशन,दिल्ली

**आलेख:-**

10. Michael Liebig, Kautilya's Relevance for India Today, India Quarterly 69 (2) 99-116, C 2013 Indian Council of World Affairs (ICWA) Sage Publications, Los Angeles, London, New Delhi, http://iqq.sagepub.com
11. Vishnu Prabhu K.S., Dr. Laxmi Dhar Dwivedi, Kautily's views on Espionage and its current Relevance, Research on Humanities and Social Sciences, ISSN (Paper) 2224-5766 ISSN (Online) 2225-0484 (Onlinw) Vol. 5, No. 7, 2015, www.iiste.org

**पत्र-पत्रिका:-**

1. आऊट लुक
2. राजस्थान पत्रिका
3. दैनिक भास्कर
4. दैनिक नवज्योति

*************

# बाबू जगजीवन राम और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

**सुमन कुमारी***

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) राँची विश्वविद्यालय, राँची (झारखण्ड) भारत

**प्रस्तावना -** जगजीवन राम अपने समय के एक प्रख्यात समाज सुधारक, असाधारण सांसद और सर्वहारा वर्ग के अगुआ नेता थे। उन्होंने करीब पाँच दशक तक देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन को प्रभावित किया वे स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी योद्धा और आधुनिक भारत के प्रमुख शिल्पियों में से एक थे।

कांग्रेस दल ने जगजीवन राम के राजनीतिक उत्थान में एक बड़े उत्प्रेरक का कार्य किया। उन्हें बड़े-बड़े नेताओं का संरक्षण भी प्राप्त होता रहा। धीरे-धीरे वे कांग्रेस के मजबूत स्तंभ बन गये। दलितों में भी उनकी पैठ बढ़ गई। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय बिना उनके सुझाव के पूरे नही होते थे। वे 1937-1977 तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य रहे। भारत की स्वतंत्रता के बाद जगजीवन राम कांग्रेस के लिए अपरिहार्य हो गये।

जगजीवन राम का कांग्रेस से अटूट संबंध रहा है। 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी द्वारा देश में आपातकाल दिया गया था। इससे नराज होकर 05 फरवरी 1977 को जगजीवन राम ने प्रजातंत्र कांग्रेस (Congress for Democracy) नामक अलग पार्टी बना ली थी। उन्होंने जनता पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और विशाल बहुमत से चुनाव जीता और जनता दल सत्ता में आई। 01 मई 1977 को प्रजातंत्र कांग्रेस दल का जनता दल में विलय कर दिया गया। 1980 को कांग्रेस (अर्स) में विलय हो गया। 05 अगस्त 1981 को पुन: जगजीवन राम ने कांग्रेस (जे.) नामक राजनीतिक दल का गठन किया, जिसका उनकी मृत्यु 06 जुलाई 1986 के बाद कांग्रेस (आई.) में विलय हो गया।

जगजीवन राम का जीवन कांग्रेस के साथ सामंजस्य, विरोध और वाद-विवाद से पूर्ण रहा है।

जगजीवन राम के राजनीतिक जीवन का श्री गणेश नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में 1928 के कलकत्ता के अधिवेशन से हुआ। कलकत्ता की रविदास सभाओं में सक्रिय भाग लेकर ओजस्वी भाषणों से लोगों को अपनी ओर खींचने लगे, साथ ही मद्यपान विरोधी आंदोलन तथा स्वच्छता अभियान चलाकर बाबूजी बड़े-बड़े कांग्रेसी नेताओं को अपनी ओर आकर्षित करने लगे। बाबूजी ने कलकत्ता के 'रविदास सम्मेलन' में दलित नेताओं को एक मंच पर आकर काम करने के लिए आह्वान किया और बाबूजी के निर्देशन में 'अखिल भारतीय दलित संघ' की स्थापना हुई।

1936 में जगजीवन राम बिहार विधान परिषद् के सदस्य मनोनीत हुए। साथ ही 1936 में 'भागलपुर दलित वर्ग सम्मेलन' के अध्यक्ष चुने गये। 1937 में जब अंतरिम सरकार कांग्रेस की बनी तो वे बिहार सरकार के पार्लियामेंट्री मंत्री बनाए गए। 1938 में जगजीवन राम कांग्रेस के प्रतिनिधि चुने गए। सन् 1940 से लगातार 1972 तक वे कांग्रेस के प्रतिनिधि चुने गए। 1977 में उन्होंने अपने को कांग्रेस से अलग कर एक पार्टी बनाई, जिसका नाम 'प्रजातांत्रिक कांग्रेस पार्टी' रखा जिसके वे अध्यक्ष भी हुए।

सन् 1946 में जब भारत में अंतरिम सरकार बनी, उसमें जगजीवन राम को रेल मंत्रालय का केबिनेट मंत्री बनाया गया। इस दौरान उन्होंने श्रमिक समाज का जो कल्याण किया, वह अवर्णनीय और अकथनीय है। 1946 से 1952 तक वे उन्होंने श्रम मंत्री की हैसियत से उद्योगपतियों की परंपरागत शोषण नीति का उन्मूलन करने में सफलता हासिल की थी।

1952 के आम चुनाव के बाद उन्हें संचार मंत्री बनाया गया। उन्होंने गाँव-गाँव में डाकघर, तारघर, ट्रंककॉल तथा टेलीफोन एक्सचेंजों को बढ़ाने में सफलता हासिल की। बाबूजी ने ही हवाई जहाज द्वारा डाक पहुँचाने की व्यवस्था विस्तार रूप में करवाई। गैर-सरकारी हवाई यातायात का राष्ट्रीयकरण करने का श्रेय भी उन्हें मिला था। राष्ट्रीयकरण के बाद दो संस्थाओं का निर्माण हुआ। 1) Indian Airlines Corporation on 2) Air India International. जगजीवन राम ने प्रथम पंचवर्षीय योजना में रेल का काफी विस्तार कराया। उन्होंने विश्व बैंक के सहयोग से पूरे भारत में रेलवे के क्षेत्र में प्रगति के साथ रेल कर्मचारियों मजदूरों के भत्तो में वृद्धि कराई। पीड़ितों, हरिजनों तथा असहाय व्यक्तियों को नौकरी देकर बेकारी की समस्या को दूर करने का काफी प्रयास किया।

1962 के चीनी आक्रमण के समय संचार और यातायात विभाग देश की जो सेवा की, शायद ऐसी कभी नहीं हो सकी। 1963 की कामराज योजना के तहत, जिस नेताओं का त्यागपत्र स्वीकार किया गया था, उनमें बाबूजी भी थे। इसी 'कामराज योजना' के दौरान बाबूजी को सांख्यिकी आयोग का अध्यक्ष पद भी संभालना पड़ा।

जगजीवन राम हमेशा पूंजीपतियों का विरोध कर समाजवादी गरीबों तथा दलितों के उत्थान के पक्षधर रहे। 1966 में ही श्रीमती इंदिरा गांधी के प्रधान मंत्रित्वकाल में बाबूजी को पुन: पुनर्वास मंत्रालय का कार्यभार दिया गया, किन्तु कम ही समय में उन्होंने देश के कमजोर वर्ग, किसानों, हरिजनों को पुनर्वास की जो सुविधाएँ दिलाई, वे हमेशा याद की जाएँगी। जगजीवन राम ने कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर रहकर कांग्रेस, सत्ता तथा सरकार के स्वरूप को राष्ट्रीय बनाने में जो भूमिका निभाई, उसे देश के मौजूदा राजनीतिज्ञ भूला नहीं सकते।

किसी भी नेता के नेतृत्व की कमौटी उचित समय पर उचित निर्णय लेने से ही होती हे। जगजीवन बाबू उसकी जीवंत मिसाल थे। सरलता और सादगी की मूर्त्ति थे। रक्षा मंत्रित्वकाल में बाबूजी की राजनीतिक सूझ-बूझ,

साहस शक्ति और निर्णय लेने के ढंग से हर भारतीय चकित रह जाता था कि बाबू जगजीवन राम जैसा योद्धा राजनीतिज्ञ और राजनेता शायद आज के दिनों में केश में कम हैं। उन्होंने रक्षा मंत्री के रूप में भारतीय लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता की रक्षा का जिम्मा अपने उपर लिया था, जिसे उन्होंने पूरा कर दिखाया। आज बंगलादेश उसका ज्वलंत उदाहरण हमारे सामने है। जो विश्व के नक्शे पर उभरकर जगमगा रहा है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. विजय के सूत्रधार–बाबू जगजीवन राम – डॉ. अशोक कुमार वर्मा
2. अखिल भारतीय दलित संघ, दिल्ली, अप्रैल, 1938
3. दलितों के उत्थान में बाबू जगजीवन राम का योगदान– डॉ. मो. खुर्शीद आलम, विद्या विकास एकेडमी, नई दिल्ली, पृ.सं.– 39
4. वही, पृ.सं.– 41
5. नेहरू की अंतरिम सरकार, एक रिपोर्ट, 12 अगस्त, 1946
6. 'दलितों के सेवक जगजीवन राम', लेख, पृ.सं.– 26

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# भारत में बढ़ती हुई बेरोजगारी की समस्या कारण, प्रभाव एवं निराकरण के उपाय

**डॉ. पूजा तिवारी***

* सहप्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (समाज शास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला छिन्दवाडा (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** भारत एक विशाल जनसंख्या वाला राष्ट्र है, जनसंख्या जितनी तेजी से बढ़ रही है, व्यक्तियों का आर्थिक स्तर और रोजगार के अवसर उतनी ही तीव्रगती से गिरते जा रहे हैं। भारत जैसे विकासशील देश में रोजगार की तलाश कर रहे व्यक्तियों की संख्या, साधनों और उपलब्ध अवसरों की संख्या से कहीं अधिक है। यही कारण है कि आज भी अधिकांश युवा बेरोजगारी में ही अपना जीवन व्यतीत करने के लिए विवश है।

**शब्द कुंजी –** बेरोजगारी, युवा वर्ग, विकास, सरकार।

**प्रस्तावना –** भारत में अन्य समस्याओं की तरह बेरोजगारी भी एक प्रमुख और गंभीर समस्या के रूप में उभर कर आयी है। बेरोजगारी का अर्थ है योग्यता और प्रतिभा के बावजूद रोजगार के अवसर पाने में नाकामयाब होना। हमारे देश में लाखों युवकों के पास डिग्री और अच्छी शिक्षा है फिर भी किसी कारणवश उन्हे नौकरी नहीं मिल पाती है।

प्रस्तुत शोध पत्र भारत में बढ़ती हुई बेरोजगारी की समस्या उसके कारण प्रभाव एवं निराकरण के उपाय पर केन्द्रित है।

**बेरोजगारी समस्या के रूप में –** बेरोजगार व्यक्ति वह होता है जो हर मुमकिन या नामुनकिन कार्य करना चाहता है, मगर दुर्भाग्यवश उसे काम, नौकरी नहीं मिल पाता है। देश के युवाओं के पास उच्च शिक्षा की अनेकों डिग्रियाँ होने के बाद भी उनकी क्षमता के अनुसार रोजगार नहीं मिलता, बेरोजगारी का आलम यह है कि छोटी से छोटी नौकरी हेतु भी उच्च शिक्षित लोग आवेदन करते हैं, इंटरव्यूके लिए लंबी कतारें बढ़ती बेरोजगारी को इंगित करती है।

बेरोजगारी के कई प्रकार होते है जिनमें संरचनात्मक,संघर्षात्मक प्रछन्न,मौसमी, चक्रीय, शिक्षित, ग्रामीण, अल्प, नगरीय तथा औद्योगिकी बेरोजगारी का समावेश है।

**बढ़ती बेरोजगारी की वर्तमान स्थिति –** जून 2021 में बेरोजगारी की दर 9.17 प्रतिशत रही जबकि हरियाणा ,राजस्थान ,पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे ग्यारह राज्यों में यह दर राष्ट्रीय औसत से तीन गुना तक ज्यादा है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनामी के अनुसार बेरोजगारी की दर सर्वाधिक 27.9 प्रतिशत हरियाणा में हैं। राजस्थान में दर 26.9 प्रतिशत, बंगाल में 22.1 प्रतिशत ,बिहार में 10.5 प्रतिशत ,झारखंड में 12.8 प्रतिशत है। बेरोजगारी दर का अर्थ यह है कि कितने लोग काम चाहते हैं और उनमें से कितने लोगों को काम नहीं मिला है। बेरोजगारी की दर क्षम शक्ति का वह प्रतिशत है जो बिना कार्य के है। बेरोजगारी के मुख्य कारणों में जनसंख्या वृद्धि दर ,दोषपूर्ण आर्थिक नियोजन ,ग्रामीण क्षेत्रों में लघु उद्योगों का विकास नहीं होना ,शहरी –ग्रामीण प्रवजन ,अनुपयुक्त तकनीक दोषपूर्ण +शिक्षा प्रणाली , त्रुटिपूर्ण सामाजिक प्रणाली , निर्धनता स्वरोजगार के कम साधन, क्षेत्रीय असमानताऐं ,अपर्याप्त रोजगार , आयोजन ,फुटकर कारण तथा तृतीयक क्षेत्र की धीमी गति आदि शामिल हैं।

हमारे देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी दुष्प्रभाव सबसे अधिक युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है,आई.एच.डी. और दिल्ली सरकार के एक साक्षा अध्न ने बताया कि दिल्ली में 52 प्रतिशत लोग पिछले पांच वर्षो से भीख मांगने वाले भिखारी बनने पर मजबूर है, इसका मुख्य कारण बेरोजगारी है। इस वर्ष पहली तिमाही में बेरोजगारी की दर 20.9 प्रतिशत के उच्चतम स्तर परपहुंच गई ,दिल्ली में करीब 28,000 भिखारी है ,जिसमें एम.बी.ए.जैसी उच्च शिक्षित व्यक्ति भी शामिल है। इनमें 67 प्रतिशत व्यक्ति पड़ोसी राज्यों के है ,इसके अलावा बेरोजगारी के कारण ही डिप्रेशन ,आत्महत्या चोरी ,हत्या जैसे संगीन अपराधों में भी वृद्धि देखी गई है।

बेरोजगारी की समस्या को दूर करने हेतू कई प्रयास किए जा सकते है और किये भी जा रहे है इनमें शिक्षा प्रणाली में बदलाव ,छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन ,रोजगार कार्यालय ,ग्रामीण विकास योजनाएं ,स्वसहायता समूह में वृद्धि ,कृषि का पुन:निर्माण ,तीव औद्योगिकीकरण ,जनसंख्या नियंत्रण व्यावसायिक शिक्षा ,सहायक उद्योगों का विकास ,सामाजिक सेवाओं का विस्तार ,विकेन्द्रीकरण, लघु कृषक विकास के अतिरिक्त सरकार के नीतिगत उपाय भी है यथा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना ,ट्रायसेम ,आई.आर.डी.पी ,जवाहर रोजगार योजना, लघु कृषक विकास योजना ,बीस सूत्रीय आर्थिक कार्यक्रम ,ग्रामीण विकास कार्यक्रम तथा ग्रामीण भूमिहीन श्रमिक रोजगार गारंटी प्रोग्राम आदि शामिल है।

भारत सरकार बेरोजगारी दूर करने तमाम योजनाओं के तहत आर्थिक मदद, कौशल विकास ,पुर्नवास रोजगार देने का पूर्ण प्रयास कर रही है,ऐसे ही कदम पूरे राज्यों में भी उठाने की जरूरत है ,ताकि बेरोजगारी की परेशानी उम्र भर का दर्द न बने।

**निष्कर्ष** – अब समय आ गया है कि सरकार को और अधिक गंभीर हो जाना चाहिए, सरकार को नयी योजनाओं के साथ प्रशिक्षण केन्द्र और शिक्षण व्यवस्था में बदलाव लाने की आवश्यकता है। नये विकास की नीतियों के साथ भारत को आगे बढ़ना है ,ताकि बेरोजगारी की इस समस्या को जड़ से मिटा सकें। बेरोजगारी कम करने में सरकार के साथ –साथ समाज एवं युवाओं की सोच में बदलाव लाना आवश्यक हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. रीमा बोस – बेरोजगारी की समस्या एवं समाधान(दिनांक 21.06.2020 हिन्दी ऐसे डाटकाम)
2. बेरोजगारी – बेरोजगारी की समस्या और समाधान(अनोखा रिश्ता डाटकाम)
3. विपिन – बेरोजगारी की समस्या(हिंदी अमृत डाटकाम दिनांक 26.07.2020)
4. अभिव्यक्ति – दैनिक भास्कर छिन्दवाड़ा दिनांक 11.08.2021

*************

# कौशल विकास पर जोर देती नई शिक्षा नीति

**डॉ. शैलप्रभा कोष्टा***

* प्राध्यापक, शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** आज का युग कम्प्यूटर शिक्षा का युग है, भारत आज पूरी दुनिया में सॉफ्टवेयर का हब बनता जा रहा है वही चिंता का विषय यह है कि आज भारत का जो एजूकेशन सिस्टम है उससे निकलने वाले बच्चों को आज भी नौकरी नहीं मिलती है, इसी कारण सरकार को नई शिक्षा नीति 2020 को लानी पड़ी है। 1986 के बाद नई शिक्षा नीति को 2020 में केन्द्रीय सरकार ने स्वीकृति प्रदान की इस नीति के द्वारा मातृभाषा के माध्यम से बच्चों को शिक्षित करने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही रोजगारोन्मुखी शिक्षा की व्यवस्था की गई है। रोजगारोन्मुखी शिक्षा से छात्रों में तकनीकी दक्षता का विकास होगा। जिसमें शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त वे अपना रोजगार प्रारम्भ कर सकते है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शिक्षा दर्शन में छात्रों को रोजगारपूरक शिक्षा देने का प्रावधान किया गया है। महात्मा गांधी ने इसी उद्देश्य से बुनियादी विद्यालयों की स्थापना की थी।

भारत में समग्र और बहुविषयक शिक्षा की प्राचीन परम्परा है ज्ञान का विभिन्न कलाओं के रूप में दर्शन भारतीय चिंतन की देन है जिसे पुन: भारतीय शिक्षा में शामिल किया जाएगा इसका एक बहुत महत्वपूर्ण प्रभाव ये होगा कि युवाओं के लिए कभी भी भविष्य में आर्थोपर्जन का कोई रास्ता बंद नहीं होगा और वे संपूर्ण ज्ञान का प्रयोग स्वयं के व्यक्तिगत विकास में सामाजिक और राष्ट्र के विकास में कर पाएँगे।

**आवश्यकता –** नई शिक्षा नीति लागू होने से शिक्षा के स्तर में छात्रों को फायदा होगा। सबसे ज्यादा फायदा उन छात्रों को होगा जो अपना पैशन फालो करना चाहते है छात्रों के भीतर इमेजिनेशन, क्रिएटिव, थिंकिंग, फिलोसोफी ऑफ एजूकेशन की कमी नई शिक्षा नीति के तहत् मल्टीपल एंट्री और एग्जिट सिस्टम सुविधा छात्रों के पैशन को पूरा करने का अवसर है। इस शिक्षा नीति से छात्रों को ग्लोबल स्टूडेंटस बनने के साथ-साथ अपनी जड़ों से भी जुड़े रहने की सुविधा देती है।

बच्चों के घर की बोली और स्कूल में पढ़ाई की भाषा एक ही होने से बच्चों के सीखने की गति बेहतर होती है यही कारण है कि जहाँ तक संभव हो पाँचवी कक्षा तक बच्चों को उनकी मातृभाषा में ही पढ़ाने पर सहमति दी गई है।

**पूर्व की शिक्षा नीति के स्थान पर नई शिक्षा नीति की आवश्यकता के कारण:**

1. बदलते वैश्विक परिदृश्य में ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये मौजूदा शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन की आवश्यकता थी।
2. शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिये नई शिक्षा नीति की आवश्यकता थी।
3. भारतीय शिक्षण व्यवस्था को वैश्विक स्तर पर पहुँच सुनिश्चित करने के लिये शिक्षा के वैश्विक मानकों को अपनाने के लिये शिक्षा नीति में परिवर्तन की आवश्यकता थी।

**विकास का आधार सशक्त शिक्षा नीति –** अन्तर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों को भी भारत के शिक्षण संस्थान आकर्षित करेंगे और भारत विश्वगुरू के रूप में अपनी नई पहचान बना पाएगा। युवा वर्ग का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वो वैश्विक स्तर पर विभिन्न चुनौतियों का सामना निर्भीकता से कर पाएंगें। किसी भी देश के विकास, सम्पन्नता और सुदृढ़ सांस्कृतिक विकास का आधार सशक्त शिक्षा नीति होती है और नई शिक्षा नीति ऐसे सभी पहलुओं को लेकर चलेगी जिसमें कि सारे ऊँचे मानकों पर स्वयं को स्थापित कर सकें। भारत की नई शिक्षा नीति का विजन युवा वर्ग के व्यक्तित्व का विकास इस प्रकार करना है कि उनमें अपने मौलिक दायित्वों, संवैधानिक मूल्यों, देश के साथ जुड़ाव, बदलते विश्व में नागरिक की भूमिका और उत्तरदायित्वों की जागरूकता उत्पन्न हो सके। सही मायने में वो वैश्विक नागरिक बनकर अपने ज्ञान, कौशल, मूल्यों का सदप्रयोग करते हुए देश का नाम सतत् ऊँचा कर सके और साथ ही स्वयं भी गौरवान्वित हो सके।

**नई शिक्षा नीति के सिद्धान्त:**

1. साक्षरता एवं संख्यात्मकता के ज्ञान को बच्चों के अन्तर्गत विकसित करना।
2. शिक्षा को लचीला बनाना।
3. एक सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली में निवेश करना।
4. प्रत्येक बच्चे की क्षमता की पहचान को विकसित करना।
5. बच्चों को सुशासन सिखाना एवं सशक्तिकरण के माध्यम से सुदृढ़ करना।
6. भारतीय संस्कृति से जोड़ना।
7. शिक्षा नीति को पारदर्शी बनाना।
8. तकनीकी के यथासंभव उपयोग पर जोर देना।
9. समग्र मूल्यांकन पर जोर देना।
10. विद्यार्थियों की सोच को तार्किक एवं रचनात्मक बनाना।

**नई शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य, उद्देश्य :**

1. नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य वर्ष 2030 तक सकल नामांकन अनुपात 100 प्रतिशत करना।

2. नई शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य सभी छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करना है।
3. इसके अन्तर्गत शिक्षा क्षेत्र पर सकल घरेलू उत्पाद के 6 प्रतिशत हिस्से को सार्वजनिक व्यय का लक्ष्य रखा गया है।
4. देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के लिये भारतीय उच्च शिक्षा परिषद नामक एक एकल नियामक की परिकल्पना की गई।
5. इस नीति का उद्देश्य असमानताओं को दूर करने विशेष रूप से भारतीय महिलाओं, अनुसूचित जनजातियों और अनुसूचित जाति समुदायों के लिये शैक्षिक अवसर की बराबरी करने पर विशेष जोर देना है।
6. भारत में जमीनी स्तर पर आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए महात्मा गांधी के दर्शन के लिये नीति का आह्वान किया गया।

**नई शिक्षा नीति की मुख्य बातें –** उच्च शिक्षा के लिए उपयुक्त प्रमाणीकरण के साथ कई प्रकार के विस्तार एवं विकास के क्षेत्र होंगे।

1. स्नातक कोर्स 3 या 4 साल के हो सकते है जिसमें के कई सारे एग्जिट ऑप्सन होंगे जो कि उचित सर्टिफिकेशन के साथ होंगे जैसे कि यदि छात्र ने एक साल स्नातक कोर्स की पढ़ाई की है तो उसे सर्टिफिकेट दिया जाएगा, दो साल के बाद एडवांस डिप्लोमा दिया जायेगा।
2. 3 साल के बाद डिग्री दे दी जायेगी 4 साल के बाद रिसर्च के साथ बैचलर की डिग्री दिया जाएगा।

एकेडमी के बैंक ऑफ क्रेडिट का गठन किया जाएगा जिससे कि छात्रों के द्वारा अर्जित किए गए डिजिटल अकैडमी क्रेडिट हो या विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के माध्यम से उन्हें संग्रहित किया जाएगा और इसे अंतिम डिग्री के लिए स्थानांतरित किया जाएगा और गिना जाएगा।

1. 2030 तक हर जिले में कम से कम एक बहु विषयक उच्च शिक्षा संस्थान का निर्माण किया जाएगा।
2. 2040 तक सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को बहुविषयक उच्च शिक्षा संस्थान का निर्माण किया जाएगा।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 – उच्च शिक्षा के संदर्भ में:**

1. 2035 तक जी. ई. आर. को 50 प्रतिशत तक बढ़ाना।
2. व्यावसायिक शिक्षा सहित उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को 2035 तक 26.3 प्रतिशत (2018) से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करना है, उच्च शिक्षा संस्थानों में 3.5 करोड़ नई सीटे बढ़ाना।
3. लचीला पाठ्यक्रम, विषयों के रचनात्मक संयोजन, व्यावसायिक शिक्षा का एकीकरण और उपयुक्त प्रमाणन के साथ बहु प्रवेश और निकास बिन्दुओं के साथ व्यापक आधार वाली बहु–विषयक, समग्र स्नातकीय शिक्षा प्रदान करना।
4. नई शिक्षा नीति के तहत् शैक्षणिक क्षेत्र को तकनीकी से भी जोड़ा गया है।
5. मानव जीवन के सभी पहलूओं को ध्यान में रखते हुए नई शिक्षा नीति को लागू किया गया है।
6. सरकारी तथा प्राइवेट संस्थानों को नई शिक्षा नीति के तहत् एक समान माना जाएगा।
7. भारतीय उच्च शिक्षा आयोग को 4 वर्टिकल दिए गए है जिसमें नेशनल हायर एजुकेशन रेगुलेटरी काउंसिल, हायर एजुकेशनल काउंसिल, जर्नल एजुकेशन काउंसिल तथा नेशनल एक्रीडिटेशन काउंसिल को रखा गया है।
8. ई लर्निंग पर जोर देना ताकि किताबों पर निर्भरता कम हो सके।
9. नई शिक्षा नीति के माध्यम से दिव्यांग जनों के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है।

**व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास –** व्यावसायिक शिक्षा दो शब्दों के संयोग से बना है जिसमें पहला शब्द व्यवसाय एवं दूसरा शिक्षा है व्यवसाय शब्द जीवकोपार्जन के लिए अपनाये जाने वाले कारोबार एवं शिक्षा संबंधित व्यवसाय के प्रशिक्षण युक्त सीखने की कला है। अर्थात् व्यावसायिक शिक्षा व्यक्ति को किसी कार्य या व्यवसाय से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करती है ताकि वह उस व्यवसाय के द्वारा आपकी जीविका का उपार्जन कर सकें। व्यावसायिक शिक्षा कामवारों को दी जाने वाली शिक्षा या प्रशिक्षण है राधाकृष्णन आयोग (1998) के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा वह प्रक्रिया है जिसमें स्त्री एवं पुरूष व्यावसायिक भावनाओं के साथ परिश्रम पूर्व और उत्तरदायी सेवा के लिए अपने को योग्य बनाते है।

**व्यावसायिक शिक्षा के उद्देश्य:**

1. प्रत्येक व्यक्ति की रोजगार क्षमताओं को बढ़ाना और उनकी रूचि अनुसार उनको शिक्षा और रोजगार देना।
2. कुशल जनशक्ति की माँग और आपूर्ति के बीच अंतर को कम करना।
3. शिक्षा के सुअवसरों में विभिन्नता लाना।
4. विद्यार्थियों में आत्मविश्वास लाना।
5. निरुद्देश्य एवं रूचिविहीन उच्च शिक्षा प्राप्त विद्यार्थियों को विकल्प उपलब्ध कराना।
6. अधिक संख्या में स्वरोजगार आधारित पाठयक्रमों को तैयार करना।

**नई शिक्षा नीति की समस्याएँ –** इस नीति में लाभों के अलावा कुछ खामियां है जिन्हे शिक्षकों, नीति निर्माताओं और अन्य हितधारकों ने पहचाना है। एन. ई. पी. की एक बड़ी कमी यह है कि इसमें स्पष्ट कार्यान्वयन योजना का अभाव है नीति में कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य और उद्देश्य शामिल है लेकिन यह एक विस्तृत रोडमैप प्रदान नहीं करता है कि इन लक्ष्यों को कैसे प्राप्त किया जाएगा। स्पष्टता की इस कमी ने शिक्षकों के बीच भ्रम और अनिश्चितता पैदा कर दी है जो इस बात को लेकर अनिश्चित है कि अपने संस्थानो में इस शिक्षा नीति को कैसे लागू किया जाए। नई शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण निवेश की भोग करती है जिसमें नए संस्थानों का निर्माण, अतिरिक शिक्षकों की भर्ती और नई तकनीक और शिक्षण विधियों की शुरूआत शामिल है।

1. यह शिक्षा नीति समान पहुँच प्रदान करने के महत्व पर जोर देती है लेकिन यह कैसे प्राप्त किया जाएगा इस पर पर्याप्त विवरण प्रदान नहीं करती है।
2. नई शिक्षा नीति ग्रामीण क्षेत्रों, कम आय वाले परिवारों और आयसंख्यक समूहों जैसे वंचित छात्रों का जरूरतों को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं करेगा इसलिए शिक्षकों, नीति निर्माताओं और अन्य हितधारकों ने नई शिक्षा नीति में कई कमियों की पहचान की है।
3. इनमें एक स्पष्ट कार्यान्वयन योजना की आवश्यकता अपर्याप्त धन, मानकीकृत परीक्षण पर जोर और उपेक्षित समुदायों की जरूरतों पर ध्यान न देना शामिल है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति जिसमें शिक्षक, शिक्षार्थी और शिक्षण की गुणवत्ता के साथ केन्द्र व राज्य सरकार के सहयोग से शिक्षा की पहुँच, समानता,

वहनीय शिक्षा और उत्तरदायित्व मुद्दों के साथ ज्ञान आधारित शिक्षा का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मध्यप्रदेश में 26 अगस्त 2021 से राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति का शुभारम्भ किया जो देश का अग्रणी राज्य बना इस शिक्षा नीति को अपनाने वाला।

**निष्कर्ष –** नई शिक्षा नीति बहुत हद तक बेरोजगारी की समस्या पर नियंत्रण स्थापित करने में सफल हो सकेगी। आज का युग टेकनोलॉजी का युग है। सारे संसार में तेजी के साथ टेक्नोलॉजी का विकास हो रहा है। नई शिक्षा पद्धति छात्रों को विभिन्न प्रकार के तकनीक में दक्ष करने में सक्षम है जहाँ तक नवीन शिक्षा पद्धति के सफल होने का प्रश्न है वह बहुत हद तक उसे लागू करने वाले प्रशासनिक एजेंसी के ऊपर निर्भर है। नई शिक्षा पद्धति को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने के लिए बड़े पैमाने पर योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है इसके लिए शिक्षक एवं छात्र के अनुपात को कम करना होगा। तभी जाकर प्रभावी तरीके से शिक्षक छात्रों को शिक्षित कर सकेंगे। इसके साथ ही महाविद्यालयों में आधुनिक श्रव्य दृश्य उपादानों की व्यवस्था करनी होगी। तभी जाकर छात्रों को वैज्ञानिक तरीके से पढ़ाया जा सकेगा। तकनीकी शिक्षा को सफल बनाने के लिए दक्ष टेकनोशियनों की नियुक्ति करनी होगी जिसमें विभिन्न प्रकार के ट्रेंड में छात्र दक्षता प्राप्त कर सके और शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त आत्मनिर्भर बन सकें। बीते अनेक वर्षो से देश की शिक्षा प्रणाली में बड़े बदलाव नहीं हुए थे इसका परिणाम यह हुआ कि, समाज में जिज्ञासा और कल्पनाशक्ति जैसी जरूरतों को आगे बढ़ाने के बजाय भेड़चाल को प्रोत्साहन मिलने लगा था विगत कई वर्षो के व्यापक विचार, विमर्श, सुझाव, मंथन के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मंजूर किया गया। भारत का स्टूडेंट चाहे तो नर्सरी में हो या फिर कालेज में। अब वैज्ञानिक तरीके से पढ़ेगा तेजी से बदलते हुए समय और जरूरतों के हिसाब से पढ़ेगा तो वो राष्ट्र निर्माण में भी रचनात्मक भमिका निभा पायेगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. योजना जनवरी 2016 पृष्ठ क्रं. 10
2. योजना पत्रिका फरवरी 2022 पृष्ठ क्रं. 08
3. दैनिक समाचार पत्र

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# रायगढ़ जिले में मत्स्यपालन विकास की संभावनाएं

**डॉ.के.सी. गुप्ता* डॉ.सोफिया अम्ब्रेला** हरिहर मालाकार*****

* सहायक प्राध्यापक एवं शोध निर्देशक (भूगोल) शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) भारत
** विभागाध्यक्ष (भूगोल) शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) भारत
*** अतिथि व्याख्याता (भूगोल) शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) भारत

**प्रस्तावना –** मछली प्रमुख जलीय जीव है जो जलीय पारिस्थितिकी संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह महासागरों,सागरो,झील,तालाबों में पायी जाती है। बडे, बाधों एवं जलाशयों में भी व्यावसायिक दृष्टिकोण से मछली पालन किया जाता है। विश्व में जापान,संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, चीन, ताईवान, उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, भारत आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, अफ्रीका, ग्रेट ब्रिटेन, नार्वे, स्वीडन आदि देशों मे समुद्रतटीय क्षेत्रों में बडे पैमाने पर मछली पकडी जाती है।

छत्तीसगढ़ में प्रतिवर्ष 288 करोड़ मछली बीज तथा 5.77 लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन होता है। मछली पालन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को 2022 में बेस्ट इनलैण्ड और बेस्ट प्रोप्राइटरी फर्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। अध्ययन क्षेत्र रायगढ़ जिले में भी मछली पालन की जाती है जिससे स्थनीय स्तर पर रोजगार का सृजन हुआ है।

**अध्ययन क्षेत्र का परिचय –** रायगढ़ जिला छत्तीसगढ़ की पूर्वी सीमा पर मुम्बई – हावड़ा रेलमार्ग पर स्थित है। यह जिला 21'.20' से 23'15' अंक्षाश तथा 82.55' से 84'.24' पूर्वी देशातंर के मध्य स्थित है। जिले का कुल क्षेत्रफल 12983.6 वर्ग कि.मी. है।

**अध्ययन का उद्देश्य –** इस अध्ययन का उद्देश्य रायगढ़ जिले में मत्स्य पालन की स्थिति एवं विकास का आंकलन करना तथा यहाँ मत्स्य पालन की समस्या एवं संभावनाओं का अध्ययन कर सुझाव देना है।

**शोध प्रविधि –** प्रस्तुत शोध प्रत्र में द्वितीय आकड़ों का उपयोग किया गया है जो जिला सांख्यिकी पुस्तिका रायगढ़ छ.ग. 2017 एवं 2021 से प्राप्त किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में 2012-13 से 2020 -21 के आकड़ों को आधार मानकर जिले के 09 तहसीलों को सम्मिलित किया गया है।

**तालिका 1: रायगढ़ जिले में मत्स्य उत्पादन (2012-13 से 2020 -21)**

| वर्ष | उत्पादन (मीट्रिन टन में) |
|---|---|
| 2012 -13 | 18289.000 |
| 2013-14 | 19270.000 |
| 2014-15 | 21856.00 |
| 2015-16 | 24220.00 |
| 2016-17 | 25410.00 |
| 2017-18 | 28909.00 |
| 2018-19 | 28990.00 |
| 2019-20 | 30570.00 |
| 2020-21 | 35184.00 |

**स्रोत – जिला सांख्यिकी पुस्तिका , (2017 एवं 2021)रायगढ़ जिले में मत्स्य उत्पादन (2012-13 से 2020 -21)**




**तलिका -02 जिले में तहसीलवार मत्स्य उत्पादन (2020-21)**

| क्र. | तहसील का नाम | उत्पादन (मीट्रिक टन) |
|---|---|---|
| 1 | धरमजयगढ़ | 2300.00 |
| 2 | लैलूंगा | 2250.00 |
| 3 | घरघोड़ा | 2664.00 |
| 4 | तमनार | 2200.00 |
| 5 | रायगढ़ | 5370.00 |
| 6 | पुसौर | 4950.00 |
| 7 | खरसिया | 2300.00 |
| 8 | सारंगढ़ | 7550.00 |
| 9 | बरमकेला | 5660.00 |
| | **योग–** | **35184.00** |

**स्रोत – जिला सांख्यिकी पुस्तिका , (2017 एवं 2021)**




तलिका क्रमांक 01 से स्पष्ट है कि रायगढ़ जिले में 2012 -13 में 18289.00 मीट्रिन टन मत्स्य उत्पादन हुआ, जो उत्तरोत्तर बढ़ते हुए 2020 -21 में 35184.00 मीट्रिक टन हो गया है। जिले में सारगंढ़ तहसील में 2020 -21 में 7550.00 मीट्रिक टन उत्पादन हुआ है। बरमकेला, रायगढ़, पुसौर में मत्स्य उत्पादन क्रमश: 5660.00, 5370.00, 4950.00 मीट्रिक टन हुआ। इस प्रकार जिले में 09 वर्ष में मत्स्य उत्पादन में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है।

जिले में 2019 -20 के प्राप्त आकड़ों के अनुसार 1125 प्रशिक्षित मछुआरे तथा 12407 बीमित मछुआरे हैं। मत्स्य पालन एवं उत्पादन से हजारों लोगों को रोजगार मिला है।

**जिले में मत्स्य विकास की समस्याएं :**

1. मछली पालन के संबध में जागरुकता की कमी।
2. कृषको में अनाज उत्पादन संबंधी रुढ़िवादी विचारधारा।
3. मछलीपालन संबंधी प्रशिक्षण की कमी।
4. अपर्याप्त मछली बीज।
5. मछली पालन हेतु जलाशयों की कमी।
6. मत्स्य पालन की नई तकनीकी ज्ञान का अभाव।

**जिले में मत्स्य विकास की संभावनाएं एवं सुझाव –** रायगढ़ जिले में मत्स्य पालन विकास भी बहुत अधिक संभावनाएं हैं। अनुकुल जलवायू के कारण यहाँ बाधो एवं जलाशयों में मछलियों का विकास तेजी से होता है। महिला स्व सहायता समूहों एवं मत्स्य पालन सहकारी समितियों का गठन कर इसे व्यावसायिक रुप दिया जा सकता है। रायगढ़ जिले में तेजी से औद्योगिक विकास हो रहा है जिससे मछलियों की मांग अधिक है।

यहाँ कृषकों को मत्स्य पालन हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए। मत्स्य उत्पादन में लगे मछुआरों को उचित प्रशिक्षण, उन्नत मछली बीजों की उपलब्धता, महिला स्वसहायता समूहों एवं मत्स्य सहकारी समितियों को प्रभावशील कर मत्स्य व्यवसाय को बढ़ावा दिया जा सकता है। मत्स्य पालन एवं पकड़ने संबंधी उन्नत तकनीकी, बाजार तक पहुंचाने हेतु सस्ती परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराकर इसके उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है। बंगाल एवं बस्तर संभाग के पखांजूर तहसील में खेतों में मछली पालन किया जाता है, इस पद्धति को पूरे जिले में अपनाया जा सकता है।

**निष्कर्ष–** रायगढ़ जिले में मत्स्य पालन से हजारों लोगों को रोजगार मिला है। विगत् 20 वर्षों के भीतर उद्योगों की स्थापना के कारण स्थानीय स्तर पर मछली उत्पादन एवं खपत बढ़ी है। बढ़ती जनसंख्या के लिए प्रोटीनयुक्त खाद्य उपलब्ध कराने हेतु इसे व्यापक एवं व्यावसायिक रुप दिये जाने की आवश्यकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. सिंह, जगदीश एवं सिंह काशीनाथ, आर्थिक भूगोल के मूल तत्व, 14 वां नवीनतम संस्करण 2020, एस.पी.बी.डी. पाब्लिशिंग हाउस, आगरा।
2. जिला सांख्यिकी पुस्तिका , (2017 एवं 2021)।
3. उइकें, नीतु (2019) संजय सरोवर बांध में मत्स्य पालन का विकास व संभावनाएं (सिवनी जिले के संदर्भ में) नवीन शोध संसार पृ.क्र. 127, 128 जनवरी- मार्च 2019.vol.III

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# रेनवाटर हार्वेस्टिंग : इन्दौर जिले की जलापूर्ति का निदान

**डॉ. प्रवीण शर्मा***

* प्राध्यापक (वाणिज्य) भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** विगत लगातार चार वर्षो से देश में स्वच्छता में अव्वल रहने वाले शहर इंदौर ने जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित 'जल शक्ति अभियान' के अंतर्गत 2019 से 'जल आत्म निर्भरता' की ओर कदम बढ़ा दिए है। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ते उद्योग और बढ़ते रहवासी क्षेत्रों कें कारण इंदौर जिलें में भूजल का इतना अधिक विदोहन किया गया कि यह देश के 'डार्क जोन' में दस्तक दे गया। वर्षा की अनिश्चितता से पेयजल संकट की स्थिति विशेषकर अप्रैल, मई व जून माह में प्रतिवर्ष बनने लगी। पानी के लिए लाईन दौड़धूप व टैंकरों से पानी के विक्रय ने शहरवासियों को इस दिशा में जागृत करने का काम किया शहर के (1) नगर निगम ने व (2) नागरथ चैरिटेबल ट्रस्ट ने।

प्रस्तुत शोध इंदौर शहर में जलाभाव की स्थिति का आकलन करने के उद्देष्य से किया गया है जिसमें प्रकाशित व द्वितीयक सूचनाओं एवं ऑकडों का समावेश किया गया है। इन्हीं के आधार पर निष्कर्ष निकाले गयए है। प्रस्तुत शोध के निम्नांकित उद्देश्य निर्धारित किए गए है –

1. इंदौर शहर की जलापूर्ति की समस्या का विश्लेषण करना।
2. इंदौर शहर की जलापूर्ति की समस्या में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की भूमिका का ऑकलन करना।
3. भारत में जल दुरूपयोग की समस्या का विवेचन करना।
4. इंदौर शहर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के प्रभाव का ऑकलन करना।

**भूमिका–** भारत में जल प्रबंधन के अभाव में जल संकट की स्थिति बन गई है। देश की 130 करोड़ की आबादी में से करीब **60 करोड** लोगों को स्वच्छ जल नसीब नही हो पा रहा है। नीति आयोग ने दिल्ली, बैंगलूर, चैन्नई, हैदराबाद सहित देश के 20 शहरों में 2020 तक भूजल समाप्त होने की चेतावनी दी है। चेन्नई का भूजल स्तर 1 प्रतिशत से भी कम बचा है। भारत में जलाभाव नही है लेकिन नहाने, शॉवर, बश करने, कपड़े, बर्तन धोने, शौच, खेती आदि कार्यो में उपलब्ध जल का उचित उपयोग नही करने के कारण प्रतिदिन लगभग **49 करोड़ लीटर** पानी बर्बाद कर दिया जाता है।

**परिकल्पनाएँ–** परिकल्पनाएँ शोध के प्रकाश स्तंभ व दिशा सूचक का कार्य करती है। परिकल्पना से शोध निष्कर्षो तक पहुॅचना व शोध की दिशा तय करने करने में मदद मिलती है। प्रस्तुत शोध की प्रमुख परिकल्पनाएँ निम्नांकित है –

1. भारत में जल प्रबंधन एवं जागरूकता अनिवार्य है।
2. इंदौर में जल प्रबंधन में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है।
3. जल प्रबंधन में प्रत्येक इंदौर रहवासी की भूमिका महत्वपूर्ण है।

भारत में पेयजल लाईनों में लिकेज के कारण करोड़ों लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। परिणामस्वरूप जल संकट की स्थिति है। वर्षा जल संग्रहण इसके लिए समाधान के रूप में परिलक्षित है। **राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (N.G.T.) में संस्था फ्रेण्ड्स के राजेन्द्र त्यागी** द्वारा दायर याचिका के अनुसार देश के 33 प्रतिशत लोग अर्थात हर तीसरा व्यक्ति नहाने व ब्रश करने के लिए बिना किसी जरूरत के नल खुला छोड़ देते है। तालिका क्र. (1) में जल प्रबंधन अभाव में जल के दुरूपयोग की स्थिति को दर्शाया गया है।

**स्त्रोत :–** 1. पर्यावरण विकास, पर्यावरण एवं विकास पर राष्ट्रीय मासिक पत्रिका अंक माह फरवरी 2020।

**तालिका क्रमांक – 1: जल दुरूपयोग की स्थिति भारत में (वर्ष 2018–19)**

| क्र. | क्रिया (गतिविधि) | जल की बर्बादी |
|---|---|---|
| 1 | एक बार फ्लश चलाने पर | 15–20 ली. |
| 2 | बर्तन धोने में | 20–60 ली. |
| 3 | 20 मिनिट शॉवर लेने पर | 50 ली. |
| 4 | तीन से पॉच मिनिट ब्रश करने पर नल खुला छोड़ने की स्थिति में | 25 ली. |
| 5 | उपरोक्त क्रियाओं में प्रतिदिन जल बर्बादी | 4,84,20,000घन ली. |

**(स्त्रोत :–संस्था फ्रेण्ड्स की (N.G.T.) में याचिका)**

इस प्रकार उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट हो रहा है कि लापरवाही पूर्ण तरीकों से दैनंदिनी क्रियाओं को करने के कारण लगभग 49 करोड़ लीटर जल भारत में अनुपयोगी तरीकों से बर्बाद कर दिया जाता है। क्योकि भारत में पानी के दुरूपयोग पर कोई दंड का प्रावधान नही है।

**इंदौर की जल आवश्यकता –** (इंदौर में कुल जल प्रदाय का 40 प्रतिशत नर्मदा नदी से, 4 प्रतिशत तालाबों से और शेष 56 प्रतिशत जल भूजल संसाधन से प्राप्त किया जाता है।)

**इंदौर में जल आपूर्ति के स्त्रोत –** नर्मदा पानी की सप्लाई साल में 100 से 125 दिन होती है बाकी दिन यह आपूर्ति किसी न किसी कारण से बाधित रहती है। शहर में लगभग 65 प्रतिशत घरों में पीने के पानी के लिए आरओ का इस्तेमाल किया जाता है। नर्मदा के कारण शहर की पानी की समस्या 30 प्रतिशत राहत मिली है। 40 से 50 प्रतिशत लोगों ने निर्भरता टैंकर के पानी से ही है। शहर के 65 प्रतिशत निवासी पानी के स्वयं के स्त्रोत पर निर्भर है। इसमें भूजल (बोरिंग) व पानी के टैंक है। इंदौर में सिर्फ 30 प्रतिशत लोग पानी के लिए प्रशासन पर निर्भर है। 45 प्रतिशत घरों में अभी इमरजेंसी के लिए पानी का स्टोरेज किया जाता है।

एक एनजीओ विथयू वेलफेयर एसोसिएशन के सर्वे के अनुसार केवल 18 प्रतिशत घरों में वाटर हार्वेस्टिंग उपलब्ध है। शहर के 65 प्रतिशत लोगों ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जानकारी होने से इंकार कर दिया। 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत शहरवासी पानी की पूर्ति के लिए कुंए तथा तालाबों पर निर्भर है।

**इंदौर में वाटर हार्वेस्टिंग की स्थिति –** सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर बोर्ड द्वारा 'डार्क जोन' में घोषित इंदौर शहर ने वर्ष 2020 में नई करवट ली है। शहर की भूमि अब पानीदार हो रही है। इस वर्ष न तो बोरिंग सूखे न ही लोगो को पानी की कमी का सामना करना पडा। कारण कि **वर्ष 2019** में तीन हजार से भी अधिक रहवासी व शासकीय भवनों, बगीचों, उद्योगों व निजी कार्यालयों में 15961 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग इन्हीं के माध्यम से **1 अरब 59 करोड़ 61 लाख लीटर** से ज्यादा पानी जमीन में गया। डब्ल्यू. एच. ओ. के मानक के अनुसार प्रति व्यक्ति प्रतिदिन लगभग 135 लीटर पानी मिलना चाहिये अर्थात एक माह में 4050 लीटर। अत: इस गणना के अनुसार वर्ष 2019 में वॉटर हार्वेस्टिंग के कारण जो पानी शहर की जमीन में गया, उससे **3,94,098 व्यक्तियों** का महीने भर का काम चल सकता है।

**निगम के प्रयास –** विगत वर्ष 2019 में **50,000 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम** लगाने का लक्ष्य रखा गया था। इसके विरूद्ध 15961 सिस्टम लगाए गये थे। सिस्टम लगाने के लिए वॉटर रिचार्जिंग की रिक्वेस्ट के लिए 311 एप में फीचर भी जोडा गया था। प्रत्येक झोन पर एक विशेष टीम बनाकर एन.जी.ओ. नागरथ ट्रस्ट के विशेषज्ञ के साथ एक सहायक को जोडा गया था। हार्वेस्टिंग वाले स्थानों की जियो टेगिंग भी की गई थी। **शहर में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली तीन प्रकार से लगाई जा रही है यथा :–**

1. **पिट प्रणाली –** जहॉ पुराने बोरिंग है वहॉ मिट्टी गिरने का खतरा है वहॉ पिट (गढढा 5'x6') बनाया जाता है और उसमें पाईप प्रणाली के माध्यम से बोरिंग के पास पानी छोडा जाता है।
2. **केसिंग पाईप प्रणाली –** पिट के अंदर (ट्रेक्टर से एक गोल छेद) करके अंदर छेद वाला केसिंग पाईप डाल दिया जाता है।
3. **फिल्टर मिडिया रिचार्जिंग प्रणाली :–** इसमें छत का पानी पाईप से नीचे लगाकर फिल्टर से साफ कर एक टैंक में डालते है। टैंक से यह सीधे बोरिंग में उतारा जाता है। शहर में फिल्टर मिडिया रिचार्जिंग प्रणाली से अधिकांश स्थानों पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली लगाई गई है। शहर की रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना की स्थिति को तालिका क्र. 2 में दर्शाया गया है :–

**तालिका क्रमांक – 2: रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की संख्या मदवार**

| क्र. | मद का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थान | 164 |
| 2 | उद्योग, कमर्षियल भवन | 258 |
| 3 | मंदिर, गुरूद्धारा | 260 |
| 4 | केन्द्र व राज्य सरकारों की इमारतें | 515 |
| 5 | बगीचें | 821 |
| 6 | नगर निगम के बोरिंग | 1,143 |
| 7 | भवन एवं सोसायटी | 3,029 |
| 8 | जलभराव क्षेत्र | 9,762 |
| 9 | अन्य | 09 |
| | **योग** | **15,961** |

**(स्त्रोत्र :–नगर निगम व नागरथ चैरिटेबल ट्रस्ट इंदौर)**

**रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का प्रभाव –** इंदौर नगर निगम व नागरथ चैरिटेबल तंर्स्ट की सूचना के अनुसार शहर में 32 इंच वर्षा होने पर होने पर 1000 वर्ग फीट की छत से 100000 लीटर पानी आता है। विगत वर्ष में शहर में 1000–5000 वर्ग फीट की छतों पर रेन वॉटर सिस्टम लगाए गये। परिणामस्वरूप औसतन 1000 वर्ग फीट छत मानकर गणना करने पर 15961 रेन वाटॅर सिस्टम से 1 अरब 59 करोड़ 61 लाख लीटर पानी जमीन में समा गया।

आई डी श्रीवास्तव सब इंजीनियर सेर्न्तल ग्राउण्ड ऑटर बोर्ड के अनुसार भूजल स्तर का अध्ययन कुओं के जलस्तर से किया जाता है। विगत वर्ष शहर के गांधी हॉल (जेल रोड़) के कुएँ में 09.30 मीटर की गहराई पर पानी था। इस वर्ष 2020 में यह 7.80 मीटर पर आ गया। इसी तरह गांधी नगर (एयरपोर्ट) के पास वर्ष 2019 में कुएँ में 11.30 मीटर पर पानी था जो वर्ष 2020 में 10.80 मी. पर आ गया। इस प्रकार शहर के ज्यादातर कुओं में 2–3 मीटर कम गहराई पर पानी आ रहा है। परिणामस्वरूप शहर में लगाए गये रेन वॉटर सिस्टम की भूमिका अहम है।

हाइड्रोलॉजिस्ट सुधीर मोहन शर्मा के अनुसार इंदौर में मात्र 15961 रेन सिस्टम के कारण शहर के वोरवेल में पानी बढ़ गया है और वे निरंतर पानी दे रहे है। अब इंदौर शहर अतिदोहित क्षेत्र (जिसके आधार पर ग्राउण्ड वाटर बोर्ड किसी क्षेत्र को ग्रे या डार्क झोन घोषित करती है) से बाहर आ गया है। यदि शहर की आधी छतों पर यह सिस्टम लगा दिया जाये तो शहर पानी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन जाएगा।

पिपल्याहाना, एम.जी. रोड़, तेजाजी नगर व अन्य जहॉ भी शहर में हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए गए वहॉ नागरिकों को विगत वर्षो में पानी के टेंकर इस कारण नही मंगाने के कारण पर्याप्त पानी जिनसे उनके 1–3 लाख रू. के टेंकर मंगवाने के रूपयों की बचत भी हुई। जनवरी व अप्रैल माह जहॉ बोरिंग सूख जाते थे वहॉ जून माह में भी बोरिंग में हार्वेस्टिंग सिस्टम के कारण भरपूर पानी पाया गया। जिन कुओं को बेंचमार्क माना गया वहॉ गर्मी में 30–40 फीट पानी देखने को मिला। 600–800 फीट गहरे बोरिंग गर्मी में सूख जाते थे उनमें जून में भी भरपूर पानी था। लॉकडाउन में ज्यादा पानी का उपयोग करने होने के बावजूद विगत वर्ष की तुलना नगर निगम को केवल 10% टेंकर ही पानी की सप्लाई हेतु लगाना पडे।

यद्यपि लॉकडाउन के दौरान नगर निगम ने कोई अभियान वर्ष 2020में नही चलाया किंतु हार्वेस्टिंग सिस्टम के लाभ के कारण लगभग 600 से भी ज्यादा रहवासियों व संस्थापकों ने नागरथ ट्रस्ट की मदद से हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाया है।

इंदौर 23 अप्रैल 2022 से जल संरक्षण अभियान प्रारंभ किया गया है। निगम इस बार एक लाख घरों, दुकानों, पूजा स्थलों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का लक्ष्य रखा है। शहर में 1500 वर्ग फीट भूखंड पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य किया गया है। लोग आगे आए इसके लिए संपत्ति व समेकित कर में 10 प्रतिशत की छूट भी निगम देगा। भवन अनुमति के लिए भी सिक्योरिटी राशि जमा करवाना होगी।एक लाख के लक्ष्य के विरुद्ध मई 2022 के अंत तक लगभग 25000 हार्वेस्टिंग सिस्टम की जियो टैगिंग की गई, जिसमें पुराने रिचार्ज भी शामिल है। 5 वार्डो को पूरी तरह रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने का लक्ष्य रखा गया है। धर्म गुरुओं को श्रद्धालुओं से अपील करने के लिए एक कार्यशाला भी आयोजित की गई है।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

**जुर्माना–** 5 जून के बाद हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगवाने पर 5000 से एक लाख रूपये तक का जुर्माना लगाने की घोषणा की गई। जन जागरण हेतु catch the rain अभियान चलाया जा रहा है। 311 एप पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस हेतु 178 ठेकेदारों को निगम की ओर नामजद किया गया है तथा इस हेतु शुल्क भी निधार्रित किया गया है। बरसाना गार्डन में 4 हार्वेस्टिंग मॉडल प्रदर्शित करके प्रत्येक जोनल ऑफिसर को ट्रेनिंग भी दी गई है। मई माह 2022 में नगर निगम के एप311 पर 1684 रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के आवेदन आए, इसमें से 297 ने नगर निगम की कंसलटेंसी ली। कुल 459 सिस्टम की जियो टैगिंग की गई।

**निष्कर्ष –** संपूर्ण शोध सामग्री का गहराई से विश्लेषण करने पर निष्कर्ष स्प्ष्ट होते है:

1. भारत में पानी का दुरूपयोग किया जा रहा है जितने भी स्तरों पर यथा व्यक्ति, सामाजिक, सामूहिक पर रोकना अत्यंत आवश्यक है।
2. भूजल स्तर में संवर्धन के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग एक रामबाण दवा है। इसकी स्थापना को बढ़ावा देकर भूजल स्तर बढ़ना आसान है।
3. रहवासियों के जागरण से ही भूजल स्तर को बढ़ाया जा सकता है जैसा कि –

**सुझाव–** भूगर्भ जलस्तर बढ़ाने हेतु निमनांकित सुझाव महत्वपूर्ण है :

1. लॉकडाउन के दौरान हुआ भी है लगभग 600 से भी ज्यादा छतों पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग किया गया फिर चाह लॉकडाउन में इंदौर नगर पालिका निगम ने पहल नही की गई है।
2. जन जागरण प्रत्येक राज्य में युद्धस्तर पर चलाया जाना चाहिये।
3. रेन वॉटर हार्वेस्टिंग देश के प्रत्येक जिलें में 1500–2000 वर्ग फीट के भवन स्वामियों के लिए अनिवार्य किया जाना चाहियें।
4. व्यक्तियों की जल दुरूपयोग प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाना चाहिये।
5. प्रत्येक परिवार के लिए जल उपलब्धता की मात्रा प्रति व्यक्ति सुनिश्चित करना चाहियें।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. दैनिक भास्कर समाचार पत्र (6 जुलाई 20, 10 अगस्त 20, 18 अगस्त 20)
2. संस्था फ्रेण्ड्स की नेशनल ग्रीन टिंउयूलन में याचिका
3. नगर पालिका, इंदौर कार्यालय से प्राप्त सूचनाएँ

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# अंग्रेजों से पूर्व सड़क परिवहन

**डॉ. प्रवीण ओझा***

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** सामान्य रूप से परिवहन से तात्पर्य उन समस्त तकनीकी साधनों से है जिनके माध्यम से किसी व्यक्ति, वस्तु या सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जाता है। अंग्रेजों के आगमन के पूर्व आवागमन हेतु सड़क परिवहन का प्रयोग व्यापक रूप से किया जाता था। भारत में सड़क परिवहन की आवश्यकता को सभी युगों में अनुभव किया गया एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। ईसा के जन्म से भी हजारों वर्ष पूर्व मोहनजोदड़ों और हड़प्पा में साफ सुथरी, एक दूसरे को समकोण पर काटने वाली सड़कों के होने के स्पष्ट प्रमाण मिले हैं। प्राचीन भारत में भी व्यापार, धर्म यात्रा एवं राजनीतिक नियंत्रण हेतु सड़कों के विकास को प्राथमिकता दी गयी। अंग्रेजों के आगमन के पूर्व मध्य काल में भी अलाउद्दीन खिलजी, मुहम्मद तुगलक, शेरशाह सूरी, अकबर ने इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये। सड़क परिवहन के अन्तर्गत दो तत्व महत्वपूर्ण होते हैं – प्रथम परिवहन के साधन और द्वितीय सड़कों का विकास। इस युग में परिवहन के साधन के रूप में खच्चर, ऊँट तथा कुलियों का प्रयोग होता था। सड़को के निर्माण एवं उनका उचित रखरखाव पर इस युग के शासकों ने विशेष ध्यान दिया था।

भारत में अंग्रेजी शासनकाल यातायात एवं संचार के साधनों के विकास के क्षेत्र में अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता है जबकि बड़ी तेजी से यातायात के साधनों विशेषकर सड़क परिवहन का विकास हुआ। औपनिवेशिक प्रशासन एवं औद्योगीकरण के कारण देश में सड़कों का निर्माण एवं विकास तेज हुआ तथा सड़क परिवहन का महत्व बढ़ा। किन्तु अंग्रेजों के आगमन के पूर्व भी भारत में सड़क परिवहन काफी उन्नत अवस्था में था पूर्व मध्यकालीन भारत में उद्योगों के विकास ने परिवहन की महत्ता को स्थापित किया। विशेषकर मुगल काल में इस दिशा में ठोस कदम उठाये गये। मुगलों के अतिरिक्त शेरशाह सूरी का इस दिशा में अप्रतिम योगदान रहा है जिसके समय में बनवायी गई सड़क आज भी ग्रांट ट्रंक रोड़ के रूप में भारतीय परिवहन व्यवस्था का अहम हिस्सा बनी हुयी है तथा राष्ट्रीय राजमार्गो में सम्मिलित भी है। इस युग में जितनी तेजी से सड़कों का विकास किया गया उतने ही महत्वपूर्ण ढंग से सड़क परिवहन को भी व्यवस्थित रूप प्रदान किया गया।

शेरशाह सूरी के समय मुख्य रूप से चार सड़कों का निर्माण करवाया गया (1) सोनार गांव से सिंधु नदी तक (2) आगरा से जोधपुर और चित्तौड़ तक (3) आगरा से बुरहानपुर तक (4) लाहोर से मुल्तान तक। यात्रियों की सुविधा के लिये इन मार्गो पर प्रत्येक दो कोस पर एक सराय का निर्माण करवाया गया जिसमें हिन्दू और मुसलमानों के लिये पृथक-पृथक भोजन एवं आवास की सुविधा शासन की ओर से दी जाती थी। सरायों के व्यय हेतु निकटवर्ती ग्रामों का राजस्व इन्हें दिया जाता था। प्रत्येक सराय में दो चौकीदार, डाक सेवक और दो घोड़े सदा तैयार रहते थे। इन सड़कों और सरायों को शेरशाह के 'साम्राज्य की धमनिया' कहा जाता था। उसने लगभग 1700 सरायों का निर्माण करवाया, जिनका इस काल में सड़क परिवहन के विस्तार एवं विकास में विशेष योगदान रहा। मार्गो की सुरक्षा एवं पुलिस व्यवस्था को सफल बनाने हेतु आमिनों एवं मुकदमों को निर्देशित किया गया कि वे व्यापारियों को समस्त सुविधाऐं प्रदान करते हुये उनकी सम्पत्ति की रक्षा करें। यदि किसी व्यापारी का माल चोरी हो जाता तो स्थानीय अधिकारियों को उसकी क्षतिपूर्ति करनी होती थी। सड़कों के किनारे छायादार, फलदार वृक्ष भी लगाये जाते थे।

मुगल शासन में शांति एवं सुव्यवस्था तथा कृषि, व्यापार, उद्योग धंधों के विकास के कारण अनेक प्राचीन नगरों का विकास तथा नवीन नगरों का उदय हुआ। विदेशी व्यापार की उन्नति के कारण बंदरगाहों का विकास हुआ जो नगरों के रूप में विकसित होते चले गये। इस युग के प्रमुख नगरों में लाहौर और आगरा विश्व के सबसे बड़े नगर माने जाते थे। खानदेश में बुरहानपुर, गुजरात में अहमदाबाद, सूरत और भड़ौंच, राजस्थान में अजमेर, जोधपुर, चित्तौड़, उदयपुर, पूर्वी भारत में पटना, वाराणसी, राजमहल, बर्दवान, ढाका, हुगली, इलाहाबाद आदि भी महत्वपूर्ण नगर थे। फतेहपुर सीकरी, उज्जैन, धार का भी कम महत्व नहीं था। दक्षिण भारत में गोआ, कालीकट, मछलीपट्टनम, कोचीन, नीगापट्टम आदि प्रमुख नगर भी सड़क मार्ग से जुड़े हुये थे। पूर्वी समुद्र तट पर मछलीपट्टनम का बंदरगाह तथा पश्चिमी समुद्र तट पर सूरत, भड़ौंच, द्वारका, बेरावल (सोमनाथ), ड्यू, गोआ आदि बन्दरगाह भी सड़क मार्गो के माध्यम से देश के अन्य स्थानों से सुचारू रूप से जुड़े हुये थे। यूरोपीय व्यापार के कारण विकसित मद्रास, बम्बई, कलकत्ता नगरों को सड़क यातायात से बखूबी जोड़ा गया था।

आन्तरिक व्यापार के लिये देश में कई सड़के थीं जो बड़े-बड़े व्यापारिक नगरों को आपस में जोड़ती थी। इस समय की मुख्य सड़क हावड़ा के पश्चिम में स्थित बांग्लादेश के चटगांव से प्रारंभ होकर लाहौर (पाकिस्तान) होते हुये अफगानिस्तान में काबुल तक जाती थी, जिसे उस समय उत्तरापथ, शाह शह-ए-आजम, सड़क-ए-आजम, बादशाही सड़क आदि नामों से जाना जाता था। यह पेशावर, लाहौर, दिल्ली, आगरा, वाराणसी, इलाहाबाद, पटना आदि नगरों को जोड़ती थी तथा तत्कालीन सड़क यातायात का अहम हिस्सा थी। एक सड़क आगरा से अहमदाबाद होते हुये सूरत जाती थी। एक अन्य सड़क आगरा से मालवा में होते हुये बुरहानपुर के रास्ते दक्षिण में चली

जाती थी। यहाँ से देशी एवं विदेशी व्यापारिक माल सड़क यातायात एवं जलमार्ग द्वारा देश के विविध भागों में पहुँचाया जाता था तथा भारतीय वस्तुओं को विदेश भेजने में भी इन मार्गों एवं सड़क यातायात का अहम भूमिका रही।

सत्रहवीं शताब्दी तक सूरत विदेशी व्यापार का प्रमुख केन्द्र था। यहाँ अनेक देशों के व्यापारिक जहाज आकर अपना व्यापारिक माल उतारते थे तथा भारतीय व्यापारियों से माल खरीदकर जहाजों में भरकर ले जाते थे। यही कारण है कि देश के विविध स्थानों के सड़क मार्गो से सूरत जुड़ा हुआ था। मुगल काल में आगरा राजनीतिक ही नहीं व्यापारिक गतिविधियों का भी केन्द्र होने के कारण सूरत का भी आगरा से सतत् सम्पर्क सड़क यातायात के माध्यम से जुड़ा हुआ था। यहाँ अंग्रेज, फ्रांसीसी तथा उच्च कम्पनियों की फैक्टरी भी थीं जहाँ से उत्पादित माल सम्पूर्ण देश में भेजा जाता था। सूरत से आगरा जाने का मार्ग दो भागों में विभक्त था – प्रथम सूरत से अहमदाबाद एवं दूसरा अहमदाबाद से आगरा तक सड़क मार्ग बना हुआ था। सूरत से अहमदाबाद पहुँचने में लगभग बारह से पन्द्रह दिन लगते थे। इसके बीच में आने वाले शहर इस प्रकार थे– सूरत–कण्ठोदरा–अकलेश्वर–भडौंच – जम्बूसर– बडौदा–नादियाद–महमदाबाद–वाटवां–अहमदाबाद। अहमदाबाद पहुँचने पर व्यापारियों द्वारा आगरा पहुँचने के लिए जिस मार्ग का प्रयोग किया जाता था वह इस प्रकार था – अहमदाबाद –पनसर –मेहसाना–पालनपुर – मिनमल– पीपर – मेरता– अजमेर– हिन्दान– विथाना– फतेहपुर सीकरी– आगरा। इनमें से मिनमल, पीपर, मेड़ना, जोधपुर में तथा हिन्दान जयपुर में है। प्रसिद्ध यात्री ट्रेवर्नियर के अनुसार अहमदाबाद से पनसर की दूरी 13 कोस है।

सूरत से आगरा पहुँचने का दूसरा प्रमुख व्यापारिक मार्ग बुरहानपुर होते हुये था जिसमें अग्रांकित स्थान सम्मिलित थे। सूरत– वारदोली– बालोर– नवापुरा– तलनीर– चौपरा– बुरहानपुर– सिरौंज– ग्वालियर– धौलपुर– आगरा।

सन् 1638 में शाहजहाँ ने दिल्ली को राजधानी बनाया जिससे दिल्ली का महत्व और अधिक बढ़ गया। इसी कारण आगरा– दिल्ली व्यापारिक मार्ग भी बहुत अधिक व्यस्त एवं विकसित हो गया। इस मार्ग में आने वाले प्रमुख स्थान इस प्रकार थे –आगरा– सिकन्दरा– नौरंगाबाद– मथुरा– अकबरपुर– कोसी– सराय– खेरा सराय – पलवल– फरीदाबाद– बदरपुर– दिल्लीं आगरा से बंगाल का व्यापारिक मार्ग भी विशेष रूप से उल्लेखनीय था जो इस प्रकार था – आगरा– फिरोजाबाद– इटावा– इलाहबाद– बनारस– सहसराय– पटना– मुंगेर– राजमहल– ढाका। ट्रेवर्नियर आगरा से 25 नवम्बर 1665 को चलकर 14 जनवरी 1666 को ढाका पहुँचा था।

लाहौर भी मुगलकाल में प्रमुख व्यापारिक केन्द्र था। लाहौर, काबुल, कान्धार, श्रीनगर, थट्टा इत्यादि क्षेत्र की व्यापारिक गतिविधियों का केन्द्र थां आगरा से लाहौर जाने वलो मार्ग का उल्लेख करना भी प्रासंगिक होगा जो इस प्रकार था आगरा– दिल्ली – बादली– नरेला– सोनीपत – गनोर– पानीपत– करनाल– अम्बाला– सराय हज्जन– सरहिन्द– लुधियाना– नूरमहल– सुल्तानपुर– नौरंगाबाद– होशियार नगर– लाहौर। आगरा– लाहौर मार्ग वर्तमान उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरयाणा, पंजाब होकर गुजरता था। सूरत सिंध के प्रसिद्ध बन्दरगाह लाहरी बन्दर से अहमदाबाद मार्ग के माध्यम से जुड़ा हुआ था, तो पूर्वी समुद्र तट पर स्थित प्रसिद्ध बंदरगाह मसूली पट्टम के साथ भी सम्पर्क बना हुआ था। सूरत से मसूली पट्टम के व्यापारिक मार्ग में जो प्रमुख स्थान आते थे वे इस प्रकार थे– सूरत– डामन– बेसीन– राजापुर– गोवा– बीजापुर– गोलकुण्डा– मसूली पट्टम।

मुगलकाल में शान्ति, सुरक्षा और व्यवस्था होने से सड़कों, सरायों, डाक चौकियों एवं यातायात के साधनों की सुविधा होने से आन्तरिक एवं विदेशी व्यापार अत्यधिक विकसित हो गया। मात्र सड़कों का निर्माण ही परिवहन के विकास की गारन्टी नहीं होती है इनकी सतत देखरेख एवं मरम्मत कार्य की भी विशेष निगरानी के निर्देश दिये गये एवं अलग से पर्याप्त धनराशि भी उपलब्ध कराई जाती थी। यही कारण है कि जब भारत में अंग्रेजी शासन का प्रारंभ हुआ उस समय यहाँ सड़क परिवहन पर्याप्त विकसित अवस्था में था।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. शर्मा, पी.एन. – भारत में परिवहन
2. बर्नियर – ट्रेवल्स ऑफ बर्नियर
3. शर्मा, के.एस. – मध्य युगीन व्यापार
4. खुराना, के.एल. – भारत का आर्थिक इतिहास
5. सड़क परिवहन और राजमार्ग– भारत का राष्ट्रीय पोर्टल india.gov.in

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# थर्ड जेंडर एवं समाज

**डॉ. श्रीमती सुनीला एक्का***

* सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) शासकीय के. आर. डी. कॉलेज, नवागढ़, जिला बेमेतरा (छ.ग.) भारत

**प्रस्तावना –** सामाजिक ढांचे में जेंडर या लैंगिक पहचान एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इस पहचान को सामाजिक मान्यताओं ने दिनों-दिन पुख्ता किया और समाज जेंडर को स्त्री-पुरूष की 'बाइनरी' में ही देखने व समझने का अभ्यस्त हो गया। इस अभ्यास के कारण ही समाज में थर्ड जेंडर को लेकर जो धारणा बनी, वह उनकी पहचान पर भी संकट पैदा करने वाली थी, क्योंकि वह प्रचलित बाइनरी से बाहर थे। इस पहचान को लेकर थर्ड जेंडर समुदाय लम्बे समय से संघर्ष कर रहा था। यह संघर्ष सामाजिक और संवैधानिक दोनों स्तरों पर चल रहा था। पहचान के लिये समाज की स्वीकृति और संवैधानिक मान्यता दोनों बहुत जरूरी थे। यह 'मैं भी हूँ' की लड़ाई थी, जिसे कम ही लोगों ने समझा, लेकिन 15 अप्रैल 2014 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये फैसले ने थर्ड जेंडर को संवैधानिक अधिकार दे दिये और सरकार को निर्देशित किया कि वह इन अधिकारों को लागू करने की प्रक्रिया को सुनिश्चित् करे, उसके बाद 5 दिसम्बर 2019 को राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद थर्ड जेंडर के अधिकारों को कानूनी मान्यता मिल गई।

**थर्ड जेंडर एवं समाज**

- पहचान की यह आरंभिक लड़ाई थी, जहाँ स्टेट उन्हें बतौर नागरिक मान्यता दे रहा था। इसी का परिणा था कि सन् 1998 में मध्यप्रदेश की शबनम मौसी विधानसभा का चुनाव लड़कर विधायक चुनी जाती है और समाज को संदेश देने में कामयाब होती है। शबनम मौसी का चुना जाना सामाजिक नजरिये में आ रहे बदलाव और कानूनी अधिकारों की अहमियत से बहुत ही महत्वपूर्ण था, इस बदलाव की परिणिति ही सन् 2014 में आया फैसला था, जहाँ यह समुदाय 'अन्य' (Other) की श्रेणी में ट्रांसजेंडर या थर्ड जेंडर के रूप में पहचान पाता है, उसके बाद से ही सभी तरह के सरकारी दस्तावेजों में स्त्री, पुरूष के साथ तृतीय लिंग या थर्ड जेंडर का भी कॉलम आने लगा, यह 'अन्य' नहीं बल्कि एक पहचान थी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले से किन्नर समाज को नई पहचान मिली। न्यायालय ने अपने अंतिम निर्णय में कहा कि केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और केन्द्र शासित प्रदेश किन्नर समाज को सामाजिक और शैक्षणिक तौर पर पिछड़े हुये वर्ग की तरह सुविधायें दे, साथ ही शैक्षणिक संस्थानों और नौकरियों में भी उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग को मिलने वाले आरक्षण का भी लाभ मिले। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय को भी सभी न्यायिक एवं संवैधानिक अधिकार मिले, जो देश के आम नागरिकों को प्राप्त है। यह सुनिश्चित् करना सरकार का काम था। सरकार ने भी सन् 2019 में कानून पारित करके इस दिशा की तरफ महत्वपूर्ण कदम उठाया।
- थर्ड जेंडर के अधिकारों का सवाल चर्चा में फिर से तब आया, जब उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने थर्ड जेंडर को सम्पत्ति में अधिकार देने के कानून को मंजूरी दे दी, इससे पैतृक सम्पत्ति में उनको भी हक मिलेगा। यह एक तरह से कानूनी एवं सामाजिक मान्यता के लिहाज से महत्वपूर्ण फैसला है। उत्तर प्रदेश सरकार ने थर्ड जेंडर के व्यक्ति को भूमि पर हिस्सेदार के तौर पर परिवार के सदस्य के रूप में शामिल करते हुये, उसे भूमि पर अधिकार व उत्तराधिकार देने के मकसद से राजस्व संहिता की धारा 4(10), 108(2), 109 और 110 में संशोधन प्रस्तावित किया, इससे पहले तक सिर्फ स्त्री और पुरूष को ही सम्पत्ति में उत्तराधिकार प्राप्त था। अब इसका विस्तार थर्ड जेंडर तक कर दिया गया है, इससे थर्ड जेंडर समुदाय के लोगों को आर्थिक और सामाजिक तौर पर सुरक्षा तो मिलेगी ही साथ में, उनकी पहचान को सामाजिक स्वीकृति मिल सकती है, अब तक परिवार जिन्हें स्वयं की पहचान से भी अलग करता रहा, उन्हें सम्पत्ति में अधिकार मिलने से संभवत: पारिवारिक एवं सामाजिक सोंच में थोड़ा बहुत परिवर्तन आये, लेकिन यह फैसला परिवार की सोंच में परिवर्तन से ज्यादा थर्ड जेंडर समुदाय के हक एवं पहचान के लिये महत्वपूर्ण है। वह अब उस सम्पत्ति के हकदार हैं, जिसका उनको होना चाहिये था, सिर्फ अलग लैंगिक पहचान होने के कारण उन्हें इससे वंचित रखा गया।
- भारत में बतौर ट्रांसजेंडर सन् 1994 में इस समुदाय को तमिलनाडु में मतदान का अधिकार मिला, इस राज्य ने सबसे पहले किन्नर या हिजड़ा समुदाय को थर्ड जेंडर की मान्यता दी और उन्हें सरकार की योजनाओं में शामिल किया।

केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा पारित कानूनों के बाद सवाल समाज पर है। स्त्री-पुरूष की तरह ट्रांसजेंडर समुदाय को अलग पहचान तो मिल गई। सरकारों ने भी कानून बना दिये हैं, लेकिन क्या समाज का नजरिया बदलेगा? समाज से पहले क्या परिवार उनको स्वीकार करेगा? कानून के बाद भी क्या परिवार उनके साथ व्यावहारिक तरीके से संपत्ति साझा करेगा? क्या उनके साथ होने वाला भेद-भाव खत्म होगा? कानून से पहचान तो मिल गई, लेकिन क्या परिवार की स्वीकृति भी मिल जायेगी! ठन सवालों और समस्याओं से ट्रांसजेंडर समुदाय को अभी गुजरना होगा। इस भेद-भाव को मिटाने और नजरिये में बदलाव के लिये कई स्तरों पर प्रयास भी हो रहे हैं, इसी वर्ष जुलाई में नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (NMRC) ने सामाजिक नजरिये में बदलाव की दृष्टि से अहम कदम उठाया है। NMRC ने एक्वा लाईन के सेक्टर-50 के मेट्रो स्टेशन को ट्रांसजेंडर समुदाय को समर्पित कर दिया।

शबनम मौसी, कमला जान, आशा देवी, कमला किन्नर, मधु किन्नर

और ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी वे नाम हैं, जिन्होंने चुनाव में बहुमत से विजय प्राप्त कर के विधायक और महापौर तक के पद सम्हाले। देश की पहली किन्नर प्राचार्य मानबी बंद्योपाध्याय और पहली किन्नर वकील तमिलनाडु की सत्य श्री शर्मिला ने सिद्ध कर दिया कि किन्नर अथवा 'थर्ड जेंडर' किसी भी विद्धत स्त्री–पुरूष की भांति बुद्धिजीवी वर्ग की किसी भी ऊंचाई को छू सकते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यदि इसी प्रकार थर्ड जेंडर और समाज परस्पर एक–दूसरे को अपनाता रहेगा तो एक दिन समाज का नजरिया भी थर्ड जेंडर के प्रति बदल जायेगा और वे एक सामान्य मनुष्य की तरह जी सकेंगे।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. Dr. Amita Singh/ling avam samaj.
2. https://hindi.news18.com

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति का सामाजिक परिदृश्य

**डॉ. बसंत नाग* एन.आर. साव****

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) भा.प्र.देव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर (छ.ग.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) भा.प्र.देव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर (छ.ग.) भारत

**प्रस्तावना –** यह तथ्य निर्विवाद रूप से सत्य है कि भारतीय समाज में पुरूष की तुलना में महिलाएं अधिक उत्पीड़ित, उपेक्षित, असहाय व कमजोर स्थिति में हैं तथा उसके किसी भी प्रकार के विकास एवं उन्नति को सहज रूप से नहीं ले पाता। उनकी मानसिकता होती है कि हर स्थान पर वह महिलाओं से अधिक प्रभावशाली, शक्तिवान, प्रसिद्ध तथा विकासशील हो। महिला और पुरूष की इस स्थिति के लिए कई ऐतिहासिक, शारीरिक, जैविक, धार्मिक व सामाजिक कारक उत्तरदायी है, जिनमें परिवर्तन करके ही पुरूष की संकीर्ण व स्वार्थी तथा महिला की भीरू एवं परम्परागत मानसिकता को बदला जा सकता है। प्राय: महाकाव्यों एवं धार्मिक ग्रंथों में स्त्री–पुरूष की समानता पर जोर ही नहीं दिया गया, अपितु नारी को दुर्गा, सरस्वती व लक्ष्मी के रूपों में शक्ति, विद्या व धन के क्षेत्रों में अग्रणी व अनुकरणीय भी माना है। इसी कारण समाज में 'महिला और पुरूष को एक–दूसरे के पूरक, जीवन रूपी गाड़ी के दो पहिये, घर का श्रृंगार नारी, पुरूष की सफलता के पीछे किसी महिला का हाथ होता है, जहाँ नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते है' जैसी कहावतों का चलन हुआ। लेकिन धीरे–धीरे नारी की प्रताड़ना हेतु नारी ढोर गंवार पशु नारी से सब ताड़न के अधिकारी जैसी कहावतों का अभ्यूदय हुआ। महिला बेचारी 'लाचार, अबला, झगड़े के कारण जर जोरू व जमीन, पुरुष के भाग्य व नारी के चरित्र का भरोसा नहीं, नारी पाँव की जूती' के रूप में पहचानी जाने लगी। अब जब महिला संगठनों तथा प्रगतिशील कहलाने वाली महिलाओं द्वारा लिंग भेद की समाप्ति एवं महिला विकास तथा महिला सशक्तिरण की बातें एवं प्रयास किये जाते हैं तो पुरुषों द्वारा उन्हें घर तोड़ने वाली कुलक्षणी, अत्याधुनिक कुंठाग्रस्त, व्यावसायिक समाज सेविका जैसे शब्दों से संबोधित कर ताना मारते हुए दूसरे तरीकों से उपेक्षित व उत्पीड़ित करने का प्रयास किया जाता है। कोई भी पुरुष इस तरह के सभा सम्मेलनों में चाहे सकारात्मक बातें कहे लेकिन निजी जीवन में मजबूरियों को छोड़कर परिवर्तन बहुत ही कम नजर आते हैं।

भारतीय समाज में पितृसत्तात्मक भाव हमारे संस्कार में है, ये भाव ही महिलाओं को स्वतंत्र होने ही नहीं देता। जबकि पुरूष वर्चस्व बनाकर रखना चाहता है उसकी जड़े बरगद के पेड़ की जड़ों की तरह बहुत गहरे तक फैली है, ऊपर भी जाल बनाकर रखती है। बरगद को उखाड़ना इतना सरल नहीं क्योंकि उसके साथ हमारे संस्कारगत भाव जुड़े हैं। उससे हमें छाँव और आक्सीजन दोनों मिलते हैं। ऐसे ही पीपल का पेड़ है इन दोनों से हमारा गहरा लगाव है। हमारे संस्कार और संस्कृति पश्चिमी संस्कृति से भिन्न है, यहां आस्था पर बल दिया जाता है। जहां गाली–गलौच, मारपीट, बलात्कार, कार्यक्षेत्र में कार्यालय प्रमुख द्वारा उत्पीड़न एवं त्रास का मुकाबला आंसुओं से नहीं बल्कि एक प्रखर रणनीति अख्तियार करके ही हो सकता है। इस उत्पीड़न का इलाज प्रतिशोध में नहीं वरन् त्याग और विश्वास में है। पति नाम का बच्चा सबसे बिगड़ैल बच्चा होता है उनको यही रास्ते पर जाने के लिये विवेक और धैर्य की आवश्यकता है, धैर्य खोने से नहीं। पहले महिला तन–मन से घर चलाती थी अब धन भी जुड़ गया है। अत: महिला अपने आँचल की छाँव तले ही यह दुनिया सुन्दर बना सकती है। भारतीय समाज में आज भी कुछ ऐसी परस्पराए है जिनसे सिद्ध होता है कि पुरुष सत्तात्मक समाज में यह उत्पीड़न आज भी जारी है।

**कन्यादान की परम्परा –** कुमारी जीवन के पश्चात् कन्या, वर को दान दी जाती है, ऐसा हिन्दू रीति रिवाज में वर्णित है। प्राचीनकाल में विवाह का अर्थ होता था कि कन्या पर से पिता का आधिपत्य समाप्त होकर पति का आधिपत्य होना। इसे आधिपत्य का स्थानांतरण कहा जाए तो अधिक उपयुक्त होगा। स्त्री को वस्तु मानकर उस पर पुरुष का प्रभुत्व माना जाता रहा है। पिता का कन्या पर संपूर्ण अधिकार माना जाता रहा है। वह अपनी कन्या को दान दे इस अधिकार को कोई चुनौती नहीं दी जा सकती थी। इसी कारण 'कन्यादान' शब्द की उत्पति हुई है।

**'पिता ह्यात स्वयं कन्या' –** नारद संहिता

महिला उत्पीड़न के पीछे पितृसत्तात्मक सोच ही प्रमुख कारण है पुरुष अपना वर्चस्व बनाये रखना चाहता है वह कभी भोजन में नमक कम होने पर पत्नी की पिटाई करता है तो कभी उससे छुटकारा पाने के लिये उसे पागल करार देता है। दहेज की मांग पूरी न होने पर असंख्य महिलाएं मार दी जाती है। पहले पिता की मृत्यु के बाद पुत्री को पैतृक संपति का अधिकार नहीं था। पति के मृत्यु से पूर्व पत्नी को पति की संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं था। उसकी मृत्यु के उपरान्त भी सम्पति के होते हुए भी विधवा दर–दर की ठोकर खाती फिरती थी तथा दूसरे व्यक्ति उस पर मनमाना अत्याचार करते जाते।

**परदा प्रथा–** चरित्र की पवित्रता की एक आवश्यक मापदण्ड पुरुष सत्तात्मक परिवार में माना जाता है। आज भी स्वतंत्रता के पश्चात् अनेक स्थानों में इतना परदा है कि महिलाओं के लिए बाहर की दुनिया सपनों की दुनिया के बराबर है। राजस्थान में हाथ भर घूंघट डाले वधू कई बार बदल गई है। जिस प्रकार उपभोग की वस्तु को सजायी जाती है उसी प्रकार महिलाओं को भी उपभोग की वस्तु समझकर उनके बनाव श्रृंगार को अधिक महत्व दिया जाता है। सोने चाँदी की हथकड़ी एवं बेड़ी से पुरुष अपने अधीनस्थ महिलाओं के पैरों हाथों में डाल दी। पुरुष सत्तात्मक समाज में आदमी स्वतंत्र रूप से जी

सकता है पर महिला स्वतंत्र रूप से जी नहीं सकती। ऐसा करने से सहज रूप से उसके चरित्र पर लांछन लगाकर उसे कुलटा कह दिया जाता है। पुरुष मर्यादा में रहे या न रहे पर महिला को मर्यादा में रहना ही है। 'पतिव्रता' धर्म का पालन करना महिला का कर्तव्य है। भारत में पति के लंबी उम्र के लिए उपवास रखने का अधिकार महिलाओं के लिये हैं जिनमें तीज, करवाचौथ प्रमुख हैं। हमारे समाज में प्राय: सभी मूल्य, मान्यताएं एवं नियम महिलाओं पर ही लागू किये जाते हैं, जो उनके अधिकार क्षेत्र को सीमित कर उत्तारदायित्वों को बढ़ाता है। पुरूष पर महिला की निर्भरता व उसके साथ किए जा रहे असमान व्यवहार का समाज पर ही नहीं अपितु महिलाओं की दशा पर कुप्रभाव पड़ता है।

**बाल विवाह –** आज भी देश के कई ऐसे क्षेत्र है यहाँ बाल विवाह का प्रचलन है। 21वीं सदी में जब मानव अंतरिक्ष तक पहुँच चुका है वहाँ आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह जैसी कुप्रथाएँ विद्यमान हैं जिनके कारण जनसंख्या वृद्धि हो रही है। शारदा एक्ट के कारण इस कुप्रथा पर रोक लगा दी गई है। बाल विवाह, संशोधन अधिनियम 1976 में विवाह की उम्र में लड़कियों की विवाह की उम्र 18 निर्धारित कर दी गयी। इस दृष्टिकोण से महिलाओं की स्थिति का मूल्याकन करें तो उनमें व्यापक परिवर्तन परिलक्षित दिखाई पड़ता है।

**निष्कर्ष –** महिलाएं प्रत्येक समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं अभिन्न अंग है। समाज एवं राष्ट्र की स्थिति का मूल्यांकन महिलाओं की स्थिति के आधार पर आसानी से किया जा सकता है। इतिहास के पन्नों को पलटने पर ज्ञात होता है, कि भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति एक समान नहीं रही है अपितु उसमें उतार-चढ़ाव आतेप्रहे हैं। धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टिकोण से वैदिक काल में महिलाओं के विवाह, शिक्षा, संपत्ति सभी क्षेत्रों उच्च स्थान प्राप्त था। इसलिए भारत का यह स्वर्णिम काल माना जाता है। उत्तर वैदिककाल, जैन और बौद्ध साम्राटों ने महिलाओं में सार्वजनिक क्षेत्र में आने जाने की पूर्ण स्वतंत्रता दी थी। सम्राट अशोक ने भी अपने राज्य में पिता और पति की संपत्ति पर पत्नी और पुत्री को भी बराबर का अधिकार दिया। धर्मशास्त्रीय काल में ईसा से 200 वर्ष बाद महिलाओं की स्थिति में व्यापक परिवर्तन दृष्टिगोचर हुआ। मनुस्मृति में यह व्यवस्था की गयी कि महिलाएँ स्वतंत्र नहीं है वह हमेशा बंधनों से जकड़ी हुई है। उनको हमेशा अपनी मर्यादाओं में रहना चाहिए। उन्हें सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक अधिकारों से वंचित किया गया। बचपन में पिता पर, युवावस्था में पति पर और वृद्धावस्था में पुत्र पर आश्रित रहती है, उनका कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं होता। इस काल में बाल विवाह का प्रचलन, विधवा विवाह पर प्रतिबंध तथा सतीप्रथा का प्रारंभ हो गया। मध्यकाल में महिलाओं की दशा और भी दयनीय हो गयी। सतीप्रप्रथा, भ्रुण हत्या, बहुपत्नी विवाह काप्रप्रचलन तथा पर्दा प्रथा का प्रचलन बढ़ गया। ब्रिटीश शासन काल में सती प्रथा के विरुद्ध राजा राममोहन राय ने समाज को जागरूक किया। सन् 1829 में सती प्रथा निरोधक अधिनियम पारित होने के उपरांत सती प्रथा पर प्रतिबंध लग गया। परिवर्तन प्रकृति का शास्वत नियम है। बदलते परिवेश में महिलाओं की स्थिति में व्यापक परिवर्तन एवं सुधार हुआ है। सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी है लेकिन सैद्धांतिक और व्यवहारिक दृष्टिकोण में अंतर आज भी विद्यमान है। अशिक्षा, रूढ़िवादी मानसिकता, समाज का महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण, पुरुषवादी मानसिकता महिलाओं के विकास में आज भी बाधक है। महिलाए जब तक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होगी तब तक सुधार संभव नहीं है। स्वामी विवेकानन्द का कथन है किसी भी राष्ट्र की प्रगति का सर्वोत्ताम थर्मामीटर महिलाओं की स्थिति है। महिलाओं को अपनी स्थिति सुधारने के लिए स्वयं प्रयास करने होगे।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. महिला सशक्तिकरण – शर्मा रमा, शर्मा एम.के., अर्जुन पब्लिशिंग हाउ़स नई दिल्ली 2010
2. महिला शोषण और मानवधिकार – श्रीवास्तव सुधारानी, श्रीवास्तव आशा
3. नारी समाज और आधुनिकीकरण –तिवारी डॉ. इति, किताब महल, 2009
4. समाजशास्त्र –गुप्ता एम. एल, शर्मा डी.डी. साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा
5. महिला सशक्तिकरण – गुप्ता कमलेश, कुमार एनकल्वे जयपुर
6. नारी के बदलते आयाम – अर्जुन पब्लिशिंग हाउ़स, जयपुर
7. भारतीय सामाजिक व्यवस्था – आहुजा राम, रावत प्रकाशन जयपुर नई दिल्ली

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# एक संसाधन के रूप में समय व बेहतर समय प्रबंधन

**जयश्री हरदेनिया** *

* एसबीएस गवर्नमेंट पी.जी. कॉलेज, पिपरिया, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) भारत

**संसाधन की परिभाषा –**संसाधन एक ऐसा स्त्रोत है जिसका उपयोग मनुष्य अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए करता है प्रकृति का कोई भी तत्व तभी संसाधन बनता है जब वह मानवी सेवा करता है या जब तक कि मनुष्यों का उसमें हस्तक्षेप ना हो। हमारे पर्यावरण में उपलब्ध प्रत्येक वस्तु जो हमारी आवश्यकता को पूरा करने में प्रयुक्त की जा सकती है और जिसको बनाने के लिए प्रौद्योगिकी उपलब्ध है जो आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से मान्य है संसाधन है भूमि ,जल, वनस्पति और खनिज प्रकृति के उपहार है इन्हें प्राकृतिक संसाधन कहते हैं।

भौतिक रूप से संसाधन वातावरण की वह प्रक्रिया है जो मानव के उपयोग में आती है।

एक संसाधन के रूप में समय सबसे महत्वपूर्ण संसाधनों में से एक है हम सभी के लिए समय का सही प्रबंधन करके एक छोटी या कम अवधि में अधिक पूरा कर सकते हैं हर चीज को समय की आवश्यकता होती है यह एकमात्र सही मायने में सार्वभौमिक स्थिति है सभी कार्य के समय होते हैं और समय का सदुपयोग  करते हैं यह एक संसाधन है समय का कोई विकल्प नहीं है संसार में सब कुछ समय पर निर्भर करता है समय से पहले कुछ भी नहीं होता कुछ भी करने के लिए कुछ समय की आवश्यकता होती है यदि हमारे पास समय नहीं है तो हमारे पास कुछ भी नहीं है समय बहुत कीमती है और इसे हमें किसी भी तरह से बर्बाद नहीं करना चाहिए जैसे हम पैसा खर्च करते हैं तो उसे कमा सकते हैं लेकिन खोए हुए समय को वापस नहीं पा सकते समय मूल्यवान है इसका सदुपयोग करना चाहिए।

**समय का प्रभावी उपयोग –**समय का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए हमें कुछ बिंदुओं पर विचार करना चाहिए जो हमारे पूरे जीवन में हमारी मदद करेंगे इस उपयोग में लक्ष्य निर्धारित करना, कार्य सूची तैयार करना, कार्य को प्राथमिकता देना, अपना कार्य पूर्ण करने के बाद सूची से मिलान करना, अपने कार्य के बीच ब्रेक लेना ,प्रत्येक दिन कुछ समय के लिए ध्यान लगाना आदि।

**विद्यार्थी जीवन में समय का महत्व –**विद्यार्थियों को  समय का सदुपयोग करना चाहिए समय पर उठना, खाना, पढ़ना, सोना और अपने रोजमर्रा के कार्य सभी का समय निश्चित कर आसानी से अपने सभी कार्य समय पर पूर्ण कर सकते हैं विद्यार्थी जीवन में समय का सही उपयोग किया जाए तो जीवन में सफलता अवश्य प्राप्त होती है जो विद्यार्थी यह सोचते हैं कि कर लेंगे या पढ़ लेंगे का दृष्टिकोण रखते हैं वह असफलता का मुंह देखते हैं विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपना हर कार्य निर्धारित समय पर या उसके पूर्व ही समाप्त कर ले जिससे बचे हुए समय में दूसरे कार्यों को करने की रूपरेखा बनाई जा सके  खाली समय में विद्यार्थी अपने शिक्षकों या बड़ों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

समय पृथ्वी पर सबसे कीमती वस्तु है इसकी तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती यदि एक बार चला जाए तो कभी वापस नहीं आता यह हमेशा आगे की ओर सीधी दिशा में ही चलता है संसार में सब कुछ समय पर निर्भर करता है समय से पहले कुछ भी नहीं होता इस संसार में कोई कुछ भी समय को नहीं दे सकता समय का केवल उपयोग किया जा सकता है कोई भी समय को खरीद या बेच नहीं सकता।

**समय का महत्व –**समय के महत्व को बचपन से ही लोगों को सिखाया जाना चाहिए समय कभी भी किसी के लिए नहीं रूकता इसलिए सही समय पर अपने कार्य करना जरूरी होता है समय का महत्व जिसने सीख लिया वह जिंदगी में जरूर सफलता प्राप्त करता है समय बहुत मूल्यवान होता है इसलिए हम सभी को समय का सदुपयोग करना चाहिए महान लोगों ने समय के महत्व को समझा इसलिए वे महान बने जिंदगी में सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत और समय के महत्व को समझना जरूरी है।

समय प्रबंधन हम सभी के जीवन में खर्च करने के लिए समाज घंटे होते हैं लेकिन शायद ही कभी हम संसाधन के रूप में समय प्रबंधन और समय के महत्व के बारे में सोचते हैं जो बहुत कीमती होता है और ध्यान के साथ खर्च किया जाना चाहिए यह ठीक ही कहा गया है कि समय एक गैर नवीकरणीय संसाधन है एक बार निकल गया फिर से वापस नहीं लाया जा सकते। कई छात्र आज प्रतियोगिता परीक्षा देते हैं लेकिन एक कारक होता है जो टॉपर्स को दूसरों से अलग बनाता है वह यह है कि वह अपने समय का प्रबंधन सही तरीके से करते हैं इसलिए छात्रों को समय प्रबंधन का महत्व समझना चाहिए। समय प्रबंधन द्धारा हम अच्छी उत्पादकता – जैसे यदि हमारे पास कोई योजना है तो उसे सही तरीके से लागू करना उसके कार्य के बीच क्या करना है क्या आवश्यक काम है उसे करना समय बर्बाद नहीं करना चाहिए, प्रेरणा स्तर को बढ़ाएं– जब कोई लक्ष्य निर्धारित करते हैं तो प्रेरणा स्तर में स्वाभाविक रूप से वृद्धि होती है अपने लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत कर समय का सदुपयोग करना चाहिए, कम तनाव–समय प्रबंधन हमें कम समय में और कम प्रयासों के साथ अपने कार्यों को पूरा करने में मदद करता है जिससे तनाव नहीं होता। समय प्रबंधन हर व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण है चाहे वह छात्र हो या ग्रहणी, व्यवसायिक व्यक्ति यह काम कर रहे पेशेवर ही क्यों ना हो यदि ये  समय को कुशलतापूर्वक प्रतिबंधित करने में सक्षम है तो आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करने से पीछे नहीं रहेंगे।

**उपसंहार –**अपने पास एक टाइम चेक रखना चाहिए, टाइम लिमिट सेट

करना चाहिए, सभी काम का प्रॉपर प्लान तैयार करना चाहिए, आवश्यक कार्य को प्राथमिकता देना चाहिए ,अपने कार्य को पूरा करने के लिए समय निर्धारित करना चाहिए ,प्रत्येक दिन कुछ समय के लिए ध्यान करना चाहिए, समय प्रबंधन एक समय का कुशलतापूर्वक उपयोग करने की तकनीक है ताकि इसका अधिकतम लाभ उठाया जा सके कहा जाता है कि सफलता की दिशा में पहला कदम कुशल समय प्रबंधन है यदि आप अपने समय का प्रबंधन नहीं कर सकते तो आप अपने जीवन में किसी अन्य हिस्से का प्रबंधन करने में सक्षम नहीं होंगे इसलिए सफलता की दिशा में अपने समय का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करना है यदि आप अपने समय को अच्छी तरह से प्रबंधित करते हैं तो आप अपने कार्यों को बेहतर तरीके से संभाल पाते हैं या कर पाते हैं।

अत: हम सभी समय की महत्व को जानते हैं समय ही व्यक्ति को महान बनाता है समय के महत्व को समझना चाहिए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. Google.com
2. https://him.wikipediya.org.wiki
3. https:// www.ncert.nic.in
4. https://www.thestudyiq.com
5. https://www.hindikiduniya.com

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# संगीत शिक्षक, केन्द्रीय विद्यालय, दापोरिजो (अरूणाचल प्रदेश) टप्पा गायन (उपशास्त्रीय शैली)

**डॉ. निलांभ राव नलवडे***

* (संगीत) विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** टप्पा गायन एक उपशास्त्रीय शैली है जो जटिल एवं लच्छेदार तानों से युक्त होती है। इसकी भाषा पंजाबी, पश्तो तथा उर्दू से मुख्यत: निर्मित होती है। इस गायन शैली में रस और भाव के साथ ही चमत्कार की ओर विशेष ध्यान दिया जाता है।

**उमेश जोशी के अनुसार–** टप्पा गायन हिंदुस्तानी संगीत की एक विशिष्ट शैली होती है जिसमें छोटी लम्बाई के बोल होते है तथा लय में चंचलता होती है। टप्पा हेतु ऐसे रागों का चयन किया जाता है, जिनमें अधिक चंचलता और मधुरता संभव हो। प्राय: इसके लिए मधुर कंठ एवं पतली आवाज की आवश्यकता होती है जिससे कि स्वरों को तेजी से गाने में आसानी हो।

**उत्पत्ति एवं विकास –** टप्पा शब्द की उत्पत्ति 'टप' धातु से मानी जाती है जिसका अभिप्राय है कूदना अथवा आगे की ओर उछलना। टप्पा गायन शैली में स्वरों का क्रम, तानों की जटिलता एवं स्वरों का ऐसा विचित्र प्रयोग होता है कि उछलने का भाव व्यक्त होता है।

लखनऊ के नवाब आसफउद्दौला सन् (1776 – 1797) के राज दरबार में गुलाम रसूल खां नामक एक महान संगीतकार व गायक हुए। जिनके पुत्र का नाम गुलाम नबी था। गुलाम नबी ने टप्पा शैली का अविष्कार किया। उन्होंने अपने पिता से शिक्षा प्राप्त की तथा ख्याल गायन में प्रवीण हुए। गुलाम नबी एक उच्च कोटि के संगीतज्ञ होने के साथ – साथ संगीत के प्रति जिज्ञासु भी थे। वे संगीत में नवीनता प्राप्त करने के लिए ज्यादातर समय यात्रा पर रहते थे। इसी यात्रा में वे पंजाब के ग्रामीण गीतों के गायन की विशिष्ट शैली, स्वरों की जटिलता, एक मात्रा में चार – पॉच स्वरों के टुकडे आदि से वह अत्यधिक प्रभावित हुए। ऊँट पर सवारी करने वाले कबाईली लोगों द्वारा टप्पा लोकगीतों का गायन किया जाता था। इन्हीं गीतों को आधार बनाकर गुलाम नबी (शोरी मियॉ) ने खमाज, काफी, देस, भैरवी, झिंझोटी इत्यादी रागों का चयन कर टप्पा गीतों की रचना की। टप्पे की चंचलता, चपलता तथा तेजी के अनुसार उपयुक्त रागों का चयन कर संगीत जगम में एक नवीन गायन शैली का अविष्कार किया जो कि टप्पा गायन शैली के नाम से प्रसिद्ध हुई। कुछ विद्वान इस शैली की उत्पत्ति प्राचीन बेसरा गीति से मानते है क्योंकि बेसरा गीति में स्वरों का द्रुतलय में प्रयोग होता था जो कि टप्पा गायन से मिलता – जुलता था।

टप्पा गायन शैली अत्यंत कठिन है एवं इसे गाने के लिए कठिन परिश्रम एवं साधना की आवश्यकता होती है। इसकी समय सीमा शास्त्रीय संगीत की अन्य शैलीयों से संक्षिप्त है लेकिन उस संक्षिप्त समय में यह एक चमत्कारिक प्रभाव छोडती है। इसके प्रदर्शन के लिए गले की तैयारी, कण, मुर्की, खटका, तान आदि का प्रयोग तथा निम्न तत्वों की आवश्यकता होती है :

1. **आवाज का गुणधर्म –** गायन में आवाज की प्रकृति का बहुत महत्व है। टप्पा गायन के लिए पतली, लोचदार आवाज तथा तैयार गला होना बहुत जरूरी है। भारी एवं मोटी आवाज इस शैली के लिए साधारणत: अनउपयुक्त है। आवाज का पतलापन स्वरगुच्छों की गति को तेज करने में सहायक होती है एवं दानेदार तानों के लिए उपयुक्त होती है।
2. **टप्पे का प्रशिक्षण –**इसके प्रशिक्षण के लिए उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। गुरूमुख की शिक्षा में ही इसे सीखा जा सकता है। आरंभ में छोटे – छोटे स्वरगुच्छ गले में बिठाये जाते है तथा इसके स्वरूप को प्रदर्शित करने के लिए जिन तानों एवं पलटों की आवश्यकता होती है उनका रियाज कराया जाता है।
3. **विकसित गायन क्षमता –** गला तैयार हो जाने के बाद गले की तैयारी एवं मस्तिष्क की क्रिया में समन्वय होना चाहिए। गायक का स्वर ज्ञान अति उत्तम हो जिससे उसे हर स्वर संगति एवं स्वर गुच्छ का ज्ञान तुरंत हो सके एवं उसके गले में अदायगी भी हो जाए। यह दोनों अंग मस्तिष्क एवं गले के समन्वय से ही संभव है। यदि स्वर गुच्छ समझ में आ जाए एवं गले से अदा ना हो सके या गले की अदायगी की क्षमता है परंतु स्वर गुच्छ समझ में ही ना आए, यह दोनों ही स्थिति टप्पा गायन में बाधक है।
4. **समय की समझ–** टप्पा गायन में समय की समझ अति – आवश्यक है। प्रदर्शन करते समय कौन सी स्वर संगति कब लेना है एवं स्वरों की पुनरावृत्ति से बचते हुए सम पर आने के लिए समझ की आवश्यकता होती है।
5. **तत्काल बुद्धि –** तत्काल बुद्धि में ताल एवं स्वर का समन्वय होता है अर्थात बुद्धि तत्काल यह निर्धारित करती है कि कम समय में अधिक से अधिक कितने स्वर गुच्छे लिए जा सकते है जो ताल की दृष्टि से आवश्यक है। साथ ही बुद्धि यह भी निश्चित करती है कि कब, किस स्वर – संगति से उछलकर दूसरी स्वर – संगति पर पहुॅचना है एवं वहॉ कौन से स्वर का गुच्छा लेकर सम पर आना है।

उपरोक्त आधारभूत तत्वों का विकास रियाज से, अधिकतम बंदिशें कंठस्थ होने से एवं गुरू के सतत् मार्गदर्शन से ही संभव है।

**टप्पा गायकी में उपयोगी तत्वों का विवेचन –** टप्पा शैली अन्य शैलियों की भॉति सम्पूर्ण एवं स्वतंत्र है। जिस प्रकार ख्याल शैली में आलाप, तान, बोलतान, बोल आलाप, उपज एवं ध्रुपद – धमार में नोम् – तोम्, आलाप, लयकारी, उपज, गमक आदि तत्वों की आवश्यकता होती है। उसी प्रकार

टप्पा गायन के लिए भी निम्न तत्वों की आवश्यकता होती है :

1. **कण –** कण का अर्थ है जर्रा, सूक्ष्म स्वर। जैसे पत्थर के अनगिनत टुकडों से बनी बालू या गेहूँ के दानों से बना ढेर। इसमें कण ही होते है। इसी प्रकार सूक्ष्म स्वर मुख्य स्वरों के साथ जोडे जाते है। इस गायकी में मुख्य स्वर के साथ उससे नीचे – ऊपर के स्वर का कण लगाया जाता है एवं प्रमुख स्वर को विशेष दबाव देने पर गले से निकाला जाता है।

2. **मुर्की –** मुर्की का शाब्दिक अर्थ होता है मुडना या घूम जाना। मुर्की का स्वरूप छोटा होता है। कम स्वरों में ही मुर्की बन जाती है। अधिक स्वरों में यह क्रिया आरोह – अवरोह तान का रूप धारण कर लेती है। गाते समय मुर्की के साथ खटका, कण आदि का उपयोग कर उसमें विविधता एवं कठिनता लाते है।

3. **खटका –** संगीत में यह अलंकार है जो प्राकृतिक भी होता है और अभ्यास से भी बनता है। एक समय में खटके में 4 स्वर निकलते है जिसमें मुख्य स्वर के पहले वाला स्वर फिर मुख्य स्वर तक पश्चात् मुख्य स्वर से नीचे वाला स्वर एवं पुन: मुख्य स्वर यह क्रम बनता है। उदाहरण के लिए यपय के खटके में 4 स्वर इस प्रकार होगे 'धपमप'।

4. **फंदा –** फंदा एक या दो स्वरों से नहीं बनता वरन् 4 या 5 स्वरों के समूह में कण एवं गमक का समन्वय होता है। कभी – कभी चार – पॉच स्वरों के इर्द – गिर्द घूमकर फंदा बनाया जाता है जो अत्यंत कठिन हो जाता है। उदाहरण के लिए पधनिधप, मपधपम, गमपमग, रेगमगरे, सारेगरेसा आदि।

5. **जमजमा –**दो स्वरों के पर्याय कम में एक से अधिक बार के प्रयोग विशेष को जमजमा कहा जाता है। टप्पा गायकी में भी इसका प्रयोग होता है परंतु इसकी क्रिया तेज होती है। उदाहरण के लिए निधनिध, पधपध, पमपम, मगमग आदि।

6. **गूंथाव या गूंथाव रीति –** इसमें स्वर क्रम तो होता है परंतु स्वरों का गूंथाव जटिल होता है। गूंथाव रीति में अलंकारों का प्रयोग होता है। यह अलंकार जटिल होते है एवं उनके क्रम परिवर्तन उन्हें और जटिल बना देते है। उदाहरण के लिए गमपपमगरेग, मपधधपमगम, पधनिनिधपमप, धनिसांसांनिधप, निसांरेंरेंसांनिधनि, सारेगंगंरेंसांनिसां आदि।

7. **पेंचदार तान –** ऐसी तान जिसमें घुमाव हो पेंचदार तान कहलाती है। इस तान में स्वरों की क्रिया घुमावदार होती है जो स्वर चक्र बनाकर तान को बडा करती जाती है। यह तान लम्बी नहीं होती क्योंकि इसमें चार – पाँच स्वरों के चक्र के बाद परिवर्तन किया जाता है। प्रत्येक स्वर में उसके आसपास के स्वरों का चक्र बनता है जो पेंच के समान होता है। इसलिए यह क्रिया पेंचदार कहलाती है।

8. **शब्दों का उपयोग –** उपरोक्त सभी अलंकरण में विशेष तथ्य यह भी है कि गाते समय शब्दों का प्रयोग सभी के साथ किया जाता है। गायकी के प्रत्येक अंग (खटका, मुर्की, जमजमा आदि) में शब्दों को जोडा जाता है जो श्रृंगारिकता बढाने में सहायक होते है। केवल आकार के माध्यम से टप्पा गायकी गाने से उसकी विशेषता क्षीण हो जाती है।

9. **टप्पा में उपयोगी ताल –** टप्पे में मुख्यत: पंजाबी, अद्दा, पश्तों, त्रिताल आदि का उपयोग किया जाता है। परंतु ख्याति प्राप्त टप्पा विशेषज्ञ पंजाबी ताल में ही टप्पे सुनते है। इससे यह प्रमाणित होता है कि टप्पे के लिए पंजाबी ताल ही अधिक उपयोगी होती है। इसके साथ –साथ टप्पा गीत की रचना एवं उसके गठन के आधार पर पंजाबी ताल ही अधिक उपयुक्त होती है।

पंजाबी ताल त्रिताल के समान 16 मात्राओं का अवश्य है किंतु बोलों का गठन बिल्कुल अलग है। इसके बोल झूमते हुए चलकर सम पर आते है। ठीक इसी तरह टप्पा गीत भी झूमकर सम पर आता है। यह झूमने की क्रिया टप्पा (बंदिश) एवं ताल में एक समान है । इसलिए पंजाबी ताल में टप्पा गाने से विशेष आनंद आता है। इसमें श्रोता एवं गुणीजन प्रभावित होते है। वर्तमान में पंजाबी ताल का उपयोग कम दिखाई देता है। इसका यही कारण है कि पंजाबी ताल के बोलों में तीन लय बनती है। यह तीनों ही लय चार मात्राओं में एक खण्ड में पूर्ण हो जाती है।

अन्य विभागों में भी लय का यही क्रम बना रहता है। इस लय प्रकार के कारण ही ताल में झूम आती है जो कठिन तो है किंतु उतनी ही आनंददायक भी होती है। इसलिए पंजाबी ताल का प्रयोग कम ही दिखाई देता है। ऐसी स्थिति में गायक टप्पे में अद्दाताल, रूपक, त्रिताल आदि का प्रयोग कर काम चला लेते है। अत: यह कहा जा सकता है कि टप्पे का असली रंग और स्वरूप पंजाबी ताल में गायन करने पर ही प्रकट होता है।

इस प्रकार संक्षिप्त गीत शैली की संक्षिप्त गायकी है, जिसे साधने में काफी श्रम एवं धैर्य की आवश्यकता होती है।

उपरोक्त अध्ययन से ज्ञात होता है कि ऊँट पर सवारी करने वाले कबाईली लोगों के द्वारा टप्पा लोकगीत का गायन किया जाता था, तब ऊँट की चाल के कारण उनके गायन में एक विशेष प्रकार का उतार – चढाव उत्पन्न हो गया होगा जो कि अपने आप में एक विशेष स्वरूप ग्रहण किये हुए था। पंजाब क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों के गले में एक विशेष प्रकार की प्रकृति होती है जिसमें तान लेने की फिरन प्राकृतिक होती है। यही कारण है कि वहॉ के लोक गीतों में टप अंग की तानों का सम्मिश्रण रहता है। अपनी पंजाब यात्रा के दौरान शोरिमियॉ द्वारा इस गायकी को सुना गया। इस गायकी से प्रभावित होकर शोरिमियॉ ने अपने ज्ञान, रचनात्मकता, कल्पनाशीलता तथा अथक प्रयास से इसे एक शास्त्र सम्मत नवीन स्वरूप प्रदान किया एवं संगीत जगत में इसे अलग पहचान दिलाई जिसे हम टप्पा गायकी के नाम से जानते है। वर्तमान में यह अपना पृथक अस्तित्व बनाये हुए एवं अन्य उपशास्त्रीय शैलियों की भॉति इसका भी अपना स्थान है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. डॉ. शर्मा, दीपक 'ग्वालियर घराने की ख़याल गायकी' वर्ष 2014 (प्रथम संस्करण) राधा पब्लिकेंशस, 4231/1, अंसारी रोड़, दरियागंज, नई दिल्ली 110002
2. डॉ. शर्मा, संजीव कुमार 'भारतीय संगीत परम्परा' वर्ष 2014 (प्रथम संस्करण) कल्पना प्रकाशन, बी-1770, जहांगीर पुरी (नीयर एसबीआई) दिल्ली 110033
3. डॉ. शर्मा, मनोरमा 'शास्त्रीय संगीत की परम्परा में पटियाला घराना' वर्ष 2010 (प्रथम) मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, रवीन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, बाणगंगा, भोपाल 462003 (म.प्र.)
4. डॉ. कुमार, अशोक, 'भारतीय संगीत का इतिहास' वर्ष 2014, के. के पब्लिकेशंस, छत्री प्रागंण नई दिल्ली।
5. चौबे, सुशील कुमार, 'हमारा आधुनिक संगीत' वर्ष 1983, उत्तार प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ, उत्तर प्रदेश।
6. जोशी, उमेश 'भारतीय संगीत का इतिहास' वर्ष 1978, मानसरोवर प्रकाशन महल, फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश।
7. पंडित, कृष्णराव शंकर 'ग्वालियर घराना' वर्ष 1966, दिल्ली

विश्वविद्यालय, दिल्ली
8. भातखण्डे, वि.ना. 'क्रमिक पुस्तक मालिका' हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति भाग – 6 संगीत कार्यालय, हाथरस, उत्तर प्रदेश
9. शर्मा, भगवती चरण 'भारतीय इतिहास में संगीत' वर्ष प्रकाशक रविशंकर, खुर्जा (उ.प्र.)
10. श्री खण्डे, सुरेश गोपाल 'शास्त्रीय गायन की शिक्षा प्रणाली' वर्ष 1993, अभिषेक पब्लिकेशंस, चंडीगढ
11. सक्सेना, मधुवाला 'ख्याल शैली का विकास' वर्ष 1985, विराट पब्लिकेशंस, कुरूक्षेत्र (हरियाणा)
12. डॉ. विश्वास, उपेन्द्र 'ग्वालियर की हिन्दी काव्य परम्परा और विकास' वर्ष 2005 (प्रथम संस्करण) अंकुर सांस्कृतिक अकादमी, ग्वालियर, मध्य प्रदेश।
13. डॉ. चौबे, सुशील कुमार 'संगीत के घरानों की चर्चा' वर्ष 1977 (द्वितीय संस्करण) उ.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश।
14. पण्डित लक्ष्मण कृष्ण राव 'भारतीय संगीत के अमर साधक प. कृष्णराव शंकर पण्डित' वर्ष 2002 (प्रथम संस्करण) रविन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, बाणगंगा, भोपाल, मध्य प्रदेश।
15. पंडित तुषार 'भारतीय संगीत के महान संगीतकार पं. शंकर पंडित' कनिष्का पब्लिशर्स डिस्टीब्यूटर्स, अंसारी रोड़, दरियागंज, नई दिल्ली 110002

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# जनांकिकीय परिवर्तन : मानव संसाधन एवं आर्थिक विकास

**डॉ. खुमेश सिंह ठाकुर*  डॉ. जी. एल. मालवीय****

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय, गंज बासौदा (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय, गंज बासौदा (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** हमारे देश में पिछले 75 वर्षों में प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। लेकिन इसके बावजूद औसत आदमी के जीवन–स्तर में विशेष परिवर्तन नही आया है। देश आज भी **अशिक्षा, बेरोजगारी, गरीबी, कुपोषण** जैसी कितनी ही समस्याओं से घिरा हुआ है। तीव्र गति से बढ़ती जनसंख्या ने विकास के लाभों को लील लिया है। भारत में बढ़ती आबादी का **पृथ्वी, जल, वायु** आदि प्राकृतिक संसाधनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। **जनसंख्या, पर्यावरण एवं आर्थिक विकास** एक–दूसरे से घनिष्ठ रूप से संबंधित है और एक–दूसरे पर निर्भर भी है। **जनसंख्या वृद्धि एवं आर्थिक विकास** किसी देश के पर्यावरण को किस प्रकार प्रभावित करते है। यह जनसंख्या के आकार पर, भूमि की उपलब्धता एवं प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है **यह चिंता एवं आत्मचिंतन का विषय है। चिंता इस बात की है कि जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि का प्रभाव राष्ट्र के आर्थिक, प्राकृतिक और अन्य संसाधनों पर पड़ेगा और आत्मचिंतन यह करना होगा कि हमने गलती कहां की और जनसंख्या में हम ठहराव कैसे ला सकते है।**

युवा लोगों की विशाल संख्या के कारण भारत जनसंख्या की दृष्टि से एक सुखद स्थिति में है। इस स्थिति का पूर्ण लाभ उठाने के लिए इन युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्रदान करना होगा। **सुयोग्य मानव संसाधन** ही सही अर्थो में **ज्ञानवान समाज** का निर्माण करेगा और ऐसा होने पर ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का सिक्का चलेगा।[1] रोजगार रहित आर्थिक वृद्धि एक चिंता का विषय है लेकिन दूसरी तरफ, हमें आर्थिक वृद्धि रहित रोजगार नहीं चाहिए। हमें उत्पादनशील रोजगार लाने होंगे।[2] आर्थिक वृद्धि की महत्ता को बढ़ा–चढ़ाकर नहीं आंका जा सकता प्रश्न है आर्थिक वृद्धि द्वारा रोजगार, कीमत स्थायित्व, विदेशी व्यापार और भुगतान संतुलन क्षेत्रकों और प्रदेशों के बीच संतुलित संबंध आदि प्राप्त किए जाए।[3] जैसा कि **अमृत्य सेन ने कहा है 'आर्थिक वृद्धि अमूल्य मानवीय आवश्यकताओं को पूर्ण करने की दिशा में एक साधन है न कि अपने आप में कोई लक्ष्य।'** भारत के विकास संबंधी मामलों के विशेषज्ञ तथा योजना निर्माता बुनियादी शिक्षा, बुनियादी स्वास्थ्य सुविधा, पौष्टिक आहार, प्रजनन, स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण, सस्ता आवास, पर्याप्त पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य परिवेश, सुरक्षित कार्य माहौल, अच्छी सड़के तथा जलमार्ग तथा शारीरिक रूप से सक्षम सभी वयस्कों को रोजगार आदि पर अधिक ध्यान दें तो उनके विकास मूलक प्रयास सफल हो सकते है।[4]

**तालिका क्र.–1: भारत में जनांकिकीय परिवर्तन (1901–2011)**

| वर्ष | जनसंख्या (करोड़ में) | जनसंख्या में वृद्धि या कमी (करोड़ों में) | दशक में प्रतिशत (वृद्धि या कमी) | जन संख्या घनत्व | लिगानुपात (स्त्री प्रति हजार पुरुष) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1901 | 23.8 | – | – | – | – |
| 1911 | 25.2 | +1.4 | +5.7 | – | – |
| 1921 | 25.1 | +0.1 | +0.3 | – | – |
| 1931 | 27.9 | +2.8 | +11.0 | – | – |
| 1941 | 31.9 | +4.0 | +14.2 | – | – |
| 1951 | 36.1 | +4.2 | +13.3 | 117 | 946 |
| 1961 | 43.9 | +7.8 | +21.5 | 142 | 941 |
| 1971 | 54.8 | +10.9 | +24.8 | 178 | 930 |
| 1981 | 68.3 | +13.5 | +24.6 | 216 | 934 |
| 1991 | 84.6 | +16.3 | +23.8 | 274 | 927 |
| 2001 | 102.9 | +18.2 | +21.5 | 324 | 933 |
| 2011 | 121.02 | +18.1 | +17.6 | 382 | 940 |

स्त्रोत– भारत की जनगणना 2001 और 2011

भारत में स्वतंत्रता के पश्चात हुई पहली जनगणना 1961 के अनुसार जनसंख्या 36.11 करोड़ थी जो 2011 की जनगणना के अनुसार बढ़कर 121.02 करोड़ गयी है। शिक्षा जागरूकता चिकित्सा व आर्थिक विकास के फलस्वरूप देश को जनसंख्या की मृत्युदर 2008 में कम होकर 7.6 प्रति हजार हो गई। किन्तु जन्मदर अभी भी 22.8 प्रति हजार बनी हुई है जो इस बात का प्रमाण है कि आने वाले वर्षों में भी जनसंख्या स्थिरीकरण की संभावना बहुत कम है और हमें अभी गरीबी, बेरोजगारी एवं अशिक्षा आदि से निपटने के लिए उचित दीर्घकालीन रणनीति तैयार करनी होगी। अब समय आ गया है कि हम आत्म विश्लेषण करते हुए अपनी अपार जनसम्पदा के विकास की रणनीति विकसित करें ताकि देश की अर्थव्यवस्था इससे लाभान्वित हो सके। ऐसी रणनीति का आधार वैज्ञानिक विकास एवं नियोजन होना चाहिए जिसे मौजूदा साहित्य की भाषा में मानव संसाधन विकास एवं मानव संसाधन प्रबंध कहा जाता है।

**तालिका क्र.-2: भारत में साक्षरता दर (1951 से 2011 तक)**

| वर्ष | व्यक्ति | पुरुष | महिलाएं | स्त्री-पुरुषों में साक्षरता दर का अंतर |
|---|---|---|---|---|
| 1951 | 18.33 | 27.16 | 08.86 | 18.90 |
| 1961 | 28.30 | 40.40 | 15.35 | 25.05 |
| 1971 | 34.45 | 45.96 | 21.97 | 23.98 |
| 1981 | 43.57 | 56.38 | 29.76 | 26.62 |
| 1991 | 52.51 | 64.13 | 39.29 | 24.84 |
| 2001 | 65.38 | 75.85 | 54.16 | 21.70 |
| 2011 | 74.00 | 82.10 | 65.50 | 16.70 |

स्त्रोत-Registrar General India

तलिका क्र. 2 के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि साक्षरता दर 1951 में जो मात्र 18.33 प्रतिशत थी। यह 2011 में बढ़कर 74.00 प्रतिशत हो गई है। इसी अवधि में पुरुषों की साक्षरता 27.16 प्रतिशत से बढ़कर 92.1 प्रतिशत एवं महिला साक्षरता 8.86 प्रतिशत से बढ़कर 65.5 प्रतिशत हो गई है। जो इस बात का प्रमाण है कि साक्षर मानव संसाधनों का उचित दोहन कर विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।

**तालिका क्र.-3: भारत में ग्रामीण एवं शहरी जनसंख्या का स्वरूप**

| वर्ष | जनसंख्या (करोड में) | | शहरी ग्रामीण जनसंख्या अनुपात |
|---|---|---|---|
| | शहरी | ग्रामीण | |
| 1951 | 6.3 | 29.8 | 17.83 |
| 1961 | 7.9 | 36.0 | 18.82 |
| 1971 | 10.9 | 43.9 | 20.80 |
| 1981 | 16.0 | 52.4 | 23.77 |
| 1991 | 21.7 | 62.9 | 26.74 |
| 2001 | 28.4 | 74.0 | 26.72 |
| 2011 | | | |

स्त्रोत-Registrar General India

तालिका क्र. 3 से स्पष्ट है कि शहरी क्षेत्रों में जनसंख्या के दबाव में वृद्धि हो रही है आज का प्रत्येक शिक्षित व्यक्ति शहर में रहकर भौतिकतावादी सुविधाओं का सुख उठाना चाहता है और गांव से शहर की ओर पलायन कर रहा है। गांधीजी का सपना गांव को विकसित करने का था। किन्तु जनसंख्या की अधिकता, बेरोजगारी, आधारभूत सुविधाओं का अभाव, बिजली की कमी, असुरक्षा की भावना आदि ऐसे कारण है जो कि ग्रामीण-शहरी जनसंख्या अनुपात को निरन्तर बढ़ा रहे है।

मानव संसाधनों का उपयोग सही ढंग से किया जाए तो उत्पादन के अन्य संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग हो सकता है तथा अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों की प्राप्ति हो सकती है। लेकिन इसका त्रुटिपूर्ण उपयोग अर्थव्यवस्था को रसातल तक पहुंचा सकता है। मानव संसाधन तथा प्राकृतिक संसाधन एक ही गाड़ी के दो पहियों के समान है जिनका किसी देश की आर्थिक विकास के लिए होना अनिवार्य है जैसा कि **आर्थर लुईस कहते है, 'आर्थिक विकास मानवीय प्रयत्नों का परिणाम है।' प्रो. रिचर्ड डी. गिल के अनुसार 'आर्थिक विकास कोई यांत्रिक प्रक्रिया नहीं है वरन् यह एक मानवीय उपक्रम है, जिसकी प्रगति उन लोगों की कुशलता, गुणो दृष्टिकोणों एवं अभिरूचियों पर निर्भर करती है।'** अतः आज के युग में मानव संसाधन में विनियोग आर्थिक विकास की एक प्रमुख शर्त है एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता है। जब तक देश में उपलब्ध श्रम शक्ति का पूर्णरूपेण विकास नहीं किया जाएगा, जब तक आर्थिक विकास का लक्ष्य अधूरा रहेगा।[5]

**तालिका क्रमांक-4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

आर्थिक विकास का प्रमुख मापक राष्ट्रीय आय है जिसमें निरन्तर वृद्धि हो रही है। प्रथम पंचवर्षीय योजना में जहां राष्ट्रीय आय की वृद्धि दर 3.6% थी जो बढ़कर 11वीं पंचवर्षीय योजना में 8.2% हो गई। नियोजन काल (1950-51 से 2010-11) में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (राष्ट्रीय आय) में जहां 12 गुने से अधिक वृद्धि हुई है। वहीं प्रति व्यक्ति आय में केवल 4 गुने की वृद्धि हो सकी है। इसका प्रमुख कारण जनसंख्या वृद्धि दर का तेज होना है। नियोजन काल में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में 1571 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो वार्षिक दर से 26.2 प्रतिशत के लगभग है। इसी अवधि में प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (प्रति व्यक्ति आय) में 428 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो वार्षिक दर से 7.1 प्रतिशत है।[6] सकल घरेलू उत्पाद को कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में बांटकर यदि विभिन्न क्षेत्रों के सापेक्षित योगदान का विश्लेषण किया जाए तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि समय के साथ-साथ कृषि के हिस्से में कमी हुई है। जबकि उद्योग एवं सेवा के योगदान में उत्तारोत्तार वृद्धि हुई है। जैसा कि तालिका क्र. 5 से स्पष्ट है।

**तालिका क्र.5 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो राष्ट्रों का आर्थिक विकास विभिन्न कारणों से हुआ है। पहले कृषि का मशीनीकरण हुआ फिर आया औद्योगीकरण और उसके बाद में उद्यमों का चरण। आर्थिक प्रगति विकास के निम्न क्षेत्रों से प्रारम्भ होकर निवेश-वाही मध्य वर्गीय की ओर बढ़ा और फिर आई नवाचार-वाही उच्च वर्गीय आर्थिक प्रगति। यह इसलिए है क्योंकि जैसे-जैसे कोई पिछड़ी हुई अर्थव्यवस्था विकास करती है प्राथमिक गतिविधियों का महत्व धीरे-धीरे कम होने लगता है लगभग सभी विकसित देशों में देखा गया है कि उद्योगों के विकास के साथ-साथ तृतीयक गतिविधियों का भी विकास हुआ है जबकि प्राथमिक गतिविधियों (विशेष रूप से) कृषि के सापेक्षित महत्व में कमी आई है। इसके अतिरिक्त कृषि में लगी श्रम शक्ति की अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि होने से वास्तविक राष्ट्रीय आय के स्तर में वृद्धि हुई है।[7] विश्व के कुछ देशों के सकल घरेलू उत्पाद के तीनों क्षेत्रों के योगदान की स्थिति को तालिका क्र. 6 में दर्शाया गया है।

**तलिका क्र. 6 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका क्र. 6 से स्पष्ट होता है कि विकसित देशों के सकल घरेलू उत्पाद में प्राथमिक क्षेत्र का योगदन 1-2% के लगभग है जबकि सेवा क्षेत्र में उनका योगदान 70% से अधिक है जबकि विकासशील देशों में 70% से कम है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि भारत के जी.डी.पी. में संरचनात्मक परिवर्तन तो हुए है किन्तु व्यावसायिक संरचना में समानान्तर परिवर्तन दिखाई नहीं देता है। अभी भी सर्वाधिक जनसंख्या को प्राथमिक क्षेत्र से ही रोजगार प्राप्त हो रहा है। वर्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट 1997 के अनुमान के अनुसार 1990 में विकसित देशों में 45% से 70% श्रमशक्ति तृतीयक व्यवसायों में कार्यरत थी जबकि भारत में केवल 20% श्रमशक्ति ही तृतीयक व्यवसाय में थी।[8]

**तालिका क्र.-7 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका क्र. 7 से स्पष्ट है कि 2007-08 तक प्राथमिक क्षेत्र में जनसंख्या का प्रतिशत कम हुआ जो 1951 के 72.7% से घटकर 55.9% हो गया कृषि पर निर्भरता में थोड़ी कमी हुई है। द्वितीयक क्षेत्रों में कार्यरत

लोगों की संख्या भी बढ़ी है किन्तु विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। कृषि क्षेत्र से औद्योगिक एवं तृतीयक क्षेत्र की ओर लोगो का आंतरण बहुत कम हुआ है जिसके परिणामस्वरूप कृषि भूमि पर जनसंख्या का दबाव बढ़ता गया और व्यापक स्तर पर मानवीय संसाधनों का पूर्ण उपयोग नहीं किया जा सका जो आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है।

**तालिका क्र. 8: भारत की आयुवर्गानुसार प्रक्षेपित जनसंख्या (दस लाख में)**

| आयु वर्ग /वर्ष | 2006 | 2011 | 2016 | 2026 |
|---|---|---|---|---|
| 0-14 | 360 (32.3) | 351 (29.3) | 343 (26.9) | 326 (23.2) |
| 15-64 | 702 (63.03) | 780 (65.2) | 854 (67.0) | 967 (68.5) |
| 65+ | 52 (4.7) | 66 (5.5) | 78 (6.1) | 116 (8.2) |
| योग- | **1114 (100)** | **1197 (100)** | **1275 (100)** | **1411 (100)** |

स्त्रोत- स्टेटिस्टिकल आउटलाईन ऑफ इण्डिया 2006-07

उपरोक्त तालिका क्र. 8 से स्पष्ट है कि भविष्य में कार्यशील आयु वर्ग के प्रतिशत में वृद्धि होने की संभावना है। अत: यह आवश्यक है कि मानव संसाधन का ऐसा प्रबंधन करे जिससे कि न सिर्फ हमारी राष्ट्रीय आय में तेजी से वृद्धि हो बल्कि अर्थव्यवस्था के तीनों क्षेत्रों का विकास हो **योजना आयोग के इंडिया विजन 2020 के अनुसार** 2020 में सकल घरेल उत्पाद में कृषि का भाग 6 प्रतिशत उद्योग का भाग 34 प्रतिशत तथा सेवा क्षेत्र का भाग 60 प्रतिशत रहने का अनुमान है। अत: आवश्यक है कि भविष्य में कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने के उपायों के साथ-साथ इस क्षेत्र की अतिरिक्त जनसंख्या के लिये कृषि के अतिरिक्त रोजगार सृजित किये जाये। **इसमें कोई दो राय नहीं है कि दुनिया में भारत के पास सबसे युवा आबादी है लेकिन यह तादात अशिक्षित, अप्रशिक्षित और कौशल से विहीन भीड़ के रूप है।** विश्व की सबसे युवा और कामकाजी आयु समूह की आबादी होने के बावजूद योग्य, प्रतिभाशाली और कुशल कर्मचारियों का देश में भारी अभाव है। अफसोस हमारा **जनसांख्यिकीय लाभांश विकास की खामियों के कारण जनसांख्यिकीय अभिशाप** बनने की दिशा में बढ़ता जा रहा है। 2010 में भारत की बेरोजगारी दर 3.8 फीसदी थी लेकिन युवा पुरुषों में बेरोजगारी दर 9.9 फीसदी और युवा महिलाओं में बेरोजगारी दर 11.3 फीसदी थी। युवाओं में बेहद ऊंची बेरोजगारी हमारे आर्थिक विकास की मूक आलोचना है। चूंकि हमारा विनिर्माण क्षेत्र टूट पड़ा है और सेवा क्षेत्र में इस विशाल आबादी को खपाया नहीं जा सकता है। अगर अर्थव्यवस्था को ऊंची विकास दर के स्थायी रास्ते पर लाना है और विकास का फल सब लोगों तक पहुंचाना है तो **समावेशी ऊंची विकास दर के लिए आधारभूत चीजों की तरफ लौटना ही होगा।**[10]

भूमि प्रकृति का वह अनुपम उपहार है जो बुनियादी रूप से हमारे जीवन के विकास के लिए अनिवार्य है। डॉ. सी. सुब्रहमण्यम और कुछ सुविख्यात व्यक्तियों के अनुसार भारत में केवल कृषि और ग्रामीण विकास तथा कृषि आधारित ग्रामोद्योग लाखों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा सकता है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र में पूंजी निवेश को बढ़ावा देना होगा।[11] जबसे मानव सभ्यता शुरू हुई है तभी से कृषि के साथ-साथ पशुपालन, डेयरी और मछलीपालन की गतिविधियां मानव जीवन का अभिन्न अंग रही है। इन गतिविधियों में न केवल खाद्यान्न और भारवाही पशुशक्ति ने अपने योगदान को बनाए रखा है बल्कि परिस्थितिकी संतुलन भी बनाए रखा है।[12] इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन का ऐसा क्षेत्र है जिसमे रोजगार की भारी सभावनाएं है। यह भारत के हर आर्थिक-सामाजिक वर्ग को उनके विकास में सकारात्मक सहयोग देता है। आई. टी. और आई.टी. जनित सेवा क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की संख्या जहाँ 2000-01 में 5,20,000 थी. वही 2011-12 में 28,00,000 हो गयी है। एक रिपोर्ट के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक उद्योग में 2020 तक लगभग 32,00,000 लोगों को रोजगार प्रदान करने की संभावित क्षमता है बशर्ते इसकी वृद्धि दर 16 प्रतिशत पर बनाये रखें। अगर हम इस क्षेत्र पर समुचित ध्यान दे तो यह आंकड़ा 2 करोड़ 80 लाख तक पहुंच सकता है।13 इस प्रकार, इस उद्योग में मानव संसाधन संबंधी आवश्यकता को पूरी करने की भारी संभावना है।

किसी देश के मानवीय संसाधन अर्थात् जनसंख्या का अध्ययन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। फरवरी-मार्च 2011 में सम्पन्न हुई देश की पन्द्रहवी जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 121 करोड़ से अधिक हो गई है। 2016 तक भारत की प्रक्षेपित जनसंख्या 127.5 करोड़ एवं 2026 तक 141.1 करोड़ होने की संभावना है। **जिसमें से 2016 में 67.0 प्रतिशत एवं 2026 तक 68.5 प्रतिशत जनसंख्या कार्यशील आयु वर्ग** की होगी। जनसंख्या ही देश की वास्तविक परिसम्पत्ति है। किसी देश का आर्थिक विकास तथा सुख-समृद्धि एक बड़ी सीमा तक वहां की जनसंख्या संबंधी बातों पर निर्भर करती है। इस दृष्टि से देश की अर्थव्यवस्था का विकास और समृद्धि का निर्धारण मानव संसाधनों के कुशल उपयोग पर निर्भर करता है। क्योंकि मनुष्य उत्पादन का जहां एक महत्वपूर्ण सक्रिय साधन है वहीं यह उसका साध्य भी है।

आधुनिक भारत के लिए **मानव संसाधनों का विकास आज भी प्रासंगिक है।** भारत में मानव संसाधन के क्षेत्र में विश्व में अपना सिक्का जमाने का सामर्थ्य है। विशाल जनसंख्या का लाभ उठाते हुए यह काम हम भली-भाँति कर सकते है। हमें बस इतना करना है कि लोगों को रोजगार परक उपयोगी शिक्षा और प्रशिक्षण देने के लिए समय से और समय पर कदम उठाना होगा। कृषि हमारी अर्थव्यवस्था का आधार है इस तथ्य को ध्यान में रखते हुये ग्रामीण क्षेत्रों में लघु, कुटीर एवं ग्रामीण उद्योगों की संरचना तैयार करने के साथ ही निर्माण एवं विनिर्माण की इकाईयाँ जहां अधिकतम रोजगार सृजन की संभावना है, बीमा, पर्यटन, सूचना तकनीक एवं सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं जैसी बुनियादी क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि मानव संसाधनों का पूर्ण उपयोग करते हुये विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। भारतीय लोकतंत्र के लम्बे जीवन के लिए इस युवा आबादी को भीड़ में तब्दील करने की बजाय प्रशिक्षित युवा कामकारों में बदलना ही होगा। **देश को युवा भीड़ के रूप में टाइम बम चाहिए या काबिल वर्कफोर्स, फैसला हमारे नीति-निर्माताओं को करना है।**

**भारत एक अरब लोगों का राष्ट्र है। एक राष्ट्र की तरक्की उसके नागरिकों की मानसिकता पर निर्भर करती है क्योंकि विचार ही अंतत: कार्य में परिणत होते है भारत को एक अरब जनसंख्या वाले राष्ट्र के रूप में ही सोचना होगा। विचारों से सम्पन्न, समृद्धि के विचारों से सम्पन्न युवा मानस को पूर्णतया विकसित होने का मौका दिया जाए।**

**- ए.पी.जे. अब्दुल कलाम**

**संदर्भ ग्रन्थ सूची :-**

1. मोहन मदन : उच्च शिक्षा वर्तमान परिदृश्य और भावी चुनौतियां, योजना, वर्ष : 54 अंक : 6, जून 2010, पृ.क्रं. 13

2. देव एस. महेन्द्र : रोजगार और आर्थिक वृद्धि : नीतियां और रूझान योजना, वर्ष : 58, अंक : 10, अक्टूबर 2013, पृ.क्रं. 11
3. काबरा कमल नयन : आर्थिक वृद्धि और न्यायपूर्ण जन समायोजन, योजना, वर्ष : 58, अंक : 10, अक्टूबर 2013, पृ.क्रं. 17
4. जैन मधु : आर्थिक विकास में मानव पूंजी, योजना, वर्ष : 54, अंक : 6, जून 2010, पृ.क्रं. 36
5. जैन मधु : आर्थिक विकास में मानव पूंजी, योजना, वर्ष : 54, अंक : 6, जून 2010, पृ.क्रं. 35
6. गोयल अनुपम : यूनिफाईड अर्थशास्त्र, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी, इन्दौर पृ.क्रं. 43
7. मिश्र एस.के. एवं वी.के. पुरी : भारतीय अर्थव्यवस्था हिमालया पब्लिशिंग हाउस, 2008 दिल्ली, पृ.क्रं. 11
8. वर्ल्ड बैंक, वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट, 1997, सारणी क्र. 4, पृ.क्रं. 20, मिश्रा एवं पुरी, भारतीय अर्थव्यवस्था 2008, पृ.कं. 112 से उद्धृत
9. रिपोर्ट ऑफ द कमेटी ऑन इंडिया विजन 2020 दिसम्बर 2002 प्लानिंग कमीशन ऑफ इंडिया, न्यू देहली
10. कुमार अरविन्द सेन : जनसांख्यिकी लाभांस या जनसांख्यिकी अभिशाप, योजना, वर्ष : 58 अंक : 10 अक्टूबर 2013, पृ.क्रं. 25
11. उपाध्याय प्रदीप : बढ़ती आबादी, सिकुड़ते संसाधन, योजना, वर्ष : 42, अंक : 4, जुलाई 1998, पृ.क्रं. 6
12. शंकर रवि : गरीबी उन्मूलन और पशुपालन, योजना, वर्ष : 58, अंक : 10, अक्टूबर 2013, पृ.क्रं. 17
13. सत्यनारायण जे : भारत में इलेक्ट्रॉनिक उद्योग का महत्व, योजना, वर्ष : 56, अंक : 8, सितम्बर 2012, पृ.क्रं. 15

**तालिका क्रमांक-4: विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं में क्षेत्रवार उपलब्धि का आंकलन**

| क्र. | योजना/योजनावधि | विकास दर लक्ष्य (%) | वास्तविक विकास दर (%) | वृद्धिदर (%) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कृषिक्षेत्र | उद्योगक्षेत्र | सेवा क्षेत्र |
| 1 | पहली योजना (1951-50) | 2.1 | 3.6 | 2.71 | 5.54 | 4.17 |
| 2 | दूसरी योजना (1956-61) | 4.5 | 4.2 | 3.15 | 5.59 | 4.94 |
| 3 | तीसरी योजना (1961-66) | 5.6 | 2.7 | -0.73 | 6.28 | 5.26 |
| 4 | चौथी योजना (1969-74) | 5.7 | 2.1 | 2.57 | 4.91 | 3.22 |
| 5 | पांचवी योजना (1974-79) | 4.4 | 4.8 | 3.28 | 6.55 | 5.66 |
| 6 | छठी योजना (1980-85) | 5.2 | 5.4 | 2.52 | 5.32 | 5.41 |
| 7 | सातवी योजना (1985-90) | 5.0 | 6.0 | 3.47 | 6.77 | 7.19 |
| 8 | आठवी योजना (1992-97) | 5.0 | 6.7 | 3.60 | 9.00 | 7.90 |
| 9 | नौवीं योजना (1997-02) | 6.5 | 5.4 | 2.06 | 4.51 | 7.78 |
| 10 | दसवीं योजना (2002-07) | 8.0 | 7.8 | 2.13 | 8.90 | 9.28 |
| 11 | ग्यारहवीं योजना (2007-12) | 7.8 | 8.2 | 3.5 | 7.4 | 9.90 |

स्त्रोत- 1. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) योजना आयोग, भारत सरकार।
2. बारहवीं पंचवर्षीय योजना का दृष्टिपत्र योजना आयोग भारत सरकार।

**तालिका क्र-5: भारत में सकल घरेलू उत्पाद का क्षेत्रवार वितरण (आकड़े प्रतिशत में)**

| क्षेत्र | 1950-51 | 1970-71 | 1990-91 | 2005-06 | 2009-10 | वृद्धि एवं कमी (1950-51 से 2009-10) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्राथमिक क्षेत्र | 56.7 | 46.0 | 34.0 | 21.7 | 16.1 | -40.6 |
| द्वितीयक क्षेत्र | 13.7 | 20.4 | 23.2 | 24.3 | 28.6 | +14.9 |
| तृतीयक क्षेत्र | 29.6 | 33.6 | 42.8 | 54.0 | 55.3 | +25.6 |
| सकल घरेल उत्पाद | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | |

स्त्रोत- आर्थिक समीक्षा 2007-08 एवं इंटरनेशनल मॉनीटरी फंड वर्ड इकोनॉमिक आउटलुक 2010

**तलिका क्र. 6 : विभिन्न देशों में सकल घरेलू उत्पाद का क्षेत्रवाद वितरण (आकडे प्रतिशत में)**

| **देश** | **कृषि** | | | **उद्योग** | | | **सेवा** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1970 | 1993 | 2010 | 1970 | 1993 | 2010 | 1970 | 1993 | 2010 |
| **विकसित देश** | | | | | | | | | |
| कनाडा | 4 | – | 2 | 36 | – | 20 | 59 | – | 78 |
| फ्रांस | – | 3 | 1.8 | – | 29 | 19.2 | – | 69 | 79 |
| इटली | 8 | 3 | 1.8 | 41 | 32 | 24.9 | 51 | 65 | 73.3 |
| जापान | 6 | 2 | 1.1 | 47 | 41 | 23 | 47 | 57 | 75.9 |
| ब्रिटेन (यू.के.) | 3 | 2 | 0.9 | 44 | 43 | 22.1 | 53 | 65 | 77.1 |
| अमेरीका | 3 | – | 1.2 | 34 | – | 22.2 | 63 | – | 76.0 |
| जर्मनी | 3 | 1 | 0.8 | 49 | 38 | 27.9 | 47 | 61 | 71.3 |
| रूस | – | 9 | 4.2 | – | 51 | 33.8 | – | 39 | 62 |
| **विकासशील देश** | | | | | | | | | |
| ब्राजील | 12 | 11 | 6.1 | 38 | 37 | 26.4 | 49 | 52 | 67.5 |
| भारत | 45 | 31 | 16.1 | 22 | 27 | 28.6 | 33 | 41 | 55.2 |
| चीन | 34 | 19 | 9.6 | 38 | 48 | 46.8 | 28 | 33 | 43.6 |
| पाकिस्तान | 37 | 25 | – | 22 | 25 | – | 41 | 50 | – |
| इण्डोनेशिया | 45 | 19 | – | 19 | 39 | – | 36 | 42 | – |
| दक्षिण कोरिया | 25 | 07 | – | 29 | 43 | – | 46 | 50 | – |
| नाइजीरिया | 41 | 34 | – | 14 | 43 | – | 45 | 24 | – |

स्त्रोत– विश्व विकास रिपोर्ट एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष– वर्ड इकोनामिक आउटलुक 2010

**तालिका क्र.–7: भारत में जनसंख्या का व्यावसायिक विभाजन (आंकड़े प्रतिशत में)**

| **क्षेत्र** | **1951** | **1961** | **1971** | **1981** | **1991** | **1993–94** | **2004–05** | **2007–08** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्राथमिक क्षेत्र | 72.7 | 72.3 | 72.6 | 69.3 | 67.4 | 64.5 | 57.0 | 55.9 |
| द्वितीयक क्षेत्र | 10.0 | 11.3 | 10.7 | 12.9 | 12.1 | 14.3 | 18.2 | 18.7 |
| तृतीयक क्षेत्र | 17.3 | 16.0 | 16.7 | 17.8 | 20.5 | 21.2 | 24.8 | 25.4 |
| कुल | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |

स्त्रोत– आर्थिक सर्वेक्षण 2010–11

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# महादेवी वर्मा और स्त्री विमर्श

**डॉ. श्रीमती बिन्दू परस्ते***

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** हिंदी साहित्य में नारी विमर्श की जहाँ तक बात है तो बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से हमारे देश में जो नारीवादी आंदोलन हुए उन आन्दोलनों से भारतीय साहित्य काफी प्रभावित हुआ है। इसकी पृष्ठभूमि के रूप में यूरोप और अमेरिका की जिस नारीवादी विचारधारा के प्रभाव के कारण ऐसा हुआ है वह स्वीकार करने के बावजूद कहा जा सकता है कि स्त्री विमर्श कभी तो संसार की समस्त नारियों द्वारा समस्त पुरूषों का विरोध करने वाली विचारधारा के रूप में उभरकर सामने आया।

आधुनिक हिंदी साहित्य में नारी, चेतना और सर्जना के बीचों बीच खड़ी दिखाई देती है। पश्चिम के प्रभाव के कारण इस बात में नई चेतना का विकास हुआ। हिंदी साहित्यकारों ने स्त्री पात्रों के प्रति पूरी संवेदना के साथ उनकी महानता का चित्रण किया है। डॉ. ओमप्रकाश लिखते हैं – सन् 1904 में प्रगतिशील महिला संगठन का गठन हुआ इसमें बाद महिला मुद्दों को अखबारों, पत्रिकाओं आदि में प्रमुख स्थान मिलने लगा।

महादेवी वर्मा का नारी चिंतन लेखन नारी की चेतना और आत्मपीड़ा की अभिव्यक्ति के साथ नारी स्वातसुरत्य पर भी जोर देता है। महादेवी जब स्त्री स्वतंत्रता की बात करती हैं तब सवाल यह उठता है कि वे कैसी स्वतंत्रता चाहती है स्त्री की स्वतंत्रता की चाह परिवार को तोड़ने की चाह नहीं हो सकती उसे जोड़ने की होनी चाहिए।

हिंदी की सर्वाधिक प्रतिभावान कवयित्रियों में से एक महादेवी वर्मा का जन्म होली के पावन पर्व 26 मार्च 1907 को उत्तरप्रदेश के फर्रूखाबाद जनपद में हुआ था। उनके परिवार में लगभग 200 वर्षो या सात पीढ़ियों के बाद पहली बार पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई थी। उनके बाबा बाबू बांके बिहारी ने हर्षोल्लास से इन्हें घर की देवी–महादेवी मानते हुए पुत्री का नाम महादेवी रखा। नौ वर्ष की बाल्यावस्था में ही इनकी शादी 1916 में बरेली (नवाबगंज) के श्री स्वरूप नारायण वर्मा से कर दिया। कुरीतियों को तोड़ने का दम रखने वाली महादेवी ने अपने बाल विवाह को नकार दिया। आजीवन अविवाहित जीवन व्यतीत करते हुए उन्होंने शब्दों से दोस्ती प्रगाढ़ की। विचारों की फसल बोई और अंतिम समय तक उसे सींचती रही। 50 से अधिक वर्षो। तक फैला उनका लेखनी संसार आज भी हिंदी साहित्य की पूँजी मानी जाती है। कवि के रूप में उनकी छबि निजी जीवन के दुख–सुख को कविता में व्यक्त करने वाली विरह कातर स्त्री बनी। समय के नैतिक आग्रहों ने उसमें रहस्यवाद खोज लिया और काफी समय तक वे आधुनिक युग की मीरा के रूप में जानी–पहचानी गई।

हिंदी साहित्य में महादेवी की गिनती हिंदी कविता के छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभ – सुमित्रानंदन पंत, जयशंकर प्रसाद और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के साथ की जाती है। महादेवी ने खड़ी बोली हिंदी को कोमलता और मधुरता से संसिक्त कर सहज मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति का द्वार खोला, विरह को दीपशिखा का गौरव दिया, व्यष्टिमूलक मानवतावादी काव्य के चिंतन का प्रतिष्ठापित किया। यही कारण है कि कवि निराला ने उन्हें हिन्दी के विशाल मंदिर की सरस्वती भी कहा है। महादेवी ने स्वतंत्रता के पहले का भारत भी रेखा और उसके बाद का भी। वे उन कवियों में से एक हैं जिन्होंने व्यापक समाज में काम करते हुए भारत के भीतर विद्यमान हाहाकार, सदन को देखा, परखा और करूण होकर अंधकारमय काली बदरी को दूर करने वाली दृष्टि देने की कोशिश की। उन्होंने मन की पीड़ा को इतने स्नेह और श्रृंगार से सजाया कि दीपशिखा में वह जन–जन की पीड़ा के रूप में स्थापित हुई और उसने केवल पाठकों को ही नहीं समीक्षकों को भी गहराई तक प्रभावित किया।

एक लंबे इतिहास की पैठ में महादेवी को जिस स्टीरियों में कैद कर दिया गया तथा 'मैं नीर भरी दुख की बदली' तक ही सीमित कर दिया गया जबकि वे अपने विचारों में स्त्री पराधीनता को, उनके मुक्ति के स्वप्न को चरम पर रखती है। उन्होंने नारी मन को न केवल गहरे तक टटोल कर स्त्री विमर्श की शुरूआत की बल्कि आज से करीब आठ दशक पहले कुरीतियों को नकारने का साहस भी दिखाया था। स्त्रियों की स्थिति के बारे में कलम के जरिये पहली आवाज उन्होंने ही उठाई। उनसे पहले ऐसा किसी ने नहीं किया और आज जो स्त्री विमर्श की बात होती है उसकी शुरूआत महादेवी वर्मा ने ही की, दरअसल वे आधुनिक भारत में स्त्री–विमर्श की जननी है। श्रृंखला की कडियों में स्त्रियों की मुक्ति और विकास के लिए उन्होंने जिस साहस व दृढ़ता से आवाज उठाई है और जिस प्रकार सामाजिक रूढ़ियों की निंदा की है उससे उन्हें महिला मुक्तिवादी भी कहा गया है। महिलाओं व शिक्षा के विकास के कार्यो और जनसेवा के कारण उन्हें समाज सुधारक भी कहा गया है। प्रथम महिला विद्यापीठ की संस्थापिका और फिर लंबे अर्से तक प्राचार्य पद पर रही। उनके संपूर्ण गद्य साहित्य में पीड़ा या वेदना के कही दर्शन नहीं होते बल्कि अदम्य रचनात्मक रोष समाज में बदलाव की अदम्य आकांक्षा और विकास के प्रति सहज लगाव परिलक्षित होता है। आर्थिक स्थितियों में नारियों की भागीदारी पर महादेवी लिखती है कि 'आर्थिक स्वतंत्रता के बिना नारी स्वतंत्र' नहीं हो सकती। अपनी वर्तमान स्थिति के विरूद्ध जब तक वह स्वयं विद्रोही तेवर के साथ खड़ी नहीं होती तब तक उसका उद्धार संभव नहीं है। इसके पीछे महादेवी वर्मा का मानना है कि भारत में ही नहीं संपूर्ण दुनिया में नारी आदिम काल से शोपित और उत्पीड़ित रही है। उन्होंने नारी की वेदना, उसकी छटपटाहट, उसकी पराधीनता को शब्दबद्ध करते हुए उसकी गरिमा

को रेखांकित किया है। शृंखला की कड़ियाँ पढ़ने के बाद ऐसा एहसास देता है कि यह हिंदी स्त्रीवादी लेखन का अप्रितम उदाहरण है क्योंकि शृंखला की सभी कड़ियाँ स्त्री गुलामी की कड़ियाँ है। इसलिए आलोचक प्रो. मैनेजर पाण्डेय ने शृंखला की कड़िया का महत्व बताते हुए कहा है कि ऐसा लगता है कि नारीवादी और अन्य लेखिकाएँ भी शृंखला की कड़ियाँ के महत्व से पूरी तरह परिचित नहीं है। वे 'सिमोन द बुआ' की किताब पढ़ती है लेकिन महादेवी वर्मा की शृंखला की कड़ियाँ नहीं क्योंकि वह हिंदी में लिखी गई फ्रेंच या अंग्रेजी में नहीं।

पेंटिंग की शोकीन महादेवी वर्मा ने अपनी जिन भावनाओं को 'दीपशिखा' और 'यामा' ने शब्दों में बाँधा थी, उन्हीं पर रंगों से कागज पर चित्रकारी भी की थी। हिंदी साहित्य की अमिट हस्ताक्षर महादेवी वर्मा की 'यामा' को हिंदी साहित्य की सर्वोच्च सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया। 1956 में भारत सरकार ने उन्हें पद्यमभूषण से सम्मानित किया। 1979 में साहित्य अकादमी की फेलो बनने वाली वह पहली महिला हैं। 1988 में उन्हें पद्मभूषण से भी सम्मानित किया गया। कविता संग्रह (नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, दीपशिखा, सप्तषर्णा, प्रथम आयाम और अग्निटेला) रेखाचित्र (अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएँ) संस्करण पल के साथी, मेरा परिवार, निबंध (शृंखला की कड़ियाँ, विवेचनात्मक गद्य) साहित्यकार की आस्था तथा अन्य निबंध संकल्पित, हिमालय, क्षणदा) जैसी कालजयी कृति के रचयिता महादेवी वर्मा का 11 सितम्बर 1987 को निधन हो गया। उनके निधन से हमने एक ऐसे साहित्य विभूति को खो दिया जिन्होंने अपने समय के सभी प्रासंगिक विषयों पर लेखनी चलायी। स्त्री जीवन की समस्याओं पर महादेवी ने जिस गंभीर सरोकार से लिखा है उसमें स्त्री–विमर्श के पैराकारों और प्रवक्ताओं को 21वीं सदी में साथ लिये चलने के लिए बहुत कुछ मिलेगा। परिवार, धर्म, परम्परा, समाज और राजसत्ता किसी के वर्चस्व से वे भयभीत नहीं हुई। भारत के साहित्य आकाश में महादेवी वर्मा का नाम ध्रूव तारे की भाँति प्रकाशमान है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. महादेवी वर्मा – शृंखला की कड़ियाँ
2. नासिरा शर्मा – आधा आबादी और इलाहाबाद

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में नारियों का योगदान

**डॉ. कुन्ती वराठे***

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय महाविद्यालय, बम्हनी बंजर, मण्डला (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** स्वाधीनता प्राणिमात्र का जन्मसिद्ध अधिकार है। इसी से आत्म सम्मान और आत्म उत्कर्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। भारतीय राष्ट्रीयता को दीर्घावधि तक विदेशी शासन की कुटिल-उप निवेशवादी नीतियों के चलते परतंत्रता का दंश झेलने को मजबूर होना पड़ा था और जब ब्रिटिश शासन के क्रूरतम कृत्यों से भरी अपमानजनक स्थिति चरम सीमा पर पहुँच गई थी। तब जनमानस उद्वेलित हो उठा था। अपनी राजनैतिक-सामाजिक-आर्थिक पराधीनता से मुक्ति के लिए सन् 1857 से सन् 1947 की दीर्घावधि तक राष्ट्रभक्तों ने तन-मन जीवन अर्पित कर दिया था। क्रांति की ज्वाला ने सिर्फ पुरुषों को ही नहीं बल्कि वीरांगनाओं को भी उसी आवेग से आकृष्ट किया था। भारत में सदैव से नारी को श्रद्धा की देवी माना गया है, यही नारी जरुरत पड़ने पर चंडी बनने से परहेज नहीं करती। स्त्रियों की दुनियॉ घर के भीतर है, शासन-सूत्र का सहज स्वामी तो पुरुष ही है, अथवा शासन व समर से स्त्रियों का सरोकार नही, जैसी तमाम पुरुषवादी मान्यताओं को नकारते हुए इन वीरांगनाओं के बिना स्वाधीनता की दास्तान अधूरी है, जिन्होने अंग्रेजों को लोहे के चने चबवा दिया। इन वीरांगनाओं में से अधिकांश अपनी योग्यता की बदौलत उच्चतर मुकाम तक पहुँची।

सन् 1757 ई. से सन् 1857 ई. तक भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा भारत के शोषण का एक लंबा दौर चला। लगभग 100 वर्षो के दौरान अंग्रेज यह समझ चुके थे कि भारत का दोहन संभव है और इससे अनेक आर्थिक लाभ हो सकते हैं। 1757 ई. में संयासी युद्ध के पश्चात् अंग्रेजी शासन की नींव मजबूत होने लगी थी। यहीं से स्वतंत्रता आंदोलन की नींव पड़ने लगी। बंगाल में सन्यासी लोग प्रबल हो गये ओर उन्होने 1770 ई. में आन्दोलन भी किया। संभवत: उन्हें सफलता नहीं मिली क्योकि ब्रिटिश सेना का मुकाबला कर नहीं सके। 1757 से 1762 के बीच अगर राजनैतिक शक्तियां एक जुट होकर प्रयत्न करती तो शायद अंग्रेजी सत्ता को उखाड़ फेंकते अगर एकता होती। इसका फायदा अंगेजों ने उठाया और धीरे-धीरे संपूर्ण भारत पर एकाधिकार कर लिया। 1857 की क्रांति में देश के छोटे बडे सभी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में स्त्री-पुरुष ने अंग्रेजों के विरुद्ध आजादी की लड़ाई लड़ी। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। देश की आजादी के लिये उन्होने अपना सर्वस्य न्योछावर कर इतिहास में अमर हो गई जिनकी वीर गाथाएँ सदैव भारतीयों के मस्तिष्क पटल पर रहेगी। झांसी की रानी लक्ष्मी बाई ने 1857 की क्रांति में अंग्रेजी सत्ता की नींव हिला दी थी। वीरता पूर्वक उन्होंने अंग्रेजों से युद्ध करती रही किंतु अंत में वीरगति को को प्राप्त हुई। इस युद्ध में रानी ने अपनी वीरता व पराक्रम का परिचय दिया साथ ही रानी की सहयोगी झलकारी बाई और मोती बाई ने भी वीरगति पाई रानी ने अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की एंव देश की आजादी के लिये संघर्ष करती रही। सन् 1857 की क्रांति में झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई की वीरता को देखकर अंग्रेज हैरान थे। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में रानी लक्ष्मीबाई ने झाँसी में ब्रिटिश सेना को कड़ी टक्कर दी थी। वीरतापूर्वक युद्ध किया और वीरगति को प्राप्त हुई। उनकी मृत्यु हो जाने के बाद जनरल ह्यूरोज ने कहा था कि- 'यहाँ वह औरत सोई है जो विद्रोहियों में एक मात्र मर्द थी।'

आंदोलन में पुरुषों के साथ स्त्रियों ने भी सहभागिता प्रदान की जिसमें 1857 ई. सैनिक विद्रोह में लखनऊ में अवध की महारानी बेगम हजरत महल ने नेतृत्व संभाला। बेगम ने लखनऊ के सिपाहियों तथा अवध के किसानों एंव जमींदारों के साथ अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया 31 मई 1857 को विद्रोह प्रारंभ हुआ बेगम ने अमूल्य योगदान दिया। नाना साहब की पुत्री मैना 1857 की क्रांति के दौर में गिरफ्तार हो चुकी थी जनरल आउटट्रम ने उससे क्रांतिकारियों के पता-ठिकाना बताने के लिये प्रताड़ित किया किंतु उसने कहा- 'मेरी मृत्यु ब्रिटिश शासन के पतन का कारण बनेगी' उस बात से आउटट्रम ने वृक्ष से बांधकर उसकी चिता तैयार कर आग लगाने का हुकुम दिया इस तरह मैना मौत के मुहँ में चली गई डरी नहीं न ही किसी का पता बताया। 1857 की नायिका नर्तकी अजीजन ने अपनी महिला सेना के सहयोग से हाथ में तलवार लिये घोड़े पर सवार सभी सिपाहियों को दूध, भोजन और औषधियों बांटी तथा क्रांतिकारियों को रसद एंव हथियार पहुँचाकर उनका हौंसला बढ़ाया। अंत में अंग्रेजों के द्वारा कैद कर ली गई और उसे गोली मारकर प्रांण दंड दिया। जार्ज ट्रेवेलियन ने उनका वर्णन एक योद्धा के रुप में किया है-'घोड़े पर सवार सैनिक वेशभूषा में अनेक तमगे लगाए और हाथ में पिस्तौल लिये अजीवन बिजली की भाँति अंग्रेज सैनिकों को रोंदती जाती थी उनके साथ महिलाओं की टुकड़ी भी घूमा करती थी। महारानी तपस्विनी प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में असफल होने के बाद नेपाल में रहकर महाराष्ट्र और बंगाल में क्रांतिकारी गतिविधियों को प्रोत्साहन देती रही।' भारतीयों में देशभक्ति की भावना का संचार किया। जीनत महल अंतिम मुगल सम्राट बहादुरशाह की बेगम थी 1857 की क्रांति में भाग लेकर सम्राट के साथ नेतृत्व किया। देवी चौधरानी देश की प्रथम स्वतंत्रता महिला सेनानी जो कि सन्यासी विद्रोह की एकमात्र सशक्त महिला नेता के रुप में देवी चौधरानी का नाम अमर रहेगा आने वाली हर पीढ़ी के लिये प्रेरणा स्त्रोत्र बनी रहेगी।

रामगढ की रानी अंवती बाई मध्यप्रदेश की नारियों में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 ई. की क्रांति में अमूल्य योगदान दिया। लार्ड डलहोजी की

हड़पनीति का खतरा रामगढ़ की रियासत पर मंडरा रहा था। रानी ने अपने आप को 'मोतों के मातम' से बाहर निकाल कर दृढता से अंग्रेजों के साथ युद्ध किया। क्षेत्रीय जागीरदारों, मालगुजारों सोहागपुर तथा शहपुरा के ठाकुरों जबलपुर के क्रांतिकारियों को पत्र लिखकर युद्ध के लिये आहवान किया। संदेश पाती में एक कागज का टुकड़ा और काँच की चूड़ी रखी गई कागज पर लिखा था -'देश की रक्षा के लिये या तो कमर कसो या मरो या चूड़ी पहनकर घर में बंद हो जाओ, तुम्हें इमान की सौगंध है जो इस कागज का पता दुष्मनों को दिया।' रानी के आवहवान का अत्यधिक प्रभाव पड़ा रानी ने 'खैरी' नामक ग्राम में मोर्चा जमाया इस मंठभेड़ में अंग्रेज सेनापति वाडिंगटन पराजित हुआ। मार्च में पुन: वाटिंगटन ने सेना की टुकड़ी तैयार कर रानी पर धावा बोला। रानी अंग्रेजी सेना पर निरंतर आक्रमण करती रहीं परंतु रानी चारो तरफ से घिर चुकी थी वह समझ चुकी थी अपना पकड़ा जाना सुनिश्चित है। वीरागंना की गौरवशाली परंपरा के अनुरुप उन्होंने बंदी बनने की अपेक्षा मृत्यु को श्रेष्ठ समझा और स्वयं को कटार मारकर वीरगति को प्राप्त हुई। ऐसा करके सदियों पहले रानी दुर्गावती के बलिदान की स्मृति को ताजा कर दिया। लखनऊ की तबायफ हैदरीबाई ने अंग्रेजों से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचनाओं को क्रांतिकारियों को पहुँचाकर देश भक्ति का परिचय दिया। वीरांगना उदादेवी पीपल के पेड़ पर छिपकर 32 अंग्रेज सैनिकों को मार गिराया इसी तरह एक वीरांगना आशा देवी थीं, जिन्होंने सन् 1857 को अंग्रेजी सेना का सामना करते हुए वीरगति को प्राप्त हुई। अवध की बेगम आलिया ने अपनी सेना में शामिल नारियों को अस्त्र-शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण दिया। समय-समय पर ब्रिटिश सैनिकों से युद्ध किया। सन् 1857 के बाद अनवरत चल रहे स्वतंत्रता आंदोलन में नारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

लार्ड कर्जन के द्वारा बंगाल का विभाजन किया गया तब बंगाल में क्रांति की ज्वाला भड़क उठी थी। 1905 के बंग-बंग आंदोलन में भी नारियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिसमें स्वामी श्रद्धानंद की पुत्री वेदकुमारी और आज्ञावती ने इस आंदोलन में नारियों को संगठित किया विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया तथा वस्त्रों की होली जलायी। इसी तारतम्य में सरोजनी नायडू ने भी बंग-भंग आंदोलन में भाग लेकर स्वदेशी वस्तुओं का प्रचार-प्रसार किया। वहीं भगिनी निवेदिता ने भी इस आंदोलन में भाग लेकर भारतीयों का सहयोग किया सन् 1928 में साइमन कमीशन के बहिष्कार में सत्यवती ने काले झण्डे दिखाये तथा सन् 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान सक्रिय भूमिका निभायी। अरूणा आसफ अली नमक कानून के विरोध में कारावास की सजा काटनी पडी। 1930 में सुभद्रा कुमारी चौहान की 'खूब लडी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी' कविता ने भारतीयों को आजादी की लडाई हेतु प्ररित किया। जिससे राष्ट्रीय चेतना का संचार हुआ। जबलपुर में झण्डा सत्याग्रह आंदोलन में सुभद्रा कुमारी चौहान का उल्लेखनीय योगदान रहा। 12 मार्च 1930 को गाँधी जी अपने 79 सहयोगियों के साथ साबरमती आश्रम से दाण्डी के लिये पदयात्रा पर रवाना हुए। 6 अप्रैल, 1930 को दाण्डी पहुँच कर गाँधी जी समुद्र तट पर नमक कानून को तोड़ा। गाँधीजी द्वारा दाण्डी में नमक कानून तोड़ने के बाद सविनय अवज्ञा आंदोलन समूचे देश में फैल गया। तमिलनाडु में गाँधी वादी नेता सीं. राजगोपालाचारी ने तिरूचेनगोड आश्रम से वेदारण्यम तक यात्रा कर नमक कानून को तोड़ा। मलाबार में के. केलप्पण ने कालीकट से पयन्नूर तक यात्रा करके नमक कानून तोड़ा। धरासना नमक सत्याग्रह का नेतृत्व सरोजनी नायडू ने किया। यहाँ पर पुलिस ने आंदोलन कारियों को लोहे की मूठ वाली लाठियों से पीटा। आंदोलन के दौरान हजारों की संख्या में महिलाओं ने घर की चारदीवारी को लांघकर धरनों पर बैठी तथा जेल गई।

भारत की जनजाति वर्ग की महिलाओं ने भी पूर्ण सहयोग दिया। बिहार के गाँव की महिला देवमनियां उरांइन ने बिहार में आंदोलन की बागडोर संभाली। कोल नारियों ने 1931-32 में कोल आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभायी। स्वाधीनता संग्राम में बिरसा मुंडा की पत्नी 'माकी' अपने बच्चे को लेकर फरसा-बलुआ से अंग्रेजों से युद्ध करती रही। मणिपुर में नागा रानी गुइंदालू ने 1930-32 में अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष किया। क्रांतिकारी आंदोलन में नारियों ने क्रांतिकारियों को शरण देने तथा हथियार पहुँचाने का कार्य करती थी जिसमें प्रीतिलता वाडेकर प्रमुख थीं। सन् 1927 में लाला लाजपतराय की मौत का बदला लेने के लिये दुगादिवी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बम्बई के गवर्नर हेली को मारने के लिये दुर्गाभाभी ने गोली चलाई किंतु टेरल नामक अंग्रेज को गोली लगी और वह घायल हो गया। दुर्गाभाभी क्रांतिकारी भगवती चरण बोहरा की पत्नी थी। भगतसिंह को लाहौर जेल से छुड़ाने का प्रयास भी किया। 1931 को दुर्गाभाभी को गिरफ्तार कर लिया गया। राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लेने के कारण भारतीय नारियों पर अंग्रेजों ने अत्याचार किया फिर भी नारियों ने साहसपूर्ण कार्य किया। 1932 में बीनादास ने कलकत्ता विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उपाधि ग्रहण करने के बाद गवर्नर पर गोली चलाकर वीरता का परिचय देकर अंग्रेजी सत्ता को चुनौती दी। कल्पना दत्ता को सूर्यसेन का सहयोग करने के कारण 1933 में आजीवन कारावास की सजा दी गयी।

1925 में कानपुर में हुए कांग्रेस अधिवेशन में सरोजनी नायडू को अध्यक्ष चुना गया। सरोजनी नायडू भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रहकर आंदोलन को गति प्रदान की। 1905 से उन्होंने आंदोलन में भाग लेना प्रारंभ कर दिया तथा गांधीजी के साथ-साथ राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय रहीं। वहीं कमला देवी चटोपाध्याय ने 1921 में असहयोग आंदोलन में बढ़चढ़कर भाग लिया। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में अरूणा आसफ अली एवं सुचेता कृपलानी ने प्रमुख भूमिका निभायी। भूमिगत होकर आंदोलन को दिशा प्रदान किया। मांतागिनी को गोली लगने के बाद भी तिरंगा झण्डे को ऊँचा रखा। महात्मा गांधी को नारियों का पूर्व समर्थन मिला। संपूर्ण भारत की नारियों ने उनका सम्मान किया सहायता राशि जुटाई और गांधीजी के द्वारा चलाये गये आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभायी उन्होंने यह साबित कर दिया नारी अबला नहीं है।

महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उनकी पत्नी कस्तूरबा गांधी ने पूरा समर्थन दिया। सन् 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के द्वारा जब गांधीजी को गिरफ्तार कर लिया गया था तब कस्तूरबा गांधी भी उनके साथ जेल गईं। इंदिरा गांधी ने 1930 में बच्चों की वानर सेना तैयार कर स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी वानर सेना स्वतंत्रता सेनानियों को सूचना पहुँचाने का कार्य करती थी। विजय लक्ष्मी पंडित स्वतंत्रता आंदोलन में आगे रहकर आंदोलन का संचालन करती थीं। कैप्टन लक्ष्मी सहगल ने भारत की आजादी में अपनी प्रमुख भूमिका का निर्वाह किया। 'आजाद हिंद फौज' की कमाण्डिंग अफसर रहीं लक्ष्मी सहगल ने 'रानी झाँसी रेजीमेंट' में अनेक महिलाओं को भर्ती कर उनका साहस बढ़ाया। इस प्रकार भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में भारत की नारियों ने कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन को गति प्रदान की।

इन वीरांगनाओं के अनन्य राष्ट्रप्रेम, अदम्य साहस अट्ट प्रतिबद्धता

और उनें से कईयों का गौरवमयी बलिदान भारतीय इतिहास की एक जीवन्त दास्तॉ हैं। हो सकता है उनमें से कईयों को इतिहास ने विस्मृत कर दिया हो, पर लोक चेतना में वे अभी भी मौजूद है। ये वीरांगनायें प्रेरणास्त्रोत के रुप में राष्ट्रीय चेतना की संवाहक है और स्वतंत्रता संग्राम में इनका योगदान अमूल्य एवं अतुलनीय है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. अमरसिंह उद्दे- म.प्र. में स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन 1857 से 1947 तक
2. सुधा गोस्वामी- भारत वर्ष में चर्चित महिलाएं उपकार प्रकाशन आगरा
3. मोहिनी गुप्ता- स्वतंत्रता संग्राम और महिलाएं नमन प्रकाशन नई दिल्ली-110002
4. प्रतियोगिता दर्पण मई- 1998-99 दिसम्बर
5. पुखराज जैन स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास (1857-1947) एस.चंद एंड कंपनी प्रा.लि. रामनगर दिल्ली 1988
6. विपिन चंद्र भारत का स्वतंत्रता संघर्ष 2006

*************

# आत्मनिर्भर भारत में MSME का विकास एवं चुनौतियाँ

**डॉ. गौरव विद्यार्थी ***

* विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) फ्यूचर विजन कॉलेज, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) ने हमेशा से ही भारतीय अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है वर्तमान में देश में सक्रिय लगभग 6.3 करोड़ MSME न सिर्फ देश की जीडीपी में एक बड़ा योगदान देते हैं बल्कि ये एक बड़ी आबादी के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करते हैं गौरव तब है कि यह क्षेत्र लगभग 110 मिलियन रोजगार उपलब्ध कराने के साथ श्रमिक बाजार की स्थिरता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है 'ऐसे में सरकार द्वारा वर्तमान में आत्मनिर्भर भारत अभियान' पर विशेष जोर दिये जाने के साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था तथा आर्थिक रणनीति की दृष्टि से MSME की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

MSME क्षेत्र के महत्व को देखते हुए वर्ष 2020 में भारत सरकार द्वारा अनुमान लगाया गया है कि अगले पाँच वर्षो में यह क्षेत्र भारत की आधी जीडीपी और लगभग 50 मिलियन नए रोजगार के सृजन के लिए उत्तरदायी होगा।

हाँलाकि COVID–19 महामारी के कारण मांग पक्ष की तरफ और 'वस्तु एवं सेवा कर' (GST) जैसे संरचनात्मक सुधारों के कारण आपूर्ति पक्ष में मंढी संकेत देखने को मिले थे, इसके साथ ही विमुद्रीकरण के कारण भी MSME क्षेत्र पर व्यापक नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

**आत्मनिर्भर भारत में** MSME **क्षेत्र की प्रमुख चुनौतियाँ –** गौरतलब है कि जर्मनी और चीनी की जीडीपी में MSME की भागीदारी क्रमश: 55 प्रतिशत और 60 प्रतिशत जो इस बात का संकेत है कि भारत को इस क्षेत्र में अभी एक लंबी यात्रा तय करनी है MSME की प्रगति के मार्ग की प्रमुख बाधाओं में से कुछ निम्नलिखित है :–

**वित्तीय चुनौतियाँ–** भारत में MSME क्षेत्र में ऋण आपूर्ति की कमी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

1. इस क्षेत्र में उपलब्ध औपचारिक ऋण 16 ट्रिलियन रूपये ही है, जिसके कारण इस क्षेत्र में कुल व्यावहारिक ऋण की जरुरत (36 ट्रिलियन रूपये) के सापेक्ष अभी भी लगभग 20 ट्रिलियन रूपये का अंतर बना हुआ है।
2. इसके साथ ही बैंकिंग पहुँच की कमी के कारण भारत में MSME को अधिकांशत: गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों या सूक्ष्म वित्तीय संस्थानों पर निर्भर रहना पड़ता है।

**चडचए के औपचारिकरण की कमी –** इस क्षेत्र में क्रेडिट गैप का एक प्रमुण कारण MSME के बीच औपचारिकता की कमी रही है।

1. देश में सक्रिय कुल MSME में से लगभग 86 प्रतिशत का पंजीकरण नहीं किया गया है।
2. वर्तमान में भी देश के कुल6.3 करोड MSME में से केवल 1.1 करोड़ ही वस्तु और सेवा कर (GST) व्यवस्था के साथ पंजीकृत है।

इसके साथ ही इन 1.1 करोड़ MSME में से आयकर दाखिल करने वालों की संख्या और भी कम है।

ऐसे में सीमित उपलब्ध और डेटा पारदर्शिता के अभाव में भारतीय MSME क्षेत्र की ऋण जरुरत को पूरा नहीं किया जा सका है।

**तकनीकि बाधाएँ –** भारत का MSME क्षेत्र बड़े पैमाने पर पुरानी और अप्रचलित प्रोद्योगिकी पर आधारित है, जो इसकी उत्पादन क्षमता को बाधित करता है।

**नियामकीय बाधाएँ –** MSME के संचालन के लिए बहुत सी सरकारी अनुमतियों और सेवाओं की आवश्यकता होती है जिसके लिए उद्यमियों को विभिन्न सरकारी विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

नियामकीय जटिलताओं के कारण वर्तमान में भी निर्माण परमिट प्राप्त करना, अनुबंधों को लागू करना, करों का भुगतान, व्यापार शुरू करना, और सीमाओं के पार व्यापार करना आदि चडचए की प्रगति में एक बड़ी बाधा बनी हुई है।

नियामक जोखिम और नीतिगत अनिश्चितता ने पूर्व में भी निवेशकों के आत्मविश्वास को प्रभावित किया है।

**उत्पादन की चुनौतियाँ –** वर्तमान में देश में सक्रिय MSME अधिकांश फर्म सूक्ष उद्यम (Micro Enterprises) श्रेणी की है।

देश का चडचए क्षेत्र मुख्य रूप से छोटी और स्थानीय दुकानों की भरमार से बना एक सूक्ष्म उद्यम क्षेत्र है ऐसे में उनके व्यापार या उत्पादन को बढ़ाना (विशेषकर वर्तमान वित्तीय चुनौती के बीच) एक बड़ी चुनौती है।

इन समस्याओं के कारण भारत के विनिर्माण क्षेत्र में बड़ी कंपनियों की तुलना में छोटी कंपनियों का उत्पादन बहुत ही कम रहा है।

**आगे की राह :–**

**बॉण्ड मार्केट का विकास करना –** हाल के वर्षो में भारतीय बॉण्ड बाजार में हुई प्रगति के बीच एसएमइ बॉण्ड **(MSME BOND)** को बढ़ावा देने से **MSME** की ऋण पूंजी बाजारों की भागीदारी को बढ़ावा मिल सकता है।

एक तरह जहाँ **(MSME BOND)** को प्रोत्साहित करने से **MSME** को अन्य वित्तीय बिचौलियों की तुलना में कम ब्याज दर का लाभ मिल सकेगा वही ये बॉण्ड बाजार में काम करने वाले जागरूक और शिक्षित निवेश के लिए एक व्यवहार उच्च रिटर्न के साधन के रूप में कार्य करेंगे।

**स्वतंत्र नियामकीय व्यवस्था –** डेटा अर्थव्यवस्था के बढ़ते महत्व को देखते हुए यह बहुत ही आवश्यक हो गया है कि सरकार द्वारा एक स्वतंत्र निकाय की स्थापना की जाएगी जो जहाँ **MSME** को परामर्श देने के साथ उन्हें इस नई डिजिटल व्यवस्था को आगे बढ़ाने बढ़ने में सक्षम बना सके।

**श्रम कानूनों में सुधार –** श्रमिक कानूनों में बदलाव किया जाना बहुत ही आवश्यक है, परन्तु इसकी संवेदनशीलता को देखते हुए इन कानूनों को **MSME** के लिए विकास उन्मुख ढाँचा प्रदान करने और श्रमिकों के अधिकारों के संदर्भ में पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के बीच सही संतुलन स्थापित करना होगा।

**विनियमन में सुधार –** हाल के वर्षो में सरकार द्वारा व्यापार सुगमता पर विशेष जोर दिया गया है परन्तु इसी दौरान छोटे व्यवसायों के लिए रिपोर्टिंग, अनुमोदन अनुपालन आवश्यकता आदि जटिलताएँ बनी हुई है।

यदि हम सही मायने में चाहते हैं कि **MSME** का देश के आर्थिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण हस्तक्षेप हो, तो इसके लिए **MSME** को वर्तमान जटिलताओं से मुक्त एक ऐसा नियामकीय ढाँचा प्रदान किया जाना बहुत ही आवश्यक है जोकि उनके खिलाफ काम करने के बजाय उनके लिए काम करता हो।

**निष्कर्ष –** एक लचीला राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए रीढ़ का कार्य करते हैं। देश के मजबूत आर्थिक भविष्य के लिए **MSME** के विकास को प्राथमिकता देना बहुत ही महत्वपूर्ण है। सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षो में इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। भारत को ऐसे ही और उपायों (विशेषकर वर्तमान परिस्थिति में) को अपनाने की आवश्यकता है। अगला दशक भारत को एक उभरती हुई शक्ति से आगे बढ़ते हुए एक स्थापित आर्थिक महाशक्ति के रूप में बदलने का दशक होगा और इस यात्रा में **MSME** की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. भारत 2020, डॉ. ए.जी.जे. अब्दुल कलाम
2. भारतीय राष्ट्रवाद की सामाजिक पृष्ठभूमि राकेशरेणु, सीमा, रानी अब्दुल, मन्नान ए.आर.देसाई
3. MSMES की 2022-23 के लिए वार्षिक रिपोर्ट
4. सरकारी वेबसाइटे
5. प्रेस, विज्ञप्तियाँ

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# मेक इन इंडिया अभियान में MSME की भूमिका

**डॉ. खुशबू परिहार***

* फ्यूचर विजन कॉलेज, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना -** सुक्ष्म, लघु, एवं मध्यम उद्यम Micro, Small & Medium Enterpriеses (MSME) क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है जो भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में व्यापक योगदान देता है। उल्लेखनीय है कि इसका विशाल नेटवर्क विनिर्माण उत्पादन में लगभग 45 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता है।

चड्ढए लगभग 110 मिलियन रोजगार अवसर प्रदान करते हैं जो भारत में कुल रोजगार का 22-23 प्रतिशत है। कृषि क्षेत्र के बाद यह दूसरा सबसे अधिक योगदान है।

हॉलांकि इस क्षेत्र के समक्ष अभी भी कई चुनौतियाँ मौजूद है। उद्यम प्लेटफार्म पर महज 15 प्रतिशत इकाईयों ने स्वयं को पंजीकृत कराया है इस क्षेत्र की विजातीयता, खड़ीकरण और अनौपचारीकरण इसमें सुधारों की आवश्यकता को उजागर करते हैं।

**भारत के लिए MSME क्षेत्र का महत्व**

**ग्रामीण विकास के लिए वरदान -** वृहत स्तर कंपनियों की तुलना में MSME ने न्यूनतम पूंजी लागत पर ग्रामीण क्षेत्रों के औद्योगिकरण में सहायता दी है। इस क्षेत्र ने देश के ग्रामीण सामाजिक आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और प्रमुख उद्योगों को भी पूरक सहायता प्रदान की है।

**मेक इन इंडिया अभियान में अग्रणी योगदानकर्ता -** भारत का लक्ष्य है कि 'मेक इन इंडिया' के तहत् निर्मित उत्पाद गुणवत्ता के वैश्विक मानकों का पालन करते हुए मेड फॉर द वर्ल्ड के ध्येय को भी साकार करे MSME इस अभियान में केन्द्रीय भूमिका ग्रहण कर रहा है। इस स्वपन को साकार करने में MSME को रीढ़ की हड्डी के रुप में देखा जाता है।

**उद्यमों के लिए सरल प्रबंधन संरचना -** भारत की मध्यवर्गीय अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए MSME एक लचीलापन प्रदान करता है कि इसे निजी स्वामित्व व नियंत्रण में सीमित संसाधनों के साथ शुरू किया जा सकता है इससे निर्णय लेना आसान और कुशल हो जाता है।

**भारत में MSME क्षेत्र के समक्ष विद्यमान प्रमुख चुनौतियाँ :**

**वित्तीय बाधा-** भारतीय अर्थव्यवस्था में छोटी फर्मो और व्यवसायों के लिए वित्त तक पहुँच हमेंशा से समस्याग्रस्त रहा है। यह व्यवसायों के साथ-साथ **MSME** के लिए एक बड़ी बाधा है।

हॉलाकि इसके बारे में चिंताजनक तथ्य यह है कि केवल 16 प्रतिशत चड्ढए को ही समय पर वित्त की सुविधा मिल पाती है, जिसके परिणामस्वरूप लघु और मध्यम फर्मो को अपने समावेशी विकास मध्यम और आकार के कई वर्षो के लिए मंत्रालय के एजेंडों के शीर्ष पर है दूसरी और गरीबी और अभाव भारत के विकास के लिए एक बाधा है इसके अलावा इसमें एक समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्ग शामिल हैं जो MSME मंत्रालय के सामने एक महत्वपूर्ण चुनौती है। MSME भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हॉलाकि, भारत के तेजी से विकास के लिए हमें आने वाले दशक में बड़ी फर्मो में परिपक्व होने के लिए इन MSME की आवश्यकता है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में अन्य देशों की तुलना में बड़ी फर्मो में रोजगार का बड़ा हिस्सा होता है।

**औद्योगिक नीतियों (व्यवसाय करने में आसानी) के माध्यम से MSME फर्मो का समर्थन -** व्यापार करने में आसानी MSME क्षेत्र के लिए मुख्य रूप से महत्वपूर्ण है जो भारत की आर्थिक वृद्धि का नेतृत्व कर सकता है, और यह प्रोत्साहन, नियामक मंजूरी और श्रम कानूनों के रूप में राज्य और केन्द्रिय स्तर की नीतियों द्वारा किया जा सकता है। सरकार भारत में इंज ऑफ ड्राइंग बिजनेस की दिशा में काम करना जारी रख सकती है नियमों और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके और भविष्य की नियामक की नियामक आवश्यकताओं पर स्पष्ट निर्देश जारी करके MSME फर्मो को अक्सर औद्योगिक नीतियों से भारी लाभ होता है, जिसका उद्देश्य प्रति पैमाने का समर्थन करना या विशिष्ट क्षेत्रों और गतिविधियों के निर्माण का समर्थन करना है। ये नीतियाँ उत्पादकता में सुधार और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में प्रवेश के उद्देश्य से विनिर्माण के प्रति आर्थिक विकास को पुन: संतुलित करती है।

**विकास -** आने वाले दशक में सीमांत विनिर्माण अवसरों पर कब्जा करने के लिए भारत को अपनी बड़े पैमाने की फर्मो की संख्या को तीन गुना करने की आवश्यकता है, जिसमें 1,000 से अधिक मध्यम आकार की कंपनियाँ वर्तमान स्थिति से बढ़ रही है। सरकार ने भारत में घरेलू फर्मो के विकास को सुनिश्चित करने पर भी अपना ध्यान केन्द्रित किया है।

भारत एक परिवर्तन बिंदु पर है और अपनी घरेलू मांग और वैश्विक बाजारों को पूरा करने के लिए अपनी विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने का एक अवसर है। व्यवसायों के साथ-साथ केन्द्र और राज्य दोनों सरकारों के पास भारत को उच्च विकास वाली विनिर्माण- आधारित अर्थव्यवस्था में बदलने की शक्ति और साधन हैं। सतत् आर्थिक विकास, लाभकारी रोजगार के अवसरों और उच्च उत्पादकता की मांग को पूरा करने के लिए एक ठोस कार्य योजना द्वारा समर्थित एक महत्वाकांक्षी दृष्टि की आवश्यकता है।

मेक इन इंडिया पहल और आत्मनिर्भर भारत अभियान (आत्मनिर्भर भारत अभियान) ने सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को विशेष

बल देते हुए देश में व्यापार और स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था देश में मजबूत विकास और व्यापार के समग्र दृष्टिकोण में सुधार और निवेश के संकेत के साथ आशावादी रूप से बढ़ रही है। सरकार के नये प्रयासों एवं पहलों की मदद से निर्माण क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. भारत 2020 डॉ. ए.जी.जे. अब्दुल कलाम
2. मेक इन इंडिया श्री पीयूष गोयल MSME की 2022-23 के लिए वार्षिक रिपोर्ट
3. सरकारी वेबसाइडें
4. प्रेस, विज्ञप्तियाँ

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# भारत में जल संसाधनों की संभाव्यिता एवं प्रबंधन

**डॉ. विभा वासुदेव***

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) अध्ययन शाला एवं शोध केन्द्र महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड वि.वि., छतरपुर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** इस जैविक संसार में समस्त जीव जन्तुओं प्रकृति की प्रथम आवश्यकता जल ही है, जिसके बिना इस संसार की कल्पना करना भी निरर्थक है। वर्तमान में जल का उपयोग केवल पीने, घरेलू उपयोग, सिंचाई में ही नही वरन इसका उपयोग उत्पदन उद्योग, परिवहन तथा मनोरंजन जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए किया जाता है। जल की निरंतर बढ़ती हुई आवश्यकता के अनुरूप इसकी पूर्ति सीमित है, जिससे भारत में आने वाले वर्षो में जल संकट के बादल मंडराने लगे है। अत: यह अत्यंत आवश्यक है कि जल संसाधन के भविष्य के परिदृश्य के आकलन के निष्दर्ष से भविष्य में जल प्रबंधन की एक ठोस नीति का निर्माण कर उसका यथा शीघ्र क्रियान्वन किया जा सके।

**शब्द कुंजी –** जल संसाधन, जल संकट, जल प्रबंधन, भूमिगत जल, सतही जल, जल सरंक्षण।

**प्रस्तावना –** जल जीवन्तल जगत् का प्राण है। पृथ्वी को मिला प्रकृति का उपहार है और समस्त मानव जाति की आर्थिक क्रियाओं का आधार है। यह मानव की लगभग सभी आवश्यकताओं के लिए जरूरी है। किसी भी क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास की संभावनाएं जल से ही निर्धारित होती है। संसार में आधुनिकीकरण के साथ-साथ जल की आवश्यकता भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, संसार में सभी प्राणियों को जीवित रहने के लिए जल की नितान्त् आवश्यकता है। जनसंख्या वृद्धि एवं भावी आवश्यकता को देखते हुए जल की एक-एक बूंद की उपयोगिता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अत: आवश्यकतानुसार जल संसाधन का उचित उपयोग करने की योजना पर अतिशीघ्र क्रियान्वयन करना जरूरी है।

भारत में विश्व के धरातलीय क्षेत्र का लगभग 2.45 प्रतिशत, जल संसाधनों का 4 प्रतिशत, जनसंख्या का लगभग 18 प्रतिशत भाग पाया जाता है। देश में एक वर्ष में वर्षा से प्राप्त कुल जल की मात्रा लगभग 4000 घन कि.मी. है। धरातलीय जल और पुन: पूर्ति योग्य, भूमि जल से 7869 घन कि.मी. जल उपलब्ध है। इसमें से केवल 60 प्रतिशत जल का लाभदायक उपयोग किया जा सकता है। इस प्रकार देश में कुल उपयोगी जल संसाधन 1122 घन कि.मी. है।

प्रति व्यक्ति उपलब्धता जनसंख्या वृद्धि के साथ दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है। भारत आज सकल घरेलू उत्पाद के आधार पर 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था है, जिसके 9 प्रतिशत वृद्धि के आधार पर अगले दो दशकों में दस गुना हो जाने का अनुमान व्यक्त किया गया है। बढ़ती अर्थव्यवस्था का दबाव बढ़ती जनसंख्या, खाद्य सुरक्षा, वैश्विक उष्णता इत्यादि ऐसे कारक है जो जल की प्रतिव्यक्ति उपलब्धता पर प्रभाव डालते है। भारत में उपयोग योग्य जल स्त्रोतों के दो प्रमुख प्रकार है- सतही जल एवं भूमिगत जल स्थलीय एवं अन्य कारणों से धरातलीय जल का बहुत कम भाग ही उपयोग योग्य रह जाता है। भारत में भूजल की तुलना में स्थलीय जल की उपलब्धता अधिक है।

भारत में वर्तमान में जल प्राप्ति से सम्बंधित आंकडे निम्नानुसार है-

| मद | मात्रा |
|---|---|
| वार्षिक वर्षा (हिमपात सहित) | 4000 अघमी |
| औसत वार्षिक जल उपलब्धता | 1869 अघमी |
| प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धतता | 1588 घमी |
| अनुमानित उपयोग योग्य जल संसाधन | 1123 अघमी |
| सतही जल | 690 अघमी |
| भूमिगत जल | 433 अघमी |

अघमी-अरब घन मीटर, घमी- घन मीटर

Source : Central Water Commission - 2010

भारत में जल का संकट जनजीवन पर गहराता नजर आ रहा है। साल 2018 में नीति आयोग द्वारा किये गए एक अध्ययन में 122 देशों के जल संकट की सूची में भारत 120वें स्थान पर खड़ा था। जल संकट से जूझ रहे दुनिया के 400 शहरों में से शीर्ष 20 में 4 शहर (चेन्नई पहले, कोलकाता दूसरे, मुंबई 11वां तथा दिल्ली 15 नंबर पर है) भारत में है। नीति आयोग ने कोम्पोसिट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स नामक सूचकांक के द्वारा यह बताया है कि भारत में 600 मिलियन लोग पानी की गंभीर कमी से जूझ रहे हैं। 75 प्रतिशत परिवारों के पास उनके निवास स्थान पर पेयजल की उपस्थिति नहीं है। 84 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों की पाइप द्वारा प्रदान किये जाने वाले जल तक पुहच नहीं है। इस जल सूचकांक में 9 वृहद क्षेत्रों एवं 28 सूचकों को निर्धारित किया गया है। इस सूचकांक का उद्देश्य एक आधार रेखा का निर्माण करना है, ताकि सम्पूर्ण देश में राज्य स्तर पर जल संकेतको के माध्यम से निरीक्षित किया जा सके।

इस सूचकांक के आधार पर जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि 24 में से 15 राज्यों ने 50 प्रतिशत से भी कम अंक प्राप्त किया है, यदि इस तथ्य को आगे विश्लेषित करे तो पता चलता है कि निम्न प्रदर्शन करने वाले राज्यों में भारत की आधी आबादी निवास करती है, साथ ही यह राज्य भारत की 30 प्रतिशत तक खाद्य उत्पादन में हिस्सेदारी रखते है। इस प्रकार भारत की आबादी के सामने न केवल जल संकट बल्कि भारत की खाद्य सुरक्षा को भी

गंभीर खतरा है।

**भारत में भूजल परिदृश्य –**

| भूजल विकास दर | 1995 में जिलो का प्रतिशत | 2011 में जिलों का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 0-70 प्रतिशत (सुरक्षित) | 92 | 71 |
| 90-100 प्रतिशत (गंभीर) | 1 | 4 |
| 100 प्रतिशत (अतिदोहित) | 3 | 15 |

स्पष्ट है कि जहाँ देश के 92 प्रतिशत जिलो में भूजल स्तर 1995 में सुरक्षित स्तर पर था। वही यह 2011 में घटकर 71 प्रतिशत रह गया है। वही जहां 1995 में गंभीर एवं अतिदोहित जिलों का प्रतिशत 4 था। वही 2011 में 19 प्रतिशत जिले गंभीर एवं अतिदोहित की श्रेणी में आ गये है।

लोकसभा में इसी सम्बन्ध में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय द्वारा बताया गया की एवरीथिंग अबाउट वाटर (इ ए वाटर) नामक संस्था के अध्ययन में निष्कर्ष दिया गया है कि भारत में जल की मांग सभी वर्तमान जलापूर्ति स्त्रोतों को पार कर जाएगी एवं 2025 तक देश में जल की कमी हो जाएगी। इसी उत्तर में आगे स्पष्ट किया गया कि राष्ट्रीय एकीकृत जल संसाधन विकास निगम द्वारा 1999 में अपनी रिपोर्ट में आंकलन प्रस्तुत किया गया कि 2025 में कुल जल उपयोग आवश्यकता 843 बिलियन क्यूबिक मीटर एवं 2050 मे 1180 मिलिमीटर खाद्य एवं कृषि तथा यूनिसेफ की 2013 की संयुक्त रिपोर्ट में प्रति कैपिटा आकलन प्रस्तुत किया है।

| वर्ष | जनसँख्या (मिलियन) | जल उपलब्धता (क्यूबिक मीटर प्रतिवर्ष) |
|---|---|---|
| 1991 | 846 | 2209 |
| 2001 | 1027 | 1820 |
| 2025 | 1394 | 1341 |
| 2050 | 1640 | 1140 |

इंडियाज वाटर फ्यूचर नामक रिपोर्ट में भारत में 2025 से 2050 के मध्य भारत के जल संसाधन के सम्बन्ध में आंकलन प्रस्तुत किये गये है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति कैपिटा घरेलू जल की मांग वर्ष 2000 के 85 लीटर प्रति कैपिटा प्रति दिन (एलपीसीडी) से बढ़कर 2015 में 125 एलपीसीडी एवं 2025 में 170 एलपीसीडी हो जायेगी। इसके साथ ही भारत में औद्योगिक जल मांग वर्ष 2000 के 43 घनमीटर प्रति व्यक्ति से बढ़कर 2025 में 66 घन मीटर प्रति व्यक्ति हो जाने का अनुमान व्यक्त किया गया है। यह परिदृश्य जिसे 'बिजनेस एज युजुअल सेनारियों' कहा गया है। इसमें यह अनुमान व्यक्त किया गया है कि भारत कुल जल की मांग में 2025 में 22 प्रतिशत तक बढ़ने की सम्भावना है। नीति आयोग के समग्र जल प्रबंधन सूचकांक के अनुसार 2030 तक देश की जल मांग उपलब्ध आपूर्ति की तुलना में दो गुनी हो जायेगी।

**जल के संकट परिणाम:**

1. **खाद्य असुरक्षा–** कृषि क्षेत्र में आत्यधिक जल उपयोग किया जाता है जिसकी कमी से खाद्य उत्पादन कम होने से संकट उत्पन्न होगा।

2. **जल संघर्ष और प्रवासन–** इसके आजीविका का संकट उत्पन्न-होगा और प्रवास की प्रवृति को बढ़ावा मिलेगा।

3. **आर्थिक अस्थिरता –** विश्व बैंक के अनुसार – जल संकट के कारण कई देशों की जी.डी.पी. प्रभावित होगी और इसके आर्थिक समस्याओं में दिनों-दिन वृद्धि होगी।

4. **जैव विविधता को हानि–** इसके पेड़-पौधों की हानि होने के साथ जीव-जन्तुओं पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

5. **कानून व्यवस्था बिगड़ने के आसार–** जल संकट वाले क्षेत्रों में उपलब्ध जल स्त्रोतों पर कब्जे को लेकर हिंसक घटनाएं बढ़ने लगेगी और समाज में वैमनस्यक्ता का वातावरण उत्पन्न होगा।

बढ़ते जल संकट से निपटने के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2019 में 'जल शक्ति मंत्रालय' बनाया। मंत्रालय ने 2024 तक सभी घरों में पाइप के जरिए वॉटर कनेक्शन देने की योजना बनाई है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 20 वर्षों में सूखे की वजह से भारत में 3 लाख से अधिक किसानों ने आत्महत्या की तथा प्रतिवर्ष साफ पीने के पानी की कमी के कारण 2 लाख लोगों की मृत्यु हो रही है। मौजूदा दौर में भारत में जहां शहरों में गरीब इलाकों में रहने वाले 9.70 करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पाता है। वही ग्रामीण इलाकों में 70 फीसदी लोग प्रदूषित पानी पीने को मजबूर है। लगभग 33 करोड़ लोग अत्यंत सूखे ग्रसित जगहों पर रहने को मजबूर है। जल संकट की इस स्थिति से देश की जीडीपी में अनुमानत: 6% का नुकसान होने की आशंका है।

जब दुनिया की 18% आबादी (भारत) के पास मात्र 4:% पानी की उपलब्धता है तो जल संकट की इस समस्या से स्थायी निजात पाने के लिए उचित तथा चरणबद्ध तरीके से निपटने के लिए सरकार को जल प्रबंधन की पॉलिसी बनाते समय पूर्ति पक्ष ही नहीं बल्कि मांग पक्ष पर ज्यादा ध्यान देने की जरुरत है।

**निष्कर्ष एवं सुझाव:**

1. भारत का 52 प्रतिशत कृषक क्षेत्र आज भी वर्षा आधारित है। इसलिए भविष्य में सिचाई सुविधाओं के विकास के दौरान उन्हें अधिक दक्ष बनाये जाने की आवश्यकता है। भारत में सिचाई की दृष्टि से अधिक विकसित राज्य भी बड़े पैमाने पर वर्षा पर निर्भर है। इसलिए आवश्यकता है कि सतही जल सिंचाई सुविधाओं का न केवल विकास किया जाये बल्कि उन्हें इस तरह दक्ष बनाया जाये ताकि भूमिगत जल स्त्रोतों पर सिंचाई का दबाव कम हो सके।

2. भारत में लगभग 2 करोड़ से अधिक कृषक सिंचाई हेतु भूमिगत जल का प्रयोग करते है कुल सिंचित क्षेत्र का दो-तिहाई से अधिक क्षेत्र भूमिगत जल द्वारा सिंचित है। भूमिगत जल पेयजल का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है तथा भूमिगत जल पर भविष्य में बढती जनसंख्या के कारण सिचाई एवं पेयजल दोनों ही रूपों में दबाव बढ़ेगा।

3. जल सरंक्षण एवं प्रबंधन भविष्य के जल संकट से निपटने हेतु अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में होने वाले शोध कार्यो को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जल शिक्षा से जुड़े विषय को पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से स्थान मिलना चाहिए। साथ ही जल प्रबंधन एवं जल संरक्षण की दिशा में जन जागरूकता बढ़ाने के प्रयास निरंतर होने चाहिए।

4. जल की खपत को कम करने वाले एवं अधिक पैदावार देने वाले बीजों का अनुसंधान एवं विकास होना चाहिए तथा उनके अधिकाधिक उपयोग को प्रोत्साहन मिलना चाहिए साथ ही ड्रिप सिंचाई एक प्रभावशाली तकनीक है जो फरोफ्लड सिंचाई की तुलना में फसल की पैदावार में 20-50% की वृद्धि करते हुए जल की खपत को 20-40% तक कम कर सकती है। इसके साथ ही, जल की कमी वाले क्षेत्रों में दलहन, बाजरा और तिलहन जैसी कम

जल-गहन फसलों की खेती को प्रोत्साहित किया जाना चाहिये।

5. वर्षा जल के संरक्षण हेतु भारत में मौजूदा परम्परागत जल प्रबंधन प्रणाली, तालाबो, कुओं, बावडियो का उचित रखरखाव अत्यंत आवश्यक है क्योंकि एक और यह साधन न केवल जल स्त्रोत के रूप में कार्य करते है वही भूमिगत जल की पुन: पूर्ति के महत्वपूर्ण उपकरण भी है। साथ ही बांध, भंडारण टैंक, पाइप लाईन में सुधार की भी आवश्यकता है।

6. रेन वाटर हार्वेस्टिंग के द्वारा जल संचय पर अत्याधिक ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिए।

7. अधिक जल वाले क्षेत्रों से जल को कम प्रतिबल वाले क्षेत्रों की ओर भेजा जैसे केन-बेतवा लिंक परियोजना।

8. क्षेत्रीय, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जल निकायों की स्थिति के संबंध में बेहतर डेटा अनुशासन और कुशल जल शासन की ओर ध्यान केंद्रित करने और विभिन्न जल संरक्षण क्षेत्र स्थापित करने की आवश्यकता है।

9. आधुनिक जल प्रबंधन तकनीकों का लाभ उठा कर सूचना प्रौद्योगिकी को जल-संबंधी डेटा प्रणालियों से जोड़ा जा सकता है। इसके अलावा, हाल के वर्षों में अनुसंधान और प्रौद्योगिकी की सफलताओं ने ऐसे जल को भी उपभोग के लिये स्वच्छ एवं सुरक्षित बना दिया है जो पहले उपभोग के लिये अनुपयुक्त थे। इस तरह की सर्वाधिक प्रयुक्त तकनीकों में इलेक्ट्रोडायलिसिस रिवर्सल (EDR), डिसैलिनाइजेशन, नैनोफिल्ट्रेशन और सोलर एवं यूवी फिल्ट्रेशन आदि शामिल हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. डॉ. श्री कमल शर्मा, डॉ सी.के.जैन, डॉ.पीटर चरन, भारत का भूगोल पृष्ठए संख्यात 120
2. Future of India-The Winning Leap, PWC, 2014,p.5
3. Composit Water Management Index,NITI Aayog,June 2018,p15-17 5.
4. The World's Water, The USGS Water Science School, https://water.usgs.gov/ edu/earthwherewater.html
5. Amarasinghe, U. A.; Shah, T.; Turral, H.; Anand, B. K. 2007. India's water future to 2025- 2050: Business-as-usual scenario and deviations. Colombo, Sri Lanka: International Water Management Institute.p.1,36
6. Water and Related Statistics, April 2015, Central Water Commission; PRS
7. लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1724 जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय 30 जुलाई 2.15 को उत्तारित
8. UNICEF, FAO and Saci WATERS, Water in India: Situation and Prospects,2013,p.4
9. The hindu "India's growing water crisis, the seen and the unseen" date 15.09.2022


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# महिला सशक्तिकरण के लिए सर्वांगीण विकास

**डॉ. प्रेरणा मित्रा ***

* सहायक प्राध्यापक (विभागाध्यक्ष वनस्पति विभाग) राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** आज भी सामाजिक और राजनीतिक दोनों स्तर पर महिलाओं की स्थिति नाजुक है जिस पर अभी काम करना बहुत आवश्यक है। महिला सशक्तिकरण की अत्यंत आवश्यकता है । किसी भी देश और समाज को सशक्त बनाने के लिए महिलाओं का सशक्त होना आवश्यक है। महिलाओं का मानसिक जागरूकता, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक स्तर के साथ-साथ डिजिटल प्रौद्योगिकी में जागरूक होना भी अत्यंत आवश्यक है।

**शब्द कुंजी –** डिजिटल प्रौद्योगिकी, मानसिक जागरूकता, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक।

**प्रस्तावना –** किसी भी देश का समाज का विकास तब तक संभव नहीं हो सकता है, जब तक की महिलाओं का पूर्ण सशक्तिकरण नहीं होगा। जहां तक बात है, सशक्तिकरण की तो समाज के सभी वर्गों की महिलाओं का सशक्त होना आवश्यक है, तभी देश का विकास संभव हो सकेगा। केवल शहरी क्षेत्र एवं कुछ वर्गों की महिलाओं की स्थिति के आधार पर हम नहीं कह सकते हैं, कि महिला सशक्तिकरण पूरी तरह हो गया है, इसके अलावा आर्थिक, सामाजिक राजनीतिक क्षेत्रों में सशक्त होने के बावजूद अगर महिलाएं मानसिक रूप से जागरूक नहीं है तो भी महिला सशक्तिकरण की अवधारणा निरर्थक है। मानसिक जागरूकता क्यों ? क्या महिलाएं मानसिक रूप से अशक्त होती है ? नहीं प्रकृति की सबसे नायाब रचना स्त्री चाहे वह शिक्षित, अशिक्षित, धनवान, निर्धन कैसी भी वह कभी मानसिक रूप से कमजोर नहीं होती है, बल्कि संवेदनशीलता, भावुकता, प्रेम, समर्पण, त्याग जैसे गुणों से परिपूर्ण होती है, ऐसे अनमोल गुणों से भरपूर व्यक्तित्व के धनी जो केवल देना जानती है वह मानसिक रूप से अशक्त कैसे हो सकती है। महिला हमेशा अपने परिवार की अवश्यकताओ को उनकी खुशियों को ज्यादा महत्व देती हैं उनके लिए उनके परिवार की खुशी उन्हें ज्यादा संतुष्टि प्रदान करती है, अपने परिवार के लिए अपने शौक अपने कैरियर को भी दांव पर लगा देती हैं इतना त्याग एवं समर्पण का भाव सशक्त व्यक्तित्व ही कर सकता है असल में जीवनदात्री त्याग एवं समर्पण का भाव रखने वालीं महिलाएं मानसिक रूप से सशक्त होती है, परंतु मानसिक रूप से जागरूक बहुत कम होती है।

**उद्देश्य –** महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं का सर्वांगीण विकास तो आवश्यक है । लेकिन जिम्मेदारियों को पूरा करते-करते वह अपने आप को ना भूलें अपने मानसिक, भावनात्मक और अपने का स्वास्थ्य का ध्यान रखें और इस बात को समझना होगा कि उन्हें अपने आप को खुश रखना उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

**शोध व्याख्या –** महिलाओं में शिक्षा का स्तर बढ़ा है, और महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम है, वह अपने परिवार के लिए बच्चों की पढ़ाई से संबंधित फैसले भी ले रहे हैं, और कार्यस्थल एवं पारिवारिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहे हैं, लेकिन प्रताड़ना केवल शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक भी होती है, जो शारीरिक प्रताड़ना से कहीं अधिक घातक होती है मानसिक प्रताड़ना का शिकार खासकर वह महिलाएं होती है, जो आर्थिक रूप से सक्षम है, इसलिए आजकल महिलाएं डिप्रेशन का शिकार ज्यादा हो रही है। पुरुष प्रधान समाज में स्त्रियों को वैसे ही कमतर आंका जाता है, अगर महिला आर्थिक रूप से सक्षम है तब भी उनमें कमियां दिखाई जाती है, दूसरों से तुलना कर उन्हें कमतर दिखाया जाता है, उनकी भावनाओं का मजाक उड़ाया जाता है, उन्हें इस बात का एहसास दिलाया जाता है कि वे अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी नहीं निभा पा रही है और इस तरह महिलाएं जो की भावुक प्रकृति की होती है उन्हें पता भी नहीं चलता है, और वे मानसिक प्रताड़ना का शिकार हो जाती हैं।

कामकाजी महिलाओं पर गैर सामाजिक होने का इल्जाम अक्सर लगा दिया जाता है, जब वे अपने कार्यस्थल पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते सामाजिक समारोह में शामिल नहीं हो पाती हैं, रीति रिवाज को निभाने व्रत उपवास करने में कम भाग ले पाती हैं, तो उन्हें महत्वकांक्षी कहा जाने लगता है जिससे कि वह मानसिक तनाव महसूस करती हैं।

अपना कैरियर बनाना अपने सपने साकार करना सभी की इच्छा होती है,महत्वाकांक्षा जैसी कोई समस्या नहीं है महिला पुरुषों के समान ही सफल होना चाहती है लेकिन भी अपनी महत्वाकांक्षा के पीछे नहीं भागती हैं और महिलाएं कैरियर की अपेक्षा पारिवारिक जिम्मेदारियों को वरीयता देती हैं।

पीढ़ीगत बदलाव ने महिलाओं में आंतरिक विकास व बदलाव किया है, वह पुरुषों के विकसित होने की रफ्तार से कहीं ज्यादा तीव्र है, बात तुलनात्मक विश्लेषण की नहीं है, लेकिन सामाजिक परिस्थितियों और आर्थिक उदारीकरण ने महिलाओं के लिए जो दबाव व अवसर निर्मित किए हैं, वह पुरुषों से ज्यादा है, हालांकि भारतीय महिला अभी 'महिला स्वामित्व' के लिए संघर्षरत है फिर चाहे उसके शैक्षणिक आर्थिक स्तर की तरक्की के क्यों ना कर ली हो।

बॉडी शेमिंग जिसके माध्यम से लोग सामने वाले की बॉडी शेप पर या तो क्रिटिकल कमेंट करते हैं या फिर मजाक उड़ाते हैं।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

आमतौर पर ऐसे कमेंट्स से महिलाओं का दिल आहत हो सकता है और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

अपने जीवन को दांव पर लगाकर एक जीवन को जन्म देने का साहस ईश्वर ने केवल महिला को प्रदान किया है, हालांकि तथाकथित पुरुष प्रधान समाज में नारी की यह शक्ति उसकी सबसे बड़ी कमजोरी मानी जाती है, आज समाज के दोहरे मानदंड नारी को एक तरफ पूजनीय बताते हैं, तो दूसरी और उसका शोषण करते हैं, यह नारी जाति का अपमान है।

फिल्म जगत, फैशन वर्ल्ड में अगर महिलाएं काम कर रही हैं, तो हमें स्वीकारना होगा मानसिकता को बदलना जरूरी है, महिलाएं घर से बाहर जाकर लगभग सभी क्षेत्रों में काम कर रही है नए नए लोगों से मिलती है, उस दौरान घर परिवार के साथ साथ साथियों से मेल मिलाप भी करना पड़ता हैं, तो लोग शक की नजरों से उनके रिश्तो को देखते हैं, यही कारण है कि केवल लड़कियां घर से बाहर निकलना पसंद नहीं करती और हिम्मत नहीं जुटा पाती है, इस बदलते दौर में घर में बदलावों की शुरुआत करनी होगी। सोशल मीडिया पर ऐसी कई सारी पोस्ट देखने में आती हैं, जिनमें एक मां, एक घरेलू महिला एक साथ कई सारे काम कर रही होती है और पोस्ट के नीचे कमेंट होते हैं 'मां तुझे सलाम' बहुत सारे लोग इस तरह के कमेंट लिखते हैं लेकिन क्या मां तुझे सलाम कहना काफी है, क्या ? परिवार की जिम्मेदारी नहीं बनती है कि वह उस महिला के काम में मदद करें उसके काम में उसकी मदद करें।

**निष्कर्ष –** असल में महिलाएं मानसिक और भावनात्मक रूप से काफी सशक्त होती हैं, बस उन्हें अपने स्वयं की शक्तियों का एहसास नहीं होता है, असल में दोष किसी महिला या पुरुष का नहीं है, दोष है, समाज में व्याप्त पितृसत्तात्मक सोच का जिसमें महिलाओ को कमजोर समझा जाता हैं।

महिला पुरुषों में असमानता केवल हमारे देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है, महिलाओं की मानसिक जागरूकता के लिए जरूरी है, कि वह अपने आप को दूसरों के नजरिया से ना देखें, बल्कि अपने स्वयं के नजरिए कैसे देखें अपना आंकलन स्वयं करें और अनावश्यक रूप से स्वयंसिद्ध होने की चुनौती लेकर अपने आप को कष्ट ना दें।

बचपन से ही बच्चियों को आदर्श महिला बनने की शिक्षा दी जाती हैं,हमारे समाज में आदर्श महिला से तात्पर्य है सर्वगुण संपन्न, खूबसूरत, शिक्षित महिला से होता है। जब वह परिस्थितिवश आदर्श महिला की कसौटी पर खरी नहीं उतर पाते हैं, तो वह अपराध बोध से ग्रसित हो जाती अच्छा ना दिखने का अपराध बोध, अच्छा काम ना पाने का अपराध बोध, पारिवारिक जिम्मेदारियों को ढंग से ना निभाने का अपराध बोध महिलाओं खासकर कामकाजी महिला खुद को इतना दोषी मान लेती हैं कि डिप्रेशन का शिकार हो जाती हैं, महिलाओं को पहले तो स्वयं पर अत्याचार करना बंद कर आदर्श महिला की छवि से बाहर आना होगा, स्वीकार करना होगा कि कोई भी व्यक्ति सर्वश्रेष्ठ नहीं हो सकता है आप स्वयं से वाजिब अपेक्षाएं रखेंगी तो खुश रहेंगी और जब आप खुश रहेंगे तो अपना काम अच्छे से कर पाएंगे और दूसरों को भी खुशियां बांट सकेगी।

**सुझाव –** आर्थिक, सामाजिक, शारीरिक रूप से जैसी भी हो अपने आप को स्वीकार करें और फिर अपने व्यक्तित्व में सुधार हेतु अपनी क्षमता अनुसार प्रयास करने चाहिए। अपने स्वयं की प्रगति के लिए अपने आप को सुधार करें ना कि किसी और को दिखाना साबित करने के लिए स मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत होकर अपने लक्ष्यों का निर्धारण करें, लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक ज्ञान अर्जन कौशल विकास करें और जीवन में आने वाली चुनौतियों का डटकर मुकाबला करें स प्रकृति ने महिलाओं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से काफी सशक्त बनाया है महिलाएँ अपने आप को बेचारी ना समझे बल्कि अपने महत्व को समझें।

कई लोगों को मैंने यह कहते सुना है कि वह किस तरह से कपड़े पहनती है तुमको ऐसे कपड़े नहीं पहनना चाहिए, हमें याद भी नहीं की ना जाने कितने अर्से से लोग ऐसा बोलते आ रहे हैं और खुलेआम बोलते हैं। जिस तरह सबको हक है, अपने तरीके से रहने का अपने तरीके से परिधान पहनने का उस तरह महिलाओं को भी हक है, की वे जिस परिधान में अपने आप को सहज और आरामदायक महसूस करती है, उस परिधान को धारण करे है फिर महिलाओं के परिधान इतने चर्चा का विषय क्यों बनता हैं समाज के लोगों को हम सबको यकीन करना होगा किस महिलाएं स्वतंत्र व्यक्तित्व है।

पुरुष मानसिक रूप से जागरूक हो। महिलाओं के प्रति पुरुषों को भी अपनी सोच बदलनी होगी और इस बात को समझना होगा कि स्त्री एक स्वतंत्र व्यक्तित्व है वह सोचने समझने की क्षमता रखती है निर्णय लेने की भी क्षमता रखती है।

महिलाओं को महिलाओं के पक्ष में आगे आना होगा उन्हें शिक्षित करने, कौशल विकास के लिए प्रयास करने होगे। साथ ही दूसरी महिलाओं की उपलब्धियों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है, इसके अलावा अन्य महिलाओ के विकास एंव आधुनिकरण पर भी काम करें स हिंसा के खिलाफ आवाज उठाए दूसरों को जागरूक करें और साथ ही कमजोर लाचार महिलाओ पर होने वाले अत्याचारों का खुलकर विरोध करें।

जहां तक हो सके दूसरों पर अपनी निर्भरता को समाप्त कर अपने लिए रास्ते स्वयं बनाएं क्योंकि

'सीढ़ियां उनके लिए है जिनको छत पर जाना है
मेरी नजर तो आसमां पर है मुझे अपना रास्ता खुद बनाना है'

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर ।

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# बाजरा पोषक तत्व और संभावित स्वास्थ्य लाभ - एक समीक्षा

**डॉ. प्रियंका देवड़ा ***

* सहायक प्राध्यापक (गृहविज्ञान) शासकीय कन्या महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश -** मधुमेह और मोटापे की घटनाएं विश्व स्तर पर तेजी से बढ़ रही हैं और उनका मुकाबला करने के लिए, उच्च स्तर के आहार फाइबर और स्वास्थ्य लाभकारी फाइटोकेमिकल्स के साथ जटिल कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन की मांग में वृद्धि हुई है (शोभना एट अल। 2007 ) । फेनोलिक एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थों के साथ आहार का फोर्टिफिकेशन एंटीमुटाजेनिक, एंटीग्लाइसेमिक और एंटीऑक्सीडेटिव गुण प्रदान करने के लिए दिखाया गया था, और इसका स्वास्थ्य खाद्य पदार्थों (फ्रीडमैन 1997 ) के विकास में फायदा उठाया जा सकता है। खाद्य योगों में साबुत अनाज का उपयोग दुनिया भर में बढ़ रहा है, क्योंकि वे फाइटोकेमिकल्स और आहार फाइबर के समृद्ध स्रोत हैं जो कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं (जोन्स और एंगेल्सन 2010). बाजरा दुनिया के अर्ध-शुष्क और उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में कीटों और बीमारियों के प्रतिरोध, कम उगने वाले मौसम और कठोर और सूखे की स्थिति में उत्पादकता के कारण महत्वपूर्ण फसलें हैं, जब प्रमुख अनाजों पर स्थायी पैदावार प्रदान करने के लिए भरोसा नहीं किया जा सकता है। कई विकसित देशों में बाजरा का कम उपयोग किया जाता है। विकासशील देशों में बाजरे के दानों को मूल्य वर्धित खाद्य और पेय पदार्थों में संसाधित करने की अपार संभावना है। इसके अलावा, बाजरा, क्योंकि उनमें ग्लूटेन नहीं होता है और इसलिए सीलिएक रोगियों (चंद्रशेखर और शाहिदी 2010 ) के लिए सलाह दी जाती इस शोध पत्र मे उल्लेखित जानकारी या तो ऑनलाइन या ऑफलाइन स्त्रोतो से ली गइ है इस शोध पत्र को लिखने का मुख्य उदे्ष्य बाजरे मे उपस्थिक पोशक तत्वो एवं उसके स्वस्त्य लाभ से लोगो को जग रुक करना है जिससे जनता विशेष रूप से बाजरे का सेवन अधिक से अधिक कर सकें

**प्रस्तावना -** बाजरा (पेनिसेटम ग्लौकम (L.) R. Br.) एक छोटे बीज वाली अनाज की फसल है। इसकी प्रोटोगिनस प्रकृति इसे अत्यधिक क्रास-परागित फसल प्रदान करती है। अनाज की फसलों में, चावल, गेहूं, मक्का, जौ और ज्वार के बाद विश्व उत्पादन के आधार पर बाजरा छठे स्थान पर हैय हालाँकि, यह उन अनाज की फसलों की तुलना में पोषक तत्वों का अधिक प्रचुर स्रोत है। पर्ल बाजरा दुनिया भर में 27 मिलियन हेक्टेयर को कवर करता है और भारत, दक्षिण एशिया और उप-सहारा अफ्रीका के शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों के 90 मिलियन से अधिक निवासियों की खाद्य सुरक्षा का समर्थन करने वाले एक महत्वपूर्ण पोषण स्रोत के रूप में कार्य करता है। यह चारे, साइलेज, घास और ईंधन के लिए पुआल का भी स्रोमें भी इसके सफल अनाज उत्पादन के कारण, यह अत्यधिक और अनिश्चित जलवायु में एक महत्वपूर्ण अनाज की फसल के रूप में काम करने की क्षमता रखता है। अनाज उत्पादन में सफलता का श्रेय जलवायु-स्मार्ट वनस्पति, प्रजनन और शारीरिक विशेषताओं को दिया जाता है। प्रजनन कार्यक्रमों में प्रभावी उपयोग के लिए इसकी उत्पत्ति के केंद्र, वर्गीकरण की स्थिति, आनुवंशिक संसाधन विविधता और संरक्षण को समझने का प्रयास किया गया है। वर्तमान परिस्थितियों में बढ़ी हुई उत्पादकता, बेहतर गुणवत्ताा और अजैविक और जैविक तनावों के प्रति लचीलेपन के साथ नई और बेहतर किस्मों की मांग प्राचीन काल से भारतीय अनाज का हिस्सा रहा है लेकिन अब यह अपने बेमिसाल स्वास्थ्य लाभ के कारण पश्चिमी देशों में भी पापुलैरिटी हासिल कर चुका है विशेषज्ञों के अनुसार बाजरा एक स्वस्थ साबुत अनाज है जो ग्लूटेन फ्री है यह प्रोटीन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है साथ ही इसमें फाइबर, मैग्नीशियम, आयरन और कैल्शियम सहित कई तरह के पोषक तत्व रहते हैं खासतौर से जब आप वजन कम करना चाहते हैं तो इसका सेवन आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा इसमें मौजूद फाइबर आपकी प्रतिदिन कि कैलोरी की संख्या को बढ़ाएं बिना आपको आपका पेट भरा हुआ महसूस कर आएंगे अगर आप रोजाना भी बजरा खाए तो कोई नुकसान नहीं है बल्कि इसके सेवन से टाइप टू डायबिटीज के साथ कई तरह के कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है इतना ही नहीं इसका नियमित सेवन कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने के साथ अस्थमा को रोकने में भी सक्षम है। बाजरे को वापस लाने और घरेलू, वैश्विक मांग बनाने और लोगों को पौष्टिक

भोजन उपलब्ध कराने के लिए, भारत सरकार ने 2018 में राष्ट्रीय बाजरा वर्ष को चिह्नित करने का निर्णय लिया। बाजरे के पोषण मूल्य को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने बाजरे को भी अधिसूचित कियौ। उसी वर्ष पोषण-अनाज और इसे पोषण मिशन अभियान के तहत शामिल किया गया। 2021 में, भारत ने संयुक्त राष्ट्र को 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष (IYOM) के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव दिया था। भारत के प्रस्ताव को 72 देशों का समर्थन मिला और संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में घोषित किया। अब, भारत सरकार ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप म मनाने का फैसला किया है, ताकि इसे लोगों का आंदोलन बनाया जा सके ताकि भारतीय बाजरा, व्यंजनों, मूल्य वर्धित उत्पादों को विश्व स्तर पर स्वीकार किया जा सके बाजरा अधिकांशत: बहुत पोषक होता है और इसमें लसलसापन नहीं होता। इससे अम्ल नहीं बन पाता और यह आसानी से हजम हो जाता है। लसलसे पदार्थ से मुक्त होने के कारण यह उन लोगों को बहुत माफिक आता जो पेट की बीमारियों से पीडित होते हैं। बाजरे की रोटी अधिक दिनों तक

खाने से इसमें निहित ग्लूकोज धीरे-धीरे निकलता है और इस प्रकार से यह मधुमेह से पीड़ित लोगों को भी अनुकूल पड़ता है।

यही नहीं, बाजरे में लोहा, कैल्सियम, जस्ता, मैग्निसियम और पोटाशियम जैसे तत्व अच्छी मात्रा मे होते हैं। रागी में काफी मात्रा में कैल्सियम मिलता है और बाजरा में लौह तत्व होता है। इसमें काफी मात्रा में वह फाईबर मिलता है जो भोजन में जरूरी होता है और तरह-तरह के विटामिन होते हैं (कैरोटिन, नियासिन, विटामिन बी6 और फोलिक एसिड) इसमें मिलने वाला प्रचुर मात्रा में लेसीथीन शरीर के स्नायुतंत्र को मजबूत बनाता है। अतः नियमित रूप से बाजरा खाने से भारत की आबादी का अधिकांश भाग कुपोषणमुक्त हो सकता है। हालांकि बाजरे को मोटा आनाज कहा जाता है लेकिन पोषण तत्वों में समृद्ध होने के कारण इस अनाज को न्यूट्रिया मिलेट्स / न्यूट्रिया सीरियल्स कहा जाता है।

बाजरे में हाईड्रोकैमिकल्स (पोलिफिनोल्स, टेनिल्स, फाईटोस्टेरोल्स) तथा ऐन्टीऑक्सिडैन्टस् प्रचुर मात्रा मे मिलते हैं। लेकिन इनमें कुपोषण वाले वे तत्व नहीं मिलते जो प्रसंस्कृत करने से कम हो जाते हैं।

बाजरे में अनेक गुण होने के बावजूद इस अनाज का इस्तेमाल कुछ वे सामाजिक वर्ग ही करते हैं, जो इसका इस्तेमाल करते आए हैं। इनमें जनजातीया आबादी प्रमुख है। कारण यह है कि यह उपभोक्ता हितैषी अनाज इस्तेमाल करने के लिए तैयार/खाने के लिए तैयार स्थित मे नहीं मिलता हाल ही में बाजरे पर काफी लोगों का ध्यान गया है और कोशिश यह हो रही है कि इस अनाज से तैयार माल प्राप्त किया जाए।

100 ग्राम बाजरे में पाये जाने वाले पौष्टिक तत्व / Nutritional Value Of Bajra (Pearl Millet)

**लौह** – लोहा रक्त कणों की वृद्धि करता है। फेफड़ों से ऑक्सीजन को शरीर के कोशों तक पहुँचाता है। माँसपेशियों का निर्माण और पुष्टि करता है।

लोहे की कमी से (Anemia) रक्ताल्पता रोग हो जाता है। बाजरे में लोहा 5.00 उह मिलता है। बाजरे से रक्त में आयरन की आपूर्ति बढाता है। इसके खाने से लाल रक्तकणों (Red Blood Cell) की संख्या संतुलित रहती है। तथा यह रक्त में प्लेटलेट्स को भी बढ़ाता है।

1. **फायबर** – 100 gm बाजरे में 21.9 gm फाइबर पाया जाता है। यह आपकी प्रतिदिन कि कैलोरी की संख्या को बढ़ाएं बिना आपको आपका पेट भरा हुआ महसूस कर आएंगे अगर आप रोजाना भी बजरा खाए तो कोई नुकसान नहीं है बल्कि इसके सेवन से टाइप टू डायबिटीज के साथ कई तरह के कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है इतना ही नहीं इसका नियमित सेवन कोलेस्ट्रोल को नियंत्रित करने के साथ अस्थमा को रोकने में भी सक्षम है।

2. **फास्फोरस** – सौ ग्राम बाजरे से फरस्फोरस 40 mg मिलता है। फास्फोरस शरीर- कोशो निर्माण का अनिवार्य भाग है।

3. फास्फोरस हड्डियों तथा दाँतों को सुरक्षित रखता है। अम्लों का रूपान्तर करता है और शरीर की ऊर्जा-क्रियाओं को बल देता है।

4. **प्रोटीन** – सौ ग्राम बाजरे में 12gm प्रोटीन मिलता है। प्रोटीन शरीर का निर्माण, पोषण और संरक्षण करता है।

5. प्रोटीन की कमी से त्वचा में रूखापन और छिलके से हो जाना, बालों का रंग नारंगी भूरा- हो जाना और बच्चों की शरीर वृद्धि रुक जाना। ये सब बीमारियाँ हो सकती हैं। इनकी दूर करने के लिए बाजरा एक अच्छा विकल्प है।

6. **कार्बोहाइड्रेट** – सौ ग्राम बाजरे में 67mg कार्बोहाइड्रेट मिलता है। कार्बोहाइड्रेट न सिर्फ वजन घटाने में कारगर है, बल्कि यह दिल से संबंधित समस्याओ को दूर करने में भी उपयोगी है।

7. **कैल्शियम** – सौ ग्राम बाजरे में 42 mg कैल्शियम मिलता है। कैल्शियम शरीर के निर्माण, स्नायुतंत्र की कार्य-शक्ति को बल देना, रक्त जमने की सहज प्रवृत्ति तथा शरीर कोशों की अपनी शक्ति को बढाता है। इसकी कमी से हठीयां कमजोर हो जाती है और दांतों का टूटना आदि समस्याए हो सकती है।

8. थायमिन (विटामिन 'बी-1' )- यह बाजरे में 33 मि.ग्रा. मिलता है। थायमिन हृदय और स्नायुतंत्र के सामान्य कार्यों में सहायक होता है।

9. रायबोफ्लेविन (विटामिन 'बी-2' या 'जी') – सौ ग्राम बाजरे में 25 mg विटामिन बी-2 होता है। विटामिन बी-2 शरीर-वृद्धि करता है, बॉडी सेल्स को बल देता है, रोगों के बाद पुनः स्वास्थ्य-प्राप्ति और माँसपेशियों के पुनर्निर्माण में सहायक होता है।

10. **नियासीन** – यह बाजरे में 3 mg होता है। नियासीन से श्वास क्रिया सही रहती है। यह शरीर-वृद्धि के लिए आवश्यक है और शक्ति उत्पन्न करता है। बाजरे की खिचड़ी खाने से नियासीन पूरी मात्रा में मिल जाता है। यह खून में कोलेस्ट्राल की मात्रा को कम करता है।

11. **विटामिन 'ए'** – बाजरे में प्राप्त 132 mg विटामिन 'ए' शरीर की वृद्धि करता है, आँखों की द्रष्टि तेज करता है। विटामिन 'ए' की कमी से रतौंधी और ड्राई स्किन या त्वचा शुष्कता होती है तथा द्रव-स्त्राव कम हो जाता है। इसे ठीक करने के लिए बाजरे की उपयोगिता बहुत ज्यादा है।

12. **बाजरे से शरीर को मिलने वाली ऊर्जा** – बाजरे से 361 कैलोरी ऊर्जा मिलती है। कम से कम सर्दियों में एक समय के भोजन में बाजरे का भी शामिल करना ही चाहिए।

13. इन सबके अलावा बाजरे में अमीनो अम्ल भी पर्याप्त मात्रा में मिलता है।

**बाजरे के स्वथ्य लाभ:**

1. **वजन प्रबंधन:** जटिल कार्ब्स से युक्त, बाजरा हमारे पाचन तंत्र से धीरे-धीरे अवशोषित होता है, जिससे ऊर्जा का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित करते हुए अधिक तृप्ति मिलती है। यह अतिरक्षण और बीच-बीच में अत्यधिक भोजन करने से रोकने में मदद करता है।

2. **ग्लूटेन फ्री:** बाजरा में प्रोटीन की मात्रा ग्लूटेन फ्री होती है, जिससे यह हमारे द्वारा खाए जाने वाले ग्लूटेन वाले भारी भोजन से एक अच्छा बदलाव देखा जाये।

3. **आंत का स्वास्थ्य:** बाजरा अघुलनशील फाइबर का एक समृद्ध स्रोत है, जो हमारे आंत में प्री-बायोटिक के रूप में काम करता है, हमारे पाचन स्वास्थ्य को शीर्ष रूप में रखने में मदद करता है। अघुलनशील फाइबर भी भोजन में बल्क जोड़कर अधिक खाने से रोकने में मदद करता है, जिससे जल्दी तृप्ति होती है। उचित आंत्र सफाई और कब्ज को रोकने के लिए अघुलनशील फाइबर भी महत्वपूर्ण है।बाजरा फाइबर (पिइमत) का बड़ा स्रोत होता है इससे पाचन क्रिया और लीवर ठीक रहता है।

4. **मधुमेह को प्रबंधित करने में मदद करता है:** हमारे दैनिक आहार में फाइबर के सेवन से मधुमेह नियंत्रण और रोकथाम दोनों प्रभावित होते हैं। दुनिया भर में कई अध्ययनों में सकारात्मक प्रभाव अच्छी तरह से प्रलेखित हैं। बाजरे का मधुमेह पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है क्योंकि इसकी फाइबर सामग्री और धीरे-धीरे पचने योग्य स्टार्च की उपस्थिति होती है, जो ग्लूकोज

में परिवर्तित होने में अधिक समय लेती है। यह मधुमेह के प्रबंधन और मधुमेह रोगियों के लिए एक निरंतर ऊर्जा रिलीज प्रदान करने में मदद करता है। इसके अलावा, बाजरा मैग्नीशियम का एक अच्छा स्रोत है, जो मधुमेह के कम जोखिम से जुड़ा है।

5. **स्वस्थ हृदय:** चूँकि बाजरा मैग्नीशियम का एक अच्छा स्रोत है, इसलिए हृदय रोगियों के लिए बाजरे को अपने आहार में शामिल करना अच्छा होता है। मैग्नीशियम बीपी और मधुमेह जैसे हृदय रोगों के जोखिम कारकों को रोकने में सक्षम है। अध्ययनों ने एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्राल को कम करने पर मैग्नीशियम लाभकारी प्रभाव की ओर भी इशारा किया है और यह स्ट्रोक से भी बचाता है।

6. **बाजरे में फाइटोकेमिकल्स प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं:** बाजरे में मौजूद सबसे प्रचुर मात्रा में पॉलीफेनोल्स में फ्लेवोनोइड्स – ट्राइसिन, ल्यूटोलिन और एसासेटिन शामिल हैं। ये एंटी–कार्सिनोजेनिक और एंटीट्यूमर के रूप में दिखाए गए हैं, और यहां तक कि स्तन कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में भी मदद कर सकते हैं। Flavonoids हमारे शरीर में एंटी–कार्सिनोजेनिक के रूप में कार्य करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में भी मदद करता है। एंटी–ऑक्सीडेंट भी समग्र स्वास्थ्य, उम्र बढ़ने पर सकारात्मक प्रभाव से जुड़े होते हैं और मेटाबोलिक सिंड्रोम से सुरक्षा प्रदान करते हैं।

7. **ओमेगा–3 वसा से भरपूर:** अन्य अनाजों की तुलना में बाजरा स्वस्थ ओमेगा–3 वसा का एक बेहतर स्रोत है। ओमेगा –3 तेल रक्तचाप को कम करने, ट्राइग्लिसराइड्स, धमनियों में पट्टिका के विकास को धीमा करने, नियमित हृदय ताल बनाए रखने और कार्डियो सुरक्षात्मक होने के लिए जाने जाते हैं।

8. **आयरन और फास्फोरस से भरपूर:** बाजरा मामूली मात्रा में आयरन और फास्फोरस प्रदान करता है। आयरन संज्ञानात्मक सोच, स्मृति और ऊर्जा के लिए भी एक बहुत ही महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। यदि आप एनीमिया (लौह की कमी) से पीड़ित हैं, तो आप जानते हैं कि ऊतकों तक ऑक्सीजन की कमी और कार्बन डाइऑक्साइड के निर्माण के कारण लोहे का निम्न स्तर आपको थका हुआ और कमजोर महसूस कर सकता है। इसलिए आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थ आपके स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं।

**निष्कर्ष–** भारत तरह–तरह की फसलो का सबसे बड़ा उत्पादक देश है और बाजरे की अधिकांश प्रजातियां यहां पाई जाती है बाजरे की खेती के लिए बाहर से कुछ निवेश करने की जरूरत नहीं होती इसकी खेती खाद्यान्न और चारे ढोनों के लिए की जाती है और आसान ढंग से धन की खेती हो को देखते हुए इस चमत्कारी अनाज और भविष्य की फसल कहा जाता है बाजरे की फसल किसानों की कुशलताए में आर्थिक योगदान करती है और इसके जरिए लाखों किसानों को भोजन आजीविका और खाद्य सुरक्षा प्राप्त होती है लघु गुजारे वाले सूखे इलाकों में रहने वाले किसानों के लिए बहुत उपयोगी फसल है बाजरे का डालो तिलहन के साथ इस्तेमाल करके इस से पोषक पोष्टिक भोजन तैयार किया जा सकता है इससे चपाती या लड्डू बिस्किट और तरह–तरह के भोज पदार्थ चाहिए तैयार किए जा सकते हैं यह प्रोबायोटिक पर पदार्थ तैयार करने में भी काम आता है सिर के उतरने के बाद इसका इस्तेमाल चावल की तरह किया जा सकता है इस के आटे का प्रयोग विभिन्न पदार्थों को बनाने में किया जा सकता है बेसन के साथ मिलाकर इसका इस्तेमाल इडली–डोसा आदि बनाने में किया जा सकता है राज्य और गेहूं के आटे में मिलाकर इससे नूडल्स भी बनाए जा सकते हैं बाजरे की विभिन्न लाभ को देखते हुए किसानों की फसल ज्यादा से ज्यादा आने की कोशिश करनी चाहिए मुख्य खाद्यान्न में शामिल किया जा सके खाद्यान्नों का उत्पादन और खपत बढ़ाने के आज के आधुनिक औद्योगिक और सारे जमाने में हम इस पोषक तत्वों से पूर्ण स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ बना सकते हैं आएगा इसके अलावा इसके बारे में जनता में जागृति पैदा होगी और इसके पोषक तत्व के बारे में भी जान पाएंगे इसमें उपस्थित पोषक तत्वों के द्वारा लोगों में होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है एवं उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा की जा सकती हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**


1. बाजरा के पोषण और स्वास्थ्य लाभ: आईसीएआर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट्स रिसर्च (आईआईएमआर) राजेंद्रनगर, हैदराबाद,
2. https://www-ncbi-nlm-nih-gov.translate.goog/pmc/articles/PMC4033754/?_x_tr_sl=en&_x_tr_t l=hi&_x_tr_hl=hi&_x_tr_pto=sc
3. https://justagriculture.in/files/newsletter/2022/march/012.pdf
4. https://hi.vikaspedia.in/agriculture/crop-production/
5. https://www.healthbeautytips.co.in/nutritional-value-benefits-of-bajra-pearl-millet-in-hindi/


**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# पाटीदारो के धार्मिक स्थल

**रीना पाटीदार***

* शोधार्थी (इतिहास) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

**श्री राम मंदिर उज्जैन-** भारत वर्ष के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक अति महत्वपूर्ण श्री महाकालेश्वर की नगरी उज्जैनी के पश्चिम में शिप्रा नदी के तट पर रामघाट के पास हनुमानगढ़ी में श्री राम जानकी का एक साधारण एवं छोटा सा मंदिर है। यहां की व्यवस्था पूजा आदि कार्य स्वामी रामदासजी महाराज के हाथो में है। उज्जैन, धार, रतलाम ,इंदौर, मंदसौर आदि जिलों के पाटीदार बंधुओ के सम्मलेन एवं धार्मिक कार्यो के लिये यह मंदिर प्रेरणा का स्त्रोत है। जहा प्रत्येक धार्मिक पर्व पर पाटीदार बंधुओ हमेशा एकत्रित होते है। पाटीदार समाज की अच्छी व स्वस्थ भावना का प्रतिक श्री राम मंदिर है जो अब समाज की सर्वागीण उन्नति का तथा समाज को संगठित कर एक पवित्र सूत्र में बांधकर पवित्र जीवन व्यतीत करने का पथ दर्शक है।

**श्री उमिया धाम राऊ-रंगवासा, इंदौर-** श्री अम्बिका पाटीदार समाज धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट राऊ रंगवासा (इंदौर) ट्रस्ट की स्थापना की गई। इसी पावन स्थल पर पाटीदार समाज ने मिलकर भव्य मंदिर का निर्माण किया तथा इस पवित्र स्थल का नामकरण भी 'उमिया धाम' रखा। इस पवित्र तीर्थ स्थल के विकास हेतु इंदौर जिला पाटीदार समाज ने तन-मन -धन से अभूतपूर्व सहयोग प्रदान किया। इस मंदिर में उंझा से श्री उमिया माताजी की अखंड ज्योति लेकर स्थापित करने के उद्देश्य से 12-3-90 को 131 कार्यकर्त्ताओ के दल श्री परमानन्द पाटीदार तिल्लोर खुर्द तथा श्री रामप्रसाद पाटीदार खजराना वाले के निर्देशन में रवाना हुआ। 14-3-90 को उंझा से अखंड ज्योत लेकर उत्साही दल पैदल चलकर 29-3-90 को कच्छ पाटीदार समाज भवन लाबरिया भेरू (इंदौर) पंहुचा। वहां से विशाल जुलुस जयघोष करते ,पुष्प वर्षा करते, स्वागतातुर नर-नारियों के साथ रंगवासा ग्राम के मंदिर में पंहुचा। इस अखंड ज्योति को सम्मिलित किया गया।

**श्री उमिया माताजी मंदिर, ग्राम करोंदिया -** श्री उमिया माताजी सेवा ट्रस्ट करोंदिया का रजिस्ट्रेशन दिनांक 14-9-87 को हुआ था। यह ट्रस्ट ग्राम करोंदिया में श्री उमिया माताजी का मंदिर समाज के सहयोग से बना। माताजी की अखंड ज्योति लाने के बाद ट्रस्ट की और से कुछ जमीन क्रय की गई तथा कुछ जमीन दान दाताओ से प्राप्त हुई। कुल जमीन लगभग तीन बीघा है। श्री उमिया माताजी मंदिर का शिलान्यास समारोह श्री शेठ केशवलालजी पटेल अध्यक्ष महोदय श्री उमा शासकीय उंझा के सांसद श्री रामेश्वरजी पाटीदार खलधार के मुख्य आतिथ्य में हुआ। श्री रमेश चंद्रजी गुरु कसरावद की अध्यक्षता में तथा निमाड़, मालवा, गुजरात, के हजारो नर नारियो की उपस्थिति में दिनांक 8-3-90 को हुआ था। इस दिन ग्राम में शोभा यात्रा भी निकाली गई थी। इस मंदिर निर्माण के लिये श्री केशवलालजी पटेल का मार्ग दर्शन लिया गया। महेसाणा (उत्तर गुजरात ) के शिल्पकार को मंदिर निर्माण का ठेका दिया गया है। मंदिर निर्माण इसी दिव्य ज्योत एवं मंदिर स्थल पर विशाल पैमाने पर आदर्श सामूहिक विवाह आयोजित किये जाते है।

**श्री अम्बिका बाल मंदिर-धामनोद -** पाटीदार समाज के जिला सम्मेलनों, मीटिंगों में बार-बार शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिये प्रस्ताव पारित होने तथा शिक्षा प्रेमी सदस्यों द्वारा शिक्षा की जाग्रति के लिये आहवाहन करते रहने से धामनोद के गणमान्य सदस्यों के मन में शिक्षा की संस्था प्रारम्भ करने की इच्छा हुई। सर्यप्रथम माताजी के मंदिर में बालवाड़ी का सुभारम्भ हुआ। फिर दिनांक 1-1-91 श्री अम्बिका बालमंदिर की विधिवत स्थापना हुई। आज वर्तमान में इस बालमंदिर में लगभग 425 छात्र-छात्राये शिक्षा प्राप्त कर रहे है। 10 शिक्षक तथा 4 भवन है। धामनोद में सर्वप्रथम माताजी के मंदिर के पास की 4 बीघा बाड़ी (कृषि भूमि) खरीदने के लिये पाटीदार समाज एकत्रित हूए। भूमि खरीदने के लिये एक रात में चिमनी के उजाले में समाज के लोगो ने रुपये इकट्ठे किये। यह तय किया गया की आज की रात बत्ती जलती रहेगी, जब तक की पुरे रुपये इकट्ठे नहीं हो जाते। इस प्रकार समाज सेवको का लक्ष्य एक रात में पूरा हुआ। आज उसी भूमि पर शिक्षा प्राप्त कर है। जहा श्री अम्बिका बाल मंदिर की स्थापना करके बच्चे उचित शिक्षा प्राप्त कर रहे है।

**श्री उमिया कन्या छात्रावास-मंडलेश्वर-** पाटीदार समाज की व्यस्क बालिकाओ के उचित शिक्षण के लिये निमाड़ जिले में मीटिंग में प्रस्ताव पारित करके मंडलेश्वर में कन्या छात्रावास निर्माण करने का निर्णय लिया गया।

माँ उमिया मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के मंडलेश्वर में माँ नर्मदा घाटी क्षेत्र में सुविधाजनक रूप से स्थित है। इस परिसर में पुस्तकों,व्यावसायिक पत्रिकाओ, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओ और पत्रिकाओ के विशाल संग्रह के साथ एक विशाल क्षेत्र में फैल एक व्यापक तकनीकी पुस्तकालय है। इस परिसर में 800 से अधिक छात्रों की क्षमता वाले अलग गर्ल हॉस्टल है। कमरों को अटैच बाथ और टॉयलेट के साथ बेहद आधुनिक तरीके से बनाया गाया है।

उमिया कन्या कालेज मंडलेश्वर जो लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल उच्च शिक्षण संस्थान मंडलेश्वर द्वारा निगमित है। जिसे पाटीदार समाज

द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिसमे सभी समाज की कन्याओ की माध्यमिक,उच्चतर माध्यमिक शिक्षा कॉलेज शिक्षा और 2006 से कन्या बीएड कॉलेज शिक्षा के माध्यम से सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को लेकर नर्मदा नदी के पवित्र तट पर शांत ओर राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत वातावरण में संचालित किया जा रहा है। तब से लेकर आज तक शिक्षा संस्थान ने अपने बहुसंख्यक कार्यक्रमों ओर शिक्षण, प्रशिक्षण, शोध एवं प्रसार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान है।

**मुल्यांकन** – 18वी शताब्दी का उमिया माताजी महोत्सव इन दोनों प्रांतो के लिये पाटीदारो को जोड़ने वाला एक प्रेरकबल सिंद्ध हुआ है दोनों प्रांतो के समाजो में आमने सामने कई समाज यात्राएं हुई और उन समाज यात्राओं के फलस्वरूप ही जन्म लिया बंधुता और आत्मीयता ने पाटीदारो के धार्मिक संगठन तथा यात्राओं में लोगो को जाग्रत किया तथा बालिकाओ को शिक्षित करने के लिये अनेक छात्रावासों का गठन किया गया। इन सब धार्मिक कार्यो से ही आज पाटीदार समाज अलग –अलग क्षेत्रों में प्रगति और समाज कल्याण के कार्य कर रहे है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–**

1. हिन्द समाज और जाति व्यवस्था– 1975 पृ.76
2. बॉम्बे गजेटियर, खंड 9 भाग –1, 1889 पृ.101
3. अर्ली मेडिएवल इंडियन सोसायटी कोलकाता, 2003 पृ.95
4. वडोदरा डिस्ट्रिक्ट गजेटियर, अहमदाबाद –1979 पृ.85
5. क्षत्रिय पाटीदारो का इतिहास–डॉ मंगुभाई पटेल पृ.165
6. दी हिस्ट्री ऑफ गुर्जर प्रतिहार –1996 पृ.135
7. सरदार पटेल स्मारक की भूली हुई कहानी (लेख) उमर उजाला – 2000 पृ.22
8. भारत में पाटीदार जाति की सामाजिक संरचना –जयप्रकाश एम् 1998 पृ.195
9. कणबी और पाटीदार: गुजरात के पाटीदार समुदाय का एक अध्ययन –डेविड (1972) पृ.18
10. गुजरात में पटेल आंदोलन का चेहरा –हार्दिक पटेल (2015) पृ.55
11. याज्ञनिक, भारत 2018–कड़वा पाटीदारो की कुलदेवी पृ.11

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# भारतीय महिला वैज्ञानिकों के ऐतिहासिक योगदान एवं भविष्य के पहलू

**प्रो. खुशबू मंडावरा ***

* सहायक प्राध्यापक (रसायनशास्त्र) राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** भारतीय महिला वैज्ञानिकों ने विज्ञान के प्रत्येक क्षेत्र में खुद को सिद्ध किया है, NASA, ISRO,TIFR आदि में खास भूमिका निभायी। यदि अनुपात की बात करें तो पुरुषों के मुकाबले महिला वैज्ञानिकों का अनुपात बहुत कम है, अत: STEM के क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने बहुत सी रिसर्च स्कॉलरशिप की योजना चलाई एवं भारत के 10 विश्वविद्यालयों में 11 चेयर्स भी महिला वैज्ञानिकों के नाम से गठित की, जिससे युवा लड़कियां इनसे प्रेरणा ले सकें और स्वयं को अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ा सकें और देश की उन्नति में अपना योगदान दे सकें। डॉ. जानकी अम्मल, डॉ. इरावती कर्वे, डॉ. रमन परिमाला, डॉ. अन्ना मणि, डॉ. कादम्बिनी गांगुली, डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. राजेश्वरी चटर्जी, डॉ. बिभा चौधरी, डॉ. दर्शन रंगनाथन, डॉ. कमल रानादिवे, डॉ. असीमा चटर्जी, इन सभी 11 महिला वैज्ञानिकों के नाम पर भारत के विश्वविद्यालयों में चेयर्स गठित की गई जो रसायन विज्ञान, भौतिकी, मेडिसिन, गणित, वनस्पति, मानव विज्ञान, मौसम विज्ञान, इंजीनिरिंग आदि सभी विषयों को समाहित करता है।

**शब्द कुंजी –** NASA, ISRO, TIFR, STEM.

**प्रस्तावना –** आज विज्ञान की दुनिया मे भारतीय महिला वैज्ञानिकों का योगदान अतुलनीय है। उनके अविष्कारों और प्रयोगों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की प्रगीति में चार चाँद लगाए हैं।

साल दर साल महिलाओं ने विज्ञान की जादुई दुनिया मे अपना लोहा दमदार तरीके से मनवाया है। देश ही नही पूरी दुनिया मे भारतीय महिला वैज्ञानिकों ने अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

भारतीय महिलाओं ने मेडिकल साइंस, वनस्पतिविज्ञान , रसायन विज्ञान, से लेकर मिसाइल और अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक से बढ़कर एक उपलब्धियां हासिल की हैं। इसरो(ISRO, Indian Space and Research Organization) में चंद्रयान मिशन हो या फिर मंगल मिशन की सफलता नासा(NASA, National Aeronautics and Space Administration) से लेकर नोबेल पुरस्कार तक भारतीय महिला वैज्ञानिकों की लगन और मेहनत आज किसी से छिपी नहीं है। आज विज्ञान की दुनिया में भारतीय महिलाओं की सफलता की कहानियां जन-जन तक पहुंचना जरूरी है, जिससे विज्ञान के माध्यम से महिलाएं देश की प्रगति में योगदान दे सकें और संकीर्ण मानसिकता वाले कुछ समाज के तबके की सोच में कुछ बदलाव लाया जा सके। 28 फरवरी 2020 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुए एक कार्यक्रम में महिला और बाल विकास मंत्री ने विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को सम्मान देने के लिए देश भर में 11 पीठों के गठन की घोषणा की है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवा लड़कियों को अनुसंधान के क्षेत्र में प्रोत्साहन करना है। युवा लड़कियाँ उनसे प्रेरणा लेंगी और हमारे देश को गौरान्वित करेंगी। केंद्र सरकार की ओर से सिर्फ विज्ञान ही नहीं बल्कि तकनीक इंजीनियरिंग और गणित (STEM, Science Technology Engineering and Mathematics) के क्षेत्र में भी महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने की कोशिश की जा रही है।

**महिला वैज्ञानिकों का अनुसंधान क्षेत्र में योगदान**

प्रख्यात भारतीय महिला वैज्ञानिकों जिनके नाम पर 10 विश्वविद्यालयों में 11 पीठ बनाई गई हैं, उनके नाम एवं अनुसंधान क्षेत्र निम्न है-

**डॉ. जानकी अम्मल – Botanist**



डॉ. जानकी अम्मल वनस्पति शास्त्र की पहली महिला वैज्ञानिक थी।

इनका जन्म 4 नवंबर 1897 में हुआ। वह अमेरिका में वनस्पति विज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला थीं। 1913 में भारत में महिलाओं की साक्षरता एक प्रतिशत से भी कम थी। वह 1924 में अमेरिका गयी और मिशिगन विश्वविद्यालय में प्लांट साइटोलॉजी पर शोध किया, विभिन्न पौधों के प्रकार का अध्ययन किया। उन्होंने भारत की जलवायु के अनुकूल गन्ने एवं बैगन की फसल विकसित करने के लिए अपनी विशेषज्ञता का उपयोग किया। वह जॉन इन्स इंस्टीट्यूट में काम करने के लिए इंग्लैंड चली गई जहाँ उन्होंने कल्टीवेटेड प्लांट्स के क्रोमोसोम एटलस का सह-लेखन किया। रॉयल हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी में, उन्होंने अध्ययन किया कि कैसे तेजी से बड़े पौधों को कोलिसिन का उपयोग करके विकसित

किया जाए। उनके नाम पर एक मैगनोलिया किस्म और एक संकर गुलाब का नाम रखा गया। अकालों की एक श्रृंखला के बाद, वह खाद्य उत्पादन बढ़ाने में मदद करने के लिए अपने ज्ञान का उपयोग करने के लिए प्रधान मंत्री के अनुरोध पर भारत लौट आई। हालांकि, अधिक भोजन उगाने के प्रयास में हो रहे वनों की कटाई से वह बिल्कुल असहमत थी। वह देशी पौधों के संरक्षण के लिए एक वकील बन गई और जलविद्युत परियोजना से साइलेंट वैली को सफलतापूर्वक बचाया। अब यह एक राष्ट्रीय उद्यान है। सन 1977 में उन्हें भारत के प्रधानमंत्री द्वारा पद्मश्री से नवाजा गया।

प्रौधोगिकी के क्षेत्र में डॉ. जानकी अम्मल के नाम पर एक चेयर स्थापित की गयी , जो उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि होगी।

**डॉ. इरावती कर्वे – Anthropologist**



यह भारत की पहली महिला मानवविज्ञानी थी।

इनका जन्म 15 दिसंबर 1905 बर्मा में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था एवं इनका नाम बर्मा में इरावती नदी के नाम पर रखा गया था। उन्होंने फर्ग्यूसन कॉलेज मे दर्शनशास्त्र कि पढाई कि थी, जिसमें से उन्होंने 1926 मे स्त्रातक कि उपाधि प्राप्त कि थी। उन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी मे जीएस घोरी से समाजशास्त्र की पढाई करने के लिए दक्षिणा फैलोशिप प्राप्त की थी।

उन्होंने 1931 से 1936 तक बॉम्बे मे एसएनडीटी महिला विश्वाविद्यालय मे एक प्रशासक के रुप मे काम किया था। वह 1939 मे समाजशास्त्र मे एक रीडर के रुप मे पूणे के डेक्कान कॉलेज चली गई थी, यहाँ मानवविज्ञान विभाग उन्होंने ही स्थापित किया था।

उन्होंने मराठी एवं अंग्रेजी दोनो भाषाओं में काम किया। उनके अध्ययन का मुख्य विषय भारत की जनसंख्या में प्रजातीय तत्व एवं जाती की उत्पत्ति, ग्रामीण और नगरीय समुदाय का अध्ययन , नातेदारी व्यवस्था पर था एवं शोध पश्चिम भारत की प्रादेशिक संस्कृति की विशेषताओं पर था।

इनको महाभारत पर लिखी गयी मराठी रचना श्युगांत एक युग का अंतष के लिए 1967 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया था। इनका रुझान नारीवाद कविताओं को अनुवाद करने की ओर एवं लोक गीतों को एकत्रित करना की ओर भी था।

**डॉ. रमन परिमाला – Mathematician**



यह महिला गणितज्ञ थी। इनका जन्म 21 नवंबर 1948 में तमिलनाडु में हुआ । उन्होंने संख्या सिद्धांत, बीजगणितीय ज्यामिति और टोपोलॉजी के उपकरणों का उपयोग करके बीजगणित में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

वह टीआईएफआर ( TIFR, Tata Institute of Fundamental Research) में प्रोफेसर रही। बीजगणित में उनकी उत्कृष्टता के कारण उन्हें कई पुरस्कार और मान्यताएँ मिली हैं। वह तीनों भारतीय विज्ञान अकादमियों– भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (नई दिल्ली), भारतीय विज्ञान अकादमी (बैंगलोर) और राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (इलाहाबाद) की फेलो रहीं। उन्होंने 1987 में भारत में सर्वोच्च विज्ञान पुरस्कार, शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार जीता है।

गणित के क्षेत्र में योगदान के लिए 2005 में उन्हें 'द वर्ल्ड अकादमी ऑफ साइंस' पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। कई विदेशी यूनिवर्सिटी में वह विजिटिंग प्रोफेसर रही।

**डॉ. अन्ना मणि– Meteorologist**



डॉ. अन्ना मणि एक प्रमुख भारतीय भौतिक विज्ञानी एवं भारतीय मौसम वैज्ञानिक थीं। इनका जन्म 23 अगस्त 1918 को केरल में हुआ।

वह भारत के मौसम विभाग के उप–निदेशक थीं। उन्होंने मौसम विज्ञान उपकरणों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान किए हैंय सौर विकिरण, ओजोन और पवन ऊर्जा माप के विषय में अनुसन्धान किया है और कई शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। मौसम से जुड़े उपकरणो के डिजाइन और निर्माण कार्यक्रमो का भारत मे विकास किया। 1975 में, उन्होंने मिस्र में WMO सलाहकार के रूप में कार्य किया। वह 1976 में भारतीय मौसम विभाग के उप महानिदेशक के रूप में सेवानिवृत्ता हुईं।

**डॉ. कादम्बिनी गांगुली– Doctor in Medicine**



इनका जन्म 18 जुलाई 1861 में हुआ था। इन्होंने कलकत्ता मेडिकल कॉलेज से डॉक्टर की उपाधि ली, एवं 1886 में भारत की पहली महिला फिजिशियन बनी। वह पहली दक्षिण एशियाई महिला थी जिन्होंने यूरोपियन मेडिसिन में प्रशिक्षण लिया।

उन्होंने कोयला खदानों में काम करने वाली महिलाओं की स्थिति पर काफी कार्य किया। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में भाषण देने

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

वाली पहली महिला बनी।

**डॉ अर्चना शर्मा– Botanist**



इनका जन्म 16 फरबरी 1932 को पुणे ,महाराष्ट्र में हुआ।

अर्चना शर्मा एक प्रसिद्ध भारतीय वनस्पतिशास्त्री, साइटोजेनेटिकिस्ट, सेल बायोलॉजिस्ट और साइटोटॉक्सिकोलॉजिस्ट थीं। उनके व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त योगदानों में वानस्पतिक रूप से प्रजनन करने वाले पौधों में प्रजाति का अध्ययन, वयस्क नाभिक में कोशिका विभाजन को शामिल करना, पौधों में विभेदित ऊतकों में पॉलीटेनी का कारण, फूलों के पौधों की साइटोटेक्सोनॉमी और पानी में आर्सेनिक का प्रभाव शामिल है।

1967 में, उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय में संकाय के रूप में शामिल हुई, बाद में 1972 में कलकत्ता विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन सेल एंड क्रोमोसोम रिसर्च में जेनेटिक्स की प्रोफेसर बनी । 1981 में, उन्हें वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रमुख के रूप में पदोन्नत किया गया ।

इनके मार्गदर्शन में 70 से अधिक विद्यार्थियों ने साइटोजेनेटिक्स, मानव आनुवंशिकी, और पर्यावरणीय उत्परिवर्तन के क्षेत्रों में पीएचडी की।

अपने करियर के दौरान, उन्होंने 10 पुस्तकें और 300 से 400 शोध पत्र प्रकाशित किए। उन्होंने अपने पति, साथी प्रोफेसर अरुण कुमार शर्मा के साथ 1965 में क्रोमोसोम टेक्निक्स – 'थ्योरी एंड प्रैक्टिस' नामक पुस्तक प्रकाशित की। वह न्यूक्लियस की संस्थापक भी थीं, जो साइटोलॉजी और संबद्ध विषयों की एक अंतरराष्ट्रीय पत्रिका है, और 2007 तक इसकी संपादक बनी रहीं। उन्होंने इंडियन जर्नल ऑफ एक्सपेरिमेंटल बायोलॉजी, प्रोसीडिंग्स ऑफ द इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी के संपादकीय बोर्ड में काम किया।

**डॉ. राजेश्वरी चटर्जी – Engineer**



राजेश्वरी चटर्जी का जन्म 24 जनवरी 1922 को हुआ। वह कर्नाटक की पहली महिला इंजीनियर बनी। भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बंगलौर में अपने कार्यकाल के दौरान, चटर्जी एक प्रोफेसर के पद पर रहते हुए उन्होंने ष्विद्युत चुम्बकीय सिद्धांत, इलेक्ट्रॉन ट्यूब सर्किट, माइक्रोवेव प्रौद्योगिकी और रेडियो इंजीनियरिंगष पढ़ाया और बाद में इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्ष थीं। उन्होंने और उनके पति ने माइक्रोवेव अनुसंधान प्रयोगशाला का निर्माण किया और माइक्रोवेव इंजीनियरिंग के क्षेत्र में शोध शुरू किया, जो भारत में इस तरह का पहला शोध था।

अपने जीवनकाल में, उन्होंने 20 विद्यार्थियों को पीएचडी करवाई एवं 100 से अधिक शोध पत्र और सात पुस्तकें लिखीं।

1982 में IISc से अपनी सेवानिवृत्ति के बाद, उन्होंने सामाजिक कार्यक्रमों पर काम किया, जिसमें भारतीय महिला अध्ययन संघ भी शामिल था।

**डॉ. बिभा चौधरी– Physicist**



डॉ. बिभा चौधरी 20वी सदी की भारतीय महिला भौतिक विज्ञानी थी। इनका जन्म 1913 में कलकत्ता में हुआ था। उन्होंने 1936 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से भौतिकी में मास्टर्स पूरा किया। वह अपने वर्ग की अकेली महिला थी क्योंकि भौतिकी, पुरुषों के प्रभुत्व वाला विषय था। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ मेनचेस्टर से अपनी पीएचडी की उपाधि ली।

वह पहले कलकत्ता विश्वविद्यालय और बाद में कलकत्ता में बोस संस्थान में देबेंद्र मोहन बोस की प्रयोगशाला में शामिल हुईं। डीएम बोस और बिभा ने मेसन (उप–परमाणु कण जो अस्थिर होते हैं और सेकंड के कुछ सौवें हिस्से में क्षय होते हैं) की सह–खोज की। उन्होंने नेचर में लगातार तीन लेख प्रकाशित किए। हालांकि, द्वितीय विश्व युद्ध का सामना करने वाले वर्षों के दौरान प्रयोगों के लिए आवश्यक फोटोग्राफिक इमल्शन प्लेटों की अनुपलब्धता के कारण वे मेसन अनुसंधान पर आगे नहीं बढ़ सके। सी.एफ. पॉवेल, एक अंग्रेजी भौतिक विज्ञानी, ने कुछ साल बाद समान तरीकों का उपयोग करके वही खोज की जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसके लिए उन्होंने एक लंबी लड़ाई लड़ी। एक तारे का नाम इनके नाम पर बिभा रखा गया है।

**डॉ. दर्शन रंगनाथन– Organic Chemist**



दर्शन रंगनाथन का जन्म 4 जून 1941 में हुआ था। वह भारत की एक कार्बनिक रसायनज्ञ थी, जो जैव–कार्बनिक रसायन विज्ञान में अपने काम के लिए जानी जाती थी, जिसमें 'प्रोटीन फोल्डिंग में अग्रणी कार्य' शामिल था। उन्होंने सुपरमॉलेक्यूलर असेंबली, आणविक डिजाइन, प्रमुख जैविक

प्रक्रियाओं का रासायनिक अनुकरण, 'कार्यात्मक हाइब्रिड पेप्टाइड्स का संश्लेषण और नैनोट्यूब का संश्लेषण' पर भी कार्य किया।

1970 में, उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, IIT कानपुर में शोध शुरू किया। उस वर्ष, उन्होंने सुब्रमनिया रंगनाथन से शादी की, जिसके साथ उन्होंने ऑर्गेनिक रिएक्शन मैकेनिज्म (1972), आर्ट इन बायोसिंथेसिस: द सिंथेटिक केमिस्ट्स चौलेंज (1976), और ऑर्गेनिक रिएक्शन मैकेनिज्म (1980) में आगे की चुनौतीपूर्ण समस्याओं के लेखक के रूप में आगे बढ़ी, साथ ही साथ 'करंट ऑर्गेनिक केमिस्ट्री हाइलाइट्स' नामक चल रही श्रृंखला का संपादन भी किया।

**डॉ. कमल रानादिवे– Biomedicist**



इनका जन्म 8 नवंबर 1917 को पुणे में हुआ। वह एक भारतीय बायोमेडिकल शोधकर्ता थी, जो कैंसर और वायरस के बीच संबंधों पर अपने शोध के लिए जानी गयी। वह 'भारतीय महिला वैज्ञानिक संघ'(IWSA) की संस्थापक सदस्य थीं।

1960 में, उन्होंने जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान के क्षेत्र में अपने सहायकों (जिन्हें उन्होंने ICRC में शामिल किया था) के साथ टिशू कल्चर मीडिया और संबंधित अभिकर्मकों का विकास किया। वह कार्सिनोजेनेसिस, सेल बायोलॉजी और इम्यूनोलॉजी में नई शोध इकाइयां स्थापित करने के लिए भी जानी जाती हैं। उनके करियर की उपलब्धियों में जानवरों के माध्यम से कैंसर के पैथोफिजियोलॉजी पर शोध शामिल है, जिससे ल्यूकेमिया, स्तन कैंसर और इसोफेजियल कैंसर जैसे रोगों के कारणों की काफी सराहना हुई। उन्होंने कुष्ठ रोग के टीके का विकास और इस रोग से संबंधित बैक्टीरिया पर उल्लेखनीय कार्य किया।

1982 में चिकित्सा के लिए उन्हें पद्मभूषण (भारत का तीसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार) से सम्मानित किया गया।

**डॉ. असीमा चटर्जी– Organic Chemist**



इनका जन्म 23 सितंबर 1917 में हुआ। वह एक भारतीय कार्बनिक रसायनज्ञ थीं, जो कार्बनिक रसायन और फाइटोमेडिसिन के क्षेत्र में अपने काम के लिए विख्यात थीं। उनके सबसे उल्लेखनीय कार्यों में विंका अल्कलॉइड्स पर शोध, मिरगी–रोधी दवाओं का विकास और मलेरिया–रोधी दवाओं का विकास शामिल है। उन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप के औषधीय पौधों पर काफी काम किया। वह भारतीय विश्वविद्यालय से डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि प्राप्त करने वाली पहली महिला थी।

1961 में, उन्हें रसायन विज्ञान में 'शांति स्वरूप भटनागर' पुरस्कार मिला, इस पुरस्कार की वह पहली महिला प्राप्तकर्ता बनीं।

1975 में, उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया गया और वह भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन की महासचिव के रूप में चुनी जाने वाली पहली महिला वैज्ञानिक बनीं।

**उपसंहार–** अनुसंधान गतिविधियों में महिलाओं एवं युवा छात्रओं को प्रोत्साहित करने के लिए यह 11 पीठ, उपर्युक्त 11 महिला वैज्ञानिकों के नाम से गठित की गई हैं, जिसमे रिसर्च स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाएगी। इन सभी महिला वैज्ञानिकों का कैरियर ग्राफ एवं शोध के क्षेत्र में उनका योगदान निश्चित ही सभी महिलाओं और छात्राओं जो विज्ञान के क्षेत्र से जुड़ी है उनके लिए प्रेरणादायक है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. DOI:10-36094/sc-v86-2020-Bibha_Chowdhuri_Unsung_Heroine-SinghandRoy-90
2. https://en-m-wikipedia-org/wiki/Bibha_Chowdhuri
3. https://m-economictimes-com/industry/services/education/11-chairs-in-names-of-women-scientists-to-be-established-at-institutes-across- country-smriti-irani/amp_articleshow/74406851-cms
4. https://www-indiatoday-in/india/story/11-chairs- names-women-scientists-established-institutes -across-country-smriti-irani-1651017-2020-02-28
5. https://www-businessinsider-in/slideshows/these-11-indian-women-contributed-to-science-when-it-wasnt-easy-for-them/slidelist/74439340-cms
6. https://en-m-wikipedia-org/wiki/Archana_Sharma_(physicist)

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# भारतीय स्वरूप में गिग अर्थव्यवस्था

**डॉ. लारेन्स कुमार बौद्ध***

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, चीनौर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** गिग इकोनोमी सुनने में एक नया सा शब्द लगता है लेकिन वास्तव में ऐसा है नहीं है,लेकिन ये काम की व्यवस्था लम्बे समय से चली आ रही है गिग अर्थवयवस्था को कभी–कभी फ्रीलान्स अर्थवयवस्था,फुर्तीला कार्यबल या अस्थयी काम भी कहा जाता है वर्तमान डिजिटल युग में जैसे–जैसे अर्थवयवस्था विकसित होती जा रही है गिग वर्कर की मॉग बढ़ रही है इस प्रकार की अर्थवयवस्था में बड़ी संख्या में लोग अंशकालीन तथा अस्थायी पदों पर लोग कार्य करते है गिग वर्कर वे कर्मकार है जो पारंपरिक नियोक्ता कर्मचारी व्यवस्था के बाहर अजीविका में संलग्न है। जिन्हें मोटे तौर पर प्लेटफॉर्म तथा गैर–प्लेटफॉर्म आधारित कर्मकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है प्लेटफॉर्म कर्मकार का कार्य डिजिटल माध्यम पर आधारित होता है जबकि गैर–प्लेटफॉर्म कर्मकार आमतौर पर पारंपरिक क्षेत्रों में कैजुअल वेज वर्कर और ओन–अकाउन्ट वर्कर होते है। जो पार्ट–टाइम और फुल–टाइम काम करते है। चाहे गायक हो, संगीतकार हो या अन्य कोई इन्हें पारिश्रमिक तभी मिलता है जब इनका कोई गाना लांच हो जाता है। ठीक इसी तरह अभिनेता और अभिनेत्रियों को उनका भुगतान फिल्म के आधार पा किया जाता है।

और आज जब लोग इन्टरनेट के माध्यम से अनेकों काम कर पाने में सक्षम है तो ऐसे में जब किसी कम्पनी/व्यक्ति द्वारा किसी भी पेशेवर व्यक्ति चाहे वह डॉक्टर हो,वकील हो,इन्जीनियर हो, फ्रीलांसर हो या कोई अन्य जिसे टास्क या प्रोजेक्ट पूर्ण करने के लिए अस्थायी तौर पर नियुक्त किया जाता है ऐयी स्थिति में सभी पेशेवर गिग अर्थव्यवस्था का हिस्सा होते है।

**गिग अर्थव्यवस्था के लाभ:**

**(1) समय का स्वंय निर्धारण–** गिग अर्थव्यवस्था में कर्मचारी स्वंय अपनी ईच्छानुसार कार्य के समय का निर्धारण करते है वह इस कार्य को पार्ट–टाइम और फुल–टाइम अपनी सहूलियत के अनुसार कर सकते है वो लोग जो स्थाई रूप से किसी संस्था या कम्पनी में काम नहीं करना चाहतें है उनके लिए गिग अर्थव्यवस्था वरदान है ।

**(2) कार्य की स्वतन्त्रता–**गिग अर्थव्यवस्था में कर्मचारी को कार्य करने की स्वतंत्रा प्रदान की जाती है इसमें वर्कर को आमतौर पर ऐसा एहसास होता है कि उन्हें कम्पनी,संगठनों या व्यक्तियों द्वारा काम करने की जिम्मेदारी दी जाती है और उसे पूरा होने तक वे स्वतंन्त्र तौर पर कार्य करते है। फ्रीलांसर कर्मचारी को इसमें बड़ा फायदा यह है कि उसको अपनी मर्जी से काम करने की छूट मिलती है।

**(3) कार्य के प्रति उत्साह–** चूकि गिग वर्कर अस्थायी तौर पर कार्य करते है इसलिए इन्हें अलग–अलग कम्पनी या क्लांइट से अलग–अलग टास्क पूर्ण करने के लिए मिलता है जिससे यह एक जैसे कार्य होने की बोरियत और नीरसता से बच जाते है और जुनून के साथ कार्य करते है।

**(4) भुगतान समय पर–** गिग अर्थव्यवस्था के तहत कर्मकार को भुगतान के लिए महीनों तक इंतजार नहीं करना पड़ता है बल्कि प्रोजेक्ट चलने के बीच या फिर पूर्ण होने के बाद उन्हें तुरन्त पैसा मिल जाता है।

**(5) कार्य स्थल का स्वयं चयन–** कर्मचारी अपना कार्यस्थल,कार्य करने का समय इत्यादि अपनी सहूलियत के आधार पर चुनकर इसके साथ कुछ अन्य कार्य भी कर सकते है।

**(6) महिला सशक्किरण में सहायक–** महिलाओं की दृष्टि से भी गिग अर्थव्यवस्था काफी फायदेमंद साबित हो रही है विभिन्न प्रकार के सामाजिक कारणों के चलते भारत में महिलाओं पर ढ़ेरों पाबंदिया होती है और उन्हें बाहर काम करने से रोका जाता है ऐसी स्थिति में इस अर्थव्यवस्था के माध्यम से उन्हें घर बैठे काम का मनचाहा विकल्प मिल जाता है। और महिलाओं को भी अर्थव्यवस्था में अपना समुचित योगदान देने का मौका मिल जाता है जो कि देश के सर्वागीण बिकास के लिए आवश्यक है।

**गिग अर्थव्यवस्था के नुकसान:**

**(1) विभिन्न प्रकार के लाभों से वंचित–** इस अर्थव्यवस्था में कर्मचारी अस्थायी तौर पर नियुक्त होते है इसलिए वे कम्पनी एवं सरकार द्वारा प्रदाय की जाने वाली विभिन्न प्रकार की सेवाओं से वंचित रहते है जैसे विभिन्न प्रकार के भत्ते,बोनस,बीमा,ऐरियर राशि इत्यादि।

**(2) स्थायित्व का अभाव–** चूँकि इस अर्थव्यवस्था में कर्मचारी अस्थायी तौर पर कार्यरत होने के कारण नियमित और रोजगार की कोई गारंटी नहीं होती है इसलिए इनके पास नियमित आय का भी साधन नहीं होता है।

**(3) मानसिक तनाव–** रोजगार स्थायित्व न होने के कारण गिर वर्कर हर एक टास्क या प्रोजेक्ट पूर्ण होने के बाद नये काम की तलाश में रहते है, इससे उनके अन्दर अपने रोजगार की निरन्तरता को बनाए रखने का मानसिक तनाव बना रहता है।

**(4) कार्य की सीमित्ता–** इस व्यवस्था में आमतौर पर उन्हीं लोगो को काम मिल पाता है जो अपने क्षेत्र में माहिर है इसके लिए कुशल एवं योग्य होने के साथ–साथ उस व्यक्ति की अपने काम में भी विशेषज्ञता होनी चाहिए अर्थात ऐसी स्थिति में केवल सीमित व्यक्तियों को ही कार्य मिल पाता है।

**(5) प्रशिक्षण की समस्या–** जहॉ इस अर्थव्यवस्था के तमाम फायदे है, तो दूसरे तरफ इसकी चुनौतियों से इनकार नहीं किया जा सकता है दरअसल काम की प्रकृति एवं माग को देखते हुए इतनी बड़ी कार्यकारी जनसंख्या को प्रशिक्षित करना एक मुश्किल काम है जबकि भारत में करीब 50 प्रतिशत कार्यकारी जनसंख्या है इस डेमोग्राफिक डिविडेन्ड का अधिकतम लाभ उठाने

के लिए इतनी बड़ी जनसंख्या को जाब के अनुसार संबंधित क्षेत्र में प्रशिक्षित करने के लिए एक बड़े प्रयास की जरूरत है।

**(6) श्रम कानूनों का अभाव–**गिग अर्थव्यावस्था की एक चुनौती यह भी है कि इस पर देश के कई श्रम कानून लागू नहीं होते जिसके चलते कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा की जा सके जैसे मैटरनिटी लाभ,सेक्सुअल हरासमेंट आदि पर कानून की पकड़ नहीं है एवं रोजगार सुरक्षा की भी गारंटी नहीं है।

**गिग इकानोमी के नकारात्मक पक्ष–** भारत में गिग इकानामी की एक बड़ी चिन्ता हमारे देश में दक्ष कार्यशील आबादी का अभाव होना आमतौर सभी कमपनियॉ उन्हीं व्यक्तियों को चयन करती है जो किसी क्षेत्र में दक्ष या विशेषज्ञ हों हमारे देश मे एक बड़ी आबादी कार्यकारी जनसंख्या की है, लेकिन इनमें दक्ष पेशेवरों की तादाद काफी कम है एक बड़ी आबादी को नौकरी की मॉग के मुताबिक संबंधित क्षेत्र में प्रशिक्षित करने के लिए एक बड़े प्रयास की जरूरत, जो कि एक बड़ी चुनौती है साथ ही इस व्यवस्था में कई श्रम कानून लागू नहीं होते जिसके चलते कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा की सुरक्षा नहीं मिलती,इसके अलावा यह अस्थायी और असंगठित रोजगार को बढ़ावा देती है और इसमें नियमित काम एवं रोजगार की कोई गारंटी नहीं होती इसलिए इसे नियमित आय का साधन नहीं मान सकते है।

**शोध प्रविधि–**प्रस्तुत अध्ययन प्रमुखत: द्वितीयक समंको पर आधारित है इसमें मुख्य रूप से समाचार पत्र,पत्रिकाओं एवं इन्टरनेट वेबसाइड का सहारा लिया गया है।

**उपकल्पना:**

1. गिग अर्थव्यवस्था से रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रहीं है।
2. रोजगार सुरक्षा का अभाव होना।

**भारत में गिग अर्थव्यवस्था–** भारत में गिग इकोनामी के विकास का कारण देश में तेजी से बढ़ता डिजिटिलीकरण है दूसरा इसको अपनाने से फर्मो की परिचालन लागत कम हो जाती है क्योकि कम्पनियॉ पेंशन एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभों का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं होती है तीसरी वजह यह है कि इसमें वर्कर्स को पर्याप्त फ्लैक्सिबिलिटी उपलब्ध रहती है जिससे वह बार–बार अपनी सुविधा एवं योगतानुसार नौकरी बदल सकते है तथा अपने काम का चयन कर सकते है। और चौथा कारण औपचारिक क्षेत्र में नौकरियों में हालिया मंदी से इस व्यवस्था को बढ़ावा मिला है। और भारत का गिग अर्थव्यवस्था के मामले में उसका एक स्थान है मानव संसाधन फर्मटीमलीज के आकड़ों के अनुसार दिल्ली इस क्षेत्र में रोजगार प्रदान करने के मामले तेज गति से आगे बढ़ रहा है एक अनुमान के अनुसार भारत में नए रोजगारों का 56 प्रतिशत गिग इकोनोमी कम्पनियों द्वारा सृजित किए जा रहे है। हालांकि भारत में गिग अर्थव्यवस्था अभी अपने शुरूआती दौर में साल 2018–19 में करीब 13 लाख लोग गिग इकोनोमी के दौर में आए और वर्श 2019–20 में 68 लाख हो गए और यह संख्या 2029–30 2.35 लाख तक बढ़नें की सम्भावना है वर्तमान में लगभग 47 प्रतिशत गिग कार्यबल मध्यम कुशल नौकरियों में,लगभग 22 प्रतिशत उच्च कुशल तथा लगभग 31 प्रतिशत अल्प कुशल नौकरियों में है।

भारत में अनुमानित 56 प्रतिशत रोजगार गिग इकोनोमी कम्पनियों द्वारा ब्लू–कॉलर और व्हाइट–कॉलर कार्यबल दोनों में उत्पन्न किए जा रहे है। भारत में ब्लू–कॉलर नौकरियों के लिए गिग इकोनोमी प्रचलित है, व्हाइट–कॉलर नौकरियों जैसे–परियोजना–विशिष्ट सलाहकार,विक्रेता,वेब डिजायनर,सामग्री लेखक और साफ्टवेयर डेवलपर्स में गिग श्रमिकों की मॉग बढ़ रही है। गिग इकोनोमी भारत में गैर–कृषि क्षेत्रों में 90 मिलियन नौकरिया दे सकती है जैसा कि भारत वर्ष 2025 तक 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के अपने घोषित लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है,आय और बेरोजगारी की खाई को पाटने में गिग इकोनोमी की एक प्रमुख भूमिका होगी।

**निष्कर्ष एवं सारांश–** वर्तमान समय में गिग इकोनोमी का प्रचलन दिन – प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और वर्कर की संख्या भी लगातार बढ़ रही है और लोगों को काम मिल रहा है स्थाई नौकरी में व्यक्ति को कम से कम आठ घण्टे तो काम करने की आवश्यकता होती ही है और आम तौर पर लोग सुबह 9 बजे से शाम 05 तक का समय कार्यालय में बिताते है जबकि गिग इकोनोमी में वर्कर को कोई एक टास्क या प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए दिया जाता है इसलिए इसमें काम का ज्यादा तो नहीं पर थोड़ा बहुत लचीलापन रहता है और जबसे भारत में ऑनलाइन कारोबार में वृद्धि हुई है इसकी वृद्धि से भारत में गिग वर्कर की संख्या में भी इजाफा हुआ है इसलिए गिग इकोनोमी को प्रोत्साहन मिला है एक आकड़े के मुताबिक भारत में लगभग 12–13 करोड़ गिग वर्कर उपलब्ध है और इनमें लगातार तेजी से वृद्धि हो रही है। इससे स्पष्ट होता है कि अध्ययन की प्रथम उपकल्पना स्वयंसिद्ध होती है परन्तु इस अर्थव्यवस्था में सामान्तय: **अस्थायी और असंगठित रोजगार को बढ़ावा मिलता है इसमें नियमित कार्य रोजगार कोई स्थायी गारंटी नहीं होती है इससे** अध्ययन की द्वितीय उपकल्पना भी सार्थक सिद्ध होती है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–**

1. https//www.gyanglow.com
2. https//www.adda247.com
3. https//www.drishtiias.com
4. The Hindu, Indian express,business line

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# कौशल विकास द्वारा नौकरी और करियर में सफलता के लिए योग के फायदे

**डॉ. सोनाली सिंह***

* असिस्टेंट प्रोफेसर (शारिरिक शिक्षा विभाग) जैन गर्ल्स पीजी कॉलेज, मुजफ्फरनगर ( उ.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** आज, हम कई विकर्षणों के साथ जीते हैं और हमारे निर्णय हमारे नियंत्रण से परे सभी कारकों से प्रभावित होते हैं। शिक्षा और नौकरी से संबंधित निर्णय विशेष रूप से जीवन बदलने वाले मील के पत्थर होते हैं जिनमें उनकी व्यक्तिगत और व्यावसायिक गतिविधियों के बारे में पूरी जागरूकता के साथ लेने की आवश्यकता होती है। इसी के साथ, इस बात का विस्तार हो रहा है कि आधिकारिक शिक्षा को विभिन्न कौशलों के साथ पूरक करने की आवश्यकता है जो हमें उद्योग के लिए उचित नौकरी में रखने और अत्यधिक कुशल होने के लिए तैयार करने के लिए तैयार करते हैं। वजन, आहार और आध्यात्मिक कल्याण को अपना करके हम शारीरिक रूप से स्वस्थ बनने के अलावा नए कौशल विकसित करने, नए ज्ञान और क्षमता को प्राप्त करने में योग के पास बहुत कुछ हैं। योग सभी उम्र के लोगों के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है और यदि आप किसी बीमारी से गुजर रहे हैं, सर्जरी से ठीक हो रहे हैं या पुरानी स्थिति के साथ जी रहे हैं, तो योग आपके उपचार का एक अभिन्न अंग बन सकता है और संभावित रूप से जल्दी ठीक हो सकता है। एक योग चिकित्सक रोगियों के साथ काम कर सकता है और व्यक्तिगत योजनाओं को एक साथ रख सकता है जो उनके चिकित्सा और शल्य चिकित्सा उपचारों के साथ मिलकर काम करते हैं। इस तरह, योग उपचार प्रक्रिया का समर्थन कर सकता है और व्यक्ति को अधिक केंद्रितता और कम परेशानी वाले लक्षणों का अनुभव करने में सहायता कर सकता है।

**प्रस्तावना –** कौशल विकास नयी दिल्ली, 20 जून (भाषा) अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर सरकार ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जैसी विभिन्न पहलों के जरिए लगभग 96,196 लोगों को योग शिक्षक के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। कौशल विकार पर सरकार के अन्य कार्यक्रमों में छोटी अवधि के प्रशिक्षण और विशेष परियोजनाएं शामिल हैं। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने कहा कि प्रशिक्षण के लिहाज से उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, ओडिशा, केरल और पश्चिम बंगाल सबसे आगे हैं। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री महेंद्र नाथ पाण्डेय ने कहा कि सरकार योग के क्षेत्र में विभिन्न करियर संभावनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को योग को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर ने कहा कि इस समय योग का महत्व और अधिक बढ़ गया है, क्योंकि दुनिया भर में लोग कोरोना वायरस के प्रकोप से उत्पन्न विभिन्न चुनौतियों से निपटने की राह तलाश रहे हैं।

**योग के फायदे** :

5. **Startle:** If people are subjected to sudden impulsive-like sounds they respond with a startle reaction. The reaction is controlled by an auditory-muscular reflex and tends to turn the load and eyes to the source. Presumably this occurs in order to prepare the person for appropriate action in case there is some danger at hand. This reflex action begins at quite low levels and normally causes a change in the rate of heart beat and blood pressure. However it appears that there is considerable adaptation to startle. It has been reported that babies of mothers, who were pregnant in neighborhoods exposed to aircraft noise, were much less aroused from sleep by aircraft noise than were the babies of mothers who were pregnant in non-noise exposed neighborhood.

6. **Effect of Vibrations:** Several of the human organs have resonances which can produce sensations of pain if excited by vibration or noise at their resonance frequencies. This resonance frequencies are in the range of 5 to 100 Hz. People seem to be most responsive to vertical vibration. Building response to vibration will be insufficient to cause cracks in plaster finishes or in walls until it becomes unpleasant or painful.

**Effects of Noise on Performance:**

The generalised agreed findings are as follows:

(a) Steady noise (without meaning) does not interfere with human performance unless the sound level exceeds 90 dB (A) and even then not consistently;

(b) Impulsive noises are more disrupting to performance then steady noise. Bursts of such noise can be disruptive even for low level below 90 dB (A);

(c) High frequency noise (above 2000Hz) appears more disrupting than low frequency noise (below 2000 Hz);

(d) Noise does not seem to change the rate of work but rather increases the variability of the work;

(e) Noise increases the number of errors made at work rather than the total amount of work; and

(f) Complex tasks are more affected by noise than simple task.

**Effect on Blood Pressure:** Noise pollution effect human health, comfort and efficiency. It causes contraction of blood vessels, makes the skin pale leads to excessive secretion of adrenalin hormone into blood stream which responsible for high *blood pressure.* Adrenalin changes hormone content of blood which increases rate of heart beat, constriction of blood vessels, digestive spasms and dilation of pupil of eye.

**Auditory Fatigue:** It appears in the 90 dB. Temporary deafness occurs at 4000-6000 Hz, while a permanent loss of hearing occurs at 100 dB due to continuous noise exposure. High interior impulsive noise resulting from an explosion or sudden excessive noise of more than 150 dB may cause instantaneous damage to internal structure of ear.

**Control Of Noise Pollution:**

1. Certain codes should be enforced which require sound proofing in the construction of industrial and building apartments. Traders have the option of getting sound deadening tiles put on walls and ceiling. These tiles have high holes which trap sound and prevent it from bouncing back.
2. The government, on its part, could introduce heavy fines on noise polluters. Public should be told to carry out all noisy operations in an open space far off from residential colony. The shopkeepers should use modified technology approaches.
3. Threes absorb and dissipate sound energy and act as buffer zone. Plants and trees should be planted along the highways, near industrial areas. In metro cities, green belt vegetation should be encouraged so that open space may absorb the sound. For instance in Delhi, road dividers of Daryaganj, Qutab road, tall dense hedges need to be grown.
4. Airport noise can be reduced by reducing the noise at source as far as technically possible.
5. Zoning the area around the airport so that no one is allowed to construct any house or factory within 1 km radius of the airport.
6. Road traffic should be restricted from unnecessary blowing of pressure horns. Decibel meters should be installed along the highway. Any vehicle driver exceeding the noise limit of 75 dB should be fined.
7. Enforce noise limit at once in the city and monitor sites where levels are high.
8. Consult experts on noise control planning and development.
9. Do not allow high pitch pressure horns, vehicles without silencers, random use of crackers and playing of radio, televisions at high volume. Restrict the use of loudspeakers.
10. Construct flyovers and subways at busy intersections to reduce noise.
11. To reduce noise due to airplanes the flight path and the angle of landing and takeoff may have to be changed.
12. Indians are religious minded and their every occasion, be religious, social marriage and family celebrations are manifested in a noisy manner. A lot of noise nuisance is created during marriage and festival processions which overlook the health and peace of others. During elections, campaign commences even in midnight. Many countries like USA, UK have enacted laws to control noise menace, why can't we?

**References:-**

1. Rudnick, I., Handbook of Noise Control, McGraw-Hill, New York (1957).
2. Kurze, V. and Bernek, L.L., Sound Propagation Outdoors Noise and Vibration Control, Bernek L.L. (Ed.) McGrow-Hill, New York (1971).
3. Welch, B.L. and Welch, A.S. Physiological Effects of Noise, Plenum Press, New York (1970).
4. Kryter, K.D., The Effect of Noise on Man, Academic Press, New York (1970).
5. Close, W.H., "Surface Transportation" Noise and Vibration Control Engineering, Crocker M.J. (Ed.), Purdue Univ., West Lafayelta, Ind.
6. Plamer, J.W., Anatomy for Speech and Hearing, Harper and Row, New York (1972).
7. Glong, A., Noise and Your Ear, Grane and Stratton, New York (1958).
8. Anon Guidelines to the Department of Labour's Occupational Noise Standards, Bull 334, revised, U.S. Deptt. of Labour, Washington D.C. (1969).
9. Stevens, S.S. and Warshofsky, F., Sound and Hearing. Time Life Books, New York (1965).

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# वेदेषु-वर्णित राष्ट्रधर्म

**डॉ. बृजेन्द्र कुमार पाण्डेय ***

* सहायक प्राध्यापक (संस्कृत) पं.शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** विश्व के आदिग्रन्थ वेद में मनुष्य के सभी धर्मो का सम्पूर्णत: विवेचन हुआ है। विश्व धर्म से लेकर व्यक्ति-धर्म तक, समष्टि से व्यष्टि तक सभी धर्मो का निरूपण वैदिक वाड्.मय में है। उदाहरणार्थ-यजुर्वेद का निम्नलिखित मत्र राष्ट्रधर्म का सांगोपांग और स्पष्ट वर्णन करता है-**आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम्। आ राष्ट्रे राजन्य: शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथी जायताम। दोग्ध्री धेनुर्वोढानड्वानाशु: सप्ति: पुरन्धिर्योषा जिष्णू रथेष्ठा, सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायताम। निकामे-निकामे न: पर्जन्यो वर्षतु। फलवत्यो न ओषधय: पच्यन्ताम्। योगक्षेमो न: कल्पताम्।।** (यजुर्वेद 22/22)

भाव यह है कि विश्वभावन ब्राह्मण ब्रह्मतेज से सम्पन्न हों। राष्ट्र में क्षत्रियगण शूरवीर, धनुर्धर, रोगमुक्त और महारथी हों। गायें दुधारू, बैल भारवहन में सक्षम, अश्व शीघ्रगामी, स्त्रियॉ शोभामयी, रथी विजयशील हों और इस यजमान का युवा पुत्र निर्भय हो। आवश्यकतानुसार वर्षा हो, वनस्पतियाँ फलवती हों। हमारा योग-क्षेम हो।

अथर्ववेद में भी राष्ट्रोन्नति के उपाय बताये गये हैं, जो उपर्युक्त मन्त्र के तारतम्य में हैं, अथवा अधिपूरक रूप में हैं। पृथ्वीसूक्त का वचन है कि बृहत् सत्य, उग्र ऋत (अर्थात् सत्यकर्म, सत्यज्ञान), दीक्षा, तप, ब्रह्मयज्ञ पृथ्वी का धारण करते हैं

**सत्यं बृहद्दतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञ: पृथिवीं धारयन्ति।**
**सा नो भूतस्य भव्यस्य पत्न्युरुं लोकं पृथिवी न: कृणोतु।।**
(अथर्व. 12/1/1)

यजुर्वेद के उपरिलिखित मन्त्र की व्याख्या से राष्ट्रधर्म का स्वरूप निर्दिष्ट हो जाता है। आगे वेद-मन्त्रों से पुष्ट करते हुए उक्त मंत्र का स्पष्टीकरण किया जायेगा।

राष्ट्र-भावना के मूलाधार हैं- एक देश (भौगोलिक एकता), एक केन्द्रीय शासन (संगठनात्मक एकता), संस्कृति (भावना की एकता) एक सभ्यता (ऐतिहासिक एकता) और एक भाषा (अभिव्यक्ति-प्रणाली की एकता)। वेदों में इन सबका सविस्तार वर्णन मिलता है।

**राष्ट्र –** उपर्युक्त पाँचों आधारों का, अथवा और भी संक्षेप में कहें तो, देश और राज्य के संगठनात्मक ऐक्या का नाम राष्ट्र है। राष्ट्र देश की समग्रता, भावात्मक संगठन और राजनीतिक एकता का द्योतक है-यह इस तथ्य से प्रकट होता है कि ऋग्वेद में सामाजिक संगठन की पाँच क्रमिक विकास भूमियाँ पायी गयी हैं। इसकी मूलभूत इकाई 'कुल' कहलाती है, जो कुलपके संरक्षण में एक 'गृह' के सदस्यों के अनुशासनबद्ध संगठन का नाम है। कुलों का समूह 'ग्राम' कहलाता है, जो ग्रामीण के नेतृत्व में काम करता है। ग्राम से बढ़कर 'विश' नामक समूह होता है, जिसका मुखिया। विश्पति कहा जाता है।

जैसें आज कल अनेक ग्रामों की एक बड़ी पंचायत होती है, वैसे ही पहले विश् रहे होंगें। विश् के नागरिक विट् कहलाते थे, जिन्हें कबायली-जैसा समझा जा सकता है। ये एक विश् से दूसरे विश् में आते जाते रहते थे। विश् से बृहत्तार समूह 'जन' कहलाता है। 'जन' राजा के शासन-यन्त्र से सीधा सम्बन्ध रखता होगा, क्योंकि राजाको 'जनरक्षक' कहा गया है।

राष्ट्र से बृहत्तर 'साम्राज्य होता है। इसके शासकों को क्रमिक उच्चता के अनुसार अधिराज, राजाधिराज, एकराट्, सम्राट, स्वराट्, विराट् और सर्वराट् कहा जाता है। ये अपना पद-गौरव-प्रर्दशन करने के लिए राजसूय, वाजपेय, अश्वमेघ, पुरुषमेध, सर्वमेध, आदि यज्ञ करते थे। किंतु इनका वर्णन प्रस्तुत लेखकी विषय-सीमा से बाहर है।

ऐतरेय ब्राह्मणमें तत्कालीन शासन-पद्धतियों के भी उल्लेख हैं। 'भौज्य' एक विशिष्ट प्रकार का गणराज्य था। 'स्वराज्य' राष्ट्रपतिकी प्रधानता वाला गणराज्य था।

**ए एवं विद्वान् वाजपेयेन यजति। गच्छति स्वाराज्यम्**
**अग्रसमानानां पर्येति। तिष्ठन्तेऽस्मै ज्येष्ठाय।।**
(तैत्तिरीय ब्राह्मण 1।3।22)

स्वराज्य से विपरीत 'वैराज्य' गणतन्त्र राष्ट्रपति-रहित होता था। जहाँ किसी व्यक्ति-विशेष में ही शासन की प्रभुसत्ता रहती थी, उसे 'राज्य' कहते थे। अनेक राज्यों को अधीन रखने वाले शासन का नाम 'साम्राज्य' था।

राष्ट्र के उपर्युक्त प्रकार-विनिर्णय से यह स्पष्ट होता है कि राष्ट्र-भावना में भौगोलिक एकता का विचार प्रमुख हैं राजा भूमिकी रक्षा करते रहने की पवित्र शपथ इन शब्दों में लेता है कि 'पृथ्वीमाता! तुम मेरी हिंसा न करों और मैं तुम्हारी हिंसा न करूँ।'

भाव यह कि देश और राजा इस प्रकार परस्पर हितैषी हों, जैसे माता और पुत्र। किंतु देश एक भावात्मक सत्ता भी है और इस शब्द से जितना भौगोलिक सीमा का बोध होता है, उतना ही या प्रसंगानुसार उससे भी अधिक 'प्रजा' का कथन होता है। इसीलिए कहा है कि 'प्रजा ही राष्ट्र है। राष्ट्र के विचार में प्रजा का विचार ही सब कुछ है। प्रजा के हित और संरक्षण में ही राष्ट्र की सुरक्षा हैं। प्रजा की समृद्धि, धनधान्यसम्पन्नता, नीरोगता, संक्षेप में शोभा और दीप्ति ही राष्ट्र का वास्तविक राष्ट्रत्व है। इनसे विहीन राष्ट्र राष्ट्र कहलाने का अधिकारी नहीं हैं। जब प्रजा – हित ही राष्ट्र का सर्वस्व है, तब प्रजा को ही अपना हित देखने का वास्तविक अधिकार है। अत: वेदों ने राष्ट्र की प्रभुसत्ता प्रजा में रक्खी हैं धर्म, यज्ञ और राजदण्ड प्रजा के भावात्मक प्रतीक

माने जाते हैं। अभिषेक के समय सविता, अग्नि सोम, बृहस्पति, इन्द्र, रूद्र, मित्र और वरूण को आहुतियाँ दी जाती हैं। इनमें सविता धर्मपालन सोमकृष्ण और वनस्पति की समृद्धि, रूद्र पशु-रक्षण और वरूण धर्म-रक्षण की शक्ति प्रदान करते हैं। यें शक्तियाँ राजा का नहीं, प्रजा का हित-साधन करने के लिए हैं। वैदिक विचारधारा में राजा की विशेषता उसके धर्मसंस्थापक रूप में हैं। प्रजाओं को सच्चा अधिपति धर्म है, राजा तो दण्ड (शासन) का वह रूप है जो धर्म की संस्थापना और रक्षा करता है। इससे यह निष्कर्ष नही निकाला जा सकता कि राजा ईश्वर का रूप है।राजा को दैवी अधिकार नहीं है, उसमें मंत्रों के द्वारा दैवी गुणों का अध्यारोप किया जाता है। भाव यह कि प्रजा की इच्छा व आज्ञा से राजा को शासनाधिकार दिया जाता है। राजाको राज्य एक निक्षेप की भाँति सौंपा जाता हैय स्वोपभोग के लिए नहीं, अपितु कृषि वृद्धि के लिए और सर्वविध पोषण द्वारा प्रजा के क्षेम - सम्पादन के लिए शत्पथ ब्राम्हण मे कहा गया है

**इयं ते राट्.......... यन्तासि यमनो ध्रुवोऽसि वरुण:।**
**कृष्यै त्वा क्षेमाय त्वा रय्यै त्वा पोषाय त्वा।।**

(शत. ब्रा. 5/2/2/2)

इससे सिद्ध है कि राज्य पद पर आसीन रहने की कसौटी जनता का योग-क्षेम-सम्पादन है और राजा एक महार्घनिधि (ट्रस्टी) मात्र हैं राजा का अभिषेक-संस्कार भी यही प्रकट करता है सत्रह स्थानों से सम्भृत जलों से राजा का अभिषेक कराया जाता हैं यह भी प्रतीकात्मक संस्कार हैं समुद्रजल प्रजाओं के प्रति भक्ति का संकेत करता है, परिवाही जल भूमि या समृद्धि की प्रेरणा देता है और स्थावर हृदय का जल राजा के प्रति प्रजा की दृढ़ भक्ति का विश्वास दिलाता है। इतना ही नहीं, राजा को निरंकुशता के पथ पर जाने से रोकने के लिए और उस पर नियंत्रण रखने के लिए प्रजा की चार कार्यविधियाँ हैं- निर्वाचन, राज-मर्यादा-निर्धारण, मन्त्रि-परिषद की अधिकार-सम्पन्नता तथा सभा-समितियों का अंकुश। इससे स्पष्ट है कि राजा की स्थिति प्रजा पर निर्भर है, क्योंकि प्रजा ही राजा को चुनती है और उसे पद पर बनाये रखती है या पदच्युत कर सकती है और एक बार पदच्युत कर दिये जाने पर उसे पुन: सिंहासनासीन कर सकती है। अथर्ववेद मे राजा कैसा हो कहा गया है-

**त्वां विशे वृणतां राज्याय। त्वामिना: प्रशि: पञ्च देवी:।**
**वर्ष्मन् राष्ट्रस्य ककुदि श्रयस्व। ततो न उग्रो विभजा वसूनि।**

(अर्थव 3।4।2)

प्रजा निरन्तर उसे शक्ति देती है। और सब ओर से राजा की रक्षा करती है। अत: राजा का यह प्रमुख कर्तव्य है कि वह प्रजा को प्रसन्न रक्खे, उसकी भक्ति करें, जिससे प्रजा उसे चाहती रहें। राजा प्रजा का सेवक होता है यह प्रकट करने के लिए अभिषेक के समय एक विशेष धार्मिक कृत्य होता है। अध्वर्यु और उसके सहकारी राजा की पीठ पर दण्ड-स्पर्श करते हैं, जिसका अभिप्राय यह है कि यद्यपि प्रजा राजा को अदण्डय बना रही है, तथापि दण्ड-शक्ति की मूल अधिष्ठात्री प्रजा ही है। राजा दण्ड से अतीत रहते हुए उस दण्ड को धारण करता है, जो धर्म का रक्षक है। राजा दण्ड का धारण करने वाला मात्र है दण्ड का विधाता या मूल श्रोत नहीं है।

यद्यपि प्रभु सत्ता प्रजा में निहित है, तथापि दण्ड-शक्ति राजा को देकर और उसे अदम्य बनाकर प्रजा स्वेच्छा से राजा की आज्ञा का पालन करने का व्रत लेती है। समष्टि प्रजा प्रभुता सम्पन्न है, व्यष्टि - प्रजा वश वत्तिनी हैं इस प्रकार राजा और प्रजा के परस्पर अधीन रहने से ही राष्ट्र उन्नतिशील, निर्द्वन्द और व्यवस्थित रहता है।

**राष्ट्रमेव विश्या हन्ति तस्माद् राष्ट्री विशं धातुक:।**
**विशमेव राष्ट्रायाद्यां करोति तस्माद् राष्ट्रीविशमन्ति न पुष्टं पशुं मन्यत इति।।**

-शत. ब्रा.

राष्ट्र की रक्षा और समृद्धि के लिए प्रजा राजा को बलि (कर) दिया करती हैं बलिहृत् होकर राजा न्याय की व्यवस्था करता और व्यवहार (कानून) सम्बन्धी कार्यो में वही अन्तिम धर्माध्यक्ष होता है। इस प्रकार आन्तरिक व्यवस्था और सुरक्षा का प्रबंध करके वह वाह्य शत्रुओं से प्रजा की रक्षा करता है। इसीलिये वह प्रजा रक्षक कहलाता है। अथर्ववेद में राजा को रक्षकों अर्थात् क्षत्रियों में श्रेष्ठ, प्रजाओं का अधिपति, कोषका एकमात्र स्वामी, जनों का अप्रतिम नेता, समस्त प्राणियों का प्रभु, मनुष्यों में सर्वोच्च और देवों के समकक्ष बताया गया है। कर द्वारा धन की प्रचुरता हो जाने से राजा भव्यता भी धारण कर लेता हैं उसका वेश भव्य होता है।

उसका संभाभवन सहस्त्र-स्तम्भ वाला और राज प्रसाद सहस्त्र द्वारवाला होता है। उसके अनेक परिकर रहते है।

राजा को इतनी सुविधा, इतनी प्रभुता और इतने अधिकार देने पर भी राजा से संयमी, ब्रह्मचारी और तपोमय होने की अपेक्षा की गई है। क्योंकि जागरूक व्यक्ति ही जनता की रक्षा कर सकता है, और समझदार बुद्धिमान नेता ही प्रजा को ठीक मार्ग से उन्नति पथ पर ले जाता है। ऐसा राजा ही गर्व पूर्वक कह सकता है कि- मेरा राज्य चोरो, कायरों, शराबियों, यज्ञहीनों, अविद्वानो और चरित्र भ्रष्टों से रहित है।

**न मे स्तेनो जनपदे न कदार्यो न मद्यप:।**
**नानाहिताग्निर्नाविद्वान न स्वैरी स्वैरिणी कुत:।।**

(छान्दो. उपनिषद् 5।11।5)

पराक्रमी और तेजस्वी होने के लिए सहायकों और मित्रों की आवश्यकता होती है। राजा को भी अपने कार्यो में साथ देने वाले व्यक्तिकी अपेक्षा होती है। संगठित और बलशाली रहने पर ही राष्ट्र या व्यक्ति अनाधृष्ट रह सकता है। देशरक्षार्थ संग्राम करना होता है और संग्राम में क्रूर कर्म भी होते हैं। शत्रु के साथ '**शठे शाठ्यं समाचरेत**' की नीति अपनानी पड़ती है और हिंसा का मार्ग भी ग्रहण करना होता है। यजुर्वेद मे कहा गया है-

**यो अस्मभ्मरातीयाद् यश्च नो द्विषते जन:।**
**निन्दाद् यो अस्मान् धिप्साच्च सर्व तं भस्मसा कुरु।।**

(यजु. 11।80)

**समिति और सभा -** राजा को जन हित के कार्यो में लगाये रखने के लिए और उसमें तानाशाही की प्रवृत्ति उत्पन्न होने से रोकने के लिये समिति और सभा हैं। इनके द्वारा जनता की इच्छा और राजा को ज्ञात होती हैं वस्तुत: ये जनसंसदे हैं। ये भारतीय राजतन्त्र की मूलभूत आरम्भिक संस्थाये हैं, अत: इन्हें प्रजापति की दो पुत्रियाँ कहा गया है।

**समिति -** समिति पूरे राष्ट्र की संस्था का नाम है। इसमें राष्ट्र की जनता के प्रतिनिधि एकत्र होकर राजा का निर्वाचन करते थे और कभी-कभी निर्वासित राजा को वापस बुलाकर उसका पुनर्निर्वाचन करते थे। राजा को बनाने वाले ये (राजकृत:) राष्ट्रवासी उसे एक मणि या पलाशपर्ण प्रतीकरूप में इसलिए देते थे कि प्रजा के अनुकूल रहने का अनुग्रह कर रही हैं समिति विचार करके अच्छे कार्यो का समर्थन करती और बुरे कार्यो से उसे विरत करती थी। शत्रु-विजयार्थ एवं स्वशक्ति-दृढ़करणार्थ राजा समिति का समर्थन प्राप्त करता है।

राजा के लिए समिति का प्रिय बनना आवश्यक है। राजा का यह कर्तव्य है कि समिति में उपस्थित हो, सदस्यों के चित्त एवं व्रतको अपने अनुकूल बनाये। राष्ट्र की अभिवृद्धि के लिए राजा और समिति के मन्त्र, मन, चित्त, प्रयत्न, और हृदय समान होने चाहियें-अथर्ववेद मे कहा गया है कि-

**समानों मन्त्र: समिति समानी, समानं मन: सह चित्तमेषाम्।**
**समानं मन्त्रमभिमन्त्रये व:, समानेन वो हविषा जुहोमि।।**
**समानी व आकूति: समाना हृदयानि व:।**
**समानमस्तु वो मनो यथा व सुसहासति।।**

(अर्थव. 10।19।3-4)

अर्थात् उनमें पूर्ण सौमनस्य होना चाहिए। समिति में अध्यात्मचर्चा और साहित्य चर्चा भी हो सकती है।

**सभा –** सभा राष्ट्र के वयोवृद्ध और ज्ञानवृद्ध नागरिकों के समूह का नाम हैं सभा के सदस्य सभ्य, सभासद, सभासीन या सभेय कहलाते हैं। सभा का प्रमुख सभापति और सभा का रक्षा-पुरूष सभापाल कहलाता है। सभा के लिए धन का पृथक् अनुदान होता है। सभा का एक नाम **'नरिष्टा'** भी है क्योंकि सभा में किसी भी प्रश्न पर स्वतंत्रता पूर्वक, खुलकर, विचार हो सकता है किंतु एक बार कोई निर्णय हो जाने पर सबके लिए अनुलंघनीय हो जाता है। अथर्ववेद मे इस बारे मे निर्दिष्ट किया गया है कि-

**विद्‌मा ते सभे नाम नरिष्टा नाम वा असि।।**

(अर्थव.-7।12।2 इस पर सायणभष्य-)

इसीलिए स्वच्छन्दता या उच्छृड़ खलता का परित्याग करने के लिए कहा जाता है। उदाहरणार्थ, शुक्लयजुर्वेद में युवकों को सभा के योग्य बनने का आदेश दिया गया है।

पहले ऋषिगण भी राजा से सभा में ही मिला करते थे तथा मित्र राजा भी सभा में ही एकत्र होते थे। सभा का महत्व इतना अधिक है कि कोई राजा तो क्या, प्रजापति भी सभा के बिना अपना कार्य नहीं चला सकते है।

सभा के कार्यो में सामूहिक निर्णय और न्याय प्रमुख हैं। गम्भीर विषयों पर विचार-विनिमय होते हैं। सदस्य अपने मन्तव्य कों प्रभावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करने के लिए वाक्शक्ति बढ़ाते हैं। वे वाग्मिता बढ़ाने और सुन्दर भाषण करने के लिये भगवान से कामना करते है। प्रत्येक सभासद् चाहता है। कि वह अन्य सदस्यों के वर्चस् और विज्ञान, तेज और बुद्धि को अपने पक्ष में मोड़ सकें और उनके मन को अपने भाषणों में रमा सकें। ऋग्वेद मे इसका प्रमाण मिलता है-

**अभिभूरहमागमं विश्व कर्मेण धाम्ना।**
**आ वाश्चित्तमा वो व्रत मा वोऽहं समितिं ददे।**

(ऋव. 10।166।4)

जिससे वे उसका समर्थन करें। भाषण में त्रुटि रहना बड़ा अपराध माना जाता है। और ऐसे भाषणदाता का अपमान होता है। सभा उच्च न्यायालय का कार्य भी करती हैं। यद्यपि न्याय वा व्यवहार-सम्बन्धी कार्यो में राजा ही सर्वोच्च धर्माध्यक्ष होता है, तथापि वह यह कार्य सभा की सहायता से ही करता है। पारस्करगृह्यसूत्र में सभा के गुण-नाम 'नादि' और' विर्षि' भी बताये गये हैं, जिनके अर्थ जयरामीय व्याख्या के अनुसार- 'नदनशील' और 'दीपनशील' हैं क्योंकि सभा में धर्म निरूपण होता है। प्राचीन काल में दिव्य परीक्षा करने के लिए सभा में अग्नि रखी जाती थी। इसीलिए सभा को प्रकाशवती कहा गया है। सभा में निर्णयार्थ आनेवाले व्यक्ति अथवा व्यक्ति समूह 'सभाचार' कहलाते थे। 'सभाचार का अर्थ है धर्म-निरूपण के लिए न्यायालय रूप सभा मे आनेवाला व्यक्ति सभा अपराधी को दण्ड देती और निरपराध को दोष-विनिर्मुक्त प्रकट करती है।

सभा के अतिरिक्तन्याय के अन्य साधन भी वेद में उल्लिखित हैं। झगड़ों मे पञ्च निर्णय भी होता है। ऐसे बीच-बचाव करने वाले 'मध्यमाशी' कहे जाते हैं। ग्रामों में न्यायकर्ता पञ्च होते हैं। पञ्च का नाम 'ग्राम्यवादिन' भी है। इनकी भी सभा हुआ करती है। न्याय कार्य में सहायता करने के लिए आरक्षी विभाग होता हैं रक्षापुरूष या दण्डधरको 'उग्र' और 'जीवगृभ्अर्थात् दुर्दान्त और जीवित पकड़ने वाला कहते हैं।

**मन्त्रि परिषद्-** शासन कार्य में राजा को सब प्रकार से सहायता देने वाले मंत्री होते हैं। राजा इन पर आश्रित रहता है, इनसे पथ प्रदर्शन प्राप्त करता है अत: इन्हें 'रत्निन' कहा गया है। ये राजकर्त और राजकृत होते हैं, अर्थात् ये स्वयं राजा न होते हुए भी राज्य करने वाले और राजा को बनाने वाले होते हैं। ये ही राजा के सिंहासनासीन होने पर उसकी प्रभुता और कर्तव्यमत्ता की घोषणा करते है। ऐतरेव ब्राम्हण मे कहा गया है कि-

**इमं जना: अभ्युत्क्रोशत सम्राजं साम्राज्यं, भोजं भोजपितरं, स्वराजं स्वाराज्यं, विराजं वैराज्यं, परमेष्ठिनं पारमेष्ठयं, राजनं राजपितरं, क्षत्रियोऽजनि, विश्वस्याभूतस्याधिपतिराजनि, विमन्ताजनि, अमित्राणां हन्ताजनि, ब्राह्मणानां गोप्ताजनि इति।।**

(ऐतरेय ब्रा.-8।17)

ये शासन के समस्त मुख्य कार्यो के संचालक होते हैं शासकीय विभागों के अधिपति हुआ करते हैं। इनकी सम्मति लेना राजा का कर्तव्य हैं पदारूढ बने रहने के लिए इनकी अनुकूलता रखना राजा के लिए आवश्यक होता है, अत: **'रन्त-हवि' नाम तु** इन रत्नों को राजा प्रसन्न रखता है।

इन रत्तकर्ताओं मे सर्व प्रथम गणना ब्राह्मण की होती है। ब्राह्मण पुरोहित के रूप में राजा और राज घराने से सम्बन्ध रखता है। यह न केवल सन्मित्र के रूप में नित्य साहचर्य के द्धारा राज परिवार को कर्तव्याभिमुख रखता है, अपितु युद्धों में भी राजा के साथ रहकर उसके लिए दैवी सहायता की योजना भी करता है। ब्राह्मण राजा के लिए उपदेशक, राजपुत्रों और प्रजाओं के लिए शिक्षक, विचार-क्षेत्र में ऋषि, समाज के लिए पथ-प्रदर्शक और योद्धाओं के लिए अग्रगामी होता है। वेद के मत में, वह राष्ट्र-जीवन के प्राय: प्रत्येक क्षेत्र में जागरूक रहकर आगे रहता है-

**वयं राष्ट्रे जागृयाम् पुरोहिता:।।**

इसीलिए वह 'पुरोधा' या 'पुरोहिता' कहलाता है और उसके कार्य को 'पुरोहित' कहते हैं। विश्वामित्र, वशिष्ठ और देवर्षि प्रसिद्ध पुरोहित हुए है।

**चतुर्वर्ण-** राज्याभिषेक के समय चारों वर्णोंके मनुष्य उपस्थित रहते हैं। सबके मध्य पुरोहित यह घोषित करता है कि 'सब प्रजाओं का राजा यह व्यक्ति है, किंतु ब्राह्मणों का राजा सोम है शतपथ ब्राम्हण मे कहा गया है कि-

**एष वो विशो राजा सोमोऽस्माकंब्राह्मणानां राजा।।**

(शत.ब्रा. 5।3।3।12)

अभिप्राय यह कि वैदिक राजतन्त्र में धर्मको ही सच्चा अधिपति माना गया हैं धर्म का प्रतिनिध ब्राह्मण है, अत: ब्राह्मण क्षेत्र से ऊपर है। इसीलिये ब्राह्मणों की गणना प्रथम होती है। इतना ही नहीं, वेद का अध्ययन-अध्यापन करने से ब्राह्मण और भी ऊँचे हैं, देवतुल्य है। ब्राह्मण विश्वहित मे लगा रहता है। अत: कहा गया है कि ब्राह्मण का अपमान से राष्ट्र का नाश हो जाता है। अथर्ववेद मे ब्राम्हण के महत्वता पर चर्चा की गई है-

**उग्रो राजा मन्यमानों ब्राह्मणं यो जिघत्सति।**

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

**परा तत् सिच्यते राष्ट्रं ब्राह्मणों यत्र जीयते।**

(अथर्व. 5।9।6)

क्षत्र का शासन उनके उन्हीं क्षेत्रों पर होता है जो धर्म की प्रत्यक्ष शासन सीमा मे नहीं आते। क्षत्रिय प्रजा को धर्म पथ पर लाता है और ब्राह्मण उसे धर्ममय बनाता हैं । क्षत्र-ब्रह्म दोनों ही प्रजाओं में धर्मको धारण कराते हैं, अत: दोनों मे पूर्ण सौमनस्य होना चाहिए। दोनो की परस्पर प्रतिष्ठा होती है। बुद्धि और क्रिया का सामञ्जस्य हुए बिना कोई कार्य ठीक नहीं हो सकता, राष्ट्र उन्नति-पथ पर अग्रसर नहीं हो सकता । अत: ब्राह्मण और क्षत्रिय को मिलकर देशहित में लगे रहना चाहिए। शुक्ल यजुर्वेद मे क्षत्रिय और ब्राम्हण के बारे मे कहा गया है कि-

**ओम यत्र ब्रह्म च क्षत्रं च सम्यञ्चौ चरत: सह।**
**तं देशं पुण्यं प्रज्ञेषं यत्र देवा: सहाग्निना।।**

(यजु.-20।25)

ब्राह्मण और क्षत्रिय ही नहीं, वैश्य और शूद्र भी राष्ट्र के साथ सौमनस्य रक्खे चारों वर्णो में परस्पर सौहार्द्र हो, वे एक मनसे तथा मिलजुलकर कार्य करें। ऋग्वेद मे कहा गया कि-

**संगच्छध्वं संवद्ध्वं सं वो मनांसि जानताम् ।**
**देवा भागं यथा पूर्वे संज्जानानामुपासते ।।**

(ऋक.10।191।2)

ऐसा भी उक्त वेदमन्त्र का अभिप्राय है धेनु से वैश्य और अनड्वान तथा सप्ति से शूद्र के सहयोग की ओर संकेत हैं राष्ट्र रक्षा में तत्पर सभी वर्णो को तेजस्वी होना चाहिए। यजुर्वेद मे इस बात की पुष्टी की है-

**रुचं नो धेहि ब्राह्मणेषु, रुचं राजसु नस्कृधि।**
**रुचं विश्येषु शूद्रेषु, मयि धेहि रुचा रुचम्।**

(यजु. 18।84)

सभी अपने अपने कर्तव्यों में निरत रहे किन्तु संकटकाल में धर्म का अवरोध होने पर द्विजाति शस्त्र ग्रहण भी करें और शूद्र द्विजाति का हित-साधन करता हुआ विविध शिल्पों की उन्नति करता रहे। याज्ञवल्क्यस्मृति में कहा गया है-

**शस्त्रं द्विजातिभिर्ग्राह्यं धर्मो यत्रोपरुध्यते।।**
**शिल्पैर्वाविविधैजीवेद् द्विजातिहितमाचरन।।**

(याज्ञवल्क्यस्मृति)

यह स्मृति-प्रतिपादन वेद के आधार पर ही है। मनु स्मृति का वचन है कि वर्ण-निर्दिष्ट कर्तव्यों की अवहेलनाकरने पर राष्ट्र राष्ट्रिकों के सहित नष्ट हो जाता है। अत: अपने धर्म वा कर्तव्य में लगे रहकर सभी को सबके प्रति मित्रभाव रखना चाहिए। यजुर्वेद मे कहा गया है-

**मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे।**
**मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे।।**

(यजु. 36।18)

और सब प्रकार से समस्त मानव जाति की रक्षा में दत्ताचित्ता रहना चाहिए। यही संगठन और शक्ति का मूलमंत्र है।

**परिवार –** यजुर्वेद के उक्त मंत्र का 'योषा' शब्द पारिवारिक सौमनस्य की अनिवार्यता प्रकट करता है। राष्ट्र में सहृदयता के विस्तार करने का प्रथम सोपान परिवार ही है। व्यक्ति सर्व प्रथम परिवार में ही आत्म विस्तारकरता है। यहीं वह अपने क्षुद्र स्वार्थ से ऊपर उठने का अभ्यास करता है और परहित-साधन में लगना सीखता है। अथर्ववेद के सौमनस्य सूक्त में पारिवारिक सौहार्द, सौमनस्य, अविद्वेष, त्याग अनुव्रत और सव्रत -भद्रता रखने का व्रत निर्दिष्ट किया गया है।

**व्यष्टि-धर्म –** यह तो राष्ट्र के समष्टिगत धर्म की विचारणा हुई। व्यष्टिगत राष्ट्रधर्म का भी वेदों में निरूपण हुआ है। उपर्युक्तमन्त्र मे 'न:' शब्द का तीन बार प्रयोग प्रत्येक मनुष्य के व्यक्तिगत योग क्षेम, आरोग्य, पुष्टि, तेजस्विता, परिश्रमशीलता आदि की कामना करता है। अन्य प्रसंगो में भी कहा गया है कि मनुष्य का शरीर चट्टान जैसा सुदृढ हो और वह तेज, वीर्य, बल, ओज, मन्यु तथा साहस से भरपूर हो। यजुर्वेद में कहा गया है कि-

**तेजऽसि तेजो मयि धेहि। वीर्यमसि वीर्य मयि धेहि।।**
**बलमति बलं मयि धेहि। ओजोऽसि मयि धेहि।।।**
**मन्युरसिं मन्युं मयि धेहि। सहोऽसि सहो मयि धेहि।।**

(यजु. 19।9)

अनौचित्य को देखकर होने वाला क्रोध 'मन्यु' है। विरोधी पर विजय पाने में समर्थ शक्ति का नाम 'सह' है। यह भी उपदेश है कि परिश्रमशील हुए बिना कोई कार्य सिद्ध नहीं होता, देव भी सहायता नहीं करते अत: उन्नतिशील जीवन की प्राप्ति के लिए उद्यमी होना चाहिए।

वेद भगवान के ऋषि ने आरम्भ में ही इस राष्ट्रधर्म का निर्वचन कर दिया है, जिसका अनुशरण करके कोई भी राष्ट्र बलवान् हो सकता हैं भारत राष्ट्र की श्री-बृद्धि, श्रेय-प्रेय-सम्पादन और दुर्धर्षिता-प्राप्ति के लिए यह परम आवश्यक है कि हम सब इन पवित्र आदेशों का सदा पालन करते रहें।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर ।

**************

# 'गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिंदुस्तान' उपन्यास में विभाजन की त्रासदी

**डॉ. अनुसूइया अग्रवाल (डी.लिट्.)* मासूम वर्मा ****

* प्राचार्य, शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद (छ.ग.) भारत
** शोधार्थी (हिंदी) पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत

**प्रस्तावना –** कृष्णा सोबती प्राय: सात दशकों में फैले अपने रचनात्मक जीवन में हिंदी साहित्य को अनेके रूपों में समृद्ध किया और सँवारा है। अपने लेखकीय जीवन के प्रत्येक चरण में नई-नई कृतियाँ दी है। कृष्णा सोबती की देश विभाजन से संबंधित उपन्यासों में एक अलग ही छवि है। 'गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिंदुस्तान' देश-विभाजन से संबंधित इनकी बहुचर्चित उपन्यास है। देश-विभाजन से संबंधित अनेक उपन्यास लिखे गए हैं। भीष्म साहनी का 'तमस', कमलेश्वर का 'कितने पाकिस्तान', राही मासूम रजा का 'अँधा गाँव', यशपाल का 'झूठा सच' दो भाग- 'वतन और देश' तथा 'देश का भविष्य', खुशवंत सिंक का 'पाकिस्तान मेल'।

देश का विभाजन एक अभिशाप है, जिसने कल तक जो पााकिस्तान-हिंदुस्तान का ही हिस्सा था उसे लोगों ने साम्प्रदायिकता के आधार पर दो भागों में बाँट दिया गया- 'हिंदुस्तान' और 'पाकिस्तान'। देश का विभाजन संवेदना के स्तर को भी प्रभावित किया। विभाजन एक ऐसी घटना है जिसने अनेक साहित्यकारों को हिला कर रख दिया है, परंतु सबसे अधिक प्रभावित कृष्णा सोबती हुई हैं, क्योंकि उन्होंने देश-विभाजन की पीड़ा को न केवल देखा है, उसे भोगा भी है।

'गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिंदुस्तान' उपन्यास का 2019 में पहला संस्करण प्रकाशित हुआ। सोबती जी ने इस लेख के माध्यम से अपने जीवन के वो अनुभव अभिव्यक्त किया है, जो उन्हें विभाजन के बाद एक शरणार्थी के रूप में दिल्ली आने से लेकर सिरोही (गुजरात) के राजपरिवार के इकलौते वारिस की गवर्नेस बनने के दौरान हुए। उपन्यास की शुरूआत दो नक्शों से होती है, जो विभाजन के पहले और बाद के हिंदुस्तान को दिखाता है। इसके बाद विभाजन के असीम दर्द, दु:ख और पीड़ा दर्ज है। सोबती जी अपनी अनूठी शैली में वो अपने अनुभव की गहराई से उन बीते सालों को याद कर बताने की कोशिश करती हैं। उन जैसे लाखों लोगों को एक आजाद देश बनने की खुशी अपने घर, ज़िंदगी, इज़्ज़त, मान और खुद को खोने की कीमत पर मिली। 'घरों को पागलखाना बना दिया-सियासत ने सारा शहर भरा है अपने-अपने घरों से फेंके गए वजूदों से।'[1] सोबती जी जिसके खुद के सामने एक स्थिति है अपनी जड़ों से उखड़ने की, नई जगहों पर जमने की। सोबती जी और उनके संरक्षण में सिरोही राजपरिवार की गद्दी संभालने के लिए गोद लिए गए बच्चे तेजसिंह के किरदारों के अपनी जड़ों से बिछड़ने को लेकर एक अनोखी समानता है।

विभाजन एक ऐसा समय था जब देश की सभी रियासतों और रजवाड़ों से उनके शाही पद और कुछ विशेषाधिकार छोड़कर सारी शक्तियाँ और धन ले लिया गया था। उनमें भी अपनी जड़ से उखड़ जाने और खो जाने का दु:ख था, वे अपने महलों के अंदर ही एक अलग तरह के शरणार्थी बनकर रह गए थे। सोबती जी शाही परिवार में एक गवर्नेस की भूमिका में महलों के अंदर ही अलग-अलग ज़िंदगी और महल के मुलाजिमों की साजिशों की सच्चाई से रू-ब-रू करवाया। 'पांड्या जी आपके पास अब कोई ताकत नहीं। आज न सिरोही के दीवान हैं, न ही वकील-आप सिरोही राज का पुराना झोला हैं, जिसे देवी सिंह मामा ने अपने कन्धे पर लटका रखा है।'[2]

कृष्णा सोबती ने देश-विभाजन के समय रजवाड़ों से उनके शाही पद और शक्तियाँ ले लिए जाने की पीड़ा को उजागर किया। देश के बँटवारे के दौरान अपने जन्म-स्थान गुजरात और लाहौर को छोड़कर अपनी जड़ों से उखड़ कर आई सोबती जी रह-रह कर विभाजन के हताश कर देने वाले खौफ़नााक दृश्यों के बीचों-बीच स्मृतियों में खो जाती हैं। 'देखते-ही-देखते हा-मांस के पुतले जलने लगे। जलकर राख होने लगे। कटी-अधजली बाँहें, धड़, गर्दन, माल-असबाब कबाड़ की तरह ढेर हो गए।'[3] सोबती जी के सामने विभाजन के दर्दनाक दृश्य और पीड़ा को राजपरिवार के अकूत वैभव के सामने अपने समृति से निकाल पाना सहज नहीं था।

राजपरिवार के वैभव और सुख-सुविधा से प्रभावित हो जाने वाली सोबती जी का स्वभाव नहीी था। सोबती जी पूजा, व्रत, धर्म, अनुष्ठान तक सीमित नहीं थीं। उन्हें स्फूर्ति मिलती है विवेकानंद के भावों और भाषाओं से। चमनलाल ने भी 'आलोचना' पत्रिका में 'साम्प्रदायिकता, उपनिवेशवाद और तमस' में देश का विभाजन और आजादी दोनों एक साथ का उल्लेख किया है। 'वास्तव में 1947 का वर्ष देश को 15 अगस्त को मिली आजादी के लिए ही नहीं इस वर्ष भारत में हुए सबसे भयंकर साम्प्रदायिक दंगों के लिए भी हमेशा याद रहने वाला वर्ष है। अगस्त से पहले शुरू हुए ओर बाद में काफी समय तक चलते रहने वाले इन दंगों ने अमानवीयता के क्रूरतम रूपों का इतिहास रचा और कम-से-कम छह लाख निर्दोष स्त्री-पुरुषा, बच्चों-बूढ़ों ने इन भयानकतम क्षणों में बड़ी क्रूरताएँ सहकर अपने प्राण गँवाए।'[4]

स्त्रियों ने अपनी देह के साथ वहशत भरा सलूक झेला। 1947 की भयावह त्रासदी चारों ओर हजारों-हजार बेघर-बार भटकते लोगों की आवाज़ तन-मन पर होने वाले बेहिसाब बलात्कार और सामूहिक हत्याएँ। भारत के इतिहास में यह सबसे बड़ी अमानवीय त्रासदी थी, जिसे हिंदी लेखकों ने अपनी रचनाओं में अत्यंत मार्मिकता तथा यथार्थता के साथ अभिव्यक्त किया

है। यशपाल की रचना 'झूठा सच' में भी स्त्रियों की लाचारी को दिखाया है। 'हम तीनों जवान औरतें और तीन क्वाँरी लड़कियों- काशे, सत्ते और फूलों रह गयीं। उन्होंने गोद के बच्चों को भी छीन-छीन कर मर्दों की तरफ फेंक दिया, हम लोग काँपती हुई, रोती हुई देखती रह गयीं।'[5] औरतों ने इस विभाजन में अधिक पीड़ा भोगी, चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान।

इस दंगे में औरतों के साथ अत्याचार, बलात्कार, लूटपाट होते हुए देखे गए। सोबती जी ने धर्म एवं जाति के नाम पर दंगों की पीड़ा को सहा है, जिसे 'गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिंदुस्तान' में धर्म के नाम पर हिंदू-मुस्लिम जाति के नाम पर राजपूत, ब्राह्मण, बनिया आदि को किस तरह दोस्त से दुश्मन बन जाते हैं, उसे अभिव्यक्त किया है। 'नहीं, नहीं हुकुम पाठशला अभी नह खुलेगगी। सुनते हैं गोकुल भाई अैर राजमाता में ठन गई है। शिशुशाला नहीं खुेगी बखेड़ा पड़ गया है। 'कैसे ?' यह तो मुझे नहीं मालूम पर लोग तो यी कह रहे हैं। हुकुम यह राजपूतों और बनियों की लड़ाई है।'[6]

विभाजन के उन खूनी दिनों की ओर मार-काट न खत्म होने वाली दंगे, कटे हुए मुसाफिरों से भरी रेलगाड़ियाँ, उधर से आ रही है, इधर सेजा रही हैं। मानों इंसानियत जैसे खत्म हो गई हो, दोनों ओर जो बच गए थे, वे खुली आँखों से जो देख रहे थे वह भयानक था। लेखकों को अपने होने पर भी शंका हो रही थी।

देश का विभाजन एक ऐसी राजनैतिक दुर्घटना थी, जिसमें लोगों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया। इस प्रभाव से स्वयं सोबती जी और उनके परिवार वाल भी नहीं बच पाए। सोबती जी के परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई थी। 'कुछ दूरी पर मिल के अहाते में मकानों की अस्थायी कतारें। टीन की छतें और टीन की ही दीवारें। इन्हीं में से एक घर शान्ति मौसी का है। दरवाजे को खटखटाया कि सारा घर खुल गया। टीन के साँचे में खड़ी थी शान्ति मौसी।'[7] सोबती जी की मौसी जो छत वाले घर में रहा करती थी। विभाजन ने उनकी आर्थिक स्थिति खराब कर दी और अब वे टीन से बने घर में, जो उसकी बहन ने दिलाया है, उसमें रहने को विवश है।

देश में शरणार्थियों को बसाने व उनके लिए खान-पान जुटाने की समस्या भी सामने आई। विभाजन लोगों को भावनात्मक, विचारात्मक, मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी प्रभावित किया। देश-विभाजन ने मानव-जीवन को दयनीय बना दिया, जो लोग कभी अश्लील शब्दों को अपनी जबान में लाने के लिए भी नहीं सोचते थे, अब आक्रोश के कारण एक दूसरे के धर्मों को गाली देते और बँटवारा करवाने वाले नेताओं को भी देश के जन-जीवन को पूरे जड़ से हिला देने वाली घटना मानी जाती है। आजादी के दौर में जो देश-विभाजन हुआ उसने पूरे आमजन को एक-दूसरे के खिलाफ इतना अधिक आक्रोश से भर दिया कि उनके समक्ष कुछ भी दिखाइ नहीं दे रहा था और अगर दिखाई दे रहा था तो एक-दूसरे (हिंदू-मुसलमान) को जान से मार डालने का क्रोध।

'गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिंदुस्तान' उपन्यास में बनावटीपन नहीं है, जो भी उन्होंने भोगा है उस यथार्थ को कलात्मक ढंग से नि:संकोच अभिव्यक्त कर दिया। सोबती जी की 'गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिंदुस्तान' की भाषा शुद्ध खड़ी बोली हिंदी है। साथ-ही-साथ अंग्रेजी का भी प्रयोग किया है, जो पात्र तथा प्रसंग के सर्वथा अनुकूल है। भाषा की कसावट रचना को विशिष्ट बनाती है। हिंदी कथा-साहित्य में 'गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिंदुस्तान' एक विशिष्ट उपलब्धि के रूप में स्वीकृत है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. सोबती, कृष्णा, 'गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिंदुस्तान' नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2017, पृ. 12.
2. वही, पृ. 246.
3. वही, पृ. 16.
4. चमनलाल, 'साम्प्रदायिकता, उपनिवेशवाद और 'तमस', आलोचना, नई दिल्ली : राजकममल प्रकाशन, 2004, पृ. 69.
5. यशपाल, 'देश और वतन' लखनऊ : लोकभारती प्रकाशन, 2010, पृ. 386.
6. सोबती, कृष्णा, 'गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिंदुस्तान' नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2017, पृ. 93.
7. वही, पृ. 128.

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# रूस-यूक्रेन युद्ध : वैश्विक मानवाधिकार संकट

**रजनी गगवानी***

* सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञान) श्री शिवचरण माथुर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मांडलगढ़, भीलवाड़ा (राज.) भारत

**शोध सारांश –** 'रूस-यूक्रेन युद्ध से मानव कल्याण और मानवाधिकारों के लिए विनाश उपजा है। बच्चों की एक पीढ़ी सदमे में है तथा वैश्विक खाद्य व ऊर्जा संकट में तेजी आई है।' रोजमैरी डीकार्लो

संयुक्त राष्ट्र अवर महासचिव और राजनैतिक एवं शान्ति निर्माण मामलों की प्रमुख द्वारा सुरक्षा परिषद में दिया गया उक्त बयान ने मानवाधिकारों पर हुई ऐसी चोट को रेखांकित करता है, जिसने सम्पूर्ण विश्व को न्यूनाधिक प्रभावित किया है। दिनांक 24 फरवरी 2022 से शुरू हुए रूस – यूक्रेन संघर्ष को एक वर्ष पूर्ण होने के साथ ही इस संभावना को भी बल मिला है कि यह शीघ्र ही समाप्त होने वाला नहीं है। इस संदर्भ में यह विचार करना आवश्यक हो जाता है कि इस युद्ध का प्रभाव मानव तथा उसके अधिकारों पर क्या पड़ा है तथा इसके दीर्घकालिक परिणाम क्या होंगे? प्रस्तुत शोध पत्र के तहत इसी विषय को केंद्र में रखकर मानव अधिकारों का अर्थ तथा इस युद्ध के परिणामस्वरूप विभिन्न जनसमूहों पर इसके प्रभाव तथा समाधान का अध्ययन किया गया है। द्वितीयक स्त्रोतों पर आधारित इस शोधपत्र हेतु प्रमुख रूप से संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा समय-समय पर जारी किए गए वक्तव्य तथा उससे संबंधित एजेंसियों जैसे यूनिसेफ, संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग, आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक द्वारा जारी प्रतिवेदनों तथा अन्य पत्र-पत्रिकाओं द्वारा प्रकाशित आलेखों को संदर्भित किया गया है।

**शब्द कुंजी –** रूस-यूक्रेन संघर्ष, मानव अधिकार, खाद्य सुरक्षा, शरणार्थी संकट।

**प्रस्तावना –** रूस द्वारा यूक्रेन पर आरंभ किए गए सैन्य अभियान के परिणामस्वरूप एक वर्ष के भीतर 8,006 व्यक्तियों ने अपनी जान गवाई है (यूएन ह्यूमन राइट्स ट्विटर पोस्ट)। इसके प्रभावों का विस्तार सेना तक सीमित नहीं रहा है बल्कि नागरिक व पर्यावरण भी इससे गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। इस युद्ध में लगातार हो रही बम वर्षा व अन्य हथियारों के प्रयोग के कारण बड़ी संख्या में लोगों के मानव अधिकारों को क्षति पहुंची है। युद्ध के आरंभ से ही यूक्रेन द्वारा सभी पुरुषों के लिए सैन्य सेवाएं अनिवार्य करने के कारण व्यक्तियों के 'चयन के अधिकार' समाप्त हो गए। इसके साथ ही सभी घरेलू व सामाजिक दायित्व पूर्णरूप से महिलाओं पर आने के कारण उनकी मानसिक स्थिति, स्वास्थ्य व आर्थिक स्थिति बुरी तरीके से प्रभावित हुई है। इसके अतिरिक्त पितृप्रेम से बालकों की वंचना, शिक्षा के अवसरों की सीमितता तथा खाद्यान्न की भारी कमी के कारण बालकों के मानव अधिकारों का हनन हुआ है। वहीं निरंतर रूप से युद्ध जारी रहने के कारण पर्यावरण को भी अपूरणीय क्षति पहुंची है। जिसका दीर्घकालिक प्रभाव अत्यधिक गंभीर रहने वाला है। प्रस्तुत शोध पत्र में मानव अधिकारों के तहत खाद्य सुरक्षा का अधिकार, महिलाओं, बालक तथा शरणार्थियों के अधिकार व उनकी स्थिति को रेखांकित किया गया है।

**मानवाधिकारों का अर्थ –** मानवाधिकार वे अधिकार हैं जो हमारे पास केवल इसलिए हैं क्योंकि हम मनुष्य के रूप में मौजूद हैं। वे किसी भी राज्य द्वारा प्रदान नहीं किए जाते हैं। राष्ट्रीयता, लिंग, राष्ट्रीय या जातीय मूल, रंग, धर्म, भाषा, या किसी अन्य स्थिति की परवाह किए बिना ये सार्वभौमिक अधिकार सभी के एक समान रूप से उपलब्ध होते हैं। इसके अंतर्गत 'जीवन के अधिकार' से सम्बंधित वे सभी परिस्थितियां आ जाती हैं, जो जीवन को जीने लायक बनाते है जैसे कि य भोजन, शिक्षा, काम, स्वास्थ्य और स्वतंत्रता के अधिकार (ऑफिस ऑफ ह्यूमन राइट्स कमीशन)। संक्षेप में, ब्रिटिश दार्शनिक जॉन लॉक द्वारा बताए गए व्यक्ति के प्राकृतिक अधिकार मानव अधिकार कहे जा सकते हैं, जिसके अंतर्गत जीवन, स्वतंत्रता व संपत्ति का अधिकार सम्मिलित है।

**रूस- यूक्रेन युद्ध से प्रभावित हुए मानवाधिकारों की स्थिति –** अशांति, अस्थिरता व युद्ध का निश्चित रूप से मानव जाति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और इनमें से भी सबसे आम प्रभाव हैय जनहानि लेकिन यह केवल षहिमशैल का सिराष है। मृत्यु के अलावा स्थानिक गरीबी, कुपोषण, अक्षमता, आर्थिकध्सामाजिक पतन और मनो-सामाजिक बीमारी भी युद्ध के कुछ परिणामों में से एक है (मूर्ति, आर व लक्ष्मीनारायण, 'मेंटल हेल्थ कोंसिक्वेंसेस...')। यूएस इंटेलिजेंस कम्युनिटी की मार्च 2023 में आई रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने भोजन को आक्रामकता के एक उपकरण के रूप में उपयोग किया है। जिसमें यूक्रेनी बंदरगाहों को रोकना या नियंत्रित करना, अनाज के बुनियादी ढांचे को ध्वस्त करना, कृषि भूमि के विशाल क्षेत्रों पर कब्जा करना, पैदावार कम करना और श्रमिकों को विस्थापित करना शामिल है। इसके अलावा, उसने भविष्य के निर्यात के लिए अनाज लिया है, जिससे दुनिया भर में भोजन की और कमी हो रही है और कीमतें बढ़ रही हैं। इस संदर्भ में रूस-यूक्रेन युद्ध के परिणामस्वरूप मानव जाति पर पड़े प्रभावों का उल्लेख निम्न बिंदुओं के अंतर्गत किया गया है :

1. **खाद्य सुरक्षा –** फरवरी 2023 में FAO,WFP, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF), विश्व बैंक समूह और विश्व व्यापार संगठन के प्रमुखों ने एक साथ वर्तमान स्थिति को 'वैश्विक खाद्य प्रणाली के लिए एक अभूतपूर्व

झटका' करार दिया। इसके पीछे प्रमुख कारण यह है कि रूस–यूक्रेन मिलकर वैश्विक गेहूं व्यापार का एक–तिहाई, वैश्विक मक्का व्यापार का 17 प्रतिशत और वैश्विक सूरजमुखी तेल व्यापार का लगभग 75 प्रतिशत उत्पादित करते हैं। फरवरी 2022 में रूस के आक्रमण के तुरंत बाद, एफएओ खाद्य मूल्य सूचकांक तब तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद मार्च 2022 में यह दूसरी बार सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया। डब्ल्यूएफपी की रिपोर्ट है के अनुसार, 79 देशों में रिकॉर्ड 349 मिलियन लोग तीव्र खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। यह सर्वकालिक उच्च पूर्व–कोविड – 19 की तुलना में 200 मिलियन लोगों की वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है। वैश्विक खाद्य संकट का सबसे बुरा प्रभाव निम्न और मध्यम आय वाले, खाद्य–आयात करने वाले देशों – विशेष रूप से अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया के उन देशों पर पड़ा है। जो अपने आयात के लिए काला सागर पर निर्भर थे। इस सम्बंध में मुद्रास्फीति संभावित रूप से पोषक खाद्य पदार्थों को लाखों लोगों की पहुंच से बाहर करती रहेगी।

यूक्रेन में रूस के युद्ध ने दुनियाभर में मानवीय सहायता के प्रावधान को भी प्रभावित किया है। आज, तीव्र खाद्य असुरक्षा, क्षेत्रीय संघर्ष, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और कोविड–19 महामारी के सुस्त आर्थिक प्रभावों से पीड़ित स्थानों पर केंद्रित है। जबकि तीव्र रूप से खाद्य–असुरक्षित लोगों की संख्या सर्वकालिक उच्च स्तर पर है। मानवीय सहायता प्रदान करने की लागत भी एक ऐतिहासिक शिखर पर है।WFP की मासिक परिचालन लागत आज उनके 2019 के औसत से +73.6 मिलियन अधिक है, जो 44 प्रतिशत की वृद्धि का प्रतिनिधित्व करती है। मुख्य रूप से ईंधन की बढ़ी हुई कीमत और WFP खाद्य सहायता की बढ़ी हुई कीमतों के परिणामस्वरूप जिसमें गेहूं और उपयोग के लिए तैयार चिकित्सीय खाद्य पदार्थ शामिल हैं (आरयूटीएफ)। अंत में, रूस–यूक्रेन युद्ध ने महत्वपूर्ण राजनीतिक ध्यान आकर्षित करते हुए, अन्य मानवीय आपात स्थितियों पर राजनेताओं का ध्यान कम कर दिया। पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका के लिए यूनिसेफ के उपक्षेत्रीय निदेशक, रानिया दगाश–कामारा के अनुसार, यूक्रेन में रूस के युद्ध के कारण 'हमें बहुत देर से प्रतिक्रिया मिली।' जुलाई तक, 'जब दुनिया ने अपना ध्यान सूखे के संकट की ओर लगाया। हम पहले ही बहुत पीड़ा देख चुके थेकृतीन देशों में पाँच साल से कम उम्र के सत्तार लाख से अधिक बच्चे बर्बाद हो गए थे।' (केटलिन, वी ,2023 'रशिया, यूक्रेन एंड ग्लोबल फूड सिक्योरिटी...')। संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन द्वारा वर्ष 2022 में जारी की गई रिपोर्ट 'ग्लोबल जेंडर्ड इम्पैक्ट ऑफ द यूक्रेन क्राइसिस' के अनुसार, यदि ऊर्जा और उर्वरक की कीमतें 2023 में उम्मीद के मुताबिक कम नहीं होती हैं, तो खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी जारी रह सकती है।

**2. अशिक्षा –** संयुक्त राष्ट्र की बच्चों की एजेंसी यूनिसेफ के अनुसार, यूक्रेन में 11 महीने के युद्ध ने 50 लाख से अधिक बालक–बालिकाओं की शिक्षा को बाधित किया है। युद्ध में विस्फोटक हथियारों के इस्तेमाल के कारण आबादी वाले क्षेत्रों सहित यूक्रेन में हजारों स्कूल, प्री–स्कूल और अन्य शिक्षा सुविधाएं क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गई हैं। वहीं, कई माता–पिता और अभिभावक सुरक्षा के डर से बच्चों को स्कूल भेजने से हिचकते हैं। इसके अतिरिक्त बिजली और अन्य बुनियादी ऊर्जा ढाँचों पर हमलों ने बड़े पैमाने पर ब्लैकआउट की समस्या को जन्म दिया है, जिससे ऑनलाइन शिक्षा भी प्रभावित हुई है।

**3. शरणार्थियों –** आंतरिक अशांति, सशस्त्र संघर्ष व युद्ध की स्थिति में सामान्यत: यह प्रवृत्ति देखी जाती है कि प्रभावित देश के नागरिक वर्ग एक बेहतर व सुरक्षित जीवन की आशा में दूसरे में प्रवास करते हैं। जब कभी इस प्रवास की प्रवृत्ति अथवा प्रवासियों की संख्या एक सीमा से अधिक बढ़ जाती है, तो विभिन्न देश अपने देश की सीमाओं को उन प्रवासियों के लिए बंद कर देते हैं। इस स्थिति में एक शरणार्थी संकट उत्पन्न होता है। जिसके अंतर्गत प्रभावित देश के शरणार्थी अवैध व असुरक्षित माध्यमों से अन्य देशों में प्रवेश लेते हैं। जैसा कि रोहिंग्या मुस्लिम समुदाय व अफगानिस्तान में तालिबान शासन की स्थापना के पश्चात देखा गया। रूस यूक्रेन युद्ध के दौरान यूक्रेन सरकार द्वारा यद्यपि पुरुषों के देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया परंतु महिलाएं व बच्चे देश छोड़ने के लिए स्वतंत्र थे। इनमें से अधिकांश व्यक्तियों नेसर्वाधिक रूस, पोलैंड, चेक गणराज्य, मोल्दोवा, जर्मनी व अन्य यूरोपीय राज्यों में शरण ली है। जिसका चित्रात्मक प्रदर्शन निम्न मानचित्र के अंतर्गत किया गया है। इसके अतिरिक्त विश्व भर से यूक्रेन में अध्ययन करने आए विद्यार्थियों को स्वदेश लौटने के लिए कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। इनमें से देश लौटने के प्रक्रिया के दौरान कई विद्यार्थियों ने अपनी जान भी गंवा दी। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी, UNHCR के अनुसार, पूरे यूरोप में 8 मिलियन से अधिक यूक्रेनी शरणार्थियों के रहने की सूचना है। इनमें से 48 लाख शरणार्थी हैं जिन्होंने अस्थायी राष्ट्रीय सुरक्षा योजनाओं के तहत पंजीकरण कराया है। यद्यपि कई शरणार्थियों ने पुन: युक्रेन लौटना आरंभ कर दिया है। इनमें से 50 लाख से अधिक आंतरिक रूप से विस्थापित हैं (रॉय, डायना, 2023 'हाउ बैड इज युक्रेन्स ह्यूमनटेरियन क्राइसिस...')।



**चित्र 1 : यूक्रेनी शरणार्थियों के आश्रयदाता देश**

**स्रोत :** रॉय, डायना.(फरवरी 22, 2023)'हाउ बैड इज युक्रेन्स ह्यूमनटेरियन क्राइसिस..'सीएफआर.ओआरजी रिट्रीव्ड फ्रॉम https://www.cfr.org/in-brief/ukraine-humanitarian-crisis-refugees-aid

**4. ऊर्जा –** रूस विश्व में कच्चे तेल व प्राकृतिक गैस का प्रमुख उत्पादक व निर्यातक है। विशेष रूप से यूरोप से रूस की भौगोलिक निकटता के कारण लगभग सम्पूर्ण यूरोप अपनी प्राकृतिक गैस की आवश्यकता हेतु रूस पर निर्भर था। यूरोप को गैस की आपूर्ति हेतु रूस द्वारा यूक्रेन से निकलती पाइपलाइन नॉर्ड स्ट्रीम का परिचालन वर्ष 2011 शुरू हुआ था (स्पाइगेल, 2011 'विवादास्पद परियोजना शुरू की मर्केल और मेदवेदेव...')। वहीं ओपेक देशों के सदस्य के रूप में रूस कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति व कीमतें निर्धारित करने में एक महत्तवपूर्ण भूमिका रखता है। अमेरिकी ऊर्जा

सूचना प्रशासन (ईआईए) के अनुसार, 1 जनवरी, 2023 तक रूस के पास 1,688 ट्रिलियन क्यूबिक फीट (टीसीएफ) पर दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस भंडार था। वर्ष 2021 के अंत में रूस का कोयला भंडार लगभग 179 बिलियन शॉर्ट टन था। जिससे यह संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दुनिया में पुनर्प्राप्त करने योग्य कोयले के भंडार का दूसरा सबसे बड़ा धारक बन गया। चीन, भारत, इंडोनेशिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बाद रूस को दुनिया में छठा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक स्थान दिया गया है । 2021 में रूस कच्चे तेल का निर्यात करता है और द्रुजबा पाइपलाइन प्रणाली के माध्यम से यूरोप को संघनित करता है, जो नवंबर 2022 के मध्य में कुछ समय के लिए बाधित हो गया था। परंतु यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण और बाद में रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के बाद कच्चे तेल की कीमतों में काफी वृद्धि हुई । जून में WTI कच्चे तेल की कीमत मासिक औसत 114 Dollar प्रति बैरल तक बढ़ गई, जो सितंबर 2014 के बाद से वास्तविक रूप से सबसे अधिक कीमत है। गैस तेल की कीमतों में 36% की वृद्धि हुई। संयुक्त राज्य अमेरिका और विश्व स्तर पर कम इन्वेंट्री के संयोजन, रिफाइनरी क्षमता में कमी और प्रतिबंधों के कारण रूस के डिस्टिलेट निर्यात में व्यवधान ने इन कीमतों में वृद्धि में योगदान दिया। ऊर्जा उप-सूचकांक में 6% हिस्सा रखने वाली प्राकृतिक गैस की कीमतों में 20% की वृद्धि हुई। इस सम्पूर्ण परिवर्तन ने वैश्विक खाद्य असुरक्षा, सरकारों के वार्षिक बजट का बिगड़ना, परिवहन लागतों में वृद्धि के कारण व्यापारिक हानि, महंगाई, भूखमरी, निर्धनता व दिवालियापन जैसी स्थिति को जन्म दिया है।

**5. महिलाओं व बच्चों पर प्रभाव** - यूक्रेन में युद्ध ने विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के अधिकारों को प्रभावित किया है। वहाँ यौन और शारीरिक हिंसा, शोषण और दुर्व्यवहार की रिपोर्टें बढ़ रही हैं। यूएन वीमेन के अनुसार, रूसी आक्रमण के बाद से संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निगरानी दल को यूक्रेन में संघर्ष-संबंधी यौन हिंसा के 124 कथित कृत्यों की रिपोर्ट मिली है। इसके अतिरिक्त, यह अनुमान लगाया गया है कि लगभग 12 मिलियन लोगों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर किया गया है और अब विस्थापित हो गए हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल के अनुसार, 'यूक्रेन में बच्चों ने एक साल भयावह अनुभव किया है। लाखों बच्चे ठंडे और डरे हुए हैं और इस क्रूर युद्ध के अंत की उम्मीद कर रहे हैं।' इस युद्ध के दौरान कई बच्चे मारे गए और घायल हुए हैं और कई ने अपने माता-पिता और भाई-बहनों, अपने घरों, स्कूलों और खेल के मैदानों को खो दिया है। किसी भी बच्चे को कभी भी इस तरह की पीड़ा नहीं झेलनी चाहिए।' यूनिसेफ के विश्लेषण से पता चलता है कि गरीबी में रहने वाले बच्चों का प्रतिशत 43 प्रतिशत से लगभग दोगुना होकर 82 प्रतिशत हो गया है। इनमें भी उन 5.9 मिलियन बच्चों की स्थिति विशेष रूप से गंभीर है, जो वर्तमान में यूक्रेन के भीतर विस्थापित हैं। युद्ध का बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर भी विनाशकारी प्रभाव पड़ रहा है। अनुमानित 1.5 मिलियन बच्चों को संभावित दीर्घकालिक प्रभावों और प्रभावों के साथ अवसाद, चिंता, अभिघातजन्य तनाव विकार और अन्य मानसिक बीमारियों का खतरा है। निरन्तर युद्ध के कारण बुनियादी सेवाओं तक बच्चों और परिवारों की पहुंच तबाह हो गई है। गोलाबारी और हवाई हमलों से 800 से अधिक स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षतिग्रस्त या नष्ट होने की सूचना है। इस तरह के हमलों में मरीजों की मौत हो जाती है अथवा उन्हें गंभीर चोटें आती हैं। जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। साथ ही ये हमले चिकित्सा कर्मियों की पीड़ितों तक पहुंच को प्रतिबंधित करते हैं। देश भर में संघर्ष से भाग रहे हजारों बच्चों को पोलियो, खसरा, डिप्थीरिया और अन्य जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए महत्वपूर्ण टीके भी नहीं नहीं मिल रहे हैं।

महिलाओं की स्थिति के संबंध में एमनेस्टी इंटरनेशनल को डोनेट्स्क ओब्लास्ट के संघर्ष क्षेत्र में रहने वाली एक महिला तमारा ने बताया कि 'सब कुछ बदतर हो चुका है। पुरुष युद्ध में संलग्न हैं। महिलाएं अकेली रह गई हैं, कई महिलाएं किसी भी आय स्त्रोत के बिना छोटे बच्चों के साथ हैं। उन्हें कोई वित्तीय व भौतिक सहायता नहीं मिल रही है।'

**निष्कर्ष** - उपर्युक्त अध्ययन के आधार पर निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के परिणामस्वरूप सम्पूर्ण विश्व में ऊर्जा संकट निरन्तर रूप से गहराता जा रहा है। जिसने बड़ी संख्या में लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित कर निर्धनता, कुपोषण व अभावों में झोंक दिया है। साथ ही महिलाएं व बच्चे बुरी तरीके से मानसिक, आर्थिक, शैक्षणिक व शारिरीक रूप से इस युद्ध से पीड़ित हैं। युद्ध के परिणामस्वरूप इनके मानवाधिकारों का भी हनन हुआ है। अतः आवश्यक है कि इन्हें तुरंत मानवीय सहायता पहुँचाना सुनिश्चित किया जा कर, शान्ति स्थापित हो।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. ऑर्गेनाइजेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स कमीशन 'व्हाट आर ह्यूमन राइट्स' रिट्रीव्ड फ्रॉम https://www.ohchr.org/en/what-are-human-rights
2. कॉंट्रोवशियल प्रोजेक्ट लॉन्च्ड(अगस्त 11, 2011)स्पाइगेल रिट्रीव्ड फ्रॉम https://www.spiegel.de/international/europe/controversial-project-launched-merkel-and-medvedev-open-baltic-gas-pipeline-a-796611.htm
3. ग्लोबल जेंडर्ड इमपैट्स ऑफ द यूक्रेन क्राइसिस.(2022).यूएन वीमन रिपोर्ट रिट्रीव्ड फ्रॉम https://acrobat.adobe.com/link/review?uri=urn:aaid:scds:US:f452b181-8b08-394e-bde9-9539bbbd3e2d
4. ट्विटर.(फरवरी 21, 2023).यूएन ह्यूमन राइट्स चीफ स्टेटस रिट्रीव्ड फ्रॉम https://twitter.com/UNHumanRights/status/1628074495218003976?ref_src=twsrc%5Etfw%7Ctwcamp%5Etweetembed%7Ctwterm%5E1628074495218003976%7Ctwgr%5E3ce2471621db926609597de1e0a03afe9eb8ba00 %7Ctwcon%5Es1_&ref_url=https%3A%2F%2Fnews.u n.org%2Fen%2Fstory%2F2023%2F02%2F1133737
5. युएन ह्यूमन राइट्स कमीशन.ऑपरेशनल डेटा पोर्टल.सिट्यूएचनस इन यूक्रेन रिट्रीव्ड फ्रॉम https://data.unhcr.org/en/situations/ukraine
6. युक्रेन रू वीमेन फेस ग्रेव रिसक्स एस रशिया.(मार्च 08, 2023).एमनेस्टी इंटरनेशनल रिट्रीव्ड फ्रॉम https://www.amnesty.org/en/latest/news/2023/03/ukraine-women-face-grave-risks-as-russias-full-scale-invasion-enters-its-second-year/
7. यूएस एनर्जी इन्फॉर्मेशन ऐजेंसी रिट्रीव्ड फ्रॉम https://www.eia.gov/todayinenergy/detail.php?id=55059

8. यूक्रेन 'मानव कल्याण और मानवाधिकारों के लिए विनाशकारी स्थिति..'(जनवरी 13, 2023).यूनाइटेड नेशंस.यूएन न्यूज रिट्रीव्ड फ्रॉम https://news.un.org/hi/story/2023/01/1065342
9. यूनाइटेड नेशंस. ग्लोबल इशू, ह्यूमन राइट्स रिट्रीव्ड फ्रॉम https://www.un.org/en/global-issues/human-rights#:~:text=Human%20rights%20are%20rights%20inherent,and%20education%2C%20and%20many%20more.
10. वेल्श, केटलिन.(फरवरी 24, 2023).रशिया, यूक्रेन एंड ग्लोबल फूड सिक्योरिटी.सेंटर फॉर स्ट्रेटजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज रिट्रीव्ड फ्रॉम https://www.csis.org/analysis/russia-ukraine-and-global-food-security-one-year-assessment#:~:text=First%2C%20though%20Russia's%20war%20in,over%20the%20past%2012%20months
11. वॉर इन यूक्रेन इज आ क्राइसिस.(फरवरी 22, 2023).यूएन वीमन ऑर्गेनाइजेशन रिट्रीव्ड फ्रॉम https://www.unwomen.org/en/news-stories/in-focus/2022/03/in-focus-war-in-ukraine-is-a-crisis-for-women-and-girls
12. वॉर इन यूक्रेन पुशेस जनरेशन ऑफ चिल्ड्रेन.(फरवरी 21, 2023).यूनिसेफ रिट्रीव्ड फ्रॉम https://www.unicef.org/eca/press-releases/war-ukraine-pushes-generation-children-brink-warns-unicef
13. श्रीनिवासमूर्ति, आर एवं लक्ष्मीनारायण आर.मेन्टल हेल्थ कोंसिक्वेंसेस ऑफ वॉर...द वर्ल्ड सायकायट्रिक असोसिएशन रिट्रीव्ड फ्रॉम https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC1472271/#:~:text=War%20destroys%20communities%20and%20families,in% 20material%20and%20human%20capital

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# सामासिक संस्कृति के कुछ और रूप

**डॉ. गीता कुमारी***

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग (झारखंड) भारत

**प्रस्तावना -** सामासिक संस्कृति भारतीय संविधान के हिंदी अनुवाद से उदुध्त है। यह पद अंग्रेजी के कंपोजिस्ट कल्चर के लिए प्रयुक्त होता है। समस का अर्थ होता है योग या मेल सामासिक संस्कृति दो या दो से अधिक संस्कृतियों का मिलन मात्र नही है। सामासिक का अर्थ है- मिलकर एक हो जाने वाली जब दो या दो से अधिक संस्कृतिय मिलती है तब दो प्रकार की क्रियाये होती है। संस्क्रिति के कुछ तत्व ऐसे होते है। चाहे वह धर्म भावना हो कला रूचि हो ,साहित्य परंपरा हो या भाषा हो जो मिलने वाली विभिन्न संस्कृतियों में समान रूप से स्वीकृत हो जाते है। उन तत्वों का अजनबीपन जाता रहता है। वे इन सभी संस्कृतियों में खप जाते है। दूसरी और कुछ तत्व ऐसे भी होते है जो कभी संस्कृतियों में सामान रूप से स्वीकृत नही होते वे विभीन संस्कृतियों में अलग अलग या तो बने रहते है या कालांतर में विलीन हो जाते है। व्यापक रूप से जो विभीन तत्व सभी संस्कृतियों में स्वीकृत हो जाते है। यदि उनके परिणाम और प्रकार अनुकूल हुए तो वे कुल मिलाकर एक अपेक्षाकृत नयी संस्कृति चेतना को रूप देते है, जिसे हम सामासिक संस्कृति चेतना कह सकते है।

पठानों और मुगलों का भारत में आगमन व्यापर करने अथवा उपनिवेश बसाने वाले विदेशियों के रूप में नहीं हुआ था, बल्कि यहाँ बसने आये थे। जब वे इस देश में बस गए ,उन्होने इसे अपना ही देश मान लिया। भारत को अपना देश पहले की भी कुछ विदेशी जातियों ने माना था, किन्तु उनके और मुसलमानों के बीच एक भारी भेद था। शक और हूण भारत में कभी वह राजनैतिक प्रबलता प्राप्त नहीं कर सके थे जो प्रबलता मुसलमानों ने प्राप्त की। इस देश पर मुसलमानों का राज्य छह सौ वर्षो तक रहा था। इसलिए शक और हूण धीर-धीरे हिन्दुत्व से अलग बने रहे। एक तो वे देश के शासक थे और शासितों के झुण्ड में उनके विलीन होने की बात ही नही उठती थी। दुसरे हिन्तुव की पाचन शक्ति भी अब बहुत खराब हो चुकी थी। इससे भी वह मुसलमानों को अपने भीतर नहीं पचा सका।कई सुल्तानों को बहुत उत्साह दिखाने पर भी अधिक हिन्दू मुसलमान नहीं हुए। परिणाम यह हुआ की भारत हिन्दूओं का देश रह गया और मुस्लमान अल्पसंख्यको के आंकडे से आगे नहीं बढे। उस समय ये अल्पसंख्यक लोग ही बहुसंख्यको के भाग्य का निर्माण करते थे।

मुसलमानों के आगमन के पूर्व भारत में एक प्रकार की संस्कृतिक एकता कायम थी। धर्म, रीति-रिवाज भाषाए और संस्कृतिया तो तब भी अनेक थी। किन्तु सब लोगों के हिन्दू होने के कारन ये विविधताये एक ही भाषा की अनेक बोलियों के समान एक दुसरे के समीप थी। एक-दुसरे से गूंथी हुई थी।किन्तु मुस्लिम धर्म के आगमन से भारत की संस्कृति की दो धराये बहने लगी। ये दोनों धराये समान्तर रूप से चलती है। एकाध जगह वे एक दूसरी का स्पर्श भी करती है,किन्तु मिलकर वे एक नहीं हो पाती।[1]

जब मुसलमानों के हाथ से सल्तनत निकलने लगी उनमे एक प्रकार की घबराहट का भाव जागने लगी। पठान और तुर्क न तो तब अरबी थे ,न ईरानी,मुस्लमान मात्र की दृष्टी में अरब और ईरान ही इस्लाम के असली देश थे। भारत के मुसल्मान मन से सपने अरब और ईरान का ही देखते थे। हिंदुस्तान उनके शरीर का घर था,आत्मा का घर अरब और ईरान था।

हिन्दू और मुस्लमान घुल मिलकर एक तो नहीं हो सके,फिर भी दोनों जातियों की बहुत सी बाते एक हो गयी हिंदुओ के बीच अन्धविश्वास और रूढ़ियाँ बहुत अधिक प्रचलित थी। इनके प्रभाव से मुस्लिम- समाज में कुछ रूढ़ियाँ उत्पन्न हो गयी और हिन्दुओ की देखा देखी मुस्लमान जनता भी गाजी मियां, पांच पीर, पीर बदर ख्वाजा खिजिर आदि कल्पित देवताओ की पूजा करने लगे।दशहरा और रथ यात्रा उत्सवो के अनुकरण पर मुहरम में ताजिये निकाले जाने लगे एवं ताजियों में हिन्दू और मुस्लमान बिना किसी भेद भाव के सम्मलित होने लगे। हिन्दुओ के बहुत से रिवाज ऊँचे तबको के मुस्लमान में आप से आप चल पड़े। राजपूतो की देखा-देखी कुछ मुसलमानों ने जौहर की प्रथा अपना ली।[2] पान खाने की आदत मुसलमानों ने हिंदुओ से ली लेकिन आगे चलकर पान चबाने में हिंदुओ को उन्होने मात दे दिया। फलो से अचार तैयार करने की प्रथा भारत की प्रथा थी वह मुसलमानों के यहाँ भी चल पड़ी। भारत के मोहन भोग का प्रभाव पुलाव पर पड़ा। कसे चुस्त पायजामे राजपूतानियो ने मुस्लिम नारियो से लिए विवाह के अवसर पर सोहागपुरा ले चलने की प्रथा मुसलमानों के यहाँ हिंदुओ की देखा-देखी चली है।[3]

मुगल काल आते-आते शबे बारात का पर्व सारे भारत के मुसलमानों में मनाया जाने लगा। हिंदुओ ने मुसलमानों को जातिवाद का जहर पिलाया बदले में मुसलमानों ने हिंदुओ के पर्दे की शाप दिया।[4] स्नान की आदत मुसलमानों ने हिंदुओ से ली। अरब के लोग पानी के अभाव में स्नान कम करते थे।हर देश में मुस्लमान नहीं नहाने अथवा कम नहाने को अपना कर्तव्य मानते थे।

लेकिन भारत में स्नान जनित आनंद से वे काफी प्रभावित हुए। मुगलों के समय में तो मुस्लमान मां नहाना इतना लोकप्रिय हो उठा की बड़े-बड़े शहरो में स्नानागार के रोजगार वैसे ही चलने लगे जैसे आज होटल चलते है। ऊँचे तबको के हिंदुओ ने मुसलमानी खान- द्पान और पोशाके खुशी -खुशी अपना ली। हिंदुओ की पगड़ी मुसलमानों ने और मुसलमानों की अचकन हिंदुओ ने अपनाई। हिंदुओ और मुसलमानों के बिच जो समान रीती रिवाज

और आदते प्रचलित है, उनकी काफी लम्बी सूचि राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'खण्डित भारत' में की है।[5]

हिंदुओ और मुसलमानों के बिच मतभेद के अनेक कारण है। सबसे बड़ा मतभेद भाषा को लेकर है। संगीत इस्लाम में वर्जित था, किन्तु सूफी तब भी संगीत के बड़े प्रेमी थे बल्कि यह कहना चाहिए की सूफियो के यहाँ संगीत साधना का एक अंग समझा जाता था। भारतीय एवं ईरानी संगीत के मिलन से नयी-नयी चीजे निकल पड़ी।[6] संगीत में हिन्दू और मुस्लिम परस्पर जितने समीप हुए, उतने समीप वे और कही नही आये।

कई धातूओ से रसायन बनाने की रिवाज मुस्लिम आगमन के बाद विकसित हुआ।कागज बनाना और कलई करना भी यहाँ मुसलमानों ने आरम्भ किया। पत्थर, चाँदी और सोने पर मीनाकारी के काम जामदानी क्लाबतु जर्जोदी, किमखाब और जमेवर भी मुस्लिम कलमे ही चले। मुस्लिम संपर्क से कितने ही अरबी और फारसी के शब्द संस्कृत में समा गए है।[7]

हिन्दू धर्म की विशेषता यह है की वह बाहर से आई हुई संस्कृतियों से मिलकर जाग्रत और नवीन हो जाता है। इस्लाम से हिन्दुत्व का मिलन अनेक अंशो में मंगलकारी हुआ। इस्लाम के आगमन के बाद भारत की राष्ट्रीय एकता में वृद्धि हुई एवं जनता को मुगलों के समय सुधि केंद्रीय सता के आश्रय में शांति और सुव्यवस्था का सुख मिला। हमारी सारी आधुनिक देश भाषाए इसी काल में उठकर खड़ी हुई एवं जिस प्राचीन साहित्य का अभिमान ये भाषाए करती है उसका अधिकांश इसी काल में लिखा गया। भारत की मृतप्राय कला इसी युग में आकर पुन:जीवित हुई। मुसलमानों की राज्य सता ज्यो-ज्यो हिलती गयी ,त्यों-त्यों उनका स्वभाव भी कोमल होता गया एवं हिंदुवो के हृदय का भय भी निकलता गया।[8] इस काल में हिंदु-मुस्लिम एक की भावना जनता के धरातल पर आप से आप पुष्ट होती गयी। राज्य सता से अलग रहने वाले हिन्दू और मुस्लमान आपस में इस काल में जितना समीप आये उतना पहले कभी नही आये थे।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. अल्तेकर, 1984 : द पोजीशन ऑफ वीमेन इन हिन्दू सिविलाईजेशन, दिल्ली पृष्ट -32
2. वही रू पृष्ट -33
3. पी.एन.चोपरा ,2001: सोसाईटी एंड कल्चर इन मुगल कोलकता, पृष्ट- 102
4. डी. एम.डोनाल्डसन , 1942 : स्टडीज इन मुस्लिम एथिक्स नयी दिल्ली पृष्ट -223
5. पं.हजारीप्रसाद दिवेदी ,2004 : हमारी सहित्यिक समस्या कानपूर , पृष्ट -94
6. वही : पृष्ट -97-98
7. सी.आर.दास , 1921 : द नेशनल कल्चर ऑफ इंडिया नई दिल्ली ,पृष्ट -132
8. सुकुमार दत्ता ,1926 : दी प्रॉब्लम ऑफ इंडिया नेशनलिटी नयी दिल्ली,पृष्ट -105

*************

# भारत मे दल-बदल कानून का विवेचन

**डॉ. महेंद्र सिंह राजपुरोहित*  मुकेश कुमार कुमावत****

* सह-आचार्य (राजनीति विज्ञान) राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, पाली (राज.) भारत
** शोधार्थी (ाजनीति विज्ञान) जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय,जोधपुर (राजस्थान) भारत

**शोध सारांश –** भारत देश के विशाल आकार, भारतीय समाज की विभिन्नता, सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की ग्राह्यता, विलक्षण राजनैतिक प्रक्रियाओं तथा कई अन्य कारणों से अनेक राजनीतिक दलों का उदय हुआ हैं। विश्व में भारत ऐसा देश है जहाँ सबसे ज्यादा राजनीतिक दल पाए जाते हैं। परिणामस्वरूप त्रिशंकु विधानसभा, त्रिशंकु संसद तथा साझा सरकार का गठन एक आम बात हैं।सत्ता की लालसा एवं भौतिक वस्तुओं की लालसा के कारण राजनीतिज्ञ अपना दल छोड़कर दूसरे दल में शामिल हो जाते हैं अथवा अपना नया दल बना लेते हैं। अत: दल-बदल की इन घटनाओं पर रोक अति आवश्यक हैं। इसलिए प्रस्तुत शोध पत्र का केन्द्रीय विषय भारत में दल-बदल कानून का विश्लेषण करना है।
**शब्द कुंजी –** राजनीतिक दल, दल-बदल, 10 वीं अनुसूची, लोकतंत्र, 91वाँ संविधान संशोधन।

**भारत में दल-बदल का इतिहास –** भारत में दल-बदल की राजनीति काफी समय से ही प्रचलित हैं। यदि हम यह कहे कि दल-बदल की यह घटनाएँ आजादी के बाद से ही प्रचलित हैं तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। एक रिसर्च के अनुसार भारत में 1952 से 1967 की अवधि में 542 बार सांसदो एवं विधायको ने अपने दल बदले। 1967 के आम चुनाव के बाद प्रथम वर्ष में ही 430 सांसदों एवं विधायको ने दल बदलने का रिकॉर्ड कायम किया। 1967 के बाद 16 महीनों में दल-बदल के कारण 15 राज्यो की सरकारे गिर गई। 1967 से पूर्व भी ऐसी अनेक घटनाएँ सामने आई। 1947 चुनाव के बाद संयुक्त प्रांत कें मुख्यमंत्री गोविन्द वल्लभ पंत ने मुस्लिम लीग के कुछ सदस्यो को कांग्रेस में शामिल होने का प्रलोभन दिया। साथ ही दल-बदलु हाफिज मोहम्मद इब्राहिम को अपने मंत्रिमंडल में स्थान दिया। वर्ष 1962 में मद्रास के राज्यपाल श्रीप्रकाश ने राजगोपालाचारी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। इस समय कांग्रेस अल्पमत मे थी परन्तु 16 विरोधी सदस्यों के कांग्रेस में शामिल होने से सरकार को स्पष्ट बहुमत मिल गया।

वर्ष 1958 में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री संपूर्णानंद के प्रति 98 सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रकट करने से उन्हें अपनी कुर्सी छोड़नी पड़ी। 1960 में केरल में आर. शंकर के खिलाफ भी यही प्रक्रिया अपनाई गई। 1952 में राजस्थान सरकार के स्थायित्व की वजह भी दल बदल ही थी।

30 अक्टुबर 1967 को हरियाणा के विधायक गया लाल ने एक दिन के भीतर दो दल बदले। तत्पश्चात 15 दिन में उन्होने तीन दल बदले। गया लाल कांग्रेस से जनता पार्टी में गए, फिर वापस कांग्रेस में आए लेकिन अगले नौ घंटे के भीतर दोबारा जनता पार्टी में लौट आए। तब से भारतीय राजनीति में दल-बदल को लेकर 'आया राम-गया राम' स्लोगन चल पड़ा। इन सभी घटनाओं के बाद राजनीतिक दलो को मिले जनादेश का उल्लंघन करने वाले सदस्यों को चुनाव में भाग लेने से रोकने तथा अयोग्य घोषित करने की जरूरत महसूस होने लगी। परिणाम स्वरूप 1985 में 52वाँ संविधान संशोधन के रूप में दल-बदल विरोधी कानून अस्तित्व में आया। जिसमें व्याप्त कमियों को उत्तरोतर दूर किया गया।

**दल-बदल की रोकथाम हेतु वैधानिक प्रावधान –** 52वें संविधान संशोधन अधिनियम 1985 के द्वारा सांसदों तथा विधायको द्वारा एक राजनीतिक दल से दूसरे दल में दल-परिवर्तन के आधार पर निरर्हता के बारे में प्रावधान किया गया हैं। इस हेतु संविधान के 4 अनुच्छेदों 101, 102, 190, 191 में परिवर्तन करते हुए दसवीं अनुसूची जोड़ी गई हैं।

**इस कानून के तहत:**

1. किसी सदन का सदस्य जो किसी राजनीतिक दल का सदस्य हैं, उस सदन के सदस्य के रूप में निरर्हक माना जाएगा, यदि उसने स्वैच्छा से उस दल की सदस्यता छोड़ दी हैं अथवा वह सदन में अपने दल के निर्देशो के विपरीत मतदान करता हैं या मतदान में अनुपस्थित रहता हैं। अत: स्पष्ट है कि उसे उस दल का सदस्य बने रहना चाहिए जिस दल के टिकट परवह चुना गया हैं तथा उसे दल के निर्देशो का पालन करना चाहिए।
2. कोई निर्दलीय सदस्य अगर चुनाव के पश्चात किसी भी राजनीतिक दल की सदस्यता ग्रहण कर लेता हैं तो वह सदन की सदस्यता हेतु निरर्हक हो जायेगा।
3. कोई नामनिर्देशित सदस्य अगर अपने नामनिर्देशन के 6 माह पश्चात किसी सदन की सदस्यता ग्रहण कर लेता हैं तो वह भी सदस्यता से वंचित हो जायेगा।
4. परन्तु यह भी सनद रहे कि अगर किसी दल के एक तिहाई सदस्य सदन में नए दल का गठन कर लेते हैं तो इसे टूट कहा जाता हैं और टूट की स्थिति में सदस्यता रद्द नहीं होती। पीठासीन अधिकारी को भी यह छूट दी गई हैं कि वह अपने पद की मर्यादा बनाए रखने के लिए स्वैच्छिक रूप से अपने दल से बाहर चला जाता हैं तथा अपना कार्यकाल पूर्ण कर पुन: अपने दल में शामिल हो सकता हैं।

दल परिवर्तन से संबंधित सभी मामलों का विनिश्चय सदन के अध्यक्ष

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

के द्वारा किया जाता हैं। इस कानून में यह भी प्रावधान किया गया कि अध्यक्ष का निर्णय ही अंतिम होगा तथा इसे किसी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। किहोतो होलोहन मामले में उच्चतम न्यायालय ने इस कानून की न्यायिक समीक्षा के अवसर खोल दिए।

इस अधिनियम से संबंधित सभी नियम बनाने की शक्ति सदन के अध्यक्ष के पास हैं। वह इन नियमों को सदन के समक्ष रखवाता हैं, सदन इसमें परिवर्तन कर सकता है। यदि कोई सदस्य इनका उल्लंघन करता हैं तो इसे ठीक उसी प्रकार माना जायेगा जैसे कि सदन के विशेषाधिकारों का उल्लंघन हुआ हो। अध्यक्ष ऐसे मामलों की जाँच तभी करता हैं जब कोई सदस्य इसकी शिकायत करता हैं, साथ ही अध्यक्ष ऐसे मामलों में निर्णय लेने से पूर्व उस सदस्य को अवश्य मौका देता हैं। अत: दल-परिवर्तन का कोई तत्काल प्रभाव नहीं होता।

दसवीं अनुसूची का मूल उद्देश्य राजनीतिक दल परिवर्तन के दोषों तथा दुष्प्रभावों पर रोक लगाना था, साथ ही इसके माध्यम से संसदीय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करना था। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इसे सार्वजनिक जीवन में सुधारों की ओर पहला कदम बताया था। इस कानून ने विधायकों की दल बदल की प्रवृति पर रोक लगाकर राजनीतिक संस्था में उच्च स्थिरता प्रदान करने का काम किया। साथ ही राजनीतिक दलों को दूसरे दलों में शामिल होने अथवा विद्यमान दल में टूट जैसे लोकतांत्रिक तरीके से विधायिका द्वारा पुनर्समूहन की सुविधा भी प्रदान की। दल-बदल विरोधी कानून का सबसे बड़ा लाभ यह रहा कि इसने भ्रष्टाचार को कम कर अनियमित निर्वाचनों पर अप्रगतिशील खर्च को कम किया। इसने विद्यमान दलो को एक राजनीतिक पहचान देने का भी कार्य किया हैं। यह कानून राजनीतिक शुद्धता की तरफ पहला साहसिक कदम था। इसने देश के राजनीतिक जीवन में एक नए युग का सूत्रपात किया। फिर भी इसके कार्यकलापों में अनेक कमियाँ रहीं। यह दल परिवर्तन को पूर्णतया नहीं रोक पाया। यह असहमति तथा दल परिवर्तन के बीच का अंतर नहीं बताता हैं, इसने विधायिका के असहमति के अधिकार तथा विवेक की स्वतंत्रता में अवरोध उत्पन्न किया।

इसने दल के अनुशासन के नाम पर दल के स्वामित्व की कठोरता को आगे बढ़ाया। इस कानून ने छिटपुट दल परिवर्तन पर तो रोक लगाई परंतु बडे पैमाने पर होने वाले दल परिवर्तन को कानूनी रूप दे दिया। यह कानून विधायक द्वारा विधानमंडल के बाहर किये गए कार्यकलापों हेतु उसके निष्कासन की व्यवस्था नहीं करता। यह नाम निर्देशित सदस्यो तथा निर्दलियों के बीच अतार्किक भेदभाव करता हैं अर्थात् निर्दलीय सदस्य अगर किसी दल में शामिल हो जाए तो वह निरर्हक हो जाता हैं लेकिन नाम निर्देशित सदस्यों को इसकी अनुमति हैं।

**आलोचना -** इस अधिनियम की सबसे बड़ी आलोचना यह हैं कि इसमें निर्णय लेने का अधिकार सदन के अध्यक्ष को सौंपा गया हैं। सदन का अध्यक्ष सत्ताधारी दल से ही संबंधित होता हैं। अत: यह देखा गया हैं कि वह जानबूझकर निर्णय करने में देरी करता हैं। उसका निर्णय भेदभाव पूर्वक भी हो सकता हैं। यह भी ध्यान देने योग्य बात हैं कि अध्यक्ष के पास ऐसे मामलों में न्यायनिर्णयन के लिए विधिक ज्ञान एवं अनुभव की भी कमी होती हैं। अत: इन कमियों को दूर करने की कुछ कोशिशे 91वें संविधान संशोधन अधिनियम - 2003 द्वारा की गई है।

**अन्य प्रयास -** दसवीं अनुसूची में दल-बदलने के विरूद्ध कानून को सख्त बनाने की मांग अनेक हलको से होती रही हैं। दसवीं सूची की इस आधार पर भी आलोचना की गई हैं कि वह बड़े पैमाने पर दल-बदल को प्रोत्साहित करती हैं, जबकि व्यक्तिगत दल-बदल का निषेध करती हैं। इस अनुसूची ने सरकार को अस्थिर करने में बड़ी भूमिका निभाई।

चुनाव सुधार समिति, जिसका गठन 1990 में दिनेश गोस्वामी की अध्यक्षता में हुआ, ने भी दल-बदल कानून में संशोधन की मांग उठाई। विधि आयोग की 170वीं रिपोर्ट तथा सन 2000 में वैंकट चलैया की अध्यक्षता में बने संविधान समीक्षा आयोग ने दसवीं अनुसूची के उस प्रावधान को बदलने की मांग की जिसमे दल-बदल के मामलों में अयोग्यता से छूट मिलती हैं। संविधान समीक्षा आयोग ने यह मंतव्य प्रकट किया कि दलबदलू को मंत्री पद अथवा अन्य किसी सार्वजनिक पद से हटाकर उसे दंडित किया जाना चाहिए। यह दंड तब तक जारी रहना चाहिए जब तक कि नई विधायिका का गठन न हो जाए अथवा वर्तमान विधायिका का कार्यकाल पूरा न हो जाए। संविधान समीक्षा आयोग ने यह मतभी प्रकट किया कि दलबदलूओं को मंत्री बनाया जाता रहा हैं। अत: मंत्रिपरिषदों का आकार भी अनावश्यक वृहद हो जाता हैं। आवश्यक है कि मंत्रिपरिषद का आकार विधायिका के आकार का 10 प्रतिशत तक सीमित कर दिया जाए। अत: इन सभी प्रावधानों को 91वें संविधान संशोधन अधिनियम 2003 में शामिल किया गया।

91वें संशोधन अधिनियम के तहत प्रधानमंत्री सहित संपूर्ण मंत्रिपरिषद का आकार लोकसभा की कुल सदस्य संख्याँ के 15 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया। संसद के किसी भी सदन के सदस्य, जिसको दल परिवर्तन के आधार पर निरर्हक ठहराया गया हो, को मंत्री पद के लिए भी निरर्हक ठहराया गया हैं। यह प्रावधान अनुच्छेद 75 में शामिल किए गए।

राज्य विधानमंडलो हेतु भी यहीं प्रावधान तय किए गए हैं। मुख्यमंत्री सहित मंत्रिपरिषद का आकार राज्य विधानमंडल की संपूर्ण संख्याँ के 15 प्रतिशत तक सीमित किया गया हैं तथा न्यूनतम मंत्रियों की संख्याँ 12 तय की गई है। राज्य विधानमंडल के सदस्य को दल परिवर्तन के आधार पर अयोग्य ठहराने पर उसे मंत्री पद हेतु भी अयोग्य ठहराया गया है। यह प्रावधान अनुच्छेद 164 में शामिल किए गए है।

संसद या राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन का, कोई भी ऐसा सदस्य, जो दल परिवर्तन के आधार पर निरर्हक ठहराया गया हो, वह किसी भी लाभ के राजनीतिक पद को धारण करने के लिए भी निरर्हक होगा। यहां लाभ के राजनीतिक पद का अभिप्राय हैं - केन्द्र सरकार या राज्य सरकार के अधीन ऐसा कोई कार्यालय, जिसके लिए वेतन एवं अन्य लाभ संबंधित सरकार द्वारा लोक राजस्व से दिये जाते हो अथवा ऐसा कोई भी निकाय जो केन्द्र या राज्य सरकार से अंशत: या पूर्णत: पोषित हो तथा उसके लिए वेतन एवं लाभ इससे दिए जाते हो।

91वें संशोधन अधिनियम का सबसे महत्तवपूर्ण प्रावधान यह था कि दसवीं अनुसूची के उपबंध विभाजन की उस दशा में लागू नही होंगे, जब किसी दल के एक तिहाई सदस्य उस विभाजित धड़े में शामिल हो। इसका अभिप्राय है कि विभाजन के आधार पर निरर्हकों के लिए कोई और संरक्षण नहीं हैं।

इन सभी प्रावधानों के बावजूद वर्तमान में भी दल-बदल की घटनाओं पर रोक नहीं लग पाई हैं। यदा-कदा ऐसे मामले प्रतिवर्ष हमारे सामने आते रहते हैं।

**प्रासंगिक उदाहरण:**

1. दल-बदल की हालिया घटनाओं में पुडुचेरी में 2021 में घटी घटना प्रमुख हैं। कांग्रेस - द्रमुक सरकार के मुखिया वी. नारायणसामी को उस समय इस्तीफा देना पड़ गया जब कांग्रेस के 6 विधायकों ने अपना पाला बदल लिया। नारायणसामी ने इसका ठीकरा केन्द्र सरकार पर फोड़ा तथा कहा कि यह केन्द्र के इशारे पर ही हुआ। कांग्रेस सरकार के इस प्रकार असामयिक पतन ने दल-बदल विरोधी कानून की खोखली उपादेयता सिद्ध की हैं।

2. दल-बदल की एक अन्य घटना हाल ही में महाराष्ट्र में भी देखने को मिली हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना, कांग्रेस तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सरकार थी। शिवसेना में दरार पड जाने के कारण उसके 2 गुट बन गए - एक गुट मूल शिवसैनिको का था जिसके अध्यक्ष उद्धव ठाकरे थे जबकि दूसरे गुट के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे। दस दिनो से भी अधिक चले इस घटनाक्रम में एकनाथ शिदें अपने गुट के साथ असम के एक होटल में कैद रहे। इस घटनाक्रम का पटाक्षेप तब हुआ जब शिंदे गुट ने भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर अपनी नई सरकार बना ली। यह दल-बदल विरोधी कानून की एक अन्य नाकामी थी।

3. सन् 2020 में मध्यप्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व वाली सरकार उस समय गिर गई जब कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने 22 निष्ठावान विधायको के साथ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। अंततः मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में पुनः भाजपा की सरकार बन गई जो वर्तमान में भी सत्तासीन हैं। इस दल-बदल के फलस्वरूप ही सिंधिया वर्तमान में केन्द्र सरकार में मंत्री पद को सुशोभित कर रहे हैं।

4. 2019 में कर्नाटक में मतदाताओं द्वारा मतपत्र के माध्यम से अपनी सरकार चुनने के अधिकार का हनन तब हुआ जब कांग्रेस एवं जनता दल (एस) की सरकार, जिसके मुखिया कुमारास्वामी थे, के 15 विधायक भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। अंततः वहां भी भाजपा की सरकार बनी जिसके मुखिया येदियुरप्पा बने।

5. 2016 में बड़े पैमाने पर दल-बदल के कारण अरूणाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिर गई। कांग्रेस के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने 41 विधायको सहित भाजपा का दामन थाम लिया। रातों-रात कांग्रेस की सरकार गिर गई। भाजपा ने इसे कांग्रेस का अंतर्कलह बताया, परंतु यह दल-बदल कानून की ही कमी थी।

6. 2016 में उत्तराखंड में सियासी उठापठक का दौर रहा। कांग्रेस की सरकार के 9 विधायको की बगावत से हरीश रावत सरकार अल्पमत में आ गई। केन्द्र सरकार ने इसके तुरंत पश्चात वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद वहाँ फ्लोर टेस्ट किया गया, जिसमें हरीश रावत विजयी रहे। अन्त में केंद्र सरकार को वहां से राष्ट्रपति शासन हटाना पड़ा।

7. कुछ समय पूर्व मेघालय में भी दल-बदल की घटना देखने को मिली। कांग्रेस के मुकुल संगमा ने 12 विधायकों सहित तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस प्रकार तृणमूल कांग्रेस वहां पर सबसे बड़ा विपक्षी दल बन गया।

**उपसंहार-** दल-बदल विरोधी कानून की वजह से नीति निर्माण, बिल और बजट की जाँच तथा निर्णयो मे सांसद की मुख्य भूमिका केवल पार्टी को समर्थन या विरोध करने वाले एक वोट तक ही सीमित रह जाती है। भारत में विधायकों की जवाबदेही केवल राजनीतिक पार्टी तक ही सीमित रह गई हैं। इस प्रकार यह कानून संसदीय लोकतंत्र की अवधारणा के खिलाफ काम करता है। स्पष्ट है कि दल-बदल विरोधी कानून को मजबूत करने की बजाय इसकी प्रासंगिकता पर भी सवाल उठना लाजमी हैं। इन सभी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए हमें दल-बदल विरोधी कानून के क्रियान्वयन पर एक विशेष अध्न की आवश्यकता हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. ऑस्टिन, ग्रैनविल, द इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन: कॉर्नर स्टोन ऑफ ए नेशन, ऑक्सफोर्ड -1985
2. आशीर्वादम, रेड्डी एवं मिश्रा के. के., पोलिटिकल थ्योरी, दिल्ली 2003
3. आचार्य राममूर्ति, जे.पी. की विरासत, वाराणसी 2003 कॉलिशन गवर्नमेंट इन इंडिया, शिमला -1975
4. करुणाकरण के.पी., द पॉलिटिक्स ऑफ डिफेक्शन, दिल्ली -1969
5. कश्यप, सुभाष, दलबदल और राज्यों की राजनीति मेरठ -1969
6. एंटी डिफेक्शन लॉ एंड पार्लियामेंट्री प्रिविलिजेज, दिल्ली - 2003
7. कोठारी, रजनी, पार्टी सिस्टम एंड इलेक्शन स्टडीज मुंबई - 1960
8. कोलिशन पॉलिटिक्स इन इंडिया, दिल्ली -1999
9. खन्ना, एस. के.गोस्वामी, भालचंद्र,दल बदल विरोधी कानून 1985 : दशा और दिशा, जयपुर-1995

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश में इथनो खाद्य फसलों की स्थिति एवं उनका विवरण

**डॉ. राजेश बकोरिया***

* सहायक प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** अनेक पौधें जो मनुष्यों एवं जंतुओं द्वारा भोजन के रूप में प्रयोग किए जाते है खाद्यान्न कहलाते हैं। इनमें से धान्य-पौधों का वह समूह होता है जो ग्रेमिनी (पोएसी) कुल के अंतर्गत आते हैं मक्का, जई, चावल, गेहूँ आदि सत्य धान्य कहलाते हैं इनमें कार्बोहाइड्रेट प्रचुर मात्रा में पाया जाता हैं, भोजन में दालों का भी महत्वपूर्ण स्थान होता हैं दालों में प्रोटीन प्रचुर मात्रा में पाया जाता हैं। प्राचीन काल से ही कुछ विशेष पौधों (फसलों) को हमने अपने भोजन में शामिल किया हुआ हैं परंतु आजकल इनका उपयोग बहुत कम किया जाने लगा है, इन्हें हम इथनो खाद्य फसलें कहते हैं। इनके कुछ उदाहरण निम्न हैं जैसे – गराडू, सिंघाड़ा, कुटकी, समा, कोदों, बथुआ, सहजन, ज्वार, मक्का, बाजरा तथा जौ आदि। वर्तमान समय में इनका उपयोग बहुत कम किया जा रहा हैं बल्कि धीरे-धीरे लोग इनके नाम भी भूलने लगे हैं, यहाँ हम कुछ प्रमुख इथनों खाद्य फसलों के बारे में विस्तार से चर्चा कर रहें हैं।

**1. गराडू – (रतालू)**

सामान्य नाम – गराडू
वानस्पतिक नाम – डायोस्कोरिया अलाटा
कुल – डायोस्कोरिएसी



गराडू (धरा) एक 'मूल रूपय' है, यह भारत के कई हिस्सों में उगाया जाता है यह सर्वाधिक मध्यप्रदेश में पाया जाता हैं। इसकी बुआई का समय 01 मई से 30 जून के बीच होता है, प्रति एकड़ 70-80 क्विंटल फसल उत्पादित होती है और बाजार में 30-40 रूपये किलों बिक जाता हैं, इसकी खेती के लिये बलुई, दोमट मिटटी एवं पर्याप्त जल निकासी वाली काली मिटटी उपयुक्त मानी जाती हैं।

**महत्व –** इसे सर्दी का दुश्मन भी कहा जाता है, गराडू में रेशे पर्याप्त मात्रा में होते हैं अत: यह पेट के लिए फायदेमंद होता है, यह बदहजमी, गैस, कब्ज दूर करता है। गराडू में कैल्शियम, आयरन, कॉपर, मेग्नीज, फास्फोरस जैसे तत्व भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते है। यह फाइबर से भरपूर होता है अत: बुरे कोलेस्ट्रोल को कम करता है और पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है इसमें विटामिन्स के साथ-साथ ऐंटीऑक्सीडेंट भी भरपूर मात्रा में होते है जो हमारे मानसिक तनाव को कम करता है, यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है, हड्डियो के विकास में भी मदद करता है और शरीर के घावों को भी जल्दी भरने में सहायक होता है, इसमें उपस्थित फ्लेवोनॉइड टाइप-2 डायबिटीज के रोगियों में शुगर लेवल को नियंत्रित करता है। इसका उपयोग सूजन, बिच्छू के डंक और सॉप के काटने के उपचार में भी किया जाता है साथ ही यह पीलिया के उपचार में भी किया जाता हैं। वर्तमान समय में विभिन्न मेलो एवं शादियों में इसके स्टॉल लगने लगे है नीबूं युक्त मसालेदार तले हुए गराडू को खाने का मजा ही कुछ ओर होता है।

**2. कोदो**

सामान्य नाम – कोदो
वानस्पतिक नाम – पास्पलम स्क्रोबिकुलेटम
कुल – पोएसी



इसे सामान्यत: कोदो बाजरा या कोदो कहा जाता है, इसका पौधा धान के पौधे जैसा होता है जो 60-90 से.मी. तक ऊँचा होता है, इसे कम पानी की आवश्यकता होती है, इसके बीज चमकीले, गहरे बैंगनी रंग के छोटे, सफेद, गोल सरसों के समान होते है, धान के कारण इसकी खेती अब कम होने लगी है यह फसल पहली वर्षा में बो दी जाती है और भादों में तैयार हो जाती है, इसके दानों को चावल के रूप में खाया जाता है। यह एक औषधीय पौधा है जिसका प्रयोग कई रोगों के इलाज में भी किया जाता है, यह लंबे समय तक खराब भी नही होता है इसमें कीड़े भी नही लगते है, इसके दानों में 8.3% प्रोटीन, 1.4% वसा तथा 65.9% कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है।

**महत्व –** यह मधुमेह के रोगियों के लिए बहुत फायदेमंद होता है क्योंकि इसमे मधुमेह विरोधी यौगिक पाए जाते है, यह यकृत और मूत्राशय के लिए

भी लाभकारी होता हैं। इसमें उच्च मात्रा में फाइबर होता है जो वजन को बढ़ने से भी रोकता है, यह कोलेस्ट्राल को कम करने उच्च रक्तचाप एवं हृदय रोगियों के लिए फायदेमंद है, इसमें ऐंटीऑक्सीडेंट और ऐंटीमाइक्रोबियल गुण पाए जाते है जो बैक्टीरिया के खिलाफ लड़ने में मदद करता है, पेट की परेशानी, बवासीर, बालों में रूसी की समस्या, बालों का झड़ना, शरीर में खून की कमी, जोड़ो के दर्द, कफ एवं पित्त दोषों में भी इसके सेवन से लाभ मिलता है। इसके बीजों का भस्म बनाकर 1-2 ग्राम शहद में मिलाकर प्रयोग करने से सर्दी-खांसी में लाभ होता है, साथ ही इसका भात बनाकर दही के साथ खाने से या खीर के सेवन से पेट दर्द की समस्या से निजात पायी जा सकती है, कोदो को पीसकर उसकी रोटी नमक रहित, कम तेल में पकाई पत्ते वाली सब्जी के साथ सेवन करने से लकवा में लाभ मिलता हैं भोजन में नियमित रूप से कोदो को शामिल करके इसे दही के साथ लेने से साइनस में लाभ मिलता है इसे पीसकर फोड़ो पर बांधने से फोड़ा पककर फूट जाता है, बेसन एवं हल्दी के साथ इसका चूर्ण मिलाकर लगाने से त्वचा में निखार आता है इसके आंटे की मोटी रोटी बनाकर उसमें एक तरफ हल्दी लगा कर हल्का गर्म करके बांधने से सूजन उतर जाती है। परंतु कोदो के अत्याधिक सेवन से कुछ हानियां भी है जैसे - वात एवं कब्ज की समस्या हो सकती है, ज्यादा मात्रा में इसका सेवन करने से उल्टी एवं बुखार हो सकता है।

**3. कुटकी**

सामान्य नाम - कुटकी

वानस्पतिक नाम - पिक्रोराइजा कुरोआ ;च्पबतवतीप्रं ज्ञनततवंद्ध

कुल - स्क्रोफुलेरिएसी



यह एक छोटा बहुवर्षीय शाक है जो हिमालय के पहाड़ों में पाया जाता हैं, यह एक उच्च मूल्य वाला औषधीय पौधा है इसकी जड़, पत्ते, और भूमिगत तने का उपयोग विभिन्न रोगों के उपचार में किया जाता है। इसका स्वाद कड़वा और तीखा होता है इसलिए इसे कटुम्भरा भी कहते हैं।

**महत्व -** यह पचने में हल्की, पित्त व कफनाशक होती है, यह मुख्य रूप से पीलिया जैसे यकृत रोगों के उपचार में काम आती है, यह बुखार, टायफाइड, टी.बी., बवासीर, जोड़ो के दर्द, डायबिटीज आदि में लाभ पहुॅचाती है, साथ ही श्वसन सबंधी रोगों जैसे, सूखी खॉसी, सांस का फूलना, रक्त की अषुद्धता, जुकाम आदि रोगों में भी लाभदायक होती हैं। इसके काढ़े से गरारे करने से मुॅह के छाले ठीक हो जाते है। इसके अतिरिक्त- 2 ग्राम कुटकी चूर्ण में 2 ग्राम शहद मिलाकर चाटने से एसीडिटी में लाभ होता है, 2 ग्राम कुटकी के चूर्ण में 500 मिलीग्राम काली मिर्च का चूर्ण मिलाकर लेने से पेट का दर्द ठीक हो जाता है, कुटकी के चूर्ण 1-2 ग्राम लेकर शहद में मिलाकर खाने से भूख बढ़ती है, इसी तरह कुटकी की जड़ के 3-5 ग्राम चूर्ण को इतनी ही मात्रा में शहद के साथ दिन में 3 बार लेने से किडनी संबंधी विकारों में लाभ होता है। कुटकी की जड़ के पेस्ट का लेप घाव में लगाने से लाभ मिलता है।

कुटकी के प्रयोग से कुछ हानियां भी हो सकती है जैसे - इसके प्रयोग से त्वचा में जलन उत्पन्न हो सकती है, इसमें कुकरलिटेसिन होता है जिससे पेचिश की समस्या या गैस की परेशानी हो सकती है।

**4. समा**

सामान्य नाम - समा , मोरधन या भगर

वानस्पतिक नाम - इचिनोक्लोआ फ्रूमेंटेसिया

कुल - पोएसी



इसे बार्नयार्ड बाजरा, साबा बाजरा या जापानी बाजरा भी कहा जाता है समा के चावल घास के बीज हे इसे सामान्यत: व्रत के चावल या उपवास के चावल कहा जाता है, हमारे देश में इसे मोरधन या भगर के नाम से भी जाना जाता हैं मार्च में इसकी बुआई होती है और मई के अंत तक इसे काट लिया जाता है, इन्हें चावल के समान ही अधिक पानी की आवश्यकता होती है।

**महत्व -** इसमें अधिक मात्रा में फाइबर पाया जाता है यह सामान्य चावल की अपेक्षा अधिक स्वास्थ्यवर्धक होता है, इनमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन ए, ब और म अधिक मात्रा में पाया जाता है, यह खनिज युक्त होता है। जिससे हड्डियॉ मजबूत होती है ओर इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। समा के चावलों में शुगर कम मात्रा में होती है अत: यह मधुमेह के रोगियों के लिए भी लाभदायक होते है यह वजन कम करने वालों के लिए भी अच्छे होते है समा के चावल पोषण से भरपूर होते हे जिससे शरीर हल्का और ऊर्जावान बना रहता है अत: व्रत के दौरान भी ताकत एवं स्फूर्ति प्रदान करता है यह रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है, इनमें अनार की तुलना में 5 गुना अधिक आयरन पाया जाता है, तथा सामान्य चावल के मुकाबलें 30 गुना अधिक ऐंटीऑक्सीडेंट तत्व पाए जाते है। समा के चावलों से मीठे और नमकीन व्यजंन बनाऐ जाते है जिसमें मुख्यत: व्रत की खिचड़ी, पूरी, पुलाव, खीर, चीला एवं डोसा आदि शामिल हैं। इसके अन्य उपयोगों में केंसर जैसे रोगों के खतरे को कम करता है क्योंकि यह ऐंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। शरीर में खून की कमी होने पर समा के चावलों का उपयोग किया जाता है क्योंकि इनमें आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाता है, इन चावलों में फाइबर अधिक होता है अत: यह पाचन तंत्र को मजबूत करता है और कब्ज जैसी समस्या को दूर करता है। साथ ही समा के चावलों का सेवन हड्डियॉ के लिए लाभदायक माना जाता है क्योंकि इनमें कैल्शियम भरपूर मात्रा में होता है यह बेड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी कम करता है। इनका अधिक मात्रा में सेवन पेट संबंधी समस्याऐं उत्पन्न कर सकता है एवं अधिक सेवन से उल्टी भी हो सकती है।

**5. ज्वार**

सामान्य नाम - ज्वार

वानस्पतिक नाम - सोरघम बाइकलर

कुल – पोएसी



ज्वार को महान बाजरा, दुर्रा, जौरी तथा मिलो के नाम से भी जाना जाता हैं। इसकी खेती दानों के लिए की जाती है जिसका उपयोग मनुष्यों के भोजन, पशुचारा एवं इथेनॉल उत्पादन में किया जाता है, यह मोटे अनाज वाली फसल है जो कम वर्षा में भी अच्छी होती है, इसके पौधे 297 से.मी. लंबे, एवं चौड़ी पत्तियों युक्त होते है, यह देर से पकने वाली फसल है बुआई का सही समय जून से जुलाई के मध्य होता है। फूल निकलते समय एवं दानों के बनते समय सिंचाई की आवश्यकता होती है। इसके भुट्टों से दाने निकाले जाते हैं, जिसके आटे से रोटी बनाई जाती है।

**महत्व –** ज्वार में फाइबर अच्छी मात्रा में होता है जो पाचन में सुधार करता है, तथा पेट संबंधी समस्याओं से बचाता है, इसमें मिनरल प्रोटीन एवं विटामिन बी कॉम्प्लेक्स अधिक मात्रा में होता है, साथ ही पोटेशियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, कैल्शियम एवं आयरन भी पाया जाता है। ज्वार में एंटीऑक्सीडेंट जैसे – फ्लेवेनॉइड, फिनोलिक एसिड तथा टैनिन अधिक मात्रा में पाया जाता है, यह तनाव एवं सूजन को कम करता है यह अनाज प्रोटीन का एक बड़ा स्त्रोत माना जाता है। यह हार्ट संबंधी रोगों एवं गठिया आदि में भी फायदेमंद है यह वनज कम करने एवं डायबिटीज के रोगियों के लिए भी फायदेमंद हैं अर्थात ज्वार में उच्च मात्रा में विटामिन, खनिज, फाइबर एवं प्रोटीन पाया जाता है जो अच्छे स्वास्थ्य में मदद करता है।

वर्तमान समय मे ये सभी इथनो खाद्य फसलें धीरे–धीरे कम होती जा रही हैं लोगों को इनको नाम तक सही तरीकों से नही पता है, विभिन्न कक्षाओं के बच्चों से जब इथनों खाद्य फसलों के बारे में पूछा तो उन्हें इनके बारे में नही पता था परंतु नाम लेकर जब पृथक–पृथक पूछा तो उन्होंने इनके नाम तो सुने है परंतु देखें नहीं है, कुछ लोगो के द्वारा खाए गए है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति में इसे पाठ्यक्रम में शामिल करने की एक अच्छी पहल की है जिससे निश्चित ही विद्यार्थी इनसे परिचित होंगे इनके गुणों एवं लाभों के बारे में जान पाएंगे। साथ ही राज्य स्तरीय NAAC प्रकोष्ठ म.प्र. शासन द्वारा भी 'अन्न महोत्सव' के अंतर्गत सभी महाविद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जैसे – पोषक अनाज की जानकारी, व्यंजनों की मेगा फूड इवेंट, कृषि का महत्व, पोषक अनाजों के प्रकार, पोषक अनाजों का महत्व, पोषक अनाज संबंधित त्योहारों का महत्व आदि विषयों पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिससे विद्यार्थी इन फसलों के महत्व को समझ पाऐंगे। साथ ही म.प्र. की डिंडोरी की 27 वर्षीय महिला **'लहरी बाई'** को भी अन्न बीज बैंक की ब्रांड एंबेसडर बनाया है जिन्होंने मढिया सलहार, सामा, कुट्ट, चीना, कोदो, कुटकी, रागी तथा बाजरें बीजों की 150 किस्मों को संरक्षित किया हैं।

अत: सरकार के साथ–साथ हम सभी को जागरूक होना होगा तभी हम इन पौधों को संरक्षित करके उनके लाभों को ले पाएंगे।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**


1. Ethnobotanical Significance of Picrorhiza Kurroa (Kutki), a Threatened Species Isha Kumari 1 , Hemlata Kaurav 2 , Gitika Chaudhary 3
2. "Kodo millet". International Crop Research Institute for the Semi-Arid Tropics. (December 4, 2013). http://www.icrisat.org/crop-kodomillet.htm Archived 2013-12-11 at the Wayback Machine
3. *Subramanian, V.; Jambunathan, R. (1980).* "Traditional methods of processing of sorghum (Sorghum bicolor) and pearl millet (Pennisetum americanum) grains in India" (PDF). Reports of the International Association of Cereal Chemistry*. 10: 115–118.*
4. Dioscorea alata was first described and published in Species Plantarum 2: 1033. 1753 "Name -Dioscorea alata L." *Tropicos.* Saint Louis, Missouri*:* Missouri Botanical Garden. Retrieved May 26, 2011.
5. *Hilu, Khidir W. (1994). "Evidence from RAPD markers in the evolution of Echinochloa millets (Poaceae)". Plant Systematics and Evolution. 189 (3): 247–257*


*************

# नवगीत : आधुनिक हिन्दी काव्य की नई परम्परा

**डॉ. डी.पी. चन्द्रवंशी***

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय जे.एम.पी.महाविद्यालय, तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) भारत

**शोध सारांश –** हिन्दी साहित्य के काव्य धारा में एक नई परम्परा को आधुनिक काव्य धारा में पिरोने वाली एक नवीन विधा है। यह भक्तिकाल से प्रेरणा पाकर पल्लवित हुई है। सूर, तुलसी मीरा के समृद्ध परम्परा को आगे गति प्रदान करने वाली यह 'नवगीत', 'नयी कविता' के समानांतर मानी जा सकती है। 'नवीगीत' नव्य गीत और नए गीत का पर्याय है। समसामयिक परिवर्तन के कारण नवगीत को चिरंतन विद्या की से उपकृत किया जा सकता है।

**प्रस्तावना –** वाद-विवाद और हिन्दी साहित्य की काव्यधाराओं का चिर नाता रहा है। इस काव्य धारा को कभी 'गीत कहा गया तो कभी नवगीत' गीत कवि हृदय को उद्धेलित करने वाली अभिव्यंजना है। गीतकार नीरज लिखते है – 'जब कवि का मानस चषक भाव रस से इतना भर जाता है कि वह आसव उसमें से छलक-छलक पड़ता है तब गीत का जन्म होता है।' आधुनिक मीरा महादेवी वर्मा कहती है –

'सुख दुख की भाववेशमयी अवस्था का विशेष गिने चुने शब्दों में चित्रण कर देना ही गीत है।'

द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिकाओं से स्तब्ध स्वतंत्रता प्राप्ति से उल्लसित एक वर्ग जिनमें अनुभूमि की सच्चाई शिल्प की विशिष्टता सौन्दर्य-बोध की नवीनता, आकार की लघुता, बिम्बों, प्रतीकों, उपमेय-उपमानों की नवीनता को अपने काव्य में स्थान देने वाले कवि नवगीतकार कहलाये।

नवगीत के गीतकार अपनी जमीनी धरातल से जुड़कर कविता सृजित किये है। डॉ. नगेन्द्र कहते है, 'इन गीतों में शहरी, गंवई, व्यक्तिगत सामाजिक प्रेमपरक, प्रेमेतर प्रकार की संवेदनाओं के विभिन्न स्वरूप कवियों के व्यक्तित्वों और मानव संस्कारों के अनुसार ललित होते है। दूसरी बात यह है कि नये गीत बासी विच्छलता नहीं है, अन्तर की दमक है। इन गीतों की उपलब्धि इनके तरल-सरल रसमय उच्छल प्रवाह और आवेगों में नहीं है, बल्कि इनकी बुद्धि संयत हार्दिकता, संवेदना के अनुभूत सूक्ष्म स्तरों के नियोजक, एक विशेष प्रभाव भूमि के अन्तर्गत आने वाले बिखरे किन्तु एक दूसरे से संक्रमित बोधों के संश्लेषण और अनुकूल बिंबों, प्रतीकों और लाक्षणिक प्रतीकों की खोज में है। कवि अपने-अपने संस्कार के अनुसार इस सामान्य भूमि पर नूतन बिंब प्रतीकों का विधान करते है।'[1]

नवगीत का आधार तो लोकगीत ही है पर इनमें नवजीवन का संचार भी है। ये गीत आकार में लघु होने के साथ ही अनुभूति की दृष्टि से हृदयस्पर्शी है। नवगीत सरल-सहज अनुभूति से परिपूर्ण है। नवगीत में मानव, प्रकृति और समाज की सत्ता को एकीकृत रूप में दर्शन किया जा सकता है। नवगीत की टटकी भाषा, लोक-शब्दावली, लोक-छंद संवेगात्मक आवेश उत्पन्न करते है। नवगीत जीवन सौन्दर्य के साथ ही इनकी विद्रूपता को भी परिलक्षित करता है। नवगीतकार अपने अहम के समक्ष पीड़ा एवं तिरस्कार को उपेक्षा की नज़र से देखते है। कई-कई अवसरों पर नवगीतकार के हृदय और बुद्धि के मध्य कोई सीमा रेखा नहीं खींची जा सकती है। ये साधारण से साधारण शब्दों के माध्यम से बड़ी से बड़ी बात कह देते है। ये भूत की अपेक्षा वर्तमान को उपजीव्य मानते हैं कहीं पर ये मानवतावादी हो जाते हैं तो कहीं-कहीं विद्रोही बनकर राष्ट्रीय अखण्डता, सामाजिक सामरसता की चर्चा करने लगते हैं।

प्रयोग धार्मिता नवगीत की अन्यतम गुण है। इसी परिप्रेक्ष्य में डॉ. रवीन्द्र भ्रमर कहते है – 'गीत रचना की नयी प्रक्रिया जटिल प्रतीकों तथा वादी अप्रस्तुतों को प्रकृत्या अंगीकार नहीं करनी ..... 'नया गीतकार अपने चारों ओर के फैले हुए जीवन और समाज से अपनी रचना के अलंकरण उपादान चुनना चाहता है। उसे नये, टटके अप्रस्तुतों तथा दृश्यमान की अर्थवता को ध्वनित करने नये सशक्त प्रतीकों की तलाश है। नये गीतकार में प्रयोगशीलता और नयी कविता में संस्कार पूर्ण मात्रा में है। अस्तु, वह गीत के सृजन-शिल्प तथा शैली की दिशा में नये प्रतीकों के प्रति आस्थावान है।[2]

समसामयिक नये गीत प्रमुखतः अज्ञेय के 'इत्यलम्' 'हरी घास पर क्षण भर', 'बाबरा अहेरी', 'इन्द्रधनुष रौंदे हुये', गिरिजा कुमार माथुर के 'नाश और निर्माण', 'धूप के धान', शिलापंख चमकीले', डॉ. शम्भूनाथ सिंह के 'समय की शिला पर', डॉ. धर्मवीर भारती के 'सात गीत वर्ष', 'ठण्डा लोहा', नरेश मेहता के 'वन पांखी सुनो', डॉ. जगदीश गुप्त के 'नाव के पाँव', 'हिमदंश', ठाकुर प्रसाद सिंह के 'बंशी और बादल', 'पक गयी है धूप', केदार नाथ सिंह के 'अभी बिल्कुल अभी', डॉ. रवीन्द्र भमर के 'रवीन्द्र भ्रमर के गीत', वीरेन्द्र मिश्र के 'गीतम', राजेन्द्र सिंह के 'आओ खुली बयार', 'लेखनी बेला', 'अविराम बल मधुवन्ती नीरज के 'अन्तर्ध्वनि', 'संघर्ष', 'विभावरी', 'प्रयाणगीत', 'दर्द दिया है', 'आसावरी', बालस्वरूप राही के 'मेरा रूप', 'तुम्हारा दर्शन', 'जो नितान्त मेरी है', दिनकर सोनबलकर के 'दीवाने आम', 'गली और रूमाल', 'चमडे के सिक्के', 'नए कवि की शंका', 'अखबारी जिन्दगी', 'गणतंत्र की शपथ', 'तीन आइने' आदि में संकलित है।

ठाकुर प्रसाद सिंह ने बंशी और बादल शीर्षक की भमिका 'कहने की बात' में लिखते हैं कि 'ये मेरी कविताएँ थीं जिनमें आदिम उद्वेग को धड़कन थी जिनके रूप में आदिवासियों की सादी पर स्वस्थ भंगिता थी। लोक गीतों

तथा लोक जीवन से अभिव्यंजना का माध्यम ग्रहण करने के खेलने से बच गयी उसी ने मेरी इन कविताओं के भीतर प्रेरणा का कार्य किया है।'[3]

**उपसंहार –** नयी कविता में जो व्यक्तिगत ईमानदारी, संक्रमण कालीन चेतना की अभिव्यक्ति एताद्दश्यत्व का विरोध, प्रतीकों और बिंबो की जटिलता का परित्याग की विशेषताएॅं है नवगीत में भी एक नये कलेवर के साथ ये सभी गुण है। नवगीतकारों में सरल से सरल शब्दों में गहरी अनुभूति को अभिव्यक्त करना चाहते है। इनके शब्दों में लोकजीवन का भोलापन, बनाव अथवा कसाव के स्थान पर व्याकरणणिक नियमों का ढीलापन रहता है। बालस्वरूप राही के गीतों में वयंग्यात्मकता और शिल्प प्रयोजन का वैशिष्ट मिलता है। ये यह मानकर चलते है कि 'जो वर्तमान की समग्र उथल–पुथल अनास्था और आशंकाओं की विशालता के गहराई और व्यापकता के साथ अभिव्यक्त कर सके वही कलाकार ईमानदार कहलायेगा।'[4]

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. डॉ. नगेन्द्र हिन्दी साहित्य का इतिहास (द्वितीय संस्करण) पृष्ठ 65–55
2. भ्रमर रवीन्द्र – रवीन्द्र भ्रमर के गीत: प्रस्तावना पृष्ठ–14
3. सिंह ठाकुर प्रसाद : बंशी और बादल प्रस्तावना पृष्ठ –80
4. पाण्डेय डॉ. त्रिलोचन : छायावादोत्तर हिन्दी कविता प्रमुख प्रवृतियों, पृष्ठ–177
5. त्रिपाठी डॉ. गंगा चरण : समीक्षा के प्रतिमान
6. इंटरनेट, गूगल

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# श्री प्रणव कुमार वंद्योपाध्याय के 'गोपीगंज संवाद' उपन्यास का सांस्कृतिक मूल्यों के बिखराव का विघटन के संदर्भ में मूल्यबोध का विश्लेषणात्मक अध्ययन

**डॉ. प्रणव श्रोत्रिय* मीनाक्षी गुप्ता****

*सहायक प्राध्यापक, श्री वैष्णव वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर(म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात आधुनिक संस्कृति के नाम पर नये मूल्यों व मान्यताओं की स्थापना होने से भारतीय संस्कृति और भारतीय मूल्यों में बिखराव सा आया है। पाश्चात्य सभ्यता बनाम आधुनिकीकरण ने फैशन और आधुनिकता के रूप में सांस्कृतिक मूल्यों के बिखराव और विघटन को ही जन्म दिया है। पश्चिम से उधार ली हुई भौतिकवादी सांस्कृतिक मूल्यों ने पारिवारिक विघटन से प्रारम्भ होकर सामाजिक विघटन को बढ़ावा दिया है। जागरूक समकालीन उपन्यासकार इन स्थितियों से परिचित है और उनका ये प्रयास रहा है कि वे अपने उपन्यासों की रचना के द्वारा भारतीय समाज में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना और विकास कर सके, उनके सकारात्मक प्रभाव इसी परिप्रेक्ष्य में निबद्ध है। इन उपन्यासकारों में 'प्रणव कुमार वंद्योपाध्याय' का नाम बड़े आदर से लिया जाता है। प्रस्तुत शोध–पत्र में 'गोपीगंज संवाद' में 'श्री प्रणव कुमार वंद्योपाध्याय' के चयनित उपन्यास का मूल्यबोध के संदर्भ में सांस्कृतिक मूल्यों के बिखराव व विघटन के संदर्भ में शोधपरक दृष्टि से कार्य किया गया है।

**'गोपीगंज संवाद' उपन्यास का परिचय –** गांपीगंज संवाद 19वीं सदी के प्रारम्भ की कथा है। उस समय की पृष्ठभूमि की स्थिति बहुत भयावह थी। देश में जमींदार या तो अंग्रेजों के साथ थे या चुप थे। ऐसे में निम्न वर्ग के लोग साहस के साथ आगे आए और अंग्रेजों के विरूद्ध लड़ाई लड़ी। इसी को रचना का विषय बनाकर तत्कालीन विषमताओं को प्रणव जी ने अपने इस उपन्यास में उजागर किया है। इस उपन्यास में प्रणव जी ने प्रेम के पक्ष पर भी जोर दिया है। उस समय का परिवेश आज से बहुत भिन्न था। उपन्यास में आम आदमी केन्द्र में है। सामान्य वर्ग के लोग उस समय शिक्षित नहीं थे, पर संघर्ष करते गये। शहीद होते गये। आम लोगों का दु:साहस उस वर्ग के लिये बहुत बड़ी बात थी। उस समय फौज में, पुलिस में बहुत से हिन्दुस्तानी थे, पर वे बंगाल के साथ थे। मुम्बई की 26 नवम्बर की आतंकवादी घटनाओं के विरोध में मध्य वर्ग ने प्रोटेस्ट किया पर जिस कालखण्ड का यह उपन्यास है उस काल में मध्यमवर्ग था ही नहीं।'[1]

- विश्लेषणात्मक विवेचन – सांस्कृतिक मूल्यों के बिखराव व विघटन निम्नांकित घटनाक्रमों में दृष्टिगोचर होता है।

(1) जगन्नाथ चौधरी का भाई महादेव के विचार टेढ़े हैं, उनकी शादी हो गई है, उनकी पत्नी गुणवती है, पति को भगवान मानकर चलती है, ऐसे पत्नी को पाकर भी वह असंतुष्ट रहता है, चमेली नाम की परायी औरत से सम्बन्ध रखता है। यहाँ पति–पत्नी के सम्बन्धों में पवित्रता, ईमानदारी, वफादारी का मूल्यबोध होना चाहिये उसमें गिरावट बनायी गयी है।

(2) जगन्नाथ चौधरी स्त्रियों को केवल अपने भोग की वस्तु समझता है, ऐसा होते हुए भी वह यषोधा से प्यार करता है और अपनी इच्छा पूर्ति (कामवासना संदर्भित) वह यशोधा के द्वारा ही पूरा कर लेना चाहता है। जब यशोधा गर्भवती हो जाती है तो जगन्नाथ उसे बच्चा गिराने के लिये कहता यशोधा जब नहीं मानती है तो वह उसके पेट पर लात मारता है, यहाँ जगन्नाथ चौधरी अपने मानवीय मूल्य, दया, ममता, करूणा आदि मूल्यों को तिरोहित कर देता है, मानवता का और जगन्नाथ चौधरी का कहीं दूर–दूर तक का नाता दिखाई नहीं देता है।

- जगन्नाथ चौधरी में नैतिक मूल्यों का अभाव है, वह मानवता के मूल्यबोध से दूर है, गर्भ में बालक को मारने पर जोर देता, तथा गर्भवती यशोधा के पेट पर लात मारना एक हिंसक व्यवहार है, जो उसे मनुष्य से जंगली पशु की श्रेणी में रखता है, वह चरित्रहीन, लम्पट, दुष्कर्मी, खूनी इंसान के रूप में पाठकों के समक्ष आता है।

(3) सुदामा अपनी पत्नी के अनैतिक सम्बन्धों को लेकर पत्नी, से कहता है – 'मेरे भाई के संग रासलीला कर रही हो, कोढ़ होगा उसे।' यहाँ धर्म के मूल्य का हनन है, दूसरे सुदामा की पत्नी का सतीत्व भी खत्म हो चुका है। वह पुत्र प्राप्ति की लालसा में देवीलाल के ममेरे भाई के साथ रहकर–पुत्र प्राप्त कर लेती है, वह इस कार्य में किसी पाप का अनुभव नहीं करती है। उसका उद्देष्य सिर्फ पुत्र प्राप्ति था, भोग–विलास नहीं।

- इस घटना से स्पष्ट है कि माँ बनना एक औरत का धार्मिक, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक अधिकार है, पति के द्वारा यह अधिकार पुत्र–प्राप्ति का सुख प्राप्त होता है, मगर सुदामा अपनी पत्नी को यह सुख नहीं दे पाता है तब वह यह सुख–अधिकार कैसे भी प्राप्त करती है। यहाँ उसके सतीत्व का मूल्य, पति के प्रति वफादारी का मूल्य, पति–पत्नी के सम्बन्धों में ईमानदारी–प्रेम का मूल्य विघटित होने बताया गया है।

(4) देवकी स्त्री पात्र है, वह विधवा होने के पश्चात अपने भैया के पास लौट आयी है, उसका भाई उसका पालन–पोषण बहुत प्यार से करता है, पर वह जगन्नाथ चौधरी के बहकावे में आ जाती है और उससे अवैध सम्बन्ध बना लेती है, चौधरी को उसका भाई समझाता है तो चौधरी उसके भाई को मार कर भगा देता है, पर देवकी अपने भाई के बारे में न सोचकर केवल

जगन्नाथ चौधरी की ही याद करती है।

● यहाँ देवकी अपने धर्म का पालन नहीं करती है, विधवा होने के पश्चात उसे कायदे कानून से दूसरा विवाह कर घर बसाना ठीक रहता, पर उसने चौधरी से जो अनैतिक सम्बन्ध बनाये उससे भारतीय स्त्रियों में जो मूल्यबोध अपनी अस्मिता, धर्म, परिवार के प्रति होना चाहिये उसका अभाव नजर आता है।

(5) चरन अपने जीवन में विद्रोह करते ही आया है। एक बार वह उपन्यास की स्त्री पात्र चंपा से कहता है 'गोपीगंज के एक-एक मर्द-औरत को कसम खाती है कि सब मिल के फिरंगियों को हिन्दूस्तान से मार भगाएंगे, इस गाँव में एक कुंदन लुहारनाथ पैदा हुआ, हर लोग कुंदन लुहार बनेगा।'[2]

● चरन के विचारों से 'देशप्रेम' के मूल्य का मूल्यबोध होता है। 'वीरता' के मूल्य का मूल्यबोध होता है।

(6) साधु गुसाईं सन्यासी ब्राम्हण है। एक बार गोपीगंज के जलसे से चरण गुसाईं को प्रणाम करता है तो गुसाईं कहता है 'विद्या दान कर रहे हैं, तुम जन्म से अहीर जरूर हो लेकिन कर्म विषुद्ध ब्राम्हण हो।'[3]

● गुसाईं जी को आधुनिक नहीं बताया गया है परन्तु उनके विचार मौलिक व आधुनिक है। गुसाईं जी के विशाल दृष्टिकोण में आधुनिकता उजागर होती है, वर्ण व्यवस्था का विघटन समाज और मनुष्यता के पक्ष में सकारात्मक है। वे 'धर्म' के मूल्य को सही रूप में स्थापित करते हैं। वह ब्राम्हण होते हुए भी समय के साथ क्षत्रिय वर्ण का काम करने को तैयार है।

(7) गोपीगंज उपन्यास में चंपा एक नारी पात्र है, वह अन्य स्त्रियों के समान घर में बैठकर खाना नहीं चाहती बल्कि वह आजादी की लड़ाई में भाग लेती है। वह एक आधुनिक नारी है, गोपीगंज गाँव में कोई भी स्त्री चूड़ियाँ पहन कर घर के आंगन के बाहर नहीं जाती है पर अंदर चूड़ियाँ पहनकर पूरे गोपीगंज में घूमती फिरती है सभी उससे डरते हैं, बात करने में कतराते हैं यदि कोइ उससे कोई बात करता है, कुछ पूछता है तो वह दूध का दूध और पानी का पानी कर देती है। जब चरण जेल से आता है तो उसकी मदद करती है। वह किसी से डरती नहीं है, वह चरन की अंत तक सहायता करती है।

● 'चंपा' के स्त्री पात्र में हमें निडरता, देशभक्ति, स्वाभिमान, सहयोग, तार्किकता आदि मूल्यों का बोध होता है। वह दलित स्त्री है पर वह सांस्कृतिक परम्पराओं का पालन करती है मगर पोंगापंथी, व्यर्थ की रूढ़िवादिता को ठुकार देती है, वर्णव्यवस्था की ब्राम्हणों से लड़ती दिखाई देती है।

**निष्कर्ष –** प्रणव कुमार वंद्योपाध्याय का यह उपन्यास हालांकि उन्होंने 19वीं सदी के प्रारम्भ के काल के संदर्भ में लिखा था, परन्तु इस उपन्यास में एक ओर आधुनिकता, रूढ़ियों का टूटना, वर्ण व्यवस्था का विघटन, पारिवारिक दाम्पत्य सम्बन्धों का अधूरापन, टूटन, बिखराव बतलाया गया है तथा दूसरी ओर बताया गया है। चरन पुरूष पात्र के चरित्र चित्रण में विद्रोहपरक विचार दर्शाये गये हैं जिनमें आधुनिकता की झलक दिखलाई देती है। आधुनिक व्यक्ति कभी भी आँख मूंदकर किसी भी विचारों को स्वीकार नहीं करता बल्कि उसे जांच-पड़ताल करने के बाद ही स्वीकार करता है। इस उपन्यास में आधुनिकता के मूल्य को दो रूपों में प्रदर्शित किया गया है - पहला उपन्यास के स्त्री-पुरूष पात्र - देवकी, यशोधा, सुदामा की पत्नी, महादेव, जगन्नाथ चौधरी, नारायण तिवारी जो कि परपुरूष, परस्त्री, अनेक स्त्रियों से सम्बन्धों को आधुनिक नजर आते हैं, पर ये 'आधुनिकता' मूल्यबोध नहीं है, 'आधुनिकता' का मूल्य कभी भी पथ भ्रष्टता, नैतिकताविहिन व्यवहार, सम्बन्धों के गरिमा को नष्ट करने के संदर्भ में नहीं होता है।

उपन्यास के पुरूष पात्र गुसाईं और चरन आदर्श पात्र है, जिनके व्यवहार में मूल्यबोध झलकता है, जैसे देशद्रोह, निडरता, वीरता, तार्किकता एवं वर्णव्यवस्था के विरूद्ध शंखनाद। स्त्री पात्रों में केवल अंदर ही मूल्यबोध की संकल्पना को साकार करती दिखाई देती है। इस उपन्यास में चंपा को एक दलित नारी का पात्र दिया गया है, उसका 'धैर्य' का मूल्य बोध अति विकसित होते बताया गया है। यदि इस उपन्यास में अगर कोई पात्र है जो देश को बचाने के खातिर कोई देशभक्त आगे बढ़ता है तो उसकी मदद करने की ठान लेती है तो वह है चंपा। वह निडर है किसी से भी नहीं डरती है, उसके विचार सत्य प्रेरित है। वह निडर होकर सामाजिक-परम्पराओं को परिवर्तित करने में संलग्न रहती है। इसके स्वाभाव में, विचारों में आधुनिकता का वास्तविक मूल्यबोध को देखा जा सकता है। प्रणव कुमार वंद्योपाध्याय ने सांस्कृतिक मूल्यों के विघटन, एवं देशप्रेम, देशभक्ति, वीरता, समर्पण, त्याग, सहयोग, निडरता आदि मूल्यबोध मूल्यों की सृष्टि के द्वारा मूल्यबोध की संकल्पना को 'गोपीगंज संवाद' उपन्यास द्वारा साकार किया है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. भारती शेलके, महिला विचारकों की कहानियों में जीवन मूल्य, पृ.सं. 20
2. प्रणव कुमार, वंद्योपाध्याय, गोपीगंज संवाद, पृ.सं. 142
3. प्रणव कुमार, वंद्योपाध्याय, गोपीगंज संवाद, पृ.सं. 312

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# गोविन्द मिश्र के उपन्यासों की भाषागत : शैलीगत विशेषताएँ

**डॉ. दमयन्ती मरांडी ***

* एई-118, भी.एस.एस नगर, भुवनेश्वर (ओडिशा) भारत

**प्रस्तावना –** मनुष्य के भावों और विचारों की अभिव्यक्ति भाषा के रास्ते होती है। अत: भाषा भावों और विचारों की अभिव्यक्ति का सर्वोत्तम साधन है। प्रकृति में भी अभिव्यक्ति की यह प्रक्रिया निरन्तर चलती रहती है,बादल बिजली की तड़कन और बरखा से, पेड़ पत्तों की सरसराहटों से, हवा अपनी गति के वेगों से नदी अपनी लहर तरंगों से, पक्षी चहचहाहटों से अपने भावों को व्यक्त करते है। यही कारण है कि साहित्यकार प्रकृति के इन सूक्ष्म संकेतों को समझ इनसे अपनी संवेदनाओं, भावों, विचारों, स्थितियों, परिस्थितियों का मिलन कर प्रतीकात्मक बिम्बात्मक शब्दों द्वारा रचना का श्रृंगार करते है। भाषा मनुष्य की सामाजिकता को पुष्ट करती है। साहित्यकार जीवन के विभिन्न पक्ष, मूल्यों के नित्य बदलते स्वरूप को कलात्मक भाषा के रास्ते भिन्न द भिन्न साहित्य विधाओं में रूपबन्ध करते है।

शैली का प्रयोग करके लेखक अपना इच्छित प्रभाव डालता है। शैली साहित्य की गौरवमयी उपलब्धि है। किसी भी लेखक की शैली लम्बी साधना, संयम,कौशल की देन है। शैली लेखक की विचारधारा के प्रकटन का एवं उसके व्यक्तित्व के प्रकटन का माध्यम है य यह उसकी मानसिक सिद्धि की परिचायक है कि वह अपने विचारों,भावनाओं,बिम्बों को किस रूप में प्रस्तुत करता है। अत: कहा जा सकता है कि लेखक की लेखन शैली में उसके व्यक्तित्व की झलकन का आभास होता है क्योंकि उसकी लेखन कला प्रक्रिया से उसकी भावनाओं,विचारों, अनुभूतियों उसकी बोधन शक्ति का परिचय मिलता है।

**(क) भाषागत विशेषताएँ–** भाषा एक संस्कार है। जो समाज द्वारा प्रदत्ता है। परिवार और परिवेश द्वारा प्रभावित है। उसे केवल परिवार तक सीमित नहीं रखना चाहिए। वह शिक्षा, व्यापार,अनुभव, चिंतन – मनन तथा सतत अभ्यास से पुष्ट और परिष्कृत होती है। साहित्य– लेखन के लिए प्रयुक्त भाषा की अपनी अलग विशेषताएँ है। उपन्यास की भाषा के संदर्भ में कुछ तत्वों का विधान है। जैसे उपन्यास की भाषा कथासंगत, सरल, स्वाभाविक, प्रवाहमय, पात्रानुकूल, सहजता आदि गुणों से सम्पन हो तथा उसे आडम्बर तथा बोझिल उदाहरणों से दूर रखना चाहिए।

1. **सरल एवं स्वाभाविक–** गोविन्द मिश्र के उपन्यासों की भाषा अत्यंत सरल एवं स्वाभाविक है। इनके उपन्यासों में हम भाषा के विविध रूपों को देख सकते है। जिसके कारण उनके उपन्यास रोचक बन पड़े है। इस संदर्भ में संपादक चन्द्रकान्त बांदिबडेकर के पुस्तक में निहित डॉ. प्रथमवीर केशव का मत अत्यंत सूचक है, 'गोविन्द मिश्र की कथा – सृष्टि पर एक सरसरी दृष्टि घुमाने पर उनकी भाषा के विविध रूपों को बड़ी सहजता से देखा जा सकता है। एक और महानगरीय परिवेश में उच्च प्रशासकीय वर्ग के जीवन की भीतरी परतों को आनावृत करनेवाली भाषा का रूप है 'वह अपना चेहरा', 'तुम्हारी रोशनी में या तो दूसरी तरफ' लाल पीली जमीन य उपन्यास में बुंदेलखंडी कस्वाई लोगों की हिंसा निर्मम, रोंगटे खड़े कर देने वाली गुडई भाषा का प्रयोग करते है वहाँ के सामाजिक जीवन की कर्कशता की जीती जागती तस्वीर प्रस्तुत करती है।'[1] सारांशत: सहजता मिश्र के साहित्य की तथा उनकी भाषा की मूल विशेषता है। इसीलिए उनके द्वारा प्रस्तुत विषय तथा घटनाओं का विवरण अत्यंत सहजता से पाठक को आकर्षित करता है।

2. **उत्कंठा वर्धक –** प्राय: मिश्र की भाषा में यह गुण पाया जाता है। वे कथा परिवेश के आंतरिक एवं बाह्य वातावरण को आकार देते है। पात्रों के चारित्र का उद्घाटन करते हुए वे पाठक के मन की संवेदनाओं को भी जगाते है। वे पाठक को उस प्रवाह में खींचते चले जाते है जहाँ पाठक की छटपटाहट में कौतुहल का भाव भरता हो। उनके शब्द और वाक्य – रचना कथा के अगले पाठक की छटपटाहट में कौतुहल का भाव भरता हो। उनके शब्द और वाक्य –रचना कथा के अगले पड़ाव को जानने की जिज्ञासा प्रबल कर देते है। 'हुजूर दरबार य उपन्यास में सिरिराजा की फटफटियाँ खराब होने पर तहसिलदार को बुलाने का आदेश और उस आदेश के पार तहसिलदार को अपमानित करके सोलह हंटर लगाने तक की घटना में कौतुहल बना रहता है और घटना की समाप्ति पर वापस फिर से नया कौतुहल उत्पन्न होता है कि आखिर इस पर राजा की प्रतिक्रिया क्या होगी और वे क्या निर्णय लेंगे ? कहने का तात्पर्य है कि मिश्र भाषा में कौतुहल भरने में माहिर है। वे एक के बाद एक घटनाओं का ऐसा जाल फेकते है कि पाठक उस रचना को छोड़ने के लिए तैयार ही नहीं होते है। प्रस्तुत उपन्यास में राजा सिरिराज,नेपाल सरकार, खरे, आन्दोलन, हरीश, बापु, माँ, मामा, महारानी,रियासतों का बरखास्त होना आदि सभी घटनाएँ एक के बाद जिज्ञासाओं को बढ़ाती चली जाती है। मिश्र के अन्य उपन्यासों में भी यही भाव देखने को मिलता है, 'धीर –समीर', 'वह अपना चेहरा', 'फूल,इमारतें और बन्दर', क्रमश सुनंदा की खोज शुक्ला की पराजय और मोहन्ती का अध्यक्ष बनना आदि बातों का कौतुहल उपन्यास के अंतिम क्षणों तक पाठक को बांध कर रखते है। मोहन्ती को अध्यक्ष घोषित करने के बाद वह उसे कैसे निभाएगा यह जानने की इच्छा वापस उसी सिलसिले को दोहराती है। फिर कौतुहल बनता है और फिर पाठक उपन्यास पढ़ने के लिए लालायित होता है।

3. **अलंकारिकता –** जीवनानुभवों को साहित्य द्वारा संप्रेषित करने के लिए भाषा अत्यंत प्रभावी साधन है। किन्तु भाषा की भी अपनी – अपनी सीमाएँ है। उन सीमाओं को लाँघना अर्थात भदेपन का प्रदर्शन करना है। इसीलिए निर्धारित सीमा और संस्कारों के दायरे में रहकर लेखक इसे बाँधने

का प्रयास करता है। उसमें सुंदरता लाना उसे गाली गलौज, अनैतिक भद्देपन से दूर रखने के लिए लेखक के विभिन्न उपादानों में से एक उपादान अलंकार है। इस संदर्भ में मिश्र की अलग विशेषता रही है। भाषा के प्रयोग में उन्होंने अत्यंत कुशलता दिखाई है। उपन्यासों में अत्यंत सहजता से विभिन्न अलंकारों का प्रयोग कर चमत्कृत करने में लेखक सिद्धहस्त है। उदाहरण 'तुम्हारी रोशनी में' उपन्यास में अर्थान्तरन्यास क यह प्रस्तुत है – 'जैसे उस छोटे से क्षण मेरे भीतर कोई अनन्त शक्ति उड़ेलकर चला गया। अब में मजबूर था ...... चलते रहने के लिए, रास्ते में कुछ भी सहने के लिए जीवन सुंदर था तमाम तकलीफों के बावजूद '[2] प्रस्तुत उपन्यास में सुवर्णा अपनी सामान्य अनुभूति को विशेष बनाकर उसका समर्थन करती है। अनन्त भी इसी अनुभूति का स्वीकार करता है। जिससे अर्थान्तरन्यास की पुष्टि होती है।

**4. सूक्तियों का प्रयोग –** जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरने का कार्य सूक्तियों के माध्यम से किया जाता है। सूक्तियों जीवन में उल्लास और उमंग का संचार करने में मदत करती है। उपन्यासकार अकसर नये विचारों को प्रसारित करने के लिए सूक्तियों का प्रयोग करता है। कभी – कभी वे अपने कथन को प्रभावी बनाने के लिए प्रचलित सूक्तियों का आधार लेते है। गोविन्द मिश्र के उपन्यासों में भी इस प्रकार की अनेक सूक्तियों का प्रयोग हुआ है।

1. 'हर किसी चीज से लगाव खराब ही होता है, चाहे वह लड़की हो या इम्तहान।'[3]
2. 'जहाँ मन – शरीर – आत्मा एक तरफ भागते है वहाँ शरीर पूजा है य जहाँ वे अलग – अलग होते है वहाँ शरीर बोझ है ..... पाप है।'[4]
3. 'अगर कोई किसी से खुलकर बात कर सके तो अकसर पेचीदा से पेचीदा समस्याओं का भी हल निकल आता है।'[5]
4. 'आदमी को महज अपने पैदा होने से कोई ऐसा छोटापन न मिले जिसे वह आजीवन ढोते रहने को मजबूर हो।'[6]
5. 'गर्व ही तो सौन्दर्य का तेवर है, वह किसी राजपाट से कम नहीं।' [7]

वैसे तो अनेक सभी उपन्यासों में अनेकानेक सूक्तियों का प्रयोग पाया गया है।

**5. प्रादेशिक भाषा एवं बोलियों का प्रयोग –** कथा में व्याप्त जटिलताओं को सहज एवं सार्थक रूप देने के लिए लेखक जनभाषा, प्रादेशिक शब्दावलियों एवं बोलियों का प्रयोग करते है। जीवन की त्रासद अनुभूतियों को व्यक्त करने के लिए कथा की रचनात्मक पद्धति, कल्पना तत्व एवं व्यंग्यात्मकता को चित्रित करने हेतु प्रादेशिक तत्वों का अवलंबन करना आवश्यक है। भाषा का विकास धीमी गति से अग्रेसर होता हुआ प्रादेशिक भाषा, बोली और शब्दावलियों का रूप धारण करता है। गोविन्द मिश्र के कतिपय उपन्यासों में इसकी झलक दिखाई देती है। जैसे 'हुजूर दरबार' में बिहार और उत्तार प्रदेश के ग्रामीण अंचल की जीता जागता उदाहरण उसमें प्रयुक्त भाषा की कोमलकांत ग्रामीण शब्दावलियों से ही सुसज्जित होकर प्रस्तुत हुआ है, 'और खेर भी जाँघ ठोककर कहते है, बब्बा,तुमाई हम समझत और हमाई तुम,महुआ द मसूर की बातें जो ठैरी .......' [8] उसी प्रकार 'काए भैया आज सूरज भओं कि नाई ? और खरे बाँसी रोटियाँ और आम के आचार के बाद लोटाभर पानी डकारकर कहते है, बाई, तुमाई जय हो ........... तुम जियत रइयों ....... जीते जी तुम्हें सूरज न दिखाओं, तौ कुछ न करौ ........'[9] वैसे ही 'लाल पीली जमीन' में बुंदेलखण्ड की सौंधी महक के साथ–साथ इस प्रदेश में व्याप्त काईयापान और भेद जीवन प्रवाह का पुट मिलता है।

ग्रामीण शब्दों में तथा प्रदेश विशेष की बोली भाषा में वहाँ की स्वाभाविक रंग – रूप, आदान–प्रदान, संस्कृति,रीति–रिवाज का संस्कार छिपा होता है। जिसकों चित्रित करने के लिए उन बोलियों एवं भाषाओं का सूक्ष्म ज्ञान होना आवश्यक है। इस आवश्यकता को ध्यान में रखकर ही मिश्र ने वाक्यों का चुनाव किया है। भाषा की कोमलता, मधुरता और उसकी गंध को तोड़े बगैर मिश्र अत्यंत मार्मिक प्रसंगों को भी यथार्थ रूप से प्रस्तुत करते है। जैसे 'पाँच आँगनों वाला घर य उपन्यास में बड़ी अम्मा की पीड़ा को चित्रित किया है। 'रे बबुनी ! तोहरा से का छुपावे के बा। हमरा राधे से ज्यादा कमी सनिया के लागे ला। सब लोग सनिया के भुला देहले वा। तु सब के कोई न कोई देखेबाल बा पर सानिया के आगे पीछे केहु नइखे। ओकरा के केकरा भरोसे छोड़ के हम इ दुनिया से जाइब। इ बाँके अईसन बा कि घर में सनिया के हिरसा भी लील जाई .......'[10]

अत: कहना होगा कि प्रादेशिक भाषा एवं बोलियों के प्रयोग में मिश्र ने जिस सूझ–बुझ का परिचय दिया है, उससे यह सिद्ध होता है कि मिश्र केवल औपचारिकता निभाने के प्रयास से ग्रामीण शब्दों का प्रयोग नहीं करते है। बल्कि वे उस भाषा के मर्म को आत्मसात कर के प्रस्तुत करते है। जिससे उनका कथन उनका न होकर उस प्रदेश विशेष के लोगों का लगने लगता है।

**6. अंग्रेजी भाषा का प्रयोग –** गोविन्द मिश्र के लगभग सभी उपन्यासों में आधुनिक परिवेश का चित्रण हुआ है। इस वजह से उन उपन्यासों में अंग्रेजी शब्दों का तथा वाक्यों का प्रयोग होना स्वाभाविक है। मिश्र के कतिपय उपन्यासों में यह विशेषता पाई जाती है। जहाँ कथा, घटना,चरित्र की माँग है वहाँ उन्होंने अंग्रेजी वाक्यों का,शब्दों का तथा अंग्रेजी लोकोक्तियों का भी प्रयोग किया है। जैसे, 'एवरिथिंग इज जस्टिफाईड इन लव, वाँर एंड पाँलिटिक्स'[11] वैसे ही अंग्रेजी के अनेक शब्दों का सीधा – साधा प्रयोग उन्होंने लगभग सभी उपन्यासों में किया है। जैसे 'तुम्हारी रोशनी में य वे एक्झम, स्टडी, फिलिंग्स, सिक्रेट,गॅलरी,रेलिंग,हॉल,की बोर्ड, रिसेप्शन आदि तथा 'धूल पौधों पर' उपन्यास में भी टीचर,ट्यूशन, प्रॉपर्टी, स्टडी,इंचार्ज, थीसीस,कॉन्ट्रैक्चूअल, एम्प्लाएमेंट,युनिवर्सिटी, प्रायवेट,जॉब, ज्युनिअर, प्रोग्राम,नर्वस,पोस्टिंग आदि तथा 'वह अपना चेहरा' में भी ट्रेनिंग,नोटिस बोर्ड, टोस्ट,रिहर्सल, चौप्टर,रिफार्म,थैंक्स,शटअप, 'फूल,इमारतें और बन्दर' उपन्यास में फिल्ड ऑफिसर,पावर ट्रेनिंग,इंडस्ट्रिअल,ऑर्डर, एअर पोर्ट,ओपीनियन, डेलिगेट, एक्टिंग,स्टोरी, रेडीमेड, व्यूरोक्रेसी, मॅटर आदि अनेक अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग हुआ है।

सारांशत: गोविन्द मिश्र के उपन्यासों में अंग्रेजी शब्दों के साथ–साथ नवीनतम हिंदी मिश्रित अंग्रेजी अर्थात हिंग्लिश का प्रयोग स्वाभाविक रूप से किया गया है। मिश्र के उपन्यासों की भाषा के विविध रूप देखकर उनेक संदर्भ में केवल इतना कहना होगा कि वे भाषा को तोड़ – मरोड़कर औपचारिक रूप से निभाने वाले लेखक न होकर एक द्रष्टा एवं संवेदनशील कलाकार है। उन्होंने भाषा संबंधी लगभग सभी विशेषताओं का प्रयोग सहजता से किया है।

**(ख) शैलीगत विशेषताएँ –** भारतीय साहित्य में 'शैली' शब्द का प्रयोग अंग्रेजी शब्द 'स्टाईल' के पर्याय के रूप में होता है। शैली शब्द का प्रयोग विद्वानों ने भिन्न–भिन्न अर्थ में किया है। स्थान एवं काल विभाजन के अनुसार शैली शब्द के अर्थ में भी परिवर्तन हुआ है। अनेक विद्वानों ने शैली शब्द को अपनी तरह से अलग अलग रूप में इस शब्द को परिभाषित करने का प्रयास

किया है। 'शैली' विज्ञान की अभिधान मूलक परिभाषाओं में 'शैली' शब्द को लेकर उलझन उपस्थित होती है। शैली शब्द का अर्थ नालंदा विशाल शब्द सागर में इस प्रकार दिया गया है – '(1) चाल, ढंग (2) प्रणाली (3) रीति, प्रथा, रिवाज,(4) वाक्य रचना का वह ढंग जो लेखक की भाषा संबंधी निजी विशेषताओं का सूचक होता है। स्टाइल, (5) समूह जिनकी विशेषताओं में उनके कर्ताओं की मनोवृत्तिा की एकरूपता के कारण सामान्य कलम शैली की अपने में कोई स्वतंत्र सत्ताा नहीं है।'[12] जीवन की जटिल अनुभूतियों को लेखक जब किसी विधा विशेष के माध्यम से उतारने का प्रयास करता है। तब उसे प्रस्तुत करने का तरीका ढूँढना अनिवार्य हो जाता है। लेखक के मन की संवेदनाओं को साहित्य में प्रकट करने ले लिए जहाँ भाषा की आवश्यकता है वहाँ उसे प्रस्तुत करने के लिए विशिष्ट प्रणाली का होना स्वाभाविक है।

**1. आत्मकथात्मक शैली –** आत्मकथात्मक शैली में उत्तम पुरुष 'मैं' के माध्यम से कथा कहीं जाती है। जिसमें लेखक उपन्यास के किसी पात्र का स्थान ग्रहण कर उसे प्रथम पुरुष में प्रस्तुत करता है। गोविन्द मिश्र के उपन्यासों में इस शैली का प्रयोग हुआ है। उनका 'वह अपना चेहरा', 'धूल पौधों पर', 'फूल,इमारतें और बन्दर', 'तुम्हारी रोशनी में', 'पाँच आँगनों वाला घर', 'उतरती हुई धूप' आदि उपन्यासों में आत्मकथनात्मक शैली का प्रयोग किया गया है। इसी प्रकार 'वह अपना चेहरा य उपन्यास में भी आत्मकथात्मक शैली सर्वत्र व्याप्त है, 'मैं हाँ – ना कुछ न कर सका क्योंकि उस समय मैं उसी की कार में था। मैं इस बड़े शहर में नया हूँ। घर से दफतर और दफतर से घर के लिए मैं अमरू का साथ पकड़ने की पूरी कोशिश करता हूँ।'[13]

**उतरती हुई धूप** – आधुनिक समय में अनेक रचनाकार इस शैली का प्रयोग अपने लेखन में कर रहे है। पात्रों के नामों के स्थान पर वे 'मैं', 'वह' आदि के रूप में स्वय विद्यमान रहते है। 'पता नहीं ........ अभी तक तुम्हें और इस प्यार को अलग–अलग करके नहीं देख पायी। लगता है जहाँ मन–शरीर आत्मा एक तरफ भागते है य वहाँ शरीर पूजा है जहाँ वे अलग – अलग होते है वहाँ शरीर बोझ है .......पाप है।'[14] उपन्यासों में भी आत्मकथनात्मक शैली का प्रयोग हुआ है। इस शैली के प्रयोग से कभी द कभी ऐसा आभास होने लगता है मानों लेखक स्वयं अपनी कहानी उपन्यास के माध्यम से सामने रख रहे है।

**2. संवाद शैली –** संवाद अर्थात कथोपकथन। कथोपकथन के माध्यम से पात्रों के मानसिक द्वंद्ध को प्रकट किया जाता है। इस दृष्टि से यह शैली अत्यंत उपयुक्त है। गोविन्द मिश्र के कतिपय उपन्यासों में यह शैली पायी गई है। यहाँ पात्रों के आपसी संवाद अर्थात वार्तालाप से जटिल प्रसंगों को आसान एवं सहज बनाया गया है। संवाद शैली के प्रयोग से उपन्यास की कथा गतिमान हो उठी है। जैसे गोविन्द मिश्र के 'लाल पीली जमीन' के पात्र शांति और बड़े के आपसी संवाद का यह उदाहरण इस प्रकार है –

'तुम्हारा पागलपन है।

मैं कालिख पोतूंगी – इस मोहल्ले के मुँह पर, देखना .......अच्छा, तुम अब जाओ ...... कोई देख लेगा तो बदनामी होगी .......।

तुम आदमी होकर डरते हो ?

तुम्हारे लिए डरता हुँ,.......... आदमियों का क्या बिगड़ता है, मेरा फिकर न करो ......जब यहाँ पैदा हो गई, तभी सब कुछ बिगड़ गया था।

तुम्हें इन जगह से बड़ी नफरत है, ऐसा लगता है।'[15]

प्रस्तुत संवादों से शांति के मन की नफरत और समाज और बस्ती की सोच का खुलासा होता है। 'उतरती हुई धूप' उपन्यास में संवाद शैली के बेजोड़ उदाहरण मिलते है। यहाँ संवादों के माध्यम से नायक और नायिका के प्रेम की तीव्रता अत्यंत सजीव हो उठी है। जैसे–

'लगता है य पढ़ाई लिखाई छोड़कर सिर्फ तुम्हारे पास रहूँ इन गर्मियों तक, जो भरकर रह लूँ ......

- बड़ा गजब करोगे ........
- क्यों ?
- झख मारोगे और क्या ..........
- चालों,यही सही .......मंजूर है ?
- तुम छोड़ दो पढ़ाई ........ मुझे फुर्सत नहीं है।
- अच्छा,सिर्फ आज रात मेरे पास रहो ......।'[16]

यह प्रसंग शायद विवरण देकर लिखा गया होता तो इतना सजीव नहीं लगता जितना संवाद शैली में लग रहा है। गोविन्द मिश्र के अन्य उपन्यासों में भी कथा को गति प्रदान करने का कार्य तथा घटनाओं में जान डालने का कार्य संवाद शैली द्वारा किया गया है।

**3. पूर्वदीप्ति शैली –** इस शैली का प्रयोग कर लेखक अतीत में घटित घटनाओं की और उन्मुख होकर कथा आगे प्रवाहित करता है। अंग्रेजी में उसे फ्लैश बैक सिस्टीम कहते है। घटनाओं में एकरूपता से जुड़े हुए पाठक के मन में उत्पन्न होने वाली नीरसता को तोड़ने का कार्य पूर्वदीप्ति शैली के माध्यम से किया जाता है। इस शैली का प्रयोग उपन्यास के आद्य, मध्य या पश्च, प्रसंगानुरूप किसी भी स्थान से शुरू होता है। कभी कभी यह फ्लैश बैक कथा के शुरू से लेकर अंत तक बना रहता है तो कभी बीच–बीच में वर्तमान उभरकर फिर वापस अतीत की और इंगित किया जाता है। जिससे उपन्यास के पात्र अपने आप अतीत में खोने लगते है।

गोविन्द मिश्र के उपन्यासों में यह शैली 'वह अपना चेहरा', 'पाँच आँगनों वाला घर', 'उतरती हुई धूप', 'कोहरे में कैद रंग', 'लाल पीली जमीन' आदि में पाई जाती है। 'हुजूर दरबार' में भी यह शैली सिरिराजा की माता तथा महाराजा रुद्रप्रताप के पूर्वजों के युद्ध कौशल, समाज नीति और ऐशों आरामों के प्रसंगों का चित्रण करने के लिए प्रयुक्त हुई है। यहाँ हरीश अपने पिता के राजगुरु होने तक के सफर में उसकी माँ की पीड़ा के प्रसंगों में महाराज के जन्म से लेकर प्रस्तुत होने वाली घटनाओं आदि में फ्लैश बैक का प्रयोग हुआ है। 'वह अपना चेहरा' उपन्यास में भी मिसेस अजवानी को देखकर नायक के आँखों में अतीत उभरकर आता है उस अतीत का वर्णन फ्लेश बैक से ही किया गया है तथा 'कोहरे में कैद रंग य उपन्यास में रेवा को देखने के बाद सरस्वती की स्मृति जाग जाना तथा लेखक के मन में सरस्वती का चित्र प्रत्यक्ष उतर आना यहाँ भी इन प्रसंगों में फ्लेश बैक शैली का प्रयोग हुआ है। 'उतरती हुई धूप य उपन्यास में जब अरविन्द नायिका विषय में विचार करते है 'वह ससुराल पहली बार होकर आयी भी – सुखी लाल रंग की साड़ी और ब्लाउज पहने हुई थी, गले में मंगलसूत्र था, माँग लाल थी ...... ऊपर से नीचे तक सब कुछ लाल था। इससे यह सिद्ध हो रहा था कि पूर्व की ही भाँति उसके इर्द द गिर्द सभी कुछ भरा द भरा लग रहा था ...... और फिर उसके पास यह भी था।'[17] 'वह हँसने की बात भी थी ....... यह जमाने पहले की बातों पर यों अड़ा –खड़ा था जैसे वह स्थाई रहने का ठेका लेकर आई थी।'[18]

**4. डायरी शैली –** डायरी व्यक्ति का दिनक्रम दर्शाती है। व्यक्ति की निजी

जानकारियों और महत्वपूर्ण घटनाओं का लेखा – जोखा डायरी में होता है। वह किसी भी व्यक्ति का अपना निजी दस्तावेज है। आजकल डायरी शैली का प्रयोग उपन्यास लेखन के लिए किया जाने लगा है। कुशल कलाकार अपनी अनुभूतियों को पात्रों के माध्यम से व्यक्त करने के लिए डायरी का प्रयोग करते है। गोविन्द मिश्र द्वारा लिखित 'फूल,इमारते और बन्दर' यह उपन्यास डायरी शैली का उत्तम उदाहरण है। उपन्यास में प्रत्येक विभाग में 'मोहन्ती की डायरी से' इस शीर्षक से संपूर्ण घटनाओं का विवरण दिया गया है। इसीलिए उपन्यास पढ़ते समय हमें पूर्णत: अनुभूति होती है कि इस उपन्यास का प्रमुख पात्र मोहन्ती कोई और नहीं स्वयं लेखक ही है। 'लाल – पीली जमीन' उपन्यास में वही व्यक्त किया जाता है जो नायक के साथ घटित होता है दैनंदिन दिनचर्या में। डायरी का प्रयोग किसी अन्य के वर्णन में नहीं किया जा सकता है।

'क्या बिसात है ....... उस कलुए की हमारी रतन द जैसी बिटिया के सामने .......बिटिया से चमक जा, अभी तेरी काकी जिंदा है। भैया तेरा करेजा छोटा पड़ता हो ..... और जो मुझसे न सरपता हो तो तु मुझे दे डाले इसे। ...... हमारे बड़े भाग थे। तेरे बिना घर कैसा सायँ द सायँ करता था।'[19]

बापू .......मैं उस लफंगे के साथ नहीं रहूँगी ...... 'शैलजा काकी से चिपक कर मास्टर के कंधे हिलाने लगी ....... आपकों पत्ताा नहीं मैं कैसे – कैसे भागकर आई हुँ।'[20]

**5. सर्वनामिक शैली –** जब उपन्यास में प्रमुख पात्र के नाम के स्थान पर यह,वह आदि सर्वनाम का प्रयोग किया जाता है तब वह सर्वनामिक शैली कहलाती है। गोविन्द मिश्र के कतिपय उपन्यासों में इस शैली का प्रयोग हुआ है। 'वह अपना चेहरा' में 'वह' का प्रयोग, 'उतरती हुई धूप' में भी 'वह' सर्वनाम का प्रयोग है। नायिका के लिए संपूर्ण उपन्यास में केवल 'वह' से संबोधित किया गया है। यहाँ नायिका का नामोल्लेख ही नहीं है। यह अपने आपमें एक अलग विशेषता है।'धूल पौधों पर', 'तुम्हारी रोशनी में', 'कोहरे में कैद रंग' और 'वह अपना चेहरा' आदि उपन्यासों में भी 'वह' सर्वनाम का प्रयोग हुआ है। उदाहरण 'वह अतरे चौथे प्रेमप्रकाश के घर लाने लगी। उनकी माँ और पत्नी से बहुत जल्दी अंतरंग हो गई ..... उनसे काफी देर तक बाते करती रहती। आते-जाते प्रेमप्रकाश के कमरे में झाँकना, उनसे नमस्ते करना नहीं भूलती। जब वह घर में होती, उस तमाम दरम्यान प्रेमप्रकाश का घर एक चहक से गूंजता होता वह घर जिसमें तीन बुजुर्ग बंदे सुस्त – सुस्त रेंगते थे। जिस कारण एक तरह का धुंधलापन,बासीपन,उबास वहाँ बराबर रहती थी। वह आती तो जैसे सुबह को अपनी गठरी में लिये हुए, जिसे खोलकर वह उस घर में सुबह की गरमाहट बिखर देती।'[21] प्रस्तुत उपन्यास में भी 'उतरती हुई धूप' उपन्यास की तरह नायिका का नामोल्लेख नहीं हुआ है केवल सर्वनाम का प्रयोग हुआ है। नायिका के संदर्भ में चित्रित संवाद और घटनाओं को सर्वनामिक शैली के माध्यम से अंत तक प्रवाहित किया गया है।

**6. डॉट शैली–** आधुनिक उपन्यासकारों में यह एक अलग शैली दिखाई देती है। जिसमें लेखक अपने कथन के आगे बिंदुओं का प्रयोग करता है। यह बिंदुकीय शैली का ही अंग्रेजी रूपांतरण है। लेखक भाषा में बिन्दुओं का प्रयोग कर अपने कथन को अधिक गहरे भावों से भर देता है। उदाहरण के लिए 'उतरती हुई धूप' का यह अंश देखिए, 'नीचे उतरकर उसे फोन किया। वह नहीं मिली ....... इलाहाबाद ही में नहीं थी ......... घर गयी है और इम्तहान ?'[22]'धीर समीरे य उपन्यास में एकदम साधारण किसान की तरह अपने बच्चे रोहित को कन्धे पर बिठाए चला जा रहा है नरेन्द्र, कभी पीछे – पीछे,कभी अगल – बगल चल रही है पत्नी रत्ना अपने दूसरे बच्चे की उँगली पकड़े, पास ही में उनके साथी – निर्माता और उसकी पत्नी रोमा, रत्ना को इस यात्रा में चलते हुए हमेशा ही एक पुलक – भरी गुदगुदी – सी होती रहती है – नरेन्द्र जो पैसा और शराब में ही डूबा रहता है, 'जिसे दिनोंदिन उसका,बच्चों का ख्याल नहीं होता वह पास है ......... लगातार पास, इतने लम्बे समय के लिए, शराब से दूर, मांस – मछली से दूर,पैसे की चकचक से दूर,ईश्वर को वह नहीं मानता ..... पर शायद इसी तरह, इस वातावरण में रहते –रहते मानने लग जाए। हर दर्शन में रत्ना यही माँगती है उसके पति को अपनी और ले आओ प्रभु .........जैसे की नरेन्द्र पतित हो और रत्ना को उसके सुधार के लिए प्रार्थना करना ही हो।'[23]

इस प्रकार लेखक ने लगभग इसी अनुपात में अपने सभी उपन्यासों में डॉट शैली का प्रयोग किया है। डॉट के प्रयोग से वे भाषा में अधिक गहरे भाव भरते दिखाई दिए है।

**7. विभाग रचना शैली–** आम तौर पर अनेक उपन्यासों में शीर्षक के अलावा कोई विभाग नहीं होता है, किन्तु आजकल उपन्यास की कथा को विभागों में विभाजित कर प्रस्तुत करने की शैली का प्रयोग हो रहा है, लेखक उपन्यास की कथा को विभागों में व्यक्त करता है और प्रत्येक विभाग को कथानुरूप शीर्षक दिया जाता है। यह शैली मिश्र के उपन्यासों में भी व्याप्त है। उनमें भी विभागवार रचना का मोह जाग उठा है और उनके 'वह अपना चेहरा' उपन्यास को छोड़ दिया जाए तो बाकी सारे उपन्यासों में विभाग रचना शैली का प्रयोग हुआ है।

गोविन्द मिश्र के उपन्यासों में प्रयुक्त विभाग रचना का शीर्षकों के साथ परिचय निम्नानुसार प्रस्तुत है –

1. **वह अपना चेहरा –** प्रस्तुत उपन्यास में भले विभागों को शीर्षक अथवा अंक से विभाजित नहीं किया गया है। किन्तु प्रत्येक घटना की या दृश्य की शुरुआत उसके पहले अक्षर को बोल्ड लिखकर की गई है।
2. **उतरती हुई धूप –** उतरती हुई धूप में दो विभाग है उसे क्रमश: 'एक' और 'दो' इन संख्यावाचक शीर्षक से संबोधित किया गया है।
3. **फूल,इमारतें और बन्दर –** प्रस्तुत उपन्यास में अवरोह,आरोह और आगमन आदि तीन विभाग है। प्रत्येक विभाग में अनेक उपविभाग है, उनके अलग – अलग शीर्षक है।
4. **लाल पीली जमीन –** इस उपन्यास में कुल चार विभाग है उन्हें क्रमश: फालतू, घर, चौपड़, मात आदि शीर्षक से विभाजित किया गया है।
5. **तुम्हारी रोशनी में –** यह मिश्र का पाँचवा उपन्यास है जिसमें कुल तेरा विभाग है जिनके शीर्षक 1. मछली –मछली कितना पानी, 2.उदास राजकुमारी, 3.पगडण्डियाँ,4. कमल जाल,5. रस्साकशी 6. पानबहार, 7.मानसरोवर, 8. वो रही मियाँ तानसेन की हवेली,9. पुनर्जन्म,10. फूलवालों की सैर,11. शक्तिपूजा,12. खोया हुआ नाम,13. संयोग–वियोग। इन तेरा विभागों के अलग अलग शीर्षक से यह उपन्यास,उपन्यास न होकर मानो कहानी संग्रह हो गया हो। किन्तु सभी कहानियाँ और घटनाओं के कथासूत्र एक है जो सुवर्णा के जिन्दगी को विस्तार देते है। इसलिए यह विभाग रचनाओं के आधार पर लिखे जाने वाले उपन्यासों का उत्ताम उदाहरण माना जाए जो असंगत नहीं होगा।
6. **हुजूर दरबार –** प्रस्तुत उपन्यास में 'उतरती हुई धूप' उपन्यास के भाँति केवल 1,2,3,4,5, 6 आदि अंकों के आधार पर कथानक विभाजित

किया गया है।

**7. पाँच आँगनों वाला घर –** प्रस्तुत उपन्यास में कुल तीन विभाग है और तीनों विभागों में अंकों के माध्यम से उपविभाग दिए गए है। किन्तु प्रमुख तीन विभागों को उचित शीर्षक दिया गया है। जैसे 1. क्षेत्र (1940-1950 ) 2. दीवारें (1960-1975 ) 3.अंधी गली (1980-1990) आदि इनमें क्रमशः 13,10 और 11 उपविभागों को अंकों के माध्यम से विभाजित किया गया है।

सारांशतः गोविन्द मिश्र के उपन्यासों में अनेक शैलियों का प्रयोग हुआ है। उपरोक्त शैलियों के साथ – साथ उनके उपन्यासों में विवरणात्मक, वर्णनात्मक, नाटकीय, प्रश्नवाचक तथा किस्सागोई आदि शैलियों का भी प्रयोग हुआ है। विभिन्न शैलियों के प्रयोग से गोविन्द मिश्र के उपन्यास आधिक पठनीय एवं संप्रेषणीय बन गए है।

**निष्कर्ष –** गोविन्द मिश्र के उपन्यासों की भाषा कथासंगत है। उनकी भाषा संप्रेषणीय तथा पठनीय दोनों गुणों से संपन्न है। भाषागत विशेषताओं को ध्यान से रखते हुए उन्होंने सहज एवं स्वाभाविक शब्दों का चुनाव किया है। उनकी भाषा में उत्कंठा, अलंकारिकता, सूक्तिपूर्ण उदाहरण प्रादेशिक भाषा एवं बोलियों का प्रयोग हुआ है। गोविन्द मिश्र की भाषा कथाप्रवाह में सहायक है। आवश्यकता के अनुसार अंग्रेजी शब्द, वाक्य तथा अंग्रेजी कहावतों का भी प्रयोग किया गया है। उनकी भाषा में अंग्रेजी मिश्रित हिन्दी अर्थात हिंग्लिश भाषा का प्रयोग आधुनिक भाषा व्यवहार के परिवर्तन की और इंगित करता है। शैली की दृष्टि से उनके उपन्यास बेजोड़ है। उनके उपन्यासों में लगभग सभी शैलियों का प्रयोग हुआ है। जैसे आत्मकथात्मक, संवादात्मक, पूर्वदीप्ति,डायरी शैली, सर्वनामिक शैली, डॉट शैली, विभाग रचना शैली का भी प्रयोग हुआ है। जिससे उनके उपन्यासों के संप्रेषण कौशल की गति प्राप्त हुई है। सारांशतः शिल्प की दृष्टि से गोविन्द मिश्र के उपन्यास सफल सिद्ध हुए है। इन प्रयोगों से तमाम रचनाओं को आकर्षक एवं बोधगम्य बनाया है। भावावेश तथा संवेदनशीलता का मिलाजुला स्वरूप उनके साहित्य की प्रमुख पहचान है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. गोविन्द मिश्र : सृजन के आयाम : स. चन्द्रकान्त बांदिबडेकर: वाणी प्रकाशन,दिल्ली,2019, पृ .33
2. तुम्हारी रोशनी में :- गोविन्द मिश्र : राजकमल प्रकाशन,दिल्ली,1985, पृ .37
3. उतरती हुई धूप :- गोविन्द मिश्र : राजपाल एंड संज,दिल्ली,2003,पृ .20
4. उतरती हुई धूप :- गोविन्द मिश्र : राजपाल एंड संज,दिल्ली,2003,पृ .34
5. हुजूर दरबार :- गोविन्द मिश्र : नेशनल पब्लिशिंग हाउस,नई दिल्ली, 2011, पृ . 46
6. हुजूर दरबार :- गोविन्द मिश्र : नेशनल पब्लिशिंग हाउस,नई दिल्ली, 2011, पृ . 71
7. हुजूर दरबार :- गोविन्द मिश्र : नेशनल पब्लिशिंग हाउस,नई दिल्ली, 2011, पृ .79
8. हुजूर दरबार :- गोविन्द मिश्र : नेशनल पब्लिशिंग हाउस,नई दिल्ली, 2011, पृ .70
9. हुजूर दरबार :- गोविन्द मिश्र : नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2011, पृ . 70
10. पाँच आँगनों वाला घर :- गोविन्द मिश्र : राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली,2014,पृ .77
11. गोविन्द मिश्र चुनी हुई रचनाएँ (भाग 1 ) :- गोविन्द मिश्र : वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2003, पृ .275
12. नालंदा विशाल शब्द सागर :- संपादक : श्री नवलजी : आदर्श बुक डेपो,दिल्ली,1985, पृ . 1358
13. वह अपना चेहरा :- गोविन्द मिश्र :अक्षर प्रकाशन, दिल्ली,2019, पृ .13
14. गोविन्द मिश्र चुनी हुई रचनाएँ (भाग -1)- गोविन्द मिश्ररूवाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2003,पृ . 37
15. गोविन्द मिश्र चुनी हुई रचनाएँ (भाग -1) - गोविन्द मिश्र : वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2003, पृ .185
16. उतरती हुई धूप :- गोविन्द मिश्र : वाणी प्रकाशन, दिल्ली,2003,पृ . 16
17. गोविन्द मिश्र चुनी हुई रचनाएँ (भाग -1): - गोविन्द मिश्र :वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2003,पृ .96
18. गोविन्द मिश्र चुनी हुई रचनाएँ (भाग -1): - गोविन्द मिश्र :वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2003,पृ .48
19. लाल पीली जमीन (चुनी हुई रचनाएँ ) भाग -1,गोविन्द मिश्र :वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2003, पृ .318
20. लाल पीली जमीन (चुनी हुई रचनाएँ ) भाग -1, गोविन्द मिश्र :वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2003, पृ. 317
21. धूल पौधों पर :- गोविन्द मिश्र :वाणी प्रकाशन,2018,पृ .07
22. उतरती हुई धूप :- गोविन्द मिश्र :वाणी प्रकाशन, दिल्ली,2003,पृ . 22
23. धीर - समीरे :- गोविन्द मिश्र : राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019,पृ .20

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# भारत में दलित संघर्ष तथा तात्कालिक मुद्दे

**डॉ. विनीता भालसे* डॉ. गिरधारीलाल भालसे****

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीराजपुर (म.प्र.) भारत
** अतिथि विद्वान (राजनीति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, थांदला (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** सदियों से शोषित पीड़ित, दलित एक गंभीर एक संवेदनशील विषय है जो भारतीय समाज की मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देता है। भारत में दलित विकास के लिये स्वतंत्रता से पहले प्रयास आरंभ हो गया था। तथा स्वतंत्रता के पश्चात् इन प्रयासों में काफी तेजी आयी। केन्द्र सरकार के साथ–साथ राज्य सरकारों ने भी दलितों के उत्थान हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए लेकिन उनकी स्थिति में स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद भी परिवर्तन क्यों नहीं हो रहा है? क्यों नहीं संविधान की मूल भावना समतामूलक समाज की स्थापना हो रही है?इन कारणों को जानने के लिये भारत के ऐतिहासिक स्वरूप को जानना आवश्यक है। धर्मशास्त्रों का इतिहास नामक पुस्तक के लेखक **डॉ. पी.वी.काणे** ने कृष्ण वर्ग के दासों या दलित दस्युओं के विषय में ऋग्वेद से अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। मनुस्मृति (भाग–413) की माने तो उसमें स्पष्ट किया गया है कि ईश्वर ने शूद्रों 'दास्य' भाव से ब्राम्हण सेवा के लिये पैदा किया है। वर्ण व्यवस्था और उनके परिणामस्वरूप छुआछूत प्रथा भारतीय समाज की वास्तविकता है जिसकी जटिलता आसानी से समझ में नहीं आती है। वर्ण व्यवस्था की जड़ें अतीत के अंधकार में कहीं छुपी है हिन्दु समाज की अधिकतम मान्यताएं भी दलितों के विरोध में दिखाई देती है। भारतीय समाज में आज भी कई कहावतें मुहावरे हैं जो दलितों के प्रति घृणा और अपमान का भाव पैदा करते हैं। हिन्दू व्यवस्था की मानवीयता का परिणाम इतना भयानक है कि आज भी भारतीय समाज हजारों जातियों में बंटा हुआ है। खंड–खंड में बंटे राष्ट्र का बोध करवाते हैं। डॉ. अंबेडकर के अनुसार–'भारतीय गांव हिन्दू व्यवस्था के कारखाने हैं उनमें ब्राम्हणवाद, सामंतवाद, पूंजीवाद की साक्षात् अवस्था देखी जा सकती है। उनमें स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व के लिये कोई स्थान नहीं है। भारतीय समाज की असहिष्णुता और संवेदनहीनता राष्ट्र विकास में बाधक है।'

**दलित शब्द का अर्थ एवं उत्पुत्ति–** दलित शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के दल धातु से हुई है। इसके संदर्भ में शब्द कोषों में अनेक अर्थ दिये हैं। दल (अक) विकसना, फटना, खंडित होना। डॉ. रामचंद्र वर्मा के अनुसार दलित विनिष्ट किया गया, दलित वि(स) स्त्री दलिता मसला हुआ मर्दित दबाया रौंधा या कुचला हुआ। डॉ. कुसुम लता मेघवाल के अनुसार दलित वर्ग का सामाजिक संवर्ग में अर्थ होगा वह जाति समुदाय जो अन्याय पूर्वक सवर्णों या उच्च जातियों द्वारा दमित किया गया रौंदा गया हो। दलित शब्द व्यापक रूप में पीड़ित के अर्थ में आता है। डॉ. श्योराज बैचेन दलित शब्द की व्याख्या करते हुए– 'दलित वह है जिसे भारतीय संविधान ने अनुसूचित जाति का दर्जा दिया है' इसी प्रकार बंल भारती का मनाना है कि दलित वह है जिस पर अस्पृश्यता का नियम लागू किया गया है जिसे कठोर व गंदे कार्य करने के लिये बाध्य किया गया हो।

दलित शब्द की तमाम परिभाषाओं के आधार पर निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि यह सिर्फ किसी विशेष जाति या उपजाति से संबंध न होकर सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की प्राप्ति हेतु अम्बेडकरवादी तथा अन्य परिवर्तनकारी विचारधारात्मक वर्गों के संघर्ष का प्रतीक है।

**दलित चेतना का उदय एवं विकास–** दलित चेतना का जन्म उत्पीड़न से हुआ है जो प्राचीनकाल से लेकर आधुनिक काल तक इसका प्रभाव दिखाई पड़ता है। गौर किया जाए तो दलित चेतना में दलित विमर्श के दर्शन होते रहे हैं। अगर हम भारतीय समाज संस्कृति पर काबिज ब्राम्हण वर्ग के हासिए पर रहे दलित और स्त्री के संबंध में बात करें तो दोनों ही वर्ग समाज के इतिहास में मौजूद रहे हैं। लेकिन दोनों की समाज में स्थिति क्या है? क्या इन्हें स्वतंत्रतापूर्वक आत्मसम्मान से जीने का अधिकार है तो जबाब में नहीं ही आएगा।

दलित चेतना का दार्शनिक और वैचारिक आधार का स्त्रोत गौतम बुद्ध ही रहे हैं। बुद्ध भारतीय इतिहास के प्रथम व्यक्ति हैं जिन्होंने वर्ण व्यवस्था के औचित्य को चुनौती दी और उसे अन्याय पूर्ण ठहराया। श्रावस्ती प्रवास के दौरान सुनील नामक भंगी को अपने संघ में शामिल करके दलितोद्धारक का मार्ग प्रशस्त किया। मध्यकाल एवं भक्तिकाल में रैदास, कबीरदास, नंदनार ने अपने दौहों, चौपाईयों के माध्यम से समाज में वर्चस्ववादियों के खिलाफ दलित चेतना का प्रसार किया। बाद के काल में ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले एवं अन्य परिवर्तनकारी स्थितियों से भी दलित चेतना का स्वरूप बना है। ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी सावित्री बाई के साथ पहली बार सन 1848 ई. में महिलाओं के लिये तथा सन 1851 में अछूतों के लिये स्कूल खोले वहीं साहूजी महाराज का भी दलितोद्धार में अविस्मरणीय योगदान रहा।

उन्होंने अखिल भारतीय बहिष्कृत समाज परिषद नागपुर में दिनांक 30 से 01 जून 1920 तक त्रि–दिवसीय अधिवेशन में साहूजी महाराज ने अध्यक्षता करके परिषद के स्थायी फंड से रूपये 5000/– दिये जो उस समय की मोटी रकम थी।

आधुनिक काल में मार्क्स ने पूरी दुनिया के सामने एक मानवीय समाज बनाने की प्रक्रिया को शुरू करके आम आदमी की सत्ता को प्रतिष्ठित किया गया था। उसने उच्च वर्गों को ढहा दिया एवं बेहतर समाज बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की। कार्ल मार्क्स ने धर्म को अफीम की गोली कहा था जो सामाजिक

विकास में बाधा है। उसी धर्म को डॉ. अम्बेडकर ने भी दलित समाज के लिये दमनकारी माना। उन्होंने न केवल दमनकारी बल्कि हिन्दू एवं ब्राम्हण धर्म को भारत के लिये अप्रांसगिक सिद्ध किया। उन्होंने मूक नायक पत्रिका एवं बहिष्कृत भारत अखबार जैसी पत्रिकाओं के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया वर्तमान में भारत की लगभग सभी महत्वपूर्ण भाषाओं में अंबेडकरवादी विचारधारा को केन्द्र में रखकर दलित चेतना साहित्यिक रूप सामने आ रहा है। कई लेखन कवि चिंतक अपनी कविताएं कहानियां शोध के माध्यम से दलित चेतना को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे।

**दलित आंदोलनों में शोषण एवं उत्पीड़न-** डॉ. अंबेडकर दलित आंदोलनों के प्रेरक और प्रवर्तक है। दलितों का पहला आंदोलन सन 1927 महाड़ ग्राम के चावदार तालाब से अछूतों को पानी भरने को अधिकार दिलाने के लिये प्रारंभ किया। अछूतों को सामाजिक न्याय दिलाने का यह प्रथम संघर्ष था लेकिन उन अछूतों पर जो सम्मेलन में उपस्थित हुये थे और जिन्होंने तालाब की ओर प्रयाण में भाग लिया था। किये गये आक्रमण का विवरण बाम्बे क्रॉनिकल में निम्नलिखित शब्दों में दिया गया है- जुलुस अत्यंत शांतिपूर्ण था। सब कुछ शांति से संपन्न हो गया किन्तु लगभग 2 घंटे बाद नगर के कुछ दुष्ट नेताओं ने यह अफवाह उड़ा दी कि दलित वर्ग के लोग विरेश्वर मंदिर में प्रवेश करने की योजना बना रहे है। यह सुनकर कुली कबाड़ियों की एक बड़ी भीड़ लाठियों से लैस होकर एकत्र हो गई यह भीड़ शीघ्र ही आक्रामक हो गई। और संपूर्ण नगर तत्काल दंगाईयों की भीड़ से भर गया। जो दलित वर्ग के खून से प्यासे दिखाई दे रहे थे। आंदोलनकारी जब अपने गांव जाने से पहले भोजन करने में व्यस्त थे। तब दंगाई रसोई में घुस गये दोनों वर्गों में व्यवस्थित लड़ाई शुरू हो गई होती परंतु दलित वर्ग के नेताओं ने उन्हें रोक लिया। इस प्रकार एक भयानक दंगा होते-होते टल गया। लेकिन दंगाई उत्तेजना के लिये कोई अवसर न पाकर मुख्य मार्गों पर गस्त लगाने लगे जो आंदोलनकारी अपने गांव जा रहे थे उन्हें मारने पीटने लगे। इस सब में उच्च वर्गों के लोगों का रवैया जितना घटिया था उतना दलित वर्ग प्रशंसनीय था।

**दूसरा आंदोलन-**सन 1930 में नासिक के कालाराम मंदिर में अछूतों के प्रवेशों को लेकर शांतिपूर्ण सत्याग्रह प्रारंभ किया। ताकि उच्च वर्गीय कहे जाने वाले लोगों में समानता की भावना जागृत हो। लेकिन इस सत्याग्रह के परिणामस्वरूप अछूतों पर आक्रमण भी गंभीर था। इन आंदोलन में 15 हजार दलित शामिल हुये थे। 03 मार्च 1930 को सत्याग्रहियों ने 04 टुकड़ियां तैयार कर मंदिर के चारों दरवाजों के पास तैनात हो गये। पुलिस और मंदिर के पुजारी तो सत्याग्रह करने वालों से मांग पर पुरजोर विरोध किया और मंदिर के सभी दरबाजे बंद कर दिये गये। पूरे मंदिर को कड़ी सुरक्षा के घेरे में पुलिस ने रखा हुआ था। जिससे कोई अछूत नहीं घुस सके। सत्याग्रहियों पर सवर्णों ने हमला शुरू कर दिया। इस दौरान डॉ. अंबेडकर भी जख्मी हो गये। भारी संख्या के बाद भी अछूतों ने पलटवार हमला नहीं किया क्योंकि इस सत्याग्रह में दलितों ने अंबेडकर के दिये अहिंसापूर्वक सत्याग्रह के आदेश को आखिरतक माना है।

**तीसरा आंदोलन-** मुंबई सरकारी स्कूलों में अछूतों के बालकों के प्रवेश की अपेक्षा करते हुये आदेश जारी किये गये थे। 08 अगस्त 1935 के कविठा गांव अछूत गांव के स्कूल में प्रवेश के लिये अपने चार बालकों को लेकर गये। गांव के अनेक सवर्ण हिन्दू यह देखने के लिये एकत्र हो गये थे। प्रवेश का अवसर शांतिपूर्वक निकल गया। और कुछ अप्रिय घटित नहीं हुआ। दूसरे दिन गांव के सवर्णों ने अपने अपने बच्चों को स्कूल से निकाल लिया। क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि उनके बच्चे अछूत बच्चों के साथ बैठे और प्रदूषित हो। लेकिन कुछ समय पश्चात एक अछूत पर ब्राम्हण द्वारा हमला किया गया। 12 अगस्त को गांव के अछूतों का पुरूष वर्ग मजिस्ट्रेट के न्यायालय में शिकायत दर्ज कराने आया। यह जानकर की अछूतों के बालिग सदस्य अनुपस्थित थे। गांव के हिन्दुओं ने अछूतों के घर हमला कर दिया। वे लाठियों तथा तलवारों से लैस थे। हमलावरों में सवर्ण महिला भी थी। उन्होंने अछूतों के वृद्ध पुरूषों व महिलाओं पर हमला कर उनके दरवाजे तोड़ डाले जो लोग न्यायालय गये उनके रास्ते रोके गये। ताकि उनकी पिटाई की जा सके। लेकिन एक वृद्ध अछूत महिला ने दूसरे रास्तों से चोरी छुपके जाकर बताया कि अभी गांव जाना ठीक नहीं है इस प्रकार वे बच गये।

**चौथा आंदोलन-** 20 अगस्त 1932 के दिन विशेष महत्व का था क्योंकि इस दिन तत्कालीन भारत सचिव रेमजे मैकडोनाल्ड ने प्रथम बार दलितों के लिये पृथक निर्वाचन के अधिकार की घोषणा की थी। इस घोषणा द्वारा दलितों को अल्पसंख्यक मान लिया गया और यही से उनका राजनीतिक अस्तित्व प्रारम्भ हुआ। डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के निरंतर प्रयासों से दलितों को भारत की राजनीति गतिविधियों में भागीदारी का अवसर समाज में फूट डालने की कुटिल चाल मानते हुए इसके विरोध में यरवदा जेल में अनशन शुरू कर दिया। जिसके परिणाम स्वरूप पूना पैक्ट समझौते के अंतर्गत डॉ. अम्बेडकर ने राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए कुछ शर्तो के साथ संयुक्त निर्वाचन के लिए सहमति दे दी, तथापि इससे संदेह नहीं कि दलित आंदोलन में यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी जिसे सवर्णो को हासिल नहीं होने दिया।

गांधी के बारे में ओमप्रकाश वाल्मिकी लिखते हैं कि 'अम्बेडकर को पढ़ लेने के बाद यह बात समझ में आ गयी थी कि गांधी ने हरिजन नाम देकर अछूतों को राष्ट्रीय धारा में नहीं जोड़ा बल्कि हिन्दुओं को अल्पसंख्यक होने से बचाया उनके हितों की रक्षा की।'

इस प्रकार जितने भी आंदोलन हुए उनमें मनुवादी विचारधाराओं के लोगों ने बर्दाश्त नहीं किया अपना आक्रोश जाहिर किया।

**समसामयिक मुद्दे-** जब एक राष्ट्र कल्याणकारी राज्य की स्थापना करता है तो वह सामाजिक न्याय महत्वपूर्ण हो जाता है। इसी न्याय की स्थापना के लिए जो जातियां, वर्ग सक्षम है उन्हें तो सुविधाओं की आवश्यकता नहीं है परंतु जो जातियां सदियों से उपेक्षित शोषित व पीड़ित है, उन्हें संविधान द्वारा जो विशेष सुविधाएं प्राप्त होती है वह आरक्षण कहलाती है। भारत में आरक्षण ब्रिटिश सरकार के समय से 1850 के एक्ट में लागू किया। तदुपरांत सन 1902 में शाहुजी महाराज द्वारा अस्पृश्य वर्गों के लिए आरम्भ किया गया, बाद में सन 1925 कराची अधिवेशन सन 1928 के नेहरू रिपोर्ट 1935 के एक्ट तथा सन 1950 के संविधान में दलित वर्ग के आरक्षण की व्यवस्था की गई। आरक्षण को धरातल पर पहुंचाने के लिये कई अनुबंध, कमीशन व कमेटियों ने अपनी रिपोर्ट पेश की। कई चुनौतियां भी दी, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में आरक्षण प्राप्त हुआ जिसका लाभ प्रत्येक जाति व समाज लेना चाहता है, चाहे एक वह अगड़ी जाति हो या पिछड़ी हो आरक्षण एक राजनैतिक हथकंडा बन चुका है, जो राष्ट्र के लिए घातक है। सही मायने में आरक्षण, पदोन्नति में रोस्टर का लाभ उन्हें मिलना चाहिए जो आज भी हासिये पर है। अस्पृश्यता से कलंकित है, और आज के समय में भी समाज में इज्जत पाने के लिये संघर्ष कर रहें है। चाहे दलित हो, महिलाएं हो या दिव्यांग हो इन उपेक्षित वर्गो को जब वास्तविक आरक्षण प्राप्त होगा तभी सामाजिक न्याय की स्थापना होगी।

मीडिया सर्वदा पक्षपात रहित समझा जाता है, परंतु वर्तमान समय में भारत में मीडिया कई प्रकार के पूर्वागृही से ग्रसित है, लोकतंत्र के पहले दो स्तम्भ विधायिका तथा कार्यपालिका में तो दलितों की उपस्थिति है, परंतु चौथे स्तम्भ प्रेस मीडिया पर अभी भी कथित सवर्णों का एकाधिकार है। न्यायपालिका की भी कमोवेश यही स्थिति है। देश के शीर्षस्थ पत्रकारों से लेकर छोटे पत्रकार तक के मान-मूल्यों को ताक पर रखकर जातीय आधार पर पक्षपात किया जाता है।

**दलित जनप्रतिनिधियों की उदासीनता-** पूना पैक्ट करने की विवशता से संयुक्त निर्वाचन व्यवस्था ने दलितों को सवर्ण का गुलाम बना दिया। इस व्यवस्था से आरक्षित सीटों पर जो दलित विधायक एवं सांसद चुने जाते हैं, वे वास्तव में दलितों द्धारा न चुने जाकर विभिन्न दलों एवं सवर्णों द्धारा चुने जाते हैं जिन्हें उनका गुलाम बंधुआ बनकर रहना पड़ता है। सभी राजनीतिक दल गुलाम मानसिकता को ऐसे प्रतिनिधियों पर कड़ा नियंत्रण रखती है और पार्टी लाइन के विरूद्ध किसी भी दलित मुद्दे को उठाने या बोलने की इजाजत नहीं देती यही कारण है लोकसभा में विभिन्न पार्टियों दलित प्रतिनिधि होते हुए भी दलित मुद्दों पर आवाज नहीं उठती है। ये सिर्फ पार्टी, एजेंडे के लिए काम करते हैं।

**दलित एकता का अभाव-** डॉ. अम्बेडकर का नारा था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो चरितार्थ तो हो रहा है फिर भी कुछ कमियां है, जैसे शिक्षा का स्तर भी बढ़ रहा है और संघर्ष भी जारी है, लेकिन यह दुर्भाग्य है कि एक मजबूत संगठन एवं एकता का अभाव है इसका कारण दलित समाज इस तरह से बंटा हुआ है। पहला वर्ग अशिक्षित लोगों का है जो उत्पीड़न अस्पृश्यता सह रहा है, ये लोग पूर्वागृही व भाग्यवादी है, इनमें चेतना का अभाव है। दूसरा वर्ग अधिकारी व कर्मचारियों का है जो अनुमानित 15 फीसदी लोग समाज सुधार के कार्यों में भाग लेते हैं इनके अलावा 15 फीसदी के अतिरिक्त जो है वे लोग व्यक्तिगत जीवन, संपत्ति संग्रहण एवं विलासितापूर्ण जीवन जी रहे हैं ये उच्च वर्ग की नकल कर अपनी मूल जाति, समाज, संस्कृति से ही घृणा करता है। इनकी अपने दलित समाज में भूमिका नगण्य है।

**सुझाव:**

1. भारतीय हिन्दु समाज की मानसिकता में परिवर्तन जब आयेगा जब यह जातीय विसंगतियां दूर होगी क्योंकि राजनीतिक जनतंत्र को सामाजिक जनतंत्र बनाना होगा। स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे जीवन मूल्यों की प्राप्ति हो पायेगी।
2. आरक्षण, पदोन्नति की आवश्यकता आज केवल दलितों स्त्रियों एवं दिव्यांगों को है।
3. दलित जनप्रतिनिधि जब संविधान की शपथ लेते हैं तो उन्हें संविधान के अनुरूप ही कर्त्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।
4. दलित वर्ग की पूर्ण संगठित एकता आवश्यक है।
5. मीडिया की निष्पक्षता होना आवश्यक है।

**निष्कर्ष-** राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019-20 की अपेक्षा 2021 में दलितों के खिलाफ अपराध बढ़ा है। कभी दलितों के घर जलाये जाते हैं कभी उच्च शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों को जातीय भेद के कारण आत्महत्या के लिए मजबूर किया जाता है। कभी घोड़ी बैठने नहीं दिया जाता है, कभी मंदिरों में घूसने पर पिटाई होती है। कभी छोटे मासूम बच्चे को भूल से मटके से पानी पीने पर जान से मार दिया जाता है। दलितों पर घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं हांलाकि कुछ सुधार भी हुए हैं, दलित समाज की अंधेरी बंद कोठरियों में रोशनी की कुछ किरणें पहुंची है जिसमें सोशल मीडिया, अजाक्स, भीम आर्मी जैसे सामाजिक संगठनों द्धारा सामाजिक कार्य किया जा रहा है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. तिवारी, संदीप, 'दलित सामाजिक राजनीतिक एवं आर्थिक विश्लेषण', पब्लिकेशन सृष्टि बुक डिस्ट्रीब्यूटर्स नई दिल्ली, संस्करण-2015, पृष्ठ क्र. 6-17 व 37
2. सांपला, बी. आर.; पूना पैक्ट पब्लिकेशन्स सम्यक प्रकाशन 32/3 पश्चिमपुरी नई दिल्ली-110063 पृष्ठ क्र.-13
3. अम्बेडकर, भीमराव ; स्वराज की दिशा, म. प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल अनुवादक प्रोफेसर माधव जाउलकर 2021 पृष्ठ क्र.-05 व 55
4. अम्बेडकर, भीमराव, अस्पृश्यता, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल बी. आर. अम्बेडकर अनुवादक एन.एल. खण्डेलवाल, 2021 पृष्ठ .क्र. 103-109 तक
5. बैरया, मोहनसिंह; समकालीन परिदृश्य दलित साहित्य की अभिव्यक्ति, शोध-प्रबंध कोटा विश्वविद्यालय, सन 2019

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# Role of Plants on Mankind Special Reference to Health Issues

**Dr. Dinisha Malviya***

***Assistant Professor (Botany) Govt. P.G. College, Sehore (M.P.) INDIA**

**Abstract** - The down of civilization plants and men are closely associated with each other, since the time immemorial. In this blue planet( Earth) we can't imagine our life without plants. plants play a vital role in human life specially in health care. This present paper deal role of plants on human health.
**Key words-** Plant., Human, diseases.

**Introduction -** Plants & mankind relationship is immemorial, It is seen at every level like ecological, biological, social, cultural and economical level .Three basic needs of mankind is ***Roti kapra*** Aur Makan (bread, cloth and shelter) for the fulfillment of our basic needs and others we depends on the plants.There is no single aspect of human life, where the plants don't play a direct are indirect role, even today plants are being utilised by our society in three most important Phases of human life ,janam paran and Maran (birth marriage and death)tThis fact itself Prove the utility of plants in our life.Plants provide economical environment and health benefits that sustain life on earth .plants are the main source of medicine in developing countries. Medicinal plants are regarded as rich sources of traditional medicine. Some plants have been found to possese significance antibacterial, antifungal anti-directic , inflammatory Anti Diabetic, and anti-cancer properties medicinal plant have been used in Healthcare since immemorial time, plants play a vital role to cure of various human diseases.

**Discussion:** Herbal medicine is widely practiced from ancient period throughout the world.These medicines are safe and environmental friendly .According to WHO about 80% of the worlds populations relies on traditional medicine for their Primary Health Care India being one of the world 12th mega bio diversity country. About 90% of the herbs and medicinal plant in India are collected from the forest. India is also the land of Ayurveda is recognised the world over as a rich source of medicine and aromatic plants .Medicinal plants have provided mankind the large variety of potent drugs to eradicate infection and suffering from disease.The use of plant based drug all over world is increasing the importance of plant in traditional medicine and as a raw material in pharmaceutical industries. Therefore be over emphasized herbal uses to treat of several diseases is almost universal among non industrial societies some important hebal plants, which are useful to cure various diseases given below with their medicinal properties .

**1. Tulsi**
**Botanical name**:-(***Ocimum sanctum Linn.)***
*Family:- Lamiaceae*
It is an annual herb.
Medicinal uses:- cough cold bronchitis Malaria fever.
Status :least concern

**2. Indranav**
**Botanical name:-(*Wrightia arborea Linn.)***
Family:- Apocynaceae
it is a deciduous plant
medicinal use:- bark is useful in Snake bite.
Status:- vulnerable

**3. Jamalbatti**
**(Botanical name:- *Bridelia retusa (Linn).***
Family:-Euphorbiaceae
it is a tall deciduous tree
medicinal uses:- bark of this plant is useful in diabetes.
Status:-least concern

**4. Khamer**
**Botanical name:-*(Gmelina arborea( Roxb).***
Family:- Verbenaceae
it is a 10 to 15 M tall tree. medicinal uses:-bark, leaves , seeds and fruits are useful in heart disease inflammatory rheumatism
Status:-near threatened

**5. Gorakh imali**
***Botanical name:-(Adensonia digitata(Linn.)***
Family:-Bombanaceae
it is a tall tree
Medicinal uses:- useful parts of fruit it is useful for fever vomiting diarrhoea.

Status:- vulnerable

**6 kalmegh**

**Botanical name:- andrographis paniculata(*Burm*.f..)**

family :- Acanthaceae

it is a annual herb

Medicinal uses:-diabetes tuberculosis liver disease

Status: vulnerable

**7. Jungali pyaj**

**Botanical name:- *Urginia Indica***

Family:- Liliaceae

It's tuberous annual herb

Medicinal uses :-heart disease scorpion bite

Status:- near threatened

**8. saja**

**Botanical name:-*Terminalia alata* (Roth)**

Family:-Combretaceae

Perinial Tall tree

Medicinal uses:-stomach ache

Status:-Near threatened

**9. Harrah**

**Botanical name:-Teminalia chebula (Retz.)**

Family:-Combretaceae

Tall tree

Medicinal uses:-wound healing gynecological problem

Status :-vulnerable

**10. kanghni**

**Botanical name:-*Abutilon indicum(Linn)***

*Family:-Malvaceae*

**11. Shrub**

Medicinal uses:-Piles, bronchitis

Status:-Near threatened

**Conclusion :** Plants have many properties for fulfillment of human needs plants are used worldwide for drugs formation therefore due to over exploitation plant species are being threatened therefore for fulfillment of our needs and cure to various diseases .we should use the plant for sustainable manner because in present scenario many countries are facing large increasing the number of diseases like blood pressure diabetes remedies cancer etc.So it is very needful to conserve plants species for our future needs and future generation by human society.

**References:-**

1. Garg A.K.,Faheem M.and Singh S. (2009.) Role of medicinal plants in human health disease.GargA.K., Mohammed F. Singh S. Asian journal of plant science and research.
2. Singh R.and A.K .Agrawal( 2005) Medicinal plant of district Gurgaon. *Flora and fauna*
3. Mishra R.C. Mishra A. Mishra B.K. and A. Dixit .(2006 )Biodiversity of medicinal plants along the bank of river Ganga's . *Advance in medicinal plant*
4. Malviya D. (2009):- Ethano Botanical studies of Udaipura Tehsil of Raisen district of M.P. with special reference to wound healing plants. *Thesis B. U.Bhopal*
5. DubeyP.C.,Sikarwar R.L.S.;Khanna K.K., Saxena R.N.,& Tiwari A.P.(2008):-vindhya ki aushdhiy avam durlabh vanaspatiya;*van vibhag anusandhan avam vistar Britt Rewa*.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# Significance on Physicochemical Properties of Soil for Soil Quality Assessment

**Harish Raghunath Khairanar* Dr. Pramod Pandit** Dr.Dhananjay Dwivedi*****

*Research Scholar, Devi Ahilya Vishwa Vidyalaya, Indore (M.P.) INDIA
** Principal, Government New Model College, Barwani, Indore (M.P.) INDIA
*** Professor (Chemistry) P.M.B.Gujarati Science College, Nasiya Road, Indore (M.P.) INDIA

**Abstract -** Without knowing the condition of the soil,we are using chemical fertilizers.Do you know this is deteriorating the soil quality and degrading the land.Until and unless the soil quality is good, how can we expect better crop production.Therefore the studies on physicochemical properties of soil is very important because both physical and chemical properties affect the soil quality and it's productivity.This physico-chemical study of soil is based on various parameters like pH, CEC, Electrical Conductivity, Texture, Moisture,Structure,Porosity, Permeability, Water Holding Capacity, Soil Organic matter, sodium, available Nitrogen, Phosphorus and Potassium.The study of physicochemical properties of soil is important for soil management and proper plant growth. There is great need to investigate the physicochemical properties of soils for agricultural and environmental purposes. Nitrogen,Phosphorus and Potassium ratio is an important indicator in crop production.The food productivity and environmental quality is dependent on the physicochemical properties of soil,so it is very important to know the basic knowledge about the physico-chemical properties of soil.

**Keywords-** Chemical fertilizer, Soil quality, Physicochemicalproperties of soil, Balance fertilization.

**Introduction -** Soil chemistry is the branch of soil science that deals with the chemical composition,chemical properties,and chemical reactions of soil.(9)Soil is the layer(s) of generally loose mineral and/or organic material that are affected by physical,chemical, and/or biological processes at or near the planetary surface and usually hold liquids,gases,and biota and support plants.(30)Soil differs from the parent material in the morphological, physical, chemical and biological properties.Thus some soils are red, some are black; some are deep and some are shallow; some are coarse-textured and some are fine-textured. They serve in varying degree as a reservoir of nutrients and water for crops, provide mechanical anchorage and favorable tilth.All plants require major and micro nutrients to be freely available in soil and ready to be absorbed by them.The nitrogen plays an important role in carbohydrate utilization. Phosphorous in energy transformation and potassium in enzymes activation, osmotic regulation and protein synthesis.(25)Nitrogen, Phosphorus and Potassium ratio is an important indicator in crop production that identifies balanced and unbalanced fertilization. Hence, balanced fertilizer application are important for high crop yield.(20)Good quality of soil not only support the growth of plant but it also prevent the air and water pollution by resisting the soil erosion and by degrading and immobilizing the agricultural chemicals and other potential waste.(24)That's why soil quality assessment is important for agro sustainable development and environment protection purposes. A study of soil profile supplemented by Physicochemical and biological properties of the soil will give full picture of soil quality,soil fertility and productivity.

**Soil is a dynamic medium:** Soil as a medium of unconsolidated nutrients and materials, forms a top thin layer of earth's crust that is biologically active and provide a medium for plant growth.(16) Soil is a valuable natural resource which is composed of various minerals, organic matters, air, water, mass of micro and macro organisms and broken rocks which have been altered by environmental reactions.(11) It is a key component of the Earth System since it controls the hydrological, ecological, biological, and geochemical cycles.(22)Understanding of soil chemical reaction and processes is essential for developing innovative resource management strategies and understanding and regulating the behavior of the terrestrial ecosystem at regional and global scale.(26)

**The modern concept of the Soil Quality:** The modern concept of the soil quality is its ability to support ecosystem functions, to sustain biological productivity, to maintain environmental quality, and to promote plant, animal, and human health.(36)So soil testing is one of the good diagnostic tools to evaluate soil quality. Organic matter content and physiochemical parameter determine the soil quality which

ultimately affected by changes in soil condition.[10] For the soil quality investigation a combination of chemical, physical and biological properties and indicator values can be combined with the quantifiable soil quality index (SQI).[2]

**Degradation of agricultural soil:** It has been observed that where soil is lost, civilization goes with it. Today, soil is as essential for the production of food, shelter, fiber and fuel.Soil fertility is an important factor, which determine the growth of plant. It is depends on the concentration of N,P,K organic and inorganic materials, micronutrients and water. In general soil chemical fertility and in particular lack of nutrient inputs is a major factor in soil degradation.[15]Soil pollution is one of the major problems that threatens plant and people's lives, like seepage from landfills or solid waste, discharge of industrial waste into the soil, percolation of contaminated water into the soil, rupture of underground storage tanks or excess application of pesticides or fertilizers.[27]The change in physico chemical properties of soil leads to infertile or barren soil that does not support normal growth of vegetation for years.[19]Pollution may eventually result in a negative influence on plants, animals and humans through the food chain.[21]

**Role ofPhysicochemical properties in Soil Quality:**

***pH*:** The pH value of soil is a measure of soil acidity or alkalinity, soil pH directly affects nutrients availability. pH is an important parameter as it help in ensuring availability of plants nutrients eg. Fe, Mn, Zn and Cu are more available in acidic than alkaline soils.[8] It is also an indicator of plant and other living organism, available nutrients, cation exchange capacity and organic matter content.[13]

**शिकायत–** पीड़ित महिलाएं घटना की तारीख से तीन महीने की अवधि के भीतर यौन उत्पीड़न की लिखित शिकायत कर सकती हैं। यदि घटनाओं की एक श्रृंखला होती है, तो पीड़ित महिला को अंतिम घटना की तारीख से 3 महीने की अवधि दी जाती है। यदि ऐसी परिस्थितियाँ हैं जो महिलाओं को लिखित शिकायत दर्ज करने से रोकती हैं, तो समिति समय सीमा को तीन महीने से अधिक नहीं बढ़ा सकती है।

लेकिन जांच शुरू करने से पहले कमेटी महिला और आरोपी के बीच सुलह के जरिए मामले को सुलझाने के लिए कदम उठाएगी। इसका अपवाद यह है कि मौद्रिक निपटान को सुलह का आधार नहीं बनाया जाना चाहिए। यदि कोई समझौता हो गया है, तो समिति समझौते को रिकॉर्ड करेगी और सिफारिश में निर्दिष्ट कार्रवाई के लिए नियोक्ता या जिला अधिकारी को भेज देगी।

घरेलू कामगार के मामले में, स्थानीय समिति, यदि प्रथम दृष्टया मामला मौजूद है, भारतीय दंड संहिता की धारा 509 और उक्त के किसी भी अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज करने के लिए सात दिनों की अवधि के भीतर पुलिस को शिकायत अग्रेषित करेगी। कोड जहां लागू हो। लेकिन ऐसे मामले में जहां दोनों पक्ष कर्मचारी हैं, उन्हें सुनवाई का अवसर दिया जाएगा और निष्कर्ष की प्रति दोनों पक्षों को उपलब्ध कराई जानी चाहिए ताकि वे समिति के समक्ष निष्कर्षों के खिलाफ प्रतिनिधित्व कर सकें। जहां आंतरिक समिति या स्थानीय समिति इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि प्रतिवादी के खिलाफ आरोप साबित हो गया है, वह नियोक्ता या जिला अधिकारी को यौन उत्पीड़न के लिए लागू सेवा नियमों के प्रावधानों के अनुसार दुर्व्यवहार के रूप में कार्रवाई करने की सिफारिश करेगी। प्रतिवादी को या जहां ऐसा कोई सेवा नियम नहीं बनाया गया है, ऐसे तरीके से जो निर्धारित किया जा सकता हैय या अधिनियम की धारा 15 के प्रावधानों के अनुसार पीड़ित महिला या उसके उत्तराधिकारियों को भुगतान करने के लिए।

**ऑनलाइन शिकायत–** यौन उत्पीड़न मइलेक्ट्रॉनिक बॉक्स (एसएचई–बॉक्स) यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायत के पंजीकरण की सुविधा के लिए, संगठित या असंगठित, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाली हर महिला को सिंगल विंडो एक्सेस प्रदान करने का एक प्रयास है। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का सामना करने वाली कोई भी महिला इस पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। एक बार शिकायत 'शी–बॉक्स' में जमा हो जाने के बाद, इसे सीधे संबंधित प्राधिकारी को भेजा जाएगा, जिसके पास मामले में कार्रवाई करने का अधिकार होगा।

**प्रकाशन का निषेध–** यह नोटिस करना महत्वपूर्ण है कि पीड़ित महिला, प्रतिवादी, और गवाहों की पहचान और पते या सुलह और जांच की कार्यवाही से संबंधित कोई भी जानकारी जनता या प्रेस को किसी भी तरह से प्रकाशित, संप्रेषित या ज्ञात नहीं होगी। केवल अधिनियम के माध्यम से न्याय प्राप्त करने के बारे में जानकारी का खुलासा या संचार किया जा सकता है। इसलिए, ऐसी कोई भी जानकारी प्रकट करने का इरादा नहीं है जिससे गवाह या पीड़ित महिलाओं की पहचान का खुलासा हो। अधिनियम के उल्लंघन में, ऐसा व्यक्ति सेवा नियमों के अनुसार और सेवा नियमों की अनुपस्थिति में, निर्धारित तरीके से दंड के लिए उत्तरदायी होगा।[4]

यह अधिनियम नियोक्ता और जिला अधिकारी के कर्तव्यों को भी निर्धारित करता है जिसमें एक सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करना, कार्यशालाओं का आयोजन, और जागरूकता कार्यक्रम, समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की निगरानी आदि शामिल हैं। यदि नियोक्ता निम्नलिखित

कर्तव्यों का पालन करने में विफल रहता है, तो वह उत्तरदायी होगा एक जुर्माने के लिए जो पचास हजार रुपये तक हो सकता है।

**समंक संग्रहण –** प्रस्तुत अध्याय में जबलपुर में असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत कार्यरत महिलाओं पर विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। उनके विधिक ज्ञान से सम्बंधित अध्ययन असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं में से 128 महिलाओं का चयन यादृक्षिक (Random) विधि के आधार पर किया गया, चयनित महिलाओं से सम्पर्क स्थापित कर महत्वपूर्ण सूचनाओं का संकलन किया गया तथा शोधार्थी द्वारा महिलाओं से प्रश्नावली अनुसूचियों को भरवाया गया और इसके माध्यम से आवश्यक सूचनाओं को प्राप्त किया गया। अनेक महिलाओं द्वारा स्वयं प्रश्नावली अनुसूची भरने में असमर्थता प्रकट की गयी, क्योंकि इनमें से कुछ कम पढ़ी लिखी अशिक्षित थी जबकि कुछ महिलाओं ने स्वयं लिखकर प्रश्नावली अनुसूची को भरा। प्रश्नावली अनुसूची का विश्लेषण करने के उपरान्त जो तथ्य प्रकट हुए हैं, उनका विवरण व विश्लेषण यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है। यहाँ पर जबलपुर की असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के ज्ञान के विश्लेषण पर ही अध्ययन केन्द्रित किया गया है। तालिकाओं एवं आरेखों द्वारा चयनित महिलाओं के विश्लेषण पर प्रकाश डाला गया है।

**उद्देश्य:**

1. अंसगठित क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं के सशक्तिकरण को प्रभावित करने वाले कारकों की पहचान करना।
2. अंसगठित क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं में विधि ज्ञान द्वारा हुये परिवर्तनों को ज्ञात करना।

**उपकल्पना:**

1. कार्यस्थल पर शोषण असंगठित क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं की प्रगति में अवरोध है।

प्रस्तुत शोध–पत्र में असंगठित क्षेत्र की महिला श्रमिकों से सम्बंधित प्रमुख निर्णित वादों का विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया है।

**विशाखा एवं अन्य बनाम स्टेट ऑफ़ राजस्थान (1997)[5] –** इस मामले में उच्चतम न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की पीठ ने श्रमजीवी महिलाओं के प्रति काम के स्थन में होने वाले यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए जब तब कि इस प्रयोजन के लिए विधान नहीं बन जाता है, विस्तृत मार्गदर्शक सिद्धांत विहित किया है। न्यायालय ने ये कहा कि देश की वर्तमान सिविल विधियाँ या आपराधिक विधियाँ काम के स्थान पर महिलाओं के यौन शोषण से बचाने के लिए पर्याप्त संरक्षण प्रदान नहीं करती हैं और इसके लिए विधि बनाने में काफी समय लगेगा। अत: जब तक विधान मण्डल समुचित विधि नहीं बनाता है, न्यायालय द्वारा विहित मार्गदर्शक सिद्धांत को लागू किया जाएगा। न्यायालय ने ये निर्णय दिया कि प्रत्येक नियोक्ता या अन्य व्यक्तियों का ये कर्तव्य है कि काम के स्थान या अन्य स्थानों में चाहे प्राइवेट हो या पब्लिक, श्रमजीवी महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए समुचित उपाय करें। इस मामले में महिलाओं के अनुच्छेद 14, 19 और 21 में प्रदत्ता मूल अधिकारों को लागू कराने के लिए विशाखा नाम की एक गैर सरकारी संस्था ने लोक हितवाद न्यायालय में फाइल किया था। याचिका फाइल करने का तात्कालीन कारण राजस्थान राज्य में एक सामाजिक महिला कार्यकर्ता के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना थी। न्यायालय ने निम्नलिखि निर्देश दिए –

1. सभी नियोक्ता या अन्य व्यक्ति जो काम के स्थान के प्रभारी हैं, चाहे वह प्राइवेट क्षेत्र में हो या पब्लिक क्षेत्र में, अपने सामान्य दायित्वों के होते हुए महिलाओं के प्रति यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए समुचित कदम उठाना चाहिए।

(अ) यौन उत्पीड़न पर अभिव्यक्त रोक लगाना जिसमें निम्न बातें शामिल हैं – शारीरिक सम्बंध और प्रस्ताव, उसके लिए आगे बढ़ना, यौन सम्बंध के लिए मांग या प्रार्थना करना, यौन सम्बंधी छींटाकशी करना, अश्लील साहित्य या कोई अन्य शारीरिक, मौखिक या यौन सम्बंधी मौन आचरण को दिखाना आदि।

(ब) सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के निकायों के आचरण और अनुशासन सम्बंधी नियम या विनियमों में यौन उत्पीड़न रोकने सम्बंधी नियम शामिल किया जाना चाहिए और ऐसे नियमों में दोषी व्यक्तियों के लिए समुचित दण्ड का प्रावधान किया जाना चाहिए।

(स) प्राइवेट क्षेत्र के नियोक्ताओं के सम्बंध में औद्योगिक नियोजन अधिनियम 1946 के अधीन स्टैण्डिंग ऑर्डर में ऐसे निषेधों को शामिल किया जाना चाहिए।

(द) महिलाओं को काम, आराम, स्वास्थ्य और स्वास्थ्य विज्ञान के सम्बंध में समुचित परिस्थितियों का प्रावधान होना चाहिए। और ये सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि महिलाओं को काम के स्थान में कोई विद्धेषपूर्ण वातावरण न हो और न उनके मन में ऐसा विश्वास करने का कारण हो कि वह नियोजन आदि के मामले में अलाभकारी स्थिति में है।

2. जहाँ ऐसा आचरण भारतीय दण्ड संहिता या किसी अन्य विधि के अधीन विशिष्ट अपराध होता हो तो नियोक्ता को विधि के अनुसार उसके विरुद्ध समुचित प्राधिकारी को शिकायत करके समुचित कार्यवाही प्रारम्भ करनी चाहिए।

3. यौन उत्पीड़न की शिकार महिला को अपना या उत्पीड़नकर्ता का स्थानांतरण करवाने का विकल्प होना चाहिए।

न्यायालय ने कहा कि किसी वृत्ति, व्यापार या पेशा के चलाने के लिए सुरक्षित काम का वातावरण होना चाहिए। 'प्राण के अधिकार' का तात्पर्य मानव गरिमा से जीवन जीना है। ऐसी सुरक्षा और गरिमा की सुरक्षा को समुचित कानूनों द्वारा सुनिश्चित कराने तथा लागू करने का प्रमुख दायित्व विधान मण्डल और कार्यपालिका का है। किंतु जब कभी न्यायालय के समक्ष अनुच्छेद 32 के अधीन महिलाओं के यौन उत्पीड़न का मामला लाया जाता है तो उनके मूल अधिकारों की संरक्षा के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत विहित करना, जब तक कि समुचित विधान नहीं बनाए जाते, उच्चतम न्यायालय का संविधानिक कर्तव्य है।

यह निर्णय निश्चित रूप से श्रमजीवी महिलाओं को उनके काम के स्थान में बहुत प्रभावी संरक्षण प्रदान करने में सहायक होगा, जबकि सरकार विगत 50 वर्षो से केवल ऐसा करने की घोषणा ही करती रही और सम्भवत: आगे भी करती रहेगी।[6]

**अपारल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल बनाम ए.के. चोपड़ा (1999)[7]** का मामल पहला मामला है जिसमें उच्चतम न्यायालय द्वारा विशाखा बनाम राजस्थान राज्य के मामले में विहित सिद्धांतों को लागू किया गया और यौन शोषण के लिए दोषी पाए गए एक कम्पनी में नियुक्त उच्च अधिकारी को सेवा से निकाल दिया गया। इस मामले के तथ्य इस प्रकार थे – अपीलार्थी अपारल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का निजी सचिव था। उसने कंपनी की

एक महिला कर्मचारी जो क्लर्क और टाइपिस्ट के पद पर कार्यरत थी, के साथ छेड़खानी करने का प्रयास किया। वह श्रुतलेखन के लिए प्रशिक्षित नहीं थी। अपीलार्थी ने जोर दिया कि वह ताज होटल में कंपनी के चेयरमेन के श्रुतलेख लेने के लिए उसके साथ जाए और उसे टाइप करे। उसके दबाव के कारण वह उसके साथ ताज होटल गई। जब वह चेयरमेन के आने के लिए प्रतीक्षा कर रही थी, अपीलार्थी ने उससे सटकर बैठने का प्रयास किया और महिला कर्मचारी के द्वारा आपत्ति किए जाने के बावजूद अपीलार्थी आपत्तिजनक व्यवहार से बाज नहीं आया। निदेशक से श्रुतलेख लेने के पश्चात् प्रत्यर्थी ने उसे ताज होटल के बिजनेस सेंटर में जो होटल के तहखाने में स्थित था, जाकर टाइप करने को कहा। वहाँ जाकर अपीलार्थी एकांत देखकर पुन: छेड़खानी का प्रयास करने लगा। मिस एक्स ने पूरी घटना को चेयरमेन से बताया और उसकी लिखित शिकायत भी की। प्रत्यर्थी को निलंबित कर दिया गया और उसे इस सम्बंध में आरोप पत्र दिया गया। प्रत्यर्थी ने अपने विरुद्ध लगाए गए आरोपों को निराधार और काल्पनिक बताया। जाँच अधिकारी ने उसके विरुद्ध आरोप को सही पाया और कंपनी ने उसे नौकरी से निकाल दिया। उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि प्रत्यर्थी का आचरण अपने अधीनस्थ महिला कर्मचारी के प्रति नैतिकता, सदाचार के मानदण्डों के सर्वदा विपरीत था तथा उसके सतीत्व पर आक्रमण और उसका आचरण यौन शोषण था। ऐसे मामलों में वास्तविक रूप से छेड़खानी करना या शारीरिक स्पर्श आवश्यक नहीं है। प्रस्तुत मामले के सभी तथ्यों को मिलाकर देखने से यही निष्कर्ष निकलता था कि प्रत्यर्थी का आचरण एक सभ्य व्यक्ति का आचरण नहीं था और उसका कृत्य शोषण था। अत: नौकरी से उसे पदच्युत करने का दण्ड सर्वदा विधिमान्य था। न्यायालय ने कहा कि कार्य के स्थान पर यौन शोषण की प्रत्येक घटना से महिला कर्मचारी के अनुच्छेद 21 और 14 में प्रदत्ता मूल अधिकारों का उल्लंघन होता है और उसे रोकने का पूरा प्रयास किया जाना चाहिए। मानव अधिकारों की अवलेहना के के मामले में न्यायालयों को अंतर्राष्ट्रीय प्रलेखों तथा कन्वेंशंस के अस्तित्व के प्रति जागरूक रहना चाहिए और उन्हें पूरी तरह से लागू करना चाहिए। कन्वेंशन ऑन द एलीमिनेशन ऑल फॉर्म ऑफ डिस्क्रिमिनेशन अगेंस्ट विमेन 1979 और बीजिंग घोषणा पत्र दोनों अंतर्राष्ट्रीय प्रलेख सभी राज्यों को महिलाओं के प्रति भेदभाव रोकने तथा उनकी गरिमा एवं प्रतिष्ठा की रक्षा करने के लिए समुचित उपाय करने का निर्देश देते हैं।[8]

**मेघा कोतवाल लेले बनाम भारत संघ (2013)**[9] में लोकहितवादों के एक समूह में उच्चतम न्यायालय के समक्ष उठाई गई मुख्य शिकायत यह थी कि कार्य के स्थानों में महिलाएँ यौन उत्पीड़न से पीड़ित बनी हुई हैं तथा **विशाखा बनाम राजस्थान राज्य** में न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देश का अनुसरण तात्विक पालन के भंग में किया जा रहा था। महिला कर्मी अपने उत्पीड़न के लिए विधिक और विधिकेत्तर ढंगों से अपमानित तथा अमर्यादित हो रही थीं। यौन उत्पीड़न के कुछ मामलों को सामने लाते हुए मुख्य केंद्रबिंदु विशाखा के मामले में दिए गए निर्देशों के प्रभावी ढंग से लागू करने के अभाव पर था। अदालत को विशेष रूप से यह देखने की आवश्यकता थी कि क्या प्रत्येक राज्य सरकार ने विशाखा दिशानिर्देशों और अदालत के अन्य आदेशों के अनुसार प्रक्रिया एवं नीति में आवश्यक परिवर्तन किए हैं। यह माना गया कि विशाखा दिशानिर्देशों को महिला कर्मचारियों को गरिमा, शालीनता और उचित सम्मान के साथ काम करने के लिए सुनिश्चित करके लैंगिक समानता लाने में मदद करने के लिए सारवान रूप में लागू किया जाना चाहिए। विशाखा दिशानिर्देशों के अनुसार एक संगठन के नियोक्ता और अन्य महत्वपूर्ण अधिकारियों, दोनों को दिशानिर्देशों का पालन करने और महिला कर्मचारियों के प्रति यौन उत्पीड़न को रोकने में सहायता करने की आवश्यकता थी। उच्चतम न्यायालय ने तीन न्यायाधीशों की न्यायपीठ द्वारा न्यायाधीश आर.एम. लोढ़ा के माध्यम से निम्नलिखित निर्देश तब तक के लिए दिए जब तक कि उनकी जगह पर विधायी अधिनियम न हो जाए –

1. राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक राज्य में की गई हरेक शिकायत को सुनने के लिए पर्याप्त शिकायत समितियाँ बनाई गई हैं और इन समितियों की अध्यक्षता एक महिला द्वारा की जानी चाहिए।
2. यह सुनिश्चित करने के लिए कि विशाखा दिशानिर्देशों का प्रभावी कार्यान्वयन हो रहा है, राज्य के अधिकारियों द्वारा उपर्युक्त तंत्र बनाया जाना चाहिए।
3. यह सुनिश्चित करने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया का कर्तव्य होगा कि देश में सभी बार एसोसियेशन और राज्य बार काउंसिल के साथ पंजीकृत व्यक्ति विशाखा दिशानिर्देशों का पालन करें, इसी तरह हर दूसरे राष्ट्रीय संस्थान को भी अपने कार्यस्थलों में विशाखा दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।

अंत में सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि विशाखा दिशानिर्देशों का पालन न करने के मामले में पीड़ित व्यक्ति सम्बंधित राज्य के उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं।[10]

**विश्लेषण तथा अध्ययन –** प्रस्तुत शोध-पत्र में अंसगठित क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु प्रावधानों के तहत कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के संम्बध में महिलाओं की जानकारी से सम्बंधित प्राथमिक अध्ययन तथा विश्लेषण जबलपुर में किया गया, जिसके परिणाम निम्नानुसार प्रस्तुत हैं –

**तालिका 1: क्या असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को कार्यस्थल पर शोषण का सामना करना पड़ा ?**

| **क्या असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को कार्यस्थल पर शोषण का सामना करना पड़ा ?** | **प्रतिक्रिया** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|
| हाँ | 705 | 69.53 |
| नहीं | 309 | 30.47 |
| **योग** | **128** | **100.00** |

**स्रोत :**-प्राथमिक सर्वेक्षण



RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

**आरेख 1: क्या असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को कार्यस्थल पर शोषण का सामना करना पड़ा ? (प्रतिशत)**

उपरोक्त तालिका एवं आरेख से दृष्टव्य है कि कुल चयनित 128 उत्तरदाताओं में से 705 (69.53 प्रतिशत) महिलाओं ने कहा कि उन्हें कार्यस्थल पर शोषण का सामना करना पड़ा। वहीं 309 (30.47 प्रतिशत) महिलाओं ने कहा कि उन्हें कार्यस्थल पर शोषण का सामना नहीं करना पड़ा।

**तालिका 2: क्या कभी आपको कार्यस्थल पर दैहिक शोषण का सामना करना पड़ा?**

| **क्या कभी आपको कार्यस्थल पर दैहिक शोषण का सामना करना पड़ा?** | **प्रतिक्रिया** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|
| हाँ | 44 | 34.38 |
| नहीं | 61 | 47.66 |
| कभी-कभी | 23 | 17.97 |
| **योग** | **128** | **100.00** |

**स्रोत :**-प्राथमिक सर्वेक्षण




**आरेख 2: क्या कभी आपको कार्यस्थल पर दैहिक शोषण का सामना करना पड़ा? (प्रतिशत)**

उपरोक्त तालिका एवं आरेख से दृष्टव्य है कि कुल चयनित 128 उत्तरदाताओं में से 44 (34.38 प्रतिशत) महिलाओं ने कहा कि उन्हें कार्यस्थल पर दैहिक शोषण का सामना करना पड़ा। 61 (47.66 प्रतिशत) महिलाओं ने कहा कि उन्हें कार्यस्थल पर दैहिक शोषण का सामना नहीं करना पड़ा। वहीं 23 (17.97 प्रतिशत) महिलाओं ने कहा कि उन्हें कार्यस्थल पर दैहिक शोषण का सामना कभी-कभी करना पड़ा।

**तालिका 3: क्या आपको महिला की सुरक्षा से सम्बंधित कानून (कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न) की जानकारी है ?**

| **क्या आपको महिला की सुरक्षा से सम्बंधित कानून (कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न) की जानकारी है ?** | **प्रतिक्रिया** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|
| हाँ | 24 | 18.75 |
| नहीं | 50 | 39.06 |
| आंशिक रूप से | 54 | 42.19 |
| **योग** | **128** | **100** |

**स्रोत :**-प्राथमिक सर्वेक्षण

**आरेख 3: क्या आपको महिला की सुरक्षा से सम्बंधित कानून (कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न) की जानकारी है ? (प्रतिशत)**




उपरोक्त तालिका एवं आरेख से दृष्टव्य है कि कुल चयनित 128 उत्तरदाताओं में से 24 (18.75 प्रतिशत) महिलाओं ने कहा कि उन्हें महिला की सुरक्षा से सम्बंधित कानून (कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न) की जानकारी है। 50 (39.06 प्रतिशत) महिलाओं ने कहा कि उन्हें महिला की सुरक्षा से सम्बंधित कानून (कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न) की जानकारी नहीं है। वहीं 54 (42.19 प्रतिशत) महिलाओं ने कहा कि उन्हें महिला की सुरक्षा से सम्बंधित कानून (कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न) की आंशिक रूप से जानकारी है।

**परिकल्पना का सत्यापन**

**परिकल्पना** -कार्यस्थल पर शोषण असंगठित क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं की प्रगति में अवरोध है।

| **ता. क्र.** | **विषय** | **नकारात्मक प्रतिक्रिया प्रतिशत** | **सकारात्मक प्रतिक्रिया प्रतिशत** |
|---|---|---|---|
| 1 | क्या असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को कार्यस्थल पर शोषण का सामना करना पड़ा | 70 | 30 |
| 2 | क्या कभी आपको कार्यस्थल पर दैहिक शोषण का सामना करना पड़ा | 52 | 48 |
| 3 | क्या आपको महिला की सुरक्षा से सम्बंधित कानून (कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न) की जानकारी है | 39 | 61 |
| | **औसत प्रतिशत** | **54** | **46** |

उपरोक्त तालिका क्रमांक 1, 2 एवं 3 में प्राप्त अभिमतों के द्वारा स्पष्ट है कि उत्तरदाताओं द्वारा 46 प्रतिशत सकारात्मक प्रतिक्रियाएँ कार्यस्थल पर शोषण असंगठित क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं की प्रगति में अवरोध है इस सम्बंध में प्राप्त हुई हैं तथा 54 प्रतिशत प्रतिक्रियाएँ नकारात्मक थीं जो प्रकट करती हैं कि कार्यस्थल पर शोषण असंगठित क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं की प्रगति में अवरोध होने के मध्य सकारात्मक सम्बंध है। अत: अध्ययन की परिकल्पना सत्यापित होती है कि कार्यस्थल पर शोषण असंगठित क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं की प्रगति में अवरोध है।

**उपसंहार-** अत: अध्ययन एवं विश्लेषण से स्पष्ट है कि लगभग 70 प्रतिशत महिला उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि उन्हें कार्यस्थल पर शोषण का सामना करना पड़ा है। इसमें भी शहरी क्षेत्र की उत्तरदाता अधिक संख्या में हैं।

शिक्षा, जानकारी, कानून आदि के अभाव तथा सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति निम्न होने से कार्यस्थल पर शोषण की सम्भावनाएँ बढ़ती हैं। सुझाव के रूप में कहा जा सकता है कि इस सम्बंध में अधिनियम भी है तथा नियम एवं कानून भी सख्त हैं परंतु उनका पालन सख्ती से होना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। महिलाओं के लिए भी संवाद तथा जागरूकता बैठकें व शिविर आयोजित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए जिससे वे ऐसी कोई भी घटना होने पर उसकी शिकायत अवश्य करें।

लगभग 52 प्रतिशत महिला उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि उन्हें कार्यस्थल पर कभी न कभी दैहिक शोषण का सामना करना पड़ा है। इसमें भी शहरी क्षेत्र की उत्तरदाता अधिक संख्या में हैं। सामाजिक, आर्थिक अधिकारों की जानकारी न होने से कई बार सहकर्मी एवं नियोक्ता महिला कर्मियों का अनुचित लाभ लेने का प्रयत्न करते हैं और दैहिक शोषण करने से भी भयभीत नहीं होते। यह अत्यंत चिंताजनक स्थिति है जो असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को चिंतित एवं अवसादग्रस्त कर देती है। सुझाव स्वरूप वर्णित है कि विधिक स्तर पर ये सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि जिस भी संस्थान अथवा स्थान पर संदेह हो कि ऐसा कुछ हो सकता है, वहां कार्यरत महिलाओं को सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। साथ ही प्रचार-प्रसार के माध्यम से महिलाओं का जागरूक एवं प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि कानून उनके साथ है तो भयभीत होने की आवश्यकता किंचित भी नहीं है।

लगभग 61 प्रतिशत महिला उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि महिला की सुरक्षा से सम्बंधित कानून (कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न) की जानकारी किसी न किसी प्रकार से है। इसमें भी शहरी क्षेत्र की उत्तरदाता अधिक संख्या में हैं। कानून की जानकारी सकारात्मक तथ्य है परंतु 39 प्रतिशत उत्तरदाताओं को जानकारी न होना चिंता का विषय है। यह अनुचित कार्य करने वालों के उत्साह में वृद्धि कर सकता है। सुझाव यह दिया जा सकता है कि महिला की सुरक्षा से सम्बंधित कानून (कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न) की जानकारी न केवल असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिला कामगार अपितु देश की प्रत्येक महिला को हो। ऐसे अभियान न्यायाधिकरण के माध्यम से संचालित किए जाने की आवश्यकता है जहां अभिभावक अपने बच्चों को इस कानून की जानकारी दें और उन्हें आश्वस्त करें कि पुत्रियों को इस कानून के कारण किसी से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है और पुत्र किसी भी प्रकार कानूनों का यथाविधि पालन करें।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. पाण्डेय, डॉ. जयनारायण (2022), भारत का संविधान, सेंट्रल लॉ एजेंसी, इलाहाबाद, पृ. 205
2. बाबेल, बसंतीलाल (2022), महिला एवं बाल कानून, सेंट्रल लॉ पब्लिकेशन, इलाहाबाद मदन जी.आर. (1982); 'महिला सशक्तिकरण', विवेक प्रकाशन, जवाहर नगर, दिल्ली.पृ. 74
3. मदन, जी.आर. (1982); 'महिला सशक्तिकरण', विवेक प्रकाशन, जवाहर नगर, दिल्ली
4. पाण्डेय, डॉ. जयनारायण (2022), भारत का संविधान, सेंट्रल लॉ एजेंसी, इलाहाबाद, पृ. 142
5. विशाखा एवं अन्य बनाम स्टेट ऑफ़ राजस्थान (1997), एस.सी. 3011
6. पाण्डेय, डॉ. जयनारायण (2022), भारत का संविधान, सेंट्रल लॉ एजेंसी, इलाहाबाद, पृ. 343-344
7. अपारल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल बनाम ए.के. चोपड़ा (1999), ए.आई.आर. 1999 एस.सी. 625
8. पाण्डेय, डॉ. जयनारायण (2022), भारत का संविधान, सेंट्रल लॉ एजेंसी, इलाहाबाद, पृ. 344
9. मेघा कोतवाल लेले बनाम भारत संघ (2013), ए.आई.आर. 2013 एस.सी. 93
10. पाण्डेय, डॉ. जयनारायण (2022), भारत का संविधान, सेंट्रल लॉ एजेंसी, इलाहाबाद, पृ. 346

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# Importance of Balanced Diet

**Dr. Rajesh Masatkar***

***Govt. Degree College, Nainpur, Distt. Mandla (M.P.) INDIA**

**Abstract** - A diet that includes all the essential nutrients in the correct proportion is called a balanced diet. A balanced diet is very important for our body's normal growth and development. Every individual need to intake a balanced meal as it provides essential nutrients that help our body protect from diseases. There are two different components of a balanced diet, nutritional components (carbohydrates, Proteins, Fats, Vitamin and Minerals) and non-nutritive components (Fiber or roughage).
**Keywords –** Antioxidants, Detoxify Diet, Carbohydrates, Fat, Protein, Vitamins, Minerals, Water.

**Introduction -** A balanced diet contributes towards maintaining a healthy life. A diet is the inclusion of different necessary nutrients that impact a body's growth and developments. A balanced nutrition diet contributes to maintaining good health by balancing nutrients. This type is extremely crucial to getting the right nutrients and determines good health. Your balanced diet plate must have food that helps the normal functioning of the human body and those foods which help you maintain a body balance. A balanced diet contains a balanced amount of protein, carbohydrates, fats, vitamins and minerals. This paper will discuss details about a diet and highlight the impact of deficiency of a balanced diet within the human body. Based on their nutrients, the ICMR has identified the primary five food groups as

Cereals, millets and pulses,
Vegetables and fruits.
Milk and milk products.
Eggs, meat and fish, oils and fats.
Nuts and oilseeds.

One should enjoy a variety of foods within each of the five food groups. A balanced meal means a complete meal containing one food item from each food group mentioned above.

**Objectives –** The main objectives are as given below.

1. To aware about importance of balanced diet.
2. To save the individuals from nutritional deficiency.
3. To clean and detoxify individuals' body naturally.
4. To make the people of the country healthy, strong and provide natural look on their body.
5. To make the people of the country useful in the development of our nation.
6. To increases the economical status of the people.
7. To minimizes the intake of medicines.
8. To reduces the cost of treatment at zero level.
9. To saves the time of people from unnecessary treatments.
10. To improve the immunity of the individuals.

**Methodology –** To find the importance of nutrition, I observed different food stuff.

**Diet For an Infant-** Nutrition is important for everyone. However, the requirement is different for every individual may it be an infant, growing child, pregnant, lactating women and elderly people. The diet varies from person to person depending upon various factors like age, gender, physical activity, nutritional requirement during different physiological stages of the body and other various factors. Body weights and heights of children reflect their state of physical growth and development, while weights and heights of adults represent steps taken towards good health.

Babies should be exclusively breastfed for the first six month of life. Breast feeding should be started within an hour after delivery and do not discard first milk ***(colostrum)***, as it boosts the immunity of the baby and protect baby from several infections. Breast -milk is the most natural and wholesome food for growth and healthy development of infants. Breast -fed infants do not need additional water. A balanced diet is the key to protect your child against nutritional deficiencies. Protein energy malnutrition more commonly affects children between the ages of 6 months and 5 years. Malnutrition is defined as "a state of poor nutrition caused by insufficient or unbalanced diet.

**Diet for a Growing Child –** Children who eat a balanced diet lay the foundation for a healthy and active lifestyle and this further lower the risk of long-term health issues. Childhood is the most critical time for growth as well as for development of the mind and to fight infections. So, it is very essential that the children get a good dose of energy,

proteins, vitamins and minerals. Balanced diet playing outdoors, physical activities of child are essential for optimum body composition and to reduce the risk of diet related chronic conditions later in life and to prevent any sort of vitamin deficiency. A child needs vitamins for the body to function properly and to boost the immune system. A variety of fruits and vegetables of different colours should be added in child's food. Teenage girls experience more physiological changes and psychological stress than boys because of onset of menarche (onset of menstruation). Therefore, teenage girls should eat diet which is rich in both vitamins as well as minerals to prevent anemia.

**Diet for Pregnant and Lactating Mother –** Motherhood is a testing phase in every woman's life may it be physiologically, mentally as well as nutritionally. If you are pregnant or someone in your family is expecting a baby, make sure that they eat well. Additionally, food and extra attention is required during pregnancy as well as lactation. Extra food is required to meet the nutritional requirement of the baby in your womb. Additional foods are required to improve the weight gain in pregnancy and birth weight of infants. Micronutrients are specially required in extra amounts to reduce the risk of malformations in baby and increase birth weight of baby and to prevent anemia in expecting mothers. Extra intake of Calcium is required, during pregnancy and lactation phase, for proper formation of bones and teeth of the baby, for secretion of breast-milk which is rich in calcium and to prevent osteoporosis in the expecting and lactating mothers. Consume Vitamin C-rich fruits like gooseberries, guava, oranges and citrus rich fruits for better absorption of iron from your diet.

**Diet For an Adult Male and Female –** Adult should use salt in moderation as high intake of salt might lead to high blood pressure. One should avoid preserved food such as pickles, papads and also canned foods as it contributes to higher intake of salt. An adult female should take a diet which is rich in calcium as well as iron. Limit use of saturated fats and trans fats such as ghee, butter, cheese, vanaspati ghee and add more fibrous food in diet in the form of whole grains, vegetables and fruits.

**Diet for Elderly People –** The diet for elderly people should include nutrient rich foods to enable them to be fit and active. Senior citizens need more of vitamins and minerals to the healthy and active. The body composition changes with the advancing age and all these changes affect nutritional needs of the elderly. Elderly or aged people require reduce number of calories as their lean muscle mass and physical activity decreases with ageing. Elderly needs more calcium, iron, zinc, vitamin A and antioxidants to prevent age-related degenerative diseases and for heathy ageing. It is very essential to maintain your health as ageing process starts and it increases the life expectancy. It is very important for elderly people to exercise as it helps to regulate body weight and flexibility in the joints. Elderly people should cut down on their saturated fats, sweets, oily food, salt and sugar level. Use of ghee, oil, butter should be completely avoided. Also, avoid eating spicy food.

**Eat healthy Diets -** Vegetable and fruits are rich source of micronutrients (iron, calcium, vitamin C, folic acid, carotenoids and phytochemicals) and macronutrients (complex carbohydrates/fiber)

Increase potassium intake by consumption of fresh fruits and vegetable as potassium decreases the negative effects of sodium.

Drink proper water according to your body weight.

**Avoid unhealthy Diets -** Animals' fat major sources of animal fats are ghee, butter, milk, cheese, eggs and fat of meat and fish. They contain cholesterol and high amount of saturated fatty acids and trans fatty acids. Excessive fats in the diet increases the risk of obesity, heart disease, stroke and cancer. The risk of developing these diseases can be lowered by reducing saturated fats to less than 10% to total energy intake and trans fats to less than 1% of total energy intake, and replacing both with unsaturated fats. High salt consumption and insufficient potassium intake (less than 3.5 g) contribute to high blood pressure, which in turn increases the risk of heart disease and stroke. World Health Organization (WHO) recommends use of less than 5 g of salt per day.

Free sugar increases the risk of dental caries and can lead to overweight and obesity. The intake of free sugars should be less than 10% of total energy intake.

**Discussion –** Humans need a wide range of nutrients to lead healthy and active life. For providing these nutrients, good nutrition or proper intake of food in relation to the body's dietary needs is required. An adequate, well-balanced diet combined with regular physical activity is a cornerstone of good health. Poor nutrition can lead to reduced immunity, increased susceptibility to disease, impaired physical and mental development and reduced productivity. So, it is very important to have balanced diet in our daily life.

**Findings :**

1. Intake of all kind of food is very importance.
2. Balanced Diet in all age group is very important for regulating vital function of our body.
3. Tannin presents in tea and coffee interferes with iron absorption hence it should be avoided one hour before and after meals.

**Suggestion :**

1. Avoid junk food.
2. Avoid excess sugar and salt.
3. Avoid packed food.
4. Use fresh fruits and vegetables.
5. Adopt stress management techniques (Yoga and Meditation)
6. Keep your salt intake to less than 5 grams per day as it helps to prevent hypertension, and reduces the risk of heart disease. Prefer iodized salt.
7. Serve yourself small portions of high calorie foods and

large portions of healthy foods like vegetables, salads and soups.

8. Teas particularly green and black are good sources of flavonoids.

**Conclusion –** It is old says that "Health is Wealth". If health is well then, all things is in our hand. But being author of this paper, I want to expose importance of "Balanced Diet" Infront of you. it is advisable to pay special attention to what you eat. Avoid junk as much as possible and make sure you wash the fruits and vegetable with care. Instead of washing the food items with plain water, you can use the vegetable and fruit cleaner, which helps in removing chemicals and pesticides from the surface of the food. In last, if you have both health and wealth in your life then third thing that is happiness comes automatically in your life.

**References :–**

1. Balanced Diet: Definition, Components, Importance And More - Embibe
2. http://readynutrition.com/resources/are-you-ready-series-best-practices-for-long-term-food-storage_03042011/
3. https://www.ava.gov.sg/docs/default-source/tools-and-resources/resources-for-businesses/(english)-good-storage-practices
4. http://www.fda.gov/Food/ResourcesForYou/Consumers/ucm114299.htm
5. http://www.csiro.au/en/Research/Health/Food-safety/Refrigerating-foods
6. http://ninindia.org/DietaryguidelinesforIndians-Finaldraft.pdf
7. http://icmr.nic.in/final/rda-2010.pdf
8. http://fda.up.nic.in/household_tests.htm
9. http://ninindia.org/DietaryguidelinesforIndians-Finaldraft.pdf

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# Economic Crisis in Nepal

**Sourabh Gaur***

*Research Scholar (Political Science) Govind Guru Tribal University, Banswara (Raj.) INDIA

**Abstract -** The Nepalese economy has been in a downturn for a while. Both the current government, led by Pushpa Kamal Dahal, known as "Prachanda," and the previous administration, led by Sher Bahadur Deuba, the leader of the Nepali Congress, both pursued policies to stimulate the economy. Despite this, the nation's economic situation keeps becoming worse. The amount of money the government receives is not enough to cover its ongoing expenses. Nepal may fall into a debt trap as a result of large loans with specific conditions. There is also a real concern that Nepal may be placed on the Financial Action Task Force's (FATF) worldwide watchlist for money laundering, which would have a further detrimental effect on the nation's development.The Ukraine situation has severely hurt Nepal's economy, which was already on the mend after the Covid-19 pandemic. The International Monetary Fund (IMF) observed that the war in Ukraine's effects on the world economy are worsening current vulnerabilities, having an effect on Nepal's economy, which is heavily dependent on imports, driving up inflation, and reducing foreign reserves. This research paper try to analyse the reasons of current economic situation of Nepal and recommend some measures for the same.

**Introduction -** The economic situation in Nepal has been significantly damaged by the conflict in Ukraine, which raised the price of food and oil. The IMF has stated that although the reserves are still sufficient, they have decreased more than was projected.The current economic situation in Nepal is the worst it has ever been in recorded history. While the gap in the trade balance and consumer goods prices have widened, the value of the Nepalese currency in terms of the US dollar, reserves of foreign currencies, liquidity of the financial and banking sectors, revenue of the government, and job opportunities have all shrunk to an unprecedented level. These elements together have led to an economic catastrophe that is becoming worse every day. Yet, the government and other organisations in the nation have not yet taken any significant action to address some of these challenges.

**Trend of the Current Fiscal Year:** In the current fiscal year 2022–23, from July 16 to October 17, the exchange rate with the dollar increased sharply, rising from INR 128.11 to INR 132.07. In the first quarter of the current fiscal year 2022–23, Nepal suffered a loss for repayment of external debts of INR 5.52 billion as a result of this currency rate movement.There has been a significant liquidity crisis affecting Nepal's banks and financial institutions. They are severely short of loanable money. More than INR 13 billion in interest on loans still needs to be repaid. Since mid-October, they have been allowed to extend loans only up to INR 3 billion due to a lack of loanable funds.The banks have been forced to merge one after another due to their dire financial status. According to reports, 10 of the largest commercial banks in the nation were compelled to merge within 30 days. The Mega Bank and the Nepal Investment Bank combined recently, while the Bangladesh Bank and the Nabil Bank merged, the Century Bank and the Prabhu Bank merged, the NCC Bank and the Bank of Kathmandu merged, and the Nepal Credit and Commerce Bank Limited and the Kumari Bank merged.

**Effect on Tourism Sector:** During the lengthy lockdowns brought on by the epidemic, the number of tourists entering the country began to increase. However, the fatal air disaster of Yeti Airlines in Pokhara on January 15 and the European Union's ban on all flights by Nepalese airlines have damaged Nepal airlines' image as being unreliable when it comes to passenger safety. In the future, this may have a huge impact on the tourism industry.

**Status of Foreign Exchange Reserve and Financial Institutions:** From INR 542 billion in the first half of the fiscal year 2021–2022 to INR 459 billion in the first half of the current fiscal year 2022–2023, the government's revenue collection decreased. In order to conserve foreign exchange reserves, which were barely adequate to cover imports for more than six months, the government banned the imports of some luxury products, which had a particularly negative impact on revenue.

Imports account for the majority of the rapidly declining revenue generated. The issue with the government is that if imports are controlled, the revenue is probably going to be impacted. But, if it permits imports to rise, foreign

exchange reserves would continue to be depleted. Nepal is therefore likely to suffer in both ways.

The Nepali government has been compelled to take out more domestic and foreign loans as a result of the decrease in income collection on the one hand and the rise in recurrent expenses on the other. Government capital spending was only reported at 12% during the first half of the fiscal year 2022–2023. Also, this led to a liquidity crisis in the financial industry, which had a negative impact on people's spending power and private investment.In addition to banks and other financial institutions, the majority of development projects in the nation are particularly heavily hit by the government's financial crisis. The government has struggled to make timely payments to the contractors. The oldest university in Nepal, Tribhuvan University, is having trouble paying pensions to its retiring professors and other workers.For the current fiscal year, the government's Pension Management Office discovers a shortage of approximately INR 20 billion. Some 283,000 retirees from the government, security services, education, the judiciary, and other fields are present in the nation.

**Efforts by Government to Alleviate the Economic Crisis**

As a result, the majority of the country's economic sectors are on the decline. The newly elected administration, led by Maoist leader Pushpa Kamal Dahal, also known as "Prachanda," is proposing policy-level changes to organise the inflow of remittances, one of the main sources of income, in order to revive the faltering economy. $8 billion in remittances are sent to Nepal annually, which is about one-fourth of the country's whole GDP. Nevertheless, the majority of these remittances don't go via official channels. It is also concerning because it is not frequently employed to create jobs or even in the productive sector.Also, the government has begun urging Non-Resident Nepalese (NRN) who are employed abroad to invest in fields including agriculture, tourism, energy, infrastructure, human resources, industries, and services in order to boost the country's economy. Also, the government is thinking of cutting the administrative cost by 15%.

Yet, some of the proposals the administration is considering to revive the economy are hasty and unlikely to put the faltering economy back on track. It would be necessary to make a difficult choice to expand the tax base, which is only feasible if administrative efficiency is improved and fiscal and monetary policies are kept in balance. It would be necessary to investigate some comparative and competitive advantages to determine how to enhance domestic production of items for export on the global market. In this regard, it would be necessary to modernise the agricultural sector, which would need significant investments from both domestic and foreign sources.Nowadays, 40% of Nepal's total imports are made up of farm and animal products, which speaks volumes about its potential for production, export promotion, and employment development. The government might encourage cooperative farming to unite dispersed farmlands and benefit from large-scale agricultural.

**Conclusion and Suggestions:** To create a clear plan for its economic recovery, Nepal also has to learn a lot from the effects of the pandemic, the conflict in Ukraine, and the Sri Lankan experience. Here are a few suggestions:

1. Preserving domestic food security by lowering and substituting agricultural imports.
2. Lowering the import of fossil fuels, raising the output and capacity of hydropower, and achieving energy independence.
3. Improving Nepal's foreign reserves by diversifying its foreign currency.

**References:-**


1. Annual Tourism Reports 2016 to 2020, Ministry for Culture, Civil Aviation and Tourism of Nepal
2. Annual Tourism Reports 2016 to 2020, Sri Lanka Tourism Development Authority
3. Annual Report 2021, Central Bank of Sri Lanka
4. Annual Statistical Report 2019, Sri Lanka Tourism Development Authority.
5. Bansal, A. (2022, May 2). Economic Crisis in Nepal: Will Kathmandu Witness a Fall Like Sri Lanka?. India.com.
6. Bista, R.B. (2020). Assessing the COVID-19 and its shocks on macroeconomic variables in Nepal. Economic
7. Journal of Development Issues, 29 & 30 (1-2) Combined Issue.
8. Carbaugh, R. J., (2018). Global Economics (13th edition). New Delhi, Cengage Learning India Private Limited.
9. Economic Survey 2016 to 2022, Ministry of Finance Nepal
10. Monetary Policies 2016 to 2022, Nepal Rastra Bank.
11. Rijal, A. (2022, April 11). The Sri Lankan Crisis and Learning for Nepal. Nepal Economic Forum. Retrieved from
12. https://nepaleconomicforum.org/the-sri-lankan-crisis-and-learnings-for-nepal/
13. Sayeh, A. & Chami, R. 2020. The Impact of COVID-19 on Remittance Flows – IMF F&D. IMF Working Paper
14. 16/19, International Monetary Fund, Washington, DC.
15. Sharma, D., Anawade, P.K., Sahu, A. & Sharma, M. (2022). The economic crisis faced by island nation-Sri Lanka:
16. Anempirical study. Journal of Contemporary Issues in Business and Government, 28(3), 920-927.
17. Sharma, S.P. (2022, May 13). Let's not compare economies of Nepal and Sri Lanka. The Indian Express. Retrieved
18. from https://indianexpress.com/article/opinion/columns/sri-lanka-nepal-politics-economic-crisis7914357/

19. Shakya, B.M. (2022, July 14). Sri Lankan Syndrome and Nepal, The Kathmandu Post. Retrieved from
20. https://kathmandupost.com/columns/2022/07/14/sri-lankan-syndrome-andnepal?fbclid=IwAR0_grn Uq1rk S5TBta3l30ba8xLGAjeDMjwO6AUKy-B9Ei3HLKvpU iRLXOc
21. Srinivasa, M. (1994). Trade and External Sector Reforms in Developing Asia: An Overview. Economic and
22. Political Weekly, 29(6), 321–332.
23. Sultana, Gulbin (2022), Economic Crisis in Sri Lanka: An Assessment, Manohar ParrikarInstitute of Defence
24. Studies and analyses. (MP-IDSA) issue brief.
25. Trade Statistics of Nepal, Nepal Custom Department

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# पशुधन: पशुओं को वैश्विक भागीदारी के साथ समानता का अधिकार

**ओमप्रकाश योगी***

* एम.ए. (राजनीति विज्ञान) वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी, कोटा (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** राजा राममोहन राय ने जब सती-प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई तो उनका यह कहकर विरोध किया गया कि यह लोकप्रिय मान्यताओं और परम्परा के विरुद्ध है। क्या होता यदि राजा राममोहन राय की आवाज हो-हल्ला मचाती लोकप्रिय मान्यताओं के शोरगुल में कहीं दब जाती! शायद आने वाले कई वर्षों तक हिन्दू महिला जिन्दा ही अपने पति की चिता पर जलती रहती। विदित हो कि अध्यादेश के माध्यम से जल्लीकट्टू के आयोजन का रास्ता साफ किये जाने के बाद कल इस खेल के आयोजन के दौरान दो लोगों की मौत हो गई है। जब पशु-पक्षियों के अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन हो और इंसानी जान की कीमत बस शौर्य और बल का एक खेल बन जाए तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि किस हद तक लोकप्रिय जनभावनाएँ और मान्यताएँ कानून को प्रभावित कर सकती हैं।

हाल के वर्षों में न्यायपालिका ने जानवरों और पक्षियों के अधिकारों को बरकरार रखा है और इस बात पर बल दिया है कि पशु-पक्षियों को भी सम्मान और गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार है। न्यायपालिका ने यह भी सन्देश दिया है कि लोकप्रिय विचारों एवं परम्पराओं तथा पशु अधिकारों में विरोधाभास की स्थिति में भी पशु-पक्षियों के अधिकारों को ही वरीयता देनी चाहिये। गौरतलब कि पशु-पक्षियों के अधिकार हमारे संविधान में निहित है।

**क्या कहते हैं संबंधित कानून?**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51(I) के मुताबिक हर जीवित प्राणी के प्रति सहानुभूति रखना भारत के हर नागरिक का मूल कर्तव्य है। 'पशु क्रूरता निवारण अधिनियम' और 'खा। सुरक्षा अधिनियम' में इस बात का स्पष्ट वर्णन है कि कोई भी पशु सिर्फ बूचड़खाने में ही काटा जाएगा और बीमार तथा गर्भ धारण कर चुके पशु को मारा नहीं जाएगा। भारतीय दंड संहिता की धारा 428 और 429 के मुताबिक किसी पशु को मारना या अपंग करना, भले ही वह आवारा क्यों न हो, दंडनीय अपराध है।

'पशु क्रूरता निवारण अधिनियम' के मुताबिक किसी पशु को आवारा छोड़ने पर तीन महीने की सजा हो सकती है। पशुओं को लड़ने के लिये भड़काना, ऐसी लड़ाई का आयोजन करना या उसमें हिस्सा लेना संज्ञेय अपराध है

'पशु क्रूरता निवारण अधिनियम' की धारा 22(2) के मुताबिक भालू, बंदर, बाघ, तेंदुए, शेर और बैल को मनोरंजक कार्यो के लिये प्रशिक्षित करना और मनोरंजन के लिये इन जानवरों का इस्तेमाल करना गैरकानूनी है।

**पशु-अधिकारों के संबंध में न्यायपालिका का प्रयास –** ऐतिहासिक पशु कल्याण बोर्ड बनाम ए नागराज के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने जीने के मौलिक अधिकार के दायरे का विस्तार करते हुए इसमें पशुओं को भी शामिल कर लिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार बैलों को भी एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण में रहने का अधिकार है, उन्हें पीटा नहीं जा सकता, न हीं उन्हें शराब पिलाया जा सकता है और न ही संकीर्ण बाड़ों में खड़ा किया जा सकता है।

यदि संक्षेप में कहें तो सुप्रीम ने इस फैसले में यह कहा कि जानवरों को मानव ज्यादतियों से रक्षा और गरिमामय जीवन जीने का अधिकार है। दरसल, अनुच्छेद 21 में तब तक गरिमापूर्ण और सम्मानित जीवन जीने का अधिकार केवल मानवों तक ही सीमित था।

मई 2014 में जल्लीकट्टू पर प्रतिबन्ध लगाने वाले अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 21 के दायरे में बैलों को ही नहीं बल्कि पशुओं की 'प्रत्येक प्रजाति' को सम्मिलित कर लिया और तब से ही अदालतों में बैल, हाथी, घोड़े, कुत्तो, मुर्गो और यहाँ तक कि सैलानी पक्षियों के अधिकारों से संबंधित मामलों की बाढ़ सी आ गई है।

हम अपने घरों में पालतू जानवर तो रखते हैं लेकिन जाने-अनजाने में उनके साथ कई बार ऐसे सलूक करते हैं, जो अपराध की श्रेणी में आता है. इसकी हमें सजा भी मिल सकती है. इसी तरह हमारे आसपास घूमने वाले जानवरों के साथ भी हमारा व्यवहारबहुत मायने रखता है। कई ऐसी बातें हैं, जो हमें शायद नहीं मालूम, लेकिन भारतीय कानूनों की नजर से वो भी अपराध की श्रेणी में आते हैं। भारतीय संविधान के तरह 15 ऐसे कानून बनाए गए हैं, जो हमें मालूम होने चाहिए।

1. **अनुच्छेद 51(I)** – भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51(I) के मुताबिक, हर जीवित प्राणी के प्रति सहानुभूति रखना भारत के हर नागरिक का मूल कर्तव्य है।

2. **क्रूएलिटी एक्ट –** कोई भी पशु (मुर्गी समेत) सिर्फ बूचड़खाने में ही काटा जाएगा। बीमार और गर्भ धारण कर चुके पशुओं को मारा नहीं जाएगा। प्रिवेंशन ऑफ क्रूएलिटी ऑन एनिमल्स एक्ट और फूड सेफ्टी रेगुलेशन में इस बात पर स्पष्ट नियम हैं।

3. **पशु को मारना–** भारतीय दंड संहिता की धारा 428 और 429 के मुताबिक किसी पशु को मारना या अपंग करना, भले ही वह आवारा क्यों न हो, दंडनीय अपराध है।

4. **पशु को आवारा बनाना–** प्रिवेंशन ऑफ क्रूएलिटी ऑन एनिमल्स एक्ट (पीसीए) 1960 के मुताबिक किसी पशु को आवारा छोड़ने पर तीन

महीने की सजा हो सकती है।

**5. बंदरों को सुरक्षा–** वाइल्डलाइफ एक्ट के तहत बंदरों को कानूनी सुरक्षा दी गई है। कानून कहता है कि बंदरों से नुमाइश करवाना या उन्हें कैद में रखना गैरकानूनी है।

**6. कुत्तों के लिए कानून–** इस नियम के तहत कुत्तों को दो श्रेणियों में बांटा गया है। पालतू और आवारा। कोई भी व्यक्ति या स्थानीय प्रशासन पशु कल्याण संस्था के सहयोग से आवारा कुत्तों का बर्थ कंट्रोल ऑपरेशन कर सकती है। उन्हें मारना गैरकानूनी है।

**7. खाना-पानी न देना अपराध–** जानवर को पर्याप्त भोजन, पानी, शरण देने से इनकार करना और लंबे समय तक बांधे रखना दंडनीय अपराध है। इसके लिए जुर्माना या तीन महीने की सजा या फिर दोनों हो सकते हैं।

**8. पशुओं को लड़ाना–** पशुओं को लड़ने के लिए भड़काना, ऐसी लड़ाई का आयोजन करना या उसमें हिस्सा लेना संज्ञेय अपराध है।

**9. एनिमल टेस्टिंग–** ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक रूल्स 1945 के मुताबिक जानवरों पर कॉस्मेटिक्स का परीक्षण करना और जानवरों पर टेस्ट किये जा चुके कॉस्मेटिक्स का आयात करना प्रतिबंधित है।

**10. बलि पर बैन–** स्लॉटरहाउस रूल्स 2001 के मुताबिक देश के किसी भी हिस्से में पशु बलि देना गैरकानूनी है।

**11. चिड़ियाघर का नियम–** चिड़ियाघर और उसके परिसर में जानवरों को चिढ़ाना, खाना देना या तंग करना दंडनीय अपराध है। पीसीए के तहत ऐसा करने वाले को तीन साल की सजा, 25 हजार रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

**12. पशुओं को ले जाना–** पशुओं को असुविधा में रखकर, दर्द पहुंचाकर या परेशान करते हुए किसी भी गाड़ी में एक जगह से दूसरी जगह ले जाना मोटर व्हीकल एक्ट और पीसीए एक्ट के तहत दंडनीय अपराध है।

**13. तमाशा नहीं–** पीसीए एक्ट के सेक्शन 22(2) के मुताबिक भालू, बंदर, बाघ, तेंदुए, शेर और बैल को मनोरंजन के लिए ट्रेन करना और इस्तेमाल करना गैरकानूनी है।

**14. घोंसलें की रक्षा–** पंछी या सरीसृप के अंडों को नष्ट करना या उनसे छेड़छाड़ करना या फिर उनके घोंसले वाले पेड़ को काटना या काटने की कोशिश करना शिकार कहलाएगा। इसके दोषी को सात साल की सजा या 25 हजार रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

**15. जंगली जानवरों को कैद करना–** किसी भी जंगली जानवर को पकड़ना, फंसाना, जहर देना या लालच देना दंडनीय अपराध है. इसके दोषी को सात साल की तक की सजा या 25 हजार रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

**निष्कर्ष –** न्यायपालिका के विचार में पशु-पक्षियों के खिलाफ क्रूरता बंद होनी चाहिये और उनके प्रति करुणा का भाव रखना चाहिये। जल्लीकट्टू मामले में भी अदालत ने कहा था कि यह खेल भले ही सांस्कृतिक आयोजन है लेकिन इसके आयोजन में पशुओं के विरुद्ध क्रूरता अंतर्निहित है। जल्लीकट्टू ही नहीं आन्ध्र प्रदेश में होने वाली मुर्गों की लड़ाई पर भी सर्वोच्च न्यायालय ने प्रतिबंध लगाया हुआ है।

भारत की जनता ने खुद को अपना संविधान दिया है, संविधान तमाम राजनैतिक, भौगोलिक और सामाजिक अंतरों के बावजूद आपसी रजामंदी का दस्तावेज है। संविधान के प्रावधानों की व्याख्या करना संवैधानिक अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट की जिम्मेदारी है। गौरतलब है कि हमारा संविधान पशुओं पर क्रूरता की इजाजत नहीं देता। कई भारतीय कानूनों में इस बात का साफ जिक्र है कि पशुओं के साथ कैसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिये।

जल्लीकट्टू पर प्रतिबंध भी सर्वोच्च अदालत ने इसी आधार पर लगाया था। हालाँकि विरोध करने वालों के अपने तर्क हैं और एक तर्क यह भी दिया जा रहा है कि जल्लीकट्टू के आयोजन से उन बैलों का संरक्षण सुनिश्चित होगा जिनका इस खेल में इस्तेमाल होता है, यह सही है कि यदि पशुओं का संरक्षण करना है तो हमें पशुओं को हमारे जीवन में अधिक उपयोगी बनाना होगा। हम अपने रोजाना कार्यों जैसे सवारी करना, खेत में या अन्य कृषिगत कार्यों में उनका उपयोग कर सकते हैं हाँ यहाँ शर्त ये है कि पशुओं से काम लेना चाहिये न की उनका शोषण करना चाहिये। यह तमिलनाडु सरकार की जिम्मेदारी है कि जल्लीकट्टू को बैलों के शोषण से मुक्त कराए, जान-माल के होने वाले नुकसान को बंद कराए और फिर न्यायपालिका से प्रतिबंध हटाने का अनुरोध करे।

जिस तरह जलीकट्टू पर प्रतिबंध के फैसले का विरोध हो रहा है, वैसा ही विरोध अगर बलि प्रथा पर लगे प्रतिबंध का भी होने लगे। इतना ही नहीं सती, जाति और छुआछूत को भी परंपरा कहकर फिर से लागू करने की बात की जाने लगे तो! देश को यह समझना होगा कि हम परम्पराओं के नाम पर कानून के राज को खत्म नहीं कर सकते, हाँ यदि कोई परम्परा जन-मानस के अंदर इतनी रच-बस गई है कि उसे समाप्त नहीं किया जा सकता तो उस परम्परा में सुधारवादी प्रयास तो होने ही चाहिए और यह बात केवल जल्लीकट्टू ही नहीं बल्कि उन तमाम परम्पराओं पर लागू होती है जो बुनियादी कानून व्यवस्था के खिलाफ हैं।

एक या अधिक पशुओं के समूह को, जिन्हें कृषि सम्बन्धी परिवेश में भोजन, रेशे तथा श्रम आदि सामग्रियां प्राप्त करने के लिए पालतू बनाया जाता है, पशुधन के नाम से जाना जाता है। शब्द पशुधन, जैसा कि इस लेख में प्रयोग किया गया है, में मुर्गी पालन तथा मछली पालन सम्मिलित नहीं हैय हालांकि इन्हें, विशेष रूप से मुर्गीपालन को, साधारण रूप से पशुधन में सम्मिलित किया जाता हैं।

पशुधन आम तौर पर जीविका अथवा लाभ के लिए पाले जाते हैं। पशुओं को पालना (पशु-पालन) आधुनिक कृषि का एक महत्वपूर्ण भाग है। पशुपालन कई सभ्यताओं में किया जाता रहा है, यह शिकारी-संग्राहक से कृषि की ओर जीवनशैली के अवस्थांतर को दर्शाता है।

**इतिहास–** पशुओं को पालने-पोसने का इतिहास सभ्यता के अवस्थांतर को दर्शाता है जहां समुदायों ने शिकारी-संग्राहक जीवनशैली से कृषि की ओर जाकर स्थिर हो जाने का निर्णय लिया। पशुओं को 'पालतू' कहा जाता है जब उनका प्रजनन तथा जीवन अवस्थाएं मनुष्यों के द्वारा संचालित होती हैं। समय के साथ, पशुधन का सामूहिक व्यवहार, जीवन चक्र, तथा शरीर क्रिया विज्ञान मौलिक रूप से बदल गया है। कई आधुनिक फार्म पशु अब जंगली जीवन के लिए अनुपयुक्त हो चुके हैं। कुत्तों को पूर्वी एशिया में लगभग 15,000 वर्ष पूर्व पालतू बनाया गया था, बकरियां तथा भेड़ें लगभग 8000 वर्ष ईपू एशिया में पालतू बनायीं गयी थीं। शूकर अथवा सूअर 8000 वर्ष ईपू पहले मध्य एशिया व चीन में पालतू बनाये गए थे। घोड़े को पालतू बनाये जाने के सबसे प्राचीन प्रमाण लगभग 4000 ईपू से समय से प्राप्त होते हैं। प्राचीन अंग्रेजी स्रोत, जैसे बाइबल के किंग जेम्स संस्करण, में पशुधन को 'कैटल' (मवेशी) द्वारा इंगित किया जाता है न कि 'डीयर' (हिरन) के द्वारा, इस शब्द का प्रयोग ऐसे जंगली पशुओं के लिए किया जाता था जो

किसी के स्वामित्व में नहीं होते थे। शब्द कैटल की उत्पत्ति मध्यकालीन अंग्रेजी शब्द चौटल से हुई है, जिसका अर्थ सभी प्रकार की व्यक्तिगत चल संपत्तियों से है। जिसमें पशुधन सम्मिलित है, तथा जो अचल भूमि-संपत्ति से अलग है ('वास्तविक संपत्ति') बाद में अंग्रेजी में, कभी-कभी छोटे पशुधन को 'स्माल कैटल' भी कहा जाता था तथा जिसका चल-संपत्ति अथवा भूमि के अभिप्राय में प्रयोग होता था तथा जो भूमि के क्रय अथवा विक्रय किये जाने पर स्वत: ही हस्तांतरित नहीं हो जाती थी। आज, शब्द 'मवेशी' का अर्थ, बिना किसी विशेषक के, आमतौर से पालतू गोवंशीय पशु होता है।बॉस वर्ग की अन्य प्रजातियों को कभी कभी जंगली मवेशी कहा जाता है।

**प्रकार-** शब्द 'पशुधन' अस्पष्ट है तथा इसको संकीर्ण अथवा विस्तीर्ण रूप से परिभाषित किया जा सकता है। एक विस्तीर्ण दृष्टिकोण से, पशुधन का अर्थ पशुओं की किसी भी ऐसी प्रजाति अथवा जनसंख्या है जिसे मनुष्यों द्वारा उपयोगी अथवा व्यावसायिक कारण से रखा जाता हो. इसका अर्थ पालतू पशु, अर्ध-पालतू अथवा कैद किया हुआ जंगली पशु हो सकता है। अर्ध-पालतू पशु उसको कहते हैं जिसे सिर्फ अल्प रूप से पालतू बनाया जा सका हो अथवा उसकी स्थिति विवादित हो। ये पशु अपने पालतू बनाये जाने के प्रक्रिया के किसी चरण में हो सकते हैं।

**पशुओं के आर्थिक मूल्य में शामिल हैं:**

**मांस -** आहार उपयोगी प्रोटीन तथा ऊर्जा का उत्पादन

**डेयरी उत्पाद -** स्तनधारी पशुधन का प्रयोग दूध के स्रोत के रूप में होता है, जिसे आसानी से संसाधित करके अन्य डेयरी उत्पादों में परिवर्तित किया जा सकता है, जैसे दही, चीज, मक्खन, आइस क्रीम, केफीर अथवा क्यूमिस। पशुधन का प्रयोग इस कारण से किये जाने से प्राप्त भोजन ऊर्जा उन्हें काटने से प्राप्त ऊर्जा से कई गुना अधिक होती है।

**रेशा (फाइबर) -** पशुधन से रेशों/वस्त्रों की एक श्रृंखला का उत्पादन होता है। उदाहरण के लिए भेड़ों तथा बकरियों से ऊन तथा मौहेर प्राप्त होता हैय गाय, हिरन तथा भेड़ की खाल से चमड़ा बनाया जाता हैय तथा इनकी हड्यिों, खुरों तथा सींगों का भी प्रयोग किया जा सकता है।

**उर्वरक -** गोबर की खाद का प्रयोग फसल की खेतों में डाल कर उनकी पैदावार को बढ़ाने के लिए किया जाता है। यह एक महत्वपूर्ण कारण है जिससे ऐतिहासिक रूप से पौधे तथा पालतू पशु एक दूसरे से महत्वपूर्ण रूप से जुड़े हुए हैं। गोबर की खाद का प्रयोग दीवालों तथा फर्शो के प्लास्टर में तथा आग जलाने की ईंधन के रूप में भी किया जा सकता है। पशुओं के रक्त हड्यिों का प्रयोग भी उर्वरक के रूप में किया जाता है।

**श्रम-** घोड़े, गधे तथा याक जैसे पशुओं का प्रयोग यांत्रिक ऊर्जा के लिए किया जा सकता है। भाप की शक्ति से पहले, पशुधन गैर-मानव श्रम का एकमात्र उपलब्ध स्रोत था। इस उद्देश्य के लिए वे आज भी विश्व के कई भागों में प्रयोग किये जाते हैं, जैसे खेत जोतने के लिए, सामान ढुलाई के लिए तथा सैन्य प्रयोग के लिए भी।

**भूमि प्रबंधन-** पशुओं की चराई को कभी कभी खर-पतवार तथा झाड-झंखाड़ के नियंत्रण के रूप में प्रयोग किया जाता है। उदाहरण के लिए, उन क्षेत्रों में जहां जंगल की आग लगती है, बकरियों तथा भेड़ों का प्रयोग सूखी पत्तियों को खाने के लिए किया जाता है जिससे जलने योग्य सामग्री कम हो जाती है तथा आग का खतरा भी कम हो जाता है।

पशु पालन के इतिहास के दौरान, ऐसे कई उत्पादों का विकास किया गया जिससे उनके कंकालों का प्रयोग किया जा सके तथा कचरे को कम किया जा सके. उदाहरण के लिए, पशुओं आतंरिक अखाद्य अंग, तथा अन्य अखाद्य भागों को पशु भोजन तथा उर्वरक में बदला जा सकता है। अतीत में, इस तरह के अपशिष्ट उत्पादों को कभी-कभी पशुओं के भोजन के रूप में भी खिलाया गया है। हालांकि, अंतर-प्रजाति पुनर्चक्रण (Intra-species recycling) बीमारियों का खतरा प्रस्तुत करता है, जिससे पशु एवं यहां तक कि मनुष्य भी खतरे में आ जाते हैं (बोवाइन स्पौंजीफॉर्म एंकेफैलोपैथी (बीएसई), स्क्रैपी व प्रायन देखें)। मुख्य रूप से बीएसई (मैड काऊ डिजीज) के कारण पशु अवशिष्ट को पशुओं को खिलाया जाने पर अनेक देशों में रोक लगा दी गयी है, कम से कम जुगाली करने वाले पशुओं तथा सूअरों पर तो यह रोक है ही।

विश्व भर में पालन विधियां कई प्रकार के पशुओं के बीच नाटकीय रूप से पृथक होती हैं। पशुधन को आमतौर पर किसी बाड़े में रखा जाता है, तथा वे मनीषयों द्वारा प्रदत्त भोजन खाते हैं।कृपया उद्धरण जोड़ें, तथा उनका प्रजनन इच्छानुसार कराया जाता है, परन्तु कुछ पशुधन बड़े में नहीं रखे जाते हैं, तथा प्राकृतिक संसाधनों से भोजन करते हैं, अथवा उन्हें मुक्त रूप से प्रजनन करने दिया जाता है, अथवा इनमें से कोई भी संयोजन उपस्थित हो सकता है। ऐतिहासिक रूप से पशु पालन भौतिक संस्कृति के खानाबदोश अथवा चारागाही सम्बन्धी रूप का भाग है। विश्व के कुछ भागों में ऊंटों अथवा रेनडियर के झुंडों को रखना निष्क्रिय कृषि से सम्बंधित नहीं होता है। कैलिफोर्निया की सियेरा नेवाडा पर्वत श्रृंखला में पशुओं के झुंडों का ट्रांसह्यूमेंस रूप अभी भी प्रचलन में है, जिसमें मवेशियों, भेड़ों अथवा बकरियों को मौसम परिवर्तन होने के साथ ही सर्दियों में चराई के लिए कम ऊंचाई की घाटियों में तथा वसंत व गर्मियों में चराई के लिए अल्पाइन क्षेत्र के पर्वत आधारों में ले जाने की परम्परा है। मवेशियों को पश्चिमी संयुक्त राज्य अमेरिका व कनाडा, अर्जेंटीना के पाम्पस तथा विश्व के अन्य प्रेरी व स्टेपी क्षेत्रों में खुले क्षेत्र में पालने का प्रचलन है।

कृषि के इतिहास में पशुधन को चरागाहों तथा खलिहानों में बंद बाड़ों में पाला जाना अपेक्षाकृत एक नया विकास है। जब मवेशियों को बंद बाड़ों में रखा जाता है, तब 'बाड़े' एक छोटे खांचे से लेकर एक बड़े चारदीवारी वाले चारागाह अथवा पशुओं के अहाते तक हो सकते हैं। भोजन का प्रकार प्राकृतिक रूप से उगने वाली घास से लेकर उच्च परिष्कृत संसाधित भोजन तक हो सकता है। पशुओं का प्रजनन इच्छानुसार कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से या पर्यवेक्षित संभोग के माध्यम किया जाता है। आंतरिक उत्पादन प्रणालियों का प्रयोग आमतौर पर सिर्फ सूअरों तथा मुर्गियों के साथ ही साथ वील मवेशियों के लिए किया जाता है। अन्दर रखे जाने वाले पशुओं का पालन गहन रूप से किया जाता है, क्योंकि अधिक स्थान की आवश्यकता अन्दर किये जाने वाले पालन को गैर-लाभकारी तथा असंभव बना देगी. परन्तु अन्दर की जाने वाली पालन प्रणालियां अपने अपशिष्ट उत्पादन, गंध सम्बन्धी समस्याएं, भूगर्भ जल को प्रदूषित करने की क्षमता तथा पशुओं की देखभाल सम्बन्धी चिंताओं के कारण विवादित हैं। (गहन पालन पशुधन पर और अधिक चर्चा के लिए, देखें फैक्ट्री पालन तथा गहन सूअर पालन)

अन्य पशुधन का खुले क्षेत्र में पालन किया जाता है, हालांकि बाड़ों का आकार तथा देख-रेख के स्तर विभिन्न हो सकते हैं। बड़े, खुले क्षेत्रों में पशुओं का सिर्फ कभी-कभी निरीक्षण किया जाता है, अथवा उन्हें किसी प्रांगण में 'राउंड-अप' करते हैं या एकत्रित करते हैं (पशुधन)। पशुधन को एकत्रित करने के लिए हर्डिंग कुत्तों का प्रयोग किया जाता है, साथ ही काउबॉय,

स्टॉकमेन तथा अश्वारोही जैकारूज का भी प्रयोग होता है, अथवा वाहनों एवं हेलीकौप्टर का प्रयोग भी किया जाता है। कांटेदार तार के आगमन (1870 में) तथा बिजली की बाड़ की प्रौद्योगिकी के आने के बाद बाड़दार चरागाहें अधिक सुविधाजनक हो गयीं तथा चारागाह प्रबंधन सरल हो गया। चरागाहों का आवर्तन पोषण तथा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की की एक आधुनिक तकनीक है जिसमें भूमि को होने वाली क्षति को भी रोका जा सकता है। कुछ मामलों में पशुओं की एक बहुत बड़ी संख्या को आंतरिक अथवा बाहरी कार्यप्रणाली में रखा जा सकता है (फीडलौट पर), जहां पशुओं के भोजन को वहीं अथवा कहीं अन्य संसाधित किया जा सकता है तथा उसे स्थल पर संचित करके पशुओं को खिलाया जा सकता है।

पशुधन को – विशेष रूप से मवेशी – को स्वामित्व तथा आयु इंगित करने के लिए ब्रांडीकृत किया जा सकता है, परन्तु आधुनिक पालन में पहचान चिन्ह के रूप में ब्रांडीकरण से कहीं अधिक कान में लगाये जाने वाले टैग प्रयुक्त किये जाते हैं। भेड़ को भी कान के निशानों अथवा कान के टैगों से अक्सर चिन्हित किया जाता है। जैसे–जैसे मैड काउ डिजीज तथा अन्य महामारी बीमारियों का भय बढ़ता जा रहा है, भोजन उत्पादन प्रणालियों में पशुओं की निगरानी तथा पहचान के लिए इम्प्लान्टों के प्रयोग का चलन भी बढ़ रहा है, कई बार इसकी आवश्यकता सरकार के नियमों के कारण भी होती है।

आधुनिक पालन तकनीकें मानवीय हस्तक्षेप को न्यूनतम करने, पैदावार को बढ़ने तथा पशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर ध्यान देती हैं। लाभ, गुणवत्ता तथा उपभोक्ता की सुरक्षा, ये सब पशुओं के पालन के तरीकों पर निर्भर करते हैं। दवाइयों का प्रयोग तथा भोजन अनुपूरक (अथवा भोजन का प्रकार भी) पर उत्पाद को उपभोक्ता के स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा पशुओं की देखभाल की कीमत पर न बढ़ने देने के लिए नियंत्रण अथवा निषेध किया जा सकता है। ये प्रथाएं दुनिया भर में अलग–अलग हो सकती हैं, उदाहरण के लिए विकास हार्मोन के प्रयोग की अनुमति संयुक्त राज्य अमेरिका में है परन्तु जिसकी बिक्री यूरोपीय संघ में होनी हो, उस पर नहीं। आधुनिक पालन तकनीकों से प्राप्त पशुओं का बेहतर स्वास्थ्य पर अब प्रश्न उठने लगे हैं। मवेशियों को मकई खिलाया जाना जो सदैव घास खाती रही हैं, इसका एक उदाहरण हैय जहां पर मवेशी इसके अधिक अभ्यस्त नहीं है, यह प्रथम अमाशय का pH मान बढ़ा कर उसे अधिक अम्लीय कर देता है, जिससे उनके लीवर के क्षतिग्रस्त होने तथा अन्य कठिनाइयों की सम्भावना बढ़ जाती है।कृपया उद्धरण जोड़ें, अमेरिकी एफडीए अभी भी फीडलौट्स को मवेशियों को नौन–रयूमिनेंट पशु प्रोटीन खिलने की अनुमति देता है। उदाहरण के लिए मुर्गियों की बीट तथा मुर्गियों का भोजन मवेशियों को खिलाया जाना स्वीकार्य है तथा भैंसे तथा सूअर का मांस मुर्गियों को खिलाया जा रहा है।

**शिकार–** पशुधन पालकों को जंगली पशुओं द्वारा शिकार तथा रस्लर्स द्वारा उन्हें चुराए जाने का खतरा रहता है। उत्तरी अमेरिका में भूरे भेड़िये, ग्रिज्ली भालू, तेंदुए, काले भालू, तथा कायोट आमतौर पर पशुधन के लिए खतरा माने जाते हैं। यूरेशिया और अफ्रीका में भेड़िया, भूरे भालू, तेंदुआ, बाघ, शेर, ढोल, काले भालू, चकत्तेदार लकड़बग्घा तथा अन्य पशुधन की मृत्यु का कारण बनते हैं। ऑस्ट्रेलिया में डिंगो, लोमड़ियां, वेज–पूंछ वाली चील, शिकारी तथा पालतू कुत्तो (विशेष रूप से) चरवाहों के लिए परेशानी का कारण बनते हैं क्योंकि वे मजे के लिए शिकार करते हैं।लैटिन अमेरिका में जंगली कुत्तो रात में पशुधन को मार देते हैं।

**रोग–** पशुओं की बीमारियों से पशुओं की देखभाल प्रभावित होती है, उत्पादकता घाट जाती है तथा मनुष्यों में संक्रमण हो सकता है। पशु–पालन के द्वारा पशुओं के रोगों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता का विकास तथा उन्हें कम किया जा सकता है अथवा उन्हें एंटी–बायोटिक्स तथा टीकों की सहायता से कम किया जा सकता है। विकासशील देशों में पशुपालन में पशुओं के रोगों को सहन किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप काफी कम उत्पादकता प्राप्त होती है, विशेष रूप से खराब स्वास्थ्य वाले विकासशील देशों के पशु समूहों में अक्सर किसी कृषि नीति को लागू करने में लिया गया पहला कदम उत्पादकता में लाभ के लिए रोग प्रबंधन ही होता है।

पशुपालन में परिवर्तन के माध्यम से रोग प्रबंधन प्राप्त किया जा सकता है। ये उपाय जैव–सुरक्षा साधनों के द्वारा बीमारी के फैलाव को सीमित करने के लक्ष्य के साथ किये जाते हैं, इनमें पशुओं के मिलने पर रोक लगायी जाती है, पालन स्थल पर जाने वालों का प्रवेश नियंत्रण करके तथा रक्षात्मक कपडे पहन कर एवं बीमार पशुओं को अलग करके रोगों को टीकों और एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग के द्वारा भी नियंत्रित किया जा सकता है। एंटीबायोटिक्स की उप–चिकित्सकीय खुराक विकास वृद्धि के लिए भी प्रयोग में लायी जाती है, इनसे विकास में 10–15% की वृद्धि हो सकती है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध के मुद्दे के कारण रक्षात्मक खुराक की प्रथा सीमित हो गयी है, उदाहरण के लिए एंटीबायोटिक मिला हुआ भोजन. देशों में पशु–चिकित्सक के प्रमाणपत्र की आवश्यकता पशुओं के स्थानांतरण, बिक्री तथा प्रदर्शन से पहले होती है। रोग से मुक्त क्षेत्रों में अक्सर संभावित रोगग्रस्त पशुओं के प्रवेश के लिए नियम कड़ी से लागू किये जाते हैं, जिसमें संगरोधन भी शामिल है।

**परिवहन और विपणन –** चूंकि अधिकांश पशुधन चरने वाले पशु होते हैं, ऐतिहासिक रूप से उन्हें बिक्री के लिए 'जीवित' अवस्था में हांक कर बाजार लाया जाता था जो कि एक कस्बा अथवा कोई अन्य केन्द्रीय स्थल होता था। अमेरिकी जन युद्ध के पश्चात के समय काल में टेक्सास में लंबे सींग वाले मवेशियों की प्रचुरता हो गयी थी, तथा उत्तारी बाजारों में गोमांस की मांग थी, जिसकी वजह से प्राचीन पश्चिमी मवेशी अभियान के क्रियान्वन की आवश्यकता उत्पन्न हुई. यह पद्धति अभी भी दुनिया के कुछ भागों में प्रचलित है। ट्रक परिवहन अब विकसित देशों में आम हो चुका है। स्थानीय और क्षेत्रीय पशुधन की नीलामी तथा जिंस बाजार पशुधन के व्यापार की सुविधा उपलब्ध कराते हैं। अन्य क्षेत्रों में, पशुधन को बाजार में खरीदा एवं बेचा जाता है, जैसा कि केन्द्रीय एशिया के कई स्थानों में पाया जाता है, अथवा ऐसा पुरानी वस्तुओं को बेचने के बाजार के रूप में किया जा सकता है।

माल का प्रदर्शन तथा मेले ऐसे कार्यक्रम हैं जहां लोग अपने सर्वश्रेष्ठ पशुधन का प्रदर्शन करके एक दुसरे से प्रतिस्पर्धा करते हैं। 4–एच, ब्लॉक एंड ब्रिडल तथा एफएफए कुछ ऐसे संगठन हैं जो युवाओं को प्रदर्शन के उद्देश्य से पशुधन का पालन करने को प्रोत्साहित करते हैं। विशेष भोजन खरीदा जाता है, तथा प्रदर्शन प्रारंभ होने के कुछ घंटे पहले से पशुओं को सजाया जाता है ताकि वे सबसे सुन्दर दिखें। मवेशियों में भेड़ें तथा सूअरों के प्रदर्शन में, विजयी पशुओं को अक्सर सबसे ऊंची बोली लगाने वाले को नीलाम कर दिया जाता है, तथा प्राप्त राशि को इसके स्वामी की छात्रवृत्ति कोष में डाल दिया जाता है। 2004 में रिलीज फिल्म ग्रैंड चौंपियन में टेक्सास के एक युवा लड़के की अनुभवों की कहानी है जो पुरस्कृत बैल का पालन

करता है।

**पशु कल्याण -** भारत का एक चरवाहा लड़का, छोटीभूमि वाले ग्रामीण किसानों की जीविका के लिए पशुधन अत्यंत महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से विकासशील देशों में मानव हित के लिए पशुओं को पालने का मुद्दा मनुष्यों तथा पशुओं के बीच सम्बन्ध पर पशुओं की स्थिति तथा लोगों के दायित्व पर प्रश्न उठाता है। पशु कल्याण एक दृष्टिकोण है कि मनुष्यों की देखभाल में रह रहे पशुओं को अनावश्यक रूप से कष्ट नहीं उठाना चाहिए 'अनावश्यक' कष्ट उठाना क्या है, इसके विषय में विभिन्न मत हो सकते हैं। आम तौर पर, हालांकि, पशु कल्याण खेती प्रथाओं पर वैज्ञानिक अनुसंधान की एक व्याख्या के परिप्रेक्ष्य पर आधारित है। इसके विपरीत, पशुओं के अधिकार का दृष्टिकोण है कि लाभ के लिए पशुओं का उपयोग, अपनी प्रकृति के अनुसार, पालन प्रथाओं के बावजूद, आमतौर पर शोषण ही है। पशु-अधिकार कार्यकर्ता आम तौर पर शाक खाने वाले अथवा शाकाहारी ही होते हैं, हालांकि पशु-अधिकार दृष्टिकोण के साथ ही सुसंगत है कि उत्पादन प्रक्रम के आधार पर मांस खाया जा सकता है।

पशु कल्याण समूह आम तौर पर पशुधन पालन की प्रथाओं पर सार्वजनिक चर्चा करते हुए पशुधन के उद्योगों पर अधिक नियंत्रण तथा जांच का अनुमोदन करते हैं। पशु अधिकार समूह आमतौर पर पशुओं की पालन का उन्मूलन चाहते हैं, हालांकि कुछ समूह पहले अधिक कठोर विनियमन को प्राप्त करने की आवश्यकता को पहचानते हैं। पशु कल्याण समूह जैसे आरएसपीसीए, अक्सर, पहली दुनिया के देशों में सरकारी स्तर पर नीति के विकास पर आवाज उठाते हैं। पशु अधिकार समूह अपनी बात रखने में कठिनाइयां महसूस करते हैं, अत: वे और अधिक आगे बढ़ते हुए जन अवज्ञा अथवा हिंसा पर उतर आते हैं।

कई पशुपालन प्रथाएं 1990 तथा 2000 के दशक में आन्दोलनों का कारण बनी हैं तथा कई देशों में इनसे सम्बंधित कानून भी बनाये गए हैं। छोटे और अप्राकृतिक स्थान में पशुधन को भर देना कई बार अर्थ-सम्बन्धी तथा स्वास्थ्य कारणों से किया जाता है। पशु को न्यूनतम आकार के पिंजरे या पेन में रखा जाता है जहां उसके लिए गतिविधि का कोई स्थान नहीं होता है। जहां पशुधन को शक्ति के स्रोत के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, उन्हें अपनी श्रम सम्बन्धी सीमाओं से परे धकेल दिया जाता है। इस दुरुपयोग की सार्वजनिक दृश्यता का अर्थ यह था कि यूरोपीय देशों में उन्नीसवीं सदी में इससे सम्बन्धी विधान बनाये गए, परन्तु एशिया के कुछ हिस्सों में अभी भी जारी है। ब्रौइलर मुर्गियों की चोंच काट दी जाती है, सूअरों के डिसिडुअस दांत निकल दिए जाते हैं, मवेशियों के सींग हटा दिए जाते हैं तथा इनका ब्रान्डीकरण कर दिया जाता है, डेयरी की गायों तथा भेड़ों की पूंछ काट दी जाती है, मरीनो भेड़ों को म्यूल्सीकरण किया जाता है, तथा कई प्रकार के नर पशुओं का बधियाकरण किया जाता है। पशुओं को बेचने और वध के लिए लंबी दूरी तक यात्रा करनी पड़ सकती है। भीड़ की स्थिति, उष्णकटिबंधीय क्षेत्र की गर्मी तथा भोजन, पानी तथा आराम की अनुपलब्धता विधान बनाने तथा विरोध का कारण बनते हैं। (देखें जीवित निर्यात) पशुधन का वध सम्बन्धी विधान शुरूआती लक्ष्यों में से एक था। ऐसे अभियान हलाल और कोषेर जैसी धार्मिक वध तकनीकों को भी निशाने पर लाते हैं।

**पर्यावरणीय प्रभाव-** शुरुआत में संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट 'लाइवस्टॉक्स लौंग शैडो' जैसी रिपोर्टों से पशुधन क्षेत्र (मुख्य रूप से मवेशी, मुर्गीपालन, तथा सूअर) पर संकट आया, क्योंकि रिपोर्ट के अनुसार यह क्षेत्र सबसे गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं के सर्वाधिक बड़े दो या तीन अंशदाताओं में से एक माना गया था। संयुक्त राष्ट्र ने विवादास्पद कृपया उद्धरण जोड़ें, रूप से अपनी कार्यप्रणाली में वनों की कटाई से उत्पन्न उत्सर्जन को शामिल किया था। 18% आंकड़े के स्थान पर, जो इस क्षेत्र के लिए उत्सर्जन के बड़े अंशदाता के रूप में निर्धारित किया गया है, एक वास्तविक आंकड़ा है, वनों की कटाई दरअसल 12% है कृपया उद्धरण जोड़ें,अप्रैल 2008 में संयुक्त राज्य अमेरिका पर्यावरण संरक्षण एजेंसी, ने संयुक्त राज्य में उत्सर्जन के प्रमुख स्टॉकटेक जारी किये जिसका शीर्षक इन्वेंटरी ऑफ यू.एस. ग्रीनहाउस गैस एमिशन्स एंड सिंक्स: 1990-2006 था 2,6.1 पर यह पाया गया '2006 में कृषि क्षेत्र 454.1 टेराग्राम्स के समतुल्य (Tg $Co_2$ eq.), $Co_2$ के उत्सर्जन, अथवा संयुक्त राज्य के कुल ग्रीनहाउस गैसों के 6 प्रतिशत का जिम्मेदार पाया गया।' तुलना करने की दृष्टि से, संयुक्त राज्य में कुल उत्सर्जन का 25% परिवहन से प्राप्त होता है।

पशुधन के नीति के केंद्र में रहने का मुद्दा अभी जीवित है, विशेष रूप से नियोट्रॉपिकल क्षेत्रों में वनों की कटाई, भूमि की दुर्दशा, जलवायु परिवर्तन व वायु प्रदूषण, पानी की कमी व जल प्रदूषण तथा जैव विविधता की कमी होक्केदो स्थित ओबिहिरो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड वेट्रीनरी मेडिसिन के एक शोध दल ने पाया कि पशु के भोजन में सिस्टीन, जो कि एक प्रकार का अमीनो एसिड है, तथा नाइट्रेट शामिल करने से उनके द्वारा पैदा की जाने वाली मीथेन गैस की मात्र में कमी लायी जा सकती है, तथा साथ ही मवेशी की उत्पादकता अथवा मांस व दूध की गुणवत्ता भी प्रभावित नहीं होती।

वनों की कटाई वनों की कटाई कार्बन चक्र (तथा वैश्विक और क्षेत्रीय जलवायु) को प्रभावित करती है और साथ ही कई प्रजातियों के प्राकृतिक निवास की हानि का कारण बनती है। वन, जो कि कार्बन चक्र के लिए सिंक का कार्य करते हैं, कटाई के कारण खोते जा रहे हैं। वनों को या तो काटा जा रहा है अथवा इन्हें जला कर समतल भूमि बनायीं जा रही है, क्षेत्र के लिए आवश्यक समय विस्तृत है। वनों की कटाई से भी खंडन होता है, प्रजातियों के लिए उनका प्राकृतिक निवास खण्डों में मिल पता है। अगर ये खंड दूर और छोटे हों तो जीन प्रवाह कम हो जाता है, प्राकृतिक निवास परिवर्तित हो जाता है, किनारे प्रभावित होते हैं और आक्रामक प्रजातियों के आक्रमण के लिए अवसर अधिक होता है।

भूमि अवनति 2008 में बोत्सवाना विश्वविद्यालय की शोध में पाया गया कि किसानों के द्वारा सूखे से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए अधिक पशुओं को पाले जाने से पारिस्थितिकी तंत्र अधिक नाजुक हो जाता है तथा मवेशियों के चरागाहों को दीर्घावधि की क्षति पहुंचती है, परिणामस्वरुप दुर्लभ जैव ईंधन की क्षति होती है। बोत्सवाना के क्गात्लेंग जिले के अध्ययन से भविष्यवाणी मिलती है कि 2050 तक, जलवायु परिवर्तन के कारण क्षेत्र में मध्यम सूखे का चक्र छोटा होता जायेगा (दो वर्षों के स्थान पर 18 महीने)

जलवायु परिवर्तन और वायु प्रदूषण मीथेन पशुधन खाद से उत्सर्जित गैसों में से एक हैय यह लंबी अवधि तक बनी रहती है और एक ग्रीन हाउस गैस है। कार्बन डाइऑक्साइड के पश्चात यह दूसरी सबसे प्रचुर मात्रा में उपलब्ध ग्रीन हाउस गैस है। हालांकि मीथेन कार्बन डाइ ऑक्साइड है कम मात्रा में है, वातावरण को गर्म करने की इसकी क्षमता 25 गुना अधिक है। पानी की कमी पशुधन की खपत के लिए पानी की आवश्यकता होती है

परन्तु भोजन के लिए जल ड्रॉप्स की भी आवश्यकता होती है। पशुधन को अक्सर अनाज खिलाया जाता है, जिसमें अमेरिका में उत्पन्न होने वाला 50% अनाज शामिल है साथ ही विश्व भर में होने वाला 40% अनाज भी शामिल है। अनाज तथा अन्य फसलों के उत्पादन के लिए भी जल की अलग-अलग मात्राओं की आवश्यकता होती है, अनाज से उत्पन्न एक किलोग्राम बीफ के लिए 100,000 लीटर जल की आवश्यकता पड़ती है, गेहूं से तुलना करने पर यह मात्रा 900 लीटर होती है।

जल प्रदूषण पशुओं के गोबर पर आधारित खादों की सहायता से उगाई जाने वाली फसलें (जैसे अन्न तथा चारा) जिनमें फॉसफोरस तथा नाइट्रोजन होता है, जिनका लगभग 95% वातावरण में नष्ट हो जाता है। तब प्रदूषक तत्व पौधों तथा जलीय जंतुओं के लिए मृत क्षेत्र बना देते हैं क्योंकि पानी में ऑक्सीजन का आभाव होता है। ऑक्सीजन के आभाव को यूट्रोफिकेशन के नाम से जाना जाता है, जिसमें जल में उपस्थित जीवधारी अत्यधिक बढ़ जाते हैं तथा उसके पश्चात ऑक्सीजन का प्रयोग करते हुए सड़ जाते हैं। इसका सबसे प्रमुख उदाहरण मैक्सिको की खाड़ी है, जहां उर्वरकों में मौजूद पोषक तत्वों के अत्यधिक उपयोग से वे मिसिसिपी नदी से होकर खाड़ी में पहुंच गए तथा वहां बहुत बड़े मृत क्षेत्र बन गए। अन्य प्रदूषक, हालांकि ये अधिक प्रचलित नहीं है, एंटीबायोटिक दवायें तथा हार्मोन हैं। दक्षिणी एशिया में जिन गिद्धों ने पशुधन के मृत शरीरों को खाया, उनकी संख्या 95% तक कम हो गयी और इसका कारण डिक्लोफेनैक नामक एंटीबायोटिक थी।

विकल्प ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने पशुधन की आंतों में कंगारू में पाया जाने वाला बैक्टीरिया प्रयोग करके उनमें मीथेन को कम करने का प्रयास किया है।

अर्ध शुष्क परिक्षेत्रों में, जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका के ग्रेट प्लेन्स, में ऐसी शोध हुई हैं जिनसे यह पता लगता है कि घास के मैदानों के प्राकृतिक आवास को संरक्षित करने में पशुधन उपयोगी हो सकता है। पशुधन प्राकृतिक आवास का निर्माण तथा उनकी को बड़ी प्रजातियों के लिए बनाये रख सकते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. साइप्रस में बिल्ली का पालतूकरण, नेशनल ज्योग्राफिक.
2. नौर्दर्न डेली लीडर, 20 मई 2010, कुत्तो ने 30 भेड़ों को क्षति पहुंचाई (तथा उन्हें मार दिया), पृष्ठ 3, रूरल प्रेस
3. 'एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका - मूल पोषक तत्व एवं एडिटिव्स : एंटीबायोटिक दवायें व अन्य विकास उत्प्रेरक'मूल से 19 अक्तूबर 2011 को पुरालेखित. अभिगमन तिथि 6 मई 2011.
4. लाइवस्टॉक्स लौंग शैडो - 'इन्वयारन्मेंटल इशूज एंड ऑप्शंस' एफएओ होम: एफएओ. स्रोत: संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन, 2006. वेब. 16 जनवरी 2011.
5. पिमेंटेल, डेविड. 'कॉर्नेल विज्ञान समाचार: पशुधन उत्पादन' कार्नेल क्रॉनिकल ऑनलाइन. 7 अगस्त 1997. वेब. 16 फरवरी 2011.
6. 'सीआरएस रिपोर्ट फॉर कौंग्रेस: कृषि: शब्दों, प्रोग्राम तथा नियमों की शब्दावली', 2005 संस्करण - ऑर्डर कोड 97-905 मूल से 12 फरवरी 2011 को पुरालेखित. अभिगमन तिथि 6 मई 2011.
7. विकीपीडिया

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# प्राचीन भारतीय संस्कृति में घोड़े का महत्व

**हेमराज कटारिया** *

* शोधार्थी (इतिहास) राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** मनुष्य की संस्कृतियों के निर्माण में पशुओं का अहम योगदान रहा है। आदिमकाल में मनुष्यों पशुओं का शिकार कर भोजन प्राप्त करता था, मध्यपाषाण काल में माँस के लिए इनकों पालतू बनाने लगा। कालांतर में कृषि की खोज के साथ ही कुछ पशु मानव समाज, धर्म, संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग बन गए। भारतीय उपमहाद्धीप में सर्वप्रथम मध्यपूरापाषाण काल में भीमबेटका गुफा चित्रों से हमे होमो सेपीयन्स प्रजाति द्धारा जंगली पशुओं के शिकार के चित्र मिलते है। हिन्दू पौराणिक मान्यताओं, किवंदितियों और कथाओं में अनेक पशुओं को देवताओं, असुरों आदि के वाहनों तथा उनके अवतारों के रूप में भी उल्लेख मिलता है। हिन्दू धर्म में पशु पक्षियों की उत्पति के अनेक सिद्धांत मिलते है जैसे कि पुराणों के अनुसार 'ब्रहमाण्ड के स्रष्टा ब्रम्हा के कश्यप नाम के एक पुत्र थे। कश्यप के कई पत्नीयाँ थी, जिन्होंने ने कश्यप को अनेक प्रकार की सन्ततियाँ प्रदान की थी। अदिति ने देवों को जन्म दिया था, जो आकाश में रहते थे। दिति ने दैत्यों या असुरो को जन्म दिया, जो धरती के नीचे निवास करते थे। कद्रु ने नागों, रेंगने वाले साँपों और जमीन और पेड़ों पर सरकने वाले कीड़ों को जन्म दिया।विनता ने गरुड़ों, पक्षियों और हवा में उड़ने वाले कीटों को पैदा किया। सरमा ने सभी जंगली जानवरों को जन्म दिया जिनके पंजे होते थे और सुरभि ने खुर वाले भले जीवों को। तिमि ने सारी मछलियों को जन्म दिया और सुरसा ने दानवों को। इस तरह, सभी देवताओं, दैत्यों, जीवों और मनुष्यों का भी पूर्वज एक ही है कश्यप। वे उसे प्रजापति भी कहते है सभी प्राणियों का पिता।' कश्यप के अनेक पत्नीयां थी जोकि विभिन्न प्रकार के जानवरों की माताऐं थी। वही उपनिषदों के अनुसार 'पहले पुरुष ब्रह्मा ने पहली बार शतरुपा को देखा और उस पर मोहित हो गये। उन्होंने उसे छूने की कोशिश की। वह हँसी और भाग खड़ी हुई। उन्होंने उसका पीछा किया। पकड़े जाने से बचने के लिए शतरुपा एक हिरनी में बदल गयी। उसे पकड़ने के लिए वे एक हिरन बन गये। फिर वह घोड़ी बन गयी। वे घोड़ा बन गये। वह गाय बन गयी। ब्रम्हा ने वृषभ का रूप ले लिया, वह हंसिनी बन गयी और हवा में उड़ गयी। वे हंस के रूप में उसके पीछे-पीछे उड़ चले। हर बार जब शतरुपा ने किसी मादा का रूप लिया, ब्रम्हा ने उसके जोड़ीदार नर का रूप ले लिया। यह सिलसिला करोड़ों वर्षो तक चलता रहा। इस तरह, कालांतर में, सभी तरह के जीव-जंतुओं ने अवतार ग्रहण किया।'

लगभग दूसरी सहस्राब्दी ईसा पूर्व के मध्य से घोड़ा भारतीय महाद्धीप में मौजूद रहा है, तथा भारतीय उपमहाद्धीप में प्रारंभिक स्वात संस्कृति (लगभग 1600 ईसा पूर्व) के दौरान घोड़े के सबसे पहले मौजूद होने के निर्विवाद प्रमाण हैं। हमे विकसित हड़प्पा सभ्यता से तो घोड़े के कोई अवशेष प्राप्त नहीं होते है, इसीलिए माना जाता है कि हड़प्पा के लोग घोड़े से परिचित नहीं थे, परंतु हमे उत्तार हड़प्पा काल से अनेक घोड़े के अस्तित्व के प्रमाण प्राप्त होते है। लोथल से घोड़े जैसी तीन मृण्मूर्तिया मिलती है। सुरकोटदा से भी घोड़े की हड्यिों के अवशेष प्राप्त हुए है। रंगपूर से घोड़े की मृण्मूर्तियाँ मिली है। बलूचिस्तान के राणाघुंडई से भी घोड़े के अवशेष प्राप्त होते है। वी. एस. वाकनकर को लुप्त सरस्वती नदी शोध अभियान के दौरान नदी के पाटे के टीलों की खुदाई के दौरान अनेक जगहों पर घोड़े के अवशेष व हड्यिाँ प्राप्त होती है और मिट्टी के बने अनेक संख्या में घोड़े के प्रारूप प्राप्त होते है।

घोड़ों को भारतीय वाग्मय में सदैव ही महत्व प्रदान किया गया है। प्राचीन समय में वीर योद्धा अच्छी नस्ल के घोड़ों से खींचने वाले रथ पर युद्ध करते थे अथवा उनकी पीठ पर सवारी कर संग्राम किया करते थे। अत: यह स्वाभाविक है कि प्राचीन भारतीय इतिहास में घोड़ों का एक व्यापक साहित्यिक वर्णन हमे प्राप्त होता है। वैदिक वाग्मय में घोड़ों के बहुत से उदहारण सहज ही देखने को मिल जाते है। वैदिक काल से हमे यह ज्ञात होता है कि घोड़े ना सिर्फ मनुष्यो को लिए अपितु देवताओं के पूजन में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। वेदों में उल्लेखित वाजिमेध यज्ञ में घोड़े का महत्व अच्छे से वर्णित है। घोडा महत्वपूर्ण जानवरों में से एक है, तथा इसके संदर्भ कई हिंदू धर्मग्रंथों में भी मिलते हैं, ऋग्वेद, यजुर्वेद आदि इसके प्रमाण हैं। मेक्समूलर के अनुसार आर्यो का मूलस्थान मधय एशिया था और आर्य कबीले के रूप में भारत आए है। घोड़ा आर्यो का प्रिय पशु था। घोड़ों की सहायता से ही आर्ये इतनी दूरी तय की तथा भारत की मूल जातियों से संघर्ष में विजय प्राप्त की। घोड़ों ने आर्यो को तेज बनाया और आर्यो के प्रसार में अहम योगदान दिया। ऋग्वेद में मवेशियों खासकर घोड़ों की प्राप्ति के लिए अनेक प्राथनाएं है। घोड़ों को लड़ाई में रथ खीचने के काम में लाए जाता था। आर्यो के लिए घोड़े का महत्व इस बात से पता लगता है कि ऋग्वेद के कुछ सूक्तों में 'दधिक्रा' नामक एक देवी अश्व की प्रशंसा की गई तथा सूर्य को अश्व के रूप में कल्पित किया गया है, इस तथ्य को सिद्ध करती एक कहानी भी प्रचलित है 'सूर्य देवता की पत्नी सरण्या था। सरण्या देवताओं के शिल्पी विश्वामित्र की पुत्री थी। सूर्य की किरणे इतनी तीखी और गरम थी कि सरण्या उनसे दूर भाग गयी। सूर्य को विश्वकर्मा से पता चला कि सरण्या पृथ्वी पर एक घोड़ी का रूप धारण कर उनमुक्त विचर रही है। तब सूर्य ने एक घोड़े का रूप लिया और धरती पर आकर सरण्या को खोज लिया। इस रूप मे सूर्य और सरण्या ने दो बेटों को जन्म दिया, जिन्हे अश्विनी कुमार कहते है और जो जुड़वाँ भाई है। उन्हे अक्सर घोड़े के सिर वाले रूप में चित्रित किया जाता है।' जिससे ये पता चलता है कि ऋग्वेद में कभी कभी देवताओं की कल्पना

पशु रूप में भी होती थी।

उत्तर वैदिक काल आते आते भारतीय समाज में घोड़ों का महत्व बढ़ जाता है। द्वितीय नगरीकरण की शुरुआत होने लगती है, आर्य अब पशुपालन के स्थान कृषि को बढ़ावा देने लगते है, जिससे वे अब एक जगह रहने लगे और बड़े बड़े जनों का निर्माण करने लगे। अब ये जन आपस में अधिक भूमि प्राप्त करने के लिए युद्ध करने लगे जिससे कि घोड़ों और उनसे खीचें जाने वाले रथों का प्रयोग बढ़ने लगा। बढ़ते नगरीकरण और बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ घोड़ों का भी परिवहन में अधिक उपयोग होने लगा। इस कारण इस काल में तथा इसके उत्तरवर्ती काल में घोड़ों का धार्मिक महत्व भी बढ़ा इसके अनेक उदाहरण उस काल में रचित ग्रंथों और साहित्य से पता कहलाता है। उतरोत्तर वैदिक काल मे हमे भागवत पुराण से एकवीर हैहय की कथा मिलती जिसके अनुसार एक दिन सूर्यदेवता का पुत्र रेवंत अपने सफेद रंग के घोड़े पर बैठकर विष्णु के निवास वैकुन्ठ से उस समय गुजरा जब विष्णु अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ बैठे हुए थे। लक्ष्मी रेवन्त के सुंदरता पर इतनी मुग्ध हुई कि उसका ध्यान विष्णु की बात से हट गया। खीझकर विष्णु ने लक्ष्मी को शाप दिया कि वह घोड़ी बनकर पृथ्वी पर तब तक रहेगी जब तक वह एक मानव रूपी सन्तान को जन्म नही देती। लक्ष्मी उसी समय गायब हो गयी और विष्णु को अपनी कठोरता पर दुख और पछतावा हुआ। उन्होंने लक्ष्मी को पृथ्वी पर घोड़ी के रूप में स्वतंत्रता से इधर-उधर घूमते देखा, तो उन्होंने भी एक घोड़े का रूप लेकर लक्ष्मी के साथ घूमना शुरू कर दिया। समय आने पर उन्होंने एक सन्तान को जन्म दिया। बालक को हैहय (घोड़े से जन्मा) नाम दिया गया और बड़ा होकर वह एक महान वीर बना। घोड़ों द्वारा खींचे जाने वाले रथों के उपयोग को हम महाभारत में करुक्षेत्र के युद्ध मे एक वृतांत द्वारा समझते है जिसमे युद्ध के बीच मे एक समय आया जब कृष्ण ने देखा कि जो घोड़े उनके रथ को खींच रहे थे, वे थक गये थे। तब उन्होंने अर्जुन से कहा कि वह एक तीर धरती मे मारे जिससे पानी का एक सोता फूट पड़े और घोड़े के लिए पानी का प्रबंध हो जाये। कालांतर में अनेक यज्ञ भी घोड़े से संबधित होने लगे जिसमे सर्वाधिक महत्वपूर्ण अश्वमेध यज्ञ तथा वाजपेय यज्ञ था। वाजपेय(शक्तिप्रद पेय) यज्ञ एक शक्ति प्रदर्शन यज्ञ होता था, इसका एक गौण उद्देश्य जन समूह का मनोरंजन भी होता था। इसमें सोमपान करके रथदौड़ का आयोजन किया जाता था, जिसमें राजा का रथ सबसे आगे होता था। इस यज्ञ को वैदिक काल का ओलंपिक भी कहा जाता है। इसका वर्णन यजुर्वेद और शतपथ ब्राह्मण में मिलता है। अश्वमेध भारतवर्ष के एक प्रख्यात प्राचीनकालीन यज्ञ का नाम है। 'सार्वभौम राजा' अर्थात् एक चक्रवर्ती नरेश ही अश्वमेध यज्ञ करने का अधिकारी माना जाता था, परन्तु ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार इस को समपन्न करने के लिए अन्य महत्वशाली राजन्यों को भी अधिकार था। आश्वलायन श्रौत सूत्र का कथन है कि जो सब पदार्थो को प्राप्त करना चाहता है, सब विजयों का इच्छुक होता है और समस्त समृद्धि पाने की कामना करता है वह इस यज्ञ का अधिकारी है। इसलिए सार्वभौम के अतिरिक्त भी मूर्धाभिषिक्त राजा अश्वमेध कर सकता था (आपस्तम्ब श्रौतसूत्र, लाट्यायन)। यह अति प्राचीन यज्ञ प्रतीत होता है क्योंकि ऋग्वेद के दो सूक्तों में अश्वमेध यज्ञ में प्रयुक्त अश्व तथा उसमें किए जाने वाले हवन का विशेष विवरण दिया गया है। शतपथ तथा तैतिरीय ब्राह्मणों में इसका बड़ा ही विशद वर्णन उपलब्ध है जिसका अनुसरण श्रौत सूत्रों, वाल्मीकीय रामायण, महाभारत के आश्वमेधिक पर्व में तथा जैमिनीय अश्वमेध में किया गया है। अश्वमेध के लिए बड़ा ही सुडौल, सुन्दर तथा दर्शनीय घोड़ा चुना जाता था। उसके शरीर पर श्याम रंग की आभा होती थी। तालाब जल में उसे विधिवत् स्नान कराकर इस पावन कर्म के लिए अभिशिक्त किया जाता था। तब वह सौ राजकुमारों के संरक्षण में वर्ष भर स्वच्छन्द घूमने के लिए छोड़ दिया जाता था। अश्व की अनुपस्थिति में तीन इष्टियाँ प्रतिदिन सवितृदेव के निमित दी जाती थीं और ब्राह्मण तथा क्षत्रिय जाति के वीणावादक स्वरचित पद्य प्रतिदिन राजा की स्तुति में वीणा बजा कर गाते थे। प्रतिदिन पारिप्लव (विशिष्ट आख्यान) का पारायण किया जाता था। एक साल तक निर्विघ्न घूमने के बाद जब घोड़ा सकुशल लौट आता था तब राजा दीक्षा ग्रहण करता था। ऐतरेय ब्राह्मण में अश्वमेधयागी प्राचीन चक्रवर्ती नरेशों का बड़ा ही महत्वशाली ऐतिहासिक निर्देश है। ऐतिहासिक काल में भी वैदिकधर्मानुयायी राजाओं ने अश्वमेध का विधान बड़े ही उत्साह के साथ किया। राजा दशरथ तथा युधिष्ठिर के अश्वमेध प्राचीन काल में संपन्न हुए कहे जाते हैं। द्वितीय शती ई.पू. में शुंगवंशी ब्राह्मणनरेश पुष्यमित्र ने दो बार अश्वमेध किया था, जिसमें महाभाष्यकर पतञ्जलि स्वयं उपस्थित थे (इह पुष्यमित्रं याजयामः)। गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त ने भी चौथी सदी ई. में अश्वमेध किया था जिसका परिचय उनकी अश्वमेधीय मुद्राओं से मिलता है। दक्षिण के सतवाहन, चालुक्य और यादव नरेशों ने भी यह परम्परा जारी रखी। इस परम्परा के पोषक सबसे अंतिम राजा जयपुर के महाराजा सवाई जयसिंह प्रतीत होते हैं, जिनके द्वारा किये अश्वमेध यज्ञ का वर्णन श्रीकृष्ण भट्ट कविकलानिधि ने 'ईश्वरविलास महाकाव्य' में तथा महानन्द पाठक ने अपनी 'अश्वमेधपद्धति' में किया है। युधिष्ठिर के अश्वमेध का विस्तृत रोचक वर्णन 'जैमिनि अश्वमेध' में मिलता है।

प्राचीन भारतीय समाज मे घोड़े की महत्ता इस बात से पता चलती है कि उस समय घोड़े पर एक ग्रंथ अश्वशास्त्र लिखा गया, जिसके रचयिता पाँच पांडवों से एक नकुल को माना गया है । महाभारत के विराट पर्व से नकुल के अश्व प्रेम की व्यापक झलक देखने को मिलती है। विराटनगर में जहां विभिन्न पांडव अज्ञातवास के समय अपना रूप बदल कर रह रहे थे, ऐसे में नकुल घोड़ों की देख रेख में लगे हुए थे। संभवतः वहीं उन्हें घोड़ों के इस विज्ञान की व्यापक जानकारी प्राप्त हुई होगी। घोड़ों के प्रति इतनी व्यापक जानकारी एवं सहज प्रेम के कारण ही शायद परवर्ती संस्कृत रचनाकारों ने अश्व शास्त्र का लेखक नकुल को माना है, परंतु अश्व शास्त्र में नकुल द्वारा शालिहोत्र, सुश्रुत, गर्ग इत्यादि ऋषियों को अश्व शास्त्र का ज्ञाता बताया गया है। शालिहोत्र तो अश्व शास्त्र के प्रथम ज्ञाता बताए गए है। उनका नाम महाभारत में विभिन्न स्थानों पर उल्लेखित है। एक स्थान पर उनको घोड़े जैसी मेधा वाला बताया गया है। भगवान श्री कृष्ण एवं पांच पाण्डव अश्व शास्त्र के प्रकांड विद्वान थे। नकुल इसीलिए अश्व शास्त्र के रचयिता माने जाते है और ऐसा श्रुति परम्परा में विख्यात है कि इस ग्रन्थ की रचना में शालिहोत्र ऋषि द्वारा व्यापक सहायता प्रदान की गई थी। इसलिए शालिहोत्र के बाद पारंपरिक रूप से नकुल अश्व शास्त्र के ज्ञाता माने जाते है। यही कारण था कि महाभारत के युद्ध में वह पांडवो के सेना का व्यापक नियंत्रण कर रहे थे। नकुल के अनुसार घोड़े धर्म और अर्थ को अर्जित करने में सहायक होते है। मनुष्य घोड़े के माध्यम से ही भूमि व सम्पदा अर्जित करता है। घोड़े यश, कीर्ति एवं विजय के संवाहक होते है। उस स्थान पर सब प्रकार के शुभ संकेत सहज विराजमान होते है जहां अच्छी नस्ल के घोड़े पाए जाते है। नकुल कहते है कि यदि किसी के प्रांगण में एक दिवस पर्यन्त यदि घोड़े का प्रवास हो जाए

तो वह व्यक्ति समुद्र पर्यंत भूमि पर विजय कर सकता है और यदि किसी के पास सिर्फ घोड़ों की ही सेना हो तो उस व्यक्ति के निवास में साक्षात लक्ष्मी नारायण को छोड़ कर आ जाती है।

घोड़ों से जुड़े विभिन्न संस्कृत ग्रंथो की सूची इस प्रकार है:

1. अग्निपुरण अन्तर्गत अश्ववैद्यक
2. नकुल विरचित अश्व शास्त्र एवं अश्व चिकित्सा
3. कल्हण रचित शालिहोत्रसमुच्चय
4. हयलिलावती
5. जयदत्त सुरी विरचित अश्ववैद्यक
6. वर्धमान विरचित योगमंजरी
7. दीपांकर विरचित अश्ववैद्यक
8. भोज विरचित युक्तिकल्पतरू
9. वागभट्ट विरचित अश्व आयुर्वेद
10. सोमेश्वर विरचित मानसोल्लास

प्राचीन भारतीय वाग्मय में घोड़ों का विभाजन निम्न आधार पर उल्लेखित है:

1 देश एवं क्षेत्र

2 गुण एवं रूप

3 शकुन एवं अपशकुन (शकुन रूप में वह घोड़े जो यश कीर्ति को लाए तथा अपशुकन रूप में वह घोड़े जो दुख वाम पराजय लाए)

अश्व शास्त्र के अन्तर्गत नकुल के अनुसार घोड़ों के निम्न परिवार भारत वर्ष में पाए जाते थे:

कम्बोज, बल्हिका, वान्यूज, गांधार, अरत्त, वाह्य, सैंधव, तैत्तिाक, कुलज, उपकुलज, मेचक, उप मेचक, कैवर्त, अर्जुनीय, पर्वतीय यौधये,यवन, ह्रसयवन, तुषार, कदरे, अवंत्य, काश्मीर, सकनाना, पर्वत्य, उत्तारा, माद्रे, दाक्षिणेय,अंतर्दीपोदभव,कैकेय, अंभस्त, वासंतिक, सौवीर, कैरत, मालव, विंध्यक, कलिंग, मधुर, मानव, कौसल्य, अर्जुनय, पांचाल, सौराष्ट्र,पौंड्रक, कुक्कट, हैमवत, मगध इत्यादि।

नकुल ने बाद में घोड़ों को सत्व, राजस एवं तमस गुणों के आधार पर भी विभाजित किया है:–

सात्विक प्रवृत्ति के घोड़ों के प्रकार: ब्रम्ह, अर्ष, ऐंद्र, यम्य, कुबेर, वरुण एवं गंधर्व

राजसी प्रवृत्ति के घोड़ों के प्रकार: असुर, राक्षस, पिशाच, सर्प, पैत्र एवं शकुन

तामसिक प्रवृति के घोड़ों के प्रकार: पस्व, मत्स्य, वैरुध,

सोमेश्वर के अनुसार घोड़ों के प्रकार मापदंड भिन्न है। उनके अनुसार घोड़े उत्तमोत्तम, उत्तम, मध्यम और अधम गुण के ही होते है।

घोड़ों के वर्ण को लेकर भी प्राचीन भारतीय वाग्मय में विस्तृत वर्णन किया गया है। श्वेत वर्ण के घोड़ों को विप्र, लाल वर्ण के घोड़ों को क्षत्रिय, पीत वर्ण के घोड़ों को वैश्य एवं श्याम वर्ण के घोड़ों को शूद्र की संज्ञा दी गई है। इसके साथ ही अन्या अन्य वर्णों के भी नाम वर्णित है जैसे कि सन्नध, संविती, नागजातिय, ज्योतिष्मान, पंच भद्रक इत्यादि। भोज के अनुसार घोड़ो के वर्ण के निम्न प्रकार बताये गए है :– चक्रवाक, श्यामकरण, अष्टमंगल, कल्याणपंचक एवं यमरूप

जयदत्ता के अनुसार घोड़े के गंध से शकुन एवं अपशकुन मानकों का निर्णय किया जाता था। अच्छा घोड़ा वह है जिसकी गंध मन को शांति प्रदान करती हो और बुरा घोड़ा वह है जिसकी गंध मन को अशांत कर दे। नकुल के अनुसार कमल, चंदन, मधु इत्यादि के सम्यक गंध वाले घोड़े अच्छे तथा कीट, गधे, सुअर इत्यादि के सम्यक गंध वाले घोड़े बुरे माने गए है।

नकुल के अनुसार अपनी पद चाप को ऊंचा उठा कर गज, व्याघ्र, मयूर, हंस, हिरण, बंदर इत्यादि की चाल वाले घोड़े अच्छे माने गए है। लात मारने व अत्यधिक उछलने वाले घोड़े अच्छे नहीं माने गए है।

सोमेश्वर ने घोड़ों की गति को मुख्य रूप से तीन भागो में विभाजित किया है:

1. युद्ध काल में
2. मनोरंजन काल में
3. यात्रा काल में

युद्ध काल में घोड़े की गति को पुन: दो भागो में विभाजित किया है:

1. उच्चंघिरी: जिस घोड़े के लंबे लंबे पैर हो
2. मध्यपाद: जो घोड़ा समान रूप से चाल चले

मनोरंजन काल में घोड़े की गति को पुन: दो भागो में विभाजित किया है:

1. वक्रपाद: जो वक्र गति से चले
2. समपाद: जो समान गति से चले

यात्रा काल में घोड़े की गति को पुन: दो भागो में विभाजित किया है:

1. नीचपाद: जिसके घुटनों में घुमाव हो
2. स्तब्धपाद: जिसके घुटनों में स्तब्धता हो

शालिहोत्र ने घोड़ों की मानसिक स्थिति की भी व्यापक विवेचना की है। उनके अनुसार घोड़ों के अंदर निम्न मानसिक गुण होते है: भित्ति, हास्य, चांचल्य, प्रा हर्ष, धैर्य, कोप, दुख, हेसित, उत्साह, लज्जा एवं कार्य शकुन।

छठी शताब्दी ई. पू. मे उत्तरवैदिक कालीन धार्मिक कर्मकांडों एवं खर्चीले यज्ञों के विरोध मे भारत मे धार्मिक आंदोलन की शुरुआत होती है, जिससे वैदिक धर्म के विरुद्ध अनेक नए संप्रदायों का उदय होता है। इनमे जैन धर्म और बौद्ध धर्म प्रमुख थे। इन्होंने वेदों की प्रमाणिकता, खर्चीले यज्ञ तथा उनमे दी जाने वाली पशु बली का विरोध किया और ब्राह्मणों की सता को चुनौती दी। जैन धर्म मे अश्व शक्ति और गति का प्रतीक है। जैन शास्त्रों में कहा गया है – मणो साहस्सिओ भीमो दुटठस्सो परिधावइ–अर्थात् मन दुष्ट अश्व की तरह बड़ा साहसिक और तेज दौड़ने वाला है। किन्तु इसे अगर ज्ञान की लगाम लगा दो तो यही शक्तिपुंज बन जाता है। आचार्य सम्राट् श्री देवेन्द्र मुनि के अनुसार शिक्षित और लगाम डाला हुआ अश्व जैसे युद्धों में विजय व लक्ष्मी दिलाता है, वैसे ही सुशिक्षित व संयमित मन जीवन में शक्ति और विजय प्राप्त कराता है। अश्व को प्रतीक मानकर विनय, संयम, ज्ञान आदि की शिक्षाएं ग्रहण करनी चाहिए। जैन धर्म के तीसरे तीर्थंक संभवनाथ का प्रतीक चिन्ह भी अश्व माना जाता है, इसलिए जैन धर्म मे अश्व को एक पवित्र पशु समझा जाता है तथा जैन मूर्तिकला मे भी घोड़े को उकेरा गया है। बौद्ध धर्म मे भी घोड़े को एक पवित्र पशु माना जाता है। महात्मा बुद्ध के जीवन घटनाओं को विभिन्न पशुओ से दर्शाया जाता है जैसे गर्भाधारण को हाथी से, जन्म को सांड से, गृह त्याग को अश्व से आदि। राजकुमार सिद्धार्थ के प्रिय घोड़े का नाम कन्थक था, जों श्वेत वर्ण का था। बौद्ध ग्रन्थों में वर्णित है कि राजकुमार सिद्धार्थ के संन्यास लेने से पूर्व सभी महत्वपूर्ण कार्यों के लिए कन्थक का ही उपयोग किया। जब ज्ञान की तलाश के लिए राजकुमार सिद्धार्थ ने गृह त्याग किया तो दु:ख के कारण कन्थक ने भी शरीर त्याग दिया। मौर्य सम्राट अशोक ने धम्म के प्रचार के लिए अपने साम्राज्य मे विभिन्न स्थानों पर स्तम्भ लगवाए, इन्हीं स्तंभों मे एक सारनाथ का स्तम्भ है जों 45 फीट लंबे बलुआ पत्थर से बना है। इसके ऊपर स्थित

जो चिन्ह है, वही आज देश का गौरवशाली राष्ट्रीय चिन्ह है। इस राष्ट्रीय चिन्ह मे चार शेर, हाथी, बैल, घोडा पशु खुदे हुए है। भारत के राजचिन्ह में नीचे की ओर बने भागते हुए जिस घोड़े को दिखाया गया है वह पश्चिम दिशा की ओर भाग रहा है। यह घोड़ा कंठक घोडे का प्रतिनिधित्व करता है। कंठक घोड़े के बारे में कहा गया है कि इसका इस्तेमाल महात्मा बुद्ध ने अपान राजसी जीवन छोड़कर जाते वक्त किया था, जिसे बौद्ध धर्म मे महाभिनिष्क्रमण कहा जाता है। प्राचीन भारत मे कई शासकों ने अश्व प्रकार तथा अश्व की आकृति से संबंधित सिक्के प्रचलित किए। इसमे मुख्य रूप से समुन्द्र गुप्त और कुमारगुप्त के अश्वमेध यज्ञ के सिक्के प्रमुख है।

हमने देखा कि प्राचीन भारतीय उपमहाद्वीप मे घोड़े आर्थिक और सामरिक क्षेत्र मे एक अतिमहत्वपूर्ण पशु था। परिवहन के साधनों के अभाव मे घोड़े एक महत्वपूर्ण परिवहन के साधन थे, ये किसी भी जलवायु मे जल्दी ढल जाते थे और कई दिनों तक भूख प्यास सहन कर लेते थे। युद्ध और लड़ाई मे सैनिक इनकी सहायता से दुश्मनों पर तेजी से आक्रमण कर युद्ध के परिणाम अपनी ओर मोड लेते थे। जिसके पास जीतने घोड़े, उसकी सेना उतनी ही शक्तिशाली मानी जाती थी। प्राचीन काल मे चतुर्वाहिनी सेना मे एक सेना घुड़सेना होती थी। इसके अलावा तत्कालीन समय मे संदेशवाहक भी घोड़ों का उपयोग करते थे। इन सभी कारणों से घोडा समाज मे अतिमहत्वपूर्ण पशु बन गया जिसके कारण समाज मे घोडा पूजनीय बन गया। उसे कई देवताओं से जोड़ा जाने लगा, कहीं–कहीं देवताओं के समतुल्य मान कर पूजा जाने लगा। वैदिक धर्म के अलावा घोड़े जैन और बौद्ध धर्म मे बराबर महत्व रखते है। यह जाहिर सी बात है कि समाज मे जिस पशु का आर्थिक, सामरिक या अन्य कोई उपयोग हो तो वह धर्म के क्षेत्र मे भी महत्वपूर्ण हो जाता है और ऐसा हमे घोड़े के रूप मे देखने को मिलता है। हमने ऊपर देखा कि घोड़ों पर काफी साहित्य लिखा गया है। उन्हे कहीं महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथों यथा वेदों, ब्राह्मणों, उपनिषदों, महाभारत, रामायण आदि मे तथा इसके अलावा अनेक कथाओं और किवंदितियों मे भी इन्हे शामिल किया गया है। चूंकि घोड़े तत्कालीन समाज मे एक मूल्यवान निधि माने जाते थे, इसीलिए उन्हे स्वस्थ और सेहतमंद रखने के लिए उन पर काफी शोध किया गया, जिसका परिणाम घोड़ों पर लिखे गए अनेक वैज्ञानिक ग्रंथों मे देखने को मिलता है जैसे कि नकुल विरचित अश्वशास्त्र, कल्हण रचित शालिहोत्रसमुच्चय, जयदत्ता सूरी विरचित अश्ववैद्यक आदि।

अत: प्राचीन भारतीय साहित्य में उल्लेखित उपर्युक्त उदाहरणों से यह बात तो भली भांति परिचित हो गई है कि भारतीय मनीषी गण न सिर्फ मानवों बल्कि जीवो के प्रति भी सजग थे। सजगता का उत्कृष्ट उदाहरण और क्या ही होगा कि घोड़े की मानसिक स्थिति एवं उसके गुणों पर भी व्यापक एवं गंभीर रूप से प्रकाश डाला गया है। 'वसुधैव कुटुंबकम' की पंक्ति को भारतीय साहित्य के विभिन्न ग्रन्थ चरितार्थ करते हुए दिखाई पड़ते है। महाभारत काल से लेकर सोमेश्वर तक व उसके बाद के विभिन्न लेखकों द्वारा घोड़ों एवं उनके विभिन्न पक्षों पर डाला गया प्रकाश भारतीय ज्ञान कोश की व्यापकता का एक सुन्दर एवं सजीव उदाहरण है। परंतु आज के तकनीकी दौर मे मनुष्यों ने अनेक परिवहन के साधनों का आविष्कार कर लिया है जिन्होंने ने घोड़ों और अन्य पशुओं को प्रतिस्थापित कर दिया है। यहीं दृश्य हमे घोड़ों के मनोरंजन के साधन और सामरिक महत्व मे भी दिखाई पड़ते है तकनीक और विज्ञान ने इन दोनों क्षेत्रों मे इनके प्रतिस्थापन खोज लिए है परंतु आज भी घोड़ों का उतना ही धार्मिक महत्व है जितना प्राचीन समय मे था। अश्वों से संबंधित अनेक परामपराएं और रीतियाँ आज भी भारतीय समाज मे प्रचलित है ।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:–**

1. नगर, महेंद्रसिंह. भारतीय इतिहास एवं संस्कृति में युग युगीन अश्व. जोधपुर: राजस्थान ग्रंथागार(2013)
2. पट्टनायक, देवदत्त. पशु. दिल्ली: राजपाल एंड संस(2015)
3. श्रीवास्तव, कृष्ण चंद्र. प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति. इलाहाबाद: यूनाइटेड बुक डिपो(2018)
4. शर्मा, कृष्णगोपाल । जैन, हुकम चंद । शर्मा, मुरारीलाल. भारत का इतिहास. जयपुर: अजमेरा बुक कंपनी(2016)
5. थापर, रोमिला. भारत का इतिहास. नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन(2018)
6. शर्मा, कालुराम । व्यास, प्रकाश. भारतीय संस्कृति के मूल आधार. जयपुर: पंचशील प्रकाशन(2012)
7. शर्मा. रामशरण. भारत का प्राचीन इतिहास. नई दिल्ली: ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस(2021)
8. हमारे अतीत , एनसीईआरटी
9. Ganguli, K.M. (1883-1896) "Aswamedha Parva' in The Mahabharata of Krishna-Dwaipayana Vyasa (12 Volumes). Calcutta
10. Mansingh, Surjit. Historical Dictionary of India. Maryland: Scarecrow Press Inc(2006)
11. https://www.indica.today/bharatiya-languages/horses-indian-history-hindi/
12. https://prarang.in/meerut/posts/4366/Horse-plays-an-important-role-within-human-cultures
13. http://ccrtindia.gov.in/buddhist-sculpture-hi/

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# मधु कांकरिया की कहानियों का अनुशीलन

**डॉ. आशा शरण***

* देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** आधुनिक महिला कथाकारों में मधु कांकरिया का जाना-माना नाम है।उनकी हर कहानी में सामाजिक, आर्थिक ऐसे ही अन्य पहलू उभर कर आए हैं।वर्तमान समाज में व्याप्त असुरक्षा की भावना, वृद्धों की समस्या, समाज की भेदभाव की मानसिकता ये समाज को खोखला बना रही है। प्रस्तुत शोध पत्र में अनेक ऐसे ही पहलुओं को व्यक्त किया गया है।

**प्रस्तावना –** समाज परिवर्तशील है और हमेशा से कुछ सकारात्मक परिवर्तन हुए तो नकारात्मक परिवर्तन हुए। इन परिवर्तनों को व्यक्ति आत्मसात करता हुआ आगे बढता रहा । कुछ अनुभव सुखात्मक थे कुछ दु:खात्मक थे और इन सबसे ज्यादा प्रभावित व्यक्ति हुआ। साहित्य ने बखूबी अपनी भूमिका निभाते हुए अपने शब्दों के माध्यम से व्यक्त किया। आज आधुनिकता और गिरते हुए मूल्यों ने समाज के सारे मापदण्ड बदल दिये हैं।जिससे समाज का हर वर्ग संघर्ष करता हुआ दिखाई देता है। चाहे वो अपनों से हो या परायों से। मधु कांकरिया ने जीवन के इसी यथार्थ को कुशलता के साथ चित्रित किया है।

'दाखिला' कहानी में सुकीर्ति की मनोदशा का वर्णन किया गया है। इसमें सुकीर्ति अपने पुत्र का दाखिला स्कूल में करवाना चाहती है।उसका पति उसे छोडकर चला जाता है और स्कूल में दाखिला के समय माता-पिता दोनों का जाना जरूरी था। ऐसी स्थिति में सुकीर्ति अपने भाई को पति बनाकर स्कूल ले जाती है। लेकिन बेटा विक्रम समझाने के बावजूद 'मामा' को 'पापा' नहीं कह पाता है और सबके सामने उसे वह मामा कहकर पुकारता है। विक्रम आयु में कम होने के बावजूद अपनी माँ की स्थिति को समझता है, वह देखता है कि उसकी माँ कैसे उसके दाखिले के लिए परेशान रहती है। इन सारी परेशानियों को देखकर विक्रम अपनी माँ से कहता है, ''इस बार तुम गडबड नहीं करना। इंटरव्यू रूम में घुसते ही कह देना फादर को पापा हमारे साथ नहीं रहते, नहीं तो पिछले इंटरव्यू की तरह इस बार भी मेरा दाखिला नहीं हो पायेगा।''[1]

'एक रुकी हुई स्त्री' कहानी की नारी पात्र मानसी कलकत्ते के मेडिकल कॉलेज में पढ रही है। वहीं पर उसकी मुलाकात सरबजीत से होती है। मानसी और सरबजीत की मुलाकातें दिनो-दिन बढती जाती है। ये मुलाकातें जल्दी ही प्यार में तब्दील हो जाती है। यह प्यार इस हद तक बढ जाता है कि मानसी अपना कैरियर तक दाँव में लगा देती है।लेकिन इसी बीच सरबजीत एम.बी.बी.एस. होने के बाद एम.एस.एच.की डिग्री के लिए अमेरिका चला जाता है। इधर मानसी सरबजीत से जल्द ही विवाह करना चाहती है। परन्तु सरबजीत अपना फैसला सुनाते हुए कहता है ''अगले पाँच छह साल वह शादी के बारे में सोच भी नहीं सकता। मानसी भी सरबजीत की यादों को संजोए बरसों इंतजार करती है। जिसने उसे भुलाने में पंद्रह मिनट भी नहीं लगाए उसे वे आज पंद्रह वर्षों बाद भी नहीं भुला पाई है।''[2]

'चूहे को चूहा ही रहने दो' कहानी एक ऐसे युवती की कहानी है जो अपने अस्तित्व के लिए छटपटाती है। क्योंकि उसका पति उस पर शक करता है। इसके लिए उसका पति उस पर सख्त पहरा लगाता है। वह गुलामों की तरह जीने को मजबूर है। लेकिन वह इस कैद से आजाद होने के लिए पति से प्रतिषोध लेना चाहती है। इस काम को अंजाम देने के लिए वह हिमालय की यात्रा के दौरान एक युवक को एक रात के लिए आमंत्रित करती है। नायिका प्रतिशोध का जिक्र उस युवक से करती है। युवक जब पूछता है कि कैसा प्रतिशोध, तब वह कहती है ''घबराओ नहीं, यह प्रतिशोध मैंने तुमसे नहीं अपने पति से लिया है।''[3]

'कुल्ला' कहानी की नायिका प्रमिला है। उसने प्रेम के बारे में जो भी जाना वह सब किताबों और सखियों से ही जाना है। जब उसकी शादी होती है तो वह प्रेम की कल्पना के साथ ससुराल में प्रवेश करती है। लेकिन वास्तविकता कुछ और ही होती है। वह चाहती है उसका पति भी ख्वाबों के राजकुमार की तरह उससे प्रेम करे। लेकिन ''यहाँ खर्च की चाहे कोई सीमा-रेखा हर दिशा में खिंची रहती थीं। जिसके आगे जाना घर की मर्यादा और संस्कृति को ताक पर रखने जैसा होता।''[4] इसके लिए वह कई तरह की कोशिशें भी करती है। पति के प्रेम को फीका देखकर वह पति के लिए मनपसंद लजीज पकवान बनाती है। वह सोचती है कि उसका पति उसकी तारीफ करेगा। लेकिन यहाँ पति उसके पीठ पर झूठा कुल्ला थूँक देता है। पति का यह रवैया प्रमिला को अच्छा नहीं लगता है। जब उसे सास से पता चलता है कि यह प्रथा सदियों से चली आ रही है। प्रमिला ऐसी प्रथाओं का विरोध करती है।

आधुनिकता ने नारी को सबल तो जरुर बना दिया है। किन्तु कहीं न कहीं अधिक महत्वाकांक्षा ने उसे अकेलेपन की त्रासदी भी दी है। 'लेडी बोस' की नायिका बैंगलोर से एम.टेक करने के बाद वह अमेरिका से भी डिग्री हासिल करती है। वह अपने आप को समाज में स्थापित करना चाहती है। इसके लिए उसने अपना परिवार तक भुला देती है। जब उसे असफलता मिलती है तो वह अपने परिवार की ओर मुडती है। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। पति रशियन महिला के साथ रहने लगता है। इस तरह नायिका को सभी तरफ से असफलता हाथ लगती है।'' जीन्स पहनकर जब

औरत के जिंस ही तेजी से बदलने लगे तब यही होता है। अंदर बत्तीगुल और प्रतिभा, इच्छाशक्ति सब शून्य।''[5]

मधु जी ने केवल नारी की मनोदशा का ही चित्रण नहीं किया अपितु पुरुषों की भी मनोदशा का चित्रण किया है। 'उडान' कहानी का पुरुष पात्र समीर बाबू रिटायर्ड होने के बाद कई परिवर्तन देखते हैं। सबसे ज्यादा बदलाव उन्हें अपनी पत्नी में दिखता है। क्योंकि अब उसकी आँखों में वह मान–सम्मान पति के लिए नहीं रहा जो पहले था। पत्नी पति का साथ देने की अपेक्षा वह बहू–बेटों का साथ देने लगती है। यहाँ तक कि घर का नौकर भी समीरबाबू का सम्मान नहीं करता था। इस प्रकार बिना काम वाले व्यक्ति को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाता है। ऐसे में समीर बाबू को उनके मित्र का एक पत्र मिलता है। उसमें लिखा था 'न अल्पे सुखम् अस्ति' निजता की परिधि फैलाओ। फिर तुम्हे परम आनंद मिलेगा और अंत में लिखा था कि यदि जीवन कभी निराश करे ...... या अपनों से उसे मोहभंग हो तो मेरे पास चले आना, यहाँ आकर कदाचित तुम भी उसी शान्ति का अनुभव करो जिसे ईष्वर कहते हैं।''[6] इस वृद्धावस्था में व्यक्ति संघर्ष करता हुआ दिखाई देता है।

'आर असवो ना';और नहीं आऊँगा कहानी में लेखिका ने एक कुरुप गोपी के जीवन का वर्णन किया है। गोपी के मृत्यु के कारण उसके माता–पिता बहुत दु:खी हैं। उन्हें गोपी से संबंधित हर बात हर वक्त कचोटती है। जब गोपी का जन्म हुआ तो सभी खुश थे। क्योंकि माता–पिता के लिए अपना कुरुप बच्चा भी दुनिया का सबसे खूबसूरत दिखता है। लेकिन यह स्थिति पाँच वर्ष के बाद बदल गयी। क्योंकि गोपी की बहन प्रियंका का जन्म होता है। जो गोपी के विपरीत बहुत सुंदर थी। प्रियंका के जन्म के साथ ही पिता की तरक्की हो गई। अत: प्रियंका के जन्म को शुभ आगमन माना गया। गोपी और प्रियंका के साथ घर और बाहर दोनों जगह भेदभाव किया जाने लगा। जहाँ हर त्योहार में प्रियंका के लिए नये कपडे लाये जाते हैं वहीं गोपी को कुछ भी नही मिलता। हर जगह उसे उपेक्षा मिलती है। इतना ही नहीं एक दिन वह अपने पिता के द्धारा पीटा जाता है। ''जब बच्चा पिता से पिटता है तो सिर्फ उसकी काया घायल होती है, मन पर कुंठा की कीच नहीं जमती, तुम एक बुजुर्ग की तरह पिटते रहे थे, तुम्हारा तन नहीं मन घायल हुआ था।''[7]

8. Investor.gov. (2022, March 30). Beginner's Guide to Investing. https://www.investor.gov/introduction-investing/beginners-guide-to-investing.
9. Black, F., & Scholes, M. (1973, May 1). The pricing of options and corporate liabilities. In J. MacBeth & M. Powers (Eds.), Proceedings of the 1972 meetings of the Business and Economics Statistics Section (pp. 637-659). American Statistical Association.
10. Article on Investment Planning in Economics Times on 12 March 2019.

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# बैतूल जिले का आदिवासी समाज-भाषा, साहित्य, संस्कृति

**डॉ. कु सपना***

* वन विद्यालय परिसर, बैतूल (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना -**बैतूल जिला मध्यप्रदेश के दक्षिण पश्चिम में 20अक्षांश एवं 77 देशांतर पर स्थित है।कालान्तर में बदनूर के नाम से पहचाने जाने वाला यह भाग पूर्णत: वनों से आच्छादित है। ऊंची-ऊंची पहाड़ियों से घिरे इस जिले की आठ तहसीलों में से तीन तहसीलें पूर्णत: आदिवासी बाहुल्य जनसँख्या वाली हैं, इनमें रहने वाले सरल स्वभाव व आधुनिकता से दूर रहने वाले ये वनवासी अपनी संस्कृति से आज भी जुड़े हुए हैं।जिले में इनके जनसँख्या लगभग 5.5 लाख है।प्रस्तुत शोध पत्र प्रकृति से जुड़े हमारी इन्हीं धरोहर के जीवन स्तर, इनकी बोली, व वर्तमान में सुधार की क्या क्या संभावनाएं हैं पर आधारित है।

**संस्कृति-** भारत में संस्कृतियों में अनेक विभिन्नताएं देखने मिलती हैं। देश की चारों दिशाओं से बाहरी संस्कृतियों ने समय समय पर आक्रमण किये, यहाँ की मूल संस्कृति को नुकसान पहुँचाया परंतु, आदिवासी संस्कृति ने अपना मूल स्वरुप नहीं खोया और आज भी वे इसे संजोये हुए हैं।सुदूर जंगलों में निवासरत रहते हुए प्रकृति से संतुलन बनाये हुए हैं और उसमें समाहित होते हुए अपना जीवन यापन कर रहे हैं।चाहे आर्थिक हो,सामाजिक हो स्वास्थ्य से सम्बंधित हो ये न केवल अपना अस्तित्व बनाये हुए हैं वरन जीवित हैं पर्यावरण को बचाए हुए हैं। बैतूल जिला मध्यप्रदेश का एक ऐसा ही जिला है जहाँ मुख्यत: गोंड, कोरकू कौल आदिवासियों की संख्या अधिक है।

गोंड शब्द तेलगू भाषा के गोंडा या गोंड से आया है जिसका अर्थ पर्वत होता है। गोंड जनजाति में मुख्यत: दो उपजातियां हैं:

1. राज गोंड
2. धूर गोंड

राज गोंड संपन्न होते हैं जबकि धूर गोंड आर्थिक रूप से पिछड़े व मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं।

**भाषा-** गोंडी भाषा को गोंडी लिपि में बलाघाट जिले के भाव सिंह मसराम ने वर्ष 1957 में प्रकाशित किया था जिसको व्यापक समर्थन भी मिला।स्थानीय स्तर पर उन्हें सीखने सिखाने के प्रयास भी जारी हैं।गोंडी भाषा का एक उदाहरण प्रस्तुत है -

कोयटायण खण्डाक ता नालूंग भीड़ीना नालूंख ग कोर।कोयमूरी द्वीप ता खण्डागे उम्मो गुटटा येरगुटटा कोर।सयमालगुटटा अयफोका गुटटा नालूं भीडी नांल्परोर।।डंगूर मटटांग ढोडांग वलीतार कोडापरो आसी सवार।लिंगो बाबा नीवा जयजोहार जयजोहार जयजोहार।।

गोंडी प्राय: देवनागरी तथा तेलुगु लिपियों में लिखी जाती है। नमस्ते को वडक्कम वड़क्कम ; गुरु की जय सेवा सेवा , नना बैतूल नाटोर आंदान (मैं बैतूल गाँव में रहता हूँ ,नीमा बातांग किन्तोंग आप क्या कर रहे हैं ? ईगा वडा इधर आओ जैसे सरल शब्दों से संपर्क स्थापित करते हैं पहनावे के नाम पर एक छोटी से धोतीनुमा कपडा शरीर पर होता है इनके अपने इष्ट हैं जिन्हें इनके गोत्र के आधार पर माना जाता है।कोई छह देवता मानते हैं कोई सात।जंगलों में अनेक स्थानों में इनकी काष्ठ (लकड़ी ) अथवा आयरन से बनी मूर्तियाँ स्थापित होती हैं। वैवाहिक कार्यक्रमों के दौरान व दीपावली होली के समय इनकी पूजा बड़ी श्रद्धा व उत्साह से की जाती है।मुख्यरूप से त्योहारों के समय मेले के आयोजन में इनकी उपस्थित अधिकतम रहती है। सामन्यत: ढोल नगाड़ों के साथ अपने रंग बिरंगे परिधानों में नृत्य करते हैं। इनका मुख्य व्यवसाय चूँकि खेती करना है इसलिए वर्ष भर गन्ना, गेहूं, मक्का, कोदो कुटकी आदि की खेती करते हैं।मांसाहार के अतिरिक्त वनस्पतियों का सेवन दिनचर्या का माध्यम है।पालतू पशुओं का पालन कर अपनी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं इसके बावजूद अनेक कमियों के कारण बीमारियों से ये जूझते रहते हैं। इलाज ये गाँव में रहने वाले भगत,बैगा आदि से करवाते हैं जो जोखिम भरा होता है और अनेक बार यह मृत्यु का कारण भी बन जाता है।शरीरपर गोदना गुदवाना प्रचलित है। इनका मानना है की भूत प्रेतों से यह बचाव करता है सम्पूर्ण शरीर अथवा कुछ हिस्सों पर यह गुदवाया जाता है।आदिवासी समुदाय मुख्यत: गोंड समुदाय में मोर, शाकंत,पट्टी, बिछिया, मख्खी के चिन्ह गुदे रहते है कुछ जातियों में चेहरे पर भी गुदना गुदवाया जाता है।प्राकृतिक फूलों का गजरा महिलाओं की साज सज्जा का एक अंग है।जेवरों में चांदी,कासा,पीतल गिल्लेट तथा ताम्बें में बने जेवर इन्हें पसंद हैं जिनमें करधनी कडा झुमकी पायल मुख्य हैं। कौड़ी से बने जेवर भी तीज त्योहारों में पहने जाते हैं।गर्मियों में महुआ बीन कर इसकी शराब बनाना व इसका सेवन आम है।अपने घरों को मिटटी से बनाकर उनकी दीवारों में मनोरम चित्रकारी की जाती है गोबर चूना मिटटी से घर को लीपकर उसपर चित्रकारी करते हैं। इनमें एक पिंड में विवाह वर्जित है इनके समुदायों में पशु पक्षियों का संरक्षण करने की सहज रीतियों प्रचलित हैं।मुर्गी पालन का व्यवसाय सीमित क्षेत्र में व कम आमदानी पर कर लिया करते हैं।

सामान्यत: इनका जीवन आभावों के साथ होता हैं।सुदूर स्थानों पर स्वास्थ्य की सुविधा का आभाव होने के कारण सामान्य जीवन जीने की जद्दो जहद में लगे रहते हैं।शासकीय सुविधाएं पहुँचती हैं, इसके बावजूद मृत्यु दर वर्तमान में भी अधिक है जिसपर संजीदगी से ध्यान देना होगा अन्यथा एक संस्कृति को बचा पाना मुश्किल होगा। एक सर्वेक्षण से ज्ञात हुए की बैतूल के आदिवासी समुदाय में सिकिल सेल एनीमिया जैसी बीमारी का प्रकोप अधिक है। हाँलांकि यह अनुवांशिकता से जुडी समस्या है परन्तु इस दिशा में शोध की आवश्यकता है अनेक पौष्टिक पदार्थों की कमीं भी

इनके भोजन में देखी गई है।चूँकि सुदूर जंगल में इन पौष्टिक पदार्थ युक्त भोजन का अभाव होता है इसलिए ये भी आवश्यक है की इन्हें उक्त भोजन उपलब्ध कराया जाये अथवा इन्हें उपयुक्त अनाजों के उत्पादन की नई तकनिकी से अवगत कराया जाए।

सामान्यत: जिले अथवा तहसील के अस्पतालों में ऐसे मरीज आते हैं जिन्हें इन कमियों के कारण अनेक बीमारियों से जूझना पड़ता है। कुपोषण जैसी परिस्थितयों के लिए NRC केंद्र की स्थापना एक अच्छा कदम है फिर भी एक प्रयास की आवश्यकता है जिसमें व्यक्तिगत संपर्क हो व समस्या का निदान उनके गाँव कस्बों आदि पर उपलब्ध हो जाये। पीने के पानी की शुद्धता की कमी भी इनके स्वास्थ्य को प्रभावित करती है इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए।आदिवासी समुदाय में घेंघा रोग जो की आयोडीन की कमीं के कारण होता है, बहुतायत से पाया जाता है। सर्वे के दौरान सैंपल गाँव में एक न एक मरीज इस रोग से पीड़ित पाया गया।आयोडीन युक्त नमक इसका इसका इलाज हो सकता है परंतू वह भी इनकी पहुँच से बाहर है।अनेक गाँव में त्वचा रोग से पीड़ित व्यक्ति मिले यह भी संभवत: इनमें शिक्षा की कमीं के कारण हो रहा है। कई बार इसे भी देवीय प्रकोप मानकर झाड-फूंक से ठीक करने की प्रक्रिया जारी रहती है।निश्चित ही अनेक सदियों से इनका जीवन जंगलों में बीत रहा है व भगत- बैगा से कुछ हद तक ये स्वास्थ्य लाभ ले भी लेते हैं, परंतु बहुत अधिक समय तक इन सुविधाओं का लेना घातक होता है।सुदूर जंगली इलाकों में शिक्षा की कमी को दूर किया जाकर इनके जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. आचार्य मोती रावण कंगाली - कोराडीगढ़ (14) की तिलका दाई (पारी कुपार लिंगो प्रकाशन, नागपुर, 1983)
2. आचार्य मोती रावण कंगाली -डोंगरगढ़ (15) की बमलाई दाई , (पारी कुपार लिंगो प्रकाशन, नागपुर, 1983)
3. आचार्य मोती रावण कंगाली गोंडों का मूल निवास स्थल (1983 में प्रथम संस्करण पारी कुपार लिंगो प्रकाशन द्वारा प्रकाशित
4. मराठी दगोंडी शब्द कोश (प्रकाशक चंद्रलेखा कंगाली, 2012)
5. Beine, David Karl. (1994)- A sociolinguistic survey of the Gondi&speaking communities of central India- Master’s thesis, Department of Anthropology, San Diego State University.Google Scholar
6. Burrow, T. & Bhattacharya S. (1960)- A comparative vocabulary of the Gondi dialects. Journal of the Asiatic Society 2, 73–251.Google Scholar

*************

# भारत में पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में उभरते रुझान

**नारायण माली ***

* यूजीसी नेट, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान, भीलवाड़ा (राज.) भारत

**शोध सारांश –** प्रौद्योगिकी के उन्नत्ति से समय-समय पर पुस्तकालय उपयोगकर्ता सेवाओं पर अधिक प्रभाव पड़ता है। प्रौद्योगिकी के उद्भव से पुस्तकालयों की सेवाओं में कई समाधान हुए हैं जिसके परिणाम स्वरूप पुस्तकालयों में नवीनतम तकनीकों उदभव हुआ है।पुस्तकालय सेवा में मोबाइल तकनीकी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, Augmented Reality, रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन, जैसे नवीनतम प्रौद्योगिकी के माध्यम से पुस्तकालय सेवाओ में विकास हुआ हैं। तकनीक और उसके विकास पुस्तकालयों में इस प्रकार की आधारभूत संरचना की आवश्यकता ने पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विषय और छात्रों में उत्साह को जन्म दिया है।विभिन्न पुस्तकालयों और नए रुझानों में तकनीकी विकास का विश्लेषण करके परियोजना शुरू की गई थी।तकनीकी का उपयोग समीक्षा के लिए विद्वानों के प्रकाशनों और ऑनलाइन डेटाबेस से विषय के बारे में प्रासंगिक डेटा भी एकत्र किया जाता है।वर्तमान प्रौद्योगिकी ने देश के पुस्तकालयो को आधुनिक पुस्तकालयों के स्वरुप को नई तकनीकों के अनुकूल बनाया हैं। जिसे वेब तकनीकों की मदद से इन्हें कहीं भी कभी भी एक्सेस किया जा सकता है।वर्त्तमान में धन, अकुशल पुस्तकालय कर्मचारी, इन्टरनेट आदि जैसी समस्याएं के कारण कई उन्नत पुस्तकालय इस तकनिक को नहीं अपना रहे रहे है।कई संस्थाओ ने पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियां को लागू किया हैं।लेकिन कुछ समस्याओं के कारण कई संस्थाओ ने पुस्तकालयों में इस तकनीकों को ठीक से लागू नहीं किया है।यह विषय नए विकास और तकनीको से संबंधित है जो पुस्तकालयों में विकसित हो रही हैं।इस शोध पत्र में कुछ नए रुझानों की पहचान की गई है। चूंकि कई नवाचार पेश किए जा रहे हैं और विकसित भी किए जा रहे हैं, अध्ययन में मेरे द्वारा कुछ चुनिंदा तकनीकों को ही शामिल किया गया है।

**शब्द कुंजी –** उभरती तकनीकी, पुस्तकालय, प्रौद्योगिकी, रुझान, विकास , पुस्तकालय सेवाएं।

**प्रस्तावना –** उभरती हुई प्रौद्योगिकियां अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियां हैं, जो लोकप्रियता हासिल करती हैंऔर उपयोगकर्ता के बीच नए रुझान स्थापित करती हैं। हर गुजरते दिन के साथ नई प्रौद्योगिकी पहल उभरती रही है इनमें से कुछ नई तकनीकें समृद्ध और समय के साथ बनी रही हैं।पुस्तकालयों में नए को अपनाने की महत्वाकांक्षा होनी चाहिए। पहले इन प्रौद्योगिकियों को लागू करना, व्यवहार्यता अध्ययन एक जरूरी है।प्रौद्योगिकियों को लागू करने की लागत प्रौद्योगिकियां के लिए महत्वपूर्ण पहल हैं।इसकी अपेक्षा उपयोगकर्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करेगीलेकिन यह भीइसकी अपेक्षा उपयोगकर्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करेगीभविष्य में इसलिए निर्णय लेने की जरूरत है।प्रौद्योगिकियों का आविष्कार करते समय की संरचनापुस्तकालयों को भी बदल दिया गया है, जो कि पुस्तकालय सामग्री, मीडिया,सूचना तक पहुँचने के साधन, इमारतों की प्रकृति आदिप्रौद्योगिकी प्रणालियों में डिजिटल उपकरण, संचालन शामिल हैं,सिस्टम, डिजिटल मीडिया, नेटवर्क और सर्वर, ऑडियो विजुअलसिस्टम आदि का उपयोग सूचना तक पहुँचने के लिए किया जाता है और इसे पुस्तकालयों में सूचनाओं का डिजिटलीकरण हो जाना कहलाता है।इसे कई आईटी उन्मुख शैक्षिक में अनुप्रयोग और एआई संस्थान, उनकी सेवाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जाएंगी, एआई के बारे में एआई से संबंधित रिपोर्ट की गई जानकारी का योगदान। इसकी एआई तकनीक और इसके अनुप्रयोगों और एआई के बारे में कई यह विभिन्न क्षेत्रों में शैक्षिक उपयोगिताओं को उन्मुख करता है क्यु कोड और एआरए का प्रभाव प्रबंधन संस्थान की पुस्तकालय सेवाएं, और अध्ययन करने के लिए एआरए और क्यु कोड का उपयोग करते समय प्रभावित करने वाले कारक ई-बुक्स, आईपैड और किंडल्स की दिशा हो सकती है, लेकिन दुनिया की जानकारी का बड़ा हिस्सा अभी भी है। पुस्तकालयों के लिए लाखों मुद्रित पुस्तकों की अलमारियों में संरक्षित पुस्तकालय सभी पुस्तकों को डिजिटल रूप में रखने में असमर्थ है क्योंकि इसमें विभिन्न तकनीकी चिंताएँ हैं, जैसे कॉपीराइट और अन्य समस्याएं वैज्ञानिकों के कारण इन जैसे मोबाइल आधार सुविधाओं का विकास,शोधकर्ता इंटरनेट पर अधिक समय बिताते हैं। जैसे गोलियाँ,iPhone, ipad, सेल फोन, आदि। फिर भी, वे संतोषजनक डेटा प्राप्त करना मे असमर्थ है।भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी का मापन, लाइब्रेरी कंसोर्टिया, भारत में पुस्तकालय और सूचना शिक्षा, बौद्धिक संपदा अधिकार, खुली पहुंच, सूचना साक्षरता, ऑनलाइन प्रदर्शनियों जैसे विषयों को समर्पित मुद्दों की एक अच्छी संख्या के साथ एलआईएस के अधिकांश पेशेवर क्षेत्र और पहलू , नॉलेज शेयरिंग, ई-लर्निंग, सोशल साइंस गेटवे आदि।

**भारत में पुस्तकालय और सूचना सेवाओं में वर्तमान प्रौद्योगिकी:**

**1. इलेक्ट्रॉनिक संसाधन प्रबंधन –** इलेक्ट्रॉनिक संसाधन ई-पत्रिकाओं, ई-पुस्तकों, ऑनलाइन डेटाबेस और अन्य सामग्रियों को डिजिटल स्वरूप में संदर्भित करते हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुलभ हैं। ई-संसाधन प्रबंधन सॉफ्टवेयर को पुस्तकालयों द्वारा एक पुस्तकालय के इलेक्ट्रॉनिक सूचना संसाधनों के संग्रह, पहुंच, प्राधिकरण, रखरखाव, उपयोग, मूल्यांकन, आरक्षण और चयन का पता लगाने के लिए नियोजित

किया जा सकता है।

2. RFID तकनीकी – रेडियो–फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) स्वचालित रूप से लाइब्रेरी आइटम्स से जुड़े टैग्स को चुनने और ट्रैक करने के लिए इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड का उपयोग करता है। आरएफआईडी–आधारित पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली नवीनतम तकनीक है जिसका उपयोग इन्वेंट्री को ट्रैक करने और पुस्तकालय चोरी का पता लगाने वाली प्रणालियों को मजबूत करने के लिए किया जाता है। यह तकनीक पुस्तकालयों की सुरक्षा को बढ़ाती है और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके और मानव निर्भरता को कम करके उनकी दक्षता को बढ़ाती है। उपयोगकर्ताओं के लिए, आरएफआईडी उधार लेने और वापसी प्रक्रियाओं को तेज करता है। इसलिए, आरएफआईडी समय बचाता है और पुस्तकालय लागत कम करता है।

3. **Augmented Reality (AR) –**ए.आर एक अत्याधुनिक तकनीक है जो स्मार्ट उपकरणों के उपयोगकर्ताओं को प्राकृतिक देखने की अनुमति देता है। डिजिटल रूप से संवर्धित लेंस के माध्यम से पर्यावरण। ए.आर का इस्तेमाल किया जा सकता है। हेड फोनया टैबलेट जैसे डिजिटल उपकरणों के लिए,स्मार्टफोन, और यहां तक कि डेस्कटॉप कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, सेंसर, और डिजिटल प्रोजेक्टर सिस्टम बनाते हैं, जो सक्षम करते हैं। वास्तविक दुनिया की वस्तुओं पर प्रक्षेपित करने के लिए डिजिटल डिस्प्ले चूंकि ए.आर वास्तविकता में जो है उसे बदलने की क्षमता है वास्तव में हो रहा है, यह पुस्तकालयों के लिए बहुत उपयुक्त है। पुस्तकालय पेशेवरों को ए.आर के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। पुस्तकालय के तहत अधिक प्रभावी ढंग से और कुशलता से आवेदनआज के ग्राहकों की आवश्यकताओं के आलोक में ए.आर बाइनरी दर्शनीय स्थलों, ध्वनियों को प्राकृतिक में एकीकृत करके दुनिया जैसा है, संवर्धित वास्तविकता भौतिक दुनिया में सहायता करती है। लोग आभासी और संवर्धित वास्तविकता दोनों के साथ बातचीत कर सकते हैं,क्योंकि ए.आर वास्तविक दुनिया के समान है। ए.आर वास्तविकता भौतिक और आभासी दुनिया को जोड़ती है।

4. **क्लाउड कम्प्यूटिंग–** पुस्तकालय सेवाओं को अधिक सुव्यवस्थित और लागत–कुशल बनाने के लिए दुनिया भर के पुस्तकालय क्लाउड कंप्यूटिंग को अपना रहे हैं। यह पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली डिजिटल पुस्तकालयों या रिपॉजिटरी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। क्लाउड कंप्यूटिंग पुस्तकालय संसाधनों, बुनियादी ढांचे, मानव संसाधनों आदि का इष्टतम उपयोग भी सुनिश्चित करती है। इसके अलावा, प्रौद्योगिकी का उपयोग पुस्तकालय स्वचालन और त्वरित डेटा खोज के लिए भी किया जाता है। इसके अतिरिक्त, एक डिजिटल लाइब्रेरी में, क्लाउड कंप्यूटिंग यह सुनिश्चित करती है कि तृतीय–पक्ष सेवाएँ सर्वर का प्रबंधन कर सकती हैं, अपग्रेड कर सकती हैं और डेटा बैकअप बना सकती हैं।

5. **लाइब्रेरी में रोबोटिक्स –** आधुनिक युग में पुस्तकालय एक नया सृजन करने जा रहे हैं तकनीकों की मदद से नई शुरुआत की जा रही है। नवीनतम में से एक पुस्तकालयों में प्रयुक्त तकनीक रोबोटिक्स है। रोबोटिक्सऔरआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विकास का प्रभाव पड़ रहा है। पुस्तकालय संचालन और सुविधाओं पर पांव मारना, लुढ़कना,उड़ना, और चढ़ना ऐसे सभी कार्य हैं जिनमें रोबोट संलग्न होते हैं ,पुस्तकालय, साथ ही व्यापक ज्ञान (और सामाजिक)दुनिया जिसमें हम सभी काम करते हैं, रोबोटिक्स से प्रभावित हैं।पुस्तकालय रोबोटिक्स को अन्य एआई प्रौद्योगिकियों के साथ एकीकृत कर सकते हैं,जैसे एक रोबोट द्वारा नियंत्रित किया जा रहा ड्रोन यह सुनिश्चित कर सकता है,पुस्तकालय हमेशा निगरानी में रहता है। बात करने वाले रोबोट कर सकते हैं उपयोगकर्ता सहायता के रूप में पुस्तकालय के विभिन्न वर्गों में रखा जाना चाहिए और मार्गदर्शक। पुस्तकालयों में रोबोटिक्स के अनुप्रयोग हैं व्यापक और वर्तमान दिनों में, इसमें कोई संदेह नहीं है कि रोबोट करेंगे पुस्तकालयों पर हावी होना आगे स्टाफ–रहित पुस्तकालयों का संकेत देता है।

6. **Internet of Things –** सर्वश्रेष्ठ–एकीकृत पुस्तकालय सॉफ्टवेयर और एलएमएस सॉफ्टवेयर ने मानव हस्तक्षेप के बिना डेटा स्थानांतरित करने के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स (**IoT**) का उपयोग करना शुरू कर दिया है। पुस्तकालय वस्तु–सूची को नियंत्रित करने, चोरी रोकने और उपयोगकर्ताओं की पहचान करने के लिए **IoT** का उपयोग करते हैं। यह सर्कुलेशन डेस्क गतिविधियों की गुणवत्ता और गति में सुधार करने में भी मदद करता है। इसके अलावा, **IoT** किताबों के आरक्षण, पुस्तकालय में आग का पता लगाने और इसकी रोकथाम और ई–पुस्तकालय सेवाओं को कारगर बनाने में तेजी लाता है।

7. **Artificial Intelligence –** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक रोबोट या एक कंप्यूटर की शक्ति का उपयोग करता है जो उन कार्यों को करने की कोशिश करता है जो आमतौर पर मनुष्य करते हैं। पुस्तकालय में एआई का सबसे आम अनुप्रयोग चैटबॉट है जो उपयोगकर्ताओं से दिशात्मक प्रश्न प्राप्त करता है और उन्हें हल करता है। वे उपयोगकर्ता को उनकी पुस्तक जमा करने की देय तिथि के बारे में सचेत कर सकते हैं, उपयोगकर्ता को संबंधित पुस्तकालय खंड पर निर्देशित कर सकते हैं, और स्वचालित रूप से अपॉइंटमेंट शेड्यूल कर सकते हैं

8. **बिग डेटा और डेटा विजुअलाइजेशन –** बिग डेटा और डेटा विजुअलाइजेशन चार्ट, ग्राफ, मैप और अन्य दृश्य रूपों के माध्यम से बड़ी मात्रा में डेटा प्रदर्शित करने की विधि है। यह जानकारी को मानव मन के लिए समझने के लिए और अधिक स्वाभाविक बनाता है और बड़े डेटा सेट के भीतर रुझान, पैटर्न और आउटलेयर को स्पॉट करना आसान बनाता है। यह तकनीक बड़ी मात्रा में डेटा तक पहुँचने के दौरान डिजिटल पुस्तकालयों को और अधिक वैश्वीकृत बनाने में मदद कर रही है। यह पुस्तकालयों को उन पाठकों के लिए अधिक आसानी से सुलभ बनाता है जो अपनी उंगलियों पर ढेर सारी जानकारी पा सकते हैं।

9. **मोबाइल आधारित पुस्तकालय सेवाएं –**एक पुस्तकालय के तीन मुख्य उद्देश्य –साक्षरता को बढ़ावा देना, लोगों को उपयोगी दैनिक जानकारी का प्रसार करना और अपनी पठन सामग्री और संसाधनों के माध्यम से आजीवन सीखने को प्रोत्साहित करना है। मोबाइल पुस्तकालय उपयोगकर्ताओं के लिए पुस्तकालय के निश्चित स्थान के बाहर संसाधनों को लाते हैं, जिन्हें अन्यथा उनसे लाभ का अवसर नहीं मिल पाता। एसएमएस और व्हाट्सएप जैसी मोबाइल सेवाओं की मदद से पुस्तकालय नई सेवाओं का उत्पादन कर सकते हैं और अपने संग्रह तक तेजी से पहुंच प्रदान कर सकते हैं।

10. **QR Code - QR** कोड **(QUICK RESPONCE)** मैट्रिक्स बारकोड (या दो आयामी बारकोड) का एक प्रकार का ट्रेडमार्क है जो सर्वप्रथम जापान में मोटर वाहन उद्योग के लिए बनाया गया है। एक बारकोड एक मशीन पठनीय ऑप्टिकल लेबल है जो खुद से जुड़े हुए आइटम के बारे में जानकारी रखते है।

क्यूआर कोड प्रणाली मानक **UPC** बारकोड की तुलना में अपनी तेजी से पठनीयता और अधिक से अधिक भंडारण क्षमता के कारण पुस्तकालयों में लोकप्रियहो गया। उत्पादों पर नजर रखने, वस्तु की पहचान, समय ट्रैकिंग, दस्तावेज प्रबंधन, और सामान्य विपणन इन सभी क्षेत्रों अनुप्रयोगों में किया जाता है1

**11. WEB 2.0 और WEB 3.0 –** वेब 2.0 में, कंप्यूटर जानकारी खोजने के लिए अद्वितीय वेब पते के रूप में http का उपयोग करते हैं, जो एक निश्चित स्थान पर संग्रहीत होता है, आमतौर पर एक ही सर्वर पर। वेब 3.0 के साथ, क्योंकि जानकारी इसकी सामग्री के आधार पर पाई जाएगी, इसे एक साथ कई स्थानों पर संग्रहीत किया जा सकता है और इसलिए इसका विकेंद्रीकरण किया जा सकता है।वेब 3.0, मोबाइल फोन, डेस्कटॉप, उपकरण, वाहन और सेंसर सहित असमान और तेजी से शक्तिशाली कंप्यूटिंग संसाधनों द्वारा उत्पन्न डेटा, विकेंद्रीकृत डेटा नेटवर्क के माध्यम से उपयोगकर्ताओं द्वारा बेचा जाता है।, यह सुनिश्चित करते हुए कि उपयोगकर्ता स्वामित्व नियंत्रण बनाए रखें।

**IIT केंद्रीय पुस्तकालय दिल्ली द्वारा शुरू ETTLIS कोर्स –** इस पाठ्यक्रम को IIT दिल्ली में डिजाइन और विकसित किया गया है और इसे लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन सर्विसेज **(ETTLIS)** में इमर्जिंग ट्रेंड्स एंड टेक्नोलॉजीज के रूप में नामित किया गया है और इसे Swayam प्लेटफॉर्म के माध्यम से पेश किया जा रहा है ARPIT 2019 आधिकारिक नाम से मानव संसाधन विकास मंत्री, सरकार द्वारा शुरू किया गया।कुल 2980 शिक्षार्थियों को म्ब्ब्त्ै में नामांकित किया गया और उनमें से इसमें 1784 शिक्षार्थियों ने अपना आकलन पूरा कर लिया है।

**उभरती प्रवृत्तियों का दायरा:**

1. पेशेवर क्षमता और कौशल को बढ़ाने के लिए,
2. सहयोगी टीम वर्क में शामिल होने के लिए,
3. पुस्तकालय और सूचना सेवाओं को पुस्तकालयों की चार दीवारी से परे ले जाना,
4. प्रभावी उपयोगकर्ता सेवाओं के लिए आईसीटी उपकरणों का उपयोग करना,
5. उपयोक्ताओं के लिए आवश्यकता आधारित शिक्षण सामग्री तैयार करना,
6. पुस्तकालय और सूचना विज्ञान क्षेत्र में अनुसंधान और पूछताछ के नए क्षेत्रों की खोज करना,
7. पुस्तकालय समुदाय की सेवा के लिए मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य तकनीकों के अनुप्रयोग का पता लगाना,
8. बदले हुए एलआईएस परिवेश में जीवित रहने के लिए एलआईएस पेशेवरों के लिए नई भूमिकाओं की पहचान करना।

**परिणाम:**

1. इसमें कई नई प्रौद्योगिकियां उपलब्ध हैं पुस्तकालय में शोध में यह पाया गया है कि नई प्रौद्योगिकियां जिसे मैंने विश्लेषण के लिए लिया है।
2. ये प्रौद्योगिकियां लाइब्रेरियन को इससे बचने में मदद करती हैं , है पुस्तकालय। दोहराव, रूटिंग, लिपिक हाउसकीपिंग में काम करता है।
3. ग्रंथालय पेशेवर स्वयं को अनुकूलित करने के लिए बदलते हैंनई प्रौद्योगिकियां, उन्हें प्रशिक्षण लेना चाहिए, भाग लेना चाहिए सेमिनार, सम्मेलन और जोड़ने के लिए ज्ञान प्राप्त करें
4. यह देखा गया कि प्रौद्योगिकियों का नवाचार और प्रवृत्तियों ने पुस्तकालयों के क्षेत्र में एक बड़ा परिवर्तन किया।
5. यह पता चला है कि और भी कई आविष्कार हैं पुस्तकालयों के लिए किया जाता है।

**उभरती प्रवृत्तियों का उद्देश्य :**

1. पुस्तकालय प्रणाली की मान्यता के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैसंस्था की सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करना।
2. आईसीटी के माध्यम से खुद को प्रचलित करके पर्यावरण को बदलने में पुस्तकालयों और पुस्तकालय पेशेवरों को शामिल करना।
3. पुस्तकालयों के उपलब्ध संसाधनों, सेवाओं और उत्पादों के माध्यम से उपयोगकर्ताओं को उनके परिवर्तन के बारे में जागरूक करना।
4. प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान को अपने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विकास के लिए पुस्तकालयों और पुस्तकालयाध्यक्षों की उपस्थिति का एहसास कराना।
5. पुस्तकालय और सूचना स्रोतों, सेवाओं और उत्पादों और संबद्ध क्षेत्रों में उभरती प्रवृत्तियों और प्रौद्योगिकियों का ज्ञान प्रदान करना।
6. स्मार्ट संदर्भ सेवाएं प्रदान करके शिक्षार्थियों को स्मार्ट लाइब्रेरियन बनने में मदद करना।

**सुझाव:**

1. पुस्तकालयों को इसके संबंध में उचित प्रशिक्षण प्रदान करना चाहिएपुस्तकालय पेशेवरों के लिए नए आविष्कार।
2. यदि पुस्तकालय प्रबंधन या सरकार को चाहिएलागू करने के लिए पुस्तकालयों को अधिक धन प्रदान करेंनई प्रौद्योगिकियां क्योंकि ग्रामीण में पुस्तकालयक्षेत्रों, छोटे शहरों और गांवों के पास पर्याप्त धन नहीं हैलागत वहनकरनेके लिए।
3. पुस्तकालय विज्ञान के छात्रों के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित करनापुस्तकालयों के नए आविष्कार और इसे कैसे संचालित किया जाए।
4. ग्रीन लाइब्रेरी जैसी अवधारणाओं को अनिवार्य बनाएं हर पुस्तकालय।
5. पुस्तकालयों के महत्व करें औरप्रौद्योगिकियों के लाभ के बारे में जागरूक करें।

**निष्कर्ष–** मेरी परियोजना का अंतिम उद्देश्य यह है कि एक प्राप्त करने के लिए पुस्तकालयों की उभरती प्रवृत्तियों और प्रौद्योगिकियों का अवलोकन क्योंकि वहां बहुत सारे एलआईएस छात्र और पेशेवर हैं,पुस्तकालय जो वर्तमान प्रवृत्तियों से अच्छी तरह अवगत नहीं हैं पुस्तकालयों का नाम भी नहीं। मैंने अधिकतम जानकारी एकत्र की इंटरनेट से एकत्र की है। पुस्तकालय और पुस्तकालय पेशेवर भी अलग–अलग SWAYAM MOOC को अपनाकर नए रुझानों और तकनीकों का पता लगाने की पहल कर रहे हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. ETTLIS (पुस्तकालय और सूचना सेवाओं में उभरते रुझान और प्रौद्योगिकियां) https://swayam.gov.in/nd2_arp19_ ap78/ preview (10 Feb. https://swayam.gov.in/nd2_arp19_ ap78/preview (10 Feb. 2020)
2. नबी हसन और देबाशीष: नस्कर डेसीडॉक जर्नल ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, पुस्तकालय और सूचना सेवाओं में उभरती

प्रवृत्तियों और तकनीकों पर ARPIT ऑनलाइन पाठ्यक्रम (ETTLIS): एक केस स्टडीवॉल्यूम। 40, नंबर 3, मई 2020, पीपी. 160-168,डीओआई: 10.14429/djlit.40.3.154882020, डेसीडॉक

3. सोम नेपाली, राजेश तमांग: ए रिव्यू ऑन इमर्जिंग ट्रेंड्स एंड टेक्नोलॉजीज इन लाइब्रेरीअमेरिकन जर्नल ऑफ इंफॉर्मेशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी 2022,6(1):815http://www.sciencepublishinggroup.com/j/ajistडीओआई: 10.11648/जे.अजिस्ट.20220601.12आईएसएसएन: 2640-057X (प्रिंट), आईएसएसएन: 2640-0588 (ऑनलाइन)
4. https://en.wikipedia.org/wiki/QR_code
5. https://www.investopedia.com/web-20-web-30-5208698
6. https://slimkm.com/blog/emerging-trends-technologies-in-library-information-services/
7. शशिकुमार ए, मनु टीआर, पन्ना चौधरी, वायरल असजोला और प्रसन्ना कुमार मुदुली: पुस्तकालयों और पुस्तकालय पेशेवरों के लिए उभरती प्रौद्योगिकी प्रवृत्तियाँ Librarianship Development through Internet of Things & Customer Service (LDITCS 2019)

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 में राजनीतिक दलों की विजय का भौगोलिक अध्ययन

**डॉ. राजकुमार चतुर्वेदी***

* एसोसिएट प्रोफेसर, सरकारी कॉलेज, मांडलगढ़ (राज.) भारत

**शोध सारांश –** भूगोलवेत्ता चुनाव को लेकर क्षेत्रीय विकास एवं मतदाता व्यवहार का विश्लेषण करते है। 2022 के गुजरात चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दलों को प्राप्त विजय और विकास में क्या संबंध है, का भौगोलिक अध्ययन इस शोध पत्र में किया गया है। गुजरात विधानसभा चुनाव में कुल 182 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें से 13 विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए तथा 27 विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। भारतीय जनता पार्टी को इस चुनाव में 52.50 मत प्रतिशत एवं 156 विधानसभा क्षेत्रों में विजय प्राप्त हुई तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल को 27.28% मत एवं 17 विधानसभा क्षेत्रों में एवं आप पार्टी को 12.92 प्रतिशत मत एवं 5 विधानसभा क्षेत्रों में विजय मिली। इस विधानसभा चुनाव में तीन निर्दलीय तथा 1 सीट समाजवादी पार्टी को प्राप्त हुई थी।

**शब्द कुंजी –** गुजरात, विधानसभा, चुनाव, विजय।

**उपकल्पना–**भाजपा को नगरीय मतदाता अधिक मतदान करते है।

**शोध उद्देश्य–**विभिन्न राजनीतिक दलो की विजय उपलब्धी को प्रदेशो के अनुसार प्रकट करना।

**विभिन्न राजनीतिक दलों को प्राप्त विजय–** गुजरात के विभिन्न भौगोलिक प्रदेशों में सौराष्ट्र, मध्य गुजरात तथा उत्तरी मालवा एवं दक्षिणी तटवर्ती क्षेत्र में भाजपा को आशातीत विजय प्राप्त हुई है। कुल 156 निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा ने विजय प्राप्त करी है। तथा कांग्रेस दल को 17 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत मिली है। यह निर्वाचन क्षेत्र गुजरात के उत्तरी और सौराष्ट्र क्षेत्र में स्थित है।

विजय को मत अंतर अनुसार निम्न रूप में वर्णन किया जा सकता है–

**8% से कम अन्तर –** इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को 8% मत से कम अंतर से 20 विधानसभा क्षेत्र में विजय प्राप्त हुई। ये विधानसभा क्षेत्र रापर, द्वारिका, सिद्धपुर ,केशोद, खेरालू, सावरकुंडला, लिमखेड़ा, कलोल , डसडा, अबदासा, हिम्मतनगर ,टकारा, राजुला, बोरसद, बेचराजी,,धोरजी, दरियापुर, डॉलका व धारी है।

वही कांग्रेस दल को 8% से कम अंतर से विजय 16 विधानसभा क्षेत्र में हुई। यह विधानसभा क्षेत्र दंता,मनवादर, बड़गांव, सोमनाथ, कन्करेज, चनास्त्र, खेडब्रह्मा, एन्क्लेवे, विजयपुर, पोरबंदर, वाव, पाटन, दानी लिमडी जमालपुर और भावनगर है।

आप राजनीतिक दल को इस अंतर से धारियाधर, गोटड , विस्वदार, जमजोधपुर निर्वाचन क्षेत्रों में विजय प्राप्त हुई है।कुल मिलाकर भाजपा को इस अंतर में 20 कांग्रेस को 16 तथा आपको 4निर्वाचन क्षेत्रों में विजय प्राप्त हुई थी।

**8 से 18% अंतर से विजय–** गुजरात के इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 39 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में इस अंतर से विजय प्राप्त करी। ये विधानसभा क्षेत्र कच्छ में तथा उत्तरी एवं मध्य गुजरात में अवस्थित है।। इन विधानसभा क्षेत्रों में धराड़, पालनपुर, रतनपुर ,कड़ी, भीलाड़ा,देवगांव, बापुनगर, उमरेत, आनंद, परिमद, मातर,मईडा, कपड़गंज, लिमडी,चोटीला, बाकनर, राजकोट पूर्व ,राजकोट पश्चिम, जसदन ,कलवाड़ कम्बालीमां, तलाला, कोडीनार, लुनावाडा, संतरामपुर, फतेहपुरा ,व्यारा ,निजार, डांग, कप्रडा ,सनखेड़ा, दबोई,, नंदौड , जंबूसर ,बधरा ,जगरिया, मांडवी, सूरतपूर्व, वरजा रोड विधानसभा क्षेत्र है।

कांग्रेस दल को इस विजय अंतर से केवल मात्र 1 विधानसभा क्षेत्र वंसदा में विजय प्राप्त हुई है।

**16 से 24%मत अन्तर से विजय प्राप्ति–** भाजपा ने उक्त अंतर से कुल 30 विधानसभा क्षेत्रों में विजय प्राप्त करी। ये विधानसभा क्षेत्र मध्य गुजरात, दक्षिणी गुजरात ,तथा अरावली पहाड़ियों के क्षेत्र में स्थित है। इन विधानसभा क्षेत्रों में लाठी, महुआ, पालीताना ,अंजार ,दिशा, देवधर, विजयनगर, इदार, मोडासा,मनसा, गांधीनगर उत्तर, गांधीनगर दक्षिण, सनद, सौचित्रा, धंधुका, राजकोट दक्षिण,गोंडल ,गोदरा, हालोल, महुआ, धर्मपुर ,छोटा उदयपुर, जेतपुर, कर्जन, मंगरोल, कामरेज, दाहोद ,घरबड़ा, घढ़वारिया एवं सालवी है।

**24%मत अन्तर से विजयी क्षेत्र–** 2022 के विधानसभा चुनाव में गुजरात राज्य के अंदर भाजपा ने अप्रत्याशित विजय प्राप्त करी।

इस अंतर से 67 विधानसभा क्षेत्र में विजय प्राप्त हुई।कांग्रेस दल को इस अंतर से एक भी विधानसभा क्षेत्र में विजय प्राप्त नहीं हुई ।भाजपा को प्राप्त विजय के क्षेत्र उत्तारी गुजरात , मध्य गुजरात, दक्षिणी गुजरात , सौराष्ट्र, तथा कच्छ सहित सभी क्षेत्रों में फैले हुए हैं।

**ये विधानसभा क्षेत्र –**अमरेली, तलाजा, मांडवी ,भुज ,गांधीधाम, उजा, मेहसाना, पणजी, वीरम गांव ,घाट लोरिया ,विजलपुर ,वतवा , एलिस ब्रिज, नारनपुरा ,निकोल ,नरोड़ा, ठक्करबापानगर, अमरावती, मणिनगर,भावनगर ग्रामीण, भावनगर पूर्व ,भावनगर पश्चिम, गधाडा ,नडियाद ,मोहम्मदाबाद, थसरा, साबरमती ,असर्वा,दसकोई ,वधवान,राजकोट ,जेतपुर ,जामनगर ग्रामीण, जामनगर उत्तर ,जामनगर दक्षिण, जूनागढ़ ,मंगरोल ,उना, बालासिनेड़, सहारा ,मोरवा हापुड़, कलोल ,बर्दोली,जलल्पुरे, नवसारी गांडवी बलसाड , पर्डी,ऊमर गांव,बड़ोदरा सिटी, सियागंज,आकोटा, रामपुरा ,मजाल

पुर,भरूच ,अंकलेश्वर, ऑल पाड़ा, सूरत उत्तर,करंज,लिंबी माता, उधना मजूरा ,कटारगम, सूरत पश्चिम,चौरासीऔर जालोड़ा है।

**अनुसूचित जाति एवं जनजाति निर्वाचन क्षेत्र मे विजय-** 2022 के निर्वाचन में गुजरात राज्य के अंदर अनुसूचित जाति हेतु आरक्षित 40 विधानसभा क्षेत्रों में से भाजपा ने कुल 34 विधानसभा क्षेत्रों में विजय प्राप्त करी थी। तथा कांग्रेस दल ने 5 विधानसभा क्षेत्रों में एवं आप पार्टी ने 1 विधानसभा क्षेत्र से विजय प्राप्त करी थी।

विजय को मत अंतर अनुसार निम्न रूप में वर्णन किया जा सकता है-

**भाजपा द्वारा प्राप्त विजय उपलब्धि**

**अनुसूचित जनजाति क्षेत्र -** भाजपा ने कुल 27 अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में से 23 निर्वाचन क्षेत्रों में विजय प्राप्त करी।

**15% मत से अधिक विजय अंतर -** इन निर्वाचन क्षेत्रों में 15% मत से अधिक अंतर से विजय मौर्य हाडफ,जालोढ़, दाहोद, गरबाडा, छोटा उदयपुर, जैतपुर ,सनखेड़ा, नंदौर ,मांगरोल ,महुआ ,गनदेवी धर्मपुर कपृडा, उमरगांव प्राप्त करी थी।

**10 से 15% विजय अंतर -** बिलोढा ,संतरामपुर ,फतेहपुर झगड़िया ,व्यारा, निजार ,डांग में जीत प्राप्त हुई।

**10% मत अंतर -**कम प्रतिशत से लिमखेड़ा, मांडवी में विजय प्राप्त हुई थी।

**अनुसूचित जातियों के क्षेत्र-** भाजपा को 13 में से 11 निर्वाचन क्षेत्रों में विजय प्राप्त हुई।

**15% से अधिक मत अंतर -** गांधीधाम ,इडार, असर्वा,गढाना, वडोदरा सिटी,बारडोली में विजय प्राप्त हुई।

**10 से 15% मत अंतर -** कड़ी ,कालावद,कोडीनार में विजय प्राप्त हुई थी।

**10% कम मत अंतर-** इस प्रकार की विजय दसदा, राजकोट में प्राप्त हुई थी कुल मिलाकर भाजपा ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण विजय प्राप्त करी थी। कांग्रेस दल को अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में तीन निर्वाचन क्षेत्रों मे दाता(3.5%) खेडब्रह्मा (5%)एवं वंश(14.5%) विधानसभा क्षेत्र में विजय मिली। अनुसूचित जाति हेतु आरक्षित क्षेत्रों में से दो निर्वाचन क्षेत्र वडगांव(2.81%) दानी लिम्डा(8%) में विजय प्राप्त हुई।कुल मिला के पांच निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस दल को विजय प्राप्त हुई।आप पार्टी ने देड़ियापाड़ा में जो कि अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। 21 .76% मत अन्तर से विजय प्राप्त करी थी।

सारांश रूप में यह कह सकते हैं कि भाजपा को अनुसूचित जाति एवं जनजाति वाले क्षेत्रों में भी सामान्य निर्वाचन क्षेत्रों के जैसे ही विजय श्री मिली है। ।कांग्रेस दल को तुलनात्मक रूप से सामान्य क्षेत्रों से अनुसूचित जाति और जनजाति क्षेत्रों में विजय अधिक प्राप्त हुई है।। क्योंकि क्योंकि कांग्रेस दल को 182 निर्वाचन क्षेत्रों में से मात्र 17 निर्वाचन क्षेत्रों में विजय प्राप्त हुई और अनुसूचित जाति हेतु आरक्षित 40 निर्वाचन क्षेत्रों में से पांच निर्वाचन क्षेत्रों में विजय प्राप्त हुई है।। जो सामान्य निर्वाचन क्षेत्र की तुलना में अधिक दिखाई देती है।।

**नगरी विधानसभा क्षेत्रों में विजय उपलब्धि की तुलना-** 2022 के निर्वाचन में नगरीय क्षेत्रों के मतदाता ने भाजपा को अधिक मतदान किया स कुल 1.5 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरीय केंद्रों को नगरीय विधानसभा मानकर यह तुलना की जा रही है। गुजरात में कुल 60 नगरीय विधानसभा क्षेत्र है। जिसमें से 58 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को विजय प्राप्त हुई है।स वही केवल 2 विधानसभा क्षेत्र भावनगर एवं पोरबंदर मैं कांग्रेस दल को विजय प्राप्त हुई है। नगरी मतदाताओं का रुझान भाजपा की ओर होने से यह स्पष्ट होता है। कि पढ़े-लिखे, वित्तीय कार्यों में संलग्न, तथा उद्योग धन्धो एवं सर्विस सेक्टर में कार्य करने वाले लोग भाजपा को पसंद करते हैं। वही नगरीय क्षेत्रों में कांग्रेस नगण्य विजय प्राप्त करती है। इससे यह संबंध प्रकट होता है। की भाजपा को नगरी मतदाता अधिक वोट करता है। अहमदाबाद, सूरत ,गांधीनगर, वडोदरा ,जामनगर, राजकोट, जूनागढ़, आनंद, नवसारी, नदियाल ,सुरेंद्र नगर, भरूच, मेहसाना, भुज ,पालीताना, वलसाड, वापी, वीरवाल, गोधरा, पाटन ,दाहोद, बोटड,गांधीधाम, मोरबी और द्वारका इन सभी नगरीयक्षेत्रों में भाजपा की विजय हुई है।।

**सह सम्बंध गुणांक-** भाजपा के मतदान प्रतिशत के साथ सर संबंध गुणांक निकालने पर निम्नांकित तथ्य सामने आए हैं।

1. भाजपा के मतदान एवं नगरी मतदाताओं के प्रतिशत में - 79 प्रतिशत सहसंबंध पाया गया है।
2. अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या और भाजपा के मतदान में .56 पॉजिटिव कॉरिलेशन प्रकट हुआ है।
3. भाजपा का नगरीय एवं ग्रामीण जनसंख्या से भी क्रमशः .79 एवं .64 सहसंबंध गुणांक प्राप्त हुआ है।।

**निष्कर्ष -**उपरोक्त तथ्यों से यह प्रकट होता है कि भाजपा को गुजरात विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने सकारात्मक मतदान किया है जो भाजपा के पक्ष में जाता है।

यह उपकल्पना भी सत्य होती है कि भाजपा को नगरीय मतदाता अधिक मतदान करते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. भारत निर्वाचन आयोग, विधानसभा चुनाव के रुझान और परिणाम दिसंबर- 2022
2. अमानी, के.जेड., 1970, इलेक्शन इन हरियाणा-इंडिया: ए स्टडी इन इलेक्टोरल जियोग्राफी, द जियोग्राफर, वॉल्यूम -17
3. गुप्ता, आर.डी., 1986, राजस्थान राज्य विधानसभा चुनाव: भौगोलिक वोटिंग व्यवहार का विश्लेषण (1967-1980), अप्रकाशित पीएच.डी. थीसिस, जयपुर, राजस्थान विश्वविद्यालय
4. शर्मा, के., 1991, राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस-1: वोटिंग व्यवहार के स्थानिक पैटर्न का एक केस अध्ययन (1977-1980-1985),अप्रकाशित पीएच.डी.थीसिस,जयपुर,राजस्थान विश्वविद्यालय
5. श्रीवास्तव, एम.के. 1982, एक भारतीय राज्य का चुनावी भूगोल, इलाहाबाद अतुल शोध प्रबंध
6. आनंद, संतोष, 1989, जनजाति क्षेत्र में पंचायत चुनाव परिणामों का भोगोलिक विशेषण (1977-1982-1986): Annals of the Rajasthan Association, Vol-9
7. शर्मा, राजमल, 1989, राजस्थान के विधानसभा चुनावों में भाजपा की मत उपलब्धि मतदान व्यवहार का भौगोलिक विश्लेषण (1980-1985-1990), Annals of the Rajasthan Association, Vol-9
8. बडोला, सुमन, 1989, पंचायत चुनाव में जनजातीय नेतृत्व का निर्वाचन भौगोलिक विश्लेषण: प्रतापगढ़ पंचायत समीतु का विशिष्ट अध्ययन(1977-1982-1987) Annals of the Rajasthan Association, Vol-9
9. चतुर्वेदी, राजकुमार एंड सारस्वत, प्रज्ञा, 2006, राजस्थान विधानसभा निर्वचनो में राजनितिक दलों की मत उपलब्धि का भोगोलिक विवेचन (1996-2003), Geographical Aspects, Vol-9, 175-176

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश के संदर्भ में सम्प्रेषण के समक्ष चुनौतिया

**नीलम खासकलम***

* वरिष्ठ व्याख्याता (मार्डन ऑफिस मैनेंजमेंट) इंदिरा गांधी शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, छिन्दवाड़ा (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** अपनी इच्छाओं एवं विचारों को दूसरों पर व्यक्त करना तथा दूसरों की इच्छाओं एवं सूचनाओं को जानना प्रत्येक व्यक्ति की स्वाभाविक प्रवृति है। मनुष्य की इस स्वाभाविक प्रवृत्ति का विस्तार सम्प्रेषण से ही संभव है। सम्प्रेषण मनुष्य ही नहीं अपितु समाज की आवश्यकता है। यह कथन अतिश्योक्तिपूर्ण न होगा कि सम्प्रेषण विहीन संसार की परिकल्पना नहीं की जा सकती हैं।

नवीन संचार तकनीक ने सम्पूर्ण विश्व की काया पलट दी है। प्रौद्योगिकी के विकास के कारण संचार और सम्प्रेषण के माध्यमों में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। सम्प्रेषण मनुष्य की सहज और नैसर्गिक वृत्ति है। यह व्यक्ति को व्यक्ति से और व्यक्ति को समाज से जोड़ने वाली कड़ी हैं जिसमें भाषा सम्प्रेषण का सर्वप्रमुख माध्यम है इसलिए मानव द्वारा भाषा की आवश्यकता और अविष्कार किया गया।

मानव जीवन में सामाजिकता की मूलभूत आवश्यकता ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सम्प्रेषण की आवश्यकता और उपयोगिता प्रतिपादित की है। वैष्विक परिदृष्य में सम्प्रेषण के माध्यमों न समय और स्थान की सीमाओं को समाप्त कर दिया है। सम्प्रेषण के विविध आयामों और उसके खुलते हुए नित नवीन द्वारों एवं सम्प्रेषण की अधुनातन विविधताओं और जटिलताओं ने सामाजिक, व्यक्तिगत, व्यावसायिक व सांस्कृतिक परिदृष्य को प्रभावित किया है। प्रस्तुत शोधप्रपत्र में इन्ही चुनौतियां को उल्लेखित किया गया है।

**शब्द कुंजी –** प्रेषक, माध्यम, संदेश, संदेश प्राप्तकर्ता एवं प्रतिपुष्टि, सम्प्रेषण मॉडल।

**प्रस्तावना –** मानवीय तथ्यों एवं विचारों का पारस्परिक विनिमय ही सम्प्रेषण है। सम्प्रेषण ही वह साधन है जिसके द्वारा व्यवहार को क्रियान्वित किया जाता है, परिवर्तनों को लागू किया जाता है, सूचनाओं को उत्पादक बनाया जाता है एवं व्यवसायिक लक्ष्यों की प्राप्ति की जाती है। सम्प्रेषण वह प्रक्रिया है जिसमें सम्प्रेषण एवं श्रोता आपस में आचार, विचार, ज्ञान, अनुभवों तथा भावनाओं का कुछ संकेतों द्वारा आदान प्रदान करते हैं। यह एक व्यवस्थित एवं निरन्तर चलायमान प्रक्रिया है। जिसके द्वारा दो या दो से अधिक व्यक्ति अपने संदेशों, तथ्यों, विचारों, भावनाओं तथा सम्मतियों आदि का आपस में आदान प्रदान करते है, जिससे व्यावसायिक उद्देश्यों एवं व्यवहार में एकरूपता आती है। संचार सूचना सम्प्रेषण की एक प्रक्रिया है इसमें सम्प्रेषक संदेश को किसी संचार माध्यम एवं संचार मार्ग द्वारा श्रोता या ग्राहक तक पहुंचाता है। उक्त प्रक्रिया की पूर्णता श्रोता या ग्राहक की प्रतिपुष्टि या फीड बैक से होती है। प्रत्येक सम्प्रेषण के लिए सम्प्रेषक तथा श्रोता में परस्पर समता होना आवश्यक है। समता तत्व सम्प्रेषक एवं श्रोता के मध्य संदेश की भाषा, संकेत एवं सूचना तत्व के स्तर पर होना चाहिए। सम्प्रेषण के मूल तत्वों में प्रेषक, माध्यम, संदेश, संदेश प्राप्तकर्ता एवं प्रतिपुष्टि है

**प्रेषक –** संदेश का स्त्रोत प्रेषक, जो सम्प्रेषण प्रक्रिया का आरम्भ करता है।

**माध्यम–**यह प्रेषक तथा प्राप्तकर्ता के बीच एक सेतु है। प्रेषक स्वयं को प्राप्तकर्ता से जोड़ने के माध्यम का प्रयोग करता है जैसे पारस्परिक बातचीत, व्यक्तिगत पत्राचार, सभा या मीटिंग, टेलीफोन, टेलीविजन, रेडियों, समाचार पत्र आदि।

**संदेश –** प्रेषक द्वारा बोलकर लिखकर, चित्र या संकेतों के माध्यम से विचारों का प्रस्तुतीकरण संदेश है। इसमें अपील भी शामिल है। प्रेषक द्वारा संदेश भेजने से पूर्व संदेश की विषय वस्तु, उसका विवेचन उसके प्रसारण का माध्यम एवं किन लोगों के लिए संदेश देना है इसका निर्धारण करना आवश्यक है।

**संदेश प्राप्तकर्ता –** प्रेषक का संदेश पाने वाला संदेश प्राप्तकर्ता कहलाता है सम्प्रेषण श्रंखला के एक छोर पर प्रेषक व दूसरे छोर पर प्राप्तकर्ता व्यक्ति या जन समुदान भी हो सकता है।

**प्रतिपुष्टि या फीडबैक–** संदेश प्रेषक द्वारा प्रेषित संदेश या सूचना का संदेश प्राप्तकर्ता पर पड़ने वाले प्रभाव फीडबैक है। जब प्राप्तकर्ता संदेश प्राप्त करके उस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करता है तो वह फीडबैक कहलाता है। फीडबैक द्वारा ज्ञात होता है, कि प्राप्तकर्ता के पास संदेश किस रूप में पहुँचा है। प्रेषक अपने संदेश में जो कहना चाहता था वही प्राप्तकर्ता तक पहुँचा या नहीं।

**हैरोल्ड डी लॉस के अनुसार सम्प्रेषण के वर्णन का सुविधाजनक तरीका निम्नानुसार है:–**

कौन → क्या कहता है → किस माध्यम से→ किसको → क्या प्रभाव के साथ
(प्रेषक) (संदेश) (माध्यम) (प्राप्तकर्ता) (प्रतिपुष्टि)

**सम्प्रेषण के विभिन्न मॉडल :–** सम्प्रेषण समाज की रचना का आधार है। प्रत्येक युग में मनुष्य एवं समाज संप्रेषण प्रक्रिया के प्रति सजग रहा है। सामाजिक विकास व सम्प्रेषण विकास क्रम साथ–साथ विकसित हुआ। सम्प्रेषण किसी सीमा में नही बांधा जा सकता है। फिर भी कुछ मापदण्डों को आधार बनाकर इसे संचारित किया जा सकता है। संदेश को जिन मान्यताओं, सीमाओं एवं परिवेष में संचारित किया जाता है वही सम्प्रेषण–मॉडल कहलाते

है। दूसरें शब्दों में सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश के मध्य आदर्श मूल्यों की रक्षा तथा स्थापना करने के लिए सार्वभौमिक समुदाय हेतु निश्चित सीमा में किया गया सम्प्रेषण के मॉडल है।

**सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवषों की स्थापना हेतु प्रतिपादित सम्प्रेषण मॉडल :**

1. **वैदिक मॉडल–** विश्व का सबसे प्राचीन मॉडल माना वेदकाल से ही प्रचलित है। इसकी सम्प्रेषण–पद्धति गुरु शिष्य शिक्षा प्रणाली पर आधारित है। वैदिक सम्प्रेषण में हजारों वर्षों तक केवल मौखिक सम्प्रेषण ही होता था। राजा को ईश्वर का दर्जा दिया जाता था। राजा व प्रजा के बहुत मधुर सम्बन्ध थे।यह सम्प्रेषण विशेष रूप से भारतीय संस्कृति एवं भारतीय परम्पराओं पर ही टिका हुआ था। ब्रिटिश शासन के आने पर अंग्रेजों ने इन्हीं परम्पराओं पर कुठाराघात किया। आज ब्रिटिश मॉडल की झलक भारतीय सम्प्रेषण पद्धति पर दिखाई देती है।

2. **यूरोपीयन मॉडल–**यूरोपीय देशों की संप्रेषण व्यवस्था का यह मॉडल स्वतंत्र विचारों एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर आधारित है इसमें मनुष्य की संवेदना सेवा भाव एवं ईश्वर के प्रति समर्पण पर जोर दिया गया यह मॉडल बहुत लोकप्रिय है क्योंकि इसमें अवरोधों को कोई स्थान नहीं है।

3. **चाइनीस मॉडल–** चीन एक साम्यवादी देश होने के साथ बौद्ध धर्म से प्रभावित है यहां देश की संप्रेषण व्यवस्था में महात्मा बुद्ध के विचारों जिनमें बड़ों का सम्मान और मानवीय गुणों का महत्व क्रांति के बजाय शांति से बात देश के प्रति वफादारी शामिल है चीन की संप्रेषण पद्धति भारत के पंचशील मॉडल पर आधारित है।

4. **इस्लामिक मॉडल–**यह मॉडल मुस्लिम रूढ़ीवादी मॉडलों पर आधारित है। इसका प्रमुख आधार मुस्लिम धार्मिक ग्रन्थ कुरान है। इस मॉडल के दो भाग हैं। इस मॉडल में पुरुषों को बहुत ऊँचा दर्जा दिया गया है। एक भाग मोहम्मद साहब के बनाए कानूनों के अनुसार यह अत्यन्त मानवीय एवं स्नेहींहै परन्तु इसका दूसरा भाग अत्यन्त कठोर एवं निर्दयी है जो धर्म के ठेकेदारों एवं मौलवियों द्वारा निर्धारित किया गया है। ये मॉडल मुस्लिम युवा–वर्ग को दिग्भ्रमित कर जातीय दंगे औरतों पर बहुत–सी पाबन्दियाँ लिए बहुत ही संकीर्ण विचार पर आधारित है।

5. **कट्टरवादी मॉडल–**जब धर्म एवं जाति के नाम पर अनेक पाबन्दियाँ लगाकर सम्प्रेषण को एक तरफा कर दिया जाता है तब आम जनता इस घुटन से बाहर निकलना चाहती है। इस प्रकार के मॉडल को कट्टरवादी मॉडल कहा जाता है। बर्मा ,थाईलैण्ड, नेपाल, भूटान, चीन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान आदि देशों में कट्टरवादी मॉडल को बढ़ावा मिला। इसमें समाज के रहन–सहन, उठने–बैठने, घूमने–फिरने लिखने–पढ़ने टी.वी., रेडियो आदि पर भी महिलाओं की हिस्सेदारी आदि पर पाबन्दी लगा दी जाती है। धीरे–धीरे यह मॉडल असफल हो जाता है तब उदारवादी मॉडल लागू कर दिया जाता है।

6. **साम्यवादी मॉडल–** 1917 में हुई क्रांति की सफलता के पश्चात सोवियत संघ में साम्यवादी मॉडल लागू किया गया महान नेता लेनिन के विचारों ने रूस, चीन, क्यूबा तथा संसार के कई देशों को प्रभावित किया था साम्यवाद की मूल विचारधारा शोषित वर्ग के लिए करुणा की भावना तथा शोषक वर्ग के प्रति कटुता की भावना पर आधारित थी यह मॉडल वैश्विक घटनाओं से जन सामान्य को दूर रखने तथा परंपरागत तरीके से जीवनयापन करने का समर्थक था।

7. **उदारवादी मॉडल–** सम्प्रेषण के सर्वश्रेष्ठ मॉडल में संसार की सभी श्रेष्ठ बातों को सम्मिलित किया गया है। इसमें सरकार के विरुद्ध अपने विचारों को प्रसारित करने की पूरी छूट होती है। यह मॉडल सम्प्रेषण के लिए दैनिक आवश्यकताओं एवं कठिनाइयों को समझने, शिक्षा के स्तर को बढ़ाने जैसे विषयों पर बल दिया जाता है।

**ख. विभिन्न विद्वानों एवं लेखकों के विचारों पर आधारित सम्प्रेषण मॉडल–** सम्प्रेषण पर अध्ययन तो हुआ पर चिन्तन कम हुआ, जिससे सम्प्रेषण का दार्शनिक पक्ष अभी भी पूर्ण रूप से अस्तित्व में नहीं आ सका। इस पर पश्चिमी प्रभाव तथा वर्चस्व अधिाक है। सम्प्रेषण के सैद्धन्तिक विकास एवं अध्ययन से पूर्व का दृष्टिकोण पूर्ण रूप से उपेक्षित रहा है। इसी कारण सम्प्रेषण मॉडल को पश्चिमी देन के रूप में जाना जाता है। पश्चिमी विद्वानों के कुछ प्रमुख सम्प्रेषण–मॉडल निम्नलिखित हैं–

1. **अरस्तु का मॉडल–** इस मॉडल को ग्रीक दार्शनिक अरस्तू ने 2300 वर्ष प्रतिपादित किया था। अरस्तू के अनुसार प्रेरक तकनीक के प्रयोग द्वारा सन्देश प्राप्तकर्ता की विचार प्रक्रिया को परिवर्तित कर सकता है। इस मॉडल के अनुसार सम्प्रेषण के लिए प्रेषक सन्देश तथा प्राप्तकर्ता तीन प्रमुख अंग हैं जिनमें प्रेषक सबसे महत्वपूर्ण हैं। इसमें माध्यम का उल्लेख नहीं है क्योंकि उस समय सम्प्रेषण मौखिक था। यह सम्प्रेषण मौखिक मॉडल एक तरफा है।

2. **मर्फी मॉडल–**इस मॉडल का प्रतिपादन सन 1947 में एच.ए.मर्फी, एच. डब्ल्यू. हिल्डब्रेन्ड एवं जे.पी. थॉमस ने संयुक्त रूप से किया। इस मॉडल में मुख्यत: प्रेषक संदेश का चयन करके उसे सम्प्रेषित करता है। वह संदेश के सम्प्रेषण के लिए उचित माध्यम का चुनाव करता है। प्राप्तकर्ता संदेश प्राप्त करके उस पर अपनी प्रतिक्रिया करता है।

3. **लासवेल का मॉडल–** सन् 1948 में इस मॉडल का प्रतिपादन हैराल्ड डी.लासवेल ने किया। सम्प्रेषण प्रक्रिया के विश्लेषण के लिए लासवेल ने 5 प्रमुख तत्वों कौन, क्या, किस माध्यम से, किसके लिए, क्या प्रभाव को सम्मिलित किया हैं। लासवेल के सम्प्रेषण मॉडल में सभी आवश्यक तत्वों का उल्लेख है परन्तु फीडबैक का उल्लेख नहीं है। फीडबैक को लासवेल ने प्रभाव के अन्तर्गत सम्मिलित किया है। लासवेल मानते है कि प्रेषक उचित माध्यम का प्रयोग करके प्राप्तकर्ता की विचार प्रणाली में परिवर्तन ला सकता है। लासवेल मॉडल में सम्प्रेषण का माध्यम को अधिक महत्त्वपूर्ण माना है।

4. **शैनन एवं वीवर का मॉडल–** सन् 1949 में सी.ई. शैनन एवं डब्ल्यू वीवर ने मशीनी सम्प्रेषण का एक मॉडल विकसित किया। इस मॉडल का सम्बन्ध रेडियो एवं टेलीफोन सम्प्रेषण से जुड़ा था। इस तकनीकी मॉडल में इन्होंने सम्प्रेषण प्रक्रिया का 1. तकनीकी 2. अर्थ एवं प्रसारण 3. श्रोता के स्तरों पर विश्लेषण किया। इनका मानना था कि संदेश प्राप्त कर पहले उसे सांकेतिक भाषा में परिवर्तित किया जाए जिससे प्राप्तकर्ता संदेश समझ जाए। संदेश को सांकेतिक भाषा में परिवर्तित करने का उद्देश्य था कि बाह्य शोर आदि जो बातें संदेश को अशुद्ध कर देती है उनको समाप्त कर दिया जाए और संदेश शुद्ध रूप में प्रेषित किया जा सके।

5. **शैरम का मॉडल–** सन 1954 में विलबर शैरम का मॉडल अस्तित्व में आया। इन्होंने शैनन और वीवर के मॉडल पर ही अपने सम्प्रेषण सिद्धान्त का विकास किया। इन्होंने अपने सिद्धान्त के तीन मॉडल पेश किए। प्रथम प्रारूप शैनन एवं वीवर के मॉडल का अनुकरण था परन्तु इनके अुनसार शोर जैसी कोई बात संदेश में होती ही नहीं तथा संदेश कभी अशुद्ध नहीं होता। दूसरे मॉडल में सम्प्रेषण का माधयम प्रेषक द्वारा जाना चाहिए। इसी माध्यम

द्वारा संदेश इस प्रकार प्रेषित किया जाए कि वह प्राप्तकर्ता की समझ में आ जाए। तीसरे मॉडल में प्राप्तकर्ता द्वारा दी जाने वाली प्रतिक्रिया को महत्तवपूर्ण माना है। प्राप्तकर्ता तथा उसके द्वारा दिया गया फीडबैक दोनों को महत्तव दिया। इनके मॉडल के निम्नलिखित प्रमुख अंग है- 1. प्रेषक 2. सांकेतिक प्रक्रिया 3. असांकेतिक प्रक्रिया 4. संदेश का लक्ष्य 5. प्राप्तकर्ता की प्रतिक्रिया।

**6. बरलो का मॉडल-** यह मॉडल बोध क्षमता को महत्तव देता है। बोध क्षमता से तात्पर्य आँख, नाक, कान आदि इन्द्रियों द्वारा ग्रहण प्रत्यक्ष ज्ञान से है। इनके अनुसार प्रेषक संदेश को अपने ज्ञान एवं अनुभव के आधार पर सांकेतिक भाषा में परिवर्तित करता है तत्पश्चात् किसी माध्यम के द्वारा संदेश प्राप्तकर्ता को भेज देता है। संदेश प्राप्तकर्ता संदेश को किस प्रकार तथा किस रूप में प्राप्त करता है यह उसके विवेक तथा ज्ञान पर निर्भर करता है।यह मॉडल बहुत संकुचित है क्योंकि इसमें सम्प्रेषण-प्रक्रिया की कई महत्त्वपूर्ण अवस्थाओं जैसे-माध्यम, साधन, प्रतिपुष्टि आदि की अवहेलना की गई है।

**7. थिल एवं बोवी मॉडल-** जॉन थिल एवं कोर्टलैण्ड एल. बोवी के अनुसार व्यावसायिक सम्प्रेषण घटनाओं की एक कड़ी है जिसकी पाँच अवस्थाएँ जो प्रेषक एवं प्राप्तकर्ता को आपस में जोड़ती हैं। प्रेषक का विचार जिसे वह संदेश के रूप में परिवर्तित करके उचित माध्यम के द्वारा प्रेषित करता है। तत्पश्चात् इस संदेश को प्राप्तकर्ता समझ कर अपनी प्रतिक्रिया के रूप में व्यक्त करता है। इस प्रकार सम्प्रेषण-प्रक्रिया अपना पूर्ण रूप धारण करती है।

**सम्प्रेषण का आधुनिक मॉडल-**आधुनिक मॉडल सम्प्रेषण प्रक्रिया को एक चक्र में प्रस्तुत करता है। इस चक्र के अनुसार संदेश को प्राप्तकर्ता के पास भेज दिया जाता है। प्राप्तकर्ता संदेश को प्राप्त करने के पश्चात् अपनी प्रतिक्रिया प्रकट करता है जो उसकी प्रतिपुष्टि को दिखाती है। इस प्रक्रिया के निम्नलिखित चरण हैं:-

1 आगम-वे सभी विचार एवं सूचनाएँ जिन्हें प्रेषक प्रेषित करना चाहता है।

2 माध्यम-प्रेषक सूचनाओं को भेजने हेतु जिस माधयम,टेलीफोन, फैक्स, ई-मेल, पत्र रिपोर्ट आदि का सहारा लेता है।

3 संदेश-वे सूचनाएँ जिन्हें भेजा जा रहा है।

4 संदेश की प्राप्ति-जो संदेश वास्तव में प्राप्त हो रहा है।

5 प्रतिपुष्टि-संदेश प्राप्ति के बाद प्राप्तकर्ता के द्वारा दी गई प्रतिक्रिया जो सकारात्मक या नकारात्मक हो सकती है।

6 संदेश हानि-जो संदेश भेजा गया, ठीक उसी रूप में स्वीकार नहीं किया गया, उसमें कुछ अन्तर आना ही संदेश हानि कहलाती है सम्प्रेषण प्रक्रिया की बाधाओं के कारण ही ये संदेश हानि होती है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि सम्प्रेषण के अनन्त रूप एवं व्यवहार है इस कारण सम्प्रेषण के अनन्त प्रारूप हमें प्राप्त होते हैं।

**'सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेष के संदर्भ में सम्प्रेषण के समक्ष चुनौतिया'**

सम्प्रेषण मनुष्य के अस्तित्व का अभिन्न अंग है। मनुष्य में अपने भावों, विचारों, अनुभवों और प्रतिक्रियाओं को दूसरों के साथ बाँटने की सहज, नैसर्गिक, अदम्य वृत्ति होती है। सम्प्रेषण की आवश्यकता, अन्य मनुष्येतर प्राणियों को भी होती है किंतु मनुष्य ही एकमात्र ऐसा प्राणी है जो सम्प्रेषण के लिए विभिन्न संकेतों एवं प्रतीकों के अतिरिक्त शब्दों का भी प्रयोग करता है। शब्दों के माध्यम से सम्प्रेषण करना मनुष्य की नैसर्गिक वृत्ति भी है और क्षमता भी। मनुष्य की सजगता एवं सचेतता स्वयं के अतिरिक्त अपने आसपास के समाज एवं जगत के प्रति भी होती है। अत: जितनी तीव्र इच्छा उतमें स्वयं को अभिव्यक्त करने की होती है उतनी लालसा उसमें दूसरों को जानने व समझने की भी होती है। मनुष्य की यही अद्भुत वृत्ति सम्प्रेषण का आधार है।

मनुष्य के जीवन से सहज, स्वाभाविक एवं अनिवार्य रूप से जुड़ी सम्प्रेषण की प्रक्रिया उतनी ही चुनौतीपूर्ण है जितना मनुष्य का चुनौतियों से भरा जीवन है। सामाजिक प्राणी मनुष्य का जीवन एक जटिल एवं संश्लिष्ट व्यापार है। उसी प्रकार सम्प्रेषण भी एक संश्लिष्ट एवं द्वन्द्वात्मक क्रिया है। जब मनुष्य स्वयं कई बार अपने ही भावों और विचारों में इतना उलझ जाता है कि न तो वह किसी अर्थपूर्ण निष्कर्ष तक पहुँच पाता है और न ही उचित शब्दों के माध्यम से स्वयं को अभिव्यक्त कर पाता है तो अन्य लोगों की भावनाओं और विचारों को समझना निश्चित रूप से एक कठिन एवं चुनौतीपूर्ण कार्य है।

सम्प्रेषण के अनेक प्रयुक्ति-क्षेत्र जैसे-वैयक्तिक, सामाजिक, साहित्यिक, व्यावसायिक, कार्यालयी, तकनीकी, वैज्ञानिक आदि। किन्तु सम्प्रेषण की प्रक्रिया के मूल चार पक्ष होते हैं। जो व्यक्ति सम्प्रेषित करता है वह वक्ता या प्रेषक है और जो सम्प्रेषण का लक्ष्य है अर्थात् जिस तक सम्प्रेषित किया जाना है वह श्रोता या प्राप्तकर्ता है। प्राप्तकर्ता व्यक्ति स्वयं, कोई दूसरा व्यक्ति, एक पूरा समूह या समाज हो सकता है। सम्प्रेषण का सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण तत्व है वह विचार या भाव जो सम्प्रेषित किया जाता है अर्थात् संदेश या कथ्य। सम्प्रेषण को चौथा महत्त्वपूर्ण पक्ष है माध्यम अर्थात् भाषा। सम्प्रेषण की पूर्णता में ये चारों पक्ष अनिवार्य हैं। किन्तु इन चारों पक्षों की प्रकृति अपने आप में भिन्न प्रकार की है।

वक्ता या प्रेषक और श्रोता या प्राप्तकर्ता सम्प्रेषण की प्रक्रिया के जनक हैं अर्थात् वक्ता से आरंभ होकर सम्प्रेषण प्रक्रिया श्रोता तक पहुँचकर पूर्ण होती है और प्रतिपुष्टि या प्रतिक्रिया के रूप में इन दोनों की भूमिका निरंतर परिवर्तित होती रहती है। किन्तु माध्यम और संदेश वक्ता और श्रोता द्वारा संचालित एवं नियंत्रित होते हैं, अत: माध्यम और संदेश अपने आप में एक पूर्ण इकाई हो सकते हैं परन्तु सम्प्रेषण की इकाई के रूप में ये नियंत्रित एवं आश्रित होते हैं। जिस प्रकार मनुष्य का जीवन एवं व्यवहार अत्यन्त चुनौतीपूर्ण होता है उसी प्रकार मनुष्य के द्वारा किया जाने वाला सम्प्रेषण-व्यापार भी चुनौतियों से युक्त होता है।

**सम्प्रेषण में आने वाली चुनौतियों को मुख्यत: तीन स्तरों पर विश्लेषित किया जा सकता है-**

**क. मानवीय स्तर पर**

**ख. कथ्य के स्तर पर**

**ग. माध्यम के स्तर परक**

**मानवीय स्तर पर-**सम्प्रेषण का आरम्भिक और अंतिम बिन्दु मनुष्य है अर्थात् सम्प्रेषण किसी व्यक्ति से आरम्भ होकर किसी अन्य व्यक्ति, समूह या समाज तक पहुँचकर समाप्त होता है। मनुष्य के जीवन की विविधता और विषमता को यदि देखा जाए तो सम्प्रेषण का सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण पक्ष यही है मानवीय स्तर पर सम्प्रेषण दो स्तरों पर होता है व्यक्ति का व्यक्ति से, और व्यक्ति का समाज से। दोनों ही स्तरों पर अनेक कारक सम्प्रेषण को प्रभावित करते हैं।

व्यक्ति का लिंग, आयु, सामाजिक, आर्थिक स्तर, शिक्षा, मानसिक स्थिति, परिवेश आदि अनेक ऐसे कारक हैं जिनके कारण सम्प्रेषण चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

**मानवीय स्तर पर सम्प्रेषण में आने वाले इन कारकों को तीन वर्गों में बाँटा जा सकता है–सामाजिक, मनोवैज्ञानिक एवं भौतिक।**

|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ATSC8p | A1=-1.5018(± 0.1758) | 4.7107 | 0.1065 | 0.8674 | 0.8795 | 72.96 | 8.805 |
| 2 | ATSC6p | A1=-0.9393 (±0.1866) | 4.8064 | 0.1632 | 0.6886 | 0.7169 | 25.329 | 5.188 |
| 3 | ATS2v | A1=4.0476(± 1.4643) | -9.2924 | 0.231 | 0.3765 | 0.4331 | 7.641 | 2.848 |
| 4 | ATSC6p<br>ATSC8p | A1=1.2113(± 0.3475)<br>A2=-3.1990 (±0.5016) | 4.5328 | 0.0733 | 0.9373 | 0.9487 | 83.246 | 13.297 |
| 5 | DBI<br>ATSC8p | A1=-0.4826 (±0.1933)<br>A2=-1.6145(± 0.1494) | 5.786 | 0.0863 | 0.913 | 0.9288 | 58.69 | 11.164 |
| 6 | SNar<br>ATSC8p | A1=-0.1466 (±0.0601)<br>A2=-1.6334 (±0.1536) | 6.8077 | 0.08717 | 0.9112 | 0.9274 | 57.465 | 11.047 |
| 7 | ATS2v<br>ATSC8p | A1=-2.3621(± 1.0022)<br>A2=-2.0121 (±0.2610) | 12.7993 | 0.0883 | 0.9089 | 0.9255 | 55.877 | 10.895 |
| 8 | ATS2v<br>DBI | A1=9.3556(± 0.9108)<br>A2=-2.3006(± 0.3068) | -22.2032 | 0.0905 | 0.9044 | 0.9218 | 53.049 | 10.614 |
| 9 | ATS2v<br>SNar | A1=9.8287(± 1.0594)<br>A2=-0.7304 (±0.1080) | -18.5043 | 0.0988 | 0.8861 | 0.9068 | 43.782 | 9.643 |
| 10 | DBI<br>ATSC6p | A1=-0.8946 (±0.2932)<br>A2=-1.1683 (±0.1570) | 6.8589 | 0.1206 | 0.83 | 0.8609 | 27.844 | 7.693 |
| 11 | SNar<br>ATSC6p | A1=-0.2750 (±0.0928)<br>A2=-1.1938 (±0.1643) | 8.8024 | 0.1224 | 0.8248 | 0.8567 | 26.893 | 7.561 |

**Table 5. Cross validated parameter for the proposed models.**

| Model No. | Descriptors used | N | PRESS | SSY | PRESS/SSY | $R^2CV$ | PSE | SPRESS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ATSC8p | 12 | 0.1135 | 0.8282 | 0.13704 | 0.86296 | 0.0972 | 0.1065 |
| 2 | ATS2v,ATSC8p | 12 | 0.07018 | 0.8715 | 0.08052 | 0.91948 | 0.0764 | 0.0883 |
| 3 | Snar,ATSC8p | 12 | 0.06838 | 0.8733 | 0.0783 | 0.9217 | 0.0755 | 0.08717 |
| 4 | DBI,ATSC8p | 12 | 0.06706 | 0.8746 | 0.07667 | 0.92333 | 0.0747 | 0.08632 |
| 5 | ATSC6p,ATSC8p | 12 | 0.04829 | 0.8934 | **0.05405** | **0.94595** | **0.0634** | **0.07325** |

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# गुरु सानिध्य की उपादेयता

**डॉ. रमाशंकर मिश्रा***

* 41, श्री राम नगर, शाहदा रोड, शिरपुर (महाराष्ट्र) भारत

**प्रस्तावना -** ॐ गुरुदेवाय विद्महे
परब्रह्माय धीमहि।
तन्नो गुरुः प्रचोदयात।

भारतीय गुरु शिष्य परंपरा की अदम्य जिजीविषा में एक ऐसी स्वभावगत भास्वरता है कि वह काल प्रवाह से प्रकट हुई स्थिति जन्य मलिनता अथवा तमिस्रा का निवारण स्वत: ही अनवरत रूप से करती रहती है। एतदर्थ रचनाश्रम प्रांगण में सहज भाव से उपस्थित रहने वाले साधकों व विद्यार्थियों के जटिल प्रश्नों के निवारण हेतु भी सहज सूत्र स्वत ही प्रकट हो जाते है।

कला गुरु लक्ष्मी नारायण भावसार जी भारत की समकालीन कला के अत्यंत मूल्यवान हस्ताक्षर हैं, इनके व्यक्तित्व की छाया में हमने आधुनिक कला के मर्म को समझने का प्रयास किया है आपने चित्रकला में प्रचलित मानदंडों के साथ - साथ नवीं संकल्पना का आरोहण किया है। आप के चित्रों में कला गुणों के सरोकार अनुभूत हैं। आप मध्यप्रदेश की स्वतंत्रयोत्तर कला के प्रतिनिधि कलाकार हैं क्यूंकि यहाँ की चित्रकला में आपकी महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

सभी शैक्षणिक सोपानो की औपचारिकता के उपरान्त भी जब स्वयं को तात्कालिक व समसामायिक रचनाधर्मिता में निरुत्तार पाया तब मेने गुरुदेव की शरण ली। कला गुरु लक्ष्मीनारायण भावसार जी के रचनाश्रम का प्रांगन इतना विशाल है की उसमे मेरे जैसे सेकड़ो मृतप्राय हो चुके तरु आशीष मात्र से जीवन दान पा जाते है। आपकी अध्यापन शैली वर्तमान परिप्रेक्ष्य में न केवल प्रासंगिक वरन् तात्कालिक परिस्थितियों व विद्यार्थियों के गुण दोष इत्यादि को स्वीकार करते हुए सहज और स्वाभाविक जान पड़ती है देश के कोने-कोने से आने वाले शिक्षित, प्रशिक्षित, कुशल, अकुशल अथवा अनुभवहीन कलाकार भी आपके सानिध्य में रहकर वह सूत्र सीख जाते है जिनसे वे न केवल सम्मान पूर्वक जीविकोपार्जन कर सके वरन कला जगत में स्वयं को स्थापित भी कर सके।

शून्य व भ्रम से अभिभूत कलाकारों व कला विद्यार्थियों की रचना प्रक्रिया का प्रादुर्भाव तात्कालिक परिस्थितियों अथवा पूर्व समायोजित उद्धारणों के आधार पर शनै: शनै: होता है जिसके परिणाम स्वरुप अध्ययन अवधि बीत जाने के वर्षोंपरांत भी निस्सार या अपूर्ण तात्पर्य मात्र रह जाता है ऐसे विकट समय में गुरुः उपाय व गुरु सानिध्य ही एकमात्र संजीवनी होती है।

'गुरु कृपा ही केवलं शिष्यस्य परं मंगलम' is a common Sanskrit expression mantra and song that means the Guru's grace is absolute and only reality. It is a key principle for learners as well as the concept of divine grace of Hinduism. The Spiritual path of Guru Sanidhya considered a faster way to get knowledge. In guru Sanidhya the disciples receive knowledge directly from his / her Guru.

कलागुरु के व्यक्तित्व में कलाकार एवं एक तपस्वी संत का अद्भुत मिश्रण है आपने कलागुरु जैसे विराट शब्द को अपने सच्चे अर्थों में प्रमाणित व गौवान्वित किया है तथा देशभर में फेले अपने असंख्य शिष्यों प्रशंसकों एवं कला के सभी जनों के मध्य सांस्कृतिक चेतना की निर्मिती को स्थापित किया है शांति निकेतन से लेकर मुंबई तक तथा बड़ोदा से लेकर बनारस तक भारतीय कला के श्रेष्ठतम संस्थानों, महाविद्यालयों, कला विथिकाओं एवं शीर्ष केन्द्रों पर आपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व की छाप छोड़ी है। कठिन कार्य मात्र सूत्रों को शिरोधार्य करने से सुलभ नहीं होते। अन्वेषणवृत्ति अथवा साधना की पराकाष्ठा के उपरान्त भी मानो इच्छित परिणाम ना मिलने पर गुरु सानिध्य ही रामबाण उपाय है तथापि यह सिद्ध तब होगा जब विद्यार्थी भाव से संशय रहित होकर गुरु सम्मुख उपस्थित होगा।

आपकी कला में माध्यमों की अनेकता, रूपों का अद्भुत संधान, रंगों की चमत्कृत आभा एवं सांगीतिक प्रतिध्वनि का निनाद तथा प्रकृति के सृजनात्मक सौन्दर्य की अद्भुत झांकी अपनी प्रखर दिप्तियों से जन मन की गहराइयों को आलोकित करती रहती है कला गुरु प्रोफेसर भावसार जी की कला साधना में सृजन एवं चित्र विद्याओं का अद्भुत संगम है जहां रूप माधुर्य और प्रसाद आप के चित्रों से सहसा प्रकट हो उठता है फिर चाहे वह व्यक्ति चित्र हो अथवा दृश्य चित्र सभी द्रष्टा को बरबस आकृष्ट कर लेते हैं क्योंकी इनमें आलौकिक सौंदर्य की प्रतीति होती है।

सद्गुरु का किसी बात को कहने का धन अनूठा होता है, तात्कालिक समय में भले ही उनकी बात कर्कष प्रतीत होती हो किन्तु उसकी अनुगूँज शिष्य का भविष्य संवारती है। कला गुरु का व्यक्तित्व भी उनकी चित्रकला के समान बहुआयामी है चित्रकला के साथ ही आपको संगीत विधा की भी व्यापक जानकारी है, लोक संस्कृति जनजातीय कला गत आयाम एवं भारतीय धर्म एवं दर्शन के भी आप ज्ञाता हैं ऐसा आप के चित्रों से प्रतीत होता है।

आप की कला में भारतीय आदर्श परंपरा, कला सौष्टव विशेषकर अध्यात्मिकता का स्पंदन है जहां कुछ भी जड़ नहीं सब कुछ चेतन है। आपके चित्रों में रेखा रूप एवं रंगों का मार्मिक संवाद है, विषय कुछ भी हो, सभी कलाकृतियों में लय का उद्घोष है भले ही वो चित्र माँ सरस्वती का हो, शिव पार्वती हो, डॉ. शंकर दयाल शर्मा का व्यक्ति चित्र हो, गुरु देव रविन्द्रनाथ टैगोर हों या या आपके गुरु बाबा श्री ओम्कार नाथ जी हों इन सभी में

प्रत्यक्ष सोंदर्य चेतना का स्फुरण सहज ही मालूम होता है, इनके साथ ही आपने भोपाल के अनेकों चित्र बनाए और हर चित्र में रंग संगती, वर्ण विन्यास भांति-भांति के है। आपके ओंकारेश्वर के चित्रों की भी अपनी अनूठी श्रंखला है, जहां आपने बदलते वक्त की झलक के साथ मान्धाता पर्वत पर शोभायमान इस मंदिर को विभिन्न कोणों से चित्रित कर ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से भी चित्र की महत्ता स्पस्ट की है।

आपका सहज सरल जीवन चरित कलात्मकता के अनेक पहलुओं का जीवंत दर्शन कराता है। आपके चित्र एकल तथा अनेक समूह प्रदर्शनों में सराहे गए है, मालव भूमि से प्रारंभ हुई आपकी कला यात्रा आज भारत देश ही नही विश्व के तमाम स्थानों में अनवरत जारी है। जिनमें दिल्ली, जयपुर, मुंबई, वाराणसी, भारत भवन, मध्य प्रदेश विधानसभा चित्रकूट, आगरा, जयपुर, एवं पर्यटन विभाग सहित नॉर्वे, कैलिफोर्निया, लन्दन, पेरिस, ऑस्ट्रेलिया, जापान, जर्मनी, न्यूयॉर्क, नेपाल आदि स्थान प्रमुख है।

कला गुरु ने अपनी प्रयत्नशीलता से अपने अन्तरंग में जो नए और अनोखे रंग भरे उससे उनमें अधिक से अधिक उत्साह आता गया वे विविधता के साथ इस यात्रा को आगे बढ़ाते गए और अपने जीवन की अर्थवत्ता के सुन्दर तरीके तलाशते गए अत: आपके आज को देखते हुए कहा जा सकता है कि आपने अपने अध्ययन काल में स्वाध्याय वृत्ति के चलते अनेकानेक गुण तथा अनुकरणीय रुचियां विकसित की जिन्होंने आप को श्रेष्ठ कला आचार्य कुशल, चित्रकार एवं अनूठे व्यक्तित्व के रूप में प्रस्तुत किया।

भारत भवन में आपके चित्रों को देखकर वरिष्ठ पत्रकार जावेद आलम ने आपको पानी का चितेरा कहा था, उनके अनुसार पानी की हर हरकत पर आपने मनभावन चित्र उकेरे है। आपके चित्रों में पानी के विविध रूपों को सहज ही देखा जा सकता है। आपकी रूचि के अनुसार परिवारजनों, कला जगत से तथा गुरुओं से आपको वह वातावरण मिला जो स्वयं ही आपको कसौटी पर रखता चला गया, असाधारण प्रतिभा के साथ कमाल का अनुशासन जो की मणिकांचन के योग की भांति है कला गुरु के व्यक्तित्व एवं कृतित्व में दर्शनीय है।

वर्ष 2001 में आप से अनुमति लेकर बहुत से विद्यार्थी चित्रकार एक छत्र के नीचे एकत्र हुए और नाम दिया 'expression group of artists' सबकी आम सहमती से इस ग्रुप की अगुवा बनी श्रीमती अलका श्रीवास्तव जो हम विद्यार्थियों में से वरिष्ठतम चित्रकार थीं। इस ग्रुप के सदस्यों में शिला गर्ग दीदी, मंजू हिंगोरानी दीदी, डॉ. राजू राठौर, डॉ. सुधीर छारी, नीलेश उपाध्याय जी, डॉ. शैलेन्द्र नामदेव, बसंत भार्गव, शंकर राजपूत जी, विवेक वर्मा जी एवं लेखक आदि सक्रीय कलाकार थे।

हम सभी भाग्यशाली थे जिन्होंने आपके साथ देशाटन किया। मध्य प्रदेश के तमाम रमणीय स्थलों जैसे भोपाल के समीप भोजपुर से लेकर पचमढ़ी, अमरकंटक, ओंकारेश्वर, मांडू, खजुराहो, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर, आदि से होते हुए गोवा, जयपुर, मुंबई, आदि स्थानों में हमारी कलात्मक गतिविधियाँ चलती रही। ग्रुप के सक्रीय कलाकारों में डॉ. शैलेन्द्र, हरी नामदेव कहते हैं की सृजन के पश्चात् आनंदानुभूति करना कोई सर से सीखे, चित्रण प्रक्रिया के दौरान उनमें एक अद्‌भुत शक्ति का संचार सा होने लगता है उस समय वह असीम उर्जा से भरे होते हैं, आज कला गुरु 80 वर्ष से अधिक के हो चुके हैं लेकिन उनकी शैली किसी युवा की भांति ही होती है।

डॉ. राजू राठौर हमीदिया महाविद्यालय के चित्रकला विभाग के सबसे पहले विद्यार्थी रहे, वे बताते हैं की सर लैंडस्केप की स्टडी के लिए हमें भोपाल के विभिन्न स्थानों में ले जाया करते थे। सरिता राठौर दीदी और किरण तिवारी दीदी कहती हैं की सर की विद्यार्थी होना हमारे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। अलका श्रीवास्तव दीदी बताती हैं कि सर के सानिध्य में बीते हमारे दिन जीवन के स्वर्णिम दिन थे सर उन दिनों में कठिन साधना करते और हमें भी उसी प्रकार अनुशासन की कसौटी पर खरे उतरने के लिए प्रेरित करते।

आदरणीय शिला गर्ग दीदी बताती हैं की सर की सभी गतिविधियों से, क्रियाकलापों से चौतन्यता व जीवन्तता का आभास होता था, वे हर उम्र के व्यक्ति के साथ गहरा तादात्मय में बना लेते थे। वे जितने अच्छे गुरु हैं उतने ही अच्छे व्यक्ति भी हैं।

गंभीर व्यक्तित्व के धनी शंकर राजपूत साहब सर के रेखांकन को उनके चित्रण की धुरी मानते हैं वे बताते हैं कि सर ने हमें सिखाया की कैसे रेखांकन के माध्यम से चित्र में छाया प्रकाश की उपस्तिथि हो एवं वर्ण समाधान से लावण्य का प्राकट्य हो, उन्होंने सदा ही कला के आधारभूत तत्वों के अध्ययन पर अधिक जोर दिया।

कला गुरु के सबसे विविध आयामी विद्यार्थियों में से एक विवेक वर्मा जी कहते हैं की सर जितने अच्छे चित्रकार है उससे भी अच्छे शिक्षक हैं, उन्होंने अपने गुरुत्व भाव को अत्यंत श्रेष्ठतम रीती से सिद्ध किया है, विशेषकर दृश्य चित्रण में उनका कोई सानी नहीं है, खासकर उनकी बनाई पानी की रंगतें तो देखते ही बनती हैं।

पंजाब के प्रसिद्ध चित्रकार बलदेव गंभीर साहब बताते हैं की लक्ष्मी नारायण भावसार जी भव्यतम संयोजनों के महारथी हैं, उनकी कम्पोजिशंस में line, form, color, tone, space, आदि का अद्‌भुत तादात्मय है और यही आधार है उनके सौंदर्य पूर्ण सृजन का। मध्य प्रदेश के वरिष्ट कलाकारों में श्री हरी भटनागर जी स्वर्णिम हस्ताक्षर हैं वे कला गुरु के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहते हैं कि ,एल. एन. भावसार साहब श्रेष्ठ चित्रकार होने के साथ – साथ बहुत अच्छे मित्र व्यक्ति और अपने आप में एक संस्थान की भांति हैं। वह सभी कुछ जो एक कुशल चित्रकार के लिए आवश्यक है उनमें परिलक्षित होता है और एक सबसे बड़ी बात यह है की उनकी जन्मभूमि मालवा के दर्शन उनकी कला में सहज ही होता हैं।

इसी प्रकार आप के सानिध्य में आने वाले कलाकार जो पूर्ण समर्पण भाव से आते हैं वे न केवल कलागत बारीकियों का अध्ययन करते हैं वरन मौलिक रचना धर्मिता की ओर अग्रसर होते हैं आपने केवल कलागत विशेषताओं को ही प्राथमिकता नहीं दी वरन स्वयं भी सद्‌भाव पूर्ण संयमित व अनुशासन पूर्ण जीवन जिया है वर्तमान व आने वाली पीढ़ी के लिए आपका जीवन चरित्र सदैव ही प्रेरणा स्त्रोत रहेगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. भावसार डॉ. लक्ष्मीनारायण : कलावार्ता, भोपाल, 2005 पृष्ठ 44
2. गीताप्रेस, गोरखपुर, कल्याण जुलाई 2006 पृष्ठ 76
3. Speaking Tree http://www.speakingtree.in
4. Hindi100-com http://www.hindi100.com

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# ग्रामीण क्षेत्रों मे शिशु पोषण की चुनौतियाँ और संभावित निराकरण

**डॉ. रूपाली गुप्ता ***

* असिस्टेंट प्रोफेसर, एम.एम. (पीजी) कॉलेज, सतीकुंड कनखल, हरिद्वार (उत्तराखंड) भारत

**प्रस्तावना –** विकासशील देशों में आज भी शिशु मृत्यु दर में वृद्धि का मुख्य कारण कुपोषण होता है। स्वाथ्य विज्ञान में आपेक्षित प्रगति के उपरान्त भी भारत में जन्म लेने वाले हर चौथे शिशु की मृत्यु पाँच या छः वर्ष की आयु के अन्तर्गत हो जाती है। इसका एक प्रमुख कारण शिशुओं को पर्याप्त आहार नहीं मिलना तथा मिलने वाले आहार में पर्याप्त पोषण तत्वों का समावेश न होना होता है।

भारत वर्ष में विभिन्न क्षेत्रों में अनेक आहर सम्बन्धी सर्वेक्षण हुए हैं, जिनसे ज्ञात हुआ है कि निर्धन जनसंख्या के भोजन मे प्रोटीन, खनीज लवण व विटामिन ही नहीं वरन् उर्जा उत्पादक पदार्थ जो अपेक्षकृत अधिक सस्ते हैं, उनका भी आभावा पाया जाता है। जबकि मध्यम व उच्च वर्ग के शिशु भी प्रोटिन खनिज लवण व विटामिन की न्यून मात्रा से प्रभावित होते हैं।

निर्धनता तथा उससे उत्पन्न भुखमरी आज भी विकासशील देशों के लिए सबसे बडी चनौती है। निर्धनता से होने वाला कुप्रभाव अल्प पोषण के रूप में दिखाई देता है, जिससे गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्ति विशेषतः महिलायें एंव बच्चें सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। अल्पपोषण तथा आहार में पोषक तत्वों की कम मात्रा में ग्रहण करने से व्यक्ति का शारीरिक एंव मानसिक विकास बाधित होता है। साथ ही व्यक्ति की कार्य क्षमता भी प्रभावित होती हैं। परिणामस्वरूप रूग्णता और मृत्युदर में वृद्धि होती है।

अतः सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ एंव कार्यक्रमों के द्वारा ग्रामीण स्वास्थय एंव पोषण के क्षेत्रो में विगत वर्षो में कुछ सुधार एंव प्रगति हुई हैं। किन्तु भारत जैसे विकासशील एंव अधिक जनसंख्या वाले देश में यह उपलब्धियां पर्याप्त नहीं कहीं जा सकती है। सरकार द्वार विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत मात्र शिशु कल्याण कार्यक्रमों पर व्यापक स्तर पर संरचनात्मक एंव वित्तीय सुविधायें उपलब्ध करायी गयी और मानवीय एंव भौतिक संसाधन जुटाये गये। 11वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत जहां स्वास्थ्य एंव बच्चों के विकास के लिए 112646 करोड रूपये आवंटित किये गये थे, वहीं 12 पंचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत 408521 करोड रूपये का प्राविधान किया गया। एक बडी धनराशि स्वास्थ्य सेवाओं एंव पोषण पर ठ हो रहीं है लेकिन कुपोषण की स्थिति पर वांछित कमी नहीं लायी जा सकी हैं। आवश्यक टीकारण के वांछित लक्ष्यों से हम अभी दूर है। वर्तमान में भी अनेक क्षेत्रों में माताओ एंव बच्चों में कुपोषण,एनीमिया और अल्पभार की समस्यायें बनी हुई हैं। साथ ही मुत्युदर व रूग्णता दर में कमीं करने के निर्धारित लक्ष्यों की प्रप्ति में भी हम सफल नहीं हो पायें हैं।

अतः अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों मे शिशु पोषण व विकास के लिए किये जा रहें प्रयासों में विभिन्न प्रकार की चुनौतियां बधायें उत्पन्न करती हैं जिनमें कुछ प्रमुख निम्नवत् हैं:

**शिक्षा–** शिशु पोषण में अभिभावकों की शिक्षा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं क्योंकि शिक्षित अभिभावकों में नवाचार अभिग्रहण की प्रक्रिया अशिक्षित व अल्पशिक्षित अभिभावकों की अपेक्षा अधिक त्वरित होती है। शिक्षित अभिभावको का बाहय सम्पर्क एंव सम्प्रेषण भी विस्तृत होता है, जिससे वे पोषण सम्बन्धी नवीन व उपयोगी जानकारियों से अवगत होते रहते हैं। अतः अभिभावको मे न्यून शैक्षिक स्तर और जागरूकता की कमी भी शिशु पोषण के लिए बडी चुनौती है।

**निर्धनता–** ग्रामीण क्षेत्रो में अधिकांश परिवार मजदूरी करके आय अर्जित करते हैं तथा पूरे परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इसी कारण वे शिशु पोषण पर समुचित समय ध्यान और आवश्यक धन नहीं लगा पाते हैं। शिशु पोषण से सम्बन्धित सुविधाओं और संसाधनों की कमी के फलस्वरूप शिशु पोषण प्रभावित होता है।

**पारिवारिक संरचना–** संयुक्त परिवारो में कर्त्ता अथवा परिवार के वरिष्ठ मुखिया की इच्छा को प्रधानता मिलने के कारण अन्य सदस्य अपनी इच्छाओं और विचारों के अनुसार कोई स्वतन्त्र कार्य नहीं कर सकते हैं। प्रायः संयुक्त परिवारों में रूढीवादी अनुशासन के कारण अन्य सदस्यों के गुणो को विकसित होने के पर्याप्त अवसर प्राप्त नहीं हो पाते हैं। अतः यह भी शिशु पोषण के लिए एक गम्भीर चुनौती है।

**पारिवारिक आकार–** लघु आकार वाले परिवारों में शिशुओं के उचित पोषण हेतु आवश्यक संसाधन भोजन व पर्याप्त समय उपलब्ध होने के कारण अभिभावक अपने शिशुओं के स्वास्थ्य एंव पोषण के प्रति अधिक ध्यान दे पाते हैं। इसके विपरीत परिवारो का विस्त्त आकार होने के कारण अभिभावक शिशुओं के स्वास्थ्य एंव पोषण के प्रति अधिक ध्यान नहीं दे पाते हैं तथा परिवार में सदस्यों की संख्या अधिक होने से पोषण सम्बन्धी आहरीय सामग्री बंट जाती है, जिससे शिशुओ में अल्पोषण के कारण कुपोषण होने की सम्भावना बढाती है।

**परम्परागत विचारधारा–** भारत मे विभिन्न जाति व धर्म के लोग रहते हैं तथा प्रत्येक जाति व धर्म की अपनी कुछ परम्पराऐं व रूढिवादी विचारधारायें होती है, जिससे वे आज भी बाहर नहीं आना चाहते हैं। ये रूढिवादी परम्पराये व विचारधाराऐं कहीं न कहीं शिशुओ के पोषण स्तर पर भी प्रभाव डालती है। परम्परागत विचारधारा से ग्रसित दम्पत्ति व परिवार आधुनिक स्वास्थ्य पोषण और चिकित्सीय सुविधाओं का समुचित लाभ प्राप्त नहीं कर पाते हैं।

**लैंगिक भेदभाव–** भारत वर्ष के ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण का स्तर निम्न होने

की एक प्रमुख चुनौती वहां पर व्याप्त शिशुओं के मध्य लैंगिक भेदभाव भी हैं। जिसके चलते जहां एक ओर बालक शिशु को प्यार, स्नेह और पर्याप्त पोषण मिलता है, वहीं दूसरी ओर बालिकाओं को उनकी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त आहार भी नहीं दिया जाता बालक एंव बालिका शिशुओं मे प्राय: भेदभाव किया जाता है। यही कारण है कि बालकों की तुलना में बालिकाओं मे पोषण स्तर निम्न है और मृत्युदर व रूग्णता दर ऊँची है।

**संचार माध्यमों की उपलब्धता एंव प्रभावशीलता की कमी–** सुदूरवर्ती ग्राम्य एंव सुविधाविहीन क्षेत्रों मे आधुनिक संचार तंत्र की अनुपलब्धता अथवा परिचालन/नेटवर्क सम्बन्धी समस्यायें भी बाधा है। साथ ही लोकभाषा व स्थानीय परिवेश के अनुकूल स्वास्थ्य व पोषण सम्बन्धी सूचना व जागरूकता विकास की ओर पर्याप्त ध्यान न दिया जाना भी शिशु पोषण सम्बन्धी विकास में बाधा हैं।

**स्वास्थ्य व पोषण सेवाओं का समुचित लाभ न मिलना–** भौगोलिक विषमताओ व परिवहन सम्बन्धी सुविधाओ के अभाव व अल्पविकास के फलस्वरूप स्थानीय नागरिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं ले पाते है। साथ ही अनेक सुदूरवर्ती,दुर्गम आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधायें पर्याप्त रूप से उपलब्ध व कारगर नहीं है। परिणाम स्वरूप इन क्षेत्रों में बाल पोषण की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

**अल्प पोषण का निवारण करने के लिए प्रमुख योजनाएं–** इसके लिए कुछ मुख्य कार्यक्रम है– समेकित बाल विकास कार्यक्रम सर्व शिक्षा अभियान के तहत मध्याहन भोजन कार्यक्रम और राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाएं। कुछ मुख्य कार्यक्रमों और योजनाओं से उपलब्ध करवाए जाने वाले लाभ नीचे तालिका में दिये गए हैं ताकि बच्चों में पोषण को बेहतर बनाया जा सके।

अत: ग्रामीण क्षेत्रों मे शिशु पोषण सम्बन्धी चुनौतियो का सामना करने के लिए सुझाव प्रस्तुत हैं–

1. बलिकाओं और महिलाओं में औपचारिक तथा अनौपचारिक माध्यमों से शिक्षा और जागरूकता का प्रचार–प्रसार किया जाये।
2. स्वास्थ्य एंव पोषण शिक्षा और जागरूकता हेतु ग्राम स्तरीय प्रभावी कार्यकलाप/शिविरों का संचालन किया जाये।
3. मातृ शिशु स्वास्थ्य एंव पोषण से सम्बन्धित व कार्यरत ग्राम स्तरीय योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रभावी और जवाबदेह बनाया जाये।
4. स्थानीय जन प्रतिनिधियों, प्रबुद्ध वर्ग व स्वंयसेवी संस्थाओं को अधिक गतिशील बनाया जाये।
5. स्वास्थ्य सेवाओं मे विस्तार किया जायें। जन सूचना शिक्षा प्राकोष्ठ गठित कर शिशु पोषण जागरूकता को निचले स्तरों तक पहुंचाया जाये।
6. लैंगिक भेदभाव दूर करने के प्रभावी और ठोस प्रयास किया जाये।
7. ग्रामीण क्षेत्रों मे शिशु स्वास्थ्य और पोषण से सम्बन्धित सही और समुचित जानकारी प्राप्त करने हेतु व्यापक व गहन सर्वेक्षण और शोध अध्ययनसंचालित किये जायें।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

| क्र. | योजना/कार्यक्रमके नाम | लक्षित समूह | प्रदान कि जाने वाले लाभ |
|---|---|---|---|
| 1. | समेकित बाल विकास योजना (आई0सी0डी0एस0) | गर्भवती और दूध पिलाने वाली माताएं और 6 वर्ष तक की आयु के बच्चे। | 1.आयरन और फोलिक एसिड की गोलियां। 2.घर ले जाने वाले राशन। 3.स्वास्थ्य और पोषण शिक्षा। |
| 2. | इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना (आई0जी0एम0एस0वाई0) | भुगतान सहित मातृत्व अवकाश प्राप्त करने वाली महिलाओं को छोडकर 19 वर्ष या उससे अधिक आयु की गर्भवती महिलांए। | बच्चे के प्रसव के दौरान वेतन–नुकसान के लिए आंशिक मुआवजे के तौर पर पहले दो जीवित जन्मों और बच्चे की देखभाल और सुरक्षित प्रसव और अच्छा पोषण और आहार प्रथाओं के लिए उचित स्थितियां प्रदान करने के लिए 3000 रूपये की नकद सहायता। |
| 3. | जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जे0एस0एस0के0) | सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानो मे प्रसव के लिए आने वाली गर्भवती महिलाएं और एक वर्ष तक की आयु के बीमार शिशु। | 1.निशुल्क और शून्य खर्च उपचार 2.निशुल्क दवाएं निदान एंव आहार 3.रक्त का निशुल्क प्रावधान। 4.स्वास्थ्य संस्थानो के लिए घर से निशुल्क परिवहन और उपयोगकर्ता को सभी प्रकार की शुल्को से छूट। |
| 4. | सर्व शिक्षा अभियान के तहत मध्याहन भोजन (एस0एस0ए0) | स्कूल जाने वाले बच्चें (6–14 वर्ष) | 1.निर्धारित मानदंडो के अनुसार मध्याहन भोजन 2.स्कूलों में आयरन और फोलिक एसिड तथा कृमि नाशक गोलियां। |
| 5. | किशोरी शक्ति योजना | किशोरियां | आयरन और फोलिक एसिड की गोलियां तथा कृमि नाशक गोलियां। |
| 6. | पोषाहार पुनर्वास केंद्र (एन0आर0सी0) और कुपोषण उपचार केन्द्र (एम0टी0सी0) | गंभीर रूप से कुपोषित बच्चें | 1.14दिनो के लिए आहार चिकित्सा के साथ रोगी का इलाज 2.भोजन और देखभाल प्रथाओं पर माताओं को परामर्श। |
| 7. | सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी0डी0एस0) | 'अंत्योदय और प्राथमिकता' वाले परिवार | कम रियायती दरों में राशन जैसे चीनी, चावल, और अनाज |

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# शिक्षण अभिक्षमता को प्रभावित करने वाले कारक

ज्योति सालवी* डॉ. शैलजा भारद्वाज**

* शोधार्थी (शिक्षा संकाय) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** सह आचार्य, राजस्थान महिला टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, उदयपुर (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** समान परिस्थितियों में कई व्यक्ति कुछ हासिल करने में दूसरों से बेहतर प्रदर्शन करते हैं। ज्ञान या कौशल कुछ नौकरियों में अधिक उपयुक्त और कुशल साबित होते हैं। ऐसी प्राकृतिक या अर्जित क्षमता जिसे शिक्षण अभिक्षमता कहा जाता है, शिक्षण क्षेत्र के लिए एक शिक्षक को एक सफल शिक्षक होने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। हालाँकि, ऐसा उपयुक्त प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता को और अधिक विकसित किया जा सकता है। मनुष्य की दक्षता को मशीन की तरह आसानी से परिभाषित नहीं किया जा सकता है और न ही उसका मापन किया सकता है मनुष्य की कार्य क्षमता कई कारकों के साथ प्रभावित होती है जैसे कार्य के लिए योग्यता, कार्य के लिए प्रशिक्षण की पर्याप्तता, प्रेरणा और दशाएं आदि। फीमैन के शब्दों में– अभिक्षमता ऐसी विशेषताओं के समूह का द्योतक है जो प्रशिक्षण के उपरान्त किसी विशिष्ट ज्ञान, कौशल या संगठित प्रतिक्रियाओ के समुच्चय को अर्जित करने के व्यक्ति की योग्यता का द्योतक है। जैसे– भाषा बोलने, संगीतकार बनने, यांत्रिक कार्य करने की योग्यता।

**शिक्षण अभिक्षमता –** शिक्षण अभिक्षमता शिक्षक शिक्षा में प्रशिक्षण की एक निश्चित मात्रा के साथ प्रवीणता प्राप्त करने की क्षमता है। यह औपचारिक या अनौपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त करके शिक्षण में कुशल होने के लिए एक व्यक्ति की क्षमता को प्रदर्शित करता है। इस प्रकार, शिक्षण अभिक्षमता उचित अवसर और प्रशिक्षण प्रदान करने के बाद शिक्षण क्षेत्र में किसी व्यक्ति की भविष्य की सफलता की भविष्यवाणी करने में सहायक होती है। अभिक्षमता को परिभाषित करते हुए ने लिखा है कि 'अभिक्षमता ऐसी विशेषताओं के समूह का द्योतक है जो प्रशिक्षण के उपरान्त किसी विशिष्ट ज्ञान, कौशल या संगठित प्रतिक्रियाओं के समुच्चय को अर्जित करने के व्यक्ति की योग्यता का द्योतक है। जैसे– भाषा बोलने, संगीतकार बनने, यांत्रिक कार्य करने की योग्यता।'

शिक्षण अभिक्षमता शिक्षक शिक्षा में प्रशिक्षण की एक निश्चित मात्रा के साथ प्रवीणता प्राप्त करने की क्षमता है। यह औपचारिक या अनौपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त करके शिक्षण में कुशल होने के लिए एक व्यक्ति की क्षमता को प्रदर्शित करता है। इस प्रकार, शिक्षण अभिक्षमता उचित अवसर और प्रशिक्षण प्रदान करने के बाद शिक्षण क्षेत्र में किसी व्यक्ति की भविष्य की सफलता की भविष्यवाणी करने में सहायक होती है। शिक्षण दौरान कक्षा में शिक्षक का प्रदर्शन बेहतर एवं प्रभावशाली होना चाहिए ताकि अध्येता या विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता अनुसार अपनी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, व्यावहारिकता एवं बौद्धिक ज्ञान की क्षमता को विकसित कर सके।

शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षकों की भूमिका केन्द्रीय धुरी होती है। किसी भी शिक्षक का कक्षा कक्ष में प्रदर्शन को प्रभावित करने के उनके व्यक्तिगत कारक, बौद्धिक कारक एवं संस्थागत कारक प्रमुख होते है। व्यक्तिगत कारक का तात्पर्य शिक्षकों के व्यक्तित्व की स्थिति से है। किसी भी शिक्षक के लिए मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक रूप से सक्षम एवं विकसित होना आवश्यक होता है। जिससे उनका शिक्षण का स्तर प्रभावित या निर्धारित होता है। किस भी शिक्षा क लिए यह आवश्यक होता है की उसका व्यवहार सामजिक एवं नैतिक रूप से उत्तम हो। इसके साथ साथ शिक्षक को विवेकी या बुद्धिवान एवं तार्किक होना भी उतना ही आवश्यक है जितना कि सामजिक एवं नैतिक होना। विवेक या बुद्धि के अभाव में शिक्षण कार्य बहुत अधिक प्रभावित हो सकता है। इस प्रकार शिक्षण अभिक्षमता का कई कारक प्रभावित करते है

**शिक्षण अभिक्षमता को प्रभावित करने वाले कारक**

**विषय वस्तु का ज्ञान–** शिक्षकों को अपने विषय में पूर्णतया प्रवीण होना चाहिए, यदि शिक्षक को अपने विषय की संपूर्णता एवं नवीनता का ज्ञान होगा तो वह विद्यार्थी को संतुष्ट कर पाएगा, नहीं तो विद्यार्थी को संतुष्ट नहीं कर सकेगा। जिसका प्रभाव शिक्षण प्रशिक्षण पर पड़ता है। विषय का संपूर्ण ज्ञान ही प्रभावशाली शिक्षण का परिचायक है।

**शिक्षक का स्वास्थ्य–** स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। अगर एक शिक्षक स्वस्थ रहेगा तो उसकी बुद्धि का उचित प्रयोग करके बालकों को सर्वांगीण विकास की ओर प्रेरित कर सकेगा।

**ज्ञान संचार प्रक्रिया–** एक अच्छे शिक्षक का सबसे महत्वपूर्ण गुण ज्ञान संचार का होता है वह किस तरह से, किस माध्यम से एवं किस व्यवहार से विद्यार्थियों को अपने ज्ञान का संचार कर रहा है। शिक्षक को विषय का ज्ञान अच्छा होगा तो इस गुण से वह प्रत्येक विद्यार्थी को संतुष्ट कर सकता है।

**मानसिक स्तर–** शिक्षकों विद्यार्थियों के मानसिक स्तर की जानकारी प्राप्त करके उसको शिक्षण कार्य करवाना चाहिए जिससे वह शिक्षण प्रत्येक विद्यार्थी के मानसिकता स्तर के अनुकूल होगा।

**तैयारी–** शिक्षक को जो भी शिक्षण कार्य करवाना है उसकी तैयारी कक्षा कक्ष में जाने से पूर्व करके जानी चाहिए जिसे शिक्षक का प्रस्तुतीकरण प्रभावशाली हो सके एवं विद्यार्थियों को स्पष्ट तरीके से सन्तुष्ट कर सके।

**शिक्षक की बौद्धिक क्षमता–** शिक्षक कक्षा कक्ष में जो विषय वस्तु पढ़ा रहा है वह प्रत्येक विद्यार्थियों को समझ आ रही है अगर उस विद्यार्थियों को समझने में कठिनाई हो तो शिक्षक को तुरंत किसी सहायक तकनीकी या

तत्कालिक उदाहरण को प्रस्तुत कर विषय वस्तु को सरल व रोचक एवं बोधगम्य बनाने की कला होनी चाहिए।

**शिक्षक छात्र अनुपात–** विद्यालय या महाविद्यालय में छात्र और शिक्षक के औसत का मानक निर्धारिण किया गया है उसके अनुसार ही कक्षा कक्षों का संचालन किया जाना चाहिए जिससे शिक्षण प्रभावशाली बन सके।

**आधारभूत संरचना–**आधारभूत संरचना से तात्पर्य विद्यालय के भौतिक संसाधनो से है। अगर विद्यालय के भौतिक संसाधन प्रभावशाली होंगे तो शिक्षण कार्य भी प्रभावशाली होगा। विद्यालय के भौतिक संसाधन विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास में सहायक होते है।

**शिक्षण सहायक उपकरण–** शिक्षकों द्वारा अपना शिक्षण कार्य रोचक सरल है और अर्थपूर्ण बनाने के लिए जिस सामग्री का प्रयोग किया जाता है उसे शिक्षण सहायक उपकरण कहते हैं, जिससे विषय वस्तु को सरल एवं सुगम तरीके से विद्यार्थियों तक पहुंचाया जा सके। साथ ही विद्यार्थी उस विषय वस्तु को समझने में सफल हो सके।इस प्रकार शिक्षक की शिक्षण अभिक्षमता को अनेक भौतिक एवं व्यक्तिगत कारक प्रभावित करते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. शर्मा, ए.आर. (1995), शिक्षा अनुसन्धान, लायल बुक डिपो, मेरठ।
2. पाठक, पी.डी. (2008), शिक्षा मनोविज्ञान, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# महामारी कोविड - 19 और भारत में केन्द्र-राज्य संबंध

**डॉ. रितु तिवारी***

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) नचिकेता महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

**शब्द कुंजी –** संघात्मक शासन, प्रशासनिक संबंध, संसदात्मक शासन।

**प्रस्तावना –** स्वतंत्रता के उपरांत ही भारत में विदेशी शोषण नीति, विश्वयुद्ध, देश का विभाजन एवं प्राकृतिक आपदा ने देश के समक्ष जटिल समस्याएं उत्पन्ना हो गईं उन समस्याओं के निराकरणार्थ देश की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्थितियों का पुनर्गठन करके ही राष्ट्र के निर्माण कार्य को गति देना कठिन था। अतएव अपनी विकर्ण शक्तियों का संचालन करने, विभिन्ना संसाधनों को संतुलित करने, प्रगति के पथ पर एक निश्चित दिशा पर अग्रसर होने के लिए एक संसदात्मक संविधान का निर्माण किया गया। प्राय: यह माना जाता है कि 1947 से पहले भारत 'एक राष्ट्र कम और एक समाज रचना की शैली' अधिक था। हिन्दु युग और उसके बाद मुस्लिम शासकों को युग में भी राष्ट्र निर्माण के प्रयास नहीं किये गये। हमारे यहाँ वंश शासक हुआ करते थे और जितनी भूमि कोई शासक या सेनापति जीत ले वह शासक राज्य कहलाता था।

ब्रिटिश शासन काल में केन्द्रीकृत राजव्यवस्था, भारत के आर्थिक ढांचे में आमूल परिवर्तन, पाश्चात्य शिक्षा पद्धति और यातायात व संचार के नये साधन से देश का एक बहुत बड़ा हिस्सा एक ही प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत आ गया था फिर भी स्वाधीनता से पहले भारत ब्रिटिश भारत देशी रिसायतें में बँटा था। भारत में जम्मू कश्मीर और हैदराबाद जैंसे बड़े-बड़े राज्यों के साथ ही छोटी-छोटी रियायतों भी थी जिनका क्षेत्रफल कुछ एकड़ों तक ही सीमित था।

किसी लोकतांत्रिक राष्ट्रीय-राज्य में संघवादी केन्द्र और उसकी इकाइयों के बीच के आपसी संबंधों को दुनियाभर में लोकतंत्र के उदय के साथ राजनीति में केन्द्र-राज्य संबंधों को एक नई परिभाषा मिली है। भारत में आजादी के बाद से केन्द्र-राज्य संबंध का मसला अत्याधिक संवेदनशील मामला रहा है। मुद्दा चाहे अलग भाषाई पहचान, असमान विकास, राज्यों के गठन का हो, पुनर्गठन का हो या फिर विशेष राज्य का दर्जा देने से जुड़ा हो, ये सब केन्द्र-राज्य संबंधों की सीमा में आते हैं।

भारत, राज्यों का एक संघ है। भारत के संविधान को विधायपालिका, कार्यपालिका और केन्द्र तथा राज्यों के बीच वित्तीय शक्तियों में विभाजित किया गया है, जो संविधान को संघीय विशेषता प्रदान करता है जबकि न्यायपालिका एक श्रेणीबद्ध संरचना में एकीकृत है। भाग XI में अनुच्छेद 245-255 केन्द्र और राज्यों के बीच विधायी संबंधों के विभिन्न पहलुओं का आदान-प्रदान करता है। संविधान में केन्द्र और राज्यों के बीच सहयोग और समन्वय को सुरक्षित करने के लिए विभिन्न प्रावधान तय किए गए हैं। केन्द्र राज्य विधायी सम्बन्ध की सातवीं अनुसूची में वर्णित संघ सूची (union list), राज्य सूची (state list) तथा समवर्ती सूची (concurrent list) पर आधारित है। संघ सूची (union list) : इस सूची में राष्ट्रीय महत्त्व के विषय शामिल हैं। सूची में कुल 97 विषय हैं। जो वर्तमान में 100 हो गये है जिसमें मुख्य है रक्षा, वैदेशिक मामले, युद्ध-संधि, नागरिकता, रेल, बंदरगाह, वायु मार्ग, डाक, तार, संचार, मुद्रा, बैंक, बीमा इत्यादि। इन विषयों पर विधायन अनन्य रूप से केन्द्र संघ का अधिकार है तथा राज्य सूची (state list) : इस सूची में स्थानीय महत्त्व के विषय हैं। इस सूची में मूलत: 66 विषय थे किन्तु 42वें संविधान संशोधन द्धारा इस सूची में पाँच विषय समवर्ती सूची में शामिल कर दिए जाने से इसमें वर्तमान में 61 विषय शेष हैं। इनमें प्रमुख विषय हैं, सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस, जेल, जन-स्वास्थ्य, सफाई, स्थानीय शासन, बाजार, कृषि, मत्स्यन आदि शामिल है इसी प्रकार समवर्ती सूची (Concurrent List) : इस सूची में स्थानीय व राष्ट्रीय दोनों दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण विषय सम्मिलित हैं। इस सूची में मूलत: 47 विषय थे किन्तु 42वें संविधान संशोधन द्धारा राज्य सूची के पाँच विषय इस सूची में शामिल किये जाने से विषयों की संख्या 52 हो गई है। इनमें प्रमुख है, आपराधिक कानून प्रक्रिया, सिविल प्रक्रिया, विवाह एवं तलाक, जनसंख्या नियंत्रण तथा परिवार नियोजन, विद्युत, श्रम कल्याण, आर्थिक एवं सामाजिक योजना, दावा, अखबार, पुस्तक, प्रेस आदि शामिल है, जिनपर विषयों पर राज्यों एवं संघ दोनों को विधायन का अधिकार है किन्तु यदि राज्य विधि व संघीय विधि में टकराव होता है तो संघीय विधि प्रभावी होगी, यदि राज्य विधि को राष्ट्रपति की अनुमति मिली हो तो राज्य में राज्य विधि ही प्रवर्तित रहेगी।

संविधान के भाग दख में अनुच्छेद 256 से 263 तक केन्द्र राज्य प्रशासनिक संबंधों का उल्लेख है। केन्द्र राज्य समबन्धों में प्रशासनिक संबंधों का संयोजन सबसे कठिन कार्य है। संविधान के अनुच्छेद 73 के अनुसार संघ की प्रशासनिक शक्ति उन विषयों पर सीमित है जिन पर संघीय संसद के विधि निर्माण के अधिकार हैं। इसी प्रकार अनुच्छेद 162 के अनुसार राज्यों की प्रशासनिक शक्तियाँ उन विषयों पर सीमित हैं, जिन पर राज्य विधानमडलों को विधायन का अधिकार है। संघवर्ती सूची के विषयों पर साधारणत: प्रशासनिक अधिकार राज्यों में निहित हैं किन्तु इन विषयों पर राज्यों की प्रशासनिक शक्ति कुछ विशेष परिस्थितियों में संघ को प्रशासनिक शक्ति के अधीन है जहाँ संविधान या संसद द्धारा ऐसा प्रावधान किया गया है।

शिक्षा एवं स्वास्थ्य विषय को समवर्ती सूची में रखने के पीछे मुख्य

उद्देश्य यह रहा है कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य विषयों में केन्द्र एवं राज्य दोनों इसके विकास के नवीन आयाम स्थापित करेगें और एक दौर आज सामने है जबकि पड़ौसी राष्ट्र चीन के वुहान से कोरोना विषाणु से फैलने वाली महामारी कोविड-19 ने पूरे विश्व को अपने चपेट में ले लिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे वैश्विक महामारी घोषित कर दिया। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा बल्कि विकासशील एशियाई राष्ट्रों में आज कोविड-19 से संक्रमित होने वाले सर्वाधिक संख्या भारत में हो गई है। आज 2,80,000 कोरोना मरीज के साथ इसमें मृत्यु होने वाली मरीजों की संख्या 3000 से अधिक हो गई है यद्यपि इसमें स्वस्थ्य होने वाली मरीजों की संख्या अधिक है लेकिन देश में लॉकडाउन होने के उपरांत भी संक्रमण तेजी से फैल रहा है और जिसमें खासकर महाराष्ट्र, तमिलनाडू, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली और मध्यप्रदेश सहित 10 राज्यों में भयावह स्थिति बन गई है।

कोविड-19 से निपटने के लिए केन्द्र सरकार और राज्य सरकार अपने-अपने स्तर से प्रयास कर रही है जिससे भारत इस बीमारी से जीत सके और इसी संकटकाल के दौरान भारत में केन्द्र-राज्य संबंधों की अग्निपरीक्षा भी है। जहाँ राज्य सहयोग एवं सहायता के लिए केन्द्र की ओर नजर टिकाये बैठे है वहीं केन्द्र भी राज्यों में यथास्थिति अपनी नजरें जमाये हुए है। केन्द्र एवं राज्य के संबंधों को जानने एवं समझने का यह सबसे बेहतर अवसर साबित हो सकता है और यही कारण रहा कि मैनें इस विषय को अपने शोध कार्य के लिए चयनित किया।

**अध्ययन का उद्देश्य** - अध्ययन के निम्नानुसार उद्देश्य है :

1. भारत में वैश्विक महामारी कोविड-19 से आये केन्द्र-राज्य संबंधों को ज्ञात करना।
2. केन्द्र-राज्य के मध्य कोविड-19 का प्रभावों का अध्ययन करना।
3. संकटकाल के दौरान केन्द्र-राज्य संबंधों में होने वाले बदलाव का अध्ययन करना।

**अध्ययन की प्रासंगिकता** - विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र जहॉ भारतीय संविधान निर्माताओं ने भारतीय संघ को शक्तिशाली बनाने का हरसंभव प्रयास किया है और केन्द्र एवं राज्य के मध्य विधायी, न्यायिक एवं वित्तीय संबंधों में पृथक-पृथक प्रावधान किये गये है। भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण व्यवस्था यह भी रही है कि संकटकाल के दौरान केन्द्र अधिक शक्तिशाली हो जाता है। कोविड-19 वैश्विक महामारी में भारत के हालात संकटकाल से कम नहीं रहे है और ऐसी स्थिति में केन्द्र-राज्य संबंधों में की वास्तविकता सामने आती है। वैश्विक महामारी के दौरान केन्द्र एवं राज्य के मध्य संबध के अध्ययन से केन्द्र-राज्य संबंध प्रमुखत: संकटकाल के दौरान संबंधों को स्पष्ट समझने का अवसर मिल सकेगा।

भारत में कोरोना संकट और लॉकडाउन के बीच राज्यों और केंद्र सरकार के गहरे मतभेद उजागर हुए हैं। संवैधानिक राज के तहत संघवाद की हिफाजत और राज्यों के साथ विश्वास बहाली के लिए जरूरी है कि अंतरराज्यीय परिषद को सक्रिय किया जाए।

गैर एनडीए शासित राज्यों ने हाल के दिनों में केंद्र पर अत्यधिक दबाव डालने और सलाहों की अनसुनी के आरोप लगाए हैं वही केरल, पंजाब, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, राजस्थान जैसे राज्य तो किसी न किसी मुद्दे पर केन्द्र के प्रति आक्रोशित रहे है, बिहार में बीजेपी के सहयोग वाली सरकार चला रहे मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने भी लॉकडाउन में आवाजाही और परिवहन को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। अंतर्राज्यीय परिषद (इंटरस्टेट काउंसिल) को फिर से सक्रिय करने की मांग नागरिकता संशोधन कानून, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर और एनआरसी को लेकर हुए व्यापक आक्रोश, विवाद और विरोध आंदोलनों के दौरान ही होने लगी थी। अब जबकि देश कोरोना महामारी के सघन दौर से गुजर रहा है तो विद्वानों का मानना है कि ऐसा न हो कि राज्यों और केंद्र के बीच टकराव इतना तीखा हो जाए कि संघीय ढांचे पर ही इसका असर दिखाई देने लगे।

संविधान के अनुच्छेद 263 के जरिए ऐसी प्रविधि के लिए रास्ता बनाया गया था जहां केंद्र और राज्य आपसी समन्वय को सुदृढ़ कर सकें। केंद्र-राज्य संबंधों पर सरकारिया आयोग की रिपोर्ट के बाद 1990 में राष्ट्रपति के आदेश के जरिए अंतरराज्यीय परिषद के गठन को मंजूरी मिल गई थी जिसमें अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री और सदस्यों के रूप में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासक और छह केंद्रीय मंत्री शामिल होते हैं। लेकिन पिछले तीन दशकों में परिषद की महज छह बैठकें ही हो पाई हैं। आखिरी बैठक एनडीए सरकार के पिछले कार्यकाल के दौरान नवंबर 2017 में हुई थी। केंद्र में दोबारा एनडीए सरकार बनी तो अगस्त 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में अंतरराज्यीय परिषद का पुनर्गठन किया गया। केंद्रीय गृहमंत्री की अध्यक्षता में परिषद की स्टैंडिंग कमेटी का भी पुनर्गठन किया गया है।

भारत की विशालता, विविधता और व्यापकता को देखते हुए और आज के प्रतिस्पर्धी और राजनीतिक-आर्थिक रूप से संवेदनशील माहौल में सभी राज्यों के लिए एक सी नीति या एक सा फैसला लागू नहीं किया जा सकता, हो सकता है कि कोई फैसला किसी एक राज्य के लिए सही हो लेकिन दूसरे राज्य के हितों से टकराता हो, तो संघवाद की भावना पर ही असर पड़ेगा। हाल के वर्षों में मिसाल के लिए बीफ पर लगाए प्रतिबंध को ही ले सकते हैं, केरल, गोवा, तमिलनाडु और पूर्वात्तर राज्यों में इस आदेश का भारी विरोध हुआ था इसी तरह देश के 19 राज्यों की सरकारों ने सीएए लागू करने के खिलाफ अपनी विधानसभाओं में प्रस्ताव पास किए थे। सबसे पहले केरल ने सुप्रीम कोर्ट मे गुहार लगाते हुए अनुच्छेद 131 का हवाला दिया था, जिसके तहत केंद्र और राज्यों के आपसी विवादों में सुप्रीम कोर्ट को ही आखिरी निर्णय देने का प्रावधान है। केंद्र-राज्य संबंधों में गतिरोध की एक प्रमुख वजह वित्त आयोग की कुछ फंड आवंटन नीतियों को भी बताया जाता है।

बीते दिनों मोटर वाहन अधिनियम में किए गए भारीभरकम बदलावों को अस्वीकार कर कई राज्यों ने इस कानून को शिथिल और लचीला बनाया। केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने उस दौरान कहा था कि उसके बदलाव राज्यों के लिए बाध्यकारी हैं लेकिन राज्यों ने इसे धमकाने की कोशिश की तरह लिया।

जल बंटवारे की बात हो या जंगलों में रहने वाले आदिवासियों के विस्थापन या पुनर्वास का मामला - राज्यों के साथ केंद्र के टकराव बढ़ते ही जा रहे हैं और इस दिशा में कोई सामंजस्यपूर्ण कोशिशें फिलहाल नजर नहीं आती। देश के आर्थिक विकास में राज्यों की बुनियादी भूमिका के बावजूद जीएसटी और नोटबंदी जैसे निर्णय एक अतिकेंद्रीकृत सत्ता व्यवस्था के निशान दिखाते हैं और इधर केंद्र ने 1887 के महामारी कानून और 2005 के आपदा प्रबंधन कानू को लागू कर असाधारण शक्तियां हासिल की। हालांकि मुख्यमंत्रियों से ऑनलाइन बैठकें कर प्रधानमंत्री ने ये दिखाने की कोशिश की है कि राज्यों को भरोसे में लेकर ही बड़े फैसले किए जा रहे हैं लेकिन ये भी सच्चाई है कि अंदरखाने राज्यों में केंद्र के रवैये को लेकर असंतोष

भी हैं, खासकर लॉकडाउन से जुड़े नियम कायदों को लेकर, उद्योगों में काम बहाली या बंदी को लेकर, और केंद्रीयकृत जांच अभियानों के जरिए राज्यों से जवाबतलबी को लेकर कुछ राज्यों ने इसे अपने अधिकारों में दखल और कार्यक्षमता पर सवाल उठाने की मंशा की तरह लिया। क्या इन टीमों का स्वरूप केंद्र और राज्य आपस में मिलकर तय नहीं कर सकते थे, ऐसे कुछ सवाल तो उठ ही रहे हैं। राज्यों की राहत पैकेज की मांग भी अब तक कार्रवाई का इंतजार कर रही है।

इस अभूतपूर्व संकट के बीच आपसी तालमेल और विश्वास का अभाव नहीं दिखना चाहिए। अत्यधिक केंद्रीकृत रवैये को भी छोड़ना होगा। ये कठिन समय केंद्र राज्य संबंधों के लिए भी कठिन इम्तिहान की तरह है। इस दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम ये हो सकता है कि अंतरराज्यीय परिषद को सक्रिय किया जाए जहां राज्य अपनी शिकायतें रख सकें, उनकी सुनवाई हो और उनके निराकरण की कोशिशें की जा सकें, सबसे अहम बात केंद्र और राज्यों के बीच संवादहीनता, संशय और गलतफहमी खत्म हो सकें। परिषद की बैठकें नियमित रूप से साल में कम से कम तीन बार रखी जा सकती हैं।तिमाही रिपोर्टें मिलेंगी तो केंद्र और राज्य दोनों को सहूलियत होगी किसी एक राजनीतिक दल या किसी एक व्यक्ति का डंका पीटते रहने की मानसिकता से देश को बदला नहीं जा सकता है। भारत का राजनीतिक इतिहास तो यही कहता है यद्यपि सरकार का कहना है कि मुख्यमंत्री कोरोना के खिलाफ लड़ाई में उसके साथ हैं लेकिन उसका रवैया ऐसा नहीं दिखना चाहिए कि महामारी से जूझने और हालात को सामान्य बनाए रखने में केंद्र ही अग्रणी है और तमाम राज्य उसके आदेशों काअनुपालन करते हुए अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

दुनिया के कई अहम देशों के भूगोलों से भी बड़े नक्शे वाले भारतीय राज्य किसी भी समन्वित कार्रवाई में बराबर के भागीदार बने रहना चाहेंगे, इससे कम की भूमिका न सिर्फ उन्हें नागवार गुजरेगी बल्कि वे उसे अपनी तौहीन भी मानेंगे। केंद्र और राज्यों के बीच संबंधों में इस प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कड़वाहट को खत्म करने के लिए आपसी संवाद को और प्रगाढ़ और पारदर्शी बनाए जाने की जरूरत है। इसलिए महामारी के काल में डिस्टेंसिंग की अनिवार्यता का ख्याल रखते हुए भी केंद्र को राज्यों के और निकट जाना होगा तभी देश में संघवाद कामयाब बना रह सकता है।

**उपसंहार –** भारतीय संघवाद की प्रकृति चाहे जो भी रही हो लेकिन भारतीय संस्कृति के अनुरूप एकता और संगठन भारत की असली ताकत है और महामारी के रूप में सामने खड़ी कोविड 19 महामारी को देश से यदि बाहर करना है तो केन्द्र एवं राज्यों को मिलकर लड़ना होगा जिससे इस महामारी को देश से बाहर कर सके यद्यपि भारतीय परम्परा के अनुरूप केन्द्र एवं राज्यों को इस युद्ध से निपटने एकता और सहयोग की भावना को स्पष्ट करना होगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. वधवा, डॉ. एस., भारतीय राजनीति एवं प्रशासन, अर्जुन पब्लिशिंग हाउस नईदिल्ली, 2001.
2. मिश्रा, रथीन्द्र नाथ, भारत का संवैधानिक विकास तथा राष्ट्रीय आंदोलन, रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर, लोकभारतीय प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण, 1966.
3. भारत के संविधान खण्ड – महावीर सिंह भूतपूर्व न्यायाधीश उच्च न्यायालय इलाहाबाद – ईस्टर्न बुक कम्पनी, पेज 670–672.
4. सिंह, महावीर, भारत का संविधान, इस्टर्न बुक कम्पनी, विधि प्रकाशक 34, लालबाग, लखनऊ।
5. वेददान, सुधीन, भारतीय संविधान और राजनीति, प्रिंटबैल पब्लिशर्स, जयपुर, 2010.
6. मीना, डॉ. जनक सिंह, भारतीय राजनीति एवं केन्द्र–राज्य सम्बंध, पोईन्टर पब्लिशर्स, जयपुर, 2015.
7. प्रशासनिक सुधार आयोग की रिपोर्ट, खण्ड–1 अध्याय–8, पृ. 280–81.
8. 'द रोल ऑफ गवर्नर्स : राज्यपाल समिति', नईदिल्ली, 1971.
9. सुनील कुमार बोस बनाम मुख्य सचिव, पश्चिम बंगाल, ए.आई.आर. 1950 कलकत्ता।
10. भारत का संविधान : भारत सरकार, विधि एवं न्याय मंत्रालय, विधायी विभाग राजभाषा खण्ड अनुच्छेद 213.
11. शर्मा रामावतार एवं सुषमा यादव, केन्द्र राज्य संबंध हिन्दी माध्यम, कार्यान्वय निदेशालय दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित, 1986.
12. चतुर्वेदी, डॉ. मुरलीधर, भारत का संविधान ए इलाहाबाद लॉ एजेंसी पब्लिकेशंस, 1967.
13. बसु, डॉ. दुर्गा दास, भारत का संविधान एक परिचय, प्रिंटर्स हाल ऑफ इण्डिया प्रा0लिमिडटेड, नई दिल्ली, 1991.
14. श्रीवास्तव, डॉ. (श्रीमती) ओम प्रिया श्रीवास्तव, भारतीय शासन एवं राजनीति स्टैण्डर्स पब्लिकेशन वाराणसी, 1991.
15. आनंद, पी.एल., वशिष्ट, एम.ए. (चण्डीगढ़, पंजाब विश्वविद्यालय) तथा प्रो. एस.एस. वशिष्ट एम. ए. (दिल्ली), संवैधानिक इतिहास तथा राष्ट्रीय आंदोलन, भाग – 7 नेशनल पब्लिकेशन, दिल्ली –7.
16. आउटलुक– मासिक, सकदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली।
17. इंडिया टुडे – मासिक– लिविंग मीडिया इंडिया लि. नई दिल्ली।
18. कुरूक्षेत्र– मासिक– ग्रामीण विकास मंत्रालय कृषि भवन, पटियाला हाउस, नई दिल्ली।
19. गांधी मार्ग – द्वैमासिक, गांधी शांति प्रतिष्ठान, नई दिल्ली।
20. जागृति – मासिक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, मुंबई।

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# महिलाओं में राजनीतिक अधिकार के प्रति जागरूकता

**डॉ. वर्षा सागोरकर* रजीना खान****

* प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय हमीदिया कला-वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, शासकीय हमीदिया कला-वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल व बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**शब्द कुंजी –** लैंगिक असमानता, लोकतांत्रिक मूल्य, संवैधानिक अधिकार।

**प्रस्तावना –** किसी भी व्यक्ति की राजनीतिक जागरूकता से तात्पर्य राजनीतिक परिदृष्य के बारे में उसके ज्ञान से है। यह राजनीतिक संस्थाओं व प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी के साथ राजनीतिक व्यवस्था के प्रति समझ को प्रदर्शित करता है। यह वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से व्यक्ति राजनीतिक व्यवस्था के मूल्यों के प्रति चेतना विकसित करते हैं, उनमें रूचि लेते है। राजनीतिक जागरूकता का स्तर उच्च होना किसी भी देश के लोकतंत्र के सफल संचालन में दूरगामी बेहतर नतीजों का द्योतक है। भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के फलस्वरूप स्त्री-पुरूष समानता के प्रावधान है। महिला-पुरूष समानता के सिद्धांत को कानूनी मान्यता के बावजूद भी आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी कम है। 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में महिलाओं की क्रियाशीलता सार्वजनिक तथा राजनीतिक क्षेत्र में कम थी। भारत में महिलाओं को मताधिकार के उपरांत महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता की स्थिति में परिवर्तन हुआ तथा भारत में राजनीतिक क्षेत्र में कुछ ही महिलाएँ सक्रिय हुई। महिलाओं की राजनीतिक क्षेत्र में रूचि एवं सहभागिता बढ़ाने में भारतीय महिला संघ, भारतीय महिलाओं की राष्ट्रीय परिषद तथा अखिल भारतीय सम्मेलन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन संघों की ऐतिहासिक शुरूआत ने महिला मुद्दों को व्यापक राष्ट्रवादी स्वरूप प्रदान किया।

विश्व के अधिकांश देशों में राजनीति में महिलाओं की सहभागिता कम ही है। महिलाएं विश्व की आबादी का आधा हिस्सा है इसके बावजूद भी विभिन्ना देशों की संसद में महिला प्रतिनिधित्व मात्र -प्रतिषत है। विश्व के सभी देशों में महिलाओं को वैधानिक राजनीतिक अधिकार प्राप्त है लेकिन राजनीति में भी लैंगिक असमानता व्याप्त है। विश्व स्तर पर राजनीति में महिला सहभागिता कम है। विश्व में स्वीडन, अर्जेन्टीना तथा रवांडा में महिला की राजनीतिक सहभागिता उच्च स्तर की है। संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट के अनुसार विकसित राष्ट्रों में संयुक्त राज्य अमेरिका, अर्जेन्टीना आदि देशों के अपेक्षा अन्य देशों में महिलाओं की सहभागिता अत्यंत कम है।

भारत विश्व को सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आया है और 75 वर्षो के उपरांत भी आज देश का लोकतंत्र विश्व राजनीति के लिए एक उदाहरण के रूप में सामने आया है। भारत वही देश है जहॉं महिलाओं को देवीतुल्य स्थान दिया जाता है और ऐसी स्थिति में जब महिलाओं को समाज में एक बेहतर सम्मान और संवैधानिक अधिकार मिले है तो स्वाभाविक है महिलाओं को उनके राजनीतिक अधिकार की जानकारी होना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में भारत के लोकतंत्र में महिलाओं की सहभागिता बेहतर और मजबूत होना चाहिए लेकिन आंकड़े बताते है कि देश की जनसंख्या में महिलाओं की संख्या की अपेक्षा राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी कमी कम आंकी जा रही है। ऐसे कौन से कारण है जिससे महिलाओं को राजनीतिक अधिकार के उपरांत भी इस क्षेत्र में आगे बढ़ने से रोक रहे है। जागरूकता की कमी या देश का वर्तमान परिदृष्य या अन्य कोई कारण? मध्यप्रदेश का छिंदवाड़ा जिला क्षेत्रफल की दृष्टि से एक बड़ा तथा आदिवासी बाहुल्य होने के साथ-साथ राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील माना जाता रहा है। भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस दोनों राजनीतिक दलों के लिए यह जिला एक प्रतिष्ठा का क्षेत्र माना जाता रहा है और इस क्षेत्र के निवासी में राजनीतिक जागरूकता का स्तर अधिक होना सहज जो सकता है।

**महिलाओं की राजनीतिक जागरूकता के लिए आवश्यक सुझाव**

1. महिलाओं के उत्थान के लिए आवश्यक है कि उनकी भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में राजनीतिक भागीदारी अधिक हो और इसके स्त्री शिक्षा को अधिक महत्व दिया और और उनके संवैधानिक राजनीतिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाये और राजनीति में समान अवसर उपलब्ध कराये जाये जिससे उन्हें राजनीति में आकर महिला उत्थान के साथ देश के विकास में अपना सहयोग देने का अवसर मिले।
2. अध्ययन के आंकड़ों पर देखा जाये तो महिलाओं की राजनीति में रूचि का प्रतिशत अत्यंत ही कम है जबकि देश में महिलाओं की संख्या को किसी भी स्थिति में नजर अंदाज नहीं किया जा सकता और महिलाओं का अनदेखा करते हुए कोई भी राजनीतिक दल अपनी सरकार नहीं बना सकता है ऐसी स्थिति में राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए राजनैतिक दलों को महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए सभी चुनावों में महिलाओं को यथासंभव टिकट देना चाहिए।
3. भारत के परिवारों में भलेंहि पुरूषों की प्रधानता हो लेकिन मतदान जैसे अहम् फैसलों पर महिलाओं को स्वयं निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र छोड़ा चाहिए और उन्हें देश की हालत और विकास संबंधी समझाईश देते हुए उन्हें मतदान देने हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए जिससे महिलाओं का राजनीतिक जागरूकता में बढोत्तरी हो सके।
4. महिलाओं की प्रतिनिधि संस्थाओं तथा सरकार में भागीदारी बढ़ाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक को शीघ्र स्वीकृत किया जाना चाहिए जिससे शासन के कार्यों व नीति निर्माण में पुरूषों का वर्चस्व समाप्त हो तथा नारियों

की शक्ति, प्रभाव और स्थिति में वृद्धि हो।

5. महिलाओं की राजनीति में आने की मौजूदा व्यक्तिगत जिम्मेदारी के बजाय यह जिम्मेदारी राजनीतिक दलों की होनी चाहिए कि वे महिलाओं को टिकट देकर राजनीति में आने का समान अवसर प्रदान करें।

6. महिलाओं का सर्वांगीण सशक्तिकरण बेहतर तथा अधिक न्यायोचित समाज-निर्माण का अनिवार्य एवं आंतरिक भाग है। आरक्षण की नीति के माध्यम से महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की अत्यधिक एवं अत्यावश्यक महत्ता हैं।

7. किसी राजनीतिक दल के दलीय पद पर सक्रियता संबंधी प्रश्नों पर पाया गया है कि महिलाओं की सक्रियता इनमें न के समान होती है जिससे वह राजनीतिक जागरूक नहीं होती है। राजनीतिक दलों को भी महिलाओं को उनके दलीय पदों पर बराबरी की भागीदारी देनी चाहिए जिससे वह भी सक्रियता से काम करे और टिकिट के माध्यम से चुनावी मैदान में सामना करे सके।

8. निर्वाचन के दौरान मत डालने हेतु राजनैतिक दलों द्धारा दिये जाने उपहार/नगद राशि के विरूद्ध निर्वाचन आयोग को कड़ा प्रावधान करना चाहिए जिससे चुनाव के दौरान महिला मतदाता को भ्रमित न किया जा सके और स्वतंत्र होकर अपने पसंदीदा उम्मीदवार को मत दे सके।

9. महिलाओं को प्राप्त राजनीतिक अधिकारों के संबंध जागरूक रहना चाहिए। समाचार पत्र, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से सक्रिय रहते हुए अपनी भागीदारी को राजनीति में सुनिश्चित करनी चाहिए।

10. भारत में परम्परात्मक रूप से पितृसत्तात्मक संयुक्त परिवार व्यवस्था पाई जाती है जिसमें परिवार के पुरूष सदस्यों को तो अनेक अधिकार एवं सुविधाएँ प्राप्त है किन्तु स्त्रियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के बावजूद भी अधिकांश सुविधाओं से वंचित रखा जाता है जिससे महिलाएँ घरेलू हिंसा व मानसिक उत्पीड़न का शिकार रहती है। इसके लिए पुरूष वर्ग को भी जागरूक करने की आवश्यकता है और जागरूकता के साथ घरेलु हिंसा के लिए कडे क़ानूनी प्रावधान किये जाने की आवश्कता है जिससे महिलाओं के मानव अधिकार की सुरक्षा की जा सके।

11. भारतीय सामाजिक व्यवस्था तथा सामाजिक परम्पराओं के अनुरूप महिलाएँ आज भी पुरूषों पर निर्भर, स्त्री अशिक्षा, अज्ञानता, दहेज प्रथा, बाल विवाह, पर्दा प्रथा, रूढ़िवादिता आदि के कारण महिलाएँ का कार्यक्षेत्र घर तक ही सीमित है और उनके अधिकारों का भी हनन होता है जिससे वह अपने अधिकारों की रक्षा करने में असहज महसूस करती है अतः इस सामाजिक परम्परा को बदलने के लिए कानूनी दखल दिया जाना आवश्यक है। कानूनी प्रावधानों से इस परम्परा को बदला जा सकता है जिससे महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार मिल सके।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. आशु, डॉ.रानी, – ***महिला विकास कार्यक्रम,*** एन.ए श्री पबिलशर्स, जयपुर संस्करण 2006
2. आप्टे, प्रभा –***भारतीय समाज***, क्लासिक पब्लिशिंग हाउस, जबलपुर, 1996
3. ओझा, सुरेश–***महिला कानून,*** प्रकाशक सर्जना शिवबाडी रोड, बिकानेर, राजस्थान 2009
4. इन्द्र., एम.ए –***प्राचीन भारत में स्त्रियों की स्थिति***, मोतीलाल पब्लिशर्स,नई दिल्ली, 1996
5. छिल्लर, डॉ.मंजूलता – ***भारतीय समाज में महिला उत्पीड़न***, अर्जुन पब्लिशिंग, दिल्ली हाउस, 2010
6. जागेन्द्र, पी. जी. – ***दलित महिला*** , ओरियन्ट पब्लिशर्स, नई दिल्ली 2006
7. जैन, डॉ.कैलाश चन्द्र,– ***प्राचीन भारतीय सामाजिक व आर्थिक संस्थाएँ,*** जयपुर, (राजस्थान),2009
8. जैटकिन, क्लाटा– ***स्त्री–स्वतंत्रता और कम्युनिस्ट नैतिकता पर लेनिन के विचार*** रेनबो पब्लिशर्स, लिमिटेड नोएडा
9. भाटी, कान्ता – ***महिला उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना तथा दहेज हत्या***, पॉइन्टर पब्लिशर्स,जयपुर (राजस्थान) 2010
10. माथुर, डॉ.एल.पी. – ***भारत की महिला स्वतंत्रता सेनानी***, आविष्कार पब्लिशर्स, एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, जयपुर, राज, 2010

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# जयशंकर प्रसाद के नारी पात्र

**डॉ. बरखा श्रीवास्तव***

* सहायक प्राध्यापक (हिंदी) शासकीय महाविद्यालय, सांवेर, जिला इंदौर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** आधुनिक हिन्दी साहित्य में छायावाद के आधार स्तम्भों में से एक जयशंकर प्रसाद महान एवं गौरवान्वित लेखक हैं। उनकी सर्वोन्मुखी प्रतिभा का उन्मेष कविता, कहानी, उपन्यास, निबंध, आलोचना आदि विविध साहित्यिक रूपों में हुआ है।

छायावाद के प्रवर्तक जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित ग्रंथ हमारे गौरव के प्रतीक हैं जिनमें हमें इतिहास, दर्शन, पुरातत्व एवं मनोविज्ञान का प्रभाव देखने को मिलता है जिसे बड़ी गहनता से उन्होने अपने साहित्य में अभिव्यक्त किया है, पर उनके भावुक कवि हृदय की मूल चेतना प्रेम एवं सौंदर्य ही रही है। अपनी सहृदयता एवं संवेदनशीलता के कारण उनका हृदय नारी पात्रों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण रहा है।

देखा जाए तो समस्त हिन्दी साहित्य में नारी को जैसा महत्व छायावादी कवियों के द्वारा प्राप्त हुआ है वैसा अन्यत्र कम ही देखने को मिलता है। नारी जो किसी भी समाज साहित्य और संस्कृति का अभिन्न अंग रही है उसके प्रति जयशंकर प्रसाद का दृष्टिकोण अप्रतिम रहा है, वह नारी के प्रति स्वस्थ सकारात्मक सोच के लिए प्रयत्नशील थे।वे कभी 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता' के भाव से नहीं जुड़े और ना ही उन्होंने नारी को 'अबला जीवन' की कहानी माना। उनके अनुसार नारी को समाज में पूजा की नहीं सहभागिता की आवश्यकता है।

प्रसाद ने अपने साहित्य में नारी को 'शक्ति' के रूप में प्रतिस्थापित किया है वह पुरुषों के पीछे चलने वाली निर्जीव कठपुतलियाँ नहीं है उनका अपना व्यक्तित्व है, बुद्धि है, मस्तिष्क है, वह पुरुषों की अनुचरी ही ना होकर उनका पथ प्रदर्शन भी करती है वह आधुनिक है तो सुसंस्कृत भी और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी है। वह अपने प्रत्येक रूप में पाठकों पर अमिट छाप छोड़ती है।

नारीत्व के सभी गुणों से विभूषित उनके नारी पात्र भावुक भी हैं, प्रेम करना भी जानते हैं और प्रेम में अपना सर्वस्व बलिदान भी कर सकते हैं। वे श्रद्धा, त्याग,समर्पण सहिष्णुता की मूर्ति हैं जो निराशा, असफलता के भीषण अंधकार में दीपशिखा बनकर जीवन को राह दिखाती हैं। वह पुरुष की भोग्या मात्र नहीं अपितु जीवन संगिनी बन दुख सुख में सहभागिता कर उसको पूर्णता प्रदान करती हैं।

प्रसाद के नारी पात्र भावुक संवेदनशील प्रेमी और रसिक हैं।' इनके काव्य की नारी अनेकानेक गुणों से सराबोर है। उनकी कहानियों में उनके नारी चरित्रों ने अपनी अविस्मरणीय भूमिका निभाई है। वस्तुत: प्रसाद रोमेंटिक कलाकार थे। कल्पना, प्रेम, वीरता, विद्रोह, स्वच्छंद आदर्शवाद उनमें नैसर्गिक रूप से घुले- मिले हैं। उतने अन्यत्र नहीं।'(1)

एक सजग साहित्यकार अपने युग का प्रत्यक्षदर्शी होता है। वह संदेशवाहक होता है, अपनी युग प्रवृत्तियों का और उन्हें अपनी रचनाओं द्वारा कालांतर तक जीवित रखता है। परंपरा, सभ्यता एवं संस्कृति के वाहक जयशंकर प्रसाद ने अपनी रचनाओं मे नारी जीवन की विभिन्न समस्याओं को न सिर्फ उठाया है अपितु उनका समाधान भी प्रस्तुत किया है। उनकी सामाजिक विचारधारा, कितनी उदात्त थी वो उनकी रचनाओं में स्पष्टत: देखी जा सकती है, अनुभूत की जा सकती है। सामाजिक चेतना से युक्त प्रसाद का दृष्टिकोण ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक रहा है वे ऐतिहासिक एवं पुनर्जागरण को, राष्ट्रीय उत्थान के लिए आवश्यक मानते हैं, इसीलिए उनकी रचनाओं में उनके नारी पात्र भी देशप्रेम के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को तत्पर दिखायी देते हैं।

'पुरस्कार' कहानी की 'मधुलिका' व्यक्तिगत प्रेम से देश-प्रेम को अधिक महत्व देती है।'स्कंदगुप्त' की 'देवसेना' और 'अजातशत्रु' की 'मल्लिका' जैसे पात्र प्रसाद की अमर कल्पना बन गए हैं। 'देवसेना' का व्यक्तित्व जहाँ त्याग, उदारता, सहिष्णुता एवं प्रेम से परिपूर्ण है वही 'मल्लिका' अपने चरित्र से यह सिद्ध करती है कि करुणा, उपकार, संवेदना और पवित्रता मानव हृदय के लिए ही बने हैं। ऐसे नारी पात्रों के दिव्य प्रभाव से एक ओर जहाँ सज्जन पुरुषों को त्याग, शौर्य और बलिदान की प्रेरणा मिलती है वहीं दूसरी ओर इनकी कोमल मधुर छाया में आकर बड़े-बड़े दुष्ट नृशंस एवं अत्याचारी पुरुष भी पवित्र एवं उदात्त भावनाओं से अभिभूत हो जाते हैं।

'अजातशत्रु' में दीर्घकारण्य नारी के महत्व की मीमांसा करते हुए कहता है — 'स्त्रियों के संघटन में उनके शारीरिक और प्राकृतिक विकास में ही परिवर्तन हुआ है जो स्पष्ट बतलाता है कि वे शासन कर सकती हैं, किन्तु अपने हृदय पर। वे अधिकार जमा सकती हैं उन मनुष्यों पर जिन्होने समस्त विश्व पर अधिकार किया हो, मनुष्य कठोर परिश्रम करके जीवन संग्राम में प्रकृति पर यथाशक्ति अधिकार करके भी एक शासन चाहता है जो उसके जीवन का परम ध्येय है, उसका शीतल विश्राम है और वह स्नेह, सेवा, करुणा की मूर्ति तथा सांत्वना का अभय वरदहस्त का आश्रय मानव समाज की सारी वृत्तियों की कुंजी विश्व शासन की एकमात्र अधिकारिणी प्रकृति-स्वरूपा स्त्रियों के सदाचारपूर्ण स्नेह का शासन है।'(2)

नारी के प्रति व्यापक दृष्टिकोण रखने वाले प्रसाद ने बहुत पहले ही अपने नाटक 'ध्रुवस्वामिनी' में नारी को स्वतंत्र, विकासशील और अपने अधिकारों के प्रति सजग एव सचेत बताया है वह स्वाभिमान से युक्त है एवं स्वयं की रक्षा करना बखूबी जानती है। 'ध्रुवस्वामिनी' को जब उसका पति 'रामगुप्त'अपनी सत्ता बचाने के लिए शकराज को सौंपने के लिए तैयार होता

है तो 'ध्रुवस्वामिनी' अपनी रक्षा हेतु आत्महत्या करने को तैयार हो जाती है वह कहती है — 'ध्रुवस्वामिनी (खड़ी होकर रोष से) निर्लज्ज ! मद्यप !! क्लीव !!! ओह तो मेरा कोई रक्षक नहीं? (ठहरकर) नहीं मैं अपनी रक्षा स्वयं करुँगी ! मैं उपहार में देने की वस्तु, शीतलमणि नहीं हूँ। मुझमें रक्त की तरल लालिमा है। मेरा ह्रदय ऊष्ण है और उसमें आत्मसम्मान की ज्योति है। उसकी रक्षा मैं ही करूँगी। (रसना से कृपाणी निकाल लेती हैं)' (3)

प्रसाद के नारी पात्र पुरुषों द्वारा ही क्षुब्ध होकर प्रतिक्रिया को जन्म देते हैं, इस प्रकार वे अपने अधिकारों के प्रति सजग और सचेष्ट बन जाते हैं। उनकी रचनाओं में सबसे अधिक विद्रोही उनके नारी पात्र ही है जिसके पीछे समाज की दमनकारी नीतियाँ उत्तरदायी रही हैं।

'जनमेजय का नागयज्ञ' की यादवी सरमा 'अजातशत्रु' की बर्बर लिच्छिवी रक्त छलना, दरिद्र कन्या के रूप में तिरस्कृता मागंधी और कौसल में कंकड़ी से भी गई-बीती दासी पुत्री राजमहिषी शक्तिमती सब अपने मे वैयक्तिक आक्रोश से सुलगती दिखायी देती हैं। मागंधी बुद्ध द्वारा रूप के तिरस्कार से प्रताडित होकर जीवन के आँधी पानी में ही नहीं पड़ जाती वरन् उदयन की रानी बन जाने पर भी रूप का गौरव दरिद्र कन्या कहलाने के दैन्य से छटपटाकर हुँकार उठती है इसका भी प्रतिशोध लूँगी अबसे यही मेरा व्रत हुआ। उदयन राजा है तो मैं भी अपने हृदय की रानी हूँ और बुद्ध से भी मन ही मन यह कहना नहीं भूलती, 'गौतम यह तुम्हारी तितिक्षा तुम्हे कहाँ ले जाएगी ? यह तुमने कभी नहीं विचार किया। सुंदरी स्त्रियाँ भी संसार में कुछ अपना अस्तित्व रखती है। अच्छा देखें तो कौन खड़ा रहता है।'(4)

प्रसाद ने अपनी व्यापक दृष्टि से अपने रचना संसार के विशाल फलक पर नारी के वैविध्यपूर्ण चरित्रों का अंकन कर उनमें सामाजिक, राजनीतिक जीवन को निरूपित किया है। उनके नारी पात्र देश-प्रेम, संस्कृति प्रेम, सौंदर्य प्रेम, प्रकृति-प्रेम जैसी भावनाओं से अनुप्राणित हैं।

'राज्यश्री' नाटक की प्रमुख पात्र राज्यश्री,अभूतपूर्व सौंदर्य की मलिका है जिसके सौंदर्य की रूपशिखा पर सभी पतंग गिरकर भस्मीभूत होते हैं, परंतु राज्यश्री एक के लिए ही अपने को समर्पित कर सकी है या कर सकती है। राज्यश्री धर्म करुणा की उज्ज्वल मूर्ति है जिसका हृदय अति विराट है और जिसमें भारतीय संस्कृति का शील अपनी पराकाष्ठा पर पहुँचा हुआ है। वह अपने पति ग्रहवर्मा को चिंतित मुद्रा में देखकर उन्हें सभी प्रकार से सांत्वना देकर चिंतामुक्त करने की चेष्टा करती है। वह भयंकर विपत्तियों और संकटों में भी साहसच्युत नहीं होती वह जीवनदान कर सकती है। देवगुप्त से कहती है-'मैं तुम्हारा वध ना कर सकी तो क्या अपना प्राण भी नहीं दे सकती।'(5)

इस प्रकार राज्यश्री का चरित्र शौर्य प्रेम तथा त्याग से परिपूर्ण है।

प्रसाद के नारी पात्रों में जहाँ सशक्त वीरोन्माद है वहीं वेदना विव्हल उच्छ्वास की बेचैनी भी है। उनके पात्र त्याग, सेवा, भावुकता, आस्था, आत्मसमर्पण, आत्मबलिदान तथा आत्माभिमान की प्रतिमूर्तियां है। 'स्कंदगुप्त' की 'देवसेना' का हृदय सरलता, कोमलता, कल्पना की रंगीनी, वेदना एवं आत्मोत्सर्ग से परिपूर्ण है। वह एक ऐसी नारी है जिसकी प्रेमसाधना की परिणति अतृप्ति एवं अप्राप्य मे होती है। उनके आराध्य देव तो उसे अवश्य मिले पर उसकी आशा भरी कल्पनाओ तथा सम्मोहन युक्त संवेदनाओ पर तुषारापात हुआ फिर भी वह निराश नहीं होती और कहती है — 'इस जीवन के देवता और उस जीवन के प्राप्या।' (6)

उदात्त गुणों से युक्त देवसेना का प्रेम विशुद्ध है जिसमें विलास और प्रतिदान की कोई चाह नहीं। वह अपने हृदय में स्कंदगुप्त को छोड़कर किसी अन्य को स्थान नहीं देना चाहती। वह कहती है — 'इस ह्रदय में स्कंदगुप्त को छोड़कर ना तो कोई दूसरा आया है और ना आएगा।' (7)

'चंद्रगुप्त' नाटक की मालविका चंद्रगुप्त से हृदय से प्रेम करती है और अंत में उसके लिए अपने प्राण भी न्यौछावर कर देती है। इस प्रकार के नारी चरित्र प्रसाद की लेखनी द्वारा ही गढ़े जा सकते हैं। नारी संबंधी प्राचीन परंपराओं के समकक्ष नई मान्यताओं को सामने रखकर उन्होंने स्त्री की स्वतंत्र सत्ता का जयघोष किया है। उन्होंने नारी के सभी नैतिक आदर्शों के सद्गुणों को मानकर भी परिस्थिति अनुसार उनका आचरण करने पर विश्वास प्रकट किया है। उनके अनुसार यदि कोई पुरुष नारी से नैतिकता की आशा करता है तो उसे स्वयं भी धर्म एवं नीति का पालन करना होगा यदि वह ऐसा नहीं करता है तो नारी उसका पूर्ण विरोध करने का अधिकार रखती है।

नारी के ममतामयी, त्यागमयी, संवेदनशील, माधुर्यपूर्ण रूप के साथ ही उन्होंने ऐसे नारी पात्रों की भी सृष्टि की है जो मानवगत दुर्बलताओ से अभिशप्त होकर मिथ्याभिमान स्वार्थ परायणता, ईर्ष्या, विलासिता, और पाशविक वृत्तियों से ग्रसित होकर घृणा और तरस का भाजन बनती है जैसे —'कामायनी' की इड़ा को हम दर्पोन्मुख, स्वार्थपरायण, व्यक्तिवादी एवं वैभव-विलास की भावना को सर्वोपरि मानने वाली नारी के रूप में देखते हैं। वह बुद्धि एवं रूप का मोहक जाल बिछाकर पुरुष को अपनी ओर आकर्षित करती है और इसी में आनंद और सुख का अनुभव करती है किंतु यह प्रसाद की सद्कल्पना है कि यही इड़ा अंत में श्रद्धा के उदात्त एवं संवेदनशील चरित्र से प्रभावित होती है।

प्रसाद की अभूतपूर्व अमर कल्पना 'कामायनी' महाकाव्य की नायिका 'श्रद्धा' उनकी नारी भावना की वास्तविक पहचान बन चुकी है। श्रद्धा के सौंदर्य संघटन में कवि ने उषा की अरुणिमा, नभ की नीलिमा, चंद्र की ज्योत्सना, फूलों का लावण्य और दामिनी की मुस्कुराहट प्रकृति के समस्त वैभवपूर्ण अंगों की शोभाओं को एकत्रित करके नारीत्व के सजीव और साकार रूप को स्थापना की है। वह अटूट श्रद्धा, अगाध विश्वास, अपूर्व त्याग और असाधारण सहनशीलता की प्रतिमूर्ति है। वह शाश्वत नारी हृदय की भावनाओं का प्रतीक है। वह मनु से कहती है —

'दया माया ममता लो आज
मधुरिमा लो अगाध विश्वास
हमारा हृदय रत्न निधि स्वच्छ
तुम्हारे लिए खुला है पास।' (8)

अनेकानेक उदात्त गुणों से युक्त श्रद्धा का ह्रदय विश्वकल्याण कामना दुरूख संतोष से द्रवित तथा करुणा से ओतप्रोत है। वह संतप्त मनु के हृदय में आशा का संचार करती है और उसे साहसी एवं कर्मशील बनाती है। मनु से विरहित होकर भी वह अपना साहस और विवेक नहीं खोती।

प्रसाद की दृष्टि में नारी का स्वरूप आदर्शमय, स्वार्थहीन और समर्पण युक्त रहा है। उनके विचार में नारी में उच्च गुणों की प्रधानता है। उसमें आत्मसमर्पण और आत्मत्याग की भावना ही प्रबल है। अपनी भावनाओं को वे इस तरह व्यक्त करते हैं —

'नारी तुम केवल श्रद्धा हो
विश्वास रजत नग पग तल में
पीयूष स्रोत सी बहा करो
जीवन के सुंदर समतल में।' (9)

लोकमंगल और विश्व प्रेम की उपासिका श्रद्धा का जीवन लोक कल्याण

के लिए समर्पित है।

उसका दृढ़ विश्वास ही उसे महान बनाता है।

प्रसाद के अनुसार पुरुष कठोरता का उदाहरण है तो स्त्री कोमलता का, पुरुष क्रूरता है तो स्त्री करुणा, वह अंतर्जगत का उच्चतम विकास है जिसके बल पर समस्त सदाचार टिके हुए हैं। अपनी इसी धारणा के अनुसार प्रसाद ने अपने नारी पात्रों को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया है। वह नर नारी की समानता के पक्षपाती रहे हैं। वे पुरुषों को संबोधित करते हुए कहते हैं —

'तुम भूल गए पुरुषत्व मोह में
कुछ सत्ता है नारी की
समरसता है सम्बन्ध बनी
अधिकार और अधिकारी की।' (10)

वास्तव में प्रसाद नारी स्वतंत्रता के समर्थकों में से एक थे। उनके नारी पात्र परिवर्तन के लिए विद्रोह करते दिखाई देते हैं। वे लड़ते हैं अपने अधिकारों के लिए, देश के लिए,अपने अभिमान और सम्मान के लिए और उनकी यही लड़ाई समाज में नवीन परिवर्तन लाने का महनीय कार्य करती है।

'इरावती' उपन्यास की पात्र इरावती पुरुष द्वारा छले जाने पर पुनः उसकी सहायता पाने की इच्छुक नहीं है। विषम परिस्थितियों में अग्निमित्र जब उसकी सहायता करना चाहता है तो वह स्पष्ट शब्दों में उसकी सहायता को अस्वीकार कर देती है। जीवन में आने वाली नाना विपदाओं से अकेले जूझते हुए स्वतंत्र रहकर जीवन यापन करना उसे मान्य है —

'मैंने भी अपने को इतने दिनों से संसार से सार लेकर.... भीख मांग कर.... अनुग्रह से अनुरोध से जुटाकर.... कैसा कुछ खड़ा कर दिया है उस मूर्ति को क्यो बिगाड़ूँ?..... मुझे अपने में जीने दो।' (11)

वास्तव में जयशंकर प्रसाद समाज में नारी स्वतंत्रता और समानता तथा उसकी भागीदारी के हिमायती थे उनका विरोध समाज की उन विकृत जर्जर परंपराओं से था जो नारी के व्यक्तित्व विकास में सहायक ना होकर बाधक बनती हैं। उनकी समस्त रचनाओं में उनके नारी पात्र ऐसी ही परंपराओं से संघर्ष करते दिखाई देते हैं। प्रसाद नारी के लिए स्वतंत्र प्रेम की माँग अवश्य करते हैं पर अवाध स्वतंत्रता एवं सामाजिक नियमों का उल्लंघन उन्हें मान्य नहीं। नारीत्व का पूर्ण विकास समाज के साथ आदर्श पूर्ण समायोजन में ही है।

'तितली' के चरित्र के माध्यम से उन्होंने नारी के उस आदर्श और स्वाभिमान से भरे रूप को प्रस्तुत किया जिसमें उसके व्यक्तित्व की स्वतंत्रता भी निहित है। वह कठिन परिस्थितियों में भी अपने अस्तित्व को बनाए रखने में समर्थ है। पति की अनुपस्थिति में भी वह किसी की सहायता की आकांक्षा ना कर स्वावलंबन पूर्ण जीवन यापन करने का प्रयास करती है —

'परंतु मैंने यही समझा कि मुझे दूसरों के महत्व प्रदर्शन के सामने अपनी लघुता ना दिखानी चाहिए.... मुझे अपनी शक्तियों पर अवलंब करके भयानक संसार से लड़ना अच्छा लगा। जितनी सुविधा उसने दी है, उसी की सीमा में लड़ूँगी , अपने अस्तित्व के लिए।' (12)

उत्कट जीवटता के प्रतीक तितली सरीखे नारी पात्र निश्चय ही अनुकरणीय है। श्रद्धा, मल्लिका, देवसेना, मधुलिका, ममता, देवकी, आदि ऐसे नारी पात्र हैं जिनके व्यक्तित्व के आगे पुरुष भी नतमस्तक होते हैं।

'प्रसाद ने अपने साहित्य में नारी जीवन के विविध रूपों को अंकित किया है। उनके सत्पात्रों में त्याग, औदार्य, समर्पण और प्रेम की व्यापकता है। असत पात्रों में स्वार्थपरता, कामुकता और पाखंड है। इस विविधता और विचित्रता में भी नारी का शाश्वत रूप प्रसाद प्रकट कर सके हैं – वह है नारी का मंगलकारी रूप । वह कल्याण है, शुभकर्ती है शांतिदायिनी और प्रेम पयोनिधि है। उसका सम्मान जगत नियंता का सम्मान है। उसे सुखी बनाना घर, परिवार, समाज और विश्व को सुखी बनाना है। वह मानव जीवन के लिए प्रकाश स्तंभ है। यही है प्रसाद का हमारे युग को नवीन सन्देश।' (13)

इस प्रकार जयशंकर प्रसाद के नारी पात्र ओजस्वी, शक्तिशाली, प्रतिभासंपन्न, रण क्षेत्र में तत्पर, अत्याचारों का विरोध करने वाले साहसी एवं संघर्षशील हैं। वे अपने उदात्त चरित्र से समाज एवं परिवार के प्रति अनन्य निष्ठा रखते हुए अपने व्यक्तित्व विकास का प्रयास करते हैं। स्वयं को संकीर्ण विचारों एवं बंधनो से निकालकर समाज कल्याण में सहायक बनते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. कहानीकार प्रसाद, अवतार शर्मा, के. एल. पचौरी प्रकाशन, गाजियाबाद, सन – 1993 , पृ. सं. – 26
2. साहित्यिक निबंध – डॉ. गणपति चंद्र गुप्त, लोकभारती प्रकाशन, पृ. सं. – 739
3. ध्रुवस्वामिनी – जयशंकर प्रसाद, पृ. सं. – 19–20
4. अजातशत्रु – जयशंकर प्रसाद, पृ. सं. – 221
5. प्रसाद ग्रंथावली – भाग – 1 पृ. सं. – 127
6. प्रसाद ग्रंथावली – भाग – 1 पृ. सं. – 558
7. प्रसाद ग्रंथावली – भाग – 1 पृ. सं. – 135
8. कामायनी – जयशंकर प्रसाद, कमल प्रकाशन दरियागंज, नई दिल्ली पृ. सं. – 27
9. कामायनी – जयशंकर प्रसाद, पृ. सं. – 47
10. युग प्रवर्तक – जयशंकर प्रसाद, पृ. सं. – 49–50
11. इरावती – जयशंकर प्रसाद, पृ. सं. – 14
12. तितली – जयशंकर प्रसाद, पृ. सं. – 232–33
13. युग प्रवर्तक– जयशंकर प्रसाद, पृ. सं. – 5

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# Rights of Transgender Recognized by Laws Prevailed in India

**Pawan Kumar Chaurasia***

*Pt. M.L.N. Law College & Research Center MCBU University, Chhatarpur (M.P.) INDIA

**Abstract -** Transgenders most commonly known as hijras are fighting since long back, for their basic human rights. Indian society specially is the witness of the sufferings, humiliations, and discriminating treatment against transgender from the ancient time. Where one segment of the human fraternity is equipped with all the amenities of life and are planning to visit and make their next home on the moon, Hijra community on the other hand are still crying for their recognition as a normal human being. The apex court of the country has also recognized transgender as the third gender in the case of NALSA v. UOI[1]. But this is the bare truth that abuse, assault, ill-treatment, sexual and other harassments are very common crimes that usually happen with these people. Many countries around the world are now becoming sensitive on transgender issue and enacting laws protecting their rights. It is now high time. The rapid economic and cultural development of the entire globe could not make a difference in the status of transgender worldwide and even in the contemporary time they are victimized by social superiors. Indian Constitution and many other international instruments talk about equality of all persons and protection of their various rights to break the general myth that the human society can be based only on binary structure of male and female and will have to accommodate transgender in our social framework.

Against the backdrop, the paper will try compare and evaluate the various legal framework on transgender adopted by the countries across the globe on and will also try to suggest some measures by which this vulnerable section of society could not feel neglected and discriminated and can lead a dignified life like other human beings.

**Introduction -** People who identify as transgender have identities that are distinct from the conventional conceptions of gender, which limit gender to male or female. Because society hasn't accepted their gender identity, they've been subjected to social oppression, discrimination, and physical violence. Transgender people are classified as Hijras, Jogappas, Sakhis, Aradhis, and other similar sociocultural groups. Furthermore, there are individuals who don't have a place with any of the gatherings however are alluded to as transsexual individual exclusively.

The rights of transgender people in India are the subject of this article because transgender people are entitled to legal protection and the right to be recognized as a third gender. The privileges are similarly ensured under the Indian constitution to the transsexual individual as the constitution ensures equity and fairness to every single Indian Resident. The Public authority has authorized the TransgenderPerson ((Protection of Right) Act, 2019 to give restriction against separation in the issues of business, schooling and wellbeing Administrations to the transsexual individual and Government assistance measures have been embraced to safeguard the privileges of the transsexual individual.

Transsexual individual is considered as individuals whose orientation personality is not the same as the orientation they were believed to be upon entering the world. "A person whose gender does not match with the gender that was assigned to them at their birth, but they are the persons with intersex variation and gender queer," is what the term "transgender person" means.

They are individuals who are brought into the world with male or female life systems however they feel not the same as their body structure as their orientation articulation, personality or conduct contrasts from their introduction to the world sex. People who identify as transgender or gender queer reject the conventional understanding of gender, which divides people into male and female categories and tries to express their gender identity in a variety of ways. For example, some transgender people use their behavior, attire, or mannerisms to live as the gender they believe is right for them.

**Various terms used for Transgender:** The term "transgender" encompasses individuals whose gender expression, identity, or behavior deviates from the norms expected of their birth sex and is not restricted to people whose genitals are mixed.

There are several terms used for the transgender those

may be summed up as under-

**(A) Mythological Terms**

**(i) Eunuch**[2]: This word is not new and is a outcome the translation process of words like *shandha , napunska or castrated male* in ancient or medieval text. Eunuch is a linguistic approach towards the *hijra* or emasculated male.

**(ii) Jogappa**: They are the people who has changed from male to female. Their origin is believed from the *Goddess Yellama*[3]whose servant calls Jogappa. Yellamma means "mother of all" popular in Belgaum district of Karnatka.

**(iii) Kinnar**: Kin+Nar refers "*is this man.* In Buddhist , Kinnar described as half male and half bird.[4] Kinnar can sing, dance or even can play the musical instruments by which they earn their livelihood and are mythlogically accepted.

**(iv) Aravanis**: This is considered as a son of Arjuna Ulluppi *(Nagkanya)*. He was sacrificed to Goddess Kali for conquer in war. [5]

**(B) Medicinal Terms:**

**(i) Sex Reassignment Surgery**: This is a surgical process by which one can change their gender by undergo a medical surgery. In this process surgeon changes the male genital into female genital and female genital into male genital i.e. vice versa.

**(ii) Trans-man**: A female by renounce her female role may assimilates male role by planting sexual organ through reassignment surgery. Where female changes her natural biological role is called Trans-man.

**(iii) Trans-woman**: Where male desires to change his natural biological gender and converts him into female through surgery is called Trans-woman.

**Security for Transgender under the Constitution of India**: Every citizen is required by the preamble of the constitution to exercise justice: equality of status in politics, the economy, and social life.

The third gender has been denied several rights as Indian citizens, including the right to vote, the right to own property, the right to marry, the right to claim a formal identity through a passport, and other rights, as a result of the Indian state policy that previously only recognized male and female. And, most importantly, their right to health, employment, and education. Their fundamental rights under Articles 14, 15, 16, and 21 are the fundamental rights that they were denied.

In the 2014 NALSA Judgment, the supreme court emphasized the importance of safeguarding the transgender person's rights in accordance with the principles outlined in Articles 14, 15, 16, and 21 of the Indian Constitution for the first time.

Articles 14, 15, and 16 guarantee transgender people the right to equality, while Article 21 guarantees freedom for all Indian citizens. However, transgender people were denied this fundamental right.

Equality before the law or equal protection before the law within the territory of India is the topic of Article 14. The transgender person is also entitled to legal protection under the Indian constitution in all spheres of state activity because Article 14 clearly falls within the definition of "person," which encompasses male, female, and third genders.

The third gender is covered by Article 15, which deals with the prohibition of discrimination based on religion, race, caste, and sex. As citizens, they have the right to not be discriminated against based on their religion, caste, sex, or religion. They are entitled to safeguard their gender expression, which is primarily exemplified by their attire, actions, and conduct.

Because this article is used to broaden the concept of sex, it includes "Psychological Sex" and gender identity within its scope. Article 16 addresses equality of opportunity in public employment. As Indian citizens, transgender people have the right to employment and equal opportunity, and they should not be treated differently because of their sexual orientation.

No person shall be deprived of his life or personal liberty except in accordance with the procedure of law, as stated in Article 21, which deals with the protection of life and personal liberty. Transgender people have been denied life and liberty for ages. As Indian citizens, transgender people should have full rights to defend their rights and freedoms. The Supreme Court has also acknowledged the right to dignity by including gender identity within the scope of Article 21. The case Navtej Singh Johar v. the Union of India[6] deals with the decriminalization of Section 377 of the Indian Penal Code. The central issue of the case was the constitutional validity of Section 377, which stated that:

Any voluntary act of having a sexual relationship with a man, woman, or animal against the natural order is punishable by life in prison or a fine of up to ten years.

The request was recorded expressing that Part 377 of the Indian reformatory code is disregarding right to security, fairness, opportunity of articulation and assurance against segregation. The petitioner in this case requested that the right to sexuality, the right to sexual autonomy, and the right to choose a sexual partner be included in the list of rights that are protected by Article 21 of the Indian Constitution. In this case, the petitioner argued that Section 377 violated Article 14 because it was vague because it did not distinguish between natural and unnatural consensual sex and did not define carnal intercourse against the order of nature. Section 377 violated Article 15 because it discriminates against a person based on the sex of their sexual partner, and Article 19 because it denied the right to express one's sexual identity.

The Hon'ble High court in the current case held that Part 377 ought to be decriminalized and confirmed that homosexuality isn't a distortion yet a variety of sexuality. In addition, the Court ruled that discrimination based on sexual orientation violates the right to equality and privacy because sexual orientation is an inherent part of self-identity and violates the right to life, which cannot be denied.

**Section 377 of IPC**

Anyone who intentionally engages in a sexual relationship with a human, a woman, or an animal against the natural order is subject to life imprisonment or a term of up to ten years in prison, as well as a fine.

**Explanation:** The carnal intercourse necessary to the offense described in this section only requires penetration.

**Restriction against Separation:** Since ancient times, transgender people have been subjected to discrimination in employment, education, health care, and housing. The social stigma and isolation they experience as a result of a lack of Transgender-specific resources are the root cause of their discrimination. The Transgender Person (Protection of Rights) Act of 2019 includes a prohibition against discrimination to protect transgender people's rights and prevent them from being discriminated against. Most importantly, this includes important sectors like employment, education, and health care.

Transgender people continue to face blatant discrimination, high levels of violence, and poor health outcomes despite the significant progress that the transgender movement has made over the past ten years, which has resulted in increased public awareness and significant legal victories.[7] As they navigate multiple oppressive systems, trans people of color frequently face significantly worse health and economic outcomes.

**Fundamental Privileges of the Transsexual which are being disregarded and which requirements to reestablished:**

**Education: T**ransgender people's fundamental rights that are being violated and need to be restored

The education of transgender people is just as important as that of other men or women. However, the social stigma they face prevents them from being interested in and focused on their education, and they develop a sense of being avoided, ignored, and shamed. As a result, transgender students frequently are denied admission to educational institutions because those institutions do not recognize their gender identities.

The Transgender Person (Protection of Rights) Act of 2019 says that any educational institution funded or recognized by the government must provide transgender students with equal access to sports, recreation, and education.

Employment Discrimination in the workplace and on the job has been experienced by transgender people. They are subjected to discrimination in the form of invasions of privacy, refusal to hire, and harassment, all of which contribute to their unemployment and poverty. The transgender person protection act says that no government or private entity can discriminate against transgender people in matters of employment, including recruitment and promotion, and that every establishment should designate a person to be a complaint officer to handle complaints about the act. This is to ensure that transgender people do not face discrimination.

For the situation of Nangai v the Director of Police,[8] the candidate in the current case had applied for the post of a lady police constable. The application tests were administered by the Chennai-based Tamil Nadu Uniformed Services Recruitment Board. The petitioner's application was accepted, and the Superintendent of Police in the Karur district issued her with an appointment order. Throughout her preparation at the Police Enroll School in Vellore, she went through a clinical assessment.

On the basis of her genitalia and chromosomal pattern, the examination determined that she was transgender. The aftereffect of the clinical assessment went against her introduction to the world testament, clinical records, and instructive declarations. Later, the Superintendent made a decision to remove her from her position as a woman constable. Based on the medical declaration, the Hon'ble High Court upheld that the petitioner is free to choose a different gender identity as a third gender in the future. Additionally, the Hon'ble High Court overturned the disputed order of termination from service issued by the Superintendent of Police to safeguard her transgender rights.

**Medical care:** Although the term "health" refers to an entire state of complete physical, mental, and social well-being, the term "health care services" for a transgender person does not only refer to the medical procedure involved in the transition. Employment, housing, and public acceptance of transgender people are all examples of primary and other health care services that fall under the umbrella term "health care."

Since transgender people have faced significant health disparities and barriers to appropriate health care services for a long time, they are more likely to experience depression, suicide attempts, violence, harassment, and even HIV. The Transgender Person (Protection of Rights) Act of 2019 says that the government should provide transgender people with health care facilities, including separate HIV surveillance centers and sex reassignment surgeries, as well as comprehensive medical insurance, in order to protect them and help them live happy lives.

**Case Studied on them:**[9]

(a) A Hijra named Laxmi Narayan Tripathy described her trauma as following: "I felt different from the boys (since I was born a boy) of my age and was feminine in my ways." I was repeatedly subjected to sexual harassment, molestation, and abuse from an early age due to her femininity, both within and outside the family. I was alone and had no one to talk to or share my feelings with as I came to terms with my identity because I was different. Everyone referred to me as a "chakka" and a "hijra" at all times.

She eventually joined the hijra community in Mumbai because she identified with other Hijras and felt at home for the first time in her life.

(b) An eunuch named Siddarth Narrain expresses similar sentiments. He describes his feelings as “realizing that the only way for me to be comfortable was to join the hijra community” when he was in the tenth grade. Then, I told my family that I often ran into hijras who lived in the city. Encouraged by my mother, my brother began beating me with a cricket bat one day while my father was away. To escape the beatings, I locked myself in a room. After that, my mother and brother attempted to enter the room to continue beating me. I was removed from the room when some of my relatives got involved.

(c) 22 years of age Madhu (name changed), a transsexual lady from Madurai makes sense of why she no longer gets tried for the sickness. That’s what she shares “I never again have the mental fortitude. Imagine a scenario in which they say that I have HIV and Helps. I’ll go where? How will I learn, too? If I ever find out I have HIV, I hope to die.”

Other members of the Transgender Community have gone through experiences in life that are comparable to these. They must compromise their health and safety because of their vulnerability.

**Rights of Transgender Bill 2014:** The bill was introduced in the Rajya Sabha on December 12, 2014, and it was approved on April 24, 2015, unanimously and with support from all parties. Tiruchi Siva, a Tamil Nadu MP, introduced this private member’s bill. Following the Bill’s passage in the Rajya Sabha, April 24 is designated as Transgender Day.

The majority of the rights that the Bill guarantees are substantive rights like the right to equality and nondiscrimination, the right to life and personal liberty, the right to free speech, the right to live in a community, the right to integrity, and the right to be protected from torture, abuse, violence, and exploitation. Children who are transgender are covered by a separate clause.

The Bill also covers employment, health, social security, and education. The section on schooling makes it compulsory for the Public authority to give comprehensive training to transsexual understudies and give grown-up instruction to them.

The Government’s formulation of plans for vocational training and self-employment for transgender individuals is the subject of two separate clauses in the employment chapter. In any public or private establishment, a separate clause prohibits discrimination against transgender individuals.

In the chapter on social security and health, the government is asked to promote social security and health care facilities, including free SRS and separate HIV clinics. They should be entitled to recreation, culture, and leisure. The government must grant basic rights like access to clean water and sanitation.

National and State Commissions for Transgender People are among the authorities and forums that the Bill proposes to establish. The majority of the Commission’s work will be in the form of inquiries or recommendations regarding legal inconsistencies or transgender rights violations. The Commissions have the authority to summon witnesses, collect evidence, and so forth. Hate speech directed at transgender people carries a fine of up to one year in prison.

**Conclusion with Suggestions:** The court has directed the federal and state governments in the following ways, which I believe are the most effective strategies for controlling the situation:

1. Hijras and eunuchs should be treated as third genders to protect their fundamental rights;
2. Recognize the need for individuals to identify their own gender;
3. Reserving public education and employment for members of a class of citizens who are socially and educationally backward;
4. Making special provisions regarding HIV sero-surveillance for transgender individuals and providing appropriate health facilities;
5. Addressing their issues, such as fear, gender dysporia, shame, depression, suicidal
6. In order to provide transgender patients with health care, separate wards and public toilets should be established in hospitals.
7. Social welfare programs should be established to support transgender patients’ overall development.
8. Public awareness should be created so that transgender patients feel like they are a part of society and are not to be treated as untouchables.

By framing the transgender community’s concerns as a matter of rights, the judgment has broken with the state’s previous paternalist and charitable approach.

Recognizing and recognizing the “right of choice and self-determination” is one of the fundamental tenets of the equality scheme.[10]

A person’s right to self-determination and dignity are inextricably linked to the determination of their gender.

In its order in the case of National Legal Services Authority vs. Union of India (dated 15 April 2014, AIR2014SC1863, the Nalsa Judgement), the Honorable Supreme Court of India declared transgender individuals distinct from binary genders as the “Third Gender” under the Indian constitution and for the purposes of laws enacted by the parliament and state legislatures. This was done in recognition of the fact that Indian laws are largely binary in nature and only recognize male and female genders.

As a result of the Indian legal system’s failure to recognize the Third Gender, there has been widespread socioeconomic discrimination in Indian workplaces as well as systematic denial of equal legal protection. The Transgender Persons (Protection of Rights) Act, 2019, was recently passed by the Indian parliament in response to the Nalsa Decision (the “Act”).

**References:-**

1. Agarwal, Sourav. Civil and Political Rights of Transgenders in Indian Constitutional Perspective, 4(4) International Journal of Law and Legal JurisprudenceStudies (2017).
2. Boenke, Mary, ed. Trans Forming Families: Real Stories AbouTransgendered LovedOnes. Imperial Beach, CA: Walter Trook Publishing, 1999.
3. Chettiar Anitha. Problems Faced by Hijras (Male to Female Transgenders) in Mumbaiwith Reference to Their Health and Harassment by the Police, International Journal of Social Science and Humanity 752-759 (2015).
4. Denny, Dallas. "Transgendered Youth at Risk for Exploitation, HIV, Hate Crimes.
5. Rajagopal, Krishnadas. "Centre wants SC to clarify order on transgender" The Hindu, Sept. 11, 2014

**Footnotes:-**

1. 2014 SC 1863
2. Gannon Shane, Exclusion as Language and the Language of Exclusion: Tracing Regimes of Gender through Linguistic Representations of the Eunuch, Journal of the History of Sexuality, University of Texas Press, 2011
3. Bradford Nicholas J, Transgenderism and the Cult of Yellamma : Heat , Sex and Sickness in South Indian Ritual, Journal of Anthropological Research, Jstore 1983
4. Murthy K.Krishna, Mythical Animals in Indian Arts, Abhinav Publication Indore,1985
5. Pattaniak Devdutt, *Aravan whose wife was the complete man "Shikhandi and other Tales The don't Tell You*", Zubaan and Penguin Books India, 2014
6. WP (Criminal) No. 76 OF 2016
7. https://www.gbtfunders.org/resources/issues/transgender-issues/idex.html>accessed 7March 2023
8. (2014) 4 MLJ 12
9. https://blog.ipleaders.in/legal-rights-of-transgender-india/idex.html>accessed 7March 2023
10. https://www.lexology.com/library/detail.aspxidex.html>accessed 7March 2023

************

# डिजिटल भारत एवं भारतीय अर्थव्यवस्था

**कमलेन्द्र कुमार सिंह** *

* शोधार्थी (अर्थशास्त्र) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

**उद्देश्य:**

1. डिजिटल भारत मिशन एवं भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रस्तुत करना।
2. डिजिटल भारत मिशन को लागू करने के लिये आवश्यक आधार स्तम्भों के बारे में जानकारी प्राप्त करना।
3. भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटलाइजेशन के प्रभाव का अध्ययन करना।
4. डिजिटल भारत मिशन को लागू करने में होने वाली कठिनाइयो का पता लगाना।

**Methodology-** प्रस्तुत शोध कार्य में द्वितीयक डाटा का विश्लेषण करने की मेथ्डोलॉजी प्रयोग की गई है। यह शोध प्रतिवेदन डिजिटल भारत एवं अर्थव्यवस्था को बारे में है जो सम्पूर्ण भारत को शामिल करता है। प्रस्तुत प्रतिवेदन में केवल द्वितीयक डाटा जो कि आधिकारिक स्त्रोतों से लिये गये हैं उनका प्रयोग तथा शोधार्थी के शोधकार्य को आधार बनाया गया है।

**Findings-** ऐसी जनसंख्या जो डिजिटली सशक्त है पूरी अर्थव्यवस्था का स्वरुप बदल सकती है। अर्थव्यस्था के क्षेत्रों में सुधार अन्य क्षेत्रों की वृद्धि को अग्रसर करती है जो मूक रुप में भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का काम करेगी। डिजिटलाइजेशन से लागत मे कमी, उत्पादन में वृद्धि, भ्रष्टाचार में कमी, मध्यस्थों एवं बिचौलियों की समाप्ति, प्रत्यच्छ हस्तांतरण से शासकीय योजनायें सफलता की ओर अग्रसर होती है एवं अर्थव्यवस्था के गति को रफ्तार मिलता है। इसी तरह कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन से सारी प्रक्रियायें जैसे Perchasing, Selling, Trade Relation, Innovation & development में सुधार एवं बेहतरी आती है। सेवा क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन से Demand and Supply Chain मजबूत होती है। डिजिटलाइजेशन किए जा रहे काम की प्रभावशीलता और दक्षता में सुधार करता है। शासन गतिविधियों का डिजिटलीकरण, यानी, ई-गवर्नेंस, सरकारी विभागों में बढ़ी हुई पारदर्शिता से अपने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है और सेवा वितरण को आसान बनाती है। यह कार्य की गति को बढ़ाता है और विभिन्न गतिविधियों को करने के लिए समय अवधि को कम करता है। डिजिटलीकरण से लागत में कटौती और बाजार विस्तार में वृद्धि से लाभ मार्जिन में वृद्धि होती है और इसलिए रिटर्न में तेजी आ सकती है। कृषि क्षेत्र का स्वचालन क्षेत्र में अनिश्चितताओं को कम करता है और उपलब्ध संसाधन का बेहतर उपयोग करता है। उद्योग के स्वचालन से बेहतर उत्पाद डिजाइन और लाभ मार्जिन में वृद्धि होती है जिससे अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। सेवाओं के डिजिटलीकरण से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और क्षेत्र की वृद्धि होती है। इससे ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ेगी और सेवा वितरण की समय पर और व्यापक पहुंच से सेवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। इसके अलावा, सेवा क्षेत्र का डिजिटलीकरण क्षेत्र के विकास और विकास के लिए व्यापक गुंजाइश और क्षेत्र खोलता है। डिजिटलीकरण देश में रोजगार परिदृश्य को भी प्रभावित करता है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 01 जुलाई 2015 को प्रारम्भ किये गये डिजिटल इंडिया योजना से भारतीय अर्थव्यवस्था को विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से विकसित अर्थव्यवस्थाओं में स्थानांतरित करने के लिए बहुत काम किया जा चुका है जिसके प्रभाव भारतीय अर्थव्यस्था में दृष्टिगोचर हैं किन्तु योजना अपने लक्ष्य की प्राप्ति अभी नही कर सकी है जिसके लिये सरकार अभी भी प्रयासरत है। इस योजना के दूरगामी परिणामों से भारतीय अर्थव्यस्था को बहुत लाभ प्राप्त होगा।

**शब्द कुंजी –** डिजिटलाइजेशन, भारतीय अर्थव्यवस्था, कृषि, उद्योग, सेवा।

**प्रस्तावना –** 'डिजिटल भारत' भारत सरकार का एक फ्लैगशिप प्रोग्राम है जिसकी शुरुआत 01 जुलाई 2015 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई है। जिसका उद्देश्य है सभी ग्रामीण क्षेत्रों को उच्च गति इंटरनेट नेटवर्क से जोड़ना एवं डिजिटल साक्षरता में सुधार करना। यह मिशन देश के डिजिटल विकास पर फोकस करता है। इस मिशन के अंतर्गत नागरिकों को ऐसी सुविधायें एवं सेवायें प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे वे सभी वर्चुअल, इलेक्ट्रानिक रुप में एक दूसरे से जुड़े रहें। इसका उद्देश्य नागरिकों को ऐसे डिजिटल एवं इलेक्ट्रानिक रुप से उन्नत साधन प्रदान करना है जिससे ग्रामीण क्षेत्र नेटवर्क एवं उपकरणों और सेवाओं द्वारा शहरी क्षेत्रों एवं सरकार से जुड़ सकें। डिजिटल भारत कार्यक्रम यह सुनिश्चित करने के लिये डिजाईन किया गया है जिससे इलेक्ट्रानिक माध्यम से सरकारी सेवाओं का तेजी एवं पारदर्शिता के साथ प्रतिपादन किया जा सके जिससे समाज के सबसे अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को बिना देर किये लाभान्वित किया जा सके।

इस विजन को पूरा करने के लिये देश में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिये और इसे बढ़ाने के लिये बड़े कदम उठाये जा रहे हैं। बढ़ी हुई बैंडविथ और एडवान्सड डिजिटल टेक्नीक के माध्यम से नेटवर्क उपकरणों तक पहुंच की पहल की जा रही है। अधिक से अधिक जनसंख्या को डिजिटल साक्षर बनाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि अधिकांश नागरिक डिजिटल गैजेट्स एवं डिजिटल उपकरण संचालित करने में सक्षम हो सके। इससे राज्य में रोजगार के अवसरों के सृजन व विकास को बढ़ावा मिलेगा। पूरे देश को जोड़ने के लिये प्रमुख नवाचारों एवं सेवाओं के उन्नयन की आवश्यकता है। तकनीकि क्षेत्र में ज्यादा जोर देने की आवश्यकता है जिससे देश डिजिटल रुप से सशक्त अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

हो। भारतीय अर्थव्यवस्था तेज गति से बढ़ रही है। इसे दुनिया के शीर्ष तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में स्थान दिया गया है। अभी हाल ही में भारतीय अर्थव्यस्था इंग्लैण्ड की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुये शीर्ष 05 में शामिल हो गई है जबकि क्रयशक्ति समानता के आधार पर यह शीर्ष 03 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। पिछले दो दशकों में भारतीय अर्थव्यवस्था मे वृद्धि के कारण विश्व की दिलचस्पी इसमें बढ़ी है। औद्योगिकीकरण एवं स्वचालन के कारण विकास दर, जनसंख्या विस्फोट के कारण ग्राहक आकार में वृद्धि और प्रवेश एवं प्रवेश बाधाओं में कमी के कारण व्यवसाय आसान हुआ है। भारतीय अर्थव्यवस्था 03 प्रमुख भागों में बंटी है:-

(1) कृषि क्षेत्र (2) उद्योग क्षेत्र (3) सेवा क्षेत्र।

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को तीन घटक संरचनाओं में डिजाईन किया है वे निम्न हैं:

1. डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण।
2. डिजिटल साक्षरता को बढ़ाना।
3. सरकारी योजनओं की डिजिटल डिलीवरी।

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था का सर्व समावेशी एवं समग्र विकास करना है चाहे वह कृषि हो, उद्योग हो या सेवायें। डिजिटल भारत कार्यक्रम देश में रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद करेगा जिससे जी.डी.पी. एवं प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हागी और लोगों के जीवन शैली में सुधार हो सके। डिजिटल भारत कार्यक्रम जिन प्रमुख क्षेत्रों के चारों ओर घूमता है वे हैं- (1) डिजिटल बुनियादी ढांचे का विकास (2) ई-गवर्नेंस (3) नागरिकों को डिजिटल रुप से सशक्त बनाना। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदान की जाने कुछ सुविधायें इस प्रकार हैं- डिजिटल लाकर, ई-मंडी, ई-शिक्षा, ई-अस्पताल, ई-सरकार, ई-साईन आदि।

डिजिटल भारत कार्यक्रम से भारत सरकार अपने नागरिकों को व्यापक पैमाने पर ई-गवर्नेस सेवायें प्रदान कर रही है। ई-गवर्नेंस नागरिक केन्द्रित तथा सेवा उन्मुख है जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार में कमी लाना, पारदर्शिता एवं संचालन की गति को बढ़ाना है।

**डिजिटल इंडिया कार्यक्रम-** यह भारत सरकार का फ्लैगशिप प्रोग्राम है जिसकी शुरुआत 01 जुलाई 2015 को हुई। इस कार्यक्रम के निम्नलिखित उद्देश्य हैं:-

1. नागरिकों को सेवायें प्रदान करने के लिये उच्च गति इंटरनेट कनेक्शन प्रदान करना।
2. एक व्यक्ति एक पहचान दृष्टिकोण (जैसे आधार कार्ड) प्रत्येक नागरिक की एक विशिष्ट पहचान जो जीवन भर उसके साथ रहती है और उसकी प्रमाणिकता का प्रमाण।
3. मोबाइल प्रौद्योगिकियों एवं बैंको के माध्यम से डिजिटल और वित्तीय अर्थव्यवस्था में नागरिकों की हिस्सेदारी बढ़ाना।
4. सामान्य सेवा केन्द्रों तक नागरिकों की पहुंच आसान करना।
5. पब्लिक क्लाउड पर ऐसा निजी स्थान प्रदान करना जिसे दूसरों के साथ साझा किया जा सके।
6. हिसाब-किताब।
7. साईबर सुरक्षा।
8. मांग पर शासन एवं सेवायें।
9. नागरिकों को निर्बाध सेवायें प्रदान करने के लिये विभिन्न सरकारी विभागों को एकीकृत करना।
10. आनलाईन एवं मोबाइल के माध्यम से नागरिकों को रीयल टाइम सेवायें प्रदान करना।
11. ई-क्लाउड पर सभी नागरिक अधिकारों की उपलब्धता।
12. व्यवसायों के संचालन को आसान बनाने के लिये सेवाओं को डिजिटल रुप में बदलना।
13. ई-पेमेन्ट और कैशलेश अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना।
14. निर्णय समर्थन प्रणाली और विकास के लिये भू-स्थानिक सूचना प्रणाली का लाभा उठाना।
15. नागरिकों का डिजिटल सशक्तीकरण।
16. डिजिटलीकरण को बढ़ाने के लिये डिजिटल साक्षरता दर बढ़ाना।
17. भारतीय भाषाओं के अनुकूल डिजिटल डिवाइसों का निर्माण करना।
18. नागरिकों को शामिल करने के लिये डिजिटल प्लेटफार्म के सहयोग से सरकार में भागीदारी बढ़ाना।
19. दस्तावेजों या प्रमाण पत्रों को भौतिक रुप से जमा करने की प्रथा को धीरे-धीरे समाप्त करके वर्चुअल सबमिशन को प्रोत्साहित करना।

**डिजिटल इंडिया कार्यक्रम कैसे साकार होगा? डिजिटल इंडिया के स्तम्भ -** डिजिटल इंडिया कार्यक्रम भारत का सर्व समोवशी कार्यक्रम है जो सरकार के विभिन्न मंत्रालयों को कवर करता है। सरकार के विभिन्न विभागों के कार्यो को सूचना एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग की मदद से इन कार्यक्रमो को क्रियान्वित किया जावेगा। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम 09 स्तम्भों पर आधारित है जो निम्नलिखित हैं:-

1. **ब्राडबैंड हाइवे -** सभी को ब्राडबैंड की सुविधा ( ग्रामीण सभी के लिये तथा शहरी एवं राष्ट्रीय इसमें इनफारमेशन सिस्टम को शामिल किया गया है) को शामिल किया गया है।

2. **मोबाइल कनेक्टिीविटी के लिये सार्वभौमिक पहुंच।**

3. **सार्वजनिक इंटरनेट एक्सेस प्रोग्राम।**

4. **ई-गवर्नेंस -** तकनीकी तथा आईटी उपकरणों का उपयोग करके सरकारी प्रक्रिया की पुर्नरचना तथा पुर्नगठन करना जिससे शासकीय कार्य के दक्षता एवं पारदर्शिता में सुधार किया जा सके।

5. **ई-क्रान्ति -** एक्सेस एवं क्षमता बढ़ाने के लिये शासन के सभी स्तरों पर प्रयास जिससे सरकारी सेवाओं का नागरिकों तक सुगम पहुंच (एक्सेस) बनाया जा सके।

6. **सभी के लिये सूचना -** इलेक्ट्रानिक माध्यम माध्यम से तेजी से सभी के लिये सूचना उपलब्ध होनी चाहिये। अच्छे ई-गवर्नेंस के लिये सोशल मीडिया साइट्स या वेव आधारित माध्यमों पर नियमित रुप से सरकार एवं नागरिकों के मध्य बात होनी चाहिये।

7. **इलेक्ट्रानिक निर्माण -** डिजिटल इंडिया के कार्यक्रम के लिये इलेक्ट्रानिक्स उपकरण बुनियादी आवश्यकता हैं। इसके लिये इलेक्ट्रानिक्स के क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिये स्वदेशी तकनीकी का निर्माण महत्वपूर्ण है।

8. **नौकरियों के लिये आईटी -** आईटी क्षेत्र में युवाओं को उनके रोजगार कौशल को बढ़ाने और उनमें सुधार के लिये प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये बड़ा अवसर है। आज के डिजिटल रुप से बदलते परिवेश में एक अच्छी नौकरी हासिल करने के लिये आईटी क्षेत्र में असीम संभावनाये हैं।

9. **प्रारम्भिक फसल कार्यक्रम -**ये वे कार्यक्रम हैं जो एक समय सीमा के साथ चलते हैं जिसमें उन्हे पूरा करना होता है। इन कार्यक्रमों की समयावधि

छोटी (03 साल) होती है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम समय पर यानी 03 साल में अपनी अधिकांश योजनाओं को पूरा करने में केन्द्रित हैं विशेष रुप से सभी अर्ली अर्नेस्ट कार्यक्रमों वाली परियोजनायें। इसमे शामिल परियोजनाओं में बायोमेट्रिक उपस्थिति, सभी विद्यालयो में वाई-फाई, सरकार के भीतर सुरक्षित ईमेल, स्कूल की किताबों को ई-बुक्स बनाना एवं खोये पाये बच्चों के लिये राष्ट्रीय पोर्टल बनाना आदि।

● **भारतीय अर्थव्यस्था पर डिजिटलीकरण का प्रभाव** - इसका प्रभाव कृषि, सेवा एवं उद्योग तीनों क्षेत्रों में व्यापक रुप से हुआ है जो निम्नानुसार है:

**(क) कृषि क्षेत्र में डिजिटलीकरण का प्रभाव** - डिजिटलीकरण से कृषि क्षेत्र की स्थिति का अर्थव्यस्था मे सुधार होगा। कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यस्था को चलाने वाले ट्रेन का इंजन है। डिजिटलीकरण से कृषि क्षेत्र में निम्न प्रकार से स्वचालन सुधार में मदद कर सकता है:

1. **सूचना की उपलब्धता** - कृषि क्षेत्र के स्वचालन से सूचना की समय पर स्टीक उपलब्धता होगी। मिट्टी, उर्वरता, बीज, मौसम की जानकारी, अन्य इनपुट, विषय विशेषज्ञों द्धारा समय पर और सही जानकारी किसानो को प्राप्त होने से किसान अधिक कुशलता से कार्य कर कृषि उत्पादन को बढ़ाने में सफल हो सकेंगें।

2. **बेहतर रोजगार** - डिजिटलीकरण से कृषि क्षेत्र मे मानव श्रम शक्ति का बेहतर उपयोग होगा। कृषि में अधिक रोजगार एवं क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार होता है तो कृषि कार्य में लगी प्रच्छन बेरोजगारी को कम किया जा सकता है।

3. **मूल्य नियंत्रण एवं लागत में कमी** - कीमतो, इनपुट के साथ-साथ आउटपुट के बारे में सही और सटीक जानकारी से विभिन्न बाजारों में कीमतो की विभिन्नता, ग्राहकों की उपलब्धता, संसाधनों के बेहतर उपयोग के कारण लागम मे कटौती से लाभ में वृद्धि होगी।

4. **अवसंरचनात्मक विकास** - डिजिटलीकरण से बेहतर ढांचागत, सुविधायें प्राप्त होंगी। जैसे-गोदाम, ग्रीन हाउस, परिवहन में आसानी, उपज का उचित भण्डारण आदि।

**(ख) उद्योग क्षेत्र में डिजिटलीकरण का प्रभाव** - डिजिटलीकरण का औद्योगिक कार्यक्षेत्र पर प्रभाव का अध्ययन निम्न बिन्दुओं के अन्तर्गत किया जा सकता है-

1. **खरीदी और मालसूची नियंत्रण में आसानी** - स्वचालन की प्रक्रिया द्धारा कच्चे माल की खरीदी आसान व प्रभावी हो जायेगी। प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सामग्री की वांछित मात्रा और गुणवत्ता की खरीदी कर सकते हैं साथ हीं साथ इन्वेन्ट्री सिस्टम, इकोनामिक आर्डर क्वालिटी सिस्टम, सिस्टम आर्डरिंग, बिल और भुगतान प्रणालियों के स्वचालन से सूची प्रंबधन लागत कम होती है।

He pronounced that the Practical Vedanta, as a new 'dispensation', was the call of the contemporary world. "The time has come when this Advaita is to be worked out practically. Let us bring it down from heaven unto earth, this is the present dispensation"[4] He wished that the Vedantic teachings must permeate the world and enter in to each and every pore of society, till they have become the common property of everybody[5]. Practical aspect of Vedanta was so much pertinent to Vivekananda as to lead him claim that the Vedanta shall no more be a 'Rahasya' , a secret, to live with monks in cave and forests, and that it must come down to the daily, everyday life of the people.[4] He stated, "It shall be worked out in the palace of the king, in the cave of the recluse; it shall be worked out in the cottage of the poor, by the beggar in the street, everywhere; anywhere it can be worked out. Therefore do not fear whether you are a woman or a Shudra, for this religion is so great says Lord Krishna, that even a little of it brings a great amount of good.[7]"

Actually, in his effort to provide a new philosophy of Practical Vedanta, Vivekananda was serving to humanity with the democratized publication of the Vedanta which had been monopolized for centuries in the hands of the priesthood. If was quite a relevant task, because a philosophy, which claimed to be the universal doctrine of freedom and democracy, must itself be democratized at first to ensure its access to everyone.

**Practical Vedanta is opposed to privileges:** Why Vivekananda was motivated to propound the concept of Practical Vedanta is also a relevant question that needs a discussion. Vivekananda found that the entire problem of the social world is rooted in the idea of privilege, and the Advaita Vedanta is the only philosophy that provides such an ethics that breaks down all the forms of privileges.[8] Vivekananda realized that this practical side of Vedantic

morality has become much relevant for the modern world than it ever was, because "this privilege claiming has become tremendously intensified with the extension of knowledge".[9]

**Vedanta intends to eliminate the tyranny of capitalism**: Swami Vivekananda stated that capitalist system is not an egalitarian system but it is a system which promotes and preserves privileges for certain class of the people who are either educated or politically powerful. Due to this common people are suffering from exploitation in the capitalist system though it claims that it is a democratic system. It is this privilege claiming that has promoted selfishness causing the exploitation of others in the capitalist system. He diagnosed the real disease of the materialist nations, which despite having excess knowledge and power, "make human beings devils."[10] He says,

"Tremendous power is being acquired by the manufacture of machines and other appliances, and privilege is claimed today as it never has been claimed in the history of the world. That is why the Vedanta wants to preach against it, to break down this tyrannizing over the souls of men"[11]

**The practical Vedanta offers the highest moral philosophy:** According to Vivekananda, the Vedanta is the only system which, as an ethical philosophy, teaches to realize the whole sentient and insentient world as your own 'self'; and, as a religion, provides the path to realize it in practical life. If this truth is once realized that the Brahman, the Self, is one, but is the same time appearing to us as many, on the relative plane, the whole practice of privilege will disappear along with exploitation, suppression and subjugation as its off springs; and true love will grow in the heart. "Then you can't help treating all with the same kindness as you show towards yourself. This is indeed practical Vedanta.[12]" The Practical Vedanta conceives of a man who 'must liberate the whole universe before he leaves his body', because no one "feels happy to taste of a good thing all by oneself"[13]. Thus the Practical Vedanta, as a moral philosophy, is based on the doctrine of self-abnegation, and asks everyone for its practice. The traditional Vedanta preached men to give up the world to help their own salvation. The practical Vedanta, according to Vivekananda, preaches, "Throw away everything, even your own salvation, and go and help others, you are always talking bold words, but here is practical Vedanta before you. Give up this little life of yours."[14]

**Philosophical conceptualization of the Practical Vedanta:** The Practical Vedanta, which is the philosophical foundation of the socio-political philosophy of Swami Vivekananda, has not found its elucidation in any single text authored by him. Its source is traceable in his various lectures. Swami Vivekananda gave four lectures in November 1896 in London, under the title 'Practical Vedanta', which are the main sources of his philosophy of Practical Vedanta. In addition to this, his other lectures delivered in India and abroad, also help in comprehending his proposition of Practical Vedanta.[15] Swami Vivekananda, during the course of elucidating his philosophy of Practical Vedanta, propounded that——

(a) Metaphysics as well as cosmology of Advaita Vedanta is amazingly scientific because it gives the explanation of the cause of Universe from the very nature of the Universe in the same way as the modern science attempts to explain the cause of the natural evolution from nature itself;

(b) Vedanta is the highest moral philosophy because, it explains how can and why should human beings behave selflessly in the spirit of self abnegation.

**Practical Vedanta as a philosophy of strength and fearlessness:** Vivekananda propounded that Vedanta, as a philosophy, is the source of strength and fearlessness. He discovered this idea from Vedantic idea of "omnipotence of Self". He points out that Vedanta though does not reject the idea of weakness, teaches how to overcome it. In his words, "there may be weakness, says the Vedanta, but never mind, we want to grow",[16] for "strength does not come out by thinking of weakness all the time".[17] He reminds the Vedantic teaching that the man becomes what he thinks. He says, "The remedy for weakness is not brooding over weakness, but thinking of strength. Teach man of strength that is already within them."[18]

He explains the practical moral aspect of Vedanta. Vedanta does not believe in outsourcing of the external support, but it teaches that the strength, the real strength, lies in one's own self. Only the need is to recognize it, to "manifest your Self in a high degree"[19], since sin or weakness is nothing except "very low degree of Self manifestation," propounds Vivekananda[20]. Therefore, instead of taking one as permanent sinner, Vedanta reminds one's strength that "you are pure and perfect, and what you call sin does not belong to you."[21] And instead of teaching one to brood eternally over one's own weakness, Vedanta teaches this truth that "even time and space are as nothing compared with your nature. You can do anything and everything, you are almighty"[22]. This idea of spiritual strength, which Vivekananda discovered from the idea of the omnipotence of Soul, is of the greatest value for humanity. It teaches fearlessness, by reminding one's, spiritual strength, and offers moral strength to fight against all atrocities, exploitations and injustices. This reminds one to have been permanently equipped with the weapon of one's own spiritual power as to fight against all odds in life. It is the greatest light of hope in the darkness of despair. It is this spiritual strength, propounded in Vedanta, that eternally echoes in the human hearts calling each one "to arise, awake, and stop not till the goal is reached."[23] Those who have heard this had changed the course of destiny. Gandhi heard the call of this spiritual strength, and he changed the course of India's destiny. So did Martin Luther King and Nelson Mandela in the modern world, and turned

the course of national stream. So did Swami Vivekananda himself and established the spiritual sovereignty of India over the world. This is the greatest magic of the spiritual strength that only the Vedanta teaches, according to Vivekananda. Therefore, he spoke his own experience when he proclaimed that, "Never think there is anything impossible for the soul", and "if there is sin, this is only sin – to say that you are weak, or others are weak."[24].

**Practical Vedanta offers a new religion to worship the living God:** Vivekananda discovered the idea of "Living God" from the idea of Impersonal God that the Advaita Vedanta upholds. "We want to worship a living God," he propounded. He argues, "where shall we go to find God if we cannot see Him in our own hearts and in every living beings?[25] He propounds, "Thou art all that exists, a wonderful living God who is the only fact in the universe. Thou art the man, Thou art the woman, Thou art the girl, and, Thou art the boy. Thou art the old man tottering with stick; Thou art the young man walking in the pride of his strength."[26].

**Practical Vedanta asks to serve 'God in human face':** The idea of living God, discovered by Vivekananda, led him to propound the most redical idea in the world of theology- the idea of "God in human face." He argues, "It you can not see God in the human face, how can you see him in the clouds, or in images made of dull, dead matter, or in mere fictitious stories of our brain".[27]

He says, "The moment I have realized God sitting in the temple of every human body, the moment I stand in reverence before every human being and see God in him- that moment I am free from bondage, everthing that binds vanishes, and I am free."[28] This worship of God in human form, according to Vivekananda, is "the most practical of all worships."[29]

This idea of human God, propounded by Vivekananda, has at least two significant implication. First, it presents the idea of a transcendental man instead of mechanical or material man. The words of Vivekananda corroborate it, "The Vedanta says that Infinity is our true nature, it will never vanish, it will abide forever."[30] Secondly, it lays the foundation of transcendental humanism. Since man is the highest of all living Gods, as being the highest manifestation of Impersonal God, the righteousness of every activity, that happens in social and political frameworks, must be adjudged in the light of the spiritual sovereignty of humanity; no action, no decision, may it be taken by the society or the state, can transcend the cause of human sovereignty. These are the greatest points of practical morality, discovered by Vivekananda from Advaitic philosophy,that the human thought of the world has ever witnessed. That to serve others out of compassion is definitely good, but to serve others, charged with the feeling as if one were worshipping the God Himself, is the best is the pivotal thought, in Vivekananda's philosophy, around which all his other thoughts rotate.[31]

**Conclusion:** These ideals of morality, which Vivekananda has discovered from Advaita Vedanta, do not exist out of the clutch of practice. According to Vivekananda practice is the essential method of the Vedanta. He says, "If you ask me this can be practical, my answer is, it has been practical first, and philosophical next. You can see that first these things have been perceived and realized and then written."[32]

He holds that true religion must essentially be practical. In his words, "Religion is ever a practical science, and there never was nor will be any theological religion. It is practical first, and knowledge afterwards"[33]. Swami Vivekananda holds that both religion and science run on the same line. Science first experiences and then theories; religion first realizes and then theolises. To him, a true religion is essentially a practical discipline like science. Upholding this position, Vivekananda has proved that not only the metaphysics of the Advaita Vedanta is scientific, but the ideals of morality that it offers are also practiceable like sciences. In the light of this proposition, Vivekananda proved that Advaita Vedanta not only offers the highest ideals of morality, founded on a scientific metaphysics, but whatever ideals of morality if offers are quite practiceable in daily life of man, for they are the outcome of the practical realization. He prescribed that these practical ideals of morality must necessarily be put into practice if we want to found a moral world. Thus Vivekananda transformed Advaita Vedanta into a 'prescriptive philosophy', while earlier it was limited to metaphysics alone,[34] by discovering its practical aspect; and, thus, by declaring Vedanta as practical philosophy, he discovered the philosophy of the "Practical Vedanta", out of the metaphysics of Advaita Vedanta, on which he has based all his social and political philosophy.

However, behind Vivekananda's effort to propound the philosophy of the Practical Vedanta never was there any intention to theorize a new philosophy of his own. But on the other hand, his whole intention was devoted to practical purpose, i.e., the emancipation of humanity through the application of universal moral ideals of the Vedanta. Swami Vivekananda clearly said, "I do not believe in a God or religion which cannot wipe the widow's tears or bring piece of bread to the orphan's mouth. However sublime be the theories, however well-spun may be the philosophy - I do not call it religion so long as it is confined to books and dogmas. The eye is in the forehead and not in the back. Move onward and carry in to practice that which you are very proud to call your religion, and God bless you".[35]

**References:-**

1. Vivekananda, Swami, The Complete Works, Vol 1, Advaita Ashram, Calcutta, 2009, p.374.
2. Vivekananda, Swami, Lectures from Colombo to Almora, Advaita Ashram, Calcutta, 2001, p. 376.
3. Ibid, p. 379.
4. Ibid, p. 379.
5. Ibid, p. 379.

6. Ibid, p. 379.
7. Ibid, p. 379.
8. Vivekananda, Swami, The complete works, Vol.1, Advaita Ashram, Calcutta,2009,p425.
9. Ibid, p.425.
10. Ibid, p.425.
11. Ibid, p.425.
12. Vivekananda, Swami, The Complete Works- Vol .7, Advaita Ashram, Calcutta, 2009, p. 163.
13. Ibid, p.163.
14. Vivekananda, Swami, Lectures from Colombo to Almora, Advaita Ashram, Calcutta, 2001 p.383.
15. Swami Vivekananda delivered a series of four lectures on" Practical Vedanta", in London, gradually on 10th,12th,17th&18th of November 1896.These lectures are published in The complete works of Swami Vivekananda, Vol II, published from Advaita Ashram, Calcutta,2009.
16. Vivekananda Swami, The Complete Works, Vol.02, Advaita Ashram Calcutta, 2009, p.300.
17. Ibid, p. 300.
18. Ibid, p. 300.
19. Ibid, p. 300.
20. Ibid, p. 300.
21. Ibid, p. 300.
22. Ibid, p. 300.
23. Vivekananda, Swami, Lectures from Colombo to Almora, Advaita Ashram, Calcutta, 2009, p.300.
24. Vivekananda, Swami, The Complete Works, Vol.02, Advaita Ashram Calcutta, 2009, p.308.
25. Ibid, p. 320.
26. Ibid, p. 320.
27. Ibid, p. 326.
28. Ibid, p. 321.
29. Ibid, p. 321.
30. Ibid, p. 323.
31. I should see god in the poor, and it is for my salvation that I go and worship them." see, Vivekananda, Swami, Lectures from Colombo to Almora, Advaita Ashram, Calcutta, 2009, p.167.
32. Vivekananda, Swami, Complete Works, Vol.02, Advaita Ashram Calcutta, 2009 p.318.
33. Ibid, p.317.
34. Shaw, J.L., Swami Vivekananda as a philosopher, The Ramkrishna Mission institute of Culture, Kolkata, 2009, p.30.
35. Vivekananda, Swami, The Complete works, vol. V, Advaita Ashrama, Calcutta, 2009, p.50.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# पंचायती राज व्यवस्था में जनजातीय महिलाओं का नेतृत्व

**डॉ. नीरजा गर्ग ***

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) मंगलायतन विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** कभी बेबस और बेचारी कही जाने वाली महिला की स्थिति में जनजातीय समुदाय की महिलाओं की स्थिति अधिक बुरी कही जा सकती है लेकिन 73वॉ संविधान संशोधन के अंतर्गत मध्यप्रदेश में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने से जहाँ महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है वहीं वह अधिक सशक्त होकर सामने आई है।

**शब्द कुंजी –** विकेन्द्रीकरण, महिला सशक्तिकरण, जनजातीय समुदाय।

**प्रस्तावना –** मानव सभ्यता एवं संस्कृति के आधुनिक दौर में 'राज्य' का महत्व न केवल अधिक गम्भीर हो गया है बल्कि मानवीय विकास तथा कल्याण के प्रति विश्वव्यापी चिन्ता ने इस मान्यता को भी बल प्रदान किया है कि सत्ता तथा दायित्वों का हस्तान्तरण या विकेन्द्रीकरण बहुत सारी समस्याओं का एक सुलभ समाधान भी है। भारत जैसें विशाल भौगोलिक आकार वाले देश तथा बहुआयामी समाज से समृद्ध राष्ट्र के लिए शासन को कई स्तरों पर विभक्त करना अपरिहार्य भी है। संघीय स्तर पर केन्द्र सरकार तथा प्रान्तीय स्तर पर राज्य सरकार के अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर स्वशासन संस्थाओं का होना परिस्थितिजन्य आवश्यकता ही नहीं बल्कि राज्य के दायित्वों की सफलता की गारंटी भी है। इसी दिशा में 2 अक्टूबर, 1952 को सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरूआत एक महत्वपूर्ण कदम था। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण भारत में शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य, संचार, ऊर्जा तथा कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को विकसित कर आम आदमी खासकर ग्रामीण अंचलों में निवास करने वाली जनजातियों के जीवन स्तर ऊँचा उठाना मुख्य ध्येय था किन्तु जन सहभागिता की कमी के कारण सामुदायिक विकास कार्यक्रम (C.D.P) पूर्ण रूप से सफल नहीं हो पाया। स्वतंत्रता के बाद यह अनुभव किया गया कि बिना ग्रामीण क्षेत्र के पुनर्गठन के देश का विकास संभव नहीं है। इसी संबंध में जवाहरलाल नेहरू ने कहा 'यदि हमारी स्वाधीनता को जनता की आवाज की प्रतिध्वनि बनना है तो पंचायतों को जितनी अधिक शक्ति मिले जनता के लिए उतना ही लाभदायक है।' 1950 में लागू संविधान के अनुच्छेद–40 में कहा गया 'राज्य सरकारें ग्राम पंचायतों को संगठित करने के लिए प्रयास करेगी तथा उन्हें ऐसी शक्तियों एवं अधिकारों से सम्पन्न करने के लिए प्रयास करेगी जिससे वे स्वशासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने में सक्षम हो सके।' इसी बीच बलवन्त राय मेहता समिति ने ग्रामीण विकास हेतु पंचायती राज संस्थाओं की विधिवत् रचना की सिफारिश की। तत्कालीन प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने राजस्थान के नागौर जिले में 2 अक्टूबर, 1959 को आधुनिक पंचायती राज का उद्घाटन करते हुए इस व्यवस्था से बहुत प्रभावी भूमिका निर्वाहित करने की अपेक्षा की थी। लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण तथा आर्थिक विकास एवं जन कल्याण में गहरा सम्बन्ध है। **ओट्स** ने सन् 1972 में तर्क दिया था कि लोगों की विविध रूचियों तथा प्राथमिकताओं के अनुरूप सेवाएँ प्रदान करने से ही जन कल्याण बढ़ाया जा सकता है। **मार्सचक** के अनुसार निर्णय बिन्दु को क्रिया बिन्दु के समीप लाने से सूचना की लागत कम की जा सकती है। इसके अतिरिक्त स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए भी स्थानीय स्तरीय योजना आवश्यक है। भू एवं जल प्रबंधन, लघु उद्योग, कृषि एवं स्थानीय सुविधाओं के लिए स्थानीय स्तर पर उत्तम योजनाएँ बनाई जा सकती हैं। लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रभाविकता को उन्नत किया जा सकता है विशेष रूप से यदि विकास प्रक्रिया को सहभागी एवं पारदर्शी बनाया जा सके। सहभागिता के माध्यम से सुप्त पड़े संसाधनों का उपभोग आर्थिक चन्दे, सामग्री प्रदाय एवं श्रमदान के रूप में किया जा सकता है। सामुदायिक भागीदारी से सामाजिक एवं आधारभूत ढ़ाँचे का निर्माण किया जा सकता है। सभी राजनीतिक दलों में औपचारिक सम्पत्ति तथा बहुत सारे अधिकार आयोग एवं समितियों की सिफारिशों के बावजूद आज भी भारत में सही मायने में जमीनी स्तर पर प्रजातंत्र एक स्वप्न है।

**पंचायती राज व्यवस्था एवं जनजातीय महिलाएँ –**मनुस्मृति में स्त्रियों की विवेचना करते हुए मनु ने स्पष्ट लिखा है कि जहाँ स्त्री की पूजा होती है वहाँ देवता निवास करते हैं और जहाँ उनकी प्रतिष्ठा नहीं होती वहाँ समस्त क्रियाएँ निष्फल हो जाती हैं। भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय शासन संस्थाओं में 1.05 मिलियन निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों का होना सचमुच एक असाधारण बात है। यह बात और भी असाधारण हो जाती है, जब हम पाते है कि ग्रामीण महिलाओं विशेषकर सामाजिक रूप से वंचित समूहों की महिलाओं का मानव विकास सूचकांक बहुत नीचे है।

**तालिका क्रं. 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

भारत में महिलाएं हमारे देश में आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं इसलिए विकास के कार्य में महिलाओं की भूमिका तथा योगदान को पूरी

तरह सही परिप्रेक्ष्य में रखकर ही राष्ट्र निर्माण के कार्य को समझा जा सकता है। दुनिया में ऐसा कोई भी देश नहीं है जहां महिलाओं को हाशिए पर रखकर आर्थिक विकास संभव हुआ हो। महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़े बिना किसी समाज, राज्य एवं देश के आर्थिक विकास, सामाजिक और राजनीतिक विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती और जब आज महिला सशक्तिकरण पर अत्यधिक जोर दिया जा रहा है तो महिला सशक्तिकरण से तात्पर्य पुरूषों की बराबरी करना न होकर महिलाओं को सशक्त करने से हैं। आर्थिक-सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रत्येक स्तर पर कार्य करने में महिलाओं की सशक्त भागीदारी से है, लेकिन भारतीय संविधान में पुरूषों और महिलाओं को समान दर्जा और अधिकार दिए जाने के बावजूद इस तथ्य से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि विकास और सामाजिक स्तर की दृष्टि से महिलाएं अभी पुरूषों से काफी पीछे हैं। जनजातीय समाज में तो महिलाओं की स्थिति तो और भी अधिक दयनीय एवं शोषित रही है। महिलाओं में जागरूकता की कमी का एक महत्वपूर्ण कारण है, सामंती सामाजिक व्यवस्था जो महिला को पुरूष के अधीनस्थ मानती है। सदियों तक महिलाओं की भूमिका चाहरदीवारी तक सीमित रखकर उन्हें बाहय जगत से जानबूझकर दूर रखा गया फलत: उनमें आत्मविश्वास की कमी, जागरूकता का अभाव, निर्णय निर्माण क्षमता का विकास अपेक्षित से काफी निराषाजनक रहा।

जनजातीय समाज में महिलाओं की स्थिति को सामान्य बराबरी में लाने के लिए योग्यता, साहस एवं प्रतियोगिता के साथ-साथ उन्हें विशेष संरक्षण की भी आवश्यकता है। जनजातीय महिला विकास को संस्कृति के संदर्भ में भी देखा जाना चाहिए क्योंकि जनजातीय संस्कृति इस समाज के लोगों का जीवन जीने का एक ढंग है और विकास इस जीवन जीने के तरीके में परिवर्तन लाने का एक प्रयास है। यदि जनजातीय महिला आर्थिक दृष्टिकोण से आत्मनिर्भर है तो वह राजनीतिक, पारिवारिक-सामाजिक स्वतंत्रता एवं अधिकार प्राप्त कर सकती हैं। सामाजिक-पारिवारिक सम्मान एवं मान्यता तथा पुरूष वर्ग के सकारात्मक दृष्टिकोण के अभाव में आर्थिक आत्मनिर्भरता भी पूर्ण नहीं हो सकती।

**तालिका क्र. 2 (अगले पृष्ठ पर देखे)**

महिला सशक्तिकरण की दिशा में पंचायती राज अधिनियम एक सशक्त भूमिका के रूप सामने आया है। भारतीय संदर्भ में वर्तमान में ग्राम पंचायतों में 984273, जनपद पंचायतों में 58112 तथा जिला पंचायतों में 5763 महिलाएं पंच, सरपंच सहित त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में हर स्तर पर कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में सामने आई हैं वहीं ग्रामीण महिला विकास को नया आयाम मिला है। भारतीय महिलाएँ और जिनमें जनजातीय समाज की महिलाएँ भी इन दिनों विकास के सुनहरे दौर से गुजर रही हैं। वे वर्जनाओं की बेड़ियाँ तोड़कर तेजी से सदियों के फासले तय करती हुई स्वतंत्र और उत्साहपूर्वक उफान के साथ कम समय में कई लम्बे और मुश्किल पड़ाव तय कर रहीं हैं। पिछले दो दशकों में जनजातीय समाज की स्त्रियों ने तरक्की कर समाज में नई पहचान बनाने का प्रयास किया है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. Rawat Publication, Jaipur and New Delhi. 1995.
2. Lal, Shyam, : ***Tribal and Christian mission arias, Inter India publication,*** New Delhi. 2000.
3. Padhy, K.S., : ***Voting Behavior of Tribal in India, Delhi***, 1992.
4. कलवार, सुगन चन्द एवं तेजराम मीणा, – ***निर्धनता उन्मूलन एवं ग्रामीण विकास,*** पोइन्टर पब्लिशर्स, जयपुर, 2001.
5. कटारिया, डॉ.सुरेन्द्र – ***ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज,*** आर बी एस ए, पब्लिशर्स, जयपुर, 2003.
6. सिन्हा, सच्चिानन्द सिन्हा – ***जाति व्यवस्था मिथक, वास्तविकता और चुनौतियाँ,*** राजकमल प्रकाशन, नईदिल्ली, 2006.
7. सेन, अमर्त्य – ***गरीबी और अकाल,*** राजपाल एण्ड सन्स, नईदिल्ली, 2007.
8. लवानिया, डॉ.एम.एम.,एवं के. शशी जैन, – ***भारत में जनजातियों का समाजशास्त्र,*** रिसर्च पब्लिकेशन, जयपुर. 2003.
9. सेन, अमर्त्य – ***विषमता, एक पुनर्विवेचन,*** राजकमल प्रकाशन, नईदिल्ली, 2008.
10. गुप्ता, रमणिका – ***आदिवासी कौन,*** राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नईदिल्ली, 2008.
11. वर्मा, डॉ.सवलिया बिहारी । ***ग्रामीण अर्थषास्त्र एवं सहकारिता,*** विश्वभारती पब्लिकेशन, नईदिल्ली, 2009.
12. जैन, डॉ.राजेश । ***आर्थिक विकास में मानवीय साधन,*** यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन, नईदिल्ली, 1996.
13. झुनझुनवाला, भरत । ***भारतीय अर्थव्यवस्था 'समीक्षात्मक अध्ययन'***, राजपाल एण्ड सन्स, नईदिल्ली, 2007.
14. रोशन, डॉ.राकेश – ***नियोजित जनजातीय विकास***, अमन प्रकाशन सागर, 2006.
15. जोशी, रामषरण – ***आदिवासी समाज और शिक्षा,*** ग्रंथ शिल्पी, नईदिल्ली, 2004.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

**तालिका क्रं. 1: मध्यप्रदेश पंचायती राज चुनाव 2022-23 में महिला प्रतिनिधियों की संख्या**

| ग्राम पंचायतों की संख्या | कुल प्रतिनिधि | अजजा प्रतिशत | महिलायें | जनपद पंचायत की संख्या | कुल प्रतिनिधि | अजजा प्रतिशत | महिलाएँ | जिला पंचायत की संख्या | कुल प्रतिनिधि | अजजा | महिलाएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23051 | 388829 | 110744 | 134368 | 313 | 7008 | 1972 | 2393 | 48 | 855 | 222 | 304 |

***स्त्रोत-*पंचायतों की स्थिति: पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली।***

**तालिका क्रं. 2: पंचायती राज चुनाव में कुल महिला प्रतिनिधियों की संख्या**

| ग्राम पंचायतों की संख्या | कुल प्रतिनिधि | अजजा प्रतिशत | महिलायें | जनपद पंचायत की संख्या | कुल प्रतिनिधि | अजजा प्रतिशत | महिलाएँ | जिला पंचायत की संख्या | कुल प्रतिनिधि | अजजा | महिलाएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 228944 | 2678183 | 321464 | 984273 | 5883 | 157973 | 11510 | 58112 | 521 | 15583 | 1691 | 5763 |

***स्त्रोत-*पंचायतों की स्थिति: पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली***
*****जम्मू एवं कश्मीर, झारखण्ड एवं नागालैण्ड के आंकड़े शामिल नहीं है।***

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# एकांकी एवं संयुक्त परिवारों के किशोरों के यौन अपराधों के स्वरूप एवं प्रकृति का तुलनात्मक अध्ययन

**अमृता मौर्या* डॉ. कल्पना शर्मा****

* शोधार्थी, के आर जी कॉलेज, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** जे सी मिल कॉलेज, ग्वालियर(म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** यौन दुराचार समाज के लिए अभिशाप है। यौन दुराचार के अंतर्गत किसी को अश्लील साहित्य या गुप्तांगों को दिखाना, अनचाहा चुंबन या स्पर्श, अश्लील फोटो इंटरनेट पर डालना, बिना सहमति के महिलाओं को स्पर्श करना अश्लील या भद्दे शब्दों का प्रयोग करना, किसी महिला को अश्लील या अनुचित गतिविधि के संबंध में भ्रमित करने के उद्देश्य से उसकी खानपान में नशीला पदार्थ मिला देना, उसके साथ छेड़खानी, जबरदस्ती यौन गतिविधि या संभोग या अप्राकृतिक मैथुन करना अथवा करने के लिए दबाव बनाना आदि क्रियाकलाप आते हैं। 'यौन उत्पीड़न हमारे समाज के विकृत मानसिकता वाले लोगों के द्वारा किया जाने वाला ऐसा काम है जो समाज को दूषित करता है। महिला की इच्छा या सहमति के बिना किसी दबाव में की गई यौन गतिविधि को यौन उत्पीड़न कहा जाता है।' समाज में यौन अपराधों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक देश में साल 2021 में बच्चों के खिलाफ अपराध के 14904 मामले दर्ज किए गए जिसमें 5387 को मामले पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज किए हैं जो कि कुल मामलों का करीब 36% हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों की संख्या में 2020 की तुलना में 2021 में पहले 6 महीनों में 65.3% की वृद्धि दर्ज की गई है।' शोधार्थी एकांकी एवं संयुक्त परिवारों के किशोरों द्वारा किए जाने वाले यौन अपराधें के स्वरूप एवं प्रकृति का अध्ययन करना चाहती थी इसलिए उसने अपने शोधा का विषय-एकांकी एवं संयुक्त परिवारों के किशोरों के यौन अपराधों के स्वरूप एवं प्रकृति का तुलनात्मक अध्ययन चुना है।

**उद्देश्य –** प्रस्तुत शोध अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य हैं:

1. एकांकी एवं संयुक्त परिवारों के किशोर अपराधियों के अपराध के स्वरूप का अध्ययन करना
2. एकांकी एवं संयुक्त परिवारों के किशोर अपराधियों के अपराध की प्रकृति का अध्ययन करना।

**शोध प्रविधि–**शोध अध्ययन हेतु झांसी जिले के ललितपुर संभाग के 150 किशोर अपराधियों का संगणना विधि से चयन किया गया। तथ्यों के संकलन हेतु स्वनिर्मित प्रश्नावली का उपयोग किया गया । तथ्यों के संकलन के उपरांत उनका वर्गीकरण एवं सारणीयन कर विश्लेषण कर निष्कर्ष प्राप्त किए गए ।

**तालिका क्रमांक-1 :पारिवारिक संरचना के अनुसार किशोर अपराधियों के अपराध का स्वरूप**

| अपराध का स्वरूप | एकांकी परिवार के किशोर अपराधी | | संयुक्त परिवार के किशोर अपराधी | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सं. | प्र. | सं. | प्र. | सं. | प्र. |
| छेड़खानी | 28 | 18.66 | 18 | 12.00 | 46 | 30.66 |
| भद्दे शब्दों का प्रयोग | 26 | 17.33 | 21 | 14.00 | 47 | 31.33 |
| भीड़ में स्पर्श | 22 | 14.66 | 14 | 09.33 | 36 | 24.00 |
| जबरदस्ती संभोग | 14 | 09.33 | 07 | 04.66 | 21 | 14.8 |
| योग | 90 | 60.00 | 60 | 40.00 | 150 | 100.0 |

तालिका क्रमांक -1 में सर्वेक्षित किशोर अपराधियों के अपराध के स्वरूप से संबंधित आंकड़े प्रदर्शित किए गए हैं। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि सर्वेक्षित 150 किशोर अपराधियों में 90(60.0) अपराधी एकांकी परिवार के तथा 60(40.0) अपराधी संयुक्त परिवार के हैं। तालिका से स्पष्ट है कि 40 (30.6) किशोर अपराधियों ने महिलाओं के साथ छेड़खानी की है जिनमें 28(18.66) किशोर एकांकी परिवारों के तथा 18 (12.0) संयुक्त परिवारों के हैं। 47(31.33) किशोर अपराधियों ने महिलाओं को देखकर भद्दे शब्दों का प्रयोग किया है, जिनमें 26(17.33) किशोर एकांकी परिवारों के तथा 21(14.0) संयुक्त परिवारों के हैं। 36(24.0) किशोर अपराधियों ने भीड़ में महिलाओं को स्पर्श किया जिनमें 22(14.66) किशोर एकांकी परिवारों के तथा 14(09.5) किशोर संयुक्त परिवारों के हैं। 21(14.0) किशोर अपराधियों ने महिलाओं के साथ जबरदस्ती संभोग किया है, जिनमें 14(09.33) किशोर एकांकी परिवारों के तथा 07(04.66) संयुक्त परिवारों के हैं। एकांकी एवं संयुक्त परिवारों के अपराधी किशोरों का तुलनात्मक अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि अपराध के प्रत्येक स्वरूप में चाहे वह महिलाओं के साथ छेड़खानी हो, उन्हें देखकर शब्दों का प्रयोग किया गया हो, भीड़ में संवेदनशील अंगों को स्पर्श किया गया हो अथवा जबरदस्ती संभोग किया गया हो एकांकी परिवारों के किशोर अपराधियों की संख्या संयुक्त परिवारों के किशोर अपराधियों की तुलना में अधिक है।

**तालिका क्रमांक-2 :पारिवारिक संरचना के अनुसार किशोर अपराधियों के अपराध की प्रकृति का तुलनात्मक स्तर**

| अपराध की प्रकृति का स्तर | एकांकी परिवार के किशोर अपराधी | | संयुक्त परिवार के किशोर अपराधी | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सं. | प्र. | सं. | प्र. | सं. | प्र. |
| साधारण | 54 | 35.99 | 39 | 26.00 | 83 | 61.99 |
| गम्भीर | 22 | 14.66 | 14 | 09.33 | 36 | 26.00 |
| अत्याधिक गम्भीर | 14 | 09.33 | 07 | 04.66 | 21 | 14.00 |
| योग | 90 | 60.00 | 60 | 40.00 | 150 | 100.0 |

तालिका क्रमांक-2 में किशोर अपराधियों के अपराध की प्रकृति के स्तर का उनकी पारिवारिक संरचना के अनुसार वर्गीकरण किया गया है। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि 93(61.99) किशोर अपराधियों के यौन अपराध का स्तर साधारण है अर्थात उन्होंने महिलाओं के साथ छेड़खानी की अथवा भद्दे शब्दों का प्रयोग किया। इन अपराधियों में 54(35.99) अपराधी एकांकी परिवारों के तथा 39(26.0) संयुक्त परिवारों के पाए गए हैं। 36(24.0) किशोर अपराधियों के अपराध की प्रकृति गंभीर पाई गई है क्योंकि उन्होंने भीड़-भाड़ में महिलाओं के संवेदनशील अंगों को स्पर्श किया है। इनमें 22(14.66) किशोर एकांकी परिवारों के तथा 14(09.33) किशोर संयुक्त परिवारों के पाए गए हैं।21(14.0) किशोर अपराधियों के अपराध की प्रकृति अत्यधिक गंभीर पाई गई है अर्थात उन्होंने पीड़िता के साथ जबरदस्ती संभोग किया है। इन अपराधियों में 14(09.35) अपराधी एकांकी परिवारों के तथा 07(4.66) संयुक्त परिवारों के पाए गए हैं। एकांकी एवं संयुक्त परिवारों के किशोर अपराधियों के अपराध की प्रति का तुलनात्मक अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि अपराध की प्रकृति के तीनों स्तरों में चाहे वह साधारण हो, गंभीर हो अथवा अत्यधिक गंभीर हों एकांकी परिवार के किशोर अपराधियों का प्रतिशत संयुक्त परिवार के किशोर अपराधियों की तुलना में अधिक पाया गया है।

**निष्कर्ष**-एकांकी एवं संयुक्त परिवारों के किशोरों द्वारा किए गए यौन अपराधें की तुलनात्मक विवेचना करने पर निष्कर्ष निकलता है कि एकांकी परिवारों के किशोर अपराधियों का प्रतिशत संयुक्त परिवारों के किशोर अपराधियों की तुलना में अधिक पाया गया तथा गंभीर एवं अत्यधिक गंभीर यौन अपराधों का प्रतिशत भी एकांकी परिवारों के किशोर अपराधियों का संयुक्त परिवार के किशोर अपराधियों की तुलना में अधिक पाया गया।

**सुझाव**-अध्ययन से प्राप्त निष्कर्षों को दृष्टिगत रखते हुए शोधार्थी ने निम्नलिखित सुझाव दिए हैं:

1. एकांकी परिवार की तुलना में संयुक्त परिवार में रहने हेतु बढ़ावा देना चाहिए क्योंकि संयुक्त परिवारों में परिवार का कोई ना कोई सदस्य किशोरों की गतिविधियों पर दृष्टि रखता है ।
2. बच्चों में बचपन से ही नैतिक मूल्यों का विकास करना चाहिए। लड़कों को लड़कियों के प्रति सम्मानजनक बोलचाल और व्यवहार करना सिखाना चाहिए।
3. एकांकी परिवार के माता-पिता को अपने किशोर बालकों के साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए। उनकी प्रत्येक समस्या को सुनने समझाने और सुलझाने में अपना योगदान देना चाहिए।
4. किशोरों को अकेले नहीं रहने देना चाहिए। उनके साथ परिवार का कोई न कोई सदस्य अवश्य रहना चाहिये।
5. किशोरों को समय-समपय पर शिक्षा माता पिता के द्वारा यौन शिक्षा देनी चाहिए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. htpps://www.myupcar.com>sexua
2. htpps://www.dbgegaias.comdarticles
3. htpps://www.800respect.orgau>ni
4. htpps://www.wikipedai.org>wiki
5. htpps://www.ttb-bondhu.org>hindi

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# भारत की विदेश नीति - बदलाव की ओर

**अनिता नावड़े*  डॉ. लता मंसारे****

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) स्कूल ऑफ सोशल साईंस, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** शोध निर्देशिका (राजनीति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, मण्डलेश्वर, जिला खरगोन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया में एक सम्मानित और जिम्मेदार अग्रणी शक्ति बनाने का आह्वान किया और अपनी विदेश नीति को फिर से विकसित करने के लिए निर्णय लेने की यह कवायद देश की बढ़ती ताकत के साथ-साथ राष्ट्रों की शिष्टता से पहले अपने नए आत्म विश्वास को प्रकट करती है कि किस तरह शीर्ष भारतीय राजनीतिक नेतृत्व देश के अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों और वैश्विक मामलों में अपनी निर्णायक भूमिका निभाने की क्षमता की कल्पना करता है।

**शब्द कुंजी –** अन्तर्राष्ट्रीय सामंजस्य, उद्देश्यों, ऐतिहासिक दृष्टिकोण, बदलता परिदृश्य एवं चुनौतियाँ।

**प्रस्तावना –** वर्तमान में किसी देश की विदेश नीति अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों और अपनी प्राथमिकताओं को लेकर अच्छी तरह से योजनाबद्ध सुसंगत, पूर्व निर्धारित और नपी-तुली होती है और इस बात का भी उसमें ख्याल होता है और उन्हें वास्तविक धरातल पर लाने के लिए वह देश किस तौर-तरीके का इस्तेमाल करता है यह बात इस संदर्भ में भारत की विदेश नीति का कोई भी आकलन या समीक्षा उन परिस्थितियों पर विचार करते समय एक विशेष दिशा में विकसित होती है, उन संरचनात्मक चुनौतियों और उनकी ऐतिहासिक रूपरेखाओं पर भी विचार करना चाहिए जो आगे की प्रगति या अन्यथा उसी (देश की विदेश नीति) को प्रभावित करती है।

हालाँकि राष्ट्रीय इतिहास और ऐतिहासिक पंरपराओं, भूगोल, राष्ट्रीय चरित्र, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं, राष्ट्रीय लक्ष्यों पर सहमति, सैन्य तैयारी आदि जैसे आंतरिक कारकों के साथ-साथ वैश्विक या क्षेत्रीय परिदृश्य, अंतर्राष्ट्रीय पदानुक्रम वैश्विक अर्थव्यवस्था और कई अन्य जैसे बाहरी कारकों के रूप में ज्ञात कई अन्य कारक भी होते है और जिन्हें पूरी तरह से आंतरिक या बाहरी परिस्थितियाँ कहा जाता है, वे तमाम परिस्थितियाँ सर्वोच्च निर्णय लेने वाले निकाय या देश के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को अपनी विदेश नीति के लक्ष्यों को जमीन पर उतारने के लिए गंभीरता से ध्यान देने की मांग तो करती ही है, इसके बावजूद उन्हें सुनियोजित रणनीति की आवश्यकता होती है और साथ ही साथ उन्हें व्यवस्थित करने के लिए देश की विदेश नीति की सफलता को लेकर सर्वोत्तम संभव परिणाम प्राप्त करने वाला कारकों की भी आवश्यकता होती है। इस संदर्भ में स्पष्ट रूप से भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शांति, अहिंसा, गुटनिरपेक्षता, उपनिवेशवाद-विरोधी, नस्लवाद-विरोधी, रंगभेद- विरोधी, दूसरे देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना आदि जैसे भारत की विदेश नीति के घोषित उद्देश्यों के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अपनी शुरूआत की। सही अर्थों में इन लक्ष्यों को पाने के लिए पहले से ही विश्व युद्धों के कारण दो गुटों में बँटे तत्कालीन विश्व के स्थायी शांति और अहिंसा की नींव रखने के लिए इन आदर्शों के महत्व पर जोर देने वाले स्वतंत्र भारत के निर्माता, वास्तुकार और पहले प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू द्वारा उचित और जानबूझकर निर्णय लिया गया था।

देश की विदेश नीति के वर्तमान परिदृश्य में और तत्कालीन विश्व के सभी देशों के साथ न केवल भारत के बल्कि पूरे विश्व के लिए भी देश की विदेश नीति के उक्त लक्ष्यों को पूरा करने की दृष्टि से तत्कालीन यूएसएसआर के उत्तराधिकारी रूस के साथ पारंपरिक और अमोघ मित्रता की अनदेखी भी नहीं की।

वास्तव में एक उभरता हुआ भारत न केवल एशिया में बल्कि पूरी दुनिया में अपनी प्राचीन संस्कृति और शास्त्रीय नैतिक और आध्यात्मिक परंपरा के साथ-साथ तथाकथित समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संदर्भ में अपनी विशिष्ट रहा है। पहले की भू-राजनीति में हो रहे बदलाव के इस मौजूदा दौर में चीन और भारत जैसे पूर्व के कुछ प्रमुख सदस्य देशों के अलावा सिंगापुर, मलेशिया, हांगकांग आदि जैसे दक्षिण एशियाई देशों के कारण एशिया का महत्व बढ़ रहा है। इस प्रकार, यदि प्रधानमंत्री मोदी की यह दृष्टि अंततः मजबूत होती है, तो शायद सबसे महत्वपूर्ण तात्कालिक परिवर्तन, भारतीय राजनीति और उसके नेताओं, भारत के अभिजात्यों के साथ-साथ सेना, पुलिस और अर्ध सैन्य बलों के भीतर आत्म-आश्वासन का पुनर्स्थापन होगा।

**कैसे परिभाषित होती है विदेश नीति –** विदेश नीति एक ढाँचा है जिसके भीतर किसी देश की सरकार बाहरी दुनिया के साथ अपने संबंधों को अलग-अलग स्वरूपों यानी द्विपक्षीय क्षेत्रीय और बहुपक्षीय रूप में संचालित करती है। वहीं कूटनीति किसी देश की विदेश नीति को प्राप्त करने की दृष्टि से विश्व के अन्य देशों के साथ संबंधों को प्रबंधित करने का एक कौशल है।

देश की विदेश नीति का विकास घरेलू राजनीति अन्य देशों की नीतियों या व्यवहार एवं विशिष्ट भू-राजनीतिक परिदृश्यों से प्रभावित होता है, परन्तु बाद में विशेषज्ञों ने यह माना कि विदेश नीति के निर्धारण में घरेलू कारक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

**भारत की विदेश नीति : मुख्य उद्देश्य –**किसी भी अन्य देश के समान ही

भारत की विदेश नीति का मुख्य और प्राथमिक उद्देश्य अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करना एवं भारत के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय हित के अर्थ में क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए हमारी सीमाओं को सुरक्षित करना, सीमा-पार आतंकवाद का मुकाबला, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, साइबर सुरक्षा आदि शामिल है।

1. अपनी विकास गति को बढ़ाने के लिए भारत को पर्याप्त विदेशी सहायता की आवश्यकता होगी। विभिन्न परियोजनाओं जैसे मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, स्मार्ट सिटीज, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, डिजिटल इंडिया, क्लीन इंडिया आदि को सफल बनाने के लिए भारत को विदेशी सहयोगियों, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, वित्तीय सहायता और टेक्नोलॉजी की जरूरत है।

2. विश्व भर में भारत का डायस्पोरा भी काफी मजबूत है और तकरीबन विश्व के सभी देशों में फैला हुआ है। भारत की विदेश नीति का एक अन्य उद्देश्य विदेशों में रह रहे भारतीय को संलग्न कर वहाँ उनकी उपस्थिति का अधिकतम लाभ उठाना है, इसी के साथ उनके हितों को सुरक्षित रखना भी आवश्यक होता है।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि कुछ वर्षो में भारत की विदेश नीति के इस पहलू पर नीति निर्माताओं ने काफी अधिक ध्यान दिया है।

**शोध प्रविधि –** इस लेख में भारत की विदेश नीति के मुख्य पहलूओं और हाल के दिनों उसमें आये बदलावों पर चर्चा की गई। आवश्यकतानुसार यथास्थान टीम दृष्टि के इनपुट भी शामिल किये गए है।

**बदलती भारतीय विदेश नीति:**

1. भारत की वर्तमान विदेश नीति की सबसे खास विशेषता यह है कि इसमें पूर्व की सभी नीतियों की अपेक्षा जोखिम लेने की प्रवृत्ति सबसे अधिक है।
2. भारत अपने दशकों पुरानी सुरक्षात्मक नीति को बदलते हुए कुछ हद तक आक्रामक नीति की ओर अग्रसर हो रहा है।
3. डोकलाम में भारत की कार्यवाही और वर्ष 2016 में उरी आतंकी हमलों के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक भारतीय नीति के प्रमुख उदाहरण है।
4. कई जानकारों का मानना है कि भारत की वर्तमान विदेश नीति में विचारों और कार्यवाही की स्पष्टता दिखाई देती है।
5. बदलते वैश्विक राजनीतिक परिवेश में भारत अपने आर्थिक और राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए किसी भी औपचारिक समूह पर निर्भरता को सीमित कर रहा है।

**भारतीय विदेश नीति की प्रमुख विशेषताएँ:**

1. भारत किसी विशेष देश के विरूद्ध किसी अन्य देश या देशों के समूह द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने का समर्थन नहीं करता है जब तक कि ये प्रतिबंध अंतर्राष्ट्रीय सर्वसम्मति के साथ न अधिरोपित किया जाए। ज्ञात है कि भारत ऐसे शांति सैन्य अभियानों में ही हिस्सा लेता है जिनमें संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना बल शामिल हो।
2. भारत अन्य देशों के आंतरिक मामलों में दखलअंदाजी करने में विश्वास नहीं रखता, परन्तु यदि कोई देश अनजाने में या जानबूझकर भारत के राष्ट्रीय हितों को प्रभावित करता है तो भारत बिना समय बर्बाद किये हस्तक्षेप करने में नहीं झूकता।
3. भारत आक्रमकता के स्थान पर निर्माणात्मकता पर जोर देता है। भारत का मानना है कि युद्ध समस्या का हल नहीं बल्कि एक नई समस्या की शुरूआत हो। परन्तु धैर्य की नीति को भारत की कमजोरी नहीं माना जा सकता।

**भारतीय विदेश नीति का बदलता परिदृश्य –** भारतीय विदेश नीति स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर अब तक विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों के आलोक में गत्यात्मक प्रवृत्तियों को धारणा करती रही है। 'गुटनिरपेक्षता' और 'पंचशील' के मूल सिद्धान्तों पर जिस ठोस-स्वतंत्र विदेश नीति की स्थापना की गई उसे केन्द्र में रखकर आवश्यक और अनिवार्य परिवर्तनों को भी इसमें पर्याप्त स्थान दिया जा रहा है। उदाहरण के लिए वर्तमान एकध्रुवीय विश्व में गुटनिरपेक्षता की नीति की प्रासंगिकता पर सवाल उठने लगे। गुटनिरपेक्षता का सिद्धान्त शीतयुद्धोत्तर विश्व में पुनपरिभाषित हो गया और भारतीय विदेश नीति में इस चुनौती के अनुकूल परिवर्तन करने के भी पर्याप्त प्रयास किये जाते रहे है।

भारतीय विदेश नीति की परिदृश्यों में सर्वप्रथम एवं महत्वपूर्ण परिवर्तन सन् 1962 में भारत-चीन युद्ध के उपरान्त देखा गया। यह परिवर्तन रक्षा कूटनीति के समावेश के रूप में किया गया। इसी क्रम में भारत ने अपनी सुरक्षा प्रणालियों को सुदृढ़ बनाने के लिए भी प्रयास किये। साठ के दशक के उत्तरार्द्ध में घरेलू अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण के लिए विदेश नीति के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रयास किये गए।

वर्ष 1991 में सोवियत संघ के विघटन, शीतयुद्ध की समाप्ति तथा आर्थिक उदारीकरण के आरम्भ ने भारतीय विदेश नीति में साम्राज्यवादी विचारों से अलग हटने की प्रवृत्ति को सुदृढ़ता प्रदान की। भारत के वैश्विक संबंधों का विस्तार अब आर्थिक आधारों पर किया जाने लगा। विश्व स्तर पर इसी अवधि में नाफ्टा (NAFTA) तथा बिम्सटेक जैसे संगठनों की स्थापना हुई जिन्होंने भारत के आर्थिक संबंधों को दृढ़ आधार प्रदान किया। इसी क्रम में भारत ने खाड़ी सहयोग परिषद के साथ संबंध स्थापित करने पर भी बल दिया। इसी चरण की महत्वपूर्ण विशेषता के रूप में आर्थिक, सामरिक तथा राजनीतिक संबंधों की सुदृढ़ता के लिए 'पूर्व की ओर देखो नीति' तथा 'पश्चिम की ओर देखो नीति' तथा 'पश्चिम की ओर देखो' नीति को भारतीय विदेश नीति में प्रमुख भूमिका प्रदान की गई। इनमें अनुपालन में क्रमश: 'दक्षिण पूर्व एशिया' तथा पश्चिम एशिया के देशों के साथ संबंधों में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले। भारत के अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को शाश्वत पारस्परिकता का सिद्धांत रहा है। इसके अंतर्गत किसी भी सहयोग के अपेक्षा रखता था। भारतीय विदेश नीति में 'गुजराल सिद्धान्त' का समायोजन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन था। इसके अंतर्गत लाई गई 'सहयोगात्मक क्षेत्रवाद' की संकल्पना ने विदेश नीति को नवीन दिशा दी तथा बदला व्यवहार (गैर पारस्परिकता) के सिद्धान्त को लागू किया गया।

भारत की विदेश नीति का एक अन्य महत्वपूर्ण उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के लोकतंत्रीकरण की दिशा में प्रयत्न करना भी है। इनमें संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO), विश्व बैंक अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी आदि प्रमुख है। संयुक्त राष्ट्र संघ में सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए भारत, ब्राजील, जापान और जर्मनी को साथ लेकर जी-4 नामक समूह का निर्माण कर अपनी ठोस दावेदारी के लिए प्रयत्नशील है। ऐसे प्रयासों को दृष्टिगत रखते हुए भविष्य में भारतीय विदेश नीति के क्षैतिज विस्तार को स्पष्ट देखा जा सकता है।

आधुनिक विश्व में ऊर्जा सुरक्षा सभी देशों की विदेशी नीति के प्रमुख

तत्वों में से एक बन चुकी है। भारत ने भी परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में शेष विश्व के साथ उत्पन्न गतिरोध को तोड़ते हुए सन् 2005 में अमेरिका के साथ नागरिक परमाणु समझौता करके एक बड़ी उपलब्धि अर्जित की और भारतीय विदेश नीति को और अधिक बहिर्मुखी बनाने में मदद की।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर आज तक भारतीय विदेश नीति लगातार परिवर्तित हो रही आंतरिक और बाह्य परिस्थितियों के साथ सामंजस्य बिठाती हुई अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत को एक सुदृढ़ स्थिति प्रदान करती आई है।

**नवीन परिवर्तन-विदेश नीति में :**

1) **पड़ोसी प्रथम की नीति –** शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सभी आठ पड़ोसी देशों के राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित करना।

- सार्क उपग्रह का लाभ नि:शुल्क उपलब्ध कराना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

2) **प्रधानमंत्री स्तरीय शिखर वार्ता एवं दौरा**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अब तक विभिन्न देशों के दौरों से स्पष्ट है कि वह स्वयं व्यक्तिगत आधार पर वैदशिक संबंधों में रूचि ले रहे है ।
- चाहे वह शक्तिशाली राष्ट्रों के दौरे हो या पड़ोसियों के यहाँ, वह सभी देशों में अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति के दौरान द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय संबंधों को नई दिशा दे रहे है।

3) **पाकिस्तान नीति एवं आतंकवाद के मुद्दे पर**

- वर्तमान में सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि सीमा पार आतंकवाद एवं वार्ता दोनों साथ-साथ नहीं चल सकते है।
- साथ ही वर्तमान सरकार ने पाकिस्तान से निपटने हेतु सख्त कूटनीति का अवलंबन किया है जिसके अंतर्गत गोली का जवाब गोली से सभी द्विपक्षीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को घेरना या सिंधु नदी जल समझौता अथवा उरी- पठानकोट हमलों का जवाब सर्जिकल स्ट्राइक में देना आदि के रूप में देखा जा सकता है।

4) **जलवायु परिवर्तन पर**

- सरकार ने जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के समक्ष स्वत: प्रतिबद्धता के आधार पर पेरिस जलवायु समझौते का अनुमोदन किया है।
- साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सौर संगठन (ISA) के माध्यम से विभिन्न राष्ट्रों को एक साथ जोड़ना सरकार की महत्वपूर्ण पर्यावरणीय कूटनीति के रूप में देखा जा सकता है।

5) **निर्यात नियंत्रण समूहों में प्रवेश हेतु कूटनीति**

- वर्तमान में सरकार परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (NSG) वासेनार एवं आस्ट्रेलिया समूह जैसे निर्यात नियंत्रण समूहों में प्रवेश हेतु युद्ध स्तर पर कूटनीति कर रही है।
- इसका परिणाम हुआ कि भारत को मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण समूह (MTCR) में प्रवेश मिल गया।

6) **भारतीय डायस्पोरा**

- प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी विदेश यात्राओं के दौरान प्रवासी भारतीय समुदायों (डायस्पोरा) से सीधे संवाद स्थापित कर एक नई कूटनीतिक परंपरा की नींव डाली है।
- इसके माध्यम से जहाँ वह एक ओर उस देश में रह रहे भारतीय मूल के लोगों के योगदान का वर्णन करते है, वहीं दूसरी ओर उनसे भारत के विकास यथा – मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया आदि में सक्रिय सहभागिता की इच्छा रखते है ।

7) **विदेश नीति से संबंधित वर्तमान चुनौतियाँ –** आज सरकार के सामने विदेश नीति के मोर्चे पर कई चुनौतियाँ है। विदेश निवेशकों को सही अर्थों में भारत की तरफ आकर्षित करने के लिए ठोस एक्शन की जरूरत है जिसमें मेक इन इंडिया कार्यक्रम को और सक्षम बनाने की जरूरत है। चीन और पाकिस्तान के साथ सीमा विवाद, पाकिस्तान के साथ आतंकवाद का मुद्दा रणनीतिक वैश्विक मंच पर जगह पाने के भारत के दावे का चीन द्वारा लगातार विरोध, परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में शामिल होने तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता पाने के हमारे प्रयासों को विफल करने का प्रयास भी चीन द्वारा किया जा रहा है। अफगानिस्तान मुद्दे पर चीन, रूस व पाकिस्तान की नजदीक आना भी हमें सोचने पर मजबूर करता है। दुनिया बदल रही है, विशेष रूप से वर्तमान परिदृश्य प्रमुख शक्तियों के बीच नए द्विपक्षीय समीकरण बन सकते है, जिनका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था एवं व्यापार पर प्रभाव पड़ेगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जारी संघर्षों के संबंध में भारत को प्रासंगिक बने रहने के लिए जोखिमों की थाह लेनी होगी और अपना रूख तय करना होगा।

**निष्कर्ष –** इस प्रकार भारत अपनी विदेश नीति में व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ-साथ यथार्थवादी दृष्टिकोण को अपनाते हुए सभी परिस्थितियों में अपने राष्ट्रीय हितों को साकार करने और यहाँ तक कि जरूरत पड़ने पर शक्ति की रणनीति का भी सहारा लेते हुए अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ रहा है। अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत खुद को दुनिया के सामने एक जैसे जिम्मेदार और अग्रणी शक्ति के रूप में पेश करना चाहता है, जो संरचनात्मक बाधाओं को दूर करने में सक्षम है। जाहिर तौर पर यह दिशा भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और अन्य राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने की दिशा में अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार खुद को परिभाषित करने का प्रयास है और किसी भी सम्मानित और अग्रणी वैश्विक शक्ति की तरफ उत्साह और आत्मविश्वास से भरे हुए संप्रभु राष्ट्रों में अपनी जगह बनाने की कोशिश भी है।

जाहिर है कि पिछले चार वर्षो के दौरान देश की विदेश नीति की इतने बड़े पैमाने पर मरम्मत पहले ही दुनिया भर में भारत के बढ़ते कद को लेकर वांछित परिणाम दिखा चुकी है। सही मायने में प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया को दिखा दिया है कि सभी तरह की कठिनाईयों और बाधाओं को उन दृढ़ प्रतिबद्धता और ईमानदार प्रयासों से दूर किया जा सकता है, जिन्हें प्रधानमंत्री राष्ट्र का नेतृत्व करते हुए दर्शा रहे है, इससे तो एक कहावत जरूर चरितार्थ होता है कि मानव प्रयास से परे कुछ भी नहीं है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. वैदिक, वेदप्रताप (2017) 'मोदी की विदेश नीति', डायमंड पॉकेट बुक्स (प्रा.) लि. एक्स-30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-खख, नई दिल्ली, पृ.क्रं. 19-49
2. मिश्रा, राजेश (2019), 'भारतीय विदेश नीति', भूमंडलीकरण के दौर में, ओरियंट ब्लैकस्वॉन प्राइवेट लि. 752 हिमायतनगर, तेलंगाना, 114-118
3. खन्ना, वी.एन. एवं अरोड़ा लिपाक्षी (2018), 'भारत की विदेश नीति', विकास पब्लिशिंग हाउस प्रा.लि. 7361, रविन्दर मानसन, राम नगर, नई दिल्ली, पृ.क्रं. 308-311

4. भारद्धाज, रामदेव (2020), 'भारत की विदेश नीति', मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, रविन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, बाणगंगा, भोपाल, पृ.क्रं. 97-104
5. बघेल, वी.एस. (2021) 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति', कैटरपिल्लर पब्लिशर्स 1376, द्वितीय फ्लोर, कश्मीरी गेट, दिल्ली।
6. भारद्धाज, रामदेव (2020), 'भारत की विदेश नीति', मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, रवीन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, बाणगंगा भोपाल, पृ.क्रं. 213-215

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# Negligence And Misinterpretation: How To Deal With It?

**Manaswi Agrawal***

*Research Scholar, University of Technology, Jaipur (Raj.) INDIA

**Abstract -** The study reflects the analysis of the non-peculiar with the assumptions and the redress for actual and the intuitive as the nominal and compensatory and categorized under the fact of the general which is categorized under the factor of the sensation of the pecuniary. The factor of Negligence in Indian Law has been analyzed as well as Misinterpretation in Indian Law and negligence. The special factor analysis, of the general analysis of the no pecuniary abstraction of measure and related events. The establishment of the punitive measure, and the, and the factor of the exceptional cases. The general damages are based on the unwarranted and the breach of duty and the factors are held on the study of Negligence in Indian Law, Misinterpretation in Indian Law, and Negligent Misinterpretation in Indian Law.

**चित्रकूट पर्वत –** प्रयाग के दक्षिण में मन्दाकिनी नदी के निकट ही चित्रकूट पर्वत है। यह पर्वत अपनी विशालता एवं सुन्दरता के कारण प्रसिद्धि को प्राप्त किए हुए है। महाकवि कालिदास ने अपनी अमर कृति रघुवंश में चित्रकूट का उल्लेख किया है[46], जिसके अनुसार चित्रकूट की स्थिति मन्दाकिनी नदी के समीप दण्डकारण्य के अन्तर्गत अभिव्यक्त होती है। महाकवि के अनुसार चित्रकूट का स्वरूप मस्त साँड के समान है, जिससे निकलने वाली जलधारा का शब्द उसकी डकार तथा जिसका मेघाच्छन्न शृंग वप्रकीड़ा से लगे कीचड़युक्त सींग के सदृश है।[47] चित्रकूट के नीचे बहती मन्दाकिनी पृथ्वीरूपी नायिका के गले में मोतियों की माला के समान प्रतीत होती है।[48] पयस्विनी (मन्दाकिनी) के किनारे चित्रकूट से कुछ ही दूरी पर अनसूइया और दूसरे तीर्थ हैं। रामनवमी और दिवाली को यहाँ भारी मेले लगते हैं। चित्रकूट की सुषमा पावस में बहुत बढ़ जाती है।

**निष्कर्ष –** महाकवि कालिदास की रचनाओं के अध्ययन से उनके काव्य वैदुष्य का ही ज्ञान नहीं होता, अपितु उनके प्रकृति प्रेम की छटा की भी जानकारी भी प्राप्त होती है। कालिदास प्रकृति का सजीच चित्रण करते हैं। वन, उपवन, तपोभूमि, विविध स्थल, सरोवर, नदियाँ, सागर, पर्वत, इत्यादि वर्णनों के आधार पर इनका प्रकृति के प्रति प्रेम ज्ञात होता है। महाकवि ने मेघदूतम् एवं रघुवंश के माध्यम से भारत के विभिन्न स्थलों, पर्वतों एवं नदियों वर्णन किया है और स्व रचनाओं के माध्यम से भारत भ्रमण कराया है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-**

1. अभिज्ञानशाकुन्तलम्, कालिदास, व्या.- श्रीकृष्णमणि त्रिपाठी, चौखम्बा सुरभारती, वाराणसी : 2014
2. कालिदास ग्रन्थावली, कालिदास, व्या. पण्डित रामतेज शास्त्री, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी : 2014
3. कुमारसम्भवम्, कालिदास, व्या.- श्रीप्रद्युम्न पाण्डेय, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी : 2010
4. मालविकाग्निमित्रम्, कालिदास, व्या. डॉ. रमाशंकर पाण्डेय, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी : 2012
5. मेघदूतम्, कालिदास, व्या. रमाशंकर त्रिपाठी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी : 2005
6. विक्रमोर्वशीयम्, कालिदास, व्या. पं. परमेश्वरदीन पाण्डेय, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी : 2013
7. रघुवंश, कालिदास:, व्या.- डॉ. कृष्णमणि त्रिपाठी, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी : 2010
8. कालिदास रचित साहित्य में वर्णित भारत : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन, रमा कुमारी, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर : 2012

**एण्ड नोट :-**

1. अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराज: ।
   पूर्वापरौ तोयनिधीवगाह्य स्थित: पृथिव्या इव मानदण्ड: ।।कुमारसम्भवम, 1/1
2. भवत्संभावनोत्थाय परितोषाय मूर्च्छते।
   अपि व्याप्तदिगन्तानि नाङ्गानि प्रभवन्ति मे।। वही, 6/59
3. अनन्तरत्नप्रभवस्य यस्य हिमं न सौभाग्यविलोपि जातम्। वही, 1/3
4. पदं तुषार स्रुतिधौतरक्तं यस्मिन्नदृष्ट्वापि हतद्विपानाम्।
   विदन्ति मार्गं नखरन्ध्रमुक्तैर्मुक्ताफलै: केसरिणां किराता:।। वही, 1/6
5. य: पूरयन् कीचकरन्ध्रभागान् दरीमुखोत्थेन समीरणेन।
   उद्गास्यतामिच्छति किन्नराणां तानप्रदायित्वमिवोपगन्तुम्श वही, 1/8
6. तस्या एव प्रभवमचलं प्राप्य्ं गौरं तुषारै:।
   वक्ष्यस्यध्वश्रमविनयने तस्य शृङ्गे निषण्ण:
   शोभा शुभ्रत्रिनयन वृषोत्खातपङ्कोपमेयाम्।। मेघदूतम्, पू.मे. 56
7. यं सर्वशैला: परिकल्प्य वत्सं मेरौ स्थिते दोग्धरि दोहदक्षे।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

भास्वन्ति रत्नानि महौषधीश्च पृथूपदिष्टां दुदुहुर्धरित्रीम्।। कुमारसम्भवम्, 1/2

8. उद्वेजयत्यङ्गलिपाणिभागान्मार्गे शिलीभूत हिमेऽपि यत्र। न दुर्वहश्रोणि पयोधरार्ता भिन्दन्ति मन्दां गतिमश्वमुख्यः ।। वही, 1/11

9. कार्या सैकतलीन हंसमिथुना स्रोतोवहा मालिनी,
पादास्तामभितो निषण्णहरिणः गौरीगुरोः पावनाः ।
शाखालम्बितवल्कलस्य च तरोर्निर्मातुमिच्छाम्यधः,
शृङ्गे कृष्णमृगस्य वामनयनं कण्डूयमानांमृगीम्।। अभिज्ञानशाकुन्तलम् 6/17

10. तत्प्रयातौषधीप्रस्थं सिद्धये हिमवत्पुरम्। महाकोशीप्रपातेऽस्मिन्संगमः पुनरेव नः।। कुमारसम्भवम्, 6/33

11. अथानुरूपाभिनिवेशतोषिणा कृताभ्यनुज्ञा गुरुणा गरीयसा। प्रजासु पश्चात्प्रथितं तदाख्या जगाम गौरीशिखरं शिखण्डिमत् ।। वही, 5/7

12. शृङ्गोच्छ्रायैः कुमुदविशदैर्यो वितत्य स्थितः खं। राशिभूतः प्रतिदिनमिव त्र्यम्बकस्याट्टहासः।। मेघदूतम्, पू. मे. 62

13. कैलासगौरं वृषमारुरुक्षोः पादार्पणानुग्रहपूतपृष्ठम् । अवेहि मां किंकरमष्टमूत्तेः कुम्भोदरं नाम निकुम्भमित्रम्।। रघुवंशम्, 2/35

14. चकम्पे तीर्णलौहित्ये तस्मिन्प्राग्ज्योतिषेश्वरः ।। वही, 4/81

15. अथाधिशिश्ये प्रयतः प्रदोषे रथं रघुः कल्पितशस्त्रगर्भम्। सामन्तसंभावनयैव धीरः कैलासनाथं तरसा जिगीषुः ।। वही, 5/28

16. रावणध्वनितभीतया तया कण्ठसक्तदृढबाहुबन्धनः। एकपिङ्गलगिरौ जगद्गुरुर्निर्विवेश विशदाः शशिप्रभाः।। कुमारसम्भवम्, 8/24

17. आकैलासाद् .......... सम्पत्स्यन्ते नभसि भवतो राजहंसाः सहायाः।। मेघदूतम्, पू. मे. 11

18. उत्पाट्य मेरु शृंगाणि क्षुण्णानि हरितां खुरैः। आक्रीडपर्वतास्तेन कल्पिताः स्वेषु वेश्मसु।। कुमारसम्भवम् 2/43

19. यज्ञभागभुजां मध्ये पदमातस्थुषा त्वया। उच्चैर्हिरण्यमयं शृङ्गं सुमेरोर्वितथीकृतम्।।वही, 6/72

20. प्रदक्षिणप्रक्रमणात्कृशानोरुदर्चिषस्तन्मिथुनं चकासे। मेरोरुपान्तेष्विव वर्तमानमन्योन्यसंसक्तमहस्त्रियाम्।। वही , 7/79 21

21. सर्वातिरिक्तसारेण सर्वतेजोभिभाविना। स्थितः सर्वोन्नतेनोर्वी क्रान्त्वा मेरुरिवात्मना।। रघुवंशम्, 1/14 22

22. तं भूपतिर्भासुरहेमराशिं लब्धं कुबेरादभियास्यमानात्। दिदेश कौत्साय समस्तमेव पादं सुमेरोरिव वज्रभिन्नम् ।। वही, 5/30

23. एष खलु हेमकूटो नाम किम्पुरुषपर्वतस्तपरूसंसिद्धिक्षेत्रम्। पश्य स्वायम्भुवान्मरीचेर्यः प्रबभूव प्रजापतिः । सुरासुरगुरुः सोऽत्र सपत्नीकस्तपस्यति ।। अभि.शा. 7/9 24

24. एतस्मिन् हेमकूट शिखरे ..............। विक्रमो. 1/5 से पूर्व ।

25. स निर्विश्य यथाकामं तटेष्वालीन चन्दनौ। स्तनाविव दिशस्तस्याः शैलौ मलयदर्दुरौ ।। रघु. 4/51

26. वही – 4/46–51 तक

27. पक्षच्छिदा गोत्रभिदात्तगन्धाः शरण्यमेनं शतशो महीध्राः । नृपा इवोपप्लविनः परेभ्यो धर्मोत्तरं मध्यममाश्रयन्ते।। वही, 13/7 तथा
मैनाकमम्भोनिधिबद्धसख्यम्। कुमारसम्भवम्, 1/20

28. स्निग्धच्छायातरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु। पू. मे. 1 29

29. लोहितायति कदाचिदातपे गन्धमादनवनं व्यगाहत। रघु. 8/28 तथा
पद्मभेदपिशुनाः सिषेविरे गन्धमादनवनान्त मारुताः। वही, 8/86

30. एतद गिरेर्माल्यवतः पुरस्तादाविर्भवत्यम्बरलेखि शृंगम्। वही, 13/26

31. पू.मे. 17, 18, 19

32. वाल्मीकिरामायणम्, बाल. 76/15, 20, 22)

33. स प्रतापं महेन्द्रस्य मूर्ध्नि तीक्ष्णं न्येवशयत् । अंकुशं द्विरदस्येव, यन्ता गंभीरवेदिनः ।।रघुवंशम्, 4/39

34. ताम्बूलीनां दलैस्तत्र रचिताऽऽपानभूमयः । नारिकेलासवं योधाः शात्रवं च पपुर्यशः ।। वही, 4/42

35. असौ महेन्द्राद्रिसमानसारः पतिर्महेन्द्रस्य महोदधेश्च। यस्य क्षरत्सैन्यगजच्छलेन यात्रासु यातीव मुरो महेन्द्रः।। वही, 6/54

36. मत्तेभरदनोत्कीर्णव्यक्तविक्रमलक्षणम्। त्रिकूटमेव तत्रोच्चैर्जयस्तम्भं चकार सः ।। रघुवंशम्, 4/59

37. अवकाशं किलोदवानरामायाभ्यर्थितो ददौ । अपरान्तमहीपालव्याजेन रघवे करम्।।वही, 4/58

38. यक्षश्चक्रेजनकतनयास्नानपुण्योदकेषु, स्निग्धच्छायातरुषुवसतिं रामगिर्याश्रमेषु। मेघदूतम्, पू.मे. 1

39. मार्गं तावच्छृणु कथयतस्त्वत्प्रयाणानुरूपं । वही ,13

40. स्थानादस्मात्सरसनिचुलादुत्पतोदङ्मुखः खम्। वही, 14

41. किंचित्पश्चाद् व्रज लघुगतिर्भूय एवोत्तारेणत्र वही, 16

42. रेवां द्रक्ष्यस्युपलविषमे विन्ध्यपादे विशीर्णां । वही, 20

43. संपत्स्यन्ते कतिपयदिनस्थायिहंसा दशार्णाः । वही, 25

44. रेवां द्रक्ष्यस्युपलविषमे विन्ध्यपादे विशीर्णां । वही, 20

45. संपत्स्यन्ते कतिपयदिनस्थायिहंसा दशार्णाः । वही, 25

46. रघुवंशम् 13/47

47. धारास्वनोद्गारिदरीमुखोऽसौ शृङ्गाग्रलग्नाम्बुदवप्रपङ्कः । बध्नाति मे बन्धुरगात्रि चक्षुर्दृप्तः ककुद्मानिव चित्रकूटः।। वही, 13/47

48. एषा प्रसन्नस्तिमितप्रवाहा सरिद्विदूरान्तरभावतन्वी। मन्दाकिनी भाति नगोपकण्ठे मुक्तावली कण्ठगतेव भूमेः।।वही,13/48

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# जनजातीय शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु शासकीय शैक्षणिक योजनायें: मध्यप्रदेश राज्य के संदर्भ में

**महेन्द्र प्रताप प्रजापति* डॉ. रामसिंह पटेल****

* शोधार्थी, महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, पं.मोतीलाल नेहरू विधि महाविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** शिक्षा के आधार पर एक सुदृण एवं विकसित समाज आकार लेता है। साथ ही शिक्षा हमें अपने कर्त्तव्यों एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करती है। शिक्षा से ही एक विकसित समाज के निर्माण का सपना सच हो सकता है। जनजातीय समुदाय को शिक्षा के लिए प्रोत्साहन हेतु शिक्षा में सुधार, सुनिश्चितता एवं गुणवत्तापूर्ण योजनाओं का क्रियान्यन भी किया जा रहा है।

**शब्द कुंजी –** हृदय प्रदेश, जनजातीय, योजनायें, प्रोत्साहन, वनवासी।

**प्रस्तावना –** मध्यप्रदेश को देश का हृदय प्रदेश कहा जाता है। मध्यप्रदेश को यह गौरव हासिल है कि यह देश की सर्वाधिक जनजातीय विविधताओं की वजह से मानव शास्त्रीय, सांस्कृतिक तथा शोधार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा है। मध्यप्रदेश का जनजातीय समुदाय अपनी विशिष्टताओं के बावजूद विकास की मुख्य धारा से लगभग अलग रहा, परन्तु अब यह स्थिति बदल रही है। आधुनिक समय के साथ कदमताल करते हुयें अपने संवैधानिक अधिकारों के साथ मुख्य धारा में है और शिक्षा इनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में है। 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश में जनजातीय जनसंख्या 1,53,16,784 है। जो राज्य की जनसंख्या का 21.1 प्रतिशत है, मध्यप्रदेश में कुल 43 जनजातीयॉ निवासरत है जिनमें गौड सबसे बडी जनजातीय है।

**जनजाति का अर्थ–**आज के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे मानव समूह निवास करते है जो आज भी सभ्यता और संस्कृति से अपरिचित है। जो सभ्य समाजों से दूर जंगल तथा पहाडी क्षेत्रों में निवास करते है, इन्हीं समूहों को आदिवासी, जनजाति, वनवासी आदि नामों से जाना जाता है।

**परिभाषा –डॉ. रिवर्स के अनुसार–**'जनजाति एक ऐसे प्रकार का समाजिक समूह है जिसके सदस्य एक सामान्य भाषा का प्रयोग करते है तथा युद्ध आदि सामान्य उद्देश्यों के लिए सम्मिलित रूप से कार्य करते है।'

**हॉबेल के अनुसार–**'एक जनजाति एक सामाजिक समूह का प्रतिनिधित्व करती है जो एक सामान्य भाषा बोलता है तथा एक संस्कृति विशेष में रहता है।'

**भारतीय संविधान के अनुच्छेद 366(25) के अनुसार–**अनुसूचित जनजातियों से ऐसी जनजातियां या जनजाति समुदाय अथवा ऐसी जनजातियों या जनजाति समुदायों के भाग या उनमें के युवा अभिप्रेत है जिन्हें संविधान के प्रयोजनों के लिए अनुच्छेद 342 के अधीन अनुसूचित जनजातियॉ समझा जाता है।

**आवास सहायता योजना–**ऐसे महाविद्यालयनीय विद्यार्थी, जिन्हें छात्रावास की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है, के लिये वर्ष 2013–14 से आवास सहायता योजना प्रारम्भ की गई। सम्भागीय मुख्यालय पर 2000/–रूपये प्रतिमाह जिला मुख्यालय पर 1250/–रूपये प्रतिमाह और विकासखण्ड/तहसील मुख्यालय पर 1000/– रूपये प्रतिमाह आवास सहायता प्रदान की जाती है।

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय–**वर्ष 2012–13 में प्रारम्भ की गयी योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को नि:शुल्क आवासीय व्यवस्था के साथ गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।

**गुरूकुलम्–**वर्ष 2017 से प्रारंभ की गई जनजातीय वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों हेतु सम्भाग मुख्यालय में उच्च गुणवत्ता वाली अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान करना तथा नियमित शिक्षा के साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में इन विद्यार्थियों को जीवन में सफलता हेतु योग्य बनाना। प्रत्येक विद्यालय कक्षा 6 से 12 तक संचालित होगा। 720 सीट पर प्रवेश दिया जा सकेगा। प्रत्येक कक्षा की 50 प्रतिशत सीट बालिका हेतु निर्धारित है। 4 सम्भागीय मुख्यालय भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं शहडोल में गुरूकुलम विद्यालय संचालित है।

**कन्या साक्षरता प्रोत्साहन योजना–**कन्याओं को शिक्षा हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से अनुसूचित जनजाति की सभी बालिकाओं को शिक्षा के प्रति रूचि बढाने के साथ–साथ अधिक से अधिक आगामी कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त करवाये जाने हेतु सभी बालिकाओं को जो कक्षा 10वी उत्तीर्ण होकर कक्षा 11वीं में प्रवेश करती है, उन्हें 3000/–रूपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

**विज्ञान एवं सामाजिक विषयों में प्रवेश हेतु प्रोत्साहन योजना–**कक्षा 10वीं में उत्तीर्ण अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं में विज्ञान संकाय में प्रवेश लेने हेतु 2000/– रूपये प्रोत्साहन योजना तथा कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करके बीएस.सी. भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान में प्रवेश लेने पर 3000/– रूपये प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया गया है।

**जूनियर छात्रावास एवं सीनियर छात्रावास-**वर्ष 01.01.1966 से प्रारंभ जूनियर छात्रावास जिसके अन्तर्गत कक्षा 6वी से 8वी तक छात्र/छात्राओं को नि:शुल्क आवास, भोजन की सुविधा उपलब्ध कराना एवं 01.01.1966 से ही प्रारंभ की गयी सीनियर छात्रावास योजना के अन्तर्गत कक्षा 9 वीं से 12 वी तक छात्र/छात्राओं को नि:शुल्क आवास, भोजन की सुविधा उपलब्ध कराना।

**राज्य छात्रवृत्ति कक्षा 01 से 10 तक-**वर्ष 01.01.72 से प्रारंभ यह योजना अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं को शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करना कक्षा 1 से 5 तक समस्त बालक एवं बालिकाओं को 250 रूपये (10 माह हेतु) कक्षा 6 से 8 तक बालक 200 रूपये एवं बालिकाओं को 600 रूपये (10 माह हेतु) छात्रवृत्ति दी जाती है। कक्षा 9 से 10 के लिए बालको को 600 रूपये (10 माह हेतु) एवं बालिकाओं को 1800 रूपये (10 माह हेतु) देय है।

**पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति-**यह छात्रवृत्ति कक्षा 11वीं , 12वीं एवं महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में स्नातक, परस्नातक, पीएच.डी. एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को प्रदाय की जाती है।

**अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं हेतु साईकिल प्रदाय योजना-**कन्याओं की सतत् शिक्षा एवं उच्च शाला में शाला त्याग की दर को कम करने के उद्देश्य से जनजाति की सभी बालिकाओं को कक्षा 10वीं के बाद उच्च कक्षा में शिक्षा निरन्तर रखने के लिए उच्चतर ,माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश लेने पर साईकिल प्रदाय योजना संचालित की जाती है, ऐसी जनजाति की बालिकायें जिन्हें शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 09वीं में साईकिल प्रदाय नहीं की गयी है, एवं जो कक्षा 11वीं में अध्ययन के लिए 02 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर आती है। उन्हें योजना का लाभ प्राप्त होगा।

**छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क गणवेश-**शासकीय विद्यालय में कक्षा 1 से 8 वी तक समस्त छात्र-छात्राओं को 600/-प्रति छात्र/छात्रा के मान से दो जोडी गणवेश हेतु राशि उपलब्ध कराई जाती है।

**आकांक्षा योजना-**यह योजना 1.1.2018 से प्रारम्भ की गयी। इसके अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों के माध्यम से इंदौर, जबलपुर, भोपाल एवं ग्वालियर संभाग मुख्यालय पर कोचिंग की यह योजना लागू की गई। प्रत्येक केन्द्र पर इन्जीनियरिंग के लिये 2000, मेडीकल 100 एवं क्लेट के 100 कुल 4000 विद्यार्थियों को कक्षा 11 वी और 12 वीं में अध्ययन के साथ-साथ आवासीय सुविधा युक्त दो वर्षीय कोचिंग प्रतिष्ठित संस्थाओं के माध्यम से दी जा रही है।

**मेधावी पुरूस्कार योजना-**रानी दुर्गावती एवं शंकरशाह पुरूस्कार योजना के स्थान पर वर्तमान में मेधावी पुरूस्कार योजना प्रारम्भ की गई। जिसके अन्तर्गत 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में प्रवीण्यता के आधार पर दिये जाते है। 10वीं के नियमित छात्र/छात्राओं को प्रथम 51,000/- द्वितीय 40000/-, तृतीय 30000/-, चतुर्थ 15000/-, पंचम 10000/-12 वीं के नियमित छात्र/छात्राओं को प्रथम 51000/-, द्वितीय 40000/-,तृतीय 30000/-,चतुर्थ 20000/- पंचम 15000/- दिये जाते है।

**परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र-**प्रदेश के 7 सम्भागीय मुख्यालयों क्रमश: (1)भोपाल(2) इंदौर(3)ग्वालियर(4)सागर(5)जबलपुर (6)रीवा(7) मुरैना पर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र संचालित है। जिसके माध्यम से प्रदेश के प्रतिभावान जनजातीय वर्ग के युवाओं का विभिन्न प्रतियोगी जैसे म.प्र. लोक सेवा आयोग, बैकिंग, रेल्वे, कर्मचारी चयन आयोग पी.ई.बी. द्वारा आयोजित एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवायी जाती है।

**सिविल सेवा में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहनयोजना-**म.प्र. लोक सेवा आयोग तथा संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारम्भिक, मुख्य एवं साक्षात्कार में सफल होने पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सफल होने वाले प्रतियोगियों को जिनके माता-पिता अभिभावक की वार्षिक आय 8 लाख रूपये से अधिक ना हो, प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर 20000/- रूपये, मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर 30,000/- रूपये , साक्षात्कार उपरांत सफल होने पर 25,000/- रूपये, अभ्यर्थी को केवल प्रथम बार सफलता प्राप्त होने पर प्रदान की जाती है। दूसरी बार सफलता प्राप्त करने पर अभ्यर्थी को उपरोक्त राशि की 50 प्रतिशत राशि दी जाती है। तीसरी बार सफल होने पर कोई लाभ प्रदान नहीं किया जाता है।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सफल होने वाले जनजातीय वर्ग के अभ्यार्थीयों को निम्नानुसार राशि प्रदान की जाती है। प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर 40,000/- रूपये, मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर 80,000/- रूपये तथा साक्षात्कार उपरांत सफल होने पर 50,000/- अखिल भारतीय सिविल सेवा में सफल अभ्यार्थियों के लिये आय सीमा का बंधन नहीं होता है।

**निष्कर्ष-**शासकीय योजनाओं का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजाति के बालक/बालिकाओं के शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व स्वास्थ्य संबंधी स्तर को ऊँचा उठाना तथा उन्हें समाज की मुख्य धारा में सम्मिलित करना है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जनजाति वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए शिक्षा प्रोत्साहन हेतु छात्रवृत्ति, आवासीय विद्यालय, गणवेश, पुस्तक, साईकिल योजना, छात्रावास योजना संचालित करती है , साथ ही साथ उच्च शिक्षा तथा परीक्षा पूर्व कोचिंग, विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने के लिये भी प्रोत्साहित करती है। वर्तमान में सम्पूर्ण योजनाओं का कम्प्यूटरीकरण किया जा चुका है, जिससे कम समय में लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा सके। जनजाति समुदाय में जागरूकता की कमी होने के कारण योजनाओं का लाभ पूर्ण रूप से नहीं पहुँच पाता । अत: योजनाओं के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सरकार के कंधो पर है। एक लोक कल्याणकारी राष्ट्र होने के कारण इसकी यह जिम्मेदारी भी बनती है।

**सुझाव:**

1. कम साक्षरता वाले जिलो में अनुसूचित जनजाति के बालक/बालिकाओं के लिए शिक्षा सुदृढ़ीकरण की योजना बनाना।
2. शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषत: जनजाति क्षेत्रों में शिक्षा स्तर के अन्तर को समाप्त करना।
3. राज्य द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी पंचायत स्तर तक विस्तत जानकारी प्रदान की जानी चाहिये।
4. राज्य द्वारा सचालित जनजातीय वर्ग की शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी का पर्याप्त प्रचार-प्रसार जनजातीय विभाग द्वारा किया जाना चाहियें।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. खेत्रपाल बी.एस., भारत का संविधान, खेत्रपाल पब्लिकेशन इंदौर , संस्करण 2012
2. पटेल प्रो.कमल किशोर, म.प्र. सामान्य ज्ञान, महावीर प्रकाशन इंदौर, संस्करण 2020
3. अनुसूचित जनजाति विकास पोर्टल, मध्यप्रदेश
4. जनसंपर्क विभाग पोर्टल, मध्यप्रदेश शासन
5. http://cmhelpline.mp.gov.in/Schmedetail
6. http://www.tribal.mp.gov.in
7. http://www.mpboard online.com/class/12-socialogy-hm
8. http://ncst.nic.in

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# आत्मनिर्भर भारत अभियान : आर्थिक परिवर्तन की शुरूआत

**डॉ. रश्मि चौहान***

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, कसरावद, जिला-खरगोन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** आत्मनिर्भर भारत अभियान के आशय पर विचार किया जाये तो इसका अर्थ है – दूसरो पर आश्रित होने के बजाय स्वयं पर निर्भर होना है। भारत मे यह शब्द 1905 मे प्रयोग किया गया। इस संबंध में लोगो से अपील की गई कि हमे अपने देश की बनी वस्तुओं को बडे स्तर पर बनाना है और उसका उपयोग करना है। जिसे स्वदेशी का नाम दिया गया। सर्वप्रथम महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाकर स्वदेशी वस्तुओ को प्रयोग करने के लिये सत्याग्रह किया। कोरोना काल मे प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी ने 12 मई 2020 को आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरूआत की। इसके लिये आर्थिक पैकेजो की घोषणा द्धारा उन्होने आत्मनिर्भरता की अवधारणा को लोगो के बीच रखा। आत्मनिर्भर अभियान भारत में आर्थिक परिवर्तन को नई उँचाईयो की तरफ ले जायेगा। फलस्वरूप भारत सशक्त एवं मजबूत होगा। प्रधानमंत्री ने इसके लिये एक नारा दिया 'लोकल फॉर वोकल' के माध्यम से अपने उत्पादों को वैश्विक धरातल प्रदान करने का प्रयास किया गया है, जो भविष्य में भारत के विकास में योगदान देगा। इस संन्दर्भ मे बी. परिमल का कथन यहॉ देखा जा सकता है– 'सभी जीवित प्राणियो की तीन मूलभूत जैविक आवश्यकताऐं है जिनकी पूर्ति व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से उसके जीवित रहने के लिये आवश्यक है। ये आवश्यकताएं भोजन, पुनरूत्पादन और संरक्षण की है। सभी जीव अपने जन्म से विशेष गुणो, कौशल से युक्त होते है जो उन्हे अपनी मूलभूत आवश्यकताओ की पूर्ति और स्वयं को वातावरण के अनुकूल रखने के योग्य बनाते है।' अत: आज आत्मनिर्भर भारत की शुरूआत भारत की आर्थिक परिवर्तन की तरफ लेकर आगे बढने का संकेत दे रही है।

**आत्मनिर्भर भारत अभियान के चरण –** आत्मनिर्भर भारत मिशन को दो चरणों में लागू किया जायेगा –पहले चरण में चिकित्सा एवं उससे जुडे क्षेत्र और इलेक्ट्रॉनिक, प्लास्टिक, एवं खिलौने जैसे क्षेत्रो को बडे स्तर पर प्रोत्साहित किया जायेगा। इसके लिये उचित बजट की व्यवस्था की जायेगी। विविध नीतियो का भी निर्माण कर उसका क्रियान्वयन किया जायेगा। दूसरे चरण में विविध रत्न आभूषण, फॉर्मा, एवं स्टील जैसे बडे क्षेत्रों को बडे पैमाने पर प्रोत्साहित किया जायेगा। इन क्षेत्रों मे उद्योगो की लगाने के लिये विशेष सुविधाएं दी जायेगी।

**आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिये आर्थिक पैकेज –** आत्मनिर्भर भारत अभियान को व्यवहारिक धरातल पर क्रियान्वित करने के लिये विशेष आर्थिक प्रोत्साहनो को सुनिश्चत किया गया है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगो के लिये विभिन्न क्रेडिट गारंटी योजनाओ के साथ–साथ सस्ते दर पर ऋण उपलब्ध कराने की बात कही गई है। जिसके अन्तर्गत बडे उद्योगो कारखानो के लगाने के भी समुचित व्यवस्था की गई है।

**निजी क्षेत्र को बढावा –** आत्मनिर्भर भारत अभियान का मुख्य ध्येय अंतिम व्यक्ति को भी अर्थात् प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिये शिक्षा, तकनीकी योग्यता आदि के आधार पर अधिक से अधिक लोगो को रोजगार प्राप्त हो सके। आत्मनिर्भर भारत अभियान की वैचारिकी के आत्मसात के तत्पश्चात् आमजन की सरकारी क्षेत्रों पर निर्भरता कम होगी। व्यक्ति अपने ज्ञान योग्यता और कौशल से अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत करने मे सक्षम होगा। परिणामस्वरूप निजी क्षेत्रो को बडे स्तर पर बढावा मिल सकता है।

**समान अवसर की उपलब्धता –** भारत के विभिन्न क्षेत्रो में आमजन को अवसर की उपलब्धता या रोजगार की बात की जाये तो निश्चित रूप से कहा जा सकता है समान अवसर की दिशा मे यह कोशों दूर है। लोगो को समान अवसर नही मिलते जिससे यह स्थिति सम्पूर्ण विश्व के में है। भारत की बात करे तो यहॉ की अधिकांश जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रही है। पर्याप्त ज्ञान एवं कौशलता के बावजूद उन्हे समान रूप से रोजगार प्राप्त नही होता है व्यवसाय के लिये धन, वातावरण, स्थान, बाजार, कच्चा माल वितरण आदि की सुविधा नही मिलती है। इन सब बातो को ध्यान मे रखकर आत्मनिर्भर भारत अभियान में सभी समस्याओ का समाधान किया गया है। दूसरे शब्दो मे कहे तो आम लोगो को उनकी शिक्षा एवं योग्यता के अनुसार ऋण की उपलब्धता, कच्चे माल की उपलब्धता, विपणन की व्यवस्था, कार्यक्षेत्र से संबंधित प्रशिक्षण आदि की सुविधा दी जा रही है अत: कहा जा सकता है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान द्धारा सभी को समान अवसर सुनिश्चित किये जा रहे है।

**परम्परागत रोजगारो का निर्माण –** भारत में परम्परागत रोजगार बडे पैमाने पर लगभग समाप्त हो चुके है। जैसे कुल्हड के स्थान पर प्लास्टिक एवं कागज के कप, पत्तो के पत्तल की जगह कागज एवं फाईवर की थॉलियॉ, ऐसे बहुत से उदाहरण हैं, जो हमारे परम्परागत रोजगार को समाप्त करने हेतु सहायक है, ये चीज हमारे पर्यावरण के लिये भी घातक है। आत्मनिर्भर भारत अभियान मे हमारे परम्परागत रोजगार को बढावा मिलेगा। परिणामस्वरूप परम्परागत वस्तुओ का तेजी से पुन: निर्माण होगा। वैसे कुछ परम्परागत रोजगारो के निर्माण के सृजन को देखा जा रहा है।

**क्षेत्रीय पहचान की पुन: स्थापना –** भारत की प्राचीनतम संस्कृति की पहचान विश्व धरातल पर रही है। किन्तु कुछ वर्षो से आधुनिकीकरण,

नगरीकरण, पश्चिमीकरण के कारण भारत की क्षेत्रीय पहचान कमजोर पडी है। लोग आधुनिक संस्थानो को बडे स्तर पर अपने जीवन का अंग बनाने लगे है। जिसके कारण हम अपने देश मे निर्माण होने वाली वस्तुओं पर आश्रित नहीं है, हमारे देश की पूँजी विदेश मे जा रही है। इन सबकों ध्यान मे रखते हुये भारत मे आत्मनिर्भर भारत अभियान की यात्रा को शुरू किया है। यह अभियान हमारे क्षेत्रीय पहचान को एक नई गति प्रदान करेगी, और पुन: क्षेत्रीय पहचान को एक बार पुन: स्थापित करेगी। साथ ही हमारी क्षेत्रीय पहचान विश्व स्तर पर भी स्थापित होगी, फलस्वरूप लोगो के आर्थिक स्तर पर भी सुधार होगा।

**बेरोजगारो की समस्या को दूर करने मे मदद –** भारत मे तेजी से बढती हुई बेरोजागारी को रोकने के लिये आत्मनिर्भर अभियान काफी हद तक मददगार साबित होगा। इस अभियान द्वारा कुशल लोगों को उनकी योग्यातानुसार काम मिलेगा और उनकी बेरोजगारी दूर होगी।

**गरीबी के स्तर मे कमी –** गरीबी भारत के साथ–साथ विश्व की समस्या है। गरीबी के कारण जनसंख्या का अधिकांश भाग अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति नही कर पाती है, अत: गरीबी के स्तर को देखे तो भारत मे गरीबी बहुत है लोगो को दो वक्त का खाना भी नसीब नही हो पाता है। भारत मे आत्मनिर्भर अभियान के द्वारा लोगो की क्षमता अनुसार एवं सामर्थ्य के अनुरूप कार्य प्रदान किया जायेगा। फलस्वरूस्प गरीबी से निजात पाने में मदद मिलेगी। वस्तुत: आत्मनिर्भर भारत अभियान, अभियान ही नही वरन जनसंख्या के एक बडे भाग को गरीबी के स्तर से बाहर निकलने का रास्ता भी है।

**राष्ट्र को मजबूती प्रदान होगी –** आत्मनिर्भर भारत अभियान से एक ओर राष्ट्र और लोगो को बडी संख्या मे रोजगार प्रदान होगा। दूसरी ओर राष्ट्र को भी मजबूती मिलेगी। 'लोकल फॉर वोकल' की विचारधारा को अपनाने के कारण हमारी निर्भरता दूसरे देशो पर कम होगी। इसके साथ ही राष्ट्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कोरोना काल मे देखे तो हमने मास्क, पीपीई किट, सेनेटाइजर आदि चीजो का बडे पैमाने पर उत्पादन किया है। वैक्सीन की बात करे तो दो वैक्सीनो को बनाकर भारत ने मिसाल कायम की है। यहॉ की बनी वैक्सीन को भारत ने दूसरे देशों में भी निर्यात किया है। इस प्रकार हम कह सकते है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान द्वारा लोगो को सशक्त बनाने के साथ हमारा राष्ट्र भी मजबूत हुआ है।

**विश्व गुरू बनाने मे सहायक –** पूर्व मे भारत सभी देशो का विश्व गुरू था क्योंकि हम अपनी प्रचीनतम संस्कृति पूज्य एवं मान्याओं के कारण दूसरे देशों मे अलग रहे है। वास्तव मे यह विचारधारा मानवतावाद को स्थापित करती है। भारत अनादि काल से ही मानवतावादी वैचारिकी से गतिमान रहा है। यहॉ के लोग स्वयं के लिये नही वरन वसुधैव कुटुम्बकम की वैचारिकी के साथ जीते है और वही वैचारिकी उन्हे विश्व गुरू के रूप में स्थापित करती है। आत्मनिर्भर भारत की वैचारिकी को लोग बडे स्तर पर आत्मसात कर रहे है। जिसके कारण आने वाले समय में हम प्रत्येक क्षेत्र मे समर्थ होगे। वास्तव मे यही समर्थता हमारे विश्व गुरू बनने के बडे सपने को एक बार पुन: साकार करेगीं

**शिक्षा के क्षेत्र मे सबकी भागीदारी –** शिक्षा एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिसमें व्यक्ति का सर्वागीण विकास होता है। शिक्षा के अभाव मे हम सर्वागीण विकास की कल्पना नही कर सकते है। शिक्षा के महत्व को वोटमोर इन शब्दो मे कहते है–'कि व्यापक अर्थो में शिक्षा बचपन से लेकर प्रौढवस्था तक सर्वाधिक नियंत्रण का एक महत्वपूर्ण साधन है।'

शिक्षा के क्षेत्र मे हम देखे तो इस क्षेत्र मे सम्पूर्ण भागीदारी अभी भी सुनिश्चित नही हो पाई है। यह स्थिति भारत की ही नही वरन दुनिया के कुछ देशों मे भी देखी जा सकती है। वैसे शिक्षा की भागीदारी मे गरीबी एक महत्वपूर्ण बाधक रही है। लेकिन आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से लोगो को काम प्रदान करके उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करना है। जिससे वे एवं उनके आश्रित अपनी शैक्षणिक जीवन की यात्रा को आगे बढा सके।

**गॉव, शहर ओर कस्वों सभी का साथ बाजार की ओर –** आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से जहॉ लोगो के स्वयं रोजगार होगे वहीं दूसरी ओर गॉव, शहर ओर कस्बा की यात्रा बाजार की तरफ आगे बढेगी। कहने का तात्पर्य यह कि गॉवो मे लोग अपने कौशल एवं कार्यक्षमता के आधार पर अपने रोजगार को यदि खडा करते है तो वहॉ भी एक प्रकार का बाजार खडा होगा। इस प्रकार हम कह सकते है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान की वैचारिकी को अपनाने के कारण हासिए पर पडे लोग अपने गॉव, शहर एवं कस्बे को बाजार की ओर ले जायेगे। आत्मनिर्भर भारत अभियान की वैचारिकी को आत्मसात करने के कारण आने वाले समय मे यह यात्रा और आगे बढेगी।

**परम्परागत बाजारो की पुन: स्थापना –** भारत मे आनादिकाल से परम्परागत बाजारो के स्वरूप को देखा जा सकता है। वैसे परम्परागत बाजारो के स्वरूप को भारत–भारत के साथ–साथ दुनिया के अधिकांश देशों मे भी देखा जा सकता है। बाजार की यात्रा के संबंध में हेरी. एम. जॉनसन कहते है– 'बाजार तब जन्म लेता है जब किसी वस्तु अथवा सेवा की पूर्ति करने वाले कई व्यक्ति हो और कई व्यक्ति अथव संगठन उस वस्तु अथवा सेवा को प्राप्त करना चाहते हों।'

परम्परागता बाजारो के अन्तर्गत ग्रामीण लोग स्वयं हस्तनिर्मित सामानो को लेकर एक निर्धारित, स्थान समय एवं दिन में उपस्थित होते है। जहॉ क्षेत्रीय लोगो के साथ–साथ शहरो से भी लोग वस्तुओ को खरीदने आते है। यहॉ तक की दूसरे देशो से भी लोग सामान खरीदने के लिये आते है। आज हम देखे की ऐसी स्थिति नही है। आधुनिकीकरण, नगरीकरण, पश्चिमीकरण, आदि के कारण बाजार खत्म हो चुके है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के द्वारा बाजारो की पुन: स्थापना होगी। हम परम्परागत वस्तुओ का निर्माण करके अपने परम्परागत बाजारो को स्थापित कर पायेगे। जिससे हमें वस्तुओ का उचित मूल्य प्राप्त होगा, और हमारी बेरोजगारी के साथ–साथ गरीबी दूर होगी और हम और हमारा राष्ट्र आर्थिक विकास के मार्ग पर आगे बढेगा।

निष्कर्षत: हम कह सकते है कि इस शोध– पत्र के अन्तर्गत आत्मनिर्भर भारत अभियान से संबंधित विविध पक्षो का तथ्यगत वर्णन किया गया है। यह शोध–पत्र अनुभवजन्य पद्धति पर आधारित है जिसके अन्तर्गत यह दिखलाने का प्रयास किया गया है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के बढते कदम से आधुनिक भारत मे संरचनात्मक परिवर्तन की एक नई यात्रा आगे बढी है, जैसे मानव सभ्यता की प्रारम्भिक यात्र आत्मनिर्भर रही है। किन्तु आधुनिकीकरण एवं पश्चिमीकरण की होड के कारण हम दूसरे पर निर्भर हो गये। आज पुन : हमारे देश ने आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का बीडा उठाया है। एक बार फिर भारत की परम्परागत शैली की पहचान वैश्विक स्तर पर बनी है। आत्मनिर्भर भारत की यात्रा भारत के प्रत्येक आमजन को सशक्त बनाने की यात्रा है। अपनी खोई पहचान को स्थापित

करने की यात्रा है। वास्तव में यह यात्रा आधुनिक भारत मे आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करने की यात्राा है, जो भविष्य के भारत का निर्माण करेगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. परिमल बी (1999) :- समाजशास्त्र- सामाजिक अंत: क्रियाओं का अध्ययन, जवाहर पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रव्यूटर्स नई दिल्ली, पृ0 526।
2. वोटोमॉर टी.वी (2004) समाजशास्त्र अनुवाद गोपाल प्रधान प्रकाशक, ग्रन्थ शिल्पी इंडिया प्रा0 लि0 दिल्ली पृ0 251।
3. जॉनसन हैरी एम0 अनुवाद योगेश अटल(2004) समाजशास्त्र एक विधिवत विवेचन, प्रकाशक कल्याणी पब्लिशर्स नई दिल्ली पृ0-249।
4. रावत हरिकृष्ण (2001)-समाजशास्त्र विश्वकोष रावत पब्लिकेशन्स जयपुर एवं नई दिल्ली।
5. सिह जे0 पी0 (2013)- समाजशास्त्र अवधारणाएं एवं सिद्धांत पी.एच.आई लर्निका प्रायवेट लिमिटेड दिल्ली।


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# कबीर के दर्शन में राम का स्वरूप

**दशरथ आर्य** *

* सहायक प्राध्यापक (दर्शनशास्त्र) राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर, (म.प्र.)भारत

**प्रस्तावना –** कबीर का जन्म ऐसे समय में हुआ जब समाज में अंधविश्वास, आडंबर, रूढ़िवादिता का बोलबाला था। कबीर पढ़े लिखे तो नहीं थे फिर भी उन्होंने जो कुछ ज्ञान संचय किया वह सब सत्संग और आत्मानुभव से किया था। कबीर का तत्वज्ञान दार्शनिक ग्रंथो के अध्ययन का फल नहीं है बल्कि वह उनकी अनुभूति और सारग्राहिता का प्रसाद है। इन्होंने कोई दार्शनिक मत तो प्रस्तुत नहीं किया परंतु इन्होंने ब्रह्म, जीव, जगत, माया आदि पर जो विचार प्रस्तुत किए हैं उसी से इनके दार्शनिक विचारों का मूल्यांकन किया जा सकता है। कबीर एक युग दृष्टा कवि ही नहीं थे बल्कि आपके व्यक्तित्व में एक धर्मनिष्ठ साधक और कर्मनिष्ठ समाज सुधारक भी विद्यमान था। कबीर निर्गुण ब्रह्म के उपासक थे जिसे उन्होंने राम,मोहन, केशव, हरि,रहीम, गोविंद, निरंजन, नारायण, गोपाल, नरहरि, मुरारी, अल्लाह आदि अनेक नामों से संबोधित किया।

**कबीर के अनुसार राम का स्वरूप –** कबीर के पहले और बाद में राम भक्ति की एक परंपरा मिलती है। वाल्मीकि से लेकर तुलसी और आधुनिक काल में निराला की कविताओं में राम की गूंज मिलती है।परंतु कबीर के राम अवतारी राम नही है, पुराण प्रतिपादित राम नहीं है, दशरथी राम नहीं है बल्कि कबीर के राम तो अगम, अगोचरऔर अविनाशी है।कबीर अपने राम के विषय में कहते है–

**'दशरथ सुत तिहुँ लोक बखाना,**
**राम नाम का मरम है आना।'**

कबीर ने अव्यक्तअनिर्वचनीय निराकार ब्रह्म को 'राम' नाम से अधिक संबोधित किया है अर्थात राम नाम से तात्पर्य कबीर का निर्गुण ब्रह्म से है। कबीर ने कहा है–

**'निरगुण राम निरगुण राम जपहुं रे भाई'**

कबीर ने निर्गुण ब्रह्म की उपासना की है।इन्होंने निर्गुण ब्रह्म के लिए 'राम' नाम का प्रयोग किया है।ऐसा कहा जाता हैं कि ब्रह्ममुहूर्त में घाट पर सोए कबीर पर रामानंदजी के पैर पड़े तो उन्होंने कहा – 'राम राम' कहा। रामानंदजी के इसी कथन को कबीर ने गुरुमंत्र मान लिया और राम की भक्ति करने लगे।

कबीर के राम अवतारी राम नहीं है। कबीर ने अपने उपास्य राम को निर्गुण माना है जो जन्म मरण से परे है तथा यौनिज मनुष्य की भांति सत, रज, तम गुणों में बंधता नहीं है। कबीर अपने राम का निर्माण मौलिक रूप से विभिन्न घटकों के संयोजन से करते है।सिर्फ हममें परखने दृष्टि और सहने की मानसिक क्षमता होनी चाहिए। अपने भगवान के साथ मानवीय संबंध की कल्पना करना बहुत कठिन है, फिर भी कबीर अपने राम के साथ भाव रूप में मानवीय संबंध स्थापित करते है। कबीर अपने उपास्य राम को माता, पिता, भरतार के रूप में देखते है और कहते है –

**'हरि जननी मैं बालिक तेरा।'**
**'बाप राम राया अबहूँ सरन तिहारी।'**
**'हरि मेरा पीव मैं हरि की बहुरिया'**

कबीर अपने राम के साथ मधुर संबंधों की स्थापना करते हैं और वे दांपत्य प्रेम पद्धति का सहारा लेते हैं। वह स्वयं को राम की प्रेमिका मानते हुए कहते हैं कि –

**'बालम आउ हमारे गेह रे।**
**तुम बिन दुखिया देह रे।'**

कबीर स्वयं को राम का कुत्ता बताते हुए कहते है –

**'कबीर कुता राम का, मुतिया मेरा नाऊँ।**
**गलै राम की जेवड़ी, जित खैंचे तित जाऊँ।।'**

कबीर राम को अपने शरीर के भीतर बताते हुए कहते है कि उसे मन्दिर मस्जिद में ढूंढने की जरूरत नहीं है।

**'मोको कहाँ ढूढें बंदे, मैं तो तेरे पास में।**
**ना मैं देवल ना मैं मसजिद, ना काबे कैलास में।।'**

उन्होंने राम को सबके भीतर बताया ताकि

1. भक्ति में मूर्तिपूजा, बाह्चार और पंडित रूपी बिचौलिए से व्यक्ति बचा रहे।
2. चूंकि सभी के भीतर एक ही राम है इसलिए सभी मानव समान है।

कबीर उस राम को महत्वपूर्ण नहीं मानते जो खुद तो मंदिर में सोता है और व्यक्ति को समाज निरपेक्ष होकर भक्ति करना सिखाता है। वह पत्थर की मूर्ति के सिवा कुछ नहीं। उनके अनुसार पत्थर की मूर्ति से महत्वपूर्ण तो चक्की है जिससे अनाज पीसकर व्यक्ति खाता है। निर्गुण भक्तो के यहाँ काम महत्वपूर्ण है और कबीर के राम उन्हें काम करने की प्रेरणा देते है। मूर्तिपूजा का विरोध और श्रम की महत्ता बताते हुए कबीर कहते है–

**'पाहन पूजै हरि मिले तो मैं पूजूँ पहार।**
**चाकी क्यों नहीं पूजिए पीस खाए संसार।'**

कबीर के लिए राममय होने का अर्थ है – प्रेममय होना। कबीर रामभक्ति की श्रेणी नहीं बनाते है।वे कहते है जिसके भीतर राम है कबीर उसके पैर की धुल है–

**'जिहिं घटि राम रहे भरपूरि,**
**ताकि मैं चरनन की धूरि।'**

राम के विषय में कबीर ने जो विचार व्यक्त किए हैं वे उनकी स्वानुभूति

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

का परिणाम है। उन्होंने जो कुछ भी कहा वह बुद्धि और हृदय के योग से कहा। राम के साक्षात्कार का वर्णन करते हुए वे कहते हैं –

**'लाली मेरे लाल की जित देखु तित लाल।**
**लाली देखन मैं गई, मैं भी हो गईलाल।'**

अद्वैतानुभूति को अभिव्यक्त करते हुए वे कहते हैं –

**'कस्तूरि कुंडल बसे,मृग ढूंढे बन माहिं**
**ऐसे घट घट राम हैं, दुनियाँ देखत नाहिं।'**

कबीर कहते हैं कि राम कस्तूरी की सुगंध के समान सूक्ष्म है और हर किसी के अंतर में उसका निवास है पर अज्ञानी मनुष्य वनों और गुफाओं रूपी इस संसार में उनकी तलाश कर रहा है। राम जब प्रत्येक के अंतर में निवास कर रहा है तो उन्हें मंदिर, मस्जिद आदि बाहरी स्थानों में ढूंढने की क्या आवश्यकता है।

कबीर के राम अगम, अगोचर, अविनाशी, अरूप, अनाम, निराकार और निरंजन हैं। वह तेजोमय है। राम लोकातीत है फिर भी वह लोक में सर्वत्र व्याप्त है। घट घट में उनका निवास है तथा बाहर प्रकृति में भी हर ओर उनका ही प्रतिबिंब है।राम सबके अंदर हैं तथा सब राम के अंदर हैं, बिल्कुल सागर में डूबे घड़े के समान –

**'जल में कुंभ कुंभ में जल है बाहरि भीतरि पानी।**
**फूटा कुंभ जल जलहि समाना, यह ततकथौ गियानी।'**

कबीर कहते हैं राम तो घट घट वासी हैं फिर भी मूर्ख लोग उन्हें बाहर खोजते हैं। आत्मज्ञान से ही वह मिलते हैं, तीर्थ व्रत से नहीं। वे कहते हैं–

**'पानी बीच मीन पियासी।**
**मोहि सुन सुन आवै हाँसी।'**

कबीर कहते हैं राम ही सत्य है। वह सबसे परे है वह शून्य में स्थित है और जो निरीह भक्त हैं वही उसे प्राप्त कर सकता है।कबीर ने राम की शक्ति और स्वरूप को अनिर्वचनीय कहा है। वह रहस्यमय है, उसकी शक्ति अपार है। राम को पाना बहुत ही कठिन है। उसे पाने के लिए साधक को अपने विवेक से साधना पद्धति चुनकर उस पर चलना होगा।

**'करता की गति अगम है, तू चल अपणें उनमान।**
**धीरैं–धीरैं पाँव दे, पहुँचेंगे परवान।'**

कबीर कहते हैं कि मैं राम को खोजते खोजते राममय हो गया हूं। स्वयं राम ने आकर स्वयं को मुझ से एकाकार कर लिया है। अब दोनों की पृथक सत्ता नहीं रह गई हैं।

**'हेरत – हेरत है सखी, रहा कबीर हिराइ।**
**समंद समाना बूंद में, सो कत हेर्या जाई।'**

कबीर कहते हैं कि ब्रह्मा ही इस जगत का एकमात्र कारण है और आत्मा से अभिन्न है।बीज का ही परिणत रूप यह जगत है। जिस प्रकार वह समस्त आकाश महाकाश में ही वर्तमान है उसी प्रकार जो कुछ भी अनंत प्रकार की वस्तुएं दिख रही है वह ब्रह्म का ही अंग है।

**'साधौ, ब्रह्म अलख लखाया, जब आप आप दरसाया।**
**बीज–मध्द ज्यों बृच्छा दरसै, बृच्छा मद्धे छाया।'**

कबीर कहते हैं की जगत असत्य है राम सत्य है। सत्य अर्थात जो रह सके। जिसमें सदैव रहने की प्रकृति या गुण हो। किसी ने कबीर से पूछा यह सत्य राम कैसे हैं? तो कबीर ने बताया मैं कुछ नहीं कह सकता। मारी कहूं तो डर लगता है और इसका कहूं तो झूठा होगा। मैंने कभी देखा नहीं अपनी आंखों से, मैं राम को क्या जानू।

**'मारी कहौत बहु डरौं, हलका कहौं तो झूठ।**
**मैं का जाणों रा कूं, आंखिन कबहुन दीख।'**

राम को कबीरने वन वन ढूंढा लेकिन नहीं मिले।हाँ राम जैसे मनुष्य मिले, कबीर के यही मनुष्य काम आए।

**'कबीर बन बन में फिरा कारणी अपने राम।**
**राम सरीखे जन मिले तिन सारे सब काम।'**

कबीर के दर्शन में श्रमिक संस्कृति का वर्णन हुआ है। वे श्रम करते हुए राम का नाम लेने में विश्वास करते हैं।कबीर के राम इधर उधर भगवान की खोज करने वालों को नहीं मिलते। उनके राम को निस्पृह, निश्छल प्रेम से ही पाया जा सकता है।

कबीर स्पष्ट रूप से कहते हैं कि राम सारे संसार में व्याप्त है। कबीर के राम का रूप अपार महिमाशाली है।उसकी शक्ति, प्रकाश तथा रुप स्वरुप तक कोई नहीं पहुंच सकता। हजारी प्रसाद द्विवेदी जी ने कहा था कि कबीर के निर्गुण राम का मतलब गुणहीन होना नहीं है बल्कि गुणातीत होना हैं।

**निष्कर्ष –** कबीर के राम राजा न हो, लोकनायक न हो लेकिन वह निर्गुण होते हुए भी सामाजिक मानवीय गुणों के प्रतीक स्रोत एवं समुच्चय हैं।कबीर के राम लोक में समाए जरूर है लेकिन निराकार है। कबीर की रामभक्ति सिर्फ आध्यात्मिक जगत की नहीं हैद्य उनकी भक्ति में सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक निहितार्थ छिपे हुए है। कबीर के दर्शन में राम रचे बसे है। कबीर से बड़ा रामभक्त कौन हो सकता है।कबीर अपने राम के माध्यम से मानव में आध्यात्मिक उत्कर्ष नहीं चाहते है।उनके लिए समाज मे मनुष्यत्व का जागरण ज्यादा महत्वपूर्ण है।कबीर अपने राम के माध्यम से ऐसा सतयुग लाना चाहते है जहाँ एक मनुष्य दूसरे मनुष्य से मनुष्य की हैसियत से मिले।

**सन्दर्भ ग्रंथ सूची: –**

1 दास, श्यामसुन्दर (2018), कबीर ग्रंथावली, आमेगा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली।
2 वंशी, बलदेव (2013), संतों का संसार, अमन प्रकाशन, कानपुर।
3 दूहन, लालचन्द 'जिज्ञासु' (2008), कबीर वाणी अमृत सन्देश मनोज पब्लिकेशन्स, दिल्ली।
4 यादव, बी.पी. (1979), कबीर काव्य के स्त्रोत, अनुपम प्रकाशन, पटना।
5 द्विवेदी, एच.पी. (2000), कबीर, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# स्वामी विवेकानंद की शैक्षिक विचारधारा का अध्ययन

**डॉ. विजया थोटेकर***

* सहायक प्राध्यापक (शिक्षा संकाय) राजीव गाँधी महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** प्रस्तुत शोध पत्र 'स्वामी विवेकानंद की शैक्षिक विचार धारा का अध्ययन' का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के शैक्षिक विचारों के आधार पर उनके शिक्षा दर्शन को सुव्यवस्थित करने ओर उनके दर्शन के प्रयोगात्मक आधार पर शिक्षा का अर्थ उद्देश्य प्रणालियाँ आदि की मीमांसा प्रस्तुत करने के लिये नियोजित किया है। प्रस्तुत शोध पत्र में ऐतिहासिक व वर्णनात्मक अनुसंधान विधि को आधार बनाया गया है तथा प्राथमिक एवं द्वितीयक स्त्रोतों के द्वारा निष्कर्ष निकाले गये हैं। स्वामी विवेकानंद भारत की महान आत्मा थे जिनके प्रति वर्तमान पीढी ऋणी है और भावी पीढी सदैव ऋणी रहेगी। स्वामी जी की शिक्षा में परम्परा, आधुनिकता, पूर्व –पश्चिम आध्यमिकता तथा वैज्ञानिकता का सामंजस्य एवं समन्वय विशेष उल्लेखनीय है। इस शिक्षा के द्वारा उन्होंने समाज सेवा एवं जनशिक्षा, आध्यात्मिक एवं धार्मिक पुनरूत्थान वजागृति को प्रमुख ध्येय माना है। निष्कर्ष में पाया कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों और स्तरों पर आज जो अंधकार एवं निराशा हमें घेरे हुए है, उसमें आशा की किरण शिक्षा संस्थाओं तथा शिक्षकों से ही प्राप्त ही सकती है। समाज में भविष्य का निर्माण करने वाले अध्यापकों को सुमुचित सम्मान देना होगा। स्वामी जी का दर्शन बहुआयामी है। आधुनिक शिक्षा को औचित्यपूर्ण बनाने के लिए स्वामी विवेकानंद के शैक्षिक विचारों का अमूल्य योगदान है।

**शब्द कुंजी –** स्वामी विवेकानंद, शैक्षिक विचार, शिक्षा प्रणाली।

**प्रस्तावना –**शिक्षा जीवन का आधार है बिना शिक्षा प्राप्त किये मनुष्य की स्थिति पशुवत होती है अत: स्वामी जी ने शिक्षा को मनुष्य जीवन का सबसे अहम हिस्सा माना है। स्वामी जी ने शिक्षा को व्यक्ति का आत्मविश्वास व व्यक्तिगत विकास का एक रूप माना है शिक्षा को आत्म विकास की प्रक्रिया माना है। बालक स्वयं अपने को शिक्षित करता है विवेकानंद के शब्दो में 'जिस तरह आप एक पौधा नही उगा सकते उसी तरह आप किसी बालक को शिक्षा नहीं दे सकते पौधा स्वयं अपनी पृक्रति को विकसित करता है।' परन्तु क्या इसका अर्थ यह है कि शिक्षा में शिक्षक का कोई महत्व नही है ? शिक्षा की प्रकिया में शिक्षक का महत्व बालक के आत्म विकास के मार्ग की बाधाओं को दूर करने में है। अत: स्वामी जी शिक्षा में किसी प्रकार का दबाव न चाहते हुए बालक के जीवन में स्वतंत्र शिक्षा दर्शन व्यवधान चाहते हैं।

स्वामी विवेकानंद शिक्षा में निरंतर परिवर्तन के पक्षधर थे और मनुष्य की आंतरिक प्रतिभा को उभारने पर जोर देते थे। उन्होंने कहा था विद्यार्थी की आवश्यकता के अनुसार शिक्षा में परिवर्तन होना चाहिए। उनकी शिक्षा प्रणाली भारत की दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपरा के अनुरूप थी वे स्वदेशी के जबर्दस्त हिमायती थे और पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण के विरूद्ध थे जहॉ उन्होनें एक और भारत को पाश्चात्य विज्ञान और प्रवृत्तिवाद अपनाने के लिए कहा, उन्होनें दूसरी और ब्रहाचर्य और आध्यात्म के प्राचीन आदर्शो को शिक्षा में सबसे प्रमुख स्थान दिया है।

डॉ. आर.एस. मनी के शब्दों में –'उनके जीवन का लक्ष्य इस बात का प्रचार करना था कि लोगों में श्रद्धा तथा मानसिक चेतना का विकास हो वे आत्मा का ज्ञान प्राप्त करे तथा अपने जीवन को दूसरों की भलाई के लिये त्याग दे। यही थी उनकी इच्छा तथा आर्शीवाद।'

**अध्ययन की आवश्यकता :–** भारत की वर्तमान शिक्षा–प्रणाली अंग्रेजों द्वारा आरोपित एक विदेशी शिक्षा प्रणाली है। आज इस बात की आवश्यकता है कि यदि हम वास्तविक अर्थो में भारतीय नागरिक चाहते हैं तो प्रचलित शिक्षा पद्धति की समीक्षा करके उसका उन्मूलन करना तथा एक ऐसी शिक्षा प्रणाली को विकसित करना होगा जिसका आधार भारतीय संस्कृति हो। यदि भावी नागरिकों में भारतीयता तथा राष्ट्रीयता के गुणों को विकसित करना है तो वर्तमान शिक्षा पद्धति में परिवर्तन अनिवार्य है। आज चारों दिशाओं से भारतीय चिंतक व शिक्षाविद भारतीयकरण की मांग कर रहे है तथा समय की भी यही माँग है।

**अध्ययन का महत्व–** आज का युग ज्ञान के विस्फोट का युग है। विष्व में ज्ञान विज्ञान का प्रसार तीव्र गति से हो रहा है। अत: पश्चिमी और पूर्वी विद्धानों की दार्शनिक विचारधारा पर आधारित शिक्षा दर्शन का विकास करना आज के युग की महती आवश्यकता है। स्वामी विवेकानंद भारत के ऐसे दार्शनिक है जिन्होने शिक्षा को नवीन व्याख्या प्रदान की। इस प्रकार स्वामी विवेकानंद तथा अन्य विचारकों एवं विद्वानों के संबंध में शैक्षिक अध्ययन उन व्यक्तियों के लिये मूल्यवान, महत्वपूर्ण एवं उपादेय होगे जिन्हे वर्तमान तथा भविष्य में अपने देश अथवा विश्व की व्यवस्था के निर्माण का दायित्व ग्रहण करना है।

**अध्ययन का उद्देश्य :**

1. स्वामी विवेकानंद जी द्वारा प्रतिपादित शिक्षा के उददे्ष्यों पर उध्ययन।
2. शिक्षा शास्त्री के रूप में स्वामी जी के विचारों का अध्ययन करना।

**अध्ययन विधि:–** प्रस्तुत अध्ययन की प्रकृति दार्शनिक है। इसका मुख्य आधार शैक्षिक विचार तथा साहित्य है। अध्ययन विधि को अधिक उपयोगी बनाने के लिये इसमें शिक्षा विधियों के साथ–साथ स्थानीय दशाओं के आधार पर प्राप्त अधिकतम साहित्य का उपयोग करने का प्रयास किया

गया है। इसके साथ-साथ ऐतिहासिक व वर्णात्मक विधि का भी उपयोग किया गया है। वर्तमान शिक्षा पंति को प्रकाशित करने के लिये ऐतिहासिक अनुसंधान विधि को अपनाया है।

**जीवन-वृतान्त –** महान हिन्दु सन्यासी स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 ई. में कलकत्ता के एक प्रमुख दत्त परिवार में हुआ। ये कुशाग्र बुद्धि वाले तथा परिश्रमशील तथा निर्भयता की दृष्टि में अन्य बालकों से अलग थे। स्वामी जी ने शिक्षा प्राप्ति के साथ-साथ ईश्वरीय ज्ञान प्राप्ति को भी अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया था। इनकी माता का नाम भुवनेश्वरी देवी एवं पिता का नाम विश्वनाथ दत्त था। माता ने पुत्र का नाम वीरेश्वर रखा किन्तु घर में नरेन्द्र दत्त के नाम से इन्हे संबोधित किया जाता था। नरेन्द्र का स्वभाव बचपन से ही निर्भीक, प्रतिभाशाली एवं तेजस्वी था, नरेन्द्र को कोई भी किताब एक बार पढ लेने पर कंठस्थ हो जाती थी। उनमें असाधारण प्रतिभा के साथ-साथ विलक्षण स्मरण शक्ति भी थी। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने इन्हें विवेकानंद नाम दिया। रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद के गुरू थे। सन् 1893 में शिकागो में हुई विश्व-धर्म सम्मेलन में हिन्दु धर्म का बडी पाटुता के साथ समर्थन किया भारत में इन्होनें रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जिसका मुख्य उद्देश्य लोकसेवा जनसेवा व समाज कल्याण करना था।

**वर्तमान शोध अध्ययन के निष्कर्ष–** स्वामी विवेकानंद के विचार आज की भारतीय शैक्षिक परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक है। स्वामी जी का दर्शन बहुआयामी है। जिसमें मानव जीवन के अनेक पहलुओं पर विचार करते हुए उसके शैक्षणिक क्षेत्र की विवेचना की गई है। भारत ने दीर्घकालीन परतंत्रता की श्रृंखलाओं को तोडकर स्वतंत्र वातावरण में जब अपनी श्वास ली तब यह आवश्यक हो गया था कि उस सामाजिक परिवर्तन के दौर में शिक्षा व्यवस्था में भी अपेक्षित परिवर्तन लाये जायें अर्थात् भौतिक मूल्यों तथा आध्यात्मिक मूल्यों के मध्य संतुलन स्थापित किया जाये और इस समन्वय तथा संतुलन के आधार पर शिक्षा के उद्देश्यो को स्पष्ट किया जाये, तथा राष्ट्रवाद को अंतराष्ट्रीयवाद का सहयोगी बनाया जाये। इस समस्त विचारों की पृष्ठभूमि में स्वामी विवेकानंद की शिक्षा दर्शन का विकास हुआ। इनकी दृष्टि में समाज के नव निर्माण का कार्य आध्यात्मिक मूल्यों के द्वारा ही संभव है। स्वामी विवेकानंद ने अपने शैक्षिक विचार अपने विभिन्न भाषणों तथा रचनाओं में अभिव्यक्त किये हैं।

आधुनिक शैक्षिक संदर्भ में स्वामी विवेकानंद के शिक्षा दर्शन की महान उपयोगिता है। इसमें ऐसे शैक्षिक सिद्धांतों, मान्यताओं तथा अवधारणाओं का समायोजन मिलता है। जिसके आधार पर इसे आधुनिक भारत की शैक्षिक आवश्यकताओं के संदर्भ में एक सजीव शिक्षा दर्शन कहा जा सकता है तथा इसकी उपयोगिता भविष्य में भी अक्षुण रहेगी।

**भावी शोध हेतु सुझाव –** वर्तमान अध्ययन में स्वामी विवेकानंद को महान शिक्षा दार्शनिक के रूप में प्रस्तुत किया है। समय एवं साधन की सीमाओं के कारण यह अध्ययन सीमित है। अत: स्वामी विवेकानंद के शिक्षा संबंधी विचारों का ओर अधिक अध्ययन होना चाहिए।

आधुनिक युग में भारतीय शिक्षा तथा पाश्चात्य शिक्षा शास्त्रियों में ऐसे बहुत से विचारक हैं। जिनके साथ स्वामी विवेकानंद के शिक्षा दर्शन का तुलनात्मक अध्ययन करने पर शिक्षा क्षेत्र में शोध कार्य हेतु नये आयामों की प्राप्ति हो सकती है। भारत के आधुनिक युग के प्रसिद्ध शिक्षा दार्शनिक जैसे-डॉ. राधाकृष्णन, अरविंद घोष, रवीन्द्र नाथ टैगोर, महात्मागॉधी तथा विनोबा भावे आदि के नाम इस दृष्टि से विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसी प्रकार प्लेटों आदि आदर्शवादी शिक्षा विचारकों के साथ स्वामी विवेकानंद के शैक्षिक विचारों का तुलनात्मक अध्ययन किया जा सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में तुलनात्मक अध्ययन उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. डॉ. अस्थाना गीता एवं पाण्डा अनिल कुमार (2009),'साहित्य रत्नालय कानपुर', पेज नं. 234-239.
2. मजूमदार, सत्येन्द्रनाथ (1999), विवेकानंद चरित रामकृष्ण मठ, रामकृष्ण आश्रम मार्ग, धन्तोली नागपुर.
3. विवेकानंद स्वामी (2013), रामकृष्ण मठ, नागपुर, पेज नं. 67.
4. विवेकानंद स्वामी (2012), आंकाक्षा प्रकाशन, दिल्ली, पेज नं. 58-60.
5. विवेकानंद स्वामी (2013) रामकृष्ण मठ, नागपुर, पेज नं. 44-47.

**वेबसाइट :-**

1. www.eric.ed.gov
2. www.enwikipedia.org/wiki
3. www.google.co.in

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# Evaluation of Vermitechnology Versus Chemical Fertilizer & Its Response on Growth and Yield of Radish

**Hritika Saini*  Prof. (Dr.) Sunita Agarwal****

***Ph.D. Scholar, P.G. Department of Home Science University of Rajasthan, Jaipur (Raj.) INDIA**
**** Professor, P.G. Department of Home Science University of Rajasthan, Jaipur (Raj.) INDIA**

**Abstract -** Plant growth is influenced by nutrients and growth media. Farmers today employ large amounts of artificial fertilisers and pesticides to increase the yield of diverse field crops. These chemical fertilisers and insecticides reduced soil fertility and harmed customers' health. Because of the negative impacts of artificial fertilisers, interest in organic manures has grown. Vermitechnology benefits plant health, growth, soil fertility, plant production, and human health by producing more nutritious and safe food. Vermitech approaches, such as vermicomposting, vermiconservationvermiculture, vermiwash, vetmitea, and others, are gaining popularity as nutrient supply and pesticide properties alternatives to standard agricultural practises.Vermiwash, a widely used application of vermitechnology, is the wash of the earthworm's celomic fluid and the watery extract of the bedding materials containing significant amounts of macro and micronutrients, natural growth hormones, beneficial microbes, vitamins, amino acids and nematicidal properties There are many reports of PGR (Plant Growth Regulatory) activity in vermiwash.For this experiment 25 pots were selected to grow radish plant. 5 treatments which were applied in the experiment were namely,T1vermiwash, T2 vermitea,T3 vermicompost, T4 chemical fertilizer and T5 control. Per treatment 5 pots were use. Vermiwash and vermitea were prepared by the investigator and vermicompost and chemical fertilizer were purchased from the market. The results also advocate that vermiwash, vermitea and vermicompost positively influence growth, yield, quality. The maximum fruit weight were recorded in vermiwash, followed by Vermicompost and vermitea fertilized plant. Vermiwash, vermitea and vermicompost were found significantly superior for number of leaves, maximum fruit diameter and maximum fruit weight over chemical fertilizer and control. Vermitechnology treated plants produced fruit containing significantly higher amount of vitamin C and Calcium content in radish (leaves). Soil treated with vermiwash, vermitea and vermicompost were found better in ph, organic carbon, available phosphorus and potassium.
**Keywords-** Vermitechnology, Vermiwash, Vermitea, vermicompost.

**Introduction -** In the twentieth century, now-standard agronomic practices such as frequent mechanical tillage and copious chemical fertilizer and pesticide treatments supplanted traditional practices such as cover crops and various crop rotations. Since the 1940s, mainstream agronomic research has mostly concentrated on increasing agricultural yields, increasing crop protein content, and using chemicals to manage pests. However, new acknowledgment of the importance of soil life in determining crop nutrient density raises concerns about whether now-standard practices have unwittingly depleted crops of micronutrients and phytochemicals crucial for human health. Farmers and natural philosophers have long been concerned about soil erosion and degradation of soil fertility, with efforts to improve soils in the United States dating back to colonial times and drawing on practices independently adopted by indigenous peoples around the world. Soil fertility has developed from a divinely gifted boon to an intrinsic property imposed by climate and geology, with contingent components subject to dramatic alteration through farming practices and soil husbandry. The traditional notion of crop mineral nutrition has lately been reframed around physiologically mediated plant-soil interactions.

भोपाल जिला पंचायत भी स्थायी कृषि और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल रही है। 'मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना' कृषि उपकरणों की खरीद और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। सामूहिक खेती और कृषि उपज के विपणन को बढ़ावा देने के लिए पंचायत ने कई किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की भी स्थापना की है।

इन पहलों के अलावा, भोपाल जिला पंचायत ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और सेवाओं के प्रावधान में भी शामिल रही है। 'मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए धान प्रदान करती है, जबकि 'मुख्यमंत्री ग्रामीण जल योजना' का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है।

**ग्रामीण विकास में क्षेत्रीय पंचायतों का आधार:** प्रस्तुत शोध पत्र भारत में क्षेत्रीय पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण विकास के कई बुनियादी सिद्धांतों पर प्रकाश डालता है। इन सिद्धांतों में शामिल हैं:

**विकेन्द्रीकृत निर्णय-निर्माण**:क्षेत्रीय पंचायतों को निर्णय लेने में अधिक स्वायत्तता की आवश्यकता पर जोर देता है, विशेष रूप से ग्रामीण विकास योजनाओं की योजना और कार्यान्वयन में। यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि विकास की पहल स्थानीय जरूरतों और प्राथमिकताओं के अनुरूप हो।

**भागीदारी योजना**: ग्रामीण विकास में भागीदारी योजना के महत्व पर प्रकाश डालता है। क्षेत्रीय पंचायतों को नियोजन प्रक्रिया में स्थानीय समुदायों को शामिल करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विकास पहल उनकी जरूरतों और आकांक्षाओं के प्रति उत्तरदायी हैं।

**समावेशी विकास**:समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय पंचायतों की आवश्यकता पर जोर देता है, विशेष रूप से महिलाओं, दलितों और आदिवासी समुदायों जैसे हाशिए के समूहों के लिए। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक बहिष्कार और असमानता के मुद्दों को संबोधित करने की आवश्यकता शामिल है।

**सतत विकास**:शोध पत्र ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय पंचायतों की आवश्यकता पर जोर देता है। इसमें टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने, प्राकृतिक संसाधानों की रक्षा करने और लचीला समुदायों का निर्माण करने की आवश्यकता शामिल है।

**क्षमता निर्माण**: क्षेत्रीय पंचायतों और उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच क्षमता निर्माण की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। इसमें शासन, योजना और वित्तीय प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण शामिल है।

**ग्रामीण विकास में मध्य प्रदेश:** ग्रामीण विकास की दिशा में मध्य प्रदेश के कुछ प्रमुख योगदान इस प्रकार हैं।

**पंचायत राज प्रणाली**: मध्य प्रदेश पंचायत राज प्रणाली को लागू करने वाले भारत के पहले राज्यों में से एक था, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में भागीदारी शासन और विकेंद्रीकृत निर्णय लेने को बढ़ावा देना है। राज्य में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था है, जिसमें ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत शामिल हैं।

**ग्रामीण आजीविका**: राज्य ने ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वाभिमान योजना सहित कई कार्यक्रम लागू किए हैं, जो ग्रामीण युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करता है। सामूहिक खेती और कृषि उपज के विपणन को बढ़ावा देने के लिए राज्य ने कई किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की भी स्थापना की है।

**कृषि और सिंचाई**: राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि का प्रमुख योगदान है, और सरकार ने स्थायी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने और सिंचाई सुविधाओं में सुधार के लिए कई पहलें शुरू की हैं। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना कृषि उपकरणों की खरीद और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

**ग्रामीण बुनियादी ढाँचा**: राज्य ने ग्रामीण बुनियादी ढाँचे में सुधार के लिए कई पहलें शुरू की हैं, जैसे कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, जिसका उद्देश्य ग्रामीण सड़क संपर्क में सुधार करना है। मुख्यमंत्री ग्रामीण जल योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है।

**शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल**: राज्य ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में सुधार के लिए कई पहलें शुरू की हैं। मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। राज्य ने ग्रामीण क्षेत्रों में कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी स्थापित किए हैं।

**ग्रामीण विकास में मध्य प्रदेश सरकार की कुछ योजनाएं**

**मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना**: यह योजना किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

**मुख्यमंत्री युवा स्वाभिमान योजना**: इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि वे अपना व्यवसाय शुरू कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।

**मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना**: इस योजना का उद्देश्य सड़कों और पुलों का निर्माण और उन्नयन करके ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क में सुधार करना है।

**मुख्यमंत्री ग्रामीण जल योजना**: इस योजना का उद्देश्य राज्य के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है।

**मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना**: यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

**मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना**: इस योजना का उद्देश्य स्थायी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए सिंचाई सुविधाओं में सुधार करना है।

**मुख्यमंत्री कौशल्या योजना**: इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि वे रोजगार योग्य बन सकें और एक स्थायी आजीविका अर्जित कर सकें।

**मुख्यमंत्री ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर आजीविका सहायता योजना**: इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स को अपनी आजीविका में सुधार करने और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना है।

**निष्कर्ष-**अंत में, ग्रामीण विकास में क्षेत्रीय पंचायतों के आधार पर अध्ययन भोपाल जिले पर विशेष धयान देने के साथ मध्य प्रदेश में ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में पंचायतों की भूमिका का एक व्यावहारिक विश्लेषण प्रदान करता है। यह अध्ययन ग्रामीण क्षेत्रों में सहभागी शासन और विकेन्द्रीकृत निर्णय लेने को बढ़ावा देने में पंचायत प्रणाली के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालता है, जिसने बुनियादी सेवाओं तक पहुंच में सुधार करने, स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मदद की है। यह अध्ययन ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न पहलों और योजनाओं का विस्तृत विश्लेषण भी प्रदान करता है। ये योजनाएं स्थायी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने, ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाओं

तक पहुंच प्रदान करने पर सरकार के ध्यान को दर्शाती हैं।अततः अध्ययन ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में क्षेत्रीय पंचायतों के महत्व को रेखांकित करता है, और ग्रामीण क्षेत्रों में समावेशी और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण विकास पहलों में निरंतर निवेश की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। यह अध्ययन मध्य प्रदेश और अन्य क्षेत्रों में ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में रुचि रखने वाले नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं और अन्य हितधारकों के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**


1. अग्रवाल, एन (2014) ग्रामीण मध्य प्रदेश में विकेंद्रीकृत शासन: पंचायती राज व्यवस्था का विश्लेषण। जर्नल ऑफ रूरल स्टडीज, 34, 277-287।
2. अहमद, एस. एम. (2018)। भारत में पंचायती राज और ग्रामीण विकास: एक महत्वपूर्ण विश्लेषण। सामाजिक विज्ञान और मानविकी अनुसंधान के अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, 6(3), 152-162
3. चक्रवर्ती, एस (2015) भारत में पंचायती राज और ग्रामीण विकास। एप्लाइड रिसर्च के इंटरनेशनल जर्नल, 1(11), 361-365।
4. देबनाथ, बी. (2019) भारत में पंचायती राज: एक सिंहावलोकन। मानविकी और सामाजिक विज्ञान समीक्षा के अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, 1(1), 28-32।
5. मध्य प्रदेश सरकार (2021) ग्रामीण विकास विभाग।
6. मध्य प्रदेश सरकार (2021) मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना।
7. मध्य प्रदेश सरकार (2021) मुख्यमंत्री ग्रामीण जल योजना।
8. मध्य प्रदेश सरकार (2021) मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना।
9. मध्य प्रदेश सरकार (2021) मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना।
10. मध्य प्रदेश सरकार (2021) मुख्यमंत्री ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर आजीविका सहायता योजना।
11. मध्य प्रदेश सरकार (2021) मुख्यमंत्री युवा स्वाभिमान योजना।
12. भारत सरकार (2021) 'भारत में पंचायती राज' पंचायती राज मंत्रालय।
13. जेना, पीके (2016) भारत में विकेंद्रीकृत शासन और ग्रामीण विकास: पंचायती राज व्यवस्था का विश्लेषण। आईओएसआर जर्नल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस, 21(7), 37-41
14. जोशी, ए. (2017) भारत में पंचायती राज और ग्रामीण विकास। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ साइंस एंड रिसर्च, 6(4), 2101-2105
15. ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार (2021) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा)।
16. योजना आयोग, भारत सरकार। (2014)। गरीबी के आकलन के लिए पद्धति की समीक्षा करने के लिए विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट।


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# सूचना का अधिकार अधिनियम: अवधारणा एवं चुनौतियाँ

**डॉ. भावना भदौरिया* सोनम बाल्मीकि****

* सह-शोध निर्देशक, शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** सूचना ऐसी चीज है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति, नागरिक समाज के जीवन तथा शासन में भागीदारी करने की अपेक्षा करता है।

जितना ज्यादा सूचना तक नागरिकों की पहुँच होगी, उतना अधिक सामुदायिक आवश्यकता के प्रति शासन का उत्तर होगा, गोपनीयता और जवाबदेही दोनों एक साथ नहीं चल सकते इसमें कोई संदेह नहीं कि उत्तरदायित्व वाली सरकार में गुप्त बाते होती अवश्य है, परंतु बहुत कम लेकिन जनता के ये सभी प्रतिनिधि अपने आचरण के लिए उत्तरदायी होते है। प्रत्येक नागरिक को यह जानने का अधिकार होता है। कि प्रत्येक सार्वजनिक सेवक, प्रतिनिधि कार्यो को किस प्रकार करता है। उसको यह भी जानने का अधिकार है कि सरकारी अधिकारी द्वारा उनके लिए प्रत्येक बात को किस प्रकार किया जाता है। पारदर्शिता ही वह संस्कृति है, जिसकी आवश्यकता किसी उत्तम अभिशासन के लिए होती है, गोपनीयता का प्रत्यक्ष अभिप्राय ही अधिकार सम्पन्नता विहीन करना होता है।

**शब्द कुंजी –** सूचना, अधिकार, प्रशासन, लोकतंत्र, अधिनियम, पारदर्शिता ।

**प्रस्तावना –** किसी भी देश में न्याय, कानून का शासन और अपने नागरिकों के अधिकार ये तीन ऐसी पवित्रतम अवधारणाएं हैं, जिनका विकास न केवल लोकतंत्रों एवं उनकी संस्थाओं के संरक्षण के लिए बल्कि उनके सही परिपेक्ष्य में उन्हे सुरक्षित करने के लिए भी किसी व्यक्ति की बुद्धि द्वारा किया गया है।

भारत जैसे लोकतंत्रिक देश का संविधान नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है। अर्थात देश के प्रत्येक नागरिक को किसी भी विषय से संबंधित अपनी बात रखने एवं उसे अन्य लोगों के साथ साझा करने का अधिकार प्राप्त हैं। लेकिन कुछ विद्वानों का मत है कि सूचना एवं पारदर्शिता के बिना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (आजादी) का कोई औचित्य नहीं रह जाता है।

सूचना वह शक्ति है जो शब्द मात्र नहीं, बल्कि एक गूढ़ सत्य है, और यह भी उतना सत्य है कि सूचना का अभाव एक गम्भीर जिम्मेदारी हो सकती है। हम अपनी जनता को सही एवं उपयोगी सूचना देते है, तो हमें दिखाई देगा कि हमारी नीतियों व कार्यक्रमों को लागू करने में वे हमारे कितने बड़े सहायक हो जायेगे, लेकिन जिस सूचना की उन्हे आवश्यकता है वह विकृत या गलत सूचना के स्त्रोतों पर निर्भर कर दे तो हम पाऐंगे कि हमारी सर्वोत्तम योजनाएँ किस प्रकार से असफलता के दलदल में फंसी रह जाएँगी, सूचना हमारी जनता का मूलभूत अधिकार है। सूचना का अधिकरी अधिनियम 2005 लोकतंत्र की दिशा में उसकी संपूर्ण अनुभूति करने वाली एक छलांग है।

आर.टी.आई. सत्ता में समान भागीदारी की मांग है साथ ही किसी के द्वारा सत्ता की निरंकुशता पर भी अंकुश लगाता है। जनतांत्रिक व्यवस्था में इसकी वैद्यता से सशक्तिकरण एवं परिवर्तन के लिए संघर्ष की अपनी क्षेतिज को और व्यापक करने का अवसर मिला है। इस कानून में सूचना शब्द की विस्तृत परिभाषा दी गई है, यह अधिनियम आपको किसी सरकारी अधिकारी द्वारा रखी गई सूचना को प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करता है।

सूचना से आशय सरकारी ऐजेन्सियों के पास किसी भी रूप में रखी जैसे फाईले, अभिलेख, यथा निविदा, ठेका, अनुबंध पत्र, लॉगबुक, अधिसूचना, आदेश, पत्राचार, ई.मेल, राय-सुझाव, इलेक्ट्रानिक प्रारूप सामाग्रीयाँ तथा दृश्य-श्रव्य सामाग्रियॉं ।

भ्रष्ट आचरण को नियंत्रित व नियमित करने के व्यापक उद्देश्य से अधिनियमित किया गया है।

यह अधिनियम भारत जैसे विशाल लोकतंत्र को सुदृढ एवं शक्तिशाली बनाने तथा नगरिकों के विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**शोधपत्र का उद्देश्य:**

1. सूचना के अधिकार का अवधारणात्मक अध्ययन करना।
2. सूचना के अधिकार के सफल क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों का अध्ययन करना।
3. आर.टी.आई. के वर्तमान पहलुओं पर प्रकाश डालना ।
4. लोकतंत्र की प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी का अध्ययन करना।

**शोध पद्धति–** प्रस्तुत शोध पत्र में द्वितीय स्त्रोतों द्वारा प्राप्त जानकारी को सम्मिलित किया गया है। जिसमें विभिन्न प्रकाशकों द्वारा पुस्तकों का प्रकाशन, विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में सूचना के अधिकार के तहत दी गई जानकारियॉं आदि शामिल किये गये है।

शोध पत्र में प्राथमिक आकडों का उपयोग नहीं किया गया है।

**अधिनियम का महत्व एवं प्रगति–** 'जिन लोगो को सही और विश्वसनीय सूचनाएं प्राप्त नहीं हो रही है, उनकी आजादी सुरक्षित नहीं है, उस आजादी को आज नहीं तो कल समाप्त हो ही जाना है।'

यह अधिनियम भारत में अक्टूबर 2005 को लागू हुआ था। इसमें अब तक के कार्यकाल में विभिन्न रूपों में शासन एवं प्रशासन तथा आम नागरिकों के हितों की दृष्टि से उपलब्धिपूर्ण रहा है।

1. आर.टी.आई. से संबंधित आवेदनों ने विविध प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणामों एवं अन्य जानकारी को उजागर करने के लिए

संबंधित संस्थाओं पर दबाव डाला है।

2. सूचना के अधिकार के जरिए हम मंत्रियों नौकरशाही व न्यायाधीशों की परिसंपत्तियों से जुड़ी कोई भी सूचना प्राप्त कर सकते हैं जो कि सरकारी वेबसाईड पर दिखाया जाने लगा है साथ ही प्रत्येक वर्ष अपडेट भी किया जाता है।
3. सूचना के अधिकार से आम नागरिकों ने कई ऐसी जानकारिया हासिल की है जिससे उनकी रोजगर्रा की समस्याए सुलझ गई है।
4. इस अधिनियम के द्वारा कई घोटालों को उजागर किया गया है। जिसमें राष्ट्रमण्डल खेलों का घोटाला, आदर्श आवासीय घोटाला, 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, कोल ब्लाक आवंटन घोटाला आदि शामिल है।

**चुनौतियाँ:**

1. सूचना के अधिकार के अंतर्गत कुछ सूचनाओं को देने की मनाही की गई है, जो शासकीय गोपनीयता को भंग करने संबंधी होती है।
2. जागरूकता की कमी के कारण भी सूचना के अधिकार अधिनियम के समक्ष चुनौती का सामना करना पडता है, क्योंकि आवेदकों की अज्ञानता जैसे अपूर्ण आवेदन, निर्धारित शुल्क, स्पष्ट सूचना का अभाव आदि समस्याएं सामने आती है।
3. आर.टी.आई. के तहत कई आवेदनकर्ताओं के द्वारा सूचना के संबंध में असंतुष्टि जाहिर की गई है, जिसमें सूचना जो कि प्रदान की गई है उसकी खराब गुणवत्ता तथा भ्रामक एवं अपूर्ण जानकारी मिलने की समस्या का सामना करना पड़ता है।
4. सूचना के अधिकार के तहत नौकरशाही में अभिलेखों को रखने व उनके संरक्षण की व्यवस्था का कमजोर होना।
5. आर.टी.आई. के लंबित मामलों की संख्या में लगातर वृद्धि भी इसकी बहुत बडी चुनौती है, हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार बताया गया है कि वर्ष 2019 में लंबित अपीलों एवं शिकायतों की संख्या 2,18,347 थी जो कि वर्ष 2022 में बढ़कर 3,14,323 हो गई है।

**निष्कर्ष–** वर्तमान समय में देष के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों ने सूचना के अधिकार कानून का उपयोग किया है, यह अधिनियम धीरे–धीरे करके आगे बढ़ रहा है। इस अधिनियम को शासन में पारदर्शिता, जवाबदेहिता, ईमानदारी के उद्देश्य से लाया गया था, लेकिन इसके समक्ष आने वाली विभिन्न चुनौतियों के कारण यह वास्तविकता में प्राप्त नहीं हो पाया है। इस अधिनियम में अब नये कानूनों की आवश्यकता नहीं बल्कि बने हुए कानून में सुधार के साथ सही रूप से लागू करने की आवश्यकता है जिससे सूचना का अधिकार अधिनियम भ्रष्टाचार समाप्त करने में कारगर सिद्ध होगा व प्रशासनिक पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता को बढावा मिलेगा।

अतः कहा जा सकता है कि यह अधिनियम आम जन के अधिकारों के पक्ष में अग्रसर तो हुआ है लेकिन वास्तविक लाभों को प्राप्त करने के लिए इसके मार्ग में आने वाली संरचनात्मक, संस्थागत् और प्रक्रियागत्, बाधाओं व जटिलताओं को तोडना होगा।

सत्ता को आम लोगो के नियंत्रण में रखने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सूचना का अधिकार आवश्यक है, लेकिन पर्याप्त नहीं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:–**

1. द्विवेदी डा. राधेश्याम : सूचना का अधिकार अधिनियम 2005,सुविधा लॉ हाउस प्रा.लि. भोपाल, अष्टम संस्करण, 2012
2. शेण्डे हरिदास रामजी यसुदर्शन: आम आदमी का संवैधनिक हथियार, सूचना का अधिकार, अनु. प्रकाशन, जयपूर संस्करण 2013,
3. कुमार डॉ नीरज:जानिए अपना सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, भारत लॉ हाउस, नई दिल्ली संस्करण 2011
4. मीणा डॉ. सुशीला देवी : सूचना का अधिकार एवं सुशासन, साहित्यागार जयपूर, प्रथम संस्करण 2016
5. पराडकर, श्रीनिवास :सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 एवं सूचना का अधिकार नियम 2012, अमर खेत्रपाल लॉ हाउस इन्दौर, चौथा संस्करण 2021

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से महिलाओं की राजनैतिक भागीदारी : एक अध्ययन

**डॉ. धनंजय कुमार वर्मा* लक्ष्मी बनवारी****

* शोध निर्देशक व प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** वर्तमान समय में स्त्रीयां समाज के प्रत्येक क्षेत्र में प्रवेश कर गई राजनीति जैसे पुरूष प्रधान क्षेत्र में भी वे अपनी सशक्तता दर्ज करा रही है। अनेक स्त्रीयां आज संसद एवं विधानसभाओं में भी सदस्य है। भारत के कई राज्यों में स्त्रीयां मुख्यमंत्री का दायित्व अत्यंत कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रही है। वसुंधरा राजे राजस्थान में, शीला दीक्षित दिल्ली में, मुख्यमंत्री रह चुकी है एवं देश के सर्वोच्चतम पद पर महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्म और प्रतिभा देवी पाटिल ने अपनी नारी शक्ति का परिचय दिया है। आज शिक्षित नारी समय और शिक्षा दोनों के महत्व को जानती है। आज प्रत्येक क्षेत्र में नारी सक्रिय भूमिका निभा रही है। शिक्षा, चिकित्सा, तकनीकि, वैज्ञानिक, कला कविता साहित्य–सृजन, सभी क्षेत्रों में नारी शक्ति विधमान है। पुरूष ने अपने स्वार्थ के लिए नारी को कानून के क्षेत्रसे दूर रखा था, किन्तु आज वकालत के क्षेत्र में भी नारी ने प्रवेश कर लिया है। शिक्षा प्राप्ति से नारी के आत्मविश्वास में वृध्दि हुई और वह किसी भी समस्या को सुलझाने में समक्ष है। यही शिक्षित नारी शिक्षा का महत्व अपनी संतान को समझायेगी। शिक्षित एवं आदर्श बालक ही उन्नत समाज एवं देश का निर्माण कर सकेंगे। आज शिक्षा प्राप्त करने के कारण नारी अपने अधिकारों के प्रति सचेत हो चुकी है तथा समाज एवं देश की उन्नती में मुख्य भूमिका का निर्वाह कर रही हैं।

पंचायत राज के माध्यम से लाखों स्त्रियों का जो राजनीतिक प्रशिक्षण हो रहा है वह अंततः हमारी समग्र राजनीति के चरित्र को प्रभावित कर रहा है। पंचायतीराज में महिलाओं का दबदबा बढ़ता ही जा रहा है। आज देश में 2.5 लाख पंचायतों में लगभग 32 लाख (45.15 प्रतिशत) से भी अधिक महिलाएँ है। महिलाओं की राजनीतिक कार्यो में बढ़ती भागीदारी न केवल उनके स्वाभिमान के लिए सकारात्मक संदेश है अपितु इसमें भारत के गांवों जो असमानता व्याप्त थी। वह भी दूर होने लगी है। लिंग के आधार पर भी जो भेदभाव था वह भी आज काफी हद तक कम हो रहा है। अनेक सामाजिक कुरीतियाँ जैसे–दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा आदि से मुकाबला करने में महिला सशक्त हो चुकी है।

प्रत्येक महिला एवं व्यस्क लडकी को चुनाव की प्रक्रिया में स्वतंत्र रूप से भागीदारी करने और स्वविवेक के आधार पर वोट देने का अधिकार प्राप्त है। भारत की नारी ने पश्चिम की नारी से प्रभावित होकर अपने स्वरूप को पहचानना प्रारंभ कर दिया है। पुरूष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश के विकास में बराबरी से भाग लेती हुई। रुढीवादी जीवन को तिलांजली देकर नवयुग का अव्हान किया भारतीय नारी ने उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपने कार्य क्षेत्र में उसकी उपस्थिति दिखाई देने लगी तथा उसका प्रभाव सर्वत्र परिलक्षित होने लगा है।

**शब्द कुंजी –** महिला नेतृत्व, ग्रामीण विकास एवं महिला, पंचायती राज और महिला, महिला सशक्तिकरण, राजनीतिक दल और महिलाएँ।

**प्रस्तावना –** किसी भी देश में स्त्रियां समाज की महत्वपूर्ण घटना है। भारत की संस्कृति महिला–पुरूष की समानता पर बल देती है। स्त्री को शक्ति स्वरूप माना गया है; परंतु सदियों से पितृ सतात्तमक सामन्तवादी सामाजिक ढाचे में स्त्रियां धर्म, मान्यताओं, परम्पराओं और रुढियो के नाम पर उत्पीड़न और शोषण का शिकार रही है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में पुरूष वर्ग ने योजनाबद्ध तरीके से स्त्रियों को पीछे रखने का षड्यंत्र किया है सात, वचन, सात फेरे, साथ जन्म, वाली कहावत कहकर उसे छला गया। स्वतंत्रता पूर्व स्त्रियों की दयनीय स्थिति में सुधार के लिए धार्मिक एवं सामाजिक सुधार आंदोलन के प्रर्वतकों, राष्ट्रीवादी विचारकों तथा ब्रिटिश प्रशासन के सुधारवादी प्रशासकों ने समाज में जागरूकता उत्पन्न कर तथा कानून बनाकर स्त्रियों को शोषण तथा उत्पीडन से बचाने और उनके कल्याण के प्रयास किये। स्वतत्रंता पश्चात् कानूनी स्तर पर पुरूष तथा महिलाएँ समान अधिकारी है, परंतु आज भी स्त्रियां राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में अपने अधिकारों की पहचान के लिए संघर्षरत है।

**स्वामी विवेकानन्द जी** कहते है कि यदि आप मुझे 500 पुरूष दें तो में राष्ट्र को एक वर्ष में बदल दूंगा, परंतु यदि मुझे 50 महिलाएँ दें तो मै कुछ ही महिनों में देश को बदल दूंगा।

**प्रसिद्ध विचारक अरस्तु** का कथन है कि 'नारी की उन्नती या अवनति पर ही राष्ट्र की उन्नति या अवनति निर्धारित है।'

सामाजिक संरचना में नारी की सहभागिता पुरूष के सामन ही आवश्यक है सृष्टि के सृजन एवं संचालन दोनो महिलाओं के बिना संभव नहीं हैं। महिलाओं का मातृरूप प्रकृति का अनमोल वरदान है। भारतीय समाज में नारी को मातृशक्ति के पद पर प्रतिष्ठित रखा है। उसने ऐसे श्रेष्ठ मानव रत्न समाज को दिये जिसका नाम आज भी अमर है। जब–जब उसे गृहस्वामिनी, गृहलक्ष्मी, कुलमाता, के रूप में आदर दिया है तब–तब भारत का नाम विश्व में गुंजा है।

वैदिक काल से ही महिला शिक्षा ने अत्याधिक प्रगति की है। वैदिक काल में भारतीय नारी पुरूषों के समान शिक्षा प्राप्त कर सकती थी। वैदिककाल

में ब्राम्हणों के द्धारा कन्याओं को वैदिक ऋचाओं की शिक्षा प्रदान की जाती थी। जबकि क्षत्रिय कन्याओं को तीर कमान का शिक्षण दिया जाता था। अर्थववेद में यह बात स्पष्ट की गई है कि केवल उस लड़की का विवाह सफल होता है जिसे छात्रावस्था में उचित प्रशिक्षण दिया हो।

वैदिक काल में मेत्रेयी, गार्मी, लोपा, मुद्रा, आदि विरव्यात नारियों का नाम आता है जो विभिन्न शास्त्रों का गहन ज्ञान अर्जित किया करती थी तथा शास्त्रार्थ में पुरूषों को भी पीछे कर देती थी। उदाहरण स्वरूप जनक के दरबार में गार्गी ने याज्ञवल्यक्य को शास्त्रार्थ की चुनौती दी तथा उसे अपने प्रश्नों से चकित कर दिया था। मदन मिश्र और शंकराचार्य में हुए शास्त्रर्थ में मदन मिश्र की पत्नि भारती ने निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन किया। तब युधिष्ठिर ने द्रौपदी को दांव पर लगाया था तो उसने उस दांव को कानूनी आधार पर चुनौती दी थी एवं उस सभा में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं था जो उसके प्रष्नों का उत्तर दे सके। सावित्री अपने पति को छुडा लाई थी।

**पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका–** भारत देश में पंच परमेश्वर तथा महिला स्वतंत्रता की परम्परा प्राचीनकाल से ही प्रचलन में थी। पंचपरमेश्वर के रूप में ईमानदारी और निष्ठावान सदस्य निष्पक्ष होकर सच्चा और सस्ता न्याय देते थे तथा महिलाएँ स्वतंत्रता पूर्वक अपने को साक्षर, शिक्षित, और सशक्त बनाकर सामाजिक व्यववस्था को संतुलित एवं सर्वहितकारी बनाने में र्निविहन नहीं रह पायी। दुर्भाग्यिवश सेकडों वर्षो की पराधीनता के काल में विदेशी शासक अपने निहित स्वार्थी की पूर्ति हेतु पंचायतीराज व्यवस्था तथा महिला स्वतंत्रता को जान बुझकर समाप्त करने की चेष्टा करते रहे। सौभग्य से सन् 1947 में जब भारत स्वतंत्र हुआ तो पंचायती राज व्यवस्था को पुर्नजीवित और सक्रिय करने का प्रयास किया गया, फिर भी पुरूषों में सेकडों वर्षो की दक्षता वाली मानसिक तथा महिलाओं में व्याप्त निरक्षरता और अवलापन की स्थिति के कारण पंचायती राज व्यवस्था सुदृण और सक्रिय नहीं हो सकी। इस विफलता के कारण उत्तरदायी अनेक कारणों में से एक प्रमुख कारण यह भी था कि उस पुर्नजीवित पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की सहभागीता 4 शताब्दियों तक नगण्य सी रहती रही। उस स्थिति को सुधारने के लिए भारतीय संवधिान में सन 1992 में एक संशोधन अधिनियम (73वाँ और 74 वाँ संशोधन) पारित किया गया, ताकि पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम से कम एक तिहाई अवश्य हो सके। संविधान के संशोधन से यह स्थिति तो बनी कि सबसे निचले स्तर पर ग्राम पंचायतों में महिलाओं को एक तिहाई प्रतिनिधित्व मिल गया।

**भारत में पंचायती राज व्यवस्था की ऐतिहासिक पृष्ठभमि–** वैदिक कालीन साहित्य में सर्वप्रथम 'ग्राम' शब्द का उल्लेख मिलता है तथा इसी समय से हमें पंचायती राज का असतित्व भी नजर आता है इस काल में ग्राम सभाओं तथा ग्राम पंचायतों का गठन हो चुका था। वेदों में भी ये माना जाता है कि पाँच व्यक्ति ही मिलकर यज्ञ को पूरा कर सकते है। इस प्रकार वैदिक काल में प्रशासन की सबसे लघु इकाई 'ग्राम' थे तथा इसका मुखिया 'ग्रामीणी' कहलाता था। वह प्रमुख रत्नियों में होता था एवं गाँव के श्रेष्ठ तथा बुजुर्ग व्यक्तियों की सलाह से कार्य करता था। वैदिक काल में पंचायत सभा तथा उसके समकक्ष संगठन सुव्यवस्थित रूप से कार्यशील थे वैदिक काल में सभा होती थी, जो अपना विधान स्वयं बनाती थी, जिसमें प्रत्येक नागरिक भाग लेता था, जहाँ राजा को भी पद से हटा दिया जाने का डर रहता था। प्राचीन भारत के हर काल में स्थानीय शासन की स्वायत्वशासी इकाई के रूप में गांवों का उल्लेख जरूर मिलता है।

**स्वतंत्रता के पश्चात् पंचायती राज व्यवस्था–** देश में 'पंचायतें' जिन्हें चार्ल्स मेटकाफ ने 'लघु गणराज्य' का नाम दिया था प्राचीनकाल से ही सभी समुदायों में विद्यमान रहीं है। आज भी परम्परागत (जाति पंचायतें) वैधानिक एवं लोकतांत्रिक रूप से गठित पंचायतों के समानान्तर विद्यमान है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के कुछ अग्रणी नेताओं राजा राम मोहन राय, स्वामी दयानन्द सरस्वती, विवेकानन्द, ऐनीबेसेन्ट रामकृष्ण परमहंस आदि ने तथा स्वतंत्रता के उपरान्त उदारवादी और समाजवादी विचारधाराओं के प्रभाव के कारण पं. जवाहरलाल नेहरू जैसे नेताओं ने देश की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिति सुधारने की प्रक्रिया शुरू की। संविधान का अनुच्छेद 16(1) 'राज्य के अधीन किसी पद पर नियोजन या नियुक्ति से संबंधित विषयों में सभी नागरिकों के लिए अवसर की समानता' की भावना के अंतर्गत कालान्तर में पंचायती राज अधिनियम पारित कर पंचायती राज व्यवस्था का शुभारंभ भारत संघ के सभी राज्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में किया गया। भारत में पंचायती राज की अवधारणा काफी प्राचीन रही है। इन प्राचीन संस्थाओं से संबंधित अवधारणा को ही परिवर्तित रूप में यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है।

देश की पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को समाज और जीवन के हर क्षेत्र में समानता के अवसर प्राप्त करने के योग्य बनाती है। वे ही पंचायतों से उनकी संबंधता पर असर डालती है। महिलाओं के बराबरी के दर्जे की पहली बार भारतीय संविधान में मान्यता मिली।

पंचायती राज में महिलाओं की स्थिति:- 74 वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम में 73 वें संशोधन की तरह ही शहरी स्थानीय निकाय, नगर निगम और घोषित क्षेत्र प्राधिकरण के लिए प्रावधान बनाए गये। यह देश की महिलाओं के राजतनैतिक सशक्तिकरण की प्रक्रिया आवश्यक है। संवैधानिक संशोधन अधिनियम में राज्य विधान सभाओं और राष्ट्रीय स्तर पर लोकसभा में महिलाओं के आरक्षण की व्यवस्था अनिवार्य है। संविधान अधिनियम 81 वें संशोधन का निर्माण हुआ। जिसमें महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट संसद और राज्य विधान सभाओं में आरक्षित करने का लक्ष्य रखा गया। लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की दिशा में 73 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम मील का पत्थर साबित हुआ। विकेन्द्रीकरण की इस प्रक्रिया से समाज के सभी वर्गो के नेतृत्व में भागीदारी प्राप्त हुई है। प्रस्तुत अध्ययन में 'पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से महिलाओं की राजनैतिक भागीदारी : एक अध्ययन' पर आधारित है। महिलाओं की राजनैतिक स्थिति में सुधार हेतु पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत 73 वें संविधानिक संशोधन के माध्यम से महिलाओं को 33 प्रतिशत तक आरक्षण दिया गया है। मध्यप्रदेश, बिहार, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड में ये आरक्षण 50 प्रतिशत है। यद्यपि देश की संसद में एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत विधायक राज्य सभा में स्वीकार हो चुका है। जिससे महिलाओं की राजनैतिक स्थिति सुदृढ़ हुई है इसके अतिरिक्त महिलाओं की स्थिति में गतिशीलता लाने वाले कारकों में महिलाओं को दिये गये कानूनी अधिकार शिक्षा की स्वतंत्रता महिला कल्याण कार्यक्रमों के अतिरिक्त औद्योगिकीकरण, संचार साधनों की भूमिका एंव वैश्वीकरण मुख्यत: रहे है। जिनके फलस्वरूप महिलाओं की शैक्षणिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं सामाजिक स्थिति मजबूत हुई है।

2019 में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की भागदीदारी 44.37 प्रतिशत है जबकि 2014 में यह 46.14 प्रतिशत महिलाओं को पंचायत मे

50 प्रतिशत आरक्षण देने वाला बिहार अग्रणी राज्य है। आज भारत में 20 राज्यों में यह लागू हो गया है। वर्तमान में महिला साक्षरता की दर 70.3 प्रतिशत है। और उनमें जागरूकता भी बढ़ी है। 2019 में 110 वें संविधान संशोधन को मंजूरी दे दी गई सिके द्धारा महिलाओं के लिए पंचायती राज में आरक्षण 50 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इसमें निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की संख्या में और अधिक वृद्धि होगी। इस प्रावधान से महिलाओं की क्षमता उजागर हुई है जो भविष्य में भारत की राजनीति को नया मोड़ दे सकती है।

**राज्यवार पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का विवरण**

| क्र | राज्य | पंचायतों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आंध्रप्रदेश | 22945 |
| 2 | अमस | 2431 |
| 3 | बिहार | 9040 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 9982 |
| 5 | हिमाचल प्रदेश | 3330 |
| 6 | झारखण्ड | 39 79 |
| 7 | कर्नाटक | 5833 |
| 8 | केरल | 1165 |
| 9 | मध्यप्रदेश | 23412 |
| 10 | महाराष्ट्र | 28277 |
| 11 | ओड़िसा | 6578 |
| 12 | राजस्थान | 9457 |
| 13 | त्रिपुरा | 540 |
| 14 | उत्तराखण्ड | 7335 |
| 15 | पश्चिम बंगाल | 3713 |

आज राजनैतिक रूप से जागरूक महिलायें पंचायतों के चुनाव लड़ रही है। और चुनाव जीतकर स्वतंत्र रूप से फैसले ले रही है पंचायतों में महिलाऐं अपनी भूमिका निभा रही हैं, लेकिन प्रभावी भूमिका निभाने के लिए उनके सामने अनेक सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व प्रशासन सीमाएँ समस्या पैदा कर रहीं है। उनकी अशिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं ने मुश्किल खड़ी की है। गरीबी भी महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण समस्या है। राजनीतिक सीमाओं के अंतर्गत निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की वांछित भागीदारी नहीं है। विधायिका के अलावा न्यायपालिका में भी इनकी संख्या नगण्य है।

**महिला भागीदारी का प्रभाव–** महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव 1992 के बाद देखने को मिला जब 72वें और 73वें संविधान संशोधन के द्धारा पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटे आरक्षित कर दी गई। बिहार भारत का ही नहीं अपितु विश्व का एक ऐसा प्रांत बन गया है जहाँ पंचायती राज तथा शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2006 में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर महिला सशक्तिरण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसके साथी ही निरक्षरता दर सबसे अधिक, सघन, घनी आबादी और कुल प्रजनन दर अधिकतम वाले गंभीर समस्याग्रस्त बिहार जैसे राज्य में 8500 पंचायतों में 45000 से अधिक महिलाएँ चुनाव जीती है। जो कि एक अनुपम उदाहरण है। पंचायतों में महिला आरक्षण ने जहाँ एक ओर महिलाओं की तकदीर बदलने का काम किया है, तो वहीं दूसरी और इसने पंचायतों की तस्वीर भी पूरी तरह से बदल दी है और राजनैतिक रूप से हशिए पर पड़ी महिलाओं को समाज की मुख्य धारा में लाने का किया है।

**निर्वाचित प्रतिनिधियों की संख्या**

| वर्ष | निर्वाचित प्रतिनिधि लाख में | निर्वाचित महिला प्रतिनिधि लाख में | निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2005 | 27.82 | 10.42 | 37.46 |
| 2010 | 28.51 | 10.48 | 36.75 |
| 2015 | 29.14 | 13.42 | 46.00 |
| 2020 | 31.65 | 14.53 | 45.91 |

**निष्कर्ष–** 'पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी: एक अध्ययन' शीर्षक के अंतर्गत यह कहना उचित होगा कि पंचायती राज भातर देश के लिए कोई नई बात नहीं है। महिला सशक्तिकरण से हमारा तात्पर्य महिलाओं की शिक्षा और स्वतंत्रता को समाहित करते हुए सामाजिक सेवाओं में समान अवसर प्रदान करना है। राजनैतिक और आर्थिक नीति निर्धारण में भागीदारी समान कार्य के लिए समान वेतन तथा कानून के तहत सुरक्षा देने का अधिकार आदि प्रदान करने से है और साथ ही साथ ग्रामीण महिलाओं की स्थिति में भी सुधार देखा गया है।

प्रस्तुत अध्ययन में महिलाओं की ग्रामीण भागीदारी में जनसंख्या की दृष्टि से लगभग आधा हिस्सा महिलाओं का है और वे उत्पादन तथा अर्थव्यवस्था की सामाजिक प्रक्रियाओं के लिए अति महत्वपूर्ण है। परिवार के साथ–साथ आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन में महिलाओं का योगदान एवं भूमिका मुख्य है। भारतीय नारी का विकास काफी धीमा है। आधुनिक भारत में नारियों की शिक्षा का पर्याप्त विकास हो गया है। किन्तु इस पुरूष प्रधान समाज में आज भी नारी को बराबरी का दर्जा देने में पूर्णतः समर्थ नहीं हुए है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. श्रीवास्तव, रागिनी (2011) 'आधुनिक समाज एवं महिलाएँ' ब्लू स्टार पब्लिकेशन, इन्दौर
2. महिपाल, (2017)'पंचायत में महिलायें' राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली।
3. तिवारी, श्रद्धा, (2011) 'पंचायती राज के बदलते परिवेष में सरपंच की भूमिका: एक विश्लेषण, लोक प्रशासन' अर्ध्दवार्षिकी शोध पत्रिका, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली।
4. कुमार, अनूप (2012) 'भारत में पंचायती राज' त्रिशूल बुक सर्विस नई दिल्ली।
5. पाण्डेय, प्रेम नारायण (2000)'ग्रामीण विकास एवं संरचनात्मक परिवर्तन' रावत पब्लिकेशन, जयपुर एवं नई दिल्ली।
6. मंजुलता, (2012)'भारतीय समाजिक समस्या' अर्जुन पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली
7. भार्गव, बी.एस. (1979) 'पंचायत राज सिस्टम एण्ड पालिटिकल' पार्टीज पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
8. गहरवार, आरती (2022)'पंचायतों में महिलाओं की सहभागिता' VolumeVI IssueXII March 2022
9. बसु, डी.डी. (2002)'भारत का संविधान : एक परिचय',बाधवा एण्ड कम्पनी, नागपुर।
10. कुरूक्षेत्र, (1964)'पंचायती राज और महिला विकास' पांइटर पब्लिशर्स, जयपुर।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# सागर शहर की महिलाओं में मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता का अध्ययन

**डॉ. अमर कुमार नायक* शारदा अहिरवार****

* सह प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) सरोजनी नायडू शासकीय कन्या महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** प्रस्तुत शोध पत्र सागर शहर में महिलाओं के बीच मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर की जॉच करता है। यह अध्ययन छात्राओं, गृहिणियों और कामकाजी महिलाओं सहित 200 महिलाओं के सर्वेक्षण के माध्यम से किया गया था। परिणामों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि सागर शहर में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की महिलाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर में महत्वपूर्ण अंतर है। अध्ययन में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया है कि मानवाधिकार जागरूकता को बढ़ावा देने में शिक्षा एक महत्वपूर्ण कारक है, क्योंकि उच्च स्तर की शिक्षा वाली महिलाओं ने मानवाधिकारों के बारे में उच्च स्तर की जागरूकता दिखाई है। अध्ययन से यह भी पता चलता है कि कामकाजी महिलाओं में छात्रों और गृहिणियों की तुलना में मानवाधिकारों के बारे में जागरूकता का स्तर अधिक है। इन निष्कर्षों से पता चलता है कि मानवाधिकार जागरूकता को बढ़ावा देने के प्रयासों को वंचित सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और लैंगिक समानता और मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के अवसरों को प्राथमिकता देनी चाहिए। अतत: अध्ययन लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय प्राप्त करने के लिए महिलाओं के बीच मानवाधिकार शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता पर जोर देता है।

**शब्द कुंजी –** महिलाएं, मानव अधिकार, जागरूकता।

**प्रस्तावना –** मानवाधिकार मौलिक अधिकार हैं जो सार्वभौमिक हैं और सभी व्यक्तियों पर उनकी जाति, लिंग, राष्ट्रीयता, धर्म या किसी अन्य स्थिति की परवाह किए बिना लागू होते हैं। इनमें नागरिक और राजनीतिक अधिकार शामिल हैं, जैसे भाषण की स्वतंत्रता का अधिकार, और सामाजिक और आर्थिक अधिकार, जैसे शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा का अधिकार। मानवाधिकार सभी व्यक्तियों की गरिमा, भलाई और समानता के लिए आवश्यक हैं, और वे एक न्यायपूर्ण और लोकतांत्रिक समाज का आधार बनाते हैं।

महिलाएं समाज में हमेशा हाशिए पर रहती हैं, जो अपने लिंग के आधार पर भेदभाव और हिंसा का सामना करती हैं। संयुक्त राष्ट्र ने महिलाओं के अधिकारों को मानव अधिकारों के रूप में मान्यता दी है, और विश्व स्तर पर महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और बढ़ावा देने के लिए विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, संधियों और कानूनों की स्थापना की गई है। हालांकि, कानूनी ढांचे के बावजूद, दुनिया के कई हिस्सों में महिलाओं को भेदभाव और उनके अधिकारों के उल्लंघन का सामना करना पड़ रहा है।

भारत, दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले और विविध देशों में से एक होने के नाते, अपने सभी नागरिकों के लिए मानवाधिकारों को सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण चुनौती है। महिलाओं को, विशेष रूप से, भेदभाव, हिंसा, और शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच की कमी के मामले में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। स्थिति विशेष रूप से छोटे शहरों और कस्बों में गंभीर है जहां मानवाधिकारों के बारे में जागरूकता सीमित हो सकती है। सागर शहर, मध्य भारतीय राज्य मध्य प्रदेश में स्थित है, लगभग 270,000 की आबादी वाला एक तेजी से विकासशील शहर है। यह शहर अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के लिए जाना जाता है और कई शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों का घर है। अपनी प्रगति के बावजूद, सागर शहर को लैंगिक असमानता और महिलाओं के अधिकारों के उल्लंघन के मामले में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस शोध पत्र का उद्देश्य सागर शहर में महिलाओं के बीच मानवाधिकार जागरूकता के स्तर की जांच करना है। यह अध्ययन महिलाओं की अपने अधिकारों के बारे में जागरूकता की सीमा को समझने पर ध्यान केंद्रित करेगा, वे विशिष्ट अधिकार जिनके बारे में वे जानते हैं, और कारक जो उनकी जागरूकता को प्रभावित करते हैं। अध्ययन मानव अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने में शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की भूमिका की भी जांच करेगा। अनुसंधान महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सागर शहर में महिलाओं के बीच मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर को बेहतर ढंग से समझने में योगदान देगा। अध्ययन के निष्कर्षों का उपयोग शहर में महिलाओं के बीच मानवाधिकारों के ज्ञान और समझ में सुधार के लिए लक्षित हस्तक्षेपों और जागरूकता अभियानों को विकसित करने के लिए किया जा सकता है। अध्ययन जागरूकता को प्रभावित करने वाले कारकों और जागरूकता को बढ़ावा देने में शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की भूमिका के बारे में भी जानकारी प्रदान करेगा।

संयुक्त राष्ट्र महासभा, (1948) के अनुसार मानवाधिकार मौलिक अधिकार हैं जो सभी व्यक्तियों के लिए निहित हैं, उनकी जाति, लिंग, राष्ट्रीयता या किसी अन्य स्थिति की परवाह किए बिना। इनमें नागरिक और राजनीतिक अधिकार शामिल हैं, जैसे भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार, और आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन के पर्याप्त मानक का अधिकार। मानवाधिकार

सभी व्यक्तियों की गरिमा, भलाई और समानता के लिए आवश्यक हैं और एक न्यायपूर्ण और लोकतांत्रिक समाज का आधार बनाते हैं। वहीं इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिसर्च ऑन वीमेन, (2012) विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और राष्ट्रीय कानूनों के बावजूद, भारत में महिलाओं को उनके लिंग के आधार पर भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता है। भारत का संविधान जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं के लिए समान अधिकारों और अवसरों की गारंटी देता है, और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विधायी उपाय किए गए हैं। हालाँकि, इन कानूनों का कार्यान्वयन अपर्याप्त रहा है, और महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक हाशिए का सामना करना पड़ रहा है। भारत में महिलाओं के बीच मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर का आकलन करने के लिए कई अध्ययन किए गए हैं। महाराष्ट्र में ग्रामीण महिलाओं के बीच महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता पर जोशी और देशपांडे (2012) द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि केवल 30 प्रतिशत उत्तरदाताओं को घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों के अस्तित्व के बारे में पता था। नारायण एवं अन्य द्वारा एक अन्य अध्ययन। (2014) हैदराबाद में महिलाओं के बीच कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूकता पर पाया गया कि केवल 17.7 प्रतिशत उत्तारदाताओं ने घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 से महिलाओं के संरक्षण के बारे में सुना था।

इस लेख का आयोजन निम्न रूप में किया गया है। पहला खंड मानव अधिकारों, महिलाओं के अधिकारों और भारत में महिलाओं की स्थिति की साहित्य समीक्षा प्रदान करता है। दूसरा खंड नमूना तकनीक, डेटा संग्रह और विश्लेषण सहित अध्ययन के लिए उपयोग की जाने वाली पद्धति को प्रस्तुत करता है। तीसरा खंड अध्ययन के निष्कर्षों को प्रस्तुत करता है, जिसमें महिलाओं के बीच मानवाधिकारों के बारे में जागरूकता का स्तर, वे विशिष्ट अधिकार जिनके बारे में वे जानते हैं, और जागरूकता को प्रभावित करने वाले कारक शामिल हैं। चौथा खंड नीति और अभ्यास के लिए निष्कर्षो के निहितार्थ पर चर्चा करता है, और अंतिम खंड समापन टिप्पणी प्रदान करता है।

कुल मिलाकर, सागर शहर में महिलाओं के बीच मानवाधिकार जागरूकता का अध्ययन भारत में मानवाधिकारों, विशेष रूप से महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए चल रहे प्रयासों में एक आवश्यक योगदान है।

**समस्या कथन**

**सागर शहर की महिलाओं में मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता का अध्ययन**

**अध्ययन के उद्देश्य:**

1. सागर शहर की महिलाओं में महिला अधिकारों सहित मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर का आकलन करना।
2. सागर शहर में महिलाओं के बीच मानवाधिकार जागरूकता को प्रभावित करने वाले सामाजिक-आर्थिक और जनसांख्यिकीय कारकों की पहचान करना।
3. सागर शहर में मानवाधिकार जागरूकता और महिला सशक्तिकरण के बीच संबंधों की जांच करना।
4. सागर शहर में महिलाओं के सामने अपने अधिकारों तक पहुँचने और उन्हें साकार करने में आने वाली चुनौतियों की पहचान करना।
5. सागर शहर में महिलाओं के बीच मानवाधिकार जागरूकता, विशेष रूप से महिला अधिकार जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए रणनीतियों का सुझाव देना।

इस शोध पत्र के निष्कर्षों से सागर शहर में महिलाओं के बीच मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर को समझने और उन कारकों की पहचान करने में मदद मिलेगी जो मानवाधिकार जागरूकता में योगदान या बाधा डालते हैं। यह सागर शहर में मानवाधिकार जागरूकता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए अपने अधिकारों तक पहुँचने और उन्हें साकार करने में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में भी जानकारी प्रदान करेगा। इस अध्ययन के परिणाम सागर शहर और भारत के अन्य हिस्सों में लैंगिक समानता और मानवाधिकारों को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहे नीति निर्माताओं, गैर सरकारी संगठनों और अन्य हितधारकों के लिए उपयोगी हो सकते हैं।

**शोध की परिकल्पनाऐं:**

**परि.1** सागर शहर में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की महिलाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है।

**परि.2** सागर शहर में शिक्षा के विभिन्न स्तरों वाली महिलाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है।

**प्रदत्तों को संकलन, प्रयुक्त उपकरण एवं प्रयुक्त सांख्यिकीय विधि-** वर्तमान शोध कार्य में सागर शहर में महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति और मानवाधिकार जागरूकता पर डेटा एकत्र करने के लिए स्व-निर्मित प्रश्नावली का उपयोग शामिल है। प्रश्नावली को विषय विशेषज्ञों की सहायता से तैयार किया गया था, जिन्होंने सामग्री, मद और निर्माण वैधता पर मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रश्नावली की विश्वसनीयता का परीक्षण करने के लिए, पूर्व-परीक्षण और परीक्षण के बाद की प्रक्रियाओं के साथ-साथ एक अर्धा-व्यक्तिगत विधि का उपयोग किया गया था। डेटा विश्लेषण में सहसंबंध परीक्षणों का उपयोग शामिल है, जिसके परिणाम नीचे दी गई तालिका में प्रस्तुत किए गए हैं।

**परि.1 सागर शहर में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की महिलाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है।**

**सारणी क्रमांक 1: सागर शहर में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की महिलाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर संबंधी तुलनात्मक परिणाम**

| सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | क्रांतिक अनुपात मान | सार्थकता स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| उच्च | 101 | 28.82 | 7.12 | 4.48 | सार्थक अंतर |
| निम्न | 99 | 24.42 | 6.75 | | |

स्वतंत्रता के अंश -198, 0.01 स्तर के लिये निर्धारित न्यूनतम मान - 2.57

उपरोक्त सारणी में प्रदर्शित परिणामों से स्पष्ट है कि सागर शहर में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की महिलाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर के मध्य सांख्यिकी दृष्टिकोण से सार्थक अंतर हैं क्योंकि प्राप्त क्रांतिक अनुपात मान 4.48 है जो कि स्वतंत्रता के अंश 198, के 0.01 स्तर के लिये निर्धारित न्यूनतम मान 2.57 से अधिक हैं।

अतः उपरोक्त परिणामों के आधार पर कहा जा सकता है कि सागर शहर में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की महिलाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर के मध्य सार्थक अंतर पाया गया अर्थात मानव अधिकार के प्रति जागरूकता के स्तर में उच्च एवं निम्न सामाजिक-आर्थिक स्थिति वाली महिलाओं में अंतर पाया गया।

अतः उपरोक्त परिणामों के परिप्रेक्ष्य में पूर्व में ली गई परिकल्पना 'सागर शहर में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की महिलाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है।' अस्वीकृत की जाती है।

**परि.2 सागर शहर में शिक्षा के विभिन्न स्तरों वाली महिलाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है।**

**सारणी क्रमांक2 (अगले पृष्ठ पर देखे)**

सारणी 2 में प्रदर्शित परिणामों के आधार पर, हम देख सकते हैं कि शिक्षा के उच्च स्तर वाली महिलाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता का स्तर उच्च है। कामकाजी महिलाओं का समूह, 20.5 प्रतिशत मानव अधिकारों के प्रति जागरूक हैं, जो कि छात्राओं और गृहिणियों के समूह से अधिक है, जहाँ क्रमशः केवल 12.5 और 6.5 प्रतिशत मानवाधिकारों के प्रति उच्च जागरूक हैं।

वही यह देखा गया कि मानवाधिकारों के प्रति जागरूक गृहिणियों का प्रतिशत सभी तीन समूहों में सबसे कम है, यह सुझाव देता है कि शिक्षा महिलाओं के बीच मानवाधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसके अलावा, कामकाजी महिलाओं का प्रतिशत जो मानव अधिकारों के बारे में उच्च जागरूक हैं, गृहिणियों की तुलना में अधिक है, जो विभिन्न सामाजिक और व्यावसायिक वातावरणों के उनके संपर्क के कारण हो सकता है।

इन परिणामों से संकेत मिलता है कि शिक्षा महिलाओं के बीच मानवाधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। निष्कर्ष बताते हैं कि समाज में महिलाओं के अधिकारों की स्थिति में सुधार के लिए शिक्षा और जागरूकता अभियानों तक पहुंच प्रदान करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

**अध्ययन के निष्कर्ष:**

1. सागर शहर में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की महिलाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर के मध्य सार्थक अंतर पाया गया अर्थात मानव अधिकार के प्रति जागरूकता के स्तर में उच्च एवं निम्न सामाजिक-आर्थिक स्थिति वाली महिलाओं में अंतर पाया गया।
2. सागर शहर में शिक्षा के विभिन्न स्तरों वाली महिलाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर के मध्य पर सार्थक संबंध पाया गया क्योंकि शिक्षा के उच्च स्तर वाली महिलाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता का स्तर उच्च है। कामकाजी महिलाओं का समूह, 20.5 प्रतिशत मानव अधिकारों के प्रति जागरूक हैं, जो कि छात्राओं और गृहिणियों के समूह से अधिक है, जहाँ क्रमशः केवल 12.5 और 6.5 प्रतिशत मानवाधिकारों के प्रति उच्च जागरूक हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. संयुक्त राष्ट्र (1948) मानव अधिकारों का सार्वजनिक घोषणापत्र। https:www.un.org;universal/declaration/of/human&rights से लिया गया।
2. भारत सरकार (1976) भारत का संविधान https: www.india.gov.in/sites/default/files/CoI/1.pdf से पुनर्प्राप्त
3. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (2015) मानव विकास रिपोर्ट 2015 http:hdr.undp.org/sites/all/themes/hdr&theme/country&notes@IND.pdf से पुनर्प्राप्त
4. मल्होत्रा, ए., और बत्रा, ए. (2017)। भारत में महिलाओं में मानवाधिकार जागरूकताः एक अनुभवजन्य अध्ययन। मानविकी और सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, 5(2), 1-10
5. शर्मा, एन., और श्रीवास्तव, आर.के. (2019)। सागर शहर में महिलाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता का अध्ययन। इंडियन जर्नल ऑफ एप्लाइड रिसर्च, 9(10), 14-17
6. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग। (2018) भारत में मानवाधिकारः वार्षिक रिपोर्ट 2017-18
7. संयुक्त राष्ट्र महिला (2021) महिला आर्थिक सशक्तिकरण। https: www.unwomen.org/en/what&we&do/Economic&empowerment से लिया गया
8. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार (2021) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ। https: www.betibachaobetipadhao.co.in से लिया गया।

**सारणी क्रमांक 2: सागर शहर में शिक्षा के विभिन्न स्तरों वाली महिलाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता के स्तर संबंधी तुलनात्मक परिणाम**

| शिक्षा का स्तरछात्राएं | | गृहिणी | | | कामकाजी | | | महिलाएं | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सं. | जागरूकता | | सं. | जागरूकता | | सं. | जागरूकता | |
| | | | उच्च | निम्न | | उच्च | निम्न | | उच्च | निम्न |
| अनपढ़ | | – | – | – | 13 | 3 | 10 | 27 | 11 | 16 |
| | प्रतिशत | **–** | **–** | **–** | **6.5** | **1.5** | **5** | **13.5** | **5.5** | **8** |
| दसवीं | | 23 | 8 | 15 | 11 | 3 | 8 | 16 | 8 | 8 |
| | प्रतिशत | **11.5** | **4** | **7.5** | **5.5** | **1.5** | **4** | **8** | **4** | **4** |
| बारहवीं | | 15 | 7 | 8 | 9 | 2 | 7 | 21 | 10 | 11 |
| | प्रतिशत | **7.5** | **3.5** | **4** | **4.5** | **1** | **3.5** | **10.5** | **5** | **5.5** |
| स्नातक | | 18 | 8 | 10 | 8 | 3 | 5 | 15 | 7 | 8 |
| | प्रतिशत | **9** | **4** | **5** | **4** | **1.5** | **2.5** | **7.5** | **3.5** | **4** |
| परास्नातक | | 9 | 2 | 7 | 4 | 2 | 2 | 11 | 5 | 6 |
| | प्रतिशत | **4.5** | **1** | **3.5** | **2** | **1** | **1** | **5.5** | **2.5** | **3** |
| कुल | | 65 | 25 | 40 | 45 | 13 | 32 | 90 | 41 | 49 |
| | प्रतिशत | **32.5** | **12.5** | **20** | **22.5** | **6.5** | **16** | **45** | **20.5** | **24.5** |

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# महात्मा गांधी के रामराज्य की संकल्पना का आधार एवं गांधी के राम

**गौरव कुमार पांडे***

* सहायक प्राध्यापक (दर्शनशास्त्र) राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** महात्मा गांधी भारत के एक महान संत एवं जन नेता थे, जिनका जन्म भारत के गुजरात प्रांत में हुआ था। इन्होंने अपने संपूर्ण जीवन को मानवीय सेवा के लिए न्यौछावर कर दिया अपने जन्म से लेकर मृत्यु तक की संपूर्ण यात्रा में इन्होंने अनेक विषयों पर चिंतन किया चाहे वह सामाजिक विषय हो चाहे वह आर्थिक विषय हो चाहे वाह नीति शास्त्री विषय हो इसी तरह इन्होंने अपने तीखी बौद्धिक क्षमता से राजनीतिक चिंतन व्यवस्था को भी दिया जिसमें इनका रामराज्य बहुत ही अद्भुत एवं बौद्धिक चिंतन व्यवस्था है। इनकी संपूर्ण चिंतन व्यवस्था भारतीय ज्ञान परंपरा वैदिक साहित्य रामचरितमानस एवं गीता से प्रभावित रही और इसी ज्ञान परंपरा का अपने पूरे जीवन अनवरत रूप से पालन करते हुए गांधी जी ने अपने संपूर्ण जीवन को आगे बढ़ाया और अपने जीवन में इस ज्ञान का प्रयोग भी किया और निरंतर सत्य के पथ पर बढ़ते गए और सामने आने वाली समस्त बाधाओं से लड़ते हुए अपने आप को सशक्त मजबूत बनाया और अपने जीवन को मर्यादा पुरुषोत्तम राम की तरह मर्यादित करके संपूर्ण जीवन को जिया ऐसे थे हमारे महान संत जन नेता महात्मा गांधी जी जिन्होंने स्वयं अपने आप को प्रकाशित किया भारत के लोगों को प्रकाशित किया साथ ही साथ भारत की भूमि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रकाशित किया।

महात्मा गांधी भारत की ज्ञान परंपरा एवं इसके अंतर्गत आने वाले अनेक साहित्यों से प्रभावित थे उनमें से एक महान महाकाव्य श्रीरामचरितमानस है, जो मर्यादा पुरुषोत्तम राम के मर्यादित जीवन की और उस समय की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व्यवस्था की व्याख्या करता है। इसके साथ ही साथ हमें उस समय कि पर्यावरण चेतना का भी ज्ञान देता है। उसी मानस से प्रभावित होकर महात्मा गांधी ने अपने रामराज्य की संकल्पना अपने राजनीतिक चिंतन में दी की हमारे राज्य की व्यवस्था कैसे होनी चाहिए और इस संपूर्ण चिंतन का आधार तुलसीकृत रामचरितमानस था। जिसमें से उन्होंने रामराज्य की संकल्पना को लेकर रामराज्य की एक बौद्धिक, तार्किक व्याख्या की कि हमारा रामराज्य आज के आधुनिक परिपेक्ष्य में कैसा हो इसकी व्यवस्था या सीख हमें अपने भारतीय महाकाव्य रामचरितमानस से लेना चाहिए। हमें ऐसे राज्य की स्थापना करनी चाहिए। जो राज्य विहीन हो और राज्य की अगर सत्ता महसूस हो या उसकी जरूरत हो तो उसके हाथ में बहुत ही कम सकती हो। जिससे मानव के जीवन में कोई बंधन ना आ सके या राज्य के द्वारा कोई परिधि न खींची जा सके जिससे व्यक्ति अपने अस्तित्व का और अपना सर्वांगीण विकास ना कर सके। इसके साथ ही साथ इन्होंने राम राज्य के मुख्य गुण या तत्व के रूप में स्वयं की चेतना से प्रेरित होकर काम करने को रामराज्य की संकल्पना का मुख्य आधार बताया है।

रामराज्य तभी फलीभूत हो सकता है जब राज्य का प्रत्येक मनुष्य अपने उत्तरदायित्व एवं कर्तव्य को स्वा की प्रेरणा से निभाए क्योंकि अगर मनुष्य स्वयं की प्रेरणा से सभी कार्यो को करेगा तो उसमें कभी भी कोई बुराई नहीं आएगी और राज्य की संपूर्ण रागरयाओं का रागाधान अपने आप हो जाएगा। गांधी के राम राज्य में सभी व्यक्तियों को कुछ ना कुछ कार्य मुहैया करवाया जाएगा जिससे प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन को एक स्वाभिमान एवं गरिमा पूर्ण तरीके से जी सकें इसके साथ साथ राज्य के सभी मनुष्यों से किसी भी प्रकार का भेद नहीं किया जाएगा। सबके साथ समतामूलक व्यवहार किया जाएगा और यहां पर स्त्री और पुरुष के मध्य कोई भेद नहीं समझा जाएगा स्त्रियों को भी पुरुषों के समान समान अधिकार और समाज में समान सहभागिता का स्थान दिया जाएगा। जिससे समाज में प्रत्येक स्त्री की ऊर्जा का प्रयोग राज्य के उन्नयन एवं राज्य के विकास के लिए उपयोग किया जा सके राज्य में कोई भी ऐसी व्यवस्था लागू नहीं की जाएगी जिससे किसी व्यक्ति द्वारा किसी अन्य व्यक्ति का शोषण किया जा सके और साथ ही साथ संपूर्ण जनता की जवाबदेहीता होगी रामराज्य की व्यवस्था को बनाने एवं सवारने में गांधी जी के राम राज्य में पशु पक्षियों जीव जंतुओं एवं पर्यावरण के किसी भी घटकों जैसे पेड़- पौधे, नदी-तालाब आदि के प्रति किसी भी प्रकार की हिंसा वर्जित होगी समाज में किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का ना तो सेवन किया जाएगा ना तो उत्पादन किया जाएगा।

एक आध्यात्मिक समाज का निर्माण किया जाएगा और आध्यात्मिक चेतना को बनाए रखने के लिए सुबह-शाम धार्मिक कीर्तन और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गांधीजी के रामराज्य की संपूर्ण अवधारणा का ज्ञान हम उनके हिंदू नामक पत्रिका के माध्यम से समझ सकते हैं जहां पर गांधी जी ने अपने संपूर्ण रामराज्य की संकल्पना को व्यक्त किया है। गांधी जी ने रामराज्य की संकल्पना को व्यक्त करते समय शासक वर्ग के दायित्वों को बहुत अच्छे से समझाया है कि शासक वर्ग हमेशा अपनी जनता को अपने पुत्र के समान समझे और उनके शारीरिक मानसिक आध्यात्मिक और आर्थिक विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कार्य करें कभी भी अपने कर्तव्य पथ से विमुख ना होवे जिससे समाज में समृद्धि समरसता बनी रहे और रामराज्य की व्यवस्था यथावत चलती रहे और भविष्य में किसी भी प्रकार

की समस्या ना उत्पन्न हो। जिससे शासक–जनता या जनता–जनता के मध्य कोई समस्या उत्पन्न हो ।

गांधी का राम राज्य जो की समतामूलक न्याय पर स्थापित था इसलिए गांधी जी हमेशा समतामूलक न्याय के लिए पर्यावरणीय संवेदनशीलता के प्रति अपने राम राज्य में हमेशा सजग रहें और लोगों के मन में हमेशा पर्यावरणीय चेतना के बीज अपने पत्र–पत्रिकाओं एवं भाषण से लोगों के मन में डालते रहे कि पर्यावरण संपदा हमारी आवश्यकता की पूर्ति कर सकती है। लेकिन हमारी इच्छा हो या वासनाओं कि नहीं इसलिए राम राज्य के प्रत्येक नागरिकों को अपने आवश्यकताओं की पूर्ति के अनुसार प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करें जिससे राज्य के प्रत्येक जनमानस की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके और मेरे राम राज्य की संकल्पना जो मैंने की है वह अपने वास्तविक स्वरूप में फलीभूत होकर एक छोटे बीज से वृक्ष का रूप धारण कर सकें और प्रत्येक जनमानस के अंदर ऐसी भावना घर कर सकें।

इसके साथ ही साथ गांधी जी ने अपने राम राज्य की स्थापना के लिए नागरिकों को कुछ मूल मंत्र भी दिए जैसे सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रम्हचर्य जैसे महत्वपूर्ण सूत्र दिए जिसका उपयोग करके और इनकी प्रेरणा लेकर मनुष्य जीवन में राम राज्य की ओर बढ़ सके और रामराज्य की नीव रख सके इसी प्रकार जब हम गांधी के रामराज्य में और आगे बढ़ते हैं तो पाते हैं कि राम राज्य में जो न्याय व्यवस्था है। उस पर बहुत ही गंभीरता पूर्वक चिंतन किया गया है गांधी जी के द्वारा फिर उसके बाद न्याय की एक बौद्धिक एवं तार्किक व्यवस्था दी गई है। जिसमें रामराज्य का प्रत्येक नागरिक किसी भी प्रकार से न्याय से वंचित नहीं रहेगा और न्याय की त्वरित एवं कम खर्चीली व्यवस्था को गांधी जी ने अपने राम राज्य में दिया है।

गांधीजी का मानना था कि न्याय व्यवस्था जितनी साधारण और जनमानस को केंद्र में रखकर बनाई जाएगी उतनी ही अच्छी और व्यापक होगी। जिसमें कोई भी न्याय से वंचित नहीं रहेगा। गांधी जी ने अपने राम राज्य में ग्राम स्तर पर छोटे–छोटे न्याय समितियों के माध्यम से न्याय की व्यवस्था को अपने रामराज्य के दर्शन में स्वीकार किया है जिसमें इन समितियों के माध्यम से त्वरित न्याय दिया जाएगा और यह न्याय बहुत ही कम खर्चीला होगा जिससे आम जनमानस पर न्याय के लिए आर्थिक दबाव नहीं बनेगा। क्योंकि गांधीजी का मानना था अगर कोई व्यक्ति अपनी सारी पूंजी को खोकर कर न्याय को प्राप्त करता है तो एक समस्या से छूटकर दूसरी समस्या में फस जाता है और उसकी संपूर्ण पूंजी न्याय को पाने में ही खत्म हो जाती और फिर उसके सामने समस्या जस की तस रहती है। कभी–कभी तो न्याय के इतनी खर्ची ले होने से मनुष्य के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगता है। जिसमें मनुष्य अपनी सारी पूंजी न्योछावर कर के न्याय को प्राप्त करता है। यहां पर देख सकते हैं कि गांधी जी ने रामराज्य की व्यवस्था में कैसे समतामूलक न्याय व्यवस्था को अपने राम राज्य की संकल्पना में दिया है। जो उनके एक व्यापक जन चिंतक के दृष्टिकोण को दिखाता है इसके साथ ही साथ देखते हैं किगांधी जी ने जब श्री राम चरित्र मानस पड़ा तब उसमें इन्होंने जो सामाजिक समरसता और अस्पृश्यता का जो भाव या बीज इनको मिला। जैसे राम की वनजातियों के प्रति प्रेम, दया, सौहार्दपूर्ण भावना और शबरी के प्रति राम का प्रेम और उनके जूठे बेर को बिना किसी भेद के राम के द्वारा खाना गांधी जी को और उनकी भावना को बहुत ही अधिक प्रभावित करता है और यही भावना घनीभूत होकर उनको अपने रामराज्य की संकल्पना को और अधिक प्रेरित और उत्साहित करता है। इसके साथ ही साथ इनकी इस भावना को इनके द्वारा हिंद स्वराज में कुछ इस प्रकार मानस के दोहे को लेकर व्यक्त किया गया है।

**कंद मूल फल सुरस अति दिए राम कहुँ आनि।**
**प्रेम सहित प्रभु खाए बारंबार बखानि ।।34।।**

**गांधी के राम** –गांधी जी ने अपने राम के स्वरूप की व्याख्या 30 मार्च 1928 को रामनवमी के दिन दिए अपने एक विचार से स्पष्ट की है कि मेरे राम का स्वरूप कैसा है उस विचार को जब समझते हैं तो राम के स्वरूप या गांधी के राम के स्वरूप खुलते चले जाते हैं। इन्होंने कहां है कि मेरे राम बाल्मीकि रामायण या तुलसीकृत मानस के राम नहीं हैं जो शरीरधारी एवं अवतारी हैं जो अन्याय के खिलाफ शस्त्र को उठा लेते हैं और इसके माध्यम से धर्म को स्थापित करते हैं। यह जो केवट को गले लगा लेते हैं या जो पिता के प्रतिज्ञा को पूर्ण करने के लिए अपने साम्राज्य को छोड़ जाते हैं। यह जो अपने पत्नी के हरण पर विश्व विजेता रावण को क्षमा नहीं कर पाते या फिर किसी मनुष्य के हृदय में जो एक मनुष्य के रूप में विराजित हैं ऐसे मेरे राम नहीं है। बल्कि मेरे राम अनादि और अनंत है जो किसी भी प्रकार से संकीर्ण ना होकर व्यापक हैं और वह निर्गुण निराकार ब्रह्म स्वरूप वाले हैं और सत्य स्वरूप वाले हैं। जो कण–कण में व्याप्त है जिसके कारण यह संपूर्ण जगत अपने लय में संचालित एवं विकसित हो रहा है और इसके साथ ही साथ वह किसी विशेष जाति या धर्म के नहीं है। बल्कि वे सबके हैं और उनका ही तत्व सभी मनुष्यजाति जीव जंतु एवं इस संसार में व्याप्त हैं और उनके ही प्रकाश से संपूर्ण सत्ता प्रकाशित हो रही हैं और यही तत्व मनुष्य के अंदर भी सुषुप्त रूप में विद्यमान है। इसी के विकसित हो जाने पर संपूर्ण चेतना विकसित हो जाती है और सारे भेद मिट जाते हैं तब मेरे राम के स्वरूप की प्राप्ति होती हैं और मेरे राम के स्वरूप को अगर देखना है तो वह उपनिषद वेद एवं कबीर के निर्गुण ब्रह्म के समान हैं असीम एवं अनंत है जिनके उदय से संपूर्ण चेतना में क्रांति की घटना घटित हो जाती है जिससे मनुष्य स्वयं को प्रतिफल पिघलाकर के दूसरों को रोशनी एवं ज्ञान को देता है और स्वयं राम तत्व हो जाता है और उस अनंत सर्व व्यापक राम तत्व में मिल जाता है। इस प्रकार हम गांधी जी के राम के स्वरूप की स्पष्टता को हम उनके द्वारा 30 मार्च 1928 के भाषण से गांधी के राम को गांधी के विचारों से समझ सकते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:–**

1. महात्मा गांधी, कलेक्टेड वर्क, वॉल्यूम 41 पेज 338
2. समाज दर्शन की भूमिका, जगदीश सहाय श्रीवास्तव, विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी, 1970, पृष्ठ 993 से 996
3. नंदकिशोर आचार्य, सभ्यता का विकल्प, पृष्ठ 16
4. तुलसीकृत रामचरितमानस, गीता प्रेस गोरखपुर, पृष्ठ 426
5. महात्मा गांधी, हिंद स्वराज्य, पृष्ठ 57

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# Study of Physico-Chemical Characteristics of Sediment of Abheda Pond of Kota (Rajasthan)

**Sushma Agrawal* Veena Chourasia****

*Assistant Professor (Zoology) Maa Bharti P.G. College, Kota (Raj.) INDIA
** Associate Professor (Zoology) Govt. College, Kota (Raj.) INDIA

**Abstract -** The sediment of pond play an important role in not only regulating the concentration of nutrients of pond water but also provide essential minerals to aquatic flora and fauna of an aquatic ecosystem. The present study was carried out from Aug.2015 to July 2016, it deals with the study of physico-chemical parameters which include pH, Electrical conductivity, Chloride, Total alkalinity, Calcium, Magnesium, Sodium, Potassium, Nitrate and Phosphate. During the study period fluctuations of various parameters were observed. Sediment analysis results showed that the soil of the pond remained alkaline throughout the study period. The productivity of an ecosystem mainly depends upon the quality of sediments. Some parameters were found above the limit and some below the limit which affect the quality and productivity of pond sediments.
**Keywords-** Abheda, Physico- chemical, Parameters,Pond,Sediments.

**Introduction -** In aquatic ecosystem, sediment is the most important ecological factor the productivity of pond depends largely on the quality of bottom soil that is “storehouse of nutrients”. The physical and chemical characteristics of pond water are influenced by the properties of bottom sediments. The bottom sediments provide nutrient and shelter for the benthic organisms and also act as the reservoir of nutrients for the growth of benthic organism. The sediment also functions as a buffer and governs the storage and release of nutrients into the overlying water. Therefore, bottom soil described as the “chemical laboratory of pond.” It serves as biological filter through the adsorption of organic residues of food, excretory products and algal metabolites. The sediment also helps in the decomposition and mineralization of organic deposits at the bottom by bacterial activity. The ability of bottom soil to provide various nutrients for biological production is assessed through the analysis of its physico-chemical parameters. This parameter bears the effect of various anthropogenic activities like rapid urbanization, industrialization, population explosion, agricultural waste and flow of pesticides and fertilizers into it.In india however, very little work has been carried out to explore the sediment characteristic of aquatic bodies. In this field Saha,et.al(1971),Raoand Burve (1989), Dave(2008),Mahajan and Billore(2014) made some contribution.

**Study Area:** Kota district is situated in the southern east region of Rajasthan. This region is drained by the Chambal River and its tributaries such as Kalisind, Parvan and Parvati. Abheda Pond is an artificial pond, it was dug during the ‘Riyasat Kal’ to quench the thirst of wild animals, it is about 8KM from Kota district and lies between 25º12'-11" North Latitude and 75º-53'-15" East Longitude. During 1800, this water tank (pond) was home to a large number of crocodiles. Like any other pond it has no wave action, has shallow depth, and negligible temperature variation along its depth. It sustains enormous floral and faunal diversity. The pond water is used for drinking, fishing and other anthropogenic activities.

**Material and Methods:** In the aquatic ecosystem, the sediments are in a complex milieu with the overlying water, they affect water chemistry and are being affected by it. Monthly sediment samples were collected from the four sites of Abheda pond from Aug. 2015 to July 2016. After scooping out the samples from these sites they were put into polythene bags and brought to the lab. Air dried pulverized and then passed through small pore size sieves. After this analysis of various parameters of sediment by standard method mention by APHA(1998) and Trivedi and Goel (1986).pH of soil extract was measured by digital pH meter,Electrical conductivity by a digital conductivity meter, Total alkalinity and Chlorides by titration method, Calcium and Magnesium by EDTA method, Nitrate by PDA method whereas Phosphate-phosphorus by Spectrophoto-meter.Sodium and Potassium estimated by using a Flame photometer.

**Results and Discussion of Sediment:** The physico-chemical characteristics of sediment of Abheda pond was based on qualitative analysis of the sediment. The color of the sediment appeared black during rainy season to winter

season, while light brown during the summer.

**pH**: The pH of Abheda pond was found alkaline and varied between 6.66 to 8.08 The maximum pH value was recorded in summer season and minimum in winter season, similar results were reported by Shaikh (1996)in Bilawali Tank Indore and Mahajan et al (2014) in Nagchoon pond. Soil pH in the range of 6.5 to 7.5 is considered ideal for any lake or pond .The present study showed pH of Abheda pond slight deviation from the ideal conditions.

**Electrical-Conductivity**: Electrical conductivity offers a quick and convenient way for determining the total amount of ionizable salts in soil. In the present study E.C. was in the range of225 to 489 ìmohs/cm. In the present study the maximum Electrical conductivity was recorded in the summer season and minimum in the rainy season. Similar results were observed by Shrivastav A.(1996) in Pipalya Talab, Mendhe K.(1997)BilawaliTank,Indore and Mahajan et al (2014) in Nagchoon pond Khandawa,(M.P.)

Optimal EC level in the soil range from 110-570 ìmohs/ cm.Too low EC level indicates low available nutrients, and too high EC level indicate an excess of nutrients. The present study showed that the EC of Abheda pond soil is in the range of optimal level.

**Organic Carbon**-Organic carbon is an index of soil productivity and the amount of carbon broken down from plants and animals that are stored in soil. The organic carbon content of Abheda pond soil ranged between 0.30% to 0.61% .The maximum organic carbon content found in the month of June and minimum in the month of July at all sites. Munsiri et al (1996)in his study found the normal value of organic carbon in range of 0.5 to 0.75%, In the present study carbon content of Abheda pond soil fall in between 0.30 to 0.61% which is lower than normal.

**Total Alkalinity**-Alkalinity depends upon the level of water-soluble anion. During the study period the alkalinity ranged between 42 ppm to 86 ppm. The maximum total alkalinity values recorded in summer and minimum values in the rainy season may be due to the dilution of water. The minimum values in the rainy season, similar observations were reported by Pandit(2005) in Ransager reservoir and Mahajan et al (2014)[7]in Nagchoon pond Khandawa,(M.P.)

**Calcium**: Calcium contents of the sediments is the function of deposit of limestone and gypsum etc.During the study period,calcium value ranged from 21.30ppm to 40 ppm. The present study revealed the maximum calcium values recorded in the summer season and minimum calcium values recorded in the rainy season. Similar results was observed by Sahaet.al(1971) in the soil of perennial freshwater pond,Shaikh et al (1996)13 at Bilwali Tank and Mahajan et al (2014)7 in Nagchoon pond Khandawa,(M.P.).These results coincide with the present findings.

**Magnesium**: Magnesium is a water-soluble cation and it is necessary for chlorophyll pigment in green plants. During the study period, magnesium value ranged from 30 ppm to 10.42 ppm. The results of the study year revealed that the maximum magnesium value is found in summer and minimum magnesium in the rainy season. In Abheda pond, the value of magnesium was found lower than calcium.

**Chloride**: At the study sites of Abheda pond the chloride content ranged from8 ppm.to 38 ppm. The maximum concentration of chloride in summer may be due to evaporation and high temperature and minimum concentration in rainy season due to dilution of pond water, similar results was recorded by Choubey,A(1991)in Gandhi Sagar reservoir and Mahajan et al. (2014) in Nagchoon pond Khandawa,(M.P.)

**Sodium**: Sodium is a soluble cation in the present study sodium was found in the range of 1.85 to2.90 ppm. The sodium content of Abheda pond soil revealed that maximum sodium values recorded in summer season and minimum sodium values recorded in rainy season during the present investigation.

**Potassium:** Potassium is also a soluble cation, during the study period the amount of Potassium ranged from 1.20 ppm to 1.75 ppm . Thus it was maximum in summer season while minimum in rainy season.

**Nitrate-Nitrogen:** The major source of nitrogen in soil is nitrogenous bacteria such as cyanobacteria which fix atmospheric nitrogen.In Abheda pond, the soil nitrate-nitrogen value extended from 0.80 ppm to 1.8 ppm, Maximum value in summer season and minimum in rainy season of nitrate nitrogen this might be due to dilution of pond water.

**Phosphate-Phosphorus:** Phosphate is an element required for, all aspects of cellular metabolism, respiration, cell division, growth, synthesis of protein and incorporation in all living tissues. During the investigation period the quantity of phosphorus ranged from 0.35 ppm to 1.07ppm. The value revealed the maximum phosphate value recorded in summer season and minimum value of phosphate recorded in rainy season.

**Table 1 (see in next page)**

**Conclusion:** The result showed that the nature of the bottom soil was alkaline; conductivity is higher in summer due to high concentration of salts in the soil. On the other hand chloride concentration was slightly higher than normal. The nitrate and phosphate concentration in sediment had affected the anthropogenic activity in and around Abheda pond, sodium and potassium are found under considerable range.

**References:-**

1. Adoni, A.D. (1985): Workbook of Limnology Pratibha Publications, Sagar.
2. A.P.H.A. (1998) Standard methods for examination of water and Waste Water.20th Edition, American Public Health Association, Washington D.C.
3. Choubey,A.(1991)Studies on physico- chemical and biological parameters of Gandhi sagar reservoir, Ph.D. Thesis, VikramUniversity, Ujjain 224.

4. Dave, V.(2008)Limnological studies of Kishanpura lake withspecial reference to population dynamics, Ph,D. ThesisD.A.V.V. University, Indore.
5. Edwards, R.W. (1972) Pollution, Oxford Biology Readers ,No:31: 16.
6. Mahajan, S., and Billore, D. (2014) Assessment of Physico-chemical characteristics of the Soil of Nagchoon Pond Khandwa, MP, India.*ResearchJournal of Chemical Sciences.* 4(1): 26-30.
7. Mendhe, K.(1997) Studies of hydro chemical characters and phytoplankton population of BilawaliTalab Indore, Ph.D. Thesis D.A.V.V. Indore (M.P.)
8. Munsiri, P, Boyd, C.E., Green,B.W.and Hajak, B.F.(1996) Chemical and physical characteristics of bottom soil profile in pondon Haplaquets in an arid climate at Abasa Egypt. *Jaquacult. Tropics*. 11:319-326.
9. Pandit, P., Ansari, A. and Kanhare, R.R.(2005) Hydrochemistry of ground water in Barwani town (M.P.)An area of Southwestern zone of Narmada river basin; At pre impoundment ofSardarSarovar Dam. Proceedings of ICCE, 511-513.
10. Rao, N.G. and Burve, V.S. (1989) Cultural Eutrophication of the lake Ranasagar Udaipur Rajasthan, India. *J.Environ. Biol*. 10(2):127-134.
11. Saha,G.N.,Sehgal, K.L.,Mitra, E. and Nandy, A.C.(1971) Studies on the seasonal and diurnal variations in physico- chemical and biological condition of a perennial fresh water pond.*Journalof Inland Fisheries Society of India.* (3): 79-102.
12. Shaikh, R.(1996) Studies of moist bank community structure and production of Bilawali Talab, Indore, Ph.D. Thesis, D.A.V.V.Indore.
13. Shrivastava, A.(1996) Studies on the macrophytic vegetation of Pipalyapala talab, Indore, Ph.D. Thesis, D.A.V.V. Indore.
14. Trivedi,R.K.andGoel, P.K. (1986) Chemical and Biological Methods for water pollution Studies. Environmental Publication, Karad, India, 215.

**Table1: Monthly variation in physico-chemical parameters in Abheda pond sediments year 2015 to 2016**

| S. | Parameters | Aug | Sep | Oct | Nov | Dec | Jan | Feb | Mar | Apr | May | Jun | Jul |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | pH | 7.72 | 7.81 | 7.58 | 7.46 | 6.77 | 6.71 | 6.66 | 7.55 | 8.00 | 8.08 | 8.02 | 7.59 |
| 2 | Electrical conductivity µmohs/cm | 235 | 243 | 254 | 345.25 | 376.2 | 383.75 | 388 | 450.0 | 484 | 489 | 432 | 225.2 |
| 3 | Organic Carbon( %) | 0.32 | 0.34 | 0.39 | 0.40 | 0.36 | 0.34 | 0.38 | 0.41 | 0.44 | 0.54 | 0.61 | 0.30 |
| 4 | Total Alkalinity(ppm) | 42.00 | 53.75 | 61.50 | 62.50 | 68.00 | 74.75 | 77.50 | 81.00 | 81.00 | 84.00 | 86.50 | 43.00 |
| 5 | Calcium(ppm) | 21.30 | 23.00 | 23.87 | 24.22 | 25.00 | 25.82 | 27.25 | 37.61 | 37.37 | 38.00 | 40.00 | 21.45 |
| 6 | Magnesium ( ppm) | 10.42 | 13.46 | 13.75 | 14.48 | 15.50 | 15.78 | 17 | 27.48 | 28.23 | 28.12 | 30.12 | 11.42 |
| 7 | Chloride(ppm) | 8.00 | 8.75 | 9.50 | 23.00 | 20.00 | 21.25 | 18.75 | 30.00 | 32.25 | 37.00 | 34.00 | 7.50 |
| 8 | Sodium (ppm) | 1.88 | 1.94 | 2.30 | 2.12 | 2.08 | 2.02 | 2.04 | 2.00 | 2.48 | 2.85 | 2.47 | 1.85 |
| 9 | Potassium (ppm) | 1.19 | 1.40 | 1.41 | 1.43 | 1.47 | 1.51 | 1.58 | 1.61 | 1.66 | 1.68 | 1.73 | 1.63 |
| 10 | Nitrate (ppm) | 0.82 | 0.87 | 1.02 | 1.00 | 1.06 | 1.14 | 1.16 | 1.63 | 1.68 | 1.75 | 1.74 | 0.80 |
| 11 | Phosphate (ppm) | 0.43 | 0.50 | 0.57 | 0.65 | 0.70 | 0.75 | 0.80 | 1.05 | 1.03 | 1.06 | 0.92 | 0.35 |

*************

# श्रुति गर्भित संगीतकला

**डॉ. प्रीति श्रीवास्तव***

* सहायक प्राध्यापक (संस्कृत) राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** मानव ने संस्कारित होने के लिए अनेक कलारूपों को आत्मसात् किया है। मनुष्य की कला रसिकता ने उसके जीवन को परिपूर्ण और संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। कला के प्रति मानव मात्र की आस्था सनातन काल से अस्तित्व में है।

**भावाविष्करणं कला** (कथक नृत्य शिक्षा-1)

आचार्यो ने भावों को सुंदरता के साथ सजा सँवारकर व्यक्त करने की विभिन्न प्रणालियों को **'कला'** कहा है। कला के दो भेद है –

1. उपयोगी कला व 2. ललित कला।

ललित कला के अंतर्गत पाँच कलाएँ मानी जाती है :- (1) स्थापत्य कला, (2) मूर्तिकला, (3) चित्रकला (4) संगीतकला व (5) काव्यकला।

ललित कलाओं में संगीतकला का स्थान सर्वोत्कृष्ट है। संगीत, वह कला है जिसमें संगीतज्ञ अपने भावों, कल्पनाओं तथा बुद्धिगत विचारों व अनुभूतियों को स्वर, लय और ताल के माध्यम से व्यक्त करता है।

पण्डित शारंगदेव ने संगीत रत्नाकार ने कहा है :-

**गीतं वाद्यं तथा नृत्यं त्रयं संगीतमुच्यते।**

(संगीतरत्नाकर - 21)

अर्थात् गायन, वादन औन नर्तन तीनों कलाओं का समावेश संगीत कहलाता है। ब्राह्मण काल में नृत्य, गीत तथा वाद्य के लिए **'शिल्प'** शब्द प्रयुक्त होता था।

**त्रिविधो शिल्पं नृत्यं - गीतं - वादत्रमिति।**

(कौषीतकि ब्राह्मण - 29/5)

विश्व साहित्य में प्राचीनतम साहित्य के रूप में प्रतिष्ठित वैदिक वाङ्मय में कलारूपों के तत्तव विविध उपक्रमों में कभी साक्षात् रूप में तो कभी सांकेतिक रूप में दृष्टिगोचर होते हैं। प्राय: वेदों को ज्ञान, कर्म और आध्यात्मक की दृष्टि से परखा जाता है, किन्तु वैदिक वाङ्मय को संगीतकला की दृष्टि से आलोडित करने का यह मेरा विनम्र प्रयास है।

**वैदिककालीन समनोत्सव –** ऋग्वेदकाल में 'समन' नामक उत्सव का आयोजन किया जाता था, जिसमें कलाकार व विद्वजन साग्रह भाग लेते थे। कलात्मक प्रतियोगिताओं को भी इस उत्सव में स्थान मिलता था। इस उत्सव में स्त्रियाँ अलंकृत व प्रसन्न वदन होकर अपने मनोरंजन हेतु जाती थी-

**अभि प्रवन्न समनेव योषा: कल्याण्य: स्मयमानासो अग्निम्।**

(ऋग्वेद - 4/58/8)

समनोत्सव रात्रि में प्रारंभ होकर प्रात: काल पर्यन्त चलता था। इसमें स्त्रियाँ और पुरुष सामूहिक रूप से नृत्य करते थे। विवाह के योग्य युवक-युवतियों को जीवन साथी चुनने में भी यह उत्सव सहायक सिद्ध हुआ है। अविवाहित युवा-कन्याएँ अपने योग्य वर की खोज के लिए सुंदर वस्त्र और अलंकार धारण करके 'समन' में जाती थी।[1]

अथर्ववेद के विवाह सम्बंधी प्रकरण में भी 'समनोत्सव' का वर्णन प्राप्त होता है। यहां समन उत्सव में जाने वाली कन्याओं के थक जाने, क्लान्त हो जाने का वर्णन है-

**अश्रमदियमर्यमन्नन्यासां समनं यती।**
**अंगो न्वर्यमन्नस्या अन्या: समनमायति।।**

(अथर्ववेद - 6/60/2)

ऋग्वेद (6/75/3), अथर्ववेद (2/36/1) तथा वाजसनेयी संहिता (9/9) में भी इस उत्सव का व्यापक विस्तार प्राप्त होता है।

यह एक प्रकार का सांगीतिक मेला था। यही 'समन उत्सव' आगे चलकर 'समज्जा' के नाम से पुकारा जाने लगा। पौराणिक युग में वर-वधु का चयन 'समज्जा' के द्वारा होता था। जातकों से विदित होता है कि समज्जा विशेष प्रकार की गोष्ठियाँ थी, जिनमें स्त्री-पुरुष, बाल-वृद्ध एकत्र होकर अनेक प्रकार के खेल, तमाशे, नृत्य, संगीत, हरित युद्ध, मेष युद्ध, अजा युद्ध, दण्ड युद्ध, मल्ल युद्ध आदि खेल खेलते थे। इन्हें 'समाज' भी कहा जाता था। 'समज्जा' का प्रचलन महाभारत में भी था। कौटिल्य ने भी अर्थशास्त्र में उत्सव, समज्जा और यात्रा का वर्णन किया है।

वर्तमान में यह परम्परा उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मालवांचल, पूर्वोत्तार प्रदेश आदि के आदिवासियों में जीवित है। यहाँ प्रणय-नृत्य बहुप्रचलित है। स्त्री-पुरुष अपने लिए वर-वधू का चयन इन्हीं सामूहिक नृत्यों में करते है।[2]

नृत्य, गीत और वाद्य से सम्बंधित महत्वपूर्ण संदर्भ शुक्ल यजुर्वेद त्रिंशोऽध्याय में प्राप्त होते हैं-

**'नृत्तय सूतम्।'**

(शुक्लयजुर्वेद - 30/6)

यहाँ नृत्ता को देवता और सूत को हवि के रूप में स्वीकार किया गया है।

**गीताय शैलूषं**

(शुक्ल यजुर्वेद - 30/6)

यहाँ गीत देवता को नट की आहूति देने का विधान है। '**शैलूष**' अर्थात् नट। नट वह पात्र है जो अभिनय कौशल में पारङ्गत हो। शैलूष अभिनय के साथ नृत्य विधा का भी विज्ञ होता है।

'शैलूष' शब्द का निर्वचन करते हुए 'भावप्रकाशन' में 'शारदातनय' ने कहा है-

**अतीतं लोकवृत्तान्तं रसभावसमन्वितम्।**
**स्वभाववन्नाटयति यतस्तस्मान्नट: स्मृत:।।**

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

**नानाशीलस्य लोकस्य भावान् भासयतीह यः।**
**भूमिकास्ताः प्रविश्यातः शैलूष इति कथ्यते।।**

(भावप्रकाशन - पृ. 288)

**'महसे वीणावादनं'**

(शुक्लयजुर्वेद - 30/19)

यहां उत्सव देवता हेतु वीणा-वादन की आहूति देने का विधान है -
**'तान्महसे वीणावादं पाणिघ्नं तूणवध्मं तान्नृत्तायानन्दाय तलवम्।'**

(शुक्लयजुर्वेद - 30/20)

यहां वीणावादक के साथ हथेलियों से ताल देने वाला एवं तूण बजाने वाला - तीनों ही नृत्य देवता के लिए विनियोजित हैं। यह प्रसंग अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्पष्ट है कि वैदिक काल में संगीतकला का पर्याप्त प्रचलन था।
**गीतम् -** संगीत के त्रिविध पक्षों मे सें सर्वप्रथम गीत की चर्चा अभीष्ट है। ऋग्वेद में गीत के लिये गीर्, गातु, गाथा, गायत्र, गीति तथा साम शब्दों का प्रयोग पाया जाता है। ऋग्वेद की ऋचाएँ स्वरों में निबद्ध होने पर 'स्तोत्र' कहलाती है। स्रोत मंत्रों की विशेषता उनके गान में निहित है।

शस्त्र नामक मंत्रों का वैशिष्ट्य उनके पठन में है। होता के द्वारा जिन स्तुति मंत्रों का कथन किया जाता है। उन्हें शस्त्र कहते है।

गाथा एक विशिष्ट तथा परम्परागत गीत प्रकार है, जिनका गायन धार्मिक और लौकिक समारोहों पर किया जाता था। अश्वमेघ यज्ञ में ऐसी गाथाओं का गान ब्राह्मण तथा क्षत्रिय गायकों के द्वारा किये जाने का उल्लेख है।[3] इन गाथाओं के गायक गाथिन् कहलाते थे।[4]

यज्ञ के अंतर्गत सामगान के गौरवपूर्ण स्थान का सङ्केत प्राप्त होता है।

**ऋचां त्वः पोषमास्ते पुपुष्वान् गायत्रं त्वो गायति शक्करीषु।**

(ऋग्वेद - 10/71/11)

ऋग्वेद के यमसूक्त में अंत्येष्टि के समय साम गान का स्पष्ट विधान है -

**यं कुमार प्रावर्तयो रथं विप्रेभ्यस्परि तं सामानु प्रावर्तत समितो नाव्याहितम्।**

(ऋग्वेद - 10/135/4)

यजुर्वेद में वर्णित सोमयाग में सामगायक का प्रधान स्थान है। यज्ञ कार्य के लिये साम की अपरिहार्यता का सङ्केत तैत्तिरीय संहिता में हुआ है -

**अयज्ञो वा एषः। योऽसामा।**

(तैत्तिरीयसंहिता - 2/5/8)

साम का प्रधान अङ्ग स्वर है -

**का साम्नो गतिरिति। स्वर इति होवाच।**

छान्दोग्योपनिषद् तथा बृहदारण्यकोपनिषद् में प्राप्त उक्तियों से ज्ञात होता है कि साम ऋगाश्रित होता है। 'साम' शब्द का निर्वचन भी यही प्रदर्शित करता है -

**सा च अमश्च तत् साम्नः सामत्वम्।**

(वृहदारण्य कोपनिषद् - 1/3/22)

'सा' का अर्थ 'ऋक्' है और 'अम' का अर्थ - षड्जादि सप्तस्वर है। इस प्रकार 'साम' शब्द का अर्थ - 'ऋक् से सम्बद्ध स्वर प्रधान गान है।'

विविध सोमयागों के अवसरों पर गाया जाना ही सामों का एक मात्र अभिप्राय है। साम का आरंभ 'ॐ' स्वर से किया जाता है। अश्वमेघ यज्ञ के अंतर्गत सामगान के साथ ही गाथागान भी प्रचलित था। साम विशुद्ध रूप से शास्त्रीय गान है तथा गाथा लौकिक अथवा देशीगान है। 'तैत्तिरीय ब्राह्मण' में गाथा के एक अन्य भेद का उल्लेख हुआ है, जिसको 'नाराशंसी' नाम से अभिहित किया जाता था।

तैत्तिरीय संहिता में महिलाओं की संगीत कुशलता का उल्लेख है -

**पत्नय उपगन्ति मिथुनत्वाय प्रजात्यै।**

(तैत्तिरीय संहिता - 7/5/8)

अर्थात् महाव्रत नामक सोम याग में जब उद्गातृवर्ग 'भद्र' नामक साम गाते हैं तब यजमान पत्नी अपने कण्ठ स्वर से उनकी सङ्न्त किया करती थी। ऐसा उपगान प्रजा की वृद्धि के लिये सहायक माना जाता था। कात्यायन श्रौतसूत्र में साम के विभिन्न भेद, लौकिक संगीत तथा नानाविध वाद्यों का प्रचुर उल्लेख प्राप्त होता है।[5]

सामवेद के पूर्वार्चिक में संगीत की शिक्षा का विधान होता था तथा उत्तारार्चिक में मंत्रों का स्वर, ताल, लय के अनुसार यज्ञीय अवसर की उपयोगिता को दृष्टि में रखकर गान होता था।

**वाद्यम् -** संगीतात्मक ध्वनि तथा गति को प्रकट करने वाले उपकरण को **वाद्य** कहा जाता है। महर्षि भरत ने वाद्यों के चार प्रकार माने हैं - तत, आनद्ध, घन तथा सुषिरा[6] तत और सुषिर वाद्य स्वर के लिए तथा आनद्ध और घन वाद्य ताल के लिए माने गये है।

**ततवाद्य -** तन्तु युक्त वाद्य **तत** कहलाते है। वैदिक युग में तन्तु वाद्यों के नाम 'हिरण्य केशीसूत्र' में प्राप्त है, जिसके आधार पर ताल्लुक वीणा काण्ड वीणा, पिच्छोरा, अलाबु, वीणा, कपिशीर्ष वीणा आदि का नाम लिया जा सकता है।[7] ऋग्वेद में इन समस्त वाद्यों को **आघाटी** कहा गया है। तैत्तिरीय ब्राह्मण वाण नाम वाद्य की निर्माण विधि बताई गयी है -

**'वाणः शततन्त्रीर्भवति।'**

(ताण्ड्यब्राह्मण 5/6/13)

इसके अतिरिक्त कर्करी, गर्गर, बुकर, आडम्बर आदि तन्त्र वाद्यों का भी नामोल्लेख ऋग्वेद में है। कर्करी के सम्बंध में कीथ तथा मैक्डॉनल का मत है कि सम्भवतः यह वीणा ही है। इन्द्र को प्रसन्न करने हेतु यजमान द्वारा सुरीले वाद्यों के प्रयोग का वर्णन भी ऋग्वेद में प्राप्त होता है।[8]

ऋग्वेद में अनेक स्थलों पर मरुतों की वीणा का उल्लेख प्राप्त होता है। दानशील मरुत् वीणा बजा-बजाकर तथा सोमपान से प्रसन्न होकर रमणीय धन देते हैं -

**ऊर्ध्वं नुनुद्रेऽवतं त ओजसा दाघ्हाणं चिद्बिभिदुर्वि पर्वतम्।**
**धमन्तो वाणं मरुतः सुदानवो मदे सोमस्य रण्यानि चक्रिरे।।**

(ऋग्वेद - 1/85/10)

अथर्ववेद में भी 'वाण' का वर्णन प्राप्त होता है। सामगान में वाण का वादन किया जाता था। वाण के सम्बंध में लिखा है -

**'वाणस्य सप्तधातुरिज्जनः।'**

ब्राह्मण तथा उपनिषद्काल में भी संगीत की विशेष उन्नति दृष्टिगोचर होती है। ब्राह्मणकाल में नृत्य, गीत तथा वाद्य के लिए 'शिल्प' शब्द प्रयुक्त हुआ है। उस समय ब्राह्मणकाल नृत्य के साथ वीणा वादन की परम्परा थी। ताण्ड्यब्राह्मण में 'वाण' तथा 'अपघाटिला' नाम्नी वीणाओं का उल्लेख है- **'वाणं वितन्वति।'** वाण में सौ तंत्रियाँ होती थी। विद्वनों का अभिमत है कि वर्तमानकाल का 'संतूर वाद्य' शततंत्रीय वैदिक वाद्य वाण का ही रूप है। 'अपघाटिला' का वादन यजमान पत्नियाँ यज्ञ में उपगानपूर्वक करती थीं। भाष्यकार सायण ने यजमान पत्नियों द्वारा वादित होने वाली पिच्छोला (पिच्छोरा) तथा काण्ड वीणा के साथ अपघाटिला का तादात्म्य स्थापित किया है। वादन दण्ड से बजाई जाने वाली पिच्छोरा वंश-दण्ड से निर्मित

होती थी और काण्ड वीणा किसी वृक्ष के काण्डयुक्त डण्ठल से। काठक संहिता में काण्ड वीणा का उल्लेख मिलता है।[9]

**आनद्धवाद्य** –जो वाद्य अंदर से पोले तथा चर्मवेष्टित होते हैं और हाथ या अन्य वस्तुत के ताड़न से शब्द उत्पन्न करते हैं, आनद्ध कहलाते हैं। इन्हें अवनद्ध या वितत भी कहते हैं। द्धन्दुभि नामक आनद्ध वाद्य का वर्णन वैद्धिक वाङ्मय में अनेक स्थलों पर हुआ है। 'दुन्दुभि' में तबले के समान दो नग होते हैं – एक बड़ा, जिसका शब्द गंभीर होता है और दूसरा छोटा, जिसका शब्द छोटा तथा ऊँचा होता है। छोटा नगाड़ा मिट्टी से निर्मित होता है, जिसे 'झील' अथवा 'अघोटी' कहते है। दुन्दुभि का वादन आनन्दोत्सव, विवाहादि तथा देव मन्दिरों में किया जाता था। पुराणों में अनेक स्थानों पर प्रसन्नता के अवसर पर देवताओं द्धारा दुन्दुभि वादन का वर्णन हुआ है।

द्धन्दुभि के अतिरिक्त वैदिक साहित्य में द्रव्य, केतुमत, विश्वगौत्र्य आदि चर्म वाद्यों का नामोल्लेख प्राप्त होता है।[10]

ऋग्वेद में युद्ध के समय दुन्दुभि द्धारा उत्साहवर्द्धन का सुंदर वर्णन किया गया है।[11] ऋग्वेद (1/28/5), अथर्ववेद (5/31/7, 6/38/4, 92/1/41), तैत्तिरीय ब्राह्मण (1/3/6/2), शतपथ ब्राह्ममण (5/1/5/6), वाजसनेयी संहिता (16/5), काठक संहिता (34/35), सांख्यायन श्रौतसूत्र (17/24/11), बृहदारण्यकोपनिषद् (2/4/6) आदि भी दुन्दुभि के सम्बंध में महत्वपूर्ण संदर्भ है।

शुक्ल यजुर्वेद में नवम् अध्याय में दुन्दुभि का अत्यंत महत्वपूर्ण प्रसंग आया है। प्रस्तुत अध्याय के एकादश व द्धादश मंत्री में वेदी के निकट स्थापित बल्ली में झूलती हुई सोलह दुन्दुभियों में से एक को यजुष् पाठ के साथ यह प्रार्थना करते हुए बजाया जाता है कि हे दुन्दुभियों ! आप उत्साहवर्द्धक, शक्तिवर्द्धक ध्वनि करते हुए बृहस्पति, इन्द्रादि देवताओं को जयशील बनाइयें –

**बृहस्पते वाजं जय बृहस्पतये वाचं वदत बृहस्पतिं वाजं जापयत।**
**इन्द्र वाजं जयेन्द्राय वाचं व दतेन्द्रं वाजं जापयत।।**

(शुक्लयजुर्वेद – 9/11)

अथर्ववेद संहिता में भी दुन्दुभि का विस्तृत वर्णन उपलब्ध है। इस वेद के पंचम काण्ड के विंशति व एकविंशति सूक्त पूर्ण रूप से दुन्दुभि से सम्बद्ध है। 20 वें सूक्त में दुन्दुभि को वनस्पति से निर्मित, गौ चर्मो से वेष्टित, ऊँचे शब्दवाला, शत्रुओं को दबाता हुआ और सिंह के समान विषय की कामना करता हुआ कहा गया है। युद्ध में दुन्दुभि का प्रयोग शत्रुसेनाओं को भयभीत करने, वीरों को पुकराने, शत्रुओं का हृदय शोक युक्त करने आदि कार्यो में किया जाता था।[12]

प्रस्तुत काण्ड में नगाडे व ढोल का वर्णन भी दृष्टिगोचर है, जहाँ नगाड़े को देव हरिण के चर्म से निर्मित बताया गया है।

अथर्ववेद के षष्ठ काण्ड में नक्कारे का वर्णन तथा विंशति काण्ड में तुम्बी, कर्करिक, वीणादि वाद्यों का वर्णन प्राप्त होता है। इन्द्र के स्तोत्र–गान में वीणा–वादन, तम्बुरे का स्वर–संधान तथा मधुर स्वर वाले का आलाप – इन तीनों की संगति का स्पष्ट वर्णन है –

**अव स्वराति गर्गरो गोधा परि सनिष्वणत्।**
**पिंगा परि चनिष्कददिन्द्राय ब्रह्मोद्यतम्।।**

(अथर्ववेद – 20/92/6)

ताण्ड्य ब्राह्मण में सोमयाग के प्रमुख भेद सत्रयाग के अंतर्गत दुन्दुभि वादन का संदर्भ उल्लेखनीय है, जहाँ फाल्गुन पूर्णिमा तिथि को आचरित महावृत–अनुष्ठान पर यज्ञवेदी के चारों ओर, सभी कोणों में दुन्दुभि बजायी जाती थी, जिसके साथ जल से परिपूर्ण घड़े लेकर स्त्रियाँ यज्ञवेदी के चारों ओर नृत्य करती थी –

**सर्व्वासु स्रक्तिषु दुन्दुभयो व्वदन्ति ..................।**

(ताण्ड्य ब्राह्मण – 5/5/18)

ऐतरेय आरण्यक (5/15) तथा सांख्यायन आरण्यक (29/45) में '**भूमि–दुन्दुभि**' का वर्णन है। 'भूमि–दुन्दुभि' भूमि में गड्ढा खोदकर तथा उसको चमड़े से मढ़कर बनायी जाती थी और महाव्रत के अवसर पर इसका वादन किया जाता था। सामगान में ताल की संगति के लिए प्रारंभ में भूमि दुन्दुभि का प्रयोग होता था। इसका निर्माण यज्ञ–मण्डप में भूमि खोदकर, उसके ऊपर बैल के चमड़े को मढ़कर करते थे तथा बैल की पूँछ से ही प्रहार किया जाता था।

**सुषिर वाद्य** – छिद्र युक्त वाद्य सुषिर कहलाता है। वंशी एवं शंख वैदिक कालीन सुषिर वाद्य है। 'वंशी' अत्यंत प्राचीन वाद्य है। सामगान की संगति में वेणु तथा वीणा आवश्यक वाद्य थे। ऋग्वेद में यम की प्रसन्नता हेतु वेणु–वादक का संदर्भ प्राप्त होता है।[13] शंख भी वैदिक कालीन सुषिर वाद्य है, जिसका प्रयोग धार्मिक क्रियाओं तथा युद्ध में होता आया है। संग्राम में अश्विद्धय द्धारा शंख बजाने का वर्णन ऋग्वेद में प्राप्त होता है।[14] ***बृहदारण्यकोपनिषद*** में मुख से बजाये जाने वाले वाद्यों में शंख का उल्लेख किया गया है।[15]

'लम्बर' नामक वाद्य भी इस युग में प्रचलित था, जिसके छिद्र की चर्चा ***बृहदारण्यकोपनिषद*** में की गयी है।[16] '**कठोपनिषद**' में स्त्रियों द्धारा '**तुरी**' वादन का प्रसंग आया है।[17]

**घन वाद्य** – काल की समता के लिए तालानुसार पीटा जाने वाला वाद्य घन कहलाता है। ये वाद्य प्राय: काँसा, पीतल या लकड़ी के होते है।

**नृत्यम्**– नृत्य सृष्टि का अनुपम अवदान, प्रकृति का अनिन्द्य सौन्दर्य व ब्रह्मा की दिव्य कृति है। नृत्यकला एक ऐसी कला है जिसमें स्थावर जंगम, मनुष्य–पशु–पक्षी, वृक्ष–लताओं, सरिताओं आदि सम्पूर्ण सृष्टि को अपनी ओर आकृष्ट किया है।

विश्व के प्राचीनतम साहित्य के रूप में प्रतिष्ठित वैदिक वाङ्मय में नृत्य, तत्व विविध उपक्रमों में कभी साक्षात् तो कभी सांकेतिक रूप में दृष्टिगोचर होते हैं। ऋग्वेदीय देवियों में प्रमुख उषादेवी के सूक्तों के सूक्ष्म अध्'न से विदित होता हैं कि वे स्वयं एक नर्तकी हैं जो विश्वरूपी रंगमंच पर झील मिलाते सुनहरे वस्त्रों को धारण कर अवतरित होती है।

**अधि पेशांसि वपति नृतूरिवापोर्णुते वक्ष उस्रेव बर्जहम्।**
**ज्योतिर्विश्वस्मै भुवनाय कृण्वती गावो न व्रजं व्युषा आवर्तम:।।**

(ऋग्वेद – 1/92/4)

प्रस्तुत मंत्र उषा की कलाप्रियता को उद्धाटित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ है। सायणाचार्य के अनुसार नर्तकी उषा नृत्य हेतु सुसज्जित होकर, विश्वरूपी रंगमंच पर अवतरित होती है और सुप्त प्राणियों को जागृत कर स्वकर्मो की प्रेरणा देती है। कला का मुख्य उद्देश्य मनुष्य को यथार्थ ज्ञानसम्पन्न कर चरम आनंद की ओर अग्रसर करना ही है।

अंतरिक्ष स्थानीय देवता 'इन्द्र' के सूत्रों में वर्णित नृत्य सम्बंधी विवेचन पर दृष्टिपात करें तो ज्ञात होता है कि शक्ति, बल, ओज और वीरता के प्रतीक इन्द्र एक कुशल नर्तक है। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में संग्रामकाल में इन्द्र को नृत्यकर्ता कहा गया है। नृत्यशील इन्द्र दिवोदास राजा के लिए वज्र द्धारा

नगरों को नष्ट करते हैं :-

**भिन्पुरो नवतिमिन्द्र पूरवे दिवोदासाय महि दाशुषे नृतो वज्रेण दाशुषो नृतो।**
**अतिथिग्वाय शम्बरं गिरेरुग्रो अवाभरत्, महो धनानि दयमान ओजसा विश्वा धनान्योजसा।।**

(ऋग्वेद - 1/130/7)

आचार्य सायण ने भी इन्द्र को नृत्यकला में कुशल कलाकार के रूप में व्याकृत किया है। ऋग्वेद में इन्द्र को **नृतु नटराज** कहा गया है -

**न हि अङ्ग नृतो त्वदन्यं विन्दामि राधसे।**

(ऋग्वेद - 8/24/12)

इन्द्र के समान ही अन्तरिक्ष स्थानीय देवता मरुद्गण को भी ऋग्वेद में 'नर्तक' शब्द से सम्बोधित किया गया है -

**मर्तश्चिद्वो नृतवो रूक्मवक्षस उप भ्रातृत्वमायति।**
**अधि नो गात मरुत: सदा हि व अपित्वमस्ति निध्रुवि।।**

(ऋग्वेद - 8/20/22)

ऋग्वेद में पुरुष नृत्य के प्रसंग में पुरुष द्वारा बांस पर चढ़कर नृत्य करने की परम्परा का आभास होता है। प्रथम मंडल में एक दृष्टांत के रूप में ऐसे नर्तक का वर्णन आया है।[18] जिस प्रकार नर्तक बांस को ऊँचा करके उस पर नृत्य करता है उसी प्रकार इन्द्र को स्तोत्रो द्वारा ऊँचा करके उसकी उच्चता का प्रतिपादन किया जाता है। आचार्य सायण ने **वंशमिव** का अर्थ इस प्रकार किया है -

**वंशाग्रे नृत्यन्त: शिल्पिन: प्रौढ़ं वंशमुन्नतं कुर्वन्ति।**

नर्तक को 'नृत' कहा जाता था।[19] एक स्थल पर पितृमेध-यज्ञ के वर्णन में नर्तक का संदर्भ प्राप्त होता है। यहां अन्त्येष्टि संस्कार के प्रसंग में 'नृति' को हास के साथ संयुक्त किया गया है।[20]

एक ऋचा में नृत्य करते हुऐं नर्तक के पैर से उड़ती हुई रेणु का वर्णन किया गया है।[21]

अथर्ववेद के द्वादश काण्ड में मातृभूमि की स्तुति में नृत्य तत्वों को खोजा गया है। यहां मातृभूमि की स्तुति एवं प्रशंसा में अर्पित प्रस्तुत सुक्त में पृथ्वी के लिए गति युक्त तथा स्वर्ण के समान चमकती हुई जैसे - नृत्य विषयक विशेषणों का प्रयोग हुआ है।[22] मातृभूमि को एक नर्तकी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। पृथ्वी नर्तकी के समान अत्यंत वेगवती तथा स्वर्णिम आभूषणों से सुसज्जित है। वह अपनी गंध से औषधि, जल, गंधर्व, अप्सरा आदि सभी को सुगंधयुक्त बनाती है।[23]

प्रकृत काण्ड में ही भूमि में रंगभूमि की कल्पना कर इस पर गाने व नृत्य करने वाले मनुष्यों का उल्लेख है। इसी भूमि पर वीर पुरुष राष्ट्र की रक्षा हेतु युद्ध कर रहे हैं, घोड़े हिन हिनाकर शब्द कर रहे हैं, नगाड़ा बज रहा हैं और मातृभूमि के शत्रुरहित होने की कामना की जा रही है -

**यस्यां गायन्ति नृत्यन्ति भूम्यां मर्त्या व्यैलबा:।**
**युध्यन्ते यस्यामाक्रन्दो यस्यां वदति दुन्दुभि:।।**
**सा नो भूमि: प्रणुदतां सपत्नानसपत्नं मा पृथिवी कृणोतु।।**

(अथर्ववेद - 12/1/41)

अर्थववेद के द्वादश काण्ड में जलती चिता के चारों और नृत्य करती स्त्रियों का वर्णन किया गया है। ये स्त्रियां जलती चिता देखकर बालों को विकीर्ण करते हुऐं हाथों से छाती का ताड़न कर बुरे शब्द करती हुई नृत्य करती है।[24]

ऋग्वेद में भी अंत्येष्टि संस्कार के वर्णन में ऐसा ही संदर्भ प्राप्त होता है।[25]

अर्थववेद के दशवे काण्ड में दो विरूद्ध रूप वाली स्त्रियों के नृत्य का वर्णन है। ये स्त्रियां घूम-घूम कर छ: खूंटियों वाला ताना बुनती है उनमें से एक धागों को फैलाती है और एक उनको धारण करती है।[26]

इस प्रकार वैदिक वाड्मय में गायन, वादन तथा नर्तन के अनेक संदर्भ प्राप्त होते है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. ऋग्वेद - 7/2/5
2. भारतीय नृत्यकला - केशचन्द्र वर्मा, पृ. 96
3. शतपथ ब्राह्मण - 13/4/2/8 व 13/1/5/8
4. ऋग्वेद - 1/7/1
5. का.श्रो. - 3/228-229-230, 19/109-110, 21/38, 42, 22/59 तथा 20/68
6. भरतनाट्यशास्त्र - 28/1-2
7. ऋग्वेद - 10/146/2
8. ऋग्वेद - 1/53/1
9. अथर्ववेद - 10/2/27
10. काठक संहिता - 34/5
11. भारतीय संगीत वाद्य, डॉ. लालमणि मिश्र, पृ. 19-20
12. ऋग्वेद - 6/47/29-31
13. अथर्ववेद - 5/20/1-9
14. ऋग्वेद - 10/135/7
15. ऋग्वेद - 1/112/1
16. बृहदारण्यकोपनिषद् - 2/4/8
17. बृहदारण्यकोपनिषद् - 5/10/1
18. कठोपनिषद् - 1/1/25
19. ऋग्वेद - 1/10/1
20. ऋग्वेद - 1/130/7
21. ऋग्वेद - 10/18/3
22. ऋग्वेद - 10/72/6
23. अथर्ववेद - 12/1/1
24. अथर्ववेद - 12/5/48
25. अथर्ववेद - 2/1/23
26. ऋग्वेद - 10/18/3
27. अथर्ववेद - 10/7/43

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# नर्मदा बाँध परियोजनाओं से विस्थापित आदिवासियों के पुनर्वास स्थल पर मुख्य समस्याओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन : मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के विशेष सन्दर्भ में एक अध्ययन

सुनील बर्डे*

* शोधार्थी, राजनीति विज्ञान व लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** नर्मदा बचाओं आंदोलन भारत में चल रहे पर्यावरण आंदोलन की गंभीरता का परिचालक है। नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बांध परियोजना का उद्घाटन सन् 1961 में पं. जवाहरलाल नेहरू के द्वारा किया गया था लेकिन इस परियोजा के विरोध में एक अवधि से जन आंदोलन का रूप ले लिया है जिससे सरदार सरोवर परियोजना में विस्थापित आदिवासियों की सहयोग का प्रयास कर रही है।

नर्मदा बचाओं आंदोलन के नेतृत्व में मेघा पाटक के अलावा अनिल पटेल, बाबा आम्टे आदि के द्वारा उन्हें नर्मदा बांध परियोजना से विस्थापित आदिवासियों के अधिकारों की हक की भागीदारी की। नर्मदा बचाओं आंदोलन के द्वारा इस बांध के विरोध का प्रमुख कारण इसकी ऊँचाई है जिससे इस क्षेत्र में डूब प्रभावितों का हजारों हेक्टर वन भूमि के जलमग्न होने का खतरा है। इस बांध की ऊँचाई बढ़ाये जाने से हजारों आदिवासी लोगों की इसके आसपास से विस्थापित होना पड़ा है तथा उनकी भूमि और आजीविका भी छीनी गई है। इस नर्मदा बचाओं आंदोलन का आरोप है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद भी डूब प्रभावित को न तो मुआवजा दिया गया है न ही उनका बेहतर पुनर्वास बनाया गया है इसके बावजूद भी बांध जल स्तर बढ़ाया गया है। नर्मदा नदी पर बनाया गया सरदार सरोवर का जल स्तर बढ़ाने से मध्यप्रदेश की नर्मदा घाटी में स्थित धार, बड़वानी और अलीराजपुर जिला डूब प्रभावित में आने में उनकी स्थिति और खराब हो गई है जिससे सरदार सरोवर बांध का विरोध में नर्मदा बचाओं आंदोलन शुरू कर दिया गया है तथा इस बांध के निर्माण से बड़वानी जिले के 63 गांव डूब प्रभावित क्षेत्र में आने से उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है जिससे डूब प्रभावितों ने सम्पूर्ण पुनर्वास को लेकर नर्मदा नदी के जल में उतरकर जल सत्याग्रह किया गया है।

इससे इनके सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अपने निवास स्थल को छोड़ने से रोजगार की समस्याएँ उत्पन्न हो जाती है। कृषि पर निर्भर आदिवासियों की जमीन डूब जाने के कारण उनकी स्थिति पहले से भी खराब हो जाती है तथा एक स्थान से अन्य स्थान पर बसने से वह अपने आपको सुरक्षित महसूस नही कर पाते है।

प्रस्तुत शोध पत्र में बड़वानी जिले के डुब क्षेत्र में आने वाले विस्थापित आदिवासी परिवारों के जीवन एवं उनकी स्थिति पर केंद्रित है। साथ ही प्रस्तुत अध्ययन में नर्मदा बाँध परियोजनाओं से आदिवासियों के पुनर्वास स्थल पर मुख्य समस्याओं को समझने का कार्य किया गया है। अत: नर्मदा बांध परियोजना के विस्थापित आदिवासियों की पुर्नबसावट, पुनर्वास एवं समस्याओं का अध्ययन करने के निम्नलिखित उद्देश्य हैं –

**इस शोध पत्र के शोधोद्देश्य निम्नानुसार हैं:**

1. विस्थापित आदिवासियों की सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।
2. विस्थापित आदिवासियों के विस्थापन, पुनर्वास एवं विकास की राजनीति से संबंधित समस्याओं का पता लगाना एवं बेहतर सुझाव प्रदान करना।

**शोध प्रविधि:**

**अध्ययन का समग्र:** प्रस्तुत शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के नर्मदा बाँध परियोजनाओं से आदिवासियों के पुनर्वास स्थल पर मुख्य समस्याओं को प्रस्तुत करना है। अध्ययन का समग्र मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के डूब प्रभावित ग्राम–क्षेत्र है, अध्ययन में नर्मदा बाँध परियोजना से डूब क्षेत्र में प्रभावित जिला बड़वानी की तीन तहसील क्रमश: बड़वानी, अंजड़ व राजपुर को अध्ययन का समग्र माना है।

**अवलोकन की इकाई एवं प्रतिचयन का आकार:** प्रस्तुत शोध पत्र में मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के नर्मदा बाँध परियोजनाओं से आदिवासियों के विस्थापन, पुनर्वास एवं विकास की राजनीति की स्थिति को ज्ञात करने हेतु उद्देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धत्ति के द्वारा किया गया है, अत: अध्ययन में प्रभावित विस्थापित आदिवासी उत्तादाताओं को ही अवलोकन की इकाई माना गया है।

बड़वानी जिले के तीनों ब्लाक क्रमश: बड़वानी, अंजड़ व राजपुर के अन्तर्गत आने वाले डूब प्रभावित–पुनर्वास प्रत्येक ब्लाक के 1–1 ग्रामों से 10–10 विस्थापित आदिवासी उत्तरदाताओं का चयन उद्देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति से किया गया है। 3 गाँवों से कुल 30 उत्तरदाताओं का साक्षात्कार अध्ययन हेतु किया जायेगा। इस प्रकार प्रस्तुत अध्ययन के कुल 30 विस्थापित आदिवासी उत्तरदाता है।

**तथ्यों का संकलन:** शोध अध्ययन हेतु प्राथमिक एवं द्वितीयक स्त्रोतों के माध्यम से तथ्यों का संकलन किया गया हैं। अध्ययन हेतु साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से डूब क्षेत्र से प्रभावित आदिवासियों के पक्ष को जाना गया जो कि विस्थापन से पूर्व एवं पश्चात में आर्थिक व सामाजिक स्थिति, पुनर्वास स्थल पर समस्याएँ, समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव, इत्यादि का अवलोकन किया गया।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

प्राथमिक स्त्रोत के तथ्य संकलन हेतु शासकीय दस्तावेज, विषय से संबंधित विभिन्न संस्थानों के वार्षिक प्रतिवेदन, विषय विशेषज्ञों से परिचर्चा तथा अध्ययन क्षेत्र के उत्तरदाताओं से व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु साक्षात्कार अनुसूची का निर्माण किया गया। द्वितीयक स्त्रोत हेतु विषय से संबंधित पुस्तकें, पूर्व शोध अध्ययन, शोध साहित्य, शोध आलेख, समाचार-पत्र, पत्रिकाऐं, रेडियो, टेलीविजन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के समाचार, संसदीय प्रश्नों, विशेष कार्यक्रमों व अध्ययन के विषय पर आधारित समाचार चैनलों पर प्रसारित बहस, सोशल मीडिया, इत्यादि के माध्यम से तथ्यों का संकलन किया गया।

**तालिका क्रमांक 1: अध्ययन हेतु चयनित डूब प्रभावित ग्राम:**

| क्रं. | ब्लाक का नाम | डूब प्रभावित ग्राम |
|---|---|---|
| 1. | बड़वानी | भवती |
| 2. | अंजड़ | छोटा बरदा |
| 3. | राजपुर | बजड़ |
| कुल | 3 ब्लाक | 3 डूब प्रभावित ग्राम |

**भारत में आदिवासियों के पुनर्वास विश्लेषण:** भारत सरकार ने अपने राष्ट्रीय आदिवासी नीति के प्रारुप (2006) में अनुसूचित जनजाति की संख्या 698 बतायी है। जनगणना (2011) में अनुसूचित जनजातीय समुदायों की संख्या 705 बतायी गई है। तकरीबन 80 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के लोग अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र में कार्यरत हैं जबकि अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र में कार्यरत सामान्य श्रेणी के लोगों की तादाद 53 प्रतिशत है। ये सभी मुख्यत: खेती-बाड़ी करते हैं। साल 2001 में खेती-बाड़ी करने वाले आदिवासी लोगों की संख्या 68 प्रतिशत से घटकर 45 प्रतिशत रह गई थी जबकि आदिवासी समुदाय के खेतिहर मजदूरों की संख्या 20 प्रतिशत बढ़कर 2001 तक 37 प्रतिशत हो गई थी। इससे आदिवासी आबादी के बीच बढ़ती भूमिहीनता का पता चलता है और इस रुझान को 2011 की जनगणना के आंकड़े पुष्ट करते हैं।

अनुमानतया बीते एक दशक में तकरीबन 35 लाख आदिवासी लोगों ने खेती-बाड़ी या इससे जुड़े कामों को छोड़कर अनौपचारिक श्रम-बाजार का रुख किया है। अनुसूचित जनजाति के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में लिंग-अनुपात प्रति 1000 पुरुष पर 991 महिलाओं का और शहरी क्षेत्र में प्रति हजार पुरुष पर 980 महिलाओं का है। राष्ट्रीय औसत प्रति हजार पुरुषों पर 990 महिलाओं का है। (2011 की जनगणना के अनुसार) भारत की कुल आबादी में जनजातीय समुदाय के लोगों की संख्या साल 2001 में 8.2 प्रतिशत थी जो 2011 में बढ़कर 8.6 प्रतिशत हो गई है। ओडिशा में सर्वाधिक अधिसूचित जनजातियां (62) हैं। इसके बाद कर्नाटक (50), महाराष्ट्र (45), मध्यप्रदेश (43) और छत्तीसगढ़ (42) का स्थान है। दक्षिण भारत के राज्यों में (वैसे राज्य जहां कोई अधिसूचित क्षेत्र नहीं है) कर्नाटक में आदिवासी समदायों की संख्या कर्नाटक में सर्वाधिक (50) है। इसके बाद तमिलनाडु (36) और केरल (36) का स्थान है।

केंद्रशासित राज्यों में लक्षद्वीप में सर्वाधिक आदिवासी समुदाय के लोगों का आबादी में अनुपात सर्वाधिक(94.8 प्रतिशत) है। इसके बाद मिजोरम (94.4 प्रतिशत), नगालैंड (86.5 प्रतिशत), मेघालय (86.1 प्रतिशत), और अरुणाचल प्रदेश (68.8 प्रतिशत) का स्थान है। उत्तरप्रदेश में अनुसूचित जनजाति की आबादी वहां कुल आबादी में अपेक्षाकृत बहुत कम 0.56 प्रतिशत है। इसके बाद तमिलनाडु (1.1 प्रतिशत), बिहार (1.28 प्रतिशत), केरल (1.45 प्रतिशत), और उत्तराखंड (2.89 प्रतिशत) का स्थान है।

नर्मदा बाँध परियोजनाओं से डूब के कारण इस परियोजना में प्रभावित होने वाले संभावित परिवारों की संख्या कुल 40720 है। इस बांध परियोजना से प्रभावित व्यक्ति अधिकांशत आदिवासी है इतनी बड़ी संख्या में प्रभावित होने वाली आबादी के विस्थापन एवं पुनर्वास का कार्य बड़ी चुनौती का कार्य है। अत: यह आवश्यकता है कि विस्थापन एवं पुनर्वास इस प्रकार से किया जाये की प्रभावितों के जीवन स्तर में न तो किसी प्रकार की गिरावट आए और नहीं उनमें नये स्थान पर राजनीतिक सामाजिक आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़े तथा इस बांध परियोजना से मध्यप्रदेश के 33014 परिवार प्रभावित हुए है। इस प्रकार नर्मदा बांध परियोजना से पुनर्वासित हुए है इस नर्मदा बांध परियोजना से प्रभावित म.प्र. के बड़वानी, धार, खरगोन, अलीराजपुर जिले अधिक प्रभावित है।

**विस्थापन बनाम विकास या विनाश:** विस्थापन से लोगों को पारंपरिक जमीन व परिवेश से विस्थापित होकर जीविका की तलाश में अन्यत्र पलायन करने को विवश हो जाना पड़ता है, क्योंकि उनकी जीविका का एक मात्र आधार ही समाप्त हो जाता है। 1947 और 2004 के बीच लगभग 6 करोड़ लोग विस्थापित हुए जिनमें 40 फीसदी आदिवासी और 20 फीसदी अनुसूचित जातियों के थे। इन विस्थापित लोगों में से 18 से भी कम फीसदी का पुनर्वास हुआ। विस्थापन ने लाखों स्वतंत्र उत्पादकों को धनविहीन श्रमिकों में तबदील कर दिया। पुस्तैनी घर को उजरते देखना भयावह मंजर जैसा होता है। सरकार कहती है कि हम विस्थापितों को आश्रय दे रहे हैं पर उसे क्या पता कि, जिस पेड़-पौधों को पुत्र के जैसा पाला-पोषा है उसका क्या, जिन पक्षियों की कोलाहल से सुबह-शाम होती, क्या पुनर्वास के जगह पर वह मिल पाएगा ? क्या भावनाओं को किसी पैसे की तराजू पर तौला जा सकता है ?

विकास के नाम पर चौड़ी सड़कें, औद्योगिक संयंत्र आदि के लिए किसानों से उर्वर जमीन लेने की अनेक विसंगतियों के साथ ही बाँधों की ऊँचाई बढ़ाने के तत्पर निर्णय भी हैरत में डालते हैं। अनेक पूरे-के-पूरे गाँव-नगर निर्वासन की पीड़ा भोगने को अभिशप्त होते हैं। हजारों मनुष्य, मुश्किल से निर्मित हुए उनके घर, स्कूल, अस्पताल, उपजाऊ जमीन, धार्मिक स्थल, जानवर और उनकी सुरक्षित जगहें, बेघर और समयानुकूल बने उनके ठौर-ठिकाने सब कुछ थोड़े से समय में महत्त्वाकांक्षी-असंवेदनशील लोगों द्वारा लिए निर्णयों की बलि चढ़ जाते हैं। स्वतंत्रता के उपरांत पलायन विकास के नाम पर उजाड़े गए लोगों का, पलायन आतंकवाद के भय से, पलायन रोजी-रोटी की तलाश में और पलायन पारस्परिक दक्षता या वृति के बाजारवाद की भेंट चढ़ जाने के कारण से बड़ी कोई त्रासदी और क्या हो सकती है ? प्रश्न उठता है कि विस्थापन करते समय उनके जीविकोपार्जन के विकल्प की तलाश क्यों नही की जाती? समतामूलक समाज के नाम पर किए जा रहे तथाकथित विकास के मॉडल में आखिर क्या खामी रह जाती है कि विस्थापित लोग बद से बद्तर जिंदगी गुजारने को विवश हो जाते हैं? क्या यह सच नहीं है कि आज से नैसर्गिक संसाधनों को लूटने की होड़ लगी है,'प्रभु देश येन-केन-प्रकारेण' से हमारे संसाधनों पर कब्जा करने की साजिश में लगे हैं। औपनिवेशिक शक्तियों द्वारा कुटिल नीति के तहत देश में विकास के नाम पर लोगों को उनकी आजीविका से वंचित किया जा रहा है, वे हाशिए पर धकेले जा रहे हैं और उनकी विपन्नता बढ़ती ही जा रही है।

औसतन हर साल दस लाख लोगों को विस्थापन के रूप में विकास की कीमत चुकानी पड़ी है। इनके विस्थापन से एक खास वर्ग को तो लाभ मिला, लेकिन घर-बार उजड़ जाने से इनकी हालत और दयनीय होती गई। ऐसे एकतरफा विकास तो देश को निसंदेह पीछे ले जाने वाले साबित हो सकते हैं। ऐसे में विस्थापन की इतनी बड़ी कीमत चुकाकर हासिल होने वाला विकास? हम सबके लिए बड़ा मुद्दा है।

अब सवाल यह उठता है कि क्या तथाकथित विकास विस्थापन के बगैर नहीं हो सकता? क्या बड़े उद्योगों से ही विकास और खुशहाली का सूर्योदय होगा? और क्या उन वनवासियों और किसानों की जमीन पर ही विकास का पहिया दौड़ता है, जो सदियों से संपूर्ण आजीविका के साधान रहे हैं?

**नर्मदा बाँध परियोजनाओं से डूब के कारण विस्थापित आदिवासियों की सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक स्थिति:** विकास, विस्थापन एवं पुनर्वास पर केंद्रित प्रस्तुत अध्ययन में विस्थापित आदिवासी उत्तरदाताओं के दृष्टिकोण से प्राप्त तथ्यों से निम्नलिखित निष्कर्षों पर पहुँचा जा सकता है, जो कि इस प्रकार है-

1. अध्ययन में विस्थापित आदिवासी उत्तरदाताओं में सर्वाधिक पुरूष उत्तरदाता है। अधिकांश उत्तरदाता 49 वर्ष से अधिक के है जबकि सबसे कम उत्तरदाता 18 से 28 वर्ष के समूह से है। सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने माना है कि वे निरक्षर है जबकि सबसे कम उत्तरदाताओं ने तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रखी है। अधिकांश उत्तरदाता शादीशुदा है जबकि सबसे कम उत्तरदाताओं का जीवन तलाकशुदा/परित्यक्ता का है।

2. सर्वाधिक उत्तरदाता विस्थापन के पूर्व कृषि के कार्य को अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। वहीं कम उत्तरदाता मात्र प्राईवेट नौकरी कर अपने परिवार को आर्थिक मदद प्रदान करते थे। सर्वाधिक उत्तरदाता कृषि मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे है जबकि सबसे कम ही उत्तरदाता है नौकरी/प्राइवेट नौकरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे है। अधिकांश विस्थापित आदिवासी उत्तरदाता विस्थापन के पूर्व स्वयं के मकान में रहकर जीवन व्यतीत किया करते थे जबकि सबसे कम उत्तरदाताओं ने स्पष्ट किया है कि वे अपने रिश्तेदारों के मकान में रहा करते थे। सर्वाधिक उत्तरदाता विस्थापन के पश्चात् पुनर्वास केन्द्र एवं शासन द्वारा प्रदत्ता स्थानों में रह कर अपने जीवनयापन कर रहे है। उनकी स्थिति दयनीय है। अधिकांश आदिवासी उत्तरदाताओं ने स्पष्ट किया है कि वे विस्थापन से पूर्व कच्चे-पक्के मकान में रहा करते थे।अधिकांश उत्तरदाता विस्थापन के पश्चात् पुनर्वास केन्द्र, बसावटों एवं अस्थायी स्थानों में रह रहे है।

3. सर्वाधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि बाँध परियोजनाओं से उनकी आर्थिक स्थिति में किसी भी प्रकार का सुधार देखने को नहीं मिलता है। सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने स्पष्ट किया है कि बांध परियोजनाओं में कृषि उत्पादकता पर कोई खास सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है। सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने स्वीकारा है कि बांध परियोजनाओं से कृषित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की वृद्धि नही हुई है। सर्वाधिक उत्तरदाताओं को लगता है कि बांध परियोजनाओं से जनजातियों के जीवन स्तर में किसी भी प्रकार का सकारात्मक सुधार या उत्थान नहीं हुआ है।

4. विकास, विस्थापन एवं पुनर्वास पर केंद्रित प्रस्तुत अध्ययन में सर्वाधिक उत्तरदाता सरकार द्वारा नर्मदा बांध परियोजनाओं एवं विकास के नाम पर आदिवासियों के विस्थापन एवं पुनर्वास से असहमत हैं। अधिकांश उत्तरदाता मानते हैं कि सरकार द्वारा नर्मदा बांध परियोजनाओं एवं विकास के नाम पर आदिवासियों के विस्थापन एवं पुनर्वास का विकल्प उनकी नजरों में पूरी तरह अनुचित है।

**नर्मदा बाँध परियोजनाओं से विस्थापित आदिवासियों की पुनर्वास स्थल पर समस्याए'**

1. नर्मदा बाँध परियोजनाओं से विस्थापित आदिवासियों के पुनर्वास स्थल सर्वाधिक उत्तरदाताओं के अनुसार विस्थापित पीड़ित आदिवासियों के लिए निर्मित पुनर्वास/बसावट केंद्रों पर उत्पन्न हो रही समस्याओं में सबसे अधिक समस्या बारिश/बरसात के पानी या जलभराव से होने वाली घातक बीमारी एवं संक्रमण है। अधिकांश उत्तरदाताओं का मानना है कि पीने के पानी की आपूर्ति एवं कोरोना महामारी के संक्रमण को अनिवार्य रूप से रोकने हेतु शासन को भरसक कदम उठाने की आवश्यकता है। ज्यादातर उत्तरदाताओं को लगता है कि उनके पशु/मवेशी एवं पोल्ट्री फार्म आदि के लिए आवश्यक शेठ की आवश्यकता की पूर्ति शासन यदि करवा दे तो काफी हद तक इस समस्या से भी निजात पा लिया जाएगा।

2. अधिकांश उत्तरदाताओं ने माना है कि कृषि भूमि/बागवानी हेतु भूमि के छोटे-छोटे पट्टे शासन पंचायतों के बचत विकास कार्य की जमीनों से उपलब्ध करवा दे तो आदिवासी वर्ग के बड़े समूह आत्मनिर्भरता से अपने दैनिक जीवन का निर्वहन कर सकते हैं। वहीं ज्यादातर ऐसे भी उत्तरदाता है जिनका मानना है कि पुनर्वास केंद्रों के आसपास बरसात के दिनों सांपों/जंगली जीव जंतुओं की समस्या भी बनी रहती है कई लोग तो इस समस्या का शिकार होकर अपनी जान से हाथ धो बैठे हैं।

3. अधिकतर उत्तरदाता यह मानते हैं कि विस्थापन के अनुदान राशि शासन सही समय पर भुगतान कर दे। ज्यादातर उत्तरदाताओं का मानना है कि पुनर्वास केंद्र के निकट चिकित्सा सुविधा के अभाव से उन्हें कई बीमारियों के इलाज के लिए एक जगह से दूसरी जगह तक भटकना पड़ता है।

4. अधिकांश उत्तरदाता समान रूप से मानते हैं कि अन्य भंडारण का निर्माण एवं सीवरेज लाइनों के माध्यम से साफ सफाई से भी कुछ व्यक्तियों की समस्या का निवारण हो सकेगा। कई उतरदाताओं ने माना है किं रोजगार भी एक विकट समस्या है। जिसका शासन को समाधान करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही अन्य जैसे बिजली आपूर्ति, पशु चिकित्सा, बाजार निर्माण एवं परिवहन आदि भी समस्या की दृष्टि से अति आवश्यक है जिनके संबंध में भी आदिवासी उत्तरदाताओं ने अपनी रुचि दिखाई।

**समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव:**

1. विस्थापन के पश्चात कई बड़े एवं संयुक्त परिवारों का विघटन होते देखने को मिलता है लेकिन यदि शासन उन्हें रोजगारोन्मुख कार्यों को करने का अवसर प्रदान करें तो परिवारों का विघटन नहीं हो सकेगा।

2. कृषि भूमि का विस्थापन यदि कम दूरी पर किया जाए लघु एवं कुटीर उद्योग हेतु शासन यदि ऋण उपलब्ध करवाएं तथा स्वास्थ्य एवं घातक संक्रमण बीमारियों की रोकथाम के लिए कोई विशेष ठोस कदम उठाया जाए तो अच्छा रहेगा।

3. बसावट पर बारिश के समय शासन प्रशासन द्वारा कोई विशेष आकस्मिक व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाए तो इससे कई भयावह एवं संक्रमित रोगों से बचाया जा सकता है।

4. पर्यावरण पर हो रही विकास के नाम पर क्षति पर रोकथाम लगाया जाए।

5. विस्थापित होने के पश्चात कई पीड़ित मानसिक अवसाद का शिकार हो गए जिसके लिए सरकार प्रशासन को बेहतर मेडिकल काउंसलिंग कर उन्हें इस सदमे से बाहर निकालने का कार्य किया जाए।

6. पुनर्वास केंद्रों पर विकास के नाम पर हो रही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाए तथा महिला वृद्ध, दिव्यांगों एवं बच्चों के देखभाल को भी सुचारू ढंग से करने आवश्यकता है।

7. पुनर्वास एवं बसावटों के निकट बच्चों की शिक्षा दीक्षा की बेहतर व्यवस्था की जाए ताकि बच्चों की शिक्षा पर किसी प्रकार की रोकथाम ना हो सके, वहीं दूसरी ओर कुछ उत्तरदाताओं का मानना है कि शासन प्रशासन अपने वादे के अनुसार विस्थापित पीड़ित परिवारों को आवश्यक मुआवजे को समय रहते दे देवे तो पीड़ित परिवार इस राशि का उपयोग किसी अन्य कार्य आवश्यक कार्य को करने पर लगा सके।

8. अंत में पुनर्वास नीति के संबंध में जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रचार-प्रसार शासन-प्रशासन बेहतर ढंग से करें ताकि हाशिए पर आए विस्थापित पीड़ित परिवारों को पुनर्वास के संबंध में आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध हो सके। तथा शासन-प्रशासन को नर्मदा बचाओ आंदोलन कर्ताओं की आवाज को प्राथमिकता से सुनकर कोई बेहतर विकल्प निकालना चाहिए ताकि समय रहते पीड़ित परिवारों की समस्या का समाधान हो सके।

अंत में, प्रस्तुत अध्ययन से प्राप्त तथ्यों के माध्यम से निष्कर्षत: कहा जा सकता हैं कि विस्थापन से प्राकृतिक संसाधनों की प्रंबधन व्यवस्था बदलती है। विस्थापन में व्यक्ति मात्र रहने का ठिकाना ही नहीं खोता अपितु उस आँधी में उसके जीवन से जुड़ी स्थानीय कड़ियां भी टूट जाती हैं, परस्पर आजीविका के सम्पोषित आधार समाप्त हो जाते हैं। इस प्रश्न निश्चित तौर पर विचारणीय है कि विस्थापन के एवज में जो जमीन का टूकढा मिलता है क्या वह समरूप फर्दरूपता का दावा कर सकता है? साथ ही यह भी स्वीकार योग है कि बांध परियोजनाओं के निर्माण से खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ सिंचाई, उद्योग, रोजगार, पर्यटन विकास, बिजली, एवं सामाजिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका है, जिससे लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार होगा। लेकिन इस तरह की विकास परियोजनाओं के साथ-साथ उने परिवार, रिश्तेदारी, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन बुरी तरह से प्रभावित होती है। अत: सरकार एवं प्रशासन को आवश्यक रूप से यह भी सुनिश्चित करना होगा कि बांध परियोजनाओं के कारण विस्थापित आदिवासियों का पुनर्वास इस प्रकार हो कि उनके जीवन स्तर में किसी प्रकार की कोई गिरावट न आयें तथा उन्हें नये एवं सुव्यवस्थित स्थान पर विस्थापित करते हुयें, उनके आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक इत्यदि पहलुओं एवं समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# भारत में घरेलू हिंसा - एक अध्ययन

**डॉ. राम सिंह पटेल* दिलीप पाठक****

* शोध मार्गदर्शक, पंडित मोतीलाल विधि महाविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश -** परंपरागत पुरुष प्रधान समाज में सैद्धांतिक रूप से नारी सम्मानीय पूज्य तथा श्रद्धास्पद रही है। परंतु व्यवहारिक पक्ष ऐसा नहीं है। रूढ़िवादिता अंधविश्वासों परंपराओं तथा रीति-रिवाजों के अंतर्गत महिलाओं की दुर्बलता,निर्योग्यता, महिलाओं की सामाजिक स्थिति को व्यक्त करती है।नारी करुणा,दया,प्रेम, त्याग की प्रतिकृति होने के साथ-साथ सामाजिक संस्कृति की पोषिका व वाहिका है फिर भी किसी नारी के प्रति भारतीय समाज में उत्पीड़न शोषण तथा हिंसा व क्रूरता का ग्राफ चिंता का सबब बना हुआ है। नारी आज जिस पीड़ा, कष्ट तथा मानसिक अभित्राष से गुजर रही है वह हमारे समाज की मानसिक विकृति व गिरती हुई सोच का प्रतीक है। सामान्यता नारी की शारीरिक बनावट उसकी दुर्बलता व शोषण का मुख्य कारण है।[1] पति व पति के नातेदारो के द्वारा मानसिक प्रताड़ना क्रूरता तथा दहेज की मांग को लेकर मायके से पृथक रखना वह परिष्कृत करना जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं ना केवल भारत में होती हैं बल्कि दुनिया भर में यह अपराध होता है। महिलाओं के प्रति कई तरह के अपराध होते हैं जैसे यौन शोषण, बलात्कार,कन्या भ्रुण हत्या, देवदासी, एसिड अटैक,कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न इत्यादि। अपराधों में सबसे ज्यादा घटित होने वाला अपराध घरेलू हिंसा है।भारत के प्रत्येक वर्ग में घरेलू हिंसा अपनी जड़े जमा चुका है और वर्तमान मैं सभी सामाजिक वर्गों में घरेलू हिंसा के विभत्स रूप दिखाई देते हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में महिलाओं के प्रति होने वाली घरेलू हिंसा के कारण, समाधान व उसके मूल्यांकन पर चर्चा की गई है।[2]

**शब्द कुंजी -** हिंसा, घरेलू हिंसा, क्रूरता, कानूनी संरक्षण, संविधानिक प्रावधान, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न।

**प्रस्तावना -**रोजमर्रा की भूमिका का निर्वहन करते हुए। महिला समाज की आधारशिला है, महिला सहृदय बेटियां,संवेदनशील माताएं व सबल सुदृढ सहयोगी तथा नित नई भूमिकाओं को बड़ी सरलता व क्षमता से निर्वहन कर रही हैं। लेकिन आज भी समाज के कई हिस्सों में उनकी भूमिका को नजरअंदाज किया जा रहा है इसी वजह से महिलाओं को वृहद स्तर पर उत्पीड़न,लिंगीय विभेद घरेलू हिंसा व अन्य सामाजिक बुराइयों का खामियाजा भुगतना पड़ता है। यही वजह उनको उन्नति के शिखर पर ले जाने में बाधक बनी हुई है।

'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते,
रमंते तत्र देवत:'।।[3]

अर्थात जहां नारी की पूजा की जाती है वहां देवताओं का वास होता है ऐसी भावना व संस्कृति को आत्मसात करने वाला समाज आज उसी देवी स्वरूपा महिला की हिंसा का कारण बना हुआ है। साथ ही इसी नारी के प्रति भारतीय समाज उत्पीड़न,शोषण, हिंसा,आदि का सतत बढ़ता ग्राफ अब बुद्धिजीवियों,दार्शनिकों, समाजशास्त्रीयो और मनोवैज्ञानिकों के लिए चिंता का विषय बन गया है।

**घरेलू हिंसा की परिभाषा-**घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के प्रयोजन के लिए प्रत्यर्थी का कोई ऐसा कार्य लोग या आचरण घरेलू हिंसा को गठित करेगा यदि वह

(क) व्यथित व्यक्ति के जीवन अंग स्वास्थ्य सुरक्षा की या उसकी मानसिक या शारीरिक भलाई की कहानी करता है या उसे कोई क्षति पहुंचाता है। या उसकी ऐसा करने की प्रवृत्ति है और जिसके अंतर्गत शारीरिक दुरुपयोग लैंगिक दुरुपयोग मौखिक और भावनात्मक दुरुपयोग और आर्थिक दुरुपयोग कार्य करना भी है या

(ख) दहेज मूल्यवान प्रतिभूति या अन्य संपत्ति हेतु किसी विधि वृद्ध मांग की पूर्ति के लिए व्यक्तित्व को या उससे संबंधित किसी अन्य व्यक्ति को पीड़ित करने की दृष्टि से व्यथित व्यक्ति का उत्पीड़न करना उसे आप हानि कार्य करना या उसे क्षति पहुंचाना या संकटापन्न करना या

(ग) खंड (क)या खंड (ख) आचरण के अंतर्गत ऐसा आचरण भी शामिल है जो धमकी का प्रभाव रखता है।

(घ) यदि व्यक्ति को अन्यथा क्षति पहुंचाता है या उत्पीड़ित कार्य करता है चाहे वह शारीरिक हो या मानसिक

**स्पष्टीकरण 1- इस धारा के प्रयोजन के लिए-**

1. **'शारीरिक दुरुपयोग'-** शारीरिक दुरुपयोग के अंतर्गत ऐसा कोई कार्य या आचरण आता है जो इस प्रकृति का है जिससे व्यथित व्यक्ति को शारीरिक पीड़ा आप हानि या उसके जीवन अंग या स्वास्थ्य को खतरा कार्यत होता है इसके अंतर्गत हमला अपराध पवित्रास और आपराधिक बल का प्रयोग भी आता है।

2. **'लैंगिक दुरुपयोग'-** इसके अंतर्गत लैंगिक प्रकृति का कोई ऐसा आचरण आता है जो महिला की गरिमा का दुरुपयोग करता है उसका अपमान हुआ तिरस्कार करता है।

3. **'मौखिक और भावनात्मक दुरुपयोग'-** इसके अंतर्गत अपमान उपहास तिरस्कार गाली और विशेष रूप से संतान या नर बालक के ना होने के संबंध में अपमान या उपहार शामिल है किसी ऐसे व्यक्ति को शारीरिक पीड़ा कार्य करने की लगातार धमकियां देना जिसमें व्यक्ति हितबद्ध है।

4. **'आर्थिक दुरुपयोग'-** इसके अंतर्गत आर्थिक और वित्तीय संसाधन

जिनके लिए व्यथित व्यक्ति किसी विधि यरोड़ी के आधीन हकदार होता है चाहे वह किसी न्यायालय के आदेश के अधीन या अन्यथा संदेय हो।[4]

'ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के अनुसार' हिंसा अर्थात चोट पहुंचाना, नुकसान करना या किसी को मारने के लिए शारीरिक दबाव बनाया जाना इत्यादि व्यवहारों को शामिल करता है।

**शोध प्रश्न–** प्रारंभिक शोध प्रश्न यह है कि वर्तमान समय में भारत देश में विशेष रूप से घरेलू हिंसा के विरुद्ध महिलाओं के अधिकार से संबंधित क्या कानून है। और उसके प्रभावी क्रियान्वयन की क्या व्यवस्था है।

वर्तमान समय में घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं के उपचार तथा कानून की कमियों को उजागर करना है।

**घरेलू हिंसा के कारण–** महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा का मुख्य कारण समाज की घृणित व विकृत मानसिकता है। महिला के शोषण का मुख्य कारण महिला की शारीरिक बनावट दुर्बलता व पुरुषों की तुलना में महिलाओं को शारीरिक व भावनात्मक रूप से कमजोर माना जाना है। घरेलू हिंसा के संबंध में निम्नलिखित सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व व्यावहारिक कारण है।

1. दिए गए उपहार व दहेज के प्रति असंतुष्टि,महिला का यौन संबंध बनाने से इन्कार करना,पारिवारिक उपेक्षा व सहभागिता की कमी अर्थात परिवारिक कार्यों में हाथ ना बंटाना इत्यादि है।

2. विवाहेत्तर संबंधों में लिप्त होना महिला साथी तथा उसके सगे संबंधियों की उपेक्षा, गृह कार्य में दक्षता का अभाव तथा संतानोत्पत्ति में असमर्थता भी घरेलू हिंसा का महत्वपूर्ण कारण है।

3. घरेलू हिंसा का एक महत्वपूर्ण कारण यह भी है कि पतियों के निर्देशों का पालन ना करना, पति में दूर्व्यसन का गुण जिसके परिणामस्वरूप महिला के सम्मान को ठेस पहुंचाना व उसकी गरिमा के विरुद्ध कार्य करना इत्यादि है ।

4. घरेलू हिंसा का प्रमुख कारण पितृसत्ता सोच,वरिष्ठता की होड़ है।जो पितृसत्तात्मक समाज में पुरातन समय से ही व्याप्त है।

5. घरेलू हिंसा का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण नर संतान की चाह, महिला का अशिक्षा वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता का अभाव है।

**वैधानिक प्रावधान–** भारतीय संविधान 1950 में महिलाओं के संरक्षण व लैंगिक समानता का सिद्धांत निहित है ।

भारतीय संविधान महिलाओं को समानता की प्रत्याभूति देने की साथ–साथ महिलाओं के पक्ष में सकारात्मक भेदभाव के उपाय करने की शक्ति प्रदान करता है।ताकि महिलाओं का संचयी सामाजिक आर्थिक राजनीतिक अलाभ की स्थिति को कम किया जा सके।

महिलाओं महिलाओं को विधि के समक्ष समता व समान संरक्षण (अनुच्छेद 14)और महिलाओं के प्रति लैंगिक भेदभाव के संबंध में संरक्षण (अनुच्छेद 15 )का मूल अधिकार प्राप्त है। पुरुषों और स्त्रियों दोनों का समान कार्य के लिए समान वेतन और स्त्री कर्मकारों की स्वास्थ्य और शक्ति व बालकों की सुकुमार अवस्था का दुरुपयोग ना हो उन्हें आर्थिक आवश्यकता से विवश होकर ऐसे रोजगार में ना जाना पड़े जो उनकी आयु शक्ति के अनुकूल ना हो के संबंध में संरक्षण (अनुच्छेद 39) प्रसूति सहायता के लिए उपबंध (अनुच्छेद 42)नीति निर्देशक सिद्धांत के रूप में प्राप्त है ।[5] घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष)अधिनियम, 2013 और भारतीय दंड संहिता1860 की धारा 354A, 354B, 354C और 354D,376,376A,376AB,376D,376DA,376DB,509,499 का अनुपूरक हो सकते हैं और उन्हें पूर्णता प्रदान कर सकते हैं कृ ये सभी कानून यौन प्रताड़ना और दर्शनरति तथा पीछा करने बलात्कार ,सामूहिक बलात्कार और महिलाओं की एकांत का को भंग करना, मानहानि जैसे अपराधों के विभिन्न स्वरूपों से संबंधित है ।[6] हालांकि ये कानून तभी प्रभावी हो सकते हैं, जब महिलाएं आगे आएं और दोषियों के खिलाफ मामले दर्ज कराएं, जो कभी कभार ही होता है। इस तरह, आमतौर पर बदनामी के डर से काफी बड़ी संख्या में ऐसे मामले दर्ज ही नहीं हो पाते, खासतौर पर तब जब पीड़िता को अपने पति, परिवार के सदस्य या किसी अन्य परिचित के खिलाफ शिकायत दर्ज करानी हो।

**घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 –** ऐसी महिलाओं के, जो कुटुंब के भीतर होने वाली किसी प्रकार की हिंसा से पीड़ित हैं, संविधान के अधीन प्रत्याभूत अधिकारों के अधिक प्रभावी संरक्षण और उससे संबंधित या अनुषांगिक विषयों का उपबंध करने के उद्देश्य से इस अधिनियम को 13 सितंबर 2005 को अधिनियमित किया गया और जो 26 अक्टूबर 2006 से संपूर्ण भारत मे लागू है।

**बीडी भानोट बनाम सविता भानोट –**माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित किया गया कि घरेलू हिंसा अधिनियम पीड़िता को इस अधिनियम के प्रवृत्ता होने के पूर्व के कृत्यों के संबंध में भी आवेदन करने की अनुमति देता है।

**संध्या वानखेड़े बनाम मनोज भीमराव वानखेड़े (2011) –** शब्द 'प्रतिवादी' को घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 2 (क्यू) के तहत किसी भी वयस्क व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है, जो पीड़ित व्यक्ति के साथ घरेलू संबंध में है, या रहा है और जिसके खिलाफ पीड़ित व्यक्ति ने इस अधिनियम के तहत कोई उपाय मांगा है।

वर्तमान परिपेक्ष में प्रत्यार्थी के अंतर्गत माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ना केवल वयस्क पुरुष शामिल है बल्कि वयस्क पुरुष के साथ उसकी महिला नातेदार भी शामिल है जिसके विरुद्ध पीड़िता आवेदन कर अनुतोष की मांग कर सकती है।

**ललिता टोप्पो बनाम झारखंड राज्य और अन्य। (2013) –** इस मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से माना है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 (घरेलू हिंसा अधिनियम) के प्रावधानों के तहत भरण–पोषण का दावा किया जा सकता है, भले ही दावेदार कानूनी रूप से विवाहित पत्नी न हो।

**इंद्र सरमा बनाम वीकेवी सरमा (2013) और डी. वेलुस्वामी बनाम डी.पच्चैम्मल –** अधिनियम की धारा 2(एफ) 'घरेलू संबंधों' को परिभाषित करती है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्धारित करने के लिए परीक्षण निर्धारित किए कि 'शादी की प्रकृति में संबंध' क्या है।

बेलू स्वामी के मामले में न्यायालय का निर्णय यह था कि कोई महिला यदि यौन संतुष्टि के उद्देश्य पारिश्रमिक प्राप्त कर पुरुष के साथ निवास करती है या वन नाइट स्टैंड के रूप में उसके साथ सहवास करती है इस कारण मात्र से वह विवाह की प्रकृति की किसी नातेदारी में रहने वाली महिला नहीं मानी जाएगी और ना ही वह पुरुष भागीदार के विरुद्ध शिकायत करने की अधिकारिणी होगी।

**इंदिरा सरमा बनाम वीकेवी सरमा (2018) –**सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले

में निर्णय दिया कि सभी लिव-इन पार्टनरशिप विवाह की प्रकृति के जैसे रिश्ते नहीं होते।

**लिव-इन-रिलेशनशिप की अवधारणा के परीक्षण के लिए दिशानिर्देश-** रिश्ते की अवधि, साझा गृहस्थी संसाधनों और वित्तीय व्यवस्थाओं की पूलिंग, घरेलू व्यवस्था, यौन संबंध बच्चे, जनता में समाजीकरण, पार्टियों का इरादा और आचरण।

इस अधिनियम के अंतर्गत घरेलू हिंसा की एक विस्तृत परिभाषा दी गई है जिसके परिणाम स्वरूप ऐसे कार्य लोग या आचरण को समाहित किया गया है जो महिलाओं के जीवन अंग और स्वास्थ्य को हानि कार्य करता है। इस हेतु शारीरिक मानसिक भावनात्मक लैंगिक दुर्व्यवहार को शामिल किया गया है।[7]

इस अधिनियम को प्रभावी बनाने और महिलाओं को तुरंत उपचार प्रदान करने हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले के लिए संरक्षण अधिकारियों की नियुक्ति की जाती है और संरक्षण अधिकारियों को पुलिस की समस्त शक्तियां प्राप्त होती हैं जो मामले के संबंध में घरेलू हिंसा रिपोर्ट तैयार करने से लेकर अन्वेषण तक का कार्य करता है अगर कोई महिला व्यथित है, तो व्यथित महिला या संरक्षण अधिकारी या अन्य कोई व्यक्ति उस व्यथित महिला की ओर से अधिकारिता रखने वाले प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट या महानगर मजिस्ट्रेट को आवेदन कर सकता है। आवेदन उसी मजिस्ट्रेट की अधिकारिता में किया जाएगा जहां पर पीड़ित या प्रत्यर्थी निवास करता है या विवाद का कारण पैदा हुआ है। आवेदन की प्राप्ति से 3 दिन के भीतर मजिस्ट्रेट सुनवाई की तारीख निर्धारित करेगा और सुनवाई की तारीख की सूचना मजिस्ट्रेट संरक्षण अधिकारी को देगा जो 2 दिन के भीतर प्रत्यर्थी पर उसकी तमील करेगा और प्रत्येक प्रथम सुनवाई से 60 दिन के भीतर मामले का निस्तारण किया जाएगा।

किस अधिनियम के तहत समस्त कार्यवाही बंद कमरे में की जाएंगी इस अधिनियम के तहत मजिस्ट्रेट को अंतरिम और एक-पक्षीय आदेश देने की भी शक्ति होगी साथ ही मजिस्ट्रेट द्वारा पारित किए गए आदेशों की प्रति नि:शुल्क आवेदन के पक्षकारों को उस पुलिस थाने के बाहर साधक अधिकारी को जिसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर वह स्थित है, सेवा प्रदाता इत्यादि को प्रदत्ता की जाएंगी। इस अधिनियम के तहत दिया गया संरक्षण आदेश संपूर्ण भारत में पर्वत होगा।

और यदि प्रत्यर्थी द्वारा संरक्षण आदेश का उल्लंघन किया जाता है तो उसे किसी भी भांति के कारावास से जिसकी अवधि 1 वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से जो 20000/- तक का हो सकेगा या दोनों से दंडित किया जाएगा। अधिनियम द्वारा नियुक्त संरक्षण अधिकारी यदि अपने कर्तव्यों का उल्लंघन करता है तो उल्लंघन करने के आधार पर उसे भी कारावास से जिसकी अवधि 1 वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माना जो 20000/- तक का हो सकेगा या दोनों से दंडित किया जाएगा।

इस अधिनियम के अंतर्गत आने वाले समस्त अपराध संज्ञेय माने जाएंगे।

इस अधिनियम की विशेषता यह है की सूचना देने वाले को सद्भाव का लाभ दिया जाएगा और मजिस्ट्रेट के आदेश से व्यथित पक्षकार सूचना की तामिली से 30 दिन के भीतर सेशन न्यायालय में अपील कर सकता है। सरकार द्वारा पारित किए गए इस प्रभावी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ एक व्यवस्थित मैकेनिज्म की स्थापना कर घरेलू हिंसा के अपराधों पर नियंत्रण करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास किया गया है। इस कानून का प्रयोग कर महिलाएं निश्चित रूप से घरेलू हिंसा के अपराध से निजात पा सकती हैं।

**शोध प्रश्न -**प्रारंभिक शोध प्रश्न यह है कि वर्तमान समय में भारत देश में विशेष रूप से घरेलू हिंसा के विरुद्ध महिलाओं के अधिकार से संबंधित क्या कानून है। और उसके प्रभावी क्रियान्वयन की क्या व्यवस्था है।

वर्तमान समय में घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं के उपचार तथा कानून की कमियों को उजागर करना

**शोध पद्धति-** इस शोध की पद्धति प्राथमिक और द्वितीयक शोध पर आधारित है जिसके लिए विश्लेषणात्मक विवरणात्मक तुलनात्मक एवं आलोचनात्मक पद्धतियों का यथा स्थान प्रयोग करते हुए एक उपयुक्त निष्कर्ष एवं सुझाव पर पहुंचने का प्रयास किया गया है।

**अध्ययन का उद्देश्य:**

(क) महिलाओं के वृद्ध होने वाली घरेलू हिंसा का अध्ययन करना।

(ख) महिलाओं के विरुद्ध होने वाली घरेलू हिंसा के कारणों का पता लगाना।

(ग) महिलाओं के विरुद्ध होने वाली घरेलू हिंसा का निवारण का पता लगाना।

**साहित्य अध्ययन-** सामान्यता शोध अध्ययन दो देशों (1) सैद्धांतिक/ ज्ञानार्जन संबंधी उद्देश्य(2) व्यवहारिक/प्रयोगवादी उद्देश्य की पूर्ति एवं प्राप्ति के लिए संपादित किए जाते हैं। सिद्धांत उद्देश्य के अंतर्गत सामाजिक जीवन घटनाओं, समस्याओं,तथ्यों के विषय में ज्ञान प्राप्त करना

2. विभिन्न प्रक्रियात्मक संबंधों की खोज करना उन सामान्य नियमों को खोजना जिनके माध्यम से सामाजिक जीवन निर्देशित और विनियमित होता हैस

**व्यावहारिक उद्देश्य के अंतर्गत-** सामाजिक समस्याओं के निदान मैं सहायता करना, सामाजिक तनाव को दूर करके सामाजिक समरूपता बनाए रखने में सहायता करना, सामाजिक नीतियों के निर्माण में सहायता करना, सामाजिक नियंत्रण में सहायता करना समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

साहित्य अध्ययन के अंतर्गत प्राथमिक एवं द्वितीयक स्रोतों को शामिल किया गया है जिसके अंतर्गत घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 ,महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनयम, 2013. भारतीय दंड संहिता 1807 भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1973 एनसीआरबी के आंकड़े महिला आयोग की अध्ययन रिपोर्ट इत्यादि।

**शोध परिकल्पना-** सर्व श्री गुड एंड हॉर्ट ने लिखा है 'कि परिकल्पना सिद्धांत और शोध के बीच की एक आवश्यक कड़वी होती है जो नवीन तथ्यों के संबंध में अतिरिक्त ज्ञान की खोज करने में सहायक होती है।'

स्पष्ट परिकल्पना अनुसंधान के लिए एक ऐसा आवश्यक आधार प्रस्तुत करती है जिसकी सहायता से नवीन तथ्यों को खोजा जाता है।शोधार्थी के विचार से परिकल्पना के संबंध में यह कहा जा सकता है कि,

1. परिकल्पना एक शोध अध्ययन की दिशा को निर्धारित करती हैं और शोधकर्ता को दिशा भ्रम से पृथक रखती हैं।
2. परिकल्पना अध्ययन क्षेत्र को सीमित करने में सहायक होती हैं तथा अध्ययन करता को भटगांव से बचाती हैं।
3. परिकल्पना अध्ययन समस्या के संबंध में प्राप्त प्राथमिक एवं द्वितीयक

तथ्यों के संकलन कराने में मार्गदर्शन के रूप में सहायता प्रदान करती हैं।

4. सत्य तथा सार्थक पाई गई।

परिकल्पना सिद्धांतों का निर्माण करने तथा सामान्य करण करने में सहयोग प्रदान करती हैं।

यह अनुभवजन्य साहित्य समीक्षा व्यापकता, हिंसा के प्रकार, सम्मान और दहेज हत्या, स्वास्थ्य = गर्भावस्था प्रभाव और सामाजिक कलंक से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय घरेलू हिंसा साहित्य की जांच और संश्लेषण करती है। समीक्षा अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप के प्रयासों के सारांश, सांस्कृतिक रूप से सक्षम अभ्यास के लिए सिफारिशें, भविष्य के सामाजिक कार्य अनुसंधान के लिए सुझाव और एक सारांश के साथ जारी है।

**मूल्यांकन –** घरेलू हिंसा के निवारण के संदर्भ में ब्रिटिश काल से लेकर वर्तमान समय तक अनेकानेक प्रयास किए गए महिलाओं के प्रति हो रहे अत्याचार घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए हमारी न्यायपालिका द्वारा कठिन कदम उठाए गए और विधायिका द्वारा नित्य नए अधिनियम पारित किए गए जिनमें दंड संहिता 1807, दंड प्रक्रिया संहिता 1973, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 ,दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961,महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनयम, 2013. इन कानूनों के प्रभावों का मूल्यांकन करने के लिए जरूरी है यह जानना की इन्हें लागू करवाने के लिए देशभर में कितना प्रयास किया गया इसके निष्पादन हेतु क्या व्यवस्था अपनाई गई। क्या इनको प्रभाव देने के लिए और अपराधों के नियंत्रण हेतु उचित प्राधिकारीयों की नियुक्ति न्याय प्रदान करने वाली संस्थाओं की स्थापना कानूनों की प्रति लोगों को जागरूक बनाने की नीति निर्धारित की गई और यदि निर्धारित की गई तो उस पर कितना सकारात्मक कार्य किया गया। हिंसा के अपराधों की रोकथाम में असफलता के कारण जानना उनको रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

**अध्ययन का क्षेत्र व सीमा–** यह शोध पत्र भारत की सामाजिक सांस्कृतिक यथार्थता की व घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 से महिलाओं के संरक्षण की भारतीय दंड संहिता दंड प्रक्रिया संहिता और संवैधानिक प्रावधानों की पर्याप्तता का अध्ययन प्रस्तुत करता है। यह भार में व्याप्त लैंगिक असमानता के ऐतिहासिक वर्णन से प्रारंभ होता है इस अध्ययन का प्रमुख आधार महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा की समस्या की अभिस्वीकृति के क्षेत्र में विकास का अवलोकन है। घरेलू हिंसा से संबंधित भारतीय ढांचे को समझने के लिए उपलब्ध मौजूदा कानूनी विकल्पों का एक सर्वेक्षण किया जाता है। इस शोध पत्र में किया गया कार्य भारतीय सांस्कृतिक संदर्भ में विभिन्न प्रकार के कानूनों और नीतियों तथा उनके लाभ और नुकसान का पता लगाया जाना है संक्षेप में सीमा और सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए यह शोध पत्र भारत में घरेलू हिंसा के ऐतिहासिक दार्शनिक प्रवृत्तियों मे घरेलू हिंसा की समस्या का मुकाबला करने की मौजूदा कानूनी उपाय नए कानूनों के आगमन के साथ बदलती स्थितियों की समीक्षा करने का प्रयास करता है।साथ ही पुलिस का घरेलू हिंसा अधिनियम और यह उसका अन्वेषण करना कि अधिनियम किस हद तक अपने उद्देश्य को पूरा करता है।

**सुझाव–** घरेलू हिंसा की समस्या के समाधान के लिए निम्नलिखित सुझाव सार्थक तथा उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं।

(1) महिलाओं हेतु शिक्षा को आवश्यक बनाने के साथ-साथ भारतीय शिक्षा प्रणाली में सुधार हेतु वैधानिक प्रयास किए जाएं साथ ही एक व्यवस्थित ढांचा तैयार कर उसे क्रियान्वित भी किया जाए।

(2) महिलाओं हेतु रोजगार के समान अवसर प्रदान किए जाएं तथा समान कार्य के लिए समान वेतन के भुगतान हेतु प्रभावी कदम उठाए जाए।

(3) मीडिया मास कम्युनिकेशन संचार के अन्य साधनों के माध्यम से महिलाओं के विरुद्ध दिखाई जा रही घरेलू हिंसा को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाए और भविष्य में उनके प्रसारण पर रोक लगाए जाने हेतु कानूनी प्रावधान किया जाए।

(4) महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने हेतु प्रचार प्रसार व उनके परामर्श केंद्रों की स्थापना की जाए।

(5) घरेलू हिंसा की जानकारी मिलने पर हस्तक्षेप करें व संबंधित विभाग को सूचित करने के साथ-साथ समाजिक संस्थाओं संगठनों व महिला संगठनों को अधिकाधिक प्रोत्साहित कर समाज में उनकी सहभागिता को विकसित किया जाए।

(6) घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम महिलाओं के विरुद्ध किए जाने वाले अपराधों के संरक्षण के संबंध में उपलब्ध कानूनी प्रावधानों को कठोरता के साथ लागू किया जाए और एक व्यवस्थित मैकेनिज्म स्थापित किया जाए।

(7) निशुल्क कानूनी परामर्श व सहायता केंद्रों की स्थापना शासन स्तर से की जाए साथ ही उन्हें स्वावलंबी और रोजगार उन्मुख बनाने के लिए प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की जाए व पीड़ित महिलाओं के लिए उचित व सुरक्षित आश्रय स्थलों का निर्माण कराया जाए।

(8) महिलाएं अपनी चुप्पी को तोड़कर अपने शोषण के विरुद्ध आवाज उठाएं और अपने विचारों को खुलकर दृढ़ता पूर्वक व्यक्त करें साथ ही भयमुक्त समाज के निर्माण में सहयोग प्रदान करें।

(9) घरेलू हिंसा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध समुचित दंड प्रदान किए जाने के साथ-साथ उनके निष्पादन की उचित व्यवस्था की जाए ताकि अपराधकर्ता दोबारा ऐसा कदम उठाने के बारे में विचार करें साथ ही ऐसे पुरुष अपराधकर्ता कि समाज में भर्त्सना व कठोर निंदा की जाए।

(10) घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं के सहायतार्थ न्यायालय के बाहर न्यायालय जैसी व्यवस्था व आपसी सामंजस्य से उनके विवादों का निपटारा कराया जाए ताकि परिवारिक कलह वह उनमें व्याप्त वैमनस्यता को सामंजस्य पूर्ण तरीके से निपटाया जा सके।

उन्हें अपनी रूढ़िवादिता और अंधविश्वासी मानसिकता को त्याग कर पुरुष के प्रति निर्भरता को छोड़कर आत्मनिर्भर बनने की ओर कदम उठाना होगा। उन्हें शिक्षित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बन अपने विरोध मे किए जा रहे शोषण के प्रति मुखरता के साथ आवाज को उठाना होगा।अपने व्यक्तिगत जीवन की ओर एक आशावादी दृष्टिकोण अपनाने के साथ-साथ अपनी चुप्पी को तोड़कर पितृसत्तात्मक दकियानूसी सोच को समाप्त करना होगा। यदि घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाएं घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम 2005 का उपयोग करें तो काफी हद तक घरेलू हिंसा की समस्या से निजात मिल सकती है लेकिन उन्हें इसके लिए एक साहसी कदम उठाना होगा।

**निष्कर्ष –** नारी जागरूक आत्मनिर्भर शिक्षित और सक्रीय हो चुकी है। किसी ने बहुत अच्छी बात कही है 'नारी जब अपने ऊपर अधिरोपित बेड़ियों एवं जंजीरो को तोड़ने लगेगी, तो विश्व की कोई शक्ति उसे नहीं रोक पाएगी।'

वर्तमान में नारी ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए अंधविश्वास व रूढ़िवादिता वह उसके वृद्ध होने वाली हिंसा के प्रति आवाज उठानी शुरू कर दी है। जो बरता वर्तमान परिदृश्य में सुधार की दृष्टि से एक अच्छा संकेत है। समाज की संकीर्ण मानसिकता वाले लोग ससुराल वालों का पुत्र व दहेज का लालच महिलाओं का शिक्षित होना आदि कारण धीरे-धीरे विलुप्त प्राय होते जा रहे हैं ।लोगों की सोच बदल रही है, फिर भी इस दिशा में और भी प्रयास करने की आवश्यकता है। और हमारे इन्हीं छोटे-बड़े प्रयासों के माध्यम से महिलाओं के प्रति होने वाली घरेलू हिंसा को कम किया जा सकेगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. डॉक्टर सिंह निशांत 'महिला विधि' राधा पब्लिकेशन नई दिल्ली 2008 पृष्ठ संख्या 166
2. राम अहूजा 1987 पृष्ठ संख्या 227
3. 'मनुस्मृति' अध्याय 3 श्लोक संख्या 56
4. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 कानून पब्लिकेशन जोधपुर धारा 3 पृष्ठ क्रमांक 3,4
5. भारत का संविधान 1950 कानून पब्लिकेशन जोधपुर 2019 पृष्ठ संख्या 6,7
6. भारतीय दंड संहिता कानून पब्लिकेशन जोधपुर 2021 पृष्ठ संख्या 178-180 ,192-197
7. किरण पवार 2020, ब्यू15292.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# Study on Senior Citizens' Human Rights in India

**Ankit Khare***

*Research Scholar, Pt. Motilal Nehru Law College and Research Centre, Chhatarpur (M.P.) INDIA

**Abstract -** It is true that in India, we revere our elders and hold them in high regard in our traditions, culture, and scriptures. Sadistically, it is also true that India is one of those nations with very few laws pertaining to senior citizens' rights. The number of elderly people in our country has increased significantly due to the rising life expectancy across the board. It is obvious that India has a long-standing history of treating senior citizens with respect in all walks of life. Yet, a number of circumstances, particularly the dissolution of the joint family system, are undermining the position and prestige of the elderly in today's society. The current research thus discusses the numerous issues that Indian senior citizens encounter, including those that are social, emotional, psychological, and physical. It also addresses the execution of numerous senior citizen-related policies and programmes. The discussion also covers the national and international factors pertaining to senior citizen government policies as well as a critical evaluation of the statute under consideration and suitable recommendations.

**Introduction -** In the past 50 years, India's population has about tripled, but the proportion of elderly Indians has more than quadrupled. The elderly are now the segment of society that is increasing the quickest in India thanks to improved medical services, compassionate care, and liberal family planning laws; the country's average life expectancy has also increased to almost 70 years. The only place in the world where touching an elder's foot to show respect is India. Our country has a particular place in its customs, culture, and scriptures for its elders, who are compared to God. Regrettably, India is one of those nations with a dearth of laws protecting older folks' rights. To meet the demands of the elderly in the nation, a significant programme is required.

**Varieties of issues that affect Senior Citizens:** In India, the following issues are frequently observed in cases of senior citizen:

**1. Physical Issue:** Physical decline occurs as we age. Even if one does not immediately lose their eyes, teeth, and everything else, they do start to physically deteriorate. The physical state is influenced by a person's lifestyle, genetic makeup, and environmental influences. Vicissitudes of life, poor diet, malnutrition, infectious diseases, intoxications, gluttony, insufficient sleep, emotional stress, overwork, endocrine problems, and adverse environmental factors like heat and cold are some of the often occurring secondary causes of physical decline.

The body temperature is impacted by the weakened regulating system. As a result, older people experience the climate change more strongly than others. They experience stomach issues and insomnia. They have trouble chewing or swallowing due to oral issues.

Because of their poor reaction to threats, slow mental processing, and deteriorating mental capacities, the elderly are more likely to be involved in accidents. Ears and eyes are significantly impacted.

The skin sags and the jaw gets smaller as a result of tooth loss. The eyelids become saggy, with the upper lids drooping over the lower, while the cheeks develop pendulous wrinkles. Due to the tear glands' dysfunction, the eyes appear lifeless and lacklustre and frequently appear watery. Speech is impacted by denture loss, and some people even appear to lisp.

The skin loses its suppleness and becomes tough. The skin develops wrinkles and the veins become clearly visible. As advancing age, sweating becomes less frequent and other skin colouring develops. The nails grow strong and tough, and the hair turns thinning and grey. The wrists, forearms, head, and lower jaw frequently tremble.

**2. Psychological Issues:** Mental illness and ageing are closely related. Psychotic depressions are more likely to strike the elderly. Senile dementia, which is linked to brain atrophy and degeneration, and psychosis with cerebral arterial sclerosis are the two main psychotic illnesses that affect older adults (associated with either blocking or ruptures in the cerebral arteries). According to observations, these two diseases make up around 80% of the psychotic disorders that affect older persons in civilised nations.

**3. Emotional issue:** Their dependency results from a decline in mental capacity. They no longer have faith in their own judgements or abilities, yet they still wish to exert more control over the younger people. They desire to get involved

in all domestic and professional problems. The younger generation does not listen to their suggestions or recommendations because of the generational difference. They begin exerting their rights and power rather than showing compassion for the elderly. This could make them feel as though their dignity and significance have been taken away. Another risk is losing a partner as they age. The loss of a spouse leaves one feeling alone and isolated. More emotional issues are generated by the family members' carelessness and indifference for the elderly.

**4. Social Issues:** As people get older, they experience significant social losses. Their social life is constrained by loss of employment, the passing of family members, friends, and spouses, as well as poor health that prevents them from engaging in social activities. Their social lives, which are limited to interactions with family members, are centred on the home. Severe chromic health issues make it possible for them to become socially isolated, which leads to loneliness and depression. As a result of losing the majority of the social roles they once played, they are likely to be lonely and isolated.

**5. Financial Issue:** Loss of income from retirement from employment is common, and pensions for the elderly are frequently insufficient to cover rising living expenses. Even if they use their provident fund for things like child weddings, buying new property, kid schooling, and family upkeep, they are forced to change their status from "Chief bread winner to a mere dependent" as a result of their income being lowered. The disease's detection and treatment led to further financial issues for the elderly.

Physical decline, social isolation, loss of a spouse, friends, job, property, and physical attractiveness are all aspects of old age.

It is a time of disillusionment, depression, illness, confession, and loneliness.

Yet in terms of childcare and family business, grandparents offer an additional source of love and enriching experience. Despite the many issues that come with being older, one must remain active for both their own well-being and the sake of society.

**Senior Citizens' Welfare: Policy And Programs:** The Government of India is putting different plans and programmes into action to give elderly folks a healthy, happy, empowered, dignified, and self-sufficient life, as well as strong social and intergenerational ties.The government is cognizant of the elderly's needs for affection, care, medical attention, housing, etc. The government is implementing a number of senior citizen assistance plans and programmes to this end. The specifics of these schemes and programmes:

**1. Department of Social Justice and Empowerment: Atal VayoAbhyudaya Yojana (AVYAY):**

a) Each of the existing schemes, future plans, strategies, and targets are articulated in AVYAY, which then maps them to schemes/programs, accountabilities, financials, and clear results. The main four needs of older persons are met by this plan: food, health care, financial security, and social interaction/a life of dignity. It also covers aspects of elder safety, protection, and overall wellbeing, starting with raising society's awareness and sensitising it.

b)AVYAY is an umbrella programme that has been in place since April 1, 2021, and it includes the following programmes:

i. Scheme of Integrated Programme for Senior Citizens (IPSrC)
ii. State Action Plan for Senior Citizens (SAPSrC):
iii. RashtriyaVayoshri Yojana' (RVY):
iv. Livelihood and Skilling Initiatives for Senior Citizens -
v. Promoting silver economy
vi. Channelizing CSR funds for Elderly care

**2. Livelihood and Skilling Initiatives for Senior Citizens-A new scheme with following two components:-**

a) Senior Able Citizens for Re-Employment in Dignity (SACRED) is an acronym for Senior Able Citizens for Re-Employment in Dignity. Many senior adults have time, experience, and energy that can be leveraged by businesses looking for dependable, experienced staff. Several private businesses' human resources departments are looking for qualified candidates for certain positions who are also reliable. The portal enables the virtual preference matching that brings these individuals together. The portal was introduced by the Vice President of India on October 1, 2021, which is International Day on Older People (IDOP).

**b) Action Groups for Social Reconstruction (AGRASR Groups)**

Elderly Self-Help Groups: Older Citizens are urged to create Self-Help Groups (SHGs), which will give them a venue for using their free time productively to interact with one another. SHGs will function as "Action Groups Aimed at Social Reconstruction (AGRASR Groups)" to qualify for financial aid under the programme. Any SHG receiving help under this Scheme will not also receive support under any other Ministry-sponsored schemes, and a SHG may choose to receive assistance under one or more of these Schemes (s).

3. Scheme for Awareness Generation and Capacity Building for welfare of Senior Citizens- Components like the National Helpline for Senior Citizens, Research, awareness, sensitization etc. for the welfare of senior citizens, spreading awareness and sensitizing the youth and other sections of the society towards the issues related to the elderly. The National Helpline – Elderline with toll free number 14567 has been dedicated to the country by the Vice President of India on International Day on Older Persons (IDOP), 2021 i.e. on 01/10/2021.

**4. RashtriyaVayoshri Yojana (RVY): Scheme for providing Physical Aids and Assisted-Living Devices for Senior Citizens**

The Ministry of Social Justice and Empowerment has developed the RashtriyaVayoshri Yojana (RVY) Scheme with

the goal of providing free aids and assisted living devices, such as walking sticks, elbow crutches, walkers/crutches, tripods/quadpods, hearing aids, wheelchairs, artificial dentures, and eyeglasses, to senior citizens who fall under the BPL category and who suffer from age-related disabilities/ infirmities like low vision, hearing impairment, With effect from F.Y. 2020–2021, the Scheme has been revised. The criteria for choosing beneficiaries under the amended Plan have been expanded to cover not only senior individuals who fall under the BPL category but also senior citizens whose monthly income is not more than Rs. 15000 and who have the aforementioned age-related disabilities or infirmities.

**Other Important Policies and Programs:**

1. Administravtive Setup
2. Important concerns relating to the Division
3. Integrated Program for Older Persons(IPOP)
4. The National Policy On Older Persons (NPOP)
5. National Awards: Vayoshreshtha Samman and International Day for Older People (IDOP)
6. The Maintenance And Welfare Of Parents And Senior Citizens Act, 2007
7. National Council For Older Persons (NCOP)/ National Council Of Senior Citizens
8. Benefits Extended By Other Central Ministries

**In Breif:**

**1) Administrative Setup:** The nodal ministry for the welfare of senior citizens is the Ministry of Social Justice and Empowerment. In close cooperation with State Governments, Non-Governmental Organizations, and civil society, the Ageing Division of the Social Defense Bureau of the Department of Social Justice and Empowerment develops and implements programes and policies for elderly citizens. The senior citizen programmes assist senior residences, daycare facilities, mobile Medicare units, etc. in an effort to promote senior welfare and upkeep, particularly for elderly people who are in need. These programmes are carried out through offering assistance in developing the capacity of government, non-governmental organisations (NGOs), panchayati raj institutions (PRIS), local governments, and the general public.

**2) Important concerns relating to the Division :** Since 1992, the Division has been carrying out the "Integrated Programme for Older Persons" (IPOP) Central Sector Scheme. In 2008, it underwent a revision, and new, creative projects were added for the welfare of Senior Citizens. Since April 1, 2015, the Scheme's cost standards have been updated.

In order to reinforce the commitment to ensuring the well-being of the elderly, the National Policy on Older People (NPOP) was released in January 1999. This policy is currently being updated appropriately in light of demographic changes such as an ageing population and other factors.

Vayoshreshtha Samman was first presented in 2005 by the Ministry of Social Justice and Empowerment in order to recognise the efforts made by distinguished senior citizens and Institutions involved in providing distinguished services for the cause of elderly persons, especially indigent senior citizens. In 2013, the Vayoshreshtha Samman received the designation of National Award. On October 1st 2013, the National Award was first given out. The Prize is given to illustrious and exceptional institutions, organisations, and people each year in thirteen categories. The categories are as follows:

- **Institutional Category:**

i. Best Institution for Research in the field of ageing;
ii. Best institution for providing services to senior citizens and awareness generation;
iii. Best District Panchayat in providing services and facilities to senior citizens;
iv. Best Urban Local Body in providing services and facilities to senior citizens;
v. Best State in implementing the Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act 2007 and providing services and facilities to senior citizens;
vi. Best Private Sector Organisation in promoting the wellbeing and welfare of senior citizens;
vii. Best Public-Sector Organisation in promoting the wellbeing and welfare of senior citizens;

- **Individual Category:**

i. Centenarian
ii. Iconic Mother
iii. Lifetime Achievement
iv. Creative Art
v. Sports and Achievements
vi. Courage and Bravery

**3) Integrated Program for Older Persons(IPOP):** Since 1992, the Ministry of Social Justice and Empowerment has been implementing the Central Sector Scheme of the Integrated Programme for Older Persons (IPOP), which aims to improve the quality of life for senior citizens by providing basic necessities like housing, food, healthcare, and recreational opportunities, among other things, by supporting the development of the capacity of government, non-governmental organisations, panchayati raj institutions, and local businesses. A revision to the Scheme went into effect on April 1, 2008, and April 1, 2015. Under the 2008 revision, additional innovative projects were included as being eligible for help under the Scheme in addition to updating the cost standards for financial assistance for ongoing projects. The IPOP Scheme is providing support for the following projects:

i. Maintenance of Old Age Homes;
ii. Maintenance of Respite Care Homes;
iii. Running of Multi Service Centres for Older Persons;
iv. Mobile Medicare Unit;
v. Day Care Centre for Care of Old Person with Dementia;
vi. Multi Facility Care Centre for Older Widows;
vii. Physiotherapy Clinics;

viii. Regional Resource and Training Centres;
ix. Helplines and Counseling for Older Persons;
x. Programme for Sensitization Schools/College Student;
xi. Awareness Projects for Older Persons;
xii. Volunteers Bureau for Older Persons;
xiii. Formation of VridhaSanghas/Senior Citizen Associations/Self Help Groups;
xiv. Any other activity, which is considered suitable to meet the objective of the Scheme.

**4) The National Policy On Older Persons (NPOP):**In order to reinforce the State's commitment to ensuring the well-being of the elderly, the National Policy on Older People (NPOP) was unveiled in January 1999. The Policy calls for state assistance to meet older people's requirements for housing, health care, and other necessities as well as for a fair share in development, protection from abuse and exploitation, and access to programmes that would enhance their quality of life.The Ministry of Social Justice and Empowerment established a Committee to I assess the current status of various issues relating to senior citizens, in general, and implementation of NPOP, 1999, in particular, and (ii) draught a new NPOP while taking into account the emerging trends in demographic, socio-economic, technological, and other relevant fields. This was done in light of the country's changing senior citizen population over the previous ten years. The updated national senior citizens policy is currently being finalised.

**5) National Awards:** Vayoshreshtha Samman and International Day for Older People (IDOP)

Every year on October 1st, the Ministry of Social Justice and Empowerment honours the International Day for Older People (IDOP) in a suitable manner by planning a number of activities and programmes for the elderly. The goal of the day is to recognise senior persons' contributions to society, raise awareness of their needs and issues among the general public, and improve the quality of life for the aged in our society.The Ministry of Social Justice and Empowerment (Department of Social Justice and Empowerment) has created a new Scheme of National Awards for Senior Citizens to highlight the Government's commitment to senior citizens and to honour the efforts made by eminent senior citizens and institutions involved in providing distinguished services for the cause of elderly people, especially indigent senior citizens. The Program of National Awards for Senior Citizens was announced in the Indian Gazette on January 22, 2013, and the first awards were presented in 2013.

**6) The Maintanance And Welfare Of Parents And Senior Citizens Act, 2007:** In order to secure need-based support for parents and senior citizens as well as their welfare, the Maintenance and Welfare of Parents and Older Citizens Act, 2007, was passed in December 2007. The Act shall take effect in a State on the day specified by the State Government in a notification published in the Official Gazette. All of the States and UTs have so far given notice of the Act.

The state of Himachal Pradesh has its own law protecting senior citizens and parents.

The Act provides for:

i. Maintenance of Parents/ senior citizens by children/ relatives made obligatory and justiciable through Tribunals
ii. Revocation of transfer of property by senior citizens in case of negligence by relatives
iii. Penal provision for abandonment of senior citizens
iv. Establishment of Old Age Homes for Indigent Senior Citizensv. Protection of life and property of senior citizensvi. Adequate medical facilities for Senior Citizens

**7) National Council For Older Persons (NCOP)/ National Council Of Senior Citizens:** A National Council for Older Persons (NCOP) was established in 1999 in accordance with the National Policy for Older Persons (NPOP) to oversee the Policy's implementation. The Minister for Social Justice and Empowerment serves as the NCOP's chairperson. The NCOP is the highest authority to advise the government on the creation and execution of aged-related policies and programmes.

National Council for Older People (NCOP) has been reorganised and renamed as National Council for Senior Citizens (NCSrC) pursuant to decision dated 17 -2-2012, which was published in the Gazette of India on 22 -2-2012, in order to have a clear structure and regional balancing.

**8) Benefits Extended By Other Central Ministries:**

a) Ministry of Rural Development: The Ministry of Rural Development is putting into effect the Indira Gandhi National Old Age Pension Scheme (IGNOAPS), under which the Central Government provides financial support for pensions a minimum equal contribution from the States is intended to supplement the monthly payments at Rs. Rs. 200 to people over 60 and Rs. 500 to people over 80 who live in households below the poverty line.

b) Ministry of Health and Family Welfare: The Ministry of Health and Family Welfare offers senior citizens the following services:

i. Separate queues for older persons in government hospitals.
ii. Geriatric clinic in several government hospitals.
iii. Objectives of the National Programme for the Health Care for the Elderly
iv. Strengthen referral system
v. Develop specialized manpower and
vi. Promote research in the field of diseases related to old age.
vii. Major Components to establish geriatric department in all the existing 8 Regional Geriatrics Centres
viii. Strengthening healthcare facilities for elderly at various levels
ix. Regional Institutions to provide technical support to geriatric units at district hospitals

**c) Ministry of Finance:**

necessitates the Claisen Schmidt reaction of equimolar quantities of a substituted acetophenone with substituted benzaldehyde in the presence of aqueous alcoholic alkali[6]. (Fig 2). In this reaction the concentration of alkali used generally ranges between 10 and 60%. The reaction is carried out at about 50 degrees centigrade for 12-15 hrs. or at room temperature for one week.



Fig 2

**Optimized procedure:** Pankit.R. Shah et al. prepared chalcones by optimized process using the sonication method which reduced the time to just 15 to 30 min[7], with less amount of solvent and the % yield was comparable to conventional procedure. A mixture of acetophenone (10 mmol), aromatic aldehyde (10 mmol), KOH and solvent were taken in a beaker and sonicated for 15–30 mins in the water bath of an ultrasonic cleaner bath, cooled in ice water bath and the precipitate formed was filtered, dried and recrystallized with alcohol to form chalcones.

**Aldol condensation:** Aldol condensation is one of the most efficient way to prepare Chalcones. Hiren Vidja et al. synthesized chalcones by two methods, first is Aldol condensation with solvent and another is solvent free Aldol condensation dry process[8]. The compounds were synthesized by Aldol condensation of appropriate aromatic ketones with appropriate benzaldehydes. The yield of the chalcone product by Aldol condensation with solvent was 58.41% and solvent free Aldol condensation was 65.29%.

**Biological activities of chalcones:** The presence of á,â - Unsaturated carbonyl system in chalcones makes them efficient biologically active compounds. Chalcones are promising compounds due to their extensive biological and medicinal activities. They are well known and exhibit numerous pharmacological properties such as anti-cancer, anti-inflammatory, antitubercular and many more.




**Anti-depressant, Anti-anxiety and antinociceptive activity:** Many scientists have reported that chalcones possess anti-depressant activity. Josefina Higgs et al. synthesized chalcones and studied their biological properties [9]. The chalcones were studied in mice with different behavioral tasks and they concluded that one chalcone nuclei showed antidepressant activity, 5'-methyl-2'-hydroxy chalcone showed anxiolytic effect, 5'-methyl-2'-hydroxy-3'-nitro chalcone showed antinociceptive activity.

**Antimalarial activity:** Antimalarial activity is exhibited by derivatives of chalcone for e.g. 2,4-dimethoxy-4'butoxy chalcone showed strong activity against human malaria parasite plasmodium falciparum In vitro, and rodent parasites plasmodium berghei & plasmodium yoelii In vivo, which has been reported by Chen et al.[10]

**Antibacterial activity:** Chalcones are potential biocides because some naturally occurring antibiotics and amino chalcones probably owe their biological activity to the presence of $\alpha,\beta$- unsaturated carbonyl group. Two series of chalcone derivatives containing S-Triazine and acetamido group were synthesized by Pankit.R shah (Gala) et al. All of them were tested for their antibacterial activity and were found to be active against both gram positive and gram-negative bacteria.[7]

**Anticancer activity:** Cancer is one of the major leading cause of death globally and finding treatment of cancer is urgent need of mankind. Suvitha Syam et al. found that some chalcone compounds were too active cytotoxic agents towards many cancer cell lines [11]. They revealed that these four active compounds1,3-diphenyl propenone, 3-(2-chlorophenyl)-1-phenylpropenone, 3-(2-hydroxy phenyl)-1-p-tolyl propenone, 3-(3-chloro phenyl)-1-phenyl propenone, showed apoptosis induction in MCF-7 cells with the involvement of caspase-7, caspase-8 and caspase-9.

**Cytotoxic activity:** Bhat et al. have reported a new class of chalcone derived pyrazoles such as 3,5-diphenyl, 1 H-Pyrazoles as potential cytotoxic agents[12].

**Anticancer, Anti-inflammatory and Antioxidant activity:** Babasaheb P. Bandgar et al. have synthesized & assessed a series of 2,4-dimethoxy and 3,4,5-trimethoxy chalcones for their biological activities and concluded that3,4,5-Trimethoxychalcones inhibit the growth of five human cancer cell lines[13]. Some of them preferentially inhibit the cell lines more or similar with the standard anticancer agents (flavopiridol and gemcitabine). Anti-inflammatory and antioxidant activities were also shown by the same compounds.

**Antifungal activity:** Fungi can be found throughout the world and survive in all kinds of environments. Some species can infect humans and cause illness. Deepa Gupta et al. studied the antifungal activity of chalcone derivatives and found that Chalcone derivatives showed inhibitory effect against *M. gypseum* species of fungus [14]. They also revealed that among the chalcone derivatives so synthesized, two of them, that is, 4-chloro derivative, and

unsubstituted derivative of chalcone showed antifungal activity superior to ketoconazole. Thus, these potential new molecules are useful as antifungal agents.

**Anti HIV agents:** Amy L Cole et al suggested that O-benzyl-substituted chalcones were identified as promising anti-HIV agents [15].

**Anti-tubercular activity :** Tuberculosis has been a major concern since decades and a lot needs to be done to find new medicines for its cure. Shadab Alam et al. have synthesized a series of chalcones of 4-acetyl pyridines and substituted aryl aldehydes and evaluated them for their anti-tubercular activity, anti-inflammatory activity and antioxidant activity [16] . They concluded that the chalcone derivatives 3-(4-chlorophenyl)-1-(pyridine-4-yl) prop-2-en-1-one have exhibited significant anti-tubercular activity against Mycobacterium tuberculosis H37 Rv using MABA method and anti-inflammatory activity using bovine serum albumin assay, whereas 1-(pyridine-4-yl)-3-tolyl prop-2-en-1-one have exhibited significant anti tubercular and antioxidant activity.

Lagu SB et al. did the Antitubercular activity assessment of fluorinated chalcones, 2-aminopyridine-3-carbonitrile and 2-amino-4H-pyran-3-carbonitrile derivatives In vitro, molecular docking and in-silico methods.[17] They suggested that these derivatives are prospective lead molecules for the development of novel antitubercular drugs.

**Anti diabetic activity , Antioxidant activity:** Diabetes is a chronic metabolic disease characterized by elevated levels of blood sugar which is affecting millions worldwide and there is a lot that needs to be done for treatment and cure. Hafsa Iqbal reported that chalcone derivative cb6(E)-3-(4-fluorophenyl)-1- phenylprop-2-en-1-one, significantly reversed the alloxan induced hyperglycemia and the biochemical and oxidative stress parameters were also improved.[18] This chalcone also improved the activity of endocrine tissues of pancreas.

**Antiviral activity:** Zhihua wan et al. synthesized a series of novel 4-thio quinazoline derivatives containing chalcone moiety, and tested them for their antiviral activity against TMV. They found that most of these compounds showed moderate to good anti-TMV activity [19].

**Conclusion:** This review elaborates the various methods of synthesis of chalcones and its derivatives which are eco-friendly and save time. It is very interesting to note that chalcones and its derivatives are wonder compounds with the α,β unsaturated carbonyl system which can be modified easily and new derivatives can be designed with ease. Also, the different medicinal applications of chalcones and its derivatives are discussed which will promote the researchers and scientists to synthesize new biologically active chalcone derivatives which will definitely be useful for mankind and will make new pathways for new drugs.

**References:-**


1. Z Nowakowska, Eur J Med . Chem 200742(2) 125-137
2. Kostanecki, S.V. and Tambor, J. ChemBer. 1921, 1899, 32
3. Dewi Septianingtyas, Nahda Zafira, Zulhipri, FeraKurniadewi, Hanhandianhar, AIP conference proceedings (2021) 2331, 040020
4. Y. K. Srivastava, Rasayan J. Chem. 2008 ,vol 1, no. 4 , 884-886
5. R.M.Pathade, S.K.Pagariya , P.S.Bodkhe , D.N.Pippere , JETIR , February 2020 , Volume 7, Issue 2 . 610-612
6. D.N. Dhar Chemistry of Chalcones , Wiley, Newyork, 1981
7. Pankit.R.Shah (Gala), Shraddha Phadke, Priyanka Borole / Int. J..pharm . Phytopharmacon. Res. 2014 , 4 (2) 95 -99
8. Hiren Vidja , Bharat Shiyalia , Jinal Patel, Ashish Nagar , Synthesis of chalcones, JETIR July 2020 vol. 7 issue 7 . 915-923
9. Josefina Higgs, Cristina Wasowski, [...], and Mariel Marder , 2019, Heliyon, Mar, 5(3):E01376
10. M. Chen, S. Brøgger Christensen, L. Zhai, M. H. Rasmussen, T. G. Theander, S. Frøkjaer, B. Steffansen, J. Davidsen, and A. Kharazmi, JID 1997, issue 5,176 (November) 1327-1333
11. Suvitha Syam, Siddig Ibrahim Abdelwahab, Mohammed Ali Al-Mamary and Syam Mohan *Molecules* 2012, *17*, 6179-6195; doi:10.3390/molecules17066179
12. B. A. Bhat,K. L. Dhar,S. C. Puri,a A. K. Saxena, M. Shanmugavelb and G. N. Qazi , Bio Organic and medicinal chemistry letters 15 (2005) 3177-3180
13. Babasaheb P. Bandgar, Shrikant S. Gawande, Ragini G. Bodade, Jalinder V. Totre, Chandrahas N. Khobragade, Bioorganic and medicinal chemistry 18 (2010) 1364 -1370 .
14. Deepa Gupta and D k Jain , J Adv Pharm Technol Res. 2015 Jul-Sep , 6 (3) ,114-117
15. Amy L Cole [1] , Sandra Hossain [2] , Alex M Cole [1] , Otto Phanstiel 4th Bioorg Med Chem 2016 Jun 15 , 24 (12) 2768 -76 .
16. Shadab Alam, Rakesh panda and Monica Kachroo, Indian Journal of Chemistry, vol.53 B , April 2014 , pp 440-443 .
17. Lagu SB, Yejella RP, Nissankararao S, Bhandare RR, Golla VS, Subrahmanya Lokesh BV, et al. (2022) , PLOS ONE 17(6): e0265068. https://doi.org/10.1371/journal. pone.0265068 June 16 ,2022, 1-12.
18. Hafsa Iqbal , Int. Res. J. Pharm. Pharmacol. 2020Vol. 8, No. 6,
19. Zhihua wan, Deyu Hu, Pei Li, Dandan Xie, and Xiuhai Gan, Molecules, 2015, Jul 20 (7) , 11861 - 11874


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# कृषि भूमि उपयोग में पर्यावरण प्रदूषण का प्रभाव बड़वानी जिले के विशेष सन्दर्भ में

**रमेश पवार* डॉ. मोहन निमोले****

* शोधार्थी (भूगोल) विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र) भारत

**शोध सारांश –** बड़वानी जिला कृषि पर आधारित है। जिले की कुल भूमि मे से कृषि योग्य भूमि 60.32 प्रतिशत है। भूमि उपयोग के विभिन्न रूपों में कृषि उपयोग एक महत्वपूर्ण अंग है। कृषि कार्य स्थाई नही होते है, बल्कि ये परिवर्तनशील होते है। इन्ही परिवर्तनों के परिणाम स्वरूप कृषि भू–दृश्य में परिवर्तन होता रहता है, जो उसके विकास स्तर का द्योतक है। बड़वानी जिले में कृषि स्वरूप एवं कृषि भूमि उपयोग में भारी परिवर्तन हुआ है। जिले की कृषि तीव्र गति से बढ़ती हुई जनसंख्या के भोजन पूर्ति के साथ आवश्यकताओं की पूर्ति भी कृषि से की जाती है। जिले की कृषि में यांत्रिकरण, सिचाई सुविधाओं, रासायनिक खादों का उपयोग एवं कीटनाशक दवाओं का उपयोग बढ़ा है। उन्नत बीजों के उपयोग में भारी वृद्धि के साथ ही कृषि पद्धति एवं तकनिक में सुधार देखने को मिलता है। जिसके परिणाम स्वरूप जिले में कृषि उत्पादकता में वृद्धि है।

पर्यावरण के दूषक पदार्थो के प्रवेश के कारण प्राकृतिक संतुलन में पैदा होने वाले दोषों को कहते है। प्रदूषक पर्यावरण को ओर जीव–जन्तुओं को नुकसान पहुचाते है प्रदूषण का अर्थ हवा, पानी, मिट्टी आदि का अवाछित द्रव्यों के दूषित होने से जिसका प्रभाव सम्पूर्ण मानव जीवन पर होता है। पर्यावरण प्रदूषण के कारण कृषि भुमि प्रदूषण होता है, जिससे मिट्टी की भौतिक,रासायनिक या जैविक गुणों पर इसका प्रभाव पड़ता है।

**शब्द कुंजी –** बड़वानी जिला, कृषि भूमि उपयोग, पर्यावरण प्रदूषण।

**प्रस्तावना –**कृषि भूमि उपयोग आमतौर पर कृषि के लिए समर्पित होती है, जो जीवन के अन्य रूपो को व्यवस्थित और नियंत्रित करती है। कृषि भूमि उपयोग विशेषकर पशु पालन, फसलों के उत्पन्न मनुष्यों के लिये भोजन का उत्पादन करने के लिये खेत या खेती के साथ–साथ पशुपालन एवं चारागाह के लिये भूमि का उपयोग कृषि कार्य के लिये किया जाता है। भूमि उपयोग प्राय: पृथ्वी के किसी क्षेत्र का मनुष्य द्वारा उपयोग को सूचित करता हो सामान्य जमीन के हिस्से पर होने वाले वाले आर्थिक क्रिया–कलापों को सूचित करते हुए उसे वन भूमि, कृषि भूमि, चरागाह क्षेत्र इत्यादि वर्गो में बांटा जाता है। और अधिक तकनिकी भाषा में भूमि उपयोग को किसी विशिष्ट भू आवरण प्रकार की रचना परिवर्तन अथवा संरक्षण हेतु मानव द्वारा उस पर किये जाने वाले क्रियाकलापों के रूप में परिभाषित किया गया है।

वृहद स्तर पर ग्रेट ब्रिट्रेन में प्रथम भूमि उनयोग सर्वेक्षण सन् 1930 ई. में डडले स्टाम्प महोदय द्वारा किया गया था।

कृषि भूमि उपयोग अध्ययन का प्रमुख अंग हैं। क्योंकि भूमि और उपयोग दोनों ही अपने आप में अलग–अलग बाते है भूमि मानव द्वारा विभिन्न क्रियाकलप किये जाते है तथा मानव भूमि उपयोग अपने विभिन्न प्रयोगों के आधार पर अनेक रूप में करता है। भूमि पर सदीयों से उपयोग मानव अपनी मूलभूत आवश्यकता रोटी, कपडा मकान,की पूर्ति करने में करता है। चाहे व उपयोग जनसंख्या बसाव में हो तथा वृहद उपयोग में हो चाहे कृषि करने में हो या यातायात मार्गो में हो इस प्रकार स्पष्ट हो जाता है कि एक प्रयोग के उद्देश्य से भूमि का किसी रूप में उपयोग ही भूमि उपयोग कहलाता है। किसी क्षेत्र की सम्पूर्ण भूमि का विभिन्न कार्यो के लिये किया जाने वाला उपयोग भूमि कहलाता है। भारत में भूमि उपयोग वन बंजर तथा कृषि अयोग्य भूमि, चालु परती भूमि, अन्य परती भूमि, शुद्ध बोया गया क्षेत्र एक से अधिक बार बोया गया क्षेत्र आदि पर किया कार्य भूमि उपयोग कहलाता है।

कृषि भूगोल के सन्दर्भ में कृषि भूमि उपयोग एक महत्वपूर्ण अध्ययन है। भूमि उपयोग अध्ययन से प्रादेशिक वितरण के प्रतिरूप का ज्ञान होता है। कृषि प्रणाली, फसलों का वितरण घास के मैदान अन्य प्राकृतिक, वनस्पति, उद्योग व अधिवासों तथा अन्य कार्यो में आई गयी भूमि आदि के प्रादेशिक विवरण का सही ज्ञान होता है। तथा इस ज्ञान के आधार पर भविष्य के अतिरिक्त अन्य उपयोग के नियोजन में भूमि के आवंटन का नियोजन भी संभव होता है। इस पंकार का नियोजन अन्य देशों के लिये विशेष महत्व होता है जहाँ जनसंख्या का घनत्व अधिक है तथा कृषि उत्पादन की खपत अधिक है।

भारत में कुल कृषि योगय भूमि के 72 प्रतिशत भाग पर ही अच्छी वर्षा हाती है, शेष 28 प्रतिशत भाग पर सिचाई के द्वारा कृषि कार्य किया जाता है।

**तालिका 1 कृषि भूमि का उपयोग हेक्टेयर में**

| तहसील | क्षेत्रफल | वनक्षेत्र | कृषि के लिए जो भूमि उपलब्ध नही है | अन्य अकृष्य भूमि जिसमे पड़ती | कृषि योग्य भूमि |
|---|---|---|---|---|---|
| बड़वानी | 45782 | – | 18957 | 556 | 260 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पाटी | 47034 | – | 20134 | 454 | 1009 |
| ठिकरी | 56575 | – | 17512 | 618 | 790 |
| राजपुर | 75572 | – | 23820 | 649 | 768 |
| पानसेमल | 29424 | – | 3618 | 378 | 909 |
| निवाली | 35239 | – | 6767 | 434 | 1275 |
| सेंधवा | 81706 | – | 9844 | 492 | 3343 |
| वरला | 28426 | – | 2792 | 401 | 105 |
| अजड़ | 26762 | – | 8537 | 227 | 395 |

**स्त्रोत– अधीक्षक भू–अभिलेख बड़वानी**

**कृषि क्षेत्र का वितरण–** बड़वानी जिले में कृषि भूमि उपयोग के अन्तर्गत वन क्षेत्र से घिरा क्षेत्र जिले में मात्र 6.5 प्रतिशत है। यह क्षेत्र सेंधवा तहसील में सर्वाधिक 15.29 प्रतिशत है, इसके पश्चात पानसेमल और निवाली तहसील में क्रमश: 10 व 9.7 प्रतिशत है। यह इस और संकेत करता है, कि भूमि के उपयोग में वन, क्षेत्र बढ़ना आवश्यक है।

**कृषि के लिये अनुपयुक्त भूमि –** बड़वानी जिलें में कृषि के लिये अनुपयुक्त भूमि यह वह भूमि है, जिसका प्रयोग कृषि के लिये नही रहा है। ऐसी भूमि 22 प्रतिशत है, और सबसे कम पानसेमल व सेंधवा तहसील में लगभग 9 प्रतिशत है।

**अन्य व अकृषि भूमि –** इसके अन्तर्गत ऐसी भूमि आती है, जिसमें पशुओं के स्थायी चरागाह अन्य घास क्षेत्र तथा छितराऐं पेड़ व झाड़िया पायी जाती है। यह जिले के लगभग 5 प्रतिशत क्षेत्र को घेरे है। सेंधवा तहसील में यह 2.8 प्रतिशत है जो सबसे कम है।

**तालिका 2 : भूमि का उपयोग हेक्टेयर में**

| तहसील | पड़ती भूमि | निरा क्षेत्र | कूल क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बड़वानी | 1304 | 25106 | 31732 |
| पाटी | 348 | 21865 | 24667 |
| ठिकरी | 618 | 18121 | 23731 |
| राजपुर | 2334 | 45956 | 54471 |
| पानसेमल | 586 | 24312 | 31635 |
| निवाली | 1143 | 22590 | 27149 |
| सेंधवा | 2241 | 54577 | 62046 |
| वरला | 282 | 19358 | 21573 |
| अजड़ | 685 | 17353 | 21065 |

**स्त्रोत–अधीक्षक भू–अभिलेख बड़वानी**

**पड़ती भूमि –** इसके अन्तर्गत उस भूमि को सम्मिलित किया जाता है, जो कृषि योग्य तो है परन्तु उसका उपयोग कृषि के लिये नही किया जा रहा है। सम्पूर्ण जिले की 2.75 भूमि इस वर्ग में सम्मिलित है। इसका सबसे कम प्रतिशत ठीकरी तहसील में 1.5 प्रतिशत है जबकी निवाली तहसील में 4.5 प्रतिशत है। इसका यह निष्कर्ष निकलता है कि जिस तहसील में पहाड़ी भूमि अधिक है। वहाँ अपरदन के कारण कृषि योग्य भूमि भी अनुपजाऊ हो गयी है और उसे अलाभप्रद के कारण भी किसान उस पर कृषि नही करता है। जिले में कृषि कार्य हेतु भूमि की उपलब्धता तो अधिक है लेकिन सिचाई साधनों की कमी, अल्पज्ञता तथा आर्थिक कारणों के फलस्वरूप कूछ कृषि भूमि पर कार्य नही करते हुऐ साधनों के अभाव में खाली छोड़ देते है। इस प्रकार खाली भूमि छोड़ने के कारण इसका क्षेत्रफल 10728 हेक्टेयर है। जिसका कुल भूमि में प्रतिशत 2.79 है।

**निरा बोया गया क्षेत्र–** अध्ययन क्षेत्र में निराक्षेत्र कुल भूमि में सर्वाधिक है। सन् 2001 में इसका क्षेत्रफल 232213 हेक्टेयर था जो कुल का लगभग 60.39 प्रतिशत था जो सन् 2011 में बढ़कर 225910 हेक्टेयर हो गया है।

**पर्यावरण प्रदूषण–** पर्यावरण के दूषक पदार्थो के प्रवेश के कारण प्राकृतिक संतुलन में पैदा होने वाले दोषों को कहते है। प्रदूषक पर्यावरण को ओर जीव–जन्तुओं को नुकसान पहुचाते है प्रदूषण का अर्थ हवा, पानी, मिट्टी आदि का अवाछित द्रव्यों के दूषित होने से जिसका प्रभाव सम्पूर्ण मानव जीवन पर होता है। पर्यावरण प्रदूषण के कारण कृषि भुमि प्रदूषण होता है, जिससे मिट्टी की भौतिक,रासायनिक या जैविक गुणों पर इसका प्रभाव पड़वा है। जो पर्यावरण,जैविक जीवजन्तुओं एवं पेड़ पौधें के ऊपर इसका अधिक प्रभाव पड़ता है।

**भूमि प्रदूषण–** भूमि के भौतिक व रासायनिक या जैविक गुणों में कोई ऐसा अवांछनीय परिवर्तन जिसका प्रभाव मानव तथा अन्य जीवों पर पड़ता या जिससे भूमि की गुणवता तथा उपयोगिता नष्ट होती है तो वह भूमि प्रदूषण कहलाता है। इसके अन्तर्गत घरो के कूडा करकट के अन्तर्गत झाड़ना बुहारन से निकली धूल व काँच की शीशीयों व पालीथीन की थैलियाँ, प्लास्टिक के डिब्बे, अधजली लकड़ी , चूल्हे की बुझी हुई अंगारे आदि शामिल हैं।

**भूमि प्रदूषण का प्रभाव:**

1. कृषि योग्य भूमि की कमी।
2. भोज्य पदार्थो को दूषित करने के कारण स्वास्थ्य के लिये हानिकारक भूस्खलन से होने वाली हानियाँ।
3. जल तथा वायु प्रदूषण में वृद्धि।

**अध्ययन क्षेत्र–** अध्ययन का क्षेत्र बड़वानी है। जिले में 9 तहसीले है भौगोलिक दृष्टि से देश के सर्वाधिक विषमताओं वाला बड़वानी जिला मध्यप्रदेश के पश्चिम भाग में स्थित है। जिले की समुद्र तल से ऊँचाई लगभग 177 मी. है। बड़वानी जिला $21^{0}37'$ उत्तरी अक्षांश से $22^{0}22'$ उत्तरी अक्षांश तथा $74^{0}27'$ पूर्वी देशान्तर से $75^{0}$ $30'$ पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित है। जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 5447 वर्ग कि.मी. है। बड़वानी जिले में 2011 की जनगणना के अनुसार 13,85,881 जनसंख्या निवास करती है। यहाँ का जनसंख्या घनत्व 255, लिंगानुपात 982 तथा साक्षरता 49.08 प्रतिशत है। बड़वानी जिला कृषि पर आधरित है। जिले की कुल भूमि में कृषि योग्य भूमि 60.32 प्रतिशत है। जिले की विभिन्न विकास खण्डों में बड़वानी 56.67 प्रतिशत पाटी 42.02 प्रतिशत ठीकरी 63.37 प्रतिशत राजपुर 62.36 प्रतिशत पानसेमल 75.24 प्रतिशत निवाली 60.81 प्रतिशज सेंधवा 66.85 प्रतिशत है। जिसमें सर्वाधिक कृषि योग्य भूमि पानसेमल विकासखण्ड जबकी सबसे कम पाटी विकासखण्ड में है। कृषि भूमि का सिंचित क्षेत्र सर्वाधिक पानसेमल में तथा सबसे कम पाटी में है।

**उद्देश्य:**

1. जले में कृषि भूमि उपयोग पर बढ़ते जनसंख्या दबाव से पर्यावरणीय प्रभाव हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।
2. जिले में कृषि सम्बन्धी केन्द्र व राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं का अध्ययन।
3. कृषि भूमि उपयोग के परिवर्तनों का अध्ययन करना।
4. अध्ययन क्षेत्र में जिले के भोगोलिक स्वरूप का अध्ययन।
5. बड़वानी जिले में कृषि भूमि उपयोग प्रतिरूपों पर बड़ते जनसंख्या दबाव से उत्पन्न समस्याओं और भावी विकास हेतु सूझाव प्रस्तुत करना।

**विधितंत्र–** प्रस्तुत शोध पत्र प्राथमिक एवं द्वितीयक आंकडों के माध्यम से कृषि भूमि उपयोग का पर्यावरण प्रभाव के अध्ययन पर अधारित है।

**शोध परिकल्पना:**

1. बड़वानी जिले में बढ़ती जनसंख्या के दबाव से भूमि उपयोग निरंतर बदल रहा है।
2. बढ़ते भूमि उपयोग से बड़वानी जिले में पर्यावरणीय समस्याएँ उत्पन्न हो रही है।

**पर्यावरण पर प्रभाव:**

1. खदानों या निर्माण कार्य जैसी गतिविधियों के कारण पारस्थितिकी प्रणालियों की बर्बादी।
2. खेतों मे मिट्टी के पाषक तत्वों में कमी के कारण उत्पादन क्षमता में कमी।
3. मछली,घास या औषधीय पौधें जैसी प्रजातियों का अधिक दोहन।
4. कृत्रिम रसायोनों के अति उपयोग से पोषक तत्वों की भरमार या प्रदूषण के कारण।

**निष्कर्ष –** बड़वानी जिला कृषि पर आधारित है। जिले की कुल भूमि मे से कृषि योग्य भूमि 60.32 प्रतिशत है। इसमें से कुल कृषि भूमि में सिचिंत क्षेत्र का 30.39 प्रतिशत है। कृषि भूमि उपयोग का अत्यधिक क्षेत्रीय असन्तुलन पाया जाता है। तीव्रगति से बढती जनसंख्या वृद्धि के कारण सबसे अधिक दबाव कृषि भूमि पर पड़ता है। जिले की धरातलीय बनावट के कारण जिलें कृषि भूमि के क्षेत्र में वृद्धि होना आसानी से सम्बव नही है। अध्ययन क्षेत्र में कृषि भूमि का उपयोग के लिये जीवन निवाहक मूलक है। जिले में पैदा की जाने वाली फसलों में पर्याप्त विभिन्नता पाई जाती है इस विभिन्नता का मुख्य कारण भूमि की बनावट एवं मिट्टी का एक समान न होना है।

**समाधान:**

1. रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर एकिकृत सयंत्र पोषक तत्व प्रबंधन को अपनाकर मिट्टी के गुणों को मजबूत करना चाहिए।
2. लवणता युक्त मिट्टी के सुधार के लिए वैज्ञानिकों द्वारा सुझाऐ गये रसायनों का उपयोग करना चाहिए।
3. खेतों में जल निकासी को दुर करने के लिये जल निकासी की व्यवस्था करनी चाहिए।
4. वनों के कटाई को प्रतिबंधित करके म्दा के क्षरण को रोका जाना चाहिए।
5. बाढ़ से नष्ट हुई भूमि की रक्षा के लिए आवश्यक योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन होना चाहिए।
6. भूमि उपयोग और फसल प्रबंधन पर ध्यान क्रेद्रित करना अत्यन्त आवश्यक होना चाहिए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# रामचरितमानस में सामाजिक सद्भाव

डॉ. गोरा मुवेल*

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना** –तुलसीदास का रामचरित मानस समाज दर्शन का बहुत बड़ा दर्पण है। तुलसीदास ने समाज का आदर्श पूर्वक चित्रित किया है। मानव और समाज का पारस्परिक सम्बन्ध अत्यन्त गहरा है। यदि मानव समाज की इकाई है तो समाज समष्टि का बोधक। समाज में रहकर व्यक्ति अपने चरित्र, बल, बुद्धि, विवेक आदि गुणों का विकास करता है और सामाजिक तत्वों की वृद्धि में सहायक बनकर समाज के उत्तरोत्तर विकास का सोपान बनता है। एक तरफ व्यक्ति समाज से पाता है दूसरी तरफ वह समाज को नवीन स्फूर्ति और नया तराना देता है, जो युग का संदेश तो होता ही है, कभी-कभी युग-युग का संदेश बन जाता है। समाज और व्यक्ति परस्पर एक दूसरे को उत्तेजना देते है। जिससे व्यक्ति सामाजिक जीवन को ही नहीं, बल्कि व्यक्तिगत जीवन को भी सफल बनाता है। श्रेष्ठ जीवन समाज का सूत्र है और समाज पारस्परिक निर्भरता और सहयोग का जीवन है।

तुलसीदास जी का जीवन दुर्घटनाओं का जीवन था, आराम चैन का सुखद जीवन उनको कभी नसीब नहीं हुआ। बचपन में माता-पिता का स्वर्गवास और सांस्कृतिक क्षेत्र में आन्दोलन के फलस्वरूप घोर विरोध का उन्हें सामना करना पड़ा। इन परिस्थितियों और जीवन के अति अभावों ने उन्हें महाकवि तुलसीदास बनाया। प्राचीन सामाजिक आदर्श के अमृत से अपने काव्य को अमरता प्रदान कर भारत की जनता के सामाजिक उद्धार के लिए प्राचीन आदर्शों की पुष्टि की। यह महौषधि भारतीय जनता के रग-रग में व्याप्त हुई और आज हम स्वाधीनता के तट पर खड़े सामाजिक उद्धार की राह देख रहे हैं।

भारत का आदर्श वही हो सकता है जो भारतीय ग्रामीण जनता के हृदय का आदर्श है। मुस्लिम सामाजिक आदर्शों और भारतीय आदर्शों में गहरी असमानता है। यही कारण है कि तुलसी ने हिन्दू सामाजिक जीवन पर आघात होता देख कर विषमता को पराभूत करने के लिए प्राचीन सामाजिक आदर्शों की सृष्टि काव्य में की। इसलिये वे न केवल भारत के अत्यन्त लोकप्रिय कवि हैं अपितु भारतीय सामाजिक आदर्शों के नवीन संस्थापक भी है। प्राचीन और तत्कालीन समाज की गहरी खाई को भक्ति के माध्यम से पाटकर कवि ने प्राचीन सामाजिक विचारधारा का नवीन संस्करण प्रस्तुत कर भारत की आत्मा को नया संदेश ही नहीं अपितु नयी दिशा भी दी, जिस पर चल कर भारत की आदर्श-प्राण जनता जीवन के लौकिक सुखों की वृद्धि कर सके और मानवीय मूल्यों और तथ्यों की सम्यक् रक्षा करते हुए आदर्श जीवन बिता कर पूर्ण मानव की परिकल्पना को सार्थक बनाये।

गोस्वामी तुलसीदास का सामाजिक और पारिवारिक आदर्श क्या था और उसका वे किस रूप में संगठन करना चाहते थे। इसका वृहत उल्लेख उनके महाकाव्य **'रामचरित मानस'** में हुआ है। कवितावली, गीतावली, दोहावली आदि ग्रंथों में भी यत्र-तत्र इस विचारधारा का संकेत मिलता है। गोस्वामी तुलसीदास भारतीय संस्कृति और सभ्यता के अनन्य भक्त थे। भारतीय समाज के अत्यन्त विकसित रूप को स्वार्थ और कुरीतियों के कठोर जाल में उलझा देख कर उन्होंने एक ऐसे समाज को सामने रखना चाहा जिसमें सभी सुखी हों, सभी प्रसन्न हों। भारतीय समाज का विकास इसी वर्णाश्रम, धर्म के आधार पर हुआ होगा, इसका सहज अनुमान किया जा सकता है। यह चार वर्ण ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र और चार आश्रम ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास वाली व्यवस्था शास्त्रानुमोदित तथा कवि प्रशंसित व्यवस्था है। जिसका उल्लेख सभी काव्यग्रंथों में मिलता है।

परिवार का विकसित रूप समाज है। परिवार में विद्या, बुद्धि, शील, शक्ति के अनुसार जिस प्रकार ऊँची-नीची श्रेणियाँ स्वत: हो जाती हैं उसी प्रकार समाज में भी ऊँची-नीची श्रेणियाँ का निर्माण होता है। 'कोई आचार्य होगा कोई शिष्य, कोई राजा होगा कोई अफसर होगा, कोई मातहत, कोई सिपाही होगा कोई सेनापति।' फिर भी इतनी श्रेणियाँ के होते हुए भी संघर्ष का नामोनिशान नहीं। आज समता की दुहाई दी जाती है, पर समाज में भेद और संघर्ष दोनों आज भी मौजूद हैं।

भारतीय परिवार के विभिन्न सम्बन्धों को लीजिए। माता-पिता और पुत्र का सम्बन्ध तुलसी जी ने कैसा किया है, उसका अवलोकन कीजिए। राजा दशरथ कैकेयी के विचार जान कर व्याकुल हैं। **'व्याकुल राउ शिथिल सब गाता।'** कैकेयी राम को साफ कह देती है **'सुनहु राम सबु कारनु एहू। राजहिं तुम्ह पर बहुत सनेहू।'** और राम इतना कठोर वचन सुन कर भी शीतल हुए-**'रामहिं मातु बचन सब भाए। जिमि सुरसरि गति सलिल सुहाए'** इस स्थल पर पिता की वात्सल्य भावना और माता का कोप दोनों राम के अपूर्व स्नेह और त्याग के सामने फीके पड़ गये हैं। भरत का भ्रातृप्रेम तो अपूर्व ही है- राम वन में पैदल जा रहे होंगे, यह सोच कर भरत जी पैदल ही चलने लगते है। **'भ्रातृ-भगति'** से भरे भरत नंगे पाँव राम राम पूछते वन पथ पर अग्रसर हो रहे हैं। मार्ग में जब उन्हें मालूम होता है कि यहाँ पर राम ने विश्राम किया था या रात बिताई थी तो उस स्थान को देखकर उनकी आँखों में आँसू आ जाते हैं। भरत ने अपने भ्रातृ-प्रेम में त्याग का जो अपूर्व आदर्श प्रस्तुत किया है वह भारतीय समाज के लिए क्या, विश्व-समाज के लिए भी सर्वदा अनुकरणीय रहेगा।

रामचरितमानस मनुष्य के अशांत मन को शांत कर उसमें सद्विचार पैदा करने का सशक्त माध्यम है। इसमें जीवन से मुक्ति नहीं वरन् भक्ति का भाव है। आपस का प्रेम, सद्भाव व उच्च कोटि का संस्कार है। इसलिए बच्चों को बाल्यावस्था से ही मानस का पाठ करना चाहिए। तुलसी का मानस व्यक्ति के पारिवारिक जीवन का मार्गदर्शक है। तुलसीदास इतने सौभाग्यशाली

कवि है कि उन्हें विद्वान तो जानता ही है, अनपढ़ भी जानता है और उन पर उतनी ही श्रद्धा रखता है। लोक में तुलसीदास की वाणी पत्थर की लकीर है जो तुलसीदास ने कह दिया, उससे बड़ा प्रमाण कुछ और हो नहीं सकता। तुलसीदास विश्वमंगल और जन-मन के कवि हैं उन्होंने उपासना और साहित्य को एकीभूत किया तथा जनमानस की श्रद्धा का विषय बनाया।

तुलसीदास के अनुसार समाज के भाग है- व्यक्तिगत और सार्वजनिक। इन दोनों क्षेत्रों में तुलसीदास ने अपनी असाधारण काव्य-शक्ति से महान् संदेश दिया है। '**राचरितमानस**' के पात्रों में लोक-शिक्षा का रूप प्रधान है। पारिवारिक जीवन का आचार **'मानस'** में यथास्थान सज्जित है। पिता, पुत्र, माता, पति, पत्नी, भाई, सखा, सेवक आदि का क्या पारस्परिक व्यवहार होना चाहिए, इन सबका उत्कृष्ट निरूपण तुलसीदास ने अपनी कुशल लेखनी से किया है। **'वाल्मीकि रामायण'** में मानवी भावनाओं के निरूपण के लिये कवि ने अनेक प्रसंग लिखे हैं, जो स्वाभाविक होते हुये भी लोक-शिक्षा के प्रचार नहीं है। लक्ष्मण का क्रोध, दशरथ के वचन आदि औचित्य का अतिक्रमण करते है, पर तुलसीदास ने ऐसे एक पात्र की भी कल्पना नहीं की, जिससे दुर्वासनाओं और अनाचारों की वृद्धि करते हुए चित्रित किया है। सात्विक भावनाओं से भरे हुए पात्रों को तो उन्होंने मर्यादा का आधार ही अंकित कर दिया है।

इन पात्रों की चरित्र-रेखा के साथ अन्य अनेक पात्रों में तुलसीदास ने जिस आदर्शवाद का स्तर निर्धारित किया है, वह समाज को संयमशील बनाने में बहुत सहायक हुआ। यही कारण है कि हिन्दू जीवन में '**मानस**' के पात्र आज भी उत्साह और शक्ति की स्फूर्ति पहुचाँ रहे है।

**'उत्तर कांड'** में तुलसीदास ने राम-राज्य में समाज का जो चित्र खींचा है, वह वर्णाश्रम धर्म से युक्त है। जब समाज में इस धर्म का पालन किया जावेगा, तभी उसमें सुख-समृद्धि होगी और वह राम-राज्य के समान हो जावेगा। तुलसीदास ने राम-राज्य में आदर्श समाज का जो वर्णन किया है वह इस प्रकार है-

**बयरू न कर काहू सन कोई। राम प्रताप विषमता खोई।।**
**बरनाश्रम निज निज धरम, निरत बेद पथ लोग।**
**चलह सदा पावहिं सुख, नहिं भय शोक न रोग।**
**सब नर करहिं परस्पर प्रीति। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति रीति।**
**सब उदार सब पर उपकारी। विप्र चरन सेवक नर नारी।।**
**एक नारि ब्रत रह सब झारी। ते मन बच क्रम पति हितकारी।।**
**दंड जतिन्ह कर भेद जहँ नर्तक नृत्य समाज।**
**जितहु मनहि अस सुनिअ जग राचन्द्र के राज।।**

**'बाल कांड'** में भी समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए आदरपूर्ण स्थान का निर्देश है। सीता के स्वयम्वर में पुरजनों कों यथास्थान बिठलाने का निर्देश करते समय तुलसीदास ने लिखा है-

**देखी जनक भीर मै भारी। सुचि सेवक सब लिए हँकारी।**
**तुरत सकल लोगन्ह पहिं जाहू। आसन उचित देहु सब काहू।।**
**कहि मृदु बचन विनीत तिन्ह, बैठारे नर नारी।**
**उत्तम मध्यम नीच लघु, निज निज थल अनुहारि।।**

तुलसी ने नारी जाति के प्रति बहुत आदर-भाव प्रकट किया है। पार्वती, अनसुइया, कौशल्या, सीता, ग्राम-वधू आदि की चरित्र-रेखा पवित्र और धर्म-पूर्ण विचारों से निर्मित की गई है। कुछ आलोचकों का कथन है कि तुलसीदास ने नारी जाति की निंदा की है और उन्हें **'ढोल, गँवार'** की श्रेणी में रखा है। किन्तु यदि **'मानस'** पर निष्पक्ष दृष्टि डाली जाय तो ज्ञात होगा कि नारी के प्रति भर्त्सना के ऐसे प्रमाण उसी समय उपस्थित किए गए हैं, जब नारी ने धर्म के विपरीत आचरण किया है; अथवा निन्दात्मक वाक्य कहने वाले व्यक्ति वस्तु-स्थिति देखते हुए नीतिमय वाक्य कहते है। ऐसी स्थिति में वे कथन तुलसीदास के न होकर परिस्थिति विशेष में पड़े हुए व्यक्तियों को समझने चाहिए। जैसे-

1. **ढोल गँवार सूद्र पसु नारी। सकल ताड़ना के अधिकारी।।**[1]
2. **नारि सुभाउ सत्य कवि कहहीं। अवगुण आठ सदा उर रहही।।**
   **साहस अनृत चपलता माया। भय अविवेक असौच, अदाया।।**[2]

पहली उक्ति सागर ने अपनी क्षुद्रता बतलाने के लिए राम से कही और दूसरी रावण ने अपनी महता बतलाने के लिए मन्दोदरी से कही।

तुलसीदास ने समाज का आदर्श विस्तारपूर्वक लिखा, क्योंकि उन्होंने अपने समय में समाज की दुरवस्था देखी थी। समाज-सुधार के लिए ही उन्होंने **'रामायण'** की चरित्र रेखा को अपने **'मानस'** में परिष्कृत कर नवीनता के साथ रख दिया। तुलसीदास की यही मौलिकता थी। उन्होंने अपने 'मानस' में तत्कालीन समाज की आशा का चित्रण बहुत स्पष्टता के साथ किया है। तुलसीदास ने '**मानस**' के उत्तर कांड में कलियुग का जो वर्णन किया है वह उन्हीं के समय की तत्कालीन परिस्थिति थी। उस अंश को पढ़ कर ज्ञात होता है कि कवि के मन में समाज के लिये कितना क्षोभ था। इसी क्षोभ की प्रतिक्रिया उनके लोकशिक्षक समाज-चित्रण के आदर्श में है।

**जहाँ सुमति तहँ संपति नाना। जहाँ कुमति तहँ बिपति निदाना।।**

यह जोड़ने की शक्ति, यह संधिनी प्रज्ञा ही सुमति है। इसके जागृत होने से भारत वर्ष फिर से विश्वगुरू होगा। द्वेष और विषमता के मिट जाने पर ही आपसी प्रेम, सहयोग एवं साहचर्य बढ़ेगा, समृद्धि होगी और जयशंकर प्रसाद रचित '**कामायनी**' के शब्दों में सर्वत्र अखंड की वर्षा होगी।

अत: कह सकते हैं कि पर्यावरण अर्थात जो हमारे चारों और विद्यमान है, मनुष्य समाज में भी सामाजिक मूल्य व आदर्श चारों ओर मनुष्य को घेरे रहते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी के सामाजिक मूल्यों के आदर्श का जीवन्त प्रतीक **'मानस'** है, जिससे सामाजिक पर्यावरण चेतना अदभुत रूप में मुखर हुई है। '**मानस**' की अमृत वाणी हमारे आंतरिक-बाह्य जीवन को प्राण शक्ति देती रहेगी। भगवान विष्णु के त्रेता युग के राम अवतार पर आधारित यह महान कृति तुलसी के युग सोलहवीं, सत्रहवीं सदी में जितनी प्रासंगिक थी, आज इक्कीसवीं सदी में भी उतनी ही प्रासंगिक है। तुलसीदास जी अपनी इसी रचनाधर्मिता के लिए 'विश्ववद्य संत' के रूप में सदैव वंदनीय हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. **डॉ. रामकुमार वर्मा,** हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, (वि.संवत् 650-1650), रामनारायण लाल प्रकाशक तथा पुस्तक-विक्रेता इलाहाबाद। पेज नं.-439-443
2. **डॉ. राजाराम रस्तोगी,** तुलसीदास जीवनी और विचारधारा रामनवमी, (वि.संवत् -2020), अनुसन्धान प्रकाशन आचार्यनगर, कानपुर। पेज नं.-136-148
3. **आचार्य रामचन्द्र शुक्ल,** गोस्वामी तुलसीदास, (संस्करण 2007), अनु प्रकाशन 958, धामाणी मार्केट की गली, चौड़ा रास्ता, जयपूर। पेज नं.-47
4. http://ignited.in/I/a/283054
5. https://panchjanya.com/2022/11/12/256851/bharat/sanatan-darshan-of-harmony/

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# महिला सशक्तिकरण में महिला उद्यमिता की भूमिका

**डॉ. निशा शर्मा** *

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना** –भारत में महिला जहां कालांतर में अपने दया, करूणा, ममता, वात्सल्य जैसे गुणों से जानी जाती थी, वहीं आज की महिला इन सभी गुणों के साथ-साथ नायक, पथप्रदर्शक और एक सशक्त महिला के रूप में विष्श्व में अपनी पहचान बना चुकी है। भारत की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती वह आज अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र चाहे वह कृषि हो या व्यापार एवं वाणिज्य या सेवा क्षेत्र प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएँ अपनी अहम भूमिका का निर्वहन कर रही है। भारत की महिला उद्यमी ने देश में ही नहीं, वरन् सम्पूर्ण विष्व में अपनी काबिलियत का सिक्का जमाया है। फोर्ब्स सूची-2022 में श्रीमती सावित्रीदेवी जिन्दल सहित 9 भारतीय महिलाओं ने विश्व की अमीर महिला में अपना नाम दर्ज कराया है।

फोर्ब्स ने एशिया-पैंसिफिक की टॉप-50 वूमन की सूची जारी की, जिनकी उम्र 50 से ज्यादा है और उन्होंने नई पीढ़ी को राह दिखाई :-

**संघमित्रा बंधोपाध्याय** – पेशे से कम्प्यूटर साइंटिस्ट हैं। 2015 में भारतीय सांख्यिकी संस्थान की पहिला महिला डायरेक्टर बनीं। 2022 में पद्मश्री से सम्मानित की गई।

**माधबीपुरी बुच** – मार्च 2022 में बाजार नियामक सेबी की पहली महिला अध्यक्ष चुनी गई।

**जरीन दारूवाला** – 2016 में स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक इंडिया की सीईओ बनीं, 2019 तक बैंक को घाटे से उबार दिया।

इस सूची में फैशन हाउस की संस्थापक अनीता डोंगरे, सेल की चेयरपर्सन सोमा मंडल और 2022 का बुकर प्राइज जीतने वाली गीतांजलिश्री का नाम भी शामिल हैं।

दैनिक भास्कर में प्रकाशित दिनांक 13 जनवरी, 2023 के अनुसार,76 प्रतिशत महिलाएँ पिता और 24 प्रतिशत पति का कारोबार संभाल रही, वहीं देश के बड़े उद्योग घराने भी बेटियों पर भरोसा जता रहे हैं।

**ईशा अंबानी** – रिलायंस जियो को सबसे बड़ा ब्रांड बनाया – 2014 में रिलायंस रिटेल जॉइन किया, जो 42.13 करोड़ सब्सक्राइबर के साथ देश का सबसे बड़ा मोबाइल नेटवर्क बना। रिलायंस रिटेल दुनिया का दूसरा सबसे तेज बढ़ता रिटेलर।

**निसाबा गोदरेज** – 7 बरस में सालाना लाभ 18 प्रतिशत पहुंचा – मई 2017 में पिता गोदरेज ने कार्यकारी अध्यक्ष बनाया। तब से गोदरेज कंज्यूमर लिमिटेड सालाना 18 प्रतिशत शुद्ध लाभ कमा रही। 2015-16 में यह रू. 8,305 करोड़, जो 2021-22 में 17,831 करोड़ हो गया।

**रोशनी नाडर** – 2 वर्ष में शुद्ध मुनाफा 1 हजार करोड़ बढ़ा – जुलाई 20 में पिता शिव नाडर की जगह एचसीएल की चेयरपर्सन बनीं। मार्च 2020 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 8,969 करोड़ रू. था, जिसे कोरोना के बाद भी मार्च 2022 तक 10,874 करोड़ रू. तक पहुंचाया।

**विनीता गुप्ता** की अधिग्रहण से टर्नओवर बढ़ाने में भूमिका रही। सितम्बर 2013 में पिता देश बंधु ने देश की तीसरी सबसे बड़ी फार्मा कंपनी ल्यूपिन की बागडोर सौंपी। इन्होंने कई अधिग्रहण किए। नतीजा ये कि कंपनी के टर्नओवर में इन कंपनियों की करीब 40 प्रतिशत तक हिस्सेदारी है।

वही दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बर्नार्ड ने करीब 72.4 हजार करोड़ की मूल्य वाले लग्जरी सामानों के बड़े ब्रांड का जिम्मा बेटी **डायर** को सौंपा।

**देवांशी देवा**– योग से दवा बनाने वाली देश की पहली महिला स्टार्टअप, दो साल में दो करोड़ का टर्नओवर दिया।

दैनिक भास्कर 23 जनवरी, 2023 के अनुसार, दुनिया के टेक्नोलॉजी हब सैन फ्रांसिस्को से लेकर वित्तीय गतिविधियों के केन्द्र लंदन, न्यूयॉर्क या कैलिफोर्निया तक वेंचर कैपिटल यानी नए उद्यमों में निवेश के क्षेत्र में निर्णय लेने वाले पदों पर भारतीय महिलाओं की संख्या बढ़ रही है। वेंचर कैपिटल उद्योग में बदलाव ला रहीं कुछ भारतीय महिला उद्यमियों में श्रुति भारत, आकृति डोकनिया, सिया राज पुरोहित और मीरा क्लार्क जाना-पहचाना चेहरा है।

**श्रुति भारत** – एनजीओ ऑल रेज टेक्नोलॉजी में निवेश करने वालों और स्टार्ट अप उद्यमियों में समान अवसरों को बढ़ावा देती हैं। श्रुति फ्रांसिस्को में वेंचर प्रोग्राम देखती हैं जो महिला निवेशकों के कॅरियर को समर्थन देने का काम कर रहा है।

**मीरा क्लार्क** – ऑब्वियस वेंचर्स में सीनियर कंज्यूमर इन्वेस्टर मीरा का कहना है कि हमारे निवेश का आधार ये विश्वास है कि पॉजिटिव बिजनेस को बाजार में लाभ मिलता है।

**आकृति डोकनिया**– लंदन में ऑक्टोपस वेंचर्स में निवेश रणनीति का काम संभालती हैं। कंज्यूमर, फिनटेक, स्वास्थ्य टेक्नोलॉजी, लाइफ साइंस के क्षेत्रों में 1 करोड़ पाउंड (करीब 100 करोड़ रूपए) तक का निवेश करती है। वे कहती हैं कि लंदन में वेंचर कैपिटल क्षेत्र में दक्षिण एशियाई महिला होना कठिन शी है और संतोषप्रद भी। यूरोप में टेक्नोलॉजी का ईकोसिस्टम उतना विकसित नहीं है। यहां अमेरिका की तरह भारतीय नहीं है। भारतीय महिलाएं भी कम हैं। भारतीय होना ताकत का अहसास कराता है।

**सिया राज पुरोहित** – भविष्य में कामकाज के मानवीय पक्ष पर केंद्रित पाथवे वेंचर्स की को-फाउंडर हैं। ये कैपिटल वेंचर आमदनी, सीखने और सामुदायिक निर्माण के इनोवेटिव मॉडल विकसित कर रहीं कंपनियों में निवेश

करती है।

अमेरिका में वेंचर कैपिटल फर्मों में निर्णय लेने वाले पदों पर 12 प्रतिशत महिलाएं हैं। पूरे कारोबार में 6 प्रतिशत एशियाई महिलाएं हैं। दो प्रतिशत भारतीय हैं। अश्वेत महिलाएं एक प्रतिशत हैं। 2016 में अमेरिका में वेंचर कैपिटल क्षेत्र में केवल पांच दक्षिण एशियाई महिलाएं थीं। लेकिन अब दृष्य तेजी से बदल रहा है। यह कहानी कुछ चुनिन्दा सफल भारतीय महिला उद्यमी की है।

किन्तु आज स्वतंत्रता के 75 वर्षो के पश्चात् भी महिलाओं की आर्थिक स्थिति में आवश्यक सुधार परिलक्षित नहीं होता है। आज भी देश की आधी आबादी का बहुत बड़ा भाग देश के विकास में अपनी आर्थिक भागीदारी से अछूता ही नहीं, वरन् अपनी आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता से कोसों दूर है। इसकी पुष्टि GGG (Global Gender Gap) Index (WEF) से होती है। विश्व आर्थिक मंच (WEF) ने वर्ष 2022 के लिए अपने वैश्विक लैंगिक अंतराल (Global Gender Gap) सूचकांक में भारत को 146 देशों में से 135वां स्थान पर रखा है। लैंगिक अंतराल महिलाओं और पुरूषों के बीच का अंतर है, जो सामाजिक, राजनीतिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक या आर्थिक उपलब्धियों के दृष्टिकोण में परिलक्षित होता है।

**राजनीतिक आधिकारिता संसद में और मंत्री पदों पर महिलाओं का प्रतिशत** में भारत का सर्वोच्च स्थान (146 में से 48वां) है। अपनी रैंक के बावजूद इसका स्कोर 0.267 पर काफी कम है। इस श्रेणी में कुछ सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले देश बहुत बेहतर स्कोर करते हैं। उदाहरण के लिए आइसलैंड 0.874 के स्कोर के साथ प्रथम स्थान पर है और बांग्लादेश 0.546 के स्कोर के साथ 9वें स्थान पर है।

**शिक्षा प्राप्ति में प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक शिक्षा में साक्षरता दर व नामांकन दर** में 7 भारत में 146 में से 107वें स्थान पर हैं और पिछले वर्ष से इसका स्कोर थोड़ा खराब रहा है। वर्ष 2021 में भारत 156 में से 114वें स्थान पर था।

**स्वास्थ्य और उत्तरजीविता जन्म के समय लिंगानुपात तथा स्वस्थ जीवन प्रत्याशा** में भारत सभी देशों में अंतिम (146वें) स्थान पर है।

वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक के प्रमुख आयाम 'आर्थिक भागीदारी और अवसर' में भारत का स्थान 146 में से 143वां आया है, जो अत्यन्त खेद का विषय है। यह मजबूर करता है, हर भारतवासी को यह सोचने पर कि सोशल मीडिया, सामचार पत्रों, पुस्तकों के कवर पेज पर चर्चित महिला की आर्थिक भागीदारी एवं आर्थिक सफलता की कहानी कितनी सच्ची है ? यह मजबूर करता है, देश के प्रबुद्ध वर्ग को यह सोचने पर कि भारत की इस आधी आबादी का अपना आर्थिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कब समाप्त होगा ? यह मजबूर करता है हमें यह सोचने पर कि क्या कुछ महिलाओं की सफलता से ही हमारी लैंगिक समानता के लक्ष्य की प्राप्ति है ? नहीं, बिल्कुल नहीं, हमारी सच्ची सफलता समाज की प्रत्येक महिला को सामाजिक, राजनीतिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास को पहुँचाना है।

**प्रस्तावना –** एंटरप्रेन्योर शब्द की उत्पत्ति फ्रेंच शब्द Enterpnrnder से हुई है, जिसका अर्थ है प्रारम्भ करना। उद्यमी एक ऐसा व्यक्ति जिसका उद्देश्य है मानव और भौतिक संसाधनों को एक साथ लाकर इस प्रकार उनका प्रबंधन करना कि वह वांछित परिणामों की प्राप्ति कर सके। प्राचीनकाल से ही भारतीय समाज पुरूष प्रधान समाज है, जहां महिला के केवल कर्तव्य है, अधिकार नहीं, किन्तु अब तस्वीर बदल रही है। महिलाएं घर की चार दीवारी से बाहर निकल कर पुरूष के साथ घर, परिवार, समाज और देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही है। वह घर गृहस्थी के साथ- साथ अर्थव्यवस्था में सक्रिय योगदान दे रही है। भारत की अर्थव्यवस्था जिस गति से बढ़ रही है, उससे लगता है कि 2050 तक अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भारत विश्व में दूसरे पायदान पर पहुंच जाएगा। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का विकास उस देश में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों एवं उसके प्रयोग के साथ-साथ उस देश की मानव संसाधन पर निर्भर करता है। देश के विकास के साथ-साथ हम प्राकृतिक संसाधनों का विदोहन तो बखूबी कर रहे हैं, किन्तु कमी है तो देश में उपलब्ध मानव संसाधन के रूप में महिला शक्ति की क्षमता का पूर्ण उपयोग करने की। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण की सत्र 2021-22 की रिपोर्ट के अनुसार, केवल 25.14 प्रतिशत ही महिला श्रम बल भारत में कार्यरत है। वहीं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की सत्र 2021-22 की रिपोर्ट के अनुसार, केवल 24 प्रतिशत महिलाएं ही कामगार हैं।

अब समय आ गया है कि हम आर्थिक जगत में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाकर कृषि, पशुपालन और छोटे-मोटे व्यवसायों से आगे निकलकर उनकी क्षमता और योगदान को एक नई पहचान दें।

**भारत में महिला उद्यमी की वर्तमान स्थिति–** वर्तमान में भारत में तीव्र आर्थिक वृद्धि के बावजूद महिला उद्यमियों की संख्या संतोषजनक नहीं है। भारत में केवल 20 प्रतिशत उद्यम महिलाओं के स्वामित्व वाले हैं, जो कि 22 से 27 मिलियन लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करते हैं, कोविड़-19 महामारी ने महिलाओं उद्यमियों के इस प्रतिशत को और अधिक प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है। स्टार्टअप्स में महिलाओं का प्रतिनिधित्व केवल 6 प्रतिशत महिलाएं भारतीय स्टार्टअप्स की संस्थापक है।

वर्ष 2018-2020 के मध्य कम से कम एक महिला सह-संस्थापक वाले स्टार्टअप्स द्वारा केवल 5 प्रतिशत फंडिंग ही जुटाई जा सकी और केवल एक मात्र महिला संस्थापकों वाले स्टार्टअप्स कुल निवेशक फंडिंग का केवल 1.43 प्रतिशत हिस्सा ही प्राप्त कर सके।

इक्विटी व्यापार के स्वामित्व के मामले में भारत के विनिर्माण क्षेत्र मुख्यतया कागज और तम्बाकू उत्पादों से संबंधित में महिलाओं द्वारा धारित हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से भी अधिक है। वही, कम्प्यूटर, मोटरवाहन, धातु उत्पादों, मशीनरी और उपकरणों से संबंधित उद्योगों में महिलाओं की 2 प्रतिशत या उससे भी कम की हिस्सेदारी देखी जा सकती है।

(17 दिसम्बर, 2021 को द हिन्दू में प्रकाशित लेख के अनुसार, 'Obstacles of Being A Female Entrepreneur in a male-Dominated Business')

**तालिका : 1. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लिंग के आधार पर कामगारों का वितरण :**

| **क्षेत्र** | **महिला** | **पुरूष** | **कुल** | **हिस्सा (%)** |
|---|---|---|---|---|
| ग्रामीण | 137.50 | 36.015 | 497.78 | 45 |
| शहरी | 127.42 | 484.54 | 612.10 | 55 |
| **कुल** | **264.92** | **844.68** | **1109.89** | |
| हिस्सा | 24 | 76 | 100 | 100 |

स्रोत : (MSME मंत्रालय वार्षिक रिपोर्ट - 2021-22)

तालिका-1 से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में महिला कामगारों की संख्या अधिक है। वहीं कुल कामगारों में महिलाएं मात्र 24

प्रतिशत है।

**तालिका-2: पुरूष/महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले उद्योगों के वितरण की प्रतिशतता**

| क्षेत्र | पुरूष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| सूक्ष्म | 79.56 | 20.44 | 100 |
| लघु | 94.74 | 5.26 | 100 |
| मध्यम | 97.33 | 2.67 | 100 |

स्रोत : (MSME मंत्रालय वार्षिक रिपोर्ट - 2021-22)

तालिका -2 में स्पष्ट है कि सूक्ष्म उद्योग में महिला उद्यमिता स्वामित्व की संख्या अधिक है, किन्तु खेद का विषय है कि आज भी लघु एवं मध्यम उद्योगों में महिला स्वामित्व की संख्या अत्यन्त कम है। NSSO के 73वें दौर में MSME में महिलाओं का योगदान पश्चिम बंगाल में सर्वाधिक 23.42 प्रतिशत एवं सिक्किम में न्यूनतम 0.04 प्रतिशत था। स्पष्ट है कि आजादी के दशकों बाद भी उद्यम के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति में बहुत ज्यादा सुधार परिलक्षित नहीं हुआ।

**महिला उद्यमिता की समस्याएँ**

**(1) पारिवारिक समस्या –** आर्थिक विकास के इस युग में भी भारतीय महिलाओं के कर्तव्यों में प्राथमिकता पर इसका परिवार ही है। उसकी अपने परिवार के प्रति जिम्मेदारी के कारण ही महिलाएं अपनी उच्च क्षमताओं के बावजूद अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग अपने कॅरियर में नहीं दे पाती और उद्यमी जैसे पेशे के साथ पूरा न्याय नहीं कर पाती और इस वजह से उद्यम में अधूरी सफलता को उसकी नाकामयाबी का नाम दिया जाता है।

**(2) उद्यम की स्थापना एवं संचालक संबंधी समस्या –** किसी उद्यम की स्थापना के लिए कई प्रशासनिक स्तरों से होकर गुजरना पड़ता है। इस विषय में महिला उद्यमियों को पूरी और सही जानकारी का अभाव रहता है। अत: उसे उद्यम की स्थापना करते समय अपने समस्याओं से जुझना पड़ता है, उत्पादन, पैकिंग, विज्ञापन, वितरण, बिक्री संबंधी समस्या एवं अंत में उत्पादित इकाई के विक्रय हेतु बाजार का उपलब्ध होना।

**(3) वित्त की समस्या –** महिला उद्यमियों के लिए फंड और स्पॉन्सरशिप तक आसान पहुंच तथा बुनियादी समर्थकों से वंचित होना कोई नई बात नहीं है।

**(4) महिला उद्यमी के वर्चस्व की अस्वीकारिता –** भारतीय समाज की पुरूष प्रधान मानसिकता के चलते आज भी पुरूष वर्ग अपने बॉस के रूप में महिला को सहज स्वीकार नहीं कर पाते, चाहे वह कितनी ही काबिल और अपने कार्य में निपूर्ण ही क्यों न हो, महिला को बॉस मानने में पुरूष का अहम आड़े आता है।

**(5) फीमेल जोन –** महिला उद्यमी के मार्ग की एक सबसे बड़ी बाधा लैंगिक असमानता है। आज भी कुछ ही क्षेत्र जैसे नर्सिंग, शिक्षा, पी.आर.ओ. कॉल सेंटर, बैंक, इंटीरियर डिजाइनिंग ही ऐसे क्षेत्र हैं, जहां महिला बड़ी संख्या में रोजगार में है। उद्यम का क्षेत्र आज भी महिला के लिए सहज नहीं माना जाता है।

**महिला उद्यमिता विकास के लिए सरकार के प्रयास –** आजादी के बाद से ही महिला का विकास हमारा एक प्रमुख उद्देश्य बन गया था। सरकार द्वारा अपनी पंचवर्षीय योजनाओं में लघु क्षेत्र सहित लगभग सभी सरकारी व गैर सरकारी संगठनों में महिलाओं को प्राथमिकता दी गयी। यदि हम बात करें, सरकार द्वारा संचालित पंचवर्षीय योजनाओं की, तो जहां प्रथम एवं द्वितीय पंचवर्षीय योजना में महिला विकास हेतु कई उपाय की कल्पना मात्र की गई थी, जिन्हें आगामी योजनाओं में साकार किया गया, जैसे तीसरी योजना में शिक्षा पर बल, पांचवीं में महिला प्रशिक्षण पर बल एवं सातवीं योजना में लैंगिक समानता पर बल। आठवीं योजना में महिला सशक्तिकरण पर बल दिया गया। नवीं योजना में महिला घटक नीति बनाई गई, जिसमें महिला को विकसित करने हेतु महिला संबंधित क्षेत्रों को 30 प्रतिशत का लाभ प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार योजना दर योजना महिला विकास हेतु अनेक नीतियां बनती एवं संचालित होती रहीं। इनमें से कुछ इस प्रकार हैं :-

1. अन्नपूर्णा योजना
2. स्त्री शक्ति योजना उद्योग
3. देना शक्ति स्कीम
4. उद्योगिनी स्कीम
5. सेंट कल्याणी स्क्रीम
6. महिला उद्यम निधि स्कीम
7. मुद्रा योजना
8. ओरियंट महिला विकास योजना
9. सिंडिकेट बैंक महिला शक्ति योजना
10. सोलर चरखा योजना
11. प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम

**महिला उद्यमिता विकास हेतु सुझाव –**महिलाओं द्वारा सामना की जा रही समस्याओं को दूर करने में अनेक उपाय व सुझाव शामिल रहे। परंतु सबसे प्रमुख उपाय है पुरूष प्रधान समाज द्वारा अपने दृष्टिकोण को बदलने की, जहां सदैव ही महिला को दोयम दर्जे का माना गया है। महिला को विकसित करने के लिए जितनी आवश्यकता कार्यक्रम एवं नीति बनाने, समान अवसर प्रदान करने की है। उससे कहीं ज्यादा जरूरी है, समाज द्वारा महिला के प्रति अपनी सोच के दायरे को बढ़ाने की। साथ ही महिला द्वारा स्वयं अपनी क्षमता पहचानने की।

1. सकारात्मक वातावरण प्रदान करना, जो महिला को आगे बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित कर सके।
2. महिला हेतु जागरूकता कार्यक्रम बनाना एवं उन्हें संचालित करना।
3. महिला के शैक्षिक स्तर को उंचा उठाना एवं शिक्षण प्रशिक्षण के माध्यम से महिला के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना।
4. महिला की क्षमता को पहचान कर उसके गुणों को निखारना, ताकि वह स्वयं के व्यवसाय की शुरूआत कर सकें।
5. महिला विकास एवं सभी सम्मेलन संगोष्ठी का आयोजन समय-समय पर किया जाए, ताकि महिला को व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ अपने व्यवसाय के सफलतापूर्वक संचालन हेतु आवश्यक जानकारी मिल सके।
6. महिला को उदार शर्तों पर ऋण प्रदान करना।
7. सरकार द्वारा महिला विकास हेतु प्रोत्साहन कार्यक्रम का संचालन किया जाना चाहिए।

**निष्कर्ष –** उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि भारत में महिला उद्यमियों ने अपनी यात्रा प्रारम्भ अवश्य करली है, किन्तु अभी भी मंजिल से बहुत दूर है। सरकार अपनी ओर से पूर्ण प्रयास कर रही है, साथ ही शिक्षा के प्रसार का असर भी अब दिखने अवश्य लगा है, किन्तु इस क्षेत्र में बहुत कुछ अब भी

शेष है। अकेले प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत सूक्ष्म उद्यमी परियोजना में 2016– 17 से 31 दिसम्बर, 2021 तक कुल महिला उद्यमी लाभार्थी की संख्या 222457 है। वहीं, मुद्रा योजना के तहत दिए गए ऋण में 68 प्रतिशत ऋण महिला उद्यमी को दिए गए।

वित्त राज्यमंत्री डॉ. भागवत कराड़ ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि महिला उद्यमियों के लिए कुल 23 करोड़ 27 लाख ऋण स्वीकृत किए गए और 8 लाख करोड़ रूपए से अधिक की राशि दी गई।

भारत को 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने के लिये, महिलाओं द्वारा उद्यमिता को इसके आर्थिक विकास में एक बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट – 2021–22
2. दैनिक भास्कर समाचार पत्र दिनांक 13 जनवरी, 2023 एवं 23 जनवरी, 2023।
3. वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट– 2022
4. फोर्ब्स सूची – 2022
5. http://newsonajr.com7 2022/10/06 (प्रसार भारती न्यूज सर्विस)
6. “Obstacles of beung A female Enterpreneur in a Male-Dominated Business”- The Hindu में 17.12.2001 का लेख।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# जनजाति उपयोजना क्षेत्र के संदर्भ में लोक संस्कृति एवं साहित्य : विलुप्त होती दशाएँ

**डॉ. ललित कुमार मीणा***

* सहायक आचार्य (विधि संकाय) डॉ. नागेन्द्र सिंह विधि महाविद्यालय, बांसवाड़ा (राज.) भारत

**शोध सारांश –** दक्षिण राजस्थान के जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए सरकार ने जनजाति उपयोजना क्षैत्र घोषित किया है, जिसमें क्रमश: जिले बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, डूँगरपुर राजसमंद जिले की कुम्भलगढ़, खमनोर व नाथद्वारा तहसील, चित्तौड़गढ़ जिले की बड़ी सादड़ी तहसील व पाली जिले की बाली तहसील व उदयपुर (गिर्वा तहसील को छोड़कर) तथा सिरोही (आबू रोड़) तहसील सम्मिलित है। इस जनजाति क्षैत्र में विशेष में निवास करने वाले लोगों के पारस्परिक धर्म त्यौहार, पर्व, रीति रिवाज, मान्यताओं, कला आदि को लोक संस्कृति का नाम दिया जाता है। लोक संस्कृति किसी क्षैत्र विशेष को अन्य क्षैत्रों से स्वतन्त्र पहचान प्रदान करती है। जनजातिय संस्कृति अपने प्रारम्भिक काल से ही गौरवमयी रही है। वैभव, शूरवीरता, बालू, रेगिस्तान, खुबसूरत अरावली की श्रृंखला और तालाबों की भूमि है राजस्थान। ऊबड़-खाबड जमीन और कठिन जलवायु ने राजस्थान के जनजातिय के लोगों को साहसी और मजबूत बना दिया है। लेकिन स्थिति बदल गई है। स्थिति यह है कि कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम 'लोक संस्कृति' के अभाव में सफल नहीं समझा जाता। हमारे सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पर्व 'गणतंत्र दिवस' एवं 'स्वतत्रता दिवस' के समारोह का मुख्य आकर्षण उसमें प्रदर्शित लोक संस्कृतियों की अनुपम झांकिया ही होती है, जिन्हे देखने के लिए विदेशों से सत्ताधारी भी खिचकर चले आते है। इसलिए जनजातिय क्षैत्र का कल्याण इसी में है कि लोक संस्कृति का मान करते हुए उसके संरक्षण का प्रयत्न करते हुए भी हम उसके महत्व को अतिरंजित न होने दे।

**प्रस्तावना –**जनजातीय संस्कृति 'इन्द्रधनुषी है यह विविधता में एकता का प्रतीक यहाँ विविध वेशभूषा एवं बोलचाल का संगम है यह अमीर, निर्धन ओर मध्यम वर्ग का त्रिवेणी है। जनजातिय क्षैत्र में विभिन्न धर्मी व सम्प्रदायों के लोग रहते है। सभी की अपनी-अपनी भाषाएँ, रहन सहन, वेशभूषा, रीति रिवाज एवं साहित्य है सब की अपनी अपनी संस्कृति है सभी लोगों की संस्कृति उनकी पहचान बनाये हुए है। संस्कृति के प्रकाश में ही जनजातिय लोग अपने वैयक्तिक और वैश्विक जीवन मूल्यों को भारतीय संविधान का अनुच्छेद 29 (1) रक्षा करता है तथा अनुच्छेद 29 (1) पद प्रावधान किया गया है कि भारत सहित जनजातिय क्षैत्र में रहने वाले नागरिकों को किसी भी वर्ग को, उनको अपनी विशेष संस्कृति है, तथा उसे बनाये रखने का अधिकार प्रदान करता है तथा जनजातिय संस्कृति को सुरक्षित रखने के लिए अपने रूचि की संस्थाओं को स्थापित का अधिकार प्रदान किया गया है। एक तरफ सरकार कहती है कि उसे सांस्कृतिक मुल्यों की भान है और उसके क्षरण को रोकने के लिए कार्यबद्ध है दूसरी तरफ दिन-प्रतिदिन सांस्कृतिक मूल्य एवं आदर्श नष्ट होते जा रहे है देशभर में संस्कृति एवं सभ्यता के नाम पर अनगिनत संस्थाएँ बनी है किन्तु संस्कृति उससे दूर-दूर ही बनी रही है संस्कृति कोई देवता नहीं है जो मंदिरों में ही रहेगी वह तो एक एहसास है हमारे वजूद का, आज हमारी संस्कृति का सात्विक प्राचीन रूप से नष्ट होता जा रहा है। इसलिए जनजातिय लोक संस्कृति एवं सभ्यता को नष्ट होने से बचाव करने की आवश्यकता है। खास तौर पर ऐसा आदिवासी एवं जनजाति क्षैत्र है यह देश या प्रान्त के सुदूर अंचला में एक तरफ निवास करते है जहाँ किसी की दृष्टि नही जाती है अत: जनजाति क्षेत्र में लोक संस्कृति एव इसकी भाषा, लिपि, एवं संस्कृति की रक्षा करना परम आवश्यक है। दक्षिण राजस्थान के जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए सरकार ने जनजाति उपयोजना क्षैत्र घोषित किया है, जिसमें क्रमश: जिले बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, डूँगरपुर राजसमंद जिले की कुम्भलगढ़, खमनोर व नाथद्वारा तहसील, चित्तौड़गढ़ जिले की बड़ी सादड़ी तहसील व पाली जिले की बाली तहसील व उदयपुर (गिर्वा तहसील को छोड़कर) तथा सिरोही (आबू रोड़) तहसील सम्मिलित है।

**जनजातिय लोक संस्कृति की अवधारण–** वैभव, सूरवीर, खुबसूरत अरावली की श्रृंखला और तालाबों की भूमि है जनजातिय राजस्थान। उबड खाबड जीमन ओर कठिन जलवायु ने जनजातिय राजस्थान के लोगों को साहसी और मजबूत बना दिया है उनके साहस और कठोरता से निकली है जनजातिय राजस्थान की रंगीनी और अदितीय लोक गाथाएँ। जिन्दगी और रूमानियत के लिए प्यार पूरे जनजातिय राजस्थान में देखा जा सकता है।

**जनजातीय लोक संस्कृति का अभिप्राय –** सर्वसाधारण जनता से है, जिसकी व्यक्तिगत पहचान न होकर सामूहिक पहचान है। दीन-हीन, शोषित, दलित, जंगली जातियाँ व डामोर, गरासिया, अहारी, कलासुआ-भील, मीणा (जनजाति) आदि समस्त लोक समुदाय का मिला जुला रूप लोक कहलाता है। इन सबकी मिली जुली संस्कृति लोक संस्कृति कहलाती है। मानव मन की बाह्य प्रवृति मूलक प्रेरणाओं से जो कुछ विकास हुआ है उसे सभ्यता और उसकी अन्तर्मुखी प्रवृत्तियों से जो कुछ बना है, उसे संस्कृति कहेगें।

**जनजातीय लोक संस्कृति का अर्थ एवं परिभाषाएँ –** लोक संस्कृति के लिए अंग्रेजी में फोकलोर (Folk Lore) शब्द का प्रयोग होता हैं। अंग्रेजी में फोकलोर का अर्थ अंग्रेजी में परम्परागत कथाएँ और विश्वास या लोक विश्वास माना जाता है। फोकलोर में दो शब्द सम्मिलित हैं फोक (Folk)

और (Lore)। 'फोक (Folk) का अर्थ लोग, जनसाधारण और लोकबाग, विशेष प्रकार के लोग माना जाता है।' (Folk) शब्द की व्युत्पत्ति ऐंग्लो सेक्शन शब्द (Folk) से मानी जाती है। जर्मन भाषा में इसे (Volk) कहते हैं। डॉक्टर बर्कर फोक शब्द की व्याख्या करते हुए कहते हैं कि फोक शब्द का अभिप्राय सभ्यता से दूर रहने वाली किसी पूरी जाति का बोध होता हैं। किन्तु विस्तृत सन्दर्भ में उसका अर्थ होगा, किसी सुसंस्कृत राष्ट्र क समस्त लोक फोकलोर में फोक को अर्थ असंस्कृत लोग। फोक का एक अन्य अर्थ सभ्यता से दूर मानव जाति भी माना जाता है। द्वितीय शब्द लोर की निष्पत्ति ऐंग्लो सेक्शन शब्द लर से बना है। लोर शब्द का अर्थ नॉलेज अर्थात ज्ञान या लर्निंग (विद्या) होता है। इन प्रकार यफोकलोर का अर्थ सामान्य जनता का ज्ञान या विद्या माना जाता है।

**हर्सकोविटस के अनुसार** 'पर्यावरण के मानव निर्मित भाग को संस्कृति कहते हैं।'

**आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी** का कथन 'संस्कृति मानव की विविध साधनाओं की सर्वोत्तम परिणति है।'

**मुंशीराम शर्मा के शब्दों में –** 'संस्कृति, इस प्रकार से एक व्यक्ति के शिक्षण, संस्कार, अभ्यास से प्रारम्भ होती है और उसका अन्त मनुष्य के विकसित व्यक्तित्व में प्रकाशित और परमार्जित अवस्था के रूप में दिखलाई पड़ता है।'

**आर.डी. जेमसन का कथन है कि** 'फोकलोर'सांस्कृति जाति विज्ञान का एक अंग है जिसके अन्तर्गत पुराण कथा, अवदान, परंपरा, लोक कथाएं, अन्धविश्वास, धार्मिक, विधि–विधान, प्रथायें, नृत्य तथा प्रकृति और मानव की विशेषताएँ आती हैं।

अत: लोक संस्कृति के अर्थ एवं परिभाषाओं से स्पष्ट है कि जनजातीय लोक संस्कृति एवं साहित्य जनजातिय संस्कृति का केनवास विशाल है और उस पर हर प्रकार के रंग और जीवंतता है। यह देश कई सदियों से सहिष्णुता, सहयोग और अहिंसा का जीवंतता उदाहरण रहा है इसके विभिन्न रंग इसकी विभिन्न विचार धाराओं में मिलते है।

**जनजातिय लोक संस्कृति का स्वरूप–**प्राचीन जनजातिय साहित्य के अवलोकन से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि वैदिक काल से ही जानजाति क्षैत्र में संस्कृति की दो पृथक पृथक धाराएँ चलती आ रही है :–

1. शिष्ट (या अभिजात्य) संस्कृति
2. लोक संस्कृति

शिष्ट संस्कृति से हमारा अभिप्राय उस अभिजात वर्ग की संस्कृति से है, जो बौद्धिक विकास के उच्चतम शिखर पर पहुँचा हुआ है। वह अपनी प्रतिभा के कारण समाज का अग्रणी और पथ–प्रदर्शक है। उसकी संस्कृति के सोस्त्र वेद–शास्त्र होते है। लोक संस्कृति से अभिप्राय जनसाधारण की उस संस्कृति से है, जो अपनी प्रेरणा को लोक में प्राप्त करती है। इसकी उत्सभूमि जनता होती है और यह बौद्धिक विकास के निम्न धरातल पर उपस्थित होती है।

**लोक जनजातिय लोक संस्कृति की समस्याएँ –**जहाँ तक जनजातिय संस्कृति की समस्या का प्रश्न है बहुत सी अल्पसंख्या जनजातियों की संस्कृति लुप्त होती जा रही है या उसका स्वरूप बदलता जा रहा है। बाहरी लोगों एवं पडोसी जनता के सम्पर्क से सांस्कृतिक स्वरूप मं काफी परिवर्तन आ रहा है उनकी भौतिक व आध्यात्कि संस्कृति में अन्तर आया है भौतिक संस्कृति में नयी सामग्रियों तथा नए ढंग की वस्तुएँ, प्रसाधन सामग्री वस्त्र इत्यादि का समावेश हो चुका है। इससे इनकी अर्थ–व्यवस्था में अपेक्षाकृत अधिक व्यय के कारण असंतुलन हो गया है परम्परागत विवाह या यौन सम्बन्धी व्यवस्था पर भी प्रभाव पडा है और उनके परम्परागत नियम टूट रहे है। सभ्य समाज के प्रभाव में यह लोग युवा–गृहों के प्रति उदासीन हो गये है जिसके फलस्वरूप वे सामाजिक कर्तव्यों को निभाने की योग्यता विकसित नहीं कर पाते और सामाजिक दृढता नष्ट हो जाती है।

**जनजातीय लोक संस्कृति एवं साहित्य की समस्याएँ–** वर्तमान समय में जनजातिय समाज में लोक संस्कृति की अनेक समस्याएँ उत्पन्न हो गयी है उनमें से कुछ निम्न है :–

1. भाषा सम्बधी समस्या
2. कला कौशल की विघटन की समस्या
3. सांस्कृतिक विभिन्नता की समस्या

**1. जनजातीय भाषा संबंधी समस्या –** जनजातियों द्वारा अन्य संस्कृतियों के संपर्क में आने वे अपनी भाषा को भूल कर नई संस्कृतियों की भाषा अपना रही है। नवीन भाषा को अपनाने के कारण जनजातियों में पारस्परिक आदान–प्रदान में कठिनाई उत्पन्न होती है। अपनी भाषा होने से सामुदायिक भावना बनी हरती है जो कि दूसरी भाषाओं को अपनाने से नष्ट हो जाती है तथा जिससे सामाजिक संगठन में शिथिलता आ जाती है।

**2. जनजातीय कला–कौशल के विघटन की समस्या –** सांस्कृतिक सम्पर्क के कारण जनजातीय समुदाय बड़ी तेजी के साथ विघटित हो रहे है। जनजातियों में प्रचलित युवा–गृह की संस्थाएँ जो कि उनके व्यक्तित्व के निर्माण व सामाजिक जीवन की शिक्षा में एक महत्वपूर्ण कार्य करती है, उनका मूल्य अब कम होता जा रहा है। वन व उनके समीप रहने के कारण वन सम्पत्ति से प्राप्त सामग्री से जनजातियाँ नाना प्रकार की वस्तुओं का निर्माण करती है। इनके द्वारा निर्मित वस्तुएं जैसे–बाँसुरी, डलिया, लकडी के ऊपर नक्काशियाँ, सुन्दरता के आभूषण आदि देखने योग्य होते है। किन्तु सांस्कृतिक सम्पर्क ने हस्तकला की ओर अरूचि उत्पन्न कर दी है तथा अब धीरे–धीरे हस्तकला का लोप होता जा रहा है। जनजातीय संगीत व नृत्य की एक अलग विशेषता है। स्वतंत्रता दिवस में जनजातीय संगीत व नृत्य को देखकर लोग मंत्रमुग्ध से रह जाते है। सांस्कृतिक सम्पर्क से फिल्मी गानों व सस्ते किस्म के नृत्य इन लोगों में प्रसिद्ध हो रहे है तथा वे अपने संगीत के प्रति उदासीनता दिखाने लगे है।

**3. जनजातीय सांस्कृतिक विभिन्नता की समस्या –** जनजाति के व्यक्त्यिों पर ईसाई मिशनरियों व हिन्दू संस्कृति का बहुत अधिक प्रभाव पड़ा। जिन जातियों का संपर्क ईसाइयों से हो गया उनमें से अनेक जनजातीय सदस्य अपने समूह को छोड़कर ईसाई बन गये और जो जनजातियाँ हिन्दुओं के सम्पर्क में रही वे हिन्दू धर्म की जाति व्यवस्था से प्रभावित होकर वही व्यवस्थ्रा अपनी जनजातियों में लागू करने लगी। अनेकों जनजातियों में कुछ सदस्य ऊंचे माने जाते है और कुछ कम। इस प्रकार की सामाजिक दूरी की भावना से जनजातियों ने नवीन संस्कृति को अपना लिया है उनमे सामंजस्य की सस्या खड़ी हुई है।

**निष्कर्ष –** निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि लोक संस्कृति में मनुष्यों द्वारा प्रचलित समस्त प्रकार के लोक विश्वास, परम्पराएँ, मान्यताएँ, व्रत, त्यौहार, रीति–रिवाज, संस्कार, लाके साहित्य आदि आते है। लोक संस्कृति, लोकतांत्रिक मूल्यों– समता, स्वतंत्रता, विश्वबंधुत्व के साथ त्याग सहयोग, शांति एवं लोक मंगलकारी है जिसको नष्ट होने से बचाव किया जाना

आवश्यक है।

अत: कहा जा सकता है कि संस्कृति एक ऐसी जीवन पद्धति है जो प्राकृतिक और अर्जित संस्कारों क माध्यम से मनुष्य की अन्तर्भूत क्षमताओं को जागृत कर के उन्हें उर्ध्वोन्मुखी बनाते हुए मनुष्य को सही अर्थों में मानव बनाने के लिए प्रेरित करती हैं। इसमे व्यक्ति का सर्वतोन्मुखी विकास निहित है जिसकी पहचान उसके सामाजिक आर्थिक राजनीति के साथ ही बौद्धिक, मानसिक, आध्यात्मिक तथा कलात्मक उपलब्धियों के रूप में कही जा सकती हैं। लोक एवं संस्कृति एक दूसरे से अभिन्न रूप से जुडे है। लोक संस्कृति ही समाज को आत्मिक विकास पर अग्रसर करती है। इस लोक संस्कृति की सशक्त अभिव्यक्ति साहित्य के माध्यम से होती है। साहित्य में ही लोक की विचारधाराएँ, परिवेश, स्थिति तथा अन्य प्रवृतियाँ अपने यथार्थ रूप में उजागर होती है लोक साहित्य ही अपने अंदर लोकगीत, लोकगाथा, लोकनाटय जैसे संस्कृति के अक्षप भंडार को समाहित किये रहता है जो मनुष्य के जीवन को एक नई प्रेरणा एवं नवीन गति प्रदान कर उसके जीवन में नई शक्ति का संचार करते है। मुहावरें लोकोकित्यों एवं प्रहेलिका भी लोक साहित्य को एक नई स्फूर्ति प्रदान करते है। वहाँ विभिन्न रीति रिवाज, लोक विश्वास का अध्ययन लोक संस्कृति के अन्तर्गत किया जाता है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि लोक से ही संस्कृति की उपज होती है वही लोक के जीवन को गतिशील एवं प्राणवान बनाए रखती है। भारत को संविधान का अनुच्छेद 29 (1) का उद्देश्य जनजातीय लोगों की संस्कृति की रक्षा करना है। तथा यह अनुच्छेद 29 (1) के अन्तर्गत प्रतिभूत अधिकार की पुष्टि करता है और उसे मूर्त रूप देता है।

अत: सांस्कृतिक स्तर पर हमारी स्थिति धोबी के कुत्तो से भिन्न नहीं, न घर के रह गए है और न घाट के। न प्राचिन संस्कृति बची है न आधुनिक पुरी तरह आई है। आज हम न पूरब के है न परिचम के। एक अजीबों गरीब संस्कृति के मोहपाश में कैद होते जा रहे है। गर्व से कहो हम जनजातिय है, दोहराने में भी झिझक होने लगी है। यदपि जनजाति संस्कृति का प्राचीन स्वरूप 'विविधता में एकता' सुरक्षित है तथापि एकता के आधारभूत रंग धूमिल पड़ गये है और विविधिता के सतही रंग उभर कर हमारे समक्ष आ गए है। हम जनजातिय अपनी भाष, रहन, सहन, खान पान अलग-अलग हो परन्तु हमारी संस्कृति एक ही है। जनजातिय संस्कृति में जैविक संकुलन, इकोलोजिकल सन्तुलन और सन्तुलन और अपने आस-पास के जीवन के प्रति भी बडी उदार दृष्टि है। एक सामान्य व्यवहार तो यही है कि प्रकृति से जितना लो, उतना वापस भी। यही नहीं उतना ही लो जितना आवश्यक है उससे अधिक लेना भी वर्जित है। वर्तमान समय में संस्कृति का उद्योगीकरण से चुका है। संस्कृति उप संस्कृति बन चुकी है। जनजातिय समाज के विभिन्न पंथों, सम्प्रदायों तथा वर्गो के बीच एकात्मता तथा समरसता अनिवार्य है। आजादी के बाद विकास तो संस्कृति को बेचने के धंधे का हुआ है हाँ केन्द्र में और राज्य सरकारों में संस्कृति विभाग अवश्य खुले है प्राचीन विरासत की रक्षा के नाम पर अभी यह सुनिश्चित ही नहीं हो सका है कि देश की राष्ट्रीय संस्कृति नीति क्या हो 1992 में इस दिशा में प्रयास हुआ था राष्ट्रीय संस्कृति नीति का एक प्रायप तैयार हुआ और संसद में पेश किया गया है।

**सुझाव –** जनजातिय क्षैत्र की प्राचीन संस्कृति इस बात की पुष्टि करती हैकि यहाँ के महान शासकों ने सदा सर्वधर्म समभाव की नीति अपनाई यहाँ की लोकतंत्रीय व्यवस्था में हर धर्म व सम्प्रदाय को आदर दिया गया यहा के महान शासकों ने सदैव इसी नीति का अनुसरण किया यह जनजातिय की एक आदर्श परम्परा थी कि पालन राजतंत्र ने भी किया और लोतंत्र ने भी। आज पूरा देश जिस सांस्कृतिक दौरे से गुजर रहा है उसके पदचाप ने संस्कृति की कोई भी आवाज नहीं सुनाई देती देश भर मं संस्कृति के नाम पर अनगिनत संस्थाए बनी है। अत: संस्कृति एक ऐसा विस्तृत फलक हैजिसमें आदमी और भगवान दोनो शरण पाते है। अब इतनी व्यापक अनुभूति को किसी चार दीवारी में कैप तो नहीं किया जा सकता-दर असल जो होना चाहिए था वह न होकर उसके उल्टा हुआ आज हमारी संस्कृति का सात्विक प्राचिन रूप नष्ट होता जा रहा है। तथा आर्थिक दासता के मंडराते बादलों को छांटने में सफलता प्राप्त नहीं हो रही है। देश एवं समाज अपरिपक्व प्रयोगों में फस कर अनेक अन्य समस्याओं को जन्म दे रहा है। सम्पन्नता के साए में पनपती और पतली विकृतियों से संत्रस्त पश्चिमी जीवन जैसी ही घुटन ओर तनाव का अनुभव पहले से ही कर रहे जनजातिय में वैसे ही लक्षण उभरने लगे है। इसलिए आज वर्तमान समय में जनजातिय लोक संस्कृति एवं सभ्सता का चिन्ताजनक विकास नजर आने लगा है।

**संदर्भ ग्रंन्थ सूची:-**

1. आशुतोष व्यास, जनजातीय समाज और शिक्षा अंकुर प्रकाशन राजस्थान संस्करण 2009
2. डॉ. वापुराव देसाई, लोक संस्कृति एवं साहित्य, विनय प्रकाशन, कानुपर प्रथम संस्करण - 1996
3. नवीन हसनैन, जनजातीय भारत, ज्वाहर पब्लिशर्स, एवं नई दिल्ली, तृतीय संस्करण- 1992 डिस्ट्रीब्यूटर्स
4. डॉ. विरेन्द्र सिंह यादव: लोक साहित्य एवं लोक संस्कृति ओमेगा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2012
5. डॉ. बसन्ति लाल बाबेल, भारत का संविधान, सेंट्रल ला पब्लिकेशन, इलाहाबाद, 12 संस्करण, 2014

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों के शैक्षिक एवं सामाजिक स्तर का तुलनात्मक अध्ययन

**मुकेश कुमार*  डॉ. सीमा कुशवाह****

* शोधार्थी (शिक्षाशास्त्र) जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक, आई.पी.एस. कॉलेज, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** प्रस्तुत शोध पत्र ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों के शैक्षिक एवं सामाजिक स्तर का तुलनात्मक अध्ययन से सम्बन्धित है। शोध पत्र में मध्यप्रदेश के ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों का शैक्षिक एवं सामाजिक स्तर का तुलनात्मक अध्ययन का तुलनात्मक अध्ययन किया जा रहा है।

**प्रस्तावना**

**अपराधी बालक –**क्रो व क्रो के अनुसार – बाल अपराधी बालक कच्ची मिट्टी की तरह होता है जिस प्रकार की उसे शिक्षा दी जाती है वह उसी प्रकार का बन जाता है।

कुप्पूस्वामी– बाल अपराधी बालक वर्तमान की चिंता करते है भविष्य की चिंता नहीं करता है।

बाल अपराध के अनुसार बालकों के असामाजिक व्यवहारों को लिया जाता है बालक व किशोरों के ऐसे व्यवहार जो लोक कल्याण की दृष्टि से अहितकर होते है। जिससे समाज के व्यवहार नियामक आदेशों एवं आदर्शो का उल्लंघन होता है जिससे सामाजिक संगठन को क्षति पहुँचती है। इन व्यवहारों को बाल अपराध की श्रेणी में रखा जाता है। उदाहरण के लिए ऐसे बालक जो स्कूल से भाग जाते हैं। निरुद्देश्य इधर–उधर घूमते रहते हैं। गलत आचरण करते हैं। किसी की सम्पत्ति या जान माल को क्षति पहुँचाते हैं। बाल अपराधी की श्रेणी में आते हैं।

बाल अपराधी ऐसे ही पैदा नहीं हो जाते हैं बाल अपराधियों के घर–परिवार का माहौल, अभिभावकों की स्थिति, विद्यालय का वातावरण, संगत का असर आदि कारक एक सामान्य बालक को बाल अपराधी बना देते हैं। एक पहलू यह भी है कि यदि किसी बालक में शारीरिक दोष या विकार है तो समाज उसे हेय दृष्टि से देखता है एवं बालक कुंठित होकर अपराध के रास्ते पर चल पड़ता है।

कई बार अपराधी बालक बहुत ज्यादा क्रोधित हो जाते हैं और वे प्रत्येक व्यक्ति व कार्य के प्रति क्रोधित रहते हैं तथा विद्यालय में और समाज व घर में अपने अभिभावकों के प्रति चिड़चिड़ापन दिखाते रहते हैं। खेल के मैदान में निर्दयता या डराने धमकाने वाला व्यवहार करते हैं। तथा वे ऐसा महसूस करते हैं कि विद्याालय और कक्षा से उनका कोई संबंध ही नहीं है। अपराधी बालक हमेशा दूसरों पर संदेह करने वाला होता है वह दूसरों का विरोध करता है।

**शैक्षिक स्तर –** ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण ग्रहों में निवासरत बाल अपराधियों के शिक्षण के लिए सम्प्रेषण ग्रहों में शिक्षा की व्यवस्था रहती है यदि नहीं रहती है तो किसी भी विद्यालय में ऐसे विद्यार्थियों की शिक्षा की व्यवस्था की जाती है। सम्प्रेषण ग्रहों या विद्यालय में रहकर व शिक्षित होते हैं और उनकी शिक्षा का स्तर वातावरण के अनुसार प्रभावित होता रहता है। इन बालकों के लिए अलग से विशेष अध्यापकों की नियुक्ति की जाती है और समय–समय पर इनका मागदर्शन किया जाता है। सरकार द्वारा सम्प्रेषण ग्रहों में शैक्षिक वातावरण उपलब्ध किया जाता है तथा अध्यापक बाल सम्प्रेषण ग्रहों में बाल अपराधियों के शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुरूप पठन–पाठन की व्यवस्था करते हैं।

**सामाजिक स्तर –** सामाजिक स्तरीकरण वह प्रक्रिया है जिसमें व्यक्तियों के समूहों को उनकी प्रतिष्ठा, संपत्ति और शक्ति की मात्रा के सापेक्ष प्रदान क्रम में विभिन्न श्रेणियों में उच्च से निम्न रूप में स्तरीकृत किया जाता है। वर्ग स्तरीकृत विश्वव्यापी है और उसके उत्पन्न होने के अनेक कारण है। जैसे पूंजीपति और श्रमिक वर्ग औद्योगीकरण की देन है। धन की विभिन्न अवस्था धनी माध्यम और निर्धन वर्ग को जन्म देती है।

समाजशास्त्रीय प्रो. फेंकलिन ए (1960) ने लिखा है कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। जिसका जीवन समाज में ही पनपता है और निकटवर्ती भौतिक परिवेश तथा पर्यावरण के मध्य अन्त: क्रियायें करते हुये सामाजिक परिवेश में जीवन यापन करता है। जिसे पर्यावरण से कदापि पृथक नहीं किया जा सकता है।

1. धनी वर्ग या उन्नतशील वर्ग
2. बुद्धिजीवी प्रशासकीय तथा प्रबंधन वर्ग
3. परंपरागत व्यापारी वर्ग
4. पिछड़ा वर्ग एवं मजदूर वर्ग।

अपराधियों बालकों का शैक्षिक स्तर उनके वातवरण के अनुसार रहता है तथा उनका सामाजिक स्तर, उनके अभिभावकों की स्थिति पर निर्भर करती है। यदि अभिभावक आपस में लड़कर गृह क्लेश उत्पन्न करते हैं तो बालक कुंठाग्रस्त होकर अपराध करने लगता है और अपराधी बालक कहलाने लगता है।

**शोध के उद्देश्य –**शोधार्थी ने अपने अध्ययन के निम्नलिखित शोध उद्देश्य रखे हैं:

1. ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों

का शैक्षिक स्तर का अध्ययन करना।

2. ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों का सामाजिक स्तर का अध्ययन करना।
3. ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों के शैक्षिक एवं सामाजिक स्तर का तुलनात्मक अध्ययन करना।

**परिकल्पनाऐं** –शोध कार्य के लिए निम्नलिखित परिकल्पनाएं हैं:

1. ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों का शैक्षिक स्तर उच्च नहीं होता है।
2. ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों का सामाजिक स्तर उच्च नहीं होता है।
3. ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों के शैक्षिक एवं सामाजिक स्तर में तुलनात्मक रूप से कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

**शोध विधि** –शोधार्थी अपनी परिकल्पनाओं की जांच हेतु समंकों/प्रदत्तों को एकत्रित करने के लिए जिस क्रिया विधि को अपनाता है उसे शोध प्रणाली या शोध विधि कहते हैं। शोध अध्ययन की सर्वेक्षण, वर्णनात्मक, प्रयोगात्मक एवं ऐतिहासिक विधियाँ हैं परन्तु शोधार्थी द्वारा प्रस्तुत शोध में **सर्वेक्षण विधि** का प्रयोग किया गया है।

**न्यादर्श** – शोध में संपूर्ण जनसंख्या को सम्मिलित किया जाना संभव नहीं हो पाता है। अत: संबन्धित जनसंख्या के कुछ अंश का चयन कर उसे शोध प्रक्रिया में समाहित किया गया है। प्रस्तुत शोध में ग्वालियर संभाग के (1) ग्वालियर (2) दतिया (3) शिवपुरी (4) अशोकनगर (5) गुना के बाल अपराधी बालकों का चयन किया गया है जिसमें बालकों की आयु 15 से 17 वर्ष के मध्य है। इस शोध हेतु ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों से 40 अपराधी बालकों को लिया गया है।

**प्रदत्त संकलन के उपकरण** –बाल अपराधियों के शैक्षिक स्तर को जानने के लिए एक प्रश्न पत्र बनाया गया है जबकि सामाजिक स्तर के लिए राजीव लोचन भारद्वाज की सामाजिक-आर्थिक स्तर मापनी का प्रयोग किया गया है।

**आंकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण** – आंकड़ों के सांख्यिकीय विश्लेषण के लिए निम्नलिखित परीक्षणों का प्रयोग किया गया है-

- काई वर्ग
- मध्यमान
- प्रामाणिक विचलन
- टी-टेस्ट
- सार्थकता स्तर

**निष्कर्ष :**

**परिकल्पना : 1- ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों का शैक्षिक स्तर उच्च नहीं होता है।**

**तालिका क्रमांक 1: ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों का शैक्षिक स्तर के विभिन्न स्तर**

| | उच्च | मध्य | निम्न | |
|---|---|---|---|---|
| दृश्य ($F_o$) | 10 | 12 | 18 | 40 |
| अपेक्षित ($F_e$) | 13.333 | 13.333 | 13.334 | 40 |
| $F_o-F_e$ | -3.333 | -1.333 | 4.666 | |
| $(F_o-F_e)^2$ | 11.11 | 1.78 | 21.77 | |
| $(F_o-F_e)^2/F_e$ | 0.83 | 0.13 | 1.63 | 2.60 |

काई वर्ग $\chi^2 = \Sigma\left(\frac{(F_o - F_e)^2}{F_e}\right)$

= 0.83+ 9.13 + 1.63

= 2.60

स्वतंत्रता अंश (Degrees of Freedom)

df = 3-1 =2

तालिका क्रमांक 1 का विश्लेषण करने से ज्ञात होता है कि प्राप्त अंकों को तीन स्तरों, उच्च, मध्य एवं निम्न में विभाजित कर, ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों का शैक्षिक स्तर के प्रदत्तों का $\chi^2$ परीक्षण किया गया है। जिसमें आवृत्ति के अनुसार दृश्य आवृत्ति में उच्च 10 मध्य, 12 एवं निम्न की आवृत्ति 18 है जबकि अपेक्षित आवृत्ति 13.333 उच्च की, 13.333 मध्य की एवं 13.334 ही निम्न में है। $\chi^2$ सूत्र द्वारा 2.60 परिणाम आया है। तालिका में 0.01 स्तर पर 2 df का मान 9.21 है। जबकि गणना किया गया $\chi^2$ का मान 2.60 इससे कम है, अत: असार्थक है। अत: ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों का शैक्षिक स्तर उच्च नहीं होता है।

अत: परिकल्पना सत्य सिद्ध होती है।

**परिकल्पना : 2: ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों का सामाजिक स्तर उच्च नहीं होता है।**

**तालिका क्रमांक 2: ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों का सामाजिक स्तर के विभिन्न स्तर**

| | उच्च | मध्य | निम्न | |
|---|---|---|---|---|
| दृश्य ($F_o$) | 8 | 14 | 18 | 40 |
| अपेक्षित ($F_e$) | 13.333 | 13.333 | 13.334 | 40 |
| $F_o-F_e$ | -5.333 | 0.667 | 4.666 | |
| $(F_o-F_e)^2$ | 28.44 | 0.44 | 21.77 | |
| $(F_o-F_e)^2/F_e$ | 2.13 | 0.03 | 1.63 | 3.80 |

काई वर्ग $\chi^2 = \Sigma\left(\frac{(F_o - F_e)^2}{F_e}\right)$

= 2.13+ 0.03 + 1.63

= 3.80

स्वतंत्रता अंश (Degrees of Freedom)

df = 3-1 =2

तालिका क्रमांक 2 का विश्लेषण करने से ज्ञात होता है कि प्राप्त अंकों को तीन स्तरों, उच्च, मध्य एवं निम्न में विभाजित कर, ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों के सामाजिक स्तर के प्रदत्तों का $\chi^2$ परीक्षण किया गया है। जिसमें आवृत्ति के अनुसार दृश्य आवृत्ति में उच्च 8 मध्य, 14 एवं निम्न की आवृत्ति 18 है जबकि अपेक्षित आवृत्ति 13.333 उच्च की, 13.333 मध्य की एवं 13.334 ही निम्न में है। $\chi^2$ सूत्र द्वारा 3.80 परिणाम आया है। तालिका में 0.01 स्तर पर 2 वष का मान 9.21 है। जबकि गणना किया गया $\chi^2$ का मान 3.80 इससे कम है, अत: असार्थक है। अत: ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों का सामाजिक स्तर उच्च नहीं होता है।

अत: परिकल्पना सत्य सिद्ध होती है।

**परिकल्पना : 3: ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों के शैक्षिक एवं सामाजिक स्तर में तुलनात्मक रूप से कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।**

**तालिका 3: ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों के शैक्षिक एवं सामाजिक स्तर का मध्यमान, प्रामाणिक विचलन एवं टी-मान**

| विद्यार्थी | मध्यमान | प्रामाणिक विचलन | स्वतंत्रता अंश | टी-मान |
|---|---|---|---|---|
| बाल अपराधियों का शैक्षिक स्तर | 6.89 | 2.34 | 78 | 1.98 |
| बाल अपराधियों का सामाजिक स्तर | 8.29 | 3.8 | | |

78 **स्वतंत्रता अंश** पर **'टी'** का प्रामाणिक मान 0.01 सार्थकता स्तर पर 3.36 होता है तथा 0.05 सार्थकता स्तर 2.0 एवं 0.01 स्तर पर 2.65 होता है। गणना से प्राप्त **'टी'** का मान 1.98 इन दोनों से बहुत कम है अत: असार्थक है। अर्थात् ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों के शैक्षिक एवं सामाजिक स्तर में तुलनात्मक रूप से कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

परिकल्पना सत्य सिद्ध होती है।

**व्याख्या –** तथ्यों के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि परिकल्पना 1 व 2 के अनुसार बाल अपराधियों का शैक्षिक एवं सामाजिक स्तर उच्च नहीं पाया जाता है। इसी प्रकार परिकल्पना 3 के अनुसार वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों के शैक्षिक एवं सामाजिक स्तर में तुलनात्मक रूप से कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

चूंकि ग्वालियर संभाग के बाल सम्प्रेषण गृहों में निवासरत बाल अपराधियों के शैक्षिक एवं सामाजिक स्तर उच्च नहीं है इसलिए उनमें तुलनात्मक रूप से कोई अन्तर नहीं पाया गया है। अभिभावकों की स्थिति, घर एवं विद्यालय के वातावरण से किसी भी व्यक्ति की शैक्षिक एवं सामाजिक स्थिति बनती बिगड़ती है। तथ्यों से सिद्ध होता है कि बाल अपराधियों की जब सामाजिक स्थिति उच्च नहीं है तो उनकी शैक्षिक स्थिति भी उच्च नहीं है इसलिए तुलनात्मक रूप से उनकी शैक्षिक एवं सामाजिक स्तर में कोई अन्तर दृष्टिगोचर नहीं होता है। अर्थात् जैसी सामाजिक स्थिति होगी वैसे ही उनकी शैक्षिक स्थिति होगी।

**सुझाव :**

1. सम्प्रेषण गृहों में बाल अपराधियों के लिए शिक्षण की उचित व्यवस्था होनी चाहिए।
2. शिक्षकों को अपराधी बालकों में भेद नहीं करना चाहिए।
3. अभिभावकों को परिवार की ऐसी स्थिति व घर का वातावरण ऐसा रखना चाहिए कि उनका बच्चा अपराध की ओर अग्रसर न हो।
4. यदि अभिभावकों को लगता है कि उनका बच्चा असामान्य व्यवहार कर रहा है तो उससे शांति एवं स्नेह से बातचीत करना चाहिए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. माथुर, एस.एस. (2010), 'एडवान्सड एजुकेशनल साइकोलोजी', अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा।
2. शर्मा, आर.ए. (2010), 'विशिष्ट शिक्षा का प्रारूप', विनायक पब्लिकेशन, मेरठ।
3. तनेजा, आर.पी. (1989), 'डिक्सनरी ऑफ एजुकेशन', अनमोल पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
4. वरशिल्ड, ए.टी. (1977), 'बाल अपराधा मनोविज्ञान', बिहारी हिन्दी अकादमी, पटना।
5. जयरामदास (1990), 'बाल विकास-अभिभावकों की भूमिका', आर्य प्रकाशन मण्डल, सरस्वती भण्डार, गाँधी नगर, दिल्ली।

*************

# Effect of Yoga and Pilates Exercise on Health Related Physical Fitness, Bio-Chemical and Psychological Variables on Irregular Menstrual Cycle Among College Women

**Dimple Solanki* Dr. Dilip Singh Chouhan****

*Research Scholar, Janardan Rai Nagar Rajasthan Vidhaypeeth (Deemed - to - be University), Udaipur (Raj.) INDIA

** Assistant Professor (Physical Education & Yoga) Janardan Rai Nagar Rajasthan Vidhaypeeth (Deemed - to - be University), Udaipur (Raj.) INDIA

**Abstract** - Yoga is the best way for irregular periods and also it is an exact thing, where women have regulated their menstrual cycle by practicing the correct asanas. Yoga is an ancient form of regulated exercise, especially designed to make sure the body cures from within. Yoga is an exact programme to treat irregular menstrual problems naturally. Yoga is a kind of effective exercise which gives remedy for all kinds of problems. Accordingly yoga is the best medicine to heal problems like heavy blood flow, painful menstruation periods and menstruation disorder.An irregular period can also indicate more serious issues like pelvic inflammatory disease, uterine cancer, polycystic ovarian syndrome, pregnancy complications and so on. Yoga helps women, mainly those who are attaining menopause to get relief from irregular cycles.The subject for the study was selected from MohanlalSukhadia University, Udaipur, Rajasthan. Forty five female with menstrual problem were selected as subject and aged from 18 to 22 years as per the college record. They were spilt into three different groups namely yogic training (group I), pilates training (group II) and control group (group III).The major crisis encountered by most fractions of women starts from the period of puberty which is menstruation. Women's menstruations give an impact on health in various levels. Irregular cycles are a major cause of concern for women, which if untreated, often lead to other health issues. Hence the result of the study will be useful for the women suffering from menstrual irregularities and for positive health and wellness. The findings of the study will be helpful to know the effects of yoga and pilates for curing menstrual irregularity problems. This study might generate awareness among common masses about the advantages of yoga and pilates exercise program.
**Keywords:** Menstrual cycle, yoga asanas, pilates, physical fitness.

**Introduction -** Women's health concerns are affected based on interrelated biological changes, cultural system, emotional and social issues. Basically women should have enough health conscious because when the problems arise they have to go with proper treatment and find out the solution for the diagnosis. This leads them to modify their well-being both physical and emotional. While comparing men and women; naturally women will live longer than man but it does not make sure a pleasing quality of life. Previous studies revealed that women are fairly more flimsy and disable than men in their life succession.

When health is conscious it leads to live with enough economic wealth as well as enlighten the tremendous future. The major crisis encountered by most fractions of women starts from the period of puberty which is menstruation. Women's menstruations give an impact on health in various levels. Maya's Health Survey 2017, released on World Health Day reports that findings of the eighteen countries studied where India ranks disturbingly low when it comes to healthy menstrual cycles and lies at the bottom of the pile. Virtually 50% of women in India have irregular menstrual cycles and is a major cause of concern for women, which typically causes other health related issues such as infertility, PCOS, Anemia etc.

Adolescence brings new changes from childhood to maturity or adulthood. Menarche is an indication of the sign of puberty because of that this can be considered as a significant event in the life of teenage girls. The previous studies recommended that menarche leans to appear earlier in life based on the hygienic, sufficient food and economic circumstances of a social development. Actually these kinds of changes occur 2 to a young girl during the age of 10 to 16 years. This shows a significant range of variant. According to the early survey there are 1.2 billion

adolescents estimated. In this one in every five people in the world today attain a new change in their physical. Adolescence is a stage of great changes in physical and psychological which leads to aware of sexual development as well as gives enough knowledge on social interaction and the value of relationships. Due to the natural change within them cause anxiety and it is difficult to control the feeling of their body and mind because the natural changes may cause long lasting damage to their body as well as personality. This stage needs exclusive attention because of the changes the adolescent faces due to erupt of physical growth, hormonal changes, and multilayered psychological, emotional and social problems. In India 23% of the population belong to adolescent out of which 10% belongs to adolescent girls. The second one is Indian young menstruating adolescent girls are facing additional problems such as anemia, early marriages and teenage pregnancy which complex to the circumstances. The growth of this phase, an adolescent girl experiences first menstruation and relevant problems which is identified by thoughts of excitement and nervousness to know about this natural change happening to their bodily functions. They do not get enough or relevant knowledge/guidance either in the school due to unaware of health education programs or from their parents. The pathetic situation of our Indian girls is menstrual issues are hardly discussed and discourage open discussion either at home or in school which leads to mental stress among adult women.

**Review of literature:**

**Su-Ying Tsai, et.al. (2016)** investigated a study on the "Effects of yoga exercise on premenstrual symptoms among female employee in Taiwan". A total of 64 subjects took part in twelve weeks of yogic treatment. All the patients had done a self-report form concerning their characteristics, way of living, status of monthly periods, level of pain during periods, symptoms prior to menstruation, and health-related quality for wellbeing, before and at the end of the treatment. The result revealed that out of 64 subjects, 90.6% who experienced menstrual pain delineated minimized use of pain killers throughout periods and decrease in pain on work. Further there was improvement in physical performance and SF-36 scores of bodily pain, and considerable ablated abdominal bloating, breast pain, abdominal cramps along with cold sweats. The study concludes that with correct education on doing yoga in regular bases could decrease premenstrual discomfort and improves female worker health.

**Dr. UlkaNatu, et.al. (2009)** conducted a study "effects of yogic practices on infertility related to Pcod (poly cystic ovarian disease)". The study was conducted among 32 subfertility women. Regular practices were given for 12 weeks all day for 1 ½ hour which included asanas, suryanamaskars, shuddikriyas, pranayama, mantra yoga, naadi yoga, dharna and dhyan. It was concluded that change in food and life style along with regular practice of yoga had significant changes in ovulation, reduced serum triglyceride level, decreased level of LH (luteinizing hormone)/FSH (follicle stimulating hormone), minimizing level of Se insulin with increase in Se SHGB range and changes depression state. Finally the study has proved yoga as a holistic intervention among women with PCOS.

**Roberta Anderson, et.al.(2017)** conducted a pilot study "using yoga nidra to improve stress in psychiatric nurses". The study was carried on nine psychiatric nurses for 6 weeks of yoga nidra program. Stress and fatigue level was measured through questionnaire before and after the training. The result showed improvement on perceived stress and fatigue after the training. The study revealed the influence of yoga nidra in reducing stress and fatigue level among psychiatric nurses.

**Amber W. Li, et.al. (2012)** organized a randomized controlled trial to observe the "effects of yoga on anxiety and stress". Literature searches were done on PubMed using the keywords "yoga", "stress" and "anxiety" which was limited to human trials. A total of 56 articles in relation to yoga and stress and 42 articles regarding yoga and anxiety were found, and further the collected studies was limited to 35 which met all the criteria. Of 35 studies on effects of yoga anxiety and stress, 25 studies were found to be significant in improving stress and anxiety symptoms through yoga. 14 out of 35 trials reported biochemical and physiological makers of stress and anxiety, but provided incompatible aid in decreasing anxiety and stress through yoga. Finally the study was concluded with further examination has to be explored with large population for longer duration before suggesting yoga as an alternative treatment.

**Mohammad Reza Mehravar (2018)** conducted a study "The effect of eightweekpilate s exercise on the thyroid function in sedentary women". Twenty two sedentary women aged between 25 to 40 years old participated in this study as the subject. The subjects were split into Pilates batch (n=11) and non-Pilates batch (n=11) equally. The subjects in the pilates group performed 60 min pilates exercise, 3 times a week for 8 weeks. Body composition parameters, T3, T4 and TSH concentrations were measured during the start and end of the intervention. The results revealed decrease in body fat percent after pilates exercise (P however for T3, T4, and TSH concentrations no significant changes were observed. The study concludes pilates exercise utilized in this study had not significant effect on thyroid function in sedentary women.

**Research objective:**

1. To determine whether yoga cause any influence on health related physical fitness, bio-chemical and psychological variables among college women with irregular menstrual cycle.
2. To determine whether pilates exercises cause any influence on health related physical fitness, bio-chemical and psychological variables among college

women with irregular menstrual cycle.

**Research hypotheses:**

1. There would be significant difference among experimental and control group on health related physical fitness variables due to the practice of yoga and pilates exercises.
2. There will be a positive influence and significant difference among experimental and control group on bio-chemical variables due to the practice of yoga and pilates exercises.
3. It is further hypothesized that there will be significant differences among the experimental and control group on psychological variables due to the practice of yoga and pilates exercises

**Methodology:**

**Selection Of Subjects:**The subject for the study was selected from MohanlalSukhadia University, Udaipur, Rajasthan. Forty five female with menstrual problem were selected as subject and aged from 18 to 22 years as per the college record. They were spilt into three different groups namely yogic training (group I), pilates training (group II) and control group (group III). The voluntary concern of the participants was collected and it was assured that the engaging in the physical activity program will not have any threat to participants in any mode. The consent from subjects was taken beforehand. The concerned authorities were also acquainted with the procedures and purpose of the study and their consent was taken.

**Selection Of Variables:**

1. Health Related Physical Fitness

Following Health related components of the subject will be assessed.

a. Cardiovascular Endurance
b. Muscular Strength
c. Muscular Endurance
d. Flexibility
e. Body Composition

2. Bio-chemical variables

a. Hemoglobin
b. Thyroid hormone

3. Psychological variables

a. Stress
b. Anxiety

**Test And Criterion Measures (see innext page)**

**Statistical Procedures:** For the purpose of the present study forty five women from MohanlalSukhadia University, Udaipur, Rajasthan were selected and divided into three groups equally (n=15). The subjects were tested on selected criterion variable prior to and immediately after twelve weeks of training programme as pre and posttests respectively. The collected data was analyzed statistically by using ANCOVA followed by Scheffe's post hoc test. The level of significance was fixed at 0.05.

**Conclusions:**

1. Yogic training has shown significant improvement in health related, bio-chemical and psychological variables among college women.
2. Pilates training has shown significant improvement in health related, bio-chemical and psychological variables among college women.
3. The 12 week training program did not have any improvement on Triiodothyronine (t3) and Thyroid stimulating hormone (THS) on both yogic and pilates batch.
4. The yogic training has shown significant changes in triceps and suprailiac when comparing with the pilates group, but there is no significant changes among the groups.

**Recommendations for further studies:**

1. Equivalent studies may be carried out on sports women with different age group.
2. More studies may be encouraged on pilates exercise relating to menstrual problems.
3. More studies may be encouraged by giving different training programme relating to menstrual problems.
4. The results of the study may be sent to the head of the institution were the training was conducted, requesting them to carry out the training programme to the subjects for longer duration to overcome the menstrual problems which has been taken into consideration in this study in order to promote betterment of health.

**References:-**

1. Arora S, Bhattacharjee J. Modulation of immune responses in stress by Yoga. Int J Yoga. 2008;1(2):45-55. doi: 10.4103/0973-6131.43541.
2. Bavli, O., &Koybasi, O. (2016). Investigation the effects of 6 weeks pilates exercises on biomotorical variables asnd self-esteem scores of young women. Turkish Journal of Sport and Exercise, 18(1), 127-131.
3. Kumar, A., &Srivastava, K. (2011).Cultural and social practices regarding menstruation among adolescent girls.Social work in public health, 26(6), 594-604.
4. Omidvar, S., Amiri, F. N., Bakhtiari, A., & Begum, K. (2018).A study on menstruation of Indian adolescent girls in an urban area of South India.Journal of family medicine and primary care, 7(4), 698.
5. Paithankar, S. M., &Hande, D. (2016).Effectiveness of Pilates over Conventional Physiotherapeutic Treatment in Females with Primary Dysmmenorrhea. IOSR Journal of Dental and Medical Sciences, 15(4), 156-163.

**Test And Criterion Measures:**

| S. | Variables | Test Items | Unit Of Measurements |
|---|---|---|---|
| **Health Related Physical Fitness** | | | |
| 1 | Cardiovascular endurance | Cooper 9 minutes run/walk test | Minutes |
| 2 | Muscular strength | Flexed arm hang | Minutes |
| 3 | Muscular endurance | Floor sit ups | No/Minutes |
| 4 | Flexibility | Sit and reach test | Centimeters/Inches |
| 5 | Body composition | Skin fold measurements | Score as per conversion by norms |
| **Biochemical Variables** | | | |
| 6 | Hemoglobin | Blood test | Grams per liter g/dl |
| 7 | Thyroid | Blood test | mIU/L |
| **Psychological Variables** | | | |
| 8 | Stress | Cohen Perceived Stress Questionnaire | Scores |
| 9 | Anxiety | Hamilton Anxiety Rating Scale (Ham-A) | Scores |

*************

# मन्नू भंडारी के उपन्यासों में स्त्री विमर्श

**सबीना खान***

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** मन्नू भंडारी ने अपने उपन्यासों में स्त्री जीवन का यथार्थ चित्रण सजीव एवं ज्वलंत रूप से किया है। समाज में स्त्री 'स्व' अस्तित्व की प्राप्ति के लिए लगातार संघर्ष कर रहीं है। आधुनिक युग के बौद्धिक समाज में चल रहें 'स्त्री विमर्श' के बीच मन्नू भंडारी के उपन्यासों में स्त्री विमर्श का अपना अलग ही स्वरूप दिखाई देता है। मन्नू भंडारी के उपन्यास 'एक इंच मुस्कान', 'आपका बंटी', 'स्वामी' और 'महाभोज' में स्त्री जीवन के विभिन्न समस्याओं को दर्शाया गया है। जिसके अन्तर्गत दाम्पत्य जीवन में विघटन, सामाजिक एवं पारिवारिक संबंधों में टूटन, हमारे समाज व्यवस्था में पुरूष प्रधानता की समस्या, पुराने एंव आधुनिक संदर्भो के बीच पीसती हुई नारी, अनमेल विवाह की समस्या, तलाक की समस्या, नैतिक मूल्यों की समस्याओं को संकलित किया गया है। सामाजिक समस्याओं के अन्तर्गत सामाजिक अन्यायों, अमानवीय शोषण की समस्या को रेखांकित करते हुए पति-प्रेम वंचिता नारियों की विडंबनाओं को भी रेखांकित किया गया है।

**प्रस्तावना –**स्त्री जीवन के यथार्थ एंव परिवेशानुकूल रुप का चित्रण करने वाली लेखिका मन्नू भंडारी ने आधुनिक भारतीय नारी के द्वन्द्ध को रेखांकित करते हुए उसके व्यक्तित्व में कहीं परंपरावदी तो कहीं आधुनिक सोच के नयेपन को दर्शाया है। अपने उपन्यासों में जीवन के मूक क्षणों को बयान करते हुए अपने अनुभवों एंव संघर्ष को लेखिका के रुप में प्रस्तुत किया है। एक नारी के रुप में किये गए संघर्षो के आधार पर हम मन्नू भंडारी को स्त्री विमर्श का दस्तावेज मान सकते है। स्त्री विमर्श की सभी समस्याओं और संघर्षो को मन्नू भंडारी के उपन्यासों में देखा जा सकता है, जिसमें कहीं लेखिका पुराने परंपरावाद को तोड़ती हुई नज़र आती है तो कहीं आधुनिक सोच के कारण स्वयं टूटती हुई दिखाई पड़ती है।

**स्त्री विमर्श –** स्त्री विमर्श का शाब्दिक अर्थ स्त्री से जुडे विभिन्न पक्षों पर गहन विचार, विनिमय, चर्चा-परिचर्चा तथा चिंतन-मनन करन की पद्धति माना जा सकता है। 'नारी विमर्श दो शब्दों को मिलाकर बना है। नारी अर्थात् स्त्री, गृह लक्ष्मी, और और विमर्श अर्थात्, वाद-विवाद, सोच विचार, विचार-विमर्श, सलाह इत्यादि। नारी विमर्श से अभिप्राय नारी के बारे में सोच विचार, समाज में उसकी स्थिति क्या है, कैसी होनी चाहिए आदि के बारे में सलाह-मशविरा करना ही नारी विमर्श है।'

अंग्रेजी में 'स्त्री-विमर्श' को 'Women Discousse' एवं नारीवादी सिद्धान्त को 'Feminism' कहा जाता है। समाज में पितृसत्ता स्थापित होने केक कारण सदियों से होते आए शोषण और दमन के प्रति स्त्री चेतना ने ही स्त्री-विमर्श को जन्म को दिया। आत्म चेतना, आत्म सम्मान, आत्म गौरव, समता और समानाधिकार ही पहल का दूसरा नाम है। स्त्री को अपने अस्तित्व के बोध ने विमर्श की प्रेरणा दी।

**मन्नू भंडारी के उपन्यासों में स्त्री विमर्श –**स्त्री जीवन के यथार्थ एवं परिवेशानुकूल रूप का चित्रण करने वाली लेखिका भंडारी ने आधुनिक भारतीय नारी के द्वन्द्ध को रेखांकित करते हुए उसेक मन्नू व्यक्तित्व में कहीं परंपरावादी तो कहीं आधुनिक सोच के नयेपन को दर्शाया है। अपनी आत्मकथा एवं साक्षात्कारों में अपने जीवन के मूक क्षणों को बयान करते हुए अपने अनुभवों, संघर्ष एवं एक लेखिका के रूप में किये गये संघर्षो को प्रस्तुत किया है। एक नारी के रूप में किये गये संघर्षो के आधार पर हम मन्नू जी के साहित्य को 'स्त्री-विमर्श' का दस्तावेज मान सकते हैं। स्त्री विमर्श की समस्याओं एवं संघर्षो को मन्नू भंडारी के उपन्यासों में देखा जा सकता है, जिसमें कहीं लेखिका पुराने परंपरावाद को तोड़ती हुई नज़र आती है तो कहीं आधुनिक सोच के कारण स्वयं टूटते हुई दिखाई पड़ती है।

मन्नू भंडारी के उपन्यास लेखन में भी स्त्री संघर्ष को स्त्री विमर्श के माध्यम से उठाया गया है स्त्री की संवेदना, नारी का दमन, उसकी पीड़ा, एवं सुख-सपनों की कल्पना को लेखिका के उपन्यासों में स्त्री विमर्श के रूप में अभिव्यक्ति हुई है।

**'एक इंच मुस्कान'** उपन्यास की मुख्य नायिका अमला एक परित्यक्ता स्त्री है। पति द्वारा त्यागी गई होने के कारण उसे अब विवाह बंधन से घृणा हो गई है क्योंकि विवाह के कारण ही उसे आतंरिक पीड़ा एवं अपमान सहना पड़ा है। पिता के द्वारा पुनर्विवाह का प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए कहती है 'नहीं!... मैं किसी से विवाह करना नहीं चाहती किसी से भी नहीं में इतनी निर्बल और निरीह नहीं हूँ कि जीवन, बिताने के लिए कोई सहारा चाहिए।' अमला अपना अकेलापन अव विवाह बंधन में बंध कर दूर करना नहीं चाहती क्योंकि उसे अपने पहले विवाह बंधन के द्वारा दिया गया 'घाव' अब कभी भर नहीं पायेगा, अब किसी पुरुष पर वह विश्वास ही नहीं कर पाएगी। वह अब अपने जीवन में आये सभी पुरुषों को अपना साधन मात्र बनाती हैं, विवाह बंधन में कभी नहीं बंधती विवाह विरोध के कारण मिले हुए दंश को भूला नहीं पाती। यहाँ पर स्त्री की त्रासदी का कारण उसका पति होता है जो उसे त्याग कर अपमानित कर स्त्री के मन को दु:ख संत्रास देते हुए उसे एक अपूर्ण व्यक्तित्व बनने पर विवश कर देता है। यहाँ पर लेखिका यह कहना चाहती है कि एक पुरुष से त्यागे जाने पर अमला को विवाह बंधन से मुक्त नहीं होना चाहिये। किसी दूसरे पुरुष से साथ बंधना चाहिए हाँ पर विवाह

बंधन में शोषण प्रताड़ना को कभी भी सहना नहीं चाहिए।

इसी उपन्यास में और एक मात्र 'रंजना' 'अमर' से विवाह करने के बाद बहुत खुश थी परंतु अमर को विवाह के बाद एक दकियानुसी पुरुष मानसिकता के प्रभाव को देखते हुए वह कहती है 'आप दोष हम लोगों पर लगाते हैं, यह है कि आपके भीतर वही पुराना सामन्तवादी पति जिन्दा है... आप चाहते हैं कि पत्नी नौकरी तो करे ही, साथ ही साथ घर की देखभाल करे, नौकर से सिर मारे कपड़े संभाले, बटन लगाए, बच्चे खिलाए... फिर पति की पूरी सेवा भी करे उसका चौका-चुल्हा करें, हाथ-पाँव दबाए फिर भी पति को यही शिकायत कि न वह पति को देखती है न घर को अच्छा इतना ही नहीं, पति को सारी छूटे हैं वह दुनिया भर की खुराफातें करें, मटरगस्ती करें, दोस्तों में घूमे और अपने पर चाहे जितना खर्च करें .....' यहाँ पर रंजना ने पूरे स्त्री विमर्श के सभी रूपों का चित्रण करते हुए पुरुषवादी समाज को बेनकाब कर दिया है। जहाँ पुरुष को स्त्री के रूप में एक सेविका चाहिए जो उसके आदेशानूसार हमेशा उसकी सेवा में प्रस्तुत रहें।

**'आपका बंटी'** उपन्यास की प्रमुख पात्र 'शकुन' की अंतरद्वन्द्व का चित्रण करते हुए लेखिका यह कहती है कि शकुन के खंडित व्यक्तित्व पत्नी एवं मातृत्व में बँट कर रह जाता है। वह अपने स्व को स्थापित करने में अंत तक सफल नहीं हो पायी। आत्मनिर्भर एवं शिक्षित होने के कारण वह अपने पति के समकक्ष एक चुनौती बन जाती है उसका पति उसे तलाक देकर उसे तोड़ना चाहता है तो वही शकुन भी आधुनिक स्त्री का परिचय देते हुए अपने पति के दिये गये चुनौती को स्वीकार करते हुए अपने पति के अहं को ठेस पहुँचाने के लिए एवं स्वयं को सुखी करने के लिए भी दूसरा विवाह एक डाक्टर से कर लेती है। दूसरे पति से उसे वह सारे सुख मिलते हैं। जो उसे अपने पहले पति से प्राप्त नहीं हुए यहाँ पर मन्नू भंडारी का स्त्री विमर्श यह कहता है कि जब पति-पत्नी का दाम्पत्य जीवन गड़बढ़ाने लगें तो दूसरा विवाह कर दोनों को अलग-अलग जिन्दगी व्यतीत करना चाहिए ना कि एक-दूसरे को शोषित एवं प्रताड़ित करना चाहिए।

**'स्वामी'** उपन्यास की नायिका 'मिनी' प्रेमी एवं पति के बीच अपने व्यक्तित्व में प्रेमिका एवं पत्नी के रूपों में अपने पत्नी रूप का चयन करती है। वह अपने चल रहे अद्धन्द्ध में सफलता प्राप्त करते हुए पति से कमतर नहीं बल्कि एक साथी के रूप में ग्रहण करती है जो उसके अंदर आधुनिक स्वतंत्र विचारों के कारण संभव हो पाता है। मन्नू भंडारी के स्त्री विमर्श का यही मानना है कि स्त्री पुरुष को सहयोगी साथी एवं मित्र की भाँति जीवन यापन करना चाहिए। जहाँ दोनों एक दूसरे के व्यक्तित्व को सवारे एवं एक दूसरे को जीवन में सफलता की ओर अग्रसर करें।

**'महाभोज'** की सभी नायिका पात्र रूढ़ीग्रस्त संस्कारों से बंधी हुई नारी है जो पति के सुख में सुखी एवं पति के दु:ख में दु:खी हो जाती है। यहाँ पर स्त्री का व्यक्तित्व पति के साथ जुड़ने के बाद ही सम्पूर्ण होती है। यहाँ पर लेखिका ने स्त्री विमर्श के अहम मुद्दे की बात की है जो यह कहता है कि भारतीय स्त्री की मानसिकता अभी तक बहुसंख्य में पत्नीव्रत की है। जिसके कारण स्त्री-विमर्श का सही रूप से व्यवहार में लाना संभव नहीं हो पा रहा है। आधुनिक समाज में रूढ़ि बन चुकी संस्कारों को तोड़ कर परिवर्तन की माँग करता है स्त्री विमर्श स्त्री के समक्ष उत्पन्न हुई चुनौतियों को अस्वीकार कर नियति मानना नहीं है बल्कि चुनौतियों को स्वीकार करते हुए परिवर्तन लाना है क्योंकि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। स्त्री के स्थिति में बदलाव होने के पश्चात् ही स्त्री विमर्श का पूर्ण रूप से विकास संभव हो पायेगा। तथा स्त्री विमर्श के विकास के साथ ही स्त्रियों का विकास एवं सफलता का संलग्न जुड़ा हुआ है। मन्नू जी यह स्वीकार करती है कि स्त्री की स्थिति को बदलने के लिए सर्वप्रथम उसे शोषण से पहचान करवाना जरूरी है, जिस दिन वह शोषण की पहचान करना सीख जाएगी वह विद्रोह करना स्वयं ही सीख जाएगी। 'मध्यवर्गीय भारतीय औरत की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि उसे अपने अस्तित्व को कुचलने वाली स्थितियों की, अलग-अलग स्तरों पर अपने शोषण की पहचान ही नहीं होती।'

मन्नू भंडारी के कथा साहित्य में स्त्री पात्र अपने-अपने परिवेशानुकूल परिस्थितियों के अनुरूप संघर्ष करती हुई प्रतीत होती है। वैवाहिक संबंधों से पैदा होने वाले तनावों, दबाबों, असमंजस एवं द्वंद्ध को झेलते हुए स्त्री जीवन में कहीं प्रतिकार करती हुई नज़र आती है तो कहीं समझोतावादी तो कहीं अपनी हार स्वीकार करती हुई दिखाई पड़ती है। स्त्री जीवन की सभी प्रकार की समस्याओं को अपनी रचनाओं के माध्यम से उजागर किया है। इन सभी समस्याओं को निरूपित करते हुए उन्होंने अपनी रचनाओं के स्त्री पात्र गढ़े हैं।

**निष्कर्ष-** मन्नू भंडारी के उपन्यास लेखन में स्त्री संघर्ष को स्त्री विमर्श के माध्यम से उठाया गया है। स्त्री की संवेदना, नारी का दमन, स्त्री की पीड़ा एंव नारियों की विडंबनाओं को दर्शाया गया है। स्त्रियों का सामाजिक समस्याओं के अन्तर्गत सामाजिक अन्यायों, अमानवीय शोषण की समस्या और पति प्रेम से वंचित स्त्रियों की समस्याओं को रेखांकित किया गया है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. जगदीश्वर चतुर्वेदी : स्त्रीवादी साहित्य विमर्श, पृ. सं. 154
2. श्रीराम शर्मा : समकालीन हिंदी साहित्य विविध विमर्श, पृ. सं. 98
3. डॉ. अर्जुन चव्हाण : विमर्श के विविध आयाम, पृ. सं. 125
4. सं. सुधा अरोरा : मन्नू भंडारी: सृजन के शिखर, पृ. सं. 37
5. मन्नू भंडारी एंव राजेन्द्र यादव : एक इंच मुस्कान: सहयोगी उपन्यास, पृ. सं. 89
6. वही, पृ. सं. 196
7. मन्नू भंडारी : आपका बंटी, पृ. सं. 81
8. मन्नू भंडारी : स्वामी, पृ. सं. 30
9. मन्नू भंडारी : महाभोज, पृ. सं. 122
10. वही, पृ. सं. 123

**************

# A Study on the Effectiveness and Possibilities of Online Marketing

**Dr. Balmukund Baghel***

*Senior Lecturer, MOM, Govt. Polytechnic College, Narsinghpur (M.P.) INDIA

**Abstract -** Online marketing today and tomorrow is a revolutionary change in the world of marketing as discussed in the title of my research paper on its relevance and possibilities, Our prediction is about the game changer or future market .How it reflect to the success of business ,brand and products. Now days we have a many of advertisement methods because of unlimited and different types of customer in the world .we cannot expected that all peopleTake the advantages of online marketing Because there are still many limitations in it, which we have discussed in the research paper.But right now its reach in rural areas or small towns is negligible, which will increase with infrastructural development and it will benefit both producer and consumer.
**Keywords**: Online, Digital, Marketing Brands, Internet Consumer, Business, Entrepreneur, Social Media.

**Introduction -** Business, entrepreneurship, startups are being discussed the most in the world today because this is the area that can connect maximum people with employment and by fulfilling the needs of the people, more and more money can be earned from this area. Business has become the base point of the economy. Talking about business and not talking about marketing strategies, it cannot happen because it is an important factor in making the business successful.No one would have thought that one day internet will become the main tools of online business but today online business is a reality.It is also known as digital marketing. Paytm wallet on Zomato,policy bazaar,byjusLike there are many different platforms whose basis of business is online marketing.In such a situation, the effectiveness of online marketing and its growing scope have to be accepted.There is a population of around 140 crores in India or gradually the reach of mobile is increasing to every person. Most of the people are connected with the social networking site Facebook, WhatsApp, Instagram, online gaming, online chatting and there is a lot of online advertisement in every platform. Just imagine how many internet marketing alerts you receive on hourly basis And how many of them are promotional base. These promotions bring you an infinite variety of choice of consumer goods and services. Therefore, the whole world has gone Know the potential of your marketing device.

These advertisements definitely leave their mark directly or indirectly. And people are aware of everything.Online selling companies like Amazon, Flipkart, Nykaa etc. have made the products of small entrepreneurs accessible to the general consumer by allowing them to open accounts by registering in their sites for the promotion of small entrepreneurs.These small businessmen are also earning good profits by taking the help of online marketing and promoting their business and the product is getting recognition. Apart from this, there are many entrepreneurs who have created their own website and started selling goods directly to the consumer by advertising on their social website. It makes good and cheap goods available to the consumer.Now it has become such that whether you are a small or big businessman, you have to take the support of online marketing, otherwise the business will lag behind due to the competition of the business.It is mandatory for a business or entrepreneur that along with other marketing methods, he must adopt the method of online marketing.The consumer has also become aware and before buying the item, he sees that on which website the item of his choice is available at the right price, so marketing is needed by both the Manufacturer and the consumer.

**Statement Of The Problem:** There are two sides of the same coin, where there is profit, there is also the possibility of loss. It is true that online marketing is emerging as a successful tool, but some of its draw backs are also coming to the fore.In this crowd of online marketing, it is difficult to identify which website is right or not, which product is useful or not, the price of the product is right or not.Online marketing is more difficult to establish a new product or brand because the customer does not easily trust a product.Online marketing also gets to read the news of fraud from time to time, many people also become victims of fraud through this medium.Duplicate goods are also available in online marketing, in such a situation, the

identification of fake and real remains difficult.Companies or organizations use marketing research to manage the risks of investments which is associated with offering new products and services. These organizations don't want to spend too much money developing a product line so that research indicates will be unsuccessful one. Some problems make marketing research costly which make cost price higher and produce results of questionable value for the organization.

**The Significance Of online marketing:** Whether the business is big or small, online marketing is proving to be a boon. People who are expert in any art or know any productBefore online marketing came, they could not understand how to sell their product, how to connect with the customer.But online marketing has removed all the hurdles.Now the business is not limited to any village, town, or India but has become global.This is the reason that after the end of the Corona period, the number of small entrepreneurs is increasing rapidly.Now this is just the beginning, we are moving towards 5G network, in which internet speed will increase a lot, those areas which were not covered in 4G technology will also be able to take advantage of internet facility after 5G revolution.This revolution of online marketing is not going to stop but will increase day by day and quadruple speed and one day no consumer will remain untouched by its benefits.The ability to reach out to anyone and anywhere as there are no geographical boundaries with digital Target the right audience at the right time - personalization is simpler with digital marketing Communicate with your prospects at every stage of the buying process.

Save money and reach more customers for less Get to know your audience and drive engagement to create brand loyalty. Get some inspiration from the power of customer loyalty schemes. Track and monitor responses to your marketing efforts easily and instantly.

**Objectives:**

1. TO Knowing how the digital marketing is effective and how many possibilities are hidden in it.
2. To know how digital marketing can change the life of entrepreneur and consumer.
3. To know what are the factors of success in digital marketing and what are the obstacles in front of it.
4. To know how digital marketing is different from the old methods and how to grow and expand business using it.

**Limitation:** Every technology or method has its own advantages and some disadvantages, here an attempt has been made to know which factors are becoming a hindrance in online marketing.Some of the obstacles may be-

1. Online marketing is still successful in connecting with the consumer of urban area only, now it is a big challenge for him to reach rural area.
2. Even today, many consumers do not like online marketing because they have learned the habit of seeing the item in the showroom with their eyes and touching it with their hands.They have a fear online that they might find something different than what they are thinking.
3. Bargaining facility is not available in online marketing and many consumers consider it essential while buying goods.
4. In online marketing, the consumer thinks that the wrong item has arrived or if he does not like it, then who will take the hassle of returning it?
5. In online marketing, the consumer thinks about the new item whether its price is right or not.

**Research Methodology**

**Primary Data & Secondary Data:** in relation to online marketing, along with the academic staff working in Government Polytechnic, Narsinghpur, II, IV And in the final year about 50 students of various branches running in the institution were discussed face to face through online / digital marketing .this is a primary data which is use in research paper .Also, where necessary, the material available in various general magazines, internet has been made the basis so that the research can prove to be more authentic.

**Definitions:**

**1. Consumer Purchasing Decision:** Consumer purchasing decision refers to final decision a consumer takes after considering all the factors such as income of the person, quality of the product, brand equity of the company etc, to make payment for the purchased product to make the purchase final.

**2. Brand Perception:** This refers to the set of characteristics a potential consumer relates a particular product/company/brand with in order to make associations with. The perception of a particular brand maybe influenced by factors such as marketing of that particular brand, social campaigns carried out by that brand, consumer satisfaction/ dissatisfaction of that particular brand after consuming that brand and word of mouth image that brand has established.

**3. Email Advertising:** This refers to the exchange of product discussions/views/testimonials through emails shared between consumers with consumers, triggered by the companies.

**4. Online word of mouth marketing:** Marketing the product online through various techniques including social media such as Facebook, Twitter; including consumer blogs to encourage viral marketing.

**5. Chat section:** One to One or One too many discussions on the internet on established chat forums designed to facilitate opinions, troubleshooting, recommendations and suggestions regarding one or more products.

**Conclusion:**With the rapid change in technology,Every other person has a mobile in their hands and many people are spending most of their time in social media networks, television is constantly running advertisements, people are sharing each other's thoughts about products online,

technology of internet like 5G is going towards Internet infrastructure is increasing in every village, from that it can be said that no one can stop the online revolution. But here it is also necessary that the entrepreneur lays emphasis on branding. Build a brand so that the consumer does not get duplicate goods, the consumer buys the right goods at the right price, his digital marketing experience is pleasant.

According to the research of sample size 50 respondents, we came to know that there is no direct connection of the studied variables (Consumer Purchasing Decision, Brand Perception and Online marketing through Consumers). Consumers either strongly agree or agree that brand's existence on social media is essential for growth. Almost every manager agrees that marketing through word of mouth has major impact than doing it through chat section or email advertising social media networks like Facebook, WhatsApp, Instagram. tweeter etc. Consumers do select word of mouth as a major tool for online marketing. The objectives we had set for this research paper and the hypothesis we had made prove to be true to a great extent that online marketing is leading to a change in the behaviour of the customers. Whether it is an entrepreneur or a customer, both are benefited. Many items which are not available in the local market, while the customer needs, are easily available in the online medium at the right price and the person does not have to wander.There are some things that will change with time, such as the matter of connecting rural areas, it depends on the development of infrastructure and logistics, distribution mediums, this will also change.

**References:-**


1. Applying Quantitative Marketing Techniques to the Internet, Journal of Marketing, Vol. 31, No. 2, pp. 90-108. British Journal of Marketing Studies Vol.1, No.4, pp. 11-19, December 2013 Publish By European Centre for Research Training and Development UK (www.ea-journals.org)
2. https://www.wikipedia.org/
3. Epic Content Marketing, Joe Pulizzi September 24, 2013
4. Permission Marketing, Seth Godin 252 February 20, 2007
5. Digital Marketing For Dummies, Ryan Deiss and Russ Henneberry Dec 27, 2016
6. Häubl, Gerald, and Valerie Trifts. “Consumer decision making in online shoppingenvironments: The effects of interactive decision aids.” Marketing science 19, no. 1(2000): 4–21.


************

# कृषि क्षेत्र मे किसान कल्याणकारी योजनाओं का योगदान राजस्थान के संदर्भ में

**रोहित कुमार लोहार***

* सहायक आचार्य (भूगोल) हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बांसवाडा (राज.) भारत

**शोध सारांश –** कृषि को बढावा देने के लिए किसान कल्याणकारी योजनाएं रीढ़ की हड्डी साबित होती है। क्योंकि 21वीं शताब्दी में भी भारत की कुल कार्यकाल आबादी का 54.6% कृषि व उससे संबद्ध क्षेत्र के कार्यकलापों में लगी हुई है।

CSO के राष्ट्रीय आय अनुमानों के अनुसार वर्ष 2018-19 के दौरान कृषि का GYA योगदान 16.1% है।

किसान कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से केन्द्र सरकार व राज्य सरकारें समय-समय पर किसानों की आय में वृद्धि हेतु व आत्मनिर्भरता हेतु कई कदम उठाती है।

कृषि के विकास के लिए व कृषकों की समृद्धि के लिए सरकारों द्वारा जारी योजनाएँ कौन-कौनसी है, किसान कैसे लाभान्वित होते है, कितने किसान लाभान्वित हुए है, इसकी जानकारी योजनाओं के धरातल स्तर पर पहुँचने से प्राप्त होती है।

**प्रस्तावना –** भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि एक महत्वपूर्ण आधार रही है, कृषि कार्यो को बढ़ावा देने के लिए ससरकारें आजादी के बाद से ही प्रतिबद्ध है। योजना आयोग द्वारा प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) में कृषि पर विशेष जोर दिया गया, चौथी पंचवर्षीय योजना (1969-74) में हरित क्रांति में खाद्यान्न फसलों में उन्नत वृद्धि हुई।

पाँचवी पंचवर्षीय योजना (1974-79) में कृषि उत्पादन व आत्म-निर्भरता पर जोर दिया गया।

इन सभी पंचवर्षीय योजनाओं में किसानों की आय में वृद्धि व विभिन्न यंत्रीकरण के साधनों को बढावा देने के लिए कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन समय-समय पर केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा किया गया।

योजना आयोग से नवगठित नीति आयोग द्वारा विभिन्न कृषि व किसान कल्याण योजनाओं को आवश्यकतानुसार परिवर्तित करके किसानों को लाभान्वित करने का कार्य वर्तमान सरकारों द्वारा जारी है।

वर्तमान समय में केंद्र सरकार व राजस्थान सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही प्रमुख कल्याणकारी योजनाएँ निम्न है –

**(अ) केन्द्र सरकार की किसान कल्याण योजनाएँ :**

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना
2. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
3. प्रधानमंत्री वन धन योजना
4. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना
5. प्रधानमंत्री कुसुम योजना

**(इ) राजस्थान सरकार की किसान कल्याण योजनाएँ-**

1. मुख्यमंत्री बीज स्वावलम्बन योजना
2. राजस्थान कृषक ऋण माफी योजना – 2014
3. मुख्यमंत्री किसान मित्र योजना
4. राजस्थान किसान सेवा पोर्टल
5. महिला विकास ऋण योजना
6. महात्मा ज्योतिबा फुले मण्डी श्रमिक कल्याण योजना
7. मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना आदि।

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि –** देश के छोटे व सीमांत किसानों को कृषि कार्यों में सहायता के लिए भारत सरकार द्वारा 1 दिसम्बर 2018 को शुरू किया गया।

इस योजना में किसानों को प्रत्यक्ष खाते में आर्थिक सहायता के रूप में 2-2 हजार रु. वर्ष में तीन किश्तों में 6 हजार रु सहायता दी जा रही है।

अब तक किसानों को 10 किश्ते जारी की जा चुकी है। जिसके अन्तर्गत तीन वर्षो में 20 हजार आर्थिक सहायती दी जा चुकी है।

1 जनवरी 2022 तक देश के 10,54,71892 किसान लाभांवित हो चुके है। व राजस्थान के वित्तीय वर्ष-2021 में 58% किसान लाभांवित हो चुके है, 79,89,345 किसानों को 45,96,808 रू पेमेंट हो चुका है। उक्त योजना में किसानों के अधिक लाभांवित करने के लिए Mobile Application को लॉच किया है।

यह योजना किसानों के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध होगी। इस योजना के लिए पात्र-अपात्र कृषकों को भौतिक सत्यापन किया गया। इस कार्य में डूंगरपुर जिला पुरे राज्य में प्रथम स्थान पर रहा। डूंगरपुर जिले के वर्तमान में कुल लाभार्थी कृषकों में से रेण्डम आधार पर 5 प्रतिशत, 6 हजार 647 मे से 6,524 पात्र व 123 अपात्र का भौतिक सत्यापन कर 100% कार्य पूर्ण कर पुरे राज्य में प्रमि रहा।

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना –** किसानों की फसल अक्सर प्राकृतिक आपदाओं जैसे आँधी, तुफान, औलावृष्टि, तेज बारिश के खराब हो जाती है। इसके पूर्नभरण के लिए 18 फरवरी, 2016 को इस योजना की शुरूआत

की गई थी।

फसल बीमा योजना के अन्तर्गत किसान को खरीफ की फसल के लिए 2% रबी की फसल के लिए 1.5% एवं बागवानी फसलों के लिए वार्षिक 5% राशि लेकर फसल बीमा किया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री वन धन योजना –** जनजातिय समुदाय द्वारा पैदा की जाने वाली लघुवन, कृषि, प्रौद्योगिकी व उद्यानिकी उत्पादों के संग्रहण कर उचित मूल्य दिलाने के लिए 'जनजातिय कार्य मंत्रालय भारत सरकार' व ट्राईफिड के माध्यम से सन् 2018-19 में सम्पूर्ण भारत में 300 वन कलस्टर बनाकर शुरू किया गया।

राजथान में जनजाति उपयोजना व सहरिया क्षेत्र के 27 कलस्टर व 6 वन धन विकास केन्द्रों को कार्यशील किया गया जिसके द्वारा वन उपजों, आयुर्वेदिक औषधियों का संग्रहण, पैकिंग व विपणन की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

राजीविका द्वारा मगवास कलस्टर (उदयपुर) ससे 75 क्विंटल हर्बल गुलाल का विपणन किया गया।

**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना –** फसल उत्पादकता बढ़ाने व किसानों की मानी को बचाने के लिए सभी श्रेणी के किसानों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार का 60 : 40% अनुपात के आधार पर योजना को लागू किया गया है जिसके अन्तर्गत ड्रिप व फव्वारा पत्रों के वितरित किया गया है।

राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त बजट का प्रावधान कर सन् 2020-21 में राज्य अंश 36.67 करोड़ के अलावा अतिरिक्त अनुदान 15.77 करोड़ रू. राज्य विधि द्वारा रखे ० किए गये।

**प्रधानमंत्री कुसुम योजना –** भारत सरकार द्वारा सोलर पंप व सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए 'किसान ऊर्जा ससुरक्षा और उत्थान महाअभियान' (कुसुम) योजना स्वीकृत की गई।

राजस्थान में कुसुसम योजनानतर्गत प्रथम सौर ऊर्जा संयंत्र जयपुर जिले के 'भालोजी' गाँव के स्थापित किया गया।

इस योजना अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा 17 लाख यूनिट प्रतिवर्ष उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

राज्य के किसानों ने उत्साद दिखाते हुए 674 किसानों ने 81.5 मेगावॉट क्षमता के लिए आवेदन किए जिसमें से 623 किसानों की 722 मेगावॉट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जा चुके है।

**मुख्यमंत्री बीज स्वावलम्बन योजना –** इस योजना का उद्देश्य किसानो को खेतों में अच्छी किस्म के बीजों को बढ़ावा देना ही यह योजना राज्य के समस्त 10 कृषि जलवायु खण्डों में कि जा रही है। जिसके अन्तर्गत गेहूँ, जो, चना सोयाबीन, मूंग, मोढ़, मुंगफली आदि किस्मों को शामिल किया गया है।

**राजस्थान किसान सेवा पोर्टल –** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों की सुविधा के लिए 'राज किसान साथी' पोर्टल शुरू किया गया जिसके अन्तर्गत विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध रवाने के लिए वेबसाइट बनाई जा रही है व किसानों के मोबाईल पर मैसेज भेज कर जानकारी दी जाती है।इसकी जानकारी http://rajkaushal.rajasthan.gov.in पोर्टल के माध्यम से ली जा सकती है।

**राजस्थान कृषक ऋण माफी योजना – 2019–** राज्य सरकार द्वारा उन्नयन, 2018 तक के सभी लघु अवधि ऋणों को माफ करने का ऐतिहासिक, निर्णय किया जिसके अन्तर्गत दिसम्बर, 2020 तक 20.58 लाख ऋणी किसानों को 7,739.29 करोड़ से लाभांवित किया गया। आधार प्रमाणीकरण के द्वारा इस योजना से किसानों के लाभांवित किया जा रहा है।

**मुख्यमंत्री किसान मित्र योजना –** माननीय मुख्यमंत्री अशोक जी गहलोत द्वारा इस योजना का प्रावधान 2021-22 के बजट में किया था योजनान्तर्गत कृषि उपभोक्ताओं को बिजली के बिल पर प्रतिमाह 1000 रू. अधिकतम 12 हजार रू प्रतिवर्ष अनुदान दिया जायेगा इस योजना का लाभ, मई, 2021 से मिलना प्रारंभ हो गया है

**उद्देश्य:**

1. विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं का अध्ययन करना।
2. किसान कल्याणकारी योजनाओं से किसानों को मिलने वाली सुविधाओं का अध्ययन करना उनकी जानकारी आमजन तक पहुँचाना।
3. किसान भाईयों में सामाजिक, आर्थिक स्तर पर आये बदलावों को ज्ञात करना।
4. कृषि योजनाओं से कृषकों की बदलती हुई कृषि प्रवृत्ति का अध्ययन करना।
5. कृषक मित्रों की आय को 2022 तक दोगुना करने का ससरकारी लक्ष्य आधारभूत धरातल पर कहा तथा सिद्ध हुआ है का अध्ययन करना।
6. कृषि योजनाओं के द्वारा कृषकों को लाभांवित प्रक्रिया में होने वाली असुविधा को दूर करने का सूअवसर देना।

**शोध प्रविधि –** प्रस्तुत शोधपत्र विवरणात्मक प्रवृत्ति का है जिसमें केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा जारी विभिन्न द्वितीय स्त्रोतों का प्रयोग किया गया है। जिसने सुजस, आर्थिक समीक्षा, बजट, भारत सरकार व राज्य सरकार की वार्षिक रिपोर्ट, समाचार पत्र-पत्रिकाएँ व इंटरनेट का प्रयोग किया गया है।

**विषय विश्लेषण –** किसानों की कल्याणकारी योजनाओं को दो रूपों में प्रभावी संचालन किया जाता है। प्रथम केन्द्र सरकार द्वारा जारी कल्याणकारी योजनाएँ व द्वितीय राज्य सरकार द्वारा जारी किसान कल्याण योजनाएँ।

भारत सरकार की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में यह लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं कि 2022 तक किसानों की आय में वृद्धि को दुगुना किया जायेगा। संमेकित व संतुलित मूल्य संरचना को विकसित करके मूल्य निर्धारण नीति द्वारा अधिकतम न्यूनतम सर्मथन मूल्य फसलों में वृद्धि किया जाये जिससे किसानों को वास्तविक लागन का सही मूल्य प्रदान हो सके।

साथ ही कृषि व संबंद्ध क्षेत्रों की GVA भागीदारी प्रतिशत जो 2014-15 में 18.20% से लगातार घटकर 2018-19 में 16.1% हो गई है। जिसे स्थिर करके बढ़ाया जा सके।

राज्य सरकार द्वारा भी केन्द्र सरकार के साथ मिलकर व स्वतंत्र रूप से किसानों की आय में वृद्धि व आर्थिक निर्भरता व कृषि यंत्रों व अल्प सुविधाओं के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक सहयोग राशि व अनुदाभि उपकरण, खाद, बीज आदि उपलब्ध करवाये जा रहे है ताकि किसान देश व राज्य की अर्थव्यवस्था में अपना ससक्त योगदान दे सके।

**निष्कर्ष –** किसान कल्याणकारी योजना की समीक्षा के आधार पर निम्न निष्कर्ष है :

1. किसान योजनाओं से किसान आर्थिक रूप से धीरे-धीरे सशक्त होता प्रतीत हो रहा है लेकिन इसकी तुलना उन्नत देशों के कृषि योजनाओं से की जाए तो यह काफी सीमित है।

2. भारतीय किसान जनसंख्यात्मक रूप से अन्य देशों की तुलना में काफी अधिक है इसलिए प्रभावी योजनाओं के क्रियान्वयन में समय लगता है।
3. लघु एवं सीमान्त किसानों की उन्नति व प्रगति के लिए ये कल्याणकारी योजनाएं नीम का पत्थर साबित होगी जो आने वाले समय में देश की अर्थव्यवस्था को मजबुती प्रदान करने का कार्य करेगी।
4. कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियावयन से किसानों की आय में वृद्धि होने से बेरोजगारी, प्रवास आदि समस्याओं का स्थायी हल निकाला जा सकता है।
5. सुदुर ग्रामीण ईलाकों में किसान योजनाओं से सुक्ष्म व लघु उद्योगों का विकास करके आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार किया जा सकता है।
6. जनजातीय क्षेत्रों मे वन एवं पर्यावरण संवर्धन के साथ ही औषधीय पौधों के संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण का कार्य भी कृषि योजनाओं के माध्यम से प्रभावी सिद्ध हो सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्या विभाग, भारत सरकार वार्षिक रिपोर्ट (2019-20)
2. आर्थिक समीक्षा 2020-21
3. सहकारिता एवं कृषि विभाग, राजस्थान सरकार
4. राजस्थान सुजस नवम्बर-दिसम्बर, 2021
5. राजस्थान सरकारी योजनाएँ-राजस्व (RAJRAS)
6. दैनिक भास्कर अखबार

**वेबसाइट:-**

1. https://pmmodiyojna.in
2. www.agricoop.nic.in
3. agriculture.rajasthan.bav.in
4. https://rawkushal.rajasthan.dav.in
5. Rajkisansathi.portal

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# भारत में न्यायपालिका की भूमिका एवं न्यायपालिका में राजनीतिक प्रभाव -एक अध्ययन

**प्रभाकर सिंह ***

* शोधार्थी, विधि संस्थान, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** न्यायपालिका भारत सरकार का तीसरा बहुत महत्वपूर्ण अंग है। अन्य दो अंग विधायिका और कार्यपालिका हैं। उनके कार्य क्रमश: कानून बनाना और कानूनों का निष्पादन करना है। यह सरकार की रीढ़ है क्योंकि जब भी केंद्र और राज्य के बीच, राज्य और नागरिकों के बीच और राज्यों के बीच कोई विवाद होता है, न्यायपालिका ही एकमात्र अंग है जो विवाद को नियंत्रित करती है और निर्णय पारित करती है। न्यायपालिका द्वारा पारित निर्णय सभी के लिए बाध्यकारी है चाहे वह नागरिक हो या सरकार। न्यायपालिका मानवाधिकारों की संरक्षक, संविधान की रक्षक और भारत में शांति और सौहार्द की प्रवर्तक है। यह सरकार के विधायी या कार्यकारी कार्यों की जाँच और संतुलन करता है।

इस प्रश्न का उत्तर देना बहुत कठिन है कि क्या भारत में न्यायाधीश राजनीतिक प्रभाव से मुक्त हैं? जैसा कि हम सभी जानते हैं कि हमारे देश में नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना भारत में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों की एकमात्र जिम्मेदारी है। इसलिए, यह स्वाभाविक है कि न्यायालयों को व्यापक शक्तियाँ दी जानी चाहिए ताकि वे सद्भाव बनाए रखें और संविधान की प्रस्तावना में निर्धारित उद्देश्य को प्राप्त करें। यदि न्यायाधीश पक्षपाती हो जाते हैं या यदि वे राजनेताओं के प्रभाव में काम करते हैं, तो पूरी व्यवस्था पंगु हो जाएगी।

इस लेख में विभिन्न उदाहरणों का हवाला देकर एक प्रयास किया गया है जो दर्शाता है कि न्यायपालिका अपनी भूमिका निष्पक्ष या बिना किसी राजनीतिक प्रभाव के निभा रही है। न्यायपालिका द्वारा निभाई गई भूमिका अत्यधिक मूल्यांकन योग्य है। यह सजा के पुराने तरीकों से सजा के नए तरीकों की ओर बढ़ रहा है। हमारी न्यायपालिका के इस प्रयास को दुनिया भर में मान्यता और सराहना मिली।

**प्रस्तावना –**भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है। यह तीन मुख्य अंग प्रदान करता है जिन पर लोकतंत्र कार्य करता है। इन तीन अंगों में शामिल हैं

(अ) विधायिका

(ब) कार्यपालिका

(स) न्यायपालिका।

विधायिका कानून बनाने वाली संस्था है। दो सदन हैं अर्थात लोक सभा (निचला सदन) और राज्य सभा (उच्च सदन)। विधेयकों का मसौदा तैयार किया जाता है और लोकसभा में बहुमत के साथ पारित किया जाता है। फिर पारित होने के बाद, विधेयक चर्चा के लिए राज्य सभा में जाता है और यदि यह राज्यसभा में पारित हो जाता है तो यह सहमति लेने के लिए राष्ट्रपति के पास जाता है। राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलते ही विधेयक कानून बन जाता है। कार्यपालिका संविधान का एक अन्य महत्वपूर्ण अंग है। कार्यपालिका द्वारा निभाई गई भूमिका में कानून का प्रवर्तन शामिल है। यदि कानून का शाब्दिक रूप से पालन नहीं किया जाता है तो न्यायपालिका के पास दोषियों को दंडित करने की शक्ति है। इसलिए, न्यायपालिका द्वारा बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है अर्थात दोषी या गलत करने वाले को दंडित करना। इसलिए, न्यायपालिका से अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी भूमिका बहुत सावधानी और निष्पक्षता से निभाए ताकि लिंग, जाति, पंथ या धर्म के आधार पर किसी को न्याय से वंचित न किया जाए।

यह अद्वितीय त्रिस्तरीय व्यवस्था ही वह आधार है जो हमारे संविधान को विश्व का सबसे बड़ा संविधान बनाती है।

1. **न्यायपालिका की भूमिका:** भारतीय संविधान नागरिकों को किसी भी आंशिक निर्णय से बचाता है। इसलिए कानून के शासन के आधार पर निर्णय लेने के लिए सर्वोच्च शक्ति न्यायपालिका को दी जाती है। भारत में अदालतें न तो सरकार द्वारा नियंत्रित होती हैं और न ही वे किसी राजनीतिक प्राधिकरण का प्रतिनिधित्व करती हैं।

**(अ) शक्ति का पृथक्करण:** न्यायपालिका की यह स्वतंत्रता 'शक्ति के पृथक्करण' की मांग करती है। इसका मूल अर्थ यह है कि विधायिका और कार्यपालिका दोनों को न्यायपालिका के कामकाज में हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं है। इसलिए, अपने स्वतंत्र अधिकार को सफलतापूर्वक निष्पादित करने के लिए, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों दोनों के न्यायाधीशों को सरकार की अन्य शाखाओं या निजी या पक्षपातपूर्ण हितों के हस्तक्षेप पर बिना किसी प्रभाव के नियुक्त किया जाना चाहिए।

**(ब) न्यायालयों की संरचना:** न्यायपालिका लोकतंत्र के तीन लिंचपिनों में से एक है, अन्य दो विधायिका और कार्यपालिका हैं। तीनों यह सुनिश्चित करने के लिए संगीत कार्यक्रम में काम करते हैं कि लोकतांत्रिक व्यवस्था कुशलता से काम करे। हालाँकि, कार्यपालिका और विधायिका को अपनी शक्ति पर जाँच की आवश्यकता होती है। न्यायपालिका को कई महत्वपूर्ण भूमिकाएँ पूरी करनी होती हैं जिनमें शामिल हैं:

(i) संविधान के संरक्षक और व्याख्याता के रूप में कार्य करना।

(ii) भारत के नागरिकों के मौलिक और अन्य अधिकारों की रक्षा के लिए

न्यायपालिका के कंधों पर लगाए गए कर्तव्य को पूरा करने के लिए, भारत में न्यायिक प्रणाली को न्यायालयों के तीन स्तरों में विभाजित किया गया है।

**जिला न्यायालय:** यह प्रत्येक राज्य के प्रत्येक जिले में स्थित सबसे निचली अदालत है। अपने शहर के किसी भी विवाद के लिए ज्यादातर नागरिक यहीं जाते हैं।

- **उच्च न्यायालय:** प्रत्येक राज्य का अपना उच्च न्यायालय होता है, जो निश्चित रूप से राज्य का सर्वोच्च न्यायिक प्राधिकरण है। जिला न्यायालय के आदेश से व्यथित कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायतों के लिए उच्च न्यायालय में अपील कर सकता है।
- **सुप्रीम कोर्ट:** यह देश का सर्वोच्च न्यायालय है। उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों सहित अन्य सभी न्यायालय इसके अधीनस्थ हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय अन्य सभी अधीनस्थ न्यायालयों से ऊपर हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय अंतिम और पार्टियों के लिए बाध्यकारी है।

**(स) विवाद समाधान:** अदालतों को भी लोगों को उनके द्वारा किए गए अपराधों के लिए दंडित करने का अधिकार है। लगभग हर सामाजिक स्थिति जिसमें एक नियम की आवश्यकता होती है, न्यायपालिका द्वारा प्रबंधित की जाती है। इसलिए, जब भी कोई विवाद होता है, अदालतें समाधान प्रदान करने में हस्तक्षेप करती हैं। चाहे वह विवाद नागरिकों, नागरिकों और सरकार के बीच हो या दो सरकारों के बीच या यहां तक कि केंद्र और राज्य सरकार के बीच, विवाद समाधान के लिए राज्य जिम्मेदार है।

**(द) न्यायिक समीक्षा:** न्यायपालिका का भारत के संविधान पर अंतिम अधिकार है। जैसे, यदि संविधान के मूल सिद्धांतों का कोई उल्लंघन होता है, तो अदालत संसद द्वारा पारित कानूनों को भी लिख सकती है। इस प्रक्रिया को न्यायिक समीक्षा कहा जाता है।

**(ड) कानून को बनाए रखना और मौलिक अधिकारों को लागू करना:** भारतीय नागरिकों के लगभग सभी मौलिक अधिकारों को हमारे संविधान में परिभाषित किया गया है। यदि किसी नागरिक को लगता है कि ऐसे किसी भी अधिकार का उल्लंघन हुआ है, तो वे संविधान के अनुच्छेद 226 या 32 के तहत अपने स्थानीय उच्च न्यायालयों या सर्वोच्च न्यायालय में जा सकते हैं।

**(2) भारतीय संविधान के तहत न्यायपालिका:** भारतीय संविधान के तहत न्यायपालिका एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसकी उपलब्धि देश के जीवन के सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण रही है। चूंकि यह दुनिया के शक्तिशाली संस्थानों में से एक है, यह मानव जीवन और संबंधों के सभी तथ्यों को छूने वाले मामलों का फैसला करता है। यह मानवाधिकारों का संरक्षक, संविधान का रक्षक और सरकार के विभिन्न अंगों के बीच शांति, सौहार्द और संतुलन का प्रवर्तक है। भारत के संविधान को संविधान सभा द्वारा तैयार किया गया था और जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था, इसमें कई प्रावधान हैं जो न्यायपालिका की संरचना, कार्यों और शक्ति से संबंधित हैं। इसने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक एकीकृत प्रणाली की शुरुआत की। इसने वस्तुत: एक त्रिस्तरीय न्यायिक प्रणाली की शुरुआत की।

सर्वोच्च न्यायालय, हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में उच्च न्यायालय। न्यायपालिका के हस्तक्षेप की डिग्री दुनिया के विभिन्न देशों में अपनाई जाने वाली कानूनी प्रणाली पर निर्भर हो सकती है। उदाहरण के लिए, ब्रिटेन में, जैसा कि कोई लिखित संविधान नहीं है, न्यायपालिका केवल न्यायिक समीक्षा की सीमित शक्तियों का प्रयोग कर सकती है, जैसा कि प्रत्यायोजित कानून और सरकार की मंत्रिस्तरीय कार्रवाई है। तो, ब्रिटेन में न्यायपालिका का कानून कानून के अनुप्रयोग और कानून की व्याख्या का है। संयुक्त राज्य अमेरिका में, न्यायपालिका को विधायिका और कार्यपालिका के ऊपर सर्वोच्च निकाय माना जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका का संविधान न्यायपालिका को अन्य दो अंगों की जाँच करने में सक्षम बनाता है यदि वे किसी भी अधिकता में लिप्त हैं।

हालाँकि, भारत में, न्यायपालिका राज्य के विधायी और कार्यकारी कार्यों और न्यायपालिका के न्यायिक कार्यों के संबंध में न्यायिक समीक्षा की विशाल शक्तियों का प्रयोग करने लगी है। भारत में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय न केवल केंद्र और राज्य के बीच उत्पन्न होने वाले विवादों को निर्धारित करने या हल करने के लिए मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हैं बल्कि यह राज्यों की मनमानी कार्रवाई के खिलाफ नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा और उन्हें लागू भी करते हैं। वे विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों की व्याख्या भी करते हैं।

सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय अंतिम होता है यदि विधायिका या कार्यपालिका के किसी भी कार्य द्वारा, कोई मौलिक अधिकार या मानव अधिकार कम हो जाते हैं। भारतीय सर्वोच्च न्यायपालिका की बहुत अनूठी विशेषता यह है कि इसमें संवैधानिक संशोधनों की वैधता निर्धारित करने की शक्ति है जो शायद किसी अन्य संविधान के तहत कहीं नहीं देखी जाती है, चाहे वह संहिताबद्ध हो या असंहिताबद्ध। संक्षेप में, न्यायपालिका आम तौर पर निम्नलिखित में से एक या कई कार्य करती है।

**(3) संवैधानिक लोकतंत्रों में कार्य :-**

1. संविधान निर्माताओं की इच्छाओं के अंतर के साथ संविधान की व्याख्या करना।
2. सरकार के विभिन्न अंगों के बीच या केंद्र और राज्यों के बीच संतुलन बनाए रखने के संघीय सिद्धांत को बनाए रखना।
3. रखवाली करना और नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना।
4. विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों को लागू करना और उनकी व्याख्या करना।
5. सरकार के विधायी या कार्यकारी कार्यों की जांच और संतुलन करना।
6. अनुच्छेद 32 और 226 के तहत क्रमश सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय उन लेखों के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए रिट या आदेश जारी करने की शक्ति है।
7. जनहित याचिकाओं के माध्यम से, न्यायपालिका के पास सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन के बारे में सरकार से पूछने की शक्ति है।

उदाहरण के लिए, **डायरेक्शन इन कॉमन कॉज बनाम भारत संघ** में, सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिए कि रक्त कैसे एकत्र किया जाना चाहिए, संग्रहित किया जाना चाहिए और आधान के लिए दिया जाना चाहिए और कैसे रक्त आधान को खतरों से मुक्त किया जा सकता है।

फिर से **एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ**, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को सिनेमाघरों, थिएटरों या स्कूलों या कॉलेजों में विशेष पाठों के माध्यम से पर्यावरण के बारे में ज्ञान का प्रसार करने के निर्देश जारी किए। वेश्याओं को

शिक्षित किया जाना चाहिए।

इसी तरह, **आजाद रिक्शा चालक** के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पंजाब नेशनल बैंक को रिक्शा चालकों को ऋण देने और ऐसे ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए एक पूरी योजना शामिल करने के लिए निर्देश जारी किए गए थे।

**विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य** में मुख्य न्यायाधीश जे.एस. वर्मा ने कहा, 'उपयुक्त विधानों के माध्यम से नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने और इसके प्रवर्तन के लिए एक तंत्र के निर्माण की प्राथमिक जिम्मेदारी विधायिका और कार्यपालिका की है। हालांकि, जब नागरिकों के मौलिक अधिकारों के उल्लंघन की घटनाएं होती हैं, तो विधायी शून्य को भरने के लिए इस अधिकार की सुरक्षा के लिए कुछ दिशानिर्देश निर्धारित किए जाने चाहिए।'

**(4) क्या भारतीय न्यायपालिका वास्तव में राजनीतिक प्रभाव से मुक्त है?**

इसका उत्तर देना बहुत कठिन प्रश्न है। यदि आप राजनेताओं को इससे हटा देते हैं तो एक प्रणाली से एक राजनीतिक प्रभाव को हटाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट संविधान का संरक्षक है। हमारे देश के प्रत्येक नागरिक के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना इसकी एकमात्र जिम्मेदारी है लेकिन न्यायपालिका की पारदर्शिता माननीय न्यायाधीशों और उनकी नियुक्तियों पर निर्भर करती है। आइए निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें:

1 अगस्त 2014 तक जजों की नियुक्ति **कॉलेजियम सिस्टम** से होती थी. न्यायाधीशों की नियुक्ति की इस प्रणाली से न्यायपालिका का राजनेताओं और उनकी राय से कोई लेना-देना नहीं है और यह पूरी तरह से राजनीतिक प्रभाव से बाहर थी। इसके बाद एक महत्वपूर्ण मोड़ आता है। **राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग** नामक एक आयोग है। यह निकाय भारत में उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण के लिए जिम्मेदार है। इस निकाय की स्थापना भारत के संविधान में निन्यानवां संशोधन करके, संविधान संशोधन अधिनियम, 2014 के माध्यम से 13 अगस्त, 2104 को लोकसभा द्वारा और 1 अगस्त को राज्य सभा द्वारा पारित करके की गई थी। केवल एक दिन के भीतर दोनों सदनों ने उपरोक्त विधेयक को पारित कर दिया।

**(अ) एनजेएसी की संरचना:** आइए एनजेएसी की संरचना पर एक नजर डालते हैं:-

संविधान के संशोधित प्रावधानों के अनुसार, एनजेएसी में निम्नलिखित छह व्यक्ति शामिल होंगे:

1. भारत के मुख्य न्यायाधीश (अध्यक्ष, पदेन)
2. मुख्य न्यायाधीश (पदेन) के बाद सर्वोच्च न्यायालय के दो अन्य वरिष्ठ न्यायाधीश
3. केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री (पदेन) (यह राजनीतिक प्रभाव का स्रोत है)
4. दो प्रतिष्ठित व्यक्ति अब हम कर सकते हैं एक पूर्वाग्रह बनाएं कि यह राजनीतिक प्रभाव से बाहर कैसे होगा? क्या हमारे न्यायाधीश आम आदमी को राजनेताओं के खिलाफ एक निष्पक्ष और निडर निर्णय प्रदान करने में सक्षम हो सकते हैं? सामान्य बहाने में उत्तर नहीं है। न्यायपालिका राजनीतिक प्रभाव से मुक्त नहीं है।

कानूनी हलकों में यह अच्छी तरह से जाना जाता है कि कुछ न्यायाधीश सीधे तौर पर विशेष राजनीतिक जुड़ाव का समर्थन करते हैं और यह बार के भीतर कड़वाहट का एक स्रोत है। लेकिन प्रत्यक्ष रूप से भारतीय न्यायपालिका किसी भी प्रकार के राजनीतिक प्रभाव से मुक्त है। सामान्य कानून में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां हम अपनी न्यायपालिका या अपनी न्यायिक प्रणाली पर गर्व महसूस करते हैं।

सख्त से सख्त मामलों में भारतीय न्यायाधीशों ने विचारणीय निर्णय लिए। यह वह अंग है जो जनता में हमेशा रेम में विश्वास बनाए रखता है। आइए कुछ मामलों पर विस्तार से चर्चा करें।

1. पहला मामला जो यहां उद्धृत करना महत्वपूर्ण है, वह यह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने मायावती (बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो) से लगभग रु 2000 करोड अपनी जेब से वापस करने के लिए कहा।

अधिवक्ता रविकांत द्वारा 2009 में सर्वोच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई थी। माननीय रंजन गोगोई ने याचिका पर सुनवाई की और सुश्री मायावती को रुपये 2000 करोड़ अपनी जेब से भुगतान करने के लिए कहा।

यूपी के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान लखनऊ और नोएडा में हाथी की मूर्तियों के निर्माण पर जनता के पैसे खर्च करने के मामले में फैसला एक बार और दिया था।

हालांकि बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती ने अपने मामले में कहा कि उनकी मूर्तियां दलित संघर्ष का प्रतिनिधित्व करते हैं, मूर्तियों के निर्माण के लिए उचित बजटीय आवंटन था और जहां तक हाथियों का सवाल है, हाथी केवल बसपा का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। वे भारतीय पारंपरिक वास्तुकला में प्रयुक्त एक वास्तुशिल्प प्रतीक हैं। इस मामले से पता चलता है कि हमारी न्यायपालिका इस तथ्य के बावजूद राजनीतिक प्रभाव से पूरी तरह मुक्त है कि वह व्यक्ति किसी भी राजनीतिक दल या किसी प्रभावशाली समूह का अध्यक्ष हो।

2. एक और महत्वपूर्ण मामला जो यहां उद्धृत करना महत्वपूर्ण है वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 16 नवंबर, 1991 को कांग्रेस कार्यकर्ता सीताराम सिंह की हत्या में उनकी संलिप्तता का मामला है। हालांकि बिहार के मुख्यमंत्री इसे 'राजनीतिक प्रतिशोध' के अलावा और कुछ नहीं मानते हैं।

सीताराम के रिश्तेदार होने का दावा करने वाले एक अशोक सिंह ने नीतीश कुमार और कई अन्य लोगों के खिलाफ चुनाव जीतने के लिए सीता राम की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। 15 मार्च 2019 को, पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ए अमानुल्लाह ने 28 साल पुराने एक हत्या के मामले में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ निचली अदालत द्वारा शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। इस मामले ने भारत के एक नागरिक द्वारा न्यायपालिका में जताए गए विश्वास के उदाहरण का हवाला दिया।

3. जुलाई 2017 में नीतीश कुमार के सामने फिर एक नई समस्या आ गई दिल्ली के एक वकील एम.एल.शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी जिसमें बिहार विधान परिषद के लिए कुमार का चुनाव इस आधार पर रद्द करने की मांग की गई थी कि उन्होंने चुनाव से पहले दायर हलफनामे में उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मामले को कथित रूप से रद्द कर दिया था। एम.एल.शर्मा ने यह भी दावा किया किनीतीश कुमार ने जुलाई 17 को छोड़कर 2004 से चुनावी हलफनामा दाखिल करते हुए अपने आपराधिक रिकॉर्ड को छिपाया था। हालाँकि, चुनाव आयोग द्वारा प्रस्तुत

किए जाने के आधार पर, सुप्रीम कोर्ट ने शर्मा की जनहित याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह 'किसी भी योग्यता से रहित' है।

4. भारत में न्यायपालिका राजनीतिक प्रभाव, किसी व्यक्ति की लोकप्रियता और महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने से मुक्त है। न्यायपालिका ने अपना फैसला किसी भी तरह के प्रभाव से मुक्त रखा। 12 फरवरी, 2019 को भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने एक अभूतपूर्व फैसला सुनाया। उन्होंने सीबीआई के पूर्व अंतरिम निदेशक, एम. नागेश्वर राव और एजेंसी के कानूनी सलाहकार, एस. भसुरन को अदालत की अवमानना के लिए 'अदालत कक्ष के कोने में' बैठने का आदेश दिया, जब तक कि वह दिन के लिए उठ न जाए। एक-एक लाख रुपये का जुर्माना एक सप्ताह के भीतर देने का भी निर्देश दिया। उनका अपराध यह था कि उन्होंने मुजफ्फरपुर शेल्टर होम में दुर्व्यवहार मामले की जांच कर रहे एक जांच अधिकारी को स्थानांतरित नहीं करने के अदालत के आदेशों की 'जानबूझकर' अवहेलना की। उनकी माफी अदालत के लिए शायद ही संतोषजनक थी क्योंकि उन्होंने अपने हलफनामे में जोर देकर कहा था कि संबंधित अधिकारी, ए.के. शर्मा, एक संयुक्त सचिव का तबादला कर दिया गया था क्योंकि यह एक पदोन्नति थी और उन्होंने यह मान लिया था कि वे इसके लिए अदालत की सहमति पूर्वव्यापी रूप से प्राप्त कर सकते हैं।

यद्यपि न्यायालय के पास यह शक्ति है कि वह एक अवमाननाकर्ता को दिन के लिए अदालतउठने तक कक्ष में बैठने की सजा दे सकता है, किसी को अदालत कक्ष के एक कोने में बैठने के लिए कहना, जैसे कि उसे अपमानित करना, अनसुना है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश का अपरंपरागत आदेश अन्यत्र न्यायाधीशों द्वारा पारित अन्य आदेशों के समान था।

5. एक और ऐतिहासिक फैसला जहां हम कह सकते हैं कि न्यायपालिका राजनीतिक प्रभाव से मुक्त है, जहां दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति नजमी वजीरी ने प्रसिद्ध 2जी अपील मामले में पांच प्रतिवादियों को अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करने के लिए और समय मांगने के लिए प्रत्येक को 3000 पेड़ लगाने का आदेश दिया। वे स्वान टेलीकॉम प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर, कुसेगांव फ्रूट्स के निदेशक शाहिद बलवा थे।

**निष्कर्ष:** भारतीय लोकतंत्र में सर्वोच्च न्यायालय एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह भारतीय न्यायिक प्रणाली में सर्वोच्च न्यायालय है और राष्ट्रीय सरकार की तीन समान शाखाओं में से एक है। भारतीय संविधान की व्याख्या करने व संविधान के सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में, विधायी बहुमत द्वारा पारित विधियों की वैधता का आकलन करने के लिए अदालतों की प्राथमिक व अनन्य जिम्मेदारी है। भारत में सर्वोच्च न्यायालय सरकार के अन्य दो अंगों पर नियंत्रण और संतुलन भी रखता है। यह एक तथ्य है कि सर्वोच्च न्यायालय के नेतृत्व वाली न्यायपालिका ने कभी-कभी विशिष्ट राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश किया है, लेकिन यह आत्म-साक्षात्कार और सार्वजनिक आक्रोश के कारण अपने अधिकार क्षेत्र से पीछे हट गई है। तो अंत में इस अध्ययन से पता चला कि सुप्रीम कोर्ट ने कुल मिलाकर अपनी संवैधानिक भूमिका बहुत अच्छी तरह से निभाई है और हमेशा संवैधानिकता के सिद्धांत को बरकरार रखा है। अदालतों को राजनीतिक भूमिका न निभाकर राजनीतिक क्षेत्र से दूर रहना चाहिए।

उन्हें याद रखना चाहिए कि अदालत देश को नहीं बचा सकती है, लेकिन वे केवल सरकार के अन्य संस्थानों के पुनरोद्धार के लिए आवश्यक समय देने में सक्षम हो सकते हैं। हालांकि यह एक बहुत अच्छी तरह से स्थापित तथ्य है कि सर्वोच्च न्यायालय की न्यायिक सक्रियता ने नागरिकों के अधिकारों और हितों को लागू करने और सरकार की अन्य शाखाओं को उनकी संवैधानिक सीमाओं के भीतर रखने में भी मदद की है, न्यायपालिका को खुद को लगातार याद दिलाना चाहिए कि समय की आवश्यकता संवैधानिक की सर्वोच्चता है न कि न्यायपालिका की सर्वोच्चता।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. डॉ. ना. वि. परांजपे अपराध शास्त्र एवं दण्ड प्रशासन: सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन्स षष्ठम संस्करण 2011
2. जैन एम.पी.,भारतीय संवैधानिक विधि, इलाहाबाद लॉ एजेन्सी, इलाहाबाद 1980
3. खन्ना एच.आर., ज्युडिशियल रिव्यू आर. कन्ट्रोनटेशल, दि मैकमिलन, कंपनी ऑफ इंडिया, दिल्ली 1977
4. पाण्डेय, जे.एन., भारत का संविधान
5. https:/www.indiankanoon.org/
6. https://www.wikipedia.org/
7. https://ncrb.gov.in/
8. https://sgsubjects.inflibnet.ac.in

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# भारत में फर्नीचर उद्योग का विकास और रोजगार में एक आर्थिक अध्ययन

**डॉ. शिव कुमार वर्मा* नरेश कुमार प्रजापति****

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरपाटन, जिला-सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** भारत में लकड़ी फर्नीचर एक ऐसा उद्योग है जो यह उद्योग आधुनिक काल में नाम मात्र का विकास था और रोजगार भी कम था। वर्तमान में देश एवं विदेश और विश्व स्तर में विकास हुआ है और लोगों को रोजगार भी मिला है। ये फर्नीचर उद्योग में कई प्रकारों के अच्छी डिजाइनों में दिन-दिन बदलता जा रहा है। आने वाले समय में फर्नीचर उद्योग को सबसे अधिक प्रसिद्ध माना जायेगा।

**प्रस्तावना –**भारत का लकड़ी फर्नीचर उद्योग क्षेत्र में विकास और रोजगार तीव्र गति से बढ़ रहा है जो आधुनिक युग से वर्तमान युग के भारत का लकड़ी फर्नीचर उद्योग क्षेत्र में बहुत ज्यादा परिवर्तन हुआ है आधुनिक युग में गिने-चुने और छोटे-छोटे उद्योग क्षेत्र में कार्य हुआ है। ये कुशल कारीगर या मजदूर द्वारा बनाया जाता था और ये विकास एवं रोजगार नाम मात्र के बराबर था वर्तमान में भारत का लकड़ी फर्नीचर उद्योग क्षेत्र में विस्तार व्यापक हो गया है। जो वर्तमान में बड़े-बड़े शहरों में लकड़ी फर्नीचर का तीव्र गति से विकास कर रहा है। और रोजगार भी बढ़ा है। एक लकड़ी फर्नीचर उद्योग क्षेत्र में 150 कुशल कारीगर या मजदूर कार्यरत है जिसमें से अच्छी डिजाइन निकालने वाले को अधिक वेतन दिया जाता है एवं कम डिजाइन निकालने वाले को कम वेतन दिया जाता है। लकड़ी फर्नीचर में हर तरह के कुशल कारीगर या मजदूर कार्यरत रहते हैं। उन्हें कार्य के अनुसार क्रमश: वेतन 400, 500, 600 रूपये तक दिया जाता है। फर्नीचर कार्य को विकसित करने के लिए उद्यमियों का बड़ा योगदान रहता है। ये अपने फर्नीचर उद्योग को विकास के प्रति हमेषा प्रयत्नशील करते है फर्नीचर उद्योग को अधिक व्यापक विस्तार करने के जिला उद्योग एवं व्यापार के केन्द्र से ऋण लेते हैं। फर्नीचर विश्व स्तर में हो रहे उद्योगों में सबसे अधिक फर्नीचर उद्योग ही प्रसिद्ध है। क्योंकि फर्नीचर मकानों की एक सुन्दरता प्रतीक माना गया है। सुन्दरता के वजह से लोगों ने मकानों में बनी वस्तु के रूप में प्रयोग किया है। जिससे इसके मांग विश्व स्तर पर फर्नीचर उद्योग का निर्यात एवं आयात के माध्यम से विकास और रोजगार की तीव्रता गति होगी। भारत को फर्नीचर उद्योग के नाम से जाना जायेगा।

मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में फर्नीचर क्लस्टर बनाने की तैयारी हो रही है। इसके तहत दिल्ली में कृषि भवन में केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, एम.पी. के मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा और फर्नीचर उद्योग से जुड़े निवेशकों के सामने प्रेजेंटेशन दिया गया है। बता दें कि जिले के फर्नीचर में फर्नीचर कलस्टर बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा रियायती दर पर जमीन आवंटित की जायेगी। इस फर्नीचर कलस्टर के बनने से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा फर्नीचर उद्योग विकसित करने जा रही है। क्योंकि यहां एक चौसठ योगिनी मंदिर की मूर्ति है तथा मंदिर का निर्माण अंग्रेजों द्वारा कराया गया था और यहां पर लकड़ी के फर्नीचर से बनी वस्तुओं का अधिक मात्रा में निर्मित किये गये थे। ये मंदिर संसद भवन की तरह दिख रहा है। इसलिए केन्द्रीय मंत्री द्वारा मध्यप्रदेश के जिला मुरैना को फर्नीचर उद्योग क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। वैसे तो उद्यमियों एवं मजदूरों को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा योजनाएं लागू की गई है।

**उद्देश्य:**

1. फर्नीचर उद्योग में विकास की तीव्र गति से करें।
2. रोजगार की संभावनाएं तीव्र गति से हों।
3. सरकार द्वारा फर्नीचर के कार्य में उद्यमियों को पर्याप्त मात्रा में ऋण की सुविधा हो।
4. फर्नीचर कार्य डिजाइनों में अधिकतर किया जाए।
5. फर्नीचर से बनी वस्तु का व्यापक विस्तार विश्व स्तर पर हो।

**निष्कर्ष–** भारत में लकड़ी फर्नीचर उद्योग में विकास एवं रोजगार के संबंध से स्पष्ट है। किन्तु आधुनिक काल कम उद्योग और वर्तमान समय में अधिक व्यापक विस्तार हो गया है। उद्यमियों द्वारा फर्नीचर उद्योग में कार्य प्रकारों या डिजाइन में किया गया है। सरकार द्वारा ऋण उपलब्ध कराया गया है। उद्यमी द्वारा फर्नीचर उद्योग का कार्य प्रशिक्षित कार्यरत मजदूरों द्वारा कराया गया है। प्रशिक्षित मजदूर होने से अच्छी तकनीकी साथ डिजाइन निकालेंगें फर्नीचर उद्योग का विस्तार होगा और भारत में फर्नीचर उद्योग विकास एवं रोजगार भी बढ़ेगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. शर्मा, डॉ0 रामरतन-विकास का अर्थशास्त्र एवं नियोजन, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी रवीन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, बानगंगा भोपाल (2015)
2. जैन, डॉ0 पी.के.- समष्टि अर्थशास्त्र मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी

रवीन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, बानगंगा भोपाल (2010)
3. जैन, डॉ0 एस.सी.– श्रम अर्थशास्त्र, कैलाश पुस्तक सदन हमीदिया मार्ग भोपाल (2016)
4. मिश्रा जे.पी.–व्यष्टि अर्थशास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स अस्पताल रोड आगरा (2010)
5. आर्य, एस.पी. – सामाजिक अनुसंधान, साहित्य भवन आगरा 1979
6. मिश्रा, डॉ0 अरूण– उद्यमिता विकास मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी रविन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, बानगंगा,संस्करण आवृत्ति (2016)

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# मध्यप्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में संभावनाएं और चुनौतियां विदेशी पर्यटकों के संदर्भ में

**योगेंद्र कुमार ठगेले***

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाडरवारा (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** भारत देश अपनी रंग बिरंगी विविधताओं के कारण हमेशा से ही पर्यटकों का पसंदीदा स्थान रहा हैं।झरना,नदियों से भरपूर प्राकृतिक खूबसूरती,पारंपरिक मेलो, खूबसूरत सामानों से सजे बाजार, विभिन्न मसालों से महकते भोजन,सदियों का इतिहास बताती ऐतिहासिक इमारतें,नदियों का किनारा, आदि ऐसे अनेक खूबसूरत पहलू हैं जो सैलानियों को अपनी ओर अनायास ही आकर्षित करते रहते हैं। पर्यटन की दृष्टि से भारत के पास विशाल प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति है,जिसमें मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन स्थलों की दृष्टि से विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में हमेशा प्राथमिकता पर रहा है। भारत के मनोरम दृश्यों की प्रशंसा करते हुए मैक्समूलर ने कहा है कि यदि हमें संपूर्ण विश्व में किसी ऐसे देश की खोज करनी है जिसमें प्रकृति की सर्वाधिक संपदा, शक्ति और सौंदर्य हो और जिसके कुछ भाग वस्तुत: धरती पर स्वर्ग हो तो मैं भारत का नाम लूंगा। मैक्स मूलर के यह शब्द प्रदर्शित करते हैं कि भारत के पास अद्भुत खजाना है जो शायद किसी अन्य देश के पास होना मुश्किल है। इस संदर्भ में आवश्यक हो जाता है कि हम इस अद्भुत विशेषता को अपनी शक्ति संवर्धन के रूप में बढ़ावा दें।

भारत की हृदय स्थली के रूप में मध्यप्रदेश अपने विस्तृत क्षेत्र में पर्यटन की असीम संभावनाओं को समेटे हुए हैं। सतपुड़ा एवं विंध्यांचल पर्वत श्रृंखलाओं से आच्छादित इस प्रदेश में विभिन्न रूचि के पर्यटकों के लिए सांस्कृतिक विरासत, नैसर्गिक सौंदर्य, कलात्मक मंदिर, स्तूप, वैभवशाली किले, राजप्रसाद एवं पुरातात्विक महत्व के स्मारक स्थल हैं। वर्तमान में अनेक पर्यटन केंद्र प्रदेश में पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। इन केंद्रों में से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त केंद्र हैं जिनमें ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थानों में प्रमुख रूप से खजुराहो, सांची, मांडू, ग्वालियर,ओरछा एवं भीमबेटका शामिल हैं वही प्राकृतिक सौंदर्य स्थल की दृष्टि से पचमढ़ी, भेड़ाघाट, हनुवंतिया जल महोत्सव स्थल आदि का महत्वपूर्ण स्थान है। धार्मिक महत्त्व के स्थल के रूप में उज्जैन, अमरकंटक, ओंकारेश्वर, महेश्वर, चित्रकूट, मैहर और बुरहानपुर तथा कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, पन्ना, सतपुड़ा, संजय धुबरी, माधव राष्ट्रीय उद्यान, वन विहार, भोपाल एवं मंडला फॉसिल्स पार्क जैसे राष्ट्रीय उद्यान भी पर्यटकों को अपनी प्राकृतिक मनोरम वादियों और वन्य जीव की विविधता के कारण आकर्षित कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में प्रमुख जल परियोजनाओं के रूप में गांधी सागर, इंदिरा सागर, बाणसागर, तवा, बरगी,ओंकारेश्वर, कोलार भी अपने अपार जलराशियों के रूप में पर्यटकों को आकर्षित करते रहते हैं।

8. सार्वजनिक उपक्रमों को अपने वित्तीय साधन जुटाने के लिए पूॅजी बाजार में जाना चाहिए।
9. सार्वजनिक क्षेत्र की रूग्ण इकाइयों को निजी क्षेत्र को बेचना चाहिए।
10. सार्वजनिक उपक्रम में अतिरेक श्रमिकों को अन्यत्र किन्हीं उत्पादक व्यवसायों में स्थानान्तरित किया जाना चाहिए।

**उपसंहार**–यद्यपि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान रहा है फिर भी इन्हे आशातीत सफलता नही मिली है। जिस प्रकार चांद पर भी काला धब्बा होता है उसी प्रकार सार्वजनिक क्षेत्र में भी कुछ कमियां विद्यमान है परन्तु इससे, इसके महत्व को कम नही आंका जा सकता। आज आवश्यकता है कि सार्वजनिक उपक्रमों की

समस्याओं को यथा संभव दूर करने का प्रयास करना होगा तभी ये उपक्रम 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' की उक्ति को चरितार्थ करेगें। सार्वजनिक क्षेत्र व निजी क्षेत्र, दोनो एक ही सिक्के के दो पहलू है। इन दोनों क्षेत्रों के मध्य पर्याप्त सामंजस्य होना भी आवश्यक है। भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के विस्तार का औचित्य प्रमुखत: वितरणात्मक न्याय पर आधारित है।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची:-**

1. व्यावसायिक पर्यावरण- डॉ. एस.के.सिंह
2. व्यावसायिक पर्यावरण- वी.सी. सिंन्हा
3. व्यावसायिक पर्यावरण - डॉ.जे.सी. वार्ष्णेय, डॉ.एस.सी.जैन
4. Business Environment- F. Cherunilam
5. बिजनेस इनवायरमेन्ट - एच.एल.आहूजा
6. बिजनेस इकॅानामिक्स - एस.चॉद

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# भारतीय समाज में महिलाएं : दशा एवं दिशा

**डॉ. दिनेश कुमार***

* असि. प्रोफेसर, गुलाब देवी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया (उ.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** प्राचीन काल का वह भारतीय समाज जिसके महिमा का वर्णन वेद–पुराणों एवं उपनिषदों में मिलता है, उसी समाज का आज का स्वरूप जब प्रिंट मीडियो, दूरदर्शन आदि के माध्यमों से देखने को मिलता है तो बड़ा ही आश्चर्य का भाव मुखरित होता है। एक ओर इसी देश के समाज की सभयता और संस्कृति का स्वरूप देखने को मिलता है कि 'यत्र नारियस्तु पूज्यंति रमन्ते तत्र देवता' ऐसी कल्पना की जा चुकी है और वहीं दूसरी ओर आज के समाज का घृणित स्वरूप जब भौतिकतावादी और प्रगतिवादी चोला ओढ़े सामने आता है तो मन में स्वत: द्वन्द्व उत्पन्न हो जाता है। कि आज की बातें सच है या पुरानी। शायद दोनों ही अपनी जगह सही है। पुरानी सभ्यता और संस्कृति के विकास में हम इतने लीन हो गये कि अपनी नैतिकता, शिक्षा का पावन उद्देश्य, मानव के सर्वांगीण विकास आदि रास्तों से शायद भटक गये। और भटके हुए रास्ते पर भटकते–भटकते इतने दूर निकल गये कि अपनी विरासत को ही गंवा बैठे। इस बिन्दु पर चिन्तन मनन करने पर निष्कर्ष निकलता है कि हम जिस प्रगतिवादी और विकासवादी शिक्षा रूपी पतवार से आगे बढ़े शायद उसी में कुछ दोष था। हम अपनी आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षा, उसका उद्देश्य, उसका स्वरूप निश्चित और निर्धारित करते हुए उसी पर बढ़ते गये, परन्तु आज की जो आवश्यकताएं हैं वे इस शिक्षा द्वारा पूरी नहीं हो पा रही हैं। आज महिलाएं अपने घर में, समाज में या यूं कहा जाये कि कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं यदि ऐसी ही स्थिति कुछ और वर्षो तक बनी रही तो आगे आने वाले दिनों में इनकी स्थिति क्या होगी ? और इनकी अनुपस्थिति में पुरूषों की स्थिति क्या होगी? यह एक व्यापक और अति ज्वलनशील मुद्दा है। इस प्रपत्र में इसी पर चर्चा की गयी है।

**प्राचीन काल में महिलाओं की स्थिति–** प्राचीन काल में जब समाज में चारो ओर संसाधनों की अल्पता थी, खाना पेटभर नहीं मिलता था, कपड़ा शरीर को ढ़कने के लिए नहीं मिलता था, रहने के नाम पर एक ही घर में अनेक लोग रहते थे तब समाज में संस्कार था। महिलाओं को समाज में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। लोग रिश्तों की डोर से आपस में मजबूती से बंधे रहते थे। समाज या गांव में एक व्यक्ति के घर सुख या दुख के अवसर पर सभी लोग मिलकर एक दूसरे के सहयोग की भावना से जुड़ कर कार्य करते थे। तब चरित्रवान बनने की शिक्षा घरों में दी जाती थी किन्तु आज यह केवल पुस्तकों में सिमट कर रह गयी है, लोग विद्यालय कम जाते थे परन्तु शिक्षित ज्यादा होते थे।

**वर्तमान में महिलाओं की स्थिति –** जब से देश आजाद हुआ है तब से महिलाओं को भी पुरूषों के ही समान अधिकार प्रदान किये गये जो कि इससे पहले लगभग मुगलकाल के प्रारम्भ से ही दिन प्रतिदिन पतन की ओर बढ़ते जा रहे थे। अत: इस समय महिलाओं की सामाजिक, पारिवारिक, राजनैतिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी थी, उसे सुधारने के लिए संविधान में अधिकार सुरक्षित किये गये फिर भी उसे सुधारने में कई दशक लग गये। आज के इस प्रतियोगितावादी युग में महिलाएं भी पुरूषों की बराबरी देश की सेवा के लगभग सभी क्षेत्रों में कर रही हैं। वर्तमान में महिलाओं की स्थिति और अधिक सुदृढ़ करने के लिए राज्य और केन्द्र सरकारें द्वारा अनेकानेक कार्यक्रम संचालित हैं जो निम्नलिखित है–

1. समेकित बाल विकास सेवा योजना
2. ड्वाकरा योजना
3. महिला विकास निगम
4. राष्ट्रीय महिला कोष
5. विल योजना (WILL:Womens Interested Learning For Life)
6. नरोड़ा प्रशिक्षण योजना
7. स्वास्थ्य सखी योजना
8. राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजना
9. महिला उत्थान योजना
10. महिला स्वधारा योजना
11. महिला स्वयं सिद्ध योजना
12. किशोरी शक्ति योजना
13. राष्ट्रीय पोषाहार मिशन योजना
14. महिला उद्यमियों हेतु ऋण योजना
15. मौलाना आजाद राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना
16. संशोधित बालिका समृद्धि योजना
17. जननी सुरक्षा योजना
18. जीवन भारती महिला सुरक्षा योजना
19. वंदेमातरम योजना
20. कन्यादान योजना
21. कन्या विद्याधन योजना
22. महिला समूहों हेतु सामाजिक सुरक्षा योजना
23. पंचधारा योजना (वात्सल्य योजना, ग्राम योजना, आयुष्मती योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, तथा कल्पवृक्ष योजना)
24. इन्दिरा सहारा योजना
25. इन्दिरा सूचना शक्ति योजना
26. छात्राओं हेतु साविधि जमा योजना

27. छात्राओं हेतु पोषण योजना
28. राजलक्ष्मी योजना
29. अपनी बेटी अपना धन योजना
30. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना।

उपरोक्त योजनाओं पर दृष्टिपात करने से पता चलता है कि महिलाओं की स्थिति को उन्नत करने के लिए जो भी कार्यक्रम चलाए गये यदि उनका सही से क्रियान्वयन किया गया होता तो देश की स्थिति आज कुछ और ही होती। आज शहरी महिलाओं की स्थिति में बहुत उन्नति हुई है कि दूर-दराज के गांवों में, जन जातीय क्षेत्रों में आज भी ऐसी स्थिति देखने को मिलती है कि लगता ही नहीं है कि ये उसी देश के लोग हैं जहां एक अच्छा भारत बसता है।

**भविष्य में महिलाओं की स्थिति-** एक ओर तो देश की महिलाएं सेवा के प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं तो वहीं दूसरी ओर समाज के लोगों की मानसिकता, सामाजिक व्यवस्था आदि से ग्रसित होकर जब भ्रूण हत्या जैसी घिनौनी गतिविधियों को लोग अंजाम देते हैं तो पुन: एक बार द्वन्द उत्पन्न हो जाता है कि जब बालक और बालिका में कोई भेद दिखाई नहीं देता तो ऐसी स्थिति क्यों? आज दिन प्रति दिन महिला व पुरूष का अनुपात कम होता जा रहा है, तो जरा सोचिए कि आपके बेटे के लिए बहू कहाँ से आयेगी? इस स्थिति में महिलाओं की जिम्मेदारियाँ, तनाव, कार्य दबाव आदि बढ़ जायेगा जिससे उनकी पारिवारिक, सामाजिक जिंदगी और दु:खदायी होने लगेगी।

**निष्कर्ष-** प्राचीन काल से आज के इस प्रतियोगिता और प्रगतिवादी युग तक महिलाओं की स्थिति सुदृढ़ हुई है। ये भी अपने पैरों पर खड़ी होने लगी हैं और देश की सेवा के सभी क्षेत्रों जैसे- व्यापार, सरकारी प्रशासनिक सेवा, चिकित्सा सेवा, प्रौद्योगिकी सेवा, पुलिस, सेना, फौज आदि सभी में आगे बढ़ रही हैं। आज बोर्ड परीक्षाओं या प्रतियोगी परीक्षाओं में लड़किया, लड़कों से भी आगे हैं। इनका विकास नि:संदेह सराहनीय है, परन्तु कुछ सामाजिक तत्व जो इनके विकास में बाधा उत्पन्न करते रहते हैं उनसे शक्ति से निपटने की आवश्यकता है। सभी जगहों पर सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये और इसमें दोषी व्यक्तियों पर शख्त कार्यवाही किया जाये तो हमारा भारत देश पुन: सोने की चिड़िया बन कर पूरे आसमान में उड़ने लगेगा।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची** :-

1. गर्वनमेण्ट ऑफ इण्डिया, प्लॉनिग कमीशन, पंचवर्षीय योजना नयी दिल्ली।
2. गुप्ता बी.के.,महिला सशक्तिकरण का यथार्थ, प्रतियोगिता दर्पण दिसम्बर 2005
3. बहोरा, सुनीता, लघु ऋण व्यवस्था के जरिये महिला सशक्तिकरण कुरूक्षेत्र नवम्बर 2000
4. ज्ञान दायिनी, समाज विज्ञान शोध पत्रिका दिसम्बर 2004

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# Potentiality of Tourism and its Impact on the Golden City of Rajasthan

**Dr. Bhavna Sharma* Dr. Meenakshi Mahur****

*Assistant Professor (Geography) S.M.B. Government PG College, Nathdwara, Rajsamand (Raj.) INDIA
** Assistant Professor (Zoology) S.M.B. Government PG College, Nathdwara, Rajsamand (Raj.) INDIA

**Abstract -** One of the ways to satisfy the curious nature of human beings is Tourism. Well,tourism promotes travellers to travel to these areas to appreciate, encourage and take care of cultural and natural history and not to disrupt the integrity of the place. Rajasthan has unique tourism assets and is a heritage state of India.Jaisalmer is a beautiful city in Rajasthan, also known as 'Golden City' because the yellow sand and the Sun-rays give a golden shadow to the city. Moreover, in the Jaisalmer district, tourism has been acknowledged in various forms like natural, heritage, religious, rural, cultural, wildlife, adventure and ecotourism etc. It attracts a large number of domestic and international tourists each year due to its richness in tourism.

This paper aims to offer valuable insight into different types of tourism in the said area and is an attempt to assess the potentiality of tourism in the Jaisalmer district. There is various tourism type identified. Besides the tourism potentiality in the studied area, the paper also tells that the host community of Jaisalmer perceived the economic and social impact of tourism development from both positive as well as negative perspectives.The study found that the people of Jaisalmer are very hospitable and the town has huge tourism potential.
**Key Words:** Tourism, Potentiality, Heritage, Culture, UNESCO.

**Introduction -** One of the ways to satisfy the curious nature of human beings is Tourism. The recognition of this in the industry has been one of the most acceptable indicators of global socio-economic development. Thus, the potential of accountable tourism in any form cannot be neglected or rejected.

**Study Area:** Jaisalmer is a beautiful citywhich situated in the western part of Rajasthan,also known as 'Golden City' because the yellow sand and the Sun-rays give a golden shadow to the city. It has an area of 38,401 km square with apopulation of 6,69,919 and it is the biggest districtof Rajasthan and lies in the western part of Rajasthan.



*Source: Internet*

**Objective:** The main objective of the research paper is to tell the potentiality of tourism in the Jaisalmer district and its impact on the local people. Besides this how Jaisalmer can become the most favourite destination and how tourism can be the leading industry. The reason for selecting Jaisalmer district is that Jaisalmer culturally, economically and geographically is a perfect representative of Rajasthan.

**Methodology:** As the study concentrates on the possibilities of tourism development in the Jaisalmer district so the observative method has been adopted in the study. The secondary data is to be collected from published sources.The methodology used is descriptive and empirical in nature.

**Potentiality of Tourism:**

**Adventure Tourism:** Possibility of camel riding, Jeep safari, hot Air Ballooning, Jet Skiing, Trekking, Rappelling, Quad Biking, Birding, Rock Climbing, Paragliding, Parasailing, parachuting etc. adventures can be developed.

**Rural Tourism:** Foreign tourists want to feel what they don't have in their country so, to feel the rural lifestyle, hustle &bustle-free life of the village rural tourism must be promoted by providing basic infrastructures.ChokhiDhani is a place in Jaipur which is a perfect example of rural tourism, so on this pattern villages like Lodarva, Khaba can be developed.

**Border Tourism:** The study area has a 464 km long happening internationalboundary with Pakistan. So, many

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

other places like Longewala, Gatwalaand Langtala can be developed.

**Film Tourism:** The locations of the study area can be seen in many Hollywood, Bollywood movies and T.V. serials. There are too many cultural, natural locations along with international border. So, it is needed that government policies and government processes for permission of shooting should be more vulnerable.

**MICE Tourism:** Governments should promote the city asthe favoured destination for MICE (Meetings, Incentives, Conferences and Exhibitions) tourism.There are endless sightseeing and cultural tours like forts, palaces and natural landscapes for MICE tourists with exciting adventure activities.

**Wedding Destination:** Jaisalmer has enough beauty for a destination wedding and efforts should make in this way so that Jaisalmer became the first choice for destination weddings. Recently Bollywood celebrities KiyaraAdwani and Siddharth Malhotra got married in Suryagarh Palace of Jaisalmer. There are many more places for destination weddings.

**Geo-Heritage sites:** The geo-parks are marked by UNESCO on a global scale to preserve the geo-heritage sites. One area of the study area has been identified as Geo-Heritage by Geological Survey of India which is Akal Wood Fossil Park. Many more sites can be identified as geo-heritage like Lathi series, Sanu mines.

**Energy& Mining tourism:** Wind park - Lakhmana, Fatehgarhand Solar energy park- Nokh, Fatehgarh, Sanu limestone mines, Unroi limestone minesetc. can be developed as mining tourist spots.

Energy Tourism



Ethnic Tourism



Village Tourism



Adventure Tourism



Vintage Tourism



Architectural Tourism



*Source: Internet*

**Vintage tourism:**It isthe joys of aging**,** somethingwhich is too old to be termed used called "vintage".Many retro things are in the style of the mid-century modern era. Jaisalmer is a nest for vintage things like "Heritage Museum", "Ptwa Haveli Museum", "Baa Ri Haveli" and many more palaces which can promote Vintage tourism.

**Ethnic Tourism:**Jaisalmer is full of ethnicitytextile crafting tie-dyed cloth, Chunri work, stonework, mirror works, crafts work like SunehriMunawwatiNakkashi, Matheran Kala, Pattu weaving, painting etc.Ethnic tourism is driven by two factors: the desire of unique minority groups to use elements of their culture and the tourists' demand for exotic cultural experiences through interactions with those people.

**Architectural Tourism:** Jaisalmer is famous for its richly carved building facades. Less known perhaps is the fact that the town and buildings in it overcome the problem of the severe desert summer by special passive design features. So, Jaisalmer has its unique architectural values it is important to know how successful these features are in moderating the thermal environment.

**Peace Tourism:** Visiting places of worship in a natural environment with the objective to find peace, thus resulting in peace tourism. Jaisalmer is a peaceful and tranquil place. Amar Sagar Lake is one of the spots in Jaisalmer where one has an opportunity to watch a gorgeous sunset. As Jaisalmer is one of the largest districts of India with a very less population. So that's why the beauty of the golden colour creates peace of mind.

**Haunted tourism:** Kuldhara is considered as the most haunted place and is internationally famous for this. Besides this Khaba fort, the Chudail trail is hidden haunted things of Jaisalmer which can become fascinating among youth.

**Desert tourism**: Thar desert is the densest desert in the world and this desert is a boon for Jaisalmer. Sam sand dunes and Khuri sand dunes include desert village camps, desert safaris and the desert festival.

**Heritage Tourism**: "The elements of heritage tourism encompassing historic buildings and monuments, museums, folk art, folk music, parks, fairs and festivals have been coined as heritage tourism (Trotter, 2001)". Jaisalmer has an incredible potential to attract domestic and foreign tourists because of its heritage attractions like "Sonar Quila" which has been declared a World Heritage Site by UNESCO. Here many other sites like the famous Havelis, and Desert National Park also have unique structural and natural values.

**Eco-Tourism:** In these days, ecotourism is the most favoured term in today's life because it contains sustainability for tourism. Ecotourism has always something to offer for everyone in Jaisalmer in respect of cultural, traditional and scenic beauty to Geographers, Archaeologists, Oceanographers, Geologists, Biologists, Zoologists, Architects and other people and pay attention to the basic need of local people.

**Religious Tourism:**The Jain temples are the most important religious attractions in JaisalmerChandraprabhu, Rishabhdeo, Shantinath, Kuntanathare some famous Jain temples. Tanot Mata Temple has strategic importance which is located Indian border with Pakistan in Jaisalmer District. Ramdevra is a popular Hindu folk devta and this temple and Ramdevra fair is famous for its social harmony.

**Natural Tourism:**The biggest desert of India 'The Thar Desert', Sand dunes, Lakes, Desert National Park, Wood fossil park, the natural beauty of the yellow stone etc are the true example of the potentiality of its natural beauty.

**Cultural Tourism:**From the viewpoint of culture, the Jaisalmer people are the most hospitable people in India. The lifestyle in Jaisalmer is quite fascinating and graceful. The cultural aspect includes customs, costumes ornaments, music dance, sculpture, and architecture and Jaisalmer is a treasure of culture.

**Impact of Tourism:** The tourism industry is understood to be the forerunner in the 21st century. Being the largest sector global economy, it amounts to generate vast job opportunities and wealth in addition to leisure, learning and experiences throughout the world. It has been accepted as equipment for the development of any economy. The foreign earnings, income for the local community, disbursal of soft skills etc are the manifestations of tourism-led development in any developing nation. In addition to this the preservation of historical and cultural heritage, promotion of peace and harmony and development of state of an art infrastructure are some other benefits accrued.

Tourism has created many opportunities in Jaisalmer where people use their rich culture and heritage as means of employment.The research marks that flourishing tourism has its impacts as better road network in and around the city, development of hotels and guest houses, taxi services, long street market, increasing employment opportunities and purchasing power, educational opportunities, mode of communication, changing dressing sense from traditional to western styles, dietary habits etc. On the other side, over-exploitation of resources, huge heaps of garbage andsolid waste, threats to wildlife due to increasing tourism etc. are some of the challenges which need to be addressed.

**Economic Effects:** Tourism has the potential to increase economic development, employment, job creation, poverty alleviation, improvement of jobs and income redistribution and this economic development reduces emigration from rural areas. It provides employment in the accommodation sector, restaurants, taxis, souvenir sales, hotels, nightclubs etc. and supports local people in the form of street vendors, rickshaw drivers and informal guides. So, tourism bounds people to their own home soil by providing financial aid. Tourism is increasing the importance of the service sector. It is a catalyst for foreign exchange earnings. Tourism promotes producer groups and Increases competitiveness in product design and quality. It is a tool for poverty reduction & inclusive growth of the whole area. Tourism supports approximately 7% of workers in the world.

Nonetheless, tourism could also have an adverse impact on the economy. Its growth may lead to deindustrialization in other sectors (Copeland, 1991); this phenomenon is often called the 'Dutch Disease effect'. Moreover, in the areas around the arrival point, unhealthy living conditions persist giving rise to the lack of proper health facilities, potable water, and waste management facilities.

**Social and Cultural Effects:** Tourism shows both social and cultural benefits to society like preserving the local culture and heritage, strengthening communities, providing social services, commercialization of arts, crafts, food, ornaments, garments and cultural revitalization of art and customs forms and the preservation of heritage. The events, fair & festivals strengthen and rejuvenate the local community and also gives a great boost. In the last decade of the 20th century, the study area got a boom in the tourism sector and Jaisalmer became the most vibrant and worth wandering place for tourists.

Tourism protects the rural culture of the area. As we can see Golden Fort of Jaisalmer got placedon UNESCO's cultural heritage list. The dance form of Kalbeliya society became commercialized and internationally famous. GulaboSapera is a renowned name for the Kalbeliya dance form. Ghoomar, Terahtali dance form has become worldwide famous and crafts of the study area like Usta kala and Matheran kala get nationally appeared.So, it is true to say tourism increases social and cultural values and vice versa.Tourism brings people close to each other. It works like a peacemaker. It fosters understanding, moral behaviour and mutual sympathy between people and cultures and reduces their prejudices as it provides a cultural exchange of traditions and ethnicity between host and guest and improves the life living style of the local community.

All things have their positive and negative aspects. Hence tourism also has its negative perspective. Sometimes tourism acts like a vehicle to spread diseases like AIDS, Swine Flu, Corona etc. Although commercialization of the local product is good sometimes it destroys its basicity. To satisfy the tourist when the original form of local product gets mixed with the new one then local product started to lose its originality. Tourism creates cultural clashes, cultural deterioration and crime. Prostitution, sexual exploitation of children, human trafficking, addiction to drugs, crime, gambling behavioural changes. It can be understood by Doxey's Irritation Index Model.

**Environment Effects:** Tourism helps in the conservation of resources. The sought-after tourist sites, increased appreciation and the reputation attached to any location generally get supervised by the concerned authority. Important tourist destinations of Jaisalmer have been managed with an extra care in terms of water management, cleanliness along the roadside and transformed patterns in the use of resources. The local host community in the

area is imbibed with daily habits in sync with visitors. Moreover, the tourists in the desert areas were found to be conscious enough of the knowledge of the concerned environment. They generally behave as a natural audience during their trekking in dunes and remote village visits so as to gather more and more information about the local ecosystem and the habits of the indigenous people to understand their ways to cope with the harsh climate of desert areas. Hence environmental education can be an important impact in this regard. 'This usually requires well-informed local guides to aid the visitors. (Drumm and Moore 2005)'.

Tourism in the region has some adverse issues to deal with. This is basically observed in the reserved tourist areas. Possibilities of the destruction of the resources by the visitors coupled with the degradation of soil and dispersal of debris in various ways and in many forms are observed. 'The overcrowding in the arid and semi-arid areas results in diminished crop yields, contaminated and depleted water bodies and eroded soil (Benmecheri 2007)'.

**Conclusion:** The study found that Jaisalmerhave huge tourism potential. The research marks that flourishing tourism has its impacts. Jaisalmer is the preferred location. The federal and state governments must take action to increase both domestic and international travel. Numerous policies have previously been approved, but their lack of application and ignorance could harm the sector's expansion. Therefore, adequate implementation is necessary. The tourism industry in Jaisalmer has a major contribution to attaining the goal of sustainability of human development. The eradication of poverty, generation of employment and environment regeneration are some of the ways through which tourism is catering socially, economically and environmentally. Though tourism often takes society for granted and the benefits accrued sometimes remain at the cost of the traditional values and culture of the host society.

**References:-**

1. OSH, B. (1968): Jaisalmer - Urban Form and Pattern of a Medieval Indian Town. Urban and Rural Planning Thought. Vol.XI (1). School of Planning and Architecture, New Delhi.
2. Copeland, B. R. (1991). Tourism, welfare and de-industrialization in a small open economy. Economica, 515-529.
3. Shalini (1994): Cultural Tourism and Heritage tourism, Ramat Publication Jaipur
4. Shackley Myra. (1996): "Community Impact of the camel safari industry in Jaisalmer"Tourism Management, Vol.17, NO.3, pp. 213-218, 1996.
5. Sharpley, R. (2000). Rural Tourism and the Challenge of Tourism Diversification: Singh
6. Khatri L.N. (2009) Jaisalmer Folklore, History & Architecture, Hindusthan Printing house, Jodhpur.
7. Koens, K.; Postma, A.; Papp, B. (2018) Is OvertourismOverused? understanding the impact of tourism in a city context. Sustainability, 10, 4384.

************

# यूक्रेन-रूस संघर्ष: भारत के लिए चुनौती या संभावना

**प्रदीप कुमार शर्मा** *

* सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञान) राजकीय महाविद्यालय, बसेड़ी, जिला धौलपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** भारत जी-20 और शंघाई सहयोग संगठन का अध्यक्ष है। इस नाते वैश्विक नेतृत्व दिखाने व इस युद्ध को समाप्त करने में मदद करने के लिए उसपर और ज्यादा कुछ करने के लिए दबाव डाला जाएगा। इस संघर्ष ने न सिर्फ यूरोप बल्कि पूरी दुनिया को धक्का पहुंचाया है और दक्षिणी दुनिया के देशों के बीच इस बात को लेकर आम सहमति बढ़ रही है कि यह दुश्मनी जल्द से जल्द खत्म होनी चाहिए।यूक्रेन की उप विदेश मंत्री एमीन झापरोवा की भारत यात्रा नई दिल्ली के साथ मजबूत संबंध बनाने और विवाद को हल करने में उसकी मदद लेने की कीव की इच्छा को प्रदर्शित करती है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद इस पूर्वी यूरोपीय देश के किसी वरिष्ठ सरकारी अधिकारी की यह पहली भारत यात्रा है। इससे पहले, यूक्रेन ने इस युद्ध को लेकर भारत के रुख पर सार्वजनिक तौर पर नाराजगी जताई थी। पिछले साल अगस्त में, यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने भारत द्वारा रूस से ऊर्जा खरीद किए जाने पर हमला बोलते हुए कहा था कि इसमें 'यूक्रेन का रक्त' भी शामिल है। कीव को नई दिल्ली से 'और अधिक व्यावहारिक समर्थन' की उम्मीद थी। लेकिन सुश्री झापरोवा ने कहीं ज्यादा व्यावहारिक नजरिया अपनाते हुए कहा कि यूक्रेन अन्य देशों के साथ भारत के ऊर्जा और आर्थिक संबंधों को लेकर कोई निर्देश नहीं देना चाहता, लेकिन उनका देश अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। रूस एक ऐतिहासिक साझेदार है जिसके साथ भारत के गहरे रक्षा संबंध हैं। ऐसे में, भारत के लिए कोई आसान एवं तात्कालिक विकल्प उपलब्ध नहीं है। और, रूस की आक्रामकता यूक्रेन की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन है। इस युद्ध ने भारत के अपने पश्चिमी साझीदारों के साथ रिश्तों को भी जटिल बना दिया है क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका की अगुवाई में अटलांटिक-पार की शक्तियों ने रूस के खिलाफ एक आर्थिक युद्ध छेड़ दिया है। भारत और दुनिया के अधिकांश दक्षिणी देश इससे दूर रहे हैं। प्रस्तुत शोधपत्र यूक्रेन-रूस संबंधों पर केन्द्रित तथा द्वितीयक तथ्यों पर आधारित एक महत्वपूर्ण शोध अध्ययन है जिसके अंतर्गत यूक्रेन-रूस संघर्ष की समीक्षा भारतीय सन्दर्भ में की गयी है।

**शब्द कुंजी –** राजनीतिक व्यवस्था, युद्ध-रणनीति, परिप्रेक्ष्य, चुनौती, संभावना।

## प्रस्तावना

**यूक्रेन का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य –** यूक्रेन पूर्वी यूरोप का एक देश है। यह रूस के बाद यूरोप में क्षेत्रफल के हिसाब से दूसरा सबसे बड़ा देश है। इसकी सीमा पूर्व और उत्तर-पूर्व में रूस, उत्तर में बेलारूस, पश्चिम में पोलैंड, स्लोवाकिया और हंगरी, दक्षिण में रोमानिया और मोल्दोवा से मिलती है। इसका क्षेत्रफल 603,628 वर्ग किमी है। 2021 में, 41.6 मिलियन की आबादी के साथ, यह यूरोप में आठवां सबसे अधिक आबादी वाला देश है। देश की राजधानी और सबसे बड़ा शहर कीव है।

आधुनिक यूक्रेन का क्षेत्र 32,000 ईसा पूर्व का है। 13वीं शताब्दी में, इस क्षेत्र पर पोलिश-लिथुआनिया, ऑस्ट्रिया-हंगरी सहित कई रियासतों ने शासन किया। 18वीं शताब्दी के दौरान इसका क्षेत्र पोलैंड और रूसी साम्राज्य के बीच विभाजित हो गया। रूसी क्रांति के बाद, एक यूक्रेनी राष्ट्रीय आंदोलन शुरू हुआ, और इसे 23 जून 1917 को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यूक्रेनी पीपल्स रिपब्लिक घोषित किया गया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, यूक्रेन सोवियत संघ का हिस्सा बन गया। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद यूक्रेन ने अपनी स्वतंत्रता प्राप्त की।

2013 में, यूक्रेन के राष्ट्रपति विक्टर यानुकोविच ने यूक्रेन-यूरोपीय संघ समझौता को निलंबित करने और रूस के साथ घनिष्ठ आर्थिक संबंध बनाने का फैसला किया। इसका जबरदस्त विरोध हुआ और यानुकोविच को हटाकर एक नई सरकार की स्थापना हुई। इन घटनाओं ने मार्च 2014 में रूस द्वारा क्रीमिया के विलय की पृष्ठभूमि तैयार की। 2016 में, यूक्रेन यूरोपीय संघ के साथ गहरे और व्यापक मुक्त व्यापार क्षेत्र का आर्थिक घटक बन गया।

यूक्रेन एक विकासशील देश है जो मानव विकास सूचकांक में 74वें स्थान पर है यह यूरोप का सबसे गरीब देश है, जो बहुत अधिक गरीबी दर के साथ-साथ गंभीर भ्रष्टाचार से पीड़ित है। हालांकि, अपने व्यापक उपजाऊ खेत के कारण, यूक्रेन दुनिया के सबसे बड़े अनाज निर्यातकों में से एक है। यह रूस और फ्रांस के बाद यूरोप में तीसरी सबसे बड़ी सेना भी रखता है।

यूक्रेन की राज्य भाषा यूक्रेनी ह। यहां व्यापक रूप से रूसी बोली जाती है। 2001 की जनगणना के अनुसार, 67.5 प्रतिशत आबादी ने यूक्रेनी को और 29.6 प्रतिशत ने रूसी को अपनी मूल भाषा घोषित किया। यूक्रेन की 99.4 फीसदी आबादी साक्षर है। यूक्रेन का सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल है।

**यूक्रेन-रूस संघर्ष –** रूस-यूक्रेनी युद्ध फरवरी 2014 में शुरू हुआ एक निरंतर और लंबा संघर्ष है, जिसमें मुख्य रूप से एक तरफ रूस और दूसरी ओर यूक्रेन और उसकी समर्थक सेनाएं शामिल हैं। युद्ध क्रीमिया की स्थिति और डोनबास के कुछ हिस्सों पर केंद्रित है, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूक्रेन के हिस्से के रूप में मान्यता प्राप्त है। रूस और यूक्रेन के बीच तनाव विशेष

रूप से 2021 से 2022 तक भड़क उठा, जब यह स्पष्ट हो गया कि रूस यूक्रेन पर सैन्य आक्रमण शुरू करना चाह रहा है। फरवरी 2022 में संकट गहरा गया, और रूस को वश में करने के लिए राजनयिक वार्ता विफल हो गईय इसकी परिणति रूस में 22 फरवरी 2022 को अलगाववादी नियंत्रित क्षेत्रों में सेना के स्थानांतरण के रूप में हुई।

**यूक्रेन-रूस संघर्ष के बारे में विचारकों का मत** -सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. अरुण कुमार के अनुसार, वैश्वीकरण के कारण किसी भी जंग का दुनिया के हर हिस्से पर असर पड़ता है। वह युद्ध चाहे खाड़ी के देशों में हो या अफ्रीका में। परंतु रूस-यूक्रेन जंग इन सबसे अलग है। यह युद्ध नहीं बल्कि विश्व की 2 महाशक्तियों के बीच टकराव है। इस युद्ध में एक ओर रूस की सेना है, जबकि दूसरी ओर अमरीका व नाटो द्वारा परोक्ष रूप से समर्थित यूक्रेन की सेना, जिनकी तनातनी भारत पर भी असर छोड़ सकती है। यूक्रेन और रूस के बीच होने वाला यह युद्ध तात्कालिक तौर पर वैश्विक कारोबार, पूंजी प्रवाह, वित्तीय बाजार और तकनीकी पहुंच को भी प्रभावित करेगा। इस युद्ध में भले ही रूस ने हमला बोला है, लेकिन उस पर प्रतिबंध भी लागू हो गया है।

फिलहाल दुनिया भर में रूस गैस और तेल का बहुत बड़ा आपूर्तिकर्ता है। अभी इन उत्पादों के कारोबार भले ही प्रतिबंधित नहीं किए गए हैं, लेकिन मुमकिन है कि जल्द ही रोक लगाई जा सकती है। जाहिर है, इसके बाद इनके दाम बढ़ सकते हैं। दूसरी ओर, यूक्रेन गेहूं और खाद्य तेलों के बड़े निर्यातकों में से एक है। भारत भी वहां से लगभग 1.5 बिलियन डालर का सूरजमुखी तेल हर साल मंगाता है। ऐसे में, भारत में इन वस्तुओं के आयात प्रभावित होने से खाद्य उत्पादों पर भी असर पड़ेगा। यानी यह युद्ध ऊर्जा, धातु और खाद्य उत्पादों के वैश्विक कारोबार को काफी हद तक प्रभावित कर सकता है।

प्रो. कुमार के अनुसार, जब बाजार में अनिश्चितता का दौर आता है, तो बिक्री शुरू हो जाती है। विदेशी निवेशक अपनी पूंजी वापस निकालने लगते हैं, जिससे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ.डी.आई.) और विदेशी संस्थागत निवेश (एफ.आई.आई.) का आना भी कम हो जाता है। जंग के हालात में सभी देश अपने-अपने निवेशकों को अपने-अपने मुल्क में ही निवेश करने की सलाह देते हैं। ऐसा इसलिए होता है ताकि उनकी अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहे। तकनीक भी इन सबसे अछूती नहीं रहती। चूंकि युद्ध में आधुनिक तकनीक की जरूरत बढ़ जाती है, इसलिए बाकी क्षेत्रों के लिए उसकी उपलब्धता कम हो जाती है। एक क्षेत्र ऐसा है जहां युद्ध फायदा कराता है और वह है सैन्य साजो-सामान से जुड़े उद्योग।

यह सब कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि यूक्रेन-रूस युद्ध कितने समय तक चलता है। विशेषज्ञों का अनुमान यही है कि यह जंग लंबी नहीं चलने वाली। रूस 1979-89 में हुई अफगानिस्तान वाली गलती को शायद ही दोहराना पसंद करेगा। इसलिए दोनों देशों के बीच बातचीत की मेज सजने की भी खबर आ रही है। मगर इतना तो तय है कि हाल-फिलहाल में जंग भले ही खत्म हो जाए, परंतु युद्ध उपरांत शीतयुद्ध थमने वाला नहीं। इस बार 1950 के दशक जैसा दृश्य नहीं होगा। उस समय सोवियत संघ (वामपंथ) और पश्चिम (पूंजीवाद) की वैचारिक लड़ाई थी। अब तो रूस और चीन जैसे देश भी पूंजीवादी व्यवस्था अपना चुके हैं। इसलिए यह वैचारिक लड़ाई नहीं, वर्चस्व की लड़ाई है।

इसका मतलब यह भी निकाला जा सकता है कि इस युद्ध से दुनिया भर में मंदी और महंगाई बढ़ सकती है। रूस की कंपनियों पर प्रतिबंध लग जाने से वैश्विक कारोबार प्रभावित होगा। हालांकि, पश्चिमी देश इस कोशिश में हैं कि वे पैट्रो उत्पादों का अपना उत्पादन बढ़ा दें और ओपेक देशों से भी ऐसा करने की गुजारिश की जा सकती है। फिर भी पैट्रो उत्पादों की घरेलू कीमतें बढना तय है। इनकी कीमत बढ़ते ही अन्य चीजों के दामों में भी तेजी आएगी।

अभी चूंकि बाजार में बहुत ज्यादा पूंजी नहीं है, इसलिए माना जा रहा है कि पहले की तुलना में महंगाई ज्यादा असर डाल सकती है। आयात बढने और निर्यात कम होने से भी भुगतान-संतुलन बिगड़ जाएगा। इस अनिश्चितता के दौर में सोने की मांग भी बढ़ सकती है, जिससे इसका आयात भी बढ़ सकता है। इन सबसे रुपया कमजोर होगा और स्थानीय बाजार में इसकी कीमत बढ़ सकती है।

प्रो. कुमार का मानना है कि यूक्रेन-रूस युद्ध से दुनिया भर के देशों का बजट बिगड़ सकता है। सभी देश अपनी सेना पर ज्यादा खर्च करने लगेंगे। इससे वास्तविक विकास तुलनात्मक रूप से कम हो जाएगा और राजस्व में भी भारी कमी आएगी। महंगाई से कर वसूली बढ़ती जरूर है, लेकिन इनसे राजस्व घाटा बढ़ता जाता है, जिसके बाद सरकारें सामाजिक क्षेत्रों से अपने हाथ खींचने लगती हैं। इससे स्वाभाविक तौर पर देश की गरीब जनता प्रभावित होती है। मुमकिन है कि वैश्वीकरण की अवधारणा से भी जब सरकारें पीछे हटने लगें, जिसका नुक्सान विशेषकर भारत जैसे विकासशील देशों को होगा।

**भारत की स्थिति:**

- यूक्रेन युद्ध सामरिक स्वायत्तता का अभ्यास करने का एक अवसर रहा है। भारत ने तटस्थता अपनाते हुए वैश्विक शांति का समर्थन करते हुए मास्को, रूस के साथ अपने संबंध बनाए रखा है।
- भारत ने रूस से तेल खरीदने हेतु पश्चिमी प्रतिबंधों के वातावरण में काम किया। भारत, रूस से 25% तेल खरीद कर रहा है, जो पहले 2% से भी कम थी।
- भारत हाल ही में युद्ध की पहली वर्षगाँठ पर UNGA के एक प्रस्ताव से अनुपस्थित रहा, जिसमें रूस को अपने क्षेत्र से हटने के लिये कहा गया, क्योंकि प्रस्ताव में स्थायी शांति स्थापित करने के स्थायी लक्ष्य की कमी थी।
- रूसी आक्रमण के बाद से संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूक्रेन संकट पर अब तक हुए तीन बार के मतदान में भारत सभी में अनुपस्थित रहा है।
- लेकिन अगर युद्ध जारी रहता है तो पश्चिमी गठबंधन भारत पर 'सही पक्ष' का समर्थन करने हेतु दबाव बढ़ाएगा।
- भारत ने उम्मीद जताई है कि वह शांति हेतु अपनी G-20 अध्यक्षता का उपयोग कर सकता है।

**भारत का रुख:**

- यूक्रेन पर रूस के आक्रमण पर भारत की प्रतिक्रिया जहाँ उसने किसी पक्ष को बिना भला-बुरा कहे नागरिकों की हत्या की निंदा की और संयुक्त राष्ट्र मतदान से अनुपस्थित रहा, इसी ऐतिहासिक रूप से सतर्क तटस्थता की नीति से मौलिक रूप से अलग नहीं रही है।
- भारत अमेरिका द्वारा प्रायोजित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के उस प्रस्ताव से भी दूर रहा जिसमें यूक्रेन के विरुद्ध रूस की आक्रामकता की कड़ी निंदा की गई थी।

- भारत यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्रवाई की निंदा करने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के संकल्प से भी अलग रहा।
- भारत अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के प्रस्ताव से भी अलग रहा जो यूक्रेन में चार परमाणु ऊर्जा स्टेशनों और चेर्नोबिल सहित विभिन्न परमाणु अपशिष्ट स्थलों की सुरक्षा से संबंधित था।

**उद्देश्य** :

1. यूक्रेन की राजनीतिक व्यवस्थाओं के बारे में ज्ञात करना।
2. यूक्रेन की युद्ध-रणनीतियों पर प्रकाश डालना।
3. यूक्रेन-भारत के संबंधों का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करना।
4. यूक्रेन-रूस मध्य होने वाले संघर्ष के कारणों को ज्ञात करना।
5. यूक्रेन-रूस संघर्ष के यूक्रेन पर पड़ने वाले प्रभावों की समीक्षा करना।
6. यूक्रेन-रूस संघर्ष के भारत पर पड़ने वाले प्रभावों की समीक्ष करना।
7. भारतीय परिप्रेक्ष्य में यूक्रेन-रूस संघर्ष की चुनौती के रूप में समीक्षा करना।
8. यूक्रेन-रूस संघर्ष की विभिन्न संभावनाओं पर प्रकाश डालना।
9. यूक्रेन-रूस संघर्ष के कारणों एवं परिणामों के बारे में ज्ञात करना।
10. यूक्रेन-रूस संघर्ष का निष्कर्ष प्रस्तुत करना।

**सम्बंधित साहित्य पुनरावलोकन** - प्रत्येक शोधकार्य हेतु शोधार्थी हेतु सम्बंधित साहित्य का अध्ययन नितांत आवश्यक है क्योंकि उक्त अध्ययन एवं साहित्य पुनरावलोकन शोधार्थी को अध्ययन हेतु चुने हुए विषय की पृष्ठभूमि प्रदान करता है और साथ ही पूर्व में सम्बंधित विषय के विभिन्न पहलुओं पर देश-विदेश में हुए अध्ययनों की जानकारी प्रदान करता है जिसके आधार पर शोधार्थी अपने शोधकार्य हेतु रणनीति निर्मित कर अपने शोध के उद्देश्यों को प्राप्त कर चुनी एवं अध्ययन की गयी घटना के बारे में सामान्यीकरण करता है। प्रस्तुत शोधपत्र के बारे में यह उल्लेखनीय है कि शोधार्थी द्वारा इंटरनेट साइट्स पर उपलब्ध विभिन्न जर्नल्स, शोध अध्ययनों, शोध पत्रों आदि का पर्याप्त अध्ययन किया जिसके आधार पर शोधार्थी न केवल विषय से परिचित हुआ, अपितु उसको विषय एवं विषय सम्बन्धी पूर्व में किये गए अध्ययनों की भी व्यापक जानकारी हुई।

- अनुराधा ओइनम (2020) ने अपने अध्ययन Russia-Ukraine Crisis: India's Concerns and Options में पाया है कि रूस-यूक्रेन संकट से दूर रहने का भारत का निर्णय बताता है कि वह दोनों देशों के बीच संतुलन बनाकर काम कर रहा है। अपनी तटस्थ स्थिति को ध्यान में रखते हुए, यह संकट भारत के लिए अपनी क्षेत्रीय भू-राजनीतिक स्थितियों के कारण मॉस्को के मुकाबले अपनी संतुलित विदेश नीति का आत्मनिरीक्षण करने और साथ ही, पश्चिम सहित अन्य भागीदारों के लिए नई खिड़कियां खोलने की एक अग्निपरीक्षा बनी हुई है।
- चिंतामन महापात्रा (2021) ने अपने शोध पत्र India's Approach to the War in Ukrain में टिप्पणी की है कि संयुक्त राज्य अमेरिका अपेक्षित रूप से चाहता था कि भारत युद्ध को समाप्त करने के लिए राष्ट्रपति ब्लादिमीर से अनुरोध करके रचनात्मक भूमिका निभाए, लेकिन भारत तटस्थ बना रहा।
- बैरी एस और अन्य (2022) ने अपने संयुक्त अध्ययन 'Russia's War in Ukraine — The Devastation of Health and Human Rights' में पाया कि अकारण रूसी आक्रमण द्वारा शुरू किए गए इस संघर्ष ने यूक्रेनी नागरिकों और सैन्य कर्मचारी को मौत और व्यापक पीड़ा पहुंचाई है। 7.1 मिलियन से अधिक यूक्रेनियन अपने देश के भीतर विस्थापित हो गए हैं, और लगभग 5.3 मिलियन अन्य यूरोपीय देशों में शरणार्थी बनने के लिए सीमा पार कर गए हैं।
- उबिदुल हक (2023) ने अपने अध्ययन The human toll and humanitarian crisis of the Russia-Ukraine war: the first 162 days में लिखा है कि यूक्रेन-रूस युद्ध ने न केवल लोगों की जान ली और चोटें भी पहुंचाईं। युद्ध का स्वास्थ्य सेवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा जिसके परिणामस्वरूप हजारों लोग अकारण ही मर गये।

**प्राक्कल्पना** :

1. यूक्रेन-रूस संघर्ष के बारे में विचारकों के अलग-अलग मत हैं।
2. मानवीय आधार पर यूक्रेन-रूस संघर्ष उचित नहीं है।
3. राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में एवं शक्ति आधार पर यूक्रेन-रूस संघर्ष महत्वपूर्ण है।
4. यूक्रेन-रूस संघर्ष दोनों देशों के मध्य बिगड़ते हुए संबंधों का प्रमाण और परिणाम है।
5. यूक्रेन-रूस संघर्ष यूक्रेन और रूस दोनों देशों की सुरक्षा रणनीति, परमाणु शक्ति आदि जानने के लिए पर्याप्त है।
6. यूक्रेन-रूस संघर्ष विकसित राष्ट्रों के लिए यह सन्देश प्रस्तुत करता है कि छोटे देशों की भी अपनी-अपनी सुरक्षा व्यवस्था, परमाणु शक्ति एवं युद्ध रणनीतियां होती हैं।
7. भारत के लिए यूक्रेन रूस संघर्ष एक सबक, सीख और चुनौती है।

**विशिष्ट शोध-प्रश्न:**

1. यूक्रेन की राजनीतिक व्यवस्था क्या है?
2. यूक्रेन की विभिन्न युद्ध-रणनीतियाँ क्या हैं?
3. यूक्रेन-भारत के संबंधों का क्या और कैसा इतिहास रहा है?
4. यूक्रेन-रूस मध्य होने वाले संघर्ष के विभिन्न कारण क्या थे?
5. यूक्रेन-रूस संघर्ष के यूक्रेन पर क्या क्या प्रभाव पड़े?
6. यूक्रेन-रूस संघर्ष से भारत किस प्रकार प्रभावित है?
7. भारतीय परिप्रेक्ष्य में यूक्रेन-रूस संघर्ष किस प्रकार चुनौती है?
8. यूक्रेन-रूस संघर्ष ने भारत में किस प्रकार की संभावनाओं को जन्म दिया है?
9. यूक्रेन-रूस संघर्ष के विभिन्न कारण एवं परिणाम क्या रहे?
10. भारतीय परिप्रेक्ष्य में यूक्रेन-रूस संघर्ष का क्या महत्व है?

**शोध-पद्धति** - प्रस्तुत शोधपत्र गुणात्मक शोध की श्रेणी में आता है। द्वितीयक तथ्यों के आधार पर किया गया प्रस्तुत अध्ययन भारतीय परिप्रेक्ष्य में यूक्रेन-रूस संघर्ष पर प्रकाश डालता है। अध्ययन की वैज्ञानिक प्रकृति को सुनिश्चित करने हेतु समाज वैज्ञानिकों द्वारा निर्धारित एवं उनके द्वारा सुझावित सामाजिक अनुसन्धान के समस्त चरणों, यथा, समस्या का चुनाव, अध्ययन के उद्देश्यों का निर्धारण, प्राक्कल्पना एवं शोध के विशिष्ट प्रश्नों का निर्माण, शोध पद्धति, सामान्यीकरण आदि का अक्षरश: पालन किया गया है। साहित्य पुनरावलोकन हेतु चयनित समस्त अध्ययनों को विभिन्न उपलब्ध इंटरनेट साइट्स से लिया गया है एवं उक्त अध्ययनों के आधार पर ही शोधार्थी द्वारा प्रस्तुत शोधपत्र लेखन कार्य सम्पादित किया गया है।

**निष्कर्ष** - शोध-पत्र का विषय यूक्रेन-रूस संघर्ष: भारत के लिए चुनौती या संभावना एक महत्वपूर्ण विषय है जिसके अंतर्गत यूक्रेन-रूस संघर्ष के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है।यूक्रेन-रूस संघर्ष एक

राष्ट्रीय अथवा अंतर–राष्ट्रीय विषय नहीं है, अपितु एक वैश्विक सामाजिक–राजनीतिक विषय है। इसमें कोई संदेह नहीं कि यूक्रेन की राजनीतिक एवं रणनीतियां प्रशंसनीय हैं जिन्होंने रूस जैसे शक्तिशाली देश के लिए आसानी से यूक्रेन पर आसानी से विजय प्राप्त करना और इसको अपने अधीन करना कठिन बना दिया। यद्यपि रूस और यूक्रेन दोनों देश विभिन्न संधियों के माध्यम से एक दूसरे के साथ लम्बे समय से जुड़े रहे हैं, दोनों देशों के मध्य होने वाली आंतरिक कलह और प्रस्ताव उल्लंघन इस संघर्ष के लिए जिम्मेदार हैं।

यूक्रेन–रूस संघर्ष ने दोनों देशों की सामाजिक–आर्थिक व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है तथा विश्व के भारत जैसे विभिन्न देशों को अपनी आतंरिक सुरक्षाव्यवस्थाओं को मजबूत करने हेतु प्रेरित किया है। इस संघर्ष ने यूक्रेन को तो हिलाकर रख ही दिया, साथ ही अन्य देशों को भी हिला कर रख दिया है। दोनों देशों में पुनर्स्थापन की समस्या को जन्म दिया है। इस संघर्ष ने मानव–अस्तित्व की क्षणिक प्रकृति को प्रस्तुत किया है।

यूक्रेन–रूस संघर्ष ने भारत जैसे विकासशील देश को विशेष रूप से प्रभावित किया है। भारत के लिए यह संघर्ष एक चुनौती के रूप में है जो भारत को इस बात के लिए जागरूक करता है कि यदि समय रहते शक्ति एवं शक्ति–प्रदर्शन सम्बन्धी विभिन्न पहलुओं को विकसित नहीं किया गया और यदि विश्व के विकसित देशों और दुश्मन–देशों से सफलता पूर्वक निपटने हेतु कोई ठोस रणनीति तैयार नहीं की गयी तो इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

यूक्रेन–रूस संघर्ष के बारे में विचारकों के अलग–अलग मत हैं। यूक्रेन–रूस संघर्ष यूक्रेन और रूस दोनों देशों की सुरक्षा रणनीति, परमाणु शक्ति आदि जानने के लिए पर्याप्त है।मानवीय मूल्यों के आधार पर यह संघर्ष बिल्कुल भी सराहनीय नहीं है। राजनीतिक आधार पर यह संघर्ष एक सबक है। राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में एवं शक्ति आधार पर यूक्रेन–रूस संघर्ष महत्वपूर्ण है।

इसमें कोइन संदेह नहीं कि यूक्रेन–रूस संघर्ष दोनों देशों के मध्य बिगड़ते हुए संबंधों का प्रमाण और परिणाम है। यह संघर्ष विकसित राष्ट्रों के लिए यह सन्देश प्रस्तुत करता है कि छोटे देशों की भी अपनी–अपनी सुरक्षा व्यवस्था, परमाणु शक्ति एवं युद्ध रणनीतियां होती हैं। भारत के लिए यूक्रेन रूस संघर्ष एक सबक, सीख और चुनौती है।

यूक्रेन की राजनीतिक व्यवस्था सुचारु थी जिसके परिणाम यूक्रेन ने रूस से लोहा मनवा लिया। यूक्रेन की युद्ध–रणनीतियाँ ठोस और योजनावद्ध थीं। यूक्रेन–भारत के संबंधों का इतिहास अच्छा रहा है। दोनों देशों की आतंरिक कलह, प्रतिस्पर्धा और वैमनस्य संघर्ष के महत्वपूर्ण कारण रहे। भारतीय परिप्रेक्ष्य में यूक्रेन–रूस संघर्ष एक चुनौती के रूप में है जो अप्रत्यक्ष रूप से यह आगाह करता है कि थोड़ी सी लापरवाही रूस को मित्र–देश से स्थान पर शत्रु–देश बना सकता है। अत: भारत को चाहिए कि वह अपने मित्र–देशों पर विश्वास तो करे, परन्तु इन पर विजय प्राप्त करने हेतु अपनी शक्ति और सुरक्षा–व्यवस्था को भी ठोस बनाये। अंत में, यूक्रेन एवं रूस संघर्ष भारत के लिए न केवल चुनौती है, अपितु अनेकों संभावनाओं से निहित है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. अनुराधा ओइनम–Russia&Ukraine Crisis: India*s Concerns and Options, Centre for Warefare Studies] 2022
2. बैरी एस और अन्य–Russia's War in Ukraine — The Devastation of Health and Human Rights', N Engl J Med 2022; 387:102 -105
3. चिंतामन महापात्रा–India's Approach to the War in Ukrain', Indian Foreign Affairs Journal, Vol- 16, No- 2, April & June, 2021/
4. उबिदुल हक– The human toll and humanitarian crisis of the Russia & Ukraine war: the first 162 days, BMJ Glob Health- 2022; 7(10)

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# भारतीय लोकतंत्र में मूल्यों की आवश्यकता

**डॉ. सर्वेश्वर उपाध्याय***

* सहा. प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) सर हरीसिंह गौर महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** लोकतंत्र हमारे लिए शासन प्रणाली मात्र नहीं हैं, यह हमारे देश की प्राचीनतम जीवन-शैली है। प्राचीन भारतीय गणतंत्रों और सभा समितियों में तथा तत्समय के जीवानाचार में जो सूत्र समाहित थे, वह आज भी लोकतांत्रिक मूल्यों के आवश्यक तत्व माने जाते हैं। हमारे यहां लोकतंत्र प्राचीन समय से संचालित होता आया है। कालक्रम सभ्यता के विकास, आवश्यकता और व्यावहारिकता के कारण लोक से तंत्र पृथक हो गया और सत्ता संत्र में प्रतिष्ठित हो गई। लोक के ऊपर तंत्र ने अपनी प्रभुसत्ता स्थापित कर शासन की शुरुआत की। अनेक बार लोक ने बिना हिंसात्मक क्रांति के सरकारें बदलीं किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि विगत कुछ वर्षों से देश में लोकतंत्र की जड़ें हिल रही हैं। विशेषकर राज्यों की राजनीति के चलते पिछले दो दशकों में ऐसी बातें जरूर हुई हैं जिन से लोकतंत्र व संसदीय प्रतिमानों पर ऑच आ रही है। राज्य सरकारें जिनमें केन्द्र से पृथक दलों की सरकारें हैं, वे संविधान को, संघ को सीधे चुनौती देते हुए नजर आ रही हैं, यह शुभ लक्षण नहीं हैं। आज का पूरा लोकतंत्र सत्ता के गलियारों में सिमट कर रह गया है। जिसमें लोक उपेक्षित हो रहा है और तंत्र जोड़-तोड़ का परिचायक। आज राजनीतिक स्वार्थ देश लोकतंत्र व संविधान से बड़े हो गये। राजनीतिक दलों के पीछे सिद्धांत व नैतिकता का कोई संदर्भ नहीं है बल्कि चुनाव में जीतने की तात्कालिक आकांक्षा ही उनकी प्रेरणा का मूल स्रोत रह गया है। अब राष्ट्रीय दल भी जोड़-तोड़ की राजनीति में पीछे नहीं हैं।

राष्ट्र के विषय में आज हमारा सोच बड़ा प्रखर और संवेदनशील होता जा रहा है। वर्तमान में संविधान के अंतर्गत संचालित और परिचालित संसदीय लोकतंत्र की व्यवस्था आज पचहत्तर वर्षो के उपरांत न केवल आस्थिर सी हो गई, वरन् डगमगाने लगी है। हमारा निर्वाचन अधिनियम भी अनेक महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अपर्याप्त और अप्रासंगिक सा सिद्ध हो रहा है। 'पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावी फिजा 2021 में मतदाताओं से ज्यादा आतंक, दहशत की आवाज सुनाई दी। सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में 775 आपराधिक छवि वाले उम्मीदवार खड़े हुये थे, इनमें 280 बाहुवली और 45 कुख्यात अपराधियों के अलावा 450 ऐसे उम्मीदवार थे जिन पर हत्या, रंगदारी और अपहरण के मामले दर्ज थे। पहली बार लगभग सभी दलों ने खुले हाथ से बाहुवलियों को टिकिट देकर लोकतंत्र के महापर्व को हाईजैक करा दिया।' इससे काफी हद तक कहा जा सकता है कि चुनाव महज औपचारिक बनते जा रहे हैं न सिर्फ पैसों के प्रभाव से चुनाव विकृत हो रहे हैं बल्कि धनपतियों, बाहुवलियों और विदूषकों ने प्रजातंत्र की सबसे अहम प्रक्रिया चुनाव को मखौल बनाकर प्रजातांत्रिक ढांचे की चूलें ही हिलाकर रख दी हैं। 'आज देश में अपराधियों को क्या सजा दी जाय, के स्थान पर किस जेल में रखा जाये, विचारणीय मुद्दे बन गये हैं।' चुनाव में कोई भला आदमी उम्मीदवार नहीं चाहता। यदि चाहे भी तो अदृश्य चुनाव खर्च उसे चुनाव प्रक्रिया से दूर ही रखता है। नगर निगम के एल्डरमेन हों, या लोकसभा के मनोनीत सदस्य हों या किसी राज्य के राज्यपाल का पद हो सब जनता द्वारा अस्वीकृत राजनीतिज्ञों के पाश में समाहित हैं। इन पदों की अब न तो गरिमा रही, न कोई आयाम न आशय। हो रही विसंगतियों का संभवत: प्रमुख कारण भी यही है।

लोकतंत्र में राजनीति सहिष्णुता के आधार पर चलती है परन्तु अब इस अवधारणा के प्राण सूखने लगे हैं। संविधान, सदन लोकतंत्र के पूजाघर हैं, यहां प्रजातंत्र की आराधना और आरती होती है। वैचारिक यज्ञ होते हैं जिनसे उठने वाली महक से प्रजातंत्र महकता है, पुष्ट और परिपक्व होता है, लेकिन अफसोस कि लोकतंत्र के ये पूजाघर सस्ती लोकप्रियता को हासिल करने के केन्द्र बनते जा रहे, राजनीतिक कलह, कपट और कटुता के कारावास बनते जा रहे। संसद सदस्यों द्वारा अध्यक्षीय आसंदी का अनादर आम बात हो गई है अभी हाल में गोवा और झारखंड की विधानसभाओं में जनप्रतिनिधियों और स्पीकरों के राजनीतिक गदन ने प्रजातंत्र में विधायिका की सर्वोच्चता को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। राजनीतिक अराजकता ने विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को आमने-सामने खड़ा कर दिया। संवैधानिक व्यवस्थाओं के सूत्र ढीले पड़ते नजर आ रहे हैं।

केन्द्र में संसद सदस्यों की भूमिका का संबंध केवल संसदीय निर्वाचित क्षेत्रों के हितों से ही नहीं होता, अपितु सम्पूर्ण राष्ट्र के हितों से भी होता है। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे राष्ट्रीय हितों के साथ ही अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता के हितों का विकास करेंगे। उनसे यह भी अपेक्षा की जाती है कि विधायी सदन को अधिक सक्षम, समाजोपयोगी एवं राष्ट्र के हितों के अनुरूप बनाये रखने का प्रयत्न करेंगे। उनका दृष्टिकोण उनकी सोच एवं उनकी कार्यशैली संकीर्णता को प्रोत्साहित नहीं करेगी। किसी क्षेत्र विशेष, किसी वर्ग विशेष के प्रति उपेक्षा के भाव को प्रोत्साहित नहीं करेगी। उनकी सोच दलबंदी के ऊपर राष्ट्रीय होगी, उनका चरित्र राष्ट्रीय होगा, उनमें दायित्व बोध होगा, कर्तव्यपरायणता होगी, उनका आचरण जनता के लिए प्रेरणादायी होगा। इन सारी अपेक्षाओं को पूरा करने में वे पूर्णतया सफल हो सकें, इसलिए उन्हें विशेष सुविधाएं और विशेषाधिकार प्रदान किये गये हैं। जनता की आशाओं को फलीभूत करने के प्रयोजन से विधायी सदनों को भी सम्पूर्ण राजनीतिक व्यवस्था के नियम संचालन का सूत्रधार बनाया गया है। ये विधायी सदन सम्पूर्ण संसदीय प्रणाली के मेरूदंड हैं, हृदय स्थल हैं, राजनीतिक संस्थाओं की शक्ति के स्रोत व लोकतंत्र के पूजाघर हैं।

व्यवस्थापिका के उपबंधों की व्यवस्था करते समय संविधान निर्माताओं के लोकसभा के मंत्रीमंडल संसद अर्थात लोकसभा के प्रति पूर्णतया उत्तरदायी हो, संसद सूचना प्राप्त करने का, जनमत प्रकाशित करने का माध्यम हो, संसद का सरकार पर पूरी तरह आर्थिक नियंत्रण हो, राष्ट्रीय हितों के मुद्दों पर सकारात्मक बहस हो जैसे लक्ष्य बताये हैं, अपनी इन जिम्मेदारियों को विधायी सदन अनिवार्यत: पूरा कर सकें। इसके लिए संविधान ने विधायी सदनों की बैठक हेतु वर्ष में कम से कम दो सत्र अनिवार्य रूप से बुलाने की बात कही है। इन सत्रों की बैठक हेतु कार्यवाही की प्रक्रिया भी निर्धारित कर दी गई है परन्तु इन सारी व्यवस्थाओं के बावजूद भी विधायी सदनों की कार्यसंस्कृति अपेक्षित स्तर नहीं पा सकी। संसदीय सदस्यों का आचरण जनता के लिए कहीं से प्रेरणादायी नहीं बन सका। आज असंसदीय भाषा का प्रयोग, अध्यक्षीय आसंदी की अवहेलना आम बात नजर आ रही है।

**एच. जुर्कांट, एस. हॉकर** और **ए.वीटर (2010)** द्वारा किया गया अध्ययन 'चिकित्सा और दन्त चिकित्सा के छात्रों में स्वास्थ्य से संबंधित गुणवत्ता और तनाव प्रबन्धन का तुलनात्मक अध्ययन' में जस्टस लीबिंग यूनिवर्सिटी के अलग-अलग वर्षों के 101 दन्त चिकित्सा और 237 चिकित्सा के छात्रों का अध्ययन किया गया। इन छात्रों पर दो अलग-अलग समयावधि शीतकाल (2008-9) और ग्रीष्मकाल (2009) के दौरान दन्त चिकित्सा छात्रों व मेडिकल छात्रों में तनाव प्रबन्धन हेतु विशेष प्रश्नावली का उपयोग किया गया था। इस शोध अध्ययन में छात्रों का निजी जीवन, विश्राम व्यवहार, स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार, तनाव प्रबंधन से संबंधित सर्वेक्षण किया गया। अध्ययन के दौरान दोनों ही स्तर के छात्रों में तनाव व अवसाद पाया गया। दोनों ही पाठ्यक्रमों के छात्रों के पास तनाव प्रबंधन हेतु किसी प्रकार की रणनीति नहीं थी।

**पी.डी. पाठक** (2016) ने अपनी पुस्तक 'शिक्षा मनोविज्ञान' को आठ भागों में विभाजित किया है। प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने बालकों में अभिवृद्धि एवं विकास के सिद्धान्त व अवस्थाओं, सीखने के वक्र, प्रेरणा व सीखना, आदत व थकान, अध्ययन की उत्ताम आदतों का उल्लेख किया गया है। इसके अतिरिक्त पुस्तक में बालक एवं शिक्षक के मानसिक स्वास्थ्य, समायोजन, तनाव, भग्नाशा एवं संघर्ष, विशिष्ट बालकों की शिक्षा का वर्णन है। शिक्षा में मनोवैज्ञानिक प्रयोग व व्यक्तित्व के विकास की अवस्थाओं का भी स्पष्ट उल्लेख किया गया है।

**डॉ. रामनाथ शर्मा** और **डॉ. राजेन्द्र** (1996) के द्वारा लिखित पुस्तक 'शैक्षिक समाजशास्त्र' छ: खण्डों में विभाजित हैं। इसमें समाजीकरण और शिक्षा, सामाजिक नियंत्रण और शिक्षा, आधुनिकीकरण और शिक्षा का विवेचन किया गया है। पाठ्यक्रम शिक्षा के मौलिक सिद्धान्त और प्रविधियाँ, स्वतन्त्रता और अनुशासन, मूल्यांकन और परीक्षा तथा अध्यापकों की समस्याओं का विवेचन किया गया है। बालकों के लिये नैतिक शिक्षा, समाज और शिक्षा, माध्यमिक स्तर की शिक्षा, व्यावसायिक और प्राविधिक शिक्षा तथा विशिष्ट बालकों के लिये शिक्षा का विवेचन लेखक द्वारा सरल एवं स्पष्ट रूप से किया गया है। प्राचीन समय में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना ही होता था किन्तु वर्तमान समय में इन उद्देश्यों में परिवर्तन हो गया है। विद्यार्थी प्रारम्भ से ही शिक्षा को एक डिग्री ही मानता है, जो केवल एक रोजगार या नौकरी देने में सहायक है। विद्यार्थी के अभिभावक उसे प्रतिस्पर्द्धा करना कम आयु से ही सिखा देते हैं। प्रतिस्पर्द्धा श्रेयष्कर है, योग्यता एक विशिष्ट गुण हैं, परन्तु यह छात्र की व्यक्तिगत रूचि व विशिष्ट जीवन जीने की इच्छा से निर्देशित होना चाहिये, न कि अभिभावकों की महत्त्वाकांक्षाओं की पूर्ति एवं सामाजिक विवशता के रूप में। शिक्षा मनुष्य में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर कर व रचनात्मक प्रवृतियों को प्रेरित कर व्यक्ति के जीवन में सफलता के सर्वोच्च स्तर तक ले जाने का सशक्त माध्यम है। किसी भी विद्यार्थी का परीक्षा परिणाम कई कारकों पर निर्भर करता है जिसमें बालक की स्वयं की मेहनत, उसके विद्यालय अध्यापकों के प्रयास, उसके अभिभावकों की अभिप्रेरणा और उसके परिवेश से अन्यान्य जुड़े कारण और परिस्थितियाँ सम्मिलित हैं, परन्तु विद्यार्थी, अभिभावक और समाज सभी अंकार्जन की दौड़ को ही शिक्षा का उद्देश्य मानकर उसे महत्तव देने लग गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप दिनोंदिन विद्यार्थियों में शैक्षिक तनाव की समस्या में वृद्धि होती जा रही है।

विद्यार्थी में होने वाले तनाव के मुख्य संकेत है- भूख में परिवर्तन, खेल और कही आने-जाने में रूचि न होना, सामाजिक अलगाव, चिड़चिड़ापन और अधीरता, नींद न आने की समस्या, अत्यधिक चिंता और नकारात्मक विचार, सरदर्द होना, दबाव में होने की प्रवृति, पूर्ण रूप से स्वयं को व्यर्थ अनुभव करना आदि। विद्यार्थियों में तनाव उत्पन्न करने वाले विभिन्न कारक हो सकते हैं जैसे- परीक्षा का दबाव। कई बार छात्र परीक्षा के दबाव के कारण तनाव में आ जाते हैं। आज कल बढ़ते हुये प्रतियोगिता की होड़ में छात्रों पर पढ़ाई का दबाव बढ़ता ही जा रहा है अर्थात् वह अपनी अपेक्षा के विपरीत स्वयं को असमर्थ महसूस करने लगते हैं। ऐसे समय में अभिभावक को छात्रों का पूरा सहयोग करना चाहिये। उन पर अपनी महत्वाकांक्षाओं का बोझ डालने की बजाय उन्हें समझाया जायें। विद्यार्थियों में तनाव का दूसरा मुख्य कारक शैक्षिक दबाव है। शैक्षिक दबाव का कई बार कारण स्वयं अभिभावक भी बन जाते हैं क्योंकि छात्रों पर उनके अभिभावक द्वारा अच्छे अंकार्जन करने का दबाव होता है। कई बार छात्र अपनी रुचि के अनुसार शैक्षिक करियर में आगे नहीं बढ़ पाते हैं जिस कारण उन्हें उनके अपेक्षा के अनुकूल सफलता न मिलने के कारण वह तनाव में आ जाते हैं। किशोरावस्था में बालक अपने मित्रों, सहपाठियों को प्रसन्न करने की कोशिश करते हैं, कभी-कभी यह मित्र सकारात्मक प्रभाव डालते है तो कभी-कभी नकारात्मक

प्रभाव डालते हैं। जिसके कारण बालक गलत आदतों का शिकार हो जाते हैं, जब इन बालकों के अभिभावक इन्हें जबरन पढ़ाई हेतु दबाव बनाते है तो ये बालक आक्रमक व्यवहार करने लगते हैं और तनाव का शिकार हो जाते हैं।

मनोचिकित्सकों के अनुसार शैक्षणिक दबाव छात्र के अच्छे प्रदर्शन के लिए बाधक है। प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तित्व अलग होता है, कुछ छात्र शैक्षणिक तनाव का अचछी तरह से सामना कर लेते हैं, लेकिन कुछ छात्र ऐसा नहीं कर पाते, जिसका असर उनके स्वभाव पर पड़ रहा है। असमर्थता के कारण छात्र तनाव से ग्रसित हो जाते हैं। कभी–कभी ये तनाव बढ़कर अवसाद का रूप ले लेता है। अवसादग्रसित छात्र अपनी समस्याओं के कारण आत्महत्या भी कर लेता है। इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण राजस्थान का कोटा शहर है। इस कोटा नगर में लाखों की संख्या में छात्र प्रतिवर्ष आईआईटी, नीट, एआई,ईईई की प्रवेश परीक्षा में उत्तीण होने हेतु कोचिंग करने आते हैं। इन लाखों कोचिंग विद्यार्थियों में से ही कुछ विद्यार्थी किन्हीं कारणों से तनाव एवं अवसाद से ग्रसित हो जाते हैं। अपने परिवार और समाज से दूर रहकर ये अपनी मानसिक पीड़ाओं से जूझते रहते हैं। इन विद्यार्थियों को आत्महत्या की एकमात्र उचित विकल्प प्रतीत होता है और ये आत्महत्या कर लेते हैं। इस नगर के कोचिंग विद्यार्थियों में आत्महत्या की घटनाओं में निरन्तर वृद्धि होती जा रही है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार 'भारत में वर्ष 2014 में 8,032 विद्यार्थी आत्महत्या कर चुके हैं। जिनमें से केवल 30% मामलों में छात्र केवल परीक्षा में विफलता के कारण आत्महत्या करते है। भारत में 15 से 29 साल की आयु के किशोरो और युवाओं में आत्महत्या की दर सर्वाधिक है।' नेशनल हेल्थ प्रोफाइल रिपोर्ट के अनुसार परीक्षा में विफलता देश में आत्महत्याओं के शीर्ष दस कारणों में से एक है। जबकि पारिवारिक समस्या शीर्ष तीन में है।

वर्तमान समय में विद्यार्थियों में शैक्षिक तनाव की समस्या में निरन्तर वृद्धि होती ही जा रही है। यह तनाव धीरे–धीरे अवसाद और आत्महत्या में परिवर्तित होता जा रहा है जो हमारे समाज की एक गंभीर समस्या बन गई है। इस समस्या के समाधान हेतु बालक के अभिभाव को आत्मनिरीक्षण करना चाहिये। बालक के व्यवहार को समझकर उन्हें आवश्यक प्रेरणा प्रदान करनी चाहिये। बालक को अपनी रूचि एवं क्षमता के आधार पर ही अपने शैक्षणिक कैरियर के चयन की स्वतन्त्रता होनी चाहिये। आज अत्यधिक आवश्यकता है ऐस व्यक्तियों की जो विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित कर सकें। जिनके बीच सौहार्द और सकारात्मक प्रतिस्पर्द्धा हो, ईर्ष्या नहीं। सफल लोगों में पढ़ाई में टॉपर कम ही मिलते है। जीवन की वास्तविकता अंकों व नौकरी की प्रतिस्पर्द्धा के खेल से बिल्कुल भिन्न है अतः हमें अपने बालकों को जीवन कौशल सीखाना है। इसके लिये संस्थानों के मूल्यांकन और उनकी ग्रेडिंग का आधार भी विद्यार्थियों का परिणाम और केवल अंकों को मानना भी सही नहीं है। ये समस्त प्रयास ही हमारी शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन कर शिक्षा में बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा को खत्म कर सकेंगे और साथ ही प्रतिस्पर्द्धा को निरन्तर बढ़ाने वाले कारकों को भी समाप्त कर सकेंगे।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**:–


1. दास, डी.के., 2018'परीक्षा का तनाव और इसका समाधान' पॉवर पब्लिकेशन, कोलकाता, पं. बंगाल (भारत)।
2. बाथला, एम. और सिंह, एम., 2011 'पूर्वस्नातक दन्तचिकित्सा छात्रों में चिन्ता, अवसाद और आत्महत्या के इरादों का मूल्यांकन : एक रेखीय अनुभागीय अध्ययन'।
3. अहडम, के. और इब्राहिम, सी. 2012 'विश्वविद्यालय के छात्रों में अवसाद के प्रसार के अध्ययन की समीक्षा'।
4. जुर्काट, एच. और वीटर, ए., 2010 'चिकित्सा और दन्त चिकित्सा के छात्रों में स्वास्थ्य से संबंधित गुणवत्ता और तनाव प्रबन्धन का तुलनात्मक अध्ययन'।
5. पाठक, पी.डी., 2016 'शिक्षा मनोविज्ञान', श्री विनोद पुस्तक मन्दिर सिकन्दरा, (आगरा)।
6. शर्मा, आर. और के. राजेन्द्र, 1996 'शैक्षिक समाजशास्त्र' एटलांटिक पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली।
7. बी.दशोरा, 2019 'माता–पिता दोराहे पर, बालक चौराहे पर' शैक्षिक मंथन पत्रिका, जयपुर।
8. M. Patrica.com


**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# *Mycoremediation* of Stubble-burned Pollutants in Paddy and Wheat Fields by *Pleurotus flabellatus*

**Mrs. Madhurima Tiwari***

***Assistant Professor (Botany) C.S.A. Government P.G. Lead College, Sehore (M.P.) INDIA**

**Abstract -** In our country, enormous amounts of agricultural waste are left back in the field after harvesting paddy and wheat crops. Every year, these stubbles (wastes) are burnt to empty the fields for cultivation of the next crop and this occurrence is referred to as stubble burning. The hazardous consequences of this cheapest method for emptying the fields manifest itself as an increase in air and soil pollution many folds. In the present paper, the main emphasis is given to the use of macrofungus *Pleurotus flabellatus*, as a biological tool of mycoremediation. Owing to their high enzyme profile these white rot fungi viz., Oyster mushroom (grey abalone) i.e., *Pleurotus flabellatus*, have the capability of degrading agro-lignocellulosic wastes of paddy and wheat which are mainly responsible for stubble burning. Besides waste degradation, the mushroom has great nutraceutical potential and also acts as an immunomodulator. The duration of this study was approximately 2 years, two crops in the summer season by using wheat straw (at artificially controlled temperature and humidity) and two crops in the winter season by using paddy straw had been cultivated. Because polythene bags harm the environment, I used reusable plastic buckets for spawning. I have also observed that the paddy straw was a comparatively more favorable mother substrate for oyster mushrooms than wheat straw.
**Key words:** Stubble burning, oyster mushrooms, mycoremediation, nutraceutical potential, immunomodulator.

**Introduction -** Our nation's crop stubble burning issue, which has been a significant contributor to air pollution, is getting worse. A million tones of wheat straw and paddy straw are generated each year. Unfortunately, a significant portion of these straw quantities is burned, with nearly 50% of wheat straw (8.5 million tonnes) and over 80% of paddy straw (18.4 million tonnes) being burned to prepare the land for the following crop. This burning practice occurs mainly in October and November for paddy straw and in April and May for wheat straw. The resulting emissions create a dense cloud of particles that can even be observed from space. This phenomenon, known as toxic or black clouds, leads to a state of air pollution emergenc . According to SAFAR, stubble burning causes poor air quality, health problems, and environmental harm in the states of Punjab, Haryana, the U.P., and M.P. This harm includes loss of soil nutrients and carbon loss, reduction in soil texture, death of soil microorganisms, increased soil erosion, emission of greenhouse gases and 2.5-10 mm particulate matter, unstable volatile organic chemicals, and cancer-causing polycyclic aromatic hydrocarbons.

In our country, only those alternative uses are necessary which may be applicable throughout the year and do not affect the revenue of farmers. The Indian government has taken several initiatives and promoted alternative uses of paddy straw such as in bio-thermal stations, bio-refineries[1] bio-gasification, bio-oil in the form of ethanol[2], and the production of mushrooms. One of these is mycoremediation (bioremediation by fungi) in which mushrooms are used as a tool for biodegradation, biosorption, and especially bio-conversion. Mycoremediation focuses on waste management strategies that are environmentally friendly and prioritize high output with few byproducts. Thus, mushrooms are not only used to clean up the environment but also a great source of proteins, minerals, vitamins, etc. in the diet of poor as well rich people. One of the most lucrative steps toward agricultural diversification based on microbial technology for extensive agro-waste recycling is the Mushroom Industry. The cultivation of *P. flabellatus* is a fruitful method of biological conversion of diverse agricultural cellulosic wastes[3] such as wheat straw,paddy straw[4], millet's straw[5] maize straw[6], banana pseudo stem[7], sorghum straw, lawn grasses[8], corn cobs, etc. Amongst various cereal straws, the wheat straw was reported as the best substrate[9] after paddy straw for the cultivation of Oyster mushrooms. Oyster mushroom have enormous medicinal properties which includes anti tumor[10] antibiotic[11], antioxidant[12] etc. It is rich in all 9 essential amino acids[13] vitamins[14] and minerals viz.,Ca,P,Fe,Cu,Se,Zn,Na,K,Mn[15]. Being remarkably low in starch content and high in protein it is a healthy diet for those with diabetes[16].

Oyster mushrooms have a high enzyme profile to degrade lignocellulosic substrates and because of this strong enzymatic machinery, the Oyster mushroom is categorized under primary decomposers. These enzymes include those that degrade lignin, such as laccase, lignin peroxidase, aryl alcohol oxidase/dehydrogenase, as well as those that degrade hemicellulose and cellulose, such as xylanase, cellulase, and cellobiose dehydrogenase[17,18].

Besides aforesaid peculiarities, the farming of *P.flabellatus* is also able to uplift the economic standard of growers because of its high demand as well as cost. This will result in the economic improvement of not only smallholders but also landless laborers and other vulnerable segments of society. After 4 flushes, the mother substrate remains useless for further production and is known as spent mother substrate. This substrate is a valuable biofertilizer that can be put to use in boosting soil fertility and in the industrial production of enzymes like cellulase, xylanase, and others.

**Material and Procedures:** The present research was performed in a modest mushroom production facility with masonry walls and a grass and bamboo roof on the roof of my residence in the Sehore district of M.P. The germplasm was collected from A.N.D. University ,Kumarganj, U.P., the lab work was done on the laboratory of department of Botany C.S.A. Government P.G. College, Sehore and the cultivation was carried out in the mushroom farming unit as described below -

1. **Collection of germplasm:** The mushroom section of the department of Plant Pathology at the Acharya Narendra Dev University of Agriculture and Technology in Kumarganj, Ayodhya (UP) provided the *P. flabellatus* culture.
2. **Preparation of Pure Culture:** In order to maintain a pure culture, it was sub-cultured every two weeks at 22°C ± on (PDA) and MEYEA medium in culture tubes.
3. **Preparation of Culture Medium:** The culture medium (PDA and YEMEA) was autoclaved at 126$^o$ temperature and 20 Ibs/inch square for 45 minutes inside cotton plugged flasks, transferred into petridishes and inoculated with a bit of hyphae at laminar flow work station. Now these inoculated petridishes were incubated at 25$^o$( ± 1$^o$) in BOD incubator to obtain pure culture.
4. **Spawn preparation:** Overnight water-soaked wheat grains were boiled and after drying mixed thoroughly with 2%(w/w) Gypsum and 4%(w/w) lime. Boiling was done to split the grains, gypsum was to prevent sticking and lime was used to maintain pH. Now 200-250 gram of complete mixture was filled in bottles of glass , plugged with non-absorbent cotton & allowed to autoclave at 126$^o$ temperature at 20Ibs/inch square pressure for 60 minutes. After sterilization the bottles were cooled overnight and on the next day inoculated by hyphae of *Pleurotus flabellatus*, obtained from pure culture. These inoculated bottles were incubated for one week at 13-14$^o$ in BOD incubator. To ensure uniform mycelial growth, flasks were shaken daily during this period.
5. **Collection and sterilization of mother substrates:** In this experiment, both rice and wheat straw served as the mother substrate. Both the substrates were chopped to form 2-3 sized particles and water soaked overnight in 2% formaldehyde solution(to sterilize) and 0.05% Bavistin (to prevent arthopodal infection).On the next day the substrates were filtered and partially dried to make them ready for spawning.
6. **Spawning:** The bed was prepared by layer spawning[19] in perforated and small sized reusable buckets which were guarded by lids. The perforation in buckets was necessary for proper ventilation and their small size was for compact packaging of spawned substrate .During spawning 2 kg mother substrates (for both paddy and wheat straw) was inoculated by 5% of spawn. The substrate was now spawned in plastic buckets and nurtured for 20 days at 25 to 30°C in the growth room until the mushroom mycelium completely covered the substrate. After 15-16 days the pinheads began to appear which can be seen through the perforation of buckets. After that the spawned substrate were carefully removed from the bucket by gently opening of their lids. Now the empty buckets were put apart safely for their further use. The beds were irrigated regularly 2 times per day in winter and 5 times per day in summers day with water sprayer to keep them wet and to maintain 80-85% humidity. Usually, 3–5 days after being removed from buckets, the fruiting bodies became visible. Until the time of the harvest of fourth flush, which was finished in 43 days (in wheat straw) and 47 days (in paddy straw) after spawning, the beds were kept in good condition. To revitalize the mycelium and remove unwanted microbial flora, a thin layer of substrate was scraped off of either side of the beds just after the second flush. The fruiting bodies were manually twisted and removed, leaving only the fractured fragments behind.

**Biological Yield and Biological Efficiency:** The total weight of all fruiting bodies harvested from each of a crop's four flows was used to calculate the total biological yield of mushrooms. Using the following formula, the biological efficacy (yield of mushrooms per kilogram of substrate on a dry weight basis)[20] was calculated:

$$B.E. (\%) = \frac{\text{(Fresh Weight of P. flabellatus)}}{\text{(Dry Weight of Paddy/Wheat straw)}} \times 100$$

**Table No - 1 2 and 3 (see in last page)**

**Crop of Summer Season**



**(Fig A) *Pleurotus flabellatus* of first flush ( May 21 July 21)**



**(Fig B) *Pleurotus flabellatus* of first flush ( May 22 July 22)**

**Crop of Winter Season**



**(Fig C) *Pleurotus flabellatus* of first flush (Nov 21-Feb 22)**



**(Fig D) *Pleurotus flabellatus* of first flush (Nov 22 - Feb 23)**

**Result and Discussion:** There were two observations had been made per year considering two seasons summer as well as winter season from May 2021 to February 2023. In the summer season, the cultivation of *Pleurotus flabellatus* was done from May to July on easily available wheat straw in both years (Table-1) and likewise two crops were produced in twinter season from November to February on easily available paddy straw(Table -2).

During the summer, the requisite humidity (80-85%) was maintained by spraying water five times per day, and the required temperature (27°C ± 2°C) was maint ained by summer coolers powered by solar energy. The table-1 shows biological yield and biological efficiency of mushroom in both crops of summer season grown on wheat straw.

Winter season is the favourable time for cultivation of oyster mushroom due to naturally low temperature but the humidity(80-85%) was maintained by spraying water twice only per day. The table-2 shows maximum biological yield as well as efficiency of mushroom in both crops.

When comparing the biological efficiencies of oyster mushrooms in the two growing seasons, I discovered that they were significantly lower in the summer than they were in the winter. This was caused by two factors: first, artificially maintained favorable conditions, such as low temperatures and high humidity, and second, the mother substrate's (wheat straw's) relative softness, which resulted from the absence of aerenchymatous tissues and the presence of an epidermis cuticle layer that was relatively thicker than usual. This was a result of the natural conditions still existing at the time as well as the favorable anatomical structure of paddy straw, which contains arenchyma and facilitates broad mycelial growth, leading to the development of robust fruiting bodies.

The table-3 shows a comparison between the cropping conditions as well as production of mushroom in both the years. This table makes it clear that the winter season is most appropriate season for its cultivation but this production can also be continued by maintaining artificial conditions which facilitate mushroom production throughout the year with little more difference in biological efficiency. This table also emphasizes the importance of the paddy straw as a more efficient substrate for production of oyster mushroom in comparison to wheat straw. Coincidently, the paddy straw is produced in huge quantity in winter season which is appropriate time for mushroom production. Therefore, paddy straw may be utilized frequently for the production of protein-rich foods, and this use of fungi is without a doubt one of the best methods of mycoremediation of air pollution caused by stubble burning, which may also help to alleviate hunger, malnutrition, and diminished immunity to some extent.

**Conclusion:** Currently, mushroom farming is the only biotechnology approach that may be considered economically viable for the conversion of forest and agricultural waste plant leftovers. Mushroom farming is a very productive mycoremediation strategy since it may be used not only to eliminate pollution but also to generate a useful byproduct with significant nutraceutical potential. Eco-friendly technology like mushroom cultivation can help with mineral recycling by taking the place of destructive practices like burning stubble. Mushroom gardening as a form of mycoremediation has the potential to solve two of the world's most pressing issues at once: the accumulation of waste and the lack of protein-rich food sources. Growing mushrooms can help feed a growing population, especially in rural areas and among indigenous groups in distant areas, while also allowing them to support themselves economically.

**Acknowledgement:** I'd like to express my appreciation to the principal of C.S.A. Government P.G. Lead College in Sehore for providing me the access to the botany lab for my experiments . Dr. A. D. Mishra, assistant professor at A. N. D. P. G. College in Babhnan, Gonda, has been a wonderful supervisor throughout my project. The most important spawn of oyster mushrooms was sent to me by the head of the mushroom section of Plant Pathology at the Acharya Narendra Dev University of Agriculture and Technology in Kumarganj, Ayodhya (UP).

**References:-**

1. Hamelinck,C.N., Van hooijdonk,G. and Faaij,A.P.C. 2005.Ethanol from lignocellulosic biomass:Techno-

economic performance in short-middle- and long-term.Biomass Bioenergy.28pp.384-410
2. *Lin,Y.and Tanaka,S. 2006.Ethanol fermentation from biomass resources : current status and prospects.Appl. Microbiol.Biotechnol.69 pp.627-642.*
3. Bano,Z., Shashirekha,M.N.and Rajanathanam,S. Improvement of the bioconversion and biotransformation efficiencies of oyster mushroom (Pleurotus sajor-caju) by supplementation of its rice straw with oil seed-cakes.Enzymes and Micro ipl.Tech.15(21)pp.986-989.
4. *Bano,Z. and Srivastava H.C.1962.Studies in the cultivation of Pleurotus sp.on paddy straw.Foood Sci.12.pp.366-368*.
5. Bhandari,T.P.S., Singh,R.N.and Verma,B.L.1991. "Cultivation of oyster mushroom on different substrates". Indian Phyto.44(4)pp.555-557.
6. Bahukhandi*,D. and Munjal,R.L.1989. Cultivation of Pleurotus sp.on different agricultural residues.Indian Phytopath.42(4)pp.492-495.*
7. Bonnati,M.,Karnopp,P.,Soares,H.M.and Furlon,S.A. 2004."Evaluation of Pleurotus ostreatus and P.sajor-caju nutritional charcterstics when cultivated in different lignocellulosic wastes" Food chem.88(3)pp.425-428.
8. Yamashita,I., Mori, T.,Tino, K.,Yanai,S.,Utilisation of cobs and ear husk, peanut shell, lawngrass and porous stone for cultivation of Oyster mushroom (Pleurotus ostreatus Jacquex .Fr.) Quat, J. Fdsci. Technol.1983; 30:693-697.
9. Bano,Z.and Rajrathnam;Bharti,et.al.1987; Thami,et.al. 1986;Bonnati,et.al.2004."Bioconversion of low quality wastes into edible protein by Pleurotus sajor-caju".Journal of Zhejiang Uni.Sc.B.8(10)pp.245-257.
10. Dalonso,N.,Souza,R.,Silveria,M.L.L., Ruzza,A.A., Wagner,T.M.,Wisbeck,E Furlan,S.A.2010. Characterization and antineoplastic effects of extracts obtained from Pleurotus sajor-caju fruiting bodies.App.Biochem & Biotech.160 pp.2265-2274.
11. Chang,S.T.1999.Global impact on edible and medicinal mushrooms on human welfare on 21st century: Nongreen evolution,Int.J. Med.Mush.News. 1pp.1-17.
12. Boonsong,S.,Klaypradit,W.and Wilaipun, P.2016. Antioxidant activities of extracts from 5 edible mushrooms using different extravagant, Agri.Nat. Resour.50pp.89-97.
13. Hayes,W.A.,Haddad,S.P.1976."The nutritive value of mushrooms".Mushroom J.30.pp.204.
14. Caglarirmark,N.2007.The nutrients of exotic mushrooms (Pleurotus sp. and Lentinula edodes) and an estimated approach to the volatile compounds.Food Chem.105pp.1188-1194.
15. Millikan,M.2012."Nutritional metals in food by AAS",Atomic Absorption Spectroscopy, In.Akhyar,FM.(ed)pp.143-166.
16. Agrawal,R.P., Chopra,A.,Lavekar,G.S.et.al. 2010."Effect of mushroom on glycemia,lipid profile and quality of life in type 2 diabetic patients". Australian J.of Herbalism vol.22(2)pp.50-54.
17. Sanchez,C.2009.Lignocellulosic residues: biode gradation and bioconversion by fungi.Biotechnol Adv.27pp.185-194.
18. KabelM.A.,E.Makela,.R.P.de Vries Edita Jurak. 2017.Occurence and function of enzymes for lignocellulose degradation in commercial Agaricus Bosporus cultivation. Appl.Microbiol.Biot.101 pp.4363-4369.
19. Bano,Z.1971.Cultivation of Pleurotus sp. Second Int.Symposium on Plant Path.held at IARI,New Delhi,135.
20. Chang,S.T.,Lau,O.W.,Cho,K.Y.,1981.The cultivation and nutritive value of Pleurotus sajor-caju.European J.Appl.Microbiotech.12 pp.58-62.

**Table No - 1**

| Time duration | Temperature | Humidity | Biological yield | Biological efficiency |
|---|---|---|---|---|
| May 21to July 21 | 27°C ± 2°C | 79 ± 2% | 1200 gm | 60% |
| May 22 to July 22 | 27°C ± 2°C | 79 ± 2% | 1220 gm | 61% |

**Table No - 2**

| Time duration | Temperature | Humidity | Biological yield | Biological efficiency |
|---|---|---|---|---|
| Nov 21 -Feb 22 | 25°C ± 2°C | 80 ± 2% | 1350 gm | 67.5% |
| Nov 22 -Feb 23 | 25°C ± 2°C | 80 ± 2% | 1390 gm | 69.5% |

**Table No - 3**

| | Summer Season( Mother Substrate: Wheat ) | | Winter Season( Mother Substrate : Paddy) | |
|---|---|---|---|---|
| **Time Duration** | May - 21 to July - 21 | May 22–July 22 | Nov 21 -Feb 22 | Nov 22 -Feb 23 |
| **Temperature** | 27°C ± 2°C | 27°C ± 2°C | 25°C ± 2°C | 25°C ± 2°C |
| **Humidity** | 79 ± 2% | 79 ± 2% | 80 ± 2% | 80 ± 2% |
| **Spraying of water** | 5 Times/day | 5 Times/day | 2 Times/day | 2 Time/days |
| **B.Y** | 1200 gm | 1220 gm | 1350 gm | 1390 gm |
| **B.E** | 60 | 61 | 67.5 | 69.5 |
| **Days** | 45 | 45 | 47 | 48 |

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि का अध्ययन करना

**डॉ. सुषमा शर्मा* गायत्री सोलंकी****

*प्राध्यापक, माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि का अध्ययन धार जिले की कुक्षी तहसील की 8 अशासकीय विद्यालय का चयन किया गया है प्रस्तुत शोध अध्ययन के निष्कर्ष हेतु सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि का अध्ययन करने पर सार्थक अंतर पाया गया। इस शोध अध्ययन से वह स्पष्ट होता है कि अनुसूचित जनजाति के छात्र एवं छात्राएँ ग्रामीण परिवेश में रहते है। इसलिए वह छात्र-छात्राएँ शैक्षिक अवसरों से वंचित रह जाते है। बुद्धिलब्धि का संबंध वंशांनुक्रम से अधिक होता है। उदाहरण के लिये यदि माता-पिता की बुद्धिलब्धि अधिक होगी तो उनसे प्राप्त संतान की भी बुद्धिलब्धि अधिक पाई जाती है इसीलिए बुद्धिलब्धि का सीधा संबंध वंशानुक्रम पर आधारित होता है।

**प्रस्तावना –** मनुष्य आज श्रेष्ठतम प्राणी बुद्धि के कारण ही समझा जाता है। कुछ व्यक्ति जन्म से ही प्रखर-बुद्धि वाले अथवा मुर्ख हुआ करते है। प्रखर-बुद्धि वाले व्यक्ति मुर्ख व्यक्तियों की अपेक्षा शिक्षा से अधिक लाभ उठाते हैं। अत: कहा जा सकता है कि बुद्धि वंशानुक्रम पर आधारित होती है, परन्तु दुसरी और इसके विकास के लिए उपयुक्त वातावरण की भी आवश्यकता होती है। बुद्धि में कोई एक गुण नहीं होता है बल्कि बुद्धि अनेक गुणों का समुच्चय है। अत: किसी भी व्यक्ति को बुद्धिमान या बुद्धिहीन तब तक नहीं कहना चाहिए जब तक कि उसके व्यवहार में निहित बुद्धि के अनेक गुणों का परीक्षण न किया जाये। बुद्धि को प्रत्यक्ष रूप से देखा नहीं जा सकता बल्कि उसके प्रभावों को ही देखा जा सकता है अत: हम कह सकते हैं कि बुद्धि एक परिकल्पनात्मक शक्ति है। बुद्धि का व्यक्ति बहुधा उपयोग विभिन्न समस्याओं को समझने और उनका अधिगम करने में तो करता ही है, परन्तु बुद्धि का उपयोग जीव अपने दैनिक जीवन की छोटी-छोटी बातों से लेकर बड़ी-बड़ी बातों को समझने और उनके प्रति अनुक्रिया करने में भी करता है। इस सम्बन्ध में कुछ अधिक कहने से पहले आवश्यक है कि बुद्धि के अर्थ और स्वरूप को समझ लिया जाये। बुद्धि के अर्थ और स्वरूप के सम्बन्ध में मनोवैज्ञानिकों में एक मत नहीं है, फिर भी यहाँ नीचे कुछ प्रचलित परिभाषाएँ देकर बुद्धि के अर्थ को समझाने का प्रयास किया गया है।

**वैगनन –** 'अपेक्षाकृत नई एवं परिवर्तित स्थितियों को समझने तथा उनके अनुसार समायोजित करने की योग्यता बुद्धि है।'

**डैविड वैक्सलर –** 'बुद्धि व्यक्ति की वह संयुक्त और समग्र क्षमता है, जिसके द्वारा वह उद्देश्यपूर्ण कार्य करता है। विवेकपूर्ण चिन्तन करता है और अपने वातावरण का प्रभावशाली ढंग से सामना करता है।'

**साहित्य का पुनरावलोकन –** प्रस्तुत अध्ययन के लिए अनेक शोध पत्र-पात्रिकाओं का अध्ययन किया तथा उनमें से विगत वर्ष में किये गये कुछ प्रमुख अध्ययन इस प्रकार है –

**खबीदल आलम (2017) –** ने पश्चिम बंगाल के 'उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि एवं समायोजन के बीच अंर्तसंबंध का अध्ययन' किया। निष्कर्ष में पाया गया है कि छात्र-छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक प्रभाव नहीं पड़ा जबकि समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि के बीच सार्थक संबंध पाया गया।

**सपाल, किन्टो (2017) –** ने परिवार विद्यालय समाज एवं समुदाय को द्रष्टि में रखते हुए छात्रों के समायोजन पर अध्ययन किया तथा निष्कर्ष में पाया कि जहॉ पर छात्रों का पारिवारिक समायोजन अच्छा रहता है। वहॉं पर कक्षाओं में भी समायोजन की समस्या नहीं रहती हैं। अध्यापकों के विचार से पारिवारिक समायोजन तथा विद्यालयी समायोजन में विशेष सम्बन्ध है। इन्होनें यह भी निष्कर्ष निकाला कि विद्यालयी समायोजन के लिए पारिवारिक समायोजन आवश्यक है।

**राजपूत प्राची एवं सिंह डॉ. देवेन्द्र (2016) –** ने फिरोजाबाद में 'माध्यमिक स्तर के अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों के समाजिक-आर्थिक स्तर का उनके शैक्षिक उपलब्धि तथा समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन' पर शोध कार्य किया। निष्कर्ष में पाया गया कि अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों के सामाजिक-आर्थिक स्तर के अनुसार शैक्षिक उपलब्धि व समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।

**शोध अध्ययन के उद्देश्य –** अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि का अध्ययन करना।

**शोध अध्ययन की परिकल्पना –** अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि का अध्ययन करने पर सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।

**निदर्शन का क्षेत्र –** प्रस्तुत निदर्शन का क्षेत्र के अंतर्गत धार जिले की कुक्षी तहसील में अध्ययनरत् कर रहे छात्र एवं छात्राओं को अध्ययन हेतु

चुना गया है।

**निदर्षन का आकार –** प्रस्तुत अध्ययन में आँकड़ों के संकलन हेतू 200 निदर्शन लिया गया है। अनुसूचित जनजाति जिसमें छात्र एवं छात्राओं की 100 संख्या है। 50 छात्र व 50 छात्राओं की बुद्धिलब्धि का अध्ययन किया गया है।

सामान्य वर्ग में जिसमें छात्र एवं छात्राओं की 100 संख्या है। 50 छात्र एवं 50 छात्राओं की बुद्धिलब्धि का अध्ययन किया गया है।

अध्ययन का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि का अध्ययन करना हैं। इस हेतु प्रतिर्दश का चयन दैव निदर्शन विधि की लॉटरी विधि से धार जिले की कुक्षी तहसील से किया गया। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए 'अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि का अध्ययन करने पर सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा' परिकल्पना का निर्माण किया गया। परिकल्पना की सार्थकता की जाँच करने हेतु अनोवा परीक्षण का प्रयोग किया गया हैं। प्राप्त निष्कर्षो को तालिका क्र. 1 में दर्शाया गया हैं।

**तालिका क्रमांक 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

**तालिका का स्पष्टीकरण –** बुद्धिलब्धि का स्तर ज्ञात करने पर निम्न तथ्य प्राप्त होते है अनुसूचित जनजाति के छात्रों में केवल 01-01 छात्र ही श्रेष्ठ एवं तीव्र सामान्य स्तर में आते है। 20 छात्र सामान्य बुद्धि-वर्ग में आते है। मन्द सामान्य, सीमावर्ती एवं ढोषपूर्ण बुद्धि पूर्ण बुद्धि-वर्ग में क्र. 08,12 एवं 09 छात्र पाये गये हैं। जबकि अनुसूचित जनजाति की छात्राओं में बुद्धिलब्धि का स्तर तीव्रसामान्य (02), सामान्य (21), मन्द सामान्य में (20), सीमावर्ती (06) एवं ढोषपूर्ण स्तर पर (01) छात्राएँ पायी गये हैं। सबसे अधिक (40%) बुद्धि-वर्ग के सामान्य स्तर में आते है।

सामान्य वर्ग के छात्रों में बुद्धिलब्धि का स्तर ज्ञात करने पर निम्न स्थिति प्राप्त हुई हैं- बुद्धिलब्धि की अतिश्रेष्ठ श्रेणी में 03 छात्र, श्रेष्ठ श्रेणी में 08 छात्र, तीव्र सामान्य श्रेणी में 14 छात्र जबकि 24 छात्र सामान्य श्रेणी में पाये गये, इसके अलावा मन्द सामान्य बुद्धिवर्ग में केवल 01 छात्र पाया गया हैं।

जबकि सामान्य वर्ग की छात्राओं में बुद्धिलब्धि के अतिश्रेष्ठ श्रेणी में 02 छात्राएँ श्रेष्ठ, श्रेणी में 13, तीव्र सामान्य में 19 एवं सामान्य वर्ग में 16 छात्राएँ पायी गई हैं।

**तालिका क्रमांक 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

**ग्रॉफ क्रूमांक 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

**तालिका का स्पष्टीकरण –**उपर्युक्त तालिका से यह स्पष्ट होता है कि सामान्य जाति की छात्राओं में बुद्धिलब्धि का माध्य 93.56 है। जो कि तीव्र सामान्य बुद्धि वर्ग में आते है एवं सामान्य जाति के छात्रों में 90.38 माध्य पाया गया है जो कि सामान्य बुद्धि वर्ग में आते है जबकि अनुसूचित जनजाति छात्रों में बुद्धिलब्धि का 68.94 जो कि मन्द सामान्य बुद्धि वर्ग में आते हैं। एवं अनुसूचित जनजाति छात्राओं में माध्य 72.78 पाया गया है। जो कि सामान्य बुद्धि वर्ग में आते हैं। माध्यों के बीच में सार्थक अन्तर पाया गया है। जो कि अनोवा मूल्य F 78.099 एवं 3.196 स्वंन्नयांश पर सार्थक (P<.05)पाया गया हैं। अत: शून्य परिकल्पना 'अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग में छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि का अध्ययन करने पर सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा'। अस्वीकृत कि जाती है अत: यह स्पष्ट है कि सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं में बुद्धिलब्धि का स्तर अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं से अधिक पाया गया है।

**निष्कर्ष –** अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि का अध्ययन करने पर सार्थक अंतर नही पाया जायेगा, को अस्वीकृत किया जाता है। जो कि तालिका क्र 01 व 02 में प्रदर्शित अंकों से सिद्ध होता है कि माध्यों के बीच सार्थक अन्तर पाया गया है। अत: यह स्पष्ट है कि सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं में बुद्धिलब्धि का स्तर अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं से अधिक पाया गया है।

**कारण –** उपरोक्त परिणामों का सम्भावित कारण यह हो सकता है कि अनुसूचित जनजाति के छात्र एवं छात्राएँ ग्रामीण परिवेश में रहते है। इसलिये वह छात्र छात्राएँ शैक्षिक अवसरों से वचिंत रह जाते है। (Exposhre) बुद्धिलब्धि का सम्बन्ध वंशानुक्रम से अधिक होता है। उदाहारण के लिये यदि माता-पिता की बुद्धिलब्धि अधिक होगी तो उनसे प्राप्त संतान की भी बुद्धिलब्धि अधिक पाई जायेगी। इसीलिए बुद्धिलब्धि का सीधा सम्बन्ध वंशानुक्रम पर अधारित होती है।

**सुझाव :**

1. राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा व राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों बुद्धिलब्धि व समायोजन के मध्य सहसंबंध का अध्ययन किया जा सकता है।
2. अभिभावको को अपने छात्रों को पारिवारिक व आर्थिक परेशानियों से दूर रखे। जिससे वह अच्छे से समायोजन कर अपने लक्ष्य को हासिल कर सके।
3. अभिभावको को अपने बच्चों का खान-पान का भी ध्यान रखना चाहिए जिससे उनकी बुद्धिलब्धि अच्छी रहे व उनका पढ़ाई में भी ध्यान लगा रहे।
4. अभिभावकों को यह ध्यान रखना चाहिए कि वह अपने बच्चों को ज्यादा प्रेशर व दबाव नहीं देना चाहिए अन्यथा व अपने मार्ग से भटक जायेंगे और लक्ष्य पर नहीं पहुँच पायेंगे।
5. अभिभावकों को अपने बच्चों को स्वतत्रं रूप से पढ़ाई करने देना चाहिए इन्हें ज्यादा रोक-टोक नहीं लगाना चाहिए। नहीं तो वे चिड़चिड़े स्वभाव के हो जाते है और वह अपने परिवार में समायोजन नहीं कर पाते। जिससे वह अपने लक्ष्य पर नहीं पहुँच पायेंगे।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. पी.डी.पाठक 'शिक्षा मनोविज्ञान' विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा (2005)
2. डॉ. प्रीति वर्मा, डॉ.डी.एन. श्रीवास्तव 'आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान, श्री विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा (1999)
3. डॉ.आर.ए. शर्मा डॉ. शिखा चतुर्वेदी 'शैक्षिक एवं व्यवसायिक-निर्देशन परामर्श निकट राजकीय इन्टर कॉलेज बेगम, ब्रिज रोड़ मेरढ़ (2008)
4. श्रीमती गायत्री बर्मन, श्रीमती शशीप्रभा जैन 'किशोरावस्था विवाह एवं परिवार', शिवा प्रकाशन, श्रीगणेश मार्केट, खजूरी बाजार, इन्दौर (म.प्र.) (2008)
5. डॉ. श्रीनाथ शर्मा 'सामाजिक अनुसंधान पद्धति', मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ आकदमी रवीन्द्रनाथ मार्ग बानगंगा, भोपाल (2016)
6. डॉ. रवीन्द्र नाथ मुकर्जी 'सामाजिक शोध व सांख्यिकीय', विवेक प्रकाशन, जवाहर नगर, दिल्ली (2012)
7. एच.के.पिल, एच.पी. भार्गव 'अनुसंधान विधियों' बुक हाउस प्रकाशन पुस्तक, भार्गव भवन 4/352 कचहरी, धार, आगरा (2001)

**तालिका क्रमांक 1: छात्र-छात्राओं की बुद्धिलब्धि के स्तर का विवरण**

| क्र. | बुद्धिलब्धि का स्तर | अनुसूचित जनजाति छात्र | | अनुसूचित जनजाति छात्राएँ | | सामान्य वर्ग छात्र | | सामान्य वर्ग छात्राएँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत |
| 1. | अतिश्रेष्ठ( 107से अधिक) | 00 | 0% | 00 | 0% | 03 | 06% | 02 | 04% |
| 2. | श्रेष्ठ (99 से 106) | 01 | 2% | 00 | 0% | 08 | 16% | 13 | 26% |
| 3. | तीव्रसामान्य(91 से 98) | 01 | 0% | 02 | 4% | 14 | 28% | 19 | 38% |
| 4. | सामान्य(73 से 90) | 20 | 40% | 21 | 42% | 24 | 48% | 16 | 32% |
| 5. | मन्द सामान्य(65 से 72) | 08 | 16% | 20 | 40% | 01 | 02% | 00 | 0% |
| 6. | सीमावर्ती (57 से 64) | 12 | 24% | 06 | 12% | 00 | 0% | 00 | 0% |
| 7. | दोषपूर्ण (56 से कम) | 09 | 18% | 01 | 02% | 00 | 0% | 00 | 0% |
| | कुल | N=50 | 100% | N=50 | 100% | N=50 | 100% | N=50 | 100% |

**तालिका क्रमांक 2 : छात्र-छात्राओं की बुद्धिलब्धि के अध्ययन का अनोवा परिक्षण**

| समुह | संख्याN | माध्य | मानक विचलन | अनोवा परिक्षण F | सार्थकता मान P |
|---|---|---|---|---|---|
| अनुसूचित जनजाति छात्र | 50 | 68.94 | 12.28 | 78.099 | 0.000 (P<.05) |
| अनुसूचित जनजाति छात्राएँ | 50 | 72.78 | 8.25 | | |
| सामान्य छात्र | 50 | 90.38 | 9.50 | | |
| सामान्य छात्राएँ | 50 | 93.56 | 8.94 | | |

**ग्रॉफ क्रूमांक 1**




*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# भारत वर्ष के प्राचीन एवं वर्तमान आध्यात्मिक संत (गंगा क्षेत्र के विशेष सन्दर्भ में)

डॉ. मुकेश मारू*

* संचालक, एम.टी.एम.कान्वेन्ट सेकेण्डरी स्कूल, ब्यावरा, राजगढ़ (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना** - गंगा क्षैत्र के आध्यात्मिक सन्तो के पुराण के अर्न्तगत अध्ययन के पूर्व हमें जानना होगा उस क्षेत्र के विषय में जिसे श्री राम शर्मा आचार्य ने दैवात्मा की संज्ञा दी है। जहाॅ सुमेरू, संतोपंथ, शिवलिंग, गोरी पर्वत, गन्धमादन, स्वर्गारोहिणी केदारकंठ , नीलकंठ , चोखम्भा की पर्वत श्रेणियां तथा गंगा-यमुना की पवित्र जल धाराऐ युगो-युगो से भारतीय संस्कृति के निर्माता ऋषियो के लिये पूज्यनीय रही है। बल्कि उन्होनें यहां ही रहकर सिद्धियां प्राप्त की है। गीता मे जिसे भगवान ने कहा है।

**स्थावराणां हिमालय**

अर्थात पर्वत में में हिमालय हुॅ।

भारत की उत्तर दिशा मे हिमालय पर्वत है। यह देवो की आत्मा है, पर्वतो का सम्राट है। यह पूर्व सागर से पश्चिम सागर तक इस प्रकार फैला है मानो पृथ्वी को नापने का मापदंड हो । हिमालय को सभ्यता का आदि जन्मदाता माना गया है। मनुष्यों की आरम्भिक उत्पत्ति यही हुई। मध्य एशिया का तापमान एवं प्रकृतिक वातावरण प्रतिकूल पडने पर निर्वाह के लिये उपयुक्त स्थान खोजने हुये आर्य लोग यहाॅ आ बसे। जल प्रलय और हिम प्रलय के उपरान्त हिमालय की ही स्थिति प्राणियों के जीवित रह सकने योग्य बनी। मनु की नाव यही आकर किनारे लगी थी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सम्पूर्ण सृष्टि मे भगवती गंगा ने हिमालय को ही चुना है। अपनी प्रथम उपस्थिति के लिये पुराणो के अनुसार गंगा हिमालय राज की ज्येष्ठ पुत्री भी है। अत: सम्पूर्ण हिमालय को यदि गंगा क्षैत्र कहा जाय तो बिल्कुल भी अतिष्योक्ति नही होगी।

हिमालय, जहाॅ गंगा अपनी धारा अलकनंदा मंदाकिनी के साथ प्रवाहमान है। करोडो वर्षो की क्या बात करे आज भी स्वर्ग की अनुभुति देता आया है। पूरे विश्व मे आज यह क्षैत्र ही है जो प्रामाणिक रूप से अमर सन्तो का साक्ष्य देता है। उदाहरण स्वरूप भारतवर्ष के दो महान सन्त श्री राम शर्मा आचार्य जिन्होने हमारी विरासत मे लिखा है कि बाल्यकाल मे अपने स्वयं के कक्ष मे उन्हे हिमालय स्थित अपने गुरू का साक्षात्कार हुआ। एवं आटो बायोग्राफी ऑफ ए योगी क लेखक श्री स्वामी परमहंस योगानंद ने अपनी इस पुस्तक मे बाल्यकाल मे हिमालय के योगीयो के साक्षात्कार के सन्दर्भ मे उल्लेख किया है।

ठीक इस प्रकार स्वामी प्रणवानंद ने अपनी पुस्तक हिमालयन मास्टर्स मे भी इसी तरह का उल्लेख कर यह प्रमाणित करने का प्रयास किया है कि आज चाहे दुनिया कितनी ही आधुनिक हो गई है। किन्तु हिमालय का यह परिक्षेत्र आज भी महान एवं अमर योगियो के प्रकाश से दैदीप्तमान है। इस शोध का यह एक महत्वपूर्ण अध्याय है। जिससे हम गंगा एवं हिमालय परिक्षेत्र के सन्तो को जानने का प्रयास करेगे ।

हिमालय निवास अपने आप में एक तपश्चर्या है। वहाॅ का प्राकृतिक सौन्दर्य, सुरूचिपूर्ण वातावरण एवं अध्यात्मिक तत्वों का उच्चस्तरीय समावेश तो अपने ढंग की अनोखी विशेषता ही है । इन दिनो तो इस क्षेत्र मे आवागमन के मार्ग भी बन गये है। और वाहन भी मिलने लगे है। पर जिन दिनो ऐसा कुछ भी नही था उन दिनो भी आत्म साधना के लिये उपयुक्त स्थान खोजने वाले इसी क्षेत्र में पहुॅचते थे। तप साधना में निरत होते और जीवन का अंतिम अध्याय वही समाप्त करते थे। हिमालय मे कितने तपस्वी साधना प्रयोजन के लिये उस क्षेत्र मे पहुॅचते थे। उसका विवरण पुराणो के पृष्ठ पलटने पर सहज ही चल जाता है। लगता है कि किसी समय हिमालय का देवात्मा भाग तपोभूमि के रूप में मान्यता प्राप्त करता रहा है। अतिप्राचीन काल से लेकर अद्यावधि साधना परायणो को उसी क्षैत्र मे आर्कषण एवं सन्तोष प्राप्त होता है। यश और स्मारको के लोभ में न पडने वाले व्यक्ति एकान्त साधना मे निरत रहते है। इस चयन का एक बडा लाभ यह भी है कि इस क्षेत्र मे सुक्ष्म रूप से निवास करने वाले सिद्ध पुरूष उन आत्म पारायणो का सामयिक मार्ग दर्शन एवं सहकार करते हुए अपनी उपस्थिति का परिचय देते रहे हैं। हमारे मार्ग दर्शक सत्ता के हिमप्रवेश मे निवास करने एवं वहां से उनका मार्ग दर्शन करने सूक्ष्म शरीर से उनकी पूजा स्थली मे प्रगट होने का प्रसंग पढकर पाठको हिमालय के संबंध में कुछ उत्कण्ठाऐं -जिज्ञासाऐं हो सकती है। मोटी दृष्टि तो यही कहती है। पाकिस्तान कि गिलगित रूस से लगी हिमाच्छादित चोंटियो से लेकर अरूणाचल व वर्मा तक तथा गढ़वाल की पहाडियो से लेकर तिब्बत के पठार तक छाया सारा ही प्रदेश हिमालय है तो वे हिमालय में किस क्षेत्र से आए हिमालय में ऐसी क्या विशेषता है। भूगोल वेत्ताओ, भू गर्भ वेत्ताओ पर्यावरण विदो की दृष्टि से हिमालय आल्पस पर्वत की तरह ही मात्र हरितिमा व बर्फ से ढकी एक पर्वत शृंखला हो सकती है। जिसमे के दो एवं गौरीशंकर नामक विश्व की दो सर्वोच्च चोटीयां भी है। किन्तु अध्यात्म वेत्ताओं की दृष्टि मे वह देवी चेतन सत्ता की परोक्ष संचालन तंत्र की निवास स्थली है। भारतीय संस्कृति आर्य संस्कृति के विकास की दृष्टि से हिमालय का प्रागेतिहासिक काल से ही बडा महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हिमालय को धरती का स्वर्ग कहा गया है। जो कि गलत नही है।

भौतिक और आध्यात्मिक दोनो ही प्रगति की उच्चस्तरीय विभूतियो से भरी पूरी होने के कारण यह भूमि स्वर्गादपि गरीयसि कहलाती रही है। गरीयसी न माने तो यह स्वर्ग तो है ही। क्योकि अमृत जलधारा वाली भागीरथी ही नही देवलोक की ज्ञानगंगा का अवतरण भी इसी क्षेत्र से आरम्भ माना जाता है। विशेष रूप से उतराखण्ड जिसे देवात्मा हिमालय का हृद्रय कहा

जाता हैं दुर्गम हिमालय नाम से जाना जाता है। विशिष्ट ऋषि सत्ताओ की तपस्थली हैं एवं अध्यात्म चेतना का धुव्र केन्द्र है। श्रीमद भागवत मे हिमालय के इस क्षेत्र मे सिद्ध पुरूषों का निवास बताया गया है। जो सारे विश्व मे कल्याण की कामना हेतु सतत तप करते रहते है, एवं सूक्ष्म शरीर धारी होते है। ऐसा ही कुछ कथन थियोसॉफी की संस्थापिका मेडम ब्लेवटसकी का है जो इसे सिद्धो की पार्लियामेन्ट मानती है। परमहंस योगानन्द जी आटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी एवं स्वामी राम की लिंविंग विथ् हिमालयन मार्स्टर्स है ऐसे अनेक प्रसंगो के उल्लेख है जिनमे हिमालय के सिद्ध योगियो के विलक्षण कर्तव्यों का विवरण है। पाल ब्रन्टन ने एक पुस्तक लिखी है। इन सर्च आर्फ सिक्रेट इण्डियॉ इसमे भी उन्होने शोधकर्त्ताओ की तरह समर्थ सिद्ध पुरूषो का यहॉ अस्तित्व माना है। यदि इसे देवलोक माना जाता रहा हो तो भी कोई अतिश्योक्ति नही है। इतिहासकारो के अनुसार आर्यो का राजा इन्द्र था व उनके पुरोहित थे बृहस्पति। हिमालय का उत्तराखण्ड क्षेत्र इनकी राजधानी था। अन्य देवता भी इसी क्षेत्र मे निवास करते थे। तब हिमालय ऊॅचा था लेकिन इतना ऊॅचा नही की उसमे ठंडक असहनीय हो वृक्ष वनस्पति न होते हो। फिर उस समय के व्यक्त्यिो की जीवनी शक्ति भी अधिक बढी – चढ़ी थी। इन दिनो गंगोत्री गोमुख के जैसा क्षेत्र है । लगभग वैसी ही उस क्षेत्र की स्थिति थी जिसे देवलोक कहते है। पाण्डवो ने अंत समय मे स्वर्गारोहण जहॉ किया था वहॉ पर्वत श्रृंखला स्वर्गारोहिणी नाम से अभी भी बद्रीनाथ केदारनाथ के मध्य विद्यमान है। वसोधारा पठार के पास ही व्यास गुफा है, जहॉ महाभारत व अन्यान्य पुराण लिखे गयें।

संभवत: बाद मे हिमयुग आने पर समुद्रो मे भारी उथल –पुथल होने पर कई महाद्वीपो की आकृति – प्रकृति मे अंतर आया। इस उलट–पलट से गंगोत्री बद्रीनाथ शिखर उॅचे उठ गये ठंडक बढ जाने से वह क्षेत्र हरितिमा रहित हो गये। एवं बाद मे लोकिक प्रयोजनो की दृष्टि से आने वाले व्यक्त्यिो के कारण ऋषि सत्ताऐं देव सत्ताऐं भी नन्दन वन शिवलिंग सुमेरू चौखम्भा शिखरो के पृष्ठ स्थान पर चली गई जहॉ अभी भी उनका निवास माना जाता है। इस क्षेत्र के देवताओं की क्रीडास्थली होने से तात्पर्य यह है कि ब्रह्म परायण जीवन जीने वाले देवमानव कभी यहॉ रहकर वैज्ञानिक एवं दार्षनिक शोधो में निरत रहते थे। अपनी काया को ही प्रयोगशाला मानते हुए वे सतत इस दिव्य वातावरण मे साधना करते थे तथा उन निष्कर्षो के आधार पर ग्रन्थो का निमार्ण करते थे जिनसे जनसामान्य का मार्गदर्शन होता था इस क्षेत्र के निवासी मूर्धन्य स्तर के थे। विज्ञान की प्रत्येक धारा मे वे निष्णांत थे। तत्व – दर्शन उनका प्रिय विषय था। यदि कही इसी कारण इस क्षेत्र को स्वर्ग और निवासियो को देवता कहा गया हो तो वह अतिश्योक्तिपूर्ण पूर्ण भी नही दिव्य दर्शियो का कथन है कि बह्रमाण्ड की सघन अध्यात्म चेतना का धरती पर विशिष्ट अवतरण इस क्षेत्र की भू चुम्बकीय व अध्यात्मिक विशेषताओ के कारण इसी क्षेत्र में होता हैं जो मान्यता उत्तरीय ध्रुव व दक्षिण ध्रुव को भोतिक क्षेत्र मे मिली है। वही अध्यात्म क्षेत्र में हिमालय के हृदय को मिली है। इसीलिये यदि ब्रह्माण्ड में कही बुद्धिमान प्राणी रहते होंगे तो यह कोई आश्चर्य की बात नही है। महत्वपूर्ण विधाओ, कलाओं, विभूतियो का भंडार वहॉ होने की बात समझमें भी आती है। नारदजी विष्णुजी से महत्वपूर्ण विचार – विमर्श करने स्वर्ग लोक सम्भवत: इसी मार्ग से जाया करते होंगे। पौराणिक आरण्यानो के अनुसार दशरथ को इन्द्र द्वारा सहायता के लिए बुलाना, अर्जुन का इन्द्र लोक जाना, दधिची का देवगणो को अस्थिदान, सुकन्या के आव्हान पर अश्विनी कुमार द्वारा ऋषि को नेत्र दृष्टि ही नही देना अपितु काया कल्प कर देना आदि अनेक घटनाक्रम ऐसे है। जो यह प्रमाणित करते है कि स्वर्ग यहीं भूमि पर ही होना चाहिए यहॉ के देवमानवो का अंतरंग स्तर कही अधिक उॅचा होना चाहिए। हिमालय को देवमानवो व ऋषि सत्ता ने अपना कार्यक्षेत्र बनाया हो तो इसके कई कारण थे। एक तो यह है कि अधिक उचॉई के कारण अनगढो, असुरो, नरपशु स्तर के व्यक्त्यिो के वहॉ तक पहुचना व व्यवधान पहुचाना सरल नही थे। इसलिए देवासुर संग्राम आये दिन न होने की सुविधा देवताओ को प्राप्त थी। दूसरी यह है कि उस क्षेत्र मे इतनी अधिक गुफाए, कंदाए, झील, प्रपात व गुप्त स्थान है जिनमे तापमान भी सहन करने योग्य होता है उसमे निवास करते हुए तत्व ज्ञान और विज्ञान की शोध है। एकांत मे एकाग्रता पूर्वक कर पाना संभव होता है। यहॉ रहकर शांत चित्त से धर्मतंत्र की विविध उपल्बिधयों से समस्त विश्व को लाभान्वित बनाना, साधन जुटाना सरल था। तपस्वी, ऋषिगण एक प्रकार से अध्यात्म विज्ञान के शोधकर्ता एवं विभूति उत्पादक कहे जा सकते है। पंतजली, चरक, आर्यभट्ट की प्रयोगशालाएं यही थी। ऐसी वैज्ञानिक प्रयोगशालाए यहॉ थी एवं कणाद ने अणुविज्ञान की शोध यह की थी कि शरीर में यंत्र एवं मन: तंत्र के भीतर छिपे शक्तिशाली रहस्यो का अधिकाधिक अनावरण संभव होता था। शास्त्रो का सृजन योगाभ्यास की उपलब्धिया, आध्यात्म दर्शन का विकास, स्वास्थय, शिक्षा, चिकित्साशास्त्र, रसायन, शिल्पकला आदि की भौतिक एवं आध्यात्मिक उपलब्धियां इसी क्षेत्र से निकलकर आती थी और उनसे लाभान्वित होने वाले उसे स्वर्ग निवासी देवताओ का वरदान कहकर अपनी श्रद्धा व्यक्त करते थे। तीसरे यह की उस क्षेत्र में संजीवनी बूटी, रूदन्ती ब्रह्मकमल जैसी अप्रतोपम जड़ी–बूटियां मिलती थी। सोमरस यही उपलब्ध था जिसे पीकर देवमानव अजर अमर बने रहते थे। बहुमूल्य धातुओ र्स्वाणादि की खदाने भी यही थी व अभी इनका बाहुल्य इधर बताया जाता है। वस्तुत: वातावरण मे इतने आलोकिक तत्व इस स्थान विशेष में है कि इसे धरती के स्वर्ग की उपमा गलत नही दी गई है। जहॉ ऋद्धि–सिद्धियो की आध्यात्म चेतना से अनुप्राणीत हो सरलतापूर्वक अर्जित किया जा सकता हो वहॉ देवता ही नही, देवमानव, सिद्ध पुरूषो का समुदाय भी आकर निवास करता हो, तो इसे आश्चर्य नही मानना चाहिए। हिमालय के इस स्वर्ग केन्द्र की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह थी कि यहॉ स्थूल शरीर को सूक्ष्म शरीर में विकसित कर उसे इच्छानुसार लंबी अवधि तक जीवित बनाये रखना संभव है। सूक्ष्म और स्थूल शरीर के न रहने पे भी मनुष्य का अस्तित्व सदियो तक बना रहता है। भूख–प्यास, निंद्रा जैसी दैनिक आवश्यकताओ को तब पूरा नही करना पडता।

सूक्ष्म शरीर भले ही दिखाई न पडे तो भी अधिक सार्मथ्य वान बना रहता है व उसे महान उद्देश्यो के निमित्त नियोजित करना संभव हो पाता है। अभी भी सूक्ष्म शरीर धारी ऋषिगण हिमालय के इसी हृदय की कंन्द्राओं, षिखाओ, दिव्य भूमिओं पर विद्यमान है, जिन्हे अपना परिचय देना होता है या अदृष्य सहायता करनी होती है वे इच्छानुसार अपना शरीर प्रकट भी कर लेते है। इसी सिद्धी के बल पर हिमालय के सिद्ध पुरूष हिमयुग से भी पूर्व की संचित अपने भाव तथा ज्ञान संपदा को यथावत बनाये हुए है। सतत् तप मे लीन होने के कारण वे अपेक्षाकृत अधिक समर्थ हो गये है यही सूक्ष्म शरीर धारी ऋषियो से साक्षात हिमालय यात्रा के दोरान परोक्षसत्ता में पूज्य गुरूदेव से कराया था इनका एक ही काम है पिछडो को बढाना, गिरो को उठाना व उसके लिये कठोर तप करना। आध्यात्म मार्ग के जिज्ञासुओ को यह अभिभावक की तरह संरक्षण व सुविधा प्रदान करते है। अनेकानेक महान

संत ऋषियो ने अपने जीवन काल में कुछ जानने योग्य प्रलय, पुरूषार्थ किया ये। उनकी समस्त गतिविधियों का सूत्र संचालन किया था। जिसमे से कुछ का वर्णन इस प्रकार है।–

1. यमुनोत्री पर भगवान परशुराम की तपश्चर्या संमन्न हुई थी उन्है महाकाल का काल कुठार उपलब्ध हुआ था उन्होने अनेतिकता, अवांछनीयता अंध विश्वास एवं कुरूतियों का व्यापक उन्मूलन किया था।

2. गंगोत्री में भागीरथ ने तप किया था। उनने भगवती गंगा को स्वर्ग से धरती पर अवतरित होने के लिये बाध्य किया था। उस पुण्यतोया के गंगा जल से अनेक प्राणीयो और वनस्पतियो को जीवन प्राण मिला था। सूखी धरती हरी भरी हुई थी। इसका आध्यातम विवेचन ज्ञान गंगा के अवतरण रूप मे किया जाता है।

3. केदारनाथ के क्षेत्र मे महर्षि चरक ने वनोषधि अन्वेषण किया था। आयुर्वेद परंपरा का वही प्रमुख भाग है।

4. बद्रीनाथ के निकट गुफा प्रसिद्ध है, महर्षि वेदव्यास ने गणेशजी के सहायता से 18 पुराणो की रचना की थी। साहित्य सृजन के माध्यम से उन्होनें स्वाध्याय प्रयोजन के लिये व्यापक व्यवस्था थी।

5. त्रियुगी नारायण क्षेत्र मे महर्षि याज्ञतल्क्य ने यज्ञ विज्ञान की सुविस्तृत शोध की थी। उस आधार पर इस महाविज्ञान के माध्यम से वातावरण की पवित्रता, वायुमंडल की परिशुद्धि, मानसिक, आध्यात्मिक व्याधियो का निराकरण संभव हुआ।

6. देवर्षि नारद ने गुप्त काशी मे तप किया, उनने संगीत के तत्व ज्ञान और प्रत्यक्ष विज्ञान का आविर्भाव किया उस आधार पर भावना क्षेत्र की संवेदनशीलता को प्रेमरस से सरोबार करने मे असाधारण सफलता पाई।

7. ज्योर्तिमठ आद्यशंकराचार्य की तपस्थली है। वहॉ शक्ति अर्जित करके उन्होने चार मठो और अनेकानेक तीर्थो की संस्थापना एवं उनका पुनरूद्धार किया।

8. महर्षि जगदग्नि का साधनाश्रम उत्तरकाशी था। उनका सुविस्तृत गुरूकुल आरण्यक चलता था जिसमे अगणित नर रत्न महामानव विनिर्मीत होते थे।

9. रूद्र प्रयाग में महर्षि पतन्जलि का चिरकाल तक साधनात्मा पुरूषार्थ चला। योगविज्ञान की अनेक शाखा – प्रशाखाओ का अनुभव अभ्यास एवं प्रतिपादन किया । विश्व के अनेकानेक साधना – विधान पतन्जलि के सूत्रो की व्याख्या स्वरूप प्रगट हुए है।

10. लक्ष्मण झूला मे महर्षि पिप्पलाद ने आहार के आधार पर कायाकल्प जैसी विधियो का निर्माण किया था।

11. महर्षि वशिष्ठ ने देव प्रयाग में राम – बन्धुओ को अपने समीपवर्ती क्षेत्र में रखकर वेदान्तपरक आध्यात्म की शिक्षा दी थी, जिसका योगविशिष्ठ मे विस्तारपूर्वक वर्णन है।

12. महर्षि कणाद ने परमाणु विज्ञान की खोज की थी। उनकी तपस्थली हरिद्वार के सप्तधारा क्षेत्र मे थी। जहॉ आज ब्रहमवर्चस्व की अनुसंधानशाला खडी है। जिस अणुशक्ति को आज विश्व की सर्वोपरि शक्ति माना जा रहा है। उसका कणाद ने आध्यात्मिक उपयोग समझा और उपयुक्त प्रयोजनो मे उसमे प्रयोग की रूपरेखा तैयार की थी।

13. महर्षि विश्वामित्र भी हरिद्वार के सप्तधारा क्षेत्र मे ही अपना अधिकांश साधना काल बिताते रहै। उन्होने गायत्री तत्व का दर्शन प्रकट और नाद शब्द बह्यम से संबधित सम्मान की रूप रेखा बनाई। अभिनव विश्व की संरचना उन्ही का स्वप्न था जो कारणवश कभी पीछे के लिए टल गया। यह संकेत रूप सर संक्षेप है। ऐसे अनेक ऋषि देवात्मा हिमालय के क्षेत्र मे आसाधारण तप अनुसंधान करते रहे है। वे एक प्रकार के आध्यात्म क्षेत्र की शोध करने वाले वैज्ञानिक ही थे। वे ऐसे उपाय सोचते और निकालते रहे जिससे समस्त विश्व के हर क्षेत्र में शालीनता, सदभावना, सम्पन्नता एवं सुव्यवस्था का उत्पादन अभिवर्धन होता रहे। उन्हे अपने लक्ष्य में आशातीत सफलता भी मिली। इसी आधार पर इस देश को जगदगुरू चक्रवती शासक और स्वर्ग सम्पदाओ एवं दिव्य विभूतियो का अधिपति कहलाने का श्रेय उपलब्ध हुआ।

आइयें हम सर्वप्रथम पुराणो के अनुसार इस क्षेत्र के महान सिद्ध सन्तो को जानने का प्रयास करते है।

1. अगिंरा:– ऋग्वेद के महान ऋषि अगिंरा ब्रहमा के मानस पुत्रो मे से एक थे। वे अथर्वा अगिंरा के नाम से भी प्रसिद्ध थे। इनका आश्रय अलकनन्दा के तट पर स्थित था।

2. कष्यप :– महान ऋषि मरिचि के पुत्र और आर्य नरेश दक्ष जिनकी राजधानी कनखल मे थी। मे उत्तर दिशा का आश्रय लेकर रहते थे। वहा इनके द्धारा देव, असुर एवं नागो की उत्पत्ति हुई। इसीलियें अलकनंदा क्षेत्र को देव, दानव एवं नागो की जन्मभूमि कहा जाता है।

3. पूलह:– ऋषि पूलह भी ब्रहमा के मानसपुत्र है। एवं इनका आश्रय अलकनंदा के तट पर रहा है।

4. यमदग्नि :– भृगुपुत्र यमदग्नि गोवंश की रक्षा पर ऋग्वेद मे 16 मन्त्रो की रचना की है। ये आयुर्वेद के कर्ता एवं चिकित्साशास्त्र के भी पंडित थे। उत्तरकाशी मे वर्तमान नाकुरी नामक स्थान पर पत्नी रेणुका सहित तपस्या करते थे।

5. वषिष्ठ:– ऋग्वेद मंडल 7 के मंत्रदृष्टा आर्य–पुरोहित वशिष्ट ब्रहमा के मानसपुत्र एवं सप्तऋषियो मे एक थे। वे पत्नी अरून्धति सहित टिहरी की हिमदाव पट्टी मे स्थित वशिष्ठाश्रम मे रहते थे। बिसोन पर्वत पर वशिष्ट गुफा एवं वशिष्ट कुण्ड के नाम से उनका स्मारक आज भी विद्यमान है। ऋषिकेश एवं देवप्रयाग मे भी महर्षि वशिष्ट का आश्रम है।

6. अत्रि:– सप्तऋषियो मे से एक ब्रहमा के मानसपुत्र महान योगी अत्री में ऋग्वेद के पॉचवे मंडल के अधिकांश सुक्ता के ऋषि है। अत्रि चन्द्रवंश के प्रर्वतक भी है। अत्रि उत्तर दिशा स्थित हिमालय में चमोली जनपद के मंडल नामक स्थान के समीप अपने आश्रम में रहते थे।

7. नर और नारायण:– ऋग्वेद मंडल 6 सूक्त 35/36 के त्रटत्रि नर और 10 वे मंडल के प्रसिद्ध पुरूष सक्त 90 के ऋषि नारायण, बदरीनाथ क्षैत्र के अधिष्ठता है। ये ऋषि द्धय धर्म और माता मूर्ति देवी के पुत्र रत्न है। जिनकी स्मृति मे आज भी प्रतिवर्ष माणा के पास मेला लगता है। कई स्थलो पर इस प्राचीन आश्रम का अत्यन्त श्रृदा पूर्वक वर्णन है। नर और नारायण दोनो भागवत धर्म नारायण धर्म के मूलप्रर्वतक थे।

8. नारद:– बदरीनाथ क्षैत्र को नारदीय क्षैत्र भी कहा जाता है। नारद पांचरात्र के संस्थापक थे। जिनकी अधिष्ठता भी नारायण ही थे। रूद्रप्रयाग मे नारद ने भगवान शिवशंकर से संगीत का ज्ञान प्राप्त किया था।

9. पाराशर :– ऋग्वेद पृथम मंडल 65/74 सूक्त तक के ऋषि वशिष्ट के पुत्रशक्ति से उत्पन्न व्यास पिता पराशर कहै जाते है। इस पावन क्षैत्र मे पिता और पुत्र के द्धारा वेद शास्त्रो का प्रणयण हुवा है। गंगनानी (उत्तरकाशी) मे पराशर ऋषि का तपस्थान है।

10. भारद्धाज:-ऋग्वेद मंडल षष्ठ के ऋषि गुरूदेव वृधीचति के पुत्र भारद्धाज अनेक दिव्य शास्त्रो के आचार्य थे। आयुर्वेद के धन्वन्तरि इन्ही के षिष्य थे। महाभारत के अनुसार इनका आश्रम हरिद्धार मे था।

11. विश्वामित्र:- आयुवैदाचार्य सुश्रुत के पिता एवं भगवान श्री राम के गुरू ऋग्वेद तृतीय मंडल के क्रान्ति दर्शी ऋषि विश्वामित्र का आश्रम भी मंदाकिनी के पास सूर्यप्रयाग से एक बाण की दुढी पर इनका तपस्थल है। जिसका उल्लेख रामायण के बालकाण्ड मे भी मिलता है।

12. गोतम:- महान सप्त ऋषियो मे से एक गोतम जिन्है गोतम न्यास का अधिष्ठता एवं आयुर्वेद का महान प्रकांड माना जाता है। का आश्रम भी हिमालय मे मंदाकनी के तट पर ही स्थित था।

13. अगस्त्य:- ऋग्वेद पृथम मंडल 165 सूक्त 191 सूक्त के मत्र द्दष्टा ऋषि अगस्त। रूद्रप्रयाग से 18 कि.मी. की दुरी पर मंदाकिनी के तंट पर अगस्त मुनि नामक स्थान पर इस महान ऋषि के आश्रम की स्मृति आज भी मोजुद है। महान ऋषि अगस्त ने बदरीनारायण मे भी तपस्या की थी। महाभारत के अनुसार अगस्त ऋषि ने अपनी पत्नी लोपामुद्रा सहित हरिद्धार मे भी तप किया था। महान ऋषि अगस्त की उपस्थिति का प्रमाण हमे हमारे कई धार्मिक ग्रन्थो के माध्यम से मिलता रहा है।

14. भृगु:- महर्षि भृगु ब्रहमा के मानसपुत्र एवं ऋग्वेद के ऋषि है। इनकी दो पत्नीयो मे से एक हिरण्यकशिपु की पुत्री दिव्या थी। इनके पुत्र उषना जिसे ब्रह्ममाण्ड पुराण ( 3/1/76 )मे असुरो का गुरू आचार्य शुक्र भी कहा गया है। ब्रह्ममा ने भृगु को सरस्वती देवी का मन्त्र बदरी श्रम मे दिया था। भृगवे देवो मुष्ठो ब्रह्ममा बदरिकाश्रमे जिसका उल्लेख ब्रह्ममा वेवर्त पुराण 15/30/मे आता है। उत्तर गढवाल के भृगु पंथ स्थान मे इनका आश्राम था।

15. इन्द्र:- ऋग्वेद के देवताओ और मन्त्र द्दष्टाओ मे इन्द्र का महत्वपूर्ण स्थान हैं। ऋग्वेद 10 वे मंडल सूक्त 49/86/119 के ऋषि इन्द्र है। ऋग्वेद के अनुसार चारो और असुर तथा नागो सेघिरी हुई इनकी राजधानी अमरावती हिमालय के गन्धमादन प्रदेश मे थी। उन्हीं को आज सुमेरू एवं सतोपंथ कहते है। ऋग्वेद के अनुसार इन्द्र उसी पर्वत के निवासी थे। जहा 21 पर्वत एवं जहा सप्त सिन्धुओ के अतिरिक्त 99 नदिया बहती थी। आचार्य सायण ने इसे स्पष्टत: गंगा का क्षैत्र घोषित किया है। पांडवो के वनवास काल मे अर्जुन ने गन्धमादन प्रदेश से ही इन्द्र के स्वर्ग राज्य मे प्रवेश किया था।

16. शची:- ऋग्वेद ( 10/145/1, 2, 3, 4, 5 ) के मन्त्रो की द्दष्टा है। यह पुलोमा असुर की पुत्री और देवराज इन्द्र की पत्नी थी। वह भी गन्धमादन मे रहती थी।

17. पुरूखा और उर्वशी:- ऋग्वेद मंडल 10 सुक्त 95 के ऋषि पुरूखा और उर्वशी का आश्रम अलकनन्दा व मन्दाकिनी का ही तटवर्ती प्रदेश है। इसी सुक्त मे मन्त्र 42 मे स्पष्ट लिखा है। कि जहा मंदाकिनी आदि नदिया बहती है। वह ही स्वर्गभूमि है। चन्द्रवंशी सम्राट पुरूखा मनु पुत्री इला के गर्भ से उत्पन्न महर्षि बुंध पुत्र थे।

उर्वशी का ऋग्वेद के मन्त्र द्दष्टा ऋषि नारायण न जिनका आश्रम गन्धमादन पर्वत पर बदरी क्षैत्र मे ही है। अपने उरू भाग को ताडन कर उत्पन्न किया था। ऋषि नारायण ने उसको इसी क्षैत्र के अधिपति इन्द्र की सेवा के लिये समर्पित किया था।

अत: पुरूखा एवं उर्वशी का यह क्षेत्र स्वर्गभूमि ही है। बद्रीनारायण धाम से पश्चिम आधाकोस की दूरी पर सम्पूर्ण सुन्दरता प्रदान करने वाला उर्वशी कुंड आज भी विद्यमान है। महाकवि कालिदास के विक्रमोर्वषीयम के अनुसार पुरूखा और उर्वशी का आश्रम क्षैत्र गंगा मंदाकिनी का यही तंटवर्ती नन्दन वन प्रदेश है।

18. बालखिल्य:- नागपुर क्षैत्र मे अवस्थित बाल खिल्यतीर्थ बालखिल्य नदी और वारणावत पर्वत ऋग्वेद के बाल खिल्य नामक सूक्तो के ऋषि है भिल्लागना - बालखिल्य संगम अर्थात इन ऋषि ने प्रयाग मे भी तपस्या की थी।

19. दैवल:- ऋग्वेद मंडल 9 सूक्त 5 से लेकर 24 तक के मन्त्र द्दष्टा ऋषि दैवल है। पुराने श्रीनगर मे वर्तमान शंकराचार्य पठ के निकट दैवल ऋषि का तपस्थान रहा है।

20. मान्धाता:-ऋग्वेद मंडल 9 के सूक्त 134 के ऋषि मान्धाता है। बदरिकाश्रम मे स्थित मुचकंद आश्रम और मुचकंद गुफा मे आज भी इनकी स्मृति सुरक्षित है।

21. कण्व:- ऋग्वेद आठवे मंडल के ऋषि कण्व का आश्रम चोकीघाट कोट द्धार के निकट मालिनी नदी के तट पर स्थित रहा है। महाभारत के अनुसार मेनका द्धारा त्यागी भरत जननी शकुन्तला महर्षि कण्व को हिमालय पर्वत पर मालिनी नदी के तट पर प्राप्त हुई थी।

22. रूद्र:- ऋग्वेदिक दैवताओ मे रूद्र का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। वे पृथ्वी और कैलाश के अधिपति बताये जाते है। जहा मंदाकिनी और गंगा का संगम है। वही रूद्र क्षैत्र है।

23. महर्षि जहनु:-जब राजा भागीरथ अपनी तपस्या के द्धारा भागीरथी को लेजा रहै है। तब जूहनु आश्रम मे इन महान ऋषि ने भागीरथी को उदरस्थ कर लिया था। इनका आश्रम हर्मिल से आगे जाहन्वी (गांडगगा) तट पर स्थित रहा है।

23. वेदव्यास:- महर्षि परांसर के औरस और दासराज कन्या सरस्वती के गर्भ से उत्पन्न वेदो के पृथम सहितांकार होने के कारण भगवान वेदव्यास का स्थान वेदिक ऋषियो मे अन्यतम है। पुराणो के अनुसार कृष्ण है कायन से पूर्व अठ्ठाइस व्यास हो चुके थे। परन्तु जिन्होने वेदो का चार संहिताओ मे व्यास अर्थात विभाजन किया, जिनका वर्ष कृष्ण था।जो द्धीप मे जन्मे थे। वे ही भारतीय वाग्मय मे वेदव्यास के नाम से प्रसिद्ध हुए है।

कान्तिदर्शी व्यास सर्वविद्याविषारद थे।उनकी असाधरण दार्शविकता, आध्यात्मिकता औश्र विद्धता से महाभारत, अष्टादष पुराण , ब्रहम सूत्र आदि ग्रन्थ ओतप्रोत है।

श्री मद भगवत गीता के अनुसार ब्रहमनदी सरस्वती के पश्चिम तट पर बदरिकाश्रम मे महार्षि व्यास का आश्रम है। बदरी क्षैत्र मे वर्तमान माणा गॉव मे 'व्यास गुफा' के पास गणेष गुफा भी है।

महर्षि व्यास महाभारत के काव्यकार तथा श्री गणेश उसके लेखक थे।

24. श्री महावतार बाबाजी:- अभी तक हमने अध्ययन किया है। उन ऋषियो का जिनका उल्लेख हमारे पुराण करते आये है। अब हम जानेंगे उनके विषय मे जिनकी हजारो वर्षो की उपस्थित से यह गंगा क्षैत आज भी गौरवान्वित है। हॉ निश्चित रुप से उनकी चर्चा पुराणो मे नही हो पाई है। किन्तु ये वो ऋषि रहे है जो सृष्टि संतुलन मे आज भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। उनमे सबसे पहले हम जानेंगे श्री बाबाजी के विषय मे। जिनका प्रमुख क्षैन बदरिकाश्रम है जहॉ का कण कण उनकी उपस्थिति से दैदीप्यमाना है। श्री महावतार बाबाजी के विषय मे जाानने के लिये आइये हम चलते है। उनके ही मानस सूत्र अर्थात् श्री योगानन्द जी द्धारा रचित 'आटो बायोग्राफी आफ ए योगी' मे हिमालय के उत्तरी अंचल मे स्थित बदरी नारायण के समीपवर्ती

पर्वत शिखर श्री श्यामाचरण लाहिडी महाषय के गुरु श्री बाबाजी की सशरीर उपस्थित से आज भी पावन हो रहे है। एकान्त वासी महागुरु अपने भौतिक शरीर को शताब्दियो से और शायद युग युगान्तर से धारण करते चले आ रहे है।

मृत्युंजय बाबाजी एक अवतार है। संस्कृत मे अवतार का तात्पर्य है, नीचे उतरना। हिन्दु धर्मशास्त्रो मे अवतार शब्द का प्रयोग 'ईश्वर का दैहधारी के रुप मे अवतरण के अर्थ मे होता है।'

परमहंस योगानंद जी के गुरु श्री मुकेश्वर जी गिरि के अनुसार बाबाजी की आध्यात्मिक अवस्था मानव कल्पनातीत है। मनुष्य की शुद्ध दृष्टि उनकी अतीन्द्रिय आध्यात्मिक ज्योति को नही भेद सकती है।

भारतवर्ष मे बाबा जी का उद्देश्य है, महापुरुषो के जन्म लेने के विशेष प्रयोजन की पूर्ति मे उनका सहायता करना। इस प्रकार शास्त्रीय वर्गीकरण के अनुसार वे एक अवतार है। उन्होने स्वंय बतलाया है कि सन्यास आश्रम के पुन: संगठक एवं अद्वितीय तत्व ज्ञान जगतगुरु शंकराचार्य एवं सुप्रसिद्ध मध्ुगीन कबीर को उन्होने योग दीक्षा दी है।

महावतार बाबा जी ईसा मसीह के लगातार सम्पर्क मे रहते है। ये दोनो मिलकर मोक्षदायक स्पन्दन तरंगो को भेजते रहते है। एक शरीरी तथा दूसरा अशरीरी दोनो महागुरुओं को कार्य है, राष्ट्र को युद्ध की जातिवाद की, धार्मिक भेदभाव की तथा भौतिकवाद की अशुभ प्रतिक्रियाओं का परित्याग करने के लिये प्रेरणा देना।

बाबा जी के परिवार के बारे मे इतिहास से ज्यादा कही कोई उल्लेख नही है। परंतु इस बात मे हमे ज्यादा आश्चर्यचकित होने की आवश्यकता नही है। इसका कारण यह है कि महागुरु किसी भी शताब्दी मे कभी भी सार्वजनिक रुप से प्रकट नही हुये है।

योगी कथामृत मे उल्लेखित स्वामी केवलानन्दजी के अनुसार हिमालय मे बाबाजी अपनी मंडली के साथ पर्वतो मे एक स्थान से दूसरे स्थान पर परिभ्रमण करते रहते है। जब बाबा जी की इच्छा होती थी तब बाबा जी को कोई देख या पहचान सकता है।

श्री महावतार बाबाजी से जुडी एक बडी जर्बदस्त घटना का उल्लेख श्री योगी कथामृत मे किया गया है।एक ऐसी अमर प्रतिज्ञा जिसमे बाबा जी , श्री माता जी एवं श्री लाहिढी महाशय के शिष्य रामगोपाल के सामने गंगा तट काशी के दशाष्वमेघ धातु पर अपने शरीर का परित्याग कभी नही करेंगे की प्रतिज्ञा लेते है। ये वह है दशाश्वमेघ घाट है। जहॉ ब्रहमा ने अश्वमेघ यज्ञ किये थे।

25. स्वामी सर्वेष्वरानन्द जी – दैवी सत्ता का प्राकट्य जब किसी महामानव के जीवन मे होता है तो सोने मे सुगंधि का कार्य करता है। ऐसे ही एक महामानव के जीवन मे मार्गदर्शक के रुप मे जाने जाते है, 'स्वामी सर्वेश्वरानंद' जी गंगा क्षेत्र के उन महान ऋषियों मे से एक जिसके लिए समय कोई बंधन नही है। वर्तमान गायत्री परिवार के पितृ पुरुष, अनादिकाल से एकांकी, नग्न, मौन, निराहार, रहकर अपनी तप ऊर्जा द्वारा अपने को अधिकाधिक प्रचंड, प्रखर, बनाते एक दिगंबर देहधारी हिमराशी के मध्य के सिद्ध ऋषि स्वामी सर्वेश्वरानन्द जिनका निवास क्षेत्र हमारी वसीयत और विरासत मे श्री राम शर्मा आचार्य ने गौमुख से ऊपर तपोवन मे बताया है। पूज्य गुरुदेव के बाल्य काल मे ही पन्दह वर्ष की आयु मे आए बसंत पर्व मे पूजा की कोठरी मे एक प्रकाश पुंज प्रकट हुआ। उस प्रकाश पुंज से सारी कोठरी जगमगा उठी। प्रकाश के मध्य एक योगी को सूक्ष्म शरीर उभरा। यह स्थूल शरीर एक ऐसे कृषकाय सिद्ध पुरुष के रुप मे है जो अनादिकाल मे एकाकी नग्न, मौन, निराकार रहकर अपनी तप ऊर्जा द्वारा अपने आप को अधिकाधिक प्रचंड प्रखर बनाते चले आ रहे है। एक दिगंबर दैहधारी हिमराषि के मध्य खडी दुर्बल काया यह तो स्थूल रुप मे उपलब्ध एक मात्र फोटोग्राफ है, जो अपनी पहली हिमालय यात्रा के समय उनके आग्रह पर स्वंय पूज्य गुरुदेव को प्रकट रुप मे उनके प्रदान किया। यही चित्र गायत्री परिवार के दृष्य प्रतीक के रुप मे उपलब्ध है नाम है स्वामी सर्वेष्वरानंद।

26. श्री राम शर्मा आचार्य – इतिहास मे कभी कभी ऐसा होता है कि अवतारी सत्ता एक साथ बहु आयामी रुपो मे प्रकट होती है एवं करोडो ही नहीं पूरी वसुधा के उद्धार चेतनात्मक धरातल पर सबके मनो का नये सिरे से निर्माण करने आती है। परमपूज्य गुरुदेव पं. श्री राम शर्मा आचार्य को एक ऐसी ही सत्ता के रुप मे देखा जा सकता है।जो युगो युगो मे गुरु एवं अवतारी सत्ता दोनो ही रुपो मे हम सबके बीच प्रकट हुई , अस्सी वर्ष का जीवन जी कर एक विराट ज्योति प्रज्जवलित कर उस सूक्ष्म ऋषि चेतना के साथ एकाकार हो गई जो आज युग परिवर्तन को सन्निकट लाने को प्रतिबद् है। परमवन्दनीया माता जी शक्ति का रुप थी। जो कभी महाकाली, कभी मॉ जानकी ,कभी मॉ शारदा एवं कभी मॉ भगवती के रुप मे शिव की कल्याणकारी सत्ता का साथ देन आती रही है। उनने भी सूक्ष्म मे विलिन हो स्वयं को अपने आराध्य के साथ एकाकार कर ज्योति पुरुष का एक अंग स्वंय को बना लिया। आज दोनो सशरीर हमारे बीच नही किन्तु, नूतन सृष्टि कैसे ढाली गयी। कैसे मानव गढने को सॉचा बनाया गया। इसे शंतिकुंज, ब्रहामवर्चस्व, गायत्री तपोभूमि, अखण्ड ज्योति संस्थान एवं युगतीर्थ ऑवलखेडा जैसी स्थापना एवं संकल्पित सृजन सेनानी गणो के, वीरभद्रो की करोड़ो से अधिक की संख्या के रुप मे देखा जा सकता है। परमपूज्य गुरुदेव का वास्तविक मूल्यांकन तो कुछ वर्षो बाद इतिहासवार, मिथक लिखने वाले करेंगे किंतु यदि उनको आज भी कोई साक्षात देखना या उनसे साक्षात्कार करना चाहता हो तो उन्हे उनके द्वारा अपने हाथ से लिखे गये उस विराट परिणाम मे साहित्य के रुप मे युग संजीवनी के रुप मे देख सकते है जो वे अपने वजन से अधिक भार के बराबर लिख गये। इस साहित्य मे संवेदना का स्पर्ष इस बारीकी से हुआ है कि लगता है, लेखनी को उसी की स्याही मे डुबाकर लिखा गया हो। हर शब्द ऐसा है जो हदय को छूता, मन को छूता हुआ, विचारो को बदलता चला जाता है। लाखो करोडो के मनो के अंत: स्थल को छू कर उसने उनका कायाकल्प कर दिया। रुसो के प्रजातंत्र की, कार्ल मार्क्स के साम्यवाद की क्रांति भी इसके समक्ष बोनी पड़ जाती है। उनके मात्र इस युग वाले स्वरुप को लिखने तक मे लगता है कि एक विश्वकोश तैयार हो सकता है, फिर उस बहुआयामी रुप को जिसमे वे संगठनकर्ता, साधक, करोडो के अभिभावक, गायत्री महाविद्या के उद्धारक, संस्कार परम्परा का पुर्न जीवन करने वाले, ममत्व लुटाने वाले एक पिता, नारी जाती के प्रति अन्नय करुणा बिखेरकर उनके ही उद्धार के लिये धरातल पर चलने वाले नारी जागरण अभियान चलाते देखे जाते है। अपनी वाणी के उदबोधन मे एक विराट गायत्री परिवार एकाकी अपने बलबूते खडे रहते दिखाई देते है तो समझ मे नही आता कि क्या–क्या लिखा जाए, और कैसे लिपिबद्ध किया जाए और उस महानपुरुष के जीवन – चरित्र को।

अश्विन कृष्ण प्रयोदशी विक्रम संतत् 1967 ( 20 सितम्बर 1911) को स्थूल शरीर से ऑवलखेडा ग्राम जनपद आगरा जो जलेसर मार्ग पर आगरा से पन्द्रह मील की दूरी पर स्थित है, मे जन्मे श्री राम शर्मा जी का

बाल्यकाल के शोर्य काल ग्रामीण परिसर मे ही बीता है। वे जन्मे तो थे एक जमीदार घराने में जहॉ उनके पिता – श्री पंडित रूपकिशोर जी शर्मा आसपास के दूर दराज के राजघरानो के राजपुरोहितो उदभट, विद्धान, भागवत कथाकार थें किन्तु उनका अंत: करण मानव मात्र की पीड़ा सतत् विचलित रहता था। साधना के प्रति उनका झुकाव बचपन मे ही दिखाई देने लगा। जब वे अपने सहपाठियो को, छोटे बच्चो को अमराइयो मे बिठाकर स्कूली शिक्षा के साथ – साथ सुसंस्कारिता अपनाने वाली विद्या एवं आत्मविद्या का शिक्षण दिया करते थे। छटपटाहट के कारण हिमालय की और भाग निकलने वाले तथा पकडे जाने पर उनने संबधियो को बताया कि हिमालय ही उनका घर है। एवं वे वही जा रहे थें। किसे मालूम था कि हिमालय की ऋषि चेतनाओ का समुच्चय बनकर आयी यह सत्ता वस्तुत: अगले दिनो अपना घर बनायेगी। जाति – पाति का कोई भेद नही। जातिगत मूढता भरी मान्यता से ग्रसित तत्कालीन भारत के ग्रामीण परिसर मे एक अछूत वृद्ध महिला जिसे कुष्ठ रोग हो गया था। उसी के टोले मे जा सेवाकर उनने घरवालो का विरोध तो मोल ले लिया पर अपना व्रत नही छोड़ा, उस महिला ने स्वास्थ्य होने पर उन्हे ढेरो आर्शीवाद दिये। एक अछूत कहलाने वाली जाति का व्यक्ति जो उनके आलीशान घरो में घोडो की मालिश करने आता था, एक बार कह उठा कि मेरे घर कथा कराने कौन आयेगा। मेरा ऐसा सौभाग्य कहॉ। नवनीत जैसे हृदय वाले पूज्यवर उनके घर जा पहुचे एवं कथा पूरे विधी विधान से पूजा सम्पन्न की, उसको स्वच्छता का पाठ सिखाया, जबकि सारा गॉंव उनके विरोध मे बोल रहा था।

किशोरावस्था मे ही समाज सुधार की रचनात्मक पृवत्तियों को उनने चलाना आरम्भ कर दिया था। औपचारिक शिक्षा स्वलप ही पायी थी किन्तु उन्हे इसके बाद आवश्यकता भी नही थी क्योकि जो जन्मजात प्रतिभा समपन्न हो वह औपचारिक पाठयक्रम तक सीमित कैसे रह सकता है। हाट बाजारो मे जाकर स्वास्थय शिक्षा प्रधान परिपत्र बाटँना, पशुधन को कैसे सुरक्षित रखे तथा स्वालम्बी कैसे बने, इसके छोटे–छोटे पेम्पलेटस लिखने, हाथ की प्रेस से छपवाने के लिए उन्हे किसी की आवश्यकता नही थी। वे चाहते थे जनमानस आत्मावलम्बी बने। राष्ट्र के प्रति उसका स्वाभिमान जागे, इसलिए गॉंव मे जन्मे इस लाल ने नारी शक्ति व बेरोजगार युवाओ के लिए गॉंव मे ही एक बुनताघर स्थापित किया व उसके द्धारा हाथ से कैसे कपडा बुना जाए अपने पैरो पर कैसा खडा हुआ जाए सिखाया। पन्द्रह वर्ष की आयु में बसन्त पंचमी की बेला में सन् 1926 में उनके घर की पूजा स्थली में, जो उनकी नियमित उपासना का तबसे आगार थी, जबसे महामना प. मदन मोहन मालवीय जी ने उन्हे काशी में गायत्री मंत्र की दिक्षा दी थी, उनकी गुरूसत्ता का आगमन हुआ अद्दष्य छायाधारी सूक्ष्म रूप में उनने पृज्जवलित दीपक की लौ मे से स्वयं को प्रकट कर उन्हे उनके द्धारा विगत कई जन्मो में सम्पन्न विगत क्रियाकलापो का दिग्दर्शन कराया तो उन्हे बताया कि वे दुर्गम हिमालय से आये है एवं उनसे अनेकानेक ऐसे क्रियाकलाप कराना चाहते है। जो अवतारी स्तर की ऋषि सत्ताए उनसे अपेक्षाए रखती है। चार बार एक साल की अवधि के लिये हिमालय आकर रहने, कठोर तप करने का भी उनने संदेश दिया। एवं उन्हें तीन संदेश दिये 1. गायत्री महाशक्ति के चौबीस चौबीस लक्ष के चौबीस महापुरष्चरण जिन्हे आहार के कठोर तप के साथ पूरा करना। 2. अखण्ड घृत दीप की स्थापना एवं जन जन तक इसके प्रकाश को फेलाने के लिए समय आने पर ज्ञानयज्ञ अभिमान चलाना, जो बाद में अखण्ड ज्योति पत्रिका के 1938 में प्रथम प्रकाशन से लेकर विचार क्रांति अभियान के विश्वव्यापी होने के रुप मे प्रकटा 3 चौबीस महापुरश्चरणो के दौरान युग धर्म का निर्वाह करते हुए राष्ट्र के निमित्त भी स्वंय को खपाना, हिमालय यात्रा भी करना तथा उनक संपर्क से आने का मार्गदर्शन लेना। यहॉ कहा जा सकता है कि युग निर्माण मिशन , गायत्री परिवार , प्रज्ञा अभियान , पूज्य गुरुदेव के एक दूसरे के पर्याय है, की जीवन यात्रा का यह एक महत्वपूर्ण मोड था। जिसने भावी रीति नीति का निर्धारण कर दिया। पूज्य गुरुदेव अपनी पुस्तक यहमारी वसीयत और विरासत मे लिखते है कि प्रथम मिलन के दिन सर्म्पण सम्पूर्ण हुआ था। दो बाते गुरुसंता द्धारा विशेष रुप से कही गई, संसारी लोग क्या करते है और क्या कहते है, उसकी और से मुॅंह मोड कर निर्धारित लक्ष्य की और एकांकी साहस के बलबूते चलते रहना एवं दूसरा यह कि अपने को अधिक पवित्र और प्रखर बनाने की तपश्चर्या मे जुट जाना जो की रोटी व छाछ पर निर्वाह कर आत्म अनुशासन सीखना। इसी से वह सामर्थ्य विकसित होगी जो विशुद्धत: परतार्थत प्रयोजनो मे नियोजित होगी। बसंत पर्व का यह दिन गुरु अनुशासन का अवधारण ही हमारे लिए नया जन्म बन गया। सदगुरु की प्राप्ती हमारे जीवन का अनन्य एवं परम सौभाग्य रहा। राष्ट्र के परावलम्बी होने की पीड़ा भी उन्हे उतनी ही सताती थी जितनी की गुरुसत्ता के आदेशानुसार तपकर सिद्धियो के उपार्जन की ललक उनके मन मे थी। उनके इस असमंजस को गुरुसत्ता ने तोडकर परावाणी से उनका मार्गदर्शन किया कि युगधर्म की महत्ता व समय की पुकार देख सुन कर तुम्हे अन्य आवश्यक कार्यो को छोडकर अग्निकाण्ड मे पानी लेकर दौड पडने की तरह आवश्यक कार्य भी करने पड सकते है। इसमे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाते संघर्ष करने का भी संकेत था। 1927 से 1933 तक का समय उनका एक सक्रिय स्वंय सेवक स्वतंत्रता सेनानी के रुप मे बीता, जिसमे घरवालो के विरोध के बावजूद पैदल लम्बा रास्ता पारकर के आगरा के उस शिविर मे पहुचे जहॉ शिक्षण दिया जा रहा था । अनेकानेक मित्रो – सखाओ मार्गदर्शको के साथ भूमिगत हो कार्य करते रहे तथा समय आने पर जेल भी गये। छह–छह माह की उन्हे कई बार जेल भी हुई जेल मे भी वो जेल के निरक्षर साथियो को शिक्षण देकर व स्वंय अंग्रेजी सीखकर लौटे, आसन सोल जेल मे वे जवाहर लाल नेहरु की माता श्री मति स्वरुप रानी नेहरु, श्री रजी अहमद किदवई, महामना मालवीय जी, देवदास गॉधी जैसी हस्तियों के साथ रहे व वहॉ से एक मूलमंत्र सीखा जो मालवीय जी ने दिया था कि जन–जन की साझेदारी बढाने के लिए हर व्यक्ति के अंशदान से मुठ्ठी फण्ड से रचनात्मक प्रवृत्तियॉ चलाना। यही मंत्र आगे चलकर एक घण्टा समयदान बीस पैसा नित्य या एक दिन की आय एक माह मे तथा एक परिवार बनाता चला गया, जिसका आधार था प्रत्येक व्यक्ति की यज्ञीय भावना का उसमे समावेश। स्वतंत्रता की लडाई के दौरान कुछ उग्र दौर भी आये, जिनमे शहीद भगतसिंह को फॉसी दिये जाने पर फैले जन आक्रोश के समय श्री अरविन्द के किशोर काल की क्रान्तिकारी स्थिति की तरह उनने भी वे कार्य किये, जिनमे अक्रान्ता, शासको के प्रति असहयोग जाहिर होता है। नमक आंदोलन के दौरान वे आतयायी शासको के समक्ष झुके नही।वे मारते रहे परन्तु, समाधि स्थिति को प्राप्त राष्ट्र देवता के पुजारी को बहोश होना स्वीकृत था पर आन्दोलन से पीठ दिखाकर भागना नही, फिरंगी उन्हे पीटते रहे, झण्डा छीनने का प्रयास करते रहे। उन्होने मुॅंह से झण्डा पकड लिया। गिर पडे, बेहोश हो गये पर झण्डे का टुकडा द्धारा दॉतो मे भीचे गये टुकडे के रुप मे जब बाहर निकाला गया, तब उनकी सहनशक्ति देखकर आश्चर्य चकित रह गये। उन्हे तब से ही आजादी के मतवाले उन्मत श्री राम मंत्र नाम मिला।

अभी भी आगरा मे उनके साथ रहे या उनसे कुछ सीख लिए अगणित व्यक्ति उन्हे मत्त जी नाम से ही जानते है।

लगान बंदी के ऑकडे एकत्र करने के लिए उनने पूरे आगरा जिले का दौरा किया व उनके द्वारा प्रस्तुत वे ऑकडे तत्कालीन सयुंक्त प्रान्त के मुख्यमंत्री श्री गोविंद वल्लभ पन्त द्वारा तत्कालीन संयुक्त प्रान्त के मुख्यमंत्री श्री गोविंद वल्लभ पन्त द्वारा गॉधी जी के समक्ष पेश किये गये। बापू ने अपनी प्रशस्ति के साथ वे प्रमाणिक ऑकडे बिट्रीश पार्लियामेण्ट भेजे। इसी आधार पर पूरे संयुक्त प्रान्त के लगान मॉफी के आदेश प्रसारित हुए। कभी जिनने अपनी इस लडाई के बदले कुछ न चाहा, उन्हे सरकार ने अपना प्रतिनिधि भेजकर पचास वर्ष बाद तामपत्र देकर शांतिकुंज मे सम्मानित किया। उसी सम्मान व स्वाभिमाना के साथ सारी सुविधाएँ व पेंशन उनने प्रधानमंत्री राहत फण्ड ,हरिजन फण्ड के नाम समर्पित कर दी। बैरागी जीवन का, सच्चे राष्ट्र संत होने का इससे बडा प्रमाण क्या हो सकता है।

1935 के बाद उनके जीवन का नया दौर शुरु हुआ, जब गुरुसत्ता की प्रेरणा से वे श्री अरविन्द से मिलने पाण्डिचेरी, गुरुदेव ऋशिवर रवीन्द्र नाथ टेगौर से मिलने शांति निकेतन तथा बापू से मिलने साबरमती आश्रम अहमदाबाद गये। सांस्कृतिक, आध्यात्मिक मोर्चे पर राष्ट्र को कैसे परतंत्रता की बेडियो से मुक्त किया जाये , यह निर्देश लेकर अपना अनुष्ठान यथावत् चलाते हुए उनने पत्रकारिता के क्षेत्र मे प्रवेश किया जब आगरा मे 'सैनिक' समाचार पत्र के कार्यवाहक संपादक के रुप मे श्री कृष्णदत्त पालीवाल जी ने उन्हे अपना सहायक बनाया। बाबु गुलाबराय व पालीवाल जी से सीख लेत हुए सतत् स्वाध्यारत् रह कर उनने अखण्ड ज्योति नामक पत्रिका का पहला अंक 1938 की बसंत पंचमी पर प्रकाशित किया। प्रयास पहला था। जानकारीयॉ कम थी, अत: पुन सारी तैयारी के साथ विधिवत् 1940 की जनवरी से उनने परिजनो के नाम पाति के साथ अपने हाथ से बने कागज पर पैर से चलने वाली मशीन से छापकर अखण्ड ज्योति पत्रिका का शुभारंभ किया जो पहले तो दौ सौ पचास पत्रिका के रुप मे निकली , किन्तु क्रमश: उनके अध्यावसाय घर–घर पहुचाने वाले उनके हृदय स्पर्शी पत्रो द्वारा बढती–बढती नवयुग के मत्स्यावतार की तरह आज दस लाख से भी अधिक संख्या में विभिन्न भाषाओ मे छपती व एक करोड से अधिक व्यक्तियो द्वारा पढी जाती है। पत्रिका के साथ साथ मे क्या हूँ जैसी पुस्तको का लेखन आरम्भ हुआ। स्थान बदला आगरा से मथुरा आ गये दो तीन घर बदलकर धीयामण्डी मे आज जहॉ अखण्ड ज्योति संस्थान है आ बसे। पुस्तको का प्रकाशन व कठोर तपाश्चर्या, ममत्व विस्तार तथा पत्रो द्वारा जन जन के अंत: स्थल को छूने की प्रक्रिया चालू रही। साथ देने आ गई। परमवन्दनीया माताजी भगवती देवी शर्मा, जिन्हे भविष्य में अत्याधिक महत्वपूर्ण भूमिका अपने आराध्य ईष्ट गुरू के लिए निभानी थी। उनके मर्मस्पर्शी पत्रो ने भाव भरे अतिथ्य, हर किसी को जो दुखी था। पीडित था दिये गये ममत्व भरे परामर्श ने गायत्री परिवार का आधार खडा किया। इसमे कोई संदेह नही। यदि विचारक्रान्ति मे साहित्य ने मनोभूमि बनाई है तो भावात्मक क्रान्ति में ऋषियुगल के असीम स्नेह ब्राह्मण्त्व भरे शेष जीवन मे भूमिका निभायी। अखण्ड ज्योति पत्रिका लोगो के मन को प्रभावित करती रही। इसमे प्रकाशित चर्चा स्तम्भ के लोगो को गायत्री व यज्ञमय जीवन जीने का संदेश मिलता रहा। साथ ही एक आना से लेकर छ: आना सीरीज की अनेकानेक लोकोपयोगी पुस्तके छपती चली गई। इस बीच हिमालय के बुलावे भी आयें, अनुष्ठान भी चलता रहे, जो पूरे विधि विधान के साथ 1953 मे गायत्री तपोभूमि की स्थापना 108 कुण्डी यज्ञ व उनके द्वारा दी गई प्रथम दीक्षा के साथ समाप्त हुआ। गायत्री तपोभूमि की स्थापना के लिए निमित्त धन की आवश्यकता पडी तो परम वंदनीया माताजी जिनने हर कदम पर अपने आराध्य का साथ निभाया अपने सारे जेवर बेच दिये पूज्यवर ने जमीदारी के बॉण्ड बेच दिये एवं जमीन लेकर अस्थायी स्थापना कर दी गयी। धीरे धीरे उदारचेताओ के माध्यम से गायत्री तपोभूमि एक साधना पीठ बन गई। 2400 तीर्थो के जल रज की स्थापना वहॉ की गई 2400 करोड गायत्री मंत्र लेखन वहॉ स्थापित हुआ, अखण्ड, अग्नि हिमालय के एक अति पवित्र स्थान से लेकर स्थापित की गई, जो अभी तक वहॉ यज्ञशाला मे जल रही है। 1941 से 1971 तक का समय परमपूज्य गुरूदेव का गायत्री तपोभूमि, अखण्ड ज्योति संस्थान में सक्रिय रहने का समय है। 1953 में नरमेध यज्ञ 1958 सहस्त्रकुण्डी यज्ञ करके लाखो गायत्री साधको को एकत्र कर उनके द्वारा गायत्री परिवार का बीजारोपण कर दिया। कार्तिक पूर्णिमा 1958 में आयोजित इस कार्यक्रम में दस लाख व्यक्तियो ने भाग लिया इन्ही के माध्यम से देश भर में प्रगतिशील गायत्री परिवार की दस हजार से अधिक शॉखाऐं स्थापित हो गयी। संगठन का अधिकाधिक कार्यभार पूज्यवर परम वंदनीया माताजी पर सौपते चले गये एवं 1959 में पत्रिका का सम्पादन उन्हे देकर पौने दो वर्ष के लिए हिमालय चले गये। जहॉ उन्है गुरूसत्ता से मार्गदर्शन लेना था। तपोवन नन्दनवन मे ऋषियो से साक्षात्कार करना था। तथा गंगोत्री में रहकर आर्य ग्रन्थो का भाष्य करना था। तब तक वे गायत्री महाविद्या पर विश्वकोश स्तर की अपनी रचना गायत्री महाविज्ञान के तीन खण्ड लिख चुके थे जिसके अब तक प्राय: पैतीस संस्करण छप चुके है। हिमालय से लौटते ही उनमे महत्वपूर्ण निधि के रूप वेद, उपनिषद, स्मृति, आरण्यक, ब्राहमण, योगवशिष्ट, मंत्र महाविज्ञान, तंत्र महाविज्ञान जैसे ग्रन्थो को प्रकाशित कर देव संस्कृति की मूल थाति को पुर्नजीवन दिया। परम वन्दनीया माताजी ने उन्ही वेदो को पूज्यवर की इच्छानुसार 1991–92 मे विज्ञान सम्मत आधार देकर पुर्नमुद्रित कराया। एवं वे आज घर घर में स्थापित है। युग निर्माण योजना व युग निर्माण संकल्प के रूप में मिशन का घोषणा पत्र 1963 में प्रकाशित हुआ। तपोभूमि एक विश्वविद्यालय का रूप लेती चली गई तथा अखण्ड ज्योति संस्थान एक तप: पूत की निवास स्थली बन गया जहॉ रहकर उन्होने अपनी शेष तप साधन पूरी की थी जहॉ से गायत्री परिवार का बीज डाला गया था। तपोभूमि मे विभिन्न शिविरो का आयोजन किया जाता रहा पूज्यवर स्वयं छोटे बडे जन सम्मेलनो यज्ञायोजनो के द्वारा विचार क्रान्ति की पृष्ठ भूमि बनाते रहे पूरे देश में 1970–71 मे पाँच 1008 कुण्डी यज्ञ आयोजित हुए स्थायी रूप से विदाई लेते हुए एक विराट सम्मेलन (जून 1971) में परिजनो में विशेष कार्य भार सौंप दिए परम वंदनीया माताजी को शांतिकुंज, हरिद्वार में एक अखण्ड द्वीप के समक्ष तप हेतु छोड कर स्वयं हिमालय चले गये। एक वर्ष बाद वे गुरूसत्ता का संदेश लेकर लौटे एवं अपनी आगामी बीस वर्ष की क्रिया पद्धति बताई ऋषि परम्परा का बीजारोपण, प्राण प्रत्यावर्तन संजीवनी व कल्प साधना सत्रो का मार्गदर्शन जैसे कार्य उनने शांतिकुंज में सम्पन्न किये। सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थापना अपनी हिमालय की इस यात्रा से लोटने के बाद बहमवर्चस शोध संस्थान की थी जहा विज्ञान और अध्यातम के समनप्यात्मक प्रतिपादनो पर शोध कर एक नये धर्म वैज्ञानिक धर्म के मूलभूत आधार रखे जाने थे । इस संबंध मे पूज्यवर ने विराट परिणाम में साहित्य लिखा अदृष्य जगत के अनुसंधान से लेकर मानव की प्रसुप्त क्षमता के जागरण तक साधना से सिद्धि एवं दर्शन विज्ञान के तर्क तथ्य प्रमाण के आधार पर

प्रस्तुतीकरण तक इसके लिए एक विराट ग्रन्थाथार बना व एक सुसज्जित प्रयोगशाला वनौषधि उद्यान भी लगाया गया तथा जडी बूटी, यज्ञ विज्ञान तथा मंत्र शक्ति पर प्रयोग हेतु साधको पर परीक्षण प्रचुर परिमाण मे किये गये निष्कर्षो ने प्रमाणित किया कि ध्यान साधना मंत्र चिकित्सा व यज्ञोपैथी एक विज्ञान सम्मत विधा है। गायत्री नगर क्रमश: एक तीर्थ संजीवनी विद्या के प्रशिक्षण का एकेडमी का रूप लेता चला गया। एवं जहॉ 9–9 दिन के साधना प्रधान एक एक माह के कार्यकर्ता निमार्ण हेतु युग शिल्पी सत्र समपन्न होने लगे कार्यक्षेत्र में विस्तार हुए स्थान स्थान पर शक्तिपीठ विनिर्मित हुए जिनके निर्धारित क्रियाकलाप थे। सुसंस्कारिता, अस्तिकता, संर्वधन एवं जनजागृति के केन्द्र बनना। ऐसे केन्द्र जो 1980 में बनना आरंभ हुए थे प्रज्ञा संस्थान शक्तिपीठ प्रज्ञामण्डल स्वाध्यायमण्डल के रूप में पूरे देश व विश्व में फैलते चले गये। 73 देशो में गायत्री परिवार की शॉखाऐ फैल गई 4300 से अधिक भारत मे निज के भवन वाले संस्थान विनिर्मीत हो गये वातावरण गायत्रीमय होता चला गया। परमपूज्य गुरूदेव ने सूक्ष्मीकरण मे प्रवेष कर 1985 मे ही पांच वर्ष के अंदर अपने सारे क्रियाकलापो को समेटने की घोषणा कर दी। इस बीच कठोर तप साधना कर मिलना जुलना कम कर दिया तथा क्रमश: क्रिया कलाप परमवन्दनीया माताजी को सोंप दिये। राष्ट्रीय एकता सम्मेलनो विराट दीप यज्ञो के रूप में नूतन विद्या को जन जन को सौंप कर राष्ट्र देवता की कुण्डीलीनी जगाने हेतू उनने अपने स्थूल शरीर छोडने व सूक्ष्म में समाने की विराट से विराटतम होने की घोषणा कर गायत्री जयन्ती 2 जून 1990 को महाप्रयाण किया।

**श्री श्री सँध्यारानी माँ –** श्री महावतार बाबाजी द्वारा प्रदत्त क्रियायोग रूपी अमूल्य धरोहर की संरक्षिका योगीराज श्री श्यामाचरण लाहिदी की प्रिय शिष्या भागीरथी नगर हरिद्वार मे तपस्थली वाटिका मे निवासरत परमपूज्य प्रात: स्मरणीय मेरी गुरू माँ श्री संध्या रानी माँ अग्राहण्य शुक्ल अष्टमी तिथि रेवती नक्षत्र दिन रविवार को जन्मी श्री रानी माँ आज गंगा के तट पर क्रिया योग की एक महान साधिका के रूप मे अपने अध्यात्मिक आर्शिवाद के रूप मे लोगो को क्रियायोग का मार्गदर्शन दे रही है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–**

1. श्रीमद भागवत , गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 10/25
2. तीर्थ सेवन क्यो और कैसे ,श्री राम शर्मा आचार्य , द्वितीय संस्करण , वर्ष 1998 , अखंड ज्योति संस्थान मथुरा ।
3. महाभारत वन पर्व , गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 142/6
4. महाभारत वन पर्व , गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 142/6
5. ऋग्वेद , गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 8/90
6. रघुवंश (कालिदास) , गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 2/29
7. पदम पुराण , गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 118/61/73
8. महाभारत वन पर्व , गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 145/22/24
9. आदि महाभारत, गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 129/6
10. शांति महाभारत, गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 308/33–35
11. शांति महाभारत, गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 208/33
12. महाभारत वन पर्व , गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 87/20 96/1
13. शांति महाभारत, गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 192
14. ऋग्वेद, गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 10/104/108 तथा 8/6/28
15. केदारखंडम, गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 58/136–137
16. आदि महाभारत, गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 30/18
17. केदारखंडम, गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 19/9 58/164
18. महाभारत, गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 72/10
19. केदारखंडम, गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 194/10
20. केदारखंडम, गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 37/10
21. श्रीमद भागवत, गीता प्रेस गोरखपुर । अध्याय 7/2/3
22. योगी कथामृत , श्री परमहंस योगानंद जी, प्रथम संस्करण वर्ष 1974 योगदा सत्संग सोसायटी रांची । पृष्ठ क्रं. 431
23. अखंड ज्याति फरवरी अंक 2011। पृष्ठ क्रं. 7
24. समस्त विश्व को भारत के अजस्त्र अनुदान , श्री राम शर्मा आचार्य , द्वितीय संस्करण वर्ष 1998, अखंड ज्योति संस्थान मथुरा ।
25. श्री संध्या रानी मॉ स्मारिका , संजय एवं गौतम , प्रथम संस्करण वर्ष 2003 , तपस्थली वाटिका

**************

# म.प्र. में माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत 6 से 12 वर्ष के दिव्यांग बालको एवं बालिकाओं के समायोजन क्षमता का विश्लेषणात्मक अध्ययन

**डॉ. आभा गोयल* रचना गौतम****

* प्राध्यापक (गृह विज्ञान) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत
**शोधार्थी, एम.एच.एससी, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** समाज में सामान्य बालकों के अतिरिक्त कुछ ऐसे भी बालक पाये जाते हैं जो गर्भ में भ्रूण की पूर्ण रूप से देखभाल न होने के कारण, जन्म के पश्चात् पूर्ण पौष्टिक आहार न मिलने के कारण या किसी दुर्घटना होने के कारण दिव्यांगता का शिकार हो जाते हैं। दिव्यांगजन अधिनियम 2016 के अन्तर्गत दिव्यांगजन में 21 तरह की दिव्यांगतायें वाले व्यक्ति को शामिल किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में सबके लिए शिक्षा अर्थात् शिक्षा के सर्वव्यापीकरण की बात की है। 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता के शिकार व्यक्ति को दिव्यांग की श्रेणी में रखा गया है। दिव्यांग बच्चों को ऐसी शिक्षा उपलब्ध करायी जाये ताकि उन्हें कुसमायोजित होने से बचाया जा सके। शिक्षा के द्वारा ही दिव्यांग बच्चों को सही निर्देश दिया जा सकता है जिससे ऐसे विद्यार्थी शैक्षिक, सामाजिक, व्यवसायिक, भावनात्मका जीवन में सुसमायोजित हो सके। वर्तमान शोध अध्ययन सतना जिले की माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र/छात्राओं की समायोजन क्षमता का विश्लेषणात्मक अध्ययन हेतु किया गया है। जिसमें 50 दिव्यांग छात्र एवं 50 दिव्यांग छात्राओं को उद्धेशीयन्यादर्शनपद्धतिद्वारा चयनित किया गया है जो कि सतना जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की शासकीय शालाओं में समावेशित शिक्षा के अन्तर्गत अध्ययनरत हैं। समायोजन क्षमता के मापन हेतु समायोजन क्षमता परीक्षण मानकीकृत द्वारा ए.के.पी. सिन्हा व डॉ. आर.पी. सिंह का उपयोग किया गया है। आंकड़ों के विश्लेषण हेतु मध्यमान, मानक विचलन एवं टी–परीक्षण सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया गया है। परिणामों में दिव्यांग छात्र एवं छात्राओं की समायोजन क्षमता में सार्थक अंतर पाया गया।

**शब्द कुंजी –** दिव्यांग, माध्यमिक शाला, समायोजन क्षमता।

**प्रस्तावना – दिव्यांगजन भी अंग हमारे, अवसर का उपहार चाहिए।**
**मिले इन्हें अधिकार समान, दया नहीं सम्मान चाहिए।**

किसी भी देश में, समाज में सामान्य एवं प्रतिभाशाली बच्चों के वर्ग के अतिरिक्त एक वर्ग दिव्यांग बच्चों का भी है। भारत में दिव्यांग की समस्या न सिर्फ अधिक है बल्कि लगातार बढ़ती भी जा रही है। जनसंख्या वर्ष 2011 के आंकड़ों से ज्ञात होता है कि भारत में दिव्यांगों की कुल जनसंख्या वर्ष 2001 के 2.19 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2011 में 2.68 करोड़ हो गयी है। दिव्यांगों की जनसंख्या में बढोत्तरी होने के साथ शिक्षा शास्त्रियों के मानसपटल पर दिव्यांग के शिक्षण अधिगम की जटिल समस्या भी बनी हुई है। भारत का संविधान अपने सभी नागरिकों के लिए समानता, स्वतंत्रता, न्याय, गरिमा एवं शिक्षा सुनिश्चत करता है। दिव्यांगों को मुख्य धारा में लाने के लिए सरकार प्रयास करती रहती है। इन्हें शिक्षित करना उच्च शिक्षा प्रदान करना ताकि वे आत्मनिर्भर बन सके। भारत सरकार द्वारा शिक्षा प्राप्ति हेतु शिक्षण संस्थानों में दिव्यांग बच्चोंको आरक्षण दिया गया है। पी.डब्ल्यू.डी एक्ट 1995 एवं दिव्यांगजन अधिनियम 2016 लाया गया है जिसके तहत देश विभिन्न सरकारी संस्थानों में सुविधाऐं निर्धारित की गई है। इस प्रकार से दिव्यांग विद्यार्थियों की शिक्षा एवं पुर्नवास पर अत्यधिक ध्यान दिया जा रहा है। मानव विकास मंत्रालय के समावेशित शिक्षा स्कीम 2003 के अनुसार दिव्यांग एवं बिना दिव्यांग एक ही विद्यालय और सामुदायिक शैक्षिक स्थानो पर उपयुक्त तंत्र एवं सहायक सुविधाओं के साथ एक साथ सीख रहे हैं। इस पर बल देते हुए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 के अनुसार दिव्यांग विद्यार्थियों के भी अधिकार समान है इन्हें भी शिक्षण के सहयोगी संसाधन के रूप में देखा जाना चाहिए। माध्यमिक शाला से तात्पर्य 9वीं वं 10वीं कक्षाओं से है। माध्यमिक शाला में अध्ययनरत दिव्यांग बालक एवं बालिका पर यह टेस्ट प्रशासित किया गया है। दिव्यांग बालक बालिकाओं को विद्यालय में समाज में उनका समायोजन कैसा है इसको जानना आवश्यक है। जीवन के विभिन्न क्षेत्र में सफल होने के लिए समायोजन आवश्यक है। यह समायोजन हमारे जीवन की आवश्यक प्रतिक्रिया हैं। दैनिक जीवन में मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति समायोजन की प्रक्रिया के द्वारा करता है। दिव्यांग विद्यार्थियों को अपनी जीवन शैली को सुचारू रूप से चलाने हेतु घरेलू, सामाजिक एवं विद्यालयी वातावरण में समायोजन आवश्यक है।

सिंह (1979) ने विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि एवं समायोजन क्षमता का अध्ययन किया। परिणामों में पाया कि उच्च समायोजन वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि भी उच्च थी एवं इनका विद्यालयी, सामाजिक एवं संवेगात्मक समायोजन भी अच्छा पाया गया। मोरिन एवं सहयोगी (2011) ने बालक एवं बालिका के शैक्षिक समायोजन में सार्थक अंतर नहीं पाया। पाल एवं निगम (2000) ने अंधदिव्यांग सामान्य, अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता का अध्ययन किया जिसमें पाया कि अनुसूचित जाति के अंधदिव्यांग विद्यार्थियों की

समायोजन क्षमता सामान्य जाति के विद्यार्थियों से उच्च पायी गयी। जबकि अग्रवाल (2002) ने सामान्य जाति के विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों से उच्च पायी। गुप्ता निलेश (2002) ने शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों की तुलना में अशासकीय स्कूल के विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता उच्च पायी गयी। मोहन (2004) ने शहरी एवं ग्रामीण विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता में सार्थक अंतर नहीं पाया। गक्खर (2003) ने अपने अध्ययन में परिवार एवं छात्रावास में रहने वाली छात्राओं की अध्ययन आदत तथा समायोजन क्षमता में सार्थक अंतर नहीं पाया गया। कन्नन (2006) ने शोध अध्ययन में पाया कि बालिकाएं बालकों से अधिक उत्तम समायोजन करती है। पिल्लई एवं सहयोगी (2006) ने अध्ययन में पाया कि छात्रों की अपेक्षा छात्राओं का विद्यालयी समायोजन सार्थक रूप से उच्च था। मुचाल एवं कुमार (2008) ने अध्ययन में पाया कि विद्यार्थियों की शैक्षिक अभिप्रेरणा उच्च होती है ते उनका समायोजन क्षमता तथा शैक्षिक उपलब्धि स्तर भी उच्च होता है। देशमुख, के. (1979) शारीरिक दिव्यांग छात्र एवं दिव्यांग छात्राओं में दिव्यांग छात्राओं की समायोजन क्षमता उच्च पायी गयी एवं विद्यालयी समायोजन में भी दोनों में अंतर पाया गया। सिंह हरवंश(2006) ने विद्यालय के सामाजिक भावनात्मक वातावरण का विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया। अध्ययन में पाया गया कि छात्रों में स्वास्थ्य व भावनात्मक समायोजन छात्राओं की तुलना में उच्च होता है। एवं विद्यालयी समायोजन लड़कियों में उच्च पाया गया। अमीनाभावी (1996) ने शारीरिक दिव्यांग तथा सामान्य विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता का अध्ययन किया। अध्ययन में निष्कर्ष पाया कि शारीरिक दिव्यांग भावनात्मक एवं सामाजिक रूप से समायोजित होते हैं। प्रधान एवं सोनी (2011) ने किशोरावस्था वाले अंध दिव्यांग बालक-बालिकायों के समायोजन एवं चिंता का अध्ययन किया। अध्ययन में निष्कर्ष पायागया कि अंधदिव्यांग बालक एवं बालिका की समायोजन क्षमता में सार्थक अंतर नहीं होता है। किशोरावस्था एवं जेंडर की अन्त:क्रिया समायोजन क्षमता पर प्रभाव नहीं डालती है। जोयमाल्या परमानिक (2014) ने माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता का अध्ययन किया। अध्ययन में निष्कर्ष पाया गया कि शहरी एवं ग्रामीण विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता में अंतर नहीं होता है। डॉ. पारस जैन (2017) में समायोजन क्षमता एवं शैक्षणिक उपलब्धि के सहसंबंध का अध्ययन किया। अध्ययन में निष्कर्ष पाया गया कि बालिकाओं की समायोजन क्षमता बालकों से उच्च होती है। जादाव दत्ता एवं जे.सी.सोनी (2014) ने असम के अंधदिव्यांग स्कूली बच्चों की समायोजन क्षमता, आकांक्षा स्तर, आत्मप्रत एवं शैक्षणिक उपलब्धि पर अध्ययन किया। अध्ययन में निष्कर्ष पाया गया कि बालक एवं बालिका की समायोजन क्षमता में सार्थक अंतर नहीं होता है। रतन कुमार सुथार एवं गोपाल सिंह सेखावत (2018) ने शारीरिक चुनौती युक्त विद्यार्थियों के समायोजन एवं स्वबोध का अध्ययन किया। अध्ययन में निष्कर्ष पाया गया कि शारीरिक रूप से चुनौतीयुक्त बालक-बालिकाओं की समायोजन क्षमता में सार्थक अंतर होता है।

**समायोजन क्षमता का अर्थ एवं परिभाषा -** प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह नितान्त आवश्यक है कि वह जीवन पर्यन्त अनुकूल एवं प्रतिकूल परिस्थितियों से सामंजस्य स्थापित करते हुए जीवन यापन करें। वह परिस्थितियों से या पर्यावरण से समायोजन स्थापित कर लेता है तथा वह बाधाओं का निराकरण करने में असफल होता है तो उसमें असमायोजन की उत्पति हो जाती है।

क्रोवक्रो(1973) के अनुसार 'प्रक्रिया जिसके द्वारा व्यक्ति अपनी आवश्यकताऐं, इच्छाओं को प्रभावित करने वाली परिस्थितियों में संतुलन बनाये रखता है, समायोजन कहलाता है।'

उपर्युक्त परिभाषा से स्पष्ट होता है कि समायोजन के अंतर्गत शारीरिक, मानसिक व व्यावहारिक क्रियाऐं आती है। अगर व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उत्पन्न उन परिस्थितियों में अपने आप को असमायोजित रखता है तथा अपने व्यवहार में परिस्थिति के अनुसार परिवर्तन नहीं करता है तो वह प्राणी वातावरण के साथ असंतुलन की स्थिति बनाता है। व्यक्ति व वातावरण में एकरूपता के अभाव को कुसमायोजन करते हैं। समायोजन के विभिन्न आयाम होते हैं।

**अध्ययन की आवश्यकता-** वर्तमान शोध दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं को न्यादर्श लेकर किया गया है। क्या लिंग भेद के आधार पर समायोजन क्षमता प्रभावित होती है? क्या दिव्यागंता का प्रभाव समायोजन क्षमता पर पड़ता है? ऐसे कई प्रश्न का उत्तर जानना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कई प्रश्नों का उत्तर जानना एवं आवश्यक है। इस प्रकार के अध्ययनों को वर्तमान में महती आवश्यकता है साथ ही इन अध्ययनों का उपयोग अध्ययन अध्यापन के कार्यो में भी किया जा सकता है।

**समस्या कथन-** माध्यमिक स्तर में अध्ययनरत दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की समायोजन क्षमता का विश्लेषणात्मक अध्ययन।

**शोध उद्देश्य-** दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की समायोजन क्षमता का अध्ययन करना।

**परिकल्पनाऐं -**दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की समायोजन क्षमता में सार्थक अंतर नहीं है।

**परिसीमाऐं :**

1. यह शोध अध्ययन भोपाल जिले तक सीमित है।
2. शोध अध्ययन में भोपाल जिले अंतर्गत माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत कक्षा 9 एवं 10वीं के दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं को उद्देश्यपूर्ण न्यादर्शन पद्धति द्वारा चयनित किया गया है।

**शोध प्रविधि -** वर्तमान शोध अध्ययन में दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिका की समायोजन क्षमता मापन हेतु मानकीृत द्वारा ए.के.पी. सिन्हा व डॉ. आर.पी. सिंह का उपयोग किया है। इस मापनी की विश्वसनीयता Split Half Method द्वारा कुल 0.95 पाई गई है। आंकड़ों के विश्लेषणक हेतु प्रमुख सांख्यिकीय विधियों मध्यमान, प्रमाणिक विचलन, एवं टी-टेस्ट का उपयोग किया गया है।

**आंकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्याप रिकल्पना क्रं.1दिव्यांगबालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की समायोजन क्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।**

**तालिका क्रं.1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका क्र.1.0के अवलोकन से स्पष्ट है कि दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की समायोजन क्षमताका मध्यमान क्रमश: 17.20 एवं 17.46 है। इस प्रकार दिव्यांग बालिकाओंकी समायोजन क्षमताका मध्यमान दिव्यांग बालकोकी अपेक्षा अधिक है।

तालिका से स्पष्ट है कि परिकलित टी मान .398 है जबकि (df)=98 के लिए .05 स्तर सार्थकता परीक्षण के लिए टी का सारणीमान 1.98 है है।

इस प्रकार सारणीमान से परिकलित मान कम है। अर्थात् (.398<1.98 )।अतः सार्थक अन्तर नहीं है।

अतः कह सकते हैं कि दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की समायोजन क्षमतामें सार्थक अन्तर नहीं होता है। इस प्रकार परिकल्पना क्रं. 01 सत्य है एवं स्वीकृत होती है।

**उप.परिकल्पना क्रं. 1.1दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की भावनात्मक समायोजन में सार्थक अन्तर नहीं है।**

**तालिका क्रं.1.1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका क्र.1.1के अवलोकन से स्पष्ट है कि दिव्यांगबालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की भावनात्मक समायोजन का मध्यमान क्रमशः 4.66 एवं 6.52 है। इस प्रकार दिव्यांग बालिकाओं की भावनात्मक समायोजन का मध्यमान दिव्यांग बालकों की अपेक्षा अधिक है।

तालिका से स्पष्ट है कि परिकलित टी मान 6.02 है जबकि (df)= 98के लिए.05स्तर सार्थकता परीक्षण के लिए टी का सारणीमान 1.98 है। इस प्रकार सारणीमान से परिकलित मान अधिक है। अर्थात् (6.02>1.98) अतः सार्थक अन्तर है।

अतः कह सकते है कि दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की भावनात्मक समायोजन में सार्थक अन्तर होता है। इस प्रकार परिकल्पना क्रं. 1.1 असत्य है एवं अस्वीकृत होती है।

**उप.परिकल्पना क्रं. 1.2**

**दिव्यांगबालक एवंदिव्यांग बालिकाओं की समाजिक समायोजन में सार्थक अन्तर नहीं है।**

**तालिका क्रं.1.2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका क्र.1.2के अवलोकन से स्पष्ट है कि दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की समाजिक समायोजन का मध्यमान क्रमशः 6.94 एव 6.83 है। इस प्रकार दिव्यांगबालकों की सामाजिक समायोजन का मध्यमान दिव्यांग बालिकाओं की अपेक्षा अधिक है।

अतः तालिका से स्पष्ट है कि परिकलित टी मान .698 है जबकि (df)=98वी लिए.05स्तर सार्थकता परीक्षण के लिए टी का सारणीमान 1.98 है। इस प्रकार सारणीमान से परिकलित मान कम है। अर्थात् (.698<1.98 )अअतः सार्थक रूप से अन्तर नहीं हैं।

अतः कह सकते है कि दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की समाजिक समायोजन में सार्थक अन्तर नही होता है। इस प्रकार परिकल्पना क्रं. 1.2 सत्य है एवं स्वीकृत होती है।

**उप.परिकल्पना क्रं. 1.3दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की शैक्षिक समायोजन में सार्थक अन्तर नहीं है।**

**तालिका क्रं.1.3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका क्र.1.3के अवलोकन से स्पष्ट है कि दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की शैक्षिक समायोजन का मध्यमान क्रमशः 5.88 एव 4.26है। इस प्रकार दिव्यांग बालकों की शैक्षिक समायोजन का मध्यमान दिव्यांग बालिकाओं की अपेक्षा अधिक है।

तालिका से स्पष्ट है कि परिकलित टी मान 6.13 है जबकि (df)= 98 के लिए .05 स्तर सार्थकता परीक्षण के लिए टी का सारणीमान 1.98 है। इस प्रकार सारणीमान से परिकलित मान अधिक है। अर्थात् (6.13> 1.98) अतः सार्थक अन्तर है।

अतः कह सकते है कि दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की शैक्षिक समायोजन में सार्थक अन्तर होता है। इस प्रकार परिकल्पना क्रं. 1.3 असत्य है एवं अस्वीकृत होती है।

**निष्कर्ष–**शोध अध्ययन के परिणामों के आधार पर कहा जा सकता है कि परिकल्पना क्र.1 माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की समायोजन क्षमता में सार्थक अंतर नहीं होता है। उप परिकल्पना क्र. 1.1 माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की भावनात्मक समायोजन क्षमता में सार्थक अंतर होता है। उप परिकल्पना क्र. 1.2 माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की सामाजिक समायोजन क्षमता में सार्थक अंतर नहीं होता है। उप परिकल्पना क्र. 1.3 माध्यमिक पर अध्ययनरत दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की शैक्षिक समायोजन क्षमता में सार्थक अंतर होता है। परिकल्पना क्रमांक 1 एवं उप परिकल्पना क्र. 1.2 के परिणाम की पुष्टि जादब दत्ता एवं जे.सी. सोनी (2014), विजय (2007) द्वारा किये गये शोध अध्ययन से भी होती है एवं उप परिकल्पना क्र. 1.1 एवं 1.3माध्यमिक पर अध्ययनरत दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की भावनात्मक एवं शैक्षिक समायोजन क्षमता में सार्थक अंतर होता है, कि पुष्टि सिंह हरवंश 2006 द्वारा किये गये शोध अध्ययन से भी होती है।

**शैक्षिक अनुप्रयोग–** वर्तमान अध्ययन के आधार पर भविष्य में किये जाने वाले शोध कार्य एवं अध्ययनों हेतु निम्न सुझाव हो सकते हैं। वर्तमान शोध कार्य को और अधिक व्यापक बनाया जा सकता है जिससे शोध कार्य की विश्वसनीयता एवं वैद्यता बढ़ सके। प्रस्तुत अध्ययन शासकीय एवं विशेष विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बालक एवं बालिकाओं के संदर्भ में भी किया जा सकता है। शहरी एवं आदिवासी विद्यार्थियों को न्यादर्श को लेकर भी शोध अध्ययन किया जा सकता है। इस प्रकार के शोध अध्ययन द्वारा विभिन्न शैक्षिक नीतियों के निर्माण में सहायता प्राप्त हो सकती है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:–**


1. Agrawal, Subhash Chandra (2002): अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति एवं सामान्य जाति के छात्रों के समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन, भारतीय शिक्षा शोध पत्रिका, लखनऊ, वर्ष: 21, अंक: 1,
2. Aminabhavi.V.L.,(1996):A Study of adjustment ability of physically disabled and normal students,Journal of Community Guidance and research 13.1.pp.13-16.
3. Buch, M.B., : NCERT New Delhi Third Survey of Research Education (1978-83).
4. Buch, M.B., : NCERT New Delhi Fourth Survey of Research Education (1991).
5. Buch, M.B., : NCERT New Delhi Fifth Survey of Research Education(1982-92).
6. Buch, M.B., :NCERT New Delhi Sixth Survey of Research Education volm I &II (1993- 2000).
7. Gakhar,S.C.,(2003):-परिवार एवं छात्रावास में रहने वाली छात्राओं कि समायोजन एवं अध्ययन आदतों का अध्ययन, शिक्षा, चिन्तन, वॉल्युम 5, क्र,– 2.
8. Gupta Lilesh (2002): "A study of Future Awareness Vocational Interest and School Students", Ph.D. Education, Kota Open University.
9. Jadab, Dutta, Chetia Pranav &Soni J.C. (2015) Comparative Study on Intelligence of Secondary School Students in LakhimpurDistt. of Assam. International

Journal of Development Research Vol. 5 PP. 5594-5599. Sept. (2015) .

10. Kannan(2005): “Socio - psychological correlates of adjustment of std. XI students” Ph.D.Thesis, Annamalai Univ. Tamilnadu, India.
11. Mohan (2004):”A Comparative Study of Adjustment and Personality Traits of Rural and Urban Students”, Indian Journal of Educational Research, Lucknow, Vol.: 23, No.2.
12. Muchal,M.K. and Kumar Subhash(2008):‘उच्चतर माध्यमिक विद्यार्थियों की शैक्षिक अभिप्रेरणा का उनके समायोजन तथा शैक्षिक उपलब्धि के सम्बन्ध में अध्ययन’; परिप्रेक्ष्य, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय, नईदिल्ली, वर्ष: 15, अंक :3
13. Pal, Hansraj and Nigam, Jitendra(2000): ‘सामान्य अनुसूचितजाति एवंअनुसूचितजनजाति के दृष्टिहीन विद्यार्थियों के समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन’; भारतीय आधुनिक शिक्षा, एन.सी.ई.आर.टी. नईदिल्ली, वर्ष : 18, अंक:3
14. Parmanik Joymalya,Saha Birbal & Mondal Bhimchandra:-American Journal of Education Research,2014,pp.1133-1143.
15. Pillai andKulshekhra, HarbansS.Singh (2006): “Effect of Socio- Emotional climate of the school on the adjustment of students.” Psycho lingua, 36, no.- 2,pp 133-143.
16. Pradhan,k.c & Soni,J.C. (2011):A study of adjustment and anxiety in visually handicapped male and femalw adolescents I Odisha,Ph.D. dessertaion Rajeev Gandhi univresity Arunachal Pradesh.
17. Singh Harbans(2006): “Effect of Socio-Emotional Climate of the school on the adjustment of students.” Psycholingua,36, no.-2, pp 133-143.
18. Suthar, Ratanlal&Sekhawat, G.S. (2018): Shrinkhla Ek Shod parakh Vaicharik Patrika Vol.5, January 2018, PP.37-42.

**तालिका क्रं.1 : दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की समायोजन क्षमताका टी– मान**

| चर | समूह | संख्या | मध्यमान | प्रमापविचलन | टीसारणीमान | परिकलितटी– मान | सार्थकता.05 स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| समायोजन क्षमता | दिव्यांग बालक | 50 | 17.20 | 3.76 | 1.98 | .398 | सार्थकअन्तरनहीं है। |
| दिव्यांगबालिकाऐं | 50 | 17.46 | 2.67 | | | | |

**तालिका क्रं.1.1: दिव्यांगबालक एव दिव्यांग बालिकाओं की भावनात्मक समायोजन का टी– मान**

| चर | समूह | संख्या | मध्यमान | प्रमापविचलन | टीसारणीमान | परिकलितटी– मान | सार्थकता.05 स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भावनात्मकसमायोजन | दिव्यांगबालक | 50 | 4.66 | 1.47 | 1.98 | 6.02 | सार्थक |
| दिव्यांगबालिकाऐं | 50 | 6.52 | 1.60 | | | | |

**तालिका क्रं.1.2: दिव्यांग बालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की समाजिक समायोजन का टी– मान**

| चर | समूह | संख्या | मध्यमान | प्रमापविचलन | टीसारणीमान | परिकलितटी– मान | सार्थकता.05 स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सामाजिक समायोजन | दिव्यांग बालक | 50 | 6.66 | 1.27 | 1.98 | .698 | सार्थकरूप सेअन्तरनहीं हैं। |
| दिव्यांग बालिकाऐं | 50 | 6.86 | 1.57 | | | | |

**तालिका क्रं.1.3: दिव्यांगबालक एवं दिव्यांग बालिकाओं की शैक्षिक समायोजन का टी– मान**

| चर | समूह | संख्या | मध्यमान | प्रमापविचलन | टीसारणीमान | परिकलितटी– मान | सार्थकता.05 स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शैक्षिक समायोजन | दिव्यांग बालक | 50 | 5.88 | 1.39 | 1.98 | 6.13 | सार्थक |
| दिव्यांगबालिकाऐं | 50 | 4.26 | 1.24 | | | | |

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# Sustainable Development : Principles and Applications and Inclusice Growth

**Hitesh Kumar Midha***

***Assistant Professor, Govt. Girls College, Sri Ganganagar (Raj.) INDIA**

**Introduction -** A method of planning and enhancing human endeavours while preserving the long-term welfare of both current and future generations is referred to as sustainable development. It is a strategy that aims to strike a balance between environmental preservation, social advancement, and economic prosperity.

The Brundtland Commission popularized the idea of sustainable development in 1987 and stated that it is "development that meets the needs of the present without compromising the ability of future generations to meet their own needs." The interconnection of economic, social, and environmental concerns is acknowledged, and it seeks to address all of them at once.

**Key Principles**

1. **Environmental stewardship:** This entails conserving biodiversity, minimizing climate change, managing natural resources responsibly, and decreasing waste and pollution.
2. **Economic Prosperity:** Sustainable development aims to foster inclusive economic growth, the creation of jobs, and the eradication of poverty while ensuring the effective use of resources and limiting adverse environmental effects.
3. **Social Equity:** It places a strong emphasis on the value of social justice, equitable access to opportunities and resources, and the welfare of all people and communities. It speaks about issues like poverty, inequality, healthcare, education, and human rights.
4. **Intergenerational Equity:** A key component of sustainable development is ensuring that current demands are met without sacrificing the capacity of future generations to meet their own. It tries to protect resources for the future and takes into account long-term effects.

To achieve sustainable development, various strategies and actions can be taken at global, national, regional, and local levels. These may include:

a. Adopting and putting into practice regulations that support sustainable practices in the energy, agriculture, transportation, and industrial sectors.
b. Making investments in clean and renewable energy sources to lessen dependency on fossil fuels and slow down global warming.
c. Supporting environmentally beneficial practices in manufacturing and consumption, such as recycling, waste reduction, and product promotion.
d. Improving sustainability education and awareness to promote responsible behavior and well-informed decision-making.
e. Strengthening global collaboration and partnerships to solve issues including poverty, biodiversity loss, and climate change.

Overall, sustainable development aims to create a harmonious and balanced relationship between people, the planet, and prosperity, ensuring a better future for all.

**Applications Of Sustainable Development :** Sustainable development has been widely adopted and utilized across many areas and disciplines ever since the term was first introduced. Its uses include anything from urban planning and design to transportation, agriculture and food systems, energy generation and consumption, and natural resource management, among other things. To guarantee that development is conducted in a balanced and responsible manner, the principles of sustainable development drive the decision-making processes and tactics in each of these applications.

1. **Sustainable Urban Planning and Architecture:** Urban planning and architecture are two key areas where sustainable development is used. Developing sustainable cities and structures is essential for reducing the environmental impact and improving the quality of life for urban residents as the world's population gets more urbanized. The goals of sustainable urban planning and design are to create towns and structures that consume less energy, encourage social inclusion, utilize renewable resources, and produce less waste and pollution.

The United Kingdom's Beddington Zero Energy Development (BedZED) is located in London. An eco-village called BedZED was created to produce no carbon emissions. It incorporates a range of sustainable features such as passive solar design, energy-efficient building materials, on-site renewable energy generation, and water-saving technologies. The development has been recognized

as a pioneering example of sustainable urban planning and architecture.

**2. Sustainable Energy Production and Consumption:** The energy sector is where sustainable development is most crucially applied. The usage of renewable energy sources must gradually replace fossil fuel-based energy systems in order to reduce greenhouse gas emissions and combat climate change. Sustainable energy consumption focuses on energy efficiency and conservation, whereas sustainable energy production entails capturing energy from renewable sources including solar, wind, hydro, and geothermal.

China's Three Gorges Dam. The greatest hydropower project in the world, the Three Gorges Dam, was finished in 2006. By utilizing the Yangtze River's energy to produce renewable electricity, it lessens the nation's reliance on coal-fired power plants and reduces greenhouse gas emissions. Millions of people receive sustainable energy from the dam, which also aids flood management and navigation.

Sustainable Agriculture and Food Systems: In order to maintain food security, safeguard natural resources, and preserve biodiversity, sustainable development principles are also applied to the agricultural sector. Sustainable agriculture encourages methods that reduce the use of synthetic inputs, preserve soil and water, safeguard ecosystems, and help farmers maintain their way of life. It strives to generate wholesome food while preserving agricultural systems' long-term production and resilience.

India's organic farming movement. The use of synthetic fertilizers and pesticides was prohibited as part of the government's policies and programs supporting organic farming techniques. In Sikkim, the switch to organic agriculture has improved soil health, decreased chemical pollution, and increased biodiversity preservation.

These are just a few instances of how sustainable development is used in many industries. In order to build a more sustainable and just future for everyone, sustainable development principles are still being used and evolving in response to new possibilities and challenges.

**Sustainable Development and Inclusive Growth:** The goals of sustainable development and inclusive growth are intertwined with those of economic advancement, social equality, and environmental sustainability. The following offers insights into both sustainable development and inclusive growth individually, providing a framework for understanding their relationship, even though references expressly address the combination of both concepts.

**1. Sustainable Development:** A key resource for sustainable development is "The Brundtland Report" or "Our Common Future" (1987). According to the report, which was released by the Gro Harlem Brundtland-chaired World Commission on Environment and Development, sustainable development is defined as "development that meets the needs of the present without compromising the ability of future generations to meet their own needs." As the cornerstone of sustainable development, it emphasizes the integration of economic, social, and environmental factors.

**2. Inclusive Growth:** The 2007 World Bank Policy Research Working Paper Series article "Inclusive Growth: Measurement and Determinants" by World Bank economists offers information on the idea of inclusive growth. The study explores how inclusive growth is measured and identifies factors that may promote more inclusive economic growth. It underlines how crucial it is for all societal sectors to have equal access to resources, opportunities, and services.

It's crucial to remember that both ideas have similar aims and tenets. In order to ensure the long-term wellbeing of both the present and future generations, sustainable development aims to strike a balance between social fairness, economic progress, and environmental conservation. The goal of inclusive growth is to guarantee that the advantages of economic progress are distributed fairly and that everyone has the chance to take part in and contribute to the process of development.

**References:-**

1. Beddington Zero Energy Development (BedZED) in London, United Kingdom, The Guardian, 2002
2. Three Gorges Dam in China, International Journal of Energy Sector Management, (2008).
3. Journal of Sustainable Agriculture, (2008).
4. "The Brundtland Report" or "Our Common Future" (1987).
5. "Inclusive Growth: Measurement and Determinants" by World Bank economists, published in the World Bank Policy Research Working Paper Series (2007).
6. "Our Common Future". Oxford University Press, Brundtland, G. H. (1987).
7. Narayan, D., Pritchett, L., & Kapoor, S. (2007). Inclusive Growth: Measurement and Determinants. World Bank Policy Research Working Paper No. 4370

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# वर्तमान परिपेक्ष्य में लैंगिक समानता की स्थिति

**डॉ. ममता पंवार ***

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** सतत विकास क्या है और दुनिया को इसकी जरूरत क्यों पड़ी ? हम इंसानों ने देश या समाज को आगे बढ़ाने का जो पैमाना गढ़ रखा है वह है विकास। हमने यह माना हुआ है कि विकास से ही मानव जाति का उत्थान होगा वह आगे बढ़ेगी और इसी तरह शुरू हुई विकास की खोज, लेकिन यह विकास किस कीमत पर हो रहा है, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। विकास के पहिये के तौर पर हमने जिस औद्योगिकरण को अपनाया है , उसका खामियाजा आज हमारा पर्यावरण भुगत रहा है। जब हमें इंधन के लिए लकड़ी पानी बिजली अधिक की कमी दिखने लगी तब जाकर एहसास हुआ कि प्राकृतिक संसाधन तो सीमित है , हमें डर लगने लगा कि कहीं यह प्राकृतिक संसाधन एक दिन खत्म ना हो जाए और उन पर टिकी हमारी आर्थिक गतिविधियां और उत्पादन प्रणालियां कहीं बंद ना हो जाए। यानी इंसान का जब वजूद खतरे में आ गया तब जरूरत महसूस हुई विकास के ऐसे मॉडल की जो प्रकृति की सहनशक्ति के मुताबिक हो और यही से शुरू हुई सतत विकास की धारणा। ब्रंटलैड कमीशन (1987) द्वारा जारी रिपोर्ट 'हमारा साझा भविष्य' में सतत विकास की परिभाषा दी जिसके अनुसार सतत विकास विकास की एक ऐसी प्रक्रिया है, जो मौजूदा पीढ़ियों की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों का भी ध्यान रखती है। सतत विकास महज पर्यावरण तक सीमित नहीं है बल्कि यह इससे कहीं ज्यादा व्यापक है। यहां विभिन्न समुदायों के लोगों की विविध जरूरतों को पूरा करने के लिए सामाजिक सामंजस्य, एक मजबूत और स्वस्थ समाज सुनिश्चित करने के लिए समान अवसर प्रदान किए जाने की वकालत करता है। सतत विकास हमारी जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित किए बिना ही काम करने के बेहतर तरीके खोजने की बात करता है और इसी क्रम में आगे जाकर सतत विकास लक्ष्यों को लाया गया। 25 सितंबर 2015 को संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों ने एक एजेंडा, 2030 को अपनाया। इसके तहत वर्ष 2030 तक सतत विकास के लक्ष्य को हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई गई। 17 सतत विकास लक्ष्यों को साथ 169 उद्देश्य सतत विकास के एजेंडा 2030 का अंग है। सतत विकास ऐसे विकास लक्ष्य हैं जिन्हें पहले से ही मिलेनियम डेवलपमेंट गोल्स के स्थान पर लाया गया। 17 सतत विकास के लक्ष्य पर प्रकाश डाले तो SDG 1- नो पावर्टी , दुनिया में से 2030 तक गरीबी के सभी स्वरूपों को खत्म करना है वही SDG - 2 का लक्ष्य दुनिया से भुखमरी को मिटा कर खाद्य सुरक्षा को हासिल करना है। SDG - 3 गुड हेल्थ एंड वेल बीइंग इसके अलावा पोषण को बढ़ाने और सतत कृषि विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा के साथ स्वास्थ्य जीवन सुनिश्चित करने और हर उम्र में सब की खुशहाली को प्रोत्साहित करने की बात करता है जबकि - SDG -4 का मकसद समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कराना और सबके लिए आजीवन सीखने के अवसरों को प्रोत्साहित करना है। SDG - 5 में लैंगिक समानता को हासिल करने और सभी महिला एवं लड़कियों को सशक्त करने की बात करता है। SDG - 6 का लक्ष्य सबके लिए जल एवं स्वच्छता की उपलब्धता और टिकाऊ प्रबंधन सुनिश्चित कराना है। SDG - 7 यहां सस्ती विश्वसनीय सतत और आधुनिक उर्जा सुलभता सुनिश्चित करने की बात करता है। SDG - 8 निरंतर समावेशी और सतत आर्थिक वृद्धि के साथ सबके लिए उत्पादक रोजगार और उत्कृष्ट कार्य सुनिश्चित करता है। SDG - 9 में बुनियादी सुविधाओं के निर्माण और समावेशी और टिकाऊ औद्योगिकरण को प्रोत्साहन और नवाचार के संरक्षण की बात कही गई है जबकि SDG - 10 देशों के भीतर उनके बीच की असमानता ओं को कम करने की बात करता है जहां SDG - 11 शहरों और मानव बस्तियों को सुरक्षित और संवहनीय बनाने की बात करता है वही SDG - 12 उपभोग व उत्पादन के संबंध स्वरूप को सुनिश्चित करने की बात करता है SDG - 13 जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभाव का सामना करने के लिए तत्काल कार्यवाही करने पर जोर देता है वही SDG - 14 में सतत विकास के लिए महासागरों और समुद्री संसाधनों को सुरक्षित करने और उनके सतत उपयोग की बात कही गई है। SDG - 15 थलीय जीवन की सुरक्षा की पैरवी करता है। SDG - 16 में सतत विकास के लिए शांतिपूर्ण और समावेशी समाजों को प्रोत्साहित करने और सब के लिए न्याय सुलभ करना और सभी स्तरों पर प्रभावशाली जवाबदेही और समावेशी संस्थाओं की रचना करने की बात कही गई है। SDG -17 जो सतत विकास के क्रियान्वयन के साधनों को सशक्त बनाने और वैश्विक साझेदारी को नई गति देने की बात करता है।

**शोध उद्देश्य-** यह सत्य है कि स्त्री के बिना दुनिया की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। समाज को आगे बढ़ाने वाली स्त्री की भूमिका आज प्रत्येक क्षेत्र में दृष्टिगोचर हो रही है। दुनिया की आधी आबादी कही जाने वाली महिलाओं की भूमिका पुरुषों के समान हो सके, इस बात को ध्यान में रखते हुए सतत विकास के लक्ष्य में लैंगिक समानता का समावेश किया गया। इस शोध का उद्देश्य निर्धारित सतत विकास के पाँचवे लक्ष्य लैंगिक समानता को प्राप्त करने में भारत की स्थिति का विश्लेषण करना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 2015 में निर्धारित और वर्ष 2030 तक हासिल करने का इरादा एसडीजी संयुक्त राष्ट्र संकल्प 70/1, 2030 एजेंडा का हिस्सा है। लैंगिक भेदभाव अभी भी अधिकांश महिलाओं को पीछे धकेल रहा है जो दुनिया के विकास में बाधा उत्पन्न कर रहा है। 2015 से वर्ष 2022 तक के

आंकड़ों पर दृष्टिपात करें, तो क्या हम वर्ष 2030 तक विश्व के साथ पाँचवे लक्ष्य लैंगिक समानता को प्राप्त करने में सफल होंगे ? हमें देखना होगा कि सतत विकास लक्ष्य के मामले में भारत की स्थिति क्या है ? सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने की राह पर भारत कहां ठहरता है ?

**शोध प्रविधि –** इस बात का अध्ययन द्वितीयक समंक यथा जनगणना रिपोर्ट ,एन एफ एच एस का चतुर्थ व पाँचवे चरण की रिपोर्ट के आधार पर किया गया। शोध पत्र में लिंग अनुपात, कुल प्रजनन दर , विवाह की आयु, पोषण ,शिशु मृत्यु दर, घरेलू हिंसा तथा महिलाओं द्वारा निर्णय आदि कारकों के आधार पर विश्लेषण किया गया है।

**राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के पांचवें चरण तथा सतत विकास रिपोर्ट 2021 में भारत की स्थिति–** केंद्र सरकार ने भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019– 2021 अर्थात एनएफएचएस –5 जारी किया है। इसकी व्यापकता के कारण एनएफएचएस के आंकड़ों का प्रयोग 2030 तक सतत विकास को हासिल करने की दिशा में भारत की प्रगति का अंदाजा लगाने के लिए किया जा रहा है। किंतु आंकड़ों को देखते हुए मन में कई सवाल उठने लगते हैं , जैसे भारत सतत विकास के लक्ष्य को हासिल करने में कितना दूर है और कितना पास है ?

सतत विकास के लक्ष्य में भारत की स्थिति का आईना राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के पांचवें चरण तथा सतत विकास रिपोर्ट 2021 के कुछ आंकड़े दिखा देते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत का सतत विकास के मामले में प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है। इस रिपोर्ट में भारत को 60.1 के साथ 165 देशों में से 120 में पायदान पर रखा गया है। स्टैटिसटिकल परफॉर्मेंस इंडेक्स में भारत का स्कोर 100 में से 70. 4 रहा है, जिससे संतोषजनक माना गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक 17 विकास लक्ष्यों में भारत का सबसे खराब प्रदर्शन SDG10 असमानताओ को कम करना , SDG12 और उत्पादन के संवहनीय स्वरूप को सुनिश्चित करने में रहा, SDG 4 जिसमें समावेशी समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना और सबके लिए आजीवन सीखने के अवसरों को प्रोत्साहित करना है तथा SDG12 थलीय जीवन की सुरक्षा के लिए भारत के प्रदर्शन में गिरावट देखी गई है।

वही SDG1 गरीबी को खत्म करना, SDG 5 लैंगिक समानता , SDG11 शहरों और मानव बस्तियों को सुरक्षित और संवहनीय बनाने, SDG 16 सतत विकास के लिए शांतिपूर्ण और समावेशी समाज को प्रोत्साहित करने और सबको न्याय सुलभ कराने तथा SDG17 सतत विकास के लिए क्रियान्वयन के साधनों को सशक्त बनाने और वैश्विक साझेदारी को नई गति देने में, भारत के प्रदर्शन में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है। वही SDG1,3,7,8,9 और SDG14 में मामूली सुधार देखे गए हैं । SDG 6 और 13 सतत विकास के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है।

**राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण पांचवा चरण के आधार पर भारत की स्थिति :**

**कुल प्रजनन दर –** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण पांचवा चरण की रिपोर्ट के आधार पर भारत की कुल प्रजनन दर 2.2 से कम होकर 2 .0 हो गई। इस स्थिति में यह संभावना बताई जा रही है कि ऐसा हो सकता है कि जो जनसंख्या वर्तमान में है, उससे भी हम अपने आप को प्रतिस्थापित नहीं कर पाएंगे। वर्तमान में जितनी जनसंख्या है उससे भी कम वाली स्थिति यह दर दर्शा रही हैं। भारत के पांच राज्य प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर 2.1 की क्षमता से ऊपर है जिसमें बिहार, मेघालय, उत्तर प्रदेश ,झारखंड और मणिपुर शामिल है। यह पांच राज्य प्रजनन क्षमता के स्थापन स्तर से ऊपर हैं। उच्चतम प्रजनन दर राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे पांचवें चरण के अनुसार बिहार व मेघालय में है। निम्नतम प्रजनन और निकोबार में देखी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुल प्रजनन दर 2.1 तथा शहरी क्षेत्र में कुल प्रजनन दर 1.6 आंकी गई है। यदि इन दोनों आंकड़ों को देखें तो वर्ष 1993 में ग्रामीण क्षेत्र की कुल प्रजनन दर 3.7 थी वहां घटकर वर्तमान में 2.1 आ गई है। वहीं शहरी क्षेत्रों की 2 .7 वर्ष 1992–93 में घटकर 1.6 आ गई है। दो दशकों में धार्मिक समुदाय के आधार पर मुस्लिम धर्म के लोगों की कुल प्रजनन दर में गिरावट देखी गई है।

**लिंग अनुपात –** सर्वे के पांचवें चरण में लिंग अनुपात की सकारात्मक स्थिति देखी गई। प्रति हजार पुरुषों पर 1020 महिलाओं की स्थिति इस सर्वे के अनुसार देखी गई। यह माना जा रहा है कि आजादी के बाद पहली बार यह आंकड़ा दिख रहा है जबकि महिला की संख्या पुरुषों से ज्यादा है। यह संकेत कर रहा है कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में जो प्रयास किए जा रहे हैं केंद्र एवं राज्य सरकार के स्तर पर वहां कहीं ना कहीं एक सकारात्मक परिणाम देते हुए सामने आ रहे हैं।

**मातृ एवं बाल स्वास्थ्य –** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के चौथे चरण की तुलना में मातृ एवं बाल स्वास्थ्य संकेतों में तुलना की जाए तो सर्वे के पांचवें चरण में बच्चों में कुपोषण का स्तर अभी भी चिंतनीय है। 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे एवं शिशु मृत्यु दर में गिरावट हुई है।बच्चों के टीकाकरण में वृद्धि हुई है जो एक संतोषजनक बात है। किंतु एनीमिया से ग्रस्त महिला एवं बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है। इस स्थिति को नियंत्रित करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे चौथे चरण के अनुसार महिलाओं में 18 वर्ष से कम आयु की शादी वाली महिलाओं का प्रतिशत 26.8 था। इन महिलाओं की शादी व्यस्क होने के पूर्व ही हो गई थी। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के पांचवें चरण के अनुसार 18 वर्ष के पूर्व शादी होने वाली बालिकाओं का प्रतिशत घटकर 23.3 हो गया है अर्थात इसमें कुछ सुधार देखा गया है। पुरुषों में यहां प्रतिशत राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के चौथे चरण में 20.3 था जो घटकर पांचवें चरण में 17.7% हो गया है। 18 वर्ष से पूर्व विवाह होने की सर्वाधिक वृद्धि पंजाब ,पश्चिम बंगाल,मणिपुर ,त्रिपुरा और असम राज्यों में हुई है। इसमें सर्वाधिक वृद्धि त्रिपुरा राज्य में हुई है। किशोर गर्भावस्था 18 वर्ष की आयु पूरी होने के पूर्व गर्भधारण करने वाली किशोरियों का प्रतिशत चौथे चरण में से 7.9% था जो कम होकर पांचवें चरण में 6.8 प्रतिशत हो गया।

**प्रसव तथा टीकाकरण –** संस्थागत प्रसव के संदर्भ में देखें तो राष्ट्रीय स्तर पर पिछली रिपोर्ट में यह प्रतिशत 79 था जो अब बढ़कर 89.6 हो गया है। वहीं ग्रामीण में यहां 87 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव 94% हो गया है । वही शिशु मृत्यु दर 35.2 देखी गई । राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के चौथे चरण में टीकाकरण की स्थिति 62 प्रतिशत थी जो पांचवें चरण में 12 से 23 माह की आयु में तीन चौथाई अर्थात 77% से अधिक बच्चों का पूर्ण टीकाकरण किया गया है।

**परिवार नियोजन –** गर्भनिरोधक पद्धति का उपयोग करने वाली महिलाओं में विशेष रुप से कार्यरत महिलाओं का प्रतिशत 66.3 है जोकि आधुनिक पद्धति का उपयोग कर रही हैं। यह स्थिति बता रही है कि भारत में गर्भनिरोधक

उपकरण का उपयोग बढ़ा है साथ ही कहीं ना कहीं जो महिलाएं हैं, उन पर प्रजनन दर को नियंत्रित करने का बोझ बहुत ज्यादा है। पुरुषों के प्रति नियोजन के उपयोग में जो वृद्धि होनी चाहिए थी वहां अपेक्षा से कम है। जबकि महिला को प्रजनन दर कम करने का एकमात्र जिम्मेदारी के रूप में देखा जा रहा है। अत: इसमें संतुलन की आवश्यकता है।

**घरेलू हिंसा –** महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा की घटनाएं वर्ष 2015-16 में 31.2 प्रतिशत दर्ज की गई। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के पांचवें चरण की रिपोर्ट के समय तक यहां घटनाएं कम होकर 29.3% हो गई है। घरेलू हिंसा की सर्वाधिक घटनाएं कर्नाटक राज्य में 48% उसके उपरांत बिहार, तेलंगाना,मणिपुर और तमिलनाडु में दर्ज की गई है। सबसे कम घटनाएं घरेलू हिंसा की लक्ष्यद्वीप में मात्र 2.1% दर्ज की गई।

**घरेलू निर्णयों में भागीदारी–** सर्वे के पांचवें चरण के अनुसार ग्रामीण महिला में 77% महिलाएं परिवार में घरेलू निर्णयों में अपनी भागीदारी करती पाई गई। वहीं शहरी क्षेत्र के परिवार में 81% महिलाओं द्वारा घरेलू निर्णयों में भागीदारी की स्थिति को देखा गया। घरेलू निर्णय में सबसे अधिक भागीदारी करने वाली महिलाएं नागालैंड और मिजोरम राज्य की रही। इन राज्यों में महिलाओं की भागीदारी का प्रतिशत 99 तक है। बचत खाता खोलने वाली महिलाओं का प्रतिशत राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के पांचवें चरण के अनुसार 53 से बढ़कर 79% हो गया है। सर्वे के पांचवें चरण के अनुसार 10 में से 3 से भी कम ग्रामीण महिलाएं एवं 10 में से चार शहरी महिलाओं ने ही कभी इंटरनेट का प्रयोग किया है।

**निष्कर्ष–** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के पांचवें चरण के आंकड़ों में सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा यह दिया गया है कि भारत अभी सतत विकास के दूसरे लक्ष्य को हासिल करने में कोसों दूर है। पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है। भारत को सतत विकास के लक्ष्य चार और पांच तक पहुंचने के लिए अभी मिलो दूर जाना है। भारत में आज भी कई लड़के और लड़कियां गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा से कोसों दूर हैं। कई स्तरों पर हमें लैंगिक असमानता जैसी स्थिति देखने को मिलती हैं। गांव में आज भी बाल विवाह जैसी समस्याएं बनी हुई है। विवाहित महिलाओं के लिए गर्भनिरोधक साधनों में भी बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2030 तक परिवार नियोजन के सार्वभौमिक पहुंच को हासिल करना बेहद मुश्किल सा प्रतीत हो रहा है। एनीमिया से पीड़ित बालिकाओं की दर में बढ़ोतरी देखी गई है। यह सतत विकास के दूसरे लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बाधा की तरह कार्य कर रहा है। भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को खत्म करने वाली उन सभी राक्षसी सोच को मारना जरूरी है जैसे दहेज प्रथा, यौन,हिंसा,्रूण हत्या,असमानता, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा कार्यस्थल पर यौन शोषण,वेश्यावृति, मानव तस्करी जैसे ऐसे ही दूसरे विषय लैंगिक भेदभाव राष्ट्र में सांस्कृतिक,सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक अंतर ले आता है जो देश के विकास को पीछे की ओर धकेलता है। अंत में कहा जा सकता है कि लक्ष्य निर्धारण के इतने वर्ष बाद भी भारत में महिला में जागरूकता तो बढ़ी है किंतु संतोषजनक परिणाम अभी तक प्राप्त नहीं हो पाए हैं। क्योंकि भारत गांवों का देश है और आधी से अधिक आबादी ग्रामों में निवास करती है। ग्रामों में आज भी लैंगिक समानता एक कल्पना है। आज सरकार ने महिलाओं को 50% आरक्षण के साथ अधिकार और स्थान तो दिया है किंतु सत्य यह है कि आज भी भारत में ग्रामों में सरपंच पति शब्द अधिक लोकप्रिय हैं। आज भी सरपंच महिला का प्रतिनिधित्व अर्थात सत्ता का संचालन सरपंच महिलाओं के पति द्वारा ही किया जाता है। महिलाओं के लैंगिक समानता को लेकर आज चाहे प्रत्येक मंच से आवाज उठाई जा रही है किंतु इस मार्ग में मुख्य समस्या रूढ़िवादिता और पुरुष प्रधान समाज की है। आज भी भ्रूण हत्या और घरेलू हिंसा अधिनियम तथा बलात्कार के लाखों मामले सामने आ रहे हैं। आज भी शिक्षा के क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से काफी पीछे हैं। यदि सतत विकास के पाँच लक्ष्य लैंगिक समानता को प्राप्त करना है तो अभी इस दिशा में अथक प्रयास करने शेष हैं। जब तक धरातल पर महिलाओं की समस्याओं को सुलझाया नहीं जाएगा तब तक वर्ष 2030 तक एक लक्ष्य को प्राप्त करना संभव नहीं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. Bora, Jayanta Kumar, and Nandita Saikia. 2018. Districts with Reference to Sustainable Development Goal 3: "An Analysis of the National Family Health Survey of India (NFHS), 2015-2016."
2. Brown, Trent. 2016. "Civil Society Organizations for Sustainable Agriculture: Negotiating Power Relations for pro-Poor Development in India." AGROECOLOGYAND SUSTAINABLE FOOD SYSTEMS 40 (4):
3. Deepa, S. 2014. "Role of Commercial Banks in Sustainable Development of Women Entrepreneurs" in INTERNATIONAL 6 (9): 45–49.
4. Dhar, Suneeta. "Gender and Sustainable Development Goals (SDGs)." Indian Journal of Gender Studies (SAGE Publications) 25, no. I (2018)
5. Government of India and United Nations. "Sustinable Development Framework 2018-2022." New Delhi, 2018.
6. Government of India. "Census." Office of Registrar General, New Delhi, 2011.7.
7. Kancherla, Vijaya, and Godfrey P Oakley Jr. 2018. "Total Prevention of Folic Acid-Preventable Spina Bifida and Anencephaly Would Reduce Child Mortality in India: Implications in Achieving Target 3.2 of the Sustainable".
8. Roy, Ajishnu, and Kousik Pramanick. 2019. "Analysing Progress of Sustainable Development Goal 6 in India: Past, Present, and Future." JOURNAL OF ENVIRONMENTAL MANAGEMENT 232 (February):
9. National Family Health Survey of India (NFHS), Report, Fifth Round

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# महिलाओं की स्थिति एवं आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका

**डॉ. सरोजिनी टोपनो ***

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** महिलाओं की स्थिति की विवेचना एक वृहद व दुरूह विषय है। यह एक विचित्र तथ्य है कि एक तरफ जहाँ महिलाओं को सम्मानित कर आसमान–सी ऊँचाईयों दे दी गई है, वही उन्हें अपमानित कर धरातल की सच्चाईयां दे दी गई है। इस आसमान और पाताल की तरह ही नारी का जीवन उत्थान–पतन से भरा रहा है।

महिलाओं की स्थिति व्यक्तिगत हो या सामाजिक, आर्थिक हो या राजनैतिक, धार्मिक हो या अधार्मिक, प्राचीन हो या समकालीन, शहरी हो या ग्रामीण, सभी स्तरों पर नैतिक मापदंडो के नये–नये प्रतिबंधो और पुरुष प्रधान समाज के जाल में जकड़ी नजर आती है। परन्तु फिर भी महिलायें प्रगति पथ पर अग्रसर होकर आधुनिक भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

सभ्यता के प्रथम चरण अर्थात वैदिक कल में नारी पूजनीय थी। पर्दा प्रथा का पूर्णत: अभाव था। सास–ससुर के साथ बहुएँ भी एक थाली में खाती थी, इसका प्रमाण ऋग्वेद के 28 वे सूक्त में है। इस काल में सती प्रथा नहीं थी तथा विधवा विवाह प्रचलित था।

वैदिक कल के बाद मनुस्मृति ने एक ओर जहाँ नारी को पूजनीय बताया वही आर्थिक दृष्टि से स्त्री को पुरुष के अधीन मानकर समाज में स्त्रीयों की निम्न स्थिति को धार्मिक मान्यता दी। इस युग में स्त्रीयां भी संकीर्ण विचारधारा का शिकार बनी।

मध्य युग के आते–आते नारी की स्थिति और भी दयनीय हो गई, जब सामंतों और राजाओं ने श्रद्धा की देवी को भोग की वस्तु बना दिया। सभ्य परिवारों की स्त्रीयों का घर से निकलना मुश्किल हो गया। स्त्री शिक्षा का अंत हुआ। बाल विवाह तथा पर्दा प्रथा अस्तित्व में आई। दहेज प्रथा का उदय हुआ। विवाह निषेध कर सती प्रथा का आरम्भ हुआ।

19 वी शताब्दी में औद्योगीकरण, आधुनिकीकरण, शिक्षा के विस्तार, सुधार आन्दोलनों, महिला आन्दोलनों और सामाजिक विधानों ने सयुक्त रूप से स्त्रीयों की स्थिति में सुधार किया। 20 वी शताब्दी में सम्पूर्ण विश्व में लोकतंत्र का विस्तार तो हुआ परन्तु वैश्विक परिद्रश्य महिलओं के साथ न्याय नहीं कर सका। भारत का महिला प्रतिनिधित्व विश्व में 65 वें स्थान पर है। 74 वें संशोधन द्वारा स्थानीय निकायों में महिला आरक्षण देने वाली संसद महिलाओं का 10% प्रतिनिधित्व का आंकड़ा छूने में असमर्थ है।

शहरी क्षेत्रों की महिलओं की स्थिति तो फिर भी कुछ हद तक सुधार की दिशा में है परन्तु ग्रामीण क्षेत्र की दशा व दिशा आज भी ठीक नहीं है। ग्रामीण महिलाएँ आज भी अपने सिर पर जलाऊ लकड़ी का गट्ठा रखे, कमर में बच्चा बांधे, गोबर बीनती, कंडे थापती नजर आती है। यही नहीं उनके उत्पादनों या श्रम से प्राप्त फल पर भी उसका कोई नियंत्रण नहीं होता।

महिलाओं ने सामाजिक प्रतिबंधो के बावजूद कभी जीजाबाई,लक्ष्मीबाई, बनकर अपना योगदान दिया तो कभी गांधीजी के आन्दोलन में सामूहिक रूप से सहभागी बनकर देश की आजादी के लिए कार्य किया। माँ शारदा देवी, पंडित रमाबाई, फ्रंसिना सोराबजी,लेडी हरनामसिंह, अवंतिका बाई, गोदावरी बाई, यशोदा बाई, श्रीमती चन्द्रशेखर अय्यर, अनीबीसेंट आदि ने सामाजिक, राजनैतिक चेतना में अग्रणी भूमिका निभाई है। भीकाजी कामा, कालीबाई, कनकलता बरुआ अंग्रजों की गोली खाकर भी झंडा ऊँचा रखने वाली भातंगरी हाजरा की शोर्य गाथा के अभाव में स्वतंत्रता आन्दोलन का वृतांत अधूरा है। जब देश स्वतंत्र हुआ तो संविधान निर्माण कार्य के लिये चुनी गई संविधान सभा में 17 महिला प्रतिनिधि चुनकर आई। बेगम शहनवाज, सरोजिनी नायडू इनमें विशेषत: उल्लेखनीय है।

ऐतिहासिक रूप से उत्थान–पतन से गुजरती भारतीय नारी आज पुन: सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक क्षेत्रो में नित्त नये अधिकार प्राप्त कर रही है। भारतीय नारी के विपरीत पश्चिम की नारी के जीवन का अलग स्वरुप है। उसके पास शिक्षा है, स्वतंत्र जीवन है, विस्तृत कार्यक्षेत्र है, किन्तु घर की इकाई टूट गई है जिसने उसके मनोबल को भी तोड़ा है।

नारी की स्थिति को सुद्रढ बनाते हुए उसके सशक्तिकरण के जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे सराहनीय है, परन्तु इन सबके बीच बालिका भ्रूण हत्या, दहेज, बाल विवाह, विधवा विवाह निषेध, नारी शिक्षा में कमी, स्वास्थ्य व पोषण की उपेक्षा, बलात वेश्यावृत्ति और यौन शोषण के अन्य रूप स्त्री के जीवन को अभिशप्त बनाए हुए है।

बिना नारी के समाज और परिवार के अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। आज माहिलाओ का हर क्षेत्र में पदार्पण हो चुका है। आधुनिक भारत के निर्माण में जहाँ राजनिती में सोनिया गाँधी, सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित, मायावती, ममता बनर्जी, प्रतिभा पाटिल जैसे अनेक उदाहरण हैं तो खेल के क्षेत्र में सानिया मिर्जा, मिताली राज, सायना नेहवाल, पी.टी. उषा उदाहरणों की कमी नहीं है। वही इंदिरा नूयी, कल्पना चावला, किरण बेदी, मेघा पाटकर, मदर टेरेसा जैसे विश्वस्तरीय प्रतिभाएँ भारत में चार चाँद लगा रही है।

आज की महिला के कदम भविष्य की ओर बढ रहे है। वह नई व्यवस्था

का निर्माण एवं स्त्री–पुरुषों की साझा मानवीय संस्कृति चाहती है। शिक्षा की प्रगति ने नारी की सोच को एक दिशा दी है जिसका परिणाम महिला सशक्तिकरण माना जा सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. A.S. Altekar & Women in Hindu Civilization, P.94
2. डॉ. अनामिका– स्त्रित्व का मानचित्र, पृष्ठ 28
3. डॉ. एम.लवानिया–शशि के जैन – भारतीय माहिलाओ का समाजशास्त्र पृष्ठ 8
4. रचना सितम्बर –अक्टूम्बर 1997, नारी शक्ति का पुनरू निर्माण, पृष्ठ 07
5. श्री एस.एस.पाण्डेय–समाजशास्त्र TMH प्रकाशन, भाग –2,पृष्ठ 9.2
6. ब्रजमोहन अग्रवाल – राजनीती में महिला आरक्षण : एक विश्लेषण, पृष्ठ 07
7. डॉ. राजेश जैन–भारतीय स्वतंत्रता में महिलाओं की भूमिका ए जर्नल ऑफ एशिया – मुरैना, अंक–2, अप्रेल–जून 2002, पृष्ठ – 138
8. श्रीमती ममता गंगवाल – असहयोग आंदोलन में संयुक्त प्रान्त तथा बंगाल की महिलाओं का योगदान, पृष्ठ– 339–346
9. श्री सदानंद सिंह – भारतीय राजनीती में महिलाओं का योगदान, मध्यप्रदेश विधानसभा, सचिवालय, भोपाल, अप्रेल– जून, 2001, पृष्ठ – 01


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# Requirement of English Language Syllabus to Fill the Gap Between Industry and Academia

**Dr. Sadique Mansoori***

***Asst. Professor, Govt. Madhav Arts & Commerce College, Ujjain (M.P.) INDIA**

**Abstract -** This research paper addresses the academic study material of English language syllabus (Vikram University) on Under Graduate level (first year) as an educational project, with special focus on knowledge, mediation and its vindication. It is based on an examination of the academic curricula from learning, skills, knowledge and the employment point of view. The research article shows that, despite local variations at the level of theme, there is a widespread consensus nationally about the goals of language studies and largely also about the underlying conceptions of language and of the value of its study. It concludes, on its use for job perspective while checking its strength and potential to provide useful knowledge to bridge the gap between industry and academia.
**Key Words:** Language, syllabus, English, social mobility, higher education, better job opportunities.

**Introduction -** Language is the first human tool to use for expression. It is first requirement of everyone in her or his daily life as a means to impart the information and argument to others. It is an inseparable part of culture in which one survives. In this case, the language cannot be separated from ritual, business, emotions and civilization because language represents a nation and has a close relationship to the attitude or behavior of groups of speakers. It is an in-net capacity of every human being and one can easily understand its role during the expression of cultural reality. The culture itself is not a confined-word in today's scenario. Globalization has converted it into a vast term to describe a new trade and technology that has changed the world into a more connected and compact place. Interdependency due to Globalization has forced us to follow the global culture with the need of a global language and English is the only language which is capable to communicate on the economic and social topics with its vast set of vocabulary. There was time in the Indian History when it became a language of diplomacy and now it is an inseparable part of Indian trade and the internet. There are millions of speakers who use it in their daily life.

Now a days, English is the only language that significantly leaves impact over the Indian culture and the way of thinking of people in India. It is playing an important role in the domains of administration, business, education, and political relations. Even the field of industry and judiciary (with a systematic terminology) are not out of its capture. It is therefore, a license to enter in a new and dazzling world full of all knowledge, comfort and luxury.

The new education policy which is called the Education Policy 2021 adopted by the Modi Government is appropriate for a changing India. It talks about the development of higher education along with the basic education in Indian Schools. According to new Education policy

"Undergraduate degrees will last three or four years, with several exit alternatives available during that time. After one year of study in a topic or field, including vocational and professional fields, colleges will be required to award a certificate, a diploma following two years of study, or a Bachelor's degree after a three-year program (Jugpreet-11)." Now the question arises do our classroom syllabus justify the above pattern? The Government aims to bring many transformative and positive changes by adopting the certificate course of first year mentioned in New Education Policy. It focuses on the student's capability of earning with learning by providing high-quality diploma education to students. Let's have a look on the language syllabus Vikram University-first year and analyze its favorability for supporting the big changes that New Education Policy wants to bring to India's education system.

**Analysis:** The academic syllabus of English Language-first year, contains a book of three units as a part of foundation or certificate-course for every under graduate program. It is developed successfully with a few learning objects based on the clear idea of achieving basic language skills with reading, writing, understanding and comprehensive ability at the end of the course.

The first unit based on the focused and measurable objectives of the development of reading, writing and interpretation contains some beautiful pieces of poetry and literature. "Where the mind is without fear" is a well known

poem by a renowned poet named Rabindranath Tagore. The poem is an ocean of patriotism. Another part of the unit is an essay by M. K. Gandhi, father of the nation. The essay entitled 'National Education' is based on the idea of edification. The essay was first published in *Young India* on 1 September, 1921. Mahatma Gandhi in his article titled 'National Education has claimed that it might be true regarding other countries but he is worried about India where in 80% of total population is occupied with agriculture and 10% of it with industries, it is an offence to make education merely literary. 'The Axe' by R.K. Narayan is a simple story which inspires some qualities in the students. Belief, courage, strength and optimism by the protagonist named Velan, were a few remarkable habits which helped him finding his own way after he is expelled from the parental house. 'The Wonder that was India' by A. L. Basham is a small part of a book with same title. It covers the comprehensive Indian history which includes religion, culture, social evolution, governance, tradition, science, philosophy and languages. It reveals the glorious past of India from the time of Sindhu and Harappa civilization and the great settlement of Aryans invasion theory. and 'Preface to Mahabharata' by C. Rajgopalachari is an introduction to Vyasa's *Mahabharata* which is one of our noblest heritages. This is a noble script and the highest literature which transcends regionalism and through it, when the students are properly attuned, they realize the essential oneness of the human family.

The next two units are based on understanding and learning proper grammar which allows the students to learn English language more effectively. It plays a dynamic role to go through the language.

**Major Findings:** The first year academic course or a certificate program is beautifully developed which is based on the clear idea of what can be achieved in the lingual form. There is substantial evidence available in the syllabus-ingredients to show that it is meant to make the Indian English students well versed in English. Although educated Indian speakers enjoy it but it might be slight difficult for the students coming from interior villages.

The program is capable to justify the learning outcomes which are not clearly specified though communicated through objectives in writing to define the course. They are also up to the norms of Gosling and Moon (2001) who observed in their studies that outcomes-based approach to teaching is becoming more and more popular at an international level. This approach has been progressively adopted within credit framework and by national quality and qualifications authorities such as the QAA (Quality Assurance Agency for Higher Education) in the UK, the Australian, New Zealand and South African Qualification Authorities (Gosling and Moon). Learning outcomes, although hidden, but they are doing the needful for each and every specific and measurable objective.

The concept of Bloom's taxonomy is simply visualizes through the goals and the goal based facts, information and descriptions to develop the respective skills.

Om's Taxonomy explains the process of learning and hence has proved to be a powerful

Grammar is an essential part of learning the language. It helps us to build the correct sentences and understand when and where words are used in different context. It is actually a system of meaningful structures and patterns that are governed by particular pragmatic constraints (Larsen-Freeman, 2001) the syllabus for teaching grammar is skillfully designed as an essential and inseparable aspect of learning the foreign language.

**Suggestion:** The goals of new designed curriculum are two-fold: the one is basic fluency in expression and the other is overall development for livelihood but the current syllabus creates a void or a gap in achieving the above targets on initial stage. It does not have any communication-learning activity which is designed to enhance the language on practical foundation. Language is the first tool or instrument for basic interpersonal communication for expression and later for knowledge and acquisition. The new education policy hopes that by the time a student finishes his certificate –course, he would be able to survive with fluency in language and ability to express and understand the abstract thoughts. This argues some changes with a communication based curriculum.

The current syllabus provides awareness to understand the immediate surrounding but it does not has a set of current vocabulary which is helpful to breaks down barriers between English and other native languages. At the initial stage, Syllabus shoud be based on language- learning activities which may design to enhance the most productive part of teaching English which is also called speaking-skills. It is important to note that children effortlessly learn several languages if adequate comprehensible input is available in anxiety free situations.

**Conclusion:** The certificate course of first academic year designs a student capable to survive. Survival today, is difficult due to an increasing population. Any organization must have effective communication if it is to achieve its goals and have positive working relationships with both internal stakeholders and external clients. In order to communicate across cultures, language is crucial. It permeates every area of a global corporation and enables business owners to take advantage of a completely new range of options. The ability to speak more than one language can continue to be useful for learning new technologies which me expand the access of the India to international trade.

A student's international corporation's capacity to operate successfully can be a significant feature and learning a foreign language can help him business expand into more markets. The overall conclusion demonstrates that, the language is an inseparable part of general learning since it is about the whole system and structures of all

RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

businesses. English is the language of commerce and international relations, and it's estimated that over 1.5 billion people around the globe speak English as their first or second language. So, 'English Communication' should be a part and parcel of this syllabus.

**References:-**


1. Gosling D. and Moon J, "How to Use Learning Outcomes and Assessment Criteria", SEEC Office, London, 2001.
2. Kundal, Jagpreet. "New Education Policy 2021: things you need to know." *Learning Routes*, 3 Dec.2021, https://www.learningroutes.in/new-education-policy-2021-things-you-need-to-know
3. Larsen-Freeman, D. (2001). Teaching Grammar. In M. Celce-Murcia (ed.), Teaching English as a Second or Foreign Language (3rd edn., pp. 251-66). Boston, MA: Thomson/ Heinle.
4. Long, M.H. & C., J. Doughty (2009). The Handbook of Language Teaching. Malde, MA: Wiley Blackwell.
5. Mahamad, Kamaran Laveen. (2019). Assessing Teaching English Grammar to Kurdish EFL Students atUniversity Level (M.A.). University of Sulaimani.


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# डॉ. भगवती लाल व्यास का बाल साहित्य

**डॉ. निधि शर्मा***

* बी.ए., बी.एड, एम.ए.,पी.एच.डी, वेब इंजीनियरिंग, भीलवाड़ा (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** डॉ. भगवती लाल व्यास बाल साहित्य लेखन का उत्तरदायित्वपूर्ण लेखन मानते हैं। उनका मानना है कि बच्चों के लिए साहित्य लिखना एक चुनौतीपूर्ण और कठिन कार्य है क्योंकि –

'इस प्रकार का लेखन करते समय आपको अपने अनुभव – संसार से अलग प्रकार के अनुभव–संसार में न केवल प्रवेश करना होता है बल्कि अपनी विश्वसनीयता भी बनानी होती है।'[1]

रचनाकार कहता है कि बच्चे बहुत सरल और सहज स्वभाव के होते हैं अत: उनके लिए लिखा गया साहित्य भी सुबोध, मनोरंजक और सहज ग्राह्य होना चाहिए। साथ ही उससे बालकों को कुछ न कुछ प्रेरणा भी मिले जो उनके चरित्र निर्माण और भावी जीवन को संवारने में सहायक हो। व्यास जी कहते हैं –

'बच्चों का संसार हम बड़ों के संसार से बिलकुल भिन्न प्रकार का संसार होता है जिसमें हृदय तत्तव की प्रधानता होती है। इसलिए मैं समझता हूँ कि बालकों को वे रचनाएँ आकर्षक लगती हैं तथा सहज ग्राह्य होती हैं जिनमें अक्ल की कारीगरी कम हो। नदी के प्रवाह, झरनों की कल–कल, कलियों का मुस्कराना, फूलों का हंसना, तितलियों का उड़ना, भौरों की गुंजार की तरह एकदम सहज और स्वाभाविक रचनाएँ बालक चाहता है।'[2]

लेखक वर्तमान समय और बीते पाँच दशकों के जीवन की तुलना करते हुए कहता है कि पहले का समय बहुत सरल था। उस समय जीवन इतना जटिल और विषम नहीं था जितना जटिल यह वर्तमान है।

इसी भयावह वर्तमान का एक हिस्सा आज का बालक भी है। उसे भी इन विषमताओं और जटिलताओं का सामना करना पड़ेगा, चाहे आज वह इन सब से अनभिज्ञ अपनी ही दुनिया में खोया हुआ हो। अत: बाल–साहित्य लेखक का दायित्त्व बनता है कि वह मनोरंजन के साथ–साथ बच्चों को जीवन की इन कठिनाइयों से भी अवगत कराए। इस संदर्भ में लेखक का मन्तव्य दृष्टव्य है –

'साहित्य का उद्देश्य मनोलोक का निर्माण करना होता है। यह निर्माण जितना सुदृढ़, प्रासंगिक एवं आनंदप्रद होगा उतना ही बालक अपने जीवन से सामरस्य स्थापित कर सकेगा।'[3]

एक लेखक या कवि के पास शब्द का माध्यम होता है, जिनकी सहायता से वह परिवेश और समय की चुनौतियों के विरूद्ध खड़ा होता है तथा अपने पाठकों को भी इन चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है। वास्तव में जीवन की ये चुनौतियाँ, एक बाल साहित्य सर्जक की भी चुनौतियाँ हैं क्योंकि ये बालक ही आने वाले समय के निर्माता और देश का भविष्य हैं।

डॉ. व्यास का बाल–साहित्य वर्तमान समय की सभी कसौटियों पर खरा उतरता है। उनका यह सृजन बालकों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगा। व्यास जी की कविताओं और कहानियों के माध्यम से बालकों को कितना मनोरंजन प्राप्त हो सकता है ? और उन्हें क्या प्रेरणा मिल सकती है? इसका निर्णय तो इनके साहित्य के विस्तृत अध्ययन के पश्चात् ही किया जा सकता है। अत: व्यास जी के बाल साहित्य का विस्तृत विवेचन आगे प्रस्तुत है।

**देशभक्ति पर आधारित –** डॉ. भगवती लाल व्यास ने बाल कविताओं के माध्यम से बच्चों के मन में देशभक्ति की भावना जगाने का प्रयास किया है। देश की एकता, अखण्डता तथा सौहार्द बनाए रखने के लिये बालकों को प्रेरित किया है।

**भारत देश की खुशहाली की कामना करते हुए लेखक कहता है –**

'फूलों सा यह रहे महकता
लहरों सा यह रहे थिरकता,
प्यार की मीठी बोली बोले,
पंछी सा यह रहे चहकता।
औरों को हसांकर हंसना है,
यह देश हमारा अपना है।'[4]

कवि कहता है कि हमारे देश की कई विशेषताएँ हैं। हमारा देश पर्वत, मैदान, खेत–खलिहान, जंगल, मरूस्थल आदि सभी रूपों को अपनाने वाला है। यह सुखों की खान है। इस देश में अनेक धर्म व संस्कृतियाँ हैं। इन सभी का वर्णन करते हुए कवि लिखता है कि –

'मंदिर मस्जिद–गिरजों वाला
गढ़–कोटों – कंगूरों वाला
सीधे–सादे – गाँवों वाला
लम्बे–चौड़े शहरों वाला
जीवन की मुस्कान है
अपना देश महान् है।'[5]

व्यास जी बालकों को अपने देश के प्रति कर्त्तव्य निभाने के लिए प्रेरित करते हुए लिखते हैं –

'शरीर की तमाम शक्ति देश के लिए,
मन बसी तमाम भक्ति देश के लिए,
आयु का हरेक क्षण देश के लिए,
हमारा जन्म औ मरण देश के लिए।'[6]

बच्चे भारत मां से कहते हैं कि हे माँ तू अधीर ना हो। जब तक तेरे लाल जीवित हैं तब तक तेरे मान की रक्षा करना हमारा दायित्व है। वे कहते है कि

गाँध, नेहरू, गौतम, राणा, भामा सब फौलादी वीर हम ही हैं। तेरे ये सच्चे वीर तुझसे प्रण करते हैं कि –

'तेरा मान बढ़ाएंगे हम
तेरी शान बढ़ायेंगे हम
यदि तुझ पर आ गई आपदा
हंस कर प्राण चढ़ायेंगे हम'[7]

बच्चे अपने मन में पूर्ण आत्मविश्वास भरकर कहते हैं कि हम नन्हें दीपक हैं, लेकिन अंधियारे पर भारी पड़ेंगे क्योंकि सूरज के उगने तक हमारी जलने की जिम्मेदारी को हम दृढ़ता से निभायेंगे। वे अंधेरे को ललकारते हुए कहते हैं कि –

'घोर तिमिरमय इस रजनी में,
केवल हम गतिमान हैं
हम माटी के राजकुंवर हैं
कल के हिन्दुस्तान हैं।'[8]

कवि लिखता है कि स्वतन्त्रता दिवस और गणतंत्र दिवस ऐसे राष्ट्रीय पर्व हैं जो बालकों में देशभक्ति और राष्ट्र गौरव की भावना संचारित करते है।

स्वतंत्रता दिवस मनाते नन्हें – मुन्ने बालक तिरंगे की प्रशंसा करते हुए कहते है कि –

'सिर्फ तिरंगा वस्त्र नहीं यह
पूरा का पूरा भारत है
इसकी गरिमा के सम्मुख तो
धरती अंबर दोनों नत हैं।'[9]

बच्चे कहते है कि यह तिरंगा हमारे स्वाधीन देश की भाषा है, यह जवानों की ताकत है और यही स्वतंत्रता का प्रहरी है।

कवि कहता है कि ये छोटे बच्चे आत्मविश्वास के साथ देश की रक्षा का संकल्प करते हैं। ये बच्चे चाहे छोटे हों किन्तु इनकी हिम्मत प्रशंसनीय है। बच्चे कहते हैं –

'उम्र में छोटे हुए तो क्या हुआ
काम होने चाहिए इंसान के ऊँचे
कद हमारा भले कम हो इस समय
इरादे हैं हिमालय से भी बहुत ऊँचे।'[10]

**त्योहारों पर आधारित –** कवि लिखता है कि भारत देश की संस्कृति बहुत गौरवशाली है। यहाँ अनेक धर्म हैं, अनेक संस्कृतियाँ हैं और इन सब धर्मो के अपने–अपने पर्व और त्योहार हैं। कवि ने अपने देश में मनाए जाने वाले त्योहारों का वर्णन बड़ी ही मोहक भाषा में अपनी कविताओं के माध्यम से किया है।

कवि कहता है कि भारत में मनाया जाने वाला सबसे बड़ा त्योहार है दीपावली। यह दीपों का त्योहार सभी को अच्छा लगता है। कवि बच्चों को दीवाली का अर्थ समझाते हुए कहता है कि –

'मन का मैल निकालो बाहर
कूड़ा–करकट झाड़ पोंछ कर।
मंदिर सा यह पावन हो ले,
कोना–कोना ज्यों मुंह बोले।'[11]

कवि कहता है कि दीये की तरह जलना, मोम की तरह गलना, हवा की तरह बहना और गीत की तरह ढलना, यही दीवाली है, अर्थात् जब हम अपने दुर्गुणों को जलाकर निर्मल हो जाऐं तभी त्योहार सार्थक हैं।

'ऐसे मनी दीवाली' शीर्षक कविता में कवि ने बच्चों को यह समझाने का प्रयास किया है कि खेलने–कूदने के अलावा इस दिन लक्ष्मी पूजा की जाती है। कवि ने बड़े ही अच्छे तरीके से दीवाली मनाने के लिये आवश्यक सामग्री यथा–तेल, बाती, दिया, पटाखे, लड्डू, गन्ना, केला आदि का वर्णन करते हुए लिखा है –

'उल्लू तभी उठा, ले आया
लक्ष्मी जी का चित्र
ऐसे मनी दीवाली वन में
खुश थे सारे मित्र ।'[12]

कवि होली के त्योहार को शरारत और मस्ती का त्योहार मानते हुए कहता है कि इस दिन चारों ओर गुलाल के लाल, पीले, हरे रंग दिखाई देते हैं, मानों सारी धरती ही रंगीन हो गई हो। सब लोग मस्ती में झूमते गाते है। कवि लिखता है –

'धरती लाल, लाल है अम्बर,
बाहर रंग, रंग है भीतर।
बस्ती – बस्ती मस्ती छाई।
कण–कण ने होली छलकाई।'[13]

कवि कहता है कि होली का पर्व सारे भेद मिटा देता है। इस दिन सब समान हो जाते है।

'आज बड़ा ना कोई छोटा
बराबरी में कैसा टोटा।
आओ सभी गले लग जाएं
ऊँच–नीच का फेंक मुखौटा।'[14]

व्यास जी कहते हैं कि होली–दीवाली की तरह ईद भी बड़ा त्योहार है। इस दिन सब लोग गले मिलकर एक–दूसरे को बधाई देते हैं। खूब मिठाइयाँ बनती है, नये कपड़े भी बनवाए जाते हैं और सब अपनी खुशी का इजहार करते हैं। कवि लिखता है –

'देते सभी मुबारकबाद –
प्यार के रिश्ते जिन्दाबाद
खुशहाली की फसल वतन में
फूले–फले, रहे आबाद।'[15]

**मौसम पर आधारित –** मौसम बहुत ही प्यारा शब्द है और इसे और भी मनभावन बनाया है व्यास जी की कविताओं ने। कवि ने बड़ी ही रोचक भाषा – शैली में विभिन्न मौसमों का वर्णन किया है।

सबसे पहले कवि बसंत ऋतु का वर्णन करते हुए कहता है कि ये हरियाली के हाथ किसकी आगवानी में हिलने लगे हैं। जब बसंत ऋतु आती है तो चारों ओर फूल खिल जाते हैं। तितलियाँ, भौंरे, कोयल आदि बसंत के स्वागत गीत गाते है। कवि लिखता है –

'ऋतुओं का राजा कहलाये
सबमें यही उमंग जगाये
पत्ता–पत्ता सावधान है
कलियों का छाया वितान है।'[16]

सरदी के मौसम का भी अपना मजा है। एक ओर जहाँ ठण्ड के कारण सबकी आफत हो जाती है वहीं दूसरी ओर कुछ मजे भी हैं। कवि लिखता है –

'दूध–जलेबी सबको भाए,
गरम रजाई पास बुलाए।

जल्दी सो जाती है नानी
हमें सुनाए कौन कहानी।'[17]

सरदी जंगल में भी अपना रौब डालने से नहीं चूकती है। सारे जानवर सरदी से परेशान हैं –

'बंदर मामा लिए अंगीठी
बिल्ली मौसी ओढ़े कंबल
भालू चाचा सूट पहनकर
कांप रहे थे भीतर थर–थर।'[18]

व्यास जी लिखते हैं कि प्यारे बच्चों तुम्हारे लिए तो इन मौसमों के अलावा भी कई मौसम होते हैं जैसे – परीक्षा का मौसम, परिणाम का मौसम, मिठाई का मौसम, छुट्टी का मौसम आदि।

परीक्षा के मौसम का वर्णन करते हुए व्यास जी लिखते हैं कि इस मौसम में बच्चों को कुछ नहीं सुहाता है। खाना–पीना, सोना सब छूट जाता है। पढ़ाई कर लेने पर भी डर लगता है कि कहीं सब भूल न जाएं। बच्चों के इस परीक्षा के भय का वर्णन करते हुए कवि लिखता है कि –

'सपने में परचे दिखते हैं
लेकिन नहीं कभी टिकते हैं
टिक जाते तो मैं भी लिखता
जैसे सभी दोस्त लिखते हैं।'[19]

व्यास जी कहते हैं कि अब परीक्षा के मौसम के बाद परिणाम का मौसम आता है। वर्ष भर बच्चे जो मेहनत करते हैं अब उसी का फल मिलने वाला है। कुछ बच्चे सफल होते हैं तो कुछ असफल भी होते हैं। कवि कहता है कि जो बालक जितनी मेहनत करता है उसे फल भी वैसा ही मिलता है। जो विद्यार्थी आलसी होते हैं वे असफल होते है। कवि बच्चों को सलाह देते हुए कहता है कि –

'सफलता यदि चाहते तुम भी
परिश्रम से जोड़ लो नाता
परिश्रम यदि करें कोई
पत्थरों में फूल खिल जाता।'[20]

डॉ. व्यास ने बालकों में नववर्ष जैसा नयापन और नई ऊर्जा संचरित करने के लिए नववर्ष का वर्णन कुछ कविताओं में किया है।

सबसे पहले व्यास जी नववर्ष के यनयेपन को नमन' करते हैं। वे कहते हैं कि बच्चों यह नये साल का नया सूरज उगा है जो वर्ष भर के अंधेरे को अलविदा कर रहा है। इस वर्ष वे बच्चों से कुछ कर दिखाने का संकल्प करवाना चाहते हैं। वे कहते हैं नया वह नहीं है जो पुराने से पृथक है। सदैव पुराने के साथ जुड़कर ही नये का जन्म होता है। नयापन तो केवल श्रृंखला की अगली कड़ी है। इसीलिये वे नववर्ष के प्रति श्रद्धा भाव अर्पण करते हुए कहते हैं –

'इसलिये हर नयेपन को नमन
हर पुराने को प्रणाम
हमें दोनों शक्ति दें, गति
और साहस दें सदा अविराम।'[21]

कवि कहता है कि नववर्ष भी एक विशेष अवसर है।, एक त्योहार जैसा है जिसका आनन्द बच्चे, बूढ़े, पशु–पक्षी सभी के चेहरों पर दिखाई देता है। जंगल में मुर्गे, तोते सभी नववर्ष की बधाई दे रहे हैं। लहरें, हवा, किरणें सभी बोल रहे हैं कि नया साल है। एक दूसरे को बधाइयाँ और मिठाइयाँ सभी बाँटी जाती हैं –

'मिली बधाई, बंटी मिठाई,
बच्चे बोले – यनया साल है।'
हटा कैलेण्डर फटा कैलेण्डर
टाँको ताजा – नया साल है।'[22]

**मेहनत और हिम्मत पर आधारित –** डॉ. व्यास ने बालकों के लिए अनेक कविताएं लिखी हैं, लेकिन उनकी कविताओं का लक्ष्य मात्र बच्चों का मनोरंजन करना नहीं अपितु उन्हें कोई ना कोई प्रेरणा देना होता है। व्यास जी ने कुछ कविताएं मेहनत, हिम्मत, श्रम और संकल्प पर आधारित लिखी हैं जो बच्चों में काम के प्रति दृढ़ निश्चय का भाव जाग्रत करती हैं।

सबसे पहले वे बच्चों को उनकी ताकत का अहसास कराने के उद्देश्य से कहते हैं कि आदमी यदि सोच ले तो हिमालय को झुका सकता है, तूफान को थाम सकता है। मनुष्य बुद्धि और विवेक की ताकत रखता है। वह चाहे तो सबके दिलों में प्रेम भर दे। मनुष्य की ताकत का वर्णन करते हुए वे लिखते हैं कि –

'असंभव कुछ भी नहीं है
आदमी यदि सोच ले तो
है सभी संभव, सरल सब
आदमी यदि सोच ले तो।'[23]

मेहनत करने वाले लोगों के बारे में कवि कहता है कि ये श्रम की साकार मूर्तियां हैं जो अकाल से लड़ने चली हैं। मेहनतकश लोग काल के पाश से भी जीवन को बचा लाते हैं। बच्चे, बूढ़े, जवान, सारा का सारा गांव आज अकाल के खिलाफ लड़ रहा है –

'रूठा हुआ आज मौसम
पर कल का बड़ा भरोसा है
इसी आस पर तो दुर्दिन ने
सुन्दर सपना पोसा है।'[24]

**शिक्षाप्रद कविताएँ –** डॉ. व्यास ने अपनी कविताओं के माध्यम से बच्चों और नवसाक्षरों को कई शिक्षाप्रद बातें समझाने का प्रयास किया है। लेखक कहता है कि नशा बहुत बुरी चीज होती है हमें इससे बचना चाहिए –

'यह सेहत का दुश्मन है
खुशहाली का दुश्मन है'[25]

व्यास जी कहते हैं कि आज हर व्यक्ति को बचत करनी चाहिए। आज हो सकता है कि हमारे पास बहुत कुछ हो, लेकिन कल किसने देखा है ? दुर्घटना, बीमारी, शिक्षा, शादी आदि कोई भी काम आ सकता है, जिसके लिये हमें आज से बचत करनी चाहिए। वे कहते हैं कि बचत करने और खर्च कम करने की शपथ खानी है –

'कुछ खर्चे, कम करते–करते
बड़ी रकम जुड़ सकती है
बूंद–बूंद यदि जमा करें तो
गागर भी भर सकती है।'[26]

व्यास जी सभी दुखों का मूल अशिक्षा को मानते हैं, वे कहते हैं कि –

'सभी दुखों का मूल है
तेरा ही अज्ञान
भूख, गरीबी, गन्दगी
देते कब भगवान'

X X X X

'चढ़ शिक्षा की नाव पर
कर भव सागर पार

बिना ज्ञान के है नहीं
नर तेरा उद्धार।'[27]

डॉ. भगवती लाल व्यास बाल साहित्य लेखन के क्षेत्र में मेवाड़ के प्रमुख हस्ताक्षरों में से हैं। 'सुन्दरवन की तारा' जैसी कृतियां विभिन्न बाल साहित्यिक संस्थाओं से सम्मानित हुई। उनकी रचनाएँ 'यह ठीक नहीं हुआ हजारी', 'यह देश हमारा', 'सारा संसार हमारा है', 'परिवार पोथी', 'नई सवारी', 'लड़की', 'भोर के गीत' आदि बाल काव्य संग्रह एवं लघु कविताएं प्रकाशित हो चुकी है। यभोर के गीत' उनका बाल काव्य-संग्रह है जो उन्होंने अनौपचारिक शिक्षा एवं प्रौढ़ शिक्षा प्रायोजना के लिए लिखा है। उक्त काव्य संग्रह में संगृहीत कविताओं में देश के लिए, वक्त की कीमत, पहला नियम, पढ़ना लिखना, धरती सोना देती है, शादी, काम करें, नशा, बचत, किसका राज आदि कविताएं प्रेरणास्पद और उल्लेखनीय हैं।

शिक्षाप्रद बाल कविताओं के अतिरिक्त डॉ. व्यास ने अन्य मनोरंजक बाल कविताएं भी लिखी हैं यथा होली आई, मधुमक्खी, मोर, आओ हम बादल बन जाएं, पुल, सरदी-सरदी, नया साल, ओस, साँझ, चँदा मामा, गीत आदि।

**पर्यावरण व प्रकृति पर आधारित –** प्रकृति और पर्यावरण पर आधारित कहानियों के माध्यम से कवि ने पर्यावरण की स्वच्छता, विकास और प्रकृति का महत्तव समझाने की चेष्टा की है। इन कहानियों का विस्तृत विश्लेषण इस प्रकार है :-

'पुरस्कार का हक' शीर्षक कहानी में व्यास जी ने बाल मेले के आयोजन के माध्यम से जहाँ एक ओर राष्ट्र नेता नेहरू जी के प्रति बालकों में श्रद्धा भाव जगाने का प्रयास किया है, वहीं दूसरी और पर्यावरण की स्वच्छता के महत्तव को भी बताया है।

चौदह नबम्बर अर्थात् बाल दिवस नेहरू जी का जन्म दिवस होता है। अध्यापक जी बालकों से इस मेले के विषय में कहते हैं –

'इस मेले में तुम लोग ही तरह-तरह की दुकानें लगाओगे। जैसे – चाट-पकौड़ी, बिस्किट, चॉकलेट, गुब्बारे, खिलौने, फल, चाय-नाश्ते की दुकानें।'[28]

मेले के दिन गिरधारी की चाट-पकौड़ी की दुकान पर सबसे ज्यादा भीड़ थी, लेकिन उसने झूठे दोने डालने के लिये कोई पात्र नहीं रखा था अत: चारों ओर गंदगी हो गई। लेकिन –

'आशा ने जब यह देखा तो अपने घर से एक टिन ले आई। गिरधारी ने तमाम दोने इकट्ठे किए और उस टिन में डाल दिए।'[29]

उसे देखकर सभी छात्रों ने अपनी दुकानों के सामने टिन रख दिये ताकि विद्यालय प्रांगण की स्वच्छता बनी रहे। अगले दिन प्रधानाध्यापक जी ने बाल-मेले के सफल आयोजन के लिये प्रसन्नता दर्शाते हुए पुरस्कारों की घोषण प्रारंभ की। जब सफाई के पुरस्कार के लिये गिरधारी का नाम पुकारा गया तो उसने कहा –

'सर, इस इनाम पर आशा का हक है क्योंकि दुकान के पास खाली टिन रखने का विचार उसी के मन में आया था और टिन का प्रबन्ध भी उसी ने किया था।'[30]

इस प्रकार कहानीकार ने यहाँ बच्चों को पर्यावरण की स्वच्छता के साथ-साथ मैत्री व प्रेम का संदेश भी दिया है।

इसी प्रकार 'भरी हंडिया' शीर्षक कहानी में लेखक ने हरियाली और पेड़ पौधों के महत्तव को बताया है। इस कहानी में एक भील हंडिया में घी भरकर उसे ताजा हरे पेड़ के पत्तो से ढ़ककर ले जा रहा होता है। इसी बीच जंगल में उसे गाँव के ठाकुर साहब मिल जाते हैं। वे उस भील को रोककर पूछते हैं कि हंडिया में क्या भरा है। जब वह कहता है कि इसमें घी भरा है तो ठाकुर साहब उसे एक पेड़ के पास ले जाते है तथा सारा घी उस पेड़ की जड़ों में डलवा देते हैं। भील को कोई बात समझ नहीं आती है, लेकिन वह चुप रहता है।

ठाकुर साहब उस भील से पूछते हैं तो वह बता नहीं पाता है कि आखिर उन्होंने सारा घी पेड़ की जड़ में क्यों डलवाया। तब वे कहते हैं –

'क्या तुम पेड़ का पत्ताा बना सकते हो ?'
'........................ नहीं हुजुर।'[31]

ठाकुर साहब उसे उस पत्तो का महत्त्व समझाते हुए कहते हैं कि – 'जिस चीज को तुम बना नहीं सकते, उसे नष्ट करने का तुम्हें क्या हक है ? घी फिर बन जाएगा इसलिए यह हंडिया ले जाओ। हाँ, फिर कभी हंडिया लेकर निकलो, तो कोई ढक्कन या कोई कपड़ा बाँध लेना।'[32]

इस प्रकार इस कहानी में लेखक ने एक पत्तो को, एक हंडिया घी से भी अधिक महत्तवपूर्ण बताते हुए बच्चों को पेड़-पौधों की रक्षा का संदेश दिया है।

'सबका बगीचा' में कहानीकार लिखता है कि यदि थोड़ी सूझबूझ से काम लिया जाए और कुछ मेहनत करें तो हम अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ व सुंदर बना सकते हैं। लेखक कहता है कि देवीलाल जिस विद्यालय में पढ़ता था उस भवन के पास एक बड़ा गड्ढा था। बरसात के दिनों में इसमें पानी भर जाता था। पानी के जमा रहने से हमारे पर्यावरण को क्या नुकसान होता है यह समझाते हुए लेखक कहता है –

'जब पानी गड्ढे में कई दिन भरा रहता है तो बदबू आने लगती है। बदबू से वायु दूषित होती है। काफी संख्या में मच्छर पैदा हो जाते हैं। मच्छरों से कई तरह की बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है।'[33]

एक दिन देवीलाल ने सोचा कि यदि विद्यालय के सब बच्चे इसमें थोड़ी-थोड़ी मिट्टी डालें तो यह गड्ढा भर जाएगा। उसकी यह बात सबको पसन्द आई। सभी छात्र व अध्यापक श्रमदान करने लगे। फिर गांव के लोग भी तगारी और फावड़े लेकर आ गये। अब देखते ही देखते ग्रामवासियों, अध्यापकों और छात्रों की मेहनत से गड्ढ़ा समतल जमीन में बदल गया था। गांव के सरपंच महोदय नूर मोहम्मद जी उस जमीन पर बगीचा लगवाने के लिए पौधे मंगवा देते हैं। सब लोगों की मेहनत किस तरह गांव का कायापलट कर देती है, यह कहते हुए लेखक लिखता है –

'देखते-देखते तरह-तरह के पौधे हवा में लहराने लगे। ऐसा लगता था जैसे वे अपने-अपने छोटे-छोटे पत्तों के हाथ हिला-हिलाकर श्रम और सूझ की जय बोल रहे हों।'[34]

यही बगीचा 'सबका बगीचा' कहलाने लगा। विद्यालय में बाल दिवस की बैठक भी इसी बगीचे में हुई। संरपंच महोदय देवीलाल की सूझबूझ तथा गांववालों व अध्यापकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहते हैं कि –

'अगर इसी तरह हम मिल-जुलकर काम करें तो अपनी कई छोटी-छोटी समस्याएं, खुद सुलझा लेंगे तथा सबको कई सुविधाएं भी मिल जाएगी, जैसे सबकी मदद से सबको यह बगीचा मिल गया है।'[35]

'जहरीला गुलाब' और 'दोस्त अमरूद – दुश्मन अमरूद' शीर्षक कहानियों के माध्यम से व्यास जी ने बच्चों को यह समझाने का प्रयत्न किया है कि किसी भी काम को करने के पीछे जैसी हमारी भावना होती है, वैसा ही परिणाम भी मिलता है।

'जहरीला गुलाब' कहानी में लेखक ने रंजन नामक बालक के बारे में कहा है कि उसे बगीचे का बहुत शौक था। उसने बहुत सारे पौधे लाकर उगाए थे। इनमें एक पौधा गुलाब का भी था। उस दिन जब उसके गुलाब में दो कलियाँ एक साथ खिलीं तो उन्हें देखकर वह बहुत खुश हुआ। वह चाहता था कि उसके माता-पिता भी आकर देखें लेकिन जब वे नहीं आते हैं तो रंजन भारी मन से बगीचे में आकर फूलों का निहारने लगता है। तभी उसे लगता है कि एक तितली उससे कह रही है कि -

'रंजन भैया, ये फूल देखने में बहुत सुंदर हैं किन्तु इनमें मिठास नहीं, कड़ुवाहट है। शायद इनमें रस की जगह जहर भरा है।'[36]

रंजन को तितली की यह बात सुनकर बहुत गुस्सा आया और उसने जब इसका कारण जानना चाहा तो तितली ने कहा -

'याद करो रंजन भैया, तुम यह पौधा कहाँ से लाये थे। भला इस तरह लायी गई चीजों में भी कहीं मिठास हो सकती है।'[37]

तितली की बात सुनकर रंजन को याद आता है कि जब बहुत प्रयत्न करने पर भी उसे कहीं से गुलाब का पौधा नहीं मिला तो वह एक शाम अपने ही विद्यालय से गुलाब का पौधा चुरा लाता है। यह वही पौधा था जिस पर खिले फूल को तितली ने जहरीला फूल कहा था। ऐसा विचार आते ही रंजन बगीचे में आता है और उस गुलाब के पौधे का उखाड़ कर फेंक देता है। रंजन मन ही मन तितली से कहता है कि -

'तितली रानी, अब इस बगीचे में तुम्हें कभी जहरीला गुलाब नहीं मिलेगा।'[38]

लेखक बच्चों को समझाना चाहता है कि हमें अपने आनन्द के लिये कभी गलत कार्य नहीं करना चाहिए।

इसी प्रकार 'दोस्त अमरूद - दुश्मन अमरूद' शीर्षक कहानी में विलास और सुहास दो दोस्तों के माध्यम से लेखक ने समझाया है कि किस प्रकार हमारे अच्छे बुरे व्यवहार का प्रभाव हमारे पेड़-पौधों पर पड़ता है। उन्हें भी प्रेम और विश्वास की जरूरत होती है।

लेखक कहता है कि बरसात के मौसम में एक दिन अचानक सुहास को रास्ते में अमरूद का पौधा नजर आता है। वह सुहास से कहता है -

'मुझे यहाँ से ले चलो दोस्त ! अगर मैं यही रहा तो कोई जानवर मुझे चर जाएगा या फिर मैं भी घास के साथ काट लिया जाऊँगा। मैं तुम्हें मीठे-मीठे फल खिलाऊँगा। मुझे अपने साथ ले चलो।'[39]

जब विलास देखता है कि सुहास ने अमरूद का पौधा लगाया है तो वह भी उसी दीवार के पास की जमीन पर एक अमरूद का पौधा लगा देता है। बराबर देखभाल और उचित खुराक से पौधे बहुत जल्दी दीवार से भी ऊँचे निकल जाते हैं। सुहास यह देखकर खुश होता था जबकि विलास सोचता था कि सुहास का अमरूद उसके अमरूद का दुश्मन है। वह सुहास के प्रति नाराजगी प्रकट करते हुए कहता है-

'देखो सुहास, तुम्हारा अमरूद मेरे अमरूद को छाया देता है। जब देखो तब इससे गुत्थम-गुत्था होता रहता है। खुद तो कैसा एकदम फूलों से लदा खड़ा है और मेरे अमरूद के सारे फूल गिरा देता है।'[40]

सुहास विलास को समझाते हुए कहता है कि हम ये सारे फल बांट कर खाएँगें। लेकिन विलास तो यह सब देखकर ईर्ष्या की आग में जल रहा था। एक दिन मौका पाकर वह सुहास के अमरूद की सारी फलदार डालियां काट देता है। यह देखकर सुहास बहुत दुखी हुआ किन्तु उसने पुन: पेड़ की देखभाल शुरू कर दी। अगले साल पुन: वह पेड़ अमरूदों से लद गया। उधर विलास का अमरूद का पेड़ वैसा का वैसा ही था। उस पर एक भी फल नहीं लगता है। तब यही पेड़ विलास से कहता है कि -

'दोस्त, हम पेड़ों को भी प्यार की जरूरत होती है। तुम ईर्ष्या और नफरत घोलकर हमें पानी पिलाते हो, इससे अच्छे फल कैसे आ सकते हैं ?'[41]

**नैतिकता पर आधारित -** 'सोने का घर' शीर्षक कहानी के माध्यम से कहानीकार ने बालकों को लालच के नुकसान और मेहनत के फल के बारे में बताने की चेष्टा की है। यह एक गरीब किसान हीरा की कहानी है जो सिजारे में खेती करके अपना जीवन यापन करता था। उसकी पत्नी बड़ी लालची थी। वह हीरा को सदैव कोसती रहती तथा उससे गहनों की माँग किया करती थी। हीरा भी उसे समझाता कि यदि मेरे वश में हो तो तुम्हारे लिये सोने का घर बनवा दूँ।

एक दिन जब हीरा रामदीन का खेत जोत रहा था तो वहाँ से एक पीतल का घड़ा निकला। घड़े ने हीरा से कहा कि तुम्हें जो चाहिये माँग लो। तब हीरा ने सहज भाव से कहा कि मुझसे पहले आप पर उसका हक है जिसने मेहनत से आपको भरा होगा। फिर आपको शरण देने वाले खेत के मालिक का हक है। मेरा स्थान तो तीसरा है। पहले आप उन दोनों की सेवा करो।

जब घड़े ने रामी से पूछा तो उसने झट से कहा -

'मेरा सारा घर सोने का हो जाए। पर गाँव में किसी को इस बात का पता न लगे।'[42]

जब रामी और हीरा घर लौटते हैं तो उनका पूरा घर, सब सामान सोने के हो जाते हैं। लेकिन -

'घर तो सोने का हो गया पर जीवन का सारा आनंद जैसे गायब हो गया। हर तरफ एक कठोर पीलापन। बर्फ की तरह गलाने वाला या अंगारे की तरह झुलसाने वाला।'[43]

रामी घड़े से प्रार्थना करती है कि वह झोपड़ी उन्हें दे दे। रामी को लालच का फल मिल जाता है। वह बहुत दुखी होती है। रामदीन की फसल अच्छी होने से हीरा को बहुत मुनाफा मिलता है। अब वे दोनों पुन: झोपड़ी में खुश होकर रहने लगते हैं।

डॉ. व्यास ने 'बबलू बदल गया' शीर्षक कहानी के माध्यम से जीवन में अनुशासन का महत्तव बताने का प्रयास किया है। लेखक कहता है कि बबलू बहुत शैतान लड़का था। वह अपनी कोई चीज जगह पर नहीं रखता था। जब सुबह स्कूल जाने का समय होता था तो उसे कोई चीज़ जगह पर नहीं मिलती और उसे स्कूल के लिये देर हो जाती। आलोक जो बबलू के साथ ही स्कूल जाता था वह भी हमेशा देरी से जाता था। उसे बबलू की वजह से अध्यापक जी की डाँट खानी पड़ती थी। एक दिन अध्यापक जी ने बबलू को समझाते हुए कहा कि -

'बबलू, अगर तुम सारी चीजें संभालकर रखो और स्कूल के समय से पहले खुद तैयार हो जाया करो तो मम्मी को परेशान भी न होना पड़े और समय पर स्कूल भी आ जाओ।'[44]

उस दिन जब बबलू घर आया तो उसने अपना बस्ता, कपड़े, जूते-मोजे सब चीजें यथास्थान रख दी। अगले दिन बबलू समय पर तैयार हो गया, फिर नाश्ता किया। अब बबलू बदल गया था। उस दिन वे समय पर स्कूल पहुँच गए। बबलू ने आलोक से कहा-

'आज ही क्यों, अब हम रोज समय पर स्कूल पहुँचेंगे।'[45]

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

इस प्रकार बच्चों जीवन में अनुशासन बहुत जरूरी है। साथ ही हमें अपना काम स्वयं करने की आदत भी डालनी चाहिए। इससे हम अपने माता-पिता के काम में हाथ बँटा सकते हैं।

'केसर' शीर्षक कहानी में कहानीकार ने शिक्षा के महत्व को उजागर किया है। वे कहते हैं कि बच्चों जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। आज हमें स्वयं तो शिक्षित होना ही है, पर यदि हो सके तो हमारे अशिक्षित प्रौढ़ों को भी साक्षर बनाना चाहिए।

केसर दो साल तक ही पढ़ पाती है और घर के कामकाज के कारण उसकी पढ़ाई छूट जाती है। फिर केसर की शादी हो गई। समय बीतता गया। केसर के एक पुत्र हुआ जिसका नाम रतन रखा गया। वह रतन को खूब पढ़ाना चाहती थी, किन्तु फिर सोचती कि बिना खुद पढ़े वह कैसे रतन को पढ़ा पाएगी ? गाँव के मास्टरजी ने दिल्ली के एक पत्राचार विद्यालय के बारे में समझाते हुए केसर को बताया कि- 'वहाँ जाना नहीं पड़ता चिट्ठी लिख दो कि मैं पढ़ना चाहती हूँ। वह स्कूल जवाब में चिट्ठी भेजेगा। पाठ भी भेजेगा। इस तरह चिट्ठियों में पाठ आते रहेंगे। तुम पढ़ती जाना।'[46]

इस प्रकार केसर अपनी मेहनत और लगन से इम्तहान पास कर लेती है। सब लोग केसर की प्रशंसा करते हैं। गाँव में भी उसका सम्मान बढ़ जाता है। केसर गाँव की औरतों को समझाती है कि -'.... इस खाली समय को वे बातों में न गँवायें। कोई छोटा मोटा काम धन्धा करें। इससे घर की आमदनी भी बढ़ेगी और बेकार के झगड़े टंटे भी खतम हो जाएंगे।'[47]

इस प्रकार केसर ने गांव का वातावरण ही बदल दिया। धीरे-धीरे वह गाँव के बच्चों को भी पढ़ाने लगती है। फिर कुछ समय बाद -'केसर और जमीला का स्कूल शुरू हो गया। बच्चे आने लगे। केसर उन्हें पढ़ाती। जमीला उन्हें खेल खिलाती और कहानियां सुनाती। धीरे-धीरे काफी बच्चे आने लगे।'[48]

लेखक कहता है कि शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण होती है। अकेली केसर ने पूरे गाँव को परिवर्तित कर दिया, केवल अपनी शिक्षा के बूते पर।

**समाहार -** डॉ.व्यास एक प्रतिष्ठित साहित्यकार है, लेकिन इसके बावजूद उनके लिए बाल-साहित्य लिखना एक कठिन उत्तरदायित्व है। वे कहते हैं कि बच्चों की दुनिया हम बड़ों की दुनिया से भिन्न होती है, जिसमें बुद्धि की जगह मन का साम्राज्य होता है। यही वजह है कि बच्चों की सदैव वे रचनाएँ अधिक पसन्द होती है जिनमें बुद्धि चातुर्य का प्रदर्शन कम और मनोरंजक व रोचक पक्ष अधिक हो। प्रकृति की तरह निश्चल और स्वाभाविक प्रवाहमय विषय उन्हें प्रिय होते है। व्यास जी ने बाल साहित्य लिखते समय बालकों के इस स्वभाव का पूरा ख्याल रखा है। उन्होनें सरल और सहज भाषा में बाल मन को भाने वाले रोचक प्रसंगों पर साहित्य रचकर इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनका मानना है कि बाल साहित्य के माध्यम से एक लेखक अपना एक सामाजिक कर्त्तव्य भी पूरा करता है अर्थात् यह साहित्य केवल बालकों के मनोरंजन के लिए नहीं लिखा जाता वरन् इसकी सार्थकता तभी है जब उससे बालकों को शिक्षा और प्रेरणा मिले। इस दृष्टि से व्यास जी की बाल कविताएं और बाल कहानियां मनोरंजक होने के साथ-साथ प्रेरणास्पद भी हैं और इसके माध्यम से बालकों को अपने कर्त्तव्यों का बोध भी हो पाएगा।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि व्यास जी का बाल साहित्य उच्च कोटि का है। उनका यह सृजन निश्चय ही बालकों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. डॉ. भगवती लाल व्यास, वक्तव्य से, पृ. 1
2. डॉ. भगवती लाल व्यास, वक्तव्य से, पृ. 2
3. डॉ. भगवती लाल व्यास, वक्तव्य से, पृ. 2
4. डॉ. भगवती लाल व्यास, यह देश हमारा, पृ. 5
5. डॉ. भगवती लाल व्यास, माटी की महक, पृ. 3
6. डॉ. भगवती लाल व्यास, भोर के गीत, पृ. 9
7. डॉ. भगवती लाल व्यास, माटी की महक, पृ. 31
8. डॉ. भगवती लाल व्यास, माटी की महक, पृ. 23
9. डॉ. भगवती लाल व्यास, माटी की महक, पृ. 40
10. डॉ. भगवती लाल व्यास, मौसम के गीत, पृ. 29
11. डॉ. भगवती लाल व्यास, यह देश हमारा, पृ. 7
12. डॉ. भगवती लाल व्यास, मौसम के गीत, पृ. 26
13. डॉ. भगवती लाल व्यास, यह देश हमारा, पृ. 10
14. डॉ. भगवती लाल व्यास, मौसम के गीत, पृ. 5
15. डॉ. भगवती लाल व्यास, मौसम के गीत, पृ. 7
16. डॉ. भगवती लाल व्यास, मौसम के गीत, पृ. 3
17. डॉ. भगवती लाल व्यास, यह देश हमारा, पृ. 22
18. डॉ. भगवती लाल व्यास, मौसम के गीत, पृ. 23
19. डॉ. भगवती लाल व्यास, मौसम के गीत, पृ. 10
20. डॉ. भगवती लाल व्यास, मौसम के गीत, पृ. 12
21. डॉ. भगवती लाल व्यास, माटी की महक, पृ. 31
22. डॉ. भगवती लाल व्यास, यह देश हमारा, पृ. 24
23. डॉ. भगवती लाल व्यास, माटी की महक, पृ. 9
24. डॉ. भगवती लाल व्यास, भोर के गीत, पृ. 39
25. डॉ. भगवती लाल व्यास, भोर के गीत, पृ. 22
26. डॉ. भगवती लाल व्यास, भोर के गीत, पृ. 23
27. डॉ. भगवती लाल व्यास, भोर के गीत, पृ. 43
28. डॉ. भगवती लाल व्यास, पर्यावरण की कहानी, पृ. 6
29. डॉ. भगवती लाल व्यास, पर्यावरण की कहानी, पृ. 8
30. डॉ. भगवती लाल व्यास, पर्यावरण की कहानी, पृ. 10
31. डॉ. भगवती लाल व्यास, पर्यावरण की कहानी, पृ. 12
32. डॉ. भगवती लाल व्यास, पर्यावरण की कहानी, पृ. 12
33. डॉ. भगवती लाल व्यास, पर्यावरण की कहानी, पृ. 21
34. डॉ. भगवती लाल व्यास, पर्यावरण की कहानी, पृ. 23
35. डॉ. भगवती लाल व्यास, पर्यावरण की कहानी, पृ. 24
36. डॉ. भगवती लाल व्यास, जब-जब खिले गुलाब, पृ. 4
37. डॉ. भगवती लाल व्यास, जब-जब खिले गुलाब, पृ. 4
38. डॉ. भगवती लाल व्यास, जब-जब खिले गुलाब, पृ. 6
39. डॉ. भगवती लाल व्यास, जब-जब खिले गुलाब, पृ. 16
40. डॉ. भगवती लाल व्यास, जब-जब खिले गुलाब, पृ. 17
41. डॉ. भगवती लाल व्यास, जब-जब खिले गुलाब, पृ. 20
42. डॉ. भगवती लाल व्यास, सुंदरवन की तारा, पृ. 26
43. डॉ. भगवती लाल व्यास, सुंदरवन की तारा, पृ. 26
44. डॉ. भगवती लाल व्यास, बबलू बदल गया, पृ. 17
45. डॉ. भगवती लाल व्यास, बबलू बदल गया, पृ. 18
46. डॉ. भगवती लाल व्यास, सपना साकार हुआ, पृ. 15
47. डॉ. भगवती लाल व्यास, सपना साकार हुआ, पृ. 17
48. डॉ. भगवती लाल व्यास, सपना साकार हुआ, पृ. 18

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# नई शिक्षा नीति 2020-महत्व एवं सुधार की आवश्यकता (उच्च शिक्षा के संदर्भ में)

**डॉ. शिवाली शाक्या***

* सहा. प्राध्यापक (वाणिज्य) शा. डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश -** शिक्षा न केवल नए-नए शोधों और उनके नतीजों का लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रभावी रूप से प्रशिक्षित करने का एकमात्र तरीका है बल्कि यह हमारे साथ साथ भावी पीढ़ियों के लिए भी वातावरण को बेहतर, सुरक्षित और स्वस्थ बनाने में लोगों की सक्रिय भागीदारी और योगदान करने में सक्षम बनाती है। भारत देश में नवीन शिक्षा नीति 2020 की शुरुआत देश के लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए एक अनूठा कदम है। इस शिक्षा नीति के माध्यम से देश एवं विदेश में रोजगार को बढ़ाने पर महत्व दिया गया है। इस शिक्षी नीति मे डिजीटल शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थी कई प्रकार के कोर्सेस को एक साथ कर सकते हैं एवं अपने लिए रोजगार को स्वयं स्थापित कर सकते है। नवीन शिक्षा नीति विद्यार्थियों मे सृजनात्मकता को विकसित करती है। विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा के माध्यम से एक ऐसी व्यवस्था प्रदान की गई है जिससे कि वे अपने कार्य के साथ-साथ शिक्षा भी ग्रहण कर सकते है।विदेशों मे अपने लिए रोजगार को भी प्राप्त कर सकते हैं। परंतु आवश्यकता है उन्हें उचित प्रकार का प्रशिक्षण मिलने की, उनके लिए एवं उनकी योग्यता के अनुसार सही विषय को चुनने की, इसके लिए उन्हें सही प्रशिक्षण देना अनिवार्य है। साथ ही डिजिटल शिक्षा का उपयोग करने संबंधित ट्रेनिंग भी दी जाना चाहिए और डिजिटल शिक्षा को सस्ता किया जाना चाहिए ताकि इसकी पहुँच सभी विद्यार्थी तक हो सके तभी नवीन शिक्षा नीति अपने लक्ष्य तक पहुँच सकती है।

**प्रस्तावना -** प्रत्येक देश के विकास में वहाँ के नागरिकों की शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिस देश में शिक्षा का स्तर जितना अधिक मजबूत होगा, वह देश उतनी ही ज्यादा प्रगति की दिशा की ओर अग्रसर होगा। भारत आज भी विकासशील देश बना हुआ है जिसका एक सबसे बड़ा कारण शिक्षा नीति पर ध्यान ना देना है। हमारे देश में अंतिम शिक्षा नीति 1986 में बनाई गई थी और उसमें कई बार संशोधन करने के बावजूद भी वह कमियों से भरी हुई थी। वर्ष 2020 में नई शिक्षा नीति की एक नई शुरूआत की गई जो कि पुरानी शिक्षा नीति से बेहतर और असरदार नजर जाती है। उन्होंने नई शिक्षा नीति में उच्च शिक्षा को अपनी भाषा में पढ़ने की स्वतंत्रता के साथ कला, खेल-कूद, योग, बागवानी एवं शारिरिक गतिविधियों एवं डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों में कौशल ,ज्ञान, आत्म विश्वास, बुद्धि एवं नैतिकता का विकास करना है एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इसके साथ ही विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का उद्देश्य, छात्रों का इस प्रकार विकास करना है जिससे कि वे उत्कृष्ट, विचारशील और अच्छी रचनात्मकता की ओर प्रेरित हो सके। विदेशों में जाकर अच्छी नौकरियाँ प्राप्त कर सके या अपने ही देश में अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकें। इस हेतु उनके पाठ्यक्रम में परियोजना कार्य ,प्रषिक्षुता एवं सामाजिक जुड़ाव आदि को भी शामिल किया गया है। इसके साथ ही उन्हें डिजीटल शिक्षा से भी पढ़ाना जाना अनिवार्य किया है। जिसके कारण सभी विद्यार्थी शिक्षा से जुड़े हुए होते हैं एवं समय के अनुसार शिक्षा का लाभ लेने का प्रयत्न करते हैं। नई शिक्षा नीति समाज एवं उच्च शिक्षा के लिए एक अच्छी पहल है। नई शिक्षा नीति को समाज और अर्थव्यवस्था में ज्ञान की मांग के अनुरूप तैयार किया गया है जिसमें नियमित आधार पर नए कौशल हासिल करने की आवश्यकता को पूरा किया जा सकता है। नई शिक्षा नीति 2020 स्कूल और उच्च शिक्षा दोनों में सुधारों की मांग करती है जो अगली पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार करती है जिससे वे नए डिजिटल युग में प्रतिस्पर्धा पर सके। इस प्रकार नई शिक्षा नीति डिजिटल साक्षरता, तार्किक तर्क, स्वरोजगार, समस्या समाधान एवं व्यावसायिक पथ प्रदर्शन पर अधिक प्रभाव डालती है।

**अध्ययन का उद्देश्य -** इस शोध पत्र के अध्ययन का मुख्य उद्देश्य नवीन शिक्षा नीति 2020 की मुख्य विशेषताओं का अध्ययन करना है एवं उच्च शिक्षा में उसके महत्व एवं प्रयोग तथा सुधारों की आवष्यकता पर प्रकाश डालना है। शोध के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार है-

1. नई शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डालना।
2. नई शिक्षा नीति 2020 की विशेषताओं का अध्ययन करना।
3. नई शिक्षा नीति 2020 का उच्च शिक्षा में प्रयोग एवं महत्व का अध्ययन करना।
4. नई शिक्षा नीति में सुधारों की आवश्यकता का अध्ययन करना।

**अनुसंधान की विधि -** यह अध्ययन पूर्णतया प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों पर आधारित है। प्राथमिक समंक हेतु सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है एवं द्वितीयक समंकों हेतु प्रकाशित स्त्रोतों का प्रयोग किया गया है। इसके साथ ही आलोचनात्मक, मूल्यांकनात्मक, वर्णनात्मक आदि विधियों का उपयोग इस शोध में किया गया है। द्वितीयक समंकों को प्रकाशित शोध पत्र, पुस्तकें, शोध प्रबंध एवं पत्र एवं नई शिक्षा नीति के संबंध में प्रकाशित पत्र, पत्रिकाओं से लिया गया है।

**अध्ययन का महत्व** – वास्तविक तथ्यों पर आधारित इस शोध से प्राप्त निष्कर्ष विद्यार्थियों, समाज एवं उच्च शिक्षा से संबंधित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण रूप से काम आएंगे। वर्तमान में किया गया यह शोध नई शिक्षा नीति 2020 के नियम एवं शर्तों के अनुसार उच्च शिक्षा के सुधारों को समझने में मदद करेगा। यह शोध शिक्षकों एवं छात्रों को नवीन शिक्षा नीति को समझने एवं उसे कार्यरूप में परिणित करने में मदद करेगा एवं समाज को जागरुक करने का प्रयास करेगा। शोधकर्ता द्वारा इस शोध के माध्यम से अध्ययन के सभी पहलुओं को समझाने का प्रयास किया गया है।

**नवीन शिक्षा नीति 2020 का उच्च-शिक्षा में महत्व** – नवीन शिक्षा नीति स्वरोजगार एवं कौशल विकास को अधिक बढ़ावा देती है। इसके अंतर्गत कई प्रकार के ऑनलाईन कोर्सेस की व्यवस्था की गई है। इस शिक्षा नीति में अधिक लचीलापन है अर्थात् विद्यार्थी अपने मुख्य विषय के साथ-साथ अन्य वैकल्पिक विषय या रोजगार प्रेरक विषयों को भी ले सकता है। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए फील्ड प्रोजेक्ट या इंटर्नशिप को अनिवार्य रूप से उनके कोर्स के साथ शामिल किया गया हैं जिससे कि उन्हें प्रेक्टिकल नॉलेज प्राप्त हो सके। विषय को कॉम्बिनेशन के साथ मल्डी डिसिप्लिनरी बनाया गया है अर्थात मैथ्य-साइंस, मैथ्स-बायो, कॉमर्स-आर्ट्स कई विषयों के कॉमिनेशन लिए जा सकेंगे। यदि कोई विद्यार्थी अपनी शिक्षा को एक साथ पूरा करने में असमर्थ है तो वह सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा कोर्स या डिग्री कोर्स का लाभ ले सकेगा।

नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत टीचर्स के लिए भी ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किये जाते हैं जिससे वे भी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने विद्यार्थी को विषय से संबंधित प्रशिक्षण देते हैं। विद्यार्थियों के लिए रिसर्च प्रोगाम भी उनके द्वारा लिए गए 4 वर्षीय कोर्सेस में शामिल किए गए हैं जो विद्यार्थी को रिसर्च करने में प्रोत्साहित करेंगे जिससे कि वे रिसर्च में अपना योगदान देंगे जिसके लाभ समाज व देश को प्राप्त होगे एवं विद्यार्थी भी अपने देश व विदेश में अच्छे रोजगार को प्राप्त कर सकेंगे।

**नवीन शिक्षा नीति 2020 में सुधार की आवश्यकता**– वैसे तो नवीन शिक्षा नीति 2020 सरकार के द्वारा बहुत सोच-समझकर बनाई गई हैं परंतु फिर भी इस शिक्षा नीति में काफी सुधार की आवश्यकता है। यह नीति ग्रामीण और शहरी भारत दोनों में प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण को भी महत्व देती है। इस नीति का उद्देश्य भारत की शिक्षा प्रणाली को बदलना है। नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत डिजिटल शिक्षा का विस्तार तो हुआ है परंतु इसका उपयोग वित्तीय साधनों की कमी होने के कारण प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा नहीं किया जा रहा है। दूरस्थ क्षेत्र या गाँव में आज भी डिजीटल स्त्रोत न होने के कारण वहां के विद्यार्थी आज भी वैसे की वैसे ही है। इसके साथ ही ई-लर्निंग, वर्चुअल क्लास रूम, swayam portel, massive open online Course, E- Text book, mooc free online Course आदि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि करते हैं। परंतु कुछ कोर्स ऐसे है जो विद्यार्थी आसानी से समझ नहीं पाता और न ही उसमे अपना रजिस्ट्रेशन करा पाता है इस हेतु सरकार के द्वारा इसके लिए ऐसे प्लेटफार्म तैयार करना चाहिए या प्रशिक्षण संस्थानों को बनाना चाहिए, जिससे कि विद्यार्थी उन कोर्सेस का प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्हें कर सकें। इसके साथ ही इंटरनेट सर्विस का विस्तार होना चाहिए जिससे कि प्रत्येक व्यक्ति इसका उपयोग कर सके।

**शोध-साहित्य की समीक्षा**– वी. डी. डी. एस. आई. पवन कुमार एवं डॉ कोमल नागरांनी ने नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं की ओर ध्यान अंकित किया एवं उसकी विशेषताएँ एवं कमियां बताई उन्होंने शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण, शिक्षा एवं तकनीकी पाठ्यचर्या आदि के बारे में यह बताया कि इन सभी पर यदि अच्छे ढंग से कार्य किया जाए तो भारतीय शिक्षा का महत्व अंतर्राष्ट्रीय देशों में भी बढ़ जाएगा एवं सभी को रोजगार उपलब्ध होंगे।

विरेन्द्र सिंह, कुकन देवी ने भी अपनी शोध पत्र में नई शिक्षा के द्वारा भारतीय शिक्षा को ऊचाईयों पर ले जाने की बात कही। उनके द्वारा छात्रों के समग्र विकास के लिए सही शिक्षा नीति को अपनाने के बात की गई। उन्होंने साइबर सुरक्षा में शिक्षा और कौशल, उच्च शिक्षा में अनुसंधान और नवाचार आदि पर जोर दिया। उनके अनुसार नवीन शिक्षा की नीति का उद्देश्य सरकारी और निजी क्षेत्र से उच्च अनुसंधान एवं विकास के निवेश को प्रोत्साहित करना है।

इसके अतिरिक्त नवीन शिक्षा नीति से संबंधित कई शोध पत्रों का अध्ययन करने के पश्चात् यह कहा जा सकता है कि नवीन शिक्षा नीति भारत के लिए विकास के लिए एक अच्छी शुरुआत है। इसके माध्यम से देश के नागरिकों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है परंतु कई जगह पर इसको समझना मुश्किल हो जाता है साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होने से इसका आर्थिक भार भी अधिक हो रहा है। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों मे नवीन शिक्षा नीति का पूर्ण उपयोग नहीं किया जा रहा है क्योंकि वहाँ पर आर्थिक संसाधनों या पूर्ण रूप से इंटरनेट माध्यमों की पूर्ति नहीं हो पा रही है। साथ ही नवीन शिक्षा नीति से संबंधित सभी बिंदुओं को या उसके विभिन्न पहलुओं को विस्तार से समझाया जाना चाहिए जिससे कि सभी विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें। नवीन शिक्षा नीति के माध्यम से छात्र बहुत सारे कोर्सेस को एक साथ कर सकता है पर उसे पर्याप्त मार्गदर्शन की जरूरत है अत: इसके लिए पहले शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाए जिससे कि वे स्वयं प्रशिक्षित होकर अपने विद्यार्थियों को उनके भविष्य से संबंधित सही विकल्प चुनने हेतु ज्ञान दे सकें या प्रोत्साहित कर सकें, तभी देश में शिक्षा का पूर्ण विकास हो सकेगा एवं देश में रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ जाएगी।

**निष्कर्ष**– अंत में निष्कर्ष रूप में हम यह कह सकते हैं कि उच्च शिक्षा में, नवीन शिक्षा नीति का अधिक महत्वपूर्ण योगदान है। नवीन शिक्षा नीति 2020, विद्यार्थियों को संबंधित कक्षा का सिलेबस याद करके अच्छे अंक प्राप्त करने से काफी अधिक ऊपर है। इसमें विद्यार्थी अपने कौशल का प्रयोग कर रचनात्मकता को जन्म देता है विद्यार्थी स्वयं रिसर्च के लिए अभिप्रेरित होता है और शिक्षा के साथ-साथ प्रेक्टिकल अनुभव होने के कारण स्वयं के लिए रोजगार के अवसरों की तलाश करता है। नवीन शिक्षा नीति का वास्तविक अर्थ ज्ञान, कौशल और मूल्यों को प्राप्त करना और निरन्तर प्रगति करना है। लेकिन इस नीति के कुछ लक्ष्यों में स्पष्टता का अभाव एवं समाज तक पूर्ण रूप पहुँच न होने के कारण इस नीति में सुधार की आवश्यकता है विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन मिलने पर ही वे स्वयं एवं देश के विकास ओर अग्रसर होंगे। तभी नवीन शिक्षा नीति, उच्च शिक्षा के लिए अधिक महत्वपूर्ण साबित होगी एवं देश मे पूर्ण स्वरोजगार या रोजगार को स्थापित करेगी जिससे की छात्र व देश का कल्याण होगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. भारत की नई शिक्षा नीति 2020- डॉ. हेमलता वर्मा, डॉ. आदर्श कुमार

2. उच्च शिक्षा के विशेष संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि–विरेन्द्र सिंह, कुकन देवी
3. Kumar,k (2005) Quality of Education at the begininng of the 21st Century- Lesson from India.
4. www.yojna.gov.in
5. www.nationaleducationpolicy2020.com
6. https://www.education.gov.in
7. https://leverageedu.com
8. https://m.economictimes.com

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# महिला सशक्तिकरण में राजनीतिक सहभागिता की भूमिका (विकास खण्ड माछरा, मेरठ का एक अध्ययन)

**कु. मोहिनी***

* शोधार्थिनी (समाजशास्त्र) एन. ए. एस. कॉलेज, मेरठ (उ.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** सशक्तिकरण की प्रक्रिया महिलाओं को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में शक्ति प्रदान करती है। शक्ति का आभास व्यक्ति में नेतृत्व क्षमता को उत्पन्न करता है। राजनीतिक क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं की राजनीति में सहभागिता को बढ़ाना आवश्यक है। महिलाओं की न्यून राजनीतिक सहभागिता विभिन्न अध्ययनों का विषय रही है क्योंकि राजनीति निर्णय निर्माण प्रक्रिया का महत्वपूर्ण क्षेत्र है। जहाँ कि राजनेताओं द्वारा लिए निर्णय समाज को प्रभावित करते है। राजनीति में शक्ति निहित है, जो कि अन्य सामाजिक संस्थाओं पर विधि के द्वारा अपने निर्णयों को लागू करती है। राजनीतिक पद पर आसीन व्यक्ति के पास सत्ता केन्द्रित होती है, जो कि उसे समाज के लिए वैधानिक निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है। विश्व स्तर पर यदि देखें तो महिलाओं की राजनीति में सहभागिता बहुत कम है। विश्व की आबादी का आधा भाग है, लेकिन राजनीतिक स्तर पर राष्ट्रीय संसद में उनकी सहभागिता पचास प्रतिशत भी नहीं है। वर्तमान में सभी सरकारों व संस्थाओं द्वारा इस बात पर बल दिया जाने लगा है कि महिला व पुरुष का राजनीति में प्रतिनिधित्व समान अनुपात में होना चाहिए।

**शब्द कुंजी –** सशक्तिकरण, राजनीतिक जागरूकता, राजनीतिक सहभागिता।

**प्रस्तावना –** सशक्तिकरण जो कि एक बहुआयामी अवधारणा है। जिसका सम्बन्ध व्यक्ति की सामाजिक उपलब्धियों, आर्थिक और राजनीतिक सहभागिता से जुड़ा होता है। सशक्तिकरण एक सतत् प्रक्रिया है जिसका सम्बन्धा निर्णय लेने की क्षमता लोकतान्त्रिक माध्यम से दूसरों की धारणाओं को बदलने की क्षमता, परिवर्तन के सम्बन्ध में सकारात्मक सोच आदि से है। बाटलीवाला (1994) के अनुसार, सशक्तिकरण का अर्थ संसाधनों (भौतिक तथा बौद्धिक) तथा विचारधारा पर नियंत्रण से है। यह मौजूदा शक्ति सम्बन्धों को चुनौती देने की और शक्ति के स्त्रोत पर अधिक नियंत्रण पाने की प्रक्रिया है अर्थात् सशक्तिकरण का तात्पर्य शक्ति की वृद्धि से है। सुषमा सहाय (1998) के अनुसार सामान्य रूप से सशक्तिकरण का अर्थ शक्ति के पुनर्वितरण से है, जो कि पुरूष प्रभुत्ता और पित्रसत्तात्मक विचारधारा को चुनौती देता है। महिला सशक्तिकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें शक्ति निहित है अर्थात् समाज में परंपरागत रूप से चली आ रही अन्यायपूर्ण स्थितियों का तर्क की दृष्टि से विरोध करने व निर्णय लेने की क्षमता या सामर्थ्य है। महिला सशक्तिकरण संसाधनों पर नियंत्रण अथवा शक्ति हासिल करने और महिलाओं द्वारा निर्णय लेने की क्षमताओं पर बल देती है। महिला सशक्तिकरण की पहल सर्वप्रथम 1985 में नैरोबी में सम्पन्न अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में की गयी थी। इसके बाद विश्व के सभी भागों में इसने एक आन्दोलन का रूप ले लिया। महिला सशक्तिकरण का सामान्य अर्थ महिला को शक्ति सम्पन्न बनाना है। जबकि विशिष्ट अर्थ में समाज की शक्ति संरचना में महिला के पद स्थिति को सुद्धारण प्रदान करना है। अर्थात् महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं में वैधानिक, सामाजिक, राजनीतिक सभी क्षेत्रों में निर्णय लेने की स्वायत्तता से है।

1995 में बीजिंग में महिलाओं के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भी इस बात पर बल दिया गया कि समाज में विकास, शांति व समानता के लिए आवश्यक है कि महिलाऐं सशक्त हो तथा समानता के आधार पर प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की निर्णय प्रक्रिया में सहभागिता हो। अत: सशक्तिकरण वह प्रक्रिया है जिसमें महिलाऐं विकास की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से सहभागी होती है। महिलाओं को सशक्त करने के लिए सरकार द्वारा संविधान में 73 वें तथा 74 वें संविधान संशोधन द्वारा पंचायतीराज तथा नगर निकायों में आरक्षण प्रदान किया गया है, ताकि राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता को बढ़ाया जा सके। अत: सशक्तिकरण एक सतत् प्रक्रिया है जो समाज में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक सभी क्षेत्रों में महिलाओं को समानता तथा स्वायत्ता रूप से निर्णय लने की प्रक्रिया में सक्षम बनाती है। महिला सशक्तिकरण को मापने के लिए विभिन्न अध्ययनों में शिक्षा, संसाधनों पर नियंत्रण और उनकी सुलभता, आत्मनिर्भरता, सम्मान, अधिकारों के लिए संघर्ष, शक्ति, स्वतंत्रता, स्वायत्तता, निर्णय लेने की क्षमता के सन्दर्भ में महिला की शक्ति आदि सूचकों का प्रयोग किया गया है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की मानव विकास रिपोर्ट 1995 में मानव विकास के दो सूचकांक : लिंग आधारित विकास सूचकांक तथा लिंग आधारित सशक्तिकरण सूचकांक है। जी. डी. आई. में महिला तथा पुरुष में आधारभूत आवश्यकताओं के आधार पर असमानता को आँका जाता है। जीईएम एक ऐसा सूचक है जिसके द्वारा महिला की राजनीतिक सहभागिता आर्थिक सहभागिता तथा आर्थिक संसाधानों पर नियंत्रण को मापा जाता है। भारत की 2020 की रिपोर्ट में विश्व में मानव विकास सूचकांक मूल्य 0.645 है जो कि विश्व के देशों की अपेक्षा कम है।

सशक्तिकरण की प्रक्रिया महिलाओं को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में शक्ति प्रदान करती है। शक्ति का आभास व्यक्ति में नेतृत्व क्षमता को उत्पन्न करता

है। इस अध्ययन में उत्तरदात्रियों द्वारा क्षेत्र विशेष की समस्या को निगम की बैठक में उठाना, राजनीतिक बैठक का नेतृत्व करना, स्वयं के दल की किसी इकाई की अध्यक्ष, महिला का चयन राजनीतिक दल द्वारा राष्ट्रीय स्तर की बैठक में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने हेतु तथा महिलाओं के संस्था में किसी कमेटी की अध्यक्ष, क्षेत्र का नेतृत्व कर कॉलोनी की समस्या को सांसद / विधायक के समक्ष उठाना, संस्था में किसी सेमिनार का आयोजन आदि के आधार पर नेतृत्व विशेषताओं का अध्ययन किया गया है।

किसी भी व्यक्ति की राजनीतिक जागरूकता से तात्पर्य राजनीतिक परिदृश्य के बारे में ज्ञान से है। यह राजनीतिक संस्थाओं व प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी के साथ राजनीतिक व्यवस्था के प्रति समझ को प्रदर्शित करता है। यह वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से व्यक्ति राजनीतिक व्यवस्था व मूल्यों के प्रति चेतना विकसित करते है, उनमें रूचि लेते है तथा इसके फलस्वरूप व्यक्ति देश में हो रही विभिन्न राजनीतिक घटनाओं तथा परिवर्तन के विषय में जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित होता है। राजनीतिक जागरूकता का स्तर उच्च होना लोकतंत्र के सफल संचालन में दूरगामी परिणामों का द्योतक है। भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के फलस्वरूप स्त्री– पुरूष समानता के प्रावधान है। महिला पुरुष समानता के सिद्धान्त को कानूनी मान्यता के बावजूद भी आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में महिला भागीदारी कम है। बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में महिलाओं की क्रियाशीलता सार्वजनिक तथा राजनीतिक क्षेत्र में कम थी। भारत में महिलाओं को मताधिकार के पश्चात् महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता की स्थिति में परिवर्तन हुआ तथा भारत में राजनीतिक क्षेत्र में कुछ ही महिलाएँ सक्रिय हुई। महिलाओं की राजनीतिक क्षेत्र में रूचि एवं सहभागिता बढ़ाने में भारतीय महिला संघ, भारतीय महिलाओं की राष्ट्रीय परिषद् तथा अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन संघों की ऐतिहासिक शुरूआत ने महिला मुद्दों को व्यापक राष्ट्रवादी स्वरूप प्रदान किया।

विश्व के अधिकांश देशों में राजनीति में महिलाओं की सहभागिता कम ही है। महिलाएं विश्व की आबादी का आधा भाग है लेकिन विश्व के विभिन्न देशों की संसद में महिला प्रतिनिधित्व मात्र 20.87 प्रतिशत है। विश्व के सभी देशों में महिलाओं को वैधानिक राजनीतिक अधिकार प्राप्त है, लेकिन राजनीति में भी लैंगिक असमानता व्याप्त है। विश्व स्तर पर राजनति में महिला सहभागिता बहुत कम है। विश्व में विकसित देशों में महिला सहभागिता कम है। संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्र प्रमुख पद पर एकमात्र पहली बार कमला हैरिस उपराष्ट्रपति बन पायी है, जबकि श्रीलंका, फिलीपीन्स, इंडोनेशिया तथा भारत में महिलाएं राष्ट्र प्रमुख के पद पर आसीन रही है।

राजनीतिक क्षेत्र में महिला सहभागिता अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा कम है। महिलाओं की शिक्षा तथा परम्परागत पुरूष प्रधान रोजगार क्षेत्रों में संख्या बढ़ी है लेकिन राजनीतिक क्षेत्र में अभी महिलाओं को दोयम दर्जा प्राप्त है। पुरुष प्रधान राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की संख्या बहुत कम है तथा वे इस क्षेत्र में अभी बूँद मात्र है।

राजनीतिक क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं की राजनीति में सहभागिता को बढ़ाना आवश्यक है। महिलाओं की न्यून राजनीतिक सहभागिता विभिन्न अध्ययनों का विषय रही है क्योंकि राजनीति निर्णय निर्माण प्रक्रिया का महत्वपूर्ण क्षेत्र है। जहाँ कि राजनेताओं द्वारा लिए गए निर्णय समाज को प्रभावित करते है। राजनीति में शक्ति निहित है, जो कि अन्य सामाजिक संस्थाओं (परिवार, शिक्षा आदि) पर विधि के द्वारा अपने निर्णयों को लागू करती है। राजनीतिक पद पर आसीन व्यक्ति के पास सत्ता केन्द्रित होती है, जो कि उसे समाज के लिए वैधानिक निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है। विश्व स्तर पर यदि देखें तो महिलाओं की राजनीति में सहभागिता बहुत कम है। विश्व की आबादी का आधा भाग है, लेकिन राजनीतिक स्तर पर राष्ट्रीय संसद में उनकी सहभागिता पचास प्रतिशत भी नहीं है। इस तथ्य को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा भी विभिन्न सम्मेलनों में उठाया गया है तथा इस बात पर बल दिया गया कि महिला व पुरुष का राजनीति में प्रतिनिधित्व समान अनुपात में होना चाहिए। व्यक्ति की राजनीतिक सक्रियता की प्रेरणा क्या है? किसी देश में राजनीतिक प्रवेश की प्रथम सीढ़ी केवल राजनीतिक दल की सदस्यता प्राप्त करना ही नहीं है वरन् महिलाओं के राजनीति में प्रवेश के लिए प्राथमिक स्तर पर महिला में राजनीतिक महत्वकांक्षा का होना जरूरी है। द्वितीय, राजनीतिक दल द्वारा समर्थन प्राप्त करना, तृतीय, प्रतिनिधि के रूप में जनमत का समर्थन तथा चतुर्थ स्तर पर महिलाएं राष्ट्रीय व स्थानीय विधायिकाओं में प्रवेश करती है। नोरिस ने महिलाओं की राजनीतिक सक्रियता का मॉडल दिया है जिसे माटलैन्ड द्वारा परिष्कृत किया गया है। माटलैण्ड के अनुसार महिलाओं में राजनीति में प्रवेश के लिए राजनीतिक महत्वकांक्षा, संसाधन होने जरूरी है तथा राजनीतिक दल द्वारा चुनावों में उम्मीदवार के रूप में समर्थन प्राप्त होना चाहिए तथा अंतिम चरण के रूप में मतदाता द्वारा मत देकर विधायक के रूप में चुना जाना चाहिए।

**साहित्य–समीक्षा**

उमेश प्रताप सिंह एवं राजेश कुमार गर्ग ने (2012) 'महिला सशक्तिकरण विभिन्न आयाम' में महिला सशक्तिकरण के ऊपर प्रकाश डाला है। महिला सशक्तिकरण की वर्तमान में प्रासंगिकता को बताते हुऐ आज के युग में महिला किस प्रकार सशक्त हो रही है का विवेचन किया है तथा उसे बताने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार महिला अपने अस्तित्व की पहचान कर रही है।

रोहित मिश्रा ने (2011) 'समाज कार्य एवं महिला सशक्तिकरण' में महिला सशक्तिकरण के ऊपर प्रकाश डाला है। विश्व की लगभग आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं द्वारा किया जाता है परन्तु वे समाज में है पाए जाने वाले उपलब्धा संसाधनों के आधो पर अधिकार रखते हुऐ भी उसका लाभ नहीं उठा पाती है। यद्यपि सरकारी स्तर पर महिलाओं के लिए अनेक विधिक प्रावधान है परन्तु उनकी पहुँच उन तक नहीं हो पा रही है। प्रस्तुत पुस्तक में वैश्विक स्तर पर महिला अधिकारी की स्थिति का वर्णन करते हुऐ महिलाओं की भूमिका और महिला सशक्तिकरण का वर्णन किया हैं।

डॉ. संगीता विजय (2011) ने अपनी पुस्तक 'महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता एक तुलनात्मक अध्ययन', में लेखिका ने महिला राजनीतिक सहभागिता के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक परिप्रेक्ष्य का विवेचन किया है। भारत संघ के राजस्थान राज्य के विकसित एवं पिछड़े जिलों की महिलाओं की मतदाता एवं प्रतिनिधि के रूप में राजनीतिक जागरूकता अभिमुखीकरण, राजनीति के प्रति में अनुक्रियाएँ, अभिमत एवं राजनीतिक सहभागिता का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया है।

निशांत सिंह ने (2008), 'महिला राजनीति और आरक्षण' में महिला

आरक्षण बिल तथा राजनीति में महिला आरक्षण का उल्लेख किया है। भारत में राजनीति का आधार पंचायती राज व्यवस्था है। राजनीति में भागीदारी और सत्ता में हिस्सेदारी को किसी भी वर्ग में विकास का पैमाना माना जाता है। लेखक ने स्पष्ट किया है कि महिलाएँ विकास के मामले में अभी काफी पीछे है। महिलाओं को विकास में हिस्सेदारी देने के लिए जरूरी है कि राजनीति में उनकी भागीदारी हो। इस सबके लिए ना केवल पंचायती राज स्तर पर वरन् विधायिका एवं संसद में भी महिला आरक्षण आवश्यक है।

**शोध-शीर्षक** –'महिला सशक्तिकरण में राजनीतिक सहभागिता की भूमिका'

**शोध के उद्देश्य:**

1. क्या महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी से महिलाएं सशक्त होती है।
2. क्या महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता से परिवार में उनकी स्थिति सुदृढ़ हुई है।
3. क्या महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता से उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार हुआ है।
4. क्या राजनीतिक सहभागिता से महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है ।
5. क्या महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता से लैंगिक असमानता मे कमी हुई है।
6. क्या स्थानीय चुनावों में महिला आरक्षण के द्वारा महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिला है।

**शोध प्रविधि –** प्रस्तुत शोध में वर्णनात्मक शोध विधि के अंतर्गत सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

**शोध की जनसंख्या व प्रतिदर्श –** प्रस्तुत शोध पत्र हेतु मेरठ जनपद के विकास खण्ड माछरा का चयन शोध पत्र में किया गया है। प्रस्तुत शोध हेतु न्यादर्श के लिए यादृच्छिक प्रतिदर्शन विधि द्वारा 200 महिलाओं का चयन प्रतिदर्श के रूप में किया गया है।

शोध उपकरण प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु आँकड़ों को एकत्रित करने के लिए स्वनिर्मित साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत सांख्यिकीय विधि आँकड़ों की व्याख्या हेतु सांख्यिकीय विधि के अन्तर्गत प्रतिशत विधि का प्रयोग किया गया है। प्रदत्तों का विश्लेषण, परिणाम एवं व्याख्या प्रदत्तों का संकलन करने के पश्चात् प्राप्त प्रदत्तों की परिकल्पना के अनुसार विश्लेषण एवं व्याख्या उत्तरदात्रियो की आयु, जाति, शैक्षिक स्तर, वैवाहिक स्थिति के आधार पर वर्गीकरण किया गया है–

कुल उत्तरदाताओं का आयु के आधार पर 18-25 वर्ष आयु की 17 प्रतिशत, 26-35 वर्ष की 55.5 प्रतिशत एवं 36 से अधिक आयु की 27.5 प्रतिशत महिला थी। उत्तरदाताओं की जाति संरचना का वर्गीकरण करने पर ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 39 प्रतिशत सामान्य वर्ग से, 32.5 प्रतिशत उत्तरदाता अन्य पिछड़ा वर्ग से एवं 28.5 प्रतिशत उत्तरदाता अनुसूचित जजाति से संबंधित है। वैवाहिक स्थिति के अनुसार 77.5 प्रतिशत महिलाएँ विवाहित व 22.5 प्रतिशत महिलाएँ अविवाहित है तथा शैक्षिक स्तर के अनुसार कुल उत्तरदाताओं में से 75 प्रतिशत शिक्षित व 25 प्रतिशत अशिक्षित है।

**1. महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी से क्या महिला सशक्त होती है ?**

**तालिका-1**

| क्र. | विवरण | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हाँ | 145 | 72.5 |
| 2 | नहीं | 55 | 27.5 |
| | कुल योग | 200 | 100 |

जब उत्तरदात्रियो से पूछा गया कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी से क्या महिला सशक्त होती है? तो लगभग तीन-चौथाई उत्तरदात्रियो ने माना कि राजनीतिक भागीदारी से महिलाएँ आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनती है।

स्वस्थ प्रजातांत्रिक समाज के लिए महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी आवश्यक है राजनीति में महिलाओं के प्रवेश के लिए आवश्यक है कि उन्हें इस क्षेत्र में पुरूषों के समकक्ष अवसर दिये जाये ताकि वे महिला अधिकारी की सुरक्षा के साथ-साथ देश और समाज के विकास में भी अपना योगदान दे सकें।

**2. क्या महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता से परिवार में उनकी स्थिति सुदृढ़ हुई है?**

**तालिका-2**

| क्र. | विवरण | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हाँ | 167 | 83.5 |
| 2 | नहीं | 33 | 16.5 |
| | कुल योग | 200 | 100 |

पारिवारिक संस्था के कारण महिलाओं की राजनीति में भागीदारी प्रभावित होती है। महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी से परिवार में महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन आया है।

प्रस्तुत तालिका संख्या 2 से स्पष्ट है कि 83.5 प्रतिशत उत्तरदात्रियों का कहना है कि राजनीतिक भागीदारी से परिवार में उनकी स्थिति सुदृढ़ हुई है परन्तु 16.5 प्रतिशत उत्तरदात्रियों का कहना है कि राजनीतिक भागीदारी से परिवार में उनकी स्थिति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

**3. क्या महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता से उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार हुआ है?**

**तालिका-3**

| क्र. | विवरण | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हाँ | 181 | 90.5 |
| 2 | नहीं | 19 | 9.5 |
| | कुल योग | 200 | 100 |

महिलाओं की सामाजिक स्थिति और प्रतिष्ठा राष्ट्रीय चरित्र को प्रभावित करती है यदि स्त्रियाँ पिछड़ी हुई है तो घर, परिवार, समाज, राष्ट्र और विश्व सभी पिछड़ जायेगें।

पारिवारिक एवं सामाजिक परिवेश में लेखिका ने परिवार की वर्तमान स्थिति, स्त्री–पुरूष सम्बन्ध, महिलाओं का कार्यक्षेत्र एवं परिवार में उसकी भूमिका, उसके व्यक्तित्व, विचार एवं दृष्टिकोण का वर्णन किया है तथा उसके विचारों पर वर्तमान जीवन की परिस्थितियों से पड़ने वाले प्रभाव को उजागर किया हैं। उसके हिस्से की धुप, चितकोबरा एवं कठगुलाब उपन्यासों में स्त्री–पुरूष सम्बन्धों एवं संवेदनाओं का वर्णन करते हुए उनकी सुक्ष्म अनुभूतियों को उजागर किया है।

आज के युग में अर्थ व्यक्ति की बहुत सी मूल प्रवृतियों की दिशा तय करती है। व्यक्ति अधिक से अधिक धन कमाने एवं प्राप्त करने के लोभ से नैतिक एवं चारित्रिक मूल्यों से समझौता कर लेता है एवं मानवीय संवेदनाएँ पंगु हो जाती हैं। राजनीति में स्त्रियों की भूमिका व स्थिति को भी मृदुला गर्ग ने उजागर किया है हालांकि इसका वर्णन कम ही है। धार्मिकता का वर्णन भी लेखिका ने बहुत कम किया है। लेखिका महानगरीय बोध एवं भौतिकतावाद से उत्पन्न पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक एवं राजनीतिक वातावरण में नारी के व्यक्तित्व, विचार एवं सीमाओं का वर्णन कर नयें मूल्यों एवं दिशाओं के निर्धारण में प्रयारत है।

बदलते परिवेश में स्त्री के अन्तर्भाव, स्वतंत्रता, विचारों एवं सीमाओं का लेखिका ने अनुभवजन्य संवेदना के साथ चित्रित किया है। मृदुला गर्ग ने इन परिस्थितियों को स्वयं ही झेला है, उससे लड़ी है तब उपन्यासों में अभिव्यक्त किया है।

**पारिवारिक वातावरण –** पति–पत्नी के सम्बन्ध ही पारिवारिक जीवन की आधार शिला है। इनका आपसी सहयोग एवं प्रेम ही परिवार की प्रगति एवं उन्नति का आधार है। लेकिन वर्तमान में हम पिछले कुछ दशको से देख रहे हैं कि इनके आपसी मन–मुटाव एवं प्रेम के अभाव में परिवार का विघटन हो रहा है।

मृदूला गर्ग के साहित्य में परिवार के पाट में पीसती नारियाँ, पतियों के साथ बनते–बिगडते रिश्तें, आर्थिक जिम्मेंदारियों का बोझ, आत्मीय प्रेम के अभाव से जुझती स्त्रियों के चित्र सर्वत्र दिखाई देते हैं।

1. एकल परिवार
2. दाम्पत्य जीवन की विह्यलताएँ
3. अकेलापन/अजनबीपन

निष्कर्ष रूप में हम कह सकते हैं कि व्यक्ति परिवार में रहते हुए भी अपने अंदर अकेलापन व अजनबीपन महसुस करता है। मृदुला गर्ग कहती है कि 'सम्बन्धों को व्यावसायिक दृष्टि से ना देखा जाए। उनके अनुसार परिवार ही हमें सर्वाधिक शक्ति, पारस्परिक स्नेह और सुरक्षा, सौहाद्र देता है' वो कहती है कि सबसे प्रबल भावना जो परिवार को बनाए रखती है वह सुरक्षा की भावना ही है। सबसे बड़ी सुरक्षा भावनात्मक सुरक्षा होती है क्योंकि मुसीबत के समय व्यक्ति को जो भावनात्मक सुरक्षा चाहिए, वह उसे अपने परिवार से ही मिल सकती है।

**सामाजिक भावनाएँ –** व्यवस्थित रूप में बन्धित व्यक्तियों के मध्य पाये जाने वाले सम्बन्धों की व्यवस्था को समाज कहते हैं।

'समाज पृथक–पृथक व्यक्तियों का एक यान्त्रिक समूह है। व्यक्ति एक दूसरे से स्वतंत्र है, वे स्वतंत्र जीवन–यापन करते हैं, उनका एक दूसरे से समझौता होता है और समाज रचना हो जाती है।'

1. बालिका जन्म
2. विवाह
3. कृत्रिमता
4. वृद्धावस्था

इस प्रकार निष्कर्ष रूप में हम सकते हैं कि वृद्धावस्था में वृद्धजन किसी पर आश्रित न रहकर अपने दम पर जीना चाहते हैं, खुली हवा में स्वतंत्र होकर जीना चाहते हैं। साथ ही परिवार में आत्म सम्मान के साथ रहना चाहते हैं।

**आर्थिक परिस्थितिया –**भारतीय जनता में आर्थिक असमानता के कारण असंतोष की भावना जाग्रत होने लगी। भ्रष्टाचार, कालाबाजारी, गरीबी, भूख आदि जनसामान्य के जीवन को खोखला करते जा रहे थे और जीवन का विधायक अर्थ बन चुका था तथा मानव का मूल्यांकन धन के आधार पर होने लगा।

आधुनिक युग में पति पत्नी के बीच भी सम्बन्ध व्यावसायिक होते जा रहे हैं और मीता जैसी आत्म निर्भर लड़कियां भी आर्थिक शोषण का शिकार बनती जा रही है। पति–पत्नी के आत्मिक संबंधों को भी पैसे ने किस कदर खोखला बना दिया है यह हम मेरा कहानी में देख सकते हैं। साथ ही यह सत्य की उद्घाटित करता है कि स्त्री की आत्म निर्भरता एवं आत्म विश्वास उसे बड़े से बड़ा निर्णय लेने में शक्ति देता है। अर्थ के कारण ही नारी को पर निर्भरता से

मुक्ति मिली है साथ ही वह दूसरों पर निर्भर होने से उसके मन में जो हीन भावना थी उससे भी उसे मुक्ति मिली है तथा अपने प्रति किसी प्रकार का शोषण होने पर विरोध प्रकट करने में भी सक्षम हुई है।

स्त्री जब आर्थिक रूप से सुदढ़ होती है तो उसके पास सभी साधन होते हैं तथा वह आत्म विश्वासी एवं विचारों से दृढ़ हो जाती है। इसी कारण पुरूष उससे डरते है। आमतौर पर देखा जाता है कि पुरूष स्त्री को कमजोर करने के लिए हर तरह के पैंतरे आजमाता है ताकि स्त्री में हीन भावना जाग्रत हो सकें और वह किसी प्रकार का दुस्साहस ना कर सकें।

निष्कर्ष रूप में हम कह सकते हैं कि मृदुला गर्ग की कहानियों में नारी में आत्मनिर्भरता की सोच को विकसित करते हुए आत्म निर्भर बनाया है।

**राजनैतिक गतिविधियाँ –** मृदुला गर्ग द्वारा राजनीति के छोटे-बड़े टुकड़ों को एवं कूटनीति के तमाम कोणों को अपने लेखन द्वारा उकेरने का भरसक प्रयास किया गया जिसमें वह काफी सफल भी रही है। हमारे भारत के इतिहास में चीन-पाक विभाजन, हत्याकण्ड आदि जैसी कई सनसनी खोज खबरें भरी पड़ी हैं। इन्ही खबरों में मृदुला गर्ग आज का रंग चढ़ाकर कुछ संदेश देती है।

साम्प्रदायिकता की जिस आग ने आज हमारे दिलों में एक दुसरे की परवाह को समाप्त कर दिया है साथ ही हमारे जजबातों को आपसी रिश्तों में खटास भर दी है मृदुला गर्ग उन्हीं रिश्तों में पुन: स्नेह, लगाव कायम करना चाहती है। उसके पश्चात नायिका ने अपना सम्पूर्ण जीवन लाचार एवं बेसहारा लोगों की सहायता में लगा दिया। अपने इस निर्णय को पत्र के माध्यम से अपने से, अपने माता-पिता को भी सुचित कर देती है। इस पत्र में उसके विचारो में आजादी थी साथ ही दम घोंटू समाज से वह खुले आसमान में उड़ रही थी।

मृदूलाजी ने आपातकालीन स्थिति में जो महसुस किया उसे ही कथा के रूप में प्रस्तुत किया। सम्पूर्ण कहानी में आपातकाल की भयावहता के चित्र चित्रित होते है।

1. साम्प्रदायिकता
2. अक्टूबर 1962 का भारत-चीन हमला
3. गाँधी चिंतन का पतन
4. राजनीति का ह्रासोन्मुख रूप

उपर्युक्त उदाहरण आज के सन्दर्भ में भी सटीक बैठते हैं। कौम के नाम पर नौजवान आतंकवादियों को पैदा करने वाले लश्कर-ए-तालिबान आदि संघ इंसानियत से घृणा करने वाले है। नौजवान रास्ता भटककर मरने या मारने पर उतारू रहते है।

**धार्मिक परिवेश –**भारतीय परम्परा में धर्म की एक विशिष्ट अवधारणा है। सामान्य धर्म के अन्तर्गत वे सार्वभौमिक आचरण से सम्बन्धित नियम आते है जिन्हे प्रत्येक सदस्य द्वारा अनुकरणीय माना जाता है। कहा जाता है कि धर्म का उद्देश्य समाज में मानवीय मूल्यों की प्रतिष्ठा करना है। 'धर्म अर्थात धारण करने योग्य कर्म ही धर्म है।' मनु ने इस सन्दर्भ में सत्य, अंहिसा, अस्तेय, शौच, इन्द्रिय-निग्रह आदि का उल्लेख किया है। दार्शनिक दृष्टि से देखें तो धर्म के अन्तर्गत वे आयाम आते हैं जो सत्य अथवा आधारभूत मानवीय लक्ष्य एवं मूल्यों को संदर्भित करते हैं। धर्म ना केवल सामाजिक व्यवहार का निर्धारक है अपितु वैयक्तिक आचरण का भी निर्धारण करता है। धर्म पर चलकर व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत उन्नति अवश्य कर सकता है पर यह तभी कर सकता है जब वह अपने कर्तव्य पालन एवं सामाजिक सदाचार को पूर्ण करता है। धर्म सम्पूर्ण रूप से जीने का एक तरीका है। वह विश्वासों से अधिक जीने की प्रक्रिया पर आधारित है। प्राचीन शास्त्रों में सिर्फ 'धर्म' शब्द ही मिलता है और उसके पूर्व तीन शब्द ही पायें जाते हैं – मानव धर्म, सनातन धर्म, आर्य धर्म। भारतीय चिन्तकों कें अनुसार धर्म विशिष्ट पूजा-पद्धति या ईश्वर की पूजा अर्चना करना नहीं रहा है। धर्म को हम कर्तव्य परायणता के रूप में परिभाषित कर सकते हैं। धर्म शास्त्रों में पूजा पद्धति नहीं अपितु सामाजिक, राजनैतिक चिन्तन एवं व्यक्ति के आचार व्यवहार सम्बन्धी निर्देश हैं। डॉ. प्रशान्त त्रिपाठी अपनी पुस्तक 'स्मृति विमर्श धर्म शास्त्रों का समाज शास्त्रीय संदर्भ में' कहते हैं 'जीवन के किसी भी क्षेत्र में, जो कुछ धर्मयुक्त है, वही स्वीकार्य है, मान्य है, ग्राह्य है और जो कुछ अधर्मयुक्त है, वह त्याज्य है। धर्म ही सुख का मूल है।' इन सभी व्याख्यानों के उपरांत भी धर्म का अर्थ ईश्वरीय सत्ता के साथ भी है। आज के इस आधुनिक समय में विश्वास दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। और कहीं कहीं यह विश्वास 'अंधविश्वास' में परिणित भी हुआ है।

आज हमारे समाज में धर्म के नाम पर कहीं अंध विश्वास फैले हुए हैं पर साथ ही कई ऐसे मसलों को भी मानने से इंकार करते हैं जो आज के समय में मानवता के लिए जरूरी है। उदाहरण स्वरूप मुसलमानों का मजबह कितनी हीं संतानों को जन्म देने को हामी भरता है और उसे खुदा की देन मानता है। मानते हैं कि बच्चें ईश्वर का रूप होते हैं परन्तु बढ़ती आबादी को देखते हुए नियम पालन करना भी जरूरी है। यहम दो, हमारे दोय क नारे को सभी धर्मो को मानना चाहिए।

हम ईश्वर से कार्य सिद्धि के लिए प्रसाद चढ़ाने का वादा करते हैं। आधुनिक युग में आज कुण्डिलयों का मिलाना धार्मिक अंध विश्वास है जिसक वजह से कभी-कभी लड़कियों को ना चाहते हुए भी कुँवारी रह जाना पड़ता है।

आज भी यदि हमें कोई मंदिर के दर्शन के लिए कहता है तो हम उसे सीधे मना नहीं कर सकते हैं क्योंकि हमें डर रहता है कि यदि ऐसा कहेंगे तो भगवान हमें श्राप दे देंगे। ऐसा ही कुछ यनेति-नेति' कहानी में दर्शाया गया है।

इसमें मास्टर श्यामल को जब उसका दोस्त दर्शन के लिए कहता है तो मास्टर श्यामल सोचता है यजब कोई पूछता है मंदिर चलेंगे तो मुंह खोलकर साफ साफ न कहना मुश्किल हो जाता है। पता नहीं क्यों?'

अंत में वह दोनों मंदिर दर्शन करने जाते हैं, रास्ते में साथी पूछता रहता है कि भगवान हैं? इस सवाल का जवाब श्यामल मास्टर भी खोज रहे थे। इसी तरह के विचार 'वितृष्णा', 'तीन किलों की छोटी', 'रेशम' आदि कहानियों में मिलते हैं। सारांश में मृदुला गर्ग कहती हैं कि धर्म के कई पहलू हैं तो हमें सही का चुनाव कर मानवता की रक्षा करनी चाहिए। धर्म ने इन्सान को नहीं इन्सान ने धर्म को बनाया है।

**प्रेम संवेदना –**मृदुला गर्ग के दो उपन्यासों में प्रेम एवं यौन सम्बन्धी भावनाओं का चित्रण अधिकाधिक किया गया है जिसमें लेखिका ने पति के रहते हुए पर पुरूष के साथ कामनाओं में लिप्त स्त्री पुरूषों के खुल चरित्रों को दर्शाने का प्रयास किया गया है। लेखिका द्वारा ऐसा चित्रण 'उसके हिस्से की धूपय एवं 'चित्तकोबरा' नामक उपन्यास में किया गया।

प्राचीनकाल की ओर देखें तो हम पायेंगे कि हमारे देश में, कभी भी कामवासना को मुक्त रूप से स्वीकार नहीं किया गया है। हमारी ऐसी भारतीय सभ्यता-संस्कार को देखकर पश्चिमी राष्ट्र के लोग भी शर्म से अपना सर

झुका लेते हैं। परन्तु अब समय बदल रहा है। हमारे देश के वातावरण में भी अब अश्लीलता की बू आने लगी है।

हमारे यहाँ के वातावरण में जो अश्लीलता की बू आने लगी है उसकी वजह पाश्चात्य देशों का प्रभाव हमारे देश पर काफी पड़ रहा है जिससे हमारे समाज में अश्लील वातावरण बन रहा है। खासकर यह प्रभाव भारतीय उच्च खानदानों में दिखाई देता है, जहां सम्पूर्ण रूप से युवा पीढ़ी स्वतन्त्र है।

मृदुला गर्ग ने उन सभी प्रकारों के विचारों का अध्ययन करके अपने उपन्यासों को आकार देने का प्रयास किया है। इन दोनों उपन्यासों में जो प्रेम एवं यौन भावनाएँ हैं इनका लेखक एवं समीक्षकों की दृष्टि में क्या स्थान है यह देखना भी हमारे लिए महत्वपूर्ण है।

1. उसके हिस्से की धूप
2. चित्तकोबरा
3. कितनी कैदें
4. हरी बिंदी
5. अगर यों होता
6. अवकाश
7. रूकावट

आठवें दशक की प्रसिद्ध उपन्यासकार कथाकार एवं नाटककार मृदुला गर्ग न केवल उच्च कोटि की साहित्यकार है बल्कि आधुनिक युग की चिंतक भी हैं उन्होंने आधुनिक युग की संवेदनशीलता को अपने लेखन एवं सृजन का आधार बनाया है। वैश्वीकरण एवं भूमण्डलीकरण के दौर में समाज पर पड़ने वाले अच्छे एवं बुरे प्रभावों को उजागर करते हुए उन्होंने वास्तविक परिवार समाज एवं देश में महिला की भूमिका उसकी स्वतंत्रता एवं समानता की मांग को लेखिका ने चित्रित किया है। वह सामाजिक न्याय के आधार पर नये मूल्यों का निर्माण करना चाहती हैं। वह स्त्री में भी पुरानी एवं सड़ी–गली मान्यताओं के गुण देखना नहीं चाहती है बल्कि उससे मुक्त होकर नारी को सशक्त, स्वतंत्र और बुद्धिमानी के रूप में स्थापित करना चाहती है। वह जानती है कि स्त्री यदि आत्मनिर्भर बनती है तो उसमें स्वाभाविक चमक दिखाई देती है। परिवार में भी रहते हुए मृदुलापी के अनुसार स्त्री को प्रगतिशील विचारधाराओं का मानती हैं और उसे समय के साथ चलने के लिए प्रेरित करती हैं।

वर्तमान में स्त्री की भूमिका में बहुत अधिक परिवर्तन आया हैं इसमें उसे कही लाभ हुआ है तो कही सामाजिक रूढ़ियों से संघर्ष करते हुए तनाव एवं हताशा को भी झेलना पड़ा हैं स्वतन्त्रता एवं केरियर बनाने की चाह में स्त्रियों की शादी की उम्र निकल जाती है, परिवार बन नहीं पाते है। और उम्र हो जाने के बाद वह वापस अकेली पड़ जाती है। उसकी पारिवारिक एवं सामाजिक संवेदनाएँ असमय ही मरने लगती है एवं जीवन में सामजस्य के अभाव में वह हमेशा अकेलापन महसुस करती है। इस दौरान बनने वाले अवैध सम्बन्धों को भी लेखिका ने नकारा नहीं है। प्रेम को वह अमूल्य मूल्य के रूप में मानती है और उसे दाम्पत्य जीवन में भी जरूरी मानते हुए तलाक एवं अवैध सम्बन्धों की परिणीति को भी वह स्वीकार करती है इससे भारतीय परिवार व्यवस्था के टुटने का भी डर बना रहता है।

अंत में हम यह कह सकते है कि महिला लेखन की परम्परा में मृदुला गर्ग का अलग और उच्च स्थान है। वह नारी को आज के युग के साथ ही रूपायित कर उसे परिवार और समाज में स्थापित करना चाहती है। स्त्रियों में होने वाले परिवर्तन को स्वाभाविक स्थिति मानते हुए उन्हें पुरूषों की बराबरी का समझती है। और आत्म निर्भर एवं आत्मविश्वासी स्त्री के जीवन को ही श्रेष्ठ मानती है। वही स्त्री की वास्तविक सुन्दरता है जिसका दर्प या प्रकाश उसके चेहरे पर भी झलकता है। वह मानती है कि आत्म विश्वासी स्त्रियाँ ही समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकती है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. मृदूला गर्ग – त्री मन की कहानियां।
2. मृदूला गर्ग – कठ गुलाब।
3. मृदूला गर्ग – चित्रकोबरा।
4. मृदूला गर्ग – उससे हिस्से की धुप।
5. मृदूला गर्ग– कितनी केदे – अवकाश।
6. मृदूला गर्ग – दस प्रतिनिधि कहानियां।
7. मृदूला गर्ग – कथा देश।

**************

# लैंगिक असमानता और सामाजिक संरचनाः भारतीय समाज में चुनौतियाँ और समाधान

**मल्लू राम मीना***

* सह आचार्य (समाजशास्त्र) शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय, सवाई माधोपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** लैंगिक असमानता का तात्पर्य लैंगिक आधार पर महिलाओं के साथ भेदभाव से है। परंपरागत रूप से समाज में महिलाओं को कमज़ोर वर्ग के रूप में देखा जाता रहा हैं। वे घर और समाज दोनों जगहों पर शोषण, अपमान और भेद-भाव से पीड़ित होती हैं। महिलाओं के खिलाफ भेदभाव दुनिया में हर जगह प्रचलित है। भारतीय समाज में लैंगिक असमानता एक गहरी और जटिल समस्या है, जो सामाजिक संरचना के विभिन्न स्तरों पर विद्यमान है। इस असमानता के कारण महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाएं, और राजनीतिक भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सीमित अवसर मिलते हैं। पारंपरिक पितृसत्तात्मक मान्यताएँ और रूढ़िवादी दृष्टिकोण इस असमानता को और भी बढ़ाते हैं। चुनौतियों के बावजूद, समाधान के रूप में कई कदम उठाए जा रहे हैं। शिक्षा और जागरूकता अभियान, महिलाओं के लिए आरक्षण नीतियाँ, और कानूनी सुधार जैसे प्रयास लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में सहायक हो रहे हैं। हालांकि, वास्तविक बदलाव के लिए सामाजिक दृष्टिकोण में व्यापक परिवर्तन आवश्यक है। इसके लिए परिवारों, समुदायों, और संस्थानों को मिलकर काम करना होगा ताकि लैंगिक समानता को वास्तव में हासिल किया जा सके और एक न्यायसंगत समाज का निर्माण हो सके। इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य भारतीय समाज में लैंगिक असमानता के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण करना और उसके समाधान के संभावित उपायों की जांच करना है।

**शब्द कुंजी –** एसडीजी 5, लैंगिक असमानता, शिक्षा में सुधार, आर्थिक सशक्तिकरण, वन स्टॉप सेंटर।

**प्रस्तावना –**भारत जैसे विविध और जटिल समाज में लैंगिक असमानता एक गहन सामाजिक मुद्दा है। यह असमानता केवल एक व्यक्तिगत या पारिवारिक समस्या नहीं है, बल्कि यह व्यापक सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक मानदंडों का परिणाम है। लैंगिक असमानता को सामान्यत: उस स्थिति के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जहाँ किसी व्यक्ति के लिंग के आधार पर उसे कमतर समझा जाता है या उसके साथ भेदभाव किया जाता है। भारत में, यह असमानता शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, और राजनीतिक भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। लैंगिक असमानता के कारणों में सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, और राजनीतिक कारक शामिल हैं। पितृसत्तात्मक समाज में, महिलाओं को पारंपरिक भूमिकाओं में सीमित रखा जाता है और उनके स्वतंत्रता और अधिकारों को सीमित किया जाता है। इसके अलावा, सांस्कृतिक और धार्मिक विश्वास भी लैंगिक असमानता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से, महिलाओं को रोजगार के अवसरों में भेदभाव का सामना करना पड़ता है और उन्हें समान कार्य के लिए समान वेतन नहीं मिलता। लैंगिक असमानता के सामाजिक प्रभाव भी व्यापक हैं। यह असमानता न केवल महिलाओं की व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि समाज के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी बाधित करती है। महिलाओं के स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करना न केवल एक बुनियादी मानव अधिकार है, बल्कि यह टिकाऊ भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण है; यह सिद्ध हो चुका है कि महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने से आर्थिक वृद्धि और विकास में मदद मिलती है। महिलाओं को भूमि और संपत्ति, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य, तथा प्रौद्योगिकी और इंटरनेट पर समान अधिकार देना महत्वपूर्ण है। आज सार्वजनिक पदों पर पहले से कहीं अधिक महिलाएँ हैं, लेकिन अधिक महिला नेताओं को प्रोत्साहित करने से लैंगिक समानता को और अधिक बढ़ाने में मदद मिलेगी।

लैंगिक समानता न केवल एक मौलिक मानव अधिकार है, बल्कि एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और टिकाऊ दुनिया के लिए एक आवश्यक आधार है। पिछले दशकों में प्रगति हुई है, लेकिन दुनिया 2030 तक लैंगिक समानता हासिल करने की राह पर नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 5 (एसडीजी 5) का उद्देश्य लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना है। लैंगिक समानता सतत विकास के लिए आवश्यक है, क्योंकि यह महिलाओं और लड़कियों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने और अपने समुदायों और अर्थव्यवस्थाओं में योगदान करने की अनुमति देता है।

महिलाएं और लड़कियां दुनिया की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं और इसलिए इसकी आधी क्षमता भी। लेकिन लैंगिक असमानता हर जगह बनी हुई है और सामाजिक प्रगति में बाधा उत्पन्न करती है। औसतन, श्रम बाजार में महिलाएं अभी भी वैश्विक स्तर पर पुरुषों की तुलना में 23 प्रतिशत कम कमाती हैं और महिलाएं पुरुषों की तुलना में अवैतनिक घरेलू और देखभाल के काम में लगभग तीन गुना अधिक घंटे बिताती हैं। यौन हिंसा और शोषण, अवैतनिक देखभाल और घरेलू काम का असमान

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

विभाजन, और सार्वजनिक कार्यालय में भेदभाव, ये सभी बड़ी बाधाएँ बनी हुई हैं। कोविड-19 महामारी के कारण असमानता के ये सभी क्षेत्र और भी बढ़ गए हैं: यौन हिंसा की रिपोर्ट में उछाल आया है, स्कूल बंद होने के कारण महिलाओं ने ज़्यादा देखभाल का काम संभाला है, और वैश्विक स्तर पर 70प्रतिशत स्वास्थ्य और सामाजिक कार्यकर्ता महिलाएँ हैं। वर्तमान दर से, बाल विवाह को समाप्त करने में अनुमानतः 300 वर्ष लगेंगे, कानूनी संरक्षण में अंतराल को पाटने और भेदभावपूर्ण कानूनों को हटाने में 286 वर्ष लगेंगे, कार्यस्थल में सत्ता और नेतृत्व के पदों पर महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व मिलने में 140 वर्ष लगेंगे, तथा राष्ट्रीय संसदों में समान प्रतिनिधित्व प्राप्त करने में 47 वर्ष लगेंगे। लक्ष्य 5 को प्राप्त करने में आने वाली प्रणालीगत बाधाओं को दूर करने के लिए राजनीतिक नेतृत्व, निवेश और व्यापक नीतिगत सुधारों की आवश्यकता है। लैंगिक समानता एक सर्वव्यापी उद्देश्य है और इसे राष्ट्रीय नीतियों, बजटों और संस्थानों का मुख्य केंद्र होना चाहिए। हाल ही में विश्व आर्थिक मंच द्वारा ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट का 17वाँ संस्करण- ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2023 जारी की गई है, जिसमें 146 देशों में लैंगिक समानता की स्थिति का मूल्यांकन किया गया है। रिपोर्ट के 2023 संस्करण में भारत 146 देशों में 135वें (2022 में) से 127वें स्थान पर पहुँच गया है, जो इसकी रैंकिंग में सुधार का संकेत देता है। भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान 142वें, बांग्लादेश 59वें, चीन 107वें, नेपाल 116वें, श्रीलंका 115वें और भूटान 103वें स्थान पर हैं। भारत ने शिक्षा के सभी स्तरों पर नामांकन में लैंगिक समानता हासिल कर ली है जो देश की शिक्षा प्रणाली में सकारात्मक विकास को दर्शाता है। आर्थिक भागीदारी और अवसर के क्षेत्र में प्रगति भारत के लिये एक चुनौती बनी हुई है। एक दशक से अधिक की धीमी प्रगति के बाद भारत में जन्म के समय लिंगानुपात में 1.9प्रतिशत अंक का सुधार हुआ है।

**भारतीय समाज में लैंगिक असमानता का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य -** भारतीय समाज में लैंगिक असमानता की जड़ें गहरी और पुरानी हैं, जो विभिन्न ऐतिहासिक कालों में अलग-अलग रूपों में प्रकट हुई हैं। प्राचीन भारत में महिलाओं की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर थी। वेदों और उपनिषदों में महिलाओं को सम्मानित स्थान दिया गया था। शिक्षा, विवाह, धार्मिक अनुष्ठानों और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी की पुष्टि होती है। उदाहरण के लिए, गार्गी और मैत्रेयी जैसी विदुषियों ने दार्शनिक चर्चाओं में भाग लिया और उच्च सम्मान प्राप्त किया। हालांकि, समाज में वर्ग और जाति के आधार पर महिलाओं की स्थिति में अंतर था, फिर भी कुल मिलाकर महिलाओं को स्वतंत्रता और अधिकार प्राप्त थे। मध्यकालीन भारत में महिलाओं की स्थिति में गिरावट देखी गई। इस काल में विदेशी आक्रमणों, मुस्लिम शासन और सांस्कृतिक परिवर्तनों के प्रभाव से महिलाओं की सामाजिक स्थिति में गिरावट आई। पर्दा प्रथा, सती प्रथा, बाल विवाह और बहु विवाह जैसी कुप्रथाओं ने महिलाओं की स्वतंत्रता को सीमित कर दिया। औपनिवेशिक काल में ब्रिटिश शासन ने भारतीय समाज में कई सुधार किए, लेकिन महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। राजा राम मोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर और सावित्रीबाई फुले जैसे समाज सुधारकों ने महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा के लिए संघर्ष किया। इस अवधि में सती प्रथा का उन्मूलन, विधवा पुनर्विवाह का समर्थन और बाल विवाह के खिलाफ कानून जैसे सुधारात्मक कदम उठाए गए। हालांकि, पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं के प्रति गहरी जड़ें जमाए पूर्वाग्रह और भेदभाव अभी भी कायम रहे। स्वतंत्रता के बाद, भारतीय संविधान ने महिलाओं को समान अधिकार प्रदान किए और लैंगिक असमानता को समाप्त करने के लिए कई कानूनी और नीतिगत उपाय किए गए। महिलाओं को मतदान का अधिकार, संपत्ति के अधिकार, शिक्षा और रोजगार में समान अवसर प्रदान किए गए। इसके बावजूद, सामाजिक संरचनाओं और पारंपरिक मान्यताओं के कारण लैंगिक असमानता बनी रही। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति में अंतर देखा गया, और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में भेदभाव का सामना करना पड़ा। आधुनिक भारत में, महिलाओं ने शिक्षा, राजनीति, विज्ञान, खेल, और व्यापार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। बावजूद इसके, लैंगिक असमानता अभी भी व्यापक है। घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, और सामाजिक रूढ़िवादिता जैसी समस्याएं अभी भी महिलाओं के लिए बड़ी चुनौतियाँ हैं। भारतीय समाज में लैंगिक असमानता का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य यह दर्शाता है कि यद्यपि महिलाओं की स्थिति में समय के साथ सुधार हुआ है, फिर भी कई चुनौतियाँ बनी हुई हैं।

**लैंगिक असमानता के सामाजिक प्रभाव -** लैंगिक असमानता के सामाजिक प्रभाव एक समाज के विकास और समृद्धि को प्रभावित करते हैं। यह असमानता समाज के सामाजिक संरचना को विकृत करता है, विकास को रोकता है, और समाज के समानता और समृद्धि की प्रक्रिया को धीमा करता है। लैंगिक असमानता समाज में विभाजन और असंतुलन उत्पन्न करता है। इसका परिणाम है कि समाज में आत्मविश्वास, सम्मान, और सामाजिक अधिकारों की कमी होती है, जो एक स्वस्थ समाज के लिए महत्वपूर्ण है। लैंगिक असमानता समाज के विकास को धीमा करता है और आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक संसाधनों का निर्माण नहीं करता है। महिलाओं को समाज में अधिक सम्मान और समानता नहीं मिलने से, उन्हें आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए अधिक संवेदनशीलता मिलती है। लैंगिक असमानता समाज में निर्धारित भूमिकाओं का स्थापना करता है, जिससे अन्याय और असमानता को प्रोत्साहित किया जाता है। यह महिलाओं के साथ ही पुरुषों के भी परिणामस्वरूप समाज में सामाजिक और आर्थिक विकास के अवसरों को घटाता है। लैंगिक असमानता समाज में सामाजिक सुरक्षा के प्रति कमजोरी का कारण बनता है। महिलाओं को अक्सर घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, और आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी सामाजिक सुरक्षा कमजोर होती है। महिलाओं को अक्सर समाज में कम सम्मान मिलता है, जो उनकी स्वतंत्रता और सामाजिक प्रतिष्ठा को प्रभावित करता है। यह समाज के साथ ही उनके व्यक्तिगत और सामाजिक विकास को भी प्रभावित करता है। लैंगिक असमानता के सामाजिक प्रभाव को समझकर, समाज को असमानता को दूर करने और समानता को प्रोत्साहित करने के लिए सकारात्मक परिवर्तन करने की आवश्यकता है।

**लैंगिक असमानता से निपटने के लिए चुनौतियाँ -** लैंगिक असमानता एक गहरा और व्यापक सामाजिक मुद्दा है जो भारतीय समाज में कई रूपों में प्रकट होता है। इससे निपटने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी भी कई चुनौतियाँ हैं जो इस प्रक्रिया को कठिन बनाती हैं। इन चुनौतियों का गहराई से विश्लेषण करने से हमें समाधान की दिशा में सही कदम उठाने में मदद मिल सकती है।

**1. पितृसत्तात्मक संरचनाएं:** पितृसत्तात्मक सोच और प्रथाएं न केवल घरों में बल्कि कार्यस्थलों, शिक्षा संस्थानों, और सार्वजनिक जीवन में भी प्रचलित हैं। इस मानसिकता को बदलना एक बड़ी चुनौती है क्योंकि यह समाज के हर

स्तर पर मौजूद है।

**2. सांस्कृतिक और धार्मिक बाधाएं:** भारतीय समाज में कई सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताएं और परंपराएं महिलाओं के साथ भेदभाव को प्रोत्साहित करती हैं। उदाहरण के लिए, कुछ समुदायों में बाल विवाह, दहेज प्रथा, और स्त्री शिक्षा पर प्रतिबंध जैसी प्रथाएं आम हैं। इन परंपराओं को बदलना कठिन है क्योंकि ये समाज के सांस्कृतिक और धार्मिक ताने-बाने में गहराई से समाहित हैं।

**3. शिक्षा में असमानता:** हालांकि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए कई प्रयास किए गए हैं, फिर भी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा में व्यापक असमानता है। कई क्षेत्रों में लड़कियों को स्कूल जाने से वंचित रखा जाता है या वे जल्दी ही शिक्षा छोड़ देती हैं। यह असमानता न केवल उनकी व्यक्तिगत विकास को बाधित करती है बल्कि समाज के समग्र विकास को भी प्रभावित करती है।

**4. आर्थिक असमानता:** महिलाओं को कार्यस्थलों पर भी भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उन्हें समान काम के लिए समान वेतन नहीं मिलता, उच्च पदों पर कम अवसर मिलते हैं, और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का भी सामना करना पड़ता है। आर्थिक असमानता महिलाओं की स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को बाधित करती है और उनके जीवन स्तर को प्रभावित करती है।

**5. कानूनी और नीतिगत चुनौतियाँ:** हालांकि भारत में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कई कानूनी और नीतिगत उपाय किए गए हैं, लेकिन उनका क्रियान्वयन अक्सर कमजोर रहता है। कानूनी प्रक्रियाएं जटिल और समय-लेवा होती हैं, जिससे पीड़ित महिलाओं को न्याय प्राप्त करने में कठिनाई होती है। इसके अलावा, पुलिस और न्यायपालिका में लैंगिक संवेदनशीलता की कमी भी एक बड़ी समस्या है।

**6. स्वास्थ्य सेवाओं में असमानता:** स्वास्थ्य सेवाओं में भी महिलाओं को भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उन्हें प्रसव और प्रसवोत्तर देखभाल में उचित सुविधाएं नहीं मिल पातीं। इसके अलावा, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता की कमी भी महिलाओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के बिना महिलाओं की स्थिति में सुधार लाना कठिन है।

**7. जागरूकता और शिक्षा की कमी:** लैंगिक असमानता से निपटने के लिए समाज में जागरूकता और शिक्षा का अभाव एक बड़ी चुनौती है। कई लोग अभी भी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेते और इसे समाज की एक सामान्य समस्या मानते हैं। महिलाओं के अधिकारों और समानता के महत्व को समझाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है।

**8. राजनीतिक प्रतिनिधित्व में कमी:** महिलाओं का राजनीतिक प्रतिनिधित्व भी एक महत्वपूर्ण चुनौती है। वे राजनीतिक प्रक्रियाओं में पर्याप्त भागीदारी नहीं कर पातीं और नीतियों और निर्णयों में उनका प्रभाव सीमित होता है। राजनीतिक प्रणाली में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए संरचनात्मक और सांस्कृतिक बदलाव की आवश्यकता है।

**समाधान -** लैंगिक असमानता एक जटिल और बहुआयामी समस्या है, जिसका समाधान कई स्तरों पर कार्यवाही की मांग करता है। यह सामाजिक, आर्थिक, कानूनी, और सांस्कृतिक हस्तक्षेपों का मिश्रण होना चाहिए ताकि स्थायी और सार्थक परिवर्तन संभव हो सके। निम्नलिखित समाधान और हस्तक्षेप इस दिशा में प्रभावी हो सकते हैं:

**1. शिक्षा में सुधार:** यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सभी लड़कियों को प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा तक पहुंच प्राप्त हो। इसके लिए सरकार को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के कार्यक्रमों को मजबूत करना होगा। साथ ही, पाठ्यक्रम में लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकारों पर जोर देना चाहिए ताकि छात्र बचपन से ही लैंगिक समानता की समझ विकसित कर सकें।

**2. कानूनी और नीतिगत सुधार:** महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव को रोकने के लिए सख्त कानूनों की आवश्यकता है। मौजूदा कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिए पुलिस और न्यायपालिका में लैंगिक संवेदनशीलता की ट्रेनिंग आवश्यक है।

**3. आर्थिक सशक्तिकरण:** महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करना और उन्हें समान वेतन देना महत्वपूर्ण है। इसके लिए सरकार और निजी क्षेत्र को मिलकर काम करना चाहिए। महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए माइक्रोफाइनेंस और स्वरोजगार योजनाएं महत्वपूर्ण हैं।

**4. स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार:** महिलाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना आवश्यक है। इसमें मातृत्व देखभाल, प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल, और मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं शामिल हैं। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाई जानी चाहिए। महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। इससे वे अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य का बेहतर ख्याल रख सकेंगी।

**5. सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी:** लैंगिक समानता पर जागरूकता अभियान: समाज में लैंगिक समानता के महत्व को समझाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। इसमें मीडिया, गैर-सरकारी संगठन, और सामुदायिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। समुदायों में लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने के लिए सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण है। पंचायतों और स्थानीय संस्थाओं को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

**6. राजनीतिक भागीदारी:** महिलाओं को राजनीतिक प्रक्रिया में अधिक भागीदारी देने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। इसमें पंचायतों और स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही, महिलाओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करने के लिए राजनीतिक पार्टियों को भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

**7. सांस्कृतिक और धार्मिक सुधार:** सांस्कृतिक और धार्मिक संस्थाओं को लैंगिक समानता के पक्ष में जागरूकता बढ़ाने के लिए शामिल किया जाना चाहिए। उन्हें समाज में लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने के लिए सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। समाज में मौजूद रूढ़िवादी मान्यताओं और परंपराओं को बदलने के लिए शिक्षा और जागरूकता आवश्यक है। इसके लिए सरकार, गैर-सरकारी संगठन, और मीडिया को मिलकर काम करना चाहिए।

**सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक जीवन में लैंगिक अंतर को कम करने हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार मिलकर निम्नलिखित योजनाओं के द्वारा प्रयासरत हैं।**

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP):** यह बालिकाओं की सुरक्षा, उत्तरजीविता और शिक्षा सुनिश्चित करता है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ गिरते हुए बाल लिंग अनुपात (CSR) और जीवन-चक्र के दौरान महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने के लिए। यह महिला और बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, और मानव संसाधन विकास मंत्रालय का त्रि-मंत्रालयी प्रयास है।

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY), (पूर्व में मातृत्व लाभ कार्यक्रम):** गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य और पोषण हेतु नकद प्रोत्साहन प्रदान करके एक बेहतर सक्षम वातावरण बनाने में योगदान करना।

**किशोरी बालिका योजना:** 11-14 वर्ष की आयु वर्ग की लड़कियों को पोषण, जीवन कौशल, घरेलू कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बनाना और उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार करना।

**राष्ट्रीय पोषण मिशन (NNM):** 'सुपोषित भारत' प्राप्त करने का लक्ष्य और गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार और महिलाओं और बच्चों में एनीमिया को कम करने का उद्देश्य।

**राष्ट्रीय महिला कोष (RMK):** यह एक शीर्ष सूक्ष्म-वित्त संगठन है जो गरीब महिलाओं को विभिन्न आजीविका और आय सृजन गतिविधियों के लिये रियायती शर्तों पर सूक्ष्म ऋण प्रदान करता है।

**प्रधानमंत्री महिला शक्ति केंद्र:** इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास एवं रोज़गार के अवसरों के साथ सशक्त बनाना है।

**महिला पुलिस वालंटियर्स:** इसमें राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में महिला पुलिस वालंटियर्स की भागीदारी की परिकल्पना की गई है जो पुलिस और समुदाय के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करते ती हैं तथा संकट में महिलाओं की सहायता करती हैं।

**सुकन्या समृद्धि योजना:** इस योजना के तहत लड़कियों के बैंक खाते खुलवाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया है।

**महिला उद्यमिता:** महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिये सरकार ने स्टैंड-अप इंडिया और महिला ई-हाट (महिला उद्यमियों/SHG/NGO को समर्थन देने हेतु ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म), उद्यमिता तथा कौशल विकास कार्यक्रम (ESSDP) जैसे कार्यक्रम शुरू किये हैं।

**राजनीतिक आरक्षण:** सरकार ने महिलाओं के लिये पंचायती राज संस्थाओं में 33प्रतिशत सीटें आरक्षित की हैं। इसके तहत यह महिलाओं को शासन प्रक्रियाओं में प्रभावी ढंग से भाग लेने के लिये सशक्त बनायाने की दृष्टि से आयोजित किया जाता है।

महिला और बाल विकास मंत्रालय ग्रामीण महिलाओं सहित देश में महिलाओं के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव और हिंसा का मुकाबला करने के लिए विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों को लागू कर रहा है, जिनमें वन स्टॉप सेंटर (OSC), 24x7 महिला हेल्पलाइन, महिला पुलिस स्वयंसेवक (MPV), स्वधार गृह, उज्जवला योजनाएं है।

**निष्कर्ष –** लैंगिक असमानता भारतीय समाज की एक गहरी और व्यापक समस्या है, जो समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति और समृद्धि को बाधित करती है। इस असमानता से निपटने के लिए हमें बहुआयामी और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। शिक्षा प्रणाली में सुधार, सख्त कानूनी और नीतिगत सुधार, महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, और सामाजिक जागरूकता अभियान जैसे कदम महत्वपूर्ण हैं। इसके साथ ही, राजनीतिक भागीदारी में वृद्धि, सांस्कृतिक और धार्मिक सुधार, और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना भी आवश्यक है। इन सभी उपायों के माध्यम से हम लैंगिक समानता को बढ़ावा दे सकते हैं और महिलाओं को उनके अधिकार और सम्मान दिला सकते हैं। यह यात्रा कठिन और लंबी हो सकती है, लेकिन दृढ़ संकल्प और सामूहिक प्रयासों से हम एक समानता आधारित और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना कर सकते हैं। अंत में, यह समझना महत्वपूर्ण है कि लैंगिक समानता न केवल महिलाओं के लिए बल्कि समाज के समग्र विकास और समृद्धि के लिए भी आवश्यक है। समाज के सभी वर्गों और संस्थाओं को मिलकर इस दिशा में कार्य करना होगा ताकि एक न्यायपूर्ण और समृद्ध भविष्य की नींव रखी जा सके।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. https://www.springernature.com/gp/researchers/sdg-programme/sdg5
2. https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1691797
3. https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=178437
4. https://sdgs.un.org/goals
5. https://www.weforum.org/publications/global-gender-gap-report-2023/
6. Desai, S., & Andrist, L. (2010). "Gender Scripts and Age at Marriage in India." Demography, 47(3), 667-687.
7. Sen, Amartya. (2001). Development as Freedom. Oxford University Press.
8. Nussbaum, Martha. (2000). Women and Human Development: The Capabilities Approach. Cambridge University Press.
9. United Nations Development Programme (UNDP). (2020). "Gender Inequality Index
10. UN Women. (2020). "Turning Promises into Action: Gender Equality in the 2030 Agenda for Sustainable Development.
11. World Bank. (2012). "World Development Report 2012: Gender Equality and Development.


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# व्याकरण-शिक्षण की चुनौतियाँ : हिन्दी एवं संस्कृत के विशेष संदर्भ में

**डॉ. प्रीति भट्ट***

*सहायक आचार्य (हिन्दी) से.म.बि. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाथद्वारा (राज.) भारत

**प्रस्तावना** –भारतवर्ष में व्याकरण अध्ययन एवं शिक्षण की बहुत प्राचीन परंपरा रही है। तत्कालीन समय में व्याकरण पर इतना अधिक बल दिया जाता थाकि वह स्वत: एक शास्त्र बन गया तथा उसका अलग से अध्ययन किया जाने लगा।निरूक्तकार यास्क एवं अष्टाध्यायी के रचयिता पाणिनि विश्व के प्रसिद्ध वैयाकरणों में गिने जाते हैं। वस्तुत: व्याकरण, शब्दों के प्रयोग का अनुशासनहै, तभी इसे शब्दानुशासन कहते हैं। आचार्य किशोरीदास वाजपेयी ने 'हिन्दी शब्दानुशासन' की पूर्वपीठिका में लिखा है-

जब कोई भाषा विकसित होकर पूर्ण हो जाती है, जब वह अपने काम-काज में दूसरी भाषा की मुहताज नहीं रहती और उसमें साहित्य-रचना भी होने लगती है, जब उसका व्याकरण बनता है, जब उसके अंग-प्रत्यंग का विश्लेषण निरूपण किया जाता है। यही व्याकरण है।'[1]

साथ ही उन्होंने यह भी लिखा है –

'व्याकरण, भाषा का वह अनुशासन है जो शब्दों के सही प्रयोग और सही स्थान को इस प्रकार निश्चित करता है, जिससे वक्ता या लेखक अपना आशयित अर्थ संप्रेषित या अभिव्यक्त कर पाता है।'[2]

आठवीं शताब्दी में भाषा-महाकवि स्वयंभू ने व्याकरण का महत्व काव्य-भाषा के लिए स्वीकार किया है-

**'वायरण कमाई ण जाणिउ**
**णउ वित्ति-सुत्ता वक्खाणियउ।'**

इसकी छाया पं. राहुल-सांकृत्यायन ने इस प्रकार दी है-

**व्याकरण किच्छु ना जानियऊ,**
**ना वृत्ति-सूत्र वक्खानियऊ।**[3]

अर्थात् जो व्याकरण नहीं जानता, वह व्याख्या भी नहीं कर सकता।

अत: भाषा-शिक्षण के अन्तर्गत व्याकरण शिक्षण आवश्यक हो जाता है। यह ठीक है कि आम जनता व्याकरण का यथातथ्य पालन नहीं करती, लेकिन बात जब विश्वविद्यालय स्तर पर हिन्दी-शिक्षण की आती है तो यह विडम्बना दिखाई पड़ती है कि स्नातक और स्नात्ताकोत्तार स्तर के पाठ्यक्रम में व्याकरण का अंश न के बराबर होता है, सिर्फ प्रथम वर्ष में अनिवार्य हिन्दी के अन्तर्गत सामान्य परिचयात्मक व्याकरण पढ़ाकर इतिश्री कर ली जाती है।

यह आम धारणा है कि विद्यार्थी स्कूल स्तर तक व्याकरण-ज्ञान पा चुके हैं, लेकिन व्यावहारिक दृष्टि से तो यह बात मृगतृष्णा ही सिद्ध होती है। भाषा के विद्यार्थियों के लिए प्राथमिक और माध्यमिक स्तर की लापरवाही (जो उनकी भी हो सकती है और शिक्षक की भी) भारी पड़ने लगती है। जैसे शब्दार्थ जाने बगैर भावार्थ करना संभव नहीं, वैसे ही भाषा-ज्ञान के बिना साहित्य का भाव या कला-सौन्दर्य नहीं समझा जा सकता।

**संस्कृत भाषा में कहा गया है-** 'अनभ्यासेन विषम विद्या' अर्थात् अभ्यास के अभाव में विद्या भी चली जाती है। अत: यदि विद्यार्थी विश्वविद्यालय स्तर पर व्याकरण का नियमित अभ्यास नहीं करते हैं तो धीरे-धीरे उनके लेखन एवं उच्चारण में व्याकरण सम्बन्धी अशुद्धियाँ आना स्वाभाविक है।

इसलिए भाषा के विद्यार्थियों के लिए शुद्ध भाषा का व्यवहार अपेक्षित ही नहीं, अवश्यंभावी भी है। दाल कितनी ही स्वादिष्ट हो, लेकिन उसमें कंकड़ हो तो खाई नहीं जा सकती। इसीलिए कॉलेज स्तर पर भी शुद्ध भाषा का प्रयोग सिखाये जाने की आवश्यकता रहती है और इसके लिए व्याकरण-शिक्षण अनिवार्य है।

हिन्दी में भी व्याकरण-शिक्षण को कई चुनौतियों का सामना करना होता है। व्याकरण के महत्व के संदर्भ में सन् 1905 में आ. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती-पत्रिका' में लिखा था 'हिन्दी को कालसह बनाने के लिए बहुत जरूरी है कि इसकी रचना व्याकरण-विरूद्ध न हो, जो विशेष व्यापक हो अर्थात् जिन्हें अधिक प्रान्तों के लोग समझ सकें।'

जैसा कि हम जानते है कि भारतवर्ष की 'वसुधैव कुटुम्ब' की संस्कृति रही है और यही संस्कृति हिन्दी भाषा में भी चरितार्थ होती है। विश्व की अनेक भाषाओं के शब्द हिन्दी में सम्मिलित हुए हैं- जैसे अंग्रेजी, पुर्तगाली, फारसी, उर्दू इत्यादि भाषाओं केशब्द।शब्दों के साथ-साथ इन भाषाओं के उच्चारण का भी प्रभाव हिन्दी-भाषा पर पड़ाहै-

**उदाहरण :-**

**अंग्रेजी-भाषा का प्रभाव –** हम शुरू कर रहे हैं के स्थान पर कहना हम शुरू करने जा रहे हैं, क्योंकि अंग्रेजी में कहा जाता है-

We are going to Start- आदि-आदि।

वाक्य रचना के अतिरिक्त उच्चारण एवं वर्तनीगत अशुद्धियाँ भी विद्यार्थियों में अधिक पाई जाती है जो मुख्यरूप से क्षेत्रीय या आँचलिक प्रभाव, प्रयत्न-लाघव, अज्ञान, भावातिरेक इत्यादि कारणों से होती है। विश्वविद्यालय स्तर पर भी विद्यार्थी मात्रा, लिंग, अ०', वचन इत्यादि क्षेत्रों में अशुद्धियाँ करते हैं-

**जैसे-**

**मैंने चाय पी के स्थान पर कहना मैंने चाय पिया।**
**मैंने दूध पिया के स्थान पर कहना मैंने दूध पी।**

यह लिंग-सम्बन्धी त्रुटि का एक सामान्य उदाहरण है।

इसी प्रकार संस्कृत-शिक्षण में विद्यार्थी उच्चारण, वाचन एवं लेखन सभी क्षेत्रों में पदे-पदे त्रुटियाँ करते हैं जिसका मुख्य कारण है- विश्वविद्यालय स्तर पर व्याकरण का मात्र सैद्धान्तिक ज्ञान प्रदान करना, जिसके परिणामस्वरूप विद्यार्थी के अध्ययन के समय तक तो व्याकरण उसके साथ रहता है, लेकिन अध्ययन के पश्चात् विस्मृत हो जाता है।

यही कारण है कि ऐसे व्यक्ति भावी जीवन में शिक्षक, माता-पिता या प्रशासनिक अधिकारी के रूप में प्रस्थिति ग्रहण करते हैं तो स्थान-स्थान पर त्रुटियाँ करते हैं। क्योंकि व्याकरण, उनके जीवन का स्थायी अंग नहीं बन पाया है, और जब तक व्याकरण विद्यार्थी के जीवन का एक आवश्यक अंग नहीं होगा तब तक भाषागत त्रुटियाँ या व्याकरण सम्बन्धी चुनौतियाँ दूर नहीं हो पायेगी।

व्याकरण, षड्-वेदांगों में वेदरूपी पुरूष का मुख स्वीकार किया गया है और यदि व्याकरण के प्रति विशेष सतर्कता नहीं बरती जायेगी तो संस्कृत भाषा जिसे हम देववाणी, वाग्देवी की वाणी या भाषाओं की जननी कहते हैं, वह धीरे-धीरे अपना अस्तित्व या वास्तविक रूप खो देगी।

**व्याकरण के संदर्भ में एक श्लोक प्रसिद्ध है-**

**यद्यपि बहुनाधीषे तथापि पठ पुत्र व्याकरणम्।**
**स्वजन: श्वजनो माभूत, सकलं शकलं सकृच्छकृत् ।।**

अर्थात् प्रस्तुत श्लोक में पिता पुत्र से कहता है, कि हे पुत्र! यद्यपि तुमने बहुत अध्ययन कर लिया है तथापि अब व्याकरण पढ़ो। यदि तुम व्याकरण का अध्ययन कर लोगे तब स्वजन के स्थान श्वजन, सकल के स्थान पर 'शकल', सकृत के स्थान पर 'शकृत' का उच्चारण न करोगे।

**विशेष शब्दार्थ :** (स्वजन-आत्मीय व्यक्ति, श्वजन-कुत्ते व्यक्ति, सकल-सम्पूर्ण, शकल-खण्ड या टुकडे, सकृत-एक बार, शकृत-विष्ट)

संस्कृत भाषा शिक्षण में विश्वविद्यालय से स्नातक एवं अधिस्नातक स्तर पर विद्यार्थी व्याकरण का विस्तृत अध्ययन करते हैं, लेकिन व्याकरण के सैद्धान्तिक भाग का ही अध्ययन करने के कारण विद्यार्थी उसका व्यावहारिक या संभाषण हेतु उपयोग नहीं कर पाते हैं।

व्याकरण-शिक्षण, पारम्परिक रूप से गद्य, पद्य, नाटक, कथा इत्यादि विधाओं से अलग रखकर ही पढ़ाया जाता है, जिसके कारण विद्यार्थी इन विधाओं में संस्कृत-भाषा के माध्यम से दो वाक्य भी शुद्ध रूप से मौखिक एवं लिखित अभिव्यक्त नहीं कर पाते हैं।

अत: यह विडम्बना है कि राष्ट्रीय भाषा एवं राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक 'हिन्दी' एवं वाग्देवी-भाषा 'संस्कृत' के अन्तर्गत विद्यार्थी अनेकानेक अशुद्धियाँ करते हैं। इस समस्या के अनेक कारण हैं, जिसके निराकरण हेतु निम्न सुझाव दिये जा रहे हैं-

1. शिक्षण से पूर्व प्राध्यापकों को व्याकरण के व्यावहारिक एवं सैद्धान्तिक पक्षों का सम्पूर्ण ज्ञान दिया जाना चाहिए।
2. व्याकरण-शिक्षण को सरल, बोधगम्य एवं रोचक बनाने के लिए दृश्य-श्रव्य उपकरणों एवं मनोवैज्ञानिक शिक्षण विधियों का उपयोग करना चाहिए।
3. व्याकरण-शिक्षण हेतु 'समवाय विधि' (Co-Relation Method) का प्रयोग किया जाना चाहिए जिससे किसी अन्य विधा में व्याकरण की शिक्षा प्रसंग विशेष के अनुसार दी जा सके।
4. व्याकरण को पाठ्यक्रम में समुचित स्थान मिले और इसके व्यावहारिक प्रयोग पर बल दिया जाये।
5. संस्कृत-शिक्षण में संभाषण विधि एवं प्रत्यक्ष विधि का व्यावहारिक प्रयोग किया जाये।
6. विश्वविद्यालय में व्याकरण के प्रति विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए शुद्ध लेखन, श्लोकोच्चारण इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये।

सार रूप में कहा जा सकता है कि भाषा के अंतर्गत व्याकरण-शिक्षण अहम् भूमिका रखता है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वह कहकर कि उच्च कक्षाओं में व्याकरण नहीं, साहित्य का अंतरंग पक्ष पढ़ाना होता है, हम अपने कर्त्तव्य से मुँह नहीं मोड़ सकते।

भाषा-भवन कमियों के सहारे नहीं खड़ा हो सकता। किसी भाषा की प्रकृति समझकर ही उसमें अभिव्यक्ति समुचित रूप से की जा सकती है और प्रकृति के निर्धारण में व्याकरण सबसे प्रमुख है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. आ. किशोरीदास वाजपेयी-हिन्दी शब्दानुशासन, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, पृ. 62
2 डॉ. प्रकाशचंद्र सेन- व्यावहारिक हिन्दी, स्पेक्ट्रम बुक्स प्रा.लि., नयी दिल्ली- 110058, पृ. 20
3. आ. किशोरीदास वाजपेयी-हिन्दी शब्दानुशासन, पृ. 66-67
4. वहीं, पृ. 61

*************

# Facts of Various Perspectives of Teacher's Methodology and their Behavior

**Dr. Rita Bisht***

***Dean (Education) University Of Technology, Jaipur (Raj.) INDIA**

**Abstract -** Teaching learning materials stimulate student's activity and effectiveness, they make the process of learning easier, they help acquire knowledge of better quality, they encourage student's independence and critical thinking when selecting and collecting information. The main intention of the study is to find the relation of attitude of school teachers towards teaching learning material with age, teaching experience, annual income, qualification, number of teachers in the school, locality, management, gender, size of the family, marital status and caste.Education may be defined as a purposive, conscious or unconscious, psychological, sociological, scientific and philosophical process, which brings about the development of the individual to the fullest extent and also the maximum development of society in such a way that both enjoy maximum happiness and prosperity. In Short, education is the development of individual according to his needs and demands of society, of which he is an integral part. Using verbalism in teaching has the least expect, while direct -experience will get more effect in teaching. The activities of direct experience are more effective than non-project and projected aids. Any technology makes the learner more active and interested. Video assisted instruction and computer assisted instructions are systematically programmed, with all psychological principles so that the learner's interest will be prolonged in the earning process in addition to interaction. New technologies (in particular, the internet) provide teachers with many interesting tools that can be used to improve the teaching–learning process. The usefulness of these tools makes important for teachers to have more information about the advantages and possibilities of using technology in the classroom, as well as about the results derived from their application.

**Keywords:** Education, Teaching Learning Materials, Teachers, Education, Communication,Attitude, Behaviour, teaching proficiency, student teachers.

**Introduction -** The teacher's roles and responsibilities have found extension outside the classroom. The implementation of educational policies, transaction of curricula and spreading awareness are the main areas which keep teacher in the forefront. Changing times have added new dimension to this profession, which requires specified competencies and right attitude. Behaviour, attitude and interest of teacher help in shaping the personality of the student. Attitude is a tendency to react in a particular manner towards the stimuli. It is a dynamic entity which is subject to change. It is a deciding factor of the teacher's performance. Attitude is defined as a state of readiness shaped through the experience and influences the response of individual towards the stimuli. It is precursor of the behaviour and varies from favourable to unfavourable through neutral. Attitude is made up of three components affective, behavioural and cognitive hence acts as a yardstick of the individual behaviour.Factors which bear influence on the attitude of the teacher are the domestic environment, family background, socioeconomic background, beliefs and educational institutes etc.School status, school infrastructure, safety conditions in the school, social and professional status all these factors are vital in casting impression on the teachers attitude. Another factor which casts influence on the attitude is the experience .This holds true for teaching profession also. Teaching experience of the teacher contributes significantly in forming attitude. The teacher's attitude towards the subject and student is significant in creating desire to learn in the students. Gender and type of training are the paramount factors influencing the attitude of the teacher. It is found that female teachers have positive attitud towards teaching profession. Inadequate financial remuneration and delay in payment of salaries are the causes of teacher's having low attitude towards teaching profession. These negative factors when minimized can encourage teachers to be more conscious and responsible towards their duties. Initial teacher training helps in shaping the attitude of student teachers towards teaching profession. Development of positive attitude towards profession helps in developing creative thinking

and motivating students. The different learning environment, instructional materials and strategies adopted in initial teacher training programme are also responsible for difference in attitude of student teachers towards teaching profession. The type of attitude possessed by the teacher influence the quality of the work accomplished and teaching. Attitude of the teacher has the imprint of competencies that she possesses.

**Attitude towards Teaching Profession:** Attitude as a response which can be positive or negative to any situation, events or objects. Feeling or response of teachers towards teaching profession is known as Teacher Attitude towards teaching Profession. In the present study the scores obtained by the Secondary school teachers in the Attitude scale is considered to be Attitude of Teacher towards Teaching Profession. Higher the score in the Attitude scale implies higher the attitude towards teaching profession.

**Teacher Adjustment:** Adjustment is a continuous process by which a person varies his behaviour to produce a more harmonious relationship between himself and his environment. (Gates and Jersild 1998). Teacher Adjustment means adjustment of teacher with their school environment, teaching staff, non-teaching staff, students, curriculum etc. Teachers Adjustment refers to the Adjustment of Teachers with Academic and General Environment of the institution, Socio-Psycho-Physical Adjustment, Professional relationship Adjustment, Personal life Adjustment, Financial Adjustment and Job Satisfaction.

**Review Of Literature**

**भारतीय ग्रामीण विकास के मुद्दे–** ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मौलिक समस्याएं आर्थिक और गैर–आर्थिक दोनों वातावरणों से प्रभावित होती हैं। घरेलू और वैश्विक दोनों वातावरणों का अर्थव्यवस्थाओं पर प्रभाव पड़ता है। गैर–आर्थिक वातावरण में सामाजिक–सांस्कृतिक वातावरण, प्राकृतिक जनसांख्यिकीय भौतिक वातावरण और राजनीतिक वातावरण शामिल होते हैं। ग्रामीण वातावरण के आर्थिक घटकों का भारतीय व्यावसायिक बाजार पर सीधा प्रभाव पड़ता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के जटिल और गतिशील होने के कारण कंपनी को समाज के लिए अपने मूल्य को बढ़ाने के लिए ग्रामीण बाजारों के अनुकूल होना चाहिए। ग्रामीण मूल्यों, नैतिकता और संस्कृति के कारण ग्रामीण आर्थिक वातावरण एक जटिल प्रक्रिया है। ग्रामीण वातावरण में सरकार के मूल्यों के अनुकूलन में निम्नलिखित तत्व शामिल हैं:

1. ग्रामीण वातावरण के रूप में एक जटिल और गतिशील रणनीति।
2. ग्रामीण लोगों की संतुष्टि और निष्ठा शामिल है।
3. ग्रामीण समाज की बदलती मानसिकता।
4. निरंतर लोगों की सेवा पर ध्यान केंद्रित करना।
5. तकनीकी परिवर्तनों को लगातार अपडेट करना।
6. उच्च तकनीकी शुद्धिकरण और आधुनिकीकरण।
7. लोगों के अनुकूल नीतियों का कार्यान्वयन।
8. ग्रामीण विकास और विकास का समावेशन।

**भारत में ग्रामीण विकास के लिए नवाचारी विचार**

1. **स्थानीय संसाधनों का उपयोग–** यदि आसपास नदियों और तालाबों जैसे जल स्रोत हैं, तो गर्मियों में उनका उपयोग करने के लिए योजनाएं तैयार की जानी चाहिए। जैसे कि तालाबों में छेद बंद करना, नए जलाशयों का निर्माण, और मौजूदा बांधों और नहरों को मजबूत करना ताकि जल हानि को रोका जा सके। इसी तरह, यदि कोई लौह, कोयला, या ग्रेनाइट खदानें हैं, तो स्थानीय समुदाय को रोजगार प्रदान करने के लिए उन खानों का अन्वेषण और दोहन किया जाना चाहिए।

2. **शिक्षा पर जोर–** सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा तक, शिक्षा का प्रसार किया जाना चाहिए। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि ग्रामीण इलाकों में सामाजिक और आर्थिक जागरूकता भी बढ़ेगी।

3. **स्वास्थ्य सेवाएं–** स्वास्थ्य सेवाओं को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना और मौजूदा स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करके ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जानी चाहिए।

4. **स्थानीय उद्योगों का विकास–** कृषि आधारित उद्योगों, हस्तशिल्प, और लघु उद्योगों का विकास किया जाना चाहिए। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

5. **इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार–** ग्रामीण सड़कों, जलापूर्ति, बिजली और संचार सेवाओं के इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुधारने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए।

6. **स्थानीय नेतृत्व का विकास–** ग्रामीण विकास में स्थानीय नेतृत्व को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। पंचायतों और ग्राम सभाओं को सशक्त बनाना चाहिए ताकि वे अपने गांवों की भलाई के लिए निर्णय ले सकें और उन्हें कार्यान्वित कर सकें।

7. **महिला सशक्तिकरण–** महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देना चाहिए। उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए विशेष योजनाओं और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए।

8. **वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता–** ग्रामीण इलाकों में बैंकों और अन्य वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाई जानी चाहिए ताकि लोग आर्थिक गतिविधियों में शामिल हो सकें और उन्हें ऋण सुविधाएं मिल सकें।

**नष्कर्ष–** इस अध्ययन से स्पष्ट होता है कि ग्रामीण विकास भारत के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि सरकार और समाज मिलकर काम करें और नीतियों और योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करें। केवल तभी हम एक समृद्ध और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# पंचायती राज और संवैधानिक प्रावधान

**डॉ. डी.के.वर्मा ***

* एसोसिएट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) एस.बी.एन. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** महात्मा गाँधी चाहते थे कि स्वतंत्र भारत का संविधान लोकतांत्रिक ढांचे में ढले हुए सुसंगठित ग्राम समुदायों को आधार मानकर लिखा जाये। स्वतंत्रता के पश्चात् जब उन्हें पता चला कि स्वतंत्र भारत के संविधान में ग्राम पंचायतों का कोई उल्लेख नहीं है तो उन्हें मानसिक आघात पहुँचा। उन्होंने कहा – 'शायद कहीं कोई भूल हुई है और इसमें अविलम्ब सुधार की आवश्यकता है। ग्राम पंचायतों को जितना सशक्त बनाया जाये, उतना ही अच्छा है।'[1] उन्होंने पंचायतीराज व्यवस्था को संविधान के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं किये जाने पर खिन्नता व्यक्त करते हुए इसे संवैधानिक प्रावधानों के अन्तर्गत रखने का विचार व्यक्त किया। 'मुझे बताया गया है कि संविधान के मसविदे में ग्राम पंचायतों एवं विकेन्द्रीकरण के लिए कोई नीति निर्देश नहीं है। यह निश्चित ही एक बड़ी भूल है जिसमें अविलम्ब सुधार होना चाहिए। तभी स्वतंत्र भारत में जन–साधारण की आवाज को बल मिलेगा। ग्राम पंचायतें जितनी सशक्त होंगी जनसाधारण का उतना ही अधिक हित होगा।'[2] गाँधी जी के इस सुझाव के पश्चात् ही नीति निर्देशक तत्वों में वांछित प्रावधान किया गया।

गाँधीजी कहा करते थे कि भारत की स्वतंत्रता, धरातल से प्रारम्भ होनी चाहिए। उनका विचार था कि राजनैतिक एवं आर्थिक शक्तियों का इस प्रकार विकेन्द्रीकरण किया जाये कि भारतीय ग्राम प्राचीन एवं वैदिक काल की तरह एक स्वावलम्बी इकाई बन सके। ग्राम पंचायतों की भूमिका स्वशासी स्थानीय सरकार की हो। उनका मानना था कि समयानुकूल आवश्यक संशोधन कर इन संस्थाओं को वास्तव में उपयोगी एवं महत्वपूर्ण बनाया जा सकता है।

**नीति निर्देशक तत्व – अनुच्छेद 40 –** गाँधीजी की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए संविधान के प्रारूप में राज्य के नीति निर्देशक तत्वों में पंचायती राज का समावेश जिस रूप में किया गया, उस पर दृष्टिपात करना प्रासंगिक है।

ग्राम पंचायतों के बारे में अनुच्छेद 40 में प्रावधान है जिसके अनुसार 'राज्य, ग्राम पंचायतों का गठन करने के लिए कदम उठाएगा और उनको ऐसी शक्तियाँ और अधिकार प्रदान करेगा जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाईयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हो।'[3] पंचायत राज सम्बन्धी यह प्रावधान संविधान के प्रारूप में थोड़ा विलम्ब से 22 नवम्बर 1948 को शामिल किया गया। प्रारम्भ में यह अनुच्छेद 31 (3) के रूप में था बाद में संख्याओं में संशोधन के कारण संविधान के भाग IV में अनुच्छेद 40 के रूप में माना गया।[4] इस सम्बन्ध में एक आश्चर्यजनक तथ्य है कि एक बार यह नौबत भी आई कि संविधान में पंचायतों के बिन्दु को शामिल न किये जाने को उचित ठहराने का प्रयास किया गया। इस पर संविधान निर्मात्री सभा के सदस्यों में पर्याप्त विवाद भी हुआ। तत्पश्चात श्री संथानम का संशोधन स्वीकार कर अनुच्छेद 40 का रूप दिया गया। यह सब अनापेक्षित शांति से किया गया। इस बिन्दु पर ज्यादा विवाद को हतोत्साहित किया गया। इस बिन्दु की बहस भी मात्र आठ पृष्ठों में ही समाहित है। वस्तुत: डॉ. राजेन्द्र प्रसाद चाहते थे कि 'ग्राम स्वराज' की व्यवस्था को ही संविधान का आधार बनाया जाये। इस पर संविधान सलाहकार वेंगन नरसिंह राव की टिप्पणी थी कि चूँकि संविधान का प्रारूप अब लगभग तैयार है अत: इस स्थिति में इसमें परिवर्तन करना श्रेयकर न होगा। श्री टी. प्रकाशम व अन्य कई सदस्यों ने भी इस बात पर जोर दिया था कि संविधान गाँधी जी के स्वशासी ग्राम स्वराज्य के सिद्धान्त पर आधारित हो। कुल मिलकार स्थिति ऐसी बनी कि ग्राम पंचायत के प्रश्न को नीति निर्देशक तत्वों में एक वैचारिक दृष्टिकोण से अधिक स्वरूप न मिल सका।

यह उल्लेखनीय है कि अनुच्छेद 40 में अंकित प्रावधानों को भी अगर उचित ढंग से विश्लेषित कर क्रियान्वित किया जाये तो वह भी पंचायती राज की सुदृढ़ता के लिए पर्याप्त ठोस आधार है। उसमें यह स्पष्टत: अंकित है कि पंचायतों को इतनी शक्तियाँ प्रदान की जाये कि वे स्थानीय सरकार की सक्षम इकाईयों के रूप में कार्य कर सकें।

**संवैधानिक प्रावधानों के अभाव में असमर्थ पंचायती राज व्यवस्था –** संविधान के संस्थापकों द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को भाग IV के अनुच्छेद 40 में अधीन राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों की संक्षिप्त भूमिका सौंपी गई थी जिसने पंचायती राज के मार्ग को अवरूद्ध कर दिया। लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की आशा पूरी नहीं हुई। इस ह्रास का मुख्य कारण व्यवस्था में विसंगतियाँ थी। पंचायतों को नाममात्र की शक्तियाँ मिली। सत्ता राज्य के हाथों या प्रशासन के हाथों में रहीं, जिससे पचायतें निष्क्रिय हो गई। ग्रामीण आवश्यकताओं के कार्यक्रमों का निर्णय संसद या विधानमण्डलों में होता गया। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण की कमी के कारण इसका स्तर गिरता गया। इसका एक कारण यह भी रहा कि यह व्यवस्था सम्पन्न वर्ग के लोगों तक सीमित रही। राज्य सरकार ने मनमानें ढंग से चुनाव कराना तथा उन्हें भंग करना आदि का अधिकार सुरक्षित रखा। कुछ राज्यों में 15 वर्षो तक पंचायतों के चुनाव नहीं करवाये गये।[5]

वित्तीय संसाधनों की कमी भी एक मुख्य कारण रहा। कम धनराशि एकत्र करने पर भी वह राज्य सरकारों के भेंट चढ़ जाती, जिससे पंचायतें

कमजोर तथा निष्क्रिय होती गई। आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण विकास कार्यों से गाँवों में प्रगति नहीं हुई। निहित स्वार्थों के कारण कुछ गाँवों में विकास कार्यक्रम नहीं पहुंच पाये।

भारत में पंचायती राज क्षेत्र में जातिवाद, गुटबन्दी व भाई भतीजेवाद की जडें ़गहराई से फैल गई, इस से समान जाति में भी वैमनस्य स्थापित हुआ।

उपरोक्त विसंगतियों का परिणाम यह हुआ कि पंचायतें इस सीमा तक प्रभावहीन हो गईं कि ग्रामीण जनसामान्य लाभार्थ सृजित परिसम्पत्ति का रख रखाव करने में भी उनकी कोई भूमिका नहीं रही। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के जिस आधार पर पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना करने का प्रयास किया गया उससे धीरे-धीरे राज्यों का भाव उदासीन बनता गया। ग्राम सभा, ग्राम पंचायत, पंचायत समिति तथा जिला परिषद् को शासन का अंग बनाया गया। जिससे राज्य इनके प्रति उदासीन होता गया। परिणाम यह हुआ कि निर्णय शक्ति या तो प्रशासन के हाथ में रही या राज्यों के हाथ जो पंचायतों तक पहुँची ही नहीं।

कुछ राज्यों में कई वर्षों तक चुनाव नहीं करवाये गये, इसका मुख्य कारण वित्तीय संसाधनों की कमी थी। जिससे पंचायती राज व्यवस्था निष्क्रीय हो गई। इन संस्थाओं में समाज के आर्थिक व सामाजिक दबदबे वाले व्यक्ति ही हावी रहे जिनके कारण कमजोर वर्ग के लोगों तक लाभ पहुँच ही नहीं पाया। समाज के पिछड़े वर्ग तथा महिलाओं के अधिकार सुरक्षित नहीं हो पाए। वे ग्रामीण विकास तथा सामाजिक सम्मेलनों की प्रक्रिया से लगातार दूर रहे। लोगों के मूलभूत अधिकारों की कई बार उपेक्षा होती थी तथा कई बार केन्द्र विरोधी प्रक्रिया का उपयोग होता था।

पंचायती राज को संवैधानिक प्रावधानों के अभाव में निम्नलिखित समस्याओं का सामना करना पड़ा।

1. **जन आकांक्षाओं की पूर्ति करने में असमर्थ** – पंचायती राज संस्थाएँ न तो लोकप्रियता अर्जित कर पाई और न ही जनता में अपना स्थान बना पाई। पंचायती चुनावों ने गाँवों में दलबन्दी व गुटबन्दी को ही प्रश्रय दिया। ग्रामीण जनता न तो अपने गाँव के विकास के प्रति सजग हुई और न ही अपने अधिकारों के प्रति जागरूक, ग्रामीणों को पंचायतीराज के प्रति निराशा ही हाथ लगी। वर्षों तक पंचायतों के चुनाव बन्द रहे जिसके कारण पंचायती राज व्यवस्था विस्मृत प्राय: हो गई।

2. **जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के मध्य मतभेद** – पंचायतीराज संस्थाओं के जिला परिषद तथा पंचायत समिति स्तर पर जन प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के बीच परस्पर मतभेदों से यह संस्था दूषित हुई। इसका मुख्य कारण दोनों का पारस्परिक हस्तक्षेप है। जनप्रतिनिधि प्रशासनिक कार्यों में अपनी मनमानी करते हैं तो अधिकारीगण विकास के कार्यों का श्रेय लेना चाहते हैं। अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों का नियंत्रण बर्दाश्त नहीं तो वहीं जनप्रतिनिधि विकास कार्यों सम्बन्धी सभी निर्णयों में अपनी दृष्टि बनाऐ रखना चाहते हैं उनकी यह भी आकांक्षा होती है कि सभी कार्य उनके प्रभाव के विस्तार हेतु हो। यह स्थिति उन्हें अधिकारियों से दूर ले जाती है।

3. **संवैधानिक मान्यता का अभाव** – पंचायतीराज संस्थाओं की संवैधानिक मान्यता को लेकर सर्वाधिक बहस होती रही है। संविधान के संस्थापकों द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को भाग प्ट के अनुच्छेद 40 के अधीन राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों की संक्षिप्त भूमिका सौंपी गई थी, जिसने पंचायती राज के मार्ग को अवरूद्ध कर दिया। राज्य सरकार अपने अधिकारों को कम करना नहीं चाहती थी। सत्ता में पंचायतों को भागीदार बनाना राज्य सरकार को मंजूर न था। राज्य सरकार स्वेच्छा से अपने अधिकारों में कमी नहीं चाहती थी। सरकार की यही सबसे बड़ी भूल थी। गाँधीजी को जहाँ राष्ट्रपिता का दर्जा दिया गया वहीं उनके पंचायतीराज और ग्राम स्वराज सम्बन्धी विचारों का इस प्रकार अनादर आश्चर्य जनक है।

भारत जैसे देश में जहाँ 80 प्रतिशत जनसंख्या निरक्षर है, राज्य स्तर पर क्या नीतियाँ बनाई जा रहीं हैं। इससे जनसाधारण को कोई मतलब नहीं होता। उनका तो सीधा सम्बन्ध व्यावहारिक नीतियों तथा उसे क्रियान्वित करने से है। इस दायित्व को निभाने में राज्य सरकार ने बहुत समय लगाया जिससे ये संस्थाएँ जागरूक नहीं हो पाई।

यह कहना गलत नहीं होगा कि जिन राज्य सरकारों ने पंचायतीराज संस्थाओं को गठित करने में तत्परता दिखाई थी। वह राज्य सरकारें पंचायती राज के प्रति उदासीन हो गई तथा कोई विशेष प्रयास नहीं कर पाई। इस कारण उत्तरप्रदेश, उड़ीसा, बिहार तथा कई राज्यों में पंचायत राज अस्तित्व में होते हुए भी प्रभावहीन ही रहा। संक्षिप्त रूप में एक सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं को अपने प्रभाव का विस्तार करने तथा उनके प्रभाव को सीमित करने का साधन बनाया।

संविधान सभा में पंचायती राज पर बहस करते हुए एक संविधान सभा सदस्य श्री सुरेन्द्र घोष ने कहा कि 'पंचायतीराज के बिना सम्पूर्ण संविधान निरर्थक हो जाता है।' अनन्त शयनम ने कहा कि 'ग्राम पंचायतों को आर्थिक सत्ता भी दी जाय, इसके बिना राजनैतिक सत्ता बेकार है।'[6]

संविधान में तीसरी सरकार के रूप में मान्यता नहीं होने से तथा राज्यों पर इसकी व्यवस्था छोड़ने से हुई भूल के कारण ग्राम पंचायत लोकतांत्रिक गणराज्य की आधारभूत इकाई नहीं बन पाई। केन्द्र तथा राज्य सरकार के समान जिला, खण्ड तथा ग्राम सरकार का स्वरूप उभर कर सामने नहीं आ सका। संविधान निर्माता ग्राम शासन व्यवस्था को संविधान में वही वैधानिक स्थान प्रदान करते जो लोकसभा तथा विधानसभाओं को दिया गया है तो ग्राम स्वराज की स्थिति आज बहुत सुदृढ़ होती।

पंचायत राज व्यवस्था के विकास क्रम को ध्यान पूर्वक देखा जाऐ तो एक बात स्पष्ट रूप से उभर कर आती है कि लम्बे समय तक ये अव्यवस्थाएँ राज्यों की अपनी राजनीतिक आवश्यकताओं से प्रभावित रही हैं। राज्य सरकारों की अनिवार्यता ने इनके कार्यों शक्तियों के उचित निर्णय पर लगातार बाधाएँ उत्पन्न की है। विभिन्न राज्यों में राजनैतिक संतुलन ने इसके स्वरूप को गहरा प्रभावित किया है। जिसका परिणाम यह हुआ कि यह महत्वपूर्ण प्रयोग प्रभावी स्वरूप ग्रहण नहीं कर पाया।

4. **चुनावी प्रक्रिया** – संवैधानिक संशोधनों से पूर्व पंचायती राज की विफलता का मुख्य कारण चुनावों का समय पर न होना, उन्हें बार बार भंग करना अथवा स्थगित करना रहा। चुनाव प्रक्रिया में राज्य सरकारों ने कहीं तो बड़े वार्ड बना दिये तो कहीं उम्मीद से भी छोटे, कई गाँवो में मतदाताओं को दूसरे गाँवो के साथ मिलाकर वार्ड में विभाजित कर दिया। इसके अतिरिक्त पिछड़े वर्ग तथा महिलाओं के वार्ड को लॉटरी सिस्टम से किया गया। चुनाव के समय पंचायत समिति तथा जिला परिषद के उम्मीदवारों के वोटों को एक साथ दे दिये जाने के कारण अशिक्षित लोगों को यह कठिनाई हुई कि कौन सा वोट किस पेटी में डाला जाए। प्रधानों तथा प्रमुखों के चुनाव स्थानीय कलेक्टरों द्वारा करवाये गये।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

इन समस्याओं के कारण यह व्यवस्था निर्जीव अवस्था में पहुँच गई। अत: राजीव गाँधी के शासन काल में 64 वें संविधान संशोधन विधेयक द्वारा इन समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया गया।

**64 वाँ संविधान संशोधन विधेयक –** सन् 1984 में चुनावों के पश्चात् प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने दूर-दराज के क्षेत्रों के दौरे किये तथा स्वयं इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि जनता की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायतीराज संस्थाओं की आवश्यकता है। जब तक ग्रामवासी विकास कार्यो में सीधे सम्मिलित नहीं होंगे तब तक निर्धनता उन्मूलन असम्भव है तथा विकास के लिए खर्च की जा रही राशि का 15 से 20 प्रतिशत ही ग्रामीण जनता तक पहुँच पाती है। राजीव गाँधी ने यह नारा दिया **'जन की सत्ता सौंपो जन को'** ।

संविधान के 64 वें संशोधन की प्रक्रिया इस ओर उठाया गया एक कदम था। ग्राम पंचायतों को वित्तीय व्यवस्था सुधारने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार परक योजनाएँ चलाने तथा पंचायतों के नियमित चुनाव कराने, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करने, पंचायतों के खोए हुए अस्तित्व को पुन: स्थापित करने, आर्थिक संसाधनों के विभाजन की निश्चित व्यवस्था के लिए वित्तीय आयोग के गठन जैसे अनेक क्रान्तिकारी प्रस्ताव इस संशोधन में रखे गये।[8]

राजीव गाँधी ने उक्त अवसर पर कहा था कि 'भारत में लोकतंत्र के विकास के इतिहास में जो एक घटना सबसे महत्वपूर्ण है वह है संविधान का निर्माण, संविधान ने संसद और राज्य विधान सभाओं में लोकतंत्र को प्रतिष्ठित किया है। यह ऐतिहासिक और क्रान्तिकारी विधेयक (पंचायतीराज विधेयक) भी उतना ही महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके जरिये समाज के निम्नतम स्तर पर लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण की व्यवस्था को संविधान में स्थान दिलाया गया है।'

15 मई, 1989 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गाँधी द्वारा पंचायतों के सन्दर्भ में 64वाँ संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा के पटल पर रखा गया। अनुच्छेद 243 के अन्तर्गत नवें हिस्से के रूप में जोड़े जाने के लिए प्रस्तावित इस विधेयक में स्थानीय स्वशासन की इकाईयों के रूप में पंचायतीराज संस्थाओं को ज्यादा उपयोगी, क्रियाशील एवं विचारोन्मुखी बनाने हेतु, संगठन, निर्वाचन प्रक्रिया, वित्त व्यवस्था एवं कार्यक्षेत्र सम्बन्धी प्रस्ताव रखे गये थे। विधेयक राज्य सभा में पारित नहीं हो सका। परन्तु पंचायती राज के विकास क्रम में इस विधेयक का अपना एक स्थान है।[9]

इस विधेयक को प्रस्तुत करते हुए राजीव गाँधी ने कहा था कि 'यह विधेयक अस्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि देश के बहुत से भागों में हम उम्मीदों को पूरा करने में असफल रहे हैं, जो 30 वर्ष पहले पंचायतीराज व्यवस्था से जुड़ी थीं।'[10]

पिछले दो-तीन दशकों में पंचायती राज को संवैधानिक मान्यता दिये जाने के लिए अनेक स्तरों पर आवाज उठाई गई थी परन्तु यह कार्य सम्भव नहीं हुआ। 64वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में इस दिशा में यह प्रयास ऐसा था जिसने आगामी वर्षों में दिक सूचक का कार्य किया। कई राजनीतिविदों का विचार है कि 64 वाँ संशोधन विधेयक चूँकि लोकसभा के चुनावों से कुछ समय पूर्व प्रस्तुत किया गया था और जैसा कि अपेक्षित था, वह राजनैतिक श्रेय - विवाद में फंसकर रह गया।

संविधान के अनुच्छेद 40 नीति निर्देशक तत्वों में निहित भावना को मूर्त रूप प्रदान करने हेतु प्रस्तुत इस विधेयक के प्रमुख प्रस्ताव इस प्रकार थे।

1. **संरचना 243 (ए) तथा (बी)**

- प्रत्येक राज्य में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था होगी जिसके अनुसार ग्राम स्तर, मध्य स्तर तथा जिला स्तर पर निर्वाचित प्रतिनिधियों से इन संस्थाओं का गठन किया जायेगा। जिन राज्यों की जनसंख्या 20 लाख से कम है वहाँ मध्य स्तर का गठन आवश्यक नहीं होगा।
- ग्राम पंचायत के सभी पदों को प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा भरा जायेगा। सदस्यों के निर्वाचन हेतु ग्राम पंचायत क्षेत्र को उपयुक्त संख्या में वार्डो में विभाजित किया जा सकता है।
- राज्य की विधानसभा उपयुक्त कानूनी व्यवस्था बनायेगी ताकि ग्राम पंचायतों के अध्यक्ष, मध्यस्तरीय पंचायत (पंचायत समिति) में एवं मध्यस्त पंचायत के अध्यक्ष, जिला स्तरीय पंचायत में प्रतिनिधित्व कर सकें।
- ग्राम पंचायत के अतिरिक्त अन्य स्तरों पर (ब्लॉक पंचायत एवं जिला परिषद में) सम्बन्धित विधायक एवं सांसद सदस्य हो सकेंगे परन्तु उन्हें मत देने का अधिकार नहीं होगा।
- पंचायत की बैठक में प्रत्यक्ष विधि से निर्वाचित सदस्यों एवं अध्यक्ष को ही मतदान का अधिकार होगा।
- ग्राम पंचायत के अध्यक्ष की चुनाव विधि (प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष) राज्य सरकार तय करेगी मध्यस्तरीय पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव, उनके सदस्य अपने आप में से करेंगे।
- जहाँ पंचायत के अध्यक्ष का निर्वाचन सदस्यों द्वारा अपने आप में से किया गया है उस अध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव द्वारा हटाने के लिए आवश्यक होगा कि कुल सदस्य संख्या के आधे से अधिक एवं मतदान के समय उपस्थित दो तिहाई सदस्य मत का समर्थन करें।

2. **आरक्षण 243 (सी)**

- अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए पंचायतों में उनकी कुल जनसंख्या के अनुपात में ही पद आरक्षित होंगे। अगर इन वर्गों की संख्या अपर्याप्त है तो भी एक-एक पद अवश्य आरक्षित होगा।
- अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए आरक्षित कुल स्थानों का 30 प्रतिशत भाग इन्हीं वर्गों की महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। अगर आरक्षित पद दो हैं तो उनमें से एक पद महिलाओं के लिए होगा।
- राज्य सरकार चाहे तो अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिलाओं के लिए पंचायतों के अध्यक्षों के कुछ प्रतिशत पद आरक्षित कर सकती हैं।
- सभी पंचायतों में प्रत्यक्ष निर्वाचन विधि से भरने वाले पदों के 30 प्रतिशत पद महिलाओं (अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षित पदों को शामिल करते हुए) के लिए आरक्षित होंगे।

3. **अवधि 243(डी)**

- प्रत्येक पंचायत अगर वह कानून के अन्तर्गत भंग नहीं है तो पाँच वर्ष की अवधि पूरी करेगी।
- अगर किसी कारण कोई पंचायत मध्यावधि में भंग की जाती है तो 6 माह के भीतर उसका पुनर्गठन करना आवश्यक होगा।
- अगर किसी पंचायत का गठन मध्यावधि में भंग होने के फलस्वरूप हुआ है तो उसकी अवधि केवल शेष समय के लिए होगी।

4. **कार्यशक्तियाँ एवं दायित्व 243 (ई)**

- राज्य विधानसभा पंचायतों को शक्तियाँ, सत्ता एवं दायित्व सौंपते हुए ऐसे विधेयक पारित करेगी जो इन संस्थाओं को स्थानीय शासन की इकाई बनने हेतु सक्षम होने के लिए आधार प्रस्तुत करें।
- आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय सम्बन्धी योजनाओं के क्रियान्वयन में पंचायतीराज संस्थाओं को सक्षम बनाया जाये।

**5. पंचायतों के वित्त स्रोत 243 (एफ)**

- राज्य सरकार पंचायतों को निर्धारित मदों पर करारोपण एवं वसूली की शक्तियाँ प्रदान करेगी।
- अगर इन करों, शुल्कों तथा अधिभार की वसूली, राज्य सरकार द्वारा की जाती है तो उसे पंचायतों को दे दिया जायेगा।
- राज्य सरकार पंचायतों को तदर्थ अनुदान की व्यवस्था करेगी।

**6. वित्त आयोग का गठन 243 (जी)**

- इस विधेयक के पारित होने के दो वर्ष की अवधि में राज्य सरकार यथा सम्भव शीघ्र एक वित्त आयोग का गठन करेगी। प्रति पाँच वर्ष बाद आयोग का नवीनिकरण किया जायेगा।
- वित्त आयोग राज्यपाल को पंचायतों के करारोपण मदों, राज्य तथा पंचायतों (जिलों) के बीच राशि आवंटन के मानदंडों तथा राज्य सरकार द्वारा पंचायतों को दिये जाने वाले तदर्थ अनुदान के बारे में सुझाव देगा।
- वित्त आयोग की सिफारिशों को राज्यपाल विधानसभा में पारित करने हेतु, रखने की व्यवस्था करेगा।

**7. पंचायतों का लेखा व अंकेक्षण 243 (एच)**

- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक से सलाह कर राज्यपाल पंचायतों के लिए लेखा एवं अंकेक्षण की विधि निर्धारित करेगा। तद्नुसार इन संस्थाओं में लेखा एवं अंकेक्षण की प्रक्रिया रहेगी।[11]

**8. निर्वाचन 243 (आई) एवं (जे)**

- पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों एवं मतदाता सूचियों की देखरेख, मार्गदर्शन एवं नियंत्रण सम्बन्धी सभी शक्तियाँ भारत के चुनाव आयोग में निहित होंगी। निसंदेह, निवार्चन के बारे में सभी प्रकार के कानून एवं नियम राज्य स्तर पर बनाये जायेंगे।

**9. क्षेत्राधिकारी 243 (एल)**

- यह अधिनियम नागालैण्ड, मेघालय एवं मिजोरम राज्य, अनुच्छेद 244 के भाग दो में अंकित जनजाति क्षेत्रों, मणिपुर के पहाड़ी भागों एवं पश्चिमी बंगाल के दार्जलिंग क्षेत्र जहां डिस्ट्रिक्ट काउंसिलें पहले से ही कार्यरत है, पर लागू नहीं होगा।

**72 वाँ संविधान संशोधन विधेयक – 1991 –** 16 सितम्बर, 1991 को पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार द्वारा 72 वाँ संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत किया गया। पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक मान्यता प्रदान किये जाने हेतु प्रस्तुत यह विधेयक वस्तुत: 64 वें विधेयक की ही संशोधित प्रति थी। इसमें वे सभी बिन्दु सम्मिलित किये गये जो 64 वें विधेयक में थे। मुख्य अंतर ढांचागत संरचना का था। 64 वें विधेयक में तीनों स्तरों पर पंचायती राज संस्थाओं का गठन आवश्यक था। जबकि 72 वें संशोधन विधेयक में केवल ग्राम स्तर की ही बाध्यता थी। मध्य स्तर एवं जिला स्तर पर पंचायतीराज संस्थाओं के गठन के बिन्दु को राज्य सरकारों की इच्छा पर छोड़ दिया गया। 64 वें विधेयक की तरह 72 वें विधेयक को भी अनुच्छेद 243 के अन्तर्गत नवें हिस्से के रूप में जोड़े जाने के लिए प्रस्तुत किया गया। इस विधेयक के मुख्य प्रावधान इस प्रकार थे।

- अनुच्छेद 243(ए) में प्रावधान है कि ग्राम पंचायत, ग्राम सभा के प्रति उसी प्रकार उत्तरदायी होगी जैसे कि राज्य सरकार विधानसभा के प्रति होती है। ग्राम के सभी मतदाता ग्राम सभा के सदस्य होंगे।
- अनुच्छेद 243 (बी) के अनुसार ग्राम पंचायत का गठन आवश्यक है। मध्य स्तर पर पंचायत समिति एवं जिला स्तर पर जिला परिषद हो, दोनों में से एक हो या दोनों यह राज्य की विधानसभा के निर्णय पर निर्भर करेगा।
- अनुच्छेद 243 (सी) में ग्राम पंचायत एवं मध्यस्तरीय संस्था (अगर गठित होती है) की सदस्यता हेतु प्रत्यक्ष निर्वाचन का प्रावधान है जबकि जिला परिषद के गठन की विधि राज्य सरकारों पर छोड़ी गई है। इसी तरह ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति के अध्यक्षों के चुनाव का प्रावधान प्रत्यक्ष निर्वाचन विधि से रखा गया है। जबकि जिला परिषद के अध्यक्ष की निर्वाचन विधि तय करने का कार्य राज्य सरकारों पर छोड़ा गया है।
- अनुच्छेद 243(डी) में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में पंचायतों (सभी स्तरों पर) के कुछ वार्ड् आरक्षित करने का प्रावधान है जो क्रमश: बदलते रहेंगे। इन आरक्षित स्थानों में से एक तिहाई स्थानों पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाऐं ही चुनी जा सकेंगी। प्रत्येक पंचायत के एक तिहाई वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। इनमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षित स्थान भी शामिल हैं।
- यह भी उल्लेखनीय है कि राज्य की समस्त पंचायतों के एक तिहाई पदों पर महिलाऐं ही आसीन होंगी।
- कुछ अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों के लिए भी आरक्षित करने का प्रावधान है।
- जहाँ तक पिछड़ी जातियों के लिए ग्राम पंचायतों की सदस्यता या अध्यक्षता हेतु आरक्षण का प्रश्न है, इसका निर्णय 243 (डी) (6) में राज्य सरकारों पर छोड़ा गया है।
- अनुच्छेद (ई) में पंचायती राज संस्थाओं की अवधि 5 वर्ष की रखी गई है। किसी कारण से अगर कोई ग्राम पंचायत मध्यावधि में भंग की जाती है तो अगले 6 माह की अवधि के भीतर उसका पुनर्गठन वांछनीय है। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव नियमित एवं निष्पक्ष हों यह दायित्व राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी का होगा।
- अनुच्छेद 243 (एफ) में पंचायती राज संस्थाओं की सदस्यता हेतु अयोग्यताऐं दी गई हैं।
- अनुच्छेद 243 (जी) में राज्य की विधानसभाओं को यह अधिकार दिया गया है कि वे पंचायतों के अधिकार कर्त्तव्य तथा प्रशासनिक एवं वित्तीय व्यवस्था सम्बन्धी ऐसे नियम बनायें कि ये संस्थायें लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण को यथार्थ रूप में चरितार्थ करते हुए जन आकांक्षाओं के अनुरूप प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। अनुच्छेद 243 (जी) के अन्तर्गत जोड़े गये 11 वें शेड्यूल में स्थानीय महत्व के 29 विषय कृषि, सिचाई, पशुपालन, मत्स्य विकास, वन, ग्रामीण सड़के, विद्युत, शिक्षा, परिवार कल्याण आदि रखे गये हैं जो वस्तुत: 64 वें विधेयक की पुनरावृत्ति ही है। इन विषयों से सम्बन्धित समस्त विकास कार्य योजना से लेकर क्रियान्वयन तक पंचायती राज संस्थाओं के अधिकार

क्षेत्र में होंगे।

- अनुच्छेद 243 (एच) में राज्य की विधानसभा को यह अधिकार दिया गया कि वह पंचायती राज संस्थाओं को करारोपण एवं वसूली के लिए अधिकृत करें। इसी अनुच्छेद में राज्य सरकार के कोष से पंचायतों को दिये जाने वाले अनुदानों की व्यवस्था का भी प्रावधान है।
- अनुच्छेद 243(आई) में प्रावधान है कि 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम के पारित होने से एक वर्ष की अवधि के भीतर राज्यपाल राज्य वित्त आयोग का गठन करेगा। बाद में हर पांचवे साल नये वित्त आयोग का गठन किया जायेगा।
- अनुच्छेद 243(जे) में पंचायती राज संस्थाओं के लेखा एवं अंकेक्षण की व्यवस्था है।
- अनुच्छेद 243 (के) में राज्य निर्वाचन आयोग के गठन का प्रावधान है जो मतदाता सूची तैयार कराने से लेकर निर्धारित अवधि में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव कराने के लिए उत्तरदायी होगा।
- अनुच्छेद 243 (एल) में अंकित है कि ये प्रावधान संघीय क्षेत्रों पर भी उसी तरह लागू होंगे। इस संदर्भ में राज्यपाल के दायित्वों का निर्वाह संघीय क्षेत्र के प्रशासक करेंगे।
- अनुच्छेद 243 (एम) में दिया गया है कि 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम के प्रावधान नागालैंड, मिजोरम मेघालय मणिपुर के पहाड़ी जिलों तथा पश्चिम बंगाल के दार्जीलिंग जिले पर लागू नहीं होंगे।
- अनुच्छेद 243 (एन) में प्रावधान किया गया है कि इस अधिनियम के लागू होने तक राज्यों में पूर्व से गठित चली आ रही पंचायतें वैध होंगी।
- अनुच्छेद 243 (ओ) में यह व्यवस्था दी गई है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा परिसीमित चुनाव क्षेत्रों की वैधता को किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी।

**73 वाँ संविधान संशोधन – 1992 –**लोकसभा ने 72 वें संविधान संशोधन विधेयक की समीक्षा हेतु संसद सदस्यों की एक संयुक्त प्रवर समिति का गठन किया। सांसद नाथूराम मिर्धा की अध्यक्षता में गठित इस समिति में राज्यों एवं दलों के प्रतिनिधि संसद सदस्य थे। समिति ने उपयोगिता एवं व्यवहारिकता की पृष्ठभूमि में विधेयक के विविध प्रावधानों का अध्ययन कर संसद के समक्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे 22 दिसम्बर, 1992 को लोकसभा एवं अगले दिन राज्य सभा में 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के रूप में पारित कर दिया गया। 17 राज्यों से अनुमोदन होने के पश्चात् 24 अप्रैल, 1993 से अधिनियम को सारे देश में लागू कर दिया गया।12 समिति के सुझावों के आधार पर विधेयक को पारित करते समय प्रारूप में कुछ संशोधन किये गये जिनके मुख्य बिन्दु निम्न लिखित हैं :-

- अनुच्छेद 243 (बी) के अन्तर्गत तीनों स्तरों ग्राम, पंचायत समिति एवं जिला स्तर पर पंचायतों के गठन का प्रावधान रखा गया है जिन राज्यों की जनसंख्या 20 लाख से कम है वहाँ पंचायत समिति आवश्यक नहीं है।
- ग्राम पंचायत की तरह मध्य स्तर एवं जिला स्तर पर भी सदस्यता हेतु सीधे निर्वाचन का भी प्रावधान किया गया।
- अनुच्छेद 243 (सी) के अनुसार ग्राम पंचायत के अध्यक्ष मध्य स्तरीय पंचायत (ब्लॉक एवं पंचायत समिति) में अपनी पंचायत का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिन राज्यों में मध्य स्तर का प्रावधान नहीं होगा, यह प्रतिनिधित्व जिला स्तर पर होगा। इसी तरह मध्य स्तरीय पंचायत के अध्यक्ष जिला परिषदों के सदस्य होंगे। लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा एवं विधान परिषद के सदस्य जिला परिषद एवं ब्लॉक पंचायत के सदस्य होंगे बशर्ते कि वे उस क्षेत्र का पूर्णतः या आंशिक रूप से प्रतिनिधित्व करते हों।
- ग्राम पंचायत के अध्यक्ष के निर्वाचन की विधि राज्य सरकार तय करेगी जबकि ब्लॉक, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के अध्यक्ष का चयन निर्वाचित सदस्यगण अपने आप में से करेंगे।
- ग्राम पंचायत एवं अन्य स्तरों पर भी अध्यक्ष के कुछ पद अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा महिलाओं के लिए आरक्षित किये जा सकते हैं। आरक्षण की विधि राज्य सरकार द्वारा तय की जायेगी। ग्राम पंचायतों के अध्यक्षों के एक तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे।
- अनुच्छेद 243 (जी) में ग्राम पंचायतों को नियमान्तर्गत इतना सक्षम बनाने की व्यवस्था की गई है कि वे आर्थिक विकास तथा सामाजिक न्याय के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु योजना बना सकें। तभी ये संस्थायें एक प्रभावी स्थानीय स्वशासन की इकाई बन पायेंगी।
- अनुच्छेद 243 (जी) में ग्राम पंचायतों के कार्यक्षेत्र को सुस्पष्ट करने हेतु संविधान में एक नई अनुसूची जोड़ी गई जिसमें पंचायती राज संस्थाओं द्वारा विकास योजनायें बनाने तथा उन्हें क्रियान्वित करने हेतु 29 विषय दिये गए।कृषि एवं कृषि विस्तार, भूमि सुधार, चकबंदी एवं भू - संरक्षण, लघु सिचाई, जल व्यवस्था, जल नियंत्रण पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय एवं मुर्गी पालन मत्स्य व्यवसाय, सामाजिक वानिकी लघु वन उपज लघु उद्योगखादी ग्रामद्योग एवं कुटीर उद्योग ग्रामीण आवास योजनाऐं, पीने का पानी ईधन एवं चारागाह स्थानीय सड़कें, पुलिया, नदियों के पुल, स्थानीय जलमार्ग एवं अन्य संदेश वाहन के साधन, स्थानीय सड़कें, पुलिया, नदियों के पुल, स्थानीय जलमार्ग एवं अन्य संदेश वाहन स्थानीय सड़कें।

**11 वीं अनुसूची – अनुच्छेद 243 (जी) –** 73 वाँ संशोधन पंचायती राज की स्थापना और सत्ता के विकेन्द्रीकरण का अचूक समाधान है। इस विधेयक के अनन्य अनुच्छेदों पर दृष्टि डालने पर यह प्रतीत होता है कि यह भारत के प्रजातांत्रिक इतिहास में क्रान्तिकारी कदम है। इस विधेयक को लाने में पहल करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने कहा था कि 'हमारा जन समुदाय की क्षमता में विश्वास है। देश की जनता को अपना भाग्य निर्धारित करने का अधिकार होना चाहिए। इनमें अधिक से अधिक जनतंत्र और सत्ता का अधिकाधिक विकेन्द्रीकरण होना चाहिए।'[13]

इस अधिनियम के प्रभाव में आते ही भारत विश्व का एकमात्र ऐसा लोकतांत्रिक देश बन गया जहाँ स्थानीय सरकार को संवैधानिक दर्जा दिया गया है। इस व्यवस्था से हमें बहुत दूरगामी परिणाम देखने को मिले और भविष्य में मिलेंगे। 'पंचायतीराज संस्थाओं के परिणाम इतने दूरगामी हैं कि जिन्होंने इसके कानून बनाये हैं उन्होंने भी इसकी आशा नहीं की होगी।'[14]

इस संशोधन ने पंचायतीराज व्यवस्था की संरचना में निम्न से निम्न व्यक्ति को भी ग्राम सभा के माध्यम से सम्मिलित तथा सक्रिय करने का प्रयास किया है। 11वीं अनुसूची में दिये गये विषय पंचायतों के अधिकार क्षेत्र के विषयों को स्पष्ट करते हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति तथा महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान भी ग्रामों के वंचित तबके को नीति निर्माण में सक्रिय करने का प्रसंशनीय प्रयास हैं। पंचायतीराज में महिला आरक्षण के

औचित्य तथा महिला सशक्तिकरण में पंचायतीराज की भूमिका पर हम आगे के अध्यायों में विस्तार से चर्चा करेंगे।

विगत 50 वर्षों में पंचायतीराज को प्रभावी रूप से केवल 73 वें संशोधन के माध्यम से ही संरक्षण मिला यह निर्विवादित तथ्य है। परन्तु यह संरक्षण केवल एक पहलू संरचनात्मक ढांचे के स्थायित्व को ही सुनिश्चित करता है। या 11 वीं अनुसूची में वे कार्य क्षेत्र दिये गये हैं जिनमें से जिला योजना के लिए प्रस्ताव बनने हैं। किन्तु मुख्य मुद्दा, जिला योजनाओं के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधनों का है। इसके लिए अभी भी राज्य सरकार पर निर्भरता बनी हुई है। पंचायतीराज संस्थाओं की शक्तियों, अधिकारों एवं दायित्वों के सन्दर्भ में 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम के अनुच्छेद 243 (जी) में पूरे अधिकार राज्यों की विधानसभाओं को दिये गये हैं। यह अपेक्षा की गई है कि विधानसभा इन संस्थाओं को नियम बना कर इतनी शक्तियाँ और अधिकार प्रदान करेगी कि वे प्रभावी ढंग से स्वशासी निकाय के रूप में कार्य कर सके। यह बात आसानी से समझी जा सकती है कि क्षेत्रीय प्रतिद्वंदिता के कारण वैसे ही विधायकों का पंचायती राज के सुद्दढ़ीकरण के प्रश्न पर ठण्डा रूख रहता है। अत: उनसे ऐसी अपेक्षा करना कुछ ज्यादा ही होगा। प्रश्न व्यक्तियों का नहीं स्थितियों का है। यह तो मात्र भूमिका निर्वाह है। आज का जिला पंचायत प्रमुख कल जब विधायक और मंत्री बन जाता है तो उसका भी वैसा ही रूख हो जाता है जैसा कि विधान सभा के अन्य सदस्यों का। इसके विपरीत कल का विधायक आज जब पंचायत समिति प्रधान या जिला प्रमुख बन जाता है तो वह इन संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण की बात करने लगता है। इस स्थिति से उबरने का केवल एक ही उपाय है कि इन बिन्दुओं पेर जो कि पंचायतीराज संस्थाओं की शक्तियों, अधिकारों और दायित्वों से सम्बन्धित हैं, पर संविधान में स्पष्ट निर्देश हों। निस्संदेह इसके लिए संविधान में एक और संशोधन करना होगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. निरंजन मिश्र : भारत में पंचायती राज पृष्ठ-15 परिबोध, जयपुर - 2006
2. महात्मा गाँधी द्धारा 'हरिजन' समाचार पत्र में प्रकाशित लेख दिनांक 21.02.1947
3. राजस्थान पंचायतीराज क्षमता विकास अभियान - 2010 पंचायतीराज प्रशिक्षण संदर्भ सामग्री पृष्ठ - 10
4. दुर्गा दास बसु : इन्ट्रोडक्शन टू द कॉन्सटीट्यूशन ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली- 1976
5. राजकुमारी सुराणा : भारत में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण और नव पंचायतीराज पृ. 72 राज पब्लिशिंग हाऊस-2000
6. लक्खी प्रसाद भूषण : पंचायती राज प्रणाली संत्ता का विकेन्द्रीकरण योजना मई 1995 पृ. 27 नई दिल्ली
7. रामेश्वर ठाकुर : 'राजीव, गांधी और पंचायतीराज' कुरूक्षेत्र मई 1993, पृष्ठ 6
8. राजकुमारी सुराणा : 'भारत में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण और नव पंचायतीराज', पृष्ठ 77
9. निरंजन मिश्र : भारत में पंचायतीराज, पृष्ठ 45
10. बद्री विशाल त्रिपाठी : पंचायती राज अतीत वर्तमान अप्रैल, 1995 पृष्ठ 25 कुरूक्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र व रोजगार मंत्रालय, प्रकाशन विभाग पटियाला हाऊस, दिल्ली
11. सुभाष सत्य : ग्राम स्वराज, दिवान पब्लिकेशन, कुरूक्षेत्र मार्च 1993 पृष्ठ 7 - नई दिल्ली
12. निरंजन मिश्र : परिदृश्य चार दशकों के उतार चढ़ाव का 'राजस्थान पत्रिका', 7 अप्रैल, 1996 पृष्ठ 3 जयपुर
13. एल.सी. जैन: 'पंचायती राज व्यवस्था : पांच लाख गाँवों में नई व्यवस्था कुरूक्षेत्र' - 1993 पृष्ठ संख्या 20
14. रजनी रंजन झा: पंचायतीराज रूरल डवलपमेंट 1998 पृ. 70 दिल्ली

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLI

# सूरदास : भ्रमरगीत परम्मपरा के उन्नायक

**डॉ. डी.पी. चंद्रवंशी***

* सहा. प्राध्यापक (हिन्दी) शा.जे.एम.पी. महाविद्यालय, तखतपुर, जिला -बिलासपुर (छ.ग.) भारत

**शोध सारांश –** भ्रमर गीत परम्परा के सबसे सशक्त कवि महाकवि सूरदास माने जाते हैं। सूरदास जी ने श्रीमद्‌भागवत के दशम स्कंध के आधार पर कृष्ण चरित्र का वर्णन किया है। श्रीमद्‌भागवत में एक प्रसंग आता है भ्रमरगीत। भ्रमर गीत का शाब्दिक अर्थ हैं – भौरें से संबंधित गीत। साहित्य में 'भ्रमरगीत एक विशेष अर्थ में रूढ़ हो गया है। उद्धव गोपी संवाद से युक्त वह काव्य रचना जिसमें निर्गुण निराकर का खण्डन तथा सगुण साकार का मंडन दिखाते हुए ज्ञान एवं योग पर प्रेम एवं भक्ति की विजय दिखाई जाती हैं, भ्रमरगीत कहलाता है नाभादास सूरदास के बारे में कहते है –'सूर कवित सुनि कौन कवि जो नहिं सिर चालन करै।'

**प्रस्तावना –** श्रीमदभागवत महापुराण के दशम स्कंध के 47 वे अध्याय के श्लोक 12 से 21 में भ्रमरगीत का उल्लेख है जो सूरदास के भ्रमरगीत का उपजीव्य ग्रंथ है। श्री कृष्ण के मथुरा चले जाने पर गोकुल की गोपियां विरह–वेदना में अति व्याकुल हो रही थी। श्री कृष्ण ने अपने सखा उद्धव को ब्रज भेजा ताकि वे अपने ज्ञानोपदेश से गोपियों को वेदनामुक्त कर सके। गोपियां उद्धव के ज्ञान उपदेश में न पड़कर गोपाल के प्रेम में ही मस्त रहना चाहती हैं। साहित्य में उद्धव गोपी संवाद के इस प्रसंग को भ्रमरगीत प्रसंग कहा जाता हे। गोपियों ने प्रेम भक्ति के समर्थन में जो ज्ञान उद्धव को दिये, निर्गुणवादी उद्धव स्वमेव सगुणवादी होकर श्रीकृष्ण के प्रेम में रंग गए। आचार्य शुक्ल भ्रमरगीतसार के भूमिका में लिखते है कि सूरदास में सख्य, वात्सलय और माधुर्म भाव की भक्ति है। जिसका व्यावहारिक आधार पुष्टि मार्गीय भक्ति हैं।'

भ्रमरगीतसार में गोपियों के संबंध में आचार्य शुल्क कहते है– 'सूरदास में जितनी सहृदयता और भावुकता हैं, उतनी ही चतुरता और वाग्विदग्धता भी हैं।'

गोपियों निर्गुण निराकर बह के अस्तित्व को नकारती हुई सगुण ब्रम्ह अपना आराध्य बताती हैं।

वे उद्धव से कहती है –

'निर्गुण कौन देश को वासी?
को है जनक, जननि को कहियत, कौन नारि, को दासी?
कैसो बरन, भेस है कैसो केहि रस में अभिलासी।'

गोपियां उद्धव द्वारा निरूपित योग साधना का मजाक उड़ाती है –

'जोग ठगौरी ब्रज न बिकै है।
जापै ले आए हो मधुकर ताके 32 न समैं है।
दासख छांड़ि के कटुक निबौरी को अपने मुख खै हैं?'

गोपियों द्वारा कृष्ण के प्रेम में आसक्त होने के कारण कृष्ण द्वारा छोड़कर चले जाने का अच्छा नहीं मानती है। उनका यह कार्य गले में छुरी चलाये जैसा कहती है, वे कृष्ण को उपालम्भ देने हुए कहती है –

'प्रीति करै दीनी गरै छुरी।
जैसे बधिक चुगाय कपट कन पाछे करत बुरी।'

गोपियाँ उद्धव के प्रति व्यंग्योक्ति का भी प्रयोग करती हैं, उन्हें खरी–खोटी सुनाती हैं वे उद्धव को व्यंग्य शैली में कहती हैं –

'बिलगि जनि मानहु, ऊधौ प्यारें
यह मथुरा काजर की कोठरी जे आवहिं ते कारे।
तुम कारे, सुफलकसुत कारे, मधुप भंवारे।।'

सूरजदास जी के भ्रमरगीत को विरह का शिखर कहा गया है। गोपियां श्रीकृष्ण के पति एकनिष्ठ प्रेम में पड़कर हरि को हारिल की लकड़ी की तरह बताती है –

'हमारे हरि हारिल की लकरी।
मन क्रम वचन नन्दनन्दन कौ उर यह दृढ़ करि पकरी।।'

गोपियां कृष्ण को भूल नहीं पाती है और कहती है कि हमारी आंखे हरि दर्शन के लिए व्याकुल हो रही है –

'अंखियाँ हरि–दरसन को भूखी।
कैसे रहे रूपसराची ये बतियां सुनि रूखी।।'

भ्रमरगीत में अन्योक्ति एवं वक्रोक्ति की प्रधानता है उद्धव का उपहास उड़ाते हुए गोपियां कह उठती है –

'आए जोग सिखावन पांडे।
परमारथी पुराननि लादेज्यों बंजारे टांडे।।'

गोपियां उद्धव को व्यापारी की संज्ञा से विभूषित करते हुए कहती है –

'आयो घोष बड़ो व्यापारी।
लादे खेप गुन ज्ञान–जोग की ब्रज में आनि उतारी।'
फाटक देकर हाटक मांगत भोरे निपट सुधारी।।'

गोपियां कृष्ण के विरण में इतना व्यथित हो जाती है कि वे मरना ही उचित समझती है –

' अब या तनहि सखि का कीजै।
सुन ही सखी! श्याम सुंदर बिन,
बांटि विषम विष पीजै।'

गोपियां को कृष्ण के बिना पूरी रात ही नागिन सी लगने लगती है –

'पिया बिनु नागिन कारी रात।'

**निष्कर्ष –** आचार्य रामचंद्र शुक्ल भ्रमरगीत के विषय में कहते हैं कि 'भ्रमरगीत सार सूर साहित्य का मुकुट मणि है। यदि वात्सल्य और श्रृंगार के पदों को निकाल भी दिया जाए तो हिन्दी साहित्य में सूर का नाम अमर रखने के लिए भ्रमरगीत की काफी हैं।' भ्रमरगीत सार को गोपियों की वाग्विदग्धता वचन वक्रता एवं उपालम्भ सूर के भ्रमरगीत के संबंध में शुक्ल जी कहते है – 'नि: संदेह सूर का भ्रमरगीत नाना विशेषताओं से युक्त भावमय, गहन, विस्तृत और व्यापक है।'

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. भ्रमरगीतसार संपादक आचार्य रामचंद्र शुक्ल।
2. श्रीमद् भागवत महापुराण।
3. शुक्ल आचार्य रामचन्द्र हिन्दी साहित्य का इतिहास 1929
4. नाभादासकृत 'भक्तमाल'।

*************

# Effect of Research and Development (R&D) on Green Revolution

**Mr. Dharmendra Kumar***

***Assistant Professor (Economics) D.J. College, Baraut, Baghpat (U.P.) INDIA**

**Introduction -** Research and development was a central element in the Green Revolution's success. The rates of return on investment in this area are well established: a study by Yale University, for example, found that crop yields in developing countries globally would have been 19.5 per cent to 23.5 per cent lower without investment by the Consultative Group on International Agricultural Research (CGIAR). Public investment in agricultural R&D is especially important for poor countries and poor small and marginal farmers, given that private-sector R&D tends to focus on the major high-value crops, on labour-saving technologies and on the needs of capital-intensive approaches to farming, whereas most farmers in the Asia-Pacitic region are small and marginal farmers who are capital-poor, and the agricultural sector is labour-abundant. Hence, R&D in the private sector may not be the best bet for small and marginal farmers in Asia-Pacific. Additionally. R&D in the private sector will be protected under intellectual property regimes and is not easily accessible to these numerous smallholders. Thus, what is required in the Asia-Pacific regionis R&D in the public sector that will attempt to cater to the needs of small and marginal farmers and poor people, involving long lead times and more marginal lands where outcomes are less assured, and which will, above all, provide benefits to people who have lower, ability to pay for research undertaken in the private sector. Investment in agricultural research and development should focus first and foremost on improving crop yields, and bridging the gap between research and development in the main cereals and for staples (sorghum and millet) that are critical for small farmers in the Asia-Pacific region.

It may be noted that the net annual investment in R&D in agriculture globally, up to 2025, will be US$29 billion will need to be spent in just two countries of the Asia-Pacific region, China and India; US$20 billion in South Asia; and US$24 billion in East Asia. Second, capital stock per worker is likely to double, approximately, in East Asia and South Asia. This has implications for the labour force employed: It will reduce the number of people absorbed by the agricultural sector.

It is true that there there may be limits to how much further new seed verieties can take us in matters relating to increasing food availability, but there is no escape from the fact that fact that yields must increase. Prior to the heavy emphasis on plant hybridization, domesticated cereals devoted only a small proportion of their energy from photosynthesis (i.e., from light) to seeds. In the case of wheat, for example, the figure was around 20 percent7. Today, plant breeding has raised this proportion- the 'harvest index'- to around 50 percent for wheat, rice and corn, through 'dwarfing' the length of straw. However, given plants' reqirements for the supporting infrastructure of roots, leaves and stems, there is a limit to how high the harvest index can go; the' estimate is around 60 percent 8. One of the 'holy grails' of agricultural R&D is, therefore, to move beyond increasing the share of photosynthate that goes to seed towards the more fundamental innovation of improving of improving the efficiency of phothosynthesis itself. As yet, however, this goal remains a distant prospect.

This does not , however, imply that further yield increases are not possible for example, two centuries back. Thomas Robert Malthus wrote:

I thinks I may fairly make two postulate. First that food is necessary to the existence of man. Secondly, that the passion between the sexes is necessary and will remain nearly in its governments.

**Rererences:-**

1. Braun J.V. (2008): ' International Agriculture Research for food Security, poverty reduction and the environment, Consultative Group on International Agricultural Research (CGIAR)'', International Food Policy Research Institute (IFPRI), 2008.
2. Chatterjee, B., and Khandka, M. ( Eds.) (2011): ''Climate Change and Food Security in South Asia, Jaipur'', Rajasthan, India: CUTS International.
3. Chopra, R.N. (1988): ' ' Food Policy in India: A Survey'', Intellectual Publishing House, Delhi.
4. Chopra, Surabhi (2009): ''Holding the State

Accountable for Hunger'', Economic and Political Weekly, August 15, Vol. 44, No.33

5. Dantwala, M.L. (1993): ''Agricultural Policy: Prices of Agricultural Economics 48, No.2.
6. Dev, S. Mahendra (2003), ''Right to Food in India'' Working Paper no. 50, Centre for Economic and Social Studies, Hyderabad.
7. Gulati, Ashok (2009): ''Emerging Trends in Indian Agriculture: What can we Learn from These?'' Second Prof. Dayanath Jha Memorial Lecture, National Centre for Agricultural Economics and Policy Research, New Delhi.

*************